19. (3) वह क्षेत्र जहाँ लगभग 1500 ईसा पूर्व आर्यों ने अपने निवास स्थल के रूप में अपनाया, सप्त सिंधु (सात नदियों) का क्षेत्र कहलाया। इस क्षेत्र को ब्रह्मवर्त भी कहा जाता है। बाद में आर्य उत्तर वैदिक काल (1000 ई. पू. से 600 ई. पू.) के दौरान सिंधु-गंगा के मैदानी क्षेत्रों की ओर निवास के लिए अग्रसर हुए। इस क्षेत्र को आर्यावर्त के नाम से जाना जाता है।

20. (1) अधिकांश समकालीन सभ्यताओं के समान कृषि सिंधु (Indus) अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी। लोग लकड़ी से बने हलों का प्रयोग करते थे। जौ और गेहूँ मुख्य भोज्य फसलें थीं। कृषि अधिशेष होने के कारण यहाँ व्यापार तथा व्यवसाय भी उन्नत दशा में था। कृषि पर आधारित होने के कारण कई क्षेत्र शहरी क्षेत्र के रूप में विकसित होने लगे (स्रोत: जेम्स पी. स्टोबॉघ (James P. Stobaugh) कृत स्टडीज इन वर्ल्ड हिस्ट्री वॉल्युम I)

21. (2) महाभारत का मूल नाम **'जय संहिता'** था, यह नाम वेद व्यास द्वारा रखा गया था। आरंभ में इसमें केवल 8,800 श्लोक थे और गणेश द्वारा लिखित श्लोकों का मूल नाम 'जय' था। बाद में कई कहानियों को जोड़कर पुस्तक के श्लोकों की कुल संख्या 100,000 हो गई, जिन्हें पूरा करने में कई शताब्दियाँ बीत गईं और अन्त में पुस्तक का नाम 'महाभारत' रखा गया।

22. (4) कालीबंगा सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख स्थलों में से एक है, यह अपने मिट्टी के बर्तनों के लिए प्रसिद्ध था। कालीबंगा की विशिष्ट पहचान मिट्टी के बर्तन बनाने की कला से है जिसे बनावट के आधार पर A,B,C,D,E और F के द्वारा छः प्रकारों में चिह्नित किया जाता है। इसे बाद में उत्तर पश्चिम भारत के सोथी में भी चिह्नित किया गया था। इस स्थल से मोहरें, चूड़ियाँ, पक्की मिट्टी की वस्तुएँ, पक्की मिट्टी की लघु मूर्तियाँ, ईंटें, चक्की, पत्थर की गेंदें इत्यादि वस्तुएँ पाई गई हैं।

23. (3) अगस्त्य मुनि को परंपरागत भारतीय चिकित्सा शास्त्र का जनक माना जाता है, वे दक्षिण भारत के आर्यों से भी संबंधित थे। दक्षिण भारत के यादवों को प्रथम आर्य कहा जाता है। अगस्त्य मुनि ने सर्वप्रथम तमिल भाषा में व्याकरण की रचना की थी जिसे अगथियम के नाम से जाना जाता है।

24. (1) भारतीय उपमहाद्वीप में फली-फूली (समृद्ध) सिन्धु घाटी सभ्यता विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक थी। सामान्यत: 3000 ईसा पूर्व से 1800 ईसा पूर्व के मध्य विकसित यह विश्व की सबसे प्राचीन तीन सभ्यताओं (मिस्र, मेसोपोटामिया और सिन्धु घाटी) में से एक थी। यह कांस्य-युगीन सभ्यता थी।

25. (4) हड़प्पा एक पुरातात्त्विक स्थल है, जो वर्तमान में पंजाब, पाकिस्तान में है। रावी नदी के पूर्व बहाव के निकट स्थित एक आधुनिक गाँव के नाम पर इस स्थल का नाम रखा गया है। हडप्पा कांस्य युगीन किलेबंद शहर का अवशेष है, जो सिंध और पंजाब के मध्य में केन्द्रित सिन्धु घाटी सभ्यता और सेमेट्री एच संस्कृति का एक महत्वपूर्ण भाग था।

26. (3) चार वेद हैं: ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। दिए गए विकल्प में सामवेद, यजुर्वेद तथा ऋग्वेद तीनों वेद हैं। दूसरी ओर, विष्णु पुराण हिन्दुओं का एक धार्मिक ग्रंथ है और 18 महापुराणों में से एक है। इसे **'पुराणारत्न'** की संज्ञा दी गई है।

27. (2) मोहनजोदड़ो में पशुपति मुहर की खोज के आधार पर, इतिहासकारों और पुरातत्त्वविदों का मानना है कि सिन्धु घाटी के लोग भगवान शिव की उपासना करते थे। शिव चौपाया पशु (पशुपति) के स्वामी हैं। पशुपति मुहर दायीं ओर गैंडे और भैंसे तथा बायीं ओर हाथी और बाघ से घिरे, योग मुद्रा में बैठे तीन मुख वाले पुरुष देवता का वर्णन करती है।

28. (3) उपनिषद् मूल पाठों का एक संग्रह है जिसमें हिन्दुत्व के कुछ मुख्य दार्शनिक अवधारणाओं को शामिल किया गया है। इन अवधारणाओं को सामान्यत: वेदान्त के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है, जिसकी व्याख्या ''अंतिम अध्याय, वेद के भागों'' या ''महान वस्तु, वेद का महान उद्देश्य'' के रूप में की गई है। ब्राह्मण (अंतिम सत्ता) और आत्मन (आत्मा) की अवधारणाएँ उपनिषद् के मुख्य विचारों में शामिल हैं।

29. (*) पुरोहित की मूर्ति को 'प्राइस्ट किंग' के रूप में भी जाना जाता है। यह दाढ़ीवाले कुलीन पुरुष या उच्च पुरोहित की एक अर्धप्रतिमा है जिसकी खोज सिंध (पाकिस्तान) के मोहनजोदड़ो में की गई थी। बंदरगाह: गुजरात में स्थित लोथल सिंधु घाटी सभ्यता का बंदरगाह शहर था, जुते हुए खेतों का चिह्न: उत्खनन द्वारा जुते हुए कृषि मैदान का आरंभिक (लगभग 2800 ईसा पूर्व) साक्ष्य राजस्थान के कालीबंगा से प्राप्त हुआ, महान स्नानागार: मोहनजोदड़ो में स्थित प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेषों में शामिल प्रमुख संरचनाओं में से एक है।

30. (4) अथर्ववेद को "जादुई नियमों का वेद" भी कहते हैं, इसमें धार्मिक रीति रिवाज, अंधविश्वास एवं चिन्ता के संदर्भ में जादुई तंत्र-मंत्र, शैतान के कारण उत्पन्न बीमारियों का उपचार करने हेतु मंत्र, जड़ी-बूटियाँ और औषधि के रूप में प्रकृति से प्राप्त होने वाली औषधीय खुराकों का वर्णन किया गया है। यह दूसरी सहस्राब्दि ईसा पूर्व में विकसित जादुई-धार्मिक अनुष्ठान का प्रतिनिधित्व करता है।

31. (2) यजुर्वेद धार्मिक अनुष्ठानों और धर्मविधियों को चरणबद्ध तरीके से निष्पादित करने हेतु मार्गदर्शन करने वाला वेद है।

32. (3) धौलावीरा का सिंधु स्थल अपने अत्याधुनिक जल संग्रहण की तकनीकों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ वर्षा जल संग्रहण नेटवर्क का एक महत्त्वपूर्ण प्रमाण मिला है। यहाँ टंकी और तालाब प्रणाली द्वारा जल की आपूर्ति की गई थी और गन्दा पानी के निकास हेतु तंत्र को उन्नत बनाया गया था। धौलावीरा की जल संरक्षण प्रणाली ने अपनी उन्नतशील द्रवचालित इंजीनियरिंग पर अत्यधिक बल दिया।

33. (2) बौद्ध धर्म के अनुयायियों का मानना है कि गौतम बुद्ध ने अपनी मृत्यु के बाद उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में परिनिर्वाण प्राप्त किया था। वर्तमान कुशीनगर को पूर्व बुद्ध काल में कुशावती और उत्तर बुद्ध काल में कुशीनारा के साथ चिह्नित किया गया है। कुशीनारा मल्ल राज्य की राजधानी थी जो छठी शताब्दी ईसा पूर्व के 16 महाजनपदों में से एक थी।

34. (1) ऋग्वेद काल के दौरान मानवतारोपी (anthropomorphic) भगवान इन्द्र सबसे महत्त्वपूर्ण भगवान थे। उन्होंने दैत्यों के विरुद्ध जीत में आर्य सिपाहियों का नेतृत्व करते हुए युद्धदेवता की भूमिका निभाई थी। ऋग्वेद में लगभग 250 भजन उन्हीं को समर्पित हैं, जो किसी अन्य देवता की तुलना में सबसे अधिक है। वह मेघ गर्जन और तूफान से सम्बद्ध थे।

35. (2) वैदिक काल के दौरान, जब एक पुरुष और महिला अपने परिवार की स्वीकृति के बिना प्रेम विवाह कर लेते थे तो ऐसा विवाह गंधर्व विवाह या 'प्रेम विवाह' कहलाता था। यह विवाह बिना किसी रीति-रिवाज, गवाह या परिवार की भागीदारी के बिना दो लोगों के मध्य पारस्परिक आकर्षण पर आधारित था।

36. (3) सिंधु घाटी सभ्यता मूल रूप से एक शहरी सभ्यता थी और यहाँ लोग अच्छी तरह से नियोजित और अच्छी तरह से निर्मित कस्बों में रहते थे, ये व्यापार के केंद्र भी थे। मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के अवशेषों से पता चलता है कि ये शानदार वाणिज्यिक शहर थे। ये नगर अच्छी तरह से योजनाबद्ध, वैज्ञानिक रूप से बसाए गए थे और उनकी अच्छी तरह से देखभाल की गई थी।

37. (4) ऋग, यजुर और सामवेद को वेद त्रयी ("तीन गुना ज्ञान") के रूप में जाना जाता है।। भजन, जादू मंत्र और मंत्रों का एक चौथा संग्रह अथर्ववेद ("अग्नि पुजारी का ज्ञान") के रूप में जाना जाता है, जिसमें विभिन्न स्थानीय परंपराएँ शामिल हैं और कुछ हद तक वैदिक यज्ञ से बाहर है।

38. (2) सरस्वती हिंदू धार्मिक परंपराओं में एक पवित्र नदी और बुद्धि और कला की देवी के रूप में प्रकट होती है। संस्कृत में सबसे पहले ज्ञात स्रोत (ऋग्वेद नामक धार्मिक ऋचाओं का संग्रह) सरस्वती नामक एक नदी का उल्लेख करता है सिंधु घाटी सभ्यता को कभी-कभी 'सरस्वती संस्कृति', 'सरस्वती सभ्यता' या 'सिंधु-सरस्वती सभ्यता' कहा जाता है क्योंकि यह सिद्धांत है कि सरस्वती नदी के किनारे सभ्यता सिंधु के साथ-साथ विकसित हुई थी।

39. (1) मांडा पीरपंचाल रेंज की तलहटी में चिनाब नदी के दाहिने किनारे पर स्थित है। यह सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित सबसे उत्तरी क्षेत्र माना जाता है। इसकी खुदाई 1976-77 के दौरान भारत के पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जे पी जोशी के नेतृत्व में की गई। मांडा के पुरातात्विक स्थल से मिले कलाकृतियों में पूर्व हड़प्पा काल के लाल बर्तन (Red wares) मिले हैं।

40. (3) ऋग्वेद सनातन धर्म का सबसे आरंभिक स्रोत है। इसमें 1028 सूक्त हैं, जिनमें देवताओं की स्तुति की गई है इसमें देवताओं का यज्ञ में आह्वान करने के लिए मन्त्र हैं, यही सर्वप्रथम वेद है। ऋग्वेद को इतिहासकार हिन्द-यूरोपीय भाषा-परिवार की अभी तक उपलब्ध पहली रचनाओं में एक मानते हैं। यह संसार के उन सर्वप्रथम ग्रंथों में से एक हैं जिसकी मान्यता आज तक समाज में बनी हुई है। यह एक प्रमुख हिन्दू धर्म ग्रंथ है। ऋक् संहिता में 10 मंडल, बालखिल्य सहित 1028 सूक्त हैं। ऋग्वेद के 9वें मंडल को सोम मंडल भी कहा जाता है।

41. (2) लोथल के हड़प्पा बन्दरगाह शहर का पुरावशेष खंभात की खाड़ी में साबरमती की सहायक भोगवा नदी के किनारे स्थित है। लोथल से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों जिनमें जहाजों की आकृति वाली मृणमूर्तियों, खाड़ी देशों की मुहरें एवं ताम्र सिल्लियाँ, मणका निर्माण उद्योग के अवशेष बताते हैं कि लोथल सैंधव सभ्यता का एक प्रमुख नगर था। इसी विशेषता के आधार पर लोथल बाद में हड़प्पा संस्कृति के औद्योगिक बन्दरगाह शहर के रूप में विकसित हुआ। लोथल से प्रत्यक्ष रूप से मेसोपोटामिया के साथ व्यापार करने का साक्ष्य प्राप्त हुआ है।

42. (2) बनवाली सरस्वती के सूखे हुए क्षेत्र के बाएँ किनारे पर हरियाणा के फतेहाबाद में स्थित है। यहाँ उत्खनन से तीन स्तरीय संस्कृति अनुक्रम प्राप्त किया गया है, प्री-हड़प्पा (अर्ली-हड़प्पा), हड़प्पा और हड़प्पा के बाद का चोलीस्तान और बनवाली (हरियाणा) में 'हल' के टेरीकोटा का साक्ष्य पाया गया है। कालीबंगन (राजस्थान) में मक्का उगाने का साक्ष्य भी मिला है।

43. (2) 'हड़प्पा' सिन्धु सभ्यता के प्रमुख स्थलों में से एक है, सन् 1921 में जॉनमार्शल के निर्देशन में दयाराम साहनी ने इस जगह पर सर्वप्रथम उत्खनन करवाया था। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रावी नदी के किनारे स्थित है। हड़प्पा के दो खंड है पूर्वी खंड तो पूरी तरह से नष्ट हो चुका है लेकिन पश्चिमी खंड में किलेबंदी के साक्ष्य मिले हैं जिसका मुख्य मार्ग उत्तर में था। साक्ष्यों के अनुसार उत्तरी द्वार और रावी नदी के बीच एक अन्नभंडार, श्रमिक आवास और ईटों से जुड़े चबूतरे थे जिनमें अनाज रखने के लिए कोटर बने थे। सामान्य आवास के दक्षिण में एक कब्रिस्तान भी मिला है। हड़प्पा आज के पाकिस्तान में स्थित है।

44. (2) नृत्य करती लड़की एक प्रागैतिहासिक काल की कांस्य की मूर्ति है जिसका निर्माण सिन्धु घाटी सभ्यता के मोहनजोदड़ो में लगभग 2500 ई.पू. हुआ था। यह मूर्ति लगभग 10.5 सेमी. लंबी है जो आश्वस्त स्वाभाविक मुद्रा में खड़ी युवा महिला या लड़की का चित्रण करती है। इसे सिन्धु घाटी सभ्यता का एक श्रेष्ठ कलाकृति के रूप में जाना जाता है।

45. (3) शोर्तुगई (शोर्तुघई) उत्तरी अफगानिस्तान में लैपिस खानों के पास ओक्सस नदी पर 2000 ई.पू. के आस-पास स्थापित सिंधु सभ्यता का एक व्यापार कॉलोनी था। यह सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे उत्तरी आबादी वाला सीमा माना जाता है।

46. (3) आधुनिक नाम मोहनजोदड़ो को सिंधी में "मृत मनुष्यों का टीला" और "मोहन का टीला" के विभिन्न नामों से व्याख्या की गई है। इस शहर का मूल नाम अज्ञात है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित यह प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे बड़ी बस्तियों में से एक, और विश्व के सबसे बड़े शहरों में से एक था।

47. (4) सिन्धु घाटी सभ्यता के दौरान लोहे की जानकारी नहीं थी। हालांकि, सिन्धु घाटी के लोग ताँबा और काँसा से परिचित थे। अनुसंधानकर्ताओं ने शोध में पाया कि बर्तन, खिलौने और सिक्के इन धातुओं के बने हुए थे। वे लोग सोना और चाँदी से भी परिचित थे। लोहे की खोज वैदिक काल के बाद की गई थी।

48. (2) ऋग्वेद चार वेदों में से सबसे प्राचीन वेद है, अन्य वेद हैं- सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद। सजीव परंपरा द्वारा आर्रंभिक धार्मिक मूल पाठों को आज भी पूज्य माना जाता है, यह अनुमान लगाया जाता है कि इसका निर्माण आर्रंभिक वैदिक काल के दौरान लगभग 1500-1200 ई. पूर्व में हुआ था। यह 10 पुस्तकों (मण्डलों) में व्यवस्थित 1028 भजनों और 10,600 छन्दों का एक संग्रह है।

49. (3) भीमबेटका रॉक आश्रय स्थल मध्य प्रदेश में एक पुरातात्विक स्थल है जो प्रागैतिहासिक पेलियोलिथिक और मीजोलिथिक काल, साथ ही साथ ऐतिहासिक काल तक विस्तृत है। भीमबेटका चट्टानों पर कुछ प्रागैतिहासिक गुफा चित्र बने हैं जो लगभग 30,000 वर्ष पुराने हैं।

50. (4) गुजरात के लोथल में ईंट की पंक्तिबद्ध कब्र के प्रमाण मिले हैं। जिस में कंकाल के तीन जोड़े पाए गए हैं। प्रत्येक में दो लोगों को एक साथ दफनाया गया था। पुरातत्वविदों का मानना है कि ये जोड़े के रूप में दफन थे, जबकि कुछ अन्य विद्वानों का तर्क है कि इन युग्म शवाधानों से सती प्रणाली का सबूत मिलता है।

51. (3) वृहत्तर सिंधु क्षेत्र मिस्र, मेसोपोटामिया, दक्षिण एशिया और चीन की चार प्राचीन शहरी सभ्यताओं में सबसे बड़ा स्थल था। 1920 के दशक तक इसकी खोज नहीं की गई थी। इसके अधिकांश अवशेष, यहाँ तक कि इसके प्रमुख शहर भी खुदाई से ही प्राप्त हुए हैं। प्राचीन सिंधु सभ्यता की लिपि का अब तक अर्थ नहीं निकाला जा सका है। इसमें रूस नहीं था।

52. (2) जोरवे संस्कृति एक चालकोलिथिक पुरातात्विक संस्कृति थी, जो अब पश्चिमी भारत में महाराष्ट्र राज्य के बड़े क्षेत्रों में मौजूद है, और उत्तर में मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में भी पहुँच गई। इसका नाम जोरवे की साइट के नाम पर रखा गया है। इस संस्कृति का प्रारंभिक चरण 1400- 1000 ईसा पूर्व, जबकि बाद का चरण 1000-700 ई.पू. है।

53. (2) अहमदाबाद के लोथल, (गुजरात) प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे प्रमुख शहरों में से एक था। लोथल के पास दुनियाँ का सबसे पुराना ज्ञात बंदरगाह था, जो शहर को सिंध में व्यापार मार्ग निर्देशक हड़प्पा शहरों और सौराष्ट्र के प्रायद्वीप पर साबरमती नदी के एक प्राचीन मार्ग से जोड़ता था जबकि आज के आस-पास का कच्छ रेगिस्तान अरब सागर का एक हिस्सा था।

54. (4) बुर्जहोम कश्मीर में खोजा जाने वाला पहला नवपाषाण स्थल था। यह शालीमार के प्रसिद्ध मुगल उद्यान से लगभग 5 किमी दूर डल झील और जबरवन पहाड़ियों के बीच एक 'करेवा' पर स्थित है। बुर्जहोम की खोज और खुदाई के बाद, कश्मीर में अन्य नवपाषाण स्थलों की खोज की गई थी।

55. (3) कालीबंगन उत्तरी राजस्थान में सिंधु घाटी सभ्यता का एक प्राचीन स्थल है। यह हड़प्पा स्थलों का तीसरा उत्खनित शहर है। यहाँ प्राप्त अग्निवेदियों के कारण तथा विश्व के पहले जोते गए खेत के कारण यह स्थान जाना जाता है। कालीबंगन का नाम दो शब्दों से लिया गया है : काली और बंजन। काली का अर्थ है काला और भंजन का अर्थ है चूड़ी।

56. (2) दावजाली हैडिंग असम में एक महत्वपूर्ण नवपाषाण स्थल है।

- भारत में द्वि-कंधे वाली कुल्हाड़ी और रस्सी से चिह्नित मिट्टी के बर्तनों की सूचना यहाँ से मिली थी।

57. (2) सीनोजोइक, क्रीटेशियस काल के अंत और डायनासोर के विलुप्त होने के लगभग 65 मिलियन वर्ष तक विस्तृत है।

- सीनोजोइक को कभी-कभी स्तनधारियों का युग कहा जाता है, क्योंकि उस समय के दौरान सबसे बड़े भूमि जीव स्तनधारियों के रहे हैं।
- वर्तमान पौधों की उत्पत्ति सेनोजोइक युग से मानी जाती है।

58. (2) बुर्जहोम पुरातात्विक स्थल भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर की कश्मीर घाटी में स्थित है।

- पुरातत्व खुदाई में 3000 ईसा पूर्व और 1000 ईसा पूर्व के बीच सांस्कृतिक महत्व के चार चरणों का पता चला है।
- बुर्जहोम का अर्थ कश्मीरी बोली में बर्च का पेड़ है।
- मेहरगढ़ के लोग मिट्टी-ईंट के घरों में रहते थे, जबकि कश्मीर में पाए जाने वाले नवपाषाण स्थल बुर्जहोम से गड्ढे में रहने के साक्ष मिले हैं।

59. (4) मोहनजोदड़ो की प्राचीन बस्ती पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना जिले में स्थित है।

- यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में अपार ऐतिहासिक महत्व के कारण एक पुरातात्विक स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इस नगर को 1900 की शुरुआत में इसकी खोज तक हजारों साल की गंदगी और मिट्टी के नीचे दफन पाया गया था।
- मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के पश्चिम में स्थित है।
- मोहनजोदड़ो में एक योजनाबद्ध खाका है जिसके आधार पर एक जाल योजना पर व्यवस्थित आयताकार इमारतें निर्मित हैं।

60. (2) वैदिक सभ्यता प्राचीन भारत के इतिहास की सबसे प्रारंभिक सभ्यता है।

- इसका नाम हिंदू लोगों के प्रारंभिक साहित्य वेदों के नाम पर रखा गया है।
- वैदिक सभ्यता सरस्वती नदी के साथ एक ऐसे क्षेत्र में विकसित हुई, जिसमें अब आधुनिक भारतीय राज्य हरियाणा और पंजाब शामिल हैं।
- वैदिक युग 1500 ईसा पूर्व से 500 ईसा पूर्व के बीच की अवधि है।

61. (2) कल्प एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है 'उचित, फिट, सक्षम, पवित्र उपदेश', और यह अध्ययन के छः वेदांग क्षेत्रों में से एक को संदर्भित भी करता है।

- कल्प सूत्र, कर्म कांड अर्थात् वेद के अनुष्ठान भाग से संबंधित है जो उपनिषद् के ज्ञान कांड या ज्ञान भाग के विपरीत है।
- यह विशेष रूप से वैदिक ग्रंथों के उचित अनुप्रयोग के लिए अभिप्रेत है।
- यह ब्राह्मणों की मुख्य पाठ्य अनुष्ठान (कल्प) सामग्री थी, जिसे सबसे पहले कल्पसूत्र नामक पुस्तक में व्यवस्थित किया गया था।

62. (1) वैदिक काल में रावी नदी को पारुषी के नाम से जाना जाता था।
- सुतुद्री, असिकनी, वितस्ता और विपास के साथ, यह सिंधु नदी की सहायक नदियों में से एक थी।
- सरस्वती और सिंधु के साथ, इन 5 नदियों ने सप्त सिंधु का गठन किया।
- **नदियों के ऋग्वेद कालीन नाम** **आधुनिक नाम**

सिन्धुसिन्धु (इण्ड्स)	
वितासे	झेलम
असिकनी	चेनाब
परुषणी	रावी
विपास	ब्यास
सतुद्रीसतलज	
गुमल गोमती	
क्रुमु	कुर्रम
दृश्द्वती	घग्गर

63. (3) राखाल दास बनर्जी और दयाराम साहनी ने 1921 में हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के दो शहरों की खोज की। पुरातत्व में एक परंपरा के बाद, सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के रूप में जाना जाने लगा, इसके बाद, हड़प्पा की पहली साइट की खुदाई की गई। यह दक्षिण एशिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में कांस्य युग की सभ्यता थी, जो 3300 ईसा पूर्व से 1300 ईसा पूर्व तक थी।

64. (2) राजस्थान के कालीबंगन में हड़प्पा सभ्यता के शुरुआती और परिपक्व दोनों चरणों के प्रमाण मिले हैं। परिपक्व-हड़प्पा चरण को विस्तृत नगर नियोजन और शहरी विशेषताओं के संदर्भ में देखा जाता है। हड़प्पा सभ्यता को तीन चरणों में बांटा गया है: प्रारंभिक (3000 ईसा पूर्व -2600 ईसा पूर्व), परिपक्व (2600 ईसा पूर्व -1900 ईसा पूर्व) और उत्तरकाल (1900 ईसा पूर्व-1500 ईसा पूर्व)।

65. (2) ऋग्वेद 10 पुस्तकों (मंडलों) का संग्रह है जिसमें लगभग 10,600 छंदों में 1,028 भजन (सूक्त) हैं। आठ मंडल-2 से मंडल 9 की रचना सर्वप्रथम की गई है जबकि मंडल 1 और मंडल 10 की रचना बाद में की गई है। मंडल 2 से 9 मुख्य रूप से ब्रह्मांड विज्ञान और देवताओं की प्रशंसा करते हैं। मंडल 1 और 10 हाल की पुस्तकें हैं।

66. (2) बौद्ध धर्म और जैन धर्म कठोर तप और आत्म-मृत्यु के पहलुओं में भिन्न हैं। महावीर ने स्वयं को सत्य का एहसास करने के लिए जबरदस्त शारीरिक कष्ट का अभ्यास किया। उन्होंने अपने अनुयायियों को भूखे रहने और शारीरिक पीड़ा से गुजरने की सलाह दी। लेकिन बौद्ध धर्म ने मध्यम मार्ग पर बल दिया। इसके अंतर्गत मोक्ष के लिए कठोर साधना एवं कायाक्लेश में विश्वास नहीं किया जाता था। परंतु जैन धर्म में मोक्ष के लिए घोर तपस्या तथा शरीर त्याग को आवश्यक माना गया।

67. (4) सुरकोटदा एक पुरातात्विक स्थल है जो गुजरात के कच्छ जिले के रापर तालुका में स्थित है। यह सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) से संबंधित है। सिंधु घाटी स्थलों के बीच, सुरकोटदा में हाथियों के साथ-साथ घोड़ों के भी प्रमाण मिले हैं। इसकी खोज 1964 में जगपति जोशी ने की थी। इस स्थल से सिंधु सभ्यता के पतन के अवशेष दिखाई देते हैं।

68. (1) वैदिक दृष्टिकोण के अनुसार, चार पुरुषार्थ (जीवन के लक्ष्य) हैं:
- धर्म (धार्मिकता, नैतिक मूल्य)
- अर्थ (समृद्धि, आर्थिक मूल्य)
- काम (खुशी, प्रेम, मनोवैज्ञानिक मूल्य)
- मोक्ष (मुक्ति, आध्यात्मिक मूल्य)

69. (3) संग्रहीत और सुसम्पादित वैदिक साहित्य को 'संहिता' कहा जाता है।
- संहिता कर्मकांडी ग्रंथ हैं, और वे अनुष्ठानों के सामाजिक और धार्मिक महत्व की व्याख्या करते हैं।
- चार वेद होने की वजह से चार संहिताएँ हैं (प्रत्येक संहिता की अपनी अलग अलग शाखाएँ है)।
- प्रत्येक संहिता में ब्राह्मण नामक ग्रंथ जोड़े गए हैं, जिनमें मंत्रों और अनुष्ठानों पर टिप्पणियां हैं।

70. (4) ऋग्वेद के कुछ सूक्त संवाद के रूप मे हैं।
- ऐसे ही एक भजन में ऋषि विश्वामित्र और दो नदियों (ब्यास और सतलज) के बीच एक संवाद है, जिन्हें देवी के रूप में पूजा जाता था।
- विश्वामित्र ने ब्यास और सतलज को बहनें कहा।

71. (3) सेल्ट नवपाषाण युग का एक उपकरण है।
- यह पॉलिश दार पत्थर की कुल्हाड़ी या बसूला का सिरा है जिसे लकड़ी के शाफ्ट में लगाने के लिए डिजाइन किया गया है और शायद मुख्य रूप से पेड़ो को काटने या लकड़ी को आकार देने के लिए उपयोग किया जाता होगा।
- 3,000 ईसा पूर्व से 1,000 ईसा पूर्व तक नवपाषाण काल, खानाबदोश जीवन से स्थिर जीवन में मनुष्य के संक्रमण को चिह्नित करता है, जहाँ उन्होंने पॉलिश किए गए नवपाषाण उपकरणों का उपयोग किया।

TYPE–II

1. (4) जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी को ही जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक माना जाता है, किन्तु कुछ जैन अनुयायी प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव को जैन धर्म का संस्थापक मानते हैं। जैन धर्म के 24 तीर्थंकर थे: (1) ऋषभदेव (2) अजितनाथ (3) सम्भवनाथ (4) अभिनंदननाथ (5) सुमितनाथ (6) पद्मप्रभु (7) सुपार्श्व (8) चन्द्रप्रभु (9) सुविधिनाथ (10) शीतलनाथ (11) श्रेयांस (12) वसुपूज्य (13) विमलनाथ (14) अनंतनाथ (15) धर्मनाथ (16) शांतिनाथ (17) कुन्थनाथ (18) अर्हनाथ (19) मल्लिनाथ (20) मुनिसुव्रतनाथ (21) नेमिनाथ (22) अरिष्टनेमि (23) पार्श्वनाथ (24) महावीर स्वामी

2. (2) बौद्धों का धार्मिक ग्रन्थ त्रिपिटक कहलाता है। यह ग्रन्थ पाली भाषा में है। इसको तीन भागों में बांटा गया है (1) सुत्तपिटक (बौद्ध के सिद्धांत तथा उपदेश संग्रह है) (2) अभिधम्म पिटक (इसमें दार्शनिक सिद्धांतों का संग्रह है) (3) विनयपिटक (संघ संबंधी नियम है)

3. (3) जैन धर्म के अनुसार प्रत्येक जीव अपने पूर्व संचित कार्यों के अनुसार ही शरीर धारण करता है। मोक्ष के लिये तीन साधन बताए गए हैं :
(1) सम्यक दर्शन-जैन धर्म के उपदेशों में दृढ़ विश्वास ही सम्यक दर्शन या श्रद्धा है। (2) सम्यक ज्ञान-जैन धर्म एवं उसके सिद्धांतों का ज्ञान ही सम्यक ज्ञान है। (3) सम्यक् चरित्र-जो कुछ भी जाना जा चुका है और सही माना जा चुका है इसे कार्यरूप में परिणत करना ही सम्यक् चरित्र है।
इन तीनों को जैन धर्म में त्रिरत्न की संज्ञा दी जाती है।

4. (1) अजंता की चित्रकारी दयालु बुद्ध से प्रेरित है। महाराष्ट्र में औरंगाबाद के समीप अजन्ता की गुफाओं में मानव जीवन, पशु-पक्षी, और प्रकृति का बहुरंगी चित्रण मिलता है।

5. (4) पाणिनी को संस्कृत भाषा का प्रथम व्याकरणविद् माना जाता है। उन्हें संस्कृत व्याकरण, जिसे 'अष्टाध्यायी' के रूप में जाना जाता है, की रचना की थी।

6. (2) गौतम बुद्ध का जन्म एक क्षत्रिय के रूप में हुआ था। वह ''शाक्य वंश के निर्वाचित शासक'' शुद्धोधन के पुत्र थे, जिनकी राजधानी कपिलवस्तु थी। शाक्यों ने एक स्वतंत्र गणतन्त्रवादी राज्य का निर्माण किया था जिसे 'शाक्य' गणराज्य के रूप में जाना जाता था। राजा शुद्धोधन की पत्नी और उनकी माता माया कोलियन राजकुमारी थी।

7. (1) सिद्धार्थ को 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा की रात एक पीपल के वृक्ष के नीचे **'ज्ञान'** प्राप्त हुआ। अब उन्होंने दु:ख तथा उसके कारणों का पता लगा लिया। इस समय से वे 'बुद्ध' नाम से विख्यात् हुए। बुद्ध का अर्थ है ज्ञान।

8. (2) बोधगया में 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा की रात को एक पीपल के वृक्ष के नीचे बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् वे सर्व प्रथम ऋषिपतन (सारनाथ) आये। यहीं उन्होंने पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को अपना पहला उपदेश दिया।

9. (4) प्रश्नानुसार वामसाथपाकसिनी भारत में उत्पन्न सबसे बाद वाला बौद्ध धर्म का ग्रंथ है।

10. (3) सर्वप्रथम गौतम बुद्ध को जिन चार आर्य सत्यों का ज्ञान हुआ उसे उन्होंने सम्पूर्ण जगत पर लागू किया। वे इस प्रकार हैं-

(1) दु:ख-संसार में सर्वत्र दु:ख ही दुख है। जीवन दु:खों तथा कष्टों से परिपूर्ण है

(2) दु:ख समुदाय-प्रत्येक वस्तु का कोई न कोई कारण अवश्य होता है।

(3) दु:ख निरोध-प्रत्येक वस्तु किसी न किसी कारण से उत्पन्न होती है, अत: यदि उस कारण का विनाश हो जाय तो वस्तु का विनाश हो जाएगा।

(4) दु:ख निरोध गामिनि प्रतिपदा-दुख के मूल अविद्या के विनाश का उपाय अष्टांगिक मार्ग है।

11. (1) सिकन्दर को पंजाब के शासक पोरस के साथ युद्ध करना पड़ा, जिसे हाइडेस्पीज का युद्ध या झेलम (वितस्ता) का युद्ध के नाम से जाना जाता है।

12. (1) सिकन्दर की मृत्यु के पश्चात् उसके पूर्वी प्रदेशों का भाग सेल्युकस निकेटर के अधीन चला गया। सेल्युकस निकेटर ने ही सिन्ध नदी पार करके चन्द्रगुप्त मौर्य से युद्ध किया था और पराजित हुआ।

13. (2) चैत्य एक सिरे पर स्तूप के साथ एक बौद्ध पूजा स्थल या प्रार्थना सभा-भवन है जिसका निर्माण भक्तों के अधिक संख्या में एकत्रित होने के लिए किया गया था। वे अर्ध-वृत्ताकार छत, स्तम्भशीर्ष के साथ सही अनुपात वाले स्तम्भ और उत्कृष्ट पॉलिशदार आन्तरिक दीवारों के साथ आयताकार सभा-भवन थे। स्तम्भ के तीन भाग थे: अवलम्ब (प्रॉप) भूमि में दबी नींव और शाफ्ट। कार्ले, नासिक, अजन्ता, जुनार इत्यादि के चैत्य प्रसिद्ध हैं।

14. (1) सिद्धार्थ या गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में कपिलवस्तु के निकट लुम्बिनी में हुआ था। बौद्ध धर्म के अनुसार इच्छा सब कष्टों का कारण है।

15. (2) मगध साम्राज्य की महत्ता का वास्तविक संस्थापक राजा बिम्बिसार (लगभग 544-492 ई. पू.) था। वह हर्यंक कुल से संबंधित था। डी. आर. भंडारकर का मानना है कि बिम्बिसार प्रारम्भ में लिच्छवियों का सेनापति था जो उस समय मगध में शासन करते थे। मगध का एक कूटनीतिज्ञ और दूरदर्शी शासक था जो गौतम बुद्ध का एक बड़ा प्रश्रयदाता था। बिंबिसार लगभग तीस वर्षों तक बौद्ध धर्म के विकास में सहायक रहा।

16. (4) जातक कथाएँ मनुष्य और जंतु दोनों रूप में गौतम बुद्ध के पूर्व जन्मों पर आधारित एक विशाल कथा-संग्रह है। पवित्र बौद्ध कथा के सिद्धांत के एक भाग के रूप में इसमें बुद्ध के पूर्व अवतारों की लगभग 550 दंतकथाओं और पौराणिक कथाओं को चित्रित किया गया है। अधिकांश जातक कहानियाँ चौथी शताब्दी ई. पू. की हैं।

17. (3) बुद्ध की मृत्यु के बाद चार बौद्ध संगीति हुई-राजगृह (प्रथम संगीति), वैशाली (द्वितीय), पाटलिपुत्र (तृतीय) और कश्मीर (चतुर्थ)। पहली बौद्ध संगीति राजगृह (राजगीर) में हुई। जिसकी अध्यक्षता **'महाकस्सप'** ने की। इसमें बुद्ध के वचनों को तीन पिटकों में संग्रहित किया गया। 'विनयपिटक' 'सुत्तपिटक' और 'अभिधम्मपिटक' तीन पिटक हैं। जिन भिक्षुओं ने विनयपिटक के नियमों को न माना वे थेरवादी कहलाए और जिन्होंने संशोधन करने की इच्छा प्रकट की, वे महासंघिक कहलाए। कनिष्क के समय चौथी बौद्ध संगीति (कश्मीर) में आपसी मतभेद बढ़ गए और परिणामस्वरूप बौद्ध ध र्मावलम्बी दो समुदायों में बंट गये-महायान और हीनयान।

18. (2) बोधगया से चल कर महात्मा बुद्ध सारनाथ पहुँचे तथा वहाँ अपने पूर्वकाल के पाँच साथियों को उपदेश देकर अपना शिष्य बना लिया। बौद्ध परंपरा में यह उपदेश **'धर्मचक्र प्रवर्त्तन'** नाम से विख्यात् है।

19. (1) बौद्ध धर्म में बुद्ध, संघ और धर्म तीन रत्न (त्रिरत्न) माने जाते हैं। बौद्ध धर्म के अनुसार बुद्ध के स्वरूप पर चित्त को केन्द्रित करने से मनुष्य के मन में वितृष्णा और स्थिरता आती है, संघ के प्रभाव से साधक में विश्वास और उत्साह का उदय होता है और धर्म के सेवन से उसके आत्मिक बल की वृद्धि होती है। गौतम बुद्ध ने संघ को सर्वाधिक महत्व दिया।

20. (4) मिलिंदपन्हो (मिलिंद के प्रश्न) 100 ई. पू. का एक बौद्ध काव्य है जिसमें भारतीय- यूनानी राजा मिनांडर प्रथम के प्रश्नों का उत्तर बौद्ध विद्वान नागसेन द्वारा दिया गया है।

21. (3) दिगम्बर, जैन धर्म के दो सम्प्रदायों में से एक है। दूसरा सम्प्रदाय है : श्वेतांबर। दिगंबर (दिशा ही जिसका अंबर अर्थात् वस्त्र हो) का अर्थ 'नग्न' होता है। दिगंबर संप्रदाय के अनुयायी मोक्ष प्राप्त करने के लिए नग्नतत्व को मुख्य मानते हैं और स्त्रीमुक्ति का निषेध करते हैं।

22. (4) महावीर के प्रथम शिष्य जमालि (महावीर भगवान के दामाद) थे। इसके अतिरिक्त इन्होंने पावा में 11 ब्राह्मणों को जैन धर्म में दीक्षित किया जो सर्वप्रथम अनुयायी माने जाते है। महावीर ने अपने अनुयायिओं को 11 गणों में विभक्त किया और प्रत्येक गण (समूह) का गणधर (प्रधान) इन्हीं 11 ब्राह्मणों में से एक-एक को बनाया। सभी गणधर अपने-अपने समूह के साथ महावीर स्वामी के नेतृत्व में धर्म प्रचार में संलग्न हुए।

23. (1) वर्धमान महावीर को **'जेना'** नाम से भी जाना जाता है। जेना शब्द का मूल अर्थ है : विजेता। प्रेम और घृणा; सुख और दुख; आसक्ति और विरक्ति जैसे मोह-भावों पर विजय प्राप्त करने और ज्ञान; अवलोकन; सत्य और क्षमता को निस्तेज करने वाले कर्मों से आत्मा को मुक्त करने हेतु उन्हें 'जेना' कहा जाता है। 'जेना' शब्द से ही जैन की उत्पत्ति हुई।

24. (4) तिब्बती बौद्ध धर्म के इतिहास के महत्वपूर्ण अध्यायों में 8वीं शताब्दी में बौद्ध मुनि पद्मसंभव का आगमन शामिल है। पद्मसंभव ने कई बौद्ध ग्रन्थों का तिब्बती भाषा में अनुवाद किया और तांत्रिक बौद्ध परंपरा को स्थानीय बौद्ध धर्म से विलय कर तिब्बती बौद्ध धर्म को प्रश्रय दिया।

25. (2) लुम्बिनी भगवान बुद्ध का जन्म स्थान है। उनके सम्मान में भारत के महान मौर्य सम्राट अशोक ने 249 ईसा पूर्व में, लुम्बिनी की अपनी तीर्थ यात्रा के दौरान एक स्तम्भ बनवाया था। अशोक के समय में लुम्बिनी को रूमिनदेई के नाम से जाना जाता था।

26. (1) भगवान बुद्ध के काल में बौद्ध साहित्य में क्षत्रियों को **'क्षतियास'** के नाम से उल्लेख किया गया है, लेकिन बाद में उनकी वास्तविक पहचान कम हो गई थी। इसी प्रकार वैश्य जाति के संबंध में भी यह सही है।

27. (2) जब जैन धर्म और बौद्ध धर्म लोकप्रिय हो रहे थे, ब्राह्मणों ने आश्रमों की व्यवस्था विकसित की थी। चार आश्रमों को मान्यता दी गई। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। आश्रमों की व्यवस्था में पुरुषों ने ध्यान में अपने जीवन का कुछ हिस्सा बिताया।


28. (4) विश्व में ईसा पूर्व छठी शताब्दी को धार्मिक उत्थान युग माना जाता है। इसी शताब्दी में भारत में बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उदय हुआ। इसी अवधि में हेराक्लिट्स (Heraclitus) ने यूनानी द्वीप के आयोनिया (Ionia) नामक स्थान पर उपदेश दिया, इसी शताब्दी में जोरोस्टर (Zoroster) ने ईरान में धार्मिक अन्धविश्वास का विरोध किया और इसी समय-काल में कनफ्यूशिअस तथा लाओत्से ने चीन में जीवन का नया मार्ग दिखाया था।

29. (2) जैन अभिलेखों के अनुसार, 24 वें और अंतिम तीर्थंकर वर्धमान महावीर ने 5वीं या 6ठी ईसा पूर्व जैनधर्म की स्थापना की थी। इस धर्म के नाम की उत्पत्ति जिनाज ('विजेताओं') से हुई है, जिनाज नामक उपाधि 24 महान गुरुओं (तीर्थंकरों) को प्रदान की गई थी जो उनके विश्वास को प्रदर्शित करता है।

30. (*) त्रिपिटक या तीन टोकरी विभिन्न बौद्ध ग्रंथों के लिए इस्तेमाल एक पारंपरिक शब्द है इसे अंग्रेजी में कैनन के रूप में जाना जाता है तीन पिटक सुत्त-पिटक, विनय पिटक और अभिधम्म पिटक हैं। त्रिरत्न एक पारंपरिक बौद्ध शब्द है जिसका अर्थ है "तीन ज्वैल्स", और यह बुद्ध (प्रबुद्धता का आदर्श), धर्म (पथ और प्राप्ति के प्रान्त प्राप्ति योग्य, और संघ (उन लोगों का समुदाय जो पथ का पीछा करते हुए, और विशेषकर उनको दर्शाता है जिन्हें प्रबुद्धता का अनुभव था।

31. (2) प्राचीन काल में भारत में प्राय: युद्धों में हाथियों का प्रयोग किया जाता था। हालांकि, मगध के शासकों ने सर्वप्रथम विनाश करने के लिए हथियार के रूप में हाथियों का प्रयोग बड़े पैमाने पर किया था। प्लुटार्क के अनुसार, भारत पर सिकन्दर के आक्रमण के समय, सिकन्दर के सिपाहियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए नंद की सेना में लगभग 6,000 हाथियों को शामिल किया गया था। मेगास्थनीज के अनुसार, चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना में लगभग 9,000 हाथियों को शामिल किया गया था।

32. (2) वज्जी या व्रिज्जी छठी शताब्दी ईसा पूर्व एक संघ था। वज्जि के शासक आठ राजवंशों (अटहकुल) के संघ थे, जिसमें वज्जि, लिच्छवि, ज्ञातृक और विदेह अधिक महत्त्वपूर्ण थे। यह सोलह महाजनपदों में से एक था। वज्जि जनपद में गणतंत्रात्मक शासन था।



33. (2) जैन धर्म की पवित्र पुस्तकों को सामूहिक रूप से 'अंग' कहा जाता है। इसमें विभिन्न छोटे-छोटे मुद्दों पर पचास पृथक् कृतियों को समाविष्ट किया गया है। ये मूल-पाठ मुख्यत: अर्ध-मागधी प्राकृत और शौरसेनी भाषा में लिखे गए हैं। इस प्रामाणिक धर्म ग्रंथ संग्रह में विभिन्न नियमों की अन्य पुस्तकों के अतिरिक्त, महावीर द्वारा उल्लेखित 14 'पूर्व' या 'आरंभिक कृतियों' और महावीर के शिष्यों द्वारा रचित कई अंग भागों को शामिल किया गया है।

34. (3) संस्कृत में धर्मचक्र से तात्पर्य 'धर्म का चक्र' से है। यह शब्द भगवान बुद्ध के जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण क्षणों में से एक का प्रतीक है, यह पहला अवसर था जब उन्होंने ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ के हिरण्य उद्यान में अपने साथियों को प्रथम उपदेश दिया था। इस घटना को प्राय: धर्म उपदेश की चक्र गति को स्थिर करने अर्थात् धर्मचक्रप्रवर्तन के रूप में जाना जाता है।

35. (2) कैवल्य, मोक्ष प्राप्ति से संबंधित जैन धर्म की महत्त्वपूर्ण अवधारणा है। जैन धर्म के अनुसार, सभी विद्यमान वस्तुओं को दो भागों जीव (सजीव वस्तुओं अर्थात् जिनमें आत्मा का वास हो) और अजीव (निर्जीव वस्तुओं अर्थात् जिनमें आत्मा का वास न हो) में विभाजित किया जाता है। सजीव प्राणियों (जीव) की निर्जीव प्राणियों (अजीव) के साथ की बाधा सभी दु:खों का कारण है। कैवल्य, सजीव प्राणियों के इन बाधाओं से मुक्त होने का मार्ग है।

36. (3) उत्तर-वैदिक काल में पूरे उत्तरी क्षेत्र में ज्यादातर विंध्य के उत्तर स्थित और उत्तर-पश्चिम सीमा से बिहार तक फैले हुए सोलह महाजनपदों को सोलह राज्यों में विभाजित किया गया था। बौद्ध साहित्य विशेषकर अंगुत्तर निकाय, सोलह महाजनपदों को सूचीबद्ध करता है- गांधार, कम्बोज, अस्साका, वत्स, अवंती, सूरसेन, चेदि, मल्ल, कुरु, पंचाल, मत्स्य, वज्जि, काशी, अंग, कौशल और मगध।

37. (4) बौद्ध साहित्य, खासकर अंगुत्तर निकाय में सोलह महाजनपदों को सूचीबद्ध किया गया है- गांधार, कम्बोज, अस्मक, वत्स, अवंती, सूरसेन, चेदि, मल्ल, कुरु, पांचाल, मत्स्य, वज्जि, अंग, कोशल और मगध। गांधार की स्थिति लगभग आधुनिक कश्मीर से लेकर काबुल घाटी तक फैली हुई है। इसकी राजधानी तक्षशिला थी। 'तक्षशिला' में एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था जहाँ विश्व के विभिन्न देशों से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। चाणक्य, जीवक, वसुबंधु आदि ने इसी विश्व-विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की थी।

38. (1) स्तूप एक अर्द्धगोलाकार संरचना है जहाँ बौद्ध अवशेषों को रखा गया है और बौद्ध भिक्षुओं द्वारा इनका उपयोग ध्यान लगाने के लिए किया जाता है। बौद्ध धर्म में, सबसे पहले के स्तूपों में बुद्ध की राख के हिस्से रखे गए थे, जिसके कारण स्तूप बुद्ध की मृत्यु से सम्बन्धित माने जाते हैं।

39. (1) चौथी बौद्ध संगीति का आयोजन कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में 72 ई. में कश्मीर के कुण्डलवन में किया गया था, और वसुमित्र ने इस संगीति की अध्यक्षता की थी, जबकि अश्वघोष संगीति के उपाध्यक्ष थे। इस संगीति में बौद्ध धर्म महायान और हीनयान नामक दो सम्प्रदायों में विभाजित हो गया। हीनयान बौद्ध धर्म संस्थान का प्राचीन सम्प्रदाय था जिसकी स्थापना स्वयं बुद्ध के द्वारा की गई थी और नए सम्प्रदाय को महायान बौद्ध धर्म के रूप में जाना जाने लगा।

40. (3) हिन्दू दर्शन के अनुसार वैशेषिक छ: दर्शनों में से एक है। हिन्दू दर्शन के अन्य पाँच दर्शन योग, सांख्य, न्याय, मीमांसा और वेदांत हैं। वैशेषिक दर्शन महर्षि कणाद द्वारा प्रतिपादित किया गया था।

41. (4) अधिकांश बौद्ध ग्रंथ पाली भाषा में लिखे गए थे। पाली संस्कृत से काफी निकटता से संबंधित है लेकिन इसका व्याकरण और संरचना सरल है। पारंपरिक थेरावादियों ने पाली को बुद्ध द्वारा बोली जाने वाली भाषा के रूप में माना है, लेकिन प्रमुख भाषाई विद्वानों की राय में पाली संभवत: कई स्थानीय भाषाओं से बनानी मिश्रित भाषा थी ताकि बौद्ध ग्रंथों को उत्तरी भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले बौद्ध भिक्षुओं को समझने में परेशानी ना हो।

42. (1) गौतम बुद्ध को 'एशिया का प्रकाश स्तंभ' और 'प्रबुद्ध व्यक्ति' माना जाता है। 'एशिया का प्रकाश स्तंभ' की उपाधि उन्हें महान इतिहासकार एडवर्ड अर्नोल्ड द्वारा दी गई थी। उनका जन्म कपिलवस्तु के राज परिवार में सिद्धार्थ गौतम के रूप में हुआ था, उन्होंने ज्ञान प्राप्त करने के बाद 'बुद्ध या प्रबुद्ध व्यक्ति' की उपाधि प्राप्त की थी।

43. (3) भगवान महावीर का जन्म 599 ई. पूर्व में बिहार के वैशाली जिले के कुण्डग्राम में इक्ष्वाकु वंश के राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के घर में राजकुमार वर्धमान के रूप में हुआ था। वह जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे।

44. (4) भगवान महावीर का संबंध बिहार के पटना के पास स्थित पावापुरी से है। 72 वर्ष (527 बीसी) की आयु में उन्होंने पावापुरी के कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन परिनिर्वाण प्राप्त किया। उनके निर्वाण सम्बन्धी पवित्र पाठ का कल्प सूत्र में उल्लेख किया गया है। पावापुरी वह जगह है जहाँ महावीर ने मृत्यु से पहले अपना अंतिम उपदेश दिया था।

45. (2) जैन धर्म के पाँच सिद्धांतों में अहिंसा सबसे मौलिक है। भगवान महावीर ने कहा, "अहिंसा परमो धर्म:"। जैन धर्म ने पंचशील सिद्धांत बताए, ये हैं - अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य।

46. (3) महर्षि अक्षपाद गौतम न्याय दर्शन से सम्बन्धित हैं। उन्होंने 'न्याय सूत्र' की रचना की जिसे हिन्दू दर्शन के न्याय दर्शन का मूलभूत पाठ माना जाता है। यह ज्ञान और तर्क पर केन्द्रित एक उल्लेखनीय कृति है। यह न्याय स्मृति के लिए धर्मग्रंथों की अविवेकी सत्ता के विरुद्ध प्रयोगाश्रित वैधता और सत्य का आधार निर्धारित करता है।

47. (4) 7वीं शताब्दी के प्रारंभ के साथ, हर्षवर्धन (606-647 A.D.) ने अपने भाई, राज्यवर्धन की मृत्यु पर थानेश्वर और कन्नौज की गद्दी पर चढ़ाई की। उन्होंने 606 से 647 ईसवी तक उत्तर भारत पर शासन किया। वह वर्धन वंश का सदस्य था और प्रभाकरवर्धन का पुत्र था जिसने अल्चोन हण आक्रमणकारियों को हराया।

48. (3) भगवान महावीर के उपदेश को उनके शिष्यों द्वारा मौखिक रूप से कई ग्रंथों (शास्त्रों) में संकलित किया गया था। इन शास्त्रों को जैन आगम या आगम सूत्र के नाम से जाना जाता है। आगम सूत्र जीवन के सभी रूपों, शाकाहार के सख्त निमय, तप, करुणा, अहिंसा और युद्ध के विरोध में महान समादर का ज्ञान प्रदान करते हैं।

49. (1) हाइडेस्पस की लड़ाई 326 ईसा पूर्व में सिकन्दर महान ने पंजाब में हाइडस्पस (झेलम) नदी के तट पर पौरव साम्राज्य के राजा पोरस के खिलाफ लड़ी थी। इस लड़ाई के परिणामस्वरूप मैसेडोनियन की जीत और पंजाब की हार हो गई ।

50. (1) महाजनपद सोलह राज्य या कुलीन गणराज्य जो प्राचीन भारत में छठी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में मौजूद थे। अंगुतर निकाय जैसे बौद्ध धर्म ग्रंथ सोलह महान राज्यों और गणराज्यों का बार-बार उल्लेख करते हैं । उत्तर पश्चिम में गंधार से लेकर भारतीय उपमहाद्वीप के पूर्वी हिस्से में अंग तक।

51. (2) वज्जी संघ की राजधानी वैशाली को 6ठी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास गणतंत्र शासन का पहला उदाहरण माना जाता है। गौतम बुद्ध ने 483 ईसा पूर्व, में अपनी मृत्यु से पहले अपना अंतिम उपदेश यहाँ दिया। 383 ईसा पूर्व, में राजा कालाशोक द्वारा दूसरी बौद्ध संगीति यहां बुलाई गई थी, जिससे यह जैन और बौद्ध दोनों धर्मों में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया।

52. (2) कपिल प्राचीन भारत के एक प्रभावशाली मुनि थे। इन्हें संख्याशास्त्र के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है, जिनके मान्य अर्थों के अनुसार विश्व का उद्भव विकासवादी प्रक्रिया से हुआ है। कपिल ने सर्वप्रथम विकासवाद का प्रतिपादन किया और संसार को एक क्रम के रूप में देखा।

53. (4) प्राचीन भारत में सोलह महाजनपद, सोलह राज्य या कुलीन गणराज्य थे जो ईसा पूर्व छठी से चौथी शताब्दी तक प्राचीन भारत में मौजूद थे। अंगुत्त रनिकाय जैसे प्राचीन बौद्ध ग्रंथ सोलह महान राज्यों और गणराज्यों का बार-बार संदर्भ देते हैं जो उत्तर पश्चिम में गांधार से लेकर भारतीय उपमहाद्वीप के पूर्वी हिस्से के अंग में फले-फुले थे।

54. (2) भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी है।

- अशोक स्तंभ के साथ ब्राह्मी लिपि में पाली शिलालेख इस स्थान से मिला है।
- अशोक ने इस स्थान पर जाकर पूजा की।
- अशोक ने लुम्बिनी को कर से मुक्त कर दिया था।

55. (2) त्रिपिटक या तीन पेटिकाएँ एक पारंपरिक शब्द है जिसका इस्तेमाल विभिन्न बौद्ध धर्मग्रंथों के लिए किया जाता है।

- तीन पिटक हैं सुत्त पिटक, विनय पिटक और अभिधम्म पिटक।
- सुत्त पिटक: इसमें बुद्ध और उनके करीबी साथियों से संबंधित 10 हजार से अधिक सूक्त या सूत्र हैं।
- विनय पिटक भिक्षुओं और ननों के लिए मठवासी नियम हैं। इसे बुक ऑफ डिसिप्लिन भी कहा जा सकता है।
- अभिधम्मपिटक बौद्ध धर्म के दर्शन और सिद्धांत से संबंधित है।

56. (3) अजातशत्रु पूर्वी भारत में मगध के हर्यंक वंश के एक राजा थे।

- वे राजा बिम्बिसार के पुत्र थे और महावीर और गौतम बुद्ध दोनों के समकालीन थे।

57. (3) 4थी शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान भारत के उत्तरी भाग में नंद राजवंश का शासन था।

- धनानंद नंद वंश का अंतिम राजा था।
- पांडुका इस राजवंश के दूसरे राजा थे।
- गोविषाणक नंद वंश के 6ठे राजा थे।
- कैवर्त इस वंश का 8वाँ राजा था।

58. (3) बिम्बिसार, हर्यंक वंश का संस्थापक था।

- अजातशत्रु राजा बिम्बिसार का पुत्र था।
- उसने सन् 493-462 ई.पू. तक मगध पर शासन किया।
- अशोक, मौर्य राजवंश का सबसे प्रतापी सम्राट था।
- उन्होंने लगभग समस्त भारतीय उपमहाद्वीप पर सन् 268 से 232 ई.पू. तक शासन किया।

59. (1) मगध पर शासन करने वाला पहला शासक वंश 'बृहद्रथ' वंश को माना जाता है। इसकी प्रारंभिक राजधानी "गिरिव्रज" (वर्तमान राजगीर) हुआ करती थी।

- उदयिन ने गिरिव्रज से अपनी राजधानी को 'पाटलिपुत्र' में स्थानांतरित कर दिया।
- शिशुनाग वंश ने राजधानी को पाटलिपुत्र से 'वैशाली' में स्थानांतरित कर दिया।
- वैशाली महान मगध सम्राज्य की तीसरी राजधानी बनी।

60. (4) उदयन, हर्यंक वंश का भारतीय शासक था जिसने 460 ईसा पूर्व से 440 ईसा पूर्व के दौरान मगध पर शासन किया था।

- वे अजातशत्रु के पुत्र और राजा बिम्बिसार के पोते थे।
- राजा उदयिन ने दो नदियों, सोन और गंगा के संगम पर पाटलिपुत्र शहर की नींव रखी।
- मगध साम्राज्य में पाटलिपुत्र की केंद्रीय स्थिति के कारण उन्होंने बाद में अपनी राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित कर दी।

61. (2) जैन साहित्य में, 'जीन' 'विजेता' है।

- 'जीन' वह है जिसने आत्म-अनुशासन के माध्यम से लौकिक और भौतिक अस्तित्व पर विजय प्राप्त की है और एक पारलौकिक और बाहरी आनंद की स्थिति प्राप्त की है।
- 'जीन' शब्द का प्रयोग विशेष रूप से तीर्थंकर (फोर्ड-मेकर) के लिए किया जाता है, जो एक उद्धारकर्ता है जो जीवन की पुनर्जन्म की धारा को पार करने में सफल रहा है और दूसरों के अनुसरण के लिए एक रास्ता बनाया है।

62. (2) वैशाली और नालंदा के बौद्ध स्थल बिहार में स्थित हैं। वैशाली एक महान बौद्ध तीर्थ है जहाँ बुद्ध ने अपना अंतिम उपदेश दिया और अपने निर्वाण की घोषणा की। उनकी मृत्यु के बाद, वैशाली ने दूसरी बौद्ध परिषद की भी मेजबानी की। नालंदा अपने प्राचीन विश्वविद्यालय और बौद्ध मठ केंद्र के लिए प्रसिद्ध है।

63. (3) अष्ट-महास्थान (आठ बौद्ध पवित्र स्थान) से तात्पर्य उन आठ महत्वपूर्ण स्थानों से है जो तीर्थयात्रा के रूप में बुद्ध के जीवन से जुड़े हैं:

- लुम्बिनी: बुद्ध की जन्मभूमि, नेपाल में।
- बोध-गया: भारत में वह स्थान जहाँ बुद्ध ने आत्मज्ञान प्राप्त किया था।
- सारनाथ (वाराणसी के पास): जहाँ बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था।
- कुशीनगर: जहाँ बुद्ध परिनिर्वाण में गुजरे।
- श्रावस्ती: जहाँ बुद्ध ने सबसे अधिक समय व्यतीत किया और 22 वर्षाकालीन ग्रीष्म अवकाशों का संचालन किया;
- राजगीर: जहाँ बुद्ध ने बुद्धिमत्ता की पूर्णता सिखाई और क्रोधित हाथी को अपनी करुणा से वश में कर लिया।
- संकिसा: जहाँ बुद्ध का स्वर्ग से अवतरण हुआ था।
- वैशाली, जहाँ बुद्ध ने पहली महिला नन को ठहराया था।

64. (1) कणाद कश्यप ने छठी से दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास दर्शनशास्त्र के वैशेषिक स्कूल की स्थापना की थी।

- वैशेषिक छह भारतीय दर्शनों में से एक दर्शन है।
- वैशेषिक दर्शन के अनुसार दुनिया का सबसे छोटा, अविभाज्य, अविनाशी हिस्सा एक परमाणु (अणु) होता है।

65. (4) गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ के डियर पार्क में अपना पहला उपदेश दिया था।

- उन्होंने अपने पहले धर्मोपदेश में चार आर्य सत्यों की शिक्षा दी।
- इस घटना को बौद्ध धर्म में धर्मचक्र- प्रवर्तन कहा जाता है।

TYPE–III

1. (2) कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की रचना की थी। यह राजशासन पर लिखा गया कौटिल्य का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ चन्द्रगुप्त मौर्य की शासन - व्यवस्था के ज्ञान के लिए बहुमूल्य सामग्रियों का भण्डार है।

2. (2) सिकन्दर की मृत्यु के पश्चात् उसके पूर्वी प्रदेशों का उत्तराधिकारी सेल्यूकस बना। सिन्धु नदी पार करके के बाद सेल्यूकस ने चन्द्रगुप्त से युद्ध किया। इस युद्ध में सेल्यूकस पराजित हो गया। फलस्वरूप चन्द्रगुप्त तथा सेल्यूकस के बीच संधि हो गई।

3. (1) विश्व का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय सिन्धु और झेलम नदियों के मध्य स्थित था। यह गांधार राज्य में 600 ई.पू. से 500 ई. तक समृद्धि के शिखर पर था। इस विश्वविद्यालय में 68 विषयों की शिक्षा दी जाती थी और प्राचीन मूल-पाठ दर्शाते हैं कि विश्वविद्यालय में प्रवेश की न्यूनतम सीमा 16 वर्ष थी। एक समय, बेबीलोन, यूनान, सीरिया और चीन से आने वाले विद्यार्थियों सहित इसके कुल विद्यार्थियों की संख्या लगभग 10,500 थी।

4. (1) सिकन्दर की मृत्यु के पश्चात् उसके पूर्वी प्रदेशों का उत्तराधिकारी सेल्यूकस ने सिन्ध नदी पार करके चन्द्रगुप्त से युद्ध किया। सेल्यूकस युद्ध में पराजित हुआ। फलस्वरूप चन्द्रगुप्त मौर्य तथा सेल्यूकस के बीच सन्धि हुई। सेल्यूकस अपनी पुत्री का विवाह चन्द्रगुप्त के साथ कर दिया। उसने मेगस्थनीज नामक अपना एक राजदूत चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा। मेगस्थनीज ने इण्डिका नामक पुस्तक की रचना की। यह निश्चय ही चन्द्रगुप्त की एक महत्वपूर्ण सफलता थी। इससे उसका साम्राज्य भारतीय सीमा का अतिक्रमण कर पराजित साम्राज्य की सीमा को स्पर्श करने लगा। चन्द्रगुप्त ने यूनानियों को भारत से बाहर निकाल दिया।

5. (1) कलिंग का प्राचीन राज्य वर्तमान दक्षिण ओडिशा में स्थित था। कलिंग उस समय व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य था तथा अशोक की दृष्टि उसके समृद्ध व्यापार पर भी थी। अत: अपने अभिषेक के आठवें वर्ष (261 B.C.) उसने कलिंग के विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया। अशोक इस राज्य को जीतकर अपने साम्राज्य में मिलाने में सफल रहा। अशोक के तेरहवें अभिलेख में इस युद्ध का उल्लेख हुआ है।

6. (3) चन्द्रगुप्त अपने जीवन के अन्तिम दिनों में जैन हो गया तथा भद्रबाहु की शिष्यता ग्रहण कर ली। उसके शासन काल के अन्त में मगध में बारह वर्षों का भीषण अकाल पड़ा। चन्द्रगुप्त ने अकाल की स्थिति से निपटने की पूरी कोशिश की किन्तु उसे सफलता नहीं मिली। परिणामस्वरूप वह अपने पुत्र के पक्ष में सिंहासन त्याग कर भद्रबाहु के साथ श्रवणवेलगोला (मैसूर) में तपस्या करने चला गया।

7. (1) अशोक को उसके अभिलेखों में **'देवानाम पियदस्सी'** (देवताओं का प्रिय अथवा देखने में सुन्दर) तथा राजा आदि उपाधियों से सम्बोधित किया गया है।

8. (3) मौर्यों का पतन होने के बाद शुंग वंश ने मगध पर शासन किया था। शुंग वंश की स्थापना पुष्यमित्र शुंग द्वारा 185 ई. पू. में की गई थी। शुंग वंश के शासकों ने 187 से 78 ई.पू. के मध्य केन्द्रीय और पूर्वी भारतीय महाद्वीप के क्षेत्रों को नियंत्रित किया।

9. (4) चरक कनिष्क के दरबार में प्रसिद्ध चिकित्सक था। चरक कनिष्क का राजवैद्य था जिसने चरक संहिता की रचना की थी। यह औषधिशास्त्र के ऊपर प्राचीनतम रचना है। इसका अनुवाद अरबी तथा फारसी भाषाओं में किया जा चुका है।

10. (2) प्रथम महाबोधि मंदिर का निर्माण सम्राट अशोक ने लगभग 260 ईसा पूर्व में बोध गया में किया था। यह उसी स्थान पर स्थित है जहाँ गौतम बुद्ध एक पीपल के पेड़ के नीचे ध्यान में बैठे थे और तीन दिन और रात के ध्यान के बाद ज्ञान प्राप्त किये थे। यह भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है, विशेष रूप से आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए।

11. (1) भारत में सबसे पुराना पत्थर की संरचना में से एक साँची का महान स्तूप मूल रूप से तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्य सम्राट अशोक द्वारा निर्माण कराया गया था। 12.2816.46 मीटर (54.0 फीट) की ऊँचाई वाले इस विशाल अर्धगोल गुंबद में एक केन्द्रीय कक्ष है जहाँ भगवान बुद्ध के अवशेष रखे गए हैं।

12. (3) कनिष्क अपने शासन के प्रारंभिक वर्षों में ही बौद्ध हो गया था। पेशावर में प्रसिद्ध चैत्य का निर्माण करवाकर उसने इस धर्म के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। उसने बौद्ध धर्म की महायान शाखा को राज्याश्रय प्रदान किया तथा उसका मध्य एशिया एवं चीन में प्रचार करवाया। उसके शासन काल में कश्मीर के कुण्डलवन नामक स्थान में बौद्ध धर्म की चतुर्थ संगीति का आयोजन किया गया था। उसकी अध्यक्षता प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान वसुमित्र ने की थी तथा अश्वघोष उसके उपाध्यक्ष बनाये गये।

13. (3) मेगस्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के लिए सील्यूसिड राजवंश के सेल्यूकस 1 के राजदूत थे। वह चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में लगभग पाँच वर्ष (302-298 ई. पू.) तक रहा था। उन्होंने भारत और चंद्रगुप्त के शासन के बारे में अपनी किताब "इंडिका" में लिखा है।

14. (2) कनिष्क 78 ई. में राज सिंहासन पर आरूढ़ हुए। इस वर्ष को शक संवत (कनिष्क संवत) नाम प्रदान किया गया है। यही आज भारत का राष्ट्रीय संवत भी है।

15. (3) जेम्स प्रिंसेप ने 1837 में सर्वप्रथम अशोक के अभिलेखों को पढ़ा था। जेम्स प्रिंसेप अंग्रेज विद्वान तथा पुरातात्विद् था जिसने प्राचीन भारतीय भाषाओं में खरोष्ठी तथा ब्राह्मी लिपियों का अध्ययन किया था भारत के प्राचीन इतिहास का ज्ञाता था। जिसने प्राचीन भारतीय संस्कृति के अन्वेषण और अध्ययन के लिए एशियाटिक सोसायटी की स्थापना 1784 में की थी।

16. (4) चेर राजवंश के अंतर्गत महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र थे- मुशिरी, तोंडी, बांदर रोमनों ने मुशिरी में अगस्टस का मंदिर बनवाया था।

17. (3) गांधार शैली प्राचीन भारतीय कला है जिसका कुषाण राजा कनिष्क के राज्यकाल में इसका अधिकतम विकास हुआ। यह ग्रीक- भारतीय कला शैली, मुख्यत: अफगानिस्तान और पश्चिमी पंजाब के बीच की भूमि गांधार में पल्लवित हुई। अत: इसका नाम गांधार शैली पड़ा। बुद्ध की पहली मूर्ति संभवत: पेशावर के पास इसी गांधार शैली में बनी है।

18. (2) खारवेल कलिंग के तीसरे राजवंश चेदि वंश से संबंधित था। खारवेल को ऐरा, महाराज, महामेघवाहन एवं कलिंगाधिपति कहा गया है। खारवेल ने अपने शासनकाल के दूसरे वर्ष में शातकर्णी (सातवाहन) की उपेक्षा करते हुए कश्यप क्षत्रियों के सहयोग से 'मूषिक' राजाओं की राजधानी को पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया।

19. (1) प्राचीन चोल शासकों का आधिपत्य कावेरी नदी के डेल्टा और उसके आस-पास के क्षेत्र पर था। काँची का क्षेत्र भी इस राज्य का भाग था। प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में इसे चोलमंडलम् भी कहा जाता था। यह पांड्य राज्य के उत्तर-पूर्व में स्थित था। शुरू में इसकी राजधानी तिरुचिरापल्ली में उरैयूर में स्थित थी लेकिन बाद में इसे पुहार में स्थानांतरित कर दिया गया, जिसे कावेरीपट्टनम के नाम से जाना जाता है।

20. (2) बौद्धधर्म के विस्तार के लिए अशोक ने धर्म प्रचारकों को भारत के साथ-साथ इसके आस-पास के अन्य देशों में भी भेजा। अशोक के प्रभावशाली व्यक्तित्व के प्रभाव के कारण इनके द्वारा भेजे गए धर्म प्रचारकों को दूसरे देशों द्वारा सम्मानित किया गया।

21. (2) शिलालेख XIII और लघु शिला लेख I के अनुसार कलिंग युद्ध में हुए व्यापक जनसंहार ने अशोक का हृदय परिवर्तन कर दिया और उसने **'युद्ध विजय'** के स्थान पर **'धम्म विजय'** (धर्म द्वारा विजय) तथा अहिंसा को अपनाया और युद्ध त्याग की घोषणा की।

22. (3) चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र और उत्तराधिकारी बिन्दुसार के शासनकाल के दौरान सिन्ध प्रान्त के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र तक्षशिला में गड़बड़ी फैली हुई थी। उसने विद्रोह कुचलने के लिए अपने पुत्र अशोक को भेजा।

23. (2) अर्थशास्त्र की रचना कौटिल्य ने की थी, इन्हें विष्णु गुप्त के नाम से भी जाना जाता है। वे चन्द्रगुप्त मौर्य के सहयोगी, परामर्शदाता और मौर्य साम्राज्य के संस्थापक भी थे। यह शासन कला, आर्थिक नीति और सैन्य रणनीति पर आधारित, संस्कृत भाषा में लिखी गई एक प्राचीन भारतीय शोध प्रबन्धात्मक पुस्तक है।

24. (2) इतिहासकारों द्वारा गौतमीपुत्र शातकर्णी (78 - 102 ई.) को सातवाहन शासकों में सबसे महान शासक माना जाता है। उन्होंने यवनों, शाक्यों और पल्लवों को पराजित कर सातवाहन वंश के प्राचीन गौरव की पुनः स्थापना की थी। उन्होंने दो अश्वमेघ यज्ञों का आयोजन किया था।

25. (4) अपने जीवन के अंतिम दिनों के दौरान चन्द्रगुप्त ने अपना सिंहासन अपने पुत्र बिन्दुसार को सौंप दिया और संन्यासी के रूप में अपना शेष जीवन व्यतीत करने लगे। उन्होंने जैन धर्म स्वीकार कर लिया और भद्रबाहु के साथ अपने जीवन के अंतिम दिन कर्नाटक में स्थित **'श्रवणबेलगोला'** नामक स्थान पर बिताए।

26. (3) कुजुल कडपिसेज (जिसे कडफिसेस I के रूप में भी जाना जाता है) को 78 ई. में भारत में कुषाण वंश की स्थापना करने का श्रेय दिया जाता है अर्थात् उसे कुषाण वंश का संस्थापक माना जाता है।

27. (2) सिमुक 'सातवाहन वंश' का संस्थापक था। नानाघाट के सातवाहन अभिलेख की शाही सूची में उसे प्रथम शासक के रूप में वर्णित किया गया है। माना जाता है कि उसने रथिकों और भोजकों की सहायता से दक्कन में शुंग शक्ति को नष्ट कर दिया था। उसने लगभग 23 वर्ष शासन किया और बाद में उसके भाई कान्हा ने उसका सिर काट दिया और स्वयं शासक बन गया।

28. (2) गांधार कला बौद्ध दर्शन कला की एक शैली है जो ईसवी सन् की प्रथम कुछ शताब्दियों के दौरान ग्रीक, सीरिया, पारसी और भारतीय कलात्मक प्रभावों के विलय के परिणामस्वरूप विकसित हुई। विदेशी प्रभाव बुद्ध की मूर्तिकलाओं से प्रकट होता है जिसमें वे ग्रीक मूर्तिकलाओं के समान प्रतीत होती हैं। शाक्य और कुषाण दोनों गांधार स्कूल के महान संरक्षक थे।

29. (3) संगम एक प्राचीन अकादमी थी जो तमिल कवियों और लेखकों को समय-समय पर अपनी कृतियों को प्रकाशित करने में सहायता करती थी। पांड्य राजाओं के संरक्षण में संगम अकादमी की बैठक का आयोजन समय-समय पर दक्षिण भारत के मदुरै शहर में किया जाता था। संगम साहित्य में वर्तमान तमिल साहित्य का प्राचीनतम साहित्य समाविष्ट है जो प्रेम, वियोग, युद्ध, शासन और व्यापार पर प्रकाश डालता है।

30. (1) मौर्य साम्राज्य के पूर्वी भागों में अशोक के अधिकांश अभिलेख ब्राह्मी लिपि के प्रयोग से मागधी भाषा में लिखे गए थे। खरोष्ठी लिपि का प्रयोग उनके साम्राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों में किया गया था। ब्राह्मी लिपि का अर्थ ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी, भाषाशास्त्री और पुरातत्त्वविद् जेम्स प्रिन्सेप द्वारा 1837 में निकाला गया था।

31. (1) बिहार का प्राचीन शहर पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) मौर्य साम्राज्य की राजधानी शहर के रूप में था। यह चन्द्रगुप्त मौर्य और अशोक के नेतृत्व में समृद्धि के शिखर पर था। यूनानी राजदूत मेगस्थनीज ने इसकी भव्यता का विस्तृत वर्णन किया था। पाटलिपुत्र का निर्माण मूल रूप से 490 ईसा पूर्व मगध शासक अजातशत्रु द्वारा कराया गया था।

32. (3) बौद्ध विषयों में ग्रीक कला की तकनीकों के प्रयुक्त होने के कारण गांधार कला स्कूल को ग्रीको-बौद्ध कला स्कूल के नाम से भी जाना जाता है। गांधार कला स्कूल ने बुद्ध और बोद्धिसत्वों के सुन्दर चित्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था। ये चित्र ग्रीको-रोमन स्मारक भवन की समान विशेषताओं पर आधारित थे। गांधार कला स्कूल को कनिष्क के शासन काल के दौरान पहली शताब्दी ई. में विकसित किया गया था।

33. (4) अशोक ने धम्म महामात्र के नाम से अधिकारियों को नियुक्त किया, जो लोगों को धम्म के बारे में शिक्षा देते थे। इसक अलावा, अशोक ने अपने संदेशों को चट्टानों और स्तंभों पर अंकित करवाया, अपने अधिकारियों को उन लोगों को अपना संदेश सुनाने के लिए निर्देश दिया, जो स्वयं पढ़ नहीं सकते थे। उन्होंने धम्म के बारे में विचार करने के लिए सीरिया, मिस्र, ग्रीस और श्रीलंका को दूत भेजे।

34. (1) 'तोल्लका-पियम' तमिल भाषा का एक व्याकरण ग्रंथ है। इसे 200 ई. पूर्व संगम साहित्य के दौरान काव्य के रूप में लिखा गया गया। इसमें कई कवियों ने भाग लिया और बड़े पैमाने पर साहित्य का निर्माण किया, लेकिन केवल 'तोल्लकापियम्' (प्रारंभिक तमिल व्याकरण) बच गया है।

35. (1) महान सम्राट अशोक द्वारा 250 ईसा पूर्व में सारनाथ में बनवाया गया यह स्तंभ दुनिया भर में प्रसिद्ध है, इसे अशोक स्तंभ के नाम से भी जाना जाता है। इस स्तंभ में चार शेर एक दूसरे से पीठ से पीठ सटा कर बैठे हुए हैं। यह स्तंभ सारनाथ के संग्रहालय में रखा हुआ है। भारत ने इस स्तंभ को अपने राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया है तथा स्तंभ के निचले भाग पर स्थित अशोक चक्र को तिरंगें के मध्य में रखा है। इस स्तंभ पर तीन लेख उल्लिखित हैं। पहला लेख अशोक कालीन ब्राह्मी लिपि में है जिसमें सम्राट ने आदेश दिया है कि जो भिक्षु या भिक्षुणी संघ में फूट डालेंगे और संघ की निंदा करेंगे: उन्हें सफेद कपड़े पहनाकर संघ के बाहर निकाल दिया जाएगा। दूसरा लेख कुषाण-काल का है। तीसरा लेख गुप्त काल का है, जिसमें सम्मिलित शाखा के आचार्यों का उल्लेख किया गया है। 'सत्यमेव जयते' प्राचीन भारतीय ग्रंथ मुंडक उपनिषद से किया गया एक मंत्र है।

36. (3) यूनानी लेखकों का कथन है कि नंदवंश प्राचीन भारत का एक शूद्र राजवंश था जिसने पाँचवीं-चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में उत्तरी भारत के विशाल भाग पर शासन किया। नंदवंश का प्रथम और सर्वप्रसिद्ध राजा महापद्मनंद हुआ। पुराणग्रंथ उसकी गिनती शिशुनाग वंश में ही करते हैं, किंतु बौद्ध और जैन अनुश्रुतियों में उसे एक नए वंश (नंदवंश) का प्रारंभकर्ता माना गया है, जो सही है। उसे जैन ग्रंथों में उग्रसेन (अग्रसेन) और पुराणों में महापद्मपति भी कहा गया है। पुराणों के कलियुग वृत्तांत वाले अंशों में उसे अतिबली, महाक्षत्रांतक और परशुराम की संज्ञाएँ दी गई हैं। नंदों की सेना में दो लाख पैदल, 20 हजार घुड़सवार, दो हजार चार घोड़े वाले रथ और तीन हजार हाथी थे। उसने अपने समकालिक अनेक क्षत्रिय राजवंशों का उच्छेद कर अपने बल का प्रदर्शन किया।

37. (4) गौतमी पुत्र शातकर्णी ब्राह्मणवाद के संरक्षक थे। वह सातवाहन राजवंश के 23वें शासक थे, उन्होंने 62 से 86 ई. के मध्य 24 वर्ष तक शासन किया। बलश्री के नासिक अभिलेख में गौतमी पुत्र शातकर्णी को 'एकब्राह्मण' कहा गया है, जिसका अर्थ है 'अद्वितीय ब्राह्मण' या 'ब्राह्मणों का एकमात्र संरक्षक'।

38. (4) धनानंद (अग्रमीज, जैंड्रमीज) नंद वंश के अंतिम शासक थे। 314 ई. पूर्व में चंद्रगुप्त मौर्य ने मगध साम्राज्य पर आक्रमण किया और नंदों को हराया।

39. (4) अशोक के अभिलेखों में अशोक के धम्म के संबंध में विचार एवं जटिल समस्याओं का सामना करने एवं उनको हल करने के प्रयासों का विस्तार से वर्णन किया गया है। इनमें कुछ पुनरावर्ती विषयों जैसे अशोक का बौद्ध धर्म को अपनाना, बौद्ध धर्म, उनके नैतिक एवं धार्मिक नियमों, और उसके सामाजिक और पशु कल्याण कार्यक्रम के प्रचार के उनके प्रसासों का विवरण दिया गया है। इन अभिलेखों में अशोक के दूसरे अन्य धर्म के लोगों के प्रति विचार, प्रशासन और व्यवहार का उल्लेख किया गया है। संक्षेप में, वे अशोक के जीवन, उसकी आंतरिक और बाह्य नीति के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराती हैं।

40. (1) भारत में सबसे पुराना पत्थर की संरचना में से एक साँची का महान स्तूप मूल रूप से तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्य सम्राट अशोक द्वारा निर्माण कराया गया था। 12.2816.46 मीटर (54.0 फीट) की ऊँचाई वाले इस विशाल अर्धगोल गुंबद में एक केन्द्रीय कक्ष है जहाँ भगवान बुद्ध के अवशेष रखे गए हैं।

41. (3) कुजुल कडफिसेस (30-80 ई.) ने दक्षिणी सम्पन्न क्षेत्र, जिसे परंपरागत रूप से गांधार के रूप में जाना जाता है, पर क्रमिक रूप से नियंत्रण करके और विद्यमान पार्थियन और सिथियन वंश में पड़ी फूट का लाभ उठाकर 78 ई. में कुषाण वंश की स्थापना की थी। कनिष्क के शासन काल के दौरान कुषाण साम्राज्य अपने चरम पर था।

42. (2) अशोक चिह्न भारत का राजकीय प्रतीक है। इसको सारनाथ में मिली अशोक लाट से लिया गया है। मूल रूप में इसमें चार शेर हैं जो चारों दिशाओं की ओर मुँह किए खड़े हैं। इसके नीचे एक गोल आधार है जिस पर एक हाथी, एक दौड़ता घोड़ा, एक सांड और एक सिंह बने हैं। यह लगभग 250 ईसा पूर्व सम्राट अशोक द्वारा सारनाथ के महत्त्वपूर्ण बौद्ध स्थल पर अशोक स्तंभ के ऊपर रखा गया था। 26 जनवरी, 1950 को सारनाथ के शेर की प्रतिकृति को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय चिन्ह के रूप में अपनाया गया।

43. (3) सारनाथ स्तंभ पर सिंह शीर्ष का चक्र प्रगति समस्या का प्रतिनिधित्व करता है। यह अष्टांगिक मार्ग के प्रतीक पहिया के रूप में लिया गया है। सारनाथ स्तंभ को भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया है। सारनाथ में बुद्ध ने पहला उपदेश दिया था। यहाँ उन्होंने चार आर्यसत्य साझा किए।

44. (4) अशोक द्वारा स्थापित शिलालेखों पर इस बात को बताया गया है कि अशोक का धम्म के सम्बन्ध में क्या राय है। दूसरे तथा सातवें स्तंभ-लेखों में अशोक ने धम्म की व्याख्या इस प्रकार की है, धम्म है साधुता, बहुत से कल्याणकारी अच्छे कार्य करना, पापरहित होना, मृदुता, दूसरों के प्रति व्यवहार में मधुरता, दया-दान तथा शुचिता। प्राणियों का वध न करना, जीव हिंसा न करना, माता-पिता तथा बड़ों की आज्ञा मानना, गुरुजनों के प्रति आदर, मित्र परिचितों, सम्बन्धियों, ब्राह्मण तथा श्रवणों के प्रति दानशीलता तथा उचित व्यवहार और दास तथा भृत्यों के प्रति उचित व्यवहार।

45. (2) धमेख स्तूप उत्तर प्रदेश के वाराणसी के पास सरनाथ में स्थित एक विशाल स्तूप है। धमेक स्तूप को उस स्थान के लिए चिन्हित किया जाता है जहाँ बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त करने के बाद अपने पहले पाँच ब्राह्मण शिष्यों को पहला उपदेश दिया था।

46. (4) विजयालय ने 850 ई. में चोल वंश की स्थापना की। विजयालय, संभवत: पल्लव वंश के सामंत थे। उन्होंने पांड्य वंश और पल्लव वंश के बीच संघर्ष के कारण उत्पन्न हुए अवसर का लाभ उठा कर 850 ई., में मुंजयार से तंजावुर तक कब्जा कर लिया और मध्ययुगीन चोल राजवंश की स्थापना की। उसका उत्तराधिकारी आदित्य प्रथम 891 ई. था।

47. (2) सारनाथ का धमेख स्तूप भारत की प्रमुख बौद्ध संरचनाओं में से एक है जिसका निर्माण महान मौर्य राजा, अशोक ने करवाया था। धमेख स्तूप आकार में बेलनाकार और लगभग 34 मीटर ऊँचा और 28.3 मीटर व्यास का है। स्तूप का निचला हिस्सा पूरी तरह से सुंदर नक्काशीदार पत्थरों से ढंका है।

48. (3) बिहार में जहानाबाद जिले के मखदुमपुर क्षेत्र में स्थित मौर्य साम्राज्य में बाराबर पहाड़ी गुफाएँ भारत की सबसे पुरानी जीवित चट्टान की गुफाएँ हैं। ये गुफाएँ बाराबर (चार गुफाएँ) और नागार्जुन (तीन गुफाएँ) की जुड़वां पहाड़ियों में स्थित हैं। ये चट्टानें तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व, मौर्य काल की हैं।

49. (4) 326 ईसा पूर्व में, सिकंदर ने भारत पर आक्रमण किया, सिंधु नदी को पार करने के बाद वह तक्षशिला की ओर बढ़ा। उसने तब झेलम और चिनाब नदियों के बीच राज्य के शासक राजा पोरस को चुनौती दी। भारतीयों को भयंकर युद्ध में पराजित किया गया था, भले ही वे हाथियों के साथ लड़े थे, जो मैसेडोनियन लोगों ने पहले कभी नहीं देखा था।

50. (2) चेर वंश के प्रतिष्ठित योद्धा-राजा सेनगुत्तुवन के छोटे भाई, तपस्वी-राजकुमार इलंगो आदिगल को पांच महान तमिल महाकाव्यों में से एक, सिलप्पादिकारम को लिखने का श्रेय दिया जाता है। सिलप्पादिकारम कन्नगी के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसने पांडियन राजवंश के दरबार में अन्याय के फलस्वरूप अपने पति को खो दिया था। उसने अपने राज्य का बदला लिया।

51. (3) देवानामप्रिय, जिसे देवानामपिय के नाम से भी जाना जाता है, मगध सम्राट अशोक द्वारा अपने शिलालेखों में प्रयुक्त एक पाली सम्मानजनक उपाधि थी। "देवनामप्रिय" का अर्थ है 'देवताओं का प्रिय'। यह अक्सर अशोक द्वारा प्रियदसी शीर्षक के साथ संयोजन में उपयोग किया जाता है, जिसका अर्थ है "वह जो दया के साथ दूसरों का सम्मान करता है", "इंसान"।

52. (1) प्रथम शताब्दी में महान सम्राट कनिष्क के शासन काल में मथुरा कला के साथ गंधार कला विकसित हुई। गांधार कला विदेशी तकनीकों और ग्रीको-रोमन मानदंडों पर आधारित थी। इसे ग्रीको-बुद्धिस्ट स्कूल ऑफ आर्ट के रूप में भी जाना जाता है।

53. (3) मौर्यकाल के सर्वोत्कृष्ट नमूने, अशोक के एकाश्मक स्तंभ हैं जो धम्म प्रचार के लिए देश के विभिन्न भागों में स्थापित किए गए थे।

- इनकी संख्या लगभग 20 हैं और ये चुनार (बनारस के निकट) के बलुआ पत्थर के बने हुए हैं।
- अशोक के एकाश्मक स्तंभों का सर्वोत्कृष्ट नमूना सारनाथ के सिंह स्तंभ का शीर्ष है।
- भारतीय विद्वानों के अनुसार अशोक के स्तंभ की कला का स्रोत भारतीय है।

54. (3) इलाहाबाद स्तंभ अशोक के स्तंभों में से एक है, जिसे मौर्य वंश के सम्राट अशोक ने बनवाया था। अशोक तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शासक करता था।

- इस शिलालेख पर गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त चौथी (शताब्दी ई.वी.) की उपलब्धियों को उत्कीर्ण किया गया है।
- इसके अलावा मुगल सम्राट जहांगीर द्वारा 17वीं शताब्दी में इस शिलालेख पर अपना विवरण उत्कीर्ण कराया है।
- किसी समय, स्तंभ को उसके मूल स्थान से हटा दिया गया था और उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (प्रयागराज) में अकबर के इलाहाबाद किले के भीतर स्थापित किया गया था।

55. (1) तोल्काप्पियर (विशेषक) तोलकप्पियम के लेखक हैं। यह सबसे पुराना वर्तमान तमिल व्याकरण है।

- वह अगतियार के बारह शिष्यों में से एक हैं।
- माना जाता है कि तोल्काप्पियर द्वितीय संगम काल के लेखक रहे हैं।

56. (2) सांची में महान स्तूप और अन्य बौद्ध स्मारक 1818 में खोजे गए थे।

- यह मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया था।
- यह वर्तमान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित है।

57. (3) सौराष्ट्र झील का निर्माण चंद्रगुप्त मौर्य के प्रांतीय शासक पुष्यगुप्त द्वारा कराया गया था।

- अशोक के राज्यपाल तुषाक ने बाद में इससे एक नहर निकाली।
- रुद्रदामन के समय, अत्यधिक बारिश के कारण झील का बांध टूट गया था और उन्होंने इसकी मरम्मत कराई।
- स्कंदगुप्त के आदेश से गुप्त काल में, चक्रपाल ने झील का पुनर्निर्माण किया।
- स्कंदगुप्त ने बड़ी उदारता के साथ पैसा खर्च किया और इस झील पर बांध बनाया।

58. (1) प्रचलित परंपरा के अनुसार, उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने 57 ईसा पूर्व में शकों को हराकर विक्रम संवत की स्थापना की थी।

- राजा विक्रमादित्य के अस्तित्व को साबित करने के लिए कोई समकालीन पुरातात्विक या संख्यात्मक प्रमाण नहीं हैं, जिन्होंने ईस्वी सन् 57 में शकों (Sakas) को पराजित किया था।
- इस युग का सबसे पहला उल्लेख राजा जयकदेव के शिलालेख से मिलता है, जिन्होंने काठियावाड़ राज्य (अब गुजरात) में ओखामंडल के पास शासन किया था।

- इस शिलालेख में 794 विक्रम संवत का उल्लेख है, जो इसकी स्थापना की तारीख के रूप में 737 ईस्वी है।
- कनिष्क कुषाण वंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक था।
- वह शक युग के संस्थापक थे जो 78 ईस्वी से शुरू होता है। वह न केवल एक महान विजेता थे, बल्कि धर्म और कला के महान संरक्षक भी थे।
- चैत्र के पहले महीने और 365 दिनों के एक सामान्य वर्ष के रूप में शक युग पर आधारित भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर ग्रेगोरियन कैलेंडर के साथ 22 मार्च, 1957 को अपनाया गया था।

59. (1) जौगढ़ ओडिशा के गंजम जिले में स्थित है।
- जौगढ़ मौर्य युग में कलिंग के नए विजित प्रांत की प्रांतीय मौर्यकालीन राजधानी रहा है। मौर्य सम्राट अशोक के प्राकृत में पत्थर के कटे हुए स्मारकीय संस्करणों के लिए प्रसिद्ध है।
- जौगढ़ मेजर रॉक एडिक्ट्स 1-10 और 14 के साथ-साथ पृथक एडिट्क्स 1 और 2 का स्थान है।

60. (3) मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक अपने चौथे वर्ष में बौद्ध धर्म के अनुयायी बन गए। उनके शिलालेख XIII के अनुसार, कलिंग युद्ध में हुई भयंकर क्षति एवं रक्तपात से अशोक का मन युद्ध से उब गया और वह अपने कुकृत्य को लेकर व्यथित हो गया। इसी शोक के उबरने के लिए वह बुद्ध के उपदेशों के निकट आता गया और अंत में उसने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। बौद्ध धर्म अपनाने के बाद उसने उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी किया।

61. (2) विंध्यशक्ति (250 - 270ईपू) वाकाटक वंश का संस्थापक था। अजंता के गुफा XVI शिलालेख में, उसे वाकाटक परिवार से संबंधित और एक द्विज के रूप में वर्णित किया गया है। पुराणों में कहा गया है कि उसने 96 वर्षों तक शासन किया।

62. (1) अशोक प्रथम शासक था जिसने अपनी प्रजा और अधिकारियों के प्रति अपने संदेशों को पत्थर की सतहों पर और पॉलिश किए गए स्तंभों पर अंकित करवाया था।
- अशोक ने अपनी प्रजा से संवाद के लिए संदशों और अभिलेखों का सहारा लिया।
- अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे अनपढ़ लोगों को उस तरह के संदेश पढ़कर सुनाएँ।

63. (4) सिकंदर से प्रेरित होकर, चंद्रगुप्त ने नंदों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया और उन्हें पराजित किया।
- उन्होंने 322 ईसा पूर्व में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की।
- किंवदंती के अनुसार, चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को मगध (नंद साम्राज्य) को जीतने के लिए राजी किया था जब उसके राजा धन नंद द्वारा उसका अपमान किया गया था।

64. (2) मौर्य साम्राज्य की न्यायिक प्रणाली की एक महत्वपूर्ण विशेषता आपराधिक क्षेत्राधिकार के विशेष न्यायालय से संबंधित जिन्हें कंटकसोधन न्यायालय कहा जाता था।
- अर्थशास्त्र के अनुसार, इन अदालतों ने न केवल राज्यों के खिलाफ अपराधों बल्कि अधिकारियों द्वारा अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में कानून के उल्लंघन का भी संज्ञान लिया जाता था।
- कंटकशोधन न्यायालयों में प्रशासनिक न्यायालयों की सभी विशेषताएँ विद्यामन थीं।

65. (1) रूपनाथ मध्य प्रदेश के कटनी जिले मे स्थित है।
- यहाँ सम्राट अशोक का एक शिलालेख मिला है जो प्राचीन भाषा ब्राह्मी लिपि तथा पाली लिपि में लिखे गये हैं।
- इसका उद्देश्य स्थानीय बौद्ध संघ के सदस्यों को उत्साही बनाने तथा कर्त्तव्य परायण जीवन व्यतीत करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

TYPE–IV

1. (2) समुद्रगुप्त (330-380 ई॰) चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था, जिसने आर्यावर्त के 9 शासकों और दक्षिणावर्त के 12 शासकों को पराजित किया। इन्हीं विजयों के कारण इसे **'भारत का नेपोलियन'** कहा जाता है। समुद्रगुप्त का दरबारी कवि हरिषेण था, जिसने इलाहाबाद या प्रयाग प्रशस्ति लेख की रचना की।

2. (1) पहला ज्ञात गुप्त शासक श्रीगुप्त (240-250 ई॰) था। वह गुप्त वंश का संस्थापक था। श्रीगुप्त का उत्तराधिकारी घटोत्कच (280-320 ई॰) हुआ। गुप्त वंश का प्रथम महान सम्राट चन्द्रगुप्त प्रथम था। यह 320 ई॰ में राजगद्दी पर बैठा था।

3. (3) चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में फाहियान भारत आया था। फाहियान का जन्म चीन के वु-यांग नामक स्थान में हुआ था। फाहियान ने चन्द्रगुप्त कालीन भारत की सांस्कृतिक दशा का सुन्दर निरूपण किया है।

4. (1) इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख या इलाहाबाद प्रशस्ति गुप्त साम्राज्य के सबसे महत्त्वपूर्ण शिलालेख साक्ष्यों में से एक है। समुद्रगुप्त के मंत्री और दरबारी कवि हरिसेन द्वारा इसकी रचना की गई थी। यह अभिलेख समुद्रगुप्त के शासन काल और युद्ध में उनकी विजयों का सुस्पष्ट वर्णन करता है।

5. (3) कवि कालिदास चन्द्रगुप्त 'विक्रमादित्य' के राजकवि थे। सात ग्रन्थों के प्रणयन का श्रेय कालिदास को दिया जाता है- रघुवंश, कुमारसंभव, मेघदूत, ऋतुसंहार, मालविकाग्निमित्रम, विक्रमोर्वशीय तथा अभिज्ञानशान्कुतलम। इनमें प्रथम दो महाकाव्य, दो खण्डकाव्य (गीत काव्य) तथा तीन नाटक ग्रन्थ हैं। अभिज्ञानशान्कुतलम को अत्यधिक ख्याति एवं प्रशंसा मिली है तथा इसका अनुवाद कई विदेशी भाषाओं में किया जा चुका है।

6. (1) 7वीं शताब्दी ई. के दौरान हर्षवर्धन ने सिंधु-गंगा के मैदान के एक बड़े भाग के साथ पंजाब, बंगाल और ओडिशा राज्यों को संगठित किया। उन्होंने कन्नौज के शासक को पराजित किया और अपनी राजधानी को थानेसर से कन्नौज स्थानांतरित किया।

7. (2) आर्यभट्ट और कालिदास ने गुप्त शासक चन्द्रगुप्त II, जिन्हें चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता था, के दरबार की शोभा बढ़ाई थी। कालिदास संस्कृत के एक प्रतिष्ठित लेखक थे, वह चन्द्रगुप्त के दरबार के नवरत्नों में से एक थे। आर्यभट्ट एक गणितज्ञ और खगोलज्ञ थे, आर्यभट्टीयम् और आर्य-सिद्धांत उनकी प्रमुख रचनाएँ थीं।

8. (3) गुप्तों के सिक्के संगीत के प्रति उनका प्रेम दर्शाते हैं। समुद्रगुप्त के सिक्कों पर उसे वीणा-वादन करते हुए दिखाये जाने से यह पता चलता है कि समुद्रगुप्त संगीत प्रेमी था।

9. (2) नालन्दा विश्वविद्यालय बिहार प्रान्त की राजधानी पटना से 40 कि. मी. की दूरी पर आधुनिक बड़गाँव नामक ग्राम के समीप स्थित था। इसकी स्थापना गुप्त वंश के शासक कुमार गुप्त ने करवाया था। यह विश्वविद्यालय महायान बौद्ध धर्म की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था तथापि यहाँ अनेक विषय (वेद, हेतुविद्या, योगशास्त्र चिकित्सा, तंत्रविद्या सांख्य दर्शन) की शिक्षा दी जाती थी।

10. (3) बाण भट्ट, सम्राट हर्षवर्द्धन के दरबारी कवि तथा संस्कृत गद्य के विद्वान थे। वह हर्ष के दरबारी अष्टकवियों में से प्रमुख थे। इन्होंने हर्षचरित **'कादम्बरी'** जैसी रचनायें की हैं। सम्राट हर्षवर्द्धन के शासनकाल की राजनीतिक सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक जानकारी बाणभट्ट की रचनाओं से होती है। हर्ष और पुलकेशिन द्वितीय के युद्ध होने का साक्ष्य भी बाणभट्ट की रचनाओं में मिलता है। 'हर्षचरित' संस्कृत में लिखी गयी हर्षवर्द्धन की जीवनी है।

11. (2) ऐतिहासिक रूप से सती प्रथा के आरंभिक साक्ष्य की प्राप्ति 510 ई. (गुप्त काल के 191वें वर्ष) में मध्य प्रदेश में सागर के निकट एरण में मिले एक स्तंभ पर उत्कीर्ण अभिलेख से हुई, अर्थात् एरण गोपराजा के मरणोपरान्त

उत्कीर्ण अभिलेख से संबंधित है। भानु गुप्त के अनुसार, अभिलेख में चर्चा की गई है कि हूणों के विरुद्ध युद्ध में उसकी मृत्यु हो जाने के बाद उसकी पत्नी भी चिता पर जलकर मर गई।

12. (2) बाणभट्ट, हर्ष के दरबारी कवि थे। उन्होंने 'हर्षचरित' तथा 'कादम्बरी' की रचना की। हर्ष स्वयं विद्वान था। हर्ष को तीन नाटक ग्रन्थों–प्रियदर्शिका, रत्नावली, नागानन्द का रचयिता माना गया है।

13. (3) अजन्ता और एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित है। अजन्ता की गुफाएँ लगभग 29 चट्टानों को काटकर बनाए गए बौद्ध स्मारक हैं जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर लगभग 480 या 650 ई. के हैं। ऐलोरा की गुफाएँ गुफाओं के समूह हैं जो बौद्ध, हिन्दू और जैन स्मारकों और कलाकृतियों की विशेषताओं से युक्त हैं और 600–1000 ई. में निर्मित हुई हैं। दोनों स्थल यूनेस्को विश्व विरासत स्थल हैं।

14. (1) प्रख्यात् ज्योतिषाचार्य वाराहमिहिर गुप्त युग के अन्यतम विभूति थे। उनकी सर्वप्रमुख रचना **'बृहज्जातक'** है। उन्होंने विभिन्न ग्रहों एवं नक्षत्रों की स्थिति पर विचार किया। वाराहमिहिर की अन्य रचनाओं में पञ्चसिद्धान्तिका, ब्रह्मसंहिता, लघुजातक आदि प्रमुख हैं।

15. (3) आर्यभट्ट एक महान खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ थे। उन्होंने बीजगणित तथा शून्य के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। भारत के प्रथम उपग्रह का नाम उनके नाम पर रखा गया था। आर्यभट्ट चंद्रगुप्त द्वितीय के काल में थे।

16. (2) सुंग यून (चीनी यात्री) 517 ई. में भारत आए। फाह्यान, जो चीन में चांगयाङ्ग से 399 ईस्वी में अपनी यात्रा शुरू की, बुद्ध के उपदेशों के प्रामाणिक ग्रंथों की तलाश में भारत आए। सुंग यून का अपने देश और उसके शासक के बारे में एक उदात्त दृष्टिकोण था, 'आधुनिक' इतिहास में हूण शासक अत्यधिक नकारात्मक छवि के लिए ज्यादा जिम्मेदार थे।

17. (1) दक्षिण भारत में भक्ति आंदोलन की शुरुआत सातवीं शताब्दी के उपरांत तमिलनाडु में हुई। अलवार वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी थे जबकि नयनार शैव संप्रदाय के।

18. (4) लिच्छवी दौहित्र शब्द का अर्थ है 'लिच्छवि की बेटी का बेटा'। समुद्रगुप्त के इलाहाबाद प्रशस्ति में उन्हें लिच्छवि दौहित्र के नाम से जाता अंकित किया गया है। उनके पिता चन्द्रगुप्त ने लिच्छवि गणराज्य की राजकुमारी कुमारदेवी से विवाह किया था।

19. (3) प्राचीन समय में ओदन्तपुरी, बिहार में आधुनिक बिहार शरीफ के पास भारत में पढ़ाई का एक प्रसिद्ध बौद्ध केन्द्र (विहार) था। इसे 7वीं शताब्दी में पाल राजवंश के पहले शासक गोपाल ने, अपने पड़ोसी नालंदा के अनुकरण में स्थापित किया था।

20. (3) गुप्तकाल में जारी चांदी के सिक्कों को **'रूपक'** (Rupaka) कहा जाता था। ये सिक्के उज्जैन के शक शासकों के सिक्कों के अनुरूप थे, हालांकि चीनी विद्वान फाहियान (Fa-Hsien) के अनुसार गुप्तकाल में कौड़ियाँ विनिमय के सामान्य साधन के रूप में प्रयुक्त होती थीं।

21. (2) हर्षवर्धन (606 से 647 ई.) और पुलकेशिन II (610 से 642 ई.) एक दूसरे के समकालीन थे। ऐहोल (Aihole) अभिलेख के अनुसार, चालुक्य वंश के शासक पुलकेशिन ने कन्नौज के शासक हर्षवर्धन को नर्मदा नदी के किनारे पराजित किया था।

22. (2) पश्चिमी चालुक्यों और उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रकूटों के शासन–काल के दौरान कन्नड़ साहित्य अपनी पराकाष्ठा पर था। राजा अमोघवर्ष I (King Amoghavarsha I) स्वयं कन्नड़ रत्नों में से एक थे। राष्ट्रकूट शासकों के संरक्षण में आदिकवि पम्पा (Pampa), श्री पोन्ना (Sri Ponna) और रन्ना (Ranna) कन्नड़ साहित्य के ''त्रिरत्न'' कहलाते थे।

23. (3) रविकीर्ति (RaviKirti) चालुक्य शासक पुलकेशिन II के शासन काल (610 ई से 642 ई.) के दौरान दरबारी कवि के रूप में नियुक्त थे। उन्होंने मेगुति (Meguti) मंदिर पर एहोल (Aihole) अभिलेख की रचना की थी जिसमें उन्होंने राजा पुलकेशिन II द्वारा हर्षवर्धन को पराजित करने और राजधानी को एहोल (Aihole) से बादामी (Badami) स्थानांतरित करने का वर्णन किया था।

24. (1) अजन्ता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं। यहाँ लगभग 30 चट्टानों को काटकर गुफाओं के रूप में बौद्ध स्मारकों का निर्माण किया गया है। इन गुफाओं का निर्माण दूसरी ईसा पूर्व से लेकर 480 या 560 ई. के मध्य किया गया। गुप्त काल के दौरान अधिकांश गुफाओं का निर्माण किया गया था।

25. (2) प्रयाग प्रशस्ति को इलाहाबाद स्तम्भ शिलालेख के रूप में भी जाना जाता है। हरिसेन द्वारा लिखित यह शिलालेख समुद्रगुप्त की उपलब्धियों का वर्णन करता है। इसे 'परम्परागत गुप्त काल का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज' माना जाता है। यह संस्कृत में है।

26. (1) कुछ स्रोतों के अनुसार, तक्षशिला विश्वविद्यालय विश्व में सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। स्रोतों के अनुसार इसका निर्माण ईसा पूर्व 10वीं शताब्दी में किया गया था जबकि इसका पतन ईसा पूर्व 5वीं शताब्दी में हुआ था।

27. (1) पाण्ड्य (Pandyan) शासकों द्वारा 1018 ई. और 1054 ई. के दौरान थलवईपुरम (Thalavaipuram) नामक ताँबे की प्लेट लाई गई थी, भूमि प्रणाली या वृहद् लहर इत्यादि के रूप में इसका वर्णन किया गया है। उदाहरण के लिए राजा द्वारा ब्राह्मण को भूमि प्रदान करने का वर्णन छठी योग्यता के रूप में किया गया है। कसकुदी (Kasakudi) प्लेटों और उत्तरमेरुर (Uthiramerur) अभिलेख का संबंध क्रमशः पल्लव और चोल राजवंशों से है।

28. (2) विष्णुगुप्त को आमतौर पर गुप्त साम्राज्य का अंतिम मान्य शासक माना जाता है। उसका शासन काल 10 वर्षों तक (540 से 550 ई. तक) रहा। महान गुप्त साम्राज्य की स्थापना श्रीगुप्त द्वारा की गई थी। चंद्रगुप्त प्रथम, समुद्रगुप्त, चंद्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त इत्यादि इस साम्राज्य के महान राजा थे।

29. (2) चालुक्य शासक पुलकेशिन ने उत्तर भारत के सम्राट हर्ष को विजय को चुनौती दी थी। उसने स्वयं को दक्षिण के 'सर्वोच्च स्वामी' के रूप में स्थापित किया था, हर्ष ने स्वयं को उत्तर के स्वामी के रूप में स्थापित किया था। 618 ई. में नर्मदा नदी के तट पर मुख्यतः हाथियों के साथ हुए युद्ध में हर्ष पर पुलकेशिन की जीत की तिथि की पुष्टि वर्ष हुए पुलकेशिन द्वितीय के ताँबे की प्लेट के वर्ष 2016 में हुए कूटानुवाद से हुई है।

30. (1) चंद्रगुप्त प्रथम गुप्त राजवंश के तीसरे शासक थे। वे 320 ए.डी. में अपने पिता घटोत्कच के उत्तराधिकारी के रूप में सत्तारुढ़ हुए। चंद्रगुप्त–1 ने 'महाराजधिरजा' या 'राजाओं के राजा' नामक पदवी ग्रहण किया। उन्होंने 320 ई. में गुप्त संवत की शुरुआत की, जिसने उनके सत्तारूढ़ होने की तारीख को चिह्नित किया। लिच्छवी राजकुमारी कुमारी देवी पहली भारतीय रानी थी जिनका चित्र सिक्कों पर छापा गया।

31. (1) खारवेल महामेघवाहन राजवंश से सम्बंधित था, बाद में उसने चेटिया चेदि वंश की स्थापना की। कलिंग के राजा के रूप में खारवेल ने तत्काल अपनी राजधानी शहर कलिंगनगरी की किलेबन्दी शुरू किया। खारवेल के शासन के बारे में अधिक जानकारी और उनके सैन्य विजय के बारे में हाथीगुम्फा अभिलेख में उपलब्ध हैं। उड़ीसा में उदयगिरि पहाड़ी में हाथीगुम्भा अभिलेख स्थित है।

32. (3) नौसासी (नवसारी) ताम्रपत्र शिलालेख हमें वल्लभी के खिलाफ हर्ष के सफल अभियान के बारे में जानकारी देता है। शिलालेख के अनुसार हर्ष ने वल्लभी शासक, ध्रुवसेना द्वितीय को हराया था जिसने एक मातहत सामन्त की स्थिति स्वीकार कर लिया। वल्लभी साम्राज्य के साथ उनकी शत्रुता वैवाहिक गठबंधन के माध्यम से समाप्त हुई।

33. (3) गुप्त काल में सोना, चाँदी, ताँबा, लौह, सीसा और कांस्य जैसे धातुओं का निर्यात किया जाता था। भारत में सोना, चाँदी और ताँबा प्रचुर मात्रा में मिलता था। इसकी बहुतायत के कारण ही गुप्त कालीन शासकों ने सिक्कों का उत्पादन आरंभ किया। टिन को आरंभिक अवधि में आयात किया जाता था।

34. (3) ह्वेनसांग (Hiuen Tsang) ने नरसिंह वर्मन प्रथम के शासनकाल के दौरान वर्ष 642 एडी में कांची का भ्रमण किया। उसने पल्लव शासकों और उनकी प्रजा का एक दिलचस्प वर्णन प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, पल्लव साम्राज्य में कई मठ और बौद्ध मंदिर थे और लोग खुशी से रहते थे।

35. (2) चंद्रगुप्त प्रथम गुप्त वंश का एक राजा था जो 320 ईस्वी में मगध के गद्दी पर बैठा था। उसने लिच्छवी वंश की राजकुमारी कुमारदेवी से शादी की और पाटलिपुत्र उसे दहेज में मिला। लिच्छवी राजकुमारी कुमारदेवी से उनके विवाह ने उनकी राजनीतिक शक्ति को बढ़ाने में मदद की। उनके पुत्र समुद्रगुप्त ने गुप्त साम्राज्य का और विस्तार किया।

36. (4) गुप्त काल में सोने के सिक्के को दीनार के रूप में जाना जाता था। गुप्त शासकों के सोने के सिक्के कलात्मक उत्कृष्टता के असाधारण उदाहरण हैं। गुप्त युग में सोने के सिक्कों की बहुतायत के कारण कुछ विद्वानों ने इस घटना को 'सोने की बारिश' कहा है।

37. (2) अहोल शिलालेख के अनुसार, चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय ने हर्षवध ्न को 618-619 ईसवी में नर्मदा के किनारे पर से हराया। पुलकेशिन ने हर्ष के साथ एक संधि की, जिसमें नर्मदा नदी को उनके बीच सीमा के रूप में स्वीकार किया गया था।

38. (4) समुद्रगुप्त गुप्त साम्राज्य का दूसरा राजा था।

- उसने 335 या 350 ईस्वी के आसपास अपने पिता चंद्रगुप्त प्रथम की जगह ली और सन् 375 ईस्वी तक शासन किया।
- विष्णुगुप्त गुप्त साम्राज्य का अंतिम राजा था।
- अशोक मौर्य राजवंश के सम्राट थे, जिन्होंने लगभग समस्त भारतीय उपमहाद्वीप पर सन् 268 से 232 ई. पू. तक शासन किया।
- बिम्बिसार मगध साम्राज्य का एक राजा था और वह हर्यंक वंश का था।

39. (3) गुप्त काल के दौरान हलिवकर एक हल कर था, जिसे हल जोतने वाले हर किसान द्वारा अदा किया जाता था।

- गुप्त युग के दौरान ग्रामीणों पर लगाया गया यह कर एक आवधिक कर था।
- यह राजा की इच्छा पर लगाया जाने वाला एक विशेष प्रकार का कर था।

40. (4) ह्वेन त्सांग एक चीनी बौद्ध भिक्षु, विद्वान, यात्री और अनुवादक थे।

- उन्होंने हर्ष के शासनकाल के दौरान सातवीं शताब्दी में भारत की यात्रा की।
- उन्होंने भारत और बंगाल के बारे में वर्णन किया।
- उन्होंने प्रारंभिक तांग राजवंश के दौरान चीनी बौद्ध धर्म और भारतीय बौद्ध धर्म के बीच सम्बन्धों का वर्णन किया।

41. (3) हर्षवर्धन, एक भारतीय सम्राट थे जिन्होंने 606 से 647 ईस्वी तक उत्तर भारत पर शासन किया था।

- हर्ष ने कन्नौज और थानेश्वर को संयुक्त कर कन्नौज को इसकी राजधानी बनाया।
- वह वर्धन वंश का शासक था।
- प्रभाकर वर्धन के दो बेटे-राज्यवर्धन और हर्षवर्धन तथा एक बेटी राज्यश्री थी।
- राज्यवर्धन की हत्या बंगाल के गौड़ साम्राज्य के शासक शशांक ने की थी।

42. (3) हर्षचरित (हर्ष के कर्म) बाणभट्ट द्वारा रचित भारतीय सम्राट हर्ष की जीवनी है।

- इसकी रचना सातवीं शताब्दी ईस्वी के दौरान संस्कृत भाषा में हुई थी।
- वह अस्थाना कवि थे, जिसका अर्थ-हर्ष का दरबारी कवि था।
- उन्होंने दुनिया के सबसे शुरुआती उपन्यासों में से एक, कादम्बरी की भी रचना की थी
- उनकी अन्य कृतियाँ कैकाशतक और एक नाटक पार्वतीपरायण है।

43. (4) समुद्रगुप्त गुप्त वंश का सबसे महान शासक था। उसने लगभग 380 ईस्वी तक शासन किया था।

- पश्चिमी विद्वानों ने नेपोलियन के साथ उनकी बराबरी की और व्यापक सैन्य विजय के कारण उन्हें भारतीय नेपोलियन कहा।
- उनके दरबारी कवि और मंत्री हरीसेना ने इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख या प्रयाग प्रशस्ती की रचना की।
- इस शिलालेख के अनुसार, समुद्रगुप्त ने उत्तर में 9 राजाओं को तथा दक्षिण में 12 राजाओं को पराजित किया और सभी आटविक राज्यों की सीमाओं को कम कर दिया।
- उन्होंने अश्वमेघ यज्ञ किया, इस बात का प्रमाण समुद्रगुप्त की एक अश्व मुद्रित मुहर से हुई है।
- पुष्यमित्र शुंग के अश्वमेध यज्ञ के आयोजन के बाद संभवत: यह पहला अश्वमेध यज्ञ था।

44. (1) बाणभट्ट के हर्षचरित में पुष्यभूति को वर्धन या पुष्यभूति वंश का संस्थापक बताया गया है।

- कुरुक्षेत्र में थानेश्वर वर्धन या पुष्यभूति वंश की राजधानी थी।
- 6ठी शताब्दी के अंत और 7वीं शताब्दी के प्रारंभ में वर्धन वंश के राजाओं ने उत्तर भारत के एक बड़े भाग पर शासन किया था।

45. (1) ताम्रलिप्ति बंगाल की खाड़ी के तट पर पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में एक प्राचीन बंदरगाह शहर था।

- यह रूप नारायण नदी के पास स्थित था।
- गुप्त राजवंश के दौरान, ताम्रलिप्ति मुख्य एम्पोरियम था, जो श्रीलंका, जावा और चीन के साथ-साथ पश्चिम के साथ व्यापार के लिए प्रस्थान के एक बिंदु के रूप में कार्य करता था।

TYPE–V

1. (3) महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित अजन्ता की गुफाओं का निर्माण दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से लगभग 480 या 650 ई. के मध्य में किया गया था। गुफाओं पर उत्कीर्ण चित्रकला और चट्टानों को काटकर बनाई गई मूर्तिकलाओं, विशेष रूप से सार्थक चित्रकला जो संकेत, भाव-भंगिमा और आकार के द्वारा भावुकता प्रस्तुत करते हैं, को प्राचीन भारतीय कला के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में वर्णित किया गया है। पेड़ पौधे और जीव-जंतुओं को गुफाओं की छतों पर उत्कीर्ण किया गया है। ध्यातत्व है की अजंता गुफाओं की खोज जेम्स अलेक्जेंडर ने 1624 में की थी।

2. (3) अरबों के सिन्ध विजय का विस्तृत उल्लेख 'चचनामा' नामक अरबी ग्रन्थ में मिलता है। मोहम्मद बिन कासिम के अभियान उसके शासन प्रबंध आदि के संबंध में यह एक प्रामाणिक स्रोत है। यह अज्ञात लेखक द्वारा लिखा गया है।

3. (4) पल्लव शासक नरसिंह वर्मन प्रथम के काल में एकाश्मक मन्दिर जिन्हें रथ कहा जाता है का निर्माण हुआ। ये सभी महाबलीपुरम में विद्यमान हैं। इनमें ध र्मराज रथ सबसे प्रसिद्ध है। इन रथ मन्दिरों को सप्तपगोड़ा कहा जाता है।

4. (3) एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट के राजा कृष्ण प्रथम ने करवाया था। यह महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में वेरूल नामक स्थान पर स्थित है।

5. (1) महाबलीपुरम् के एकाश्म मंदिर जिन्हें 'रथ' कहा गया है का निर्माण पल्लव राजा नरसिंह वर्मन प्रथम के द्वारा करवाया गया था। रथ मंदिरों में सबसे छोटा द्रौपदी रथ है जिसमें किसी प्रकार का अलंकरण नहीं मिलता है। इसमें ध र्मराज रथ सबसे बड़ा है।

6. (1) काँची पल्लवों की राजधानी थी। काँची के महान पल्लव शासक, सिंहविष्णु नरसिंहवर्मन प्रथम हुए। नरसिंहवर्मन प्रथम अपने कुल का सर्वाधिक शक्तिशाली शासक था जिसने पुलकेसिन द्वितीय को पराजित किया था। नरसिंहवर्मन प्रथम के शासन काल में महाबलीपुरम के कुछ एकाश्म रथों का निर्माण हुआ, इसी के शासन काल में ह्वेनसांग काँची गया था। नरसिंहवर्मन द्वितीय काँची के कैलाशनाथ मन्दिर तथा महाबलीपुरम का शोर-मन्दिर का निर्माण करवाया था।

7. (2) पल्लव शासक नरसिंह वर्मन प्रथम के काल में एकाश्म मन्दिर का निर्माण हुआ। जिसे रथ कहा जाता है। ये सभी महाबलीपुरम में विद्यमान हैं। रथ अथवा

एकाश्म मन्दिर कठोर चट्टानों को काटकर बनाया गया है। धर्मराज रथ पर नरसिंहवर्मन की मूर्ति अंकित है। इन रथों को सप्तपगोडा कहा जाता है।

8. (2) तंजौर का शैव मंदिर जो राजराजेश्वर या बृहदेश्वर नाम से प्रसिद्ध है, का निर्माण चोल शासक राजराज प्रथम के काल में हुआ था। भारत के मंदिरों में सबसे बड़ा तथा लम्बा यह मंदिर एक उत्कृष्ट कलाकृति है। इसे द्रविड़ शैली का सर्वोत्तम नमूना माना जाता है। इसके निर्माण में ग्रेनाइट पत्थरों का प्रयोग किया गया है। बृहदेश्वर मंदिर में एक ही पत्थर से बना विशालकाय नंदी की प्रतिमा है जो देश में इसकी सबसे बडी नंदी प्रतिमा है।

9. (2) चोल शासक राजराज प्रथम ने श्रीलंका को सर्वप्रथम जीता था। राजराज प्रथम ने सिंहल नरेश को पराजित कर अनुराधापुर को ध्वस्त कर दिया तथा सिंहल द्वीप के उत्तरी भाग पर उसका अधिकार हो गया।

10. (4) चोल शासक राजेन्द्र प्रथम ने बंगाल के पाल शासक महीपाल पर आक्रमण कर उसे पराजित कर दिया। पराजित पाल नरेश युद्ध क्षेत्र से भाग गया। इस अभियान का उद्देश्य गंगा नदी का पवित्र जल लाना था। गंगा घाटी अभियान की सफलता पर राजेन्द्र ने ''गंगैकोण्डचोलपुरम'' की उपाधि धारण की तथा इसके उपलक्ष्य में उसने गंगैकोण्ड (चित्रनापल्ली जिले में) नामक एक नयी राजधानी की स्थापना की। उत्तर पूर्वी भारत के इस सफल सैन्य अभियान द्वारा चोलों की धाक सम्पूर्ण देश में जम गयी।

11. (3) व्यक्ति घटना–1. सुल्तान मोहम्मद-सोमनाथ मंदिर (1025-26 ई.) यह महमूद का सबसे प्रसिद्ध अभियान था। सुल्तान मोहम्मद ने भारत पर सत्रह बार आक्रमण किया था। सोमनाथ मंदिर गुजरात में स्थित भारत का सबसे महत्वपूर्ण मंदिर था। यह शिव मंदिर था।

12. (1) 1025-26 ई. में महमूद गजनी ने एक विशाल सेना लेकर सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया। महमूद गजनवी का यह सबसे प्रसिद्ध अभियान था। सोमनाथ का मंदिर गुजरात में स्थित भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण मंदिरों में था। यह शिव मंदिर था।

13. (2) **'उत्तरमेरूर'** अभिलेख द्वारा चोलवंश के ग्राम प्रशासन के बारे में जानकारी मिलती है यह शिलालेख तमिलनाडु के कांचीपुरम में एक मंदिर (जिसे पल्लव शासक नन्दिवर्मन ने बनवाया) की दीवारों पर उत्कीर्ण है जिसमें चोल में स्थानीय प्रशासन के लिए पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया का वर्णन है।

14. (1) महेन्द्रवर्मन प्रथम पल्लव वंश के महानतम शासकों में से एक था। उसके शासन काल से पल्लव चालुक्य संघर्ष शुरू हुआ जो लंबे समय तक चला। महेन्द्रवर्मन प्रथम एवं पुलकेशिन द्वितीय के बीच हुए युद्ध में पल्लव राज्य के उत्तरी प्रांतों पर पुलकेशिन द्वितीय का अधिकार हो गया था। महेन्द्रवर्मन के पुत्र नरसिंहवर्मन प्रथम के राजा बनने पर पुलकेशिन द्वितीय ने पुन: पल्लव राज्य पर आक्रमण किया लेकिन नरसिंहवर्मन ने उसे तीन युद्धों में बुरी तरह परास्त किया।

15. (4) भारत का प्रथम मुस्लिम आक्रमण मोहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में 712 ई. में हुआ। वह अरब का रहने वाला था। कासिम का आक्रमण सिंध के शासक दाहिर पर हुआ।

16. (1) चालुक्य वंश: वातापी (बादामी); होयसल वंश: द्वार समुद्र; राष्ट्रकूट वंश: मलखेड़; और काकतीय वंश: वारंगल।

17. (3) चालुक्य शासक पुलकेशिन II का एहोल शिलालेख उसके विजयों का विवरण देता है। इसी शिलालेख के माध्यम से हमें पुलकेसिन के हाथों हर्षवर्धन की पराजय का विवरण मिलता है। इस शिलालेख को पुलकेसिन के दरबारी कवि रविकृति ने लिखा था।

18. (3) **'जवाहर-अल-बहूर'** (प्रसिद्ध अरबी इतिहास) के लेखक ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि मध्य काल में मुल्तान को 'हाउस ऑफ गोल्ड' के नाम से जाना जाता था। इब्न खुर्दबा (Ibn Khurdaba) ने भी अपनी पुस्तक ''द बुक ऑफ रोड्स एंड किंगडम्स'' में सिटी ऑफ गोल्ड के रूप में मुल्तान का वर्णन किया है।

19. (4) प्रसिद्ध राष्ट्रकूट शासक ''नृपतुंग'' अमोघवर्ष प्रथम ने 'कविराजमार्ग' (अर्थात् ''कवियों के लिए शाही मार्ग'') की रचना की थी। यह कन्नड़ भाषा में व्याकरण, काव्यशास्त्र और साहित्य-शास्त्र पर लिखी गई आरंभिक पुस्तकों में से एक है।

20. (3) ऐसा माना जाता है कि कांचीपुरम में स्थित थिरु परमेश्वर विन्नैगराम या बैकुंठ पेरुमल मंदिर का निर्माण पल्लव शासक नंदिवर्मन II द्वारा किया गया था, बाद में मध्यकालीन चोल और विजयनगर शासकों ने इसके निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह द्रविड़ शैली की वास्तुकला में निर्मित है।

21. (1) इतिहासकारों के एक बड़े वर्ग का मानना है कि लगभग 1700 ईसा पूर्व सिन्धु घाटी सभ्यता के बाद के चरणों में भारत पर आक्रमण करने वालों में आर्य प्रथम आक्रमणकारी थे। भारत में आर्य दूसरी सहस्त्राब्दी पूर्व समूहों में आए थे। आर्य किस देश के मूल निवासी थे, इस विषय पर इतिहासकारों में एक मत नहीं है।

22. (2) मिहिर भोज प्रथम (836-885 ई.) या भोज प्रथम को प्रतिहार वंश के सबसे बड़े एवं सबसे शक्तिशाली शासक के रूप में जाना जाता है। अपने चरमोत्कर्ष काल में भोज का साम्राज्य दक्षिण में नर्मदा नदी तक, उत्तर-पश्चिम में सतलज नदी तक एवं पूर्व में बंगाल तक फैला था। वह एक विद्वान शासक था।

23. (1) पल्लव शासक नरसिम्हवर्मन प्रथम ने चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय को पराजित करने, उसका वध करने तथा 642 ई. में चालुक्य की राजधानी बादामी पर अधिकार करने के बाद 'वातायी कोण्ड' (वातापी का विजेता) की उपाधि धारण की थी। पल्लव शासक की जीत के परिणामस्वरूप वातापी पर पल्लवों का अधिकार हो गया।

24. (2) राष्ट्रकूटों की आरंभिक राजधानी स्थल (या स्थान) के विषय में अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, राष्ट्रकूटों के अधिकांश स्मारक एलोरा (इलापुरा) में पाए गए हैं जिसमें मालखेद (मान्यखेत) के विषय में कोई चर्चा नहीं की गई है। ऐसा माना जाता है कि दंतिदुर्ग, जो कि राष्ट्रकूट वंश के संस्थापक और इस वंश के प्रथम शासक थे, के शासन काल में राष्ट्रकूटों की राजधानी एलोरा की गुफाओं के आसपास विद्यमान थी। बाद में, अमोघवर्ष प्रथम ने मान्यखेत में अपनी राजधानी स्थापित की, जो राष्ट्रकूट साम्राज्य का अंत होने तक राष्ट्रकूटों की राजसी राजधानी रही।

25. (4) प्राचीन काल में असम को प्राग्ज्योतिषपुर और बाद में कामरूप के रूप में जाना जाता था। एक पौराणिक कथा, जिसमें प्रेम के देवता कामदेव के शिव की क्रोधपूर्ण दृष्टि से नष्ट हो जाने के बाद जीवित हो जाने का वर्णन किया गया है, के आधार पर पौराणिक काल के दौरान इसे कामरूप के रूप में जाना जाता था। कामरूप राज्य के संदर्भ में पहला ऐतिहासिक वर्णन समुद्रगुप्त के शिलालेख इलाहाबाद स्तंभ में किया गया है।

26. (2) अजन्ता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं। ये गुफाएँ चट्टानों को काटकर बनाई गई बौद्ध गुफा स्मारकों से मिलकर बनी हैं। एलोरा की गुफाएँ, विश्व में चट्टानों को काटकर बनाए गए मठ-मन्दिर गुफाओं के सबसे बड़े समूहों में से एक है। ये गुफाएँ भी औरंगाबाद के निकट स्थित हैं। अजन्ता और एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पर्यटकों के आकर्षण के प्रमुख केन्द्रों में से एक हैं।

27. (3) दिलवाड़ा का जैन मन्दिर राजस्थान में माउंट आबू के निकट स्थित है। इन मन्दिरों का निर्माण 11वीं और 13वीं शताब्दी ई. के मध्य सामान्य जैन लोगों द्वारा कराया गया था। ये मन्दिर संगमरमर के अपने रमणीय प्रयोग के कारण पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। दिलवाड़ा का जैन मन्दिर जैनियों का पवित्र तीर्थस्थल है।

28. (2) कांचीपुरम के कैलाशनाथ मन्दिर (शिव मन्दिर) का निर्माण पल्लव वंश के शासक नरसिम्हावर्मन II (राजसिम्हा) द्वारा 685- 705 ई. में कराया गया था। मन्दिर के अग्र पुरोभाग और गोपुरम (टॉवर) का निर्माण कार्य उसके पुत्र महेन्द्रवर्मन III द्वारा कराया गया था। यह मन्दिर कांचीपुरम की पश्चिमी सीमा में वेगवथी नदी के तट पर स्थित है।

29. (1) कांचीपुरम पल्लव राजवंश की राजधानी थी, जिसने चौथी से नौवीं शताब्दी तक तमिलनाडु के अधिकांश भागों पर शासन किया था। ह्वेनसांग ने इस शहर की यात्रा की थी और इसकी गौरवपूर्ण संस्कृति का वर्णन किया था। सातवाहन के पतन के बाद पल्लव राजवंश दक्षिण भारत के इतिहास में पहला सुप्रसिद्ध राजवंश था।

30. (2) सुल्तान महमूद 997 से लेकर 1030 में अपनी मृत्यु होने तक गजनी साम्राज्य के शासक थे। उन्होंने गजनी को विस्तृत साम्राज्य की समृद्ध राजधानी बनाया, उनके साम्राज्य में आधुनिक अफगानिस्तान, उत्तर- पश्चिमी भारत और ईरान के अधिकांश भाग तथा आधुनिक पाकिस्तान शामिल थे। वह सुल्तान की उपाधि धारण करने वाला प्रथम शासक भी था।

31. (2) ऐहोल अभिलेख चालुक्य राजवंश से संबंधित है। यह अभिलेख चालुक्य शासक पुलकेशिन II, जिन्होंने 610 से 642 ई. तक शासन किया था, के दरबारी कवि रवि कीर्ति द्वारा लिखा गया था। कर्नाटक के ऐहोल के मेगुती मन्दिर में स्थित यह अभिलेख पुलकेशिन II द्वारा हर्षवर्धन की पराजय का वर्णन करता है। यह अभिलेख पल्लवों पर चालुक्यों की विजय का भी वर्णन करता है।

32. (1) मध्य भारत में स्थित यूनेस्को विश्व विरासत स्थल, खजुराहो के मंदिरों को चंदेल वंश के राजपूत शासकों द्वारा बनवाया गया था, जिनका 10वीं से लेकर 13वीं शताब्दी तक मध्य भारत पर शासन था। यहाँ सबसे प्रसिद्ध कंदरिया महादेव का मंदिर है जो 11वीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में निर्मित और शिव को समर्पित है। संभवत: समकालीन लक्ष्मण मंदिर, 954 ई. में राजा धंग द्वारा गुर्जर-प्रतिहार शासकों द्वारा स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए बनाया गया था।

33. (*) प्रश्न में या तो गलत वर्तनी लिखा है, समुचित रूप से अनुवादित नहीं है या अपूर्ण है।

प्रतिहार वंश के सबसे शक्तिशाली शासक मिहिर भोज (836-885 AD), विष्णु के भक्त थे और उन्होंने आदिवराह (आदित्य के भाग्यशाली प्रमुख वरदान अवतार) की उपाधि धारण की थी, जिसे उन्होंने अपने कुछ सिक्कों पर अंकित भी करवाया था। एक अन्य प्रतिहार शासक नागभट्ट द्वितीय (805-833) जो वत्सराज का पुत्र था ने कन्नौज पर विजय के बाद शाही खिताब- परमभट्टारक, महाराजाधिराज और परमेश्वर की उपाधि धारण की थी।

सर्वश्रेष्ठ विकल्प: (4) नागभट्ट II उपाधि 'परम' के साथ मैच करता है।

34. (4) अग्निकुल से सम्बन्धित चार राजपूत वंश हैं: परिहा, चौहान, सोलंकी और परमार। जैसे समकालीन अभिलेखों के साथ-साथ समकालीन ग्रंथों बलभद्र- विलास और प्रबोध चन्द्रोदय के अनुसार, चंदेल पौराणिक चंद्र वंश (चंद्रवंश) से संबंधित थे।

35. (2) चोल राजवंश का पहला महत्त्वपूर्ण शासक राजराज चोल प्रथम था। अपने शासनकाल के दौरान, चोल शासक दक्षिण भारत से आगे बढ़कर दक्षिण में श्रीलंका से उत्तर में कलिंग तक अपने साम्राज्य का विस्तार किया। राजराज चोल ने कई नौसेना अभियान भी किए जिसके परिणामस्वरूप मालाबार तट के साथ-साथ मालदीव और श्रीलंका पर भी उनका अधिकार हो गया।

36. (1) सेन राजवंश एक राजवंश का नाम था, जिसने 12वीं शताब्दी के मध्य से बंगाल पर पाल वंश के बाद अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया। सेन राजवंश ने बंगाल पर 160 वर्ष राज किया। इस वंश का मूलस्थान कर्नाटक था। इस काल में कई मन्दिर बने।

37. (1) बृहदेश्वर अथवा बृहदीश्वर मन्दिर विश्व के प्रमुख ग्रेनाइट मंदिरों में से एक है। यह मंदिर तमिलनाडु के तंजौर जिले में स्थित प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है। तमिल भाषा में इसे बृहदीश्वर के नाम से संबोधित किया जाता है। ग्यारहवीं सदी के आरम्भ में बनाया गया था। यह मंदिर चोल शासकों की महान कला केन्द्र रहा है। यह भव्य मंदिर विश्व धरोहर के रूप में जाना जाता है।

38. (3) कृष्ण तृतीय (939-967 ई.) राष्ट्रकूट वंश के सबसे प्रतापी राजाओं में से एक था। जिसने चोल साम्राज्य पर कई बार सफल आक्रमण किया था। वर्ष 944 के सिद्दलिंगमदम् अभिलेख के अनुसार उसने चोल शासक को पराजित कर कांची और तंजौर को अपने अधिकार में कर लिया था। कृष्ण तृतीय ने उत्तरी अर्कोट जिले में स्थित तक्कोलम के युद्ध में चोलों को निर्णायक रूप से पराजित किया था।

39. (2) ऐहोल (मंदिरों का शहर) चालुक्यों की पहली राजधानी थी और यह व्यापार का केंद्र था जिसे बाद में धार्मिक केंद्रों में विकसित किया गया था जिसके आस-पास बड़ी संख्या में मंदिर थे। चालुक्यों की इस राजधानी को बाद में पुलकेशिन प्रथम के दौरान बादामी में स्थानांतरित की गई थी। बादामी को वातापी के नाम से भी जाना जाता है।

40. (4) पुलकेशिन-I (540-567) वातापी के चालुक्य वंश का पहला शासक था और इस तरह, उसे अपने राजवंश का ''वास्तविक संस्थापक'' कहा जाता है। उसने वर्तमान महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों पर शासन किया। कर्नाटक पश्चिमी दक्कन में स्थित है। पुलकेशिन ने वातपी शहर की स्थापना की और अश्वमेध यज्ञ करके अपनी संप्रभु स्थिति का दावा किया।

41. (3) मिहिरभोज (836–885 CE) या भोज प्रथम, गुर्जर-प्रतिहार वंश का शासक था। भोज विष्णु के भक्त थे और उन्होंने आदिवराह 'की उपाधि धारण की जो उनके कुछ सिक्कों पर अंकित है।

42. (4) विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना पाल सम्राट धर्मपाल (783 से 820) ने नालंदा में छात्रवृत्ति की गुणवत्ता में गिरावट के कारण की थी। इसे कथित रूप से 1193 के आसपास मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी की सेना द्वारा नष्ट कर दिया गया था।

43. (1) खजुराहो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में हिंदू मंदिरों और जैन मंदिरों का एक समूह है। वे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल हैं। मंदिर अपनी नागर शैली की स्थापत्य प्रतीक और उनकी कामुक मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं। ज्यादातर खजुराहो मंदिरों का निर्माण 950 से 1050 के बीच चंदेल वंश द्वारा किया गया था।

44. (2) त्रिपुरा की रियासत के अंतिम शासक किरीट बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर देबबर्मा थे, जिन्होंने 1947 से 1949 के बीच अगरतला पर शासन किया, जिसके बाद 9 सितंबर, 1949 को भारत में विलय कर दिया गया, और प्रशासन 15 अक्टूबर 1949 को ले लिया गया। माणिक्य वंश की स्थापना तब की गई जब रत्न (रत्ना माणिक्य) ने 1280 CE में उपाधि धारण की। इससे पहले 1200 ई.पू. से 1280 ईस्वी तक और बाद में वैदिक काल में त्रिपुरा राजवंश था।

45. (3) राजेंद्र चोल I ने गंगास, चालुक्य, चेरस, पलास, पांड्य, कलिंग और अन्य शासकों को पराजित करने के बाद गंगायकोंडा चोल (गंगा को लेने वाले चोल) शीर्षक धारण किया। 1025 में, उसने संग्राम विजयतुंगवर्मन के श्रीविजय साम्राज्य पर आक्रमण किया, उसे कैद कर लिया और उसकी राजधानी कदरम, पन्नई (वर्तमान-सुमात्रा), केदाह (वर्तमान- मलेशिया) और मलायूर (मलाया प्रायद्वीप) पर कब्जा कर लिया।

46. (4) नौवीं शताब्दी से 13वीं शताब्दी तक, चंदेलों ने मध्य भारत पर शासन किया। उनकी पहली राजधानी शहर खजुराहो थी, जिसे बाद में महोत्सव नगर या महोबा में स्थानांतरित कर दिया गया।

47. (3) एलोरा भारत के महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित एक यूनेस्को विश्व विरासत स्थल है। यह बौद्ध, हिंदू और जैन स्मारकों और कलाकृति की विशेषता, दुनिया में सबसे बड़ी पत्थरों को काट कर बनाई गई मंदिर गुफाओं में से एक है, और यह 600-1000 ई. पू. की है।

48. (1) एलोरा का कैलास मंदिर, महाराष्ट्र के एलोरा गुफाओं में स्थित सबसे बड़े भारतीय रॉक-कट प्राचीन हिंदू मंदिरों में से एक है। इसे आठवीं शताब्दी के राष्ट्रकूट राजा कृष्ण-प्रथम (756-773 ई. पू.) द्वारा बनाया गया था। कैलास मंदिर में कई विशिष्ट वास्तुकला और मूर्तिकला शैलियों का प्रयोग किया गया है।

49. (2) लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे पुराना और सबसे बड़ा मंदिर माना जाता है।

- 'लिंगराज' शब्द 'लिंगों के राजा' का संकेत देता है, जहाँ 'लिंग' भगवान शिव का रूप है।

- 11 वीं शताब्दी में, लिंगराज मंदिर राजा जजाति केशरी द्वारा बनवाया गया था, जो सोम वंश के थे।
- माना जाता है कि जब राजा ने अपनी राजधानी जयपुर से भुवनेश्वर स्थानांतरित की, तो उन्होंने लिंगराज मंदिर का निर्माण शुरू किया।
- मंदिर को चार भागों में विभाजित किया गया है: गर्भगृह, यज्ञ शाला, भोग मंडप और नाट्य शाला।

50. (3) चोल शिलालेख में विभिन्न प्रकार की भूमि का उल्लेख है:
- ब्रह्मदेय: ये भूमि ब्राह्मणों को भेंट की गई थी। इसलिए कावेरी घाटी और भारत के अन्य दक्षिणी हिस्सों में बहुत सारी ब्राह्मण बस्तियाँ उभर आईं।
- वेल्लनवगाई: गैर-ब्राह्मण किसान स्वामियों की भूमि।
- शालाभोग: यह विद्यालयों के रखरखाव के लिए प्रदत्त भूमि को संदर्भित करता है।
- देवदान, तिरुनामट्टुक्कनी: मंदिरों को उपहार में दी गई भूमि।
- पल्लीच्छंदम: जैन संस्थाओं को दान की गई भूमि।

51. (3) विंध्यशक्ति वेंकट वंश के संस्थापक थे।
- उनका नाम विंध्य देवी के नाम से व्युत्पन्न हुआ है।
- भारतीय शासक वाकाटक राजवंश, जो कि तीसरी शताब्दी ईस्वी के मध्य में मध्य दक्खन में उत्पन्न हुआ था।
- दक्कन के कई समकालीन राजवंशों की तरह वाकाटक वंश ने भी ब्राह्मणवादी मूल का होने का दावा किया।

52. (1) कोलाथुनाडु, भारत में पुर्तगाली आर्माडा के आगमन के दौरान मालाबार तट पर स्थित एक राज्य था।
- वल्लुवनाड भरथपुजा नदी बेसिन में स्थित एक राज्य था जो वर्तमान में दक्षिण भारत के मध्य केरल के अंतर्गत आता है।
- केरल के दक्षिणी भाग में 1103 ई. से लेकर 1750 ई. तक थेक्कुमकूर एक स्वतंत्र राज्य था।

53. (4) महाबलिपुरम में एकाश्म पत्थर से निर्मित पंच रथ संरचनाएँ हैं।
- इनका निर्माण पल्लव राजाओं महेंद्रवर्मन प्रथम और नरसिंहवर्मन प्रथम के शासनकाल के दौरान किया गया था।
- प्रत्येक रथ का नाम महाभारत के पांडवों के नाम पर रखा गया है।

54. (4) पंच रथों को पांडव रथ के रूप में भी जाना जाता है, चेन्नई के पास बंगाल की खाड़ी के कोरोमंडल तट पर स्थित महाबलीपुरम के नौ अखंड मंदिरों में से सबसे उत्कृष्ट वास्तुशिल्प इसी मंदिर का है।
- पत्थर या ग्रेनाइट के एक बड़े खंड से छेनी से एकाश्म चट्टानों को काटकर रथों के आकार वाली पाँच संरचनाएँ बनाई गई हैं जो वास्तुकला के विकास को बढ़ाती हैं। ये पल्लव वंश के शासनकाल के दौरान 7वीं शताब्दी के दौरान निर्मित की गई हैं।
- महान भारतीय महाकाव्य 'महाभारत' के पाँच पांडव भाइयों और उनकी पत्नी द्रौपदी के नाम पर पाँच रथों का नाम 'धर्मराज रथ', 'भीम रथ', 'अर्जुन रथ', 'नकुल, सहदेव रथ' और 'द्रौपदी रथ' रखा गया है।
- हालांकि इन अधूरे और जिन्हें अक्सर गलती से मंदिर के रूप में संदर्भित किया जाता है, अब ये स्मारक परिसर का हिस्सा हैं जिसे यूनेस्को द्वारा 'महाबलीपुरम में स्मारक समूह' के रूप में चिह्नित किया गया है।

55. (3) चोल शिलालेखों के अनुसार, चोल राजाओं ने अपने लोगों को पाँच प्रकार के 'भूमि उपहार' दिए थे:
- वेल्लनवगाई गैर-ब्राह्मण, किसान स्वामियों के लिए भूमि थी;
- ब्रह्मदेय भूमि ब्राह्मणों को भेंट की गई थी;
- शालाभोग एक विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि थी;
- देवदान / तिरुन्नमट्टुक्कानी मंदिरों को उपहार में दी गई भूमि थी;
- पल्लीचछंदम को जैन संस्थाओं को दान किया गया था।

56. (3) ऐरावतेश्वर मंदिर एक चोल मंदिर है जिसे 12वीं शताब्दी में राजराज चोल -2 द्वारा बनवाया गया था। द्रविड़ियन शैली में निर्मित यह मंदिर तमिलनाडु में तंजावुर जिले के दारासुरम में स्थित है। यह भगवान शिव को समर्पित है। यह तंजावुर में बृहदेश्वर मंदिर और गंगाईकोंडा चोलपुरम में गंगाईकोंडाचोलिस्वरम मंदिर के साथ ही यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल है।

57. (1) भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर का निर्माण 11वीं शताब्दी ईस्वी में सोमवंशी शासक जगत (ययाती) केसरी ने करवाया था। ऐसा माना जाता है कि जब राजा ने अपनी राजधानी जयपुर से भुवनेश्वर स्थानांतरित की, तो उन्होंने लिंगराज मंदिर का निर्माण शुरू किया। लिंगराज मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

58. (3) दंतिदुर्ग, जिसे दंतिवर्मन द्वितीय के नाम से भी जाना जाता है, मान्यखेट के राष्ट्रकूट साम्राज्य के संस्थापक थे।
- दंतिदुर्ग का एलोरा रिकॉर्ड बताता है कि उसने 753 में चालुक्यों को हराया तथा राजाधिराज और परमेश्वर की उपाधि धारण की।
- उनकी राजधानी कर्नाटक के गुलबर्गा क्षेत्र में स्थित थी।

TYPE–VI

1. (3) महाराष्ट्र में मुंबई के निकट मुंबई हार्बर में एलिफेंटा द्वीप पर या घारापुरी (शाब्दिक रूप से 'गुफाओं के शहर') में स्थित एलिफेंटा की गुफाएँ तराशी हुई गुफाओं का नेटवर्क हैं। यहाँ हिन्दू और बौद्ध गुफाएँ निर्मित हैं। इसे 1987 में यूनेस्को विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल किया गया था।

2. (2) बिहार की राजधानी पटना के निकट राजगृह (राजगीर) से सात मील की दूरी पर आधुनिक बडगाँव नामक ग्राम से प्राचीन नालंदा के अवशेष मिलते हैं। यहाँ सातवीं शती का जगत प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था जिसका वर्णन चीनी यात्रियों- हुएनसांग तथा इत्सिंग-ने विस्तारपूर्वक किया है। ध्यातव्य है कि नालंदा बिहार की स्थापना कुमारगुप्त ने की थी।

3. (3) (iv) हर्यंक वंश-544 ई. पूर्व से 412 ई. पूर्व तक
(ii) शिशुनाग वंश-412-344 ई. पूर्व
(i) नन्द वंश-344 से 324-ई. पूर्व
(iii) मौर्य वंश-ईसा पूर्व 323 से 184 तक

4. (3) बुद्ध की मूर्तियों को अफगानिस्तान में विरूपित किया गया था। दुनिया की सबसे बड़ी बुद्ध मूर्ति (बामियान) में थी। सातवीं शताब्दी में इस्लाम ने बौद्ध ध र्म को अपदस्थ कर दिया था।

5. (3) दिये गए विकल्पों में चार्वाक चिकित्सक नहीं है, जबकि अन्य तीन धनवन्तरी, सुश्रुत और चरक प्राचीन भारत के चिकित्सक थे। चार्वाक अथवा बृहस्पति लोकायत दर्शन के संस्थापक थे। अजित केशकम्बलिन के अक्रियवादी दर्शन में लोकपतन परम्परा की पुष्टि की गयी है।

6. (2) दिये गए विकल्पों में "बौद्ध युग" प्राचीन युग है। अन्य विकल्पों में 'शक युग'; मोहम्मदी युग तथा विक्रमयुग, बौद्ध युग के बाद के है। शक युग या शक संवत: का प्रारम्भ 78 ई. में हुयी। विक्रम युग की शुरूआत 56 ई. में मानी जाती है जिसे विक्रमी संवत भी कहा जाता है। मोहम्मदी युग, ईस्लाम धर्म के प्रवर्तक मोहम्मद साहब के जन्म से माना जाता है। एलोरा में कैलाश मंदिर का निर्माण कृष्ण प्रथम ने करवाया था।

7. (4) महाराष्ट्र प्रान्त के औरंगाबाद जिले में स्थित एलोरा नामक स्थान अपने गुहा-मन्दिरों के लिये प्रसिद्ध है। यहाँ पहाड़ी को काटकर अनेक गुफाएँ बनाई गई हैं जो बौद्ध हिन्दू तथा जैन सम्प्रदायों से सम्बद्ध है। एलोरा में कैलाश मंदिर का निर्माण कृष्ण प्रथम ने करवाया था।

8. (2) प्राचीन भारत के चिकित्सक त्रय के रूप में चरक, सुश्रुत और पतंजलि जाने जाते हैं। चरक प्राचीन भारत में आयुर्वेद आधारित चिकित्सा पद्धति के जनक थे। सुश्रुत प्रमुख शल्यचिकित्सक (महाभारत कालीन) थे। इनकी रचना सुश्रुत संहिता है। पतंजलि योगचिकित्सा पद्धति के जनक तथा व्याकरणाचार्य थे, जिन्होंने महाकाव्य जैसा संस्कृत व्याकरण ग्रंथ लिखा था।

9. (3) (a) कविराज मार्ग — 3. अमोघवर्ष
(b) आदिपुराण — 4. जिनसेना
(c) गणित सारास्मगृह — 1. महावीराचार्य
(d) अमोधव्रिथी — 2. शाकटायन

10. (2)

राजवंश	**संस्थापक**
(a) पल्लव	3. सिंहविष्णु
(b) चालुक्य	4. पुलकेशिन-I
(c) राष्ट्रकूट	1. दंतिदुर्ग
(d) होयसल	2. विष्णुवर्धन

11. (4) श्री पेरम्बदूर तमिलनाडु में स्थित है जो मुख्य रूप से हिन्दू वैष्णव संत रामानुज की जन्मस्थली है। इसके अतिरिक्त यहीं पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मृत्यु बम विस्फोट में हुयी थी।

12. (1) दिये गए विकल्पों में से राँची (झारखंड की राजस्थानी) में कोई बौद्ध स्तूप नहीं स्थित है। अन्य स्थलों :
भरहुत, धर्मेख (सारनाथ) तथा सांची में बौद्ध स्तूप स्थित है।
भरहुत स्तूप : मध्य प्रदेश के सतना जिले में स्थित है इसका निर्माण अशोक ने करवाया था। 1873 में अलेक्जेंडर कनिंघम ने इसकी खोज की थी।
धमेख स्तूप : सारनाथ (उत्तर प्रदेश के वाराणसी) में स्थित है इसकी स्थापना बुद्ध की मृत्यु के पूर्व एक चैत्य (पूजा स्थल) के रूप में हुयी थी।
सांची स्तूप : भोपाल (मध्यप्रदेश) में स्थित है इसकी स्थापना सम्राट अशोक ने करायी थी।

13. (1) बौद्ध धर्म का प्रचार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में चीनी यात्री धार्मिक पुस्तकें प्राप्त करने और बौद्ध धर्म से संबंधित पवित्र स्थानों का भ्रमण करने के लिए भारत आए। भारत आने वाले चीनी यात्रियों में इत्सिंग (I-tsing), हा-हसांग (Ha-Hsien) और ह्वेन-सांग (Hiuen-Tsang) प्रमुख हैं।

14. (1) कुछ स्रोतों के अनुसार, तक्षशिला विश्वविद्यालय विश्व में सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। स्रोतों के अनुसार इसका निर्माण ईसा पूर्व 10वीं शताब्दी में किया गया था जबकि इसका पतन ईसा पूर्व 5वीं शताब्दी में हुआ था।

15. (2) गणितीय एवं ज्योतिष विषयों पर आधारित पंच सिद्धांतिका (ज्योतिषीय ज्ञान पर आधारित पाँच पुस्तकें) वाराहमिहिर की सर्वाधिक प्रसिद्ध पुस्तक है। यह पूर्व के पाँच ज्योतिषीय प्रणालियों का संक्षिप्त रूप है जिनके नाम हैं- सूर्या, रोमाका, पाउलिसा, वशिष्ठा और पैतामहा।

16. (3) आर. रामशास्त्री ने 1905 में अर्थशास्त्र (Arthashastra) नामक पुस्तक की खोज की थी और इसका प्रकाशन किया था। यह प्राचीन भारत की शासन-कला पर आधारित एक निबंधात्मक पुस्तक है। उन्होंने संस्कृत भाषा में इस पुस्तक के नए संस्करण का संपादन एवं प्रकाशन 1909 में किया था।

17. (1) भारत का राष्ट्रीय चिह्न सम्राट अकबर के कार्यकाल में प्राप्त किया गया था। यह उत्तर प्रदेश में वाराणसी के निकट सारनाथ से लिया गया है जो सिंह की एक प्रतिकृति है। ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में सम्राट अशोक ने सारनाथ (लॉयन कैपिटल) को अपनी राजधानी के रूप में स्थापित किया था इसी स्थान पर भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम शांति और मुक्ति का उपदेश दिया था।

18. (3) पंचतंत्र के लेखक विष्णु शर्मा हैं। यह जीव- जंतुओं से संबंधित गद्य एवं काव्य में लिखित प्राचीन भारतीय लोक कथाओं का संकलन है। इन कहानियों के मूल स्वरूप की रचना संस्कृत में की गई थी। कुछ विद्वानों का मानना है कि इन कहानियों की रचना तीसरी ईसा पूर्व की गई थी।

19. (3) लगभग 800 ईसा पूर्व तक्षशिला विश्वविद्यालय पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के तक्षशिला शहर में स्थित था। यह शिक्षा का एक महान केन्द्र था और कुछ विद्वानों का मानना है कि यह विश्व के प्रारंभिक विश्वविद्यालयों में से एक था। तक्षशिला दक्षिण एशिया और मध्यवर्ती एशिया के धुराग्रीय संयोजन पर स्थित था।

20. (4) केरल में मालाबार तट पर स्थित कोझिकोड शहर 'कालिकट' के नाम से भी जाना जाता है। यह केरल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। प्राचीन काल के दौरान पूर्वी क्षेत्र में मसालों के एक बड़े व्यापारिक केन्द्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण इसे ''मसालों के शहर'' की उपाधि प्रदान की गई थी। बाद में यह जमोरिन शासकों की राजधानी बनी।

21. (4) चैतन्य 16वीं सदी में भारत के एक हिन्दू संत एवं समाज सुधारक थे जिन्होंने एक वैष्णव धार्मिक आंदोलन-गौड़िया वैष्णव नामक धार्मिक पंथ की स्थापना की। मिथकों के अनुसार विक्रमादित्य पहली सदी ईसा पूर्व में उज्जैन का एक महान सम्राट था जो अपनी बुद्धि, वीरता एवं उदारता के लिए प्रसिद्ध था।

22. (2) कंबोडिया के अंकोरवाट में स्थित विष्णु मन्दिर का निर्माण खमेर शासक सूर्यवर्मन II द्वारा 12वीं शताब्दी के आरंभ में कराया गया था। अपने निजी मन्दिर और संभावित मकबरे के रूप में, उन्होंने इसका निर्माण खमेर साम्राज्य की राजधानी यशोधरापुरा (वर्तमान में अंकोर) में कराया था। 12वीं शताब्दी के अंत में, यह मन्दिर धीरे-धीरे एक बौद्ध मन्दिर के रूप में रूपान्तरित हो गया।

23. (3) बृहदेश्वर मन्दिर : तमिलनाडु के तंजावुर में स्थित भगवान शिव का मन्दिर है, दिलवाड़ा मन्दिर : राजस्थान के माउंट आबू में स्थित जैन मन्दिर है, लिंगराज मन्दिर : भुवनेश्वर (ओडिशा) में स्थित शिव और विष्णु के रूप, हरिहर का मन्दिर है, स्मारकों का हम्पी समूह : कर्नाटक के बेल्लारी जिले के हम्पी में विजयनगर साम्राज्य के मन्दिर परिसरों का अवशेष है।

24. (4) फाहियान एक चीनी यात्री था जिसने गुप्त शासक चन्द्रगुप्त II के शासन काल के दौरान भारत की यात्रा की थी। उसने वर्ष 399 के दौरान भारत की यात्रा की थी और वर्ष 414 में अपने देश चीन लौटा था। फाहियान बौद्ध धर्म की उत्पत्ति से सम्बन्धित मूल चिन्हों की खोज के विचार से भारत आया था।

25. (1) योग, भारतीय दर्शन के छः प्रणालियों (दर्शन) में से एक है जिसका प्रतिपादक पतंजलि को माना जाता है। पतंजलि ने अपने 'योग सूत्र' में इसके सम्बन्ध में बताया है। यह योग सूत्र के सिद्धांत और अभ्यास पर 196 भारतीय सूक्तियों (एफोरिज्म) का संग्रह है। हिंदू रूढ़िवादी परंपरा में पतंजलि के योग सूत्र शास्त्रीय योग दर्शन के आधारभूत पाठ हैं।

(2) उज़बेक लोगो के द्वारा बाबर को उसकी मातृभूमि फरगाना से निकाल दिया गया था।
(3) बाबर का संबंध अपनी माँ की तरफ से चंगेज़ खान से था।
(4) वे पितृ पक्ष से तैमूर वंशज थे।
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (द्वितीय पाली)

120. मुगल सम्राट _____ने आलमगीर की उपाधि धारण की।
(1) अकबर (2) शाहजहाँ
(3) औरंगजेब (4) जहांगीर
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (तृतीय पाली)

121. निम्नलिखित में से कौन भारत के तोते के रूप में जाना जाता था?
(1) तानसेन (2) इब्न बतूता
(3) अमीर खुसरो (4) जियाउद्दीन बरनी
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 02.08.2019 (प्रथम पाली)

122. गुरु नानक देव का जन्म कहाँ हुआ था?
(1) गुरुदासपुर (2) जलालाबाद
(3) तलवंडी (4) फिलौर
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली)

123. जयपुर में स्थित हवा महल का निर्माण किसने करवाया था?
(1) रेवल जैसल
(2) सवाई प्रताप सिंह
(3) चित्रांगद मोरी
(4) रावल रतन सिंह
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 08.08.2019 (प्रथम पाली)

124. दिल्ली की मोती मस्जिद किस मुगल शासक ने बनायी थी?
(1) अकबर (2) हुमायूँ
(3) औरंगजेब (4) शाहजहाँ
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 14.08.2019 (प्रथम पाली)

125. फतवा-ए-आलमगिरी, मुस्लिम कानूनों का एक संगठन, निम्नलिखित में से किस शासक के शासनकाल में लिखा गया था ?
(1) नादिरशाह (2) फिरोजशाह तुगलक
(3) औरंगजेब (4) टीपू सुल्तान
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.12.2019(प्रथम पाली))

126. उस सिख गुरु का नाम बताइए जिन्होंने पंजाबी भाषा लिखने के लिए गुरुमुखी लिपि विकसित की थी ?
(1) गुरु हरगोबिंद (2) गुरु तेग बहादुर
(3) गुरु अंगद (4) गुरु रामदास
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.12.2019(प्रथम पाली))

127. सर थॉमस रो इंग्लैंड के किंग जेम्स-I के आधिकारिक राजदूत के रूप में किस मुगल सम्राट के दरबार में आए थे?
(1) शाहजहाँ (2) औरंगजेब
(3) अकबर (4) जहाँगीर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (प्रथम पाली))

128. निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल शासकों का गलत अनुक्रम है?
(1) जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब
(2) अकबर, शाहजहाँ, जहाँगीर
(3) बाबर, हुमायूँ, अकबर
(4) अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (तृतीय पाली))

129. महाराजा सवाई जयसिंह-द्वितीय द्वारा नाहरगढ़ किले का निर्माण किस वर्ष करवाया गया था?
(1) 1734 (2) 1805
(3) 1780 (4) 1800
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 05.03.2020 (प्रथम पाली))

130. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म मराठों की कराधान प्रणाली से संबंधित है?
(1) चौथ और सरदेशमुखी
(2) जात और सवार
(3) पोलाज और परौती
(4) इक्ता और जागीर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.03.2020 (द्वितीय पाली))

131. चौसा का युद्ध हुमायूँ और_____के बीच लड़ा गया था।
(1) शेरशाह सूरी (2) नादिर शाह
(3) हेमू (4) कृष्णदेव राय
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.03.2020 (द्वितीय पाली))

132. शिवाजी महाराज के शासन-काल में मंत्रिपरिषद् को किस नाम से जाना जाता था?
(1) अष्ट प्रधान (2) नवरत्न
(3) अग्रहारम (4) अष्ट दिग्गज
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.03.2020 (प्रथम पाली))

133. राणा सांगा के नेतृत्व में राजपूत सेनाओं और बाबर के बीच खनुआ (खानवा) की लड़ाई किस वर्ष हुई थी?
(1) 1527 (2) 1526
(3) 1522 (4) 1529
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.03.2020 (द्वितीय पाली))

134. निम्नलिखित में से किसने 'दीन-ए-इलाही' आरंभ किया था ?
(1) अकबर (2) बाबर
(3) जहाँगीर (4) हुमायूँ
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (द्वितीय पाली))

135. शेरशाह सूरी का मकबरा कहां स्थित है?
(1) रोहतासगढ़ (2) सासाराम
(3) चौसा (4) दिल्ली
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 17.03.2020 (प्रथम पाली))

136. मुगल साम्राज्य के शासकों का सही क्रम कौन सा है?
(1) बाबर, हुमायूँ, औरंगजेब, जहाँगीर, शाहजहाँ, बहादुर शाह, अकबर
(2) बाबर, औरंगजेब, हुमायूँ, जहाँगीर, शाहजहाँ, बहादुर शाह, अकबर
(3) बाबर, हुमायूँ, अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब, बहादुर शाह
(4) बाबर, जहाँगीर, हुमायूँ, अकबर, बहादुर शाह, शाहजहाँ, औरंगजेब
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.10.2020 (प्रथम पाली))

137. कालिंजर का किला, जो मध्यकाल के दौरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण किला था ___में स्थित है।
(1) सिंध (2) राजस्थान
(3) उत्तर प्रदेश (4) पंजाब
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

138. निम्न में से कौन, मारवाड़ के राजपूत साम्राज्य से संबंध नहीं रखता था।
(1) मालदेव (2) राणा कुंभा
(3) राव चंदा (4) राव जोधा
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

139. 16वीं शताब्दी में किस भारतीय शासक ने चांदी का सिक्का जारी किया और इसे रुपये का नाम दिया ?
(1) हेमू (2) कृष्णदेवराय
(3) शेरशाह सूरी (4) अकबर
(दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा, 02.12.2020 (तृतीय पाली))

140. औरंगजेब ने _____ की अवधि के दौरान मुगल साम्राज्य पर शासन किया।
(1) 1655 से 1709 ईस्वी
(2) 1658 से 1707 ईस्वी
(3) 1657 से 1709 ईस्वी
(4) 1656 से 1708 ईस्वी
(दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा, 03.12.2020 प्रथम पाली)

141. शेरशाह सूरी और हुमायूँ के बीच कन्नौज का युद्ध कब लड़ा गया था ?
(1) 1534 (2) 1536
(3) 1538 (4) 1540
(दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा, 03.12.2020 प्रथम पाली)

142. निम्न में से किसका प्रशासन एक ऐसा मॉडल बना, जिसका अनुसरण अकबर ने किया, जब उसने मुगल साम्राज्य को संगठित किया?
(1) शेरशाह सूरी
(2) गयासुद्दीन बलबन
(3) इल्तुतमिश
(4) बहलूल लोदी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 17.08.2021 (प्रथम पाली))

143. जैसा कि अबुल फजल-ए-अल्लामी द्वारा लिखित 'आइन-ए-अकबरी' में वर्णित है, 'गज' (लंबाई मापने की इकाई) को _____ नामक समान भागों में विभाजित किया गया था।
(1) तस्सुज (tassuj)
(2) लिक्षा (liksha)
(3) राजाकन (rajahkan)
(4) अंगुल (angul)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

144. सिंकदरा में सम्राट _____ का मकबरा है।
(1) जहाँगीर (2) शाहजहाँ
(3) अकबर (4) हुमायूँ
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

145. मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध संगीतकारों में से एक तानसेन निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट के दरबार में थे?
(1) अकबर (2) औरंगजेब
(3) बाबर (4) हुमायूँ
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

146. 'मान कौतुहल' नामक पुस्तक मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित में से किस राजा द्वारा संकलित की गई थी?
(1) राजा मानसिंह तोमर
(2) कृष्णा II
(3) परान्तक वीरनारायण
(4) राजशेखर वर्मन
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

TYPE–III

1. भारत में पहली फ्रेंच फैक्टरी कहाँ स्थापित की गई थी?
(1) सूरत (2) पांडीचेरी
(3) चंदननागोर (4) मछलीपट्नम
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

2. सिख धर्म की पवित्र पुस्तक कौन-सी है ?
(1) भगवद् गीता (2) बाणी
(3) गुरुमुखी (4) गुरु ग्रंथ साहब
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 16.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

3. 1651 में मुगलों द्वारा बंगाल में किस स्थान पर ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार करने और फैक्टरी बनाने की अनुमति दी गई थी?
(1) कलकत्ता (2) कासिम बाजार
(3) सिंगूर (4) बर्दवान
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–19.06.2011 प्रथम पाली)

4. नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट करने वाला मुस्लिम साहसिक था
(1) अलाउद्दीन खिलजी
(2) मुहम्मद बिन तुगलक
(3) मुहम्मद बिन बख्तियार
(4) मुहम्मद बिन कासिम
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–26.06.2011 द्वितीय पाली)

5. 'मोती-मस्जिद' निम्न में से किस नगर में स्थित है?
(1) आगरा (2) जयपुर
(3) लाहौर (4) अहमदाबाद
(SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टॉफ परीक्षा–27.02.2011)

6. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी गलत है?
(1) बाबर बनाम संग्राम सिंह
(2) शेरशाह बनाम हुमायूँ
(3) चंगेज खाँ बनाम अलाउद्दीन खिलजी
(4) अकबर बनाम हेमु
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011)

7. भारत आने वाले प्रथम यूरोपीय कौन थे?
(1) ब्रिटिश (2) डच
(3) फ्रांसीसी (4) पुर्तगाली
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-10.09.2016, Shift-II)

8. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट को हिन्दी गीतों की रचना का श्रेय प्राप्त है?
(1) बाबर (2) अकबर
(3) जहाँगीर (4) शाहजहाँ
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 Delhi IInd setting)

9. निम्नलिखित में से किसका अपने समकालीन मुगल बादशाह के साथ मिलान गलत हुआ है?
(1) राणा सांगा – बाबर
(2) पृथ्वीराज चौहान – अकबर
(3) जुझार सिंह – शाहजहाँ
(4) जसवंत सिंह – औरंगजेब
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 East Zone)

10. कोणार्क में प्रसिद्ध सूर्य मंदिर का निर्माण किसने कराया था ?
(1) प्रतापरुद्र (2) अनंतवर्मन
(3) नरसिम्हा-प्रथम (4) नरसिम्हा-द्वितीय
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 प्रथम पाली)

11. गुरु नानक का उत्तराधिकारी कौन है ?
(1) गुरु अंगद (2) गुरु रामदास
(3) गुरु अर्जन (4) गुरु हरगोबिन्द
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014 प्रथम पाली)

12. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही-सही मेल **नहीं** खाता?
(1) मार्कोपोलो – इटली
(2) अलबेरुनी – उज्बेकिस्तान
(3) इब्न बतूता – मोरक्को
(4) निकेतिन – समरकंद
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

13. यादव राजाओं की राजधानी कौन-सी थी?
(1) देवगिरी (2) वाराणसी
(3) काँचीपुरम् (4) कृष्णागिरी
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

14. दी गई घटनाओं को उनके कालानुक्रम अनुसार लगाएँ।
1. सिपाही विद्रोह
2. वास्को डी गामा भारत पहुँचा
3. बाबर द्वारा मुगल साम्राज्य की शुरुआत
(1) 1, 3, 2 (2) 3, 1, 2
(3) 2, 3, 1 (4) 3, 2, 1
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (प्रथम पाली) 07.07.2017)

15. संत रामानंद निम्न में से किस शाखा से संबद्ध थे?

(1) राममार्गी (2) प्रेमाश्रयी

(3) ज्ञानाश्रयी (4) कर्माश्रयी

(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 19.03.2018)

16. निम्न में से कौन-सा ग्रंथ सूरदास का **नहीं** है?

(1) सूरसतसई

(2) सूर सरावली

(3) साहित्य लहरी

(4) सूरसागर

(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 21.03.2018)

17. निम्नलिखित राजाओं में से किसने ओडिशा में कोणार्क मंदिर बनवाया था?

(1) भानु देव

(2) अनंतवर्मन चोडगंगादेव

(3) नरसिंह देव प्रथम

(4) अनंग भीम देव

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 05.07.2019 (तृतीय पाली)

19. निम्नलिखित में से किस प्रतिहार शासक ने वर्तमान भोपाल शहर बनाया था?

(1) महेंद्र भोज (2) राज्यपाल

(3) विजयसेन (4) मिहिर भोज

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (प्रथम पाली)

19. 14वीं शताब्दी की शुरुआत में चोल साम्राज्य पर_____ ने हमला किया था।

(1) मलिक काफूर

(2) तैमूर

(3) मोहम्मद गौरी

(4) चंगेज खान

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (द्वितीय पाली)

20. प्रसिद्ध खजुराहो स्मारक-समूह का निर्माण किसके द्वारा कराया गया था?

(1) सोलंकी

(2) गढ़वाल

(3) चालुक्य

(4) चंदेल

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (तृतीय पाली)

21. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रंथ कश्मीर के राजाओं का विस्तृत वितरण देता है?

(1) राजतरंगिणी

(2) दीपवंश

(3) विनय पिटक

(4) कथा सरिता सागर

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 11.07.2019 (प्रथम पाली)

22. मध्यकालीन भारतीय- इस्लामिक वास्तुकला के संदर्भ में 'पिष्टक' (Pishtaq) का अर्थ क्या है?

(1) गुंबद

(2) लंबा प्रवेशद्वार

(3) टू आर्च (वास्तविक मेहराब)

(4) पानी की टंकी

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 16.08.2021 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

TYPE–I

1. (1)	**2.** (2)	**3.** (1)	**4.** (2)
5. (1)	**6.** (2)	**7.** (2)	**8.** (2)
9. (3)	**10.** (3)	**11.** (1)	**12.** (1)
13. (3)	**14.** (3)	**15.** (2)	**16.** (1)
17. (4)	**18.** (2)	**19.** (*)	**20.** (4)
21. (2)	**22.** (2)	**23.** (1)	**24.** (4)
25. (3)	**26.** (4)	**27.** (2)	**28.** (4)
29. (2)	**30.** (2)	**31.** (2)	**32.** (4)
33. (3)	**34.** (3)	**35.** (1)	**36.** (2)
37. (4)	**38.** (1)	**39.** (3)	**40.** (3)
41. (1)	**42.** (2)	**43.** (1)	**44.** (3)
45. (3)	**46.** (2)	**47.** (2)	**48.** (1)
49. (2)	**50.** (3)	**51.** (3)	**52.** (3)
53. (3)	**54.** (2)	**55.** (4)	**56.** (3)
57. (2)	**58.** (1)	**59.** (4)	**60.** (2)
61. (3)	**62.** (4)	**63.** (1)	**64.** (2)
65. (3)	**66.** (4)	**67.** (4)	**68.** (1)
69. (2)	**70.** (4)	**71.** (3)	**72.** (1)
73. (1)	**74.** (4)	**75.** (1)	**76.** (3)
77. (4)	**78.** (4)	**79.** (3)	**80.** (2)
81. (1)	**82.** (4)	**83.** (1)	**84.** (2)
85. (3)	**86.** (3)	**87.** (4)	**88.** (2)
89. (3)	**90.** (3)	**91.** (3)	**92.** (2)
93. (4)	**94.** (2)	**95.** (3)	**96.** (3)
97. (1)	**98.** (1)	**99.** (4)	**100.** (2)
101. (2)	**102.** (2)	**103.** (3)	**104.** (3)
105. (1)	**106.** (1)	**107.** (1)	**108.** (2)
109. (1)	**110.** (3)	**111.** (4)	**112.** (4)
113. (3)	**114.** (2)	**115.** (4)	**116.** (2)
117. (3)	**118.** (3)		

TYPE–II

1. (1)	**2.** (3)	**3.** (3)	**4.** (4)
5. (1)	**6.** (3)	**7.** (4)	**8.** (2)
9. (4)	**10.** (3)	**11.** (2)	**12.** (2)
13. (2)	**14.** (3)	**15.** (3)	**16.** (2)
17. (1)	**18.** (1)	**19.** (2)	**20.** (1)
21. (2)	**22.** (1)	**23.** (2)	**24.** (3)
25. (3)	**26.** (4)	**27.** (4)	**28.** (1)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (3)	**32.** (2)
33. (2)	**34.** (4)	**35.** (3)	**36.** (3)
37. (3)	**38.** (3)	**39.** (3)	**40.** (3)
41. (4)	**42.** (4)	**43.** (2)	**44.** (3)
45. (1)	**46.** (2)	**47.** (2)	**48.** (2)
49. (2)	**50.** (2)	**51.** (1)	**52.** (3)
53. (4)	**54.** (4)	**55.** (1)	**56.** (2)
57. (2)	**58.** (2)	**59.** (1)	**60.** (2)
61. (2)	**62.** (4)	**63.** (3)	**64.** (3)
65. (4)	**66.** (4)	**67.** (2)	**68.** (3)
69. (3)	**70.** (2)	**71.** (2)	**72.** (3)
73. (1)	**74.** (4)	**75.** (*)	**76.** (1)
77. (4)	**78.** (3)	**79.** (2)	**80.** (4)
81. (1)	**82.** (4)	**83.** (3)	**84.** (2)
85. (3)	**86.** (3)	**87.** (3)	**88.** (1)
89. (2)	**90.** (2)	**91.** (4)	**92.** (1)
93. (2)	**94.** (1)	**95.** (3)	**96.** (2)
97. (3)	**98.** (3)	**99.** (2)	**100.** (1)
101. (1)	**102.** (4)	**103.** (3)	**104.** (3)
105. (4)	**106.** (4)	**107.** (1)	**108.** (2)
109. (3)	**110.** (1)	**111.** (4)	**112.** (4)
113. (3)	**114.** (3)	**115.** (4)	**116.** (1)
117. (3)	**118.** (3)	**119.** (1)	**120.** (3)
121. (3)	**122.** (3)	**123.** (2)	**124.** (3)
125. (3)	**126.** (3)	**127.** (4)	**128.** (2)
129. (1)	**130.** (1)	**131.** (1)	**132.** (1)
133. (1)	**134.** (1)	**135.** (2)	**136.** (3)
137. (3)	**138.** (2)	**139.** (3)	**140.** (2)
141. (4)	**142.** (1)	**143.** (1)	**144.** (3)
145. (1)	**146.** (1)		

TYPE–III

1. (1)	**2.** (4)	**3.** (2)	**4.** (3)
5. (1)	**6.** (3)	**7.** (4)	**8.** (4)
9. (2)	**10.** (3)	**11.** (1)	**12.** (4)
13. (1)	**14.** (3)	**15.** (1)	**16.** (1)
17. (3)	**18.** (4)	**19.** (1)	**20.** (4)
21. (1)	**22.** (2)		

उत्तर व्याख्यासहित

TYPE–I

1. (1) दिल्ली सल्तनत का प्रथम शासक कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.) था जिसकी मृत्यु पोलो खेलते समय घोड़े से गिरकर हुयी थी। मुईजुद्दीन (मुहम्मद गोरी) की जगह (1206 ई. में) उसके तुर्क गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक ने ली जिसने भारत में तुर्क सल्तनत के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐबक ने मामलूक वंश की स्थापना की थी मामलूक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है संपत्ति या अपनाया हुआ। भारत में तुर्क विजय को वास्तव में सुदृढ़ बनाने वाला सुल्तान इल्तुतमिश था।

2. (2) दिल्ली सल्तनत के शासकों ने भारत के बहुत बड़े भू-भाग पर 1206 ई. से 1526 ई. तक अर्थात् 320 वर्षों तक शासन किया। बाबर ने दिल्ली सल्तनत के अन्तिम शासक इब्राहिम लोदी को पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में हराकर भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी थी।

3. (1) नासिरुद्दीन महमूद का काल बलबन के उत्कर्ष का काल था। उसके समय में सम्पूर्ण शक्ति बलबन के हाथों में केन्द्रित थी। अगस्त 1249 ई. में बलबन ने अपनी पुत्री का विवाह नासिरुद्दीन से कर दिया। इस अवसर पर उसे 'उलुग खाँ' की उपाधि एवं दरबार में उच्च पद दिया गया। 1266 ई. में नासिरुद्दीन की मृत्यु के बाद बलबन गद्दी पर बैठा।

4. (2) मंगोल नेता चंगेज खाँ ने पर्शिया (ईरान) के शासक जलालुद्दीन मुहम्मद ख्वारिज्म शाह का सम्पूर्ण साम्राज्य नष्ट कर दिया। ख्वारिज्म शाह का पुत्र जलालुद्दीन मंगबर्नी भाग कर भारत की ओर आया। चंगेज खाँ भी उसका पीछा करता हुआ सिन्ध नदी तक आ पहुँचा। इसी समय चंगेज खाँ इल्तुतमिश के दरबार में अपना दूत भेजा और इल्तुतमिश को सावधान किया कि जलालुद्दीन मंगबर्नी की सहायता न करे। इल्तुतमिश ने मंगबर्नी की मदद नहीं की। इस प्रकार इल्तुतमिश की दूरदर्शिता ने तुर्की राज्य को मंगोल आक्रमण से बचा लिया।

5. (1) इल्तुतमिश ने अपने गुलाम सरदारों का एक गुट बनाया था जिसे चालीसा दल कहा गया। शासक बनने से पूर्व बलबन भी इस गुट का सदस्य था तथा सुल्तानों और सरदारों के मध्य हुए संघर्ष में सक्रिय भाग लिया था। वह भली भाँति जानता था कि सुल्तान की प्रतिष्ठा और उसके वंश की सुरक्षा के लिए इस गुट को समाप्त करना आवश्यक है। इस उद्देश्य से सर्वप्रथम उसने अन्य तुर्कों को महत्त्वपूर्ण पद देकर चालिसा सरदारों के समकक्ष बनाया। तत्पश्चात् चालिसा गुट के सदस्यों को साधारण अपराधों के लिए कठोर दण्ड दिया। शेर खाँ, बलबन का चचेरा भाई था। वह चालिसा गुट का योग्य और प्रमुख सदस्य था तथा बलबन का सबसे शक्तिशाली विरोधी सरदार था। बलबन ने उसे विष देकर मरवा डाला क्योंकि बलबन उसकी योग्यता तथा महत्वाकांक्षा से भयभीत था। शेर खाँ की मृत्यु से चालीसा गुट पूरी तरह नष्ट हो गया।

6. (2) बरनी के अनुसार अलाउद्दीन ने एक नए धर्म की स्थापना तथा विश्व विजेता की योजना बनाई और सिकन्दर द्वितीय की उपाधि धारण की। उसने अपने सिक्कों और सार्वजनिक प्रार्थनाओं में भी स्वयं को द्वितीय सिकन्दर घोषित किया।

7. (2) तुगलक वंश के सुल्तानों ने सबसे अधिक समय (94 वर्ष) तक शासन किया था।

वंश	(वर्ष)
1. मामलुक (दास) वंश (1206-1290ई.)	84
2. खिलजी वंश (1290-1320)	30
3. तुगलक वंश (1320-1414)	94
4. सैय्यद वंश (1414-1450)	36
5. लोदी वंश (1450-1526)	76

प्रश्नानुसार-

(1) खिलजी वंश-30-(1290-1320) (2) तुगलक वंश-94-(1320-1414)

(3) दास वंश-84-(1206-1290) (4) सैय्यद वंश-76-(1450-1526)

8. (2) सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक में व्यावहारिक निर्णय शक्ति एवं सामान्य बुद्धि का अभाव था। वह सैद्धांतिक ज्ञान के आवेश में आकर ऊँचे सिद्धांतों एवं काल्पनिक योजनाओं में डूबा रहता था। यद्यपि उसकी योजनाएँ सिद्धांत रूप से ठोस रहती थीं। कभी-कभी राजनीतिक दृष्टि से उपयोगी भी होती थी पर वास्तविक रूप में वे अव्यावहारिक सिद्ध हुई।

9. (3) फिरोज तुगलक ने कृषि एवं सिंचाई के विकास के लिए कई महत्त्वपूर्ण कार्य किया। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता दिया। सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए फिरोज तुगलक ने पांच नहरों का निर्माण करवाया (यमुना नदी से हिसार तक, सतलज से घग्घर तक, सिरमौर की पहाड़ी से हांसी तक, यमुना से फिरोजाबाद तक) फिरोज तुगलक एक महान भवन निर्माता भी था। अपने निर्माण कार्य के लिए उसने लोक निर्माण विभाग की स्थापना की थी। नहरों, सड़कों और पुलों के निर्माण के अतिरिक्त फिरोज तुगलक ने नए नगरों की स्थापना की तथा पुराने किलों का जीर्णोद्धार किया।

10. (3) लोदी वंश की स्थापना बहलोल लोदी (1451- 1489 ई.) ने की थी। 1451 ई. में बहलोल लोदी 'गाजी' की उपाधि के साथ दिल्ली की गद्दी पर बैठा।

11. (1) बीजापुर के गोल गुम्बज मस्जिद का निर्माण मुहम्मद आदिल शाह ने करवाया था। इसका पूर्ण रूप से निर्माण 1656 ई. में हुआ। इस गोल गुम्बज का वास्तुकार दाबुल का याकूत था।

12. (1) चाँद बीबी अहमदनगर के हुसैन निजाम शाह की पुत्री थी, जिसका विवाह बीजापुर के अली आदिल शाह से हुआ था। वह बीजापुर के मुस्लिम राज्य की रानी थी। उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका अवयस्क भतीजा इब्राहिम आदिल शाह बीजापुर के सिंहासन पर सत्तारूढ़ हुआ। चाँद बीबी इस राज्य की प्रतिशासक (रीजेंट) और वास्तविक शासक बन गई। हालांकि, बाद में वह अपनी मातृभूमि अहमदनगर को लौट गई और अवयस्क शासक बहादुरशाह के सिंहासन संभालने के योग्य होने तक रानी रीजेंट बनी रही। रानी ने रीजेंट के रूप में अपनी क्षमता का परिचय देते हुए राजकुमार मुराद के नेतृत्व में मुगल सम्राट अकबर की सेना को पराजित किया। उसके बाद उसने तीन वर्ष तक रानी के रूप में शासन किया। अहमदनगर की रानी रीजेंट (1596-99) के रूप में उसे 1595 में सम्राट अकबर की मुगल सेनाओं के विरुद्ध अहमदनगर की रक्षा करने के लिए जाना जाता है।

13. (3) मीराबाई सोलहवीं सदी के भारत के महान सन्तों में थी। वे मेड़ता के रतन सिंह राठौर की एक मात्र कन्या थी। उनका विवाह जून 1516 ई. में मेवाड़ (सिसोदिया वंश) के राणा साँगा के ज्येष्ठपुत्र भोजराज से हुआ था। मीरा के भजन ब्रजभाषा और राजस्थानी में रचे गये हैं। उनके कुछ पद गुजराती में भी हैं। ये भजन कृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति भावना से ओत-प्रोत हैं।

14. (3) शंकराचार्य ने देश के चारों दिशाओं में प्रसिद्ध मठ की स्थापना की। पूर्व में पुरी, पश्चिम में द्वारका, उत्तर में केदारनाथ, दक्षिण में श्रृंगेरी। शंकराचार्य के मत को अद्वैतवाद कहा जाता है। यह उपनिषद् के बहुत निकट है।

15. (2) सूफी परम्परा में पीर का अर्थ है (गुरु) तथा शिष्य को (मुरीद) कहा जाता है। पीर और मुरीद में बहुत गहरा सम्बन्ध होता है। सूफी दर्शन केवल एक ईश्वर में विश्वास करता था।

16. (1) हम्पी विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी जहाँ आज भी इस महान साम्राज्य के अवशेष देखे जा सकते हैं। कृष्णदेव राय ने हम्पी में कृष्णस्वामी, हजारा रामास्वामी एवं विट्ठल स्वामी मन्दिर का निर्माण कराया था।

17. (4) इब्राहिम लोदी दिल्ली का अंतिम सम्राट था। 1517 ई. में सिकन्दर लोदी की मृत्यु के बाद इब्राहिम लोदी तख्त पर बैठा था। एक केंद्रीकृत साम्राज्य बनाने के लिए इब्राहिम के प्रयासों ने अफगान सरदारों को चौकन्ना कर दिया और वे इब्राहिम को उखाड़ फेंकने की ताक में थे तभी उन्हें बाबर के रूप में 1526 में यह मौका मिला जब पानीपत के युद्ध में लोदी के कुछ सरदारों ने बाबर का साथ दिया और पानीपत में इब्राहिम लोदी की हार के साथ ही सल्तनत युग की समाप्ति भी हुयी क्योंकि बाबर ने मुगलवंश की स्थापना भारत में की।

18. (2) तराई (तराईन) के प्रथम युद्ध (1191 ई) में मुईजुद्दीन मुहम्मद गोरी को पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने हराया था इस युद्ध में गौरी की सेना पूरी तरह तबाह हो गयी तथा उसकी जान एक खिलजी सवार, ने बचाई थी। पृथ्वीराज ने आगे बढ़कर तबरहिंद को जीता लेकिन पंजाब से तुर्कों को पूरी तरह से नहीं खदेड़ा जिसका परिणाम उसे तराईन के द्वितीय युद्ध (1192 ई.) में हार और मृत्यु के रूप में मिला। इस निर्णायक युद्ध के बाद भारत में तुर्क शासन की स्थापना हुई।

19. (*) भारतीय इतिहास में किसी भी शासक द्वारा सांकेतिक रूप में चमड़े की मुद्रा जारी करने का कोई साक्ष्य नहीं मिलता है। दिल्ली सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने 1329 - 1330 के दौरान सांकेतिक रूप में पीतल और तांबे के सिक्के जारी किए थे। जिनका मूल्य चांदी के सिक्कों के समान था। उसका यह प्रयोग बिल्कुल असफल रहा क्योंकि सांकेतिक रूप से जाली सिक्के बनने की शुरुआत हो गई इससे राजकोष को अपूरणीय क्षति हुई।

20. (4) भक्ति प्रचारक शंकरदेव ने असमिया भाषा का प्रयोग कर उसे लोकप्रिय बनाया इसके अतिरिक्त शंकरदेव संस्कृत तथा ब्रज भाषा में भी लिखते थे भागवत की रचना इन्होंने ब्रज भाषा में की। असम में भक्ति आन्दोलन के प्रचार-प्रसार में शंकर देव ने प्रमुख भूमिका निभायी थी। इनके समकालीन संतों में रामानन्द कबीर चैतन्यमहाप्रभु आदि थे।

21. (2) तराइन का द्वितीय युद्ध, 1192 ई॰ में पृथ्वीराज चौहान को मुहम्मद गोरी ने हराया था जबकि तराइन के प्रथम युद्ध 1191 में मुहम्मद गोरी को हार का सामना करना पड़ा था।

22. (2) अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल के दौरान मंगोलों ने भारत पर अधिक बार आक्रमण किए। अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल के अंतिम वर्षों को छोड़कर मंगोलों ने अलाउद्दीन खिलजी के पूरे शासन काल के दौरान भारत की सुरक्षा को संकट में डाला। भारत पर आक्रमण करने के लिए उन्होंने गजनी और काबुल को शक्तिशाली अड्डों के रूप में निर्मित किया और उन्हें पंजाब और सिंध के समान विकसित किया। अलाउद्दीन के शासन काल के दौरान उनके आक्रमण पहले की तुलना में अधिक उग्र हो गए थे।

23. (1) इल्तुतमिश दिल्ली सल्तनत का प्रथम सुल्तान था जिसने 1229 में अबु खलीफा से अलंकरण का पत्र प्राप्त किया। इस पत्र के द्वारा उसे वफादार नायब के रूप में सुल्तान पद की वैधानिक मान्यता मिली। इल्तुतमिश ने ही कुतुबमीनार का निर्माण पूर्ण कराया था।

24. (4) बलबन पूर्णतया आश्वस्त था कि केवल फारसी परंपरा का पालन करने से राजतंत्र का यश प्राप्त किया जा सकता है और उसने अपने निजी जीवन में और सार्वजनिक जीवन में इन परंपराओं का सावधानीपूर्वक पालन किया। उसने अपने दरबार में फारसी शिष्टाचार को लागू किया और फारसी रीति-रिवाजों को अपनाया। उसने अपने शासन के लिए वैधता प्राप्त करने के क्रम में ऐसा किया।

25. (3) बाजारों को नियंत्रित करना अलाउद्दीन खिलजी के सबसे महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों में से एक था। अलाउद्दीन एक बड़ी सेना को बनाए रखना चाहता था। इस कारण से उसने दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमत तय की।

26. (4) दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाले वंशों का कालानुक्रम है: गुलाम वंश (1206–1290), खिलजी राजवंश (1290–1320), तुगलक राजवंश (1320–1414), सैयद वंश (1414–1451), और अफगान लोदी वंश (1451–1526)

27. (2) दौलताबाद 14वीं शताब्दी में निर्मित किलों का शहर है, जो महाराष्ट्र के औरंगाबाद में उत्तर-पश्चिम में 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। तुगलक वंश के शासक मुहम्मद बिन तुगलक (1325–1351) के शासन काल में 1327 से दौलताबाद तुगलक वंश की राजधानी रही।

28. (4) दिल्ली सुल्तान इल्तुतमिश के पश्चात् राज्य में षड्यंत्र आरंभ हो गए, ऐसे समय में ग्यासुद्दीन बलबन ने दिल्ली की राजगद्दी संभाली। उस समय देश में विदेशी आक्रमण तेज हो गए थे। बलबन ने अपनी सेना को संगठित किया और कई प्रशासनिक सुधार किए। उसके आदेशानुसार उत्तर-पश्चिम सीमा पर नए मजबूत किलों का निर्माण किया गया। उसने दिल्ली सल्तनत को बिखरने से बचाया। इसलिए उसे दिल्ली सल्तनत का संरक्षक कहा जाता है।

29. (2) फिरोजशाह तुगलक (1351-1388) को दिल्ली सुल्तान के शासकों में मुस्लिम वर्ग के लिए सबसे दयालु सुल्तान माना जा सकता है। वह एक कट्टरवादी मुस्लिम शासक था जिसने हिन्दू ब्राह्मणों पर 'जाजिया' कर लगाया। जजिया कर अलग से लिया जाता था। जजिया कर हिन्दुओं से इस आधार पर वसूला जाता था कि इसका शरियत में कोई वर्णन नहीं किया गया है।

30. (2) दिल्ली सल्तनत के अन्तर्गत तुर्क मुस्लिम शासकों ने दिल्ली पर शासन करते हुए भारत के एक बड़े भू-भाग पर 1206 ई. से लेकर 1526 ई. तक लगभग 320 वर्षों तक शासन किया। दिल्ली सल्तनत के अन्तर्गत क्रमानुसार पाँच शासकों (मामलुक वंश, खिलजी वंश, तुगलक वंश, सैय्यद वंश और लोदी वंश) ने दिल्ली पर शासन किया। कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1206 ई. में इस सल्तनत की स्थापना की थी।

31. (2) 14वीं शताब्दी में मुहम्मद तुगलक के शासन काल के दौरान पहली बार किसी शासक द्वारा सती प्रथा को बंद करने का प्रयास किया गया था। हिन्दुओं के प्रति उसने मैत्रीपूर्ण नीति अपनाई थी, उसने समाज सुधारों को लागू करने के साथ-साथ सती प्रथा के उन्मूलन का प्रयास भी किया था।

32. (4) अलाई दरवाजा कुतुब मीनार परिसर में स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के दक्षिणी छोर की तरफ से मुख्य दरवाजा है। यह भारत की पहली इमारत है जिसके निर्माण और अलंकरण में इस्लामी वास्तुकला के सिद्धांतों का प्रयोग हुआ है। इसका निर्माण 1311 ईस्वी में दिल्ली के दूसरे खिलजी सुल्तान, अलाउद्दीन खिलजी द्वारा किया गया था। इसके गुंबददार प्रवेश द्वार को लाल बलुआ पत्थर, सफेद संगमरमर की सजावट, नस्ख अभिलेख और जालीदार पत्थरों के स्क्रीन से सजाया गया है। यह घोड़े की नाल जैसा मेहराब और वास्तविक गुंबद के प्रथम प्रयोग के लिए भी उल्लेखनीय है।

33. (3) बलबन दिल्ली के ममलुक वंश का नौवां सुल्तान था, उसने गंगा-यमुना दोआब और दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में कानून और व्यवस्था नियंत्रित करने के लिए रक्त और लौह की नीति अपनाई थी। उस समय मेवातियों का हौसला बुलंद था और वे दिल्ली के परिसरों में आकर लोगों को लूट लेते थे। रक्त और लौह की उसकी नीति के परिणामस्वरूप, डाकुओं को बेरहमी से कुचल दिया गया और फाँसी पर लटका दिया गया।

34. (3) इब्नबतूता मोरक्को का एक विद्वान था, उसे मध्यकाल के महानतम मुस्लिम यात्री के रूप में जाना जाता है। उसने 14वीं शताब्दी ई. में अफ्रीका, मध्य पूर्व, और एशिया सहित अधिकांश इस्लामिक विश्व की यात्रा की थी। वह मुहम्मद बिन तुगलक के शासन काल के दौरान भारत आया था। वह सर्वाधिक प्रसिद्ध यात्रा पुस्तकों (यात्रा वृत्तांतों) में से एक रिहलाह (यात्राओं) का लेखक था।

35. (1) लोदी राजवंश (1451–1526) पाँच राजवंशों में से अंतिम राजवंश था जिसने दिल्ली सल्तनत पर क्रमबद्ध तरीके से शासन किया। चार अन्य राजवंश थे: मामलुक राजंवश (1206–90), खिलजी राजवंश (1290–1320), तुगलक राजवंश (1320–1414) और सैय्यद राजवंश (1414–1451)।

36. (2) दक्षिण भारत की विजय के लिए अलाउद्दीन खिलजी ने मलिक काफूर को भेजा। काफूर ने 1294 से 1316 ई. तक दक्षिण भारत में तीन अभियानों का नेतृत्व किया। उसके द्वारा चलाए गए लगातार अभियानों के परिणामस्वरूप अधिकांश दक्षिण भारत दिल्ली शासन के अधीन हो गया और इसे पाँच प्रान्तों: देवगिरी, टिलिंग, काम्पिली, द्वारसमुद्र और मालाबार में विभाजित कर दिया गया।

37. (4) मुहम्मद-बिन-तुगलक ने कई मौद्रिक प्रयोग किए इसीलिए उन्हें धनी राजकुमार या ''प्रिंस ऑफ मनीयर्स'' कहते हैं। 1329–30 में उन्होंने सांकेतिक मुद्रा की शुरुआत की जिसमें ताँबे और पीतल के सिक्कों को चाँदी के सिक्कों के समान माना गया। यह नीति असफल रही क्योंकि उन्होंने निजी और अनाधिकृत रूप से जारी सिक्कों को नियंत्रित करने के लिए कोई नीति नहीं अपनाई और इस प्रकार प्रत्येक घर एक टकसाल बन गया।

38. (1) ढाई दिन का झोंपडा एक प्राचीन वैष्णव हिन्दू मन्दिर है जिसका निर्माण 1153 ई. के दौरान किया गया था और बाद में कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा वर्ष 1193 में इसे एक मस्जिद के रूप में परिवर्तित करवा दिया गया। यह राजस्थान के अजमेर में स्थित तारागढ़ पहाड़ी की ढालों पर स्थित है।

39. (3) मुहम्मद बिन तुगलक ने चीन के शासक कुबलई खान और फारस के शासक गजन खान से प्रेरित होकर सांकेतिक मुद्रा की शुरुआत की। इन शासकों ने भी अपने राज्यों में सांकेतिक मुद्रा प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया था। मुहम्मद बिन तुगलक ने पीतल/ताँबे के सिक्के चलवाए जिनका मूल्य चाँदी के रुपए टंका के बराबर होता था।

40. (3) दिल्ली की स्थापना 736 ई. में राजपूत तोमर वंश के शासक अनंग पाल द्वारा की गई थी। उस समय इसे **'लाल कोट'** के रूप में जाना जाता था। चन्दबरदाई की प्रसिद्ध कृति पृथ्वीराज रासो के अनुसार, अनंग पाल ने धिल्ली में ''किल्ली'' (कील) की स्थापना की थी। यहीं से 'धिल्लीका' नाम में परिवर्तन आना आरंभ हो गया जिसे बाद में दिली या दिल्ली के रूप में जाना जाने लगा।

41. (1) महमूद गजनी गजनवी साम्राज्य का प्रमुख शासक था, उसने 1000 और 1027 ई. के मध्य भारत पर सत्रह बार आक्रमण किया और लूटपाट की। 1027 ई. में उसने गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मन्दिर पर आक्रमण किया। उसके द्वारा बार-बार किए जाने वाले आक्रमणों का उद्देश्य धन प्राप्त करना था।

42. (2) महाराजा सवाई जय सिंह ने दिल्ली, मथुरा, वाराणसी, उज्जैन और जयपुर में पाँच वेधशालाओं का निर्माण कराया। सभी वेधशालाएँ मुख्यत: भारतीय खगोल विज्ञान पर आधारित थीं। सूर्य/चन्द्र ग्रहण की सटीक भविष्यवाणी और अन्य खगोलीय घटनाओं के लिए इन भवनों का प्रयोग किया जाता था। वर्तमान में केवल जयपुर में स्थित वेधशाला परिचालन में है।

43. (1) दोआब क्षेत्र में, कृषि की पैदावार में सुधार करने के लिए मुहम्मद बिन तुगलक ने अलग से एक कृषि विभाग की स्थापना की थी जिसे दीवान-ए-आमिर-कोही कहते थे। इस विभाग ने दोआब क्षेत्र को विकास खण्डों में विभाजित किया जिसकी अध्यक्षता एक अधिकारी द्वारा की जाती थी, जो किसानों को ऋण प्रदान करता था और उन्हें उन्नत फसलों की खेती के लिए प्रेरित करता था।

44. (3) मुहम्मद गोरी का पूर्व गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक दिल्ली का प्रथम सुल्तान था। कुतुबुद्दीन ने मामलुक वंश या गुलाम वंश की स्थापना की जो 1206 से 1290 तक भारत के दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाले प्रथम पाँच वंशों से असंबद्ध था। कुतुबुद्दीन ने 1206 से 1210 ई. तक शासन किया।

45. (3) दक्कन सल्तनत और विजयनगर साम्राज्य के मध्य लड़ा गया तालिकोटा का युद्ध एक महत्त्वपूर्ण युद्ध था। इस युद्ध के समय तुलुव वंश का राजा सदाशिव राय विजयनगर का शासक था। सदाशिव राय एक कठपुतली शासक था, शासन की वास्तविक शक्ति उसके मंत्री राम राय के हाथ में थी। इस युद्ध में विजयनगर की हार हुई जिससे विजयनगर साम्राज्य आगे निरन्तर कमजोर होता गया।

46. (2) बरनी के अनुसार, सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने 1326-1327 ई. में अपनी राजधानी को दिल्ली से दक्कन के देवगिरी (दौलताबाद) में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया था। नई राजधानी केन्द्र में स्थित थी और उत्तर-पश्चिमी सीमा से दूर होने के कारण सुरक्षित थी और इस प्रकार मंगोलों से सुरक्षित थी। राजधानी को स्थानांतरित करने की योजना के कारण खजाने को भारी वित्तीय नुकसान हुआ।

47. (2) 1330 ई. में दिल्ली के सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने सांकेतिक सिक्के जारी किए, अर्थात् पीतल और ताँबे के सिक्के ढाले गए जिनकी कीमत सोने और चाँदी के सिक्कों के समान थी। हालांकि, इन सिक्कों में कलात्मक डिजाइन और परिपूर्णता की कमी थी और यहाँ तक कि राजा के प्रशासकों ने भी डिजाइन की सुरक्षा का प्रबंध करने और बचाव करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। परिणामस्वरूप जाली सिक्कों की भरमार हो गई, अंतत: यह योजना सफल न हो सकी।

48. (1) दिल्ली सल्तनत के चौथे वंश, सैय्यद वंश की स्थापना खिज्र खाँ ने 1414 ई. में की थी। इस वंश की स्थापना तैमूर के आक्रमण और तुगलक वंश के पतन के शीघ्र बाद की गई थी। खिज्र खाँ तुगलक शासक फिरोजशाह तुगलक के अधीन मुल्तान का गवर्नर था।

49. (2) इल्तुतमिश ने चांदी की टंका और ताँबे के जीतल के रूप में दिल्ली सल्तनत के दो सिक्के जारी किए। इल्तुतमिश भारत में "शुद्ध अरबी सिक्का" जारी करने वाला प्रथम शासक था। शेरशाह सूरी और अकबर द्वारा जारी मुद्रा 'रुपिया' और वर्तमान में प्रचलित रुपये द्वारा इसका स्थान ग्रहण करने तक टंका प्रचलन में रहा।

50. (3) दिल्ली के कुतुब कॉम्प्लेक्स में स्थित लौह स्तंभ की ऊँचाई लगभग 7 मी. (23 फुट) है। यह अपने निर्माण में प्रयुक्त धातुओं के जंग-रोधी संयोजन के लिए प्रसिद्ध है। संक्षारण की अपनी अधिक प्रतिरोधकता के कारण यह स्तंभ पुरातत्त्वविदों और द्रव्यात्मक (material) वैज्ञानिकों के ध्यानाकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। संक्षारण-प्रतिरोधकता मुख्यत: अधिक फास्फोरस की मात्रा वाले लोहांश पर निर्मित क्रिस्टलीय आयरन हाइड्रोजन फॉस्फेट हाइड्रेट की परत का परिणाम है, जो जलवायु से इसकी रक्षा करता है।

51. (3) अमीर खुसरो (1253-1325) बलबन, जलालुद्दीन खिलजी और अलाउद्दीन खिलजी के समकालीन थे। उन्होंने बलबन के भतीजे मलिक छज्जू और बाद में शासक बलबन के शासनकाल में दरबारी कवि के रूप में अपने जीवन की शुरुआत की। बाद में उन्होंने जलालुद्दीन खिलजी और अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल का इतिहास लिखा।

52. (3) दिल्ली सल्तनत के दौरान इस्लाम आधिकारिक धर्म था, जबकि फारसी दरबारी भाषा थी। फारसी आधिकारिक भाषा थी जिसके परिणामस्वरूप यह भाषा शीघ्र ही पूरे भारत में प्रचलित हो गई। हालांकि, अन्य भाषाएँ जैसे अरबी, हिन्दी इत्यादि भाषा भी बोलने में प्रयुक्त की जाती थी।

53. (3) चचनामा को फतेहनामा सिंध के रूप में भी जाना जाता है। यह सिंध के इतिहास विशेष रूप से चच राजवंश के काल, जिसे अरबों ने 8वीं शताब्दी के आरंभ में मुहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में पराजित किया था, से संबंधित इतिहास का वर्णन करने वाली एक प्रमुख पुस्तक है। यह अरबों के इतिहास से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है। इस पुस्तक को काजी इस्माइल द्वारा अरबी भाषा में लिखा गया था, जो सिंध विजय के बाद मुहम्मद बिन कासिम द्वारा नियुक्त होने वाला एलोर का प्रथम काजी था।

54. (2) मुहम्मद बिन तुगलक ने 1327 में अपनी राजधानी को दिल्ली से दौलताबाद स्थानान्तरित करने का आदेश दिया। दौलताबाद को देवगिरी के रूप में भी जाना जाता है, यह वर्तमान में महाराष्ट्र में है। राजधानी को स्थानान्तरित करने का निर्णय उसके द्वारा लिए गए विवादित निर्णयों में से एक था, क्योंकि दिल्लीवासियों को अपने घरों को छोड़कर, अपने घर की महिलाओं, बच्चों और अपनी सम्पत्ति (जिन्हें वे साथ रख सकते थे) के साथ 700 मील दूर दक्षिण की ओर जाने के लिए बाध्य होना पड़ा। 40 दिन की इस यात्रा में कई लोग मारे गए और केवल कुछ ही लोग जीवित बचे।

55. (4) "किताब तारीख अल-हिन्द" (भारत का इतिहास) नामक पुस्तक में अल-बरूनी ने भारत की अपनी यात्रा का वर्णन किया है। उसने 1017 ई. में महमूद गजनी के साथ भारत की यात्रा की थी। इस पुस्तक में अल-बरूनी ने धर्म, इतिहास, भूगोल, भू-विज्ञान, विज्ञान और गणित सहित भारतीय जीवन के लगभग प्रत्येक पहलू का वर्णन किया है। उसने इस पुस्तक में हिन्दू सम्प्रदाय के सामान्य जीवन और विद्वतापूर्ण क्षेत्रों का प्रमाण दिया है।

56. (3) फिरोज शाह तुगलक ने कई शहरों का निर्माण किया। 1354 में, इसने फिरोजाबाद का निर्माण किया जो दिल्ली का चौथा शहर (किला राय पिथोरा, सिरी और तुगलकबाबाद पहले थे) था। उन्होंने जौनपुर (उत्तर प्रदेश में), हिसार, जिन्हें पहले हिसार-फिरोजा, फतेहाबाद (हरियाणा में दोनों) और फिरोजपुर (पंजाब में) के नाम से जाना जाता था, की स्थापना की। कुछ अन्य शासकों ने भी नए शहरों की स्थापना का दावा किया है।

57. (2) कुव्वत-उल-इस्लाम (इस्लाम के विषय) मस्जिद के आंगन में स्थित लौह स्तंभ, 23 फीट ऊँचा, गुप्त काल के दिनांकित 4वीं या 5वीं शताब्दी से संस्कृत शिलालेख के साथ किया गया है। इस स्तंभ को विष्णु मंदिर से लिया गया था और जटिल के निर्माण से पहले इस स्थान पर रखा गया। 1192 में भारत में इस्लामी शासन की शुरूआत के लिए कुतुबुद्दीन ऐबक, दिल्ली में गुलाम वंश के संस्थापक (1206-90) द्वारा कुतुब मीनार परिसर शुरू किया गया था।

58. (1) बहमनी साम्राज्य की स्थापना 1347 ई. में हसन गंगू बहमनी ने की थी। अपने राज्याभिषेक के बाद, उसने अलाउद्दीन हसन बहमन शाह (1347–58) की पदवी धारण की। इस कारण से इस राज्य को बहमनी साम्राज्य कहा जाता है। उन्होंने अपनी राजधानी गुलबर्गा में स्थापित की, जो 1424 तक बना रहा, बाद में अहमद शाह ने राजधानी को बीदर में स्थानांतरित कर दिया।

59. (4) इल्तुतमिश भारत का पहला सुल्तान था जिसे खलीफा ने मान्यता दी थी। वह मंगोल आक्रमण के खतरे से और साथ ही एल्दोज और कुबाचा दोनों के हमलों से दिल्ली के सिंहासन को सुरक्षित रखने में सफल रहा था। इल्तुतमिश ने दिल्ली सल्तनत के दो सिक्के रजत टका और ताँबे के जीतल की शुरुआत की।

60. (2) विजयनगर साम्राज्य दक्षिण भारत के दक्कन पठार क्षेत्र में स्थित एक हिंदू साम्राज्य था। विजयनगर मंदिरों के निर्माण में मूर्तिकला वास्तुकला से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई हैं। ऐतिहासिक और वास्तुशिल्प के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में हंपी उल्लेखनीय है, विशेषकर यहाँ का विरुपाक्ष मंदिर जो विजयनगर शासकों के संरक्षक देवता, भगवान विरुपाक्ष को समर्पित है, यही कारण है कि अक्सर विरुपाक्षपुर और विजयनगर के रूप में भी जाना जाता है।

61. (3) इल्तुतमिश के शासन काल के दौरान, देश के लिए सबसे बड़ा खतरा चंगेज खान के नेतृत्व में मंगोलों का संभावित आक्रमण था। चंगेज खान ने गजनी और पेशावर पर अधिकार कर लिया तथा ख्वारिज्म वंश के शासक अलाउद्दीन मुहम्मद को कैस्पियन सागर की ओर खदेड़ दिया जहाँ 1220 में उसकी मृत्यु हो गई। उसका उत्तराधिकारी जलालुद्दीन मंगबर्नी हुआ जो मंगोलों के आक्रमण से भयभीत होकर गजनी चला गया। चंगेज खान ने उसका पीछा किया और सिंधु नदी के तट पर उसको हरा दिया। जलालुद्दीन सिंधु नदी को पार कर भारत आ गया जहाँ उसने दिल्ली के सुल्तान इल्तुतमिश से सहायता की फरियाद की। इल्तुतमिश ने शक्तिशाली चंगेज खान के भय से उसको सहायता देने से इंकार कर दिया।

इस समय चंगेज खान ने सिंधु नदी को पार कर उत्तरी भारत और असम के रास्ते मंगोलिया वापस लौटने की सोची पर असह्य गर्मी, प्राकृतिक आवास की कठिनाईयों तथा उसके शमन निमितज्ञों द्वारा मिले अशुभ संकेतों के कारण वो जलालुद्दीन मंगबर्नी के विरुद्ध एक सैनिक टुकड़ी छोड़ कर वापस लौट गया। इस तरह भारत में उसके न आने से तत्कालीन भारत एक संभावित लूटपाट और वीभत्स उत्पात से बच गया। अपने जीवन का अधिकांश भाग युद्ध में व्यतीत करने के बाद सन् 1227 में चंगेज खान की मृत्यु हो गई।

62. (4) नक्शबंदी पद्धति की उत्पत्ति सिलसिला ख्वाजागन से हुई है, जो मूलत: तुर्किस्तान में विकसित हुई थी। अकबर के प्रमुख नेता ख्वाजा बाकी बिल्लाह के काबुल से दिल्ली आने पर नक्शबंदी सिलसिला पद्धति को अकबर के शासनकाल के अंतिम वर्षों में अधिक प्रसिद्धि मिली। सभी सूफी पद्धतियों में से यह पद्धति रुढ़िवादिता सर्वाधिक के निकट थी और इसने अकबर की उदार धार्मिक नीतियों का विरोध करने की कोशिश की जिन्हें वे विधर्मी मानते थे। यह सूफीवाद की एकमात्र पद्धति है जो प्रथम खलीफा अबू बाकर के द्वारा अपने आध्यात्मिक वंश परम्परा के पैगम्बर मुहम्मद को खोजने का दावा करती है।

63. (1) सिकन्दर लोदी (1489–1517 ई.) बहलोल लोदी का पुत्र था जिसने बिहार और पश्चिमी बंगाल को जीता था। उसने अपनी राजधानी दिल्ली से आगरा स्थानांतरित की, इस शहर की स्थापना उसी के द्वारा की गई थी। उसे कृषि के विकास में बहुत रुचि थी। उसने कृषि क्षेत्रों को मापने के लिए 32 अंकों वाले गज–ए–सिकन्दरी (सिकन्दर का गज) की शुरुआत की।

64. (2) फारस और मध्य एशिया में तिमुरीड साम्राज्य के संस्थापक के रूप में तैमूर लंग तिमुरीड वंश का पहला शासक बना। 1398 में, तुगलक वंश के सुल्तान नासीर– उद–दीन महमूद शाह तुगलक द्वारा शासित दिल्ली सल्तनत पर तैमूर ने आक्रमण किया। उसने 1399 में भारत छोड़ दिया और खिज खाँ को लाहौर, मुल्तान और दीपालपुर के गवर्नर के रूप में नियुक्त किया।

65. (3) 1441 में, फारस के शाहरुख ने कमालउद्दीन अब्दुर रज्जाक को विजयनगर एक दूत के रूप में भेजा। अब्दुर रज्जाक देव राय द्वितीय के शासन काल के दौरान राज्य का दौरा किया। उसे फारस के सरकार द्वारा 13 जनवरी, 1442 ई. के एक दूत के रूप में भेजा गया। उनकी पुस्तक में उस समय के विजयनगर के स्थलाकृति, प्रशासन और सामाजिक जीवन के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त होती है।

66. (4) पाँच राजवंशों ने क्रमश: दिल्ली सल्तनत पर शासन किया – ममलुक वंश (1206-90), खिलजी वंश (1290 -1320), तुगलक वंश (1320-1414), सैय्यद वंश (1414-51) और लोदी वंश (1451-1526)। गोरी वंश मध्य अफगानिस्तान के घोर क्षेत्र के पूर्वी ईरानी वंश का एक वंश था। उसने गोर, हेरात, गज़नी और लाहौर पर शासन किया।

67. (4) अमुक्तमाल्यद विजयनगर राजवंश के राजा कृष्णदेव राय द्वारा तेलुगु में रचित एक महाकाव्य है। अमुक्तमाल्यद का शाब्दिक अर्थ है जो माला पहनता है और माला प्रदान करता है। इसे एक श्रेष्ठ कृति माना जाता है, जो श्रीरंगम में हिन्दू भगवान विष्णु और तमिल अल्वार कवि और पेरियल्वर की पुत्री अन्डाल (या गौड़ देविथी) के विवाह की कहानी का वर्णन करती है।

68. (1) कुतुबमीनार का निर्माण कार्य 1192 में कुतुब–उद–दीन ऐबक द्वारा शुरू किया गया था जिसे बाद में उनके उत्तराधिकारी इल्तुतमिश ने इसे पूरा किया था। 1368 में, फिरोज शाह तुगलक ने पाँचवीं और आखिरी मंजिल का निर्माण करवाया।

69. (2) रजिया सुल्तान पाँचवीं मामलुक सुल्तान और दिल्ली की सुल्तान के रूप में शासन करने वाली एकमात्र महिला शासिका थीं। वह दिल्ली सल्तनत के शासक, शम्स–उद–दीन इल्तुतमिश की बेटी थीं, और दिल्ली के पहले सुल्तान, कुतुबुद्दीन ऐबक की पोती थीं।

70. (4) कुतुबुद्दीन ऐबक : 1206–1211
- शमसुद्दीन इल्तुतमिश : 1211–1228
- रजिया सुल्तान : 1236–1240
- गयासुद्दीन बलबन : 1266–1286

71. (3) अफोंसो डी अल्बुकर्क भारत में दूसरे पुर्तगाली गवर्नर थे। उसका कृष्ण देव राय के साथ दोस्ताना संबंध था, जो 1509 में विजयनगर के सिंहासन पर बैठे। अल्बुकर्क ने बीजापुर के यूसुफ आदिल शाह के खिलाफ लड़ाई में कृष्णा देव राय को सहायता प्रदान करने के लिए एक एजेंट फ्रीयर लुईस को भेजा था उसने विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय को कालीकट के जमोरिन और बीजापुर के आदिल शाहियों की शक्तियों के खिलाफ सहयोग किया था। कृष्ण देव राय को अरबी घोड़ों की आपूर्ति के लिए पुर्तगाली मदद की जरूरत थी।

72. (1) वेंकटपति राय (1585-1614) को वेंकट II के नाम से भी जाना जाता है, ने पुर्तगालियों को वेल्लौर में चर्च बनाने की अनुमति दी थी। उनके सुदृढ़ व्यवहार कौशल ने पुर्तगालियों के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने में सहायता की जिससे वहाँ 1607 में एक जेसुइट मिशन स्थापित हुआ। वेंकट–II के तीन दशक के शासनकाल ने विजयनगर साम्राज्य की समृद्धि और गौरव को पुनरुज्जीवित होते देखा।

73. (1) चैतन्य महाप्रभु बंगाल में हुसैन शाही राजवंश के संस्थापक अलाउद्दीन हुसैन शाह के समकालीन थे। हुसैन शाह का शासन धार्मिक सहिष्णुता के लिए भी जाना जाता है। हुसैन शाह ने अपने धार्मिक प्रचार में श्री चैतन्य को सभी सुविधाएँ प्रदान की।

74. (4) तैमूरलंग चौदहवीं शताब्दी का एक शासक था जिसने तैमूरी राजवंश की स्थापना की थी। तैमूर ने 1398 में उत्तरी भारत पर आक्रमण किया था। उस समय दिल्ली का शासक नासिरुद्दीन महमूद शाह था जो तुगलक वंश का एक कमजोर शासक था। तैमूर ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से एक विशाल ध नराशि लूटी। तैमूर के इस आक्रमण के बाद तुगलक वंश का शासन लगभग समाप्त हो गया। तुगलक वंश ने 1320 से 1414 तक दिल्ली की सत्ता पर शासन किया। गयासुद्दीन तुगलक ने तुगलक वंश की स्थापना की थी। इस वंश में तीन योग्य शासक हुए– गयासुद्दीन, उसका पुत्र मुहम्मद बिन तुगलक (1324–51) और उसका उत्तराधिकारी फिरोज शाह तुगलक (1351–87)।

75. (1) चित्तौड़ का किला राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में स्थित है। यह भारत के सबसे बड़े किलों में से एक है और यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। मध्यकालीन काल के दौरान किला मेवार की राजधानी थी। चित्तौड़गढ़ (गढ़ का मतलब किला) को मूल रूप से चित्रकूट कहा जाता था।

76. (3) अमरोहा की लड़ाई 20 दिसम्बर, 1305 को भारत की दिल्ली सल्तनत की सेनाओं और मध्य एशिया के मंगोल चगताई खान के बीच लड़ी गई थी। मलिक नायक के नेतृत्व वाली दिल्ली की सेना ने वर्तमान उत्तर प्रदेश में अमरोहा के पास अली बेग और तार्तक के नेतृत्व वाली मंगोल सेना को हराया।

77. (4) नायकीदेवी गोवा में जन्मी गुजरात की रानी थी, जिन्होंने 1178 ई. में मुहम्मद गोरी की आक्रमणकारी सेनाओं को हराया और भागने पर मजबूर किया था । वह राजपूत चालुक्य (सोलंकी) शासक अजयपाल की विधवा थीं, जिन्होंने 1171 से आरम्भ करके 4 साल तक राज किया। नायकीदेवी ने अपने पति की मृत्यु के बाद अपने बेटे मूलराज द्वितीय के लिए एक प्रशासिका (Queen Regent) के रूप में काम किया।

78. (4) मुहम्मद गोरी के पूर्व गुलाम कुतुब-उद-दीन ऐबक ने मामलुक वंश या गुलाम वंश की स्थापना की। यह 1206 से 1290 तक भारत की दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाले पाँच असम्बन्धित राजवंशों में से पहला था। गुलाम वंश के शासक इल्बारी तुर्क कबीले के थे; उन्हें मामलूक सुल्तान के रूप में भी जाना जाता था, मामलुक दासों के लिए कुरान में वर्णित शब्द था।

79. (3) राजतरंगिणी (राजाओं की तरंगिणी) 12वीं शताब्दी में कल्हण द्वारा संस्कृत में लिखी गई थी। यह उत्तर-पश्चिमी भारतीय उपमहाद्वीप, विशेष रूप से कश्मीर के राजाओं का एक ऐतिहासिक कालानुक्रम है। यह कश्मीर के सम्बन्ध में प्रारम्भिक जानकारी प्रदान करता है।

80. (2) 1024 में, भीम के शासनकाल के दौरान, गजनी के प्रमुख तुर्क शासक महमूद गजनी ने गुजरात में छापा मारा, सोमनाथ मंदिर को लूटा और उसके ज्योतिर्लिंग को तोड़ दिया। वह 20 मिलियन दीनार लूट कर वापस लौटा। बाद में इसे अलाउद्दीन खिलजी की सेना द्वारा उलुग खान के नेतृत्व में गुजरात पर 1299 के आक्रमण के दौरान नष्ट कर दिया गया।

81. (1) अला-उद-दीन खिलजी पहला मुस्लिम शासक था, जिसने अपने साम्राज्य को लगभग पूरे दक्षिण भारत तक विस्तारित किया था। उसने कई लड़ाइयाँ लड़ीं, गुजरात, रणथंभौर, चित्तौड़, मालवा और दक्कन पर विजय प्राप्त की। उसके गुलाम मलिक काफूर ने देवगिरि, वारंगल, द्वारसमुद्र एवं पांड्य साम्राज्य पर प्रभुत्व स्थापित किया। अलाउद्दीन खिलजी, खिलजी वंश का दूसरा और सबसे शक्तिशाली शासक था जिसने भारतीय उपमहाद्वीप में दिल्ली सल्तनत पर शासन किया था।

82. (4) कुतुब-उद-दीन ऐबक ने मामलुक वंश या गुलाम वंश की स्थापना की। यह 1206 से 1290 तक भारत के दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाले पाँच असंबंधित राजवंशों में से पहला था। गुलाम वंश के शासक इल्बरी तुर्क कबीले के थे; उन्हें मामलूक सुल्तान के रूप में भी जाना जाता था, मामलुक कुरान में दास के लिए प्रयुक्त एक शब्द था।

83. (1) दिल्ली सल्तनत तुर्की और पश्तून (अफगान) मूल के पाँच अल्पकालिक मुस्लिम राज्यों को संदर्भित करता है जिन्होंने दिल्ली के क्षेत्र में 1206 और 1526 ईस्वी के बीच शासन किया था। ये थे: गुलाम वंश (1206-90), खिलजी वंश (1290-1320), तुगलक वंश (1320-1413), सैय्यद वंश (1414-5), और लोधी वंश (1451-1526)।

84. (2) 1398 में, तैमूर ने उत्तरी भारत पर आक्रमण किया, तुगलक वंश के सुल्तान नासिर-उद-दीन महमूद शाह तुगलक द्वारा शासित दिल्ली सल्तनत पर हमला किया। वह अहीरों द्वारा विरोध किया गया और जाटों से कुछ उलटफेर का सामना करना पड़ा, लेकिन दिल्ली में सल्तनत ने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया। उसने 17 दिसंबर 1398 को दिल्ली पर कब्जा कर लिया।

85. (3) गयासुद्दीन तुगलक ने मुल्तान के गवर्नर के रूप में कार्य किया, और फिर अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल के दौरान दीपलपुर (वर्तमान पाकिस्तान दोनों में) में भी गवर्नर के रूप में अपनी सेवा दी । पहले उन्होंने जलालुद्दीन खिलजी के शाही रक्षक के रूप में काम किया। 1325 ई. में खिलजी वंश के पतन के बाद गयासुद्दीन ने तुगलक वंश की स्थापना की।

86. (3) सैय्यद वंश दिल्ली सल्तनत का चौथा वंश था जिसे 1414 ई. में मुल्तान के पूर्व गवर्नर खिज्र खान द्वारा स्थापित किया गया था। सैय्यद वंश ने तुगलक वंश को सफल किया और सल्तनत पर तब तक शासन किया जब तक कि वे लोदी वंश से विस्थापित नहीं हो गए। राजवंश के सदस्यों ने सैय्यद को अपने शीर्षक के रूप में इस्तेमाल किया, और इसे इस्लामी पैगंबर मुहम्मद के वंशज की संज्ञा दी।

87. (4) दिल्ली सल्तनत की पहली मुस्लिम महिला शासक के रूप में प्रसिद्ध, रजिया सुल्तान ने 1236 से 1240 तक दिल्ली पर शासन किया। रजिया सुल्तान शम्स- उद-दीन इल्तुतमिश की बेटी थी, जिसने तुर्क गुलाम के रूप में जीवन शुरू किया था।

88. (2) रामानंद 14वीं सदी के वैष्णव भक्ति कवि संत थे, जिन्होंने हिंदुओं को राम पूजा के व्यक्तिगत, प्रत्यक्ष भक्ति रूप को पुनर्जीवित करने में मदद की। उन्हें आधुनिक समय में सबसे बड़े मठवासी हिंदू त्यागी समुदाय रामानंदी संप्रदाय के संस्थापक के रूप में जाना जाता है।

89. (3) रामचरितमानस, हिंदी की अवधी बोली में लिखी गई एक महाकाव्य रचना है, जो 16वीं शताब्दी के भारतीय भक्ति कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है। रामचरितमानस का शाब्दिक अर्थ है ''राम के कर्मों की झील''। उन्होंने इसे अवधी भाषा में लिखा ताकि राम की कहानी सिर्फ संस्कृतभाषी अभिजात वर्ग के लिए न हो बल्कि आम जनता के लिए भी सुलभ हो।

90. (3) कुतुब मीनार को कुतुब-उद-दीन ऐबक ने दिल्ली सल्तनत के पहले शासक के रूप में 1192 के आसपास कुव्वत-उल- इस्लाम मस्जिद के साथ निर्मित किया था। मीनार का नाम कुतब-उद-दीन ऐबक या कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी, एक सूफी संत के नाम पर रखा गया है।

उन्होंने 1192 के आसपास कुतुब मीनार की पहली मंजिल का निर्माण शुरू किया। 1220 में, ऐबक के उत्तराधिकारी और दामाद शम्सुद्दीन इल्तुतमिश ने एक और तीन मंजिला पूरा किया। 1369 में, बिजली गिरने के कारण इसका शीर्ष मंजिला नष्ट हो गया। फिरोज शाह तुगलक ने क्षतिग्रस्त मंजिला को बदल दिया और एक और मंजिल इसमें जोड़ा। शेरशाह सूरी ने भी इस मीनार में प्रवेश किया, जबकि वह शासन कर रहा था और हुमायूँ निर्वासन में था।

91. (3) कर्ण गुजरात के अंतिम वाघेला राजा थे। दिल्ली सल्तनत के अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ अपनी हार को छोड़कर उनके जीवन के बारे में बहुत कम जानकारी प्राप्त होती है। 1299 में अलाउद्दीन की सेनाओं ने उसके राज्य को तबाह कर दिया, जिससे वह गुजरात भाग गया। 1304 में एक दूसरे आक्रमण के परिणामस्वरूप वाघेला वंश का अंत हुआ।

92. (2) अहोम वंश (1228-1826) ने वर्तमान भारत, असम में लगभग 598 वर्षों तक अहोम साम्राज्य पर शासन किया। राजवंश को मोंग माओ के एक राजकुमार, सुक्काफ द्वारा स्थापित किया गया था, जो पटाई पहाड़ों को पार करने के बाद असम में आए थे। इस राजवंश के राजाओं को आसम राजा कहा जाता था, जबकि राज्य के विज़य चौपाह (Chaopha)कहलाते थे।

93. (4) खिज्र खान ने 1414 ईस्वी में सैय्यद वंश की स्थापना की। वह मुल्तान का गवर्नर था, जिसे फिरोज शाह तुगलक के अधीन एक सक्षम प्रशासक के रूप में जाना जाता था। उसने तैमूर के आक्रमण और तुगलक वंश के पतन के बाद सैय्यद वंश की स्थापना की।

94. (2) 1024 में, गजनी के महमूद ने अरब सागर के साथ काठियावाड़ के दक्षिणी तट पर अपने अंतिम प्रसिद्ध अभियान पर प्रस्थान किया, जहाँ उन्होंने सोमनाथ शहर और इसके प्रसिद्ध हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया। उसने 50,000 भक्तों को मार डाला और 20 मिलियन दीनार लूट ले गया।

95. (3) पेशावर की लड़ाई, 27 नवंबर 1001 को सुल्तान महमूद बिन सेबुक्तिगिन (गजनी के महमूद) और पेशावर की जयपाल की हिंदू शाही सेना के बीच हुई थी जिसमें जयपाल की हार हुई व वे पकड़े गए। उन्होंने शर्मनाक हार के कारण स्वयं की आहुति दे दी।

96. (3) हम्पी दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक में एक प्राचीन गाँव है। इसमें विजयनगर साम्राज्य से कई प्राचीन मंदिरो के परिसर जो अब खंडहर बन चुके हैं स्थित है। तुंगभद्रा नदी के दक्षिणी तट पर पुनर्जीवित हम्पी बाजार के पास 7वीं शताब्दी का हिंदू वीरुपाक्ष मंदिर है। विशाल विटला मंदिर स्थल के सामने एक नक्काशीदार पत्थर का रथ निर्मित है।

97. (1) कुतुब शाही वंश के पाँचवें शासक मुहम्मद कुली कुतुब शाह ने 1591 में गोलकुंडा से अपनी राजधानी हैदराबाद के नवगठित शहर में स्थानांतरित करने के बाद चारमीनार का निर्माण किया। यह संरचना मील का पत्थर के रूप में विश्व स्तर पर हैदराबाद के प्रतीक के रूप में जाना जाता है और भारत में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त संरचनाओं में सूचीबद्ध है। यह मुसी नदी के पूर्वी तट पर स्थित है।

98. (1) वीरशैव कर्नाटक में लिंगायतों के एक उप-संप्रदाय हैं जो 12वीं सदी के समाज सुधारक बासवन्ना और उनके वचना (छंदों) के अनुयायी हैं। वेदों और आगमों में वीरशैववाद की जड़ें हैं, और वे शिव के अलावा किसी भी अन्य देवता की पूजा नहीं करते हैं। यह उप संप्रदाय कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में विस्तृत है।

99. (4) महमूद गजनी ने मंदिर के भीतर जमा धन को लूटने के लिए 1025 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया।

- सोमनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- सोमनाथ शब्द 'चंद्रमा देवता का रक्षक' है।
- 7वीं शताब्दी में, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण वल्लभी के मैत्रक राजाओं द्वारा गुजरात में किया गया था।
- 815 में तीसरी संरचना नागभट्ट द्वितीय द्वारा पुनः निर्मित की गई, जो प्रतिहार राजा थे।
- मालवा के परमार राजा भोज और गुजरात (अन्हिलवाड़ा) के सोलंकी राजा भीम ने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 1026-1042 के दौरान पहल की।

100. (2) शुरुआती दिल्ली सुल्तानों, विशेष रूप से इल्तुतमिश, ने सैन्य सेवा के लिए खरीदे गए अपने विशेष दासों का समर्थन किया जिन्हें फारसी में बन्दगान कहा जाता था।

- वे राज्य के कुछ सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यालयों के लिए सावधानी-पूर्वक प्रशिक्षित किए गए थे।
- चूंकि वे अपने मालिक पर पूरी तरह से निर्भर थे अतः सुल्तान उन पर पूरा भरोसा कर सकता था।
- खिलजी और तुगलक ने बन्दगान का उपयोग जारी रखा और सामान्य जन से भी प्रतिभावान लोगों को उच्च राजनीतिक पदों पर नियुक्त किया।

101. (2) सुल्तान इल्तुतमिश ने लोगों को पानी उपलब्ध कराके उनका सार्वभौमिक सम्मान जीतने के लिए हौज-सुल्तानी या 'राजा का जलाशय' का निर्माण किया।

- यह देहली-ए-कुहना के ठीक बाहर एक बड़ा जलाशय था।
- अलाउद्दीन खिलजी और फिरोज शाह तुगलक ने बाद में टैंक की मरम्मत कराई थी।

102. (2) दिल्ली सल्तनत काल के दौरान सेनाध्यक्ष को प्रदेशों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था।

- इस भूमि को इक्ता और उनके धारक को इकतादार या मुक्ती कहा जाता था।
- मुक्ती का कर्तव्य सैन्य अभियानों का नेतृत्व करना और अपने इकतादारों में कानून व्यवस्था बनाए रखना था।

103. (3) बीजापुर में निर्मित गोल गुम्बज राजा मुहम्मद आदिल शाह का मकबरा है।

- वह आदिल शाह वंश से संबंधित है।
- इसका निर्माण 1626 में शुरू हुआ और 1656 में पूरा हुआ।
- यह इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की शैली पर बनाया गया है।

104. (3) मामलुक वंश ने वास्तविक इस्लामी वास्तुकला शैलियों को नियोजित नहीं किया तथा गलत गुंबदों और गलत मेहराब का इस्तेमाल किया।

- कुतुब भवन-समूह में अलाई दरवाजा स्थित है।
- यह वास्तविक आर्च और वास्तविक गुंबद का पहला उदाहरण है।
- इसका निर्माण अला-उद-दीन खिलजी ने 1311 ईस्वी में किया था।

105. (1) अलाई दरवाजा कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के दक्षिणी ओर से एक मुख्य प्रवेश द्वार है।

- इसे 1311 ईस्वी में दूसरे खिलजी सुल्तान, अलाउद्दीन खिलजी ने बनवाया था।
- कुतुब मीनार 72.5 मीटर (239 फीट) ऊंची मीनार है।
- यह आसपास की इमारतों और स्मारकों के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में सूचीबद्ध है।
- कुवत-उद-दीन ऐबक द्वारा कुवैत- उल- इस्लाम का निर्माण शुरू किया गया था।
- बुलंद दरवाजा फतेहपुर सीकरी में जामा मस्जिद का मुख्य प्रवेश द्वार है।
- इसका निर्माण 1601 ई. में मुगल सम्राट अकबर द्वारा गुजरात पर अपनी विजय स्मृति में किया गया था।

106. (1) हरियाणा के फतेहाबाद जिले का नाम 14 वीं शताब्दी में फिरोज शाह तुगलक द्वारा स्थापित नाम स्रोतीय मुख्यालय शहर से पड़ा है।

- उन्होंने इसका नाम अपने बेटे फतेह खान के नाम पर फतेहाबाद रखा।
- फतेहाबाद जिले को 15 जुलाई, 1997 को हिसार जिले से काटकर अलग किया गया था।

107. (1) मार्को पोलो एक वेनिस (इतालवी) व्यापारी, खोजकर्ता और लेखक थे। उन्होंने काकतीय साम्राज्य के रुद्रमादेवी के शासनकाल के दौरान दक्षिणी भारत का दौरा किया। उन्होंने 1292-94 के बीच भारत का दौरा किया। उनके काम 'ट्रेवल्स ऑफ मार्को पोलो' ने भारत के आर्थिक इतिहास और अन्य एशियाई शहरों और देशों की संपत्ति का एक अमूल्य विवरण दिया।

108. (2) इतमाद-उद-दौला का मकबरा उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित है। 'बेबी ताज' के नाम से जाना जाने वाला मिर्जा गियास बेग का यह उत्कृष्ट मकबरा ताजमहल का अग्रगामी माना जाता है। 1622 और 1628 के बीच निर्मित, यह मकबरा यमुना के किनारे स्थित है। इसे मुगल रानी सम्राट जहांगीर की पत्नी, नूरजहाँ, द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में बनवाया गया था।

109. (1) इब्न बतूता मोरक्को के विद्वान और यात्री थे जिन्होंने चौदहवीं शताब्दी में मुहम्मद बिन तुगलक के दरबार का दौरा किया था। उन्हें सुल्तान द्वारा काजी या न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। बतूता ने मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में अपने यात्रा वृत्तांत में 'रेहला' शीर्षक से बहुमूल्य जानकारी दी है।

110. (3) गोलकुंडा के कुतुब शाही वंश के पाँचवें सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुब शाह ने 1591 में मुसी नदी के दक्षिणी तट पर हैदराबाद शहर का निर्माण किया था। इस शहर का नाम इस्लाम के चौथे खलीफा अली इब्ने अबी तालिब की याद में रखा गया था। उन्होंने चार मीनार का भी निर्माण किया।

111. (4) खानवा का युद्ध 16 मार्च, 1527 को मेवाड़ के राणा साँगा के नेतृत्व में प्रथम मुगल शासक बाबर और राजपूत सेना के हमलावर बलों के बीच लड़ा गया था। यह राजस्थान के भरतपुर जिले में खानवा के पास लड़ा गया था। बाबर ने यह लड़ाई जीत ली और गाजी (विश्वास के योद्धा) की उपाधि धारण की।

112. (4) हरिहर और बुक्का ने 1336 ई. में विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की।

- वे संगम वंश से संबंधित थे।
- 1336 से 1646 ई. तक चार राजवंशों (संगम, सालुव, तुलुव एवं अरविडू वंश) ने विजयनगर साम्राज्य पर शासन किया।

113. (3) किताब-उल-हिंद, जिसे तारिख-उल- हिंद के नाम से भी जाना जाता है, ईरानी विद्वान अल-बिरूनी द्वारा अरबी भाषा में लिखा गया था।

- यह 1017 और 1030 के बीच भारत में उनके अध्ययन और टिप्पणियों पर आधारित भारतीय जीवन का एक सर्वेक्षण है।
- अल बिरूनी भारत में महमूद गजनी के साथ आए थे।

114. (2) विजयनगर साम्राज्य के कृष्णदेवराय (1509-1530) ने अमुक्तमाल्यद की रचना तेलगु भाषा में की थी।
- तेलगु साहित्य में एक उत्कृष्ट कृति मानी जाने वाली यह महाकाव्य भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है।
- विजयनगर साम्राज्य का प्रशासन अमुक्तमाल्यदा में इंगित निर्देशों पर चलाया गया था।

115. (4) दिल्ली पर शासन करने वाली प्रथम महिला रजिया सुल्तान थीं जिन्होंने 1236 से 1240 तक दिल्ली पर शासन किया था।
- 1236 में वह अपने पिता शम्स-उद-दीन इल्तुतमिश के उत्तराधिकारी के रूप में दिल्ली सल्तनत की गद्दी पर बैठी थी।

116. (2) पदावली कीर्तन भगवान विष्णु की स्तुति में बंगाल के वैष्णव समुदाय का भक्ति संगीत है।
- यह 15 वीं शताब्दी में श्री चैतन्य के आगमन से पहले गायन के विभिन्न लोकप्रिय और शास्त्रीय रूपों से विकसित हुआ था।
- इन कीर्तनों के ग्रंथों में प्रसिद्ध वैष्णव कविताएँ शामिल हैं, जो कृष्ण (विष्णु का एक अवतार) और राधा के दिव्य प्रेम का उत्सव मनाती हैं।

117. (3) तराइन की पहली लड़ाई 1191 में हरियाणा में तराइन के पास सुल्तान मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच लड़ी गई थी।
- चौहान की राजपूत सेना ने मोहम्मद गोरी की सेना को बुरी तरह से पराजित किया।
- स्वयं मोहम्मद गोरी इस युद्ध में बुरी तरह से घायल हो गया और युद्ध के मैदान से भाग गया।

118. (3) तैमूर या तैमूरलंग (लोहा, लंगड़ा) ने 1398 में उत्तरी भारत पर आक्रमण के दौरान, दिल्ली सल्तनत पर हमला किया, जिस पर तुगलक वंश के सुल्तान नासिर-उद-दीन महमूद शाह तुगलक का शासन था।
- तैमूर दिल्ली और आसपास के इलाके से एक बड़ी लूट अपने साथ ले गया। आक्रमण के तुरंत बाद, तुगलक वंश का अंत हो गया।

TYPE–II

1. (1) शेरशाह द्वारा बनवाई गई पहली सड़क बंगाल में सोनारगांव से आगरा दिल्ली तथा लाहौर होती हुई पंजाब में अटक तक जाती थी। यह सबसे लम्बी सड़क थी। जो 'सड़के आजम' कही जाती थी। इसे शेरशाह सूरी मार्ग भी कहा जाता था। इसे ही आगे चलकर ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड ऑकलैण्ड ने जी.टी रोड़ कहकर पुकारा।

2. (3) पानीपत का प्रथम युद्ध (21 अप्रैल, 1526 ई॰) इब्राहिम लोदी एवं बाबर के बीच हुआ, जिसमें बाबर विजयी हुआ। इस युद्ध के बाद भारत में मुगल सत्ता की स्थापना हुई।

3. (3) 1638 में शाहजहाँ ने मुगल साम्राज्य की राजधानी आगरा से दिल्ली (परंपरागत रूप से इसे शाहजहाँबाद के नाम से जाना जाता है) हस्तांतरित की थी।

4. (4) रामभक्ति के लेखकों में सबसे प्रसिद्ध तुलसीदास थे, जो बनारस में रहते थे और अकबर के समकालीन थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना रामचरितमानस है जिसे जॉर्ज ग्रियर्सन ने उचित ही हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों की एक मात्र बाइबिल बतलाया है।

5. (1) 8वीं शताब्दी में निर्मित ग्वालियर फोर्ट एक हिल फोर्ट है जो मध्य प्रदेश में ग्वालियर के निकट स्थित है। यह फोर्ट डिफेंसिव स्ट्रक्चर पर आधारित है जिसमें दो महल-गुरजारी महल और मन मन्दिर महल शामिल हैं, इस फोर्ट का निर्माण 8 वीं शताब्दी में मान सिंह तोमर ने करवाया था।

6. (3) तानसेन अकबर के काल का सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ था। उसका प्रारम्भिक नाम रामतनु पाण्डेय था। वह ध्रुपद गायन शैली का महान संगीतकार था। वह वृन्दावन के महान संगीतज्ञ स्वामी हरीदास का शिष्य था। तानसेन ने मियां की तोड़ी, मियां की मल्हार, मियाँ की सारंग एवं दरबारी कान्हरा आदि रागों का सृजन किया था। अकबर ने उसे कण्ठभरणवाणी विलास की उपाधि प्रदान की थी।

7. (4) पुणे शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित मराठा साम्राज्य की शक्ति का केन्द्र था। 18वीं शताब्दी में, पुणे भारतीय उप महाद्वीप का राजनीतिक केन्द्र और पेशवाओं का निवास स्थान था जो कि मराठा साम्राज्य के प्रधानमंत्री थे। महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले पुणे को "पूर्व का ऑक्सफोर्ड" के रूप में जाना जाता है।

8. (2) रामायण का फारसी अनुवाद बदायूँनी ने किया था। अकबर के समय में फारसी गद्य और कविता का चरमोत्कर्ष हुआ। अबुल फजल भी अकबर के दरबार का एक महान विद्वान और अपने समय का अग्रणी इतिहासकार था उसने गद्य-लेखन की ऐसी शैली आरम्भ की जिसका अनुकरण अनेक पीढ़ियों तक किया जाता रहा।

9. (4) बुलंद दरवाजा को अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष्य में बनवाया था। यह दरवाजा फतेहपुर सिकरी में बनाया गया। यह दरवाजा जिस शैली में बना हुआ है उसे अर्द्धगुंबदीय दरवाजा शैली कहते हैं।

10. (3) 1556 से 1560 ई. तक का काल बैरम खाँ की संरक्षता का काल था। इस अवधि में अकबर ने बैरम खाँ के संरक्षण में शासन किया। क्योंकि वह अल्पायु में गद्दी पर बैठा था। बैरम खाँ ने अकबर को आरंभिक समस्याओं से उबारने में सहायता की तथा मुगल साम्राज्य को विस्तृत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

11. (2) 1556 से 1560 ई. तक का काल बैरम खाँ की संरक्षता का काल था। इस अवधि में अकबर ने बैरम खाँ के संरक्षण में शासन किया क्योंकि वह अल्पायु में गद्दी पर बैठा था। सरहिन्द विजय के पश्चात् हुमायूँ ने अकबर को युवराज तथा बैरम खाँ को उसका संरक्षक नियुक्त किया। बैरम खाँ ने अकबर की आरंभिक समस्याओं से उबारने में सहायता की तथा मुगल साम्राज्य को विस्तृत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

12. (2) दीन-ए-इलाही (तौही-ए-इलाही) धर्म की स्थापना अकबर ने 1582 ई. में की थी। इसका उद्देश्य एक नये धर्म का प्रवर्तन नहीं बल्कि सभी धर्मों में सामंजस्य स्थापित करना था। इस नवीन सम्प्रदाय का प्रधान पुरोहित अबुल फ़जल था। हिन्दुओं में केवल बीरबल ने इसे स्वीकार किया था। जबकि राजा भगवान दास एवं मानसिंह इसके सदस्य बनने से साफ इंकार कर दिए थे।

13. (2) बहादुरशाह-I का जन्म 14 अक्टूबर, 1643 को बुर्हानपुर में हुआ था। वह छठे मुगल सम्राट औरंगजेब और उसकी दूसरी पत्नी नवाब बाई का पुत्र था। वह भारत का सातवाँ मुगल सम्राट बना और उसने 1707 से 1712 में अपनी मृत्यु होने तक भारत पर शासन किया।

14. (3) अबुल फजल ने अकबरनामा लिखा है। अकबरनामा अकबर के शासन काल में लिखा गया महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रन्थ है। इसमें अकबर के शासन के 46 वर्षो का विस्तृत इतिहास है। अकबरनामा का तीसरा भाग आइने अकबरी कहलाता है।

15. (3) अकबर की मृत्यु के बाद 29 अक्टूबर, 1605 ई. को आगरा के दुर्ग में शाहजादा सलीम का राज्याभिषेक हुआ तथा उसने नुरूदीन मुहम्मद जहाँगीर बादशाह गाजी अर्थात् 'विश्वविजयी' की उपाधि धारण की।

16. (2) शाहजहाँ का प्रसिद्ध तख्तताउस 1739 में फारस के तुर्कमान वंश के शासक नादिरशाह ले गया था। करनाल का युद्ध, 24 फरवरी, 1739 को नादिरशाह और मुगलों के बीच लड़ा गया। इस समय मुगल वंश का शासक मुहम्मद शाह था।

17. (1) औरंगजेब की मृत्यु अहमदनगर में 3 मार्च, 1707 ई॰ की सुबह में हुई। उसके शरीर को दौलताबाद ले जाया गया तथा विख्यात् मुस्लिम फकीर बुरहानुद्दीन के कब्र के अहाते में दफना दिया गया।

18. (1) ताजमहल कॉम्प्लेक्स चारबाग या मुगल गार्डन में 300 मीटर वर्ग के एक विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। यह गार्डन उभरे मार्गों का प्रयोग करता है जो गार्डन के प्रत्येक चार भागों को फूलों की 16 निचली क्यारियों में विभाजित करता है। पारसी गार्डन से प्रेरित होकर बनाया गया ताजमहल गार्डन स्वर्ग की चार प्रवाहित नदियों का प्रतीक है जो स्वर्ग के बगीचे को प्रतिबिम्बित करता है।

19. (2) शिवाजी का राज्याभिषेक 1674 ई. में हुआ था। 16 जून, 1674 ई. को शिवाजी ने रायगढ़ में वाराणसी (काशी) के प्रसिद्ध विद्वान श्री गंगाभट्ट द्वारा अपना राज्याभिषेक करवाया।

20. (1) वह यूरोपीय शक्ति फ्रांसीसी थे जिससे शिवाजी तोपे, बंदूकें तथा गोलाबारूद आदि प्राप्त करते थे। शिवाजी के पास एक शक्तिशाली नौ सेना थी जिसके द्वारा वह व्यापार के साथ-साथ अंग्रेजों-फ्रांसीसियों से हथियार प्राप्त करते थे, तथा अरब व्यापारियों से उच्च नस्ल के घोड़े खरीदते थे। शिवाजी ने कोंकण और गोवा में अपने नौसैनिक मुख्यालय स्थापित किये थे। मराठों का नौ सैनिक सेनापति कान्होजी आंद्रे था।

21. (2) शिवाजी के समसामयिक मराठा संत तुकाराम थे। महाराज धर्म के उदय में तुकाराम का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इनके उपदेश 'अभंगो में मौजूद हैं। इनके उपदेशों द्वारा महाराष्ट्र धर्म को एक निश्चित आकार मिला और महाराष्ट्र के वैष्णव आन्दोलन में पंढ़रपुर एक तीर्थ स्थल बन गया।

22. (1) गुरु गोविंद सिंह ने अपने को सच्चा बादशाह कहा। वह एक बादशाह की भाँति दरबार करते थे। गुरु गोविन्द सिंह ने सिखों को एक सैनिक सम्प्रदाय खालसा में परिवर्तित कर दिया। सैनिक वाद की भावना सिखों में गुरु अर्जुन के समय में आरम्भ हो गयी थी। गुरु हरगोविन्द ने उसे पर्याप्त आगे बढ़ाया था। गुरु गोविन्द सिंह विद्वान भी थे। उनके विचारों को दशम् बादशाह का ग्रन्थ में संकलित किया गया है।

23. (2) गुरु गोविन्द सिंह ने 1699 ई. में खालसा पंथ की स्थापना की। खालसा का अर्थ शुद्ध या विशेष है। वैशाखी के अवसर पर उन्होंने अपने अनुयायियों की परीक्षा ली, जिनमें जीवन बलिदान करने के लिए पाँच लोग आगे आए। इन्हें पंच प्यारे कहा गया। यहीं से सिख पुरुष अनुयायी अपने नाम के आगे 'सिंह' तथा महिलाएँ अपने नाम के आगे 'कौर' लगाना शुरू कीं। उन्होंने सिख अनुयायियों से पाँच वस्तुएँ धारण करने को कहा-केश, कंघा, कच्छा, कड़ा और कृपाण। गुरु गोविन्द सिंह ने 50 हजार की खालसा सेना तैयार की। उन्होंने सिखों को लड़ाकू सैनिक बना दिया।

24. (3) सिक्खों के छठे गुरु हरगोविन्द सिंह ने अमतृसर नगर की किलेबन्दी कराई और यहाँ पर 12 फुट ऊँचा अकाल तख्त का निर्माण करवाया। इन्होंने सिखों में सैनिक भावना पैदा की तथा स्वयं की रक्षा के लिए शस्त्र धारण करने की उन्हें आज्ञा दी।

25. (3) यूरोप से भारत तक के एक नए समुद्री मार्ग -**'केप मार्ग'** की खोज वास्को डी गामा द्वारा की गई। वह 17 मई, 1498 को कालीकट के बंदरगाह पर पहुँचा। वहाँ कालीकट के हिन्दू शासक ने उसका स्वागत किया। वह 1499 ई. में वापस पुर्तगाल लौट गया।

26. (4) मुगलों के शासनकाल में मनसब (या श्रेणी) अधिकारी, सोपान तंत्र में अधिकारी (मनसबदार) की स्थिति को सूचित करता था। इस प्रथा में प्रमुख प्रशासनिक पदों पर स्थित सरदारों एवं कमाण्डरों को संख्याओं के रूप में मनसब प्रदान किए जाते थे।

27. (4) शाहजहाँ के पुत्र दारा शिकोह ने मुस्लिम सन्तों की जीवन कथा लिखी और गीता, उपनिषदों आदि हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों का फारसी में अनुवाद करवाया।

28. (1) अल्बूकर्क ने गोवा में सती प्रथा को समाप्त किया। वह भारत में पुर्तगाली शक्ति का वास्तविक संस्थापक था।

29. (4) औरंगजेब की 1707 में मृत्यु होने के बाद उत्तराधिकार के लिए युद्ध शुरू हो गया जिसमें राजकुमार मुअज्जम विजयी रहा। उसने बहादुर शाह के नाम से मुगल साम्राज्य की गद्दी संभाली।

30. (2) भारत में बीबी का मकबरा औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है जिसे मुगल सम्राट औरंगजेब ने अपनी पत्नी की याद में बनवाया था। औरंगजेब ने बहुत अधिक इमारतें नहीं बनवाई लेकिन औरंगजेब ने लालकिले की प्रसिद्ध मोती मस्जिद का निर्माण करवाया था।

31. (3) अलाई दरवाजा दिल्ली के कुतुबमीनार कॉम्प्लेक्स में स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के दक्षिणी छोर का मुख्य द्वार है। इसका निर्माण 1311 ई. में दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी द्वारा कराया गया था। यह इस्लामिक वास्तुकला शैली के प्रयोग से निर्मित भारत के प्रथम भवनों में से एक है।

32. (2) बाजीराव प्रथम को नौ मराठा पेशवाओं में से सबसे प्रभावशाली माना जाता है। उन्होंने मध्य भारत (मालवा) और राजपूताना को जीतकर उत्तर-पश्चिम में गुजरात और दक्षिण में दक्कन तक अपने साम्राज्य का विस्तार किया था। बाजीराव ने दिल्ली पर 1738 में धावा बोला था।

33. (2) मुगल सम्राट बाबर और जहाँगीर ने स्वयं अपनी आत्मकथा लिखी थी। बाबरनामा (तुजुक-ए-बाबरी) नाम से बाबर ने स्वयं अपना संस्मरण तुर्की भाषा में लिखा था बाबर गद्य का प्रसिद्ध लेखक माना जाता है फारसी और अरबी का ज्ञाता तथा तुर्की (जो उसकी मातृ भाषा थी) भाषा का प्रमुख लेखक माना जाता था। जहाँगीर ने अपनी आत्मकथा फारसी में लिखी। बाबरनामा का अंग्रेजी अनुवाद जॉन लेडन और विलियम इस्किन ने किया।

34. (4) जब ईस्ट इंडिया कम्पनी का गठन (31 दिसम्बर, 1600) हुआ था तो उस समय भारत में मुगल बादशाह अकबर (1556 से 1605 ई.) का शासन था। जहाँगीर के काल में (1605 से 1628 ई.) ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला कारखाना भारत में स्थापित किया गया था।

35. (3) चित्तौड़ और रणथम्भौर (Chittor and Ranthambhore) पर सैनिक विजय करने के बाद अकबर ने सूफी संत सलीम चिश्ती का सम्मान करने के लिए अपनी राजधानी आगरा से किसी नए स्थान पर स्थांतरित करने का फैसला किया। उसने शहर का नाम फतेहाबाद (Fatehabad) रखा, बाद में इसका नाम फतेहपुर सिकरी पड़ गया।

36. (3) पाकिस्तान में लाहौर के शाहदरा बाग में जहाँगीर का मकबरा स्थित है। इस मकबरे के अलावा अकबरी सराय और आसिफ खाँ के मकबरे भी यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल हैं।

37. (3) अकबर ने फतेहपुर सीकरी में 1557 ई. में इबादतखाना का निर्माण करवाया था जिसमें धार्मिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता था। आरंभ में इस्लाम धर्म के लोग ही इस विचार-विमर्श में भाग लेते थे लेकिन 1578 ई. से इबादतखाने में विचार-विमर्श के लिए सभी धर्मों के विद्वानों को आर्मंत्रित किया जाने लगा। **'इबादतखाना'** का शाब्दिक अर्थ है- पूजा का घर (पूजागृह)।

38. (3) सद्दर-उस-सद्र सार्वजनिक सद्भाव और परोपकार (गिरजे) संबंधी कार्यों का प्रमुख था। वह धर्म विभाग का मुखिया था। उसका मुख्य कार्य इस्लाम का प्रचार करना, इसके सिद्धांतों का अनुपालन करना और मुसलमानों के विशेष अधिकारों की रक्षा करना था।

39. (3) औरंगजेब की संगीत में अरुचि थी और उसने 1668 में अपने राज्य में किसी भी प्रकार के संगीत या नृत्य पर प्रतिबंध लगा दिया था। वह एक कट्टर मुसलमान था जिसने सादा जीवन व्यतीत किया। उसके राज्य में कहीं पर भी संगीत की आवाज सुनाई देने पर अधिकारियों को संगीत वाद्ययंत्र तोड़ देने की अनुमति दी गई थी।

40. (3) हुमायूँ की पहली पत्नी बेगा बेगम (हाजी बेगम) ने 1569-70 में हुमायूँ के मकबरे का निर्माण कराया था। बेगा बेगम द्वारा चयनित पारसी वास्तुकार मिराक मिर्जा गियास ने मकबरे को डिजाइन किया था। यह भारतीय उपमहाद्वीप में निर्मित प्रथम उद्यान-मकबरा है। यह निजामुद्दीन ईस्ट, दिल्ली में स्थित है।

41. (4) सूरत शहर की समृद्धता से प्रभावित होकर शिवाजी ने दो बार जनवरी 1664 और अक्टूबर 1670 में इस पर आक्रमण किया। सूरत पर दो बार आक्रमण करके उन्होंने औरंगजेब को एक कड़ा संदेश दिया।

42. (4) शेरशाह सूरी को मुख्यतः उनके प्रशासनिक सुधारों के लिए याद किया जाता है। इन्हीं सुधारों को उनके उत्तरवर्ती शासकों ने आगे बढ़ाया। शेरशाह ने अपने सम्पूर्ण साम्राज्य को 42 सरकारों में विभाजित कर एक शक्तिशाली और मजबूत प्रशासन व्यवस्था की स्थापना की। इसमें प्रत्येक सरकारों को परगनों में उपविभाजित किया गया था। इसके अतिरिक्त उसने उचित भूमि राजस्व प्रणाली और मुद्रा सुधार प्रणाली आरंभ की। वह एक प्रबुद्ध तानाशाह था।

43. (2) राजा टोडरमल एक योद्धा, एक कुशल प्रशासक और एक आदर्श वित्त मंत्री थे। वह अकबर के दरबार के **'नवरत्नों'** में से एक थे। वह 1575 में अकबर के वित्त अधिकारी (मुशरिफ-ए-दीवान) बने और 1582 में दीवान-ए-कुल (प्रमुख

वित्त मंत्री) बने और सुधारों को लागू किया। वह मुगल साम्राज्य में लागू भूमि सुधारों की पुस्तक **'टोडरमल्स रेन्टरॉल'** के लिए भी जाने जाते हैं।

44. (3) 1564 में अकबर ने जजिया का उन्मूलन कर दिया। इसे हिन्दुओं से वसूल किया जाता था। यह कर गैर-मुस्लिमों पर लगाया जाता था और इस कर को गरीब हिन्दुओं को इस्लाम में परिवर्तित होने को बढ़ावा देने के रूप में देखा जाता था। हिन्दू इस कर से घृणा करते थे क्योंकि यह उनकी हीनता का प्रतीक और उनके अपमान का द्योतक था।

45. (1) अकबर के दरबार में कार्य करने से पूर्व टोडरमल ने शेरशाह सूरी के अधीन कार्य किया था। उन्होंने लेखक के रूप में अपने जीवन की शुरुआत की, लेकिन धीरे-धीरे उनके पद में वृद्धि की गई। बाद में शेरशाह सूरी ने पंजाब में रोहतास के नए किले के निर्माण का कार्यभार टोडरमल को सौंपा। मुगलों द्वारा सूर वंश का तख्ता पलट देने के बाद टोडरमल अकबर के दरबार में शामिल हो गया।

46. (2) पुराना किला दिल्ली के सबसे पुराने किलों में से एक है। इस किले के वर्तमान स्वरूप का निर्माण अफगान शासक शेरशाह सूरी द्वारा इन्द्रप्रस्थ की प्रसिद्ध भूमि पर कराया गया था, जो पाण्डवों की ऐतिहासिक राजधानी थी। हालांकि किले का निर्माण कार्य शेरशाह ने आरंभ कराया था और उनके पुत्र इस्लाम शाह ने किले का निर्माण कार्य संपन्न कराया था।

47. (2) बालाजी विश्वनाथ 'पेशवा हाउस' (या पेशवा आवास) के संस्थापक थे। इसकी स्थापना 1714 में की गई थी। वह मराठी चितपावन ब्राह्मण परिवार से संबंधित वंशानुगत पेशवाओं के क्रम में पहले पेशवा थे जिन्होंने 18वीं शताब्दी के दौरान प्रभावशाली ढंग से मराठा साम्राज्य का नेतृत्व किया और उसे नियंत्रित किया। उन्हें मराठा साम्राज्य का दूसरा संस्थापक भी कहा जाता है।

48. (2) पंडित जगन्नाथ मुगल सम्राट जहाँगीर और शाहजहाँ के दरबार में कार्यरत एक प्रसिद्ध कवि और साहित्यिक आलोचक थे। साहित्यिक सिद्धान्तवादी या साहित्यशास्त्री के रूप में वह अपनी काव्यात्मक कृति रासगंगाधर के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हें मुगल सम्राट शाहजहाँ, जिनके दरबार में उन्हें संरक्षण प्राप्त था, के द्वारा पंडितराज की उपाधि प्रदान की गई थी।

49. (2) जहाँगीर ने उस्ताद मंसूर को नादिर-उल- अस्र की उपाधि प्रदान की थी। मंसूर ने जहाँगीर के पिता अकबर के शासन काल में कई चित्र बनाए, लेकिन उन्होंने केवल जहाँगीर के शासन काल में ही अद्वितीय चित्र बनाए। यद्यपि उन्हें अपने प्राकृतिक ऐतिहासिक दृष्टांतों के लिए जाना जाता है, उन्होंने कई हस्तलिपि दृष्टांतों में भी लोगों को चित्रित किया। ध्यातव्य है कि जहाँगीर की चित्रकला में विशेष रुचि थी। उसने आगरा में चित्रशाला का निर्माण कराया था।

50. (2) हवामहल (''पैलेस ऑफ विंड्स) जयपुर में स्थित है, शहर में अन्य स्मारकों की रंगसज्जा को ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण लाल और गुलाबी रंग के बलुआ पत्थर से किया गया है। इसका रंग जयपुर शहर को दिए गए विशेष नाम ''गुलाबी शहर'' को पूर्णत: सार्थक करता है। इसका निर्माण 1799 में महाराजा सवाई प्रताप सिंह द्वारा कराया गया था।

51. (1) यह माना जाता है कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत में गुरिल्ला युद्धनीति को इसके आधुनिक रूप में प्रयोग करने वाले प्रथम शासक थे। उन्होंने 1645 में मुगलों और अन्य शक्तियों के विरुद्ध गुरिल्ला युद्धनीति का प्रयोग करना आरंभ किया, जिसके परिणामस्वरूप 1674 में मराठा साम्राज्य की स्थापना हुई। शिवाजी बचाव करने, पीछे हटने और प्रत्याक्रमण की कला में निपुण थे, इसी कारण मुगल सेना को उन पर आक्रमण करने की भारी कीमत चुकानी पड़ी।

52. (3) शेरशाह सूरी द्वारा निर्मित ग्रांड ट्रैंक रोड चिटगांव, बांग्लादेश से होते हुए पश्चिम में हावड़ा, पश्चिम बंगाल (भारत), से गुजरते हुए उत्तरी भारत में दिल्ली से होते हुए अमृतसर और यहाँ से लाहौर, पाकिस्तान होते हुए अफगानिस्तान में काबुल तक जाती है।

53. (4) पंचमहल फतेहपुर सिकरी के सर्वाधिक प्रसिद्ध स्मारकों में से एक है, इसे 'ड्रीम इन स्टोन' (डिस्कवर विद डेरेक बाइ डेरेक ओ' ब्रायन) के रूप में जाना जाता है। इसका निर्माण अकबर द्वारा मुगल महिलाओं और हरम की महिलाओं के लिए कराया गया था। अकबर के पोते शाहजहाँ ने 'ड्रीम इन मार्बल' (ताजमहल) का निर्माण कराया था।

54. (4) इटली यात्री निकोलो मनूची (1653- 1708 ई.) ने मुगल सम्राट शाहजहाँ के शासन काल के दौरान भारत की यात्रा की थी। मनूची को मुगल दरबार का प्रत्यक्ष ज्ञान था और उसकी कृति **''स्टोरिआ डो मोगोर''** को मुगल दरबार का अधिक विस्तृत विवरण माना जाता है। यह औरंगजेब और शाहजहाँ के शासन काल का अत्यंत महत्त्वपूर्ण विवरण है।

55. (1) अबुल फजल, शेख मुबारक नागोरी का पुत्र था। अबुल फजल मुगल सम्राट अकबर का वजीर और अकबरनामा का लेखक था, जिसमें उन्होंने अकबर के शासन काल के आधिकारिक इतिहास को तीन भागों में विभाजित किया था तथा बाइबिल का पारसी भाषा में रूपान्तरण किया था। वह अकबर के शाही दरबार के नौ रत्नों (नवरत्नों) में से एक थे।

56. (2) अमृतसर की आधारशिला गुरु रामदास (1534 - 81) द्वारा 1577 में रखी गई थी। उन्होंने भूमि के एक टुकड़े पर पवित्र शहर अमृतसर (अर्थात् अमृत का तालाब) की खुदाई से संबंधित कार्य का उद्घाटन किया था। यह भूमि का टुकड़ा मुगल सम्राट अकबर द्वारा गुरु रामदास की पत्नी बीबी भानी को उपहार स्वरूप दिया गया था। अमृतसर को मूलत: रामदासपुर-गुरु रामदास का शहर (साहित्यिक रूप में भगवान के सेवक का शहर) के रूप में जाना जाता था।

57. (2) ब्रिटिश भारतविद् और कला इतिहासकार विन्सेंट आर्थर स्मिथ ने "द अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया" शीर्षक वाली अपनी पुस्तक में दीन-ए-इलाही की पूरी योजना को 'अकबर की बुद्धिमानी नहीं, बल्कि उसकी मूर्खता का स्मारक - असंयमित निरंकुशता में निरर्थक वृद्धि, हास्यास्पद मिथ्याभिमान का परिणाम' के रूप में वर्णित किया है। ब्रिटिश इतिहासकार ने बाद में इसे 'एक मूर्खतापूर्ण आविष्कार' कहा।

58. (2) 1665 में राजा जय सिंह और छत्रपति शिवाजी महाराज के मध्य हस्ताक्षरित, 'पुरंदर की संधि' की शर्तों के अनुसार, आवश्यकता पड़ने पर मराठा शासक को मुगल सम्राट औरंगजेब की ओर से युद्ध करना पड़ता था। इस संधि में कुछ गुप्त शर्तें भी थीं जिसके तहत शिवाजी को सम्राट की ओर से बीजापुर के विरुद्ध युद्ध में भाग लेने का प्रावधान किया गया था।

59. (1) भारत में सर्वप्रथम तोपों का प्रयोग करने का श्रेय बाबर को दिया जाता है, बाबर ने पानीपत के प्रथम युद्ध (1526) में तोपों का प्रयोग किया था। उसने उस्ताद अली और मुस्तफा को तोप कमांडर नियुक्त किया था। उसके बाद पूरे मुगल काल में युद्ध में तोपों का प्रयोग किया गया। बाद में मराठा शासन काल के दौरान हैदर अली, टीपू सुल्तान, महाराजा रणजीत सिंह के नेतृत्व में और ईस्ट इंडिया कंपनी के द्वारा तोपों का प्रयोग किया गया था।

60. (2) मियाँ तानसेन को अकबर द्वारा 1562 में दरबारी संगीतकार के रूप में नियुक्त किया गया था। वह स्वामी हरिदास के शिष्य थे और बाद में ग्वालियर के हजरत मुहम्मद गौस का शिष्य बन गए। इससे पूर्व वह मेवाड़ के राजकुमार के साथ एक दरबारी संगीतकार थे। तानसेन अकबर के दरबार के 'नवरत्नों' में से एक थे।

61. (2) औरंगजेब छठा और अंतिम मुगल सम्राट था। उसने भारतीय उपमहाद्वीप पर लगभग 1658 से 1707 (मृत्यु) तक 49 वर्ष तक शासन किया। औरंगजेब शाहजहाँ और मुमताजमहल की छठी संतान था।

62. (4) अकबर के शासन काल के दौरान, सेना प्रमुख को मीर बक्शी कहा जाता था, जिसे दरबार के प्रमुख कुलीनों में से नियुक्त किया जाता था। वह गुप्तचर विभाग का प्रभारी होता था और सैन्य नियुक्तियों और पदोन्नतियों के संबंध में सम्राट से सिफारिश करता था।

63. (3) भारत में गोरिल्ला युद्धनीति का सर्वप्रथम प्रयोग करने का श्रेय छत्रपति शिवाजी महाराज को दिया जाता है। इसमें घात लगाने, तोड़-फोड़ करने, छापा मारने और मारकर भाग जाने की रणनीति शामिल थी। शिवाजी ने 1645 में मुगलों और अन्य शक्तियों के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध आरंभ किया, 1674 में मराठा राज्य की स्थापना की और उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप मराठा राज्य मराठा साम्राज्य में परिवर्तित हो गया।

64. (3) उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी में स्थित पंचमहल एक पाँच मंजिला महल है। यह असाधारण वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, यह जनाना निवास (हरम) के निकट है। इसका उपयोग मनोरंजन और विश्राम के लिए किया जाता था। अकबर द्वारा निर्मित पंचमहल की वास्तुकला एक बौद्ध मंदिर से प्रेरित थी।

65. (4) छत्रपति शिवाजी महाराज एक भारतीय योद्धा, राजा और भोंसले मराठा वंश के एक सदस्य थे, जिन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्हें औपचारिक रूप से 1674 ई. में रायगढ़ में अपने राज्य के छत्रपति (राजा) के रूप में ताज पहनाया गया था।

66. (4) बुलंद दरवाजा या ''वैभव द्वार'' उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में फतेहपुर सिकरी महल का मुख्य प्रवेश द्वार है। इसका निर्माण अकबर द्वारा गुजरात पर जीत प्राप्त करने की स्मृति में 1601 ई. में कराया गया था। 54 मीटर ऊँचा बुलंद दरवाजा विश्व का सबसे ऊँचा प्रवेश द्वार है।

67. (2) आगरे का किला : इसका निर्माण अकबर के शासन काल के दौरान 1573 ई. में कराया गया था, यह किला 1638 तक मुगल वंश के शासकों का प्रमुख निवास स्थान था, ताजमहल : इसका निर्माण 1632 में मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा अपनी बेगम मुमताज महल की याद में कराया गया था, पुराना किला : इसके वर्तमान स्वरूप का निर्माण सूर साम्राज्य के संस्थापक शेरशाह सूरी द्वारा किया गया था।

68. (3) पानीपत का दूसरा युद्ध 5 नवम्बर, 1556 को आदिलशाह सूरी के मुख्यमंत्री और हिन्दू सेनापति हेमू और मुगल सम्राट अकबर की सेनाओं के मध्य हुआ था। इस युद्ध में अकबर ने निर्णायक जीत प्राप्त की थी।

69. (3) बीरबल अकबर के दरबार में एक हिन्दू सलाहकार था। 1556-1562 में कवि और गायक के रूप में उसे अकबर द्वारा नियुक्त किया गया था। वह सम्राट अकबर का विश्वासपात्र था और सबसे महत्त्वपूर्ण दरबारियों के समूह का एक सदस्य था, इस समूह को नवरत्न कहा जाता था।

70. (2) वर्तमान में विद्यमान आमेर के किले का निर्माण अम्बेर के कच्छवाहा शासक राजा मान सिंह के शासन काल के दौरान इस प्रारंभिक संरचना के अवशेषों पर किया गया था। इस ढाँचे का पूर्ण विस्तार उसके वंशज जय सिंह I के द्वारा किया गया था। यह किला आमेर, राजस्थान में स्थित है।

71. (2) 8वें गुरु हरकिशन के छोटी चेचक से संक्रमित होने के बाद गुरु तेग बहादुर को 1664 ई. में सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में नियुक्त किया गया था। इस्लाम स्वीकार करने की बात से इनकार करने पर मुगल सम्राट औरंगजेब के आदेश पर 1675 में दिल्ली में सार्वजनिक रूप से उनका सिर काट दिया गया था।

72. (3) मुगल दो महान शासकों की वंशावली के वंशज थे। वे मातृपक्ष की ओर से केन्द्रीय एशिया, चीन और मंगोल जनजातियों के शासक चंगेज खान के वंशज थे। पितृपक्ष की ओर से, वे ईरान, इराक और तुर्की के शासक तैमूर के उत्तराधिकारी थे। मुगलों को अपनी तैमूर वंश परम्परा पर गर्व था।

73. (1) उस्ताद अहमद लाहौरी को आगरा में ताजमहल के मुख्य वास्तुकार के रूप में जाना जाता है, इसे मुगल शासक शाहजहाँ के शासन काल के दौरान 1632 और 1648 के बीच बनाया गया था। लाहौरी ने ही दिल्ली में लाल किले (1638 और 1648 के बीच निर्मित) की नींव रखी थी।

74. (4) शाहजहाँ ने 1638 ई. में मुगल साम्राज्य की राजधानी आगरा से दिल्ली हस्तांतरित की थी, नई राजधानी को शाहजहाँनाबाद के रूप में जाना जाता था। इसका निर्माण यमुना नदी के तट पर पूर्ववर्ती इस्लामिक वंश की राजधानी के निकट और किया गया था।

75. (*) 1615 में, सर थॉमस रो ने मुगल न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने में सफल होकर अंतर्देशीय वेतन का दायित्व देने के बिना नि:शुल्क व्यापार की पुष्टि की। 1714 में एक अंग्रेज जॉन सुरमन सम्राट फर्रुख-सियर से 1717 में एक फरमान, जिसके द्वारा कंपनी बंगाल, बंबई और सीमा शुल्क से मुक्त मद्रास में व्यापार पर ले जाने के लिए अनुमति दी गई थी प्राप्त करने में सफल रहा। कंपनी को अपने सिक्कों को टकसाल में ढालने की अनुमति भी थी।

76. (1) बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में इब्राहिम लोदी को पराजित करने के बाद भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना की। 14 साल की उम्र में, बाबर फरगना के मध्य एशियाई राज्य के सिंहासन पर बैठा। बाबर ने पानीपत युद्ध के बाद सिर्फ मुगल शासन की शुरुआत की। अकबर ने इसकी वास्तविक बुनियाद 1556 में रखी।

77. (4) गुरु गोविन्द सिंह 1666 में बिहार के पटना में जन्मे दसवें सिख गुरु थे। उन्होंने आनंदपुर साहिब में शिक्षा पायी और फारसी सीखी। 1699 में उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की।

78. (3) मुगल बादशाह अकबर हिंदू महाग्रंथ महाभारत का फारसी (पर्सियन) में रज्मनामा नाम से अनुवाद कराने वाला प्रथम राजा था। 1574 में अकबर ने फतेहपुर सिकरी में मकतबखाना या अनुवाद का काम शुरू करवाया था।

79. (2) अकबर के शासन काल के दौरान, मुगल साम्राज्य उत्तर में हिमालय से दक्षिण में विंध्या तक और उत्तर-पश्चिम में हिंदुकुश और पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी तक फैला हुआ था। कश्मीर, सिंध, बलूचिस्तान, मकरान और कंधार (हिंदुकुश क्षेत्र) सभी मुगल शासन काल के दौरान मुगल क्षेत्र के अधीन आ गए थे। अकबर के शासन काल के दौरान मुगल साम्राज्य की सीमा नीचे दी गई है।



80. (4) मुगल भारत में औरंगजेब को 'जिंदा पीर' या 'लिविंग सेंट' कहा जाता था। इसका कारण यह था कि वह अपने पूर्ववर्तियों की भव्य जीवन शैली के विपरीत किसी भी दिखावे से रहित एक साधारण जीवन जिया। उसने राजकोष से व्यक्तिगत व्यय के लिए एक पैसा भी नहीं लिया। उसने कुरान लिखकर और टोपियाँ बेचकर जीविकोपार्जन किए।

81. (1) फतेहपुर सीकरी का पंच महल अकबर द्वारा मुगल महिलाओं और हरम की महिलाओं के लिए बनाया गया था। यह अपने असाधारण वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध पाँच मंजिला महल है। पंच महल की वास्तुकला एक बौद्ध मंदिर से प्रेरित थी।

82. (4) उत्तर भारत में सूर साम्राज्य के संस्थापक शेरशाह सूरी ने जून 1539 में चौसा के युद्ध में मुगल सम्राट हुमायूँ को पराजित किया था। उसने पुन: 1540 में हुमायूँ को पराजित किया जिसके बाद मुगल साम्राज्य कमजोर हो गया। शेरशाह ने 1540 में सम्राट हुमायूँ के शासन का तख्ता उलट दिया और 1545 में अपनी मृत्यु होने तक शासन किया।

83. (3) लाल किले का निर्माण पाँचवें मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा 1639-1648 में अपने महल की किलेबंदी राजधानी के रूप में कराया गया था। किलेबंदी से युक्त महल मध्यकालीन शहर शाहजहाँबाद का केन्द्र बिन्दु था, जिसे वर्तमान में पुरानी दिल्ली के नाम से जाना जाता है। यह महल 1857 तक मुगल वंश के सम्राटों का मुख्य निवास स्थल रहा था।

84. (2) मुगल मध्य एशिया से तुर्क-मंगोल मूल के तैमुरीद राजवंश की एक शाखा थे। उन्होंने मध्य एशिया के दो महान कुलों के वंश से जुड़े होने का दावा किया। वे पिता की तरफ से तैमूर वंश से जुड़े थे जबकि माँ की तरफ से वे चंगेज खान के वंशज थे।

85. (3) गुरुनानक देव का जन्म 15 अप्रैल, 1469 को लाहौर के पास तलवंडी (वर्तमान में ननकाना साहिब, पंजाब, पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता का नाम कल्याण चंद दास बेदी था, जो मेहता कालू के नाम से लोकप्रिय थे और माता का नाम तृप्ता था। वह सिख धर्म के संस्थापक और दस सिख गुरुओं में से पहले गुरु थे।

86. (3) 1527 ई. में खनवा के युद्ध में राणा सांगा पर अपनी जीत के बाद, बाबर ने गाजी (विश्वास का योद्धा) की उपाधि धारण की। उसने जहीर-अल-दीन (विश्वास का समर्थक) मोहम्मद बाबर पादशाह गाजी की उपाधि धारण की। बाबर उस समय दिल्ली का लगभग निर्विवाद सम्राट था।

87. (3) सिख धर्म 15वीं शताब्दी के अंत में भारतीय उपमहाद्वीप के पंजाब क्षेत्र में उत्पन्न हुआ था। यह प्रमुख विश्व धर्मों में से सबसे आधुनिक है। सिख धर्म के पहले गुरु गुरु नानक (1469-1539) थे। यह धर्म और नौ सिख गुरुओं की आध्यात्मिक शिक्षाओं पर आधारित है जो उनके उत्तराधिकारी थे।

88. (1) गुजरात के शासक अहमद शाह (1411-1442) ने 1414 में जजिया कर की शुरुआत की और इसे इतनी कड़ाई के साथ वसूला जाता था कि लोग इसके कारण अपना धर्म परिवर्तन कर इस्लाम धर्म को स्वीकार करने लगे। 1564 में तीसरे मुगल सम्राट अकबर ने जजिया कर को समाप्त कर दिया था। जजिया इस्लामी कानून द्वारा शासित मुस्लिम भूमि पर स्थायी रूप से रहने वाले गैर-मुस्लिम से वसूला जाने वाला प्रति व्यक्ति वार्षिक कर था।

89. (2) मराठा काल के दौरान, पाटिल (गाँव के प्रधान) गाँव के प्रशासन का प्रमुख था। वह शांति और व्यवस्था, राजस्व प्रबंधन और सरकार को राजस्व का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार था। वह गाँव में सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति था।

90. (2) 1564 में तीसरे मुगल सम्राट अकबर ने जजिया को समाप्त कर दिया था। इसे अंतिम रूप से 1579 में समाप्त कर दिया गया था। हालांकि, छठे सम्राट औरंगजेब ने 1679 में गैर-मुसलमानों पर जजिया को फिर से लगाया। उसका लक्ष्य इस्लाम को बढ़ावा देना और हिंदू धर्म को कमजोर करना था।

91. (4) फैजी एक फारसी कवि और विद्वान् थे जो अकबर के दरबार में मलिक-उश -शुरा (राज कवि) थे। वह अकबर के इतिहासकार अबुल फजल के बड़े भाई थे। अकबर ने उन्हें अपने बेटों सलीम मुराद और डानियाल के लिए प्रशिक्षक नियुक्त किया तथा उसे अपने 'नवरत्नों' में शामिल किया। फैजी द्वारा रचित कविताओं का संग्रह ताबासीर अल-सुबाह था, जिसमें गजल और कसिदे शामिल थे।

92. (1) नौरोज (शाब्दिक रूप से "नया दिन") ईरानी नव वर्ष का नाम है, जिसे फारसी नव वर्ष भी कहा जाता है। मुगलों ने इस उत्सव को पारसी समुदाय से अपनाया। अबुल फजल की अकबरनामा (1551- 1602) और सम्राट जहाँगीर की तुज्क- ए-जहाँगीरी (1569-1627) में मुगल काल के दौरान इस उत्सव के मनाए जाने की जानकारी प्राप्त होती है।

93. (2) रामचरितमानस हिंदी की अवधी बोली में एक महाकाव्यात्मक कविता है, जिसकी रचना 16वीं शताब्दी के भारतीय भक्ति कवि गोस्वामी तुलसीदास (1532-1623 सी.) ने की है। रामचरितमानस का शाब्दिक अर्थ है 'राम के कर्मों की झील'। रामचरितमानस को हिंदी साहित्य की सबसे महान कृतियों में से एक माना जाता है।

94. (1) सरायघाट का युद्ध 1671 में मुगल साम्राज्य (कछवाहा राजा, राजा राम सिंह प्रथम के नेतृत्व में) और अहोम साम्राज्य (लछीत बोरफुकन के नेतृत्व में), के बीच सरायघाट में ब्रह्मपुत्र नदी वर्तमान में गुवाहाटी, असम में। पर हुआ एक नौसेना युद्ध था। हालांकि कमजोर, अहोम सेना ने मुगल सेना को पराजित किया था।

95. (3) रानी दुर्गावती मदावी 1550 से 1564 तक गोंडवाना की एक रानी थीं, जिन्होंने 24 जून, 1564 को मुगलों के खिलाफ लड़ाई में पराजय की संभावना दिखने के कारण स्वयं अपनी जान दे दी। गढ़ साम्राज्य, जिसे गढ़ मंडला या गढ़ कटंगा भी कहा जाता है, की रक्षा करने के लिए उनके साहस और पराक्रम के लिए आज भी उन्हें याद किया जाता है। उनकी शहादत को आज भी 'बलिदान दिवस' के रूप में याद किया जाता है।

96. (2) जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर, जिसे अकबर महान के नाम से जाना जाता है, बाबर और हुमायूँ के बाद मुगल साम्राज्य का तीसरा सम्राट था। वह नसीरुद्दीन हुमायूँ का बेटा था और उसे 15 साल की उम्र में सम्राट के रूप में उत्तराधिकारी बनाया गया, वह सिर्फ 13 साल की उम्र में मुगल शासक बना। उसका शासनकाल 1556 से 1605 तक रहा।

97. (3) 1567-1568 में चित्तौड़ की घेराबंदी के दौरान, मुगल सेना ने राजपूतों को हराया और उनकी हत्या की। हालाँकि, युद्ध के बाद, अकबर ने जयमल और पत्ता की बहादुरी को स्वीकार किया और फतेहपुर सीकरी, (आगरा) के मुख्य दरवाजे पर दोनों की मूर्ति लगवाई। चित्तौड़गढ़ किले में जयमल और पत्ता के सम्मान में 'छत्री' (सेनोटाफ) भी बनाया गया था।

98. (3) बाद के वर्षों के शासनकाल में, अकबर ने मनसबदारी प्रणाली में 'जात' और 'सवार' के पद की शुरुआत की। जात का अर्थ है व्यक्तिगत पद या ओहदा और सवार का अर्थ घुड़सवारों की उस निश्चित संख्या से है जिसे किसी मनसबदार को अपने पास रखने का अधिकार होता था। सवार की रैंक उनके अतिरिक्त भत्ते को तय करने के लिए मनसबदारों को दी गई थी।

99. (2) अकबर की मृत्यु के बाद, सहजादा सलीम ने 3 नवंबर 1605 को सत्ता संभाली, जहाँगीर का पूरा शाही नाम नूर-उद-मुहम्मद जहाँगीर बादशाह गाजी था, जिसका अर्थ है फारसी में दुनिया का विजेता। वह चौथा मुगल सम्राट था, जिन्होंने 1605 से 1627 तक अपनी मृत्यु तक शासन किया।

100. (1) शाहजहाँ के शासनकाल के दौरान मुगल वास्तुकला अपने चरम पर पहुंच गई, जिसने ताजमहल, जामा मस्जिद, लाल किला और लाहौर में शालीमार गार्डन का निर्माण किया। शाहजहाँ को ''वास्तुकार राजा'' कहा गया है। दिल्ली में लाल किला और जामा मस्जिद, दोनों वास्तुकला की एक बड़ी उपलब्धियों के रूप में हैं।

101. (1) अकबर का जन्म 15 अक्टूबर 1542 को सिंध के उमरकोट में हुआ था जहाँ उनके माता-पिता को हिंदू शासक राणा प्रताप ने शरण दी थी। हुमायूँ के निर्वासन की विस्तारित अवधि के दौरान अकबर को काबुल में उसके पैतृक चाचा कामरान मिर्जा और अस्करी मिर्जा द्वारा लाया गया था। वह 13 साल की उम्र में 1556 में एक संरक्षक बैरम खान के देख-रेख में सिंहासन पर बैठा।

102. (4) ताजमहल को 1632 में मुगल सम्राट, शाहजहाँ (1628 से 1658 तक शासनकाल) ने अपनी पसंदीदा पत्नी, मुमताज महल की कब्र के लिए निर्मित करवाया था। मकबरे का निर्माण 1643 में पूरा हुआ था, लेकिन परियोजना के अन्य चरणों पर काम जारी रहा। माना जाता है कि ताजमहल का परिसर 1653 में पूरी तरह से बन चुका था।

103. (3) गुरु अर्जन देव जी सिखों के पांचवें गुरु थे। उन्होंने सिख ग्रंथ के पहले आधिकारिक संस्करण का संकलन किया, जिसे आदि ग्रंथ कहा जाता है, जो बाद में गुरु ग्रंथ साहिब में विस्तारित हुआ। उन्हें मुगल बादशाह जहाँगीर के आदेश के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए कहा गया। उन्होंने इनकार कर दिया, 1606 ई. में प्रताड़ित कर मार डाला गया।

104. (3) दिसम्बर 1530 में, हुमायूँ अपने पिता के उत्तरधिकारी के रूप में भारतीय उपमहाद्वीप में मुगल क्षेत्रों के शासक के रूप में दिल्ली के सिंहासन पर बैठा। हुमायूँ ने शेरशाह सूरी से पराजित होकर मुगल क्षेत्रों को खो दिया, लेकिन उन्हें 15 साल बाद सफवीद सहायता से वापस ले लिया। 22 जून, 1555 को सरहिंद की लड़ाई में, सिकंदर शाह सूरी की सेनाओं को निर्णायक रूप से पराजित किया गया और मुगल साम्राज्य को भारत में फिर से स्थापित किया गया।

105. (4) हरमंदिर साहिब, जिसे दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है, पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित एक गुरुद्वारा है। गुरुद्वारा साहिब एक मानव निर्मित पूल (सरोवर) के चारों ओर बनाया गया है, जिसे गुरु राम दास ने 1577 में पूरा किया था। सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु अर्जन, ने लाहौर के एक मुस्लिम पीर मियां मीर से 1589 में इसकी नींव रखने का अनुरोध किया था। ।

106. (4) नूरजहाँ का जन्म मेहर-उन-निसा के रूप में हुआ था। उसकी शादी 17 साल की उम्र में एक फारसी सैनिक शेर अफगान से हुई, जो महत्वपूर्ण मुगल प्रांत बिहार का गवर्नर था। अकबर का सबसे बड़ा बेटा और भावी सम्राट राजकुमार सलीम उस विवाहित महिला से प्रेम करने लगा और 1611 में उसकी शादी जहाँगीर से हो गई।

107. (1) सिंहासन पर बैठने के लगभग 50 साल बाद, 1605 में अकबर की मृत्यु हो गई, और आगरा के बाहर सिकंदरा में उसे दफनाया गया। सिकंदरा में मुगल स्थापत्य कला के अनुरूप एक मकबरा, 1604-1613 में बनाया गया था। यह 119 एकड़ में स्थित है। अकबर के बाद उसका पुत्र , सलीम गद्दी पर बैठा, जिसने जहाँगीर की उपाधि ली, जिसका अर्थ था ''विश्व का विजेता''

108. (2) महाराजा रणजीत सिंह अमृतसर में हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे के सुनहरे सौंदर्यीकरण के लिए प्रसिद्ध हैं, जिसे स्वर्ण मंदिर के रूप में जाना जाता है। उन्होंने इसमें 1820-1831 के बीच संगमरमर और तांबे का प्रयोग करवाया, और 1830 में इसपर सुनहरे रंग की स्वर्ण परत चढ़वा दिया। इसके कारण इसका नाम स्वर्ण मंदिर पड़ा।

109. (3) तुकारोई की लड़ाई, जिसे बाजौरा की लड़ाई के नाम से भी जाना जाता है, मुगल साम्राज्य और बंगाल तथा बिहार की सल्तनत के बीच लड़ी गई थी। यह लड़ाई 3 मार्च, 1575 को तुकारोई गाँव के पास ओडिशा के बालासोर जिले में शुरू हुई थी। यह लड़ाई कटक की संधि से समाप्त हुई जिसके अंतर्गत दाउद खान करर्रानी ने केवल ओडिशा को छोड़कर पूरे बंगाल और बिहार को सौंप दिया था।

110. (1) कन्नौज का युद्ध 17 मई, 1540 को सूर साम्राज्य के मुगल बादशाह हुमायूँ और शेरशाह सूरी (शेरखान) के बीच लड़ा गया था। इस लड़ाई में शेरशाह की निर्णायक जीत हुई और मुगल प्रभाव में गिरावट आई। इसके परिणाम स्वरूप शेरशाह आगरा और दिल्ली का शासक बना।

111. (4) 1608 ई. में, ईस्ट इंडिया कंपनी ने कैप्टन विलियम हॉकिन्स को मुगल सम्राट जहाँगीर के दरबार में भेजा। इस यात्रा का उद्देश्य शाही संरक्षण को सुरक्षित करना था। वह कंपनी के लिए शाही परमिट (royal permit) प्राप्त करने में सफल रहा। अब, कंपनी को भारत के पश्चिमी तट के साथ विभिन्न स्थानों पर अपने कारखाने स्थापित करने की अनुमति प्राप्त हो गई थी।

112. (4) जौहर करने वाली राजपूत महिलाओं को बहादुर पतिव्रता के रूप में माना जाता था, या अपने पतियों के लिए इतनी गहरी भक्ति का उदाहरण दिया जाता था कि वे अलग होने और बदनामी का जीवन जीने के बजाय उन्हें अपने अगले जन्म में शामिल करना पसंद करती थीं। युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुरुषों को भी सम्मानित किया जाता था।

113. (3) अकबर के शासनकाल में राजा टोडरमल मुगल साम्राज्य के वित्त मंत्री थे। वह अकबर के दरबार में नवरत्नों में से एक थे। उन्होंने जबात (zabt) के रूप में जाना जाने वाला राजस्व की एक नई प्रणाली शुरू की और कराधान की इस प्रणाली को दहशाला (dahshala) कहा जाता है।

114. (3) सिकंदर लोदी 1489 और 1517 के बीच दिल्ली के सुल्तान थे। वह 1506 ई. में अपनी राजधानी को दिल्ली से आगरा में स्थानांतरित करने वाला पहला शासक था। आगरा 1556 से 1648 तक मुगल साम्राज्य की राजधानी थी।

115. (4) 18 जून, 1576 का हल्दी घाटी युद्ध महाराणा प्रताप का समर्थन करने वाले घुड़सवारों और धनुर्धारियों और मुगल सम्राट अकबर की सेनाओं के बीच लड़ा गया था, जो अंबर के मान सिंह प्रथम के नेतृत्व में हुआ था। 1568 में चित्तौड़गढ़ की घेराबंदी ने मेवाड़ की उपजाऊ पूर्वी क्षेत्र को मुगलों के हाथों खो दिया था।

116. (1) प्रतापगढ़ की लड़ाई 10 नवम्बर, 1659 को मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और आदिलशाही जनरल अफजल खान की सेनाओं के बीच लड़ी गई थी। मराठों ने अधिक संख्या होने के बावजूद आदिलशाही सेना को हराया। इस लड़ाई में अफजल खान मारा गया।

117. (3) राष्ट्रीय राजमार्ग 1 या NH 1, जिसे शेरशाह सूरी रोड के नाम से जाना जाता है, उत्तरी भारत में एक राष्ट्रीय राजमार्ग था जिसने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली को भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पंजाब के शहर अटारी से जोड़ा था। अपनी संपूर्णता में ओल्ड नेशनल हाईवे 1, ऐतिहासिक ग्रांड ट्रंक रोड का हिस्सा था जिसे जीटी रोड के रूप में जाना जाता था।

118. (3) आदि ग्रंथ का शाब्दिक अर्थ है "पहली पुस्तक"। यह 1604 में पाँचवें सिख गुरु, गुरु अर्जन देव जी द्वारा संकलित सिख ग्रंथों का प्रारंभिक पुस्तक है। यह ग्रंथ (पुस्तक) सिखों का पवित्र ग्रंथ है। दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1704 से 1706 की अवधि के दौरान इस ग्रंथ में एक अतिरिक्त पवित्र शब्द जोड़े।

119. (1) मुगल दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों को दो महान शासकों के वंशज के रूप में वर्णित किया है। अपनी माता की ओर से वे चंगेज खाँ के वंशज थे, जो चीन और मध्य एशिया के मंगोल जनजातियों के शासक थे। मुगल नाम का नाम मंगोल से पड़ा है। अपने पिता की ओर से, वे तैमूर के उत्तराधिकारी थे।

120. (3) छठे मुगल सम्राट, मुही-उद-दीन मुहम्मद औरंगजेब ने आलमगीर (अर्थ: विश्व का विजेता) की उपाधि धारण की। वह मुगल बादशाह शाहजहाँ और मुमताज महल के तीसरे पुत्र थे।

121. (3) सूफी संगीतकार, कवि और विद्वान अमीर खुसरो को तुती-ए-हिंद (भारत का तोता) के रूप में जाना जाता था। वे न केवल एक उल्लेखनीय कवि थे बल्कि एक प्रखर और मौलिक संगीतज्ञ भी थे। उन्होंने मुख्यत: फारसी में कविताएँ लिखीं, लेकिन हिंदी में भी उनकी रचनाएँ हैं। उन्हें कव्वाली का जनक भी माना जाता है और उन्हें कविता के क्षेत्र में विभिन्न प्रयोगों के लिए जाना जाता है, जैसे तराना, शास्त्रीय ख्याल आदि।

122. (3) 15 अप्रैल, 1469 को पाकिस्तान के लाहौर प्रांत (वर्तमान ननकाना साहिब, पंजाब) के राय भोई की तलवंडी गाँव में गुरु नानकदेव का जन्म हुआ। नानक के पिता कल्याण चंद दास बेदी थे, जो मेहता कालू के नाम से लोकप्रिय थे। उनकी माता का नाम तृप्ता था। उनके पिता तलवंडी गाँव में फसल राजस्व के लिए स्थानीय पटवारी (लेखाकार) थे।

123. (2) हवा महल 1799 ईस्वी में बनाया गया था।

- इसे महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था।
- यह जयपुर, राजस्थान में स्थित है।
- यह शाही महिलाओं के लिए सड़क पर होने वाले कार्यक्रमों और त्योहारों का आनंद लेने के लिए बनाया गया था।
- यह हिंदू राजपूत वास्तुकला और इस्लामिक मुगल वास्तुकला का मिश्रण है।

124. (3) मोती मस्जिद, दिल्ली में लाल किला परिसर के अंदर एक सफेद संगमरमर की मस्जिद है।

- इसे मुगल बादशाह औरंगजेब ने 1659-1660 में बनवाया था।
- यह उनकी दूसरी पत्नी नवाब बाई के लिए बनाया गया था।
- आगरा में मोती मस्जिद को शाहजहाँ ने बनवाया था।
- यह मस्जिद ने मोती की तरह चमकने के कारण विशेषण के रूप में मोती मस्जिद का नाम अर्जित किया।
- शाही दरबार के सदस्यों के उपयोग के लिए इसे शाहजहाँ द्वारा निर्मित।
- लाहौर (अब पाकिस्तान में) में मोती मस्जिद मुगल सम्राट जहाँगीर द्वारा बनाई गई थी।

125. (3) फतवा-ए-आलमगिरी (जिसे फतवा-ए- हिन्दीया के नाम से भी जाना जाता है) इस्लामी शरीयत पर आधारित कानून की किताब थी।

- यह मुगल बादशाह मुहम्मद औरंगजेब (जिन्हें आलमगीर के नाम से भी जाना जाता था) के शासनकाल के दौरान लिखा गया था।

- यह संकलन मुख्य रूप से सुन्नी हनफी इस्लामिक न्यायशास्त्र पर आधारित है और इसमें सऊदी अरब सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों के कई प्रमुख विद्वानों का योगदान था, मुख्य रूप से हनफी स्कूल से।

126. (3) सिख परंपरा के अनुसार गुरुमुखी (शाब्दिक रूप से, 'गुरु के मुख से) का आविष्कार 16 वीं शताब्दी के मध्य में, दूसरे सिख गुरु (गुरु अंगद) द्वारा किया गया था, जिससे लाहंदा लिपि में कुछ अपर्याप्तताओं को दूर किया जा सके। ताकि पवित्र साहित्य को सही ढंग से दर्ज किया जा सके।

127. (4) 1615 में, सर जेम्स रो, जो ब्रिटेन के राजा जेम्स प्रथम का दूत था, मुगल सम्राट जहाँगीर के दरबार में पहुँचा।

- जहाँगीर चौथा मुगल सम्राट था, जिसने 1605 से 1627 तक अपनी मृत्यु तक शासन किया।

128. (2) बाबर (1526 - 1530 ई.)

- हुमायूँ (1530 - 1556 ई.)
- अकबर (1556 - 1605 ई.)
- जहाँगीर (1605 - 1627 ई.)
- शाहजहाँ (1628 - 1658 ई.)
- औरंगजेब (1658 - 1707 ई.)

129. (1) नाहरगढ़ किला राजस्थान में जयपुर की अरावली पहाड़ियों के किनारे पर स्थित है।

- नाहरगढ़ किला 1734 में जयपुर के महाराजा, सवाई जय सिंह द्वितीय द्वारा बनाया गया था।
- किले का प्रारंभिक नाम सुदर्शनगढ़ किला था।

130. (1) महान मराठा शासक शिवाजी महाराज के समय में चौथ और सरदेशमुखी की कल्पना की गई थी।

- चौथ, एक वार्षिक कर था जिसका उद्ग्रहण नाममात्र 25% या राजस्व या उत्पादन पर एक चौथाई था।
- सरदेशमुखी, चौथ के ऊपर एक अतिरिक्त 10% उगाही थी।
- जात, राजा द्वारा मानसबदार पर दिया गया पद था।
- सवार, घुड़सवारों की गिनती थी जिसे मनसबदारी प्रणाली में बनाए रखा जाना था।

131. (1) चौसा का युद्ध मुगल सम्राट, हुमायूँ और अफगान शासक शेरशाह सूरी के बीच लड़ा गया था।

- यह 26 जून, 1539 को चौसा, बक्सर बिहार, में लड़ा गया था।
- शेरशाह विजयी रहा और उसने खुद को फरीद-अल-दीन शेर शाह का ताज पहनाया।

132. (1) अष्ट प्रधान (आठ परिषद) शिवाजी द्वारा स्थापित एक प्रशासनिक और सलाहकार परिषद थी।

- इसने मुस्लिम मुगल साम्राज्य और उस क्षेत्र की सरकार पर अपने सफल सैन्य हमलों में अच्छा योगदान दिया, जिस पर उसने अपना शासन स्थापित किया।
- परिषद के वरिष्ठ सदस्य, पेशवा, या मुख्य प्रधान, सामान्य प्रशासन के प्रभारी थे और राज्य की मुहर रखते थे।

133. (1) खानवा की लड़ाई 16 मार्च, 1527 को मेवाड़ के राणा साँगा के नेतृत्व में प्रथम मुगल शासक बाबर और राजपूत सेना के बीच लड़ी गई थी।

- यह राजस्थान के भरतपुर जिले के खानवा गाँव के पास लड़ा गया था।
- इस युद्ध में बाबर की जीत ने भारत में नए मुगल वंश को स्थापित किया।

134. (1) दीन-ए इलाही 1582 ईस्वी में मुगल सम्राट अकबर द्वारा प्रतिपादित एक समन्वित धर्म था।

- इसके तत्वों को मुख्य रूप से इस्लाम और हिंदू धर्म से लिया गया था, लेकिन कुछ अन्य को ईसाई धर्म, जैन धर्म और पारसी धर्म से भी लिया गया था।
- इसका उद्देश्य अपने साम्राज्य के धर्मों के सर्वोत्तम तत्वों का विलय करना था।

135. (2) शेरशाह सूरी का मकबरा बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में स्थित है। यह ग्रैंड ट्रंक रोड पर स्थित है, जिसे शेरशाह द्वारा बनवाया गया था। इस मकबरे को मीर मुहम्मद अलीवाल खान द्वारा डिजाइन किया गया था और 1540 से 1545 के बीच बनाया गया था। यह लाल बलुआ पत्थर से निर्मित मकबरा है जो एक कृत्रिम झील के बीच में खड़ा है, और लगभग चौकोर है। इसे भारत के दूसरे ताज महल के रूप में जाना जाता है।

136. (3) मुगल शासकों का सही कालानुक्रम निम्नानुसार है:

- बाबर (1526-1530 ई.)
- हुमायूँ (1530-1556 ई.)
- अकबर (1556-1605 ई.)
- जहाँगीर (1605-1627 ई.)
- शाहजहाँ (1628-1658 ई.)
- औरंगजेब (आलमगीर) (1658-1707 ई.)
- बहादुर शाह प्रथम (1707-1712)

137. (3) कालिंजर का किला उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में स्थित है। यह खजुराहो के मंदिर-शहर और विश्व विरासत स्थल के पास स्थित है। चंदेला-युग की किंवदंतियों के अनुसार, किला एक चंदेला शासक द्वारा बनाया गया था। चंदेला शासकों ने कलंजराधिपति ('कलंजारा के भगवान') शीर्षक का उपयोग किया, जो कि किले से जुड़े महत्व को दर्शाता है। यह वह जगह भी है जहाँ 1545 में शेर शाह सूरी की इस किले पर आक्रमण के दौरान मृत्यु हुई थी।

138. (2) राणा कुंभा राजस्थान के मेवाड़ साम्राज्य के शासक थे। वह मेवाड़ के 48वें राणा थे और उन्हें 1433 ईस्वी में राणा मोकल सिंह के स्थान पर मेवाड़ का शासक बनाया गया। उन्होंने 1433 ई. और 1468 ई. के बीच शासन किया।

139. (3) अफगान शासक शेर शाह सूरी ने 16वीं शताब्दी में चांदी का एक सिक्का जारी किया जिसे रूपिया कहा गया। यह 178 ग्रेन वजन का था और आधुनिक रुपये का अग्रदूत था। इसके साथ में रुपिया को सोने के सिक्के जारी किए गए जिन्हें मोहर और तांबे के सिक्के जिन्हें दाम कहा जाता है जारी किए गए।

140. (2) औरंगजेब 1658 से 1707 तक भारत का मुगल सम्राट था। वह महान मुगल सम्राटों में से अंतिम था। उसके शासन काल में मुगल साम्राज्य अपनी चरम सीमा तक पहुँच गया, हालाँकि उसकी कट्टर धार्मिक नीतियों ने इसके विघटन को बढ़ावा दिया।

141. (4) कन्नौज का युद्ध 17 मई, 1540 को सुर साम्राज्य के शेरशाह सूरी (शेरखान) और मुगल शासक हूमायूँ के बीच लड़ा गया था। इस लड़ाई के परिणामस्वरूप शेरशाह की निर्णायक जीत हुई और मुगलों का भाग्य कुछ समय के लिए भारत में अस्त हो गया। इस युद्ध के पश्चात् शेरशाह आगरा और दिल्ली का मालिक बना।

142. (1) मुगल साम्राज्य को समेकित करने में महान सम्राट अकबर (1556–1605) ने शेरशाह के प्रशासनिक मॉडल को अपनाया था।

- अकबर ने प्रांतीय प्रशासन, राजस्व प्रशासन और यहां तक कि सिक्के के प्रचलन में शेरशाह की व्यवस्थाओं को अपना कर मुगल साम्राज्य लागू किया था।

143. (1) अबुल फजल-ए-अल्लामी नेआइन- ए-अकबरी में वर्णित किया है कि मुगल सम्राट अकबर की अवधि के दौरान, गज का उपयोग लंबाई मापने की इकाई के रूप में किया जाता था।

- प्रत्येक गज को 24 बराबर भागों में बाँटा जाता था और प्रत्येक भाग को तसुज कहा जाता था।
- इस प्रणाली का उपयोग बड़े पैमाने पर भूमि के टुकड़ों को मापने के लिए, भवनों, घरों, कुओं, उद्यानों और सड़कों के निर्माण के लिए किया जाता था।

144. (3) मुगल बादशाह अकबर की 25 अक्टूबर, 1605 को उनकी राजधानी आगरा में पेचिश से मृत्यु हो गई।

- उसके मृत शरीर को आगरा के सिकंदरा में उसके मकबरे में दफनाया गया था।

145. (1) अकबर तानसेन को नवरत्न (नौ रत्न) मानते थे।

- उसने उसे मियां की उपाधि दी, एक सम्मानित पदवी, जिसका अर्थ है विद्वान व्यक्ति।
- तानसेन को उनकी महाकाव्य ध्रुपद रचनाओं के लिए कई नए रागों के साथ-साथ श्री गणेश स्तोत्र और संगीत सार पर दो उत्कृष्ट किताबें लिखने के लिए याद किया जाता है।

146. (1) ग्वालियर के राजा मान सिंह ने संगीत शैली की प्रसिद्ध पुस्तक ''मान कौतुहल'' लिखी।

- मान कौतुहल फारसी संगीत पर एक टिप्पणी है और इसमें भारत में मुसलमानों द्वारा पेश किए गए सभी नए संगीत प्रणाली शामिल हैं।

TYPE–III

1. (1) फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1667 में, फ्रांसिस कैरॉन के नेतृत्व में अपना अभियान आरंभ किया, फ्रांकोइस कैरॉन के नेतृत्व में फ्रेंच कंपनी 1668 में सूरत पहुँची और भारत में पहली फ्रेंच फैक्टरी की स्थापना की। दूसरी फ्रेंच फैक्टरी की स्थापना 1668 में मसूलीपट्टनम् में की गई थी।

2. (4) गुरु ग्रंथ साहिब मुख्य रूप से सिखों का एक पवित्र धार्मिक ग्रंथ है, सिखों द्वारा इस ग्रंथ को 11 धार्मिक सिख गुरुओं की वंशपरंपरा का अंतिम और संप्रभु गुरु माना जाता है। यह 1430 पेजों का एक विशाल ग्रंथ है जिसे 1469 से 1708 के मध्य सिख गुरुओं के शासन-काल के दौरान संपादित और संकलित किया गया था।

3. (2) ईस्ट इंडिया कंपनी ने मुगलों से अनुमति मिलने के बाद 1651 में हुगली में कारखाना स्थापित किया। इसके बाद पटना, ढाका, कासिम बाजार में अनेक कारखाने लगाए गए।

4. (3) गोरी के एक साधारण सरदार इख्तियारूद्दीन मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी ने 1202–1203 ई. उदन्तपुर पर आक्रमण किया और वहाँ के बौद्ध बिहार को लूटा तथा भिक्षुओं को कत्ल कर दिया। उसके पश्चात् उसने नालन्दा और विक्रमशिला के केन्द्रों पर भी अधिकार कर लिया। खिलजी ने नालंदा को नष्ट कर दिया और पुस्तकालय को जला दिया।

5. (1) मोती मस्जिद आगरे के किले में स्थित सबसे सुन्दर भवन है। इसका निर्माण शाहजहाँ ने अपनी पुत्री जहाँआरा के सम्मान में करवाया था। इसके बाह्य भाग में लाल पत्थर तथा भीतरी भाग में संगमरमर का प्रयोग किया गया है। दिल्ली स्थित मोती मस्जिद का निर्माण औरंगजेब ने संगमरमर से करवाया था।

6. (3) चंगेज खाँ बनाम अलाउद्दीन खिलजी जोड़ा सही नहीं है क्योंकि मंगोल नेता चंगेज खाँ इल्तुतमिश के समय पर्शिया (ईरान) के शासक ख्वारिज्म शाह के बड़े पुत्र जलालुद्दीन मंगबर्नी का पीछा करता हुआ सिन्ध नदी तक पहुँच गया। इसी समय चंगेज खाँ ने इल्तुतमिश के दरबार में अपना दूत भेजा कि वह मंगबर्नी की सहायता न करे। इल्तुतमिश ने मंगबर्नी की सहायता न करके तुर्की राज्य को मंगोल आक्रमण से बचा लिया।

7. (4) पुर्तगाली नाविक वास्को डि गामा भारतीय समुद्र तट पर आने वाला प्रथम यूरोपीय था। वह 1498 ई. में 'गुड होप' अंतरीप से होते हुए भारत के मालाबार तट के निकट कालिकट बन्दरगाह पर पहुँचा। उसके परवर्ती अभियानों के परिणामस्वरूप भारत में पुर्तगाली उपनिवेश की स्थापना हुई।

8. (4) मुगल सम्राट शाहजहाँ ने हिन्दी गीतों की रचना की थी। वह संगीत का अच्छा जानकार तो था ही साथ ही उसने अनेक संगीतकारों को संरक्षण प्रदान किया था। रुढ़िवादी औरंगजेब के द्वारा जब गायन पर पाबंदी लगा दी गयी फिर भी शाहजहाँ अपने जीवन के अन्तिम वर्षों में छिप-छिप कर गाना गाता था वह एक अच्छा वीणावादक भी था।

9. (2) पृथ्वीराज चौहान-अकबर का मिलान गलत है। पृथ्वीराज चौहान (दिल्ली और अजमेर) का शासक था। पृथ्वीराज ने 1191, 1192 का तराइन प्रथम एवं द्वितीय युद्ध गोरी के साथ लड़ा था। अकबर का काल 1556 से शुरू होता है।

10. (3) कोणार्क का सूर्य मंदिर 13वीं शताब्दी से ओडिशा के कोणार्क में स्थित है। इसे ब्लैक पेगोड़ा के नाम से भी जाना जाता है। इसे 1250 में पूर्वी गंग साम्राज्य के नरसिम्हदेव-प्रथम के द्वारा बनाया गया था।

11. (1) गुरु अंगद (31 मार्च, 1504–28 मार्च, 1552) सिखों के दस गुरुओं में दूसरे गुरु थे। उन्होंने वर्तमान गुरुमुखी लिपि को लोकप्रिय बनाया जो पंजाबी भाषा को लिखने का माध्यम बना। इसी लिपि में सिख गुरुओं की वाणियों को संग्रहित और व्यक्त किया गया है।

12. (4) अथनासियस निकेतिन एक रूसी व्यापारी थे। वह निकोलो डि 'कोंटी के बाद भारत की यात्रा करने और अपनी यात्रा का पुस्तक में वर्णन करने वाले प्रथम यूरोपियों में से एक थे। उन्होंने **'द जर्नी बियॉन्ड थ्री सीज'** में अपनी यात्रा का विवरणात्मक वर्णन किया था।

13. (1) देवगिरि (यह स्थान महाराष्ट्र में है जिसे वर्तमान में दौलताबाद के नाम से जाना जाता है) यादवों की राजधानी थी। इसका निर्माण प्रथम यादव शासक भिल्लन द्वारा 1187 ई. में कराया गया था। देवगिरी के यादव पश्चिमी चालुक्य (कल्याणी के चालुक्य) साम्राज्य के सामन्त/अभिजात वर्ग के वंशज थे।

14. (3) वास्को डि गामा : 20 मई, 1498 ई. को भारत के केरल के कालीकट तट पर पहुँचा, बाबर : बाबर ने 1526 में पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहिम लोदी को हराकर मुगल वंश की नींव रखी, सिपाही विद्रोह: मेरठ में ईस्ट इंडिया कंपनी के सिपाहियों के विद्रोह के रूप में 10 मई, 1857 को आरंभ हुआ।

15. (1) रामानंद 14वीं शताब्दी के वैष्णव सम्प्रदाय के संत थे जिन्होंने रामानंदी सम्प्रदाय की स्थापना की, जो कि मठ में निवास करने वाला सबसे बड़ा अनुशासनिक समुदाय था। उन्होंने राम और सीता की भक्ति का प्रचार करके धर्म को लोकतांत्रिक बना दिया। वह उत्तर भारत के पहले महान भक्ति संत थे।
- इसे स्थायी निपटान प्रणाली के रूप में भी जाना जाता है।
- विलियम बेंटिक के कार्यकाल के दौरान 1833 में महलवारी प्रणाली शुरू की गई थी।
- यह ब्रिटिश भारत के मध्य प्रांत, उत्तर- पश्चिम सीमा, आगरा, पंजाब, गंगा घाटी, आदि में लागू किया गया था।
- महलवारी प्रणाली में जमींदारी प्रणाली और रैयतवाड़ी प्रणाली दोनों के कई प्रावधान शामिल थे।

52. (3) हड़प नीति (द डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स) एक विनियोग नीति थी जिसका लॉर्ड डलहौजी ने व्यापक रूप से प्रयोग किया। भारत में 1848 से 1856 तक गवर्नर-जनरल की भूमिका निभाई।

- गवर्नर-जनरल डलहौजी ने 1848 में, सतारा को इस सिद्धांत के अनुसार अधिग्रहित कर लिया।
- अन्य प्रमुख राज्य जो अंग्रेजों के हड़प नीति के शिकार बने:
  - ✓ जयपुर - 1849
  - ✓ संभलपुर - 1849
  - ✓ उदयपुर - 1852
  - ✓ झांसी - 1853
  - ✓ नागपुर - 1854

53. (2) 1773 से 1785 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे वारेन हेस्टिंग्स ने 1772 में एक नई न्यायिक प्रणाली शुरू की।

- उन्होंने दीवानी अदालत को दीवानी मामलों और फौजदारी अदालत को आपराधिक मामलों का फैसला करने के लिए प्रत्येक जिलों में दो अदालतों की स्थापना की।
- दिवानी अदालत में, कलेक्टर को 'देशी दीवान' द्वारा सहायता प्रदान की जानी थी।
- फौजदारी अदालत का संचालक काजी या मुफ्ती होता था तथा कानून के प्रश्नों पर सलाह देने के लिए दो मौलवियों की नियुक्ति की गई थी।

54. (2) लॉर्ड कॉर्नवलिस ने कार्नवालिस संहिता के द्वारा कलेक्टर की न्यायिक तथा फौजदारी शक्तियाँ वापस ले ली, तथा उसके पास केवल कर संबंधी शक्तियाँ ही रहने दी।

- जिला दिवानी न्यायालयों में कार्य के लिए नये अधिकारियों की श्रेणी गठित की तथा जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनको फौजदारी तथा पुलिस के कार्य भी दे दिए गए।
- फौजदारी न्याय व्यवस्था में अनेक परिवर्तन किये गये। भारतीय अधिकारियों के अधीन कार्य करने वाले जिला फौजदारी न्यायालय समाप्त कर दिये गये।
- जिला एवं सिटी न्यायालयों से प्राप्त अपीलों की सुनवाई के लिए कलकत्ता, ढ़ाका, मुर्शिदाबद एवं पटना में चार न्यायालयों का गठन किया गया।

55. (1) यह बिल 1883 में वायसराय रिपन द्वारा पेश किया गया था, जो वास्तव में भारतीय दंड संहिता से नस्लीय पूर्वाग्रह को खत्म करना चाहते थे।

- रिपन ने देश में वर्तमान कानूनों के लिए एक संशोधन का प्रस्ताव दिया था और भारतीय न्यायाधीशों और मजिस्ट्रेटों को जिला स्तर पर आपराधिक मामलों में ब्रिटिश अपराधियों के वाद पर निर्णय सुनाने के लिए अधिकार क्षेत्र की अनुमति दी थी।
- संशोधित इलबर्ट बिल को 25 जनवरी, 1884 को आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 1884 के रूप में पारित किया गया था।

56. (1) 16 अगस्त, 1932 को, मैकडॉनल्ड्स ने अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व पर प्रस्ताव की घोषणा की, जिसे सांप्रदायिक पुरस्कार के रूप में जाना जाता था। इसमें सांप्रदायिक चुनाव की सिफारिश की गई थी।

- इसे 'मैकडॉनल्ड अवॉर्ड' के नाम से भी जाना जाता है।
- मदन मोहन मालवीय, बी आर अंबेदकर और एम सी राजा एक समझौते जिसे 'पूना पैक्ट' के रूप में जाना जाता है, के द्वारा इसे निष्क्रीय करने के प्रयास में लग गए।
- रामसे मैकडॉनल्ड ने इस प्रस्ताव द्वारा फॉरवर्ड जाति, निचली जाति, मुस्लिम, बौद्ध, सिख, भारतीय ईसाई, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय और अछूत (अब दलित के रूप में जाना जाता है) आदि के लिए ब्रिटिश भारत में अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र प्रदान कर भारतीय वर्गों में विभाजन करना चाहता था।

57. (3) बंगाल सती विनियमन जिसने ब्रिटिश भारत के सभी न्यायालयों में सती प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था, 4 दिसम्बर, 1829 को तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिंक द्वारा पारित किया गया था।

- इस विनियमन ने सती प्रथा को मानव प्रकृति की भावनाओं के विरूद्ध वर्णित किया।

58. (2) 1943 का बंगाल का अकाल, जिसके बारे में अनुमान लगाया जाता है कि तीन मिलियन से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जो सूखे के कारण नहीं हुई थी, बल्कि व्यापक रूप से ब्रिटिश सरकार की विफल नीतियों से हुई थी।

- लॉर्ड लिनलिथगो के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात् 1943 में लॉर्ड वेवेल उनके उत्तराधिकारी बने।
- वायसराय के रूप में वेवेल की पहली कार्रवाइयों में से एक था भूखे बंगालियों को राहत आपूर्ति वितरित करने के लिए सेना को आदेश देकर बंगाल के अकाल से निपटना।
- उन्होंने कीमतों को कम करने के लिए चावल की आपूर्ति बढ़ाने हेतु मिश्रित सफलता का प्रयास किया।
- उनके शासनकाल के दौरान, गाँधी भारत छोड़ो अभियान का नेतृत्व कर रहे थे, मोहम्मद अली जिन्ना मुसलमानों के लिए एक स्वतंत्र राज्य के लिए काम कर रहे थे और सुभाष चंद्र बोस ने जापानियों से मित्रता कर ली थी।
- हालांकि वेवेल शुरू में भारतीय राजनेताओं के बीच लोकप्रिय थे, लेकिन उन पर स्वतंत्र भारत की संभावना, संरचना और समय के बारे में दबाव था।
- उन्होंने इस बहस को आगे बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सदन से बहुत कम समर्थन मिला।
- आखिरकार, 1947 में लेबर प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली, लॉर्ड माउंटबेटन को उनके स्थान पर ले आए।

59. (4) भारत सरकार अधिनियम 1858 ब्रिटिश संसद का एक अधिनियम था जिसने ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार और क्षेत्रों को ब्रिटिश ताज में स्थानांतरित कर दिया था।

- 1935 के भारत सरकार अधिनियम ने इकाइयों के रूप में प्रांतों और रियासतों को मिलाकर एक अखिल भारतीय महासंघ की स्थापना का प्रावधान किया।
- इस अधिनियम ने भारत सरकार अधिनियम 1919 द्वारा शुरू की गई द्विशासन व्यवस्था को समाप्त कर दिया।
- भारत स्वतंत्रता अधिनियम 1947 यूनाइटेड किंगडम (यूके) की संसद द्वारा पारित एक अधिनियम था जिसने ब्रिटिश भारत को भारत और पाकिस्तान के दो नए स्वतंत्र प्रभुत्वों में विभाजित किया।

60. (2) भारतीय परिषद अधिनियम 1909 ने गवर्नर जनरल को एक भारतीय सदस्य को कार्यकारी परिषद में नामित करने का अधिकार दिया। इसके अंतर्गत सत्येंद्र प्रसन्ना सिन्हा को पहले भारतीय सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। सिन्हा 1896 से 1919 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य थे और 1915 में बॉम्बे अधिवेशन में इसके अध्यक्ष बने।

61. (3) 1882 में, लॉर्ड रिपन ने भारत में शिक्षा की प्रगति की समीक्षा करने के लिए विलियम विल्सन हंटर के तहत वाइसराय की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में हंटर कमीशन की नियुक्ति की। इसे शिक्षा आयोग के रूप में भी जाना जाता है। इसने सिफारिश की कि प्राथमिक शिक्षा के लिए जिम्मेदारी स्थानीय बोर्डों और नगरपालिकाओं को दी जानी चाहिए।

62. (1) वारेन हेस्टिंग्स भारत के पहले ब्रिटिश गवर्नर-जनरल थे। उन्होंने 1773 से 1785 भारत के प्रथम वास्तविक गवर्नर-जनरल के रूप में कार्य किया। हेस्टिंग्स को 1773 के ऐयूलेटिंग एक्ट के द्वारा 1774 ई. में बंगाल का गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया। इससे पहले, उन्होंने 1772 से 1773 तक फोर्ट विलियम (बंगाल) के प्रेसीडेंसी के गवर्नर के रूप में कार्य किया।

TYPE–IV

1. (4) ब्रिटिश व्यक्तियों में से डिजरैली ने स्वीकार किया था कि 1857 का विद्रोह एक राष्ट्रीय विद्रोह था जबकि फ्रेड राबर्ट्स, एडवर्ड टॉम्सन, आउट्रम जैसे पाश्चात्य विद्वानों के साथ-साथ रमेश चंद्र मजूमदार, सुरेन्द्र नाथ सेन आदि भारतीय इतिहासकार 1857 के विद्रोह को सैनिकों द्वारा छोटे स्तर पर किए गये विद्रोह के रूप में व्याख्यायित करते हैं। इन सभी का मानना था कि 1857 ई. में राष्ट्रीय भावना का अभाव (सैनिकों में) था। इसके अतिरिक्त डिजरैली का साथ देने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू, वीर सावरकर आदि ने 1857 को प्रथम स्वतन्त्रता संघर्ष की संज्ञा दी।

2. (4) 1857 के विद्रोह का सही क्रम
बैरकपुर-29 मार्च, 1857-मंगल पाण्डे
मेरठ-10 मई, 1857-भारतीय सेना
दिल्ली-11-12 मई, 1857-बहादुर शाह, 3 जुलाई 1857, बख्त खाँ
झाँसी-5 जून, 1857-लक्ष्मीबाई

3. (2) पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र नाना साहब का वास्तविक नाम धोंदू पंत था। इसने कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व किया था। कानपुर में चौरी-चौरा नामक स्थान पर इन्हें मार डाला गया।

4. (1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष श्रीमती एनी बेसेन्ट (1917 ई. में कलकत्ता का बत्तीसवां अधिवेशन) थीं। 1896 में आयरलैंड की थियोफिस्ट महिला ऐनी बेसेन्ट भारत आयीं थीं। प्रथम विश्वयुद्ध के उपरान्त उन्होंने भी भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन को समर्थन देने हेतु आयरिस होमरूल लीग के नमूने पर भारत में आन्दोलन प्रारम्भ करने का निर्णय किया जिसमें बालगंगाधर तिलक ने उनकी मदद की थी, और ऐनीबेसेन्ट ने सितम्बर 1916 में मद्रास में होमरूल लीग की स्थापना की घोषणा की। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष सरोजिनी नायडू थी।

5. (1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन के प्रथम अंग्रेज अध्यक्ष जॉर्जयूल थे जिन्होंने 1888 के इलाहाबाद में हुए चौथे अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। कांग्रेस अधिवेशन के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयबजी ने 1887 के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की। 1948 में आजादी के बाद का प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता डॉ. पट्टाभिसीतारमैया ने जयपुर में की थी।

6. (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता डब्ल्यू सी. बनर्जी ने की थी। यह अधिवेशन 1885 में बम्बई के ग्वालिया टैंक स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में हुआ। इस अधिवेशन में 72 प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें ज्यादातर प्रतिनिधि वकील और पत्रकार थे।

7. (4) कुओमिन्तांग (KMT) को प्राय: नेशनलिस्ट पार्टी ऑफ चाइना या चीन की राष्ट्रवादी पार्टी के रूप में अनूदित किया जाता है। यह चीनी गणराज्य की एक प्रमुख राजनीतिक पार्टी है। यह वर्तमान में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। केएमटी की स्थापना सन यात-सेन के संघटनात्मक कार्यों और विचारधारा के आधार पर की गई थी, वह चीनी राष्ट्रवाद और लोकतंत्र के प्रस्तावक और समर्थक थे। वह किंग राजवंश को सत्ता से हटाने और गणतंत्र की स्थापना का समर्थन करने वाले प्रमुख समर्थकों में से एक थे।

8. (1) पंजाब के दो लोकप्रिय नेता डॉ. सत्यपाल एवं डॉ. सैफुद्दीन को गिरफ्तारी के विरोध में जनता ने एक शान्तिपूर्ण जुलूस निकाला। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए भीड़ पर गोली चला दी। जुलूस ने उग्र रूप धारण कर लिया। 10 अप्रैल, 1919 ई. को शहर का प्रशासन सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल आर डायर को सौंप दिया। 13 अप्रैल, 1919 ई. को बैशाखी के दिन सायं करीब चार बजे अमृतसर के जलियाँवाला बाग में आयोजित विशाल सभा पर जनरल डायर ने गोलियाँ चलवा दी। इसे जलियाँवाला बाग हत्याकांड के नाम से जानते हैं।

9. (2) हिक्की का बंगाल गजट एक अंग्रेजी समाचार पत्र था जिसे सर्वप्रथम 1780 में कोलकाता से प्रकाशित किया गया था। यह भारत का प्रथम प्रमुख समाचार पत्र था। ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा समाचार पत्र पर रोक लगाने और प्रिंटिंग प्रेस को जब्त करने से पूर्व यह समाचार पत्र दो वर्ष तक प्रकाशित हुआ। इसे ऑरिजिनल कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर के नाम से भी जाना जाता था।

10. (2) नील बागान किसानों के जीवन को सुधारने के लिए गाँधी जी ने 1917 में चंपारण सत्याग्रह आरंभ किया। इस आंदोलन में तिनकठिया प्रणाली के अंतर्गत नील की खेती करने वाले चंपारण के किसानों (भूमिहारों) और उत्तर बिहार के अन्य क्षेत्रों के किसानों की समस्याओं पर विचार किया गया। चंपारण सत्याग्रह 1917-18 के दौरान हुए तीन आंदोलनों में से पहला आंदोलन था जिसके द्वारा गाँधीजी ने भारतीय राजनीति में प्रवेश किया।

11. (2) बाल गंगाधर तिलक ने घोषणा किया था कि ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।''

12. (2) लाला हरदयाल एक क्रांतिकारी और विद्वान थे, उन्होंने अपना जीवन भारतीय स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था। वह गदर पार्टी के महासचिव थे, इस संगठन की स्थापना पंजाबी-सिक्खों द्वारा भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र कराने के उद्देश्य के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में की गई थी। गदर आंदोलन को लाला हरदयाल के 'दिमाग की उपज' माना जाता था।

13. (3) आर्य समाज की स्थापना दयानंद सरस्वती द्वारा 7 अप्रैल, 1875 को बंबई में की गई थी। दयानंद एक धार्मिक हिन्दू नेता और वैदिक विद्या तथा संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड विद्वान थे। वह 1876 में "इंडियन फॉर इंडिया" के रूप में स्वराज के लिए आह्वान करने वाले प्रथम व्यक्ति थे, बाद में लोकमान्य तिलक ने भी स्वराज का आह्वान किया था।

14. (1) 'सरफरोशी की तमन्ना' एक देशभक्ति कविता है। यह कविता 1921 में पटना के बिस्मिल अजीमाबादी द्वारा उर्दू में लिखी गई थी। भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान इसे स्वतंत्रता संग्राम के नारे के रूप में लोकप्रिय बनाने का पूरा श्रेय राम प्रसाद बिस्मिल को दिया जाता है। इस कविता को सर्वप्रथम दैनिक समाचार-पत्र "सबह" में प्रकाशित किया गया था, जो कि स्वतंत्रता सेनानियों जैसे अशफाकउल्ला खान, शहीद भगत सिंह और चन्द्रशेखर आजाद से सम्बद्ध था।

15. (4) मुस्लिम लीग के अतिरिक्त भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्कालीन सदस्य मुहम्मद अली जिन्ना ने 1916 के लखनऊ समझौते में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दोनों पार्टियों को समझौता करने हेतु तैयार किया था। उन्होंने भारतीयों को अपना देश चलाने के लिए अधिक अधिकार देने और भारत के प्रति अधिक उदार दृष्टिकोण अपनाने के लिए ब्रिटिश सरकार पर दबाव डाला था। कांग्रेस और मुस्लिम लीग के मध्य मेल-मिलाप कराने में जिन्ना की महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण सरोजिनी नायडू ने उन्हें हिन्दू-मुस्लिम एकता का राजदूत की उपाधि प्रदान की थी।

16. (4) बालगंगाधर तिलक दादाभाई नौरोजी को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। जबकि वह अपना अध्यात्मिक तथा वैचारिक पथप्रदर्शक गणेश वासुदेव जोशी (पूना सार्वजनिक सभा के संस्थापक) को मानते थे। पूर्ण स्वराज की मांग तिलक ने सर्वप्रथम उठायी थी इन्होंने मराठा (अंग्रेजी) तथा केसरी (मराठी) दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किया। यह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस के बम हमले का समर्थन किया जिसके बाद उन्हें बर्मा के मांडले जेल भेज दिया गया यहीं जेल में रहते हुए उन्होनें "श्रीमद्भागवत गीता" की व्याख्या "गीतारहस्य" नाम से लिखा।

17. (3) बाल गंगाधर तिलक ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्हें 1882 ई. में पत्रकारिता के कारण सजा हुई। यह सजा इन्हें अपने पत्र 'केसरी' में कोल्हापुर के महाराजा के प्रति दुर्व्यवहार पूर्ण लेख लिखने के कारण हुई थी।

18. (2) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU) को पूर्व में सेंट्रल हिन्दू कॉलेज के नाम से जाना जाता था। इसकी स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा 1916 में वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में की गई थी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का निर्माण बनारस के वंशानुगत शासक काशी नरेश द्वारा दान में दी गई भूमि पर किया गया था। परिसर में 12,000 से अधिक छात्र निवास करते हैं। यह एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है।

19. (1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयबजी थे। उन्होंने वर्ष 1887 के मद्रास अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

20. (*) दिये गए विकल्पों में सभी व्यक्तियों ने 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध में भाग लिया था।

1. **कुँअर सिंह :** बिहार में एक छोटी रियासत जगदीशपुर के जमींदार कुँअर सिंह ने यहाँ विद्रोह का नेतृत्व किया था। इन्होंने दानापुर से आरा पहुंचने के लिए सुदृढ़ नेतृत्व प्रदान किया तथा ब्रिटिश शासन को कड़ी चुनौती दी।
2. **तॉत्या टोपे :** कानपुर के पतन के बाद नाना साहब के सहायक तात्या टोपे के झाँसी पहुँचने पर लक्ष्मीबाई ने तात्या टोपे के साथ मिलकर विद्रोह किया था

3. **नाना साहेब :** कानपुर में अंतिम पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र नाना साहब ने अंग्रेजो का विरोध किया था

3. **मौलवी अहमदुल्ला :** फैजाबाद के मौलवी अहमदुल्ला ने अंग्रेजो का विरोध किया था

21. (4) निम्नलिखित में से कांग्रेस नेताओं में बालगंगाधर तिलक को मध्यमार्गी नहीं माना जाता, यह अतिवाद या गरम दलीय राजनीति के समर्थक थे। इनके समर्थकों में विपिन चन्द्रपाल, लाला लाजपत राय तथा अरविन्द घोष थे। इन्हीं के इस विचार के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सूरत अधिवेशन (1907) में दो गुटों में बंट गया था।

22. (3) सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में चलाया गया 1928 का बारदोली सत्याग्रह आंदोलन एक कर-विरोधी आंदोलन था। यह सविनय अवज्ञा आंदोलन की एक प्रमुख घटना थी और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा था। बारदोली सत्याग्रह के दौरान ही पटेल को सरदार की उपाधि प्रदान की गई थी।

23. (1) राजा राम मोहन राय (1774-1833) ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी। अगस्त 1828 में उन्होंनें ब्रह्म सभा की स्थापना की जिसके बाद में ब्रह्म समाज नाम दिया गया। उन्होंने अनेक सामाजिक बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्हें 'भारतीय पुनर्जागरण का जनक' कहा जाता है।

24. (3) दीन बंधु मित्र ने 'नीलदर्पण' नाटक लिखा, जिसके द्वारा गरीब किसानों की दयनीय स्थिति का मार्मिक प्रस्तुतीकरण किया। स्थिति को देखते हुए सरकार ने नील उत्पादन की समस्याओं पर सुझाव देने के लिए नील आयोग का गठन किया। इस आयोग की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक अधिसूचना जारी की, जिसमें किसानों को यह आश्वासन दिया गया कि उन्हें नील उत्पादन के लिए विवश नहीं किया जाएगा तथा संबंधित विवादों को वैधानिक तरीकों से हल किया जाएगा। नील-दर्पण का अंग्रेजी अनुवाद रेवरेन्ड जेम्स लॉग ने किया।

25. (1) कांग्रेस का सूरत अधिवेशन 1907 ई. में सूरत में सम्पन्न हुआ। ऐतिहासिक दृष्टि से यह अधिवेशन अति महत्त्वपूर्ण था। गरम दल तथा नरम दल के आपसी मतभेदों के कारण इस अधिवेशन में कांग्रेस दो भागों में विभाजित हो गई। इसके बाद 1916 ई. के लखनऊ अधिवेशन में पुन: दोनों दलों का आपस में विलय हुआ।

26. (1) ताना भगत 'उराओन' अथवा उरांव जनजाति की एक शाखा है। जतरा भगत के नेतृत्व में ताना भगत आंदोलन की शुरुआत अप्रैल 1914 में हुई। यह आंदोलन कृषि अर्थव्यवस्था, जनजातीय संस्कृति तथा संरचित असमानता के साथ संबंधित है।

27. (4) डॉ. चम्पक रमन पिल्लई ने 1914 में बर्लिन में भारतीय राष्ट्रीय पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी के सदस्य लाला हरदयाल, तारक नाथ दास, मोहम्मद बरकतुल्लाह, राजा महेंद्र प्रताप और वीरेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय थे।

28. (4) एलन ऑक्टेवियन ह्यूम एक प्रशासनिक अधिकारी, राजनैतिक सुधारक और ब्रिटिश भारत में शौकिया पक्षी विज्ञानी था। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक थे। हालांकि वे काँग्रेस के जन्मदाता थे, उन्होंने कभी भी इसकी अध्यक्षता नहीं की।

29. (4) 1857 के सैन्य विद्रोह की शुरुआत 10 मई, 1857 को हुई और 1858 तक चली। इस विद्रोह के दौरान लॉर्ड कैनिंग (28 फ़रवरी, 1856-28 नवम्बर, 1858) भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल थे।

30. (4) राम कृष्ण मिशन एक लोकहितकारी समाजसेवी संगठन है। जिसकी स्थापना रामकृष्ण के मुख्य शिष्य विवेकानन्द ने 1 मई, 1897 को की थी। मिशन का मुख्यालय कलकता के नजदीक हावड़ा में वेलूर मठ में स्थित है, जो पश्चिम बंगाल में है। राम कृष्ण मिशन हिन्दू दर्शनशास्त्र वेदान्त की चर्चा करता है।

31. (2) वैलेन्टाइन चिरॉल ने बाल गंगाधर तिलक (लोकमान्य तिलक) को 'भारतीय असन्तोष (उपद्रव) का जनक' कहा था। वह "स्वराज" (स्वशासन) के प्रथम और प्रबल समर्थकों में से एक थे और भारतीय चेतना के प्रमुख पक्षधर थे। उन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा दिया था।

32. (2) 19वीं शताब्दी में स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की सहायता से हिंदुत्व और अद्वैत वेदांत को पश्चिम में पुनर्जीवित किया। स्वामी विवेकानंद की अद्वैत वेदांत की व्याख्या को 'नव वेदांत' (Neo-Vedanta) कहा जाता है।

33. (4) ए ओ ह्यूम ब्रिटिश भारत में एक सिविल सेवक, राजनैतिक सुधारक, पक्षी विज्ञानी और हॉर्टिकल्चरिस्ट थे जो 1885 में गठित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने काँग्रेस के प्रथम 22 वर्षों तक उसके महासचिव के रूप में कार्य किया।

34. (1) सेवानिवृत्त लोक सेवा अधिकारी एलन ऑक्टेवियन ह्यूम की पहल पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना बम्बई में 28-31 दिसम्बर, 1885 को की गई थी। वायसराय लॉर्ड डफरिन की स्वीकृति के बाद ह्यूम ने बम्बई में पहली बैठक आयोजित की थी। वोमेशचन्द्र बनर्जी कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष थे, कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन में 72 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे।

35. (1) मोहम्डन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना सर सैय्यद अहमद खान द्वारा 1875 में अलीगढ़ में की गई थी। यह 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना। सर मोहम्मद अली मोहम्मद खान और आगा खान (III) ने भी इसकी स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

36. (4) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन का आयोजन 28-31 दिसम्बर, 1885 के दौरान बम्बई में गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में किया गया था। इसकी अध्यक्षता वोमेश चन्द्र बैनर्जी द्वारा की गई थी। इसमें 72 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे जिन्होंने भारत के विभिन्न प्रांतों का प्रतिनिधित्व किया था।

37. (3) 'आर्य समाज' एक हिन्दू सुधार आंदोलन है जिसकी स्थापना 7 अप्रैल, 1875 को स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा बंबई में की गई थी। वे एक संन्यासी थे, उन्होंने वेदों को बढ़ावा दिया। उन्होंने आर्य समाज को ''कृन्वन्तो विश्वम् आर्यम्'' (विश्व को उत्तम बनाओ) का नारा दिया।

38. (3) 'मास्टर-दा' के नाम से लोकप्रिय सूर्य सेन के नेतृत्व में चिटगाँव शस्त्रागार पर हमला किया गया था। वे 18 अप्रैल, 1930 को सशस्त्र विद्रोहियों द्वारा ब्रिटिश भारत के बंगाल प्रांत में स्थित चिटगाँव पुलिस और सहायक सेना के शस्त्रागार पर हमला करने वाले विद्रोहियों में शामिल थे।

39. (3) ब्रह्म समाज की स्थापना 20 अगस्त, 1828 को राजा राममोहन राय और देवेन्द्रनाथ टैगोर द्वारा कलकत्ता में की गई थी। उस समय के (विशेष रूप से कुलीन वर्ग की प्रथाओं) प्रभावी ब्राह्मणवाद में धर्म सुधार के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी, इसके साथ ही 19वीं शताब्दी का बंगाल पुनर्जागरण आरंभ हो गया।

40. (3) डेल्टाई आंध्र प्रदेश में, स्वदेशी आंदोलन को वन्दे मातरम् आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है। आंध्र प्रदेश के विद्यार्थियों ने इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। स्वदेशी आंदोलन के दौरान सरकारी नौकरियों, न्यायालयों, विद्यालयों और कॉलेजों तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया गया था और स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन देने पर बल दिया गया था।

41. (4) अरविन्द घोष अलीपुर बम षड्यंत्र केस से संबंधित है। यह मई 1908 से मई 1909 के दौरान एक महत्त्वपूर्ण अदालती मुकदमा था। अरविन्द घोष पर हमले की योजना बनाने और सहयोग करने का आरोप लगाया था। हालांकि उन्हें 1909 में आरोप मुक्त कर दिया गया था। चितरंजनदास इस मामले में उनके वकील थे।

42. (4) स्वतंत्र पार्टी एक भारतीय उदारवादी राजनीतिक पार्टी थी जो 1959 से 1974 तक विद्यमान थी। इसकी स्थापना सी. राजागोपालचारी द्वारा जवाहरलाल नेहरू के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर बढ़ते प्रभुत्व एवं समाजवादी विचारधारा के बढ़ते प्रभाव के प्रतिक्रियास्वरूप की गई थी।

43. (1) दादाभाई नौरोजी की पुस्तक 'पॉवर्टी एंड अन्-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' भारतीय धन ब्रिटेन में ले जाने की घटनाओं पर प्रकाश डालती है। इस धन की निकासी ने भारत के विऔद्योगिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

44. (4) भारतीय समाज सुधारक पंडित रमाबाई ने उच्च जाति की निस्सहाय विधवाओं को आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से सन् 1889 में बम्बई में 'शारदा सदन' की स्थापना की थी। उन्होंने अपने परिवार से निष्कासित अल्पआयु की विधवाओं को शरण देने के लिए पुणे में मुक्ति मिशन की स्थापना की थी और इसके अलावा समाज द्वारा बहिष्कृत महिलाओं को घर प्रदान करने के लिए **'कृपा सदन'** की भी स्थापना की थी।

45. (4) एलन ओक्टेवियन ह्यूम 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने कांग्रेस स्थापना के पहले 22 वर्षों में कांग्रेस के महासचिव के रूप में सेवा की। वह एक ब्रिटिश सिविल सेवक, राजनीतिक सुधारक उद्यान विज्ञानी और पक्षी विज्ञानी थे।

46. (2) भारतीय राष्ट्रीय सेना की स्थापना सर्वप्रथम 1942 में मोहन सिंह के नेतृत्व में जापान द्वारा बंदी बनाए गए ब्रिटिश-भारतीय सेना के युद्ध बंदियों द्वारा मलाया अभियान में और सिंगापुर में की गई थी। हालांकि शीघ्र ही इसका पतन हो गया। 1943 में दक्षिण-पूर्व एशिया में सुभाषचन्द्र बोस के आगमन के बाद उनके नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय सेना पुनर्जीवित हो गई।

47. (1) 'आत्मीय सभा' की शुरुआत राजा राममोहन राय द्वारा 1815 में कोलकाता (पूर्व में कलकत्ता) में की गई थी। इस सभा ने दार्शनिक विषयों पर विचार-विमर्श और वाद-विवाद सत्रों का आयोजन किया और स्वतंत्र एवं सामूहिक विचार एवं सामाजिक सुधार को प्रोत्साहन दिया। आत्मीय सभा की स्थापना को कोलकाता में आधुनिक युग की शुरुआत के रूप में माना जाता है।

48. (4) एक अफरीदी पठान कैदी, शेर अली अफरीदी ने 8 फरवरी, 1872 को अंडमान द्वीप के पोर्ट ब्लेयर में भारत के वायसराय (1869-1872) लॉर्ड मेयो की हत्या कर दी थी। कारावास के दौरान अपने साथ हुए भेदभाव का प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से शेर अली अफरीदी ने उच्च-रैंक वाले औपनिवेशिक अधिकारी की हत्या की थी।

49. (2) थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना 17 नवम्बर, 1875 को आधिकारिक रूप से हेलेन पेट्रोवना ब्लावत्सकी, कर्नल हेनरी स्टील ओल्कॉट, विलियम क्वैन जज और अन्य के द्वारा न्यूयॉर्क सिटी, अमेरिका में की गई थी। इसकी स्थापना सत्य की खोज करने वाले निकाय के रूप में की गई थी, जो मानवता और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहन देने का प्रयास करता है।

50. (3) स्वदेशी आंदोलन को आधिकारिक तौर पर 7 अगस्त, 1905 को बंगाल के कलकता टाउन हॉल में घोषित किया गया। जब लॉर्ड कर्जन, तब भारत के वायसराय ने जुलाई 1905 में बंगाल के विभाजन की घोषणा की, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बंगाल में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत की। स्वदेशी आंदोलन को एक विरोध आंदोलन के रूप में शुरू किया गया, जिसने देश में बॉयकॉट आंदोलन की भी शुरुआत की।

51. (1) जिन्ना ने हिन्दुओं और भारतीय मुसलमानों के मध्य छद्म एकता के प्रति उग्र इच्छा शक्ति दिखाते हुए अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। 1906 से 1916 तक अपने राजनीतिक जीवन के प्रथम दस वर्ष की समाप्ति पर उन्हें इस दृष्टिकोण के लिए सरोजिनी नायडू से 'हिन्दू-मुस्लिम एकता के राजदूत' का उपनाम प्राप्त हुआ। नायडू ने जिन्ना के भाषणों और लेखों को संकलित करते हुए 1918 में ''एकता के राजदूत' नामक उप-शीर्षक से एक पुस्तक लिखी जिसमें उन्होंने लिखा कि वह ''हिन्दू-मुस्लिम एकता के मूर्त प्रतीक हैं''।

52. (2) लखनऊ समझौते (1916) के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दो प्रमुख दल - बाल गंगाधर तिलक के नेतृत्व वाले '' गरम दल'' और गोपालकृष्ण गोखले के नेतृत्व वाले ''नरम दल'' के मध्य सौहार्द्रपूर्ण संबंधों की स्थापना हुई। कांग्रेस के सूरत अधिवेशन (1907) के दौरान कांग्रेस दो दलों में विभाजित हो गई थी।

53. (2) महात्मा गाँधी ने कहा था कि ''पृथ्वी प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता की पूर्ति के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है, लेकिन इससे मनुष्य के लालच की पूर्ति नहीं की जा सकती''। महात्मा गाँधी के कहने का अर्थ था कि प्रकृति में पृथ्वी के पास पर्याप्त संसाधन है जिससे मनुष्य की सभी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है, लेकिन इससे मनुष्य के असीमित लालच की पूर्ति नहीं की जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि धनी व्यक्तियों को न केवल अपनी इच्छाओं को सीमित करना चाहिए बल्कि उन्हें अपने धन का प्रयोग गरीबों के लिए **'ट्रस्ट'** के रूप में और उनके कल्याण के लिए करना चाहिए।

54. (3) काकोरी षड्यंत्र के तहत ट्रेन में डकैती की घटना लखनऊ के पास काकोरी में 9 अगस्त, 1925 को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार के खिलाफ की गयी थी। इस डकैती की घटना को रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक़उल्ला खाँ, राजेन्द्र लाहिरी, चन्द्रशेखर आजाद और अन्य क्रांतिकारियों ने अंजाम दिया था।

55. (4) गाँधी जी ने गोपालकृष्ण गोखले को अपने राजनीतिक गुरु के रूप में निर्दिष्ट किया है। वह प्राय: गोखले को ''महात्मा'' के रूप में निर्दिष्ट करते थे। गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और 'सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसाइटी' के संस्थापक थे। उन्होंने भारतीय स्वशासन और समाज सुधार के लिए अभियान चलाया था।

56. (4) पंडिता रमाबाई ने महिलाओं की मुक्ति हेतु अथक प्रयास किया था। संस्कृत में उनकी अवधारणा के कारण उन्हें पंडिता का खिताब मिला। 1882 में शारदा सदन द्वारा महिलाओं की शिक्षा के लिए उन्होंने पुणे में आर्य महिला समाज की स्थापना की।

57. (3) 1907 के सूरत अधिवेशन में हिंसक टकराव के बाद कांग्रेस 'नरमपंथियों' और 'गरमपंथियों' के रूप में दो गुटों में बँट गई। लोकमान्य तिलक, लाजपत राय और श्री अरविन्दो ने गरमपंथियों का नेतृत्व किया जबकि गोपालकृष्ण गोखले, फिरोजशाह मेहता और सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी ने नरमपंथियों का नेतृत्व किया। विभाजित कांग्रेस 1916 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में पुन: एक हो गई।

58. (2) इतिहासकार नई एनफील्ड राइफल में चर्बीयुक्त कारतूस के प्रयोग को 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण मानते हैं। यह माना जाता था कि कारतूस, जो इस राइफल के साथ एक सामान्य मुद्दा था, में सूअर की चर्बी (जिसे मुसलमानों द्वारा अपवित्र माना जाता है) तथा गाय की चर्बी भरी गई थी, जिससे हिन्दू कोधित हो गए क्योंकि गाय उनके लिए देवी के समान है। इससे हिन्दू और मुसलमान दोनों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँची।

59. (3) इंकलाब जिंदाबाद उर्दू का एक वाक्यांश है जो ''लॉन्ग लिव द रिवोल्यूशन'' का रूपान्तरण है। इस नारा (स्लोगन) का निर्माण हसरत मोहानी द्वारा किया गया था। इस नारा का प्रयोग सर्वप्रथम 1929 में क्रांतिकारी भगत सिंह द्वारा दिल्ली स्थित केंद्रीय विधानसभा में बम फेंकने के बाद किया गया था।

60. (1) 1828 में स्थापित ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय ने भारत में पश्चिमी शिक्षा का श्रीगणेश किया था। उन्होंने भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा वर्नाकुलर एजुकेशन का समर्थन करने के निर्णय का विरोध किया और इस बात पर बल दिया कि भारत में फारसी और संस्कृत के स्थान पर अंग्रेजी में शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक शिक्षा आरंभ करने का समर्थन किया और भारत में पश्चिमी शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए कड़ी मेहनत की। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप 1817 में कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना की गई थी।

61. (2) सुदूर पूर्व के देशों के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रिटिश अधिवक्ता और प्राच्यविद् सर विलियम जोन्स ने 15 जनवरी, 1784 को एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना की थी। उस समय वारेन हेस्टिंग्स बंगाल के तत्कालीन गवर्नर जनरल थे। वह 1772 से बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल और 1773 से 1785 तक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे।

62. (4) वी.डी. सावरकर ने अपनी पुस्तक **'द इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस'** में 1857 विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम की संज्ञा दी थी। ब्रिटिश

इतिहासकारों द्वारा 'स्वतंत्रता संग्राम' के महत्व को कम करने के लिए इसके स्थान पर विद्रोह को व्यक्त करने के लिए सिपाही विद्रोह और बगावत शब्दों द्वारा इसका वर्णन किया गया था।

63. (2) अभिनव भारत सोसाइटी (यंग इंडिया सोसाइटी) एक गुप्त संगठन था जिसकी स्थापना विनायक दामोदर सावरकर और उनके भाई गणेश दामोदर सावरकर द्वारा 1904 में की गई थी। प्रारंभ में इसकी स्थापना नासिक में मित्र मेला के रूप में की गई थी। उस समय विनायक सावरकर पुणे के फर्गुसन कॉलेज के एक विद्यार्थी थे, बाद में भारत और लंदन के विभिन्न भागों में इस सोसाइटी की कई शाखाएँ खोली गई। इस सोसाइटी ने कुछ ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या कर दी, जिसके लिए सावरकर बंधुओं को अपराधी माना गया और उन्हें बन्दी बना लिया गया।

64. (2) अरविंद घोष द्वारा प्रतिपादित शान्तिपूर्ण प्रतिरोध (सत्याग्रह) का सिद्धांत आलेखों की एक विस्तृत शृंखला थी जिसे अप्रैल 1907 में दैनिक समाचार पत्र वन्दे मातरम् में प्रकाशित किया गया था। एक राजनीतिक नेता और लेखक के रूप में अरविंद घोष ने भावपूर्ण और क्रोधपूर्ण ढंग से (सत्याग्रह) का समर्थन करने की अपील की। इसे व्यापक स्तर पर रक्षात्मक सत्याग्रह की संज्ञा दी जा सकती है। वह नरमपंथियों के 'निवेदन करने की राजनीति के सिद्धांत' के विरुद्ध थे, उन्होंने बहिष्कार की अत्यधिक उग्र नीति का समर्थन किया।

65. (2) 1876 में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस ने ब्रिटिश भारत में पहली बार इंडियन नेशनल एसोसिएशन की स्थापना की थी। यह मूल रूप से भारत सभा के रूप में स्थापित किया गया था। कलकत्ता में इसका पहला वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसका 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विलय हो गया।

66. (2) भारतीय सुधार संघ की स्थापना 29 अक्टूबर, 1870 को की गई थी। केशबचन्द्र सेन को इसके अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया था। इसने ब्रह्म समाज के धर्मनिरपेक्ष पक्ष का प्रतिनिधित्व किया और ब्रह्म समाज में शामिल न होने वाले कई लोग इसमें शामिल हुए। इसकी स्थापना "भारतवासियों के मध्य सामाजिक और नैतिक सुधार" को प्रोत्साहन देने हेतु की गई थी।

67. (1) थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना सर्वप्रथम 1875 में रूसी महिला, मैडम एच.पी. ब्लावतस्की और पूर्व ब्रिटिश सेना अधिकारी कर्नल एच.एस. ओल्काट द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में की गई थी। उनकी अन्त:प्रेरणा के अंतर्गत थियोसो- फिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया 1886 में अडयार, मद्रास में अस्तित्व में आया। 1889 में श्रीमती एनी बेसेंट सोसाइटी में शामिल हुईं और इससे सोसाइटी को नई ऊर्जा और शक्ति मिली।

68. (4) भारतेंदु हरिश्चन्द्र आधुनिक भारत के हिन्दी के महान लेखकों में से एक थे, उन्हें आधुनिक हिन्दी साहित्य के साथ-साथ हिन्दी नाट्यशाला के जनक के रूप में जाना जाता है। वह एक प्रतिष्ठित कवि और हिन्दी गद्य-लेखन में विचारधारा का निर्धारण करने वाले एक महत्त्वपूर्ण लेखक थे।

69. (3) कामागाटामारू एक जापानी जहाज था, इस जहाज ने 1914 में आर्थिक प्रवासियों, जो भारत में अपने जीवन स्तर से खुश नहीं थे, के साथ हांगकांग से वैनकूवर की यात्रा की थी। हालांकि, अधिकांश यात्रियों को कनाडा में जहाज से उतरने की अनुमति नहीं दी गई और विवश होकर जहाज को वापस भारत लौटना पड़ा।

70. (3) बी.आर. अम्बेडकर ने अछूतों (दलितों) और अन्य शोषित वर्गों के विरुद्ध होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने पिछड़े समुदायों के आत्म-सम्मान के लिए जाग्रत किया और उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल किया। उन्होंने सामाजिक सुधार के महत्त्व की व्याख्या करते हुए कहा कि इससे भारत में अस्पृश्यता की अवधारणा और जातिगत भेदभाव का उन्मूलन होगा, उन्होंने हरिजन आंदोलन में गाँधी का साथ दिया, उन्होंने भारत में पिछड़ी जातियों से संबंधित लोगों के शोषण एवं सामाजिक अन्याय का विरोध किया।

71. (3) वुड्स डिस्पैच शिक्षा की एक योजना थी जिसे ईस्ट इंडिया कंपनी के कंट्रोल बोर्ड अध्यक्ष सर चार्ल्स वुड द्वारा 1854 में प्रस्तुत किया गया था। इसने "अधोमुखी निस्यन्दन सिद्धांत" (डाउनवार्ड फिल्ट्रेशन थिऑरी) का खण्डन किया और लोगों की शिक्षा पर जोर दिया तथा भारत के लोगों को शिक्षा प्रदान करने हेतु सरकार के उत्तरदायित्वों और कार्यों की घोषणा की। इसे भारत में अंग्रेजी शिक्षा के मैग्ना कार्टा के रूप में जाना जाता है।

72. (3) खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसम्बर, 1899 ई. को बंगाल में मिदनापुर जिले के हबीबपुर गाँव में त्रैलोक्य नाथ बोस के यहाँ हुआ था। कोलकाता का चीफ प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपमानित और दंडित करने के लिए बहुत बदनाम था। क्रांतिकारियों ने उसे समाप्त करने का काम प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस को सौंपा। सरकार ने किंग्सफोर्ड के प्रति लोगों के आक्रोश को भांपकर उसकी सुरक्षा की दृष्टि से उसे सेशन जज बनाकर मुजफ्फरपुर भेज दिया। पर दोनों क्रांतिकारी भी उसके पीछे-पीछे पहुँच गए। किंग्सफोर्ड की गतिविधियों का अध्ययन करने के बाद उन्होंने 30 अप्रैल, 1908 को यूरोपियन क्लब से बाहर निकलते ही किंग्सफोर्ड की बग्घी पर बम फेंक दिया। किन्तु दुर्भाग्य से उस समान आकार-प्रकार की बग्घी में दो यूरोपियन महिलाएँ बैठी थीं जो कि पिंग्ले कैनेडी नामक एडवोकेट की पत्नी और बेटी थी जोकि मारी गई।

73. (3) दादाभाई नौरोजी को 'द ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के रूप में जाना जाता है। वे 1845-1917 के दौरान एक महान नेता थे। यूनाइटेड किंगडम हाउस ऑफ कॉमन्स में 1892 और 1895 के बीच एक लिबरल पार्टी के संसद सदस्य (एमपी) और एक ब्रिटिश सांसद होने वाले वे पहले भारतीय थे। 1886 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कांग्रेस की अध्यक्षता कुल 3 बार की।

74. (2) दयानंद सरस्वती ने अप्रैल 1875 में बम्बई में आर्यसमाज का गठन किया। आर्यसमाज ने हिंदू समाज की मुक्ति पर जोर दिया। उन्होंने दावा किया कि केवल वेद ही सच्चे ज्ञान के स्रोत है और एकमात्र धर्म वेदों का धर्म है। उनका कथन कि "वेदों की ओर वापस लौटो' ने अन्य शास्त्रों और पुराणों को खारिज कर दिया।

75. (4) स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाला लाजपतराय प्रसिद्ध लाल-बाल-पाल के फायरब्रांड तिकड़ी के एक प्रमुख सदस्य थे। ब्रिटिश शासन के खिलाफ देशभक्ति और अदम्य साहस का परिचय देने के कारण उन्हें 'पंजाब केसरी' या पंजाब के शेर का खिताब प्राप्त हुआ। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक को भी शुरू किया था।

76. (4) 17 अक्टूबर, 1940 को महात्मा गाँधी ने निजी सत्याग्रह आरंभ करने हेतु प्रथम सत्याग्रही के रूप में आचार्य विनोबा भावे और दूसरे सत्याग्रही के रूप में जवाहरलाल नेहरू का चयन किया था। ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार ने भारतीय लोगों की स्वीकृति के बिना भारत को द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल कर दिया था। ब्रिटिश सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का विरोध करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत करने का निर्णय लिया था। इस अवधि के दौरान भावे ने जेल में तीन पुस्तकें लिखी- स्वराज शास्त्र, स्थितप्रयज्ञ दर्शन और ईश वश्य वृथ।

77. (4) आईसीएस में चयनित होने वाले पहले भारतीय सत्येन्द्र नाथ टैगोर थे। उन्होंने 1870 के दशक में इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी।

78. (3) 1815 में राजाराम मोहन राय ने बंगाल में सामाजिक-धार्मिक सुधारों के अग्रदूत आत्मीय सभा की स्थापना की। हिंदू ग्रंथों के एकेश्वरवादी सिद्धांत का प्रचार करने के लिए उन्होंने आत्मीय सभा की स्थापना की (1815-19)। सभा की मुख्य गतिविधि एकतावादी हिंदू वेदांतवाद और इसी प्रकार के विषयों पर चर्चा और बहस सत्र आयोजित करना था। 1828 में उन्होंने ब्रह्म सभा की स्थापना की जो बाद में ब्रह्म समाज में तब्दील हो गई।

79. (1) स्वतंत्रता संग्राम और किसान आंदोलन के दौरान अखिल भारतीय किसान सभा भारतीय संगठनों में से एक थी। संगठन को बाद में 2 अलग-अलग भागों में विभाजित किया गया। बिहार प्रांतीय किसान सभा (बीपीकेएस) की स्थापना 1929 में बिहार राज्य में हुई जिसके तहत भूमि अधिग्रहण के अधिकारों पर जमींदारों के हमले के खिलाफ किसानों की शिकायतों को दूर

करने के लिए उन्हें एकत्र और संगठित करने का आह्वान स्वामी सहजानंद सरस्वती द्वारा किया गया। अंततः 11 अप्रैल, 1936 को अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) का गठन लखनऊ में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सत्र में हुआ था।

80. (2) स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को मकर संक्रांति त्योहार के दौरान कलकत्ता में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त (नरेन्द्र या नरेन) था। वह रामकृष्ण परमहंस के मुख्य शिष्य थे। उन्होंने पश्चिमी दुनिया में वेदांत और योग के भारतीय दर्शन का प्रचार-प्रसार किया।

81. (1) स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में, सरदार वल्लभभाई पटेल ने नए स्वतंत्र राष्ट्र के 562 रियासतों को मिलाकर एकजुट भारत बनाने के कार्य का प्रभार संभाला था। उनकी तुलना इस संबंध में जर्मनी के ओटो वॉन बिस्मार्क से है, जिन्होंने 1860 के दशक में ऐसा ही महान कार्य किया था।

82. (1) डॉ. बी. आर. अम्बेदकर ने 2 अप्रैल, 1927 को मराठी पाक्षिक, 'बहिष्कृत भारत' प्रकाशित किया। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र शुरू करने का कारण यह था कि देश में कई प्रकार के राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन हो रहे थे, और उन्हें लगा कि 1930 तक भारत में कई बड़े राजनीतिक सुधार होंगे। ऐसी स्थिति में, भारत के अछूतों को अपने संख्या के अनुसार अधिकार मिलना चाहिए।

83. (1) संवाद कौमुदी राजा राममोहन राय द्वारा 19वीं शताब्दी के प्रथम उत्तरार्ध में कोलकाता से प्रकाशित होने वाला एक साप्ताहिक बंगाली समाचार पत्र था। यह एक उल्लेखनीय पूर्व-सुधारवादी प्रकाशन था जिसने सती प्रथा के उन्मूलन के लिए सक्रिय रूप से अभियान चलाया था। यद्यपि राजा राममोहन राय का इस पर स्वामित्व था, लेकिन कौमुदी वास्तव में भवानीचरण बंदोपाध्याय के नाम के साथ प्रकाशित होती थी।

84. (1) अमार सोनार बांग्ला (बंगाल माता के लिए सम्बोध गीति) को 1905 में रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया था। यह गीत बंगाल के प्रथम विभाजन के दौरान 1905 में उस समय लिखा गया था, जब ब्रिटिश साम्राज्य ने अविभाजित बंगाल प्रेसिडेंसी प्रांत को दो भागों में विभाजित किया था। गीत की प्रथम दस पंक्तियों को बांग्लादेश के राष्ट्रीय गान के रूप में स्वीकार किया गया था।

85. (2) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में औपनिवेशिक काल के जेल सेलुलर जेल को 'काला पानी' या ब्लैक वाटर्स के नाम से जाना जाता था। स्वतंत्रता सेनानियों को दंडित करने के लिए सुदूर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को उपयुक्त स्थान माना जाता था।

86. (2) दिसम्बर 1927 में मद्रास में कांग्रेस के वार्षिक सत्र में, एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसने साइमन आयोग के बहिष्कार की "हर चरण में और हर रूप में" की वकालत की। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों ने इस वैधानिक आयोग का विरोध करने का संकल्प किया।

87. (4) चुआर विद्रोह आधुनिक पश्चिम बंगाल में बांकुरा/मिदनापुर जिलों में 1798-99 में हुआ था। एक विस्थापित जमींदार, दुर्जन सिंह ने अपने 1500 अनुयायियों के साथ विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने 30 गाँवों पर अपना शासन स्थापित किया और ईस्ट इंडिया कंपनी की सत्ता को चुनौती दी। स्थानीय भूस्वामियों की सहायता से ब्रिटिश साम्राज्य ने इस विद्रोह को अत्यंत निर्ममता से कुचल दिया।

88. (2) रम्पा विद्रोह वर्ष 1879 ई. में किया गया था। आंध्र प्रदेश में यह विद्रोह अल्लूरी सीताराम राजू के नेतृत्व में 1879 ई. से लेकर 1920-22 ई. तक छिटपुट ढंग से चलता रहा। आंध्र प्रदेश के तटवर्ती क्षेत्रों में रम्पा आदिवासियों ने अंग्रेज़ सरकार समर्थित मनसबदारों के खिलाफ यह विद्रोह किया था। इस विद्रोह का प्रमुख कारण मनसबदारों की मनमानी, उनका भ्रष्टाचार और समाज में जंगल राज का व्याप्त होना था। सेना की मदद से ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सरकार ने 1880 ई. में इस विद्रोह को दबा दिया।

89. (1) ई. पी. रामासामी नायकर जिन्हें पेरियार (तमिल में अर्थ-सम्मानित व्यक्ति) नाम से भी जाना जाता है, बीसवीं सदी के तमिलनाडु के एक प्रमुख राजनेता थे। इन्होंने जस्टिस पार्टी का गठन किया जिसका सिद्धान्त रुढ़िवादी हिन्दुत्व का विरोधी था। हिन्दी के अनिवार्य शिक्षण का भी उन्होंने घोर विरोध किया। भारतीय तथा विशेषकर दक्षिण भारतीय समाज के शोषित वर्ग के लोगों की स्थिति सुधारने में इनका नाम शीर्षस्थ है।

90. (1) कच्छ के लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ 1819 में विद्रोह कर दिया जब अंग्रेजों ने कच्छ के राजा महाराव भारमल द्वितीय को गद्दी से उतार दिया, और उनके शिशु पुत्र को सिंहासन पर बैठाया। जनता हिंसक हो गई और अंग्रेजों को समझौता करने का विकल्प चुनना पड़ा। कच्छ विद्रोह को ब्रिटिश राज के खिलाफ पहला विद्रोह माना जाता है।

91. (2) दयानंद सरस्वती का मूल नाम मूल शंकर था क्योंकि उनका जन्म धनु राशि और मूल नक्षत्र में हुआ था। उनका जन्म 12 फरवरी, 1824 को पूर्णिमांत फाल्गुन के महीने में चाँद निकलने के 10वें दिन हुआ था। उनके पिता कार्ष्णजी लालजी कापड़ी और माँ अमृतबाई थीं।

92. (1) स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत 1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल के विभाजन से हुई थी। अंग्रेजों द्वारा बंगाल के विभाजन के खिलाफ 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की गई थी। स्वदेशी आंदोलन के साथ-साथ बहिष्कार आंदोलन भी चलाया गया। यह गाँधीवादी आंदोलनों से पूर्व सबसे सफल आंदोलन रहा था।

93. (2) कुँवर सिंह (1777 - 26 अप्रैल, 1858) 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान एक उल्लेखनीय नेता थे। वह जगदीशपुर के एक शाही उज्जैनिया (पँवार) राजपूत घराने के थे, जो वर्तमान में भोजपुर जिले, बिहार का एक हिस्सा था। 2019 में ब्रिटिश सेना के खिलाफ वीर कुँवर सिंह की जीत की 160 वीं वर्षगांठ है।

94. (4) बिहार दिवस (बिहार डे) हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है, जो बिहार राज्य के गठन का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष 1912 में अंग्रेजों ने बंगाल प्रेसीडेंसी से बिहार राज्य को अलग किया था।

95. (2) 23 मार्च को, भारत ने शहीद दिवस या भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के रूप में मनाया। भगत सिंह के साथ उनके सहयोगियों सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को हत्या के लिए फांसी की सजा दी गई थी। उन्होंने 23 मार्च 1931 को 21 वर्षीय ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या कर दी थी।

96. (3) हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) 1928 में चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और अन्य द्वारा भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए नई दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में स्थापित एक क्रांतिकारी पार्टी थी। 1923 में स्थापना के बाद बिस्मिल द्वारा हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) नाम दिया गया था। पार्टी के गठन का मुख्य कारण महात्मा गाँधी द्वारा 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद असहयोग आंदोलन को बंद करना था।

97. (2) सिपाही विद्रोह, जिसे भारत की स्वतंत्रता का पहला युद्ध भी कहा जाता है, 10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुआ, जो बंगाल की सेना में 35,000 भारतीय सैनिकों के बीच विद्रोह का ही एक रूप था। इस विद्रोह का तत्कालिक कारण गायों और सूअरों की चर्बी से बने कारतूसों की शुरुआत थी, जो हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अपमानजनक और धर्मविरुद्ध था। यह विद्रोह उत्तर और मध्य भारत में तेजी से फैला।

98. (1) असम में पथारुघाट किसानों के उत्थान के लिए प्रसिद्ध है, जिसे पथारुघाट की लड़ाई के रूप में जाना जाता है। 28 जनवरी 1894 को 140 किसानों को बेवजह पुलिस गोलीबारी में मार दिया गया, जबकि उन्होंने राजस्व में वृद्धि का विरोध किया। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। पथारुघाट को असम के जलियाँवाला बाग के नाम से जाना जाता है।

99. (4) 1899 में, वी.डी. सावरकर और उनके भाई गणेश सावरकर ने एक क्रांतिकारी समाज 'मित्र मेला' स्थापित किया, जिसने सदस्यों को भारत की 'पूर्ण राजनीतिक स्वतंत्रता' के लिए लड़ने के लिए प्रभावित किया। यह 1904 में सावरकर ब्रदर्स द्वारा स्थापित अभिनव भारत सोसायटी (यंग इंडिया सोसाइटी) का अग्रदूत था।

100. (4) अलीगढ़ आंदोलन 19वीं सदी का एक महत्वपूर्ण सुधार आंदोलन था जिसे सर सैयद अहमद खान ने शुरू किया था।

आंदोलन का नाम इस तथ्य से लिया गया है कि इसकी उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर में और 1875 में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेजिएट स्कूल की स्थापना के साथ हुई। इसका उद्देश्य ब्रिटिश भारत की मुस्लिम आबादी के लिए शिक्षा की एक आधुनिक प्रणाली स्थापित करना था।

101. (4) डार्टिंगटन हॉल के संस्थापक, लियोनार्ड नाइट एल्महर्स्ट रबिंद्रनाथ टैगोर के निजी मित्र थे और तीन साल तक बंगाल में उनके साथ रहे। टैगोर से प्रेरित होकर, उन्होंने शिक्षा, आध्यात्मिकता और कला में एक प्रयोग के रूप में डार्टिंगटन हॉल की स्थापना की। टैगोर जापान में एक प्रगतिशील सहशिक्षा संस्थान डार्टिंगटन हॉल स्कूल के सह-संस्थापक रहे।

102. (2) इंडियन नेशनल एसोसिएशन, जिसे इंडियन एसोसिएशन के रूप में भी जाना जाता है, 1876 में सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस द्वारा ब्रिटिश भारत में स्थापित किया गया पहला लाभ प्राप्त राष्ट्रवादी संगठन था। इसका उद्देश्य लोगों के उत्थान के लिए उससे संबंधित हर वैध, राजनीतिक, बौद्धिक और सामग्री को बढ़ावा देना था। बाद में इसका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विलय हो गया।

103. (2) सारागढ़ी की लड़ाई 12 सितंबर, 1897 को ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य और अफगान आदिवासियों के बीच लड़ी गई थी। यह उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत (अब खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान) में हुई थी। सिख सैनिकों ने पश्तून ओरकजई आदिवासियों के खिलाफ ब्रिटिश भारतीय सेना की ओर से लड़ाई लड़ी।

104. (2) सत्यशोधक समाज 24 सितंबर 1873 को पुणे, महाराष्ट्र में ज्योतिराव फुले द्वारा स्थापित एक सामाजिक सुधार समाज था। इसका उद्देश्य शिक्षा के प्रचार प्रसार करना विशेष रूप से महिलाओं, शूद्रों और दलितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, महाराष्ट्र में दलित समूहों के लिए सामाजिक अधिकारों और राजनीतिक पहुंच को बढ़ाना था।

105. (3) 1929 में सेंट्रल असेंबली हॉल, दिल्ली के बम विस्फोट के संबंध में सत्र न्यायालय के समक्ष अभिसाक्ष्य प्रस्तुत करते हुए, भगत सिंह ने कहा, बम और पिस्तौल क्रांति नहीं करते हैं। वह हमारी समझ नहीं है। विचारों की सान-धराई पत्थर पर क्रांति की तलवार तेज होती है। यह वही है जिस पर हम जोर देना चाहते थे। क्रांति से हमारा मतलब पूँजीवादी युद्धों से उपजी विपत्ति को समाप्त करना है।

106. (1) 'द ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' दादाभाई नौरोजी को कई क्षेत्रों के प्रणेता के रूप में जाना जाता है। वे एक बुद्धिजीवी व शिक्षक थे, जिन्हें वर्ष 1892 में ब्रिटिश संसद में पहले एशियाई होने का गौरव प्राप्त है।

107. (2) गांधी को 1915 में दक्षिण अफ्रीका में एम्बुलेंस सेवाओं में उनके योगदान के लिए द लॉर्ड हार्डिंग ऑफ पेनशर्ट द्वारा केसर-ए-हिंद से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 1920 में राष्ट्रीय अभियान के तहत जलियांवाला बाग हत्याकांड के खिलाफ और खिलाफत आंदोलन के समर्थन में पदक लौटाया।

108. (3) 1893 का विश्व धर्म सम्मेलन दुनिया का सबसे बड़ा धर्म सम्मेलन जिसे मिशिगन झील के तट पर शिकागो (अमेरिका) में आयोजित किया गया था, यह विश्व भर के धर्मों एवं पूर्वी और पश्चिमी आध्यात्मिक परंपराओं के प्रतिनिधियों की पहली औपचारिक सभा थी।

109. (2) बॉम्बे स्पिनिंग एंड वीविंग कंपनी (बॉम्बे) भारत में 7 जुलाई, 1854 को ताडदेव में कावसजी नानाभाई डावर (1815–73) और उनके सहयोगियों द्वारा स्थापित की जाने वाली पहली कपास मिल थी। कंपनी को सर विलियम फेयरबैम द्वारा डिजाइन किया गया था।

110. (4) भारत सरकार अधिनियम 1858 के तहत, भारत में ब्रिटिश सरकार का नियंत्रण ब्रिटिश क्राउन में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके प्रावधानों के अनुसार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का परिसमापन हुआ (जो इस समय तक ब्रिटिश तत्वाधान में ब्रिटिश भारत पर शासन करती थी) और ब्रिटिश क्राउन के लिए अपने कार्यों का स्थानान्तरण।

111. (4) खेड़ा सत्याग्रह, चंपारण सत्याग्रह और अहमदाबाद मिल हड़ताल के बाद यह तीसरा सत्याग्रह आंदोलन था। गांधी ने खेड़ा जिले के किसानों को समर्थन देने के लिए इस आंदोलन का आयोजन किया। खेड़ा के लोग फसल खराब होने और प्लेग की महामारी के कारण अंग्रेजों द्वारा लगाए गए उच्च करों का भुगतान करने में असमर्थ थे।

112. (4) सतनामी समूह की स्थापना 1820 में मध्य भारत के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में घासीदास द्वारा की गई थी, जो एक खेती फॉर्म सेवक और दलित जाति का सदस्य था, जिसका वंशानुगत पेशा चमड़े कमाना था, जो कि हिंदुओं द्वारा माना जाने वाला एक प्रदूषित कार्य था। उनका सतनाम पंथ बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ी चमारों के लिए एक धार्मिक और सामाजिक पहचान प्रदान करने में सफल रहा।

113. (4) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पहले मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयबी थे। डब्लू सी बनर्जी और दादाभाई नौरोजी (1886) के बाद उन्हें 1887 से 1888 तक कांग्रेस के तीसरे अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। 1895 में, वह बॉम्बे हाई कोर्ट के पहले मुस्लिम जज और इस तरह का प्रतिष्ठित खिताब रखने वाले तीसरे भारतीय बने। 1906 में दिल का दौरा पड़ने से उनका लंदन में निधन हो गया। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन एक क्रांतिकारी संगठन था, जिसे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के रूप में भी जाना जाता है, 1928 में नई दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में स्थापित किया गया था।

114. (1) बंगाल का विभाजन भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन ने 16 अक्टूबर, 1905 को किया था। कर्जन ने बंगाल का विभाजन किया और दो नए प्रांतों का गठन किया- पूर्व और पश्चिम बंगाल। पूर्वी बंगाल एक बहुसंख्यक मुस्लिम प्रान्त था, जबकि पश्चिम बंगाल एक हिंदू बहुसंख्यक प्रांत था। 1911 में लॉर्ड हार्डिंग द्वारा बंगाल को आपस में फिर से मिला दिया गया।

115. (4) लाला लाजपत राय 1894 ई. में पंजाब नेशनल बैंक के गठन के बाद से ही इसके प्रबंधन से सक्रिय रूप से जुड़े थे। बैंक की स्थापना दयाल सिंह मजीठिया और लाला हरकिशन लाल, लाला लालचंद, काली प्रोसन्ना रॉय, ई. सी. जेसवाला, प्रभु दयाल, बख्शी जैशी राम और लाला ढोलन दास ने की थी।

116. (4) स्वामी विवेकानंद, 19वीं सदी के भारतीय रहस्यवादी संत स्वामी रामकृष्ण पर महंस के प्रमुख शिष्य थे। रामकृष्ण बंगाल के दक्षिणेश्वर काली मंदिर के एक पुजारी थे, जो देवी काली, के प्रति समर्पण सहित तंत्र (शाक्त), वैष्णव (भक्ति), और अद्वैत वेदांत। कई धार्मिक परंपराओं से प्रभावित थे।

117. (2) 1858 के बाद भारतीय सेना को सावधानी से पुनर्गठित किया गया था। क्योंकि ब्रिटिश क्राउन को सत्ता के हस्तांतरण के पश्चात् कुछ बदलाव आवश्यक थे।

- सेना में भारतीयों के लिए यूरोपीय लोगों का अनुपात बढ़ा दिया गया था और बंगाल की सेना में एक से दो तथा मद्रास और बॉम्बे की सेनाओं में दो से पाँच निर्धारित किया गया था।
- यूरोपीय सैनिकों को महत्वपूर्ण भौगोलिक और सैन्य पदों पर रखा गया था। तोपखाने की तरह सेना की महत्वपूर्ण शाखाएँ और बाद में 20 वीं शताब्दी में टैंक और बख्तरबंद कोर की बागड़ोर विशेष रूप से यूरोपीय हाथों में दे दी गई थी।

- भारतीयों को अधिकारी सैन्य-दल से बाहर रखने की पुरानी नीति को सख्ती से बनाए रखा गया था। 1914 तक कोई भी भारतीय सूबेदार के पद से ऊंचा पद नहीं पा सकता था।

118. (3) सावित्रीबाई फुले महाराष्ट्र एक समाज सुधारक, शिक्षाविद् और कवि थीं।

- सावित्रीबाई फुले को भारत की पहली महिला शिक्षक के रूप में जाना जाता है।
- उन्होंने लड़कियों के लिए पहला स्कूल स्थापित करने में अपने पति ज्योतिराव फुले की मदद की।

119. (2) 31 मार्च, 1913 को भारत के मुंबई प्रवेश द्वार की आधारशिला रखी गई। इसका डिजाइन जॉर्ज विटेट ने बनाया था।

- इसका नेतृत्व बॉम्बे के तत्कालीन गवर्नर सर जॉर्ज सिडेनहैम क्लार्क ने किया था।
- यह इंडो-सारसेनिक शैली में बनाया गया है जो 26 मीटर (85 फीट) ऊंचा है।

120. (3) नवाब अब्दुल लतीफ खान 19वीं शताब्दी के मध्य बंगाल के एक प्रमुख व्यक्तित्व, मुस्लिम समाज के आधुनिकीकरण के अग्रणी और मुस्लिम पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं।

- वह उन महापुरुषों में से एक थे जो औपनिवेशिक शासन के तहत अपने निराश, अपमानित, लोकतांत्रिक और अव्यवस्थित साथी देशवासियों के उद्धारकर्ता के रूप में प्रकट हुए।
- शिक्षा के क्षेत्र में उनका प्रमुख योगदान था।
- वह इस बात को समझने वाले पहले लोगों में थे कि बंगाली युवा मुसलमानों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।
- वह यह समझते थे कि आधुनिक शिक्षा के खिलाफ पूर्वाग्रहों के कारण बंगाल के मुसलमान हर चीज में पीछे रह गए हैं।
- उन्होंने अपना पूरा जीवन इस आत्म-विनाशकारी पूर्वाग्रह को अपने दिमाग से निकालने के लिए समर्पित कर दिया।

121. (4) फरवरी 1913 में संयुक्त राज्य अमेरिका में सिखों और हिंदू पंजाबियों ने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करने के लिए गदर आंदोलन शुरू किया।

- इसने 1857 के विद्रोह की स्मृति में एक साप्ताहिक पत्र गदर नाम से प्रकाशित किया।
- इसकी स्थापना सोहन सिंह भाकना और लाला हरदयाल ने की थी।
- इसका उद्देश्य एक सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से औपनिवेशिक महाशक्ति से छुटकारा पाना था और उप-महाद्वीप पर एक राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सरकार स्थापित करना था।

122. (3) भगत सिंह एक युवा भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1920 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांति लाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। दिसम्बर, 1928 में, भगत सिंह और उनके एक सहयोगी, शिवराम राजगुरु ने लाहौर में एक 21 वर्षीय ब्रिटिश पुलिस अधिकारी, जॉन सॉन्डर्स को गोली मार कर हत्या कर दी। अप्रैल 1929 में, उन्होंने और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली में केंद्रीय विधान सभा के अंदर दो बम विस्फोट किए। उन्हें मार्च 1931 में 23 साल की उम्र में फांसी दी गई थी।

123. (4) आंध्र प्रदेश के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और स्वतंत्रता सेनानी तंगुतुरी प्रकाश आंध्र केसरी (आंध्र के शेर) के रूप में लोकप्रिय थे। 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में उनके अनुकरणीय साहस के बाद उन्हें यह उपाधि मिली। वह नव निर्मित आंध्र राज्य के पहले मुख्यमंत्री भी थे।

124. (1) सत्यार्थ प्रकाश में, स्वामी दयानंद सरस्वती ने इस सिद्धांत को प्रतिपादित किया कि आर्यों का मूल निवास स्थान तिब्बत था।

- उनका तर्क इस तथ्य पर आधारित था कि अत्यधिक ठंड के कारण तिब्बत में सूर्य और अग्नि की पूजा की जाती थी; और ऋग्वेद में उल्लिखित वनस्पति और जीव तिब्बत में पाए गए हैं।
- अधिकांश इतिहासकारों द्वारा इस सिद्धांत को स्वीकार नहीं किया गया था।

125. (2) करतार सिंह सराभा एक भारतीय सिख क्रांतिकारी थे जो लाहौर षड्यंत्र के मुकदमे के सबसे प्रसिद्ध अभियुक्तों में से एक थे।

- गदर पार्टी के दिग्गज करतार सिंह को लाहौर में फरवरी 1915 में गदर षड्यंत्र में उनकी भूमिका के लिए फाँसी पर लटका दिया गया था।

126. (2) भारत के राष्ट्रगान जन गण मन को पहली बार 27 दिसम्बर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता सत्र में गाया गया था। इसकी रचना बांग्ला भाषा में रवींद्रनाथ टैगोर ने की थी। इसे 24 जनवरी, 1950 को भारत के राष्ट्रगान के रूप में इसके हिंदी संस्करण में अपनाया गया था।

127. (3) सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी का गठन पुणे, महाराष्ट्र में 12 जून, 1905 को गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा किया गया था। सोसाइटी ने शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने तथा अस्पृश्यता और सामाजिक भेदभाव, शराब, गरीबी, महिलाओं के उत्पीड़न और घरेलू दुर्व्यवहार से लड़ने के लिए कई अभियान चलाए।

128. (2) रामकृष्ण मिशन एक परोपकारी, स्वयंसेवी संगठन है जिसकी स्थापना 1 मई, 1897 को रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य विवेकानंद ने की थी।

- इसका मुख्यालय पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के पास हावड़ा में बेलूर मठ में स्थित है।
- इस मिशन की स्थापना का मुख्य लक्ष्य प्राचीन हिन्दू वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार करना था।

129. (1) 10 मई 1857 में मेरठ में भारतीय विद्रोह के फैलने के बाद, उत्तरी और मध्य भारत में विद्रोह हुआ।

- इस विद्रोह के मुख्य केंद्र दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, झांसी और ग्वालियर थे।
- 19 जून, 1858 को ह्यूरोज के नेतृत्व में अंग्रेजों द्वारा ग्वालियर पर पुन: कब्जा करने से इस विद्रोह को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया गया।

130. (1) हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) 1923 ई. में राम प्रसाद बिस्मिल द्वारा स्थापित एक क्रांतिकारी संगठन था।

- 1922 में महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन को समाप्त करने के बाद इसका गठन किया गया था।
- संगठन का उद्देश्य: भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ना और देश के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करना था।

131. (4) ब्रह्म समाज की शुरुआत 20 अगस्त, 1828 को राजा राम मोहन राय और देवेंद्रनाथ टैगोर ने कलकत्ता में की थी।

- यह 19वीं सदी के सबसे प्रभावशाली सामाजिक-धार्मिक आंदोलनों में से एक था।
- प्रश्न में दिए गए अन्य कथन स्वामी विवेकानंद के सन्दर्भ में सत्य है।
- यह पुरोहितवाद, कर्मकांडों और बलिदानों के खिलाफ था।

132. (3) मैडम भीकाजी कामा प्रथम भारतीय थीं जिन्होंने 22 अगस्त, 1907 को जर्मनी के स्टूटगार्ट में इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस में विदेशी धरती पर देश का झंडा फहराया था।

- इस ध्वज को 'सप्तर्षि' ध्वज के रूप में जाना जाता है।
- इस ध्वज में भारत में प्रचलित सभी धर्मों के पवित्र रंग लिए गए थे।

133. (4) संथाल विद्रोह 1855–56 के दौरान हुआ था।

- इसका नेतृत्व सिद्धू कान्हू, चाँद एवं भैरव नामक चार मुर्मू भाइयों ने किया था।
- यह ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता और उच्च जाति की जमींदारी व्यवस्था दोनों के खिलाफ एक देशी विद्रोह था।

134. (2) दी गई घटनाओं का सही कालक्रम इस प्रकार है:

- बंगाल का विभाजन: 19 जुलाई, 1905 को भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन द्वारा घोषित और 16 अक्टूबर, 1905 को लागू किया गया।

- खेड़ा सत्याग्रह: गुजरात के खेड़ा जिले में एक सत्याग्रह आंदोलन 11 मार्च, 1918 को शुरू हुआ था।
- साइमन कमीशन का आगमन: 3 फरवरी, 1928 को बंबई पहुँचे;
- दांडी मार्च: मार्च-अप्रैल 1930 में गाँधी के नेतृत्व में भारत में प्रमुख अहिंसक विरोध कार्रवाई।

135. (3) भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस अपने प्रेरक भाषणों के लिए जाने जाते हैं।
- उनका सबसे प्रसिद्ध उद्धरण था ''मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूँगा'' जो उन्होंने 1944 में बर्मा में भारतीय राष्ट्रीय सेना के सदस्यों से कहा था।
- उनका एक और प्रसिद्ध उद्धरण था- दिल्ली चलो (''ऑन टू दिल्ली)!''

136. (1) भारतीय भाषा (यानी गैर-अंग्रेजी) प्रेस की स्वतंत्रता को कम करने के लिए 1878 में वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम बनाया गया था।
- इसका उद्देश्य देशी भाषा के प्रेस को ब्रिटिश नीतियों की आलोचना व्यक्त करने से रोकना था।
- लॉर्ड रिपन ने 1881 में इस कानून को निरस्त कर दिया था।

TYPE–V

1. (4) 31 दिसम्बर, 1929 ई॰ को लाहौर अधिवेशन में भारत के लिए 'पूर्ण स्वराज' प्राप्त करने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने की थी। इसी अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को प्रत्येक वर्ष पूर्ण स्वाधीनता दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

2. (1) मार्च 1930 से महात्मा गाँधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन ने एक नई दिशा अख्तियार की। इसकी शुरुआत सविनय (सिविल) अवज्ञा आंदोलन एवं 'दांडी मार्च' से हुई। महात्मा गाँधी ने सिविल अवज्ञा के बारे में प्रेरणा थारो से ली थी।

3. (4) 1934 के चटगांव शस्त्रागार धावे में दिनेश गुप्ता शामिल नहीं थे। चटगांव शस्त्रागार में शामिल होने वाले मुख्य क्रांतिकारी थे-सूर्य सेन, कल्पना दत्त, प्रीतिलता वाडेदर, टेगराबल इत्यादि। प्रीतिलता वाडेदर ने आत्म हत्या कर लिया, टेगरा बल लड़ते-लड़ते मारे गए, कल्पना गिरफ्तार कर ली गई, सूर्य सेन को 12 जनवरी, 1934 ई. को फांसी पर लटका दिया गया।

4. (1) फरवरी 1928 में भारत आने वाले साइमन कमीशन का बहिष्कार करने का प्रमुख कारण उसके सभी सदस्यों का अंग्रेज होना था। 1919 के एक्ट को पारित करते समय ब्रिटिश सरकार ने यह घोषणा की थी कि वह दस वर्ष बाद पुन: इन सुधारों की समीक्षा करेगी, किन्तु नवंबर 1927 में ही उसने आयोग की नियुक्ति कर दी, जिसका नाम 'भारतीय विधिक आयोग' था लेकिन सर जॉन साइमन के इसका अध्यक्ष होने के कारण इसे साइमन आयोग कहा जाता है। इस आयोग को वर्तमान सरकारी व्यवस्था, शिक्षा के प्रसार तथा प्रतिनिधि संस्थाओं के अध्ययन के पश्चात् रिपोर्ट देनी थी। भारत में उत्तरदायी सरकार की स्थापना कहाँ तक आवश्यक है तथा भारत इसके लिए तैयार है या नहीं यह पता लगाना साइमन कमीशन के उद्देश्यों में शामिल था।

5. (2) बिहार में किसान सभा की शुरुआत स्वामी सहजानन्द सरस्वती के नेतृत्व में हुई। किसानों को जमींदारों के शोषण से मुक्ति दिलाने और ज़मीन पर रैयतों का मालिकाना हक दिलाने हेतु उन्होंने 1929 में बिहार प्रांतीय किसान सभा का गठन किया। इसके बाद, अप्रैल, 1936 में कांग्रेस के लखनऊ सम्मेलन में 'अखिल भारतीय किसान सभा' की स्थापना हुई और स्वामी सहजानंद सरस्वती को उसका पहला अध्यक्ष चुना गया।

6. (4) महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर (जिसे सुदमापुरी के नाम से भी जाना जाता है) शहर में हुआ था। यह शहर उस समय काठियावाड़ एजेंसी के अंतर्गत पोरबंदर के छोटे राजसी राज्य का भाग था। भारत में गाँधी का जन्मदिन गाँधी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उस दिन राष्ट्रीय अवकाश होता है, इस दिन को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

7. (2) असहयोग आंदोलन : 1 अगस्त, 1920 को आरंभ हुआ था, चौरी-चौरा घटना : 5 फरवरी, 1922 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के चौरी-चौरा में स्थानीय पुलिस और असहयोग आंदोलन के प्रदर्शनकारियों के मध्य हिंसक झड़पें हुई थीं, सविनय अवज्ञा आंदोलन : नमक पर ब्रिटिश एकाधिकार के विरोध में गाँधी ने 12 मार्च, 1930 को समुद्र तक की पैदल यात्रा की थी।

8. (4) महात्मा गाँधी लियो टॉलस्टाय की कृतियों से अत्यधिक प्रभावित थे। गाँधीजी के प्रथम जीवनी लेखक जोसेफ आई. डोक का मत है कि टॉलस्टाय के विविध लेखों खासतौर से नीति संबंधी, धार्मिक और उससे जुड़ी समस्याओं से संबंधित लेखों को गाँधी जी में पढ़ा और आत्मसात किया। डोक उन्हें टॉलस्टाय का शिष्य बताते हैं।

9. (4) पूना पैक्ट 24 सितम्बर, 1932 को पुणे (महाराष्ट्र) के यरवदा सेंट्रल जेल में महात्मा गाँधी और डॉ. बाबासाहब अंबेदकर के मध्य हुए समझौते से संबंधित है। ब्रिटिश भारत में राज्य विधान सभाओं के सदस्यों को निर्वाचित करने के लिए दलितों के पृथक् निर्वाचन मण्डल को मैकडोनाल्ड अवॉर्ड प्रदान करने हेतु इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

10. (3) यंग इंडिया और हरिजन का संपादक महात्मा गाँधी थे।

11. (1) डॉ. भीमराव अम्बेदकर ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था। प्रथम गोलमेज सम्मेलन में अम्बेदकर ने दलित वर्गों के लिए पृथक् निर्वाचन मण्डल की मांग की, परन्तु प्रतिनिधियों में एकता का अभाव था। द्वितीय गोलमेज में अम्बेदकर ने अनुसूचित जातियों के पृथक् निर्वाचन मण्डल की मांग की। गाँधी ने इसका विरोध किया।

12. (1) 23 अप्रैल, 1930 को महात्मा गाँधी के शिष्य अब्दुल गफ्फार खान को गिरफ्तार कर लिया गया था, इसके विरोध में लोगों की भीड़ ने पेशावर की गलियों में प्रदर्शन किया और बक्तरबन्द गाड़ियों और पुलिस की गोलाबारी का डटकर सामना किया। उन्हें उत्मनजई में अपने संबोधन में ब्रिटिश शासन का विरोध करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। अहिंसा के प्रति वचनबद्धता और अखण्डता के प्रति अपनी हठधर्मिता के लिए प्रसिद्ध गफ्फार खान से प्रेरित होकर शहर के अधिकांश स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शित करने हेतु खुदाई खिदमतगार में शामिल हो गए थे।

13. (1) 1937 में प्रांतीय विधान सभाओं हेतु चुनाव कराने की घोषणा कर दी गयी। इस चुनाव में 1161 सीटों में कांग्रेस ने 716 स्थानों पर चुनाव लड़ा। असम, बंगाल, पंजाब, सिंध और उत्तर पश्चिमी सीमांत प्रांत को छोड़कर शेष सभी प्रांतों में उसनें स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया था।

14. (4) आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए गाँधी ने व्यापक न्यासधारिता सिद्धांत का उपयोग किया था।

15. (*) नील की खेती करने वाले किसानों को महात्मा गाँधी ने 1917 में सत्याग्रह करने के लिए कहा। चम्पारण सत्याग्रह (1917) गांधी जी द्वारा भारत में पहला सत्याग्रह था। अत: दिए गए विकल्प में कोई सही नहीं है। चंपारण में किसान 'तिनकठिया' पद्धति के विरोध में आंदोलन कर रहे थे।

16. (1) चम्पारण सत्याग्रह का सम्बन्ध नील से था। चम्पारण की घटना 20वीं सदी के प्रारम्भ में शुरू हुई थी। यहाँ नील के खेतों में काम करने वाले किसानों पर यूरोपीय मालिक बहुत आत्याचार करते थे। किसानों की अपनी जमीन में कम से कम 3/20 भाग पर नील की खेती करना तथा उन मालिकों द्वारा तय दामों पर उन्हें बेचना पड़ता था। इसे **'तिनकठिया पद्धति'** भी कहा जाता है। 1917 में गाँधी चम्पारण पहुँचे और सरकार द्वारा गठित आयोग को समझाने में सफल रहे कि तिनकठिया प्रणाली समाप्त होनी चाहिए। यूरोपीय, निलहे किसानों की 25% राशि वापस करने के लिए राजी हो गए (हर्जाना के रूप में) गाँधी ने इसे स्वीकार कर लिया। इस प्रकार गाँधी का पहला सत्याग्रह सफल हो गया।

17. (4) 7 अगस्त, 1942 ई. को कांग्रेस की बैठक बम्बई के ऐतिहासिक ग्वालिया टैंक में हुई। गांधी के भारत छोड़ो प्रस्ताव को कांग्रेस कार्य समिति ने 8 अगस्त, 1942 ई. को स्वीकार कर लिया। भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरुआत 9 अगस्त, 1942 ई. को हुई। इसी आन्दोलन में गाँधीजी ने 'करो या मरो' का नारा दिया।

18. (1) गाँधीजी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे। वह गोपाल कृष्ण गोखले की प्रार्थना पर, सी.एफ. एंड्रीव की सहायता से भारत लौटे थे। उन्होंने अधिवक्ता के रूप में दक्षिण अफ्रीका में 21 वर्ष बिताए थे।

19. (*) प्रश्न के अनुसार 12 अप्रैल, 1944 को सुभाष चन्द्र बोस ने कहीं झंडा नहीं फहराया। 30 दिसम्बर, 1945 को अंडमान निकोबार में झंडा फहराये। 4 फरवरी, 1944 को टापू कोहिमा, पलेल, तिदिय को मुक्त करा लिया। 22 दिसम्बर, 1944 को कोहिमा में झंडा गाड़ दिया।

20. (4) **"भारत की आत्मा गाँवों में बसती है"** यह कथन महात्मा गाँधी का है। गाँधी जी सामाजिक एवं क्षेत्रीय असमानताओं का उन्मूलन करने के पक्ष में थे वे भारतीय गाँवों के आर्थिक स्वालम्बन के सबसे बड़े पक्षधर थे। उन्होंने मूलभूत उद्योगो के सार्वजनिक स्वामित्व, बड़े और लघु उद्योगों के मुख्य समन्वयन को भारतीय गाँवों के चहुमुखी विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। आर्थिक क्षेत्र में गाँधी जी के विचार को 'गाँधीवादी योजना' कहा गया आचार्य श्री मन्नारायण के द्वारा इसका प्रथम प्रयोग किया। गाँधीवादी नियोजन में कृषि क्षेत्र को आवश्यक रूप से शामिल करने तथा सहकारी खेती के विस्तार आदि की सिफारिशें की गयीं।

21. (4) गाँधी जी द्वारा संपादित समाचार पत्र यंग इंडिया था जो 1919 से 1932 तक निकलता रहा इसके बाद 1933 में 'हरिजन' (अंग्रेजी), हरिजन बंधु (गुजराती) तथा हरिजन सेवक (हिन्दी) संपादित होने वाले प्रमुख समाचार पत्र थे।

22. (3) सॉण्डर्स की हत्या में भाग लेने का दोषी पाए जाने पर राजगुरु को 23 मार्च, 1931 को केंद्रीय जेल लाहौर में भगत सिंह और सुखदेव के साथ फांसी दी गई। जिसे लाहौर षड्यंत्र केस कहा जाता है।

23. (4) फरवरी 1918 में, गुजरात मिल के मालिकों और श्रमिकों के बीच 1917 के प्लेग बोनस के सवाल पर एक विवाद उत्पन्न हुआ। इस पर अनासूया बेन साराबाई और उनके भाई अंबालाल साराभाई जो अहमदाबाद के अमीर मिल मालिकों में से एक थे ने गाँधी जी को आर्मंत्रित किया था। मार्च 1918 में, गाँधीजी के नेतृत्व में, सूती मिलों में एक हड़ताल हुई थी। हड़ताल सफल रही, और श्रमिकों के वेतन में 35% की वृद्धि हुई।

24. (1) सविनय अवज्ञा आन्दोलन 12 मार्च, 1930 को गाँधीजी के प्रसिद्ध दांडी मार्च के साथ आरंभ हुआ। 24 दिन में 78 चुने हुए अनुयायियों के साथ जिनमें सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं, गाँधीजी साबरमती आश्रम से 375 किमी. दूर गुजरात के समुद्रतट पर स्थित दांडी ग्राम 5 अप्रैल, 1930 को पहुँचे और 6 अप्रैल, 1930 को उन्होंने नमक कानून तोड़ा।

25. (2) 1917 में चंपारण सत्याग्रह भारत में गाँधीजी का पहला आंदोलन था। उन्होंने 'तीनकठिया प्रणाली' के तहत असहाय भारतीय किसानों का मुद्दा उठाया और नील के बागानों के यूरोपीय लोगों के खिलाफ सत्याग्रह आरंभ किया। इस प्रणाली के तहत, किसान अपने जमीन मालिक के लिए नील के साथ अपनी जमीन के एक तिहाई से अधिक भाग में नील की खेती करते थे। यह आंदोलन बहुत सफल रहा।

26. (2) लाहौर षड्यंत्र मामला भगत सिंह के विरुद्ध रजिस्टर किया गया। लाहौर में क्रान्तिकारियों ने सौण्डर्स की हत्या कर उस अपमान का बदला लिया जो अंग्रेज सरकार द्वारा लाला लाजपत राय पर बर्बर लाठी चार्ज करके किया गया था। लाहौर षड्यंत्र केस (1929) के कारण भगत सिंह और उसके मित्र राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च, 1931 में फाँसी दी गई।

27. (1) 1937 में कांग्रेस ने मंत्रिमंडल सात राज्यों में बनाए। पंजाब, बंगाल, सिन्ध और आसाम में कांग्रेस की सरकार नहीं बनी। पाँच प्रांतों में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किये। (मद्रास, मध्यप्रान्त, बिहार और उड़ीसा) बम्बई में एक दो अन्य कांग्रेस समर्थक दलों के साथ मिलकर सरकार बनाई।

28. (1) 18 मई, 1908 ई. को कलकत्ता में अलीपुर में 34 व्यक्तियों को अवैध शस्त्र रखने के कारण न्यायालय में पेश किया गया। इन व्यक्तियों को अवैध शस्त्र रखने के कारण गिरफ्तार किया गया था। यही मुकदमा अलीपुर षड्यंत्र केस के नाम से जाना जाता है। इस में सरकारी गवाह नरेन्द्र गोसाई की अलीपुर जेल में सत्येद्रनाथ घोष ने हत्या कर दी। सभी सदस्यों को आजीवन काला पानी की सजा मिली। परन्तु अरविन्द घोष छोड़ दिए गए।

29. (3) सुभाषचंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से निकलने के बाद 'फॉरवर्ड ब्लॉक' (1939) पार्टी की स्थापना की थी।

30. (1) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (1930), भारत छोड़ो आन्दोलन (1942), कैबिनेट मिशन प्लान (1946)। 6 अप्रैल, 1930 को दांडी में गांधी जी ने नमक कानून तोड़ा। यहीं से सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत हुई। 1942 में गाँधीजी ने भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरुआत की इसे अगस्त क्रांति भी कहा जाता है। भारत सचिव लॉर्ड पैथिक लॉरेंस के नेतृत्व में (भारत में संवैधानिक सुधारों के लिए) कैबिनेट मिशन 24 मार्च, 1946 को दिल्ली पहुँचा।

31. (4) इल्बर्ट बिल विवाद 1884 ई. में रिपन के समय में हुआ। इल्बर्ट बिल विवाद के कारण रिपन ने कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व त्यागपत्र दे दिया। इस बिल के अंतर्गत भारतीय न्यायधीशों को यूरोपीय लोगों का मुकदमा सुनने का अधिकार दिया गया था।

32. (1) भारत में खिलाफत आन्दोलन ब्रिटेन द्वारा तुर्की के खलीफा को पदच्युत करने के विरोध में प्रारम्भ किया गया था। 1919 से 1922 के मध्य अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ दो सशक्त जन आन्दोलन चलाये गये, खिलाफत एवं असहयोग आन्दोलन थे। यद्यपि दोनों आंदोलन पृथक-पृथक मुद्दों को लेकर प्रारम्भ हुए थे किन्तु इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक उपयोगी पृष्ठभूमि प्रदान की तथा अंग्रेजों के विरूद्ध हिन्दू-मुस्लिम एकता को प्रोत्साहित करने में प्रमुख भूमिका निभायी।

33. (2) महात्मा गाँधी का अध्यक्षता में 1924 में बेलगाम 39वें कांग्रेस अधिवेशन का स्थल था। यह उनके द्वारा अध्यक्षता वाली एकमात्र भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन था।

34. (1) मोहनदास करमचंद गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के काठियावाड़ जिले में पोरबंदर में हुआ था। ब्रिटेन के भूतपूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल (1940-45, 1951-55) ने गाँधी जी को 'अर्धनग्न फकीर' कहा था।

35. (2) गाँधीजी ने 1930 में दांडी मार्च के दौरान नमक कानून तोड़ा तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की है।

36. (1) गाँधीजी के नेतृत्व में, दांडी मार्च के बाद 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया गया था। 24 दिन का दांडी मार्च 12 मार्च, 1930 में शुरू हुआ और 6 अप्रैल, 1930 तक कर विरोध और सीधे ब्रिटिश नामक एकाधिकार के खिलाफ अहिंसात्मक विरोध अभियान के रूप में जारी रहा।

37. (2) स्वदेशी आंदोलन (1905) का नेतृत्व महात्मा गाँधी ने नहीं किया था। 20 जुलाई, 1905 को लॉर्ड कर्जन ने 'बंगाल विभाजन' का प्रस्ताव पारित किया। इस विभाजन का सर्वत्र विरोध हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस वर्ष बंगभंग के विरोध में प्रस्ताव पारित किया। 16 अक्टूबर, 1905 में बंगाल का विभाजन प्रभावी हो गया। स्वदेशी एवं बहिष्कार आंदोलन के पश्चात् अंततः वर्ष 1911 में बंगाल का विभाजन रद्द कर दिया गया।

रॉलेट अधिनियम, जलियाँवाला बाग हत्याकांड, खिलाफत आंदोलन तथा ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण 1920 में असहयोग आंदोलन प्रारंभ किया गया।

सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930-34) की शुरुआत प्रसिद्ध दांडी यात्रा से हुई। अगस्त प्रस्ताव (1940) एवं क्रिप्स मिशन की असफलता तथा कांग्रेस द्वारा शुरु किए गए आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय सरकार की स्थापना की माँग को अस्वीकार किए जाने पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई के विशेष अधिवेशन में 8 अगस्त, 1942 को 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया। गाँधीजी ने बम्बई में ग्वालिया टैंक मैदान से लोगों को 'करो या मरो' का नारा दिया।

38. (3) महात्मा गाँधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विशेष अधिवेशन में कलकत्ता में सितम्बर 1920 में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव रखा था।

जब 16 अक्टूबर, 1905 को बंगाल का विभाजन किया गया तब बंगाल के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन शुरू किया तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना शुरू किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने स्वदेशी आंदोलन में अहम भूमिका निभायी थी।

वर्ष 1942 के टोकियो सम्मेलन आजाद हिन्द फौज के गठन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था। जून 1942 के बैंकॉक सम्मेलन में रास बिहारी बोस को आजाद हिन्द फौज (Indian National Army) का अध्यक्ष बनाया गया तथा कैप्टन मोहन कमांडर-इन-चीफ बने। आधिकारिक रूप से 1 सितम्बर, 1942 को आजाद हिन्द फौज की स्थापना की गयी। 4 जुलाई, 1943 को रास बिहारी बोस ने इंडियन इंडिपेंडेंस लीग तथा आईएनए की कमान सुभाष चन्द्र बोस को सौंप दी। 25 अगस्त, 1945 को सुभाष चंद्र बोस ने विधिवत आजाद हिंद फौज की कमान संभाली।

सीआर दास एवं मोतीलाल नेहरू ने मार्च 1923 में इलाहाबाद में स्वराज पार्टी की स्थापना की।

39. (4) सर तेज बहादुर सप्रु एवं श्री जयकर के प्रयासों के फलस्वरूप महात्मा गाँधी एवं लॉर्ड इर्विन के बीच 5 मार्च, 1931 को एक समझौता हुआ। इस समझौते के अनुसार सरकार राजनीतिक कार्यकर्ताओं के विरुद्ध सभी केसों को वापस लेने पर सहमत हो गयी तथा अध्यादेशों को निरस्त कर दिया। सरकार उन सभी राजनीतिक कैदियों को छोड़ने के लिए तैयार हो गयी जो हिंसा में लिप्त नहीं थे। सरोजनी नायडू ने इसे दो महात्माओं का मिलन कहा।

40. (2) अब्दुल गफ्फार खान को 'सीमांत गाँधी' कहा जाता है। दादाभाई नौरोजी को 'भारत का सबसे वृद्ध व्यक्ति' कहा गया है। मदन मोहन मालवीय का उपनाम 'महामना' है। वल्लभभाई पटेल को **'भारत का लौह पुरुष'** कहा जाता है।

41. (3) मदनमोहन मालवीय भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना (शाब्दिक अर्थ: सबसे अधिक सम्मानित) की उपाधि से विभूषित किया गया। इस माननीय खिताब को खिताब को सर्वप्रथम महात्मा गाँधी द्वारा इस्तेमाल और लोकप्रिय किया गया।

42. (3) भारत छोड़ो आन्दोलन 9 अगस्त सन 1942 को गाँधीजी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ आरम्भ हुआ। उस समय भारत के वायसरॉय लॉर्ड लिनलिथगो थे। वायसरॉय के तौर पर भारत में उनका कार्यकाल 1936 से 1943 तक चला।

43. (2) दिसम्बर 1992 में चित्तरंजन दास, मोतीलाल नेहरू जैसे नेताओं ने अलग 'स्वराज पार्टी' का गठन किया था। इस पार्टी के अध्यक्ष श्री चित्तरंजन दास बनाए गए और मोतीलाल उसके एक सचिव थे। इस दल ने भारतीयों के लिये अधिक स्व-शासन तथा राजनीतिक स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिये कार्य किया।

44. (3) भगत सिंह ने 1926 से ही वास्तविक प्रजातंत्र यानी समाजवादी प्रजातंत्र की ओर अपने कदम बढ़ा दिया था। इसी लक्ष्य के लिए उन्होंने अपने साथी भगवती चरण वोहरा के सहयोग से 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना की।

45. (4) 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के दौरान पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतन्त्र सरकार, प्रतिसरकार की स्थापना की गई थी। इस प्रकार की समानान्तर सरकार की स्थापना उत्तर प्रदेश के बलिया में किया गया जिसका नेतृत्व चितु पांडे ने किया था।

46. (3) 1928 के बारदोली सत्याग्रह के पश्चात् वल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' के नाम से भी पुकारा जाने लगा। बारदोली की महिलाओं ने यह पदवी दी थी।

47. (4) वर्ष 1923 में नागपुर में ध्वज सत्याग्रह का आयोजन किया गया। यह सत्याग्रह शांतिपूर्ण सविनय अवज्ञा के महत्वपूर्ण अभियानों में से एक था जिसने राष्ट्रीय ध्वज फहराने पर बल दिया।

48. (3) जवाहर लाल नेहरू ने 1936 में मुंबई में भारत में पहली बार मानव अधिकार संगठन की स्थापना की जिसे भारतीय सिविल लिबर्टीज यूनियन (ICLU) का नाम दिया गया। ICLU का उद्घाटन करते हुए उन्होंने इसके गठन का मकसद सरकार का विरोध करने का अधिकार बताया था।

49. (1) सरदार बल्लभ भाई पटेल को भारत का 'लौह पुरुष' कहा जाता है। भारत की आजादी के बाद वे प्रथम गृह मंत्री और उपप्रधानमंत्री बने। गृहमंत्री के रूप में उनकी पहली प्राथमिकता देसी रियासतों (राज्यों) को भारत में मिलाना था। भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हें भारत का लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है।

50. (4) 31 जुलाई, 1937 को गाँधीजी ने हरिजन में एक लेख लिखा जिसके आधार पर अक्टूबर 1937 में एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन को वर्धा शिक्षा सम्मेलन के नाम से जाना जाता है।

51. (4) तेलंगाना आंदोलन आधुनिक भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा किसान गुरिल्ला युद्ध था। इस आंदोलन की शुरूआत जुलाई 1946 में हुई। अगस्त 1947 और सितंबर 1948 के मध्य यह आंदोलन सबसे अधिक सक्रिय रहा।

52. (2) 1919 में, गाँधीजी ने अंग्रेजों द्वारा पारित रॉलेक्ट अधिनियम के खिलाफ एक सत्याग्रह की शुरुआत की। इस अधिनियम में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पुलिस शक्तियों को मजबूत किया गया था। महात्मा गाँधी, मोहम्मद अली जिन्ना और अन्य लोगों ने इस अधिनियम का काफी विरोध किया। 13 अप्रैल, 1919 को जलियाँवाला बाग त्रासदी के साथ सत्याग्रह टूट गया।

53. (1) सत्याग्रह के तीन स्वरूप हैं: असहयोग, सविनय अवज्ञा, और बहिष्कार। महात्मा गाँधी ने इन तीनों स्वरूपों का भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में इस्तेमाल किया।

54. (1) गाँधी के जीवन में सत्य का प्रथम और अहिंसा का दूसरा स्थान था। सत्य की तलाश में उन्होंने अहिंसा की खोज की। वह अहिंसा के माध्यम से सत्य की अनुभूति और उसे प्राप्त करना चाहते थे। उनके अनुसार शब्दों के साथ विचारों का और क्रियाओं के साथ शब्दों का सामंजस्य ही सत्य है।

55. (2) दांडी यात्रा से अभिप्राय उस पैदल यात्रा से है, जो गाँधी जी और उनके स्वयं सेवकों द्वारा 12 मार्च, 1930 ई. को प्रारम्भ की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य था अंग्रेज़ों द्वारा बनाये गए 'नमक कानून को तोड़ना'। दांडी यात्रा को नमक सत्याग्रह या नमक यात्रा के भी नाम से जाना जाता है।

56. (1) सत्याग्रह एक व्यापक व्यावहारिक और विशिष्ट दर्शनशास्त्र है, जिसे सामान्यतया अहिंसात्मक अवज्ञा या नागरिक अवज्ञा के नाम से भी जाना जाता है। सत्याग्रह शब्द की खोज और इसका विकास महात्मा गाँधी जी ने किया था, उन्होंने इसका प्रयोग भारतीय स्वतंत्रता आंदोलनों और दक्षिण अफ्रीका में भारतीय अधिकारों के लिए संघर्ष के दौरान किया था।

57. (2) भारतीय राष्ट्रीय थल सेना (आजाद हिन्द फौज) नामक सशस्त्र सेना का गठन 1942 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय राष्ट्रवादियों द्वारा किया गया था। आरंभ में 1942 में इसकी स्थापना सिंगापुर के पतन के बाद मोहन सिंह के नेतृत्व में की गई थी, लेकिन इसी वर्ष दिसम्बर में इसका पतन हो गया तत्पश्चात् इसकी स्थापना 1943 में सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में की गई उन्होंने ब्रिटिश सरकार से आजाद भारत की मांग की।

58. (3) लॉर्ड चेम्सफोर्ड ने 1916 से 1921 तक भारत के गवर्नर जनरल और वायसराय के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान महत्त्वपूर्ण घटनाओं में लखनऊ संधि (1916), खिलाफत आंदोलन, गाँधी के राष्ट्रीय नेता के रूप में उभरने, रॉलैट अधिनियम, जलियाँवाला बाग त्रासदी (1919), असहयोग आंदोलन, तीसरा अफगान युद्ध और रावलपिंडी की संधि, अगस्त घोषणा पत्र (1917), मोंटेग्यू- चेम्सफोर्ड सुधार (1919) आदि शामिल हैं।

59. (2) 'आनन्दमठ' (Anandamath) नामक उपन्यास 18 वीं शताब्दी के अन्त में आए बंगाल के भयानक अकाल और संन्यासी विद्रोहियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस उपन्यास में बंकिम चन्द्र ने अंग्रेजों से मुक्त भारत की कल्पना की थी। इस स्वप्न/कल्पना में उन्होंने अप्रशिक्षित संन्यासी सिपाहियों को अत्यधिक अनुभवी शाही फौज से लड़ते हुए और संन्यासी सिपाहियों को अंग्रेजों को हराते हुए देखा था।

60. (1) 1929 में लाहौर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बने। उनके पिता मोतीलाल नेहरू 1928 में कांग्रेस के अध्यक्ष थे। कांग्रेस अधिवेशन के इतिहास में यह पहला अवसर था जब पुत्र ने कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने पिताजी का स्थान ग्रहण किया। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में नेहरू जी ने भारत के लिए 'पूर्ण स्वराज' की मांग की।

61. (3) 1920 में महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया था। असहयोग आंदोलन में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार, खादी का उपयोग, सूत कातने को प्रोत्साहन, सरकारी उपाधियों तथा पदों का त्याग, सरकारी कार्यालयों का बहिष्कार, हिन्दू- मुस्लिम एकता पर जोर अस्पृश्यता का निषेध तथा अहिंसा पर पूरा जोर दिया गया था। चौरी-चौरा की हिंसक घटना के मद्देनजर गाँधीजी ने फरवरी, 1922 में आंदोलन को वापस ले लिया।

62. (3) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, मार्च 1942 में ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों का पूर्ण सहयोग और सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से क्रिप्स मिशन की स्थापना की थी। सर स्टैफॉर्ड क्रिप्स इस मिशन के अध्यक्ष थे।

63. (1) सुभाषचन्द्र बोस 1938 और 1939 में काँग्रेस के अध्यक्ष चुने गये थे। अपने पहले कार्यकाल के अंत तक त्रिपुरी काँग्रेस महाधिवेशन में अध्यक्षीय चुनाव 1939 के शुरू में ही हो गया था। महात्मा गाँधी एवं काँग्रेस कार्य समिति द्वारा समर्थित डॉ. पट्टाभि सीतारमैय्या को हराकर नेताजी पुन: निर्वाचित हुए। किंतु उन्होंने गाँधी जी के विरोध के कारण त्यागपत्र दे दिया था।

64. (3) यंग इंडिया 1919 से 1932 तक मोहनदास करमचंद गाँधी द्वारा प्रकाशित एक साप्ताहिक समाचारपत्र था। गाँधी जी भारत में आयोजित आंदोलनों में अहिंसा का प्रयोग करने के संदर्भ में अपने विशेष सिद्धांतों तथा विचारों को पाठकों तक पहुँचाने के लिए वे इसका प्रयोग करते थे। शांतिपूर्ण अभियानों द्वारा भारत को ब्रिटिश दासता से कैसे मुक्ति दिलाई जाए इसके लिए योजना बनाने, आंदोलन करने और विचार करने का अनुरोध करने के लिए यंग इंडिया समाचार पत्र का प्रयोग किया जाता था।

65. (3) मिंटो-मार्ले सुधार: 1909, मॉन्टेग्यू- चेम्सफोर्ड सुधार: 1919, क्रिप्स मिशन: मार्च 1942, कैबिनेट मिशन: मार्च 1946

66. (4) सविनय अवज्ञा आंदोलन ने कई भारतीय महिलाओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। 6 अप्रैल, 1930 को महात्मा गाँधी को गिरफ्तार कर लिया गया, उस समय उन्होंने श्रीमती सरोजिनी नायडू को आंदोलन के प्रमुख के रूप में नामित किया। 15 मई, 1930 को, सरोजिनी नायडू ने धरसना के नमक कार्यकताओं का नेतृत्व किया। 6 अप्रैल, 1930 को, कमलादेवी चट्टोपाध्याय की अगुवाई वाली महिलाओं का एक समूह चौपाटी पर चढ़ गया और अस्थायी स्टोव या चूल्हों पर समुद्र के पानी से नमक बनाना शुरू कर दिया।

67. (2) 5 फरवरी, 1922 को संयुक्त प्रांत के गोरखपुर जिले में स्थित चौरी-चौरा नामक स्थान पर हुई हिंसक घटनाओं के कारण असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया था। इस हिंसक घटना को चौरी-चौरा कांड के नाम से भी जाना जाता है। इस हत्याकांड में लोगों की उग्र भीड़ ने एक पुलिस चौकी में आग लगा दी थी जिसमें 23 पुलिसकर्मी मारे गए। यह घटना अहिंसा के सिद्धांतों के विरुद्ध थी, अत: गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया।

68. (2) 7 सितम्बर, 1931 को लंदन में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में गाँधीजी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया था। सम्मेलन में गाँधीजी की भागीदारी वायसराय लॉर्ड इर्विन और उनके मध्य हुए समझौते का परिचायक थी जिसे गाँधी -इर्विन समझौता के नाम से जाना जाता है। कांग्रेस ने प्रथम गोलमेज सम्मेलन का बहिष्कार किया था।

69. (1) 13 अप्रैल, 1919 को जब अहिंसक प्रदर्शनकारियों की भीड़ पंजाब के अमृतसर स्थित जलियाँवाला बाग में एकत्र हुई तो जनरल डायर के आदेश पर ब्रिटिश भारतीय सैनिकों की टुकड़ी ने निहत्थे लोगों पर गोलियाँ चलाना आरंभ कर दिया। यह घटना जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के नाम से जानी जाती है। घटना के बाद जनरल डायर को ड्यूटी से हटा दिया गया, लेकिन जनरल डायर ब्रिटेन के प्रख्यात् नायक बन गए।

70. (4) 8 अगस्त, 1942 को बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में भारत छोड़ो आंदोलन के अपने संबोधन भाषण में गाँधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 8 अगस्त, 1942 को आरंभ किया गया भारत छोड़ो आंदोलन एक सविनय अवज्ञा आंदोलन था, जिसमें भारत से ब्रिटिश शासन के अंत की मांग की गई थी।

71. (1) स्टैन्ली ई. जोन्स के अनुसार, सत्याग्रह से तात्पर्य गाँधीवादी विचारों की समग्रता या सारतत्त्व से है। इसके द्वारा गाँधीजी ने पूरे विश्व को सत्य पर दृढ़ रहने, सत्य के प्रति समर्पित होने और अहिंसात्मक रूप से असत्यता का विरोध करने का नया ज्ञान दिया। यह पूरे विश्व को गाँधीजी की सबसे बड़ी देन है।

72. (3) विश्व भारती की स्थापना रवीन्द्रनाथ टैगोर के द्वारा 1921 में की गई थी। उन्होंने इसकी स्थापना अपने काव्य संग्रह गीतांजलि के लिए 1913 में प्रदान किए गए नोबेल पुरस्कार की पुरस्कार राशि से की थी। भारत की स्वतंत्रता तक यह एक कॉलेज था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, 1951 में इस संस्थान को विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया और विश्व भारती विश्वविद्यालय के रूप में इसका पुनर्नामकरण किया गया।

73. (3) 1937 के आम चुनाव में कांग्रेस के सात प्रांतों में सत्ता प्राप्त करने के बाद 1938 के हरिपुर कांग्रेस अधिवेशन के लिए सुभाषचन्द्र बोस को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। 1939 में कांग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन के अध्यक्ष हेतु कराए गए चुनाव में उन्हें पुनर्निर्वाचित किया गया था, इस चुनाव में सुभाषचन्द्र बोस ने डॉ. पट्टाभि सीतारमैया को हराया था जिन्हें महात्मा गाँधी का समर्थन प्राप्त था। अप्रैल 1939 में सुभाषचन्द्र बोस ने इस्तीफा दे दिया और मई 1939 में कांग्रेस के भीतर ही फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना करने की घोषणा की। सुभाषचन्द्र बोस के पद से इस्तीफा देने के बाद 1939 में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

74. (1) 'इंडियन ओपिनियन' भारतीय नेता महात्मा गाँधी द्वारा 1903 में दक्षिण अफ्रीका में स्थापित एक समाचार पत्र था। समाचार पत्र का प्रकाशन दक्षिण अफ्रीका में भारतीय प्रवासी समुदाय को नागरिक अधिकार प्रदान करने और नस्लीय-भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए गाँधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में आरंभ किए गए राजनीतिक आंदोलन के लिए एक महत्त्वपूर्ण हथियार था।

75. (*) जनरल डायर अमृतसर में हुए जालियाँवाला बाग हत्याकांड के लिए उत्तरदायी था, 1927 में प्रमस्तिष्कीय रक्तस्राव (cerebral haemorrhage) और धमनी काठिन्य (arteriosclerosis) के कारण उसकी मृत्यु हो गई। माइकल ओ डायर, जो 1912 से 1919 तक भारत में पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर थे, उन्होंने अमृतसर हत्याकांड के संदर्भ में जनरल डायर के कार्य का समर्थन किया था, की 1940 में उधम सिंह द्वारा हत्या कर दी गई थी।
सर्वश्रेष्ठ विकल्प: (3)

76. (2) वहाबी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य पैगम्बर द्वारा वर्णित वंशावली के संदर्भ में प्रचलित अंधविश्वासों की आस्था का शुद्धीकरण करना था। यह इस्लाम धर्म के अंतर्गत एक सुधारवादी आंदोलन था जिसकी शुरुआत 18वीं शताब्दी में अरब में हुई। भारत में यह आंदोलन 19वीं शताब्दी के आरंभ में तब लोकप्रिय हुआ जब रायबरेली के सैय्यद अहमद ने इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश में की।

77. (3) ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करने वाले स्वतंत्र पख्तुन कार्यकर्ता खान अब्दुल गफ्फार खाँ को सीमान्त गाँधी (फ्रंटियर गाँधी) के नाम से जाना जाता था। उन्होंने उत्तर-पश्चिमी सीमा के पठानों को गाँधीवादी मूल्यों अहिंसा और गैर-आधिपत्य को पालने के लिए प्रेरित किया। सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान इन्होंने पश्चिमोत्तर प्रांत में 'लाल कुर्ती' आंदोलन चलाया था।

78. (4) सुभाषचन्द्र बोस ने सर्वप्रथम 1944 में सिंगापुर से अपने रेडियो संबोधन में महात्मा गाँधी के लिए **'राष्ट्रपिता'** शब्द का प्रयोग किया था। बाद में, भारत सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान की गई। राष्ट्र पिता एक सम्मानसूचक उपाधि है, जिसे धारण करने वाले व्यक्ति को राष्ट्र के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला प्रेरक बल माना जाता है।

79. (4) दक्षिण अफ्रीका में एम्बुलेंस सेवा में अपना योगदान देने के कारण गाँधीजी को पेनशुर्स्ट के लॉर्ड हार्डिंग द्वारा 1915 में 'कैसर-ए-हिन्द' की उपाधि प्रदान की गई थी। गाँधी ने खिलाफत आंदोलन के समर्थन में और जालियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के विरोध में राष्ट्रव्यापी अभियान के एक भाग के रूप में 1920 में यह उपाधि वापस लौटा दी थी।

80. (2) गाँधीजी के लिए सत्याग्रह का अर्थ सत्य के प्रति आसक्ति है और इस प्रकार, सत्याग्रह से तात्पर्य सत्य के लिए आग्रह या प्रेमपूर्वक आग्रह से है। यह अहिंसक विरोध या नागरिक विरोध का विशिष्ट रूप था। यह अहिंसा के प्रति गाँधीजी का अटूट विश्वास था जिसके द्वारा उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन आरंभ किया।

81. (1) 14 जुलाई, 1942 को कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर ब्रिटिश सरकार से पूर्ण स्वराज की मांग की गई। प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि यदि ब्रिटिश सरकार ने उनकी मांगें स्वीकार नहीं की तो व्यापक स्तर पर सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया जाएगा। यह प्रस्ताव वर्धा प्रस्ताव और सामान्यतया ''भारत छोड़ो प्रस्ताव'' के रूप में जाना जाता है।

82. (2) जे.बी. कृपलानी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, और 1947 में सत्ता हस्तांतरण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। कृपलानी गाँधीवादी, समाजवादी, पर्यावरणविद्, अध्यात्मवादी और स्वतंत्र कार्यकर्ता थे। वह गाँधीजी के सबसे उत्साही शिष्यों में से एक थे।

83. (4) महात्मा गाँधी ने सरोजिनी नायडू को उनकी कविताओं के लयबद्ध शब्दों और उनके सुंदर एवं मधुर स्वर के लिए उन्हें **'भारत की बुलबुल'** (भारत कोकिला) की उपाधि प्रदान की थी। उनकी कुछ प्रमुख कविताओं में द गोल्डन थ्रेशॉल्ड, द बर्ड ऑफ टाइम, द ब्रोकन विंग, द विजार्ड मास्क, इत्यादि शामिल हैं।

84. (2) ब्रिटिश सरकार द्वारा किए गए बंगाल विभाजन के विरुद्ध स्वदेशी आंदोलन की आधिकारिक घोषणा 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता के टाउन हॉल में की गई थी। स्वदेशी आंदोलन के साथ-साथ बहिष्कार (बायकाट) आंदोलन भी शुरू किया गया था। इस आंदोलन के द्वारा भारत में निर्मित वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया और ब्रिटेन निर्मित वस्तुओं को जलाया गया।

85. (2) सी. राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के अंतिम गवर्नर जनरल थे। वह जून 1948 से 26 जनवरी, 1950 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे। वह न केवल भारत के अंतिम गवर्नर जनरल थे, बल्कि इस पद को धारण करने वाले एकमात्र भारतीय थे।

86. (4) एम.एन. राय एक कम्यूनिस्ट नेता थे। उन्हें 1924 में कम्यूनिस्ट इंटरनेशनल के पूर्ण सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया था। वह यह सम्मान पाने वाले प्रथम भारतीय थे। उन्हें चीन समेत पूरे एशिया में साम्यवादी आंदोलन का प्रभार (दायित्व) सौंपा गया था। राय ने भारत में क्रांतिकारी आंदोलन को विकसित करने का भी प्रयास किया था।

87. (3) भारत के राज्य सचिव सर पैथिक लॉरेन्स की अध्यक्षता में कैबिनेट मिशन 24 मार्च, 1946 को भारत आया। इस मिशन में बोर्ड ऑफ ट्रेड के अध्यक्ष सर स्टैफोर्ड क्रिप्स और नौसेना विभाग के प्रथम लॉर्ड अलेक्जेंडर भी शामिल थे। इस आयोग का गठन ग्रेट ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली की पहल पर किया गया था।

88. (3) सर्वोदय एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है **"सार्वभौमिक उत्थान"** या "सभी का विकास"। इस शब्द का प्रयोग गाँधीजी ने जॉन रस्किन द्वारा राजनीतिक व्यवस्था पर लिखी पुस्तक 'अनटू दिस लास्ट' का अनुवाद करते हुए 1908 में अपनी पुस्तक के शीर्षक के रूप में किया था, इसके अलावा गाँधीजी ने अपने राजनीतिक दर्शनशास्त्र के आदर्श के रूप में भी इस शब्द का प्रयोग किया था। गाँधीवादी दर्शनशास्त्र के अनुसार, सर्वोदय समाज में पाई जाने वाली सभी प्रकार की सामाजिक या राजनीतिक समस्याओं के लिए एक असली रामबाण है। यह राजनीतिक और सामाजिक दोनों शक्तियों का विकेन्द्रीकरण करने के साथ-साथ समाज के लोगों को चौमुखी विकास का अवसर प्रदान करते हुए आदर्श सामाजिक व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। संक्षेप में, सर्वोदय अपने केन्द्र में मनुष्य के साथ एक नये मानवतावादी, सरल, अहिंसक और विकेन्द्रीकृत समाजवादी समाज की अवधारणा पर बल देता है।

89. (1) खिलाफत आंदोलन भारतीय मुसलमानों द्वारा भारतीय राष्ट्रवादियों के साथ मिलकर आरंभ किया गया एक आंदोलन था जिसका उद्देश्य प्रथम विश्व युद्ध के बाद इस्लाम के खलीफा के रूप में तुर्की के ऑटोमन सुल्तान की सत्ता को बनाए रखने हेतु ब्रिटिश सरकार पर दबाव डालना था। यह आंदोलन असहयोग आंदोलन के साथ आरंभ हुआ और आंदोलन के दौरान हिन्दू- मुस्लिम एकता पर अधिक जोर दिया गया। ध्यातव्य है कि अखिल भारतीय खिलाफत कमेटी के अध्यक्ष गाँधी जी थे।

90. (3) दिसम्बर 1922 में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गया वार्षिक सम्मेलन में ब्रिटिश सरकार से भारतीय लोगों के लिए स्व-शासन और राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग की गई थी, इस सम्मेलन के बाद जनवरी 1923 में मोतीलाल नेहरू और सी.आर.दास ने स्वराज पार्टी की स्थापना की थी। स्वराज की अवधारणा से प्रेरित होकर स्वराज पार्टी की स्थापना की गई थी।

91. (2) महात्मा गाँधी का मानना था कि भारत गाँवों में बसता है और गाँवों के विकास का अर्थ होगा - समूचे भारत का विकास। वह विकास के मॉडल पर केंद्रित भारी औद्योगिक शहरों के विरुद्ध थे जिसने ग्रामीण विकास का दिखावा किया और परिणामस्वरूप ग्रामीण जनसंख्या को बड़े पैमाने पर शहरों में बसना पड़ा। इसके बजाय गाँधी सम्पूर्ण विकास के रूप में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के समग्र विकास में विश्वास रखते थे।

92. (3) शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में बोलपुर के निकट एक छोटा शहर है जिसकी स्थापना महर्षि देवेन्द्रनाथ टैगोर द्वारा की गई थी। बाद में उनके पुत्र रबिन्द्रनाथ टैगोर ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए इस शहर का विस्तार किया जिसे वर्तमान में विश्वविद्यालय शहर, विशेष रूप से विश्वभारती विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है।

93. (4) आधिकारिक रूप से प्रथम गोलमेज सम्मेलन का उद्घाटन 12 नवम्बर, 1930 को लंदन में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया था। इसकी अध्यक्षता ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्से मैकडोनाल्ड ने की थी। प्रथम अधिवेशन (1930-31) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जो ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सविनय अवज्ञा आंदोलन चला रही थी, को छोड़कर सभी भारतीय राज्यों के 73 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

94. (1) वायकोम सत्याग्रह त्रावणकोर (आधुनिक केरल) में एक आंदोलन था, जो अछूत वर्गों के मंदिर प्रवेश के लिए था। यह आंदोलन 1924-25 के दौरान केरल के वाइकोम, कोट्टायम जिले में शिव मंदिर के निकट हुआ। वायकोम उस समय त्रावणकोर की रियासत का एक हिस्सा था।

95. (4) विठ्ठलभाई पटेल 1925 में केन्द्रीय विधान सभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष थे और 1927 में फिर से निर्वाचित हुए। 1928 में उन्होंने भारत सरकार के प्रशासन से स्वतंत्र विधान सभा के लिए एक अलग कार्यालय बनाया।

96. (2) नमक सत्याग्रह दांडी मार्च के साथ 12 मार्च, 1930 को आरंभ हुआ था। यह औपनिवेशिक भारत में नमक पर ब्रिटिश एकाधिकार के विरुद्ध अहिंसक विरोध और कर का विरोध करने हेतु प्रत्यक्ष कार्यवाही अभियान था और इस आंदोलन ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को प्रेरित किया।

97. (2) दूसरे गोलमेज सम्मेलन का आयोजन सितम्बर-दिसम्बर 1931 के दौरान वायसराय लॉर्ड वेलिंगटन के कार्यकाल के दौरान लन्दन में किया गया था। इस सम्मेलन में गाँधीजी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और सरोजिनी नायडू ने भारतीय महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया था। सम्मेलन में गाँधीजी की उपस्थिति के परिणामस्वरूप 5 मार्च, 1931 को गाँधी-इर्विन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

98. (1) तिनकठिया वह प्रणाली थी जिसके अंतर्गत चंपारण (बिहार) के किसानों को यूरोपीय बागान मालिकों ने अपनी भूमि के 3/20वें भाग पर नील की खेती करने के लिए मजबूर किया था। यह किसानों के दयनीय स्थिति का

कारण था। किसानों की कठिनाइयों को उठाते हुए, गाँधीजी ने 1917 में चंपारण सत्याग्रह शुरू किया। अंततः चंपारण कृषि अधिनियम के तहत इस प्रणाली को समाप्त कर दिया गया।

99. (2) 1 अगस्त, 1920 को असहयोग आंदोलन की औपचारिक रूप से घोषणा की गई थी, लेकिन सितम्बर 1920 में कलकत्ता में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में सहमति व्यक्त की गई थी और असहयोग आंदोलन दिसम्बर 1920 में शुरू किया गया था। गाँधीजी ने चौरी चौरा की घटना के कारण फरवरी 1922 में आंदोलन को वापस ले लिया जिसमें एक हिंसक भीड़ ने 22 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी।

100. (4) महात्मा गाँधी द्वारा प्रेरित पहला सत्याग्रह आंदोलन 1917 में बिहार के चंपारण जिले में हुआ था। राज कुमार शुक्ला, अनुग्रह नारायण सिन्हा, जेबी कृपलानी, पीर मोहम्मद मुनीस, ब्रज किशोर प्रसाद, इस आंदोलन के कुछ प्रसिद्ध नेता थे। यह आंदोलन तिनकठिया प्रणाली के तहत नील की खेती करने वाले किसानों के शोषण के विरुद्ध था।

101. (3) जब गाँधीजी ने 1940 में अंग्रेजों के खिलाफ व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया, तो विनोबा भावे को प्रथम व्यक्तिगत सत्याग्रही के रूप में चुना गया। उन्होंने महाराष्ट्र के पवनार से सत्याग्रह शुरू किया, जहाँ वह 1921 से सक्रिय थे। गाँधी जी व्यक्तिगत रूप से उनके सत्याग्रह हेतु सहमति देने हेतु बन आश्रम गए थे।

102. (4) सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस समाजवादी दल से सम्बंधित नहीं थे। कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना 1934 ई. में आचार्य नरेन्द्रदेव, जयप्रकाश नारायण, मीनू मसानी एवं अशोक मेहता के प्रयत्नों से की गई थी। इस दल का प्रथम सम्मेलन 1934ई. में पटना में हुआ। इस पार्टी की स्थापना का उद्देश्य ये माँगें थीं- देश की आर्थिक विकास की प्रक्रिया राज्य द्वारा नियोजित एवं नियंत्रित हो, राजाओं और जमीदारों का उन्मूलन बगैर मुआवजे के किया जाए।

103. (2) दांडी मार्च जिसे नमक मार्च या, दांडी सत्याग्रह के रूप में भी जाना जाता है को वर्ष 1930 में महात्मा गाँधी के द्वारा अंग्रेज सरकार के नमक के ऊपर कर लगाने के कानून के विरुद्ध किया गया सविनय कानून भंग कार्यक्रम था। इस ऐतिहासिक सत्याग्रह कार्यक्रम को गाँधीजी समेत 78 लोगों के द्वारा अहमदाबाद में स्थित साबरमती आश्रम से समुद्र तटीय गाँव दांडी तक पैदल यात्रा करके 12 मार्च, 1930 को नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून को भंग किया गया था।

104. (3) चौरी-चौरा, उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के पास का एक कस्बा है जहाँ 4 फरवरी, 1922 को भारतीयों ने ब्रिटिश सरकार की एक पुलिस चौकी को आग लगा दी थी जिससे उसमें छिपे हुए 23 पुलिस कर्मचारी जिन्दा जल के मर गए थे। इस घटना को चौरी-चौरा काण्ड के नाम से जाना जाता है। इसके परिणामस्वरूप गाँधीजी ने कहा था कि हिंसा होने के कारण असहयोग आन्दोलन उपयुक्त नहीं रह गया है और उसे वापस ले लिया था।

105. (3) 5 मार्च, 1931 को लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन से पहले, गाँधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर किया गया । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से गाँधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन बंद करने पर सहमति व्यक्त की। कांग्रेस संवैधानिक सुधारों को चाक-चौबंद करने के लिए दूसरे गोलमेज सम्मेलन में शामिल होने के लिए सहमत हुई।

कुछ अन्य शर्तें थीं कि ब्रिटिश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के सभी आदेश वापस ले लेंगे। उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के लिए गिरफ्तार किए गए कैदियों की हिंसा और रिहाई को छोड़कर कई अपराधों से संबंधित परीक्षणों को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की। यह भी सहमति हुई कि ब्रिटिश नमक पर कर हटा देंगे, जिससे भारतीयों को कानूनी रूप से और अपने स्वयं के उपयोग के लिए नमक का उत्पादन, व्यापार और बिक्री करने की अनुमति मिल गई।

106. (2) 1894 में नटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा की गई थी। गाँधी इसके मानद सचिव और दादा अब्दुल्ला अध्यक्ष चुने गए थे। इसका उद्देश्य दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के खिलाफ हो रहे भेदभाव से लड़ना था। बाद में उन्होंने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ गठबंधन किया।

107. (2) 1919 का अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम, जिसे लोकप्रिय रूप से रॉलेट एक्ट के रूप में जाना जाता है, 10 मार्च, 1919 को दिल्ली में इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा पारित किया गया एक विधायी कार्य था। यह अधिनियम ब्रिटिश सरकार द्वारा मनमानी शक्तियों से लैस था और दमन का एक कारण था। महात्मा गाँधी इस तरह के अन्यायपूर्ण कानूनों के खिलाफ अहिंसक सविनय अवज्ञा चाहते थे, जो 6 अप्रैल से शुरू होगी। पूरे देश में 6 अप्रैल, 1919 को राष्ट्रीय अपमान दिवस के रूप में मनाया गया।

108. (1) खिलाफत आंदोलन वर्ष 1915 से 1924 तक चला था। इस धर्मयुद्ध की प्रमुख विशेषता यह थी कि यह एक पैन- इस्लामिक आंदोलन था जिसमें तत्कालीन ब्रिटिश भारत के मुसलमानों ने उप- निवेशवादियों के खिलाफ भारतीय राष्ट्रवादियों के साथ गठबंधन किया था। ब्रिटिशों की विभिन्न संधियों ने तुर्की में खलीफा के समझौते का प्रतिपादन किया। इस आन्दोलन का उद्देश्य (सुन्नी) इस्लाम के मुखिया माने जाने वाले तुर्की के खलीफा के पद की पुनःस्थापना कराने के लिये अंग्रेजों पर दबाव बनाना था।

109. (1) बारदोली सत्याग्रह, 1928 करों के अन्यायपूर्ण तरीके लगाए जाने के खिलाफ बारदोली के किसानों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में एक आंदोलन था।

110. (1) गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को करमचंद गांधी और पुतलीबाई के घर हुआ था। उनकी मां उनके पिता की चौथी पत्नी थी; पिछली तीन पत्नियों की प्रसव में मृत्यु हो गई। पुतलीबाई एक प्रानामी वैष्णव हिन्दू परिवार से थी

111. (2) 18 जून, 1923 को अखिल भारतीय ध्वज दिवस के रूप में मनाने के साथ, झंडा सत्याग्रह ने नागपुर को राष्ट्रीय मुख्यालय और 'नागपुर चलो' को अपना नारा घोषित किया।

- 1923 में, जबलपुर में, जब पुलिस कमिश्नर ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया तो जबलपुर के टाउन हॉल में सरोजिनी नायडू और मौलाना आजाद ने झंडा फहराया।

112. (2) 8 अगस्त, 1942 को महात्मा गाँधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के बॉम्बे सत्र में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया था।

- भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने की मांग के लिए भारतीयों द्वारा विरोध शुरू किया गया था।
- इसका शुभारंभ गोवालिया टैंक मैदान में किया गया था जिसे मुंबई में अगस्त क्रांति मैदान के रूप में भी जाना जाता है।

113. (2) जलियांवाला बाग नरसंहार वह घटना थी जिसमें ब्रिटिश सैनिकों ने अमृतसर में निहत्थे भारतीयों की एक बड़ी भीड़ पर गोलीबारी की जिसमें कई सौ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए।

- 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोग जमा हुए थे।
- जनरल डायर सशस्त्र सैनिकों के साथ वहाँ पहुँचा और बेखबर भीड़ पर निर्मम गोलीबारी करने का आदेश दिया।
- इस क्रूरता के जवाब में, रवींद्रनाथ टैगोर ने इस घटना की निंदा करने के लिए अपना नाइटहुड सम्मान वापस कर दिया था।

114. (3) काकोरी षड्यंत्र एक सशस्त्र रेल डकैती था जो 9 अगस्त, 1925 को काकोरी शहर में वर्तमान उत्तर प्रदेश में हुआ था।

- इसके बाद अदालत में इस घटना पर कार्यवाही चली, जिसने चार स्वतंत्रता सेनानियों के लिए मौत की सजा की सिफारिश की थी।
- 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' (एचआरए) के अशफाकतुल्ला खान और राम प्रसाद बिस्मिल द्वारा इस डकैती की कल्पना की गई गई थी जिसके अन्तर्गत गार्ड के केबिन में रखे पैसों के थैले को लूटने की योजना बनाई गई थी।
- माना जाता है कि लूटा गया पैसा ब्रिटिश सरकार का था, जिसका इस्तेमाल एचआरए की कोष के लिए किया जाना था।

115. (1) कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी या (सीएसपी), कांग्रेस के भीतर एक वामपंथी समूह था।
- इसका गठन 1934 में अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र देव और महासचिव के रूप में जय प्रकाश नारायण ने किया था।
- इस दल का उदय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में बढ़े हुए वाम प्रभाव के कारण हुआ।
- 1935 तक कांग्रेस के एक तिहाई सदस्य कांग्रेस समाजवादी थे। इन नेताओं ने गाँधी के विचार को खारिज कर दिया (जिसे उन्होंने विरोधी के रूप में देखा)।
- हालांकि वे श्रमिकों और किसानों के आंदोलन में सक्रिय रहे, लेकिन उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांप्रदायिक रवैये को खारिज कर दिया।
- वे मार्क्सवाद-लेनिनवाद से प्रभावित थे।
- सीएसपी ने 1936 में मार्क्सवाद को अपनाया था और फैजपुर में आयोजित तीसरे सम्मेलन में उन्होंने एक शोध प्रबंध तैयार किया था, जिसमें पार्टी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को साम्राज्यवाद विरोधी मोर्चे में बदलने के लिए काम करने का निर्देश दिया था।

116. (4) राजगोपालाचारी फॉर्मूला (1944) का उद्देश्य मुस्लिम लीग और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच दो राष्ट्र सिद्धांत और ब्रिटिश सत्ता से भारत की स्वतंत्रता पर अपने मतभेद के बीच सेतु स्थापित करने का प्रयास था।
- सी. राजगोपालाचारी दिग्गज कांग्रेसी नेता थे जिन्होंने राजनीतिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच सहयोग का सूत्र बनाया।
- यह फॉर्मूला एम. के. गाँधी द्वारा समर्थित था जो वास्तव में, पाकिस्तान के लिए लीग की मांग का एक मौन समर्थन था।

117. (1) कराची कांग्रेस सत्र 1931 की अध्यक्षता सरदार वल्लभभाई पटेल ने की थी।
- महात्मा गाँधी को दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था।
- कराची प्रस्ताव ने 'पूर्ण स्वराज' या 'पूर्ण स्वतंत्रता' के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया।
- इस सत्र में गाँधी-इरविन संधि की पुष्टि की गई।

118. (2) चंद्रशेखर आजाद ने भगत सिंह, सुखदेव, बटुकेश्वर दत्त और राजगुरु के साथ मिलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) या गरम दल की स्थापना 9-10 सितम्बर, 1928 को दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान में की थी।
- एचएसआरए ने 'फिलॉसफी ऑफ द बम' के रूप में जाना जाने वाला घोषणापत्र (मैनिफेस्टो) निकाला।
- यह घोषणा पत्र भगवती चरण वोहरा द्वारा लिखा गया था।

119. (2) कैबिनेट मिशन इंग्लैंड के तीन कैबिनेट मंत्रियों से बना था।
- सर पेथिक लॉरेंस, भारत के राज्य सचिव।
- सर स्टेफोर्ड क्रिप्स, व्यापार मंडल के अध्यक्ष
- अलेक्जेंडर, नौवहनविभाग के पहले लॉर्ड
- यह मिशन 24 मार्च, 1946 को भारत आया।
- इस मिशन का उद्देश्य था:
- स्वतंत्र भारत के संविधान को बनाने के लिए एक रूपरेखा तैयार करना।
- अंतरिम सरकार की व्यवस्था करना।
- 1946 की कैबिनेट मिशन योजना ने प्रस्ताव दिया कि भारत का एक संघ होगा जिसे रक्षा, विदेशी मामलों और संचार से निपटने के लिए सशक्त बनाया जाना था।

120. (3) तीसरा गोलमेज सम्मेलन 17 नवम्बर, 1932 को लंदन में आयोजित किया गया था। यह सिर्फ एक नाममात्र का सम्मेलन था क्योंकि कांग्रेस ने इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया था और ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने भी इसमें शामिल होने से मना कर दिया था। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप एक श्वेत पत्र सामने आया जो भारत सरकार अधिनियम 1935 का आधार बना।

121. (2) गाँधी द्वारा असहयोग आंदोलन को स्थगित करने के बाद, जनवरी 1923 में चित्तरंजन दास और मोतीलाल नेहरू द्वारा स्वराज पार्टी की स्थापना की गई थी।
- इसने ब्रिटिश राज से भारतीय लोगों के लिए अधिक स्व-शासन और राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग की।
- यह स्वराज की अवधारणा से प्रेरित था।

122. (1) पहला गोलमेज सम्मेलन नवम्बर, 1930 में लंदन में आयोजित किया गया था।
- सम्मेलन को आधिकारिक रूप से किंग जॉर्ज पंचम द्वारा उद्घाटन किया गया था और ब्रिटिश प्रधान मंत्री, रामसे मैकडोनाल्ड द्वारा इसकी अध्यक्षता किया गया था।
- इसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छोड़कर सभी भारतीय राज्यों और सभी दलों के 73 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

123. (1) बंगाल के विभाजन को प्रभावित करने के निर्णय की घोषणा जुलाई 1905 में भारत के वायसराय लॉर्ड कर्जन ने की थी।
- यह विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 को हुआ।
- इसने बड़े पैमाने पर मुस्लिम बहुल पूर्वी क्षेत्रों को हिंदू बहुल पश्चिमी क्षेत्रों से अलग कर दिया।
- भारत के वायसराय लॉर्ड हार्डिंग, (1910- 1916) ने 1911 में बंगाल विभाजन को रद्द कर दिया।

124. (2) महात्मा गाँधी 9 जनवरी, 1915 को दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे। उन्होंने एक वकील और सार्वजनिक कर्मचारी के रूप में उस देश में लगभग 21 साल बिताने के बाद 18 जुलाई, 1914 को दक्षिण अफ्रीका छोड़ दिया। वह 9 जनवरी, 1915 को मुंबई, भारत पहुँचे। भारत में उनका आगमन वर्तमान में प्रवासी भारतीय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

125. (4) 'ट्राइस्ट विद डेस्टिनी' जवाहरलाल नेहरू द्वारा संसद में भारतीय संविधान सभा में भारत की स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त, 1947 की मध्यरात्रि को दिया गया भाषण था। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने आधी रात से पहले अपना भाषण दिया और भारत की अनूठी उपलब्धि के बारे में बात की।

126. (1) सुभाष चंद्र बोस को 1938 में हरिपुरा (गुजरात) सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। 1939 में गाँधी के पसंदीदा उम्मीदवार पट्टाभि सीतारमैय्या के स्थान पर उन्हें त्रिपुरी (मध्य प्रदेश) सत्र में अध्यक्ष बनाया गया।

127. (3) फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना सुभाष चंद्र बोस ने 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर एक गुट के रूप में की थी। यह भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के लिए बनाया गया था और लक्ष्य प्राप्त होने तक साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष को जारी रखा।

128. (4) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 16 जून, 1934 को पहली बार भारत के लिए एक संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा की मांग की थी।
- यह 1935 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की आधिकारिक मांग बन गई।
- सी. राजगोपालाचारी ने 15 नवंबर, 1939 को वयस्क मताधिकार के आधार पर एक संविधान सभा की मांग की, और अगस्त 1940 में इस मांग को ब्रिटिश भारत की सरकार द्वारा द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

129. (3) दूसरा गोलमेज सम्मेलन सितम्बर- दिसम्बर 1931 के दौरान लंदन में आयोजित किया गया था।

- महात्मा गांधी ने इस सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया।
- 5 मार्च 1931 को हस्ताक्षर किए गए गांधी-इरविन समझौते के कारण इस सम्मेलन में गांधी की उपस्थिति संभव हुई थी।

130. (3) सी. राजगोपालाचारी ने अप्रैल 1930 में तमिलनाडु के वेदारण्यम में नमक सत्याग्रह शुरू किया था।

- उन्होंने कठोर ब्रिटिश नमक कर की अवहेलना की और तिरुचि से वेदारण्यम तक पदयात्रा का आयोजन किया।
- राजाजी ने 13 अप्रैल को तिरुचि से अपना मार्च शुरू किया और 28 अप्रैल, 1930 को वेदारण्यम पहुंचे जिसके परिणामस्वरूप प्रतिभागियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

TYPE–VI

1. (1) संयुक्त राष्ट्र महासभा का अध्यक्ष चुने जाने वाली एकमात्र भारतीय विजयलक्ष्मी पंडित थी। विजयलक्ष्मी पंडित, नेहरू की बहन थी।

2. (4) सरोजिनी नायडू ऐसी पहली महिला थीं जिन्हें भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् किसी राज्य का राज्यपाल बनाया गया था। उन्होंने 15 अगस्त, 1947 से 2 मार्च, 1949 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का पद ग्रहण किया। उनकी बेटी पद्मजा नायडू ऐसी दूसरी भारतीय महिला थीं जिन्होंने 1956- 1967 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में कार्य किया।

3. (1) स्वतंत्रता पश्चात जब भारत और रूस में मैत्री सम्बध हुए तो उस समय रूस का नेता निकिता ख्रुश्चेव थे। 1953 में स्टालिन की मृत्यु के बाद भारत के प्रति सोवियत दृष्टिकोण काफी उदार हो गया था जिसके फलस्वरूप भारत की सोवियत संघ रूस से सैनिकटता में वृद्धि होने लगी, सोवियत संघ द्वारा भारत का हर नीतिगत एवं विवादपूर्ण मामले में समर्थन किया जाने लगा। रूस से व्यापार एवं आर्थिक संबन्धों में वृद्धि होने लगी। रूस ने भारत के भिलाई इस्पात कारखाने हेतु आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की।

4. (3) सोवियत संघ में भारत की प्रथम राजदूत विजय लक्ष्मीपंडित थी, इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री बनने वाली प्रथम भारतीय महिला थी। 1937 में संयुक्त फ्रांस की प्रांतीय विधानसभा के लिए निर्वाचित हुई और स्थानीय स्वशासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री पद पर नियुक्त हुई। 1953 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष बनने वाली वह विश्व की प्रथम महिला थी।

5. (2) 17 अगस्त, 1947 को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा का सीमांकन सर सिरिल रैडक्लिफ (Sir Cyrill Radcliffe) ने किया गया।

- भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 के तहत, भारतीय उपमहाद्वीप को दो उपनिवेशों, (भारतीय संघ तथा पाकिस्तान) में बांट दिया गया
- भारत के मुस्लिम बहुल आबादी वाले प्रान्तों को मिलाकर पाकिस्तान का गठन किया गया।

6. (4) प्रथम भारत-नेपाल शांति एवं मैत्री संधि 31 जुलाई, 1950 को काठमांडु में नेपाल के प्रधानमंत्री मोहन शमशेर जंग बहादुर राणा एवं नेपाल में भारतीय राजदूत चद्रेश्वर नारायण सिंह के बीच हुई थी। इस संधि के द्वारा दोनों राष्ट्रों के बीच लोगों एवं वस्तुओं का मुक्त आवागमन और रक्षा एवं विदेशी कारोबार के बीच सहयोग की बात का प्रावधान था।

7. (3) 1972 में शिमला समझौते पर हस्ताक्षर पाकिस्तान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो ने किया था। उस समय भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी थीं।

8. (3) स्वतंत्र भारत में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील सिद्धांतों का प्रतिपादन किया था। पंचशील सिद्धांत इस प्रकार हैं :

(i) एक-दूसरे देश की संप्रभुता एवं अखंडता का आदर करना

(ii) आक्रामक नीति का त्याग

(iii) एक-दूसरे के मामले में दखल नहीं देना

(iv) समानता एवं परस्पर लाभ तथा

(v) शांतिपूर्ण सह अस्तित्व।

9. (3) कोयला खान संरक्षण एवं विकास अधिनियम, 1974 में कोयला संरक्षण, कोयला खानों में नई प्रौद्योगिकी के विकास/प्रयोग, खानों में सुरक्षा और खनन कार्यों में सहायता जैसी गतिविधियों का खर्च चलाने के लिए कोयले के वितरण पर उत्पाद शुल्क लगाने का प्रावधान है। स्थायी वैज्ञानिक तथा अनुसंधान समिति और उसकी चार उपसमितियों की देखरेख में कोयला क्षेत्र में अनेक अनुसंधान और विकास गतिविधियाँ चलती हैं।

कोकिंग कोल माइंस (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम 1972 में पारित हुआ।

10. (3) मानव कल्याण तथा विश्वशांति के आदर्शों की स्थापना के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था वाले देशों में पारस्परिक सहयोग के पाँच आधारभूत सिद्धांत को पंचशील कहते हैं। 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत संबंधी भारत-चीन समझौते में सर्वप्रथम इन सिद्धांतों को आधारभूत मानकर संधि की गई। मगर, 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध में इस संधि की मूल भावना को काफ़ी चोट पहुँची।

11. (1) ड्वाइट डी. आइजनहावर (1953- 1961) 1959 में भारत आए। वे स्वतंत्र भारत का दौरा करने वाले पहले अमेरिका राष्ट्रपति थे। भारत का दौरा करने वाले अन्य अमेरिकी राष्ट्रपतियों में रिचर्ड निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978) और बिल क्लिंटन (2000) और बराक ओबामा (2015) शामिल हैं।

12. (1) 1947 में ब्रिटिश भारत की स्वतंत्रता और विभाजन के समय 552 देशी (राजसी) राज्यों को नये स्वतंत्र उपनिवेश भारत या नवनिर्मित राष्ट्र पाकिस्तान में से किसी एक में शामिल होने का विकल्प दिया गया था। 15 सितम्बर, 1947 को जूनागढ़ का नवाब मुहम्मद खानजी III पाकिस्तान में शामिल होने को राजी हो गया था। फरवरी 1948 में एक जनमत-संग्रह का आयोजन कराया गया था, जिसमें सभी लोग सर्वसम्मति से भारत में शामिल होने के लिए राजी थे। हैदराबाद भारत संघ में शामिल होने वाला अंतिम देशी राज्य था। इसके निजाम उस्मान अली खान, आसिफ जाह VII ने भारत में शामिल होने से इंकार करते हुए स्वयं को स्वतंत्र राज्य घोषित कर दिया। हैदराबाद को भारत में शामिल करने के लिए भारत सरकार ने 13 सितम्बर, 1948 को **'ऑपरेशन पोलो'** नामक एक सैन्य अभियान चलाया जिसे 'पुलिस कार्यवाही' की संज्ञा दी गई।

13. (2) जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। वे 1964 से अपने निधन तक इस पद पर आसीन थे। वे 16 वर्ष और 286 दिनों तक इस पद पर रहे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने 1951,1957 और 1962 के आम चुनावों में शानदार जीत दर्ज की।

14. (2) सुचेता कृपलानी 1963 में भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनीं, उन्हें उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया था। वे जे. बी. कृपलानी की पत्नी थीं जो 1947 में सत्ता हस्तांतरण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

15. (3) भारत के प्रथम गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत को आबंटित किए गए ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रांतों को सफलतापूर्वक एक नये स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में संगठित किया। सख्त नीति लागू करते हुए पटेल ने लगभग सभी देशी राज्यों को भारत में शामिल होने के लिए राजी कर लिया। नये स्वतंत्र राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी वचनबद्धता के कारण उन्हें "भारत के लौह पुरुष" के उपनाम से जाना जाता है।

16. (1) लॉर्ड माउंटबेटेन भारत (1947) के अंतिम वायसराय और स्वतंत्र भारत (1947- 48) के प्रथम गवर्नर जनल थे। सी. राजगोपालाचारी 1948 से 1950 तक भारत के अंतिम गवर्नर जनरल थे। हालांकि, वह प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल थे।

17. (4) सैम मानेकशॉ 1971 के भारत- पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना के थल सेनाध्यक्ष थे, जिन्होंने दिसम्बर 1971 में बांग्लादेश को आजाद कराया था। युद्ध एक पखवाड़े से कम समय तक चला और 90,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को बंदी बना लिया गया। सैम बहादुर के नाम से लोकप्रिय, वे पहले भारतीय सेना अधिकारी थे जिन्हें फील्ड मार्शल का पद प्राप्त हुआ था।

18. (4) मुहम्मद अली जिन्ना पाकिस्तान में कायद-ए-आज़म ('महान नेता') और बाबा-ए-कौम, 'राष्ट्रपिता' के रूप में पूजनीय थे। वह एक वकील, राजनीतिज्ञ और पाकिस्तान के संस्थापक थे। जिन्ना ने 1913 से लेकर 14 अगस्त, 1947 तक पाकिस्तान के निर्माण तक अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेता के रूप में काम किया और फिर 1948 में अपनी मृत्यु तक पाकिस्तान के पहले गवर्नर-जनरल के रूप में काम किया।

19. (1) भारत-रूस संबंध जून 1955 में भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा सोवियत संघ की यात्रा के साथ शुरू हुआ था। वापसी के संकेत के रूप में, सोवियत प्रधानमंत्री निकोलाई बुल्गानिन और तत्कालीन कम्युनिस्ट पार्टी की सचिव निकिता ख्रुशचेव नवंबर में भारत आए थे। स्वतंत्रता के बाद सोवियत नेताओं की पहली आधिकारिक यात्रा 1955 में हुई थी । शीत युद्ध की शुरुआत के बाद से यह पहली बार था कि सोवियत नेता एक विकासशील देश का दौरा कर रहे थे जो एक समाजवादी देश नहीं था।

20. (1) डॉ.बी.आर. अंबेडकर को भारतीय संविधान के पिता के रूप में भी जाना जाता है। उन्हें जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया।

21. (4) राजकुमारी बीबीजी अमृत कौर भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री थीं और वे दस साल तक इस पद पर रहीं। वह मंत्रिपरिषद में कैबिनेट रैंक प्राप्त करने वाली पहली महिला थीं। 1950 में, वह विश्व स्वास्थ्य सभा की अध्यक्ष चुनी गईं, और वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय महिला और पहली एशियाई थीं।

22. (3) गुलजारीलाल नंदा 1964 में जवाहरलाल नेहरू और 1966 में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद दो छोटी अवधि के लिए भारत के कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे। 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद नेहरू की मृत्यु और 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के बाद शास्त्री की मृत्यु के बाद देश के लिए संभावित खतरे के कारण उनके दोनों कार्यकाल संवेदनशील समय पर रहे।

23. (2) दादरा और नगर हवेली को 1954 में पुर्तगाली शासन से मुक्त कराया गया।

- दादरा और नगर हवेली छोटे पुर्तगाली विदेशी क्षेत्र थे जो 1779 से 1954 तक पुर्तगाली भारत का हिस्सा रहे।
- इसके बाद इन प्रदेशों को 1961 में भारतीय संघ में मिला दिया गया।
- 1 नवम्बर, 1954 को भारत में फ्रांसीसी संपत्ति को भारतीय संघ में स्थानांतरित कर दिया गया और पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश बन गया। यह 1963 में एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किया गया था।
- 16 मई, 1975 को भारतीय संसद ने घोषणा की कि सिक्किम आधिकारिक तौर पर भारत का एक राज्य बन गया है।
- 1961 में भारतीय सेना ने 36 घंटे की कार्रवाई के बाद गोवा पर अधिकार कर लिया। इस क्षेत्र को गोवा, दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश के रूप में शामिल किया गया था। 1987 में, गोवा को राज्य का दर्जा दिया गया।

24. (3) एपिग्राफिया इंडिका का पहला संस्करण 1988 में प्रकाशित हुआ था।

- 1965-66 में, डी.सी. सरकार द्वारा इंडियन एपिग्राफिक और इंडियन एपिग्राफिकल ग्लोसरी प्रकाशित किया गया था।
- 1886 में, दक्षिण भारत के शिलालेख की पत्रिका एपिग्राफिया कर्नाटिका का पहला अंक प्रकाशित किया गया था।

25. (1) इम्फाल का युद्ध मार्च 1944 से जुलाई 1944 के बीच इम्फाल के आसपास जापानी सेना एवं मित्र देशों की सेनाओं (Allied forces) के बीच लड़ा गया था।

- जापानी सेना की कोशिश थी कि मित्र सेना को इम्फाल में हराते हुए भारत (ब्रिटिश भारत) पर आक्रमण करना था।
- किन्तु जापानी सेना को बहुत क्षति उठानी पड़ी और उसे बर्मा से पीछे लौटना पड़ा।

TYPE–VII

1. (3) साइमन कमीशन की रिपोर्ट की सिफारिश पर 1935 में बर्मा अधिनियम के अंतर्गत भारत से अलग बर्मा देश बना था। यह 1937 में ब्रिटिश भारत से वैधि क रूप से अलग हो गया एवं एक पृथक् प्रांत बन गया। बर्मा 1937 तक ब्रिटिश भारतीय प्रांत था।

2. (2) दिल्ली में केन्द्रीय सचिवालय के उत्तरी और दक्षिणी खण्डों का वास्तुविद हर्बट बेकर था, जिसने राष्ट्रपति भवन के वास्तुकार लुटियन्स के सहायक के रूप में कार्य किया था। बेकर 1892-1912 तक दक्षिण अफ्रीका के किम्बरले में कई इमारतों का निर्माण कर चुका था बेकर के ही सुझाव पर राष्ट्रपति भवन (वायसराय हाउस) के ठीक सामने राजपथ पर इंडिया गेट का निर्माण किया गया था। इंडिया गेट का वास्तुकार भी लुटियन्स ही था।

3. (2) 'देशबन्धु' सी.आर.दास की उपाधि है। सी.आर. दास बंगाल के एक प्रमुख वैद्य थे। 1922 के कांग्रेस के गया अधिवेशन के अध्यक्ष रहे। 1923 में इलाहाबाद में स्वराज पार्टी बनाई इसके अध्यक्ष सी.आर. दास तथा महासचिव मोतीलाल नेहरू बने।

4. (4) 8 अगस्त, 1930 को नागपुर में आयोजित दलित वर्ग के सम्मेलन में अखिल भारतीय दलित वर्ग संस्था की स्थापना की गई। यह संगठन डॉ. बी. आर. अंबेदकर के दिमाग की उपज थी। अंबेदकर ने ही दलित वर्ग के सम्मेलन की अध्यक्षता की।

5. (1) पुर्तगाली संस्कृति के अवशेष भारत में गोवा में पाये जाते हैं। 1510 में अल्फान्सो-द-अल्बुकर्क ने गोवा को बीजापुर के शासक से छीनकर पुर्तगाली शासन की स्थापना की थी, जो 1961 तक पुर्तगाल शासन के अधीन रहा। 18 दिसम्बर, 1961 को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' अभियान के अन्तर्गत गोवा पर अधिकार किया था जिसके फलस्वरूप अमेरिका ने पुर्तगालियों का पक्ष लेते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ में अपील की लेकिन सोवियत संघ रूस का भारत के साथ खड़े होने पर वह पीछे हट गया था।

6. (4) लॉर्ड माउंटबैटन भारत के अन्तिम वायसरॉय थे उनके कार्यकाल में ही भारत और पाकिस्तान को स्वतंत्रता प्रदान की गई। लॉर्ड माउंटबैटन स्वतंत्र भारत के प्रथम गर्वनर जनरल (1947-48) थे। इसके बाद 1950 में भारत को गणतांत्रिक देश के रूप में मान्यता दी गई।

7. (4) समाजवाद-समाज और अर्थव्यवस्था पर आधारित एक ऐसी प्रणाली है जिसके अन्तर्गत उत्पादन के साधनों पर मजदूरों का स्वामित्व (अधिकार) होता है तथा अर्थव्यवस्था का प्रबंध मजदूरों के सहयोग से किया जाता है। आधुनिक समाजवाद की शुरुआत 18वीं शताब्दी में हुई थी इसके अंतर्गत मजदूर वर्ग ने कई राजनीतिक आंदोलन किए और उन्होंने औद्योगिकरण तथा निजी संपत्ति की आलोचना की। इस प्रकार से समाजवाद मुख्यत: मजदूरों का आंदोलन था।

8. (1) भारतीय मुसलमानों के आर्थिक, सामाजिक तथा वैज्ञानिक स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से सर सैय्यद अहमद खान ने प्रसिद्ध अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना 1875 में की थी। 1857 की भारत की महान क्रान्ति के दौरान वे ब्रिटिश साम्राज्य के पक्ष में रहे तथा उन्होंने यूरोपीय नागरिकों की जान बचाने में अपना योगदान दिया। क्रांति के बाद उन्होंने भारतीय सैन्य

क्रांति के कारणों पर प्रकाश डालते हुए एक पुस्तिका प्रकाशित की। इस पुस्तक में उन्होंने साहस का परिचय देते हुए, सैन्य क्रांति के लिए ब्रिटिश सरकार को जिम्मेवार मानते हुए उनकी कड़ी आलोचना की।

9. (4) 1 नवम्बर, 1858 ई. को प्रथम वायसराय लॉर्ड कैनिंग ने इलाहाबाद में एक दरबार का आयोजन किया, जिसमें वायसराय ने महारानी विक्टोरिया द्वारा भारतीय शासन चलाने की विधिवत् घोषणा की तथा विक्टोरिया की ओर से एक घोषणा पत्र पढ़कर सुनाया, जिसे भारतीय स्वतंत्रता का 'मैग्नाकार्टा' कहा जाता है। 1919 ई. तक यही घोषणा ब्रिटिश सम्राट के अधीन भारतीय शासन की आधारशिला बनी रही।

10. (4) यूनेस्को की विश्वविरासत सूची में जयपुर स्थित जंतर-मंतर को 2010 में शामिल किया गया है। जिसका निर्माण महाराजा जयसिंह द्वितीय द्वारा 1727 से 1734 के बीच करवाया गया है। इसके अतिरिक्त इन्होंने दिल्ली, उज्जैन में भी जन्तर मन्तर का निर्माण करवाया था।

11. (2) गाँधी जी ने कहा है, वे लोग जो धर्म के अलगाव और राजनीति की बातें करते हैं, नहीं जानते कि धर्म क्या है? उन्होंने आगे कहा है, मेरे लिए धर्महीन राजनीति, अंधविश्वासी और अंधा धर्म, घृणा और लड़ना सिखाने वाला धर्म नहीं बल्कि सार्वभौमिक सहिष्णुता एवं उदारता वाले धर्म का महत्त्व है।

12. (1) भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' सर्वप्रथम 1882 में बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित उपन्यास 'आनन्दमठ' में प्रकाशित हुआ था। यह गीत सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के अधिवेशन में गाया गया था। इस गीत को भारत के 'राष्ट्रीय गान', 'जन-गण-मन' के समान राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्राप्त है।

13. (4) रानी लक्ष्मीबाई को झांसी की रानी (मराठा शासित झांसी राज्य) के नाम से जाना जाता था। वह 1857 की क्रांति का नेतृत्व करने वाले प्रमुख नेताओं में से एक थीं। वह 17 जून, 1858 ई. को मात्र 29 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं।

14. (4) ● सर एडविन लुटियंस एक अंग्रेज वास्तुकार थे, जिन्होंने नई दिल्ली के डिजाइन और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जो बाद में भारत सरकार के प्रमुख कार्यालय के रूप में काम किया।

- सर हर्बर्ट बेकर के सहयोग से, वह नई दिल्ली में इंडिया गेट जैसे कई स्मारकों के मुख्य वास्तुकार थे; उन्होंने वायसराय हाउस भी डिजाइन किया, जिसे अब राष्ट्रपति भवन के रूप में जाना जाता है।

15. (2) लोधी गार्डन को ब्रिटिशों ने 1936 में विकसित किया था।

- उनके सम्मान में इसे लेडी विलिंगडन पार्क कहा गया।
- लोदी गार्डन एक सिटी पार्क है जो 90 एकड़ में फैला हुआ है।
- इसमें मोहम्मद शाह का मकबरा, सिकंदर लोदी का मकबरा, शीशा गुंबद और बड़ा गुंबद शामिल हैं।

16. (1) छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, पहले विक्टोरिया टर्मिनस के रूप में जाना जाता था।

- यह यूनेस्को से सम्बन्धित एक विश्व धरोहर स्थल है और मुंबई के मध्य में स्थित एक ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन है।
- 1888 में निर्मित यह स्टेशन भारत में ब्रिटिश राज का एक भव्य अनुस्मारक है और अभी भी मुंबई के केंद्रीय व्यापार जिले के भीतर सबसे ऐतिहासिक स्थलों में से एक है।
- यह शहर में फलते-फूलते कारोबार और फल-फूल रहे भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक प्रमुख प्रमाण रहा है।

17. (1) भारत के स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं में से एक रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 1828 में वाराणसी में मणिकर्णिका तांबे के रूप में हुआ था।

- 1842 में लक्ष्मीबाई की शादी झाँसी के महाराजा गंगाधर राव नेवालकर से हुई और उन्हें रानी लक्ष्मीबाई का नाम मिला।
- ऐसा माना जाता है कि सिपाही विद्रोह से पहले, लक्ष्मीबाई अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए तैयार नहीं थीं, लेकिन 1858 में उनका मन बदल गया, जब ब्रिटिश सेना के कमांडिंग ऑफिसर सर ह्यू रोज ने झांसी के आत्मसमर्पण की मांग की।
- रानी लक्ष्मीबाई झांसी पर अपने प्रभुत्व को नहीं छोड़ने के लिए दृढ़ थीं और इसलिए उन्होंने महिलाओं सहित विद्रोहियों की एक सेना इकट्ठा करना शुरू कर दिया।
- उसे तात्या टोपे और नाना साहिब का समर्थन प्राप्त था। रानी लक्ष्मीबाई की कब्र ग्वालियर के फूल बाग क्षेत्र में स्थित है।

18. (4) सर चार्ल्स विल्किंस एक अंग्रेजी टाइपोग्राफर और प्राच्यविद् थे तथा द एशियाटिक सोसाइटी के संस्थापक सदस्य थे।

- वह अंग्रेजी में भगवद् गीता के पहले अनुवादक के रूप में प्रसिद्ध हैं।
- वह महाभारत का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाले पहले व्यक्ति थे।
- उन्हें राजस्व विभाग में अंग्रेजी में बंगाली और फारसी के अनुवादक के रूप में नियुक्त किया गया था।

19. (3) वर्ष 1921 को भारत के जनसंख्या वृद्धि के इतिहास में 'वर्ष का महान विभाजन' या 'जनसांख्यिकी विभाजन' कहा जाता है।

- वर्ष 1921 से पहले जनसंख्या स्थिर नहीं थी, कभी यह बढ जाती थी और कभी यह घट जाती थी।
- 1901 और 1911 के बीच, जनसंख्या में कुल वृद्धि 5.9% थी और 1911 और 1921 के बीच, 0.39% की कमी आई थी।
- हालाँकि, 1921 के बाद से, भारत की जनसंख्या में वृद्धि की प्रवृति दिखाई देती है।

20. (4) इंडिया गेट (मूल रूप से अखिल भारतीय युद्ध स्मारक) की तुलना अक्सर पेरिस के आर्क डी ट्रायम्फ से की जाती है।

- यह नई दिल्ली के पूर्वी छोर पर, राजपथ के पास स्थित एक युद्ध स्मारक है।
- पूर्व में इसे किंग्सवे कहा जाता था। यह ब्रिटिश भारतीय सेना के 70,000 शहीद सैनिकों के लिए एक स्मारक के रूप में खड़ा है, जिनकी मृत्यु 1914-1921 के बीच प्रथम विश्व युद्ध में हुई थी।

21. (2) शांत घाटी की सुरक्षा (सेव साइलेंट वैली) एक सामाजिक आंदोलन था जिसका उद्देश्य भारत के केरल के पलक्कड़ जिले में एक सदाबहार उष्णकटिबंधीय जंगल, शांत घाटी के संरक्षण के उद्देश्य से था। इसे 1973 में एक एनजीओ ने स्कूल के शिक्षकों और केरल संस्कार साहित्य परिषद (केएसएसपी) की अगुवाई में एक पनबिजली परियोजना के कारण शांत घाटी को बाढ़ से बचाने के लिए शुरू किया था।

22. (2)मीर उस्मान अली खान ब्रिटिश भारत की सबसे बड़ी रियासत हैदराबाद के अंतिम निजाम (शासक) थे।

- उन्होंने 1911 और 1948 के बीच हैदराबाद रियासत पर शासन किया, जब तक कि भारत ने इसे अपने कब्जे में नहीं लिया।

23. (3) भारतीय सेना ने 17 दिसम्बर, 1961 को गोवा को पुर्तगालियों से मुक्त कराया।

- भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ''सशस्त्र कार्रवाई'' को ऑपरेशन विजय (हिंदी में ''विजय'') नाम दिया गया था।
- इसमें 36 घंटे से अधिक समय तक हवाई, समुद्र और जमीन पर हमले शामिल थे, और पुर्तगाल द्वारा 451 वर्ष के शासन को समाप्त करते हुए भारत के लिए एक निर्णायक जीत थी।

□□□

2 विश्व का इतिहास

1997–2010 के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है

1. "लेडी विद द लैंप" किसे कहा जाता है?
(1) जॉन ऑफ आर्क (2) हेलेन केलर
(3) फ्लोरेंस नाइटिंगेल (4) सरोजिनी नायडू
(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–05.09.2004)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

2. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किस जर्मन जनरल का नाम 'डेजर्ट फॉक्स' रखा गया था ?
(1) गोएबेल्स (2) गोएरिंग
(3) रोम्मेल (4) हिम्लेर
(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–05.06.2005)
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, द्वितीय पाली)

3. 'स्वतंत्रता, समानता एंव भाईचारा' का नाम निम्नलिखित में से किसके साथ संम्बधित है?
(1) अमेरिका की क्रान्ति
(2) फ्रांस की क्रान्ति
(3) चीन की क्रान्ति
(4) रूस की क्रान्ति
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 प्रथम पाली)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011)
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 16.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–02.09.2016, Shift-III)

4. इनमें मेल बैठाएँ :

I	II
(A) शीत युद्ध	1. माओ (चीन)
(B) धर्म युद्ध	2. 1917
(C) दीर्घकालीन प्रयाण	3. धर्मयुद्धकर्ता
(D) रूसी क्रान्ति	4. संयुक्त राज्य अमेरिका बनाम सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ

कूट :

	A	B	C	D
(1)	4	1	3	2
(2)	3	2	1	4
(3)	4	3	1	2
(4)	2	1	4	3

(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–27.05.2001 उत्तर क्षेत्र)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, प्रथम पाली तथा SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली)

5. किस राजवंश के शासन काल में चीन के ग्रेट वॉल का निर्माण हुआ था?
(1) शुंग (2) तेंग
(3) हेन (4) चिन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-II)

6. पहली बार परमाणु बम कहाँ फेंका गया था?
(1) नागासाकी (2) हिरोशिमा
(3) टोक्यो (4) हाँगकाँग
(SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टॉफ परीक्षा–20.02.2011)

7. अमेरिका की खोज किसने की?
(1) वास्को-डि-गामा (2) कोलम्बस
(3) कैप्टेन कुक (4) अमुंडसेन

8. पाब्लो पिकासो कहाँ के थे?
(1) स्पेन (2) इटली
(3) फ्रांस (4) ग्रेट ब्रिटेन
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली)
(SSC (CGL) Tier-I परीक्षा 19.10.2014, TF No.-022 MH3, प्रथम पाली)
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा-16.01.2017, Shift-II)

9. मतपत्रों को सबसे पहले प्रयोग किया गया था
(1) ऑस्ट्रेलिया में (2) यूएसए में
(3) प्राचीन यूनान में (4) इंग्लैण्ड में
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012)

10. गुटनिरपेक्षता का मूल रूप से क्या अभिप्राय है?
(1) अपनी नीति चुनना
(2) शक्ति गुटों के प्रति तटस्थता
(3) विश्व में शांति और एकता लाना
(4) तीसरी दुनिया की शक्ति होना
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 21.10.2012, द्वितीय पाली)

11. दक्षिण अफ्रीका में पालन की जाने वाली प्रजातीय भेदभाव नीति को क्या कहा जाता है?
(1) गुट निरपेक्ष
(2) नागरिक अधिकार आंदोलन
(3) रंग भेद
(4) मताधिकार
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 21.10.2012, द्वितीय पाली)

12. 49वें समांतर द्वारा किन देशों को पृथक किया गया है?
(1) यू.एस.ए. और कनाडा
(2) यू.एस.ए. और मेक्सिको
(3) फ्रांस और जर्मनी
(4) रूस और चीन
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 21.10.2012, द्वितीय पाली)

13. राज सिंहासन पर बैठने वाला सबसे अधिक आयु का ब्रिट्रिश राजा/रानी कौन है?
(1) क्वीन विक्टोरिया
(2) क्वीन एलिजाबेथ II
(3) क्वीन मेरी ट्यूडर
(4) क्वीन ऐनी
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)

14. निम्नलिखित कौन-सी इमारत विश्व की सबसे ऊँची इमारत है?
(1) एफिल टॉवर
(2) बुर्ज खलीफा
(3) स्टैचू ऑफ लिबर्टी
(4) कुतुब मीनार
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)

15. यह आह्वान किसने किया है "प्रकृति को वापस जाओ" ?
(1) प्लेटो (2) ऐरिस्टोटल
(3) रूसो (4) हॉब्स
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 04.11.2012, द्वितीय पाली)

16. रूसी क्रांति का प्रारंभ किस शहर से हुआ?
(1) सेंट पीटर्सबर्ग (2) मॉस्को
(3) कजान (4) ओडेसा
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

17. 19वीं शताब्दी के अंत में कौन-सा देश सबसे बड़ी औपनिवेशिक शक्ति के रूप में उभरा ?
(1) फ्रांस (2) स्पेन
(3) ब्रिटेन (4) जर्मनी
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

18. मार्कोपोलो किस लिए विख्यात है?
(1) ग्रीनलैंड की खोज करने
(2) चीन, भारत और एशिया की यात्रा करने
(3) गुड होप केप का चक्कर लगाने
(4) कनाडा की खोज करने
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

19. वह रानी जिसका उपनाम "ब्लडी मैरी" था :
(1) एलिजाबेथ (2) विक्टोरिया
(3) मैरी प्रथम (4) रुथ
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली)

20. नई आर्थिक नीति किसने शुरू की थी ?
(1) लेनिन (2) स्टालिन
(3) केरेंस्की (4) ख्रुश्चेव
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013)

21. निम्न में किस अमेरिकी राष्ट्रपति ने कूटनीतिक संबंध सुदृढ़ करने के लिए 1972 में चीन का दौरा किया था?
(1) रिचर्ड निक्सन
(2) जार्ज बुश (सीनियर)
(3) डी. आइजनहावर
(4) जे.एफ. केनेडी
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, कोलकाता क्षेत्र तथा SSC मैट्रिक स्तरीय मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, द्वितीय पाली)

22. क्रिस्टोफर कोलंबस कहाँ का था?
(1) वेनिस (2) जिनेवा
(3) स्पेन (4) पुर्तगाल
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, प्रथम पाली)

23. चीन की मुक्ति के समय चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का अध्यक्ष कौन था?
(1) झाउ एनलाइ (2) डेंग जिआओपिंग
(3) माओ जिडोंग (4) लिउ शावकी
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, प्रथम पाली)

24. मार्क्सवादी भौतिकवाद किसके विचार से आया?
(1) हेगल (2) फ्यूअरबैच
(3) डार्विन (4) ऐन्जिल्स
(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

25. भारतीय आजादी के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कौन थे ?
(1) हेरॉल्ड विल्सन (2) विंस्टन चर्चिल
(3) क्लिमेंट एटली (4) मैकमिलन
(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

26. निम्नलिखित में से किस लड़ाई में नेपोलियन फ्रांस की अंतिम हार हुई?
(1) ट्राफलगर की लड़ाई
(2) वागराम की लड़ाई
(3) पिरामिड की लड़ाई
(4) ऑस्टरलिट्ज की लड़ाई
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 21.04.2013)

27. प्रथम विश्वयुद्ध में जापान किसकी ओर से लड़ा ?
(1) किसीकी ओर से नहीं, वह तटस्थ था।
(2) यूनाइटेड किंगडम के खिलाफ जर्मनी के साथ
(3) अपनी ओर से रूस के खिलाफ
(4) जर्मनी के खिलाफ यूनाइटेड किंगडम के साथ
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 21.04.2013)

28. अमेरिका स्वतंत्रता की घोषणा किसके सिद्धांतों पर आधारित थी?
(1) असैन्य (सिविल) अधिकार
(2) नैतिक अधिकार
(3) विधिक अधिकार
(4) नैसर्गिक अधिकार
(SSC स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा, 19.05.2013)

29. फ्रांसीसी क्रांति से संबद्ध पैम्फलेट – ''वॉट इज द थर्ड एस्टेट?'' किसने लिखा था?
(1) मार्किस लफायेट्ट (2) एडमंड बर्क
(3) जोसफ फाउलॅन (4) एबे सियेस
(SSC स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा, 19.05.2013)

30. जब मारग्रेट थैचर प्रधानमंत्री थी उस समय किस देश के साथ ब्रिटेन ने फॉकलैण्ड द्वीपों पर नियंत्रण प्राप्त करने के लिए युद्ध लड़ा?
(1) चिली (2) अर्जेंटीना
(3) ब्राजील (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(SSC CAPF SI & CISF ASI परीक्षा, 23.06.2013)

31. क्रीमियन युद्ध का समापन किस प्रकार हुआ था?
(1) ट्रियनॉन समझौता (2) वर्साय समझौता
(3) पेरिस समझौता (4) सेंट जर्मेन समझौता
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 20.10.2013)

32. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति इटली के एकीकरण से संबंधित नहीं था?
(1) काबूर (2) गेरीबाल्डी
(3) मुसोलिनी (4) मैजिनी
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, प्रथम पाली)

33. फ्रांस में "आंतक के शासन" के दौरान निम्न में से किसने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?
(1) वोल्टेअर (2) मारट
(3) रॉबेसपियर (4) मॉन्टेस्क्यू
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, द्वितीय पाली)

34. पहली औद्योगिक क्रान्ति किस देश में हुई थी?
(1) अमेरिका (2) ग्रेट ब्रिटेन
(3) जर्मनी (4) फ्रांस
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014)

35. भारत के समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी?
(1) वास्को-डा-गामा
(2) कोलंबस
(3) मैगेलेन
(4) बार्टो-लोमेव-डियाज
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014)

36. रूसी क्रांति किस वर्ष हुई थी?
(1) 1905 ई. (2) 1911 ई.
(3) 1917 ई. (4) 1929 ई.
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014 द्वितीय पाली)

37. अफ्रीका के गाँधी के नाम से कौन मशहूर था?
(1) मीर करज़ई (3) नेल्सन मंडेला
(2) फिरोज़ गाँधी (4) एम. के. गाँधी
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–23.02.2014 द्वितीय पाली)

38. चीन की ग्रेट वॉल (महान दीवार) का निर्माण किसने कराया था?
(1) ली-ताई-पु (2) शिह हुआंग-ती
(3) लाओ-त्ये (4) कन्फ्यूशियस
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–23.02.2014 द्वितीय पाली)

39. यूरोप में आलू की पैदावार किसने शुरू की थी?
(1) पुर्तगीज (2) जर्मन
(3) स्पेनिश (4) डच
(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

40. "जहाँ कानून नहीं, वहाँ स्वतंत्रता नहीं" यह किसने कहा था?
(1) कार्ल मार्क्स (2) प्लेटो
(3) मैकियाविल्ली (4) जॉन लॉक
(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

41. द्रुमावशेष (स्लैश) और बर्न कृषि को 'मिल्पा' के नाम से कहाँ जाना जाता है?
(1) वेनेजुऐला (2) ब्राजील
(3) सेंट्रल अफ्रीका
(4) मेक्सिको और सेंट्रल अमेरिका
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 333 LO 2, प्रथम पाली)

42. मार्क्सवादी भौतिकवाद किसके विचार से आया?
(1) हेगल (2) फ्यूअरबैच
(3) डार्विन (4) ऐन्जिल्स
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

43. वैदिक आर्यों की ही भाँति, यज्ञीय-अग्नि की प्रथा का पालन इनके द्वारा भी किया गया
(1) रोमवासी (2) यूनानी लोग
(3) ईरानी लोग (4) उपर्युक्त सभी
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)
(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

44. वाटरलू युद्ध में नेपोलियन को अंत में किस वर्ष पराजय मिली ?
(1) 1814 (2) 1813
(3) 1815 (4) 1816
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 प्रथम पाली)

45. मनुष्यों के अधिकारों का घोषणा-पत्र किससे संबंधित है?
(1) रूसी क्रांति
(2) फ्रांसीसी क्रांति
(3) अमेरिका का स्वाधीनता संग्राम
(4) इंग्लैंड की यशस्वी (ग्लोरियस) क्रांति
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

46. ब्रिटेन द्वारा अपने उपनिवेशों में वर्ष 1932 में अपनाई गई 'साम्राज्यिक अधिमान्यताओं' की नीति को यह भी कहा जाता है:
(1) हाँगकाँग समझौता (2) लंदन समझौता
(3) ओट्टावा समझौता (4) पेरिस समझौता
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

47. यह किसने कहा था कि "एडोल्फ हिटलर जर्मनी है और जर्मनी एडोल्फ हिटलर है। जो हिटलर के लिए वचनबद्ध है वह जर्मनी के लिए वचनबद्ध है" ?
(1) आर. हेस
(2) मुसोलिनी
(3) हिटलर
(4) कम्युनिस्ट इन्टरनेशनल
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014 प्रथम पाली)

48. किसने मंत्रिमंडलीय पद्धति को "राज्य रूपी जहाज का स्टीयरिंग व्हील" कहा है ?
(1) लोवेल (2) म्यूर
(3) मैरियट (4) बैगहॉट
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014 प्रथम पाली)

49. किसने प्रधानमंत्री को समकक्षों में प्रथम कहा है?
(1) मोरले (2) हरकोर्ट
(3) लास्की (4) लोवेल
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014 प्रथम पाली)

50. द्वि-दलीय पद्धति कहाँ पाई जाती है ?
(1) रूस (2) यू. एस. ए.
(3) भारत (4) फ्रांस
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 26.10.2014)

51. 1854–1856 में क्रीमियन युद्ध किनके बीच लड़ा गया था ?
(1) रूस और तुर्की
(2) यू.एस.ए और इंग्लैंड
(3) रूस और जापान
(4) इंग्लैंड और फ्रांस
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

52. "लास्ट सपर" एक प्रसिद्ध रिनेसन्स चित्रकारी किसकी श्रेष्ठ कृति थी ?
(1) माइकल एंजिलो
(2) टिटिअन
(3) लिओनार्डो द विन्सी
(4) राफेल
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

53. हीरोशिमा पर हमला परमाणु बम कब गिराया गया ?
(1) 6 अगस्त, 1945 (2) 9 अगस्त, 1945
(3) 9 अगस्त, 1946 (4) 6 अगस्त, 1942
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 16.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

54. एडोल्फ हिटलर _____ से था।
(1) फ्रांस (2) जर्मनी
(3) यूनाईटेड किंगडम (4) स्पेन
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–20.01.2017, तृतीय पाली)

55. 1488 में किसने कैप ऑफ गुड होप की खोज की ?
(1) मैगेलन (2) कोलम्बस
(3) बार्थोलोम्यू डायस (4) वास्को डि गामा
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

56. चीन की संसद कहलाती है :
(1) राष्ट्रीय असेम्बली (2) कांग्रेस
(3) राष्ट्रीय जन कांग्रेस (4) डाइट
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

57. रूस के पापुलिस्ट आंदोलन 'अराजकता वाद' के सहस्थापक सदस्य कौन था ?
(1) मिखॉयल बैक्यूनिन (2) गोर्की
(3) लियो टालस्टॉय (4) तुर्गनेव
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

58. फासिज्म का विश्वास इस सिद्धांत को लागू करने में है :
(1) तानाशाही (2) प्रजातंत्र
(3) उपयोगितावाद (4) सर्वसत्तावाद
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)

59. 'सुधारान्दोलन' क्या है?
(1) परम राजसी का उदय
(2) विवेचनात्मक ज्ञान का पुनः प्रवर्तन
(3) पोप के प्रभुत्व के खिलाफ विद्रोह
(4) मनुष्य के आचार व्यवहार में परिवर्तन
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279 तथा SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 2176783)

60. सऊदी अरब की मुद्रा क्या है?
(1) दीनार (2) रियाल
(3) पाउंड (4) लीरा
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279)

61. किस देश ने "समुद्रों की रानी" की उपाधि प्राप्त की?
(1) ब्रिटेन (2) जर्मनी
(3) इटली (4) फ्रांस
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

62. महा मंदी के परिणामस्वरूप आर्थिक प्रतिलब्धि के लिए "नई व्यवस्था" की घोषणा किस अमेरिकी राष्ट्रपति ने की थी?
(1) अब्राहम लिंकन (2) बेंजामिन फ्रेंकलिन
(3) रूजवेल्ट (4) जे. एफ. केनेडी
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

63. विश्व इतिहास में सबसे बड़ा तेल बिखराव कहां हुआ था ?
(1) भूमध्य सागर (2) कैस्पियन सागर
(3) फारस की खाड़ी (4) दक्षिणी चीन सागर
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 3441135, द्वितीय पाली)

64. कौन से दशक को औपनिवेशवाद समाप्त करने (डिकोलोनाइजेशन) का युग कहते हैं?
(1) 1950 के (2) 1980 के
(3) 1990 के (4) 1970 के
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली)

65. "पॉलिटिक्स" (राजनीति) शब्द का सबसे पहले किसके द्वारा प्रयोग किया गया था?
(1) अरस्तू (2) सुकरात
(3) प्लेटो (4) जॉन लॉक
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

66. "वितरक न्याय" की संकल्पना सबसे पहले किसने की?
(1) प्लेटो (2) अरस्तू
(3) मैकियावेली (4) लॉक
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

67. रेनिसां (पुनर्जागरण), यूरोप में _____ तक की एक अवधि है।
(1) 18 से 20वीं शताब्दी
(2) 14 से 17वीं शताब्दी
(3) 11 से 13वीं शताब्दी
(4) 7 से 10वीं शताब्दी
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–21.01.2017, द्वितीय पाली)

68. बैस्टिल के पतन का संबंध किससे है?
(1) नवम्बर, 1917 की रूसी क्रांति से
(2) 1789 की फ्रांसीसी क्रांति से
(3) अमेरिका के स्वतंत्रता संग्राम से
(4) यूनान के स्वतंत्रता संग्राम से
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

69. 1873 के "तीन सम्राटों के संघ" को और किस नाम से जाना जाता था?
(1) ड्राइकैसिरबंद संधि (2) त्रिपक्षीय संधि
(3) पुन:बीमा संधि (4) द्वयात्मक संधि
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

70. ताओवाद, दर्शन और धार्मिक आस्था की एक प्राचीन परंपरा है जो निम्नलिखित में से किससे गहरे रूप से जुड़ी हुई है?
(1) ताइवानी प्रथा और विश्व दृष्टि
(2) चीन प्रथा और विश्व दृष्टि
(3) जापानी प्रथा और विश्व दृष्टि
(4) वियतनामी प्रथा और विश्व दृष्टि
(SSC CGL Tier-I (CBE) ऑनलाइन परीक्षा- 09.09.2016 प्रथम पाली)

71. जॉन लॉक ने किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया ?
(1) सामाजिक संपर्क सिद्धांत
(2) दैवी अधिकारों का सिद्धांत
(3) पैतृक सिद्धांत
(4) बल का सिद्धांत
(SSC CAPFs (CPO) SI & ASI एवं दिल्ली पुलिस परीक्षा-20.03.2016 द्वितीय पाली)

72. ग्रीक ने "राजनीति शास्त्र" को किसकी मूल मान्यताओं के अनुसार देखा ?
(1) नैतिक और विधिक दोनों दृष्टियों से
(2) नैतिक दृष्टि से
(3) सत्ता की दृष्टि से
(4) विधिक दृष्टि से
(SSC CAPFs (CPO) SI & ASI एवं दिल्ली पुलिस परीक्षा-20.03.2016 द्वितीय पाली)

73. रंगभेद के बाद दक्षिण अफ्रीका का पहला राष्ट्रपति कौन था?
(1) जूमा (2) नेल्सन मंडेला
(3) कोफी अन्नम (4) बुकर टी. वाशिंगटन
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस परीक्षा-05.06.2016 प्रथम पाली)

74. सिनैगॉग _____का पूजा स्थल है।
(1) पारसी धर्म
(2) ताओवाद (Taoism)
(3) यहूदी धर्म
(4) शिंटोवाद (Shintoism)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

75. वॉल स्ट्रीट में शेयरों के मूल्य अत्यधिक गिर जाने से क्या प्रभाव पड़ा ?
(1) द्वितीय महायुद्ध
(2) मन्दी
(3) इराक पर अमेरिका का आक्रमण
(4) महामंदी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016 द्वितीय पाली)

76. जापानी लोक परम्परा और अनुष्ठान, जिसका कोई संस्थापक या कोई एक पवित्र धर्म ग्रन्थ नहीं है, किस नाम से प्रचलित है?
(1) ताओवाद (2) जोराष्ट्रवाद
(3) शिन्टोवाद (4) पेगनवाद
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-11.09.2016, Shift-II)

77. सन यात सेन किसके नेता थे?
(1) बॉक्सर विद्रोह
(2) ताइपिंग विद्रोह
(3) K M T पार्टी
(4) C P C पार्टी
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, प्रथम पाली)

78. किसने 'कांग्रेस ऑफ विएना, 1815 का आयोजन किया ?
(1) नेपोलियन (2) मुसोलिनी
(3) मेटरनिख (4) बिस्मार्क
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, द्वितीय पाली)

79. पुनर्जागरण शब्द का अर्थ क्या है?
(1) धार्मिक सुधारों का युग
(2) स्वर्ण युग
(3) अंधा युग
(4) तर्क, प्रबोधन एवं खोज काल
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, द्वितीय पाली)

80. पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन थी?
(1) बेनजीर भुट्टो
(2) शेख हसीना वाजिद
(3) हिना रब्बानी खार
(4) कोई भी विकल्प सही नहीं है
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 12.09.2017, प्रथम पाली)

81. मार्क्सवाद का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(1) तानाशाही
(2) राज्यविहीन समाज
(3) शक्तिशाली केंद्र की स्थापना करना
(4) कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI Paper-I परीक्षा–02.07.2017, द्वितीय पाली)

82. निम्नलिखित में से किसने 'वितरण न्याय' का सिद्धांत दिया था?
(1) अरस्तू (2) प्लेटो
(3) हेगेल (4) रिची
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI Paper-I परीक्षा–02.07.2017, द्वितीय पाली)

83. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

स्मारक	देश
(i) गीजा की विशाल पिरामिड	a. मेक्सिको
(ii) चीन की विशाल दीवार	b. इटली
(iii) कोलोजियम	c. मिस्र
(iv) चीचेन इट्जा	d. चीन

(1) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a, (iv)-c
(2) (i)-c, (ii)-d, (iii)-b, (iv)-a
(3) (i)-a, (ii)-d, (iii)-b, (iv)-c
(4) (i)-b, (ii)-a, (iii)-d, (iv)-c
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI Paper-I परीक्षा–02.07.2017, द्वितीय पाली)

84. "डेट्रायट" निम्नलिखित उद्योगों में से किसके लिए प्रसिद्ध है?
(1) वस्त्र (2) सीमेंट
(3) इस्पात (4) ऑटोमोबाइल
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 14.09.2017, प्रथम पाली)

85. इनमें से कौन विचारक ''राजनीतिक प्रभुसत्ता की संकल्पना'' से संबंधित है?
(1) मैकाइवर (2) सुकरात
(3) रूसो (4) प्लेटो
(SSC JE (Civil) Exam, 22.01.2018 (Ist Sitting)

86. किसने कहा था, 'एक अच्छा नागरिक एक अच्छा राज्य बनाता है और बुरा नागरिक एक बुरा राज्य बनाता है'?
(1) प्लेटो (2) अरस्तू
(3) जी.बी. शॉ (4) रूसो
(SSC JE (Civil) Exam, 22.01.2018 (Ist Sitting)

87. भारत का कौन सा पड़ोसी देश 26 मार्च को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है?
(1) बांग्लादेश (2) पाकिस्तान
(3) नेपाल (4) श्रीलंका
(SSC JE (Civil) Exam, 22.01.2018 (IInd Sitting)
(SSC, CGL Tier-I, 2015)

88. "आर्थिक समानता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता एक भ्रम है", यह कथन किसका है?
(1) हेरॉल्ड लॉस्की
(2) जी.डी.एच.कोल
(3) ज्यां-जैक्स रुसो
(4) टी. एच. ग्रीन
(SSC JE (Civil) Exam, 27.01.2018 (Ist Sitting)

89. मार्क्सवाद का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(1) तानाशाही
(2) राज्यविहीन समाज
(3) शक्तिशाली केंद्र की स्थापना करना
(4) कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, पेपर-I (द्वितीय पाली) 02.07.2017)

90. निम्नलिखित में से किसने 'वितरण न्याय' का सिद्धांत दिया था?
(1) अरस्तू (2) प्लेटो
(3) हेगेल (4) रिची
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, पेपर-I (द्वितीय पाली) 02.07.2017)

91. किस देश में 'फासीवाद' का राजनीतिक सिद्धांत शुरू हुआ?
(1) जापान (2) रूस
(3) इटली (4) चीन
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (द्वितीय पाली) 03.07.2017)

92. निम्नलिखित में से कौन प्रथागत कानून का समर्थन करता है?
(1) रिची (2) लॉक
(3) प्लेटो (4) हैलर
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (द्वितीय पाली) 03.07.2017)

93. 'यूटिलिटेरिअन स्कूल ऑफ थॉट' के जनक कौन हैं?
(1) हेगेल (2) बेन्थम
(3) जेम्स मिल (4) लॉक
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, पेपर-I (द्वितीय पाली) 04.07.2017)

94. श्रीलंका ने अपनी स्वतंत्रता कब प्राप्त की?
(1) 4 फरवरी, 1948
(2) 16 मार्च, 1962
(3) 26 मार्च, 1972
(4) 15 फरवरी, 1938
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (द्वितीय पाली) 06.07.2017)

95. साम्यवादी चीन को 1950 में मान्यता देने वाला प्रथम गैर-साम्यवादी देश कौन था?
(1) पाकिस्तान (2) भारत
(3) श्रीलंका (4) नेपाल
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (तृतीय पाली) 07.07.2017)

96. भूटान के राष्ट्रीय ध्वज का केसरिया-नारंगी रंग _____ का प्रतीक है।
(1) राजा के अधिकार
(2) देश की धर्मनिरपेक्ष शक्ति
(3) धर्म साधना
(4) देश की शुचिता
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 04.03.2018)

97. बांग्लादेश के ध्वज के बारे में क्या सही नहीं है?
(1) इसके बीच में एक लाल वृत्त होता है
(2) इसमें एक हरे रंग की पृष्ठभूमि है
(3) आयत की लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात 4:3 है
(4) मध्य चक्र की त्रिज्या लम्बाई का पाँचवाँ हिस्सा होती है
(SSC CHSL (10 + 2) Tier- I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 07.03.2018)

98. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद का निर्माण कब किया गया?
(1) 1940 के दशक में
(2) 1950 के दशक में
(3) 1960 के दशक में
(4) कोई विकल्प सही नहीं है।
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 07.03.2018)

99. पिंगपोंग कूटनीति का संबंध निम्नलिखित में से किस देश से है?
(1) म्यांमार (2) जापान
(3) चीन (4) ताईवान
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 15.03.2018)

100. बांग्लादेश के राष्ट्रीय प्रतीक को कब अपनाया गया था?
(1) 1971 (2) 1973
(3) 1975 (4) 1977
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 19.03.2018)

101. श्रीलंका में डच और पुर्तगाली उपनिवेशवादियों के वंशजों को क्या कहा जाता है?
(1) सिंहली (2) तमिल
(3) बरघेर (4) वेद्दा
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 19.03.2018)

102. निम्नलिखित में से कौन श्रीलंका के राष्ट्रीय गान के रचयिता हैं?
(1) आनंद समरकोन (2) कुमारतुंगा मुनिदास
(3) सिरी गुनासिंगे (4) पी. बी. जयसेकरा
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 20.03.2018)

103. चीन में "बॉक्सर विद्रोह" कब हुआ था?
(1) 1895 (2) 1900
(3) 1905 (4) 1909
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 21.03.2018)

104. नेपाल की आधिकारिक भाषा क्या है?
(1) भोजपुरी (2) थारू
(3) हिन्दी (4) नेपाली
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 22.03.2018)

105. बांग्लादेश का राष्ट्रीय मंदिर _____ है।
(1) जगन्नाथ मंदिर, पाबना
(2) बोरो काली बारी मंदिर, मैमनसिंह
(3) ढाकेश्वरी मंदिर, ढाका
(4) सुगंधा शक्तिपीठ, बारीसाल
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 22.03.2018)

106. विभिन्न प्रकार की सरकारों से संबंधित 'शक्तियों के पृथक्करण' का सिद्धांत किसने दिया था?
(1) मोंटेसक्यू (2) अरस्तु
(3) प्लेटो (4) होब्स
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 25.03.2018)

107. बांग्लादेश का राष्ट्रीय पक्षी क्या है?
(1) मैग्पी रॉबिन
(2) ब्लू-गलेदार बारबेट
(3) ग्रीन-बिल मल्कोहा
(4) बया विवर
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 27.03.2018)

108. बांग्लादेश में निम्नलिखित में से कौन एक प्रमुख भाषा **नहीं** है?
(1) गोरो (2) खशिया
(3) माघ (4) मैथिली
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 28.03.2018)

109. दुनिया की पहली महिला प्रधानमंत्री का नाम बताएं।
(1) इंदिरा गांधी
(2) सिरिमावो भंडारनायके
(3) गोल्डा मेर
(4) एलिजाबेथ डॉमिटियन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.06.2019 (द्वितीय पाली))

110. निम्नलिखित में से कौन पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति थे?
(1) जुल्फिकार अली भुट्टो
(2) याहया खान
(3) इस्कंदर मिर्ज़ा
(4) अयूब खान
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (द्वितीय पाली))

111. बांग्लादेश मुक्ति युद्ध कब समाप्त हुआ?
(1) 14 नवंबर, 1972
(2) 16 दिसंबर, 1971
(3) 17 अक्टूबर, 1971
(4) 2 अक्टूबर, 1974
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (द्वितीय पाली))

112. निम्नलिखित में से किस राजा को नेपाल देश का संस्थापक माना जाता है?
(1) राणा बहादुर शाह
(2) त्रिभुवन बीर बिक्रम शाह
(3) पृथ्वी नारायण शाह
(4) महेंद्र बीर बिक्रम शाह देव
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

113. किस वर्ष में भूटान के चौथे राजा जिग्में सिंग्ये वांगचुक द्वारा 'सकल प्रसन्नता सूचकांक' शब्द गढ़ा गया था?
(1) 1982
(2) 1964
(3) 1989
(4) 1972
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

114. ..... न केवल श्रीलंका की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं, बल्कि दुनिया की पहली महिला प्रधानमंत्री भी थीं।
(1) सिरीमावो भंडारनायक
(2) उपेक्षा स्वर्णमाली
(3) रोजी सेनानायके
(4) चंद्रिका कुमारतुंगा
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

115. सबसे लंबे समय तक बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद पर बने रहने वाले व्यक्ति का नाम क्या है?
(1) खालिदा जिया
(2) शेख मुजीबुर रहमान
(3) शाह अज़ीज़ुर रहमान
(4) शेख हसीना
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (द्वितीय पाली))

116. निम्नलिखित में से कौन चीन गणराज्य (Republic of China) के पहले राष्ट्रपति थे?
(1) युआन शिकई
(2) ली जियानियन
(3) यांग सांगकुन
(4) हू जिंताआ
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (द्वितीय पाली))

117. पाकिस्तान का संविधान कब लागू किया गया था?
(1) 1973 (2) 1947
(3) 1965 (4) 1952
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (तृतीय पाली))

118. वर्ष ..... में बर्मा स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य बन गया था।
(4) 1962
(1) 1946
(3) 1950
(2) 1948
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

119. अफीम युद्ध अंग्रेजों और किसके बीच लड़े गए थे?
(1) चीन (2) भूटान
(3) म्यांमार (बर्मा) (4) अफगानिस्तान
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (तृतीय पाली))

120. निम्नलिखित में से कौन "हैंगिंग गार्डेन ऑफ बेबीलोन" की प्राचीन सभ्यता से संबंधित है?
(1) मिस्र (2) मेसोपोटामिया
(3) चीन (4) हड़प्पा
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली))

121. किंग जॉर्ज पंचम ने किस वर्ष में भारत का ताज ग्रहण किया था?
(1) 1917 (2) 1906
(3) 1923 (4) 1911
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 09.12.2019(प्रथम पाली))

122. क्याइक हती यो (Kyaik Htee Yoe) पगोड़ा कहाँ स्थित है ?
(1) भूटान (2) श्रीलंका
(3) म्यांमार (4) नेपाल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (तृतीय पाली))

123. गोंग्सार उग्येन वांगचुक किस वर्ष में भूटान के पहले सम्राट बने?
(1) 1901 (2) 1910
(3) 1905 (4) 1907
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.08.2021 (प्रथम पाली))

124. बांग्लादेश _____ तक पाकिस्तान का हिस्सा था।
(1) 1947 से 1973
(2) 1948 से 1975
(3) 1948 से 1979
(4) 1947 से 1971
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.08.2021 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (3)	**2.** (3)	**3.** (2)	**4.** (3)
5. (4)	**6.** (2)	**7.** (2)	**8.** (1)
9. (3)	**10.** (2)	**11.** (3)	**12.** (1)
13. (2)	**14.** (2)	**15.** (3)	**16.** (1)
17. (3)	**18.** (2)	**19.** (3)	**20.** (1)
21. (1)	**22.** (3)	**23.** (3)	**24.** (3)
25. (3)	**26.** (1)	**27.** (4)	**28.** (4)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (3)	**32.** (3)
33. (3)	**34.** (2)	**35.** (1)	**36.** (3)
37. (2)	**38.** (2)	**39.** (3)	**40.** (4)
41. (4)	**42.** (3)	**43.** (4)	**44.** (3)
45. (2)	**46.** (3)	**47.** (1)	**48.** (2)
49. (1)	**50.** (2)	**51.** (*)	**52.** (3)
53. (1)	**54.** (2)	**55.** (3)	**56.** (3)
57. (1)	**58.** (4)	**59.** (3)	**60.** (2)
61. (1)	**62.** (3)	**63.** (4)	**64.** (4)
65. (1)	**66.** (2)	**67.** (2)	**68.** (2)
69. (1)	**70.** (2)	**71.** (1)	**72.** (2)
73. (2)	**74.** (3)	**75.** (4)	**76.** (3)
77. (3)	**78.** (3)	**79.** (4)	**80.** (1)
81. (2)	**82.** (1)	**83.** (2)	**84.** (4)
85. (3)	**86.** (2)	**87.** (1)	**88.** (2)
89. (2)	**90.** (1)	**91.** (3)	**92.** (1)
93. (2)	**94.** (1)	**95.** (2)	**96.** (3)
97. (3)	**98.** (3)	**99.** (3)	**100.** (1)
101. (3)	**102.** (1)	**103.** (2)	**104.** (4)
105. (3)	**106.** (1)	**107.** (1)	**108.** (4)
109. (2)	**110.** (3)	**111.** (2)	**112.** (3)
113. (4)	**114.** (1)	**115.** (4)	**116.** (1)
117. (1)	**118.** (2)	**119.** (1)	**120.** (2)
121. (4)	**122.** (3)	**123.** (4)	**124.** (4)

उत्तर व्याख्यासहित

1. (3) रात के समय लैंप के सहारे सेवा करने के कारण फ्लोरेंस नाइटिंगेल को **'लेडी विद द लैंप'** कहा जाता है।

2. (3) द्वितीय विश्वयुद्ध के समय (1939 - 1945) जर्मन जनरल रोम्मेल (इरविन जोहान्स यूगेन रोम्मेल) को **"डेजर्ट फॉक्स"** कहा जाता था। यह प्रथम तथा द्वितीय दोनों विश्वयुद्धों में सक्रिय था। जर्मन इतिहासकार हैन्स एडोल्फ जैकब्सन ने रोम्मेल को **'डेजर्ट फॉक्स'** कहा था।

3. (2) फ्रांस के इतिहास की मुख्य घटना फ्रांस की क्रान्ति (1789) है जिसने वहाँ के राजा लुई 16वें तथा रानी मेरी आन्तोओनेत् (Marie Antoinette) को फाँसी दे दी गई थी और समानता, स्वतन्त्रता तथा भ्रातृत्व (भाईचारा) का नारा दिया गया था, परन्तु इससे किसान एवं मजदूरों को राहत नहीं मिली, बल्कि चारों ओर आतंक का साम्राज्य फैल गया।

4. (3)

(a) शीत युद्ध	4. संयुक्त राज्य अमेरिका बनाम सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ
(b) धर्म युद्ध	3. धर्मयुद्धकर्ता
(c) दीर्घकालीन प्रयाण	1. माओ (चीन)
(d) रूसी क्रान्ति	2. 1917

5. (4) चीन की महान दीवार का निर्माण मुख्यत: सम्राट किन शी हुआंग के शासनकाल के दौरान हूणों के आक्रमणों को रोकने हेतु देश की उत्तरी सीमा पर किया गया था। किन शी हुआंग किन (चिन) वंश का संस्थापक और 221 ईसा पूर्व एकीकृत चीन का प्रथम सम्राट था।

6. (2) 6 अगस्त, 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर सर्वप्रथम परमाणु बम गिराया था। 9 अगस्त, 1945 को जापान के नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया।

7. (2) उत्तरी अमेरिका की खोज 1492 ई. में कोलम्बस ने भारत खोज के धोखे में किया था जिसे नई दुनिया नाम दिया। इसका अमेरिका नाम इटली के नाविक अमेरिगो वेसपुची के नाम पर पड़ा।

8. (1) पाब्लो पिकासो एक स्पेनिश चित्रकार, मूर्तिकार और लेखक थे। उन्होंने अपना अधिकांश वयस्क जीवन फ्रांस में बिताया था। उन्हें 20वीं शताब्दी के महान और सबसे प्रभावशाली कलाकारों में से एक माना जाता है। एक कलाकार और प्रवर्तक के रूप में वह जॉर्ज बराक क्षेत्र के समीप क्यूबिस्ट आंदोलन की सह-स्थापना के लिए उत्तरदायी हैं जिससे यूरोपीय चित्रकला और मूर्तिकला की स्थिति में बदलाव आया।

9. (3) मतदान में मतपत्रों का प्रथम प्रयोग प्राचीन यूनान (रोम) में 139 ईसा-पूर्व में हुआ था। जबकि भारत में मतपत्रों का प्रयोग 920 ई. में माना जाता है जब तमिलनाडु (संगम काल) के 'ग्राम प्रशासन' के लिए पदाधिकारियों का चुनाव किया जाता था, तथा अमेरिका में 1629 में मतपत्रों का प्रथम प्रयोग हुआ था।

10. (2) गुटनिरपेक्षता का मूल रूप से अभिप्राय है शक्ति के गुटों के प्रति तटस्थता। गुट निरपेक्ष आंदोलन की स्थापना 1961 में हुई थी और इसका पहला सम्मेलन बेलग्रेड में हुआ था। गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्थापना में नेहरू, नासिर एवं मार्शल टीटो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

11. (3) दक्षिण-अफ्रीका में नेशनल पार्टी की सरकार द्वारा 1948 ई. में विचार बनाकर काले और गोरे लोगों को अलग निवास करने की व्यवस्था की गयी थी। इसे ही रंगभेद नीति या 'अपार्थीड' (Apartheid) कहा जाता है अफ्रीकी भाषा में इस शब्द का अर्थ है - अलगाव या पृथकता। यह नीति 1994 ई. में पूरी तरह से समाप्त कर दी गयी इसके लिए नेल्सन मंडेला ने काफी संघर्ष किया था।

12. (1) 49वीं समांतर रेखा द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा को पृथक किया गया है। जबकि मैगीनॉट रेखा फ्रांस तथा जर्मनी को पृथक करती है।

13. (2) क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय राजसिंहासन पर बैठने वाली सबसे अधिक आयु की ब्रिटिश महारानी है। इनका जन्म 21 अप्रैल, 1926 में हुआ था इस समय यह 89 वर्ष की है। 06 फरवरी, 1942 से अभी तक यह ब्रिटेन की महारानी है इसके अतिरिक्त 12 कॉमनवेल्थ देशों की घोषित महारानी भी है यह अपनी दादी महारानी विक्टोरिया से भी अधिक जीने वाली महारानी बन गयी है।

14. (2) **"बुर्ज खलीफा"** विश्व की सबसे ऊँची इमारत है। पहले इसका नाम बुर्ज दुबई था जो 2009 तक सबसे ऊँची इमारत थी लेकिन 2012 में इसकी ऊँचाई बढ़ाई गयी तथा नाम बदल कर बुर्ज खलीफा रखा गया। अब इसकी ऊँचाई 829.8 मीटर है। यह यूनाइटेड अरब अमीरात (UAE) के दुबई शहर में स्थित है।

15. (3) रूसो (1712-78) इतिहास के मौलिक चिन्तकों और आकर्षक लेखकों में एक था जिसने एक सुन्दर, निष्कलंक और सरल प्रकृति की ओर लौट चलने के लिए जिहाद छेड़ा था। यूरोप के देशों में स्वेच्छाचारी और भ्रष्ट नौकरशाही तथा सामाजिक शिष्टाचार के कठोर बनावटीपन एवं जटिल नियमों से पीड़ित समाज ने रूसो के विचारों का स्वागत किया। फ्रांस की क्रांति इसके विचारों से प्रभावित थी।

16. (1) ब्लादिमीर लेनिन (1870-1924) आधुनिक कम्युनिस्ट रूस के निर्माता थे। वह अक्टूबर 1917 के रूसी क्रांति के जनक थे। उन्होंने देश को जारों के चंगुल से मुक्त कराया तथा पहले कम्युनिस्ट सरकार के प्रमुख बने।
रूसी क्रांति की शुरुआत 7 मार्च, 1917 को पेट्रोग्राद से हुई। पेट्रोग्राद को अब सेंट पीटर्सबर्ग कहा जाता है।

17. (3) 19वीं शताब्दी के अंत में ब्रिटेन सबसे बड़ी औपनिवेशिक शक्ति के रूप में उभरा। ब्रिटिश साम्राज्य बहुत विस्तृत था। उस समय कहा जाता था कि ब्रिटिश साम्राज्य में सूर्य कभी अस्त नहीं होता।

18. (2) मार्कोपोलो (1254-1324) वेनिस (इटली) का यात्री था जिसने स्थलमार्ग के द्वारा भारत, चीन तथा एशिया के अन्य देशों की यात्रा की थी। जिसका विवरण इसने अपनी पुस्तक "बुक ऑफ द मारवेल्स ऑफ द वर्ल्ड" में किया है। यह मंगोल शासक कुबलई खान से भी मिला था।

19. (3) मैरी I जुलाई, 1553 से नवम्बर 1558 तक इंग्लैंड और आयरलैंड की रानी थी, प्रोटेस्टैन्टों का धार्मिक उत्पीड़न करने के कारण उन्हें रक्तपिपासु या ब्लडी मैरी के रूप में जाना जाता है। अपने पाँच वर्ष के शासन के दौरान, उन्होंने मरियन उत्पीड़न में 280 से अधिक राजधर्म विरोधियों को जला दिया था। उन्हें अपने सौतेले भाई के प्रोटेस्टैन्ट शासन के बाद रोमन कैथोलिक धर्म की पुन: स्थापना करने के लिए याद किया जाता है।

20. (1) व्लादिमीर इलिच लेनिन (1870-1924) ने नई आर्थिक नीति शुरू की थी। वह आधुनिक कम्युनिस्ट रूस के संस्थापक थे। वह अक्टूबर 1917 के रूसी क्रांति के नेता थे। उन्होंने रूस को जारों के चंगुल से मुक्त कराया तथा प्रथम कम्युनिस्ट सरकार के मुखिया (1917-1924) बने।

21. (1) राष्ट्रपति रिचर्ड एम. निक्सन 21 फरवरी, 1972 को चीन की यात्रा पर गए। 1949 में चीन का स्थापना के उपरांत वहाँ की यात्रा करने वाले वह प्रथम अमेरिकी राष्ट्रपति बने। उनकी चीन यात्रा एक महत्त्वपूर्ण घटना थी क्योंकि शीत युद्ध के दौरान अमेरिका एक साम्यवादी देश से संबंध में सुधार चाहता था।

22. (3) क्रिस्टोफर कोलम्बस (1451-1506) स्पेन का नाविक था। उसने स्पेन के राजा एवं रानी से जहाज माँगा तथा 1492 में उसने अमेरिका, बहामास, क्यूबा तथा वेस्टइंडीज जाने के मार्ग को खोजा। 1498 में वह दक्षिण अमेरिका पहुँचा।

23. (3) चीन की मुक्ति संग्राम 1927 में शुरू हुई। सरकार के वफादार सैनिकों एवं चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सेनाओं के बीच युद्ध हुआ। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का अध्यक्ष माओ जिडोंग था।

24. (3) मार्क्सवादी भौतिकवाद एक ऐसी कार्यप्रणाली है जो समाज, अर्थव्यवस्था और इतिहास के अध्ययन से संबंधित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। सर्वप्रथम भौतिकवाद को ऐतिहासिक अवधारणा के रूप में जोरदार तरीके से प्रस्तुत किया

गया जिसके अन्तर्गत समाज और आर्थिक संगठनों में संसाधनों की उपलब्धता को महत्वपूर्ण माना गया। डार्विन ने प्रकृति से संबंधित भौतिकवादी दर्शन-शास्त्र का सिद्धांत लागू किया था जबकि मार्क्स-एंजल्स ने इतिहास से संबंधित भौतिकवादी दर्शन-शास्त्र सिद्धांत लागू किया था।

25. (3) क्लीमेंट एटली 1945-1951 के मध्य ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे। भारत को स्वतंत्रता प्राप्त होने के समय वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे। भारत को स्वतन्त्रता प्रदान करने के विषय पर सहमति बनाने हेतु एटली ने लॉर्ड लुईस माउंटबेटन को भारत का वायसराय नियुक्त किया। कैबिनेट मिशन भी इसके प्रधानमंत्रीत्व काल में भारत आया था।

26. (1) वागराम की लड़ाई, पिरामिड की लड़ाई और औस्ट्रलिट्ज़ की लड़ाई में नेपोलियन को जीत मिली थी। ट्रफैलगर का युद्ध ब्रिटिश नौसेना का फ्रांसिसी और स्पेनी मिलीजुली नौसेना के एक आक्रामक बेड़े के साथ 21 अक्टूबर 1805 में लड़ा गया एक समुद्री युद्ध था। इसमें ब्रिटेन की भारी जीत हुई।

27. (4) प्रथम विश्व युद्ध में रूस, फ्रांस और ब्रिटेन एक दल थे और जर्मनी दूसरी तरफ। अगस्त 1914 में जापान, ब्रिटेन आदि की ओर से, और कुछ समय बाद टर्की, जर्मनी की ओर से, युद्ध में शामिल हुए।

28. (4) अमेरिकी आजादी का घोषणा पत्र थॉमस जैफरसन द्वारा तैयार किया गया था। जैफरसन ने उपनिवेशों के लोगों की कठिनाइयों और आवश्यकताओं का ध्यान रखकर नहीं, अपितु मनुष्य के प्राकृतिक अधिकारों के दार्शनिक सिद्धांतों को ध्यान में रखकर यह घोषणापत्र तैयार किया था। इस घोषणापत्र के तीन भाग थे : प्राकृतिक अधिकार सिद्धांत और सरकार का उद्देश्य, ब्रिटिश राजा के खिलाफ शिकायतों की एक सूची, और इंग्लैंड से स्वतंत्रता का घोषणा पत्र।

29. (4) **'वॉट इज द थर्ड एस्टेट'** एक राजनैतिक पैम्फलेट है जिसे फ्रांसीसी क्रांति के फैलने से पहले, फ्रांसीसी विचारक और पादरी अब्बे एम्मानुएल जोसफ सीएस ने जनवरी 1789 में लिखा था। इस पैम्फलेट में सीएस ने यह कहा कि फ्रांस का थर्ड एस्टेट - फ्रांस की सामान्य जनता - एक राष्ट्र है। ध्यातव्य है कि फ्रांस का समाज तीन एस्टेट में विभाजित था।

30. (2) फॉकलैंड द्वीप-समूह दक्षिण अटलांटिक महासागर में अर्जेन्टीना की तट से लगा एक द्वीपसमूह हैं। अर्जेन्टीना द्वारा जताए गए अधिकार को द्वीपवासियों द्वारा खारिज किए जाने के बाद अर्जेन्टीना ने 1982 में फॉकलैंड द्वीप पर आक्रमण किया। तदोपरांत अर्जेंटीना और यूनाइटेड किंगडम के बीच चले दो महीने के लंबे अघोषित युद्ध में हार के बाद अर्जेण्टीनी बलों ने वापसी कर ली।

31. (3) 1856 के पेरिस के संधि के द्वारा क्रीमियन युद्ध का अन्त हुआ। इस युद्ध में रूस और तुर्क साम्राज्य के एक गठबंधन, जिसमें ब्रिटिश साम्राज्य, द्वितीय फ्रेंच साम्राज्य और सार्डिनिया शामिल थे, के मध्य हुआ। रूसी साम्राज्य को इस गठबंधन के आगे पराजय का सामना करना पड़ा।

32. (3) बेनिटो मुसोलिनी इटली के एक राजनेता थे जिसने राष्ट्रीय फासिस्ट पार्टी का नेतृत्व किया। वह फासीवाद के दर्शन की नींव रखने वालों में से प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध में एक्सिस समूह में मिलकर युद्ध किया। वे हिटलर के निकटतम राजनीतिज्ञ थे।

33. (3) **'आतंक का राज'** फ्रांसीसी क्रांति के शुरुआत के बाद हुई हिंसा का एक दौर था जिसमें प्रतिद्वन्द्वि राजनीतिक गुटों के बीच संघर्ष हुआ और क्रांति के दुश्मनों को सामूहिक फांसी दी गई। रॉब्स पियर नामक फ्रांसीसी वकील और राजनीतिज्ञ ने आंतक के शासनकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

34. (2) अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तथा उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में कुछ पश्चिमी देशों के तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में काफी बड़ा बदलाव आया जिसे औद्योगिक क्रान्ति (Industrial Revolution) के नाम से जाना जाता है। यह सिलसिला ब्रिटेन से आरम्भ होकर पूरे विश्व में फैल गया।

35. (1) वास्को डि गामा एक पुर्तगाली नाविक थे जिनके द्वारा की गई भारत यात्राओं ने पश्चिमी यूरोप से केप ऑफ़ गुड होप होकर पूर्व के लिए समूद्री मार्ग खोल दिया। हिन्द महासागर में 23 दिन की यात्रा के बाद वे 20 मई, 1498 को भारत में कालीकट (केरल) पहुँचे।

36. (3) 1917 की रूसी क्रान्ति लोगों के आक्रोश एवं सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम था, जिसके फलस्वरूप लोगों ने जार के निरंकुश शासन के विरुद्ध बगावत कर दिया और रूस में सोवियत संघ समाजवादी गणतंत्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सम्राट को पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, पुरानी व्यवस्था के स्थान पर अस्थायी अन्तरिम सरकार का गठन किया गया, बाद में इसके स्थान पर बोल्शेविक (कम्प्युनिस्ट) सरकार बनी।

37. (2) दक्षिण अफ्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला को अफ्रीका का गाँधी भी कहा जाता है।
मार्टिन लूथर किंग जूनियर, तंजानिया के जुलियस न्येरेरे और जांबिया के केनिथ कौडला की तरह मंडेला भी महात्मा गांधी जी के विचारों (अहिंसा और सत्याग्रह) से प्रभावित थे। सत्याग्रह एक ऐसा प्रभावशाली राजनीतिक हथियार है जिसका प्रयोग लोगों द्वारा (बिना किसी हथियार के) शक्तिशाली दल के विरुद्ध अपनी बात मनवाने के लिए किया जाता है।

38. (2) चीन के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला शासक शिन्ह हुआंग-टी (259 से 210 ईसापूर्व) था। उसने विभिन्न राज्यों की दीवारों के एकीकरण में अपना योगदान दिया जिसे आज चीन की महान दीवार (Great wall of China) कहा जाता है।

39. (3) स्पेन वासियों द्वारा यूरोप में आलू का आगमन नई दुनिया से हुआ था। स्पेनिश नाविक अपनी यात्रा के दौरान एंडीज से स्पेन लौटते समय संभवत: अपने भोजन के लिए मक्का और आलू लेकर आए थे। इतिहासकार मानते हैं कि बाद में समुद्र तट पर आलू और मक्का को बो दिया गया था।

40. (4) जॉन लॉक ने अपनी पुस्तक **''सेकण्ड ट्रीटीज ऑफ सिविल गवर्नमेंट''** के छठे अध्याय में कहा है कि गलती या भूलकर भी कानून के शासन को समाप्त नहीं करना चाहिए, बल्कि स्वतंत्रता को संरक्षण दिया जाना चाहिए। सभी राज्यों के लोगों के विकास के लिए कानून राज की स्थापना करनी चाहिए। क्योंकि जहां कोई कानून नहीं है वहां पर स्वतन्त्रता भी नहीं है। स्वतंत्रता तथा आजादी को किसी भी प्रकार की हिंसा से मुक्त रखना चाहिए।

41. (4) पूरे मध्य-अमेरिका (सेन्ट्रल साउथ इस्टर्न मेक्सिको में और उत्तरी अमेरिका जहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण प्रीहिस्पेनिक सभ्यता फली फूली थी।) में फसल उगाने की एक पद्धति मिल्पा का प्रयोग किया जाता है। माया, जेपोटेक तथा दूसरे मेसो-अमेरिकन लोगों की प्राचीन कृषि पद्धति पर आधारित मिल्पा कृषि उत्पाद में बाजरा, बीन, स्कवेश आदि फसल शामिल हैं। इसके साथ अन्य फसलें स्थनीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हैं।

42. (3) मार्क्सवाद भौतिकवाद एक ऐसी कार्यप्रणाली है जो समाज, अर्थव्यवस्था और इतिहास के अध्ययन से संबंधित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। सर्वप्रथम भौतिकवाद को ऐतिहासिक अवधारणा के रूप में जोरदार तरीके से प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत समाज और आर्थिक संगठनों में संसाधनों की उपलब्धता को महत्वपूर्ण माना गया। डार्विन ने प्रकृति से संबंधित भौतिकवादी दर्शन-शास्त्र का सिद्धांत लागू किया था जबकि मार्क्स-एंजल्स ने इतिहास से संबंधित भौतिकवादी दर्शन-शास्त्र सिद्धांत लागू किया था।

43. (4) आग की पूजा करके बलि देने की प्रथा या 'यजना' मुख्य रूप से आर्यों, ग्रीक, रोम और ईरानवासियों में प्रचलित थी। प्राचीनकाल में अग्नि को पवित्र मानकर श्रद्धापूर्वक पूजा करने की प्रथा मुख्य रूप से भूमध्यसागर, ईरानी पठार और भारतीय प्रायद्वीप के निवासियों में प्रचलित थी।

44. (3) 18 जून, 1815 को वाटरलू का युद्ध वर्तमान में बेल्जियम के पास वाटरलू नामक स्थान पर लड़ा गया था। उस समय बेल्जियम, संयुक्त राज्य, नीदरलैंड का एक भाग था। इस युद्ध में वेलिंगटन के ड्यूक के नेतृत्व में सात राष्ट्रों की संयुक्त सेना ने एक होकर नेपोलियन के नेतृत्व वाली फ्रांसीसी सेना को हराया।

45. (2) अगस्त 1789 में फ्रांस की राष्ट्रीय संविधान सभा द्वारा फ्रांसीसी क्रांति के फलस्वरूप वयस्क मताधिकार और नागरिक अधिकारों से संबंधित मौलिक अधिकारों की घोषणा की गई थी। इसमें राज्य के सार्वभौमिक सामूहिक अधिकारों और व्यक्तिगत अधिकारों को पारिभाषित किया गया है।

46. (3) 1932 में आयोजित ब्रिटिश एम्पायर इकोनोमिक कॉन्फ्रेंस (ओटावा कॉन्फ्रेंस) का उद्देश्य ब्रिटिश उपनिवेशों तथा स्वायत्त क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली आर्थिक महामंदी (Great Depression) पर चर्चा करना था। इस सभा में यह निर्णय लिया गया कि ब्रिटिश स्वामित्व वाले भू-भागों में कम से कम (limited) आयात शुल्क लगाया जाएगा लेकिन शेष-विश्व (ब्रिटिश उपनिवेशों को छोड़कर) पर अधिक से अधिक आयात शुल्क लगाया जाएगा। इसे इम्पेरियल प्रीफेरेंस (Imperial Preference) के नाम से जाना जाता था।

47. (1) रुडोल्फ हेस ने 25 फरवरी, 1934 को कहा था, 'एडोल्फ हिटलर जर्मनी है और जर्मनी एडोल्फ हिटलर है, जो हिटलर के लिए वचनबद्ध है, वह जर्मनी के लिए वचनबद्ध है'।

48. (2) प्रोफेसर राम्से म्यूर ने मंत्रिमंडलीय पद्धति को 'राज्य रूपी जहाज का स्टीयरिंग व्हील' कहा है। राम्से म्यूर एक ब्रिटिश इतिहासकार और चिंतक थे। उन्होंने 1920 और 1930 ई. के दौरान उदारवादी राजनीतिक दर्शन के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया।

49. (1) प्रधानमंत्री का वर्णन करते हुए लॉर्ड मोरले ने कहा था, 'यद्यपि मंत्रिमंडल में इसके सभी सदस्य समान हैं, एक ही वाणी बोलते हैं और ऐसा अवसर विरले ही आता है जब इनमें अंतर आया हो, भ्रातृ सिद्धांत के एक व्यक्ति एक मत के रूप में इनकी गणना होती है, तथापि मंत्रिमंडल का प्रमुख प्रधानमंत्री है .....'।

50. (2) एक द्वि-दलीय पद्धति वह राजनीतिक प्रणाली है जहाँ सरकार में दो बड़ी राजनीतिक पार्टियाँ प्रबल होती हैं। उदाहरण के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में दो पार्टी पद्धति एक ऐसी व्यवस्था का वर्णन करती है जिसके अंतर्गत उसके सभी निर्वाचित सरकारी सदस्य सिर्फ दो बड़ी पार्टियों से संबंधित होते हैं। ऐसी पद्धति में सरकार का स्थायित्व होता है।

51. (*) क्रीमियन युद्ध (अक्टूबर 1853 - फरवरी 1856) इस युद्ध को पूर्वी युद्ध के नाम से भी जाना जाता है। यह युद्ध मुख्य रूप से रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑटोमन, तुर्की और सार्डिनिया के मध्य क्रीमिया प्रायद्वीप पर लड़ा गया था। ऑटोमन साम्राज्य द्वारा शासित इस पवित्र क्षेत्र में युद्ध का तत्कालिक कारण इसाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों से संबंधित था।

52. (3) "द लास्ट सपर" - 15वीं शताब्दी के अंत में लियोनार्डो डि विन्सी (Leonardo da Vinci) द्वारा दीवार पर बनाया गया एक चित्र है। इस चित्र में भगवान ईसा मसीह को अपने शिष्यों के साथ अंतिम बार भोजन करते हुए दिखाया गया है, इस कथन का सत्यापन जॉन के उपदेश में किया गया है।

53. (1) 6 अगस्त, 1945 को जापान के हिरोशिमा शहर पर यूरेनियम गन-टाइप परमाणु बम (लिटिल बॉय) गिराया गया था। इसके बाद 9 अगस्त, 1945 को जापान के नागासाकी शहर पर प्लूटोनियम इम्प्लोश्न्-टाइप बम (फैट मैन) गिराया गया था। इन दो बमों से हुए विनाश के परिणामस्वरूप जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में आत्मसमर्पण कर दिया।

54. (2) एडोल्फ हिटलर एक जर्मन राजनीतिज्ञ और नाजी पार्टी के नेता थे। वह 1933 से 1945 तक जर्मनी के चांसलर और 1934 से 1945 तक नाजी जर्मनी के फ्यूहरर थे। जर्मन राज्य के तानाशाह के रूप में, हिटलर ने 1939 में पोलैंड पर आक्रमण के साथ ही यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत की।

55. (3) पुर्तगाल यात्री बार्थोलोमेव डिआस (Bartholomew Dias) ने दिसम्बर 1487 में अफ्रीका में 'केप ऑफ गुड होप' की खोज की थी। उन्होंने इसका नाम केप 'द केप ऑफ स्टॉर्मस्' (Cabo das Tormentas) रखा था, लेकिन पुर्तगाल के शासक जॉन II ने इसका नाम बदलकर (Cabo de Boa Esperanca) (केप ऑफ गुड होप) कर दिया था।

56. (3) जनतांत्रिक गणराज्य चीन की राष्ट्रीय विधान मण्डल का नाम नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (NPC) है।

57. (1) मिखाइल बैक्यूनिन (1814-1876) रूसी अराजकतावाद के संस्थापक और प्रमुख नेता थे। उन्हें आधुनिक आतंकवाद के जनकों में से एक माना जाता है। अराजकतावाद रूस का प्रथम बौद्धिक आंदोलन था जिसका अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।

58. (4) 'फासीवाद' दक्षिणपंथी अधिनायकवाद का एक रूप है जो राज्य के हितों को बढ़ाने के लिए वैयक्तिक अधीनता पर जोर देता है। जर्मनी की नाजी सरकार अधिनायकवादी राज्य था। एक तानाशाही शासन के विपरीत अधिनायकवादी शासन में अपने राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर नियंत्रण करना होता है और आमतौर पर इसका नेतृत्व एक करिश्माई नेता के अधीन होता है।

59. (3) सुधार आन्दोलन-16वीं शताब्दी में इंग्लैंड में हुए सुधारों की एक श्रृंखला थी जिसके द्वारा इंग्लैंड के चर्च को रोमन कैथोलिक चर्च और पोप के प्रभुत्व से मुक्ति मिली। 1517 ई. में अपने 95 शोध-प्रबन्धों के साथ धर्मसुधार आन्दोलन आरंभ करने का श्रेय मार्टिन लूथर किंग को दिया जाता है।

60. (2) रियाल सऊदी अरब की आधिकारिक मुद्रा है। इसे 100 हलाला में उप-विभाजित किया जाता है। रियाल शब्द की व्युत्पत्ति स्पेनिश शब्द 'रियल' से हुई है। ऑटोमन साम्राज्य के दौरान भूमध्य सागर क्षेत्र में 'रियाल' प्रमुख मुद्राओं में से एक थी। 1932 में सऊदी अरब के अस्तित्व में आने के बाद से ही यह सऊदी अरब की मुद्रा बनी हुई है।

61. (1) अपने नौसैनिक पराक्रम के कारण ब्रिटेन को 18वीं और 19वीं शताब्दी में ''समुद्रों की रानी'' के रूप में जाना जाता था। ब्रिटिश नौसैनिक बेड़ों की सहायता से ब्रिटेन ने महाद्वीप के बाहर भी अपने प्रादेशिक प्रभुत्व का विस्तार किया और इससे ब्रिटेन को अपने किसी भी शत्रु राष्ट्र जैसे, नेपोलियन के युद्धों के समय, फ्रांस को चुनौती देने में सहायता मिली।

62. (3) 'नया समझौता' (न्यू डील) घरेलू कार्यक्रमों की एक श्रृंखला थी जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका में 1933 और 1938 के मध्य और कुछ समझौतों को बाद में पारित किया गया था। इसमें राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट के प्रथम कार्यकाल (1933-37) के दौरान राष्ट्रपति के कार्यकारी आदेशों और कांग्रेस -दोनों द्वारा पारित नियम शामिल थे। ये कार्यक्रम वैश्विक महामंत्री (1929-30) की समस्या से निपटने हेतु घोषित किए गए थे।

63. (4) इतिहास में तेल गिरने की सबसे बुरी घटना-कोई घटना नहीं थी, ऐसा जानबूझकर किया गया था। 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान, इराकी सैनिकों को कुवैत से पीछे हटना पड़ा, अत: इराकी सैनिकों ने अमेरिकी सैनिकों के आक्रमण को कम करने के प्रयास में तेल के कुओं और पाइपलाइनों के वाल्व खोल दिए थे। परिणामस्वरूप, इसे इतिहास में तेल गिरने की सबसे बड़ी घटना के रूप में देखी गई। लगभग 240 मिलियन गैलन अपरिष्कृत तेल फारस की खाड़ी में बहा दिया गया।

64. (4) अधिकांश इतिहासकारों ने 1950 के दशक को विऔपनिवेशिकरण के युग के रूप में वर्णित किया है। इसी दशक में सर्वप्रथम अफ्रीका में बड़े पैमाने पर विऔपनिवेशिकरण की प्रक्रिया आरंभ हुई। लीबिया इस दशक में स्वतंत्र होने वाला प्रथम अफ्रीकी देश बना और 1954 में अल्जीरियाई युद्ध आरंभ हुआ। सूडान, मोरक्को, और ट्यूनिशिया 1956 में स्वतंत्र हुए और घाना 1957 में स्वतंत्र होने वाला प्रथम उप-सहारा अफ्रीकी देश बना।

65. (1) अरस्तु की **'पॉलिटिक्स'** नामक पुस्तक के शीर्षक की व्युत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द पॉलिटिका से हुई है जिसका अर्थ है ''शहरों का मामला'। अरस्तु, जिन्हें राजनीति विज्ञान के जनक के रूप में जाना जाता है, ने सर्वप्रथम 'पॉलिटिक्स' शब्द का प्रयोग किया और इस विषय को शैक्षिक शाखा में परिवर्तित किया। 'पॉलिटिक्स' नामक उनकी पुस्तक राजनीति का प्रथम व्यवस्थित अध्ययन थी।

66. (2) प्राचीन ग्रीक दार्शनिक प्लूटो ने अपनी प्रसिद्ध कृति **'द रिपब्लिक'** में न्याय के आरंभिक सिद्धांत को निर्दिष्ट किया था। अरस्तु ने इसे अपने अनुपाती न्याय की अवधारणा के रूप में विकसित किया। अरस्तु का अनुपाती न्याय उस सैद्धांतिक वितरण का नाम है जिसके द्वारा राज्य के नागरिकों के मध्य वस्तुओं, सेवाओं, उपाधि और कार्यों का वितरण किया जाता है। यह आनुपातिक समानता का दूसरा नाम है।

67. (2) पुनर्जागरण 14वीं शताब्दी के आरंभ से 17वीं शताब्दी के अंत तक यूरोप में कला के पुनरुद्धार काल, साहित्य, शिक्षा, मनोभाव और गतिविधि से संबंधित है। यह मध्ययुगीनता से आधुनिक विश्व में संक्रमण का परिचायक है। इसका शाब्दिक अर्थ है - 'पुनर्जन्म', पुनर्जागरण काल को इस नाम से संदर्भित किया जाता है क्योंकि उस समय लोगों ने विशेष रूप से प्राचीन ग्रीस और रोम की शिक्षा को सीखने में रूचि लेना शुरू कर दिया था।

68. (2) 14 जुलाई, 1789 की दोपहर को पेरिस, फ्रांस में बास्तील के किले पर आक्रमण किया गया। पेरिस में इस मध्यकालीन किले और कैदखाने को बास्तील के नाम से जाना जाता था। यह राजतंत्र की कुप्रथा का प्रतीक था। बास्तील के किले के पतन के साथ ही फ्रांसीसी क्रांति आरंभ हो गई जिसके परिणामस्वरूप राजतंत्र की समाप्ति हुई।

69. (1) त्रि-साम्राज्य संघ को ड्राइकैसिरबंद के रूप में जाना जाता है। यह 1873 से 1887 तक जर्मनी साम्राज्य, रूसी साम्राज्य और ऑस्ट्रिया-हंगरी साम्राज्य के मध्य एक गठबंधन था। यह फ्रांस को अलग-थलग रखने के लिए आट्टो-बिस्मार्क (1815- 1898) द्वारा निर्मित कूटनीतिक जाल का एक भाग था। तीन साम्राज्यों का प्रथम लीग 1873 से 1875 तक प्रभावी था।

70. (2) ताओवाद एक प्राचीन दार्शनिक और धार्मिक परंपरा है, माना जाता है कि यह परंपरा मुख्यत: चीनी रीति-रिवाजों और विश्वदृष्टि से जुड़ी हुई है। ताओवाद की व्युत्पत्ति 2000 वर्ष पूर्व चीन में हुई थी। ताई चि चुआन, क्विगोन्ग और विभिन्न युद्ध कलाओं द्वारा ताओवादी विचारधारा पूरे विश्व में लोकप्रिय हो गई।

71. (1) जॉन लॉक 'सामाजिक अनुबंध' सिद्धांत के प्रतिपादकों में से एक थे। इसके अनुसार, स्वयं को समुदाय के रूप में स्थापित करने, स्वतंत्रता तथा समानता के सिद्धांतों को मानने वाले और स्वयं द्वारा स्थापित सरकार के आदेश का पालन करने वाले वैयक्तिकों के साथ स्वतंत्र रूप से हुए सामान्य समझौते के परिणामस्वरूप राज्य की उत्पत्ति हुई है। हॉब्स, रूसो और कान्ट ने भी इस सिद्धांत में अपना योगदान दिया था।

72. (2) यूनानियों ने नीतिपरक शब्दों के आधार पर राजनीति का अवलोकन किया। इसका पहला शब्द अरस्तु की प्रसिद्ध पुस्तक ''पॉलीटिक्स'' (पॉलीटिका का अर्थ है ''शहरों का मामला'') से लिया गया है जो अन्य प्रकार के समुदायों के विरोध में शहर (नगरों) या ''राजनीतिक समुदाय'' की चर्चा करता है और तर्क देता है कि नगर समुदाय का सबसे बड़ा रूप है, क्योंकि निजी जीवन की तुलना में सार्वजनिक जीवन अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है और इसका मुख्य कारण यह है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अरस्तु के दर्शनशास्त्र के अनुसार, नीतिशास्त्र के संबंध में अन्वेषण के बाद राजनीतिक क्षेत्र आरंभ होता है। उनका मानना है कि राजनीति का उद्देश्य ''अच्छे जीवन'' और एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना सुनिश्चित करना है। यह पूर्णतया एक नीतिशास्त्रीय दृष्टिकोण है और अरस्तु ने इसी संदर्भ में राजनीति पर प्रकाश डाला है।

73. (2) दक्षिण अफ्रीकी नस्लवादी रोधी, क्रांतिकारी, राजनीतिज्ञ और लोकोपकारी नेल्सन मंडेला 1994 से 1999 तक दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रहे। वह पूर्णत: प्रतिनिधिक लोकतांत्रिक चुनाव में निर्वाचित होने वाले देश के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति थे।

74. (3) 'सिनैगॉग' यहूदियों का प्रार्थना भवन है। यहूदीवाद (यहूदी लोगों की जीवन शैली, संस्कृति, दर्शनशास्त्र और धर्म) में सिनैगॉग लोगों को समर्पित एक स्थल है जिसका प्रयोग प्रार्थना के उद्देश्य की पूर्ति के लिए, मूसा-संहिता पढ़ने, अध्ययन करने, लोगों के एकत्र होने के लिए किया जाता है।

75. (4) 1929 में वॉल स्ट्रीट के पतन के परिणामस्वरूप 10 वर्ष की महामंदी की शुरुआत हुई जिससे पश्चिम के सभी औद्योगिक देश प्रभावित हुए। इसे काला मंगलवार, महापतन या 1929 का शेयर बाजार पतन के रूप में भी जाना जाता है। इसकी शुरुआत 24 अक्टूबर, 1929 (काला बृहस्पतिवार) को हुई। यह संयुक्त राज्य अमेरिका के शेयर बाजार के इतिहास में सबसे विनाशकारी पतन था। इससे निपटने हेतु रूजवेल्ट ने 'नया समझौता' या न्यूडील कार्यक्रम शुरू किया।

76. (3) 'शिंतो' बिना किसी संस्थापक या बिना किसी पवित्र ग्रंथ का एक जापानी लोक परंपरा और धार्मिक अनुष्ठान है। यह आधुनिक जापान और इसके प्राचीन अतीत के मध्य संबंध स्थापित करने हेतु धार्मिक प्रक्रियाओं को परिश्रमपूर्वक निष्पादित करने पर जोर देता है। शिंटो जापान का सबसे बड़ा धर्म है, जिसका अनुपालन देश की लगभग 80% आबादी द्वारा किया जाता है।

77. (3) कुओमिन्तांग ऑफ चाइना (KMT) को चीन की राष्ट्रवादी पार्टी के रूप में भी जाना जाता है। इस पार्टी की स्थापना 1911 की जिनहई क्रांति के बाद सन यात् सेन और सॉन्ग जिओरेन द्वारा की गई थी। इस पार्टी ने जिनहई क्रांति का नेतृत्व करते हुए क्रांति के वर्षों के दौरान किन्ग वंश को सत्ता से बाहर करने में सहायक भूमिका निभाई थी। इसकी मार्गदर्शक ''लोगों के तीन सिद्धांत'' सन यात् सेन की मार्गदर्शक विचारधारा थी।

78. (3) वियेना कांग्रेस का आयोजन नेपोलियन को पराजित करने वाली चार यूरोपीय शक्तियों द्वारा 1815 में किया गया था। यह यूरोपीय राष्ट्रों के राजदूतों का सम्मेलन था जिसकी अध्यक्षता ऑस्ट्रिया के राजनेता क्लीमेन्स वॉन मेटरनिख द्वारा की गई थी और इसका आयोजन नवम्बर 1814 से जून 1815 तक वियेना में किया गया था। मेटरनिख ने इस सम्मेलन में यूरोप के लिए एक दीर्घकालीन शांति योजना प्रस्तुत की थी।

79. (4) पुनर्जागरण यूरोपीय सभ्यता में मध्य युग के बाद की अवधि से संबंधित है जो संस्थापित ज्ञान और मूल्यों में आकस्मिक भावावेश की अभिरुचि दर्शाता था। इसने ज्ञान में प्रबोध का नेतृत्व किया और 'कारण के युग' को अवक्षेपित किया, जहाँ सिद्धान्त की वैधता की जाँच हेतु तर्क और विज्ञान को प्रयोग में लाया गया था। पुनर्जागरण नये महाद्वीपों की खोज और अन्वेषण, सामन्त प्रणाली का पतन, व्यापार में वृद्धि, और कागज, मुद्रण, दिशासूचक यंत्र और बारूद जैसे शक्तिशाली नवाचारों के आविष्कार का भी साक्षी था।

80. (1) बेनजीर भुट्टो, जिन्होंने 1988 से 1990 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की थी और 1993 से 1996 तक, मुस्लिम बहुसंख्यक राष्ट्र के लोकतांत्रिक सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला थी। वह जुल्फिकार अली भुट्टो जिन्होंने 1973 से 1977 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की, की बेटी और राजनीतिक वारिस थी।

81. (2) मार्क्सवाद एक सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दर्शन है जो श्रम, उत्पादकता और आर्थिक विकास पर पूँजीवाद के प्रभाव की जाँच करता है। यह राज्य को राज्य के नियमों के रखरखाव के साधन के रूप में देखता है, जब वर्ग नियम समाप्त हो जाए तो उसे दूर करना चाहिए। इस प्रकार इसका उद्देश्य पूँजीवादी समाज और इसके दमनकारी तंत्र का विनाश और राज्यविहीन समाज की स्थापना है जहाँ सभी समान हैं।

82. (1) अरस्तू ने "निकोमैचीयन एथिक्स" के बुक वी (Book V) में वितरक न्याय की अवधारणा को प्रस्तुत किया। उनके वितरक के न्याय में सम्मान, संपत्ति, या जो कुछ भी समुदाय के सदस्यों के बीच विभाजित है, का वितरण शामिल है। उनके वितरक न्याय की अवधारणा आम वस्तुओं के आनुपातिक वितरण को शासित करता है।

83. (2) गीजा का महान पिरामिड: मिस्र में गिजा पिरामिड परिसर में तीन पिरामिडों में सबसे पुराना, चीन की महान दीवार: पत्थर, ईंट, छिद्रित पृथ्वी, लकड़ी और अन्य सामग्रियों से निर्मित किलेबंदी की एक श्रृंखला, आमतौर पर चीन की ऐतिहासिक उत्तरी सीमाओं से पूर्वी-से- पश्चिम लाइन के साथ निर्मित होती है, कोलोजियम: रोम, इटली के शहर के केन्द्र में एक अंडाकार एम्फीथिएटर, चिचेन इट्जा, मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप पर माया सभ्यता के अवशेषों का एक परिसर।

84. (4) डेट्रायट को ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी मोटर वाहन उद्योग के दिल के रूप में जाना जाता है। ''बिग थ्री'' ऑटो निर्माताओं जनरल मोटर्स, फोर्ड और क्रिसलर सभी का मुख्यालय यहाँ है। इसका नाम ''मोटर सिटी'' रखा गया है।

85. (3) थॉमस हॉब्स, जॉन लॉक और जीन- जैक्स रूसो सामाजिक अनुबंध स्कूल के सबसे महत्त्वपूर्ण सदस्य थे। इन तीनों ने राज्य के उत्पत्ति के संदर्भ में संविदा सिद्धांत का प्रतिपादन किया। रूसो का नाम राजनीतिक संप्रभुता की अवधारणा के साथ जुड़ा हुआ है।

86. (2) अरस्तू ने अच्छे नागरिकों के लिए पूरी तरह से अलग परिभाषा दिया है। एथेंस के अपने अधिक लोकप्रिय संविधान में वह यह कहता है कि अच्छे नागरिक ऐसे व्यक्ति होते हैं जो अपने देश के लिए अच्छी तरह से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, 'एक अच्छा नागरिक एक अच्छा राज्य बना देता है और एक बुरा नागरिक बुरा राज्य बना देता है'।

87. (1) बांग्लादेश का स्वतंत्रता दिवस 26 मार्च को मनाया जाता है। 25 मार्च, 1971 की रात पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर निहत्थे बांग्लादेशी नागरिकों का नरसंहार किया। 26 मार्च को बांग्लादेश ने पाकिस्तान से स्वतंत्रता की घोषणा कर दी और नौ महीने लंबे खूनी मुक्ति संग्राम की शुरुआत की गई।

88. (2) 'आर्थिक समानता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता एक भ्रम है' यह जी.डी. एच. कोल द्वारा कहा गया कथन है। जी.डी. एच. कोल एक अंग्रेज राजनीति विचारक थे जिन्हें उदारवादी समाजवादी माना जाता है, वे लंबे समय तक फेबियन समाज से जूड़े रहे तथा उन्होंने सहकारी आंदोलन की वकालत की।

89. (2) मार्क्सवाद एक सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दर्शन है जो श्रम, उत्पादकता और आर्थिक विकास पर पूँजीवाद के प्रभाव की जाँच करता है। यह राज्य को राज्य के नियमों के रखरखाव के साधन के रूप में देखता है, जब वर्ग नियम समाप्त हो जाए तो उसे दूर करना चाहिए। इस प्रकार इसका उद्देश्य पूँजीवादी समाज और इसके दमनकारी तंत्र का विनाश और राज्यविहीन समाज की स्थापना है जहाँ सभी समान हैं।

90. (1) अरस्तू ने "निकोमैचीयन एथिक्स" के बुक वी (Book V) में वितरक न्याय की अवधारणा को प्रस्तुत किया। उनके वितरक के न्याय में सम्मान, संपत्ति, या जो कुछ भी समुदाय के सदस्यों के बीच विभाजित है, का वितरण शामिल है। उनके वितरक न्याय की अवधारणा आम वस्तुओं के आनुपातिक वितरण को शासित करता है।

91. (3) एक राजनीतिक विचारधारा और सामूहिक आंदोलन के रूप में 1919 और 1945 के बीच मध्य, दक्षिणी और पूर्वी यूरोप में फासीवाद का वर्चस्व रहा। इसकी शुरुआत इटली से हुई। इटली का प्रथम फासीवादी नेता बेनिटो मुसोलिनी ने अपनी पार्टी का नाम लैटिन शब्द 'फेसेज' से लिया और 1915 में फासिस्ट क्रांतिकारी दल की स्थापना की। 1919 में उसने मिलान में फास्सी इटैलियन डि कंबैटिमेंटो की स्थापना की, जो दो वर्षों बाद राष्ट्रीय फासिस्ट पार्टी बन गई।

92. (1) अपनी पुस्तक बोनर्स फिलॉसफी एंड पॉलिटिकल इकोनॉमी में, 'रिची ने प्राकृतिक अधिकारों से जुड़ा होने के रूप में प्रथागत अधिकारों को समझाया और उनका समर्थन किया। उन्होंने पाया कि रिवाजों और उनका उपयोग मानव कल्याण के लिए आवश्यक शर्तों के रूप में स्वयं प्रकट किया गया। उनके अनुसार, समाज इन आवश्यक रीति-रिवाजों को जो संस्थागत रूप में स्थापित किया गया है और इसका उपयोग मूलभूत अधिकारों को अधिक सामंजस्यपूर्ण और बेहतर बनाने की संभावना में किया गया है।

93. (2) ब्रिटिश दार्शनिक जेरेमी बेन्थम को आधुनिक उपयोगितावाद के जनक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 'इन्ट्रोडक्शन टू दि प्रिंसिपल्स ऑफ मोरल्स एंड लेजिस्लेशन' में उपयोगितावाद को प्रस्तुत किया था। उन्होंने "दि ग्रेटेस्ट हैप्पीनेस ऑफ दि ग्रेटेस्ट नम्बर" के सिद्धान्त की व्याख्या की थी।

94. (1) श्रीलंका को आरंभ में सिलोन के रूप में जाना जाता था। श्रीलंका ने सिलोन के स्वतंत्र उपनिवेश के रूप में 4 फरवरी, 1948 को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। ब्रिटिश राष्ट्रमंडल के अंतर्गत स्वतंत्र उपनिवेश का दर्जा अगले 24 वर्षों तक अर्थात् 22 मई, 1972 तक बना रहा, बाद में यह गणराज्य बन गया और इसका नामकरण श्रीलंका गणराज्य के रूप में किया गया।

95. (2) 30 दिसम्बर, 1949 को पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (PRC) को मान्यता प्रदान करने वाला भारत पहला गैर-साम्यवादी राष्ट्र बना जोकि 1 अक्टूबर, 1949 को अस्तित्व में आया था। के. एम. पनिक्कर को अप्रैल 1950 में चीन में भारत के प्रथम राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था।

96. (3) भूटान के राष्ट्रीय ध्वज में नारंगी आधा बौद्ध आध्यात्मिक परंपरा, विशेष रूप से ड्रुक्पा काग्यू और निइन्मा संप्रदायों को दर्शाता है। ड्रुक, थंडर ड्रैगन, पीले और नारंगी हिस्सों के बीच की रेखा के बराबर फैलता है। ध्वज के दो रंग राज्य में नागरिक और मठवासी परंपराओं के समान महत्त्व को दर्शाती है और सम्राट और लोगों के बीच पवित्र बंधन की शक्ति को उजागर करती है।

97. (3) बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज को 17 जनवरी, 1972 को आधिकारिक रूप से अपनाया गया था। ध्वज में एक हरे पृष्ठभूमि पर एक लाल गोला है जो उत्तोलक की ओर है, ताकि फहराते समय बीच में दिखाई दे। लाल गोला बांग्लादेश पर सूर्योदय को दर्शाता है और स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों के बहाए गए रक्त का प्रतीक है। हरा पृष्ठभूमि बांग्लादेश की हरी-भरी धरती का प्रतीक है।

98. (3) जब 1947 में पाकिस्तान ने आजादी प्राप्त की, दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची को अपना पहला राष्ट्रीय राजधानी बनाया। 1960 के दशक में राजधानी को इस्लामाबाद स्थानातरित कर दिया गया। कराची देश के दक्षिणी छोर के अंतिम सिरे पर स्थित है जिससे इसपर अरब सागर से आसानी से हमला बोला जा सकता था। इसके अलावा इस्लामाबाद रावलपिण्डी में स्थित सेना मुख्यालय और उत्तर में कश्मीर के निकट था।

99. (3) चीन और अमेरिका के बीच 1970 के दशक के बीच तल्खी को कम करने में अहम भूमिका निभाने वाले चीन के टेबल टेनिस खिलाड़ी जुआंग डुंग का 73 वर्ष की उम्र में हाल ही में देहांत हो गया है। उनके द्वारा उठाए गए कदमों को 'पिंग पोंग डिप्लोमेसी' के नाम से जाना जाता है। जुआंग ने 1971 में जापान में हुए एक मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी ग्लेन कान को एक सिल्क की पेंटिंग भेंट की थी। जिसके बाद हुए घटनाक्रम में अमेरिका की टीम ने उसी वर्ष चीन का दौरा किया इस घटना ने चीन-अमेरिका सम्बन्धों में सुधार लाया और राष्ट्रपति रिचर्ड निक्शन चीन की यात्रा पर आए।

100. (1) बांग्लादेश का राष्ट्रीय प्रतीक उसके स्वतंत्रता के तुरंत पश्चात् वर्ष 1971 में अपनाया गया। बांग्लादेश के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में जल पर स्थित देश का राष्ट्रीय पुष्प शाप्ला (निम्फेइया प्यूबेसेन्स) के दोनों तरफ धान की बालियाँ लगी हैं। इसके ऊपर जूट की तीन जुड़ी हुई पत्तियाँ लगी हैं जिनके दोनों तरफ दो-दो तारे लगे हुए हैं। बांग्लादेश की धरती और अर्थव्यवस्था मुख्यत: पानी, धान और जूट के लिए जानी जाती है।

101. (3) बरघेर समुदाय, श्रीलंका में एक छोटा यूरेशियाई जातीय समूह है जो पुर्तगाली, डच, ब्रिटिश और अन्य यूरोपीय पुरुषों के वंशज हैं और वे श्रीलंका में बस गए तथा मूल श्रीलंकाई महिलाओं के साथ संबंध स्थापित कर अपने समुदाय का विकास किये।

102. (1) श्रीलंका मठ श्रीलंका का राष्ट्रीय गान है। श्रीलंका मठ की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अलग-अलग विचार हैं। सबसे व्यापक विचार यह है कि श्रीलंकाई संगीतकार आनंद समरकोन बंगाली कवि रवींद्रनाथ टैगोर से प्रभावित होकर राष्ट्रीय गान के संगीत और गीत लिखे थे। उन्हें कलात्मक सिंहला संगीत का जनक भी माना जाता है।

103. (2) बॉक्सर विद्रोह चीन में सन् 1898 से 1901 तक चलने वाला यूरोपियाई साम्राज्यवाद और ईसाई धर्म के बढ़ते प्रभाव के विरुद्ध एक हिंसक आंदोलन था। इसका नेतृत्व एक धार्मिक संगठन ने किया था। इस आन्दोलन द्वारा चीन में सुविधा प्राप्त विदेशियों को भगाने का प्रयास किया गया। 'बॉक्सर' नाम विदेशियों द्वारा चीनियों के उस गुप्त समाज के लिए किया गया था जिन्हें यिहेक्वान (धर्मपरायण एवं शान्तिमय) कहा जाता था। इस समाज के लोग धार्मिक कृत्य या अनुष्ठान के रूप में एक विशेष प्रकार की मुक्केबाजी और व्यायाम किया करते थे।

104. (4) पूर्वी पहाड़ी की उप-शाखा की एक भारतीय-आर्य भाषा नेपाली है। यह नेपाल की आधिकारिक भाषा है। यह मुख्य रूप से नेपाल और भूटान में लगभग एक चौथाई आबादी के द्वारा बोली जाती है। भारत में, नेपाली संविधान की आठवीं अनुसूची में एक भारतीय भाषा के रूप में सूचीबद्ध है।

105. (3) ढाका में एक हिंदू मंदिर ढ़ाकेश्वरी मंदिर को, बांग्लादेश के 'राष्ट्रीय मंदिर' होने का गौरव प्राप्त है। 1971 में पाकिस्तान सेना द्वारा रामन काली मंदिर को नष्ट करने के बाद से इसे बांग्लादेश में हिंदुओं की पूजा का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थल माना जाता है। इसे 12वीं शताब्दी में सेन वंश के राजा बल्लाल सेन ने बनवाया था।

106. (1) 'शक्तियों के पृथकीकरण' की अवधारणा सरकारी प्राधिकरण को तीन शाखाओं में विभाजित करती है: विधायी, कार्यकारी और न्यायपालिका। 'द स्पिरिट ऑफ लॉज' (1748) में, मॉन्टेसक्यू ने विधायिका, एक कार्यकारी और एक न्यायपालिका के बीच राजनीतिक शक्ति के वितरण का वर्णन किया। उन्होंने इस मॉडल को रोमन गणराज्य और ब्रिटिश संवैधानिक प्रणाली के संविधान पर आधारित बताया है।

107. (1) मैग्पी रॉबिन बांग्लादेश का राष्ट्रीय पक्षी है। इसे डोयेल या डोइल के रूप में भी जाना जाता है। यह बांग्लादेश में व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला प्रतीक है। यह मुद्रा एवं नोटों पर दिखाई देता है, और ढाका शहर में एक ऐतिहासिक स्थल को डोइल चट्टर (अर्थात् डोइल स्क्वायर) के नाम से जाना जाता है।

108. (4) बांग्लादेश की आधिकारिक भाषा बांग्ला है जिसे वहाँ की सर्वाधिक जनसंख्या द्वारा बोली जाती है। इसके अलावा, असमिया, अराकानीज, बिष्णुप्रिया, बर्मी, चक और चकमा सहित बांग्लादेश में 38 भाषाएँ बोली जाती हैं। मैथिली बिहार और भारत के झारखण्ड राज्यों तथा नेपाल के तराई क्षेत्र में बोली जाने वाली एक भारतीय-आर्य भाषा है।

109. (2) सिरीमावो भंडारनायके एक श्रीलंकाई राजनेता हैं । जब वह 1960 में श्रीलंका की प्रधानमंत्री चुनी गईं तो वह आधुनिक इतिहास में दुनिया की पहली गैर-वंशानुगत महिला सरकार की प्रमुख बनीं । उन्हें तीन बार : 1960–1965, 1970–1977 और 1994–2000 इस पद पर चुना गया।

110. (3) इस्कंदर मिर्जा एक बंगाली नौकर शाह और पाकिस्तान की सेना के मेजर- जनरल थे जिन्होंने पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। 1956 में उन्हें पाकिस्तानी राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था जब संविधान को पहली बार प्रख्यापित किया गया था। उन्हें 1958 में उनके नियुक्त सेना कमांडर जनरल अयूब खान ने बर्खास्त कर दिया था।

111. (2) बांग्लादेश मुक्ति संग्राम ने बंगाली राष्ट्रवाद और 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में आत्मनिर्णय आंदोलन के उदय से एक क्रांति और सशस्त्र संघर्ष छिड़ गया। पश्चिम पाकिस्तान द्वारा आत्मसमर्पण करने के बाद 16 दिसंबर, 1971 को युद्ध समाप्त हो गया और बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की गई।

112. (3) पृथ्वी नारायण शाह गोरखा साम्राज्य के अंतिम शासक थे, वर्तमान नेपाल, और नेपाल के पहले सम्राट थे। अठारहवीं शताब्दी के मध्य में नेपाल के सभी छोटे राज्यों पर विजय प्राप्त करने के बाद, राजा पृथ्वी नारायण शाह अपनी राजधानी गोरखा से काठमांडू में स्थापित किया और नव निर्मित साम्राज्य का नामकरण नेपाल किया।

113. (4) 'सकल राष्ट्रीय खुशी' वाक्यांश पहली बार भूटान के चौथे राजा, राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक द्वारा गढ़ा गया था, 1972 में जब उन्होंने घोषणा की, 'सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में सकल राष्ट्रीय खुशहाली अधिक महत्त्वपूर्ण है। GNH दोनों पारंपरिक क्षेत्रों में शामिल हैं। सामाजिक-आर्थिक चिंताओं जैसे जीवन स्तर, स्वास्थ्य और शिक्षा और संस्कृति सामान्यजन की भलाई के लिए पारंपरिक पहलू।

114. (1) सिरीमावो भंडारनाइक आधुनिक इतिहास में दुनिया की पहली गैर-वंशानुगत महिला थी जो किसी देश की सरकार में प्रमुख बनी, उन्हें 1960 में श्रीलंका का प्रधानमंत्री चुना गया था। उन्हें तीन बार : 1960–1965, 1970–1977 और 1994– 2000 इस पद पर चुना गया । 1960 में उनके पति सोलोमन भंडारनाइक के बाद राजनीति में अचानक प्रवेश हुआ, जब सीलोन के तत्कालीन प्रधान मंत्री सोलोमन की 26 सितंबर, 1959 को एक बौद्ध भिक्षु ने हत्या कर दी थी।

115. (4) शेख हसीना बांग्लादेशी राजनीतिज्ञ हैं, जिन्होंने बांग्लादेश के 10 वें प्रधान मंत्री के रूप में सेवा की है, जिन्होंने जनवरी 2009 से कार्यालय का कार्यभार संभाला है। वह बांग्लादेश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली प्रधानमंत्री हैं। वह बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं।

116. (1) युआन शिकई 1912 में चीन गणराज्य के पहले आधिकारिक राष्ट्रपति थे। वह एक चीनी सैन्य अधिकारी थे, जो देर से किंग राजवंश के दौरान सत्ता में आए और कई आधुनिकीकरण परियोजनाओं के साथ राजवंश को बचाने की कोशिश की। उन्होंने किंग राजवंश के अंतिम वर्षों में उत्तरी चीन में पहली आधुनिक सेना और एक अधिक कुशल प्रांतीय सरकार की स्थापना की।

117. (1) इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान का संविधान पाकिस्तान का सर्वोच्च कानून है। जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार द्वारा देश के विपक्षी दलों से अतिरिक्त सहायता के साथ, इसे 10 अप्रैल को संसद द्वारा अनुमोदित किया गया और 14 अगस्त 1973 को इसकी पुष्टि की गई।

118. (2) 19वीं शताब्दी में तीन एंग्लो-बर्मी युद्धों के बाद अंग्रेजों ने बर्मा का प्रशासन अपने हाथ में ले लिया। 4 जनवरी, 1948 को बर्मा इंडिपेंडेंस एक्ट 1947 की शर्तों के तहत, बर्मा (जिसे अब म्यांमार के नाम से जाना जाता है) को ब्रिटेन से आजादी मिल गई। नए देश का नाम बर्मा यूनियन रखा गया, जिसमें साओ श्वेथिक इसके पहले राष्ट्रपति और यू नू इसके पहले प्रधानमंत्री थे।

119. (1) प्रथम अफीम युद्ध ब्रिटेन द्वारा चीन पर किया गया सर्वप्रथम आक्रमणकारी युद्ध था। इस युद्ध की शुरुआत 1840 ई. में हुई और यह दो साल (1840 से 1842 ई.) युद्ध में ब्रिटेन की सेना के दबाब के आगे छिंग राजवंश की सरकार को ब्रिटेन से नानचिंग सन्धि करनी पड़ी, जिसके फलस्वरूप चीन एक अर्ध उपनिवेशिक देश बन गया।।

120. (2) 'बेबीलोन का हैंगिंग गार्डन' प्राचीन दुनिया के सात अजूबों में से एक था, जिसे हेलेनिक संस्कृति द्वारा सूचीबद्ध किया गया था। यह कहा जाता था कि यह प्राचीन शहर बेबीलोन में, वर्तमान हिल्लहा, बेबील प्रांत में, बनाया गया था। इसका निर्माण राजा नेबुचंदनेजर II (जिन्होंने 605 और 562 ईसा पूर्व के बीच शासन किया था) ने अपनी पत्नी क्वीन एमाइटिस के लिए किया था।

121. (4) ब्रिटिश सम्राट किंग जॉर्ज पंचम और उनकी धर्मपत्नी क्वीन मैरी ने 12 दिसम्बर, 1911 को दिल्ली दरबार में भारत का ताज ग्रहण किया।

- हजारों हीरे और कीमती रत्नों के साथ राज्याभिषेक में शामिल राजा और रानी लाल किले के झरोखे में 5 लाख भारतीय लोगों को दर्शन देने के लिए आए, जो संप्रभु जोड़े को बधाई देने के लिए एकत्र हुए थे।
- ब्रिटिश सम्राट ने इस दरबार में कलकत्ता (अब कोलकाता) से शाही राजधानी को दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की।

122. (3) म्यांमार के मोन राज्य में क्याइक हती यो पगोड़ा एक प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल है।

- यह एक छोटा पगोड़ा (7.3 मीटर (24 फीट)) है जो अपने पुरुष भक्तों द्वारा चिपकाए गए सोने के पत्तों से ढके एक ग्रेनाइट बोल्डर के शीर्ष पर बनाया गया है।
- इसे गोल्डन रॉक के नाम से भी जाना जाता है।
- यह पगोड़ा तेनसेरीम तट के उत्तरी भाग में मोन राज्य में क्योटो के पास स्थित है।

123. (4) 1907 से 1926 तक गोंगसर उग्येन वांगचुक पहले ड्रुक ग्यालपो (भूटान के राजा) बने।

- उन्होंने 17 दिसंबर, 1907 को राजशाही की स्थापना की।
- ड्रुक ग्यालपो को आमतौर पर भूटान के राजा के रूप में जाना जाता है।

124. (4) 1947 में ब्रिटिश भारत के विभाजन के बाद, बांग्लादेश पाकिस्तान में एकीकृत हो गया था।

- इसे 1955 तक ईस्ट बंगाल और उसके बाद ईस्ट-पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था।
- 16 दिसंबर, 1971 को, पूर्वी पाकिस्तान पश्चिमी पाकिस्तान से अलग हो गया और बांग्लादेश के नाम से नया स्वतंत्र राष्ट्र बन गया।

□□□

3 भारतीय कला एवं संस्कृति

1997–2010 के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है

1. नृत्य के ''मोहिनी अट्टम'' रूप का विकास कहाँ हुआ था ?
(1) मणिपुर में
(2) केरल में
(3) कर्नाटक में
(4) तमिलनाडु में
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–08.02.2004 प्रथम पाली)
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा–05.07.2017, प्रथम पाली)

2. निम्नलिखित कलाकारों और उनके कलारूपों का मिलान कीजिए :

कलाकार
(A) संयुक्ता पाणिग्रही
(B) एम. गोपाल कृष्ण अय्यर
(C) पंडित रविशंकर
(D) पालघाट मणि अय्यर

कलारूप
1. सितार 2. मृदंगम
3. वायलिन 4. ओडिसी नृत्य

कूट :

	A	B	C	D
(1)	3	2	4	1
(2)	4	3	1	2
(3)	2	4	3	1
(4)	1	3	2	4

(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–05.09.2004)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 प्रथम पाली)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, प्रथम पाली)

3. भारत की सबसे पहली बोलती (टाकी) फ़ीचर फिल्म कौन सी थी ?
(1) राजा हरिश्चंद्र (2) आलम आरा
(3) दुनिया न माने (4) आदमी
(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–05.12.2004),
(SSC डाटा एंट्री ऑपरेटर परीक्षा–31.08.2008),
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013),
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378),
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

4. निम्नलिखित में से चित्रकला के क्षेत्र में कौन प्रसिद्ध है ?
(1) परबीन सुल्ताना (2) प्रो॰ टी॰ एन॰ कृष्णन
(3) राम किंकर (4) राजा रवि वर्मा
(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–26.06.2005)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

5. बिरजू महाराज ने किस नृत्य शैली मे ख्याति प्राप्त की थी ?
(1) भरतनाट्यम (2) कुचिपुड़ी
(3) कथक (4) ओडिसी
(SSC सेक्शन ऑफिसर (कमर्शियल ऑडिट) परीक्षा–25.09.2005)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-30.08.2016 द्वितीय पाली)

6. हरिप्रसाद चौरसिया का सम्बन्ध किस संगीत वाद्य से है?
(1) बाँसुरी (2) सरोद
(3) सितार (4) वीणा
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–13.11.2005 द्वितीय पाली)
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा 16.09.2017, तृतीय पाली)

7. सूची–I का मिलान सूची–II के साथ कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (संगीतज्ञ)	**सूची–II (उत्कृष्टता)**
a. असद अली खाँ	1. शहनाई
b. मल्लिकार्जुन	2. वायलिन
c. बिस्मिल्ला खाँ	3. शास्त्रीय संगीत
d. टी.एन. कृष्णन	4. वीणा

कूट :

	a	b	c	d
(1)	2	4	3	1
(2)	4	3	1	2
(3)	3	4	2	1
(4)	1	2	3	4

(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–12.11.2006)
(SSC डाटा एंट्री ऑपरेटर परीक्षा–31.08.2008)
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, प्रथम पाली)

8. अमजद अली खाँ किस वाद्य में निपुण हैं?
(1) वायलिन (2) सितार
(3) सरोद (4) सारंगी
(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–14.12.2008)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 प्रथम पाली),
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

9. निम्नलिखित में से कौन-सा लोक-नृत्य राजस्थान से सम्बन्धित है?
(1) रउफ (2) झोरा
(3) वीधी (4) सुइसिनी
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–19.06.2011 प्रथम पाली)

10. निम्न में से कौन सा लोक/जनजातीय नृत्य कर्नाटक से संबंधित है?
(1) यक्षगान (2) वीधी
(3) जात्रा (4) झोरा
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–19.06.2011 द्वितीय पाली)

11. निम्न में से कौन-सा लोक/जनजातीय नृत्य उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित है?
(1) वीधी (2) थोरा
(3) तमाशा (4) रउफ
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–26.06.2011 प्रथम पाली)

12. निम्न में से कौन-सा लोकनृत्य जम्मू और कश्मीर से संबंधित है?
(1) झोरा (2) वीधी
(3) रउफ (4) सुइसिनी
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–26.06.2011 द्वितीय पाली)

13. नौटंकी निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है?
(1) हरियाणा (2) उत्तर प्रदेश
(3) राजस्थान (4) गुजरात
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–22.01.2012)

14. गुरु गोपीनाथ प्रतिपादक थे
(1) कथक के (2) कथकली के
(3) कुचीपुड़ी के (4) भरतनाट्यम के
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–22.01.2012)

15. सत्यजीत रे का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ था?
(1) शास्त्रीय नृत्य (2) पत्रकारिता
(3) शास्त्रीय संगीत (4) फिल्म निर्देशन
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–05.02.2012 प्रथम पाली)

16. निम्नलिखित में से कौन-सा असम का प्रसिद्ध त्योहार है?
(1) मकर संक्रान्ति (2) युगादी
(3) ओणम (4) रोंगाली बिहु
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–05.02.2012 प्रथम पाली)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011),
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011),
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

17. 'तबल चोंगली' किस राज्य के लोक नृत्य का रूप है ?
(1) पश्चिम बंगाल (2) असम
(3) आंध्र प्रदेश (4) महाराष्ट्र
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–05.02.2012 द्वितीय पाली)

18. पंडित शिवकुमार शर्मा निम्नलिखित में से किसके विशेषज्ञ हैं ?
(1) तबला (2) सरोद
(3) वायलिन (4) संतूर
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–05.05.2002 पूर्व क्षेत्र, प्रथम पाली)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013),
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, द्वितीय पाली),
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-30.08.2016 प्रथम पाली)

19. ''गिद्धा'' भारत के किस राज्य का लोक नृत्य है?
(1) पंजाब (2) हरियाणा
(3) उत्तर प्रदेश (4) उत्तरांचल
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–30.07.2006, उत्तर क्षेत्र द्वितीय पाली)
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–22.01.2017, तृतीय पाली)

20. प्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर _____ में स्थित है।
(1) मदुराई (2) तंजावुर
(3) कांचीपुरम (4) रामेश्वरम
(SSC CHSLL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–11.01.2017, द्वितीय पाली)

21. मैथिली भाषा मुख्य रूप से किस राज्य में बोली जाती है?
(1) बिहार (2) असम
(3) पश्चिम बंगाल (4) मेघालय
(SSC CHSLL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–11.01.2017, द्वितीय पाली)

22. निम्न में से किस भाषा को केंद्रीय सरकार द्वारा श्रेण्य भाषा (क्लासिकल भाषा) का दर्जा दिया गया था?
(1) गुजराती (2) तमिल
(3) मराठी (4) मलयालम
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–09.01.2011)

23. **कथकली शास्त्रीय नृत्य किस राज्य से शुरू हुआ था?**
(1) केरल **(2) कर्नाटक**
(3) राजस्थान **(4) तमिलनाडु**
(SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टॉफ परीक्षा–20.02.2011),
(SSC सी.आई.एस.एफ. कांस्टेबल (जीडी) स्टॉफ परीक्षा–05.06.2011),
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली),
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली तथा SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली)

24. खजुराहो समूह के प्रसिद्ध स्मारक किस राज्य में है?
(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश
(3) राजस्थान (4) महाराष्ट्र
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–13.01.2017, तृतीय पाली)

25. निम्न में से कौन सुप्रसिद्ध तबला-वादक है?
(1) जाकिर हुसैन
(2) विक्कू विनायकराम
(3) पं. वी.जी. जोग
(4) पालघाट मणि ऐय्यर
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–16.10.2011)

26. पुरी में 'रथ यात्रा' किसके सम्मान में आयोजित की जाती है?
(1) भगवान राम
(2) भगवान विष्णु
(3) भगवान जगन्नाथ
(4) भगवान विष्णु
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011 East Zone)

27. सुमेलित करें

a. भरतनाट्यम	1. उड़ीसा
b. कुचीपुड़ी	2. केरल
c. कथकली	3. आंध्र प्रदेश
d. ओडिसी	4. तमिलनाडु

कूट :

	a	b	c	d
(1)	4	3	2	1
(2)	3	4	1	2
(3)	2	3	4	1
(4)	1	2	3	4

(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011 Easter zone)
(SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टॉफ परीक्षा–27.02.2011)
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–22.01.2012)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 प्रथम पाली)
(बिहार SSC द्वितीय स्नातक स्तर प्रारंभिक परीक्षा 23.02.2015)
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 12.09.2017, प्रथम पाली)

28. कोणार्क का 'सूर्य मंदिर' किस राज्य में है?
(1) उड़ीसा (2) झारखंड
(3) आंध्र प्रदेश (4) मध्य प्रदेश
(SSC Delhi Police सब इंस्पेक्टर परीक्षा, 19.08.2012, Paper-I)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

29. संस्कृत भाषा के पहले वैयाकरण कौन थे?
(1) कल्हण (2) मैत्रेयी
(3) कालिदास (4) पाणिनी
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)

30. राजतरंगिणी के लेखक कौन हैं?
(1) कल्हण (2) अल्बरूनी
(3) हर्षवर्धन (4) कौटिल्य
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)

31. दिल्ली में निम्न में से कौन-सा स्मारक विश्व विरासत साइट के रूप में शामिल नहीं किया गया है?
(1) लाल किला (2) हुमायूँ का मकबरा
(3) कुतुब मीनार (4) जंतर मंतर
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 04.11.2012, द्वितीय पाली)

32. गंधार मूर्तिकला की सर्वोत्तम कृतियाँ कब प्रकट हुईं?
(1) मौर्य काल में (2) कुषाण काल में
(3) गुप्त काल में (4) हर्ष काल में
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 04.11.2012, द्वितीय पाली)

33. अजंता एवं एलोरा की गुफाएँ किससे संबंधित हैं?
(1) जैन (2) बौद्ध
(3) हिन्दू (4) सिख
(SSC FCI सहायक ग्रेड-III परीक्षा, 11.11.2012, प्रथम पाली)

34. मनुस्मृति में जिस विषयवस्तु की चर्चा की गई है, वह संबंधित है
(1) अर्थशास्त्र से (2) राजनीति से
(3) कानून से (4) कला से
(SSC FCI सहायक ग्रेड-III परीक्षा, 11.11.2012, प्रथम पाली)

35. भीलों के प्रसिद्ध लोक नाटक का नाम क्या है?
(1) गवरी (2) स्वांग
(3) तमाशा (4) रम्मत
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

36. राष्ट्रीय ध्वज के धर्मचक्र में कितने अरे होते हैं?
(1) 22 (2) 18
(3) 24 (4) 14
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, कोलकाता क्षेत्र)
(SSC मैट्रिक स्तरीय मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, द्वितीय पाली)

37. पपेटी किसका त्योहार है?
(1) पारसी (2) जैन
(3) सिख (4) बौद्ध
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, कोलकाता क्षेत्र),
(SSC मैट्रिक स्तरीय मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, द्वितीय पाली)

38. 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा' गीत किसने लिखा ?
(1) अशफाक-उल्ला खाँ
(2) साहिर लुधियानवी
(3) मोहम्मद इकबाल
(4) राम प्रसाद बिस्मिल
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली)

39. पेकिंग किसका धर्म स्थल है?
(1) ताओवाद (2) शिंतोवाद
(3) कंफ्यूशियनवाद (4) यहूदीवाद
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली)

40. सांग _____ का लोक नृत्य है।
(1) मणिपुर (2) झारखंड
(3) छत्तीसगढ़ (4) हरियाणा
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–13.01.2017, तृतीय पाली)

41. दूरदर्शन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(1) 1939 (2) 1949
(3) 1959 (4) 1969
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–13.01.2017, तृतीय पाली)

42. किसने कहा था, "सत्य परम तत्व है और वह ईश्वर है"?
(1) स्वामी विवेकानंद (2) रवीन्द्र नाथ टैगोर
(3) मो. क. गाँधी (4) राधाकृष्णन
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 21.04.2013)

43. "भांगड़ा" कहाँ का नृत्य है?
(1) हरियाणा (2) राजस्थान
(3) दिल्ली (4) पंजाब
(SSC कांस्टेबल (GD) परीक्षा, 12.05.2013)

44. "डांडिया" कहाँ का प्रसिद्ध नृत्य है?
(1) गुजरात (2) असम
(3) झारखंड (4) महाराष्ट्र
(SSC कांस्टेबल (GD) परीक्षा, 12.05.2013)

45. भारत का निम्नलिखित में से कौन सा विश्व धरोहर स्थल मध्य प्रदेश में नहीं है?
(1) खजुराहो के मंदिर
(2) सूर्य मंदिर, कोणार्क
(3) साँची स्तूप
(4) भीमबेतका के शैल आश्रय
(SSC स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा, 19.05.2013)

46. निम्नलिखित में से किसका गलत जोड़ा बनाया गया है?

लोकनृत्य	**राज्य**
(1) केरल	करगम
(2) गुजरात	गरबा
(3) उत्तर प्रदेश	नौटंकी
(4) पश्चिम बंगाल	जटन

(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 19.05.2013)

47. संगीत नाटक अकादमी द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य के रूप में केवल सन् 2000 में मान्यताप्राप्त "सत्तरीया नृत्य" मूलत: कहाँ का है?
(1) असम (2) कर्नाटक
(3) गुजरात (4) त्रिपुरा
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 20.10.2013)

48. निम्न वार्षिक सांस्कृतिक उत्सवों में से मध्य प्रदेश में कौन सा उत्सव नहीं मनाया जाता?
(1) मारवाड़ उत्सव
(2) तानसेन संगीत उत्सव
(3) उस्ताद अलाउद्दीन उत्सव
(4) कालिदास सम्मान
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 27.10.2013, द्वितीय पाली)

49. निम्नलिखित में से कौन-सा स्मारक विश्व ध रोहर के स्मारकों में सबसे पहले बसा हुआ स्मारक है?
(1) आगरा किला (2) लाल किला
(3) जैसलमेर किला (4) अम्बेर किला
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, प्रथम पाली)

50. बौद्धों के पवित्र अवशेषों पर निर्मित गुम्बदाकार छत वाली अर्ध गोलाकार संरचना को क्या कहते हैं?
(1) स्तूप (2) धर्मादेश
(3) स्तंभ (4) एकाश्मक
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014 द्वितीय पाली)

51. यहूदियों के धार्मिक पाठ का नाम है
(1) सूक्ति संग्रह (2) मूसा संहिता
(3) त्रिपिटक (4) जेंद-अवेस्ता
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 09.11.2014)

52. भारत का राष्ट्रीय फल है
(1) आम (2) अन्नानास
(3) सेब (4) अंगूर
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

53. 'भारतमाता' नामक प्रसिद्ध पेंटिंग के चित्रकार कौन थे ?
(1) गगनेंद्रनाथ टैगोर (2) अवनिन्द्रनाथ टैगोर
(3) नन्दलाल बोस (4) जैमिनी रॉय
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

54. भारत का राष्ट्रीय पुष्प है :
(1) गुलाब (2) गेंदा
(3) कमल (4) मॉर्निंग ग्लोरी
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

55. भारत के राष्ट्रीय कैलेन्डर का यह पहला मास है:
(1) सक (2) भाद्र
(3) कार्तिक (4) चैत्र
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

56. भारत की फिल्म और टेलीविजन संस्था कहाँ स्थित है?
(1) अहमदाबाद (2) मैसूर
(3) मुंबई (4) पुणे
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली)

57. सर्वश्रेष्ठ फीचर का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली फिल्म थी :
(1) काबुलीवाला (2) श्यामची आई
(3) अनुराधा (4) अपुर संसार
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

58. प्रसिद्ध पेंटर राजा रवि वर्मा किस रियासत से जुड़े थे ?
(1) मैसूर (2) त्रावणकोर
(3) कूर्ग (4) कूच-बिहार
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013), (SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–08.09.2016, Shift-II)

59. कोंकणी _____ की शासकीय भाषा है।
(1) चंडीगढ़
(2) दादरा और नगर हवेली
(3) दमन और दिउ
(4) दिल्ली
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–20.01.2017, तृतीय पाली)

60. प्रतिमापरक व्यक्तित्व अमृता शेर गिल का जन्म स्थान है
(1) हंगरी (2) भारत
(3) ऑस्ट्रिया (4) पोलैंड
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

61. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का प्रारंभ वर्ष ____ से किया गया था।
(1) 1973 (2) 1980
(3) 1987 (4) 1984
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–21.01.2017, द्वितीय पाली)

62. भारतीय वोकल म्यूजिक का प्राचीन रूप है
(1) ध्रुपद (2) ठुमरी
(3) गजल
(4) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)

63. दादा साहेब फाल्के ने किस वर्ष अपनी पहली फीचर फिल्म तैयार की थी ?
(1) 1911 (2) 1913
(3) 1910 (4) 1912
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)

64. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय लोकनृत्य है?
(1) मोहिनीअट्टम (2) कथकली
(3) मणिपुरी (4) गरबा
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279 एवं 16.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 2176783)

65. गराड़ी _____ का लोक नृत्य है।
(1) मिजोरम (2) पुडुचेरी
(3) गुजरात (4) राजस्थान
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–30.01.2017, तृतीय पाली)

66. ललित कला अकादमी किसके संवर्धन के लिए समर्पित है?
(1) ललित कला (2) साहित्य
(3) संगीत (4) नृत्य एवं नाटक
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

67. भारत में नृत्य, नाटक और संगीत के विकास को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी निम्नलिखित में से किसकी है?
(1) ललित कला अकादमी
(2) संगीत नाटक अकादमी
(3) नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा
(4) साहित्य अकादमी
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 1375232, प्रथम पाली)

68. निम्नलिखित में से कौन भरतनाट्यम की नर्तिका **नहीं** है ?
(1) लीला सैमसन (2) सोनल मानसिंह
(3) सितारा देवी (4) गीता रामचंद्रन
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 3441135, द्वितीय पाली)

69. चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन का सर्जक कौन था?
(1) खुशवंत सिंह (2) चार्ल्स कॉर्बुजियर
(3) एडवर्ड बेकर (4) नेकचंद
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, द्वितीय पाली)

70. "बृहद्देशी" जोकि एक प्राचीन लेख हैं उसमें उपस्थिति कौन सी संगीतात्मक संरचना को लोक और शास्त्रीय संगीत में वर्गीकृत किया गया है ?
(1) वक्र (2) स्वरस
(3) राग (4) ठाट्स
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

71. 'कलारीपट्टू' किस राज्य का मार्शल आर्ट है?
(1) मध्य प्रदेश (2) मिजोरम
(3) नगालैंड (4) केरल
(SSC CGL Tier-I (CBE) ऑनलाइन परीक्षा- 09.09.2016 प्रथम पाली)

72. पांडवों द्वारा गुरु द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा शहर दिया गया था?
(1) रावलपिंडी (2) नैनीताल
(3) हस्तिनापुर (4) गुडगांव
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस परीक्षा-05.06.2016 प्रथम पाली)

73. माउंट आबू स्थित मशहूर दिलवाड़ा मन्दिर निम्नलिखित में से किस समुदाय का पवित्र तीर्थस्थल है ?
(1) बौद्ध (2) जैन
(3) सिक्ख (4) पारसी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-01.09.2016 प्रथम पाली)

74. पन्नालाल घोष निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्य यंत्र बजाते थे ?
(1) बाँसुरी (2) सितार
(3) वायलिन (4) संतूर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-01.09.2016 प्रथम पाली)

75. किस स्मारक को 'भारत का राष्ट्रीय स्मारक' कहते हैं?
(1) इंडिया गेट (2) गेटवे ऑफ इंडिया
(3) राजघाट (4) लाल किला
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 प्रथम पाली)

76. इब्राहिम अलकाजी निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रसिद्ध शख्सियत हैं ?
(1) हृदय शल्यचिकित्सा (2) सिविल विमानन
(3) नाट्य मंच (4) चित्रकला
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016 प्रथम पाली)

77. सत्तरिया किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है ?
(1) मणिपुर (2) उत्तर प्रदेश
(3) असम (4) आंध्रप्रदेश
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016 प्रथम पाली)

78. पंडित भीमसेन जोशी निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंध रखते हैं ?
(1) साहित्य (2) सामाजिक सेवाएँ
(3) शास्त्रीय संगीत (4) राजनीति
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-06.09.2016 प्रथम पाली)

79. रागिनी किस राज्य की लोकप्रिय गीत शैली है ?
(1) कश्मीर (2) केरल
(3) हरियाणा (4) मणिपुर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-06.09.2016 प्रथम पाली)

80. अमृता शेरगिल एक प्रसिद्ध _____ थी
(1) नर्तकी (2) गायिका
(3) अभिनेत्री (4) चित्रकार
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, द्वितीय पाली)

81. कोलट्टम और छोलिया नृत्य शैली किन दो राज्यों से सम्बंधित हैं?
(1) केरल और कर्नाटक
(2) आन्ध्रप्रदेश और उत्तर प्रदेश
(3) तमिलनाडु और मध्यप्रदेश
(4) कर्नाटक और बिहार
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-30.08.2016, Shift-III)

82. जुबिन मेहता किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?
(1) साहित्य (2) चित्रकारी
(3) संगीत (4) पत्रकारी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

83. भारत के राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एन एफ ए आई) का मुख्यालय कहाँ पर है?
(1) पुणे (2) चेन्नई
(3) बैंगलोर (4) मुम्बई
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-07.09.2016, Shift-III)

84. निम्नलिखित में से किसका सही मेल नहीं है?
(1) महाकाल मन्दिर-उज्जैन
(2) शृंगेरीमठ- चिकमंगलूर जिला
(3) सूर्य मन्दिर - कोणार्क
(4) जैन मन्दिर - खजुराहो
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-08.09.2016, Shift-III)

85. कलमकारी चित्रकला का संबंध किससे है?
(1) दक्षिण भारत में हस्त-चित्रित सूती वस्त्र
(2) पूर्वोत्तर भारत में बांस के हस्तशिल्प पर हस्तनिर्मित आकृति
(3) भारत के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में ब्लॉक चित्रित ऊनी वस्त्र
(4) पश्चिमोत्तर भारत में हस्त-चित्रित सजावटी रेशम वस्त्र
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-10.09.2016, Shift-III)

86. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

मंदिर	**धर्म**
1. दिलवाड़ा मंदिर	a. बहाई
2. स्वर्ण मंदिर	b. हिंदू धर्म
3. कमल मंदिर	c. सिख धर्म
4. सूर्य मंदिर	d. जैन धर्म

(1) 1-d, 2-c, 3-a, 4-b
(2) 1-c, 2-d, 3-a, 4-b
(3) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c
(4) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–01.07.2017, प्रथम पाली)

87. निम्नलिखित में से क्या गुजरात का लोक नाट्य मंच का रूप है?

(1) जात्रा (2) रास
(3) तमाशा (4) भवई

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.10.2016, Shift-I)

88. भारत की फिल्म और टेलीविजन संस्था कहाँ स्थित है?

(1) अहमदाबाद (2) मैसूर
(3) मुंबई (4) पुणे

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा-16.01.2017, Shift-II)

89. निम्नलिखित में से कौन सुप्रसिद्ध भारतीय चित्रकार है?

(1) बालमुरलीकृष्ण (2) यामिनी कृष्णामूर्ति
(3) एम.एफ. हुसैन (4) रविशंकर

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा-30.04.2016, प्रथम पाली)

90. रंगनाथ मंदिर कहाँ स्थित है?

(1) कांचीपुरम (2) तिरूपति
(3) चेन्नई (4) श्रीरंगम्

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा-30.04.2016, प्रथम पाली)

91. ऑल सोल्स डे एक ..... का त्योहार है।

(1) बौद्ध धर्म (2) जैन धर्म
(3) ईसाई धर्म (4) इस्लाम धर्म

(SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा–02.07.2017, प्रथम पाली)

92. कमल मंदिर किस धर्म के लिए जाना जाता है ?

(1) यहूदी धर्म (2) बौद्ध धर्म
(3) बहाई धर्म (4) ताओ धर्म

(SSC CAPFs व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–03.07.2017, प्रथम पाली)

93. निम्नलिखित में से किसको आधुनिक विश्व के सात अजूबों के बीच मानद स्थिति दी गई है?

(1) ताजमहल
(2) गीजा की विशाल पिरामिड
(3) पेत्रा
(4) कोलोसियम

(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

94. "लावणी" लोक नृत्य भारत के किस राज्य से संबंधित है?

(1) महाराष्ट्र (2) गुजरात
(3) मध्य प्रदेश (4) आंध्र प्रदेश

(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 05.08.2017, तृतीय पाली)

95. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म गलत है?

(1) अमजद अली खान – तबला
(2) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ – शहनाई
(3) हेमा मालिनी – भरतनाट्यम
(4) शंभु महाराज –कथक

(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 08.08.2017, प्रथम पाली)

96. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

उत्सव	**राज्य**
1. गणगौर	a. पश्चिम बंगाल
2. गणेश चतुर्थी	b. राजस्थान
3. दूर्गा पूजा	c. महाराष्ट्र

(1) 1–b, 2–c, 3–a
(2) 1–c, 2–a, 3–b
(3) 1–b, 2–a, 3–c
(4) 1–a, 2–c, 3–b

(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 09.08.2017, द्वितीय पाली)

97. निम्नलिखित का मिलान कीजिए

नृत्यांगना	**नृत्य**
1. राधा रेड्डी	a. भरतनाट्यम
2. पद्मा सुब्रमण्यम	b. कथक
3. सितारा देवी	c. कुचिपुडी

3. (2) भारत की सबसे पहली बोलती (टॉकी) फीचर फिल्म 'आलमआरा' थी। दुण्डिराज गोविन्द फालके ने जिन्हें दादा साहब फालके (1870-1944) नाम से जाना जाता है, 1913 में राजा हरिश्चन्द्र नामक मूक फिल्म बनाई थी। 1931 में 'आलमआरा' फिल्म के निर्माण के समय मूक फिल्मों का युग समाप्त होता है तथा बोलती फिल्मों का युग प्रारम्भ हुआ। यह प्रथम भारतीय बोलती फिल्म थी। इसके निर्माता अन्द्रेशिर ईरानी थे।

4. (4) राजा रविवर्मा चित्रकला के क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। 'चित्रकारों का राजकुमार' तथा 'राजकुमारों में चित्रकार' की संज्ञा से सुविख्यात् राजा रवि वर्मा का जन्म 29 अप्रैल, 1848 को केरल के तिरुअनन्तपुरम् से 40 किमी. दूर स्थित 'किनीमत्तूर' के राजघराने में हुआ था।

5. (3) 'कथक' नृत्य शैली में बिरजू महाराज ने ख्याति प्राप्ति की है। उत्तर प्रदेश की धरती पर जन्मे इस नृत्य की उत्पत्ति ब्रजभूमि की रासलीला से हुई है। 14वीं-15वीं सदी तक सभी भारतीय नृत्य, धर्म और मंदिरों से जुड़े हुए थे। कथक भी उन्हीं में से एक था। कथक घरानों में लखनऊ घराना अधिक प्रसिद्ध है। (अन्य जयपुर तथा रायगढ़) कला-विलासी नवाब बाजिद अली शाह के शासन काल में यह लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा। नवाब साहब स्वयं ठाकुर प्रसाद से नृत्य सीखा करते थे। इन्हीं ठाकुर प्रसाद के वंशज बिरजू महाराज है जिन्होंने कथक को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।
कथक नृत्य से संबंधित अन्य प्रमुख व्यक्ति हैं - दुर्गालाल, देवीलाल, उमा शर्मा, शाश्वती सेन, गोपी कृष्ण, रानी कर्णा, दमयंती जोशी, कुमुदिनी इत्यादि।

6. (1) हरिप्रसाद चौरसिया का संबंध बाँसुरी वाद्य से है। ऐसा माना जाता है कि बाँसुरी का आविष्कार आर्यों ने किया। इसमें स्वराघात संशोधन स्वत: ही होता है। यह सुशीर वाद्य (हवा से बजने वाला) है। तमिलनाडु में इसे मुरली, वंशी, कुझल तथा आंध्र प्रदेश में पिलनग्रोवी, कर्नाटक में इसे 'कोलालु' के नाम से जाना जाता है। बांसुरी से संबंधित प्रमुख व्यक्ति हैं - हरिप्रसाद चौरसिया, प्रकाश सक्सेना, देवेन्द्र मुक्तेश्वर, विजयराघवराय, रघुनाथ सेठ, पन्नालाल घोष प्रकाशबढेरा, राजेन्द्र प्रसन्ना आदि।

7. (2)

(a) असद अली खाँ	4. वीणा
(b) मल्लिकार्जुन	3. शास्त्रीय संगीत
(c) बिस्मिल्ला खाँ	1. शहनाई
(d) टी. एन. कृष्णन	2. वायलिन

8. (3) अमजद अली खान, सरोद वादन में निपुण है। इन्होंने सरोद के परंपरागत रूप एवं शैली में परिवर्तन किया। अमीरी तोड़ी, हरिप्रिया कन्नड़, जवाहर मंजिरी एवं शिवार्जलि उनके द्वारा बनाए गए रागों में शामिल है। अमजद अली खान भारतीय संगीत के ग्वालियर घराने के हाफिज अली खान के बेटे हैं।

9. (4)

लोकनृत्य	**संबंधित राज्य**
रऊफ	जम्मू एवं कश्मीर
झोरा	उत्तराखंड
वीधी	आंध्र प्रदेश
सुइसिनी	राजस्थान

10. (1) यक्षगान – कर्नाटक
वीधी – आंध्र प्रदेश
जात्रा – पश्चिम बंगाल
झोरा – उत्तराखंड (यह समुदायिक नृत्य है)

11. (2) वीधी-आंध्रप्रदेश, थोरा-उत्तर प्रदेश, तमाशा- महाराष्ट्र, रऊफ-जम्मू एवं कश्मीर

12. (3) रौफ (रउफ), यह कश्मीर घाटी में किया जाने वाला मनोरंजक नृत्य है इस नृत्य के साथ गाए जाने वाले गीत मुख्यत: रोमानी होते हैं।

13. (2) यह मूलत: उत्तर प्रदेश की नाट्य शैली है। इस शैली के विषय प्रेम, त्याग, वीरता आदि पर आधारित होते हैं।

14. (2) कथकली नृत्य को आधुनिक रंगमंच पर लाने के लिए इसकी शैली और परिधान आदि में संशोधनों की आवश्यकता थी। इस कार्य को इस नृत्य के विख्यात् प्रणेता गोपीनाथ ने किया। यह केरल का प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य है।

15. (4) सत्यजीत रे का संबंध फिल्म निर्देशन से था भारतीय सिनेमा में 1960 के दशक में नई कला फिल्मों का चलन इन्हीं की प्रेरणा से शुआ हुआ जिसमें समाज की सत्य घटना को कहानी के रूप में सिनेमा द्वारा प्रदर्शित किया गया।

16. (4) असम के लोग तीन प्रकार के बिहु का त्योहार मनाते हैं। ये बिहु क्रमश: वसंत, शीत और शरद ऋतु में पड़ते हैं रांगाली बिहु असम का प्रसिद्ध त्योहार है।

17. (2) 'तवल-चोंगली' असम राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है इसके अतिरिक्त अन्य असमिया लोकनृत्य हैं - बिहू, बिछुआ, नातपुझा, महारास, बागुअम्बा नागनृत्य, खेल गोपाल, झुमरा आदि।

18. (4) पंडित शिवकुमार शर्मा संतूर वादक हैं जबकि अन्य विकल्पों में तबला वादक - अल्ला रखा, तलीफ खां, गुदईमहाराज, अम्बिका प्रसाद, सुभाष निवणि, जाकिर हुसैन।
वयलिन वादक - गोविन्द स्वामी पिल्लई, लाल गुडी जयरामन, सत्यदेव पवार, श्रीमती एन. राजन आदि।

19. (1) गिद्दा पंजाब राज्य का लोक नृत्य है। इस लोक नृत्य में सिर्फ महिलाएँ भाग लेती हैं। इसका आयोजन मांगलिक अवसरों पर किया जाता है।

20. (2) तमिलनाडु के तंजावुर जिले में स्थित बृहदेश्वर मन्दिर शिव पेरूमल को समर्पित एक हिन्दू मन्दिर है। इसका निर्माण राजा राजचोल द्वारा कराया गया था और इसका निर्माण कार्य 1010 ई. में पूरा हुआ, इस मन्दिर ने 2010 में अपने 1000 वर्ष पूरे कर लिए। इसे राजाराजेश्वर मन्दिर, राजाराजेश्वरम और पेरुवुदया मन्दिर के नाम से भी जाना जाता है।

21. (1) मिथिला क्षेत्र में बोली जाने वाली मैथिली एक भारतीय-आर्य भाषा है। यह वर्तमान में मुख्य रूप से भारत के उत्तरी बिहार और नेपाल के कुछ जिलों में बोली जाती है। यह भारत की सबसे बड़ी भाषाओं में से एक और नेपाल की दूसरी सबसे बड़ी भाषा है। वर्ष 2002 में मैथिली को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।

22. (2) तमिल भाषा को केन्द्रीय सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा (क्लासिकल भाषा) का दर्जा अक्टूबर 2004 में दिया गया (अब्दुल कलाम के राष्ट्रपतित्व काल में)। द्रविड़ भाषाओं में सबसे पुरानी तमिल को संस्कृत की भांति क्लासिकल और अन्य भारतीय भाषाओं की भांति एक आधुनिक भाषा भी माना जाता है। तोलकाप्पियम सबसे प्राचीन तमिल ग्रंथ है जो तमिल व्याकरण और सहित्यिक रचना है।

23. (1) कथकली शास्त्रीय नृत्य केरल राज्य से शुरू किया गया था। यह मालाबार एवं त्रावनकोर के आसपास प्रचलित नृत्य है। यह रंगकला नृत्यनाट्य कला का सुंदरतम रूप है। इसमें कलाकार न तो संवाद बोलता है और न ही गीत गाता है। इसमें रंगीन वेशभूषा पहनकर कथा संदर्भों का हस्तमुद्राओं और नृत्य द्वारा अभिनय प्रस्तुत किया जाता है।

24. (2) मध्य प्रदेश का खजुराहो स्मारक समूह हिन्दू और जैन मन्दिरों का एक समूह है। इसका निर्माण चंदेल वंश के शासकों द्वारा 950 और 1050 के मध्य कराया गया था। यह मन्दिर नागर-शैली के वास्तुशिल्पीय प्रतीकवाद और अपनी शृंगारात्मक मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध है।

25. (1) जाकिर हुसैन - तबला
टी. एच. विक्कू विनायकराम-घटम्
पं. वी. जी. योग - वायलिन
पालघाट मणि अय्यर-मृदंगम्

26. (3) पुरी (ओडिसा) में **'रथ यात्रा'** भगवान जगन्नाथ के सम्मान में आयोजित की जाती है। यहाँ स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को काष्ठ रूपों में सुसज्जित किया जात है।

27. (1) a. भरतनाट्यम 4. तमिलनाडु
b. कुचीपुड़ी 3. आंध्रप्रदेश
c. कथकली 2. केरल
d. ओडिसी 1. ओडिशा

28. (1) कोणार्क का सूर्य मंदिर ओडिसा में स्थित है। पुरी के निकट स्थित कोणार्क के 'सूर्य मंदिर' को **'ब्लैक पगोडा'** भी कहा जाता है। यह उत्तर भारत के विशाल हिन्दू मंदिरों में सबसे प्रमुख और अंतिम है। सम्राट नरसिंह देव (1238-64 ई.) द्वारा बनवाया गया यह मंदिर सुसज्जित अश्वों द्वारा खींचे जाने वाले और विशाल पहियों वाले सूर्यदेव के आकाशीयरथ की परिकल्पना पर आधारित है।

29. (4) संस्कृत भाषा के पहले वैयाकरण **'पाणिनी'** है। इनके द्वार लिखी गई व्याकरण की पुस्तक 'अष्टाध्यायी' है। संस्कृत के जिस रूप का वर्णन पाणिनी ने किया है उसे सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया संभवत: इसी समय से संस्कृत में लेखन की शुरुआत हुई थी।

30. (1) 'राजतंरगिणी' के लेखक कल्हण हैं। इस कश्मीरी ब्राह्मण द्वारा संस्कृत में लिखी गई राजतरंगिणी में कश्मीर के राजाओं के इतिहास (12वीं शताब्दी) का वर्णन है। आठ तंरगों (अध्याय) में विभाजित इस ऐतिहासिक रचना से कश्मीर के प्राचीन इतिहास से लेकर लोहार वंश के राजा जय सिंह तक के समय का राजनीतिक, सामाजिक तथा संस्कृतिक इतिहास मिलता है।

31. (4) दिल्ली में स्थित स्मारक जंतर-मंतर को यूनेस्को की विश्व-विरासत सूची में शामिल नहीं किया गया है। जबकि अन्य विकल्पों में लालकिला, कुतुबमीनार, हुमायूँ का मकबरा यूनेस्को की विश्वविख्यात श्रेणी में शामिल किया गया है। दिल्ली जंतर-मंतर का निर्माण 1724 में जयपुर के महाराजा जयसिंह II द्वारा करवाया गया था इसके अतिरिक्त जयसिंह II ने उज्जैन तथा जयपुर में भी जंतर-मंतर का निर्माण करवाया था।

32. (2) गांधार शैली की मूर्तिकला का निर्माण कुषाण काल में सर्वाधिक हुआ है। इस शैली में महात्मा बुद्ध की मूर्तियों का निर्माण प्रमुखता से हुआ है। गांधार शैली की मूर्ति रचना में भूरे तथा स्लेटी रंग के पत्थरों का प्रयोग किया गया है। यद्यपि चूने तथा बालू के मिश्रण से तैयार प्लास्टर से भी बुद्ध मूर्तियों की रचना की गई है। बुद्ध को मूंछ युक्त प्रदर्शित करना गंधार कला की विशिष्टता है।

33. (2) अजंता और एलोरा की गुफाएँ औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है। अजंता पूर्ण रूप से बौद्ध धर्म पर समर्पित गुफा है। जिसका निर्माण करीब 200 ईसा पूर्व से 650 ईसवीं मध्य हुआ है। इसके 29 गुफाओं में चार चैत्य सभाकक्ष हैं। एलोरा की गुफाएँ अनोखी मानी जाती हैं क्योंकि यहाँ एक ही स्थान पर बौद्ध (12), जैन (4), ब्राह्मण (16) धर्म से संबंधित गुफाएँ स्थित है।

34. (3) 'मनुस्मृति' में कानून (विधि) की चर्चा की गई है। भारत में वेदों के बाद सर्वाधिक मान्यता और प्रचलन मनुस्मृति का ही है। इसमें चारों वर्णों, चारों आश्रमों, सोलह संस्कारों तथा सृष्टि उत्पत्ति के अतिरिक्त राज्य की व्यवस्था राजा के कर्त्तव्य, सेना प्रबंध आदि का नियम पूर्वक पालन करने का परामर्श दिया गया है। जिससे मानव के वैयक्तिक आचरण और समाज रचना के लिए प्रेरणा प्राप्त होती है।

35. (1) 'गवरी' नृत्य राजस्थान के भीलों द्वारा किया जाने वाला लोक नृत्य शैली है। यह भगवान शिव और उनकी पत्नी पार्वती को समर्पित नृत्य शैली है। मॉनसून के मौसम में यह (सितम्बर-अक्टूबर) में चार दिनों तक चलने वाला त्योहार है। यह राजसंमद तथा चित्तौड़ क्षेत्र में प्रमुख रूप से मनाया जाता है।

36. (3) तिरंगा में सबसे ऊपरी पट्टी केसरिया रंग की तथा सबसे निचली पट्टी हरे रंग की तथा बीच में श्वेत रंग की पट्टी होती है जिसके बीचो-बीच गहरे नीले रंग में अशोक चक्र अंकित होता है जिसमें समान दूरी वाले 24 अरें (Spokes) होते हैं।

37. (1) 'पपेटी' पारसी कैलेंडर के शुभ दिनों में से एक है। यह दिन एक नई शुरुआत का संकेतक है। यह दिन नवरोज के महीने में आता है। इस दिन, पारसी समुदाय के लोग अग्नि मंदिर जाते हैं। पपेटी पारसी लोगों का त्योहार है।

38. (3) मोहम्मद इकबाल ने 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा' गीत लिखा था। यह 16 अगस्त, 1904 को साप्ताहिक जर्नल 'इत्तेहाद' में प्रकाशित हुआ था। यह गीत ब्रिटिश शासन के विरोध का प्रतीक बन गया था।

39. (3) पीकिंग (बीजिंग) कंफ्यूशियनवाद का स्थल है। इसके प्रतिपादक राजा फू सू (Fu Tsu) थे। उनका लोकप्रिय नाम कंफ्यूशियस था।

40. (4) सांग हरियाणा का एक लोकप्रिय नृत्य है। यह गीत और संवाद के साथ-साथ उपयुक्त नाटक और स्वाँग का समावेशन है। यह नृत्य मुख्यत: धार्मिक कहानियों और लोक कथाओं को प्रतिबिम्बित करता है जिसे खुले स्थान में प्रदर्शित किया जाता है। कुछ पुरुष प्रतिभागी नृत्य में महिलाओं की भूमिका निभाने के लिए महिलाओं की वेशभूषा धारण करते हैं। नौटंकी, सांग, तमाशा की उत्पत्ति स्वाँग परम्परा से हुई है।

41. (3) प्रायोगिक दूरदर्शन प्रसारण के रूप में दूरदर्शन की संतुलित शुरुआत 15 सितम्बर, 1959 को दिल्ली में की गई थी। यह भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त सार्वजनिक सेवा प्रसारक है जो पूर्णत: भारत सरकार के प्रसारण मंत्रालय के अधीन है और प्रसार भारती के दो प्रभागों में से एक है। यह भारत के सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक है।

42. (3) बारूक स्पिनोजा की तर्ज पर महात्मा गाँधी ने भी भगवान को अंतिम वास्तविकता के रूप में परम सत्य माना। गाँधी के अनुसार भगवान और नैतिकता परम सत्य हैं।

43. (4) भांगड़ा एक जीवंत लोक संगीत एवं लोक नृत्य है जो पंजाब से शुरू हुआ है। बैसाखी के समय फसल कटाई का अनुष्ठान करते समय लोग परंपरागत रूप से भांगड़ा करते हैं।

44. (1) डांडिया गुजरात का लोकप्रिय लोकनृत्य है जिसमें पुरुष और महिलाएँ रंगीन कपड़े पहन कर मुख्यत: समूह में नाचते हैं। अक्टूबर के महीने में नवरात्रि के समय यह नृत्य काफी हर्षोल्लास के साथ किया जाता है।

45. (2) कोणार्क का सूर्य मंदिर भारत के ओडिशा राज्य के पुरी जिले के पुरी नामक शहर में स्थित है। इसे लाल बलुआ पत्थर एवं काले ग्रेनाइट पत्थर से 1236-1264 ई.पू. में गंग वंश के राजा नरसिंहदेव द्वारा बनावाया गया था। इसे यूनेस्को द्वारा सन् 1984 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।

46. (1) करगम तमिलनाडु का एक प्राचीन लोक नृत्य है जिसका प्रदर्शन बारिश की देवी मरिंमन की प्रशंसा में किया जाता है। इस नृत्य में नर्तक/नर्तकी बहुत ही खूबसूरती से अपने सिर पर पानी के बर्तन को संतुलन में रखते हुए नृत्य करते हैं। ऐसा माना जाता है कि नृत्य की शुरुआत तंजावुर में हुई।

47. (1) असम के सत्तरीया नृत्य को वर्ष 2000 में भारतीय शास्त्रीय नृत्य के रूप में मान्यता प्रदान की गई। असम में वैष्णव धर्म के संस्थापक श्रीमंत शंकरदेव ने 15वीं शताब्दी में इस नृत्य की शुरुआत की।

48. (1) मारवाड़ उत्सव राजस्थान में जोधपुर का सबसे लोकप्रिय उत्सव है जिसे राजस्थान के नायकों की याद में हर साल आयोजित किया जाता है। इस उत्सव को अश्विन के महीने (सितम्बर-अक्टूबर) में आयोजित किया जाता है।

49. (3) संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल ही में राजस्थान में अरावली पहाड़ियों पर बने भव्य और सुंदर जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ किले समेत छ: किलों को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची (वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट) में शामिल किया। जैसलमेर किला विश्व धरोहर के स्मारकों में पहला बसा हुआ स्मारक है।

50. (1) स्तूप एक टीले की तरह या अर्धगोलाकार संरचना होता है जिसमें बौद्ध साधुओं के अवशेष राख/भस्म आदि सुरक्षित रखे जाते हैं। इसका प्रयोग बौद्धों द्वारा चिन्तन-मनन और ध्यान के लिए किया जाता है। सांची का स्तूप (2 से 1 ईसा पूर्व) एक गोल, वृत्ताकार विशालकाय ठोस गुम्बद है जो छाते की भाँति दिखाई देता है।

51. (2) मूसा संहिता (Torah) या यहूदी जाति से संबंधित लिखित नियम यहूदी-बाइबिल की पाँच पुस्तकों में संग्रहित है जिसे सामान्यत: गैर यहूदी रूप में ''पूर्व विधान'' (Old Testament) के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि ये विधान भगवान ने मूसा (Moses) जाति को माउंट सिनाई (Mount

Sinai) पर प्रदान किए गए थे और इसमें यहूदीवाद के बाइबिल संबंधी नियमों के अंतर्गत मूसा जाति को भी शामिल किया गया था। इस पुस्तक को चुमाश (Chumash), पेंटाटेच (Pentateuch) या मूसा की पाँच पुस्तकों के नाम से भी जाना जाता है।

52. (1) आम (मैंगिफेरा इंडिका) को फलों का राजा कहा जाता है, यह भारत का राष्ट्रीय फल भी है। यह विश्व के उष्ण-कटिबंधीय क्षेत्रों में व्यापक रूप से उगाए जाने वाले फलों में से एक है।

53. (2) भारत माता की महान पेन्टिंग का निर्माण भारतीय चित्रकार अवनिन्द्रनाथ टैगोर ने किया था। चित्रकला में भारत माता को धन की देवी लक्ष्मी के रूप में चित्रित किया गया है, जो विशेष प्रकार के परिधानों से सुसज्जित हैं और वैष्णव संन्यासी की तरह लगती हैं।

54. (3) कमल (Nelumbo Nucipera Gaertn) भारत का राष्ट्रीय फूल है। यह सर्वोच्च वास्तविकता का प्रतीक है। हिन्दू धर्म और पौराणिक चित्रों में विद्या की देवी सरस्वती कमल के फूल पर विराजमान रहती हैं। पौराणिक और वैदिक साहित्य में बड़े पैमाने पर इन चित्रों को देखा जा सकता है।

55. (4) हिन्दू पंचांग और भारत के राष्ट्रीय पंचांग में वर्ष का प्रथम माह चैत्र है। यह ग्रेगोरियन पंचांग के मार्च या अप्रैल महीने में आरंभ होता है, यह इस पर निर्भर करता है कि पंचांग सूर्य या चन्द्रमा में से किस पर आधारित है। ग्रेगोरियन पंचांग में चैत्र माह के प्रथम दिन के लिए कोई तिथि निश्चित नहीं होती।

56. (4) भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (FTII) पुणे, महाराष्ट्र में पूर्वकालिक प्रभात फिल्म कंपनी के परिसर में स्थित है। यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है। इसकी स्थापना 1960 में की गई थी।

57. (2) मराठी फिल्म श्यामची आई ने 1954 में आयोजित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्मों की श्रेणी में गोल्डन लोटस पुरस्कार जीता था। पी. के. अत्रे द्वारा निर्देशित यह फिल्म साने गुरुजी द्वारा मराठी में रचित पुस्तक ''श्यामची आई'' पर आधारित थी। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना 1954 में हुई थी। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष फिल्म उत्सव निदेशालय द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

58. (2) राजा रवि वर्मा भारत के त्रावणकोर रियासत के विख्यात् चित्रकार थे। उन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति के पात्रों का चित्रण किया। उनके चित्रों की सबसे बढ़ी विशेषता हिंदू महाकाव्यों और धर्मग्रन्थों पर बनाए गए चित्र हैं। फ़िल्म निर्माता केतन मेहता ने राजा रवि वर्मा के जीवन पर 'कलर ऑफ पैशन्स' (हिन्दी में 'रंग रसिया') नाम फिल्म बनाई है।

59. (3) कोंकणी दमन और दीव की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती केन्द्र शासित प्रदेश दमन और दीव की अन्य आधिकारिक भाषाएँ हैं। कोंकणी तब से दमन और दीव की आधिकारिक भाषा है, जब यह गोवा के साथ संयुक्त रूप से केन्द्र शासित प्रदेश का एक भाग हुआ करता था। गोवा को 1987 में राज्य का दर्जा प्रदान किया गया था।

60. (1) अमृता शेरगिल एक सुप्रसिद्ध भारतीय चित्रकार थी, इनका जन्म बुडापेस्ट, हंगरी में 1913 में हुआ था। इनके पिता एक पंजाबी (सिक्ख) थे और माता हंगरी निवासी (यहूदी) थी। अमृता शेरगिल को भारत की फ्रिडा काहलो भी कहा जाता है, उन्हें वर्तमान में 20वीं शताब्दी की एक प्रमुख भारतीय चित्रकार माना जाता है।

61. (1) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की स्थापना 1954 में की गई थी। 1973 से भारतीय राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ-साथ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और भारतीय पैनोरमा का संचालन भारत सरकार के फिल्म निदेशालय द्वारा किया जाता है। यह भारत में फिल्म क्षेत्र में प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। इसे पहली बार 1954 में प्रदान किया गया था।

62. (1) ध्रुपद हिन्दुस्तानी गायन संगीत का सबसे पुराना एवं शायद भव्य रूप है। ऐसा कहा जाता है कि यह प्रबंध और ध्रुवपद जैसे प्राचीन रूपों से निकला है। ध्रुपद मुख्यत: एक भक्तिपूर्ण संगीत था। आमतौर पर ध्रुपद गायन में तानपुरा और पखावज के साथ एक या दो पुरुष गायक होते हैं।

63. (2) दादा साहेब फाल्के ने 1913ई. में (राजा हरिशचन्द्र) नाम की एक फिल्म बनायी जिसे भारत की पहली पूरी लम्बाई वाली चलचित्र मानी जाती है। यह उनकी पहली फिल्म थी। वह एक भारतीय फिल्म निर्माता, निर्देशक एवं लेखक थे जो भारतीय सिनेमा के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं।

64. (4) कथकली (केरल), मोहिनीअट्टम (केरल) और मणिपुरी नृत्य (मणिपुर) भारत के आठ शास्त्रीय नृत्यों में से एक है। गरबा गुजरात का लोक नृत्य है जो परंपरागत रूप से नौ दिन तक चलने वाले, हिन्दुओं के प्रमुख उत्सव नवरात्रि के दौरान किया जाता है। नृतक महिला रूपी देवी दुर्गा का सम्मान करते हुए यह नृत्य करते हैं।

65. (2) गराड़ी पुडुचेरी का एक लोकनृत्य है। यह नृत्य क्षेत्र के सभी त्योहारों के दौरान किया जाता है। यह नृत्य प्रदर्शन आमतौर पर लगातार पाँच से आठ घंटे तक एक पंक्ति में रात्रिकाल में किया जाता है। गराड़ी नृत्य की उत्पत्ति हिन्दू महाकाव्य रामायण से संबंधित है।

66. (1) ललित कला अकादमी या नेशनल अकेडमी ऑफ आर्ट भारत की राष्ट्रीय उत्कृष्ट कला अकादमी है जो चित्रकला, मूर्तिकला और लेखाचित्र-कला को प्रोत्साहित करती है। यह देश और विदेश दोनों में भारतीय कला का प्रचार-प्रसार करने के लिए 1954 में भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

67. (2) संगीत नाटक अकादमी पूरे देश में भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के प्रमुख रूपों: संगीत, नृत्य और नाटक को संरक्षण और प्रोत्साहन देने वाला शीर्ष और स्वायत्त निकाय है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 31 मई, 1952 को इसकी स्थापना की गई थी और अकादमी ने उसी वर्ष से अपना काम आरंभ कर दिया था। यह अकादमी नई दिल्ली में स्थित है।

68. (3) सितारा देवी शास्त्रीय कथक शैली की एक प्रसिद्ध भारतीय नृत्यांगना थीं। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में नृत्य प्रदर्शन किया जिसे देखने के बाद रविन्द्रनाथ टैगोर ने उन्हें 'नृत्य साम्राज्ञी' की उपाधि प्रदान की। उन्हें आज भी कथकरानी के रूप में जाना जाता है।

69. (4) सरकारी अधिकारी नेक चन्द द्वारा निर्मित चंडीगढ़ का रॉक गार्डन एक स्थापत्य शैली में निर्मित गार्डन है जिसकी शुरुआत उन्होंने 1957 में अपने खाली समय में गुप्त रूप से की थी। इसे नेक चन्द के रॉक गार्डन के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान में यह गार्डन 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। यह गार्डन औद्योगिक और घरेलू अपशिष्ट सामग्रियों से मिलकर बना है।

70. (3) बृहद्देशी भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित एक शास्त्रीय संस्कृत पाठ (दिनांकित 6ठी से 8वीं शताब्दी ई.) है जो प्रत्यक्षत: राग के विषय में बताता है और शास्त्रीय (मार्ग) तथा लोक (देसी) संगीत में भेद दिखलाता है। यह रागों को वर्गीकृत करते हुए मेला प्रणाली के आविर्भाव के लिए आधार प्रदान करता है। शब्द 'राग' सर्वप्रथम तकनीकी संदर्भ में बृहद्देशी में पाया गया, जहाँ इसे ''सुन्दर स्पष्टीकरण एवं शालीनता के साथ, सामान्यत: लोगों को प्रसन्न करने वाली ध्वनियों के संयोजन के रूप में वर्णित किया गया है''।

71. (4) कलारीपट्टू मार्शल आर्ट का एक परंपरागत रूप है जिसकी शुरुआत केरल में हुई थी। कलारि शब्द सर्वप्रथम संगम साहित्य में पाया गया था जिसका प्रयोग रणक्षेत्र और रणभूमि दोनों का वर्णन करने के लिए किया गया था। कलारि टाट शब्द युद्ध करतब को निर्दिष्ट करता है जबकि कलारि कोझाई का अर्थ कायर है।

72. (4) पौराणिक कथाओं के अनुसार, पाण्डवों ने हरियाणा में स्थित गुरुग्राम को गुरुदक्षिणा के रूप में अपने गुरु द्रोणाचार्य को दान कर दिया था। इसलिए इसे गुरुग्राम के रूप में जाना जाता था, लेकिन समय बीतने के साथ-साथ इसका नाम विकृत होकर गुड़गाँव हो गया। अप्रैल 2016 में बीजेपी के शासन वाली हरियाणा सरकार ने गुड़गाँव का नाम बदलकर 'गुरुग्राम' कर दिया।

73. (2) राजस्थान के माउंट आबू में स्थित दिलवाड़ा के मन्दिर अपने जैन मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध हैं। इन जैन मन्दिरों का निर्माण 11वीं और 13वीं शताब्दी के मध्य जैन धर्मानुयायी तेजपाल द्वारा कराया गया था। संगमरमर से निर्मित दिलवाड़ा के पाँच पौराणिक मन्दिर जैनियों के पवित्र तीर्थ स्थल हैं। दिलवाड़ा के जैन मन्दिर संगमरमर के आकर्षक प्रयोग के कारण पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं।

74. (1) पन्नालाल घोष को अमल ज्योति घोष के रूप में भी जाना जाता है। वह एक भारतीय बाँसुरी वादक थे तथा अलाउद्दीन खान के शिष्य थे। उन्हें हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में बाँसुरी को संगीत वाद्य-यंत्र के रूप में लोकप्रिय करने का श्रेय दिया जाता है। वह सात छिद्र वाली बाँसुरी प्रस्तुत करने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

75. (1) इंडिया गेट जिसे आरंभ में ऑल इंडिया वॉर मेमोरियल कहते थे, भारत का राष्ट्रीय स्मारक है। यह 1914-21 के दौरान मारे गए अविभाजित भारतीय सेना के 82,000 सिपाहियों की याद में निर्मित एक स्मारक है जो नई दिल्ली में स्थित है। इंडिया गेट पर 13,300 सैनिकों का नाम अंकित है, इसमें ग्रेट ब्रिटेन के कुछ सिपाहियों और अधिकारियों का भी नाम शामिल है।

76. (3) इब्राहिम अलकाजी 20वीं शताब्दी के भारतीय नाट्यशाला के सर्वाधिक प्रभावशाली भारतीय निर्देशकों और नाट्य प्रशिक्षकों में से एक हैं। वह नई दिल्ली स्थित नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व निदेशक हैं। वह एक प्रसिद्ध कला पारखी, संग्रहकर्ता और गैलरी मालिक हैं, उन्होंने दिल्ली में आर्ट हेरिटैज गैलरी की स्थापना की थी।

77. (3) सत्तरिया नृत्य-नाट्य प्रस्तुति पर आधारित एक उत्कृष्ट कला है जिसकी उत्पत्ति मूलत: कृष्ण पर केंद्रित असम के वैष्णव मठों से हुई है। यह 15वीं शताब्दी के भक्ति आंदोलन और विद्वान एवं महान संत श्रीमंत शंकरदेव से संबंधित है। भारतीय संगीत नाटक अकादमी द्वारा वर्ष 2000 में इसे शास्त्रीय नृत्य के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी।

78. (3) पंडित भीमसेन जोशी हिंदुस्तानी शास्त्रीय परंपरा के कर्नाटक घराने से संबंधित एक भारतीय गायक हैं। वह अपने लोकप्रिय भक्तिपूर्ण संगीत (भजनों और अभंगों) के साथ-साथ गायन के खयाल रूप के लिए जाने जाते हैं। उन्हें 2009 में भारत-रत्न से सम्मानित किया गया था।

79. (3) लोक गीतों के संदर्भ में हरियाणवी संस्कृति काफी समृद्ध है, इन लोक गीतों को रागिनी कहते हैं। रागिनी हरियाणवी संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इसे लोक नाट्यों द्वारा अनुपूरित किया जाता है, जिन्हें सांग के नाम से जाना जाता है।

80. (4) अमृता शेरगिल एक प्रख्यात् भारतीय चित्रकार थीं। उन्हें ''20वीं शताब्दी के आरंभ की अत्याधुनिक महान महिला कलाकारों में से एक'' और आधुनिक भारतीय कला के ''पथप्रदर्शक'' के रूप में संबोधित किया जाता है। उन्हें 20वीं शताब्दी की भारत की एक प्रभावशाली महिला चित्रकार माना जाता है, और उनकी तुलना बंगाल पुनर्जागरण के पथप्रदर्शकों से की जाती है।

81. (2) कोलट्टम आंध्र प्रदेश की कला का एक रूप है जिसे छड़ी की सहायता से प्रस्तुत किया जाता है। यह एक ग्रामीण नृत्य है जो लयात्मक झुकाव, गीत और संगीत का मिश्रित रूप है जिसे प्राय: ग्रामीण उत्सवों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। छोलिया उत्तराखण्ड के कुमाऊँ क्षेत्र में किए जाने वाले नृत्य का एक रूप है। यह मूलत: विवाह के अवसर पर तलवार के साथ किया जाने वाला नृत्य है, लेकिन अब यह नृत्य कई अवसरों पर भी किया जाता है।

82. (3) पश्चिमी शास्त्रीय संगीत का निर्देशन करने वाले जुबिन मेहता एक भारतीय निर्देशक हैं। वह लाइफ ऑफ द इजरायल फिलहार्मोनिक ऑर्केस्ट्रा के संगीत निर्देशक तथा वैलेनसिया ओपेरा हाउस के मुख्य निर्देशक हैं।

83. (1) भारत के राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) का मुख्यालय पुणे, महाराष्ट्र में स्थित है। इसके तीन क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु, कोलकाता और तिरुवनंतपुरम में है। एनएफएआई की स्थापना सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई के रूप में फरवरी 1964 में की गई थी।

84. (4) जैन मन्दिर मुख्यत: राजस्थान के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में स्थित दिलवाड़ा के मन्दिर से संबंधित है। इन जैन मन्दिरों का निर्माण 11वीं और 13वीं शताब्दी के मध्य जैन धर्मावलम्बी वास्तुपाल- तेजपाल द्वारा कराया गया था। ये मन्दिर संगमरमर के रमणीय प्रयोग के कारण पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। खजुराहो अपनेश्रृंगारात्मक मन्दिरों और मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध है।

85. (1) कलमकारी दक्षिण भारत और ईरान के कई भागों में उत्पादित होने वाले हाथ से चित्रित या वस्त्र पर मुद्रित कपास वस्त्रोद्योग का एक प्रकार है। यह प्राकृतिक वनस्पति से बने रंगों के प्रयोग से, टेमेरिन्ड कलम की सहायता से कपास या रेशमी वस्त्रों पर हाथ से की जाने वाली चित्रकारी की प्राचीन शैली है। चित्रकारी की इस शैली की व्युत्पत्ति चेन्नई के निकट कालाहस्ती और हैदराबाद के निकट मसूलीपत्तनम में हुई थी।

86. (1) दिलवाड़ा मन्दिर : राजस्थान के माउंट आबू में स्थित एक जैन मन्दिर है, स्वर्ण मन्दिर : पंजाब के अमृतसर में स्थित सिक्ख धर्म का पवित्र गुरुद्वारा है, लोटस टेम्पल : यह बहाई समाज का प्रार्थना स्थल है, जोकि नई दिल्ली में स्थित है, सूर्य मन्दिर: ओडिशा के कोर्णाक में स्थित एक हिन्दू मन्दिर है।

87. (4) भवई को वेश या स्वांग के रूप में भी जाना जाता है। यह पश्चिमी भारत विशेष रूप से गुजरात के लोक नाट्य मंच का एक लोकप्रिय रूप है। भवई की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के शब्द भव से हुई है जिसका अर्थ है 'अभिव्यक्ति'। यह हिन्दू देवी अम्बा से भी संबंधित है।

88. (4) भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (FTII) पुणे, महाराष्ट्र में पूर्वकालिक प्रभात फिल्म कंपनी के परिसर में स्थित है। यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है। इसकी स्थापना 1960 में की गई थी।

89. (3) मकबूल फिदा हुसैन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक भारतीय चित्रकार थे। उन्हें प्राय: "भारत का पिकासो" के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। एम. एफ. हुसैन एक प्रतिष्ठित और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त 20वीं शताब्दी के भारतीय कलाकार थे। वह प्रिंट मेकर, फोटोग्राफर और फिल्म निर्माता के रूप में भी जाने जाते थे।

90. (4) श्री रंगनाथस्वामी मन्दिर को रंगनाथ मन्दिर के नाम से भी जाना जाता है। यह हिन्दू देवता विष्णु के अवतार के रूप में रंगनाथ को समर्पित एक हिन्दू मन्दिर है। यह मन्दिर तमिलनाडु में तिरूचिरापल्ली के श्रीरंगम में स्थित है। यह भारत का सबसे बड़ा मन्दिर है और विश्व में सबसे बड़े धार्मिक समूहों वाले मंदिरों में से एक है।

91. (3) ईसाई धर्म में मृतक का सम्मान करने के लिए निर्धारित सभी आत्मा दिवस (ऑल सोल्स डे) एक पवित्र दिवस है। यह सभी आत्माओं, पवित्र आत्माओं या विश्वास योग्य पवित्र आत्मा के प्रस्थान करने की याद दिलाता है। यह दिवस मुख्यत: कैथोलिक चर्च में मनाया जाता है, लेकिन यह दिवस प्राच्य चर्च और ईसाई धर्म के कुछ अन्य वर्गों में भी मनाया जाता है।

92. (3) भारत के नई दिल्ली में स्थित लोटस टेम्पल एक बहाई पूजा स्थल है जिसे दिसम्बर 1986 में लोगों को समर्पित किया गया था। सभी बहाई पूजा स्थलों के समान लोटस टेम्पल किसी विशेष धर्म या किसी अन्य योग्यता पर ध्यान दिए बिना सभी के लिए खुला है। बहाई धर्म की मूल शिक्षा यह है कि बहाई पूजा स्थल सभी धर्म के लोगों के एकत्रित होने, चिन्तन-मनन करने और पूजा करने का स्थल होना चाहिए।

93. (2) गीजा का 'ग्रेट पिरामिड', मिस्र के गीजा नेक्रोपोलिस में स्थित तीन पिरामिडों में से सबसे बड़ा और सबसे प्राचीन पिरामिड है। यह प्राचीन विश्व के सात मूल आश्चर्यों में से विद्यमान एकमात्र सबसे पुराना पिरामिड है, जिसे जुलाई, 2007 में सम्मान सूचक दर्जा प्रदान किया गया था। इसे विश्व के 7 नये आश्चर्यों (2000- 2007) की सूची में शामिल किया गया है।

94. (1) लावणी महाराष्ट्र का लोक नृत्य है। यह परंपरागत गीत और नृत्य का मिश्रण है। यह नृत्य विशेष रूप से ड्रम के एक समान एक यंत्र अर्थात् ढोलक की मनमोहक धुन पर किया जाता है। यह नृत्य महिलाओं द्वारा विशेष रूप से नौ गज की साड़ी पहनकर किया जाता है।

95. (1) अमजद अली खान एक भारतीय शास्त्रीय संगीतकार हैं जो सरोद बजाते हैं। उनका परिवार बंगश वंश से संबंधित है और खान छठी पीढ़ी के संगीतकार हैं। उनका परिवार सरोद का आविष्कार करने का दावा करता है। उन्हें 2001 में भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

96. (1) गणगौर : राजस्थान के सबसे महत्त्वपूर्ण त्योहारों में से एक है जिसमें महिलाएँ लोक नृत्य करते हुए भगवान शिव की पत्नी गौरी की पूजा करती हैं, यह त्योहार मार्च-अप्रैल के दौरान मनाया जाता है, गणेश चतुर्थी: इसे विनायक चतुर्थी के रूप में भी जाना जाता है, यह महाराष्ट्र का मुख्य त्योहार है, दुर्गा पूजा: यह विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, असम, त्रिपुरा और बांग्लादेश का लोकप्रिय त्योहार है।

97. (3) राधा रेड्डी : अपने पति राजा रेड्डी के साथ एक कुचिपुड़ी नृत्य दम्पत्ति के रूप में प्रसिद्ध हैं, कुचिपुड़ी को विश्व के सांस्कृतिक मानचित्र पर लाने का श्रेय उन्हीं को दिया जाता है। पद्मा सुब्रमण्यम : एक भारतीय शास्त्रीय भरतनाट्यम नर्तक हैं, सितारा देवी : शास्त्रीय नृत्य की कथक शैली की प्रसिद्ध भारतीय नृत्यांगना थीं।

98. (3) माधुरी दीक्षित एक प्रशिक्षित पेशेवर कथक नृत्यांगना हैं। कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज, जिन्होंने फिल्म देवदास के गीत "काहे छेड़" में माधुरी दीक्षित को नृत्यांगना के रूप में प्रस्तुत किया था, वह उसकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण उसे सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड नर्तकी मानते हैं। कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्य के दस प्रमुख रूपों में से एक है।

99. (2) जल्लीकट्टू बैल को नियंत्रित करने के लिए खेला जाने वाला एक खेल है जिसका आयोजन चार दिवसीय पोंगल उत्सव के तीसरे दिन अर्थात् मट्टू पोंगल वाले दिन पोंगल समारोह के एक भाग के रूप में तमिलनाडु में किया जाता है। 'जल्लीकट्टू' शब्द की उत्पत्ति तमिल शब्द 'जल्ली' (स्वर्ण या चांदी के सिक्कों) और 'कट्टू' (जिसका अर्थ है बँधा हुआ) से हुई है।

100. (2) इकेबाना फूलों के प्रबंधन की जापानी कला है। इसे काडो के नाम से भी जाना जाता है। इस कला को मृतक की आत्मा को फूल चढ़ाने की बौद्ध धर्म विधि से विकसित किया गया है। यह अनुशासित कला का एक रूप है जिसमें यह व्यवस्था एक सजीव वस्तु की तरह है जहाँ प्रकृति और मानवता एक साथ लाए जाते हैं।

101. (2) सरहुल पूरे झारखण्ड क्षेत्र में मनाए जाने वाले सबसे प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है। यह त्योहार नववर्ष के आगमन का सूचक है। यह त्योहार ओरांव, मुंडा और हो जनजातियों द्वारा मनाया जाता है।

102. (2) ए.आर. रहमान के बचपन का नाम दिलीप शेखर था। उनके पिता का नाम आर.के. शेखर था, वह तमिल और मलयालम फिल्मों के फिल्म-स्कोर कम्पोजर और कन्डक्टर थे। अपने पिता की असमय मृत्यु के बाद, सूफी संत पीर करीमुल्लाशाह कादरी ने आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाली उनकी माता की बहुत सहायता की, उनसे प्रभावित होकर माँ-बेटे दोनों ने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया।

103. (1) रऊफ कश्मीर का एक लोक नृत्य है। यह नृत्य त्योहार के अवसर पर केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है। रऊफ नृत्य में सामान्य पाद संचालन (फुटवर्क) का प्रदर्शन किया जाता है।

104. (2) मुगल गार्डन केवल फरवरी और मार्च के महीनों में जब फूल पूरे खिले होते है। सार्वजनिक दर्शन के लिए खुला होता है। यह अन्य बगीचों से इस प्रकार से अलग है कि इसमें 135 प्रजाति के गुलाब के फूल हैं। इसके अलावा दुर्लभ माने जाने वाला काले और हरे रंग के गुलाब भी यहाँ देखे जाते हैं। यहाँ पेड़-पौधों के कई प्रकार और फूलों जैसे गेन्दा, रोज, बॉउगेनविलीया, स्वीट विलियम, विसेरिया आदि भी देखे जा सकते हैं।

105. (1) आलमआरा (द ऑर्नामेन्ट ऑफ द वर्ल्ड) भारत की पहली बोलती फिल्म थी। यह फिल्म 14 मार्च, 1931 को बम्बई के मैजेस्टिक सिनेमा में प्रदर्शित की गई थी। आलमआरा को इम्पीरियल मूवीटोन के बैनर तले बनाया गया था। इस फिल्म को आर्देशिर मार्वन ईरानी द्वारा निर्मित और निर्देशित किया गया था।

106. (4) गंगा सागर मेला पश्चिम बंगाल में आयोजित सबसे प्रसिद्ध मेलों में से एक है। यह एक धार्मिक उत्सव है जिसमें जनवरी के महीने में मकर संक्रांति के दिन सुंदरवन द्वीपसमूह पर लाखों तीर्थयात्री आते हैं। कुंभ मेला के बाद गंगा सागर मेला भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेला है।

107. (2) यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर शहर का टैग प्राप्त करने वाला अहमदाबाद भारत का पहला शहर बन गया है। दीवार वाले शहर अहमदाबाद को अहमद शाह ने स्थापित किया था। यहाँ 1915 से 1930 के बीच महात्मा गाँधी से जुड़े 26 एएसआई संरक्षित संरचनाएँ और कई साइटें हैं।

108. (3) यूनेस्को द्वारा कुंभ मेला को भारत का अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया गया है। यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में इस कार्यक्रम को शामिल किया गया है। सूची में कुंभ मेला को "पवित्र त्योहार" बताया गया है जहाँ तीर्थ यात्रियों द्वारा पवित्र नदी में डुबकी लगाई जाती है। 'योग' और 'नौरोज' के बाद यह दो वर्षों में तीसरा अमूर्त धरोहर है।

109. (1) सम्पन्न संगीत परंपरा हेतु चेन्नई को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में शामिल किया गया है। इसके तहत गैस्ट्रोनोमी, संगीत, कला और शिल्प, मीडिया कला, डिजाइन, फिल्म और साहित्य नेटवर्क जैसे सात क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया है, जो अब 72 देशों में कुल 180 शहरों में हैं। इस मान्यता को प्राप्त करने वाला चेन्नई, जयपुर और वाराणसी के बाद देश का तीसरा भारतीय शहर है।

110. (2) जम्मू-कश्मीर के पंडित शिवकुमार शर्मा एक विख्यात् संतूर वादक हैं। उन्हें संतूर को एक लोकप्रिय शास्त्रीय वाद्य बनाने का श्रेय दिया जाता है। संतूर एक इंडो-फ़ारसी विषम चतुर्भुज के आकार वाला हैमर्ड डलसीमर या स्ट्रिंग संगीत वाद्ययंत्र है जिसे आम तौर पर अखरोट से बनाया जाता है। आमतौर पर इसमें बहत्तर स्ट्रिंग होते हैं।

111. (2) ओणम: केरल का एक वार्षिक हिन्दू उत्सव है, कुचिपुड़ी : आंध्र प्रदेश राज्य के स्थानीय लोगों का एक शास्त्रीय नृत्य है, पोंगल : सूर्य को समर्पित फसल कटाई का उत्सव है, जिसे तमिलनाडु में मनाया जाता है, गुड़ी पड़वा : महाराष्ट्र में बसन्त के समय मनाया जाता है।

112. (3) सोमनाथ मंदिर: गुजरात के पश्चिमी तट पर सौराष्ट्र में वेरावल के पास प्रभास पाटन में स्थित है, कामाख्या मंदिर : गुवाहाटी, असम के पश्चिमी भाग में निलांचल पहाड़ी पर स्थित है, रामनाथस्वामी मंदिर: तमिलनाडु में रामेश्वरम द्वीप पर स्थित है, महाबोधि मंदिर : बोध गया, बिहार में एक प्राचीन, बौद्ध मंदिर है।

113. (1) स्वांग राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र का एक लोकप्रिय लोकनृत्य और थिएटर का एक रूप है। स्वाँग नृत्य में गीत और संवाद के साथ औचित्य पूर्ण नाटक और स्वाँग किया जाता है। यह नृत्य गति की ओर अभिमुख होने के बजाय संवाद की ओर अभिमुख होता है।

114. (3) मिथिला चित्रकला (या मधुबनी चित्रकला) भारतीय चित्रकला की एक शैली है जो मुख्यत: बिहार के मिथिला क्षेत्र और उससे संलग्न नेपाल के तराई के भागों में प्रचलित है। यह चित्रकारी परंपरागत रूप से महिलाओं द्वारा ताजी पुताई वाली मिट्टी की दीवारों और झोपड़ी की फर्श पर की जाती है, लेकिन अब ये चित्रकारी कपड़ों, हाथ से बने कागज और कैन्वस पर भी की जाती है।

115. (3) कश्मीरी कढ़ाई को कशीदा के रूप में भी जाना जाता है। मनकों और धागों जैसे साधनों के प्रयोग से बने कशीदा का प्रयोग फिरान (ऊनी कुर्ती), नामदाह (ऊनी कालीन) के अतिरिक्त दुपट्टों के लिए किया जाता है। यह कलाकारी मुख्यत: प्रकृति से प्रेरित है। पक्षी, कली और फूल, लताएँ, चिनार की पत्तियाँ, आम, कमल और वृक्ष इस कला के सबसे सामान्य विषय हैं।

116. (4) कोणार्क का सूर्य मंदिर, एक भव्य ब्लैक पगोडा है जो, समुद्र से 2 किमी दूर स्थित है, लेकिन प्राचीन काल में, यह समुद्र के बहुत करीब था। इसलिए, मंदिर को यूरोपीय नाविकों द्वारा एक नौसंचालन बिंदु के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। उन्होंने इसे काले रंग के कारण 'ब्लैक पगोडा' के रूप में संदर्भित किया। इस मंदिर की चुंबकीय शक्ति तटों से जहाजों को अपनी ओर आकर्षिक करती थी जो पोत भंग का कारण बनता था।

117. (2) कलमकारी प्राकृतिक रंगों का उपयोग करते हुए, इमली की कलम से सूती या रेशमी कपड़े पर की जाने वाली हाथ की पेंटिंग की एक प्राचीन शैली है। कलमकारी शब्द फारसी भाषा से लिया गया है, जहाँ, 'कलाम का अर्थ है कलम और' कारी का मतलब शिल्प कौशल से है।

118. (4) रामचरितमानस, 16वीं शताब्दी के भारतीय भक्त कवि गोस्वामी तुलसीदास, द्वारा रचित अवधी भाषा में रचित एक महाकाव्य है। रामचरितमानों का शाब्दिक अर्थ है "राम के कर्मों की गाथा"। रामचरितमानों को हिंदी साहित्य के सबसे महान रचनाओं में से एक माना जाता है।

119. (2) थाईपुसम तमिल महीने (जनवरी- फरवरी) के पूर्णिमा के दौरान भारत के हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है। यह हिंदू देवता शिव और पार्वती के पुत्र मुरुगन को समर्पित है। मुरुगन को कार्तिकेय सुब्रमण्यम, संमुखा, शदानाना, स्कंद और गुहा भी कहा जाता है।

120. (1) लीला सैमसन एक भरतनाट्यम नर्तकी, नृत्य-निर्देशिका, प्रशिक्षिका और लेखिका हैं। भरतनाट्यम एकल कलाकार के रूप में अपनी कॅरियर शुरू करते हुए, सैमसन ने श्रीराम भारतीय कला केन्द्र, दिल्ली और गंधर्व महाविद्यालय,

दिल्ली में पढ़ाया। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने भारत सहित विदेशों जिन में यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका शामिल हैं, में प्रदर्शन किया है।

121. (2) सितारा देवी शास्त्रीय नृत्य की कथक शैली की एक प्रसिद्ध भारतीय नर्तक थीं। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने उन्हें नृत्य संम्राग्नी (नृत्य की महारानी) के रूप में वर्णित किया। उन्हें अभी भी कथक क्वीन के रूप में जाना जाता है।

122. (1) केरल के कथकली नृत्य में व्यापक रूप से रंगीन मेकअप, वेशभूषा और चेहरे पर मुखौटा लगाया जाता है जो परंपरागत रूप से पुरुष अभिनेता-नर्तक पहनते हैं। यह भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक है, इसमें प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट्स और दक्षिण भारत की एथलेटिक परंपराओं को भी शामिल किया गया है।

123. (2) पंडित जगन्नाथ महाराज, जिसे अच्छन महाराज के नाम से भी जाना जाता है, वे लखनऊ घराना से संबंधित थे। वे महान कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज के पिता थे। उन्हें नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्तिवाद के अपने ज्ञान के लिए याद किया जाता है। उन्होंने नृत्य के माध्यम से विभिन्न भावनाओं को सुन्दर और खूबसूरती से व्यक्त किया।

124. (3) भीमसेन गुरुराज जोशी हिंदुस्तानी शास्त्रीय परंपरा में कर्नाटक के एक गायक थे। वह गायन के ख्याल रूप के साथ-साथ भक्ति संगीत (भजन और अभंग) के अपने लोकप्रिय प्रतिपादन के लिए भी जाने जाते थे। 2009 में उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मिला।

125. (1) दक्षिणी भारत के सबसे प्रभावशाली गायक और संगीतकारों में से एक डॉ. मंगलमपल्ली बालमुरलीकृष्ण ने स्विट्जरलैंड में एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड रिसर्च की स्थापना की। उन्होंने एमबीके ट्रस्ट को संगीत सिद्धांत में कला और शोध को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया।

126. (1) अनुष्का शंकर एक भारतीय सितारवादक एवं संगीतकार हैं। वह रवि शंकर की पुत्री और नोरा जोन्स की सौतेली बहन हैं। उन्हें वर्ष 1998 में ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स शील्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

127. (3) बिस्मिल्लाह खान एक महान कलाकार थे जिन्हें भारतीय उपमहाद्वीप में शहनाई को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। शहनाई को संगीत समारोह में लाने का श्रेय भी खान को दिया जाता है। 2001 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

128. (3) अख्तर बाई, जिन्हें बेगम अख्तर भी कहा जाता है, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के गजल, दादरा और ठुमरी शैलियों की जानी-मानी भारतीय गायिका थीं। उन्हें मल्लिका-ए-गजल (गजल्स की रानी) का खिताब दिया गया था।

129. (4) हरिभाई वाराडकर भक्ति गीतों के गायक हैं। अख्तरी बाई फैजाबादी, जिसे बेगम अख्तर भी कहा जाता है, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के गजल, दादरा और ठुमरी शैलियों की जानी-मानी भारतीय गायिका थीं। मलिका पुखराज पाकिस्तान की गजल और लोक गायिका थीं। पनाज मसानी एक भारतीय गजल गायिका हैं जिसने 1981 में गायन शुरू किया और 20 से अधिक एल्बम बनाए।

130. (4) गोविंद स्वामी पिल्लई वायलिन वाद्य से संबंधित हैं। उन्होंने कमल कृष्ण अय्यर के साथ नवीन प्रयोग किया और कर्नाटक संगीत में वायलिन को मजबूती से स्थापित किया। सभी दक्षिण भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों में वायलिन सबसे प्रमुख स्थान रखता है।

131. (2) लाई-हरोबा मणिपुर का एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है जो उमंग थाई जैसे स्थानीय देवताओं के सम्मान में मनाया जाता है। इस त्योहार के दौरान, पुरुषों और महिलाओं को रीति-रिवाजों के हिस्से के रूप में देवताओं और देवियों की मूर्तियों के सामने नृत्य करना होता है। लाई-हरोबा त्योहार के दौरान उपासक अपने पुर्वजों की आत्मा और उनके जीवट को नमन करते हैं। यह मई के महीने में मनाया जाता है।

132. (1) नंदलाल बोस या नंदलाल बसु भारत के एक प्रसिद्ध चित्रकार थे। नंदलाल बोस ने संविधान की मूल प्रति का डिजाइन बनाया था। इनके प्रसिद्ध चित्रों में- 'दांडी मार्च', 'संथाली कन्या', 'सती का देह त्याग' इत्यादि शामिल हैं। नंदलाल बोस ने चित्रकारी और कला अध्यापन के अतिरिक्त तीन पुस्तिकाएँ भी लिखीं- रूपावली, शिल्पकला और शिल्प चर्चा। ये अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के प्रख्यात् शिष्य थे।

133. (2) फड़ पेंटिंग्स, राजस्थान में प्रचलित एक धार्मिक पेंटिंग और लोक चित्रकला है। पेंटिंग की यह शैली पारंपरिक रूप से कपड़े या कैनवास के लंबे टुकड़े पर की जाती है, जिसे फड़ के नाम से जाना जाता है। राजस्थान के लोक देवताओं की कथाओं, ज्यादातर पाबूजी और देवनारायण को इसमें चित्रित किया जाता है।

134. (1) सेंट फ्रांसिस चर्च भारत का पहला यूरोपियन चर्च है जिसका निर्माण 1503 में किया गया। कई हमलों और अनगिनत समझौतों का साक्षी इस चर्च को कोच्चि के सांस्कृतिक इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह चर्च कोच्चि किले के बगल में स्थित है।

135. (1) बोहाग बिहू, भारत के असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों में मनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध त्योहार है। इसे 'रोंगाली बिहू' या हतबिहू भी कहते हैं। यह असमी नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। भारत में यह बैशाख महीने के विशुवर संक्रांति या स्थानीय रूप से बोहाग (भास्कर पंचांग) के सात दिन बाद मनाया जाता है। यह आमतौर पर 13 अप्रैल को पड़ता है और फसल कटाई के समय को दर्शाता है।

136. (1) तमिल भारतीय राज्य तमिलनाडु और भारतीय संघ शासित प्रदेश पुडुचेरी की आधिकारिक भाषा है। यह दो देशों श्रीलंका और सिंगापुर की भी आधिकारिक भाषा है। इसके अतिरिक्त यह मलेशिया, मॉरीशस, वियतनाम में भी अंग्रेजी, मलय और मन्दारिन के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में बोली जाती है। यहाँ लगभग 7 करोड़ तमिल भाषा का प्रयोग मातृ-भाषा के रूप में करते हैं।

137. (1) स्वामी विवेकानंद ने 1893 में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत और हिन्दू धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। यह धर्म के आधार पर आयोजित पहली विश्व संसद थी। यह अमेरिका के शिकागो में आयोजित किया गया था।

138. (3) घूमर नृत्य राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्यों में से एक है। यह नृत्य राजस्थान में प्रचलित अत्यंत लोकप्रिय नृत्य है, जिसमें केवल स्त्रियाँ ही भाग लेती हैं। इसमें लहँगा पहनी हुईं स्त्रियाँ गोल घेरे में लोकगीत गाती हुई नृत्य करती हैं। जब ये महिलाएँ विशिष्ट शैली में नाचती हैं तो उनके लहँगे का घेर एवं हाथों का संचालन अत्यंत आकर्षक होता है।

139. (3) केरल में थेयम सबसे पुराना और रंगीन त्योहारों में से एक है। यह आमतौर पर हर साल अक्टूबर से मई तक आयोजित किया जाता है। थेयम के कलाकार निचली जाति के समुदाय से हैं, और थेयम में उनका महत्वपूर्ण स्थान है।

140. (2) ऊपरी असम में शिवसागर के पास, रंगपुर में स्थित तालाताल घर सभी अहोम खंडहरों में से, ताई अहोम वास्तुकला के सबसे शानदार उदाहरणों में से एक है। तालाताल घर सभी ताई अहोम स्मारकों में सबसे बड़ा भी है।

141. (4) हरेली उत्सव छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उत्सवों में से एक है। यह छत्तीसगढ़ का एक पुराना पारंपरिक त्योहार है जो हिन्दुओं के पवित्र महीने श्रावण की शुरुआत का प्रतीक है। हरेली त्योहार वास्तव में वर्ष के मॉनसून पर केंद्रित फसल का त्योहार है। देवी 'कुटकी दाई' अच्छी फसलों के लिए इस त्योहार के दौरान उपासित देवता हैं।

142. (3) थांग टा प्राचीन मणिपुरी मार्शल आर्ट के लिए लोकप्रिय शब्द है, जिसे ह्येन ललांग के नाम से जाना जाता है। यह कला पूर्वोत्तर भारत के छोटे राज्य मणिपुर में युद्ध के वातावरण से विकसित हुई, जो प्रारंभिक ईसाई युग के बाद से एक स्वतंत्र राज्य था। इसने भारत और चीन के बीच मध्यकाल के भू-राजनीतिक वातावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

143. (2) असम में मकान स्टिल्ट पर बनाए गए हैं क्योंकि राज्य में प्रचुर मात्रा में वर्षा होती है जिसके कारण बाढ़ की संभावना बनी रहती है। अगर घर जमीन से अधिक ऊँचाई पर न बने हो तो बाढ़ के समय में, पानी घरों के अंदर जा सकता है। इसलिए, घरों को बाढ़ से बचाने के लिए, घरों को स्टिल्ट्स और जमीन के स्तर से ऊपर बनाया जाता है।

144. (1) बिदेसिया नृत्य बिहार के भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में प्रचलित नृत्य नाटिका का एक लोकप्रिय रूप है। इस पारंपरिक नृत्य की उत्पत्ति बीसवीं शताब्दी में लोक रंगमंच के रूप में हुई थी। इस नृत्य का उद्देश्य सामाजिक मुद्दों, विरोधाभासी विषयों और पारंपरिक और आधुनिक, शहरी और ग्रामीण, और अमीर और गरीब के बीच संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करना है।

145. (4) राजबाड़ी खंडहर नगालैंड में दीमापुर रेलवे स्टेशन के करीब स्थित है। ये दिमासा कचारी साम्राज्य द्वारा निर्मित मशरूम गुंबददार स्तंभों की एकशृंखला है। इन मशरूम के आकार के एकाश्मक बलुआ पत्थर को ज्यामितीय आकार में बनाया गया है। विशाल एकाश्मक को इस तरह की विशेषज्ञता के साथ उकेरा गया है कि यह हमें प्राचीन काल की वास्तु प्रथाओं के बारे में बहुत कुछ जानकारी प्रदान करते हैं ।

146. (4) भगोरिया हाट मध्य प्रदेश के आदिवासी लोगों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। यह त्योहार आदिवासी नामक स्थानीय जनजातियों से संबंधित है जिसमें कई जाति जैसे भील, भिलाला, बरेला आदि शामिल हैं। यह होली त्योहार से पहले मार्च के महीने में मनाया जाता है। भगोरिया हाट उत्सव का एक कृषिगत महत्व है, यानी यह फसल की कटाई के समय मनाया जाता है।

147. (3) धमसा झारखंड की समृद्ध संगीत शैलियों में से एक है। यह एक संगीत वाद्ययंत्र का नाम भी है जिसे कई नृत्य प्रदर्शनों के साथ बजाया जाता है। ढोल और शहनाई के साथ, यह छऊ नृत्य के दौरान बजाए जाने वाले संगीत वाद्ययंत्रों में से एक है।

148. (3) थिमिथी या फायरवॉकिंग समारोह तमिलनाडु में होने वाला एक हिंदू त्यौहार है, जो दीपावली से एक सप्ताह पहले तमिल कैलेंडर के एपासि (Aipasi) (ग्रेगोरियन कैलेंडर के अक्टूबर और नवम्बर का महीना) के महीने के दौरान मनाया जाता है। आग पर चलने का समारोह द्रौपती अम्मा के सम्मान में होता है, जिन्हें मरियम्मा का अवतार माना जाता है।

149. (3) लेजिम या लेजियम, महाराष्ट्र का एक लोक नृत्य है। यह ग्रामीण महाराष्ट्र में विशेष रूप से लोकप्रिय है, जिसे अक्सर गाँव जात्रा (धार्मिक जुलूस) में गणेश उत्सव के दौरान और स्कूलों में फिटनेस रीजिम के एक भाग के रूप में किया जाता है। इस नृत्य का नाम एक वुडेन आइडियोफोन के नाम पर रखा गया है, जिस पर पतली धातु की डिस्क लगी होती है, जो एक झनझनाहट उत्पन्न करती है और नर्तकों द्वारा इसका उपयोग नृत्य करते समय किया जाता है।

150. (4) रऊफ कश्मीर घाटी में महिलाओं के द्वारा किया गया एक लोक नृत्य है। इस लोक नृत्य में, रंगीन वेशभूषा में महिलाएँ दो पंक्तियाँ बनाती हैं और एक-दूसरे के सामने खड़ी होकर नृत्य करती हैं। इसमें मुख्य रूप से पैरों का इस्तेमाल किया जाता है जिसे स्थानीय भाषा में 'चकरी' भी कहा जाता है।

151. (4) 'त्सोकुम सोमाई नगालैंड' के खियाम्नियूंगा जनजाति का सप्ताह भर तक मनाया जाने वाला फसल उत्सव है जो अक्टूबर में मनाया जाता है। उत्सव में नृत्य, गायन, सफाई, सड़कों की मरम्मत, और बाहर खाना पकाना और खाना शामिल हैं। इस त्योहार में लोग ईश्वर से अत्यधिक फसल प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद माँगते हैं।

152. (3) ओडिशा के छऊ नृत्य की उत्पत्ति 18 वीं शताब्दी में ओडिशा के जंगलों में एक आदिवासी नृत्य के रूप में हुई थी। यह एक अर्ध शास्त्रीय भारतीय नृत्य है जिसमें मार्शल, जनजातीय और लोक परंपराएँ शामिल हैं। नृत्य में मार्शल आर्ट, कलाबाजी और एथलेटिक्स के उत्सव से लेकर लोक नृत्य के उत्सवों तक, धार्मिक विषयों के साथ संरचित नृत्य शामिल हैं।

153. (1) पोपिर अरुणाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नृत्य रूपों में से एक है। यह आदि जनजातियों का एक स्वदेशी नृत्य है जो पोंग नृत्य के साथ बहुत समानता दिखाता है। पोपिर नृत्य आमतौर पर मोपिन उत्सव के अवसर पर आयोजित किया जाता है। यह मुख्य रूप से युवा लड़कियों द्वारा किया जाता है; कलाकार सफेद कपड़े और अलंकृत टोपी (हेडगियर) पहनते हैं।

154. (4) यह माना जाता है कि भगवान शिव ने सुन्दरेश्वर का रूप धारण किया और पार्वती (मीनाक्षी) से उस स्थान पर विवाह किया जहाँ वर्तमान में मदुरै का मीनाक्षी अम्मन मन्दिर स्थित है। मीनाक्षी वहाँ की मुख्य देवता हैं।

155. (2) भूटिया जनजाति के लोसुंग सिक्किम का नया साल है, जो हर साल दिसम्बर के महीने में मनाया जाता है। तिब्बती लूनर कैलेंडर के आधार पर, लोसुंग 10वें महीने के 18वें दिन पड़ता है, जब किसान फसल काटने का जश्न मनाते हैं। यह भूटियाओं का एक पारम्परिक त्योहार है, लेकिन लेप्चा भी इसे मनाते हैं और इसे नामसूँग कहते हैं।

156. (3) पंथी छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण नृत्य रूपों में से एक है। यह मूल रूप से छत्तीसगढ़ के सतनामी सम्प्रदाय का एक प्रमुख अनुष्ठान है। नृत्य अपने चित्रण में बहुत अभिव्यंजक है और मधुर गीतों की संगत के साथ किया जाता है।

157. (4) वेसाक उत्सव गौतम बुद्ध के थेरवाद या दक्षिणी परम्परा में जन्म, ज्ञान (बुद्धत्व) और मृत्यु (परिनिर्वाण) की स्मृति में मनाया जाता है। वेसाक को बुद्ध के जन्मदिन के रूप में मनाने का निर्णय 1950 में श्रीलंका में आयोजित बौद्ध धर्म के विश्व फेलोशिप के पहले सम्मेलन में औपचारिक रूप से किया गया था।

158. (1) छम हिमाचल प्रदेश का एक लोक नृत्य है, जो बौद्ध भिक्षुओं (लामाओं) द्वारा धार्मिक और अन्य त्योहारों के दौरान मठों के आंगन में किया जाता है। यह बुरी आत्माओं और राक्षसों को भगाने के लिए किया जाता है। इसका विषय 'बुरी आत्माओं को खत्म करने', मनुष्यों के अंदर की बुराईयों को समाप्त करने, प्राकृतिक आपदाओं, बीमारियों और महामारियों आदि से बचने के लिए किया जाता है।

159. (1) बाघ की गुफाएँ पत्थरों को काटकर बनाई गई नौ गुहा-स्मारकों का एक समूह हैं, जो मध्य प्रदेश में धार जिले के बाघ शहर में विंध्य के दक्षिणी ढलानों के बीच स्थित हैं। इन गुफाओं में सबसे अद्भुत भित्ति चित्र हैं, जिसे प्राचीन काल के मनुष्यों द्वारा बनाया गया है।

160. (3) सिक्किम के छू -फाट लोक नृत्य, सिक्किम के लोगों के संरक्षक देवता कंचनजंगा के सम्मान में किया जाता है। लेपचास का यह पुराना लोक नृत्य कंचनजंगा पर्वत के चार सहयोगी पर्वत पंडीम (Pandim), कब्रू (Kabru), सिमब्रम (Simbrum), और नर्सिंग (Narshing) इन पांच चोटियों को नमक, चिकित्सा, खनिज, पवित्र पुस्तकों और खाद्यान्न के रूप में पाँच छिपे खजाने का भंडार माना जाता है।

161. (1) छयाप-ब्रुंग लिंबो समुदाय का पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्र है। यह आकार में ढोलक की तरह है लेकिन आकार में बहुत बड़ा है। समूह नृत्य के दौरान, पुरुष नर्तक रस्सी के सहारे अपने गले में वाद्य लटकाते हैं और ड्रम को एक तरफ खुली हथेली से और दूसरे पर छड़ी से मारते हैं।

162. (2) पौष मेला एक वार्षिक मेला और त्योहार है जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में लगता है, जो फसल के मौसम को चिह्नित करता है। इस मेले की प्रमुख विशेषता है कि इसमें बंगाली लोक संगीत जैसे कि बौल, कीर्तन और कोबिगन के जीवंत प्रदर्शन किया जाता हैं।

163. (1) मृदंग को मुरज भी कहा जाता था और बाद में तेरहवीं शताब्दी में इसे मदालम के नाम से जाना जाता था। मध्ययुगीन काल में, पंद्रहवीं शताब्दी के बाद, इस यंत्र पखावज या पखावज का एक और नाम था। यह कर्नाटक संगीत की परंपरा में प्राथमिक लयबद्ध संगत है।

164. (3) विवेकानंद रॉक मेमोरियल तमिलनाडु के कन्याकुमारी में स्थित एक स्मारक है। इसका निर्माण 1970 में स्वामी विवेकानंद के सम्मान में किया गया था, जिनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने चट्टान पर ज्ञान प्राप्त किया था। स्थानीय किंवदंतियों के अनुसार, इस चट्टान पर ही देवी कुमारी ने कठोर तपस्या की। चट्टान लक्कादिव सागर से घिरी हुई हैं।

165. (3) मध्य प्रदेश के साँची शहर में स्थित, महान स्तूप भारत की सबसे पुरानी पत्थर की संरचना है जिसे मौर्य काल के दौरान बनाया गया था। मूल रूप से सम्राट अशोक द्वारा तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शुरू किए गए इस विशाल गोलार्ध के गुंबद में एक केंद्रीय कक्ष है जहाँ भगवान बुद्ध के अवशेष रखे गए हैं। चार दिशाओं वाले चार सजावटी द्वार और स्तूप के चारों ओर एक कटघरा बाद में पहली शताब्दी ईसा पूर्व में जोड़ा गया था। सांची अस्तित्व में सबसे पुराना बौद्ध अभयारण्य है और 12 वीं शताब्दी तक भारत में एक प्रमुख बौद्ध केंद्र था।

166. (2) गमछा एक पारंपरिक पतली, मोटे सूती तौलिया है जो असमिया संस्कृति का प्रतीक है। यह आमतौर पर कपड़े का एक सफेद आयताकार टुकड़ा होता है जिसमें मुख्य रूप से तीन तरफ लाल बॉर्डर और चौथे पर लाल बुना हुआ रूपांकनों होता है। हालाँकि गमछा को बनाने/बुनने के लिए सूती धागा का सबसे अधिक प्रयोग होता है, लेकिन विशेष अवसर पर सिल्क का बना गमछा इस्तेमाल किया जाता हैं।

167. (3) गिद्धा मुख्य रूप से पंजाब का लोक नृत्य है जो आम तौर पर त्योहारों या विवाह जैसे विशेष अवसरों के दौरान किया जाता है। विवाह के दौरान किए जाने वाले गिद्धा को 'वियाहुला गिद्धा' कहा जाता है। कलाकार एक वृत बना कर खड़े होते हैं जो धुन और लय के अनुसार एक अंगूठी बनाते हैं और नृत्य करते हैं। गिद्धा, में पंजाबी महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरणों को दर्शाया गया है।

168. (3) पाकिस्तान के फेडरली प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों का एक क्षेत्र वजीरिस्तान एक बड़ा क्षेत्र है और इसकी एक विशेष पश्तून संस्कृति है। वजिरी नृत्य उनके द्वारा किया जाता है, बांसुरी और ड्रम का उपयोग संगीत वाद्ययंत्र के रूप में किया जाता है।

169. (2) मारफती गीत बांग्लादेश का पारंपरिक गीत है। ये गीत एक प्रकार के ध ार्मिक गीत है जो अल्लाह की प्रशंसा में जाप करने के लिए तैयार किए गए हैं। 'मारफती' शब्द अरबी शब्द 'मारिफात' से लिया गया है, जिसका अर्थ है ज्ञान या रहस्योद्घाटन इसके विविधताओं के साथ 'मुर्शिदी,' 'फकीरी', 'जकीरी' आदि गीतों को सरिंडा और दोतारा लोक वाद्ययंत्रों के साथ गाया जाता है।

170. (3) कैंडियन या अप-कंट्री (udarata natum), नृत्य को श्रीलंका की शास्त्रीय नृत्य परंपरा के रूप में माना जाता है। यह श्रीलंका में मध्य पर्वतीय क्षेत्र के कैंडी नामक क्षेत्र के मूल निवासियो द्वारा किया जाता है। लेकिन आज यह देश के अन्य हिस्सों में व्यापक रूप से फैला हुआ है।

171. (1) हिब्रू बाइबिल, जिसे तनाख भी कहा जाता है, हिब्रू ग्रंथ का विहित संग्रह है। तनाख एक संक्षिप्त रूप है जो हिब्रू बाइबिल के तीन प्रभागों के नामों से लिया गया है: तोराह, नेविओम और केतुविम। तोराह में पाँच पुस्तकें शामिल हैं: उत्पत्ति, निर्गमन, लेव्यिकस, संख्याएँ और व्यवस्था विवरण।

172. (1) भवई, जिसे वेशा या स्वांग के नाम से भी जाना जाता है, विशेष रूप से गुजरात में, पश्चिमी भारत का एक लोकप्रिय लोक रंगमंच है। माना जाता है कि 14 वीं शताब्दी में भवई की उत्पत्ति हुई थी। असिता ठक्कर को पारंपरिक रूप से इसकी उत्पत्ति का श्रेय दिया जाता है।

173. (4) दशाइन, जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है, नेपाल का त्योहार है। यह भारत के कई हिस्सों में भी मनाया जाता है, और इसे दशहरा कहा जाता है। दशहर नेपाल में सबसे बड़ा त्योहार है। दशाइन नेपाल के बौद्धों, हिंदुओं और किरातों द्वारा मनाया जाता है।

32. जब एक या अधिक राज्य विधान सभाएँ भंग हो गई हों तो क्या भारत के राष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव आयोजित करना अनुमेय (उचित) है?
(1) जी हाँ, चुनाव किया जा सकता है
(2) जी नहीं, चुनाव करना संभव नहीं है
(3) संसद से अनुमति लेना आवश्यक है
(4) भारत के निर्वाचन आयोग की अनुमति से चुनाव किया जा सकता है
(SSC दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा–19.08.2012)

33. "लोकतांत्रिक केंद्रीकरण" किसकी महत्वपूर्ण विशिष्टता है?
(1) साम्यवादी राज्य
(2) लोकतांत्रिक राज्य
(3) सर्वसत्तात्मक राज्य
(4) समाजवादी राज्य
(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

34. भारत में लोकपाल विधेयक के बनने में मुख्य भूमिका किसने निभाई ?
(1) बिपिन हजारिका
(2) अन्ना हजारे
(3) बाबा आम्टे
(4) मेघा पाटेकर
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–16.02.2014)

35. मंडल आयोग रिपोर्ट किससे सम्बन्धित है?
(1)अन्य पिछड़े वर्गों से
(2) अनुसूचित जनजातियों से
(3) अल्पसंख्यकों से
(4) अनुसूचित जातियों से
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–23.02.2014 द्वितीय पाली)

36. 'छाया-मंत्रिमंडल' किसकी प्रशासनिक व्यवस्था की विशिष्टता है?
(1) ब्रिटेन
(2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) फ्रांस
(4) जापान
(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

37. आमतौर पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच यहाँ पर बड़ा अंतर देखा जाता है
(1) सरकार का अध्यक्षात्मक रूप
(2) फासीवादी प्रकार की सरकार
(3) सरकार का संसदीय स्वरूप
(4) सरकार का समाजवादी प्रकार
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

38. सबसे प्राचीन विधि संप्रदाय क्या है?
(1) दार्शनिक संप्रदाय
(2) ऐतिहासिक संप्रदाय
(3) विश्लेषणात्मक संप्रदाय
(4) समाजवादी संप्रदाय
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

39. राजनीतिक स्वतंत्रता का अर्थ है
(1) सरकार के ऊपर जनता का नियंत्रण
(2) लोगों की मुक्त राजनीतिक गतिविधियाँ
(3) राजनीति और लोकतंत्र के बीच सहयोग
(4) मतदाता अपनी सरकार बना सकते हैं और उसे अपदस्थ कर सकते हैं
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

40. नौकरशाही का शाब्दिक अर्थ किसके द्वारा सरकार की व्यवस्था से है ?
(1) निर्वाचित प्रतिनिधि (2) नामित प्रतिनिधि
(3) कर्मचारी (4) जमींदार वर्ग
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 प्रथम पाली)

41. भारतीय राष्ट्र गान के पूरे पाठान्तर को बजाने (गाने) में लगने वाला समय (सेकेण्डों में) कितना है?
(1) 60 (2) 52
(3) 55 (4) 57
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

42. जनमत है
(1) बहुमत की राय
(2) राजनीतिक मामलों पर जनता की राय
(3) देश के नागरिकों की राय
(4) संपूर्ण समाज के कल्याण के लिए उचित तर्क पर आधारित राय
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014)

43. लोकतंत्रीय समाजवाद का लक्ष्य है
(1) शांतिपूर्ण तरीकों से समाजवाद लाना
(2) हिंसक और शांतिपूर्ण तरीकों से समाजवाद लाना
(3) हिंसक तरीकों से समाजवाद लाना
(4) लोकतंत्रीय तरीकों से समाजवाद लाना
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 26.10.2014)

44. राष्ट्रीय प्रतीकों के संबंध में नीचे दिये गये कथनों में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(1) भारत के राष्ट्रीय ध्वज की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात 2 : 3 होता है।
(2) राष्ट्रीय झण्डे के चक्र में अरों की संख्या 24 होती है।
(3) राष्ट्रीय प्रतीक लौरिया नन्दनगढ़ के सिंह-शीर्ष से लिया गया है।
(4) राष्ट्रीय धुन बजाने की पूर्ण आधिकारिक अवधि 52 सेकण्ड है।
(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

45. राज्य के विषय में फासीवाद क्या है ?
(1) राज्य व्यक्तिवाद के सम्बन्धित धारणा को बढ़ाता है।
(2) नेशन स्टेट एक प्रकार से अविवाद्यय प्रभुत्य है।
(3) राज्य एक प्रकार से कुछ लोगों के हाथ शोषण सम्बन्धित औजार है।
(4) राज्य राजा के नियंत्रण में रहता है।
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)

46. लोकतंत्र ऐसी सरकार है जिसमें प्रत्येक की हिस्सेदारी होती है, यह किसका मत था?
(1) जियोवन्स (2) सीले
(3) प्लूटो (4) अब्राहम लिंकन
(SSC कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा 04.10.2015, प्रथम पाली)

47. पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री कौन हैं ?
(1) सुचेता कृपलानी (2) महबूबा मुफ्ती
(3) द्रौपदी मुर्मू (4) राजिंदर कौर भट्टल
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

48. स्वतन्त्र भारत का पहला "वित्त मंत्री" कौन था ?
(1) आर. के. शणमुगम् चेट्टी
(2) लियाकत अली खान
(3) जॉन मथाई
(4) सत्य नारायण सिन्हा
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

49. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(1) वह भारत का एक सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होना चाहिए।
(2) वह एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश होना चाहिए
(3) वह उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त/सेवारत मुख्य न्यायाधीश होना चाहिए
(4) उसने मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में अनुभव का प्रदर्शन किया हो
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस SI परीक्षा-05.06.2016 द्वितीय पाली)

50. भारतीय संविधान में संशोधन के उपरांत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक चिंताओं के लिए सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करने के लिए किस निकाय को स्थापित किया गया?
(1) भारतीय विधि आयोग
(2) राष्ट्रीय अनुसूची जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग
(3) भाषाई अल्पसंख्यकों हेतु विशेष अधिकारी
(4) केन्द्रीय सतर्कता आयोग
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस SI परीक्षा-05.06.2016 प्रथम पाली)

51. नीति आयोग है एक:
(1) सांविधिक निकाय
(2) विचारक-मंडल
(3) गैर-सरकारी संगठन(एन.जी.ओ.)
(4) सांविधानिक निकाय
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा-30.04.2016, प्रथम पाली)

52. किसी विधेयक पर निम्नलिखित में से किसके लिए जनमत की आवश्यकता होती है?
(1) जनमत संग्रह (2) मत संग्रह
(3) प्रत्याह्वान (4) पहल
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, द्वितीय पाली)

53. _____ शासन का एक रूप है जिसमें जनता शासकों का चुनाव करती है।
(1) निरंकुश (2) राजतंत्रवादी
(3) लोकतांत्रिक (4) अधिकारवादी
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–01.07.2017, प्रथम पाली)

54. निम्नलिखित में से कौन सा गठबंधन सरकार के बारे में सही है ?
(1) विभिन्न स्तरों पर सत्ता की साझेदारी
(2) विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता की साझेदारी
(3) दो या अधिक दलों के बीच सत्ता की साझेदारी
(4) इनमें से कोई नहीं
(SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा–02.07.2017, प्रथम पाली)

55. किस प्रकार की सरकार निष्पक्ष तथा स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होती है जिसमें तत्कालीन सत्ताधारियों के हारने का निष्पक्ष उचित अवसर हो?
(1) लोकतांत्रिक (2) निरंकुश
(3) राजतंत्रवादी (4) अधिकारवादी
(SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा–02.07.2017, प्रथम पाली)

56. 'दल-बदल' से क्या अभिप्राय है ?
(1) चुनाव जीतने के पश्चात दल बदलना
(2) चुनाव जीतने से पूर्व दल बदलना
(3) चुनाव हारने के पश्चात दल बदलना
(4) चुनाव हारने से पूर्व दल बदलना
(SSC CAPFs व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–03.07.2017, प्रथम पाली)

57. 'प्रजातंत्र लोगों का, लोगों के लिए तथा लोगों के द्वारा बनायी गयी सरकार हैं, निम्नलिखित में से किसने कहा था ?
(1) अरस्तू (2) प्लेटो
(3) अब्राहम लिंकन (4) जॉर्ज बुश
(SSC CAPFs व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–03.07.2017, प्रथम पाली)

58. _____तख्तापलट है।
(1) अचानक किसी सरकार को गैर कानूनी ढंग से उखाड़ फेंकना
(2) सेना द्वारा प्रशासन तथा न्यायपालिका को अपने नियंत्रण में लेने के बाद लागू कायदे कानून
(3) किसी अन्य शासन व्यवस्था के राजनैतिक नियंत्रण में रहने वाला क्षेत्र
(4) सभी विकल्प सही हैं
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

59. _____सरकार दूसरों से बेहतर है क्योंकि इसमें हमें अपनी गलती ठीक करने का अवसर भी मिलता है।
(1) लोकतांत्रिक (2) राजतंत्रवादी
(3) अधिकारवादी (4) निरंकुश
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

60. निम्नलिखित में से कौन लोक कल्याणकारी हितसमूह को सबसे सही दर्शाता है?
(1) किसी विशेष वर्ग या समूह के हितों को बढ़ावा देने वाला संगठन
(2) जन सामान्य के हितों को बढ़ावा देने वाला संगठन
(3) किसी सामाजिक समस्या के समाधान के लिए चलाया गया एक संघर्ष
(4) ऐसे संगठन जो राजनीतिक सत्ता पाने की गरज से लोगों को संगठित करता है
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

61. _____ सरकार में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास ही होनी चाहिए।
(1) अधिकारवादी (2) निरंकुश
(3) राजतंत्रवादी (4) लोकतांत्रिक
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा–05.07.2017, प्रथम पाली)

62. निम्नलिखित में से किस देश के पास लिखित संविधान नहीं है?
(1) यूनाइटेड किंगडम
(2) ऑस्ट्रेलिया
(3) संयुक्त राज्य अमेरिका
(4) बांग्लादेश
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 12.08.2017, तृतीय पाली)

63. _____ सरकार में हर वयस्क नागरिक का एक मत होना चाहिए तथा हर मत का एक समान मूल्य होना चाहिए।
(1) लोकतांत्रिक (2) निरंकुश
(3) राजतंत्रवादी (4) अधिकारवादी
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI Paper-I परीक्षा–02.07.2017, द्वितीय पाली)

64. किस प्रकार की सरकार में लोगों को अपने स्वयं के शासकों को चुनने की अनुमति होती है?
(1) एकतंत्रीय (2) लोकतंत्रीय
(3) कुलीनतंत्रीय (4) धनिकतंत्रीय
(SSC दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा–15.12.2017)

65. निम्नलिखित में से कौन सा मशीनरी का एक हिस्सा है जो औद्योगिक विवादों का निपटारा करता है?
(1) श्रम कोर्ट
(2) औद्योगिक ट्रिब्यूनल
(3) कार्य समिति
(4) सभी विकल्प सही हैं
(SSC JE (Civil) Exam, 23.01.2018 (Ist Sitting)

66. मानव अधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा के तहत निम्न में से कौन मानव अधिकार है?
(1) शिक्षा का अधिकार
(2) भोजन का अधिकार
(3) सार्वजनिक सेवाओं तक समान पहुँच का अधिकार
(4) सभी विकल्प सही हैं।
(SSC JE (Civil) Exam, 24.01.2018 (Ist Sitting)

67. निम्नलिखित में से कौन सुशासन की विशेषता नहीं है?
(1) जवाबदेही (2) पारदर्शिता
(3) लाल फीताशाही (4) कानून का नियम
(SSC JE (Civil) Exam, 25.01.2018 (Ist Sitting)

68. ''मिथकों और कहावतों के रूप में प्रशासन के सिद्धान्तों'' को किसने अस्वीकार किया है?
(1) एफ. डब्ल्यू. रिग्स
(2) ड्वाइट वाल्डो
(3) हर्बर्ट साइमन
(4) फ्रैंक मेरिनी
(SSC JE (Civil) Exam, 25.01.2018 (Ist Sitting)

69. इनमें से कौन सा एक राज्य का अनिवार्य कार्य नहीं है?
(1) बाह्य आक्रमणों से रक्षा करना
(2) मुद्रा का प्रबंध करना
(3) मनोरंजन की व्यवस्था करना
(4) कर संग्रह करना
(SSC JE (Civil) Exam, 27.01.2018 (Ist Sitting)

70. ''राज्य हर जगह है: यह शायद ही कोई अन्तराल छोड़ता है'', यह कथन किस धारणा की व्याख्या करता है?
(1) कल्याणकारी राज्य (2) पुलिस राज्य
(3) लोकतांत्रिक राज्य (4) कम्युनिस्ट राज्य
(SSC JE (Civil) Exam, 27.01.2018 (IInd Sitting)

71. निम्नलिखित में से किस देश में जनहित याचिका की अवधारणा उत्पन्न हुई?
(1) इंग्लैंड (2) अमेरिका
(3) रूस (4) चीन
(SSC JE (Civil) Exam, 29.01.2018 (Ist Sitting)

72. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
I. संघीय सरकार में, अधिकार विधानमंडल, कार्यकारी तथा न्यायतंत्र में वितरित होती है।
II. राजनैतिक स्पर्धा के कारण लोकतंत्र में, सामाजिक विभाजन राजनीति में प्रतिबिंबित होता है।
III. सांप्रदायिक राजनीतिक, किसी एक धर्म को अन्यों से बेहतर माने पर आधारित है।
(1) I तथा II (2) I, II तथा III
(3) I तथा III (4) II तथा III
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (द्वितीय पाली) 03.07.2017)

73. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

शब्द	अर्थ
1. कार्यपालिका	a. एक राजनैतिक संस्था जिसके पास न्याय करने तथा कानूनी विवादों के निबटारे का अधिकार होता है।
2. न्यायपालिका	b. जनप्रतिनिधियों की सभा जिसके पास देश का कानून बनाने का अधिकार होता है।
3. विधानसभा	c. व्यक्तियों का ऐसा निकाय जिसके पास देश के संविधान तथा कानून के आधार पर प्रमुख नीति बनाने, फैसले करने तथा उन्हें लागू करने का अधिकार होता है।

(1) 1 – c, 2 – a, 3 – b
(2) 1 – b, 2 – c, 3 – a
(3) 1 – a, 2 – c, 3 – b
(4) 1 – b, 2 – a, 3 – c
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (द्वितीय पाली) 05.07.2017)

74. _____ मार्शल लॉ है।
(1) अचानक किसी सरकार को गैर कानूनी ढंग से हटा देना
(2) सेना द्वारा प्रशासन तथा न्यायपालिका को अपने नियंत्रण में लेने के बाद लागू कायदे कानून
(3) किसी अन्य शासन व्यवस्था के राजनैतिक नियंत्रण में रहने वाला क्षेत्र
(4) इनमें से कोई नहीं
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (द्वितीय पाली) 06.07.2017)

75. सेना द्वारा प्रशासन तथा न्यायपालिका को अपने नियंत्रण में लेने के बाद लागू कायदे कानून को . ..... कहते हैं।
(1) तख्तापलट (2) हड़ताल
(3) मार्शल लॉ (4) राजनैतिक बंदी
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (प्रथम पाली) 07.07.2017)

76. किस प्रकार के निर्णय आमतौर पर हानि-लाभ का सावधानीपूर्वक हिसाब लगाकर लिये जाते हैं?
(1) नैतिक (2) समाजवादी
(3) युक्तिपरक (4) संजातीय
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (प्रथम पाली) 07.07.2017)

77. किस प्रकार की सरकार में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास ही होनी चाहिए?
(1) निरंकुश (2) लोकतांत्रिक
(3) मार्शल लॉ (4) कुलीनतांत्रिक
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (तृतीय पाली) 07.07.2017)

78. भारत में, निम्नलिखित में से किसे संशोधित करने के लिए संसद की विशेष बहुमत तथा राज्यों की सहमति चाहिए होती है?
I. राष्ट्रपति का चुनाव तथा उसका तरीका
II. सातवीं अनुसूची की कोई भी सूची
III. मौलिक अधिकार में संशोधन
(1) केवल I (2) केवल II
(3) I तथा II दोनों (4) I, II तथा III सभी
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 20.03.2018)

79. निम्नलिखित में से कौन से/सा भारतीय संविधान का/के एकात्मक विशेषता है?
I. राज्य तथा केंद्र के लिए एक संविधान
II. एकल नागरिकता
III. एकीकृत न्यायपालिका
(1) केवल I
(2) केवल II
(3) I तथा II दोनों
(4) I, II तथा III सभी
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 21.03.2018)

80. _____ वह दस्तावेज है, जो लोगों तथा देश में सरकार के लिए बुनियादी नियमों तथा विनियमों का अनुसरण कराता है।
(1) नियमों की पुस्तक
(2) अधिनियमों की पुस्तक
(3) संविधान
(4) लोकतंत्रीय पुस्तक
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 27.03.2018)

81. मलिमथ समिति की रिपोर्ट निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(1) न्यायिक विलंब
(2) कपड़ा क्षेत्र सुधार
(3) आपराधिक न्याय प्रणाली सुधार
(4) शेयर बाजार सुधार
SSC CGL TIER-I (CBE) परीक्षा, 04.06.2019(प्रथम पाली)

82. लोक अदालतें किसके अधीन बनाई गई हैं ?
(1) कानूनी सुलह अधिनियम
(2) न्याय अधिनियम का प्रशासन
(3) पंचाट और सुलह अधिनियम
(4) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम
SSC CGL TIER-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2019(प्रथम पाली)

83. जनवरी 2019 में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% कोटा लागू करने वाला पहला भारतीय राज्य ..... बन गया।
(1) त्रिपुरा (2) गुजरात
(3) मध्य प्रदेश (4) ओडिशा
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (द्वितीय पाली))

84. खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग अधिनियम वर्ष ..... में पारित किया गया था।
(1) 1956 (2) 1948
(3) 1964 (4) 1965
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (तृतीय पाली))

85. निम्नलिखित में से कौन भारत के पहले लोकपाल का एक गैर-न्यायिक सदस्य हैं?
(1) दिलीप भोसले
(2) पी.के. मोहंती
(3) अर्चना रामसुंद्रम
(4) अभिलाषा कुमारी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.06.2019 (तृतीय पाली))

86. निम्नलिखित में से किस केंद्रशासित प्रदेश को आंशिक राज्य का दर्जा दिया गया है?
(1) पुडुचेरी
(2) दमन और दीव
(3) दादरा और नगर हवेली
(4) लक्षदीप
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 02.07.2019 (तृतीय पाली)

87. जून 2018 में, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा किस पक्षी को राजकीय पक्षी घोषित किया गया है?
(1) सॉरस क्रेन
(2) ग्रेट हार्नबिल
(3) रोज-रिंग तोता
(4) ब्लैक क्रेस्टेड बुलबुल
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 03.07.2019 (तृतीय पाली)

88. जून 2019 तक की स्थिति के अनुसार, किस भारतीय राज्य में जिलों की संख्या सबसे कम हैं?
(1) गोवा
(2) तेलंगाना
(3) सिक्कम
(4) अरुणाचल प्रदेश
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (तृतीय पाली)

89. वरीयता क्रम (Table of Precedence) के अनुसार, निम्नलिखित में से वरीयता क्रम में सबसे उच्च प्रोटोकॉल किसे मिलता है?
(1) भारत रत्न प्राप्तकर्ता
(2) भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
(3) केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री
(4) राज्य सभा के उपाध्यक्ष
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (तृतीय पाली)

90. बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कौन थे?
(1) मुंशी राम
(2) देवीलाल
(3) कांशी राम
(4) लक्ष्मण सिंह
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 11.07.2019 (प्रथम पाली)

91. नरेंद्र मोदी 2.0 सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में निम्नलिखित में से कौन-सा निर्णय लिया गया था?
(1) आयुष्मान भारत कार्यक्रम का विस्तार
(2) राज्य पुलिस के शहीद अधिकारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति
(3) 10 प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों का विनिवेश
(4) नई रोजगार नीति की घोषणा
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 11.07.2019 (द्वितीय पाली)

92. किस पार्टी की सरकार ने 1978 में एक दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की घोषणा की ?
(1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी
(2) भारतीय जनता पार्टी
(3) जनता पार्टी
(4) यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 02.08.2019 (प्रथम पाली)

93. राष्ट्रीय ध्वज कब अपनाया गया?
(1) 12 जुलाई, 1947
(2) 12 अगस्त, 1947
(3) 22 अगस्त, 1947
(4) 22 जुलाई, 1947
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 05.08.2019 (प्रथम पाली)

94. राष्ट्रीय खाद्य अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ था?
(1) 2011 (2) 2013
(3) 2012 (4) 2014
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली)

95. भारत के राष्ट्रीय गान का हिन्दी प्रारूप कब अंगीकार किया?
(1) 24 जनवरी, 1950
(2) 26 जनवरी, 1950
(3) 2 अक्टूबर, 1948
(4) 15 अगस्त, 1947
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली)

96. लगभग 280 साल के फ्रांसीसी शासन के बाद 1954 में निम्नलिखित में से कौन भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश बन गया?
(1) दादरा और नगर हवेली
(2) दमन और दीव (3) पुडुचेरी
(4) लक्षद्वीप
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 08.08.2019 (प्रथम पाली)

97. केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम कब शुरू किया गया था?
(1) 1982 (2) 1990
(3) 1975 (4) 1986
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 09.08.2019 (प्रथम पाली)

98. भारत में लोकपाल के लिए प्रतीक चिह्न (लोगो) किसने परिकल्पित (डिजाइन) किया था ?
(1) बी. पी. राजू
(2) कामारेड्डी
(3) प्रशांत मिश्रा
(4) दीपक पुनिया
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (प्रथम पाली))

99. भारत के राष्ट्रीय चिह्न को किस दिन अपनाया गया था?
(1) 15 अगस्त, 1952
(2) 26 जनवरी, 1950
(3) 15 अगस्त, 1947
(4) 26 जनवरी, 1959
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.04.2022 (प्रथम पाली))

100. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया था?
(1) जैव विविधता अधिनियम
(2) धन शोधन निवारण अधिनियम
(3) प्रतिस्पर्धा अधिनियम
(4) घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

101. _____ सप्तपदी अनुष्ठान के पूरा होने पर विवाह को पूर्ण और बाध्यकारी मानता है।

(1) भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, 1862

(2) हिंदू विवाह अधिनियम, 1955

(3) मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन अधिनियम, 1937

(4) पारसी विवाह और तलाक अधिनियम, 1936

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

TYPE–I

1. (4)	**2.** (3)	**3.** (3)	**4.** (1)
5. (3)	**6.** (1)	**7.** (4)	**8.** (2)
9. (2)	**10.** (3)	**11.** (3)	**12.** (2)
13. (1)	**14.** (3)	**15.** (2)	**16.** (4)
17. (2)	**18.** (4)	**19.** (4)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (2)	**23.** (*)	**24.** (4)
25. (1)	**26.** (3)	**27.** (3)	**28.** (3)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (2)	**32.** (3)
33. (4)	**34.** (3)	**35.** (1)	**36.** (1)
37. (3)	**38.** (4)	**39.** (1)	**40.** (1)
41. (2)	**42.** (1)		

TYPE–II

1. (2)	**2.** (2)	**3.** (1)	**4.** (4)
5. (4)	**6.** (1)	**7.** (4)	**8.** (3)
9. (2)	**10.** (2)	**11.** (1)	**12.** (4)
13. (3)	**14.** (4)	**15.** (3)	**16.** (3)
17. (2)	**18.** (1)	**19.** (3)	**20.** (1)
21. (3)	**22.** (1)	**23.** (4)	**24.** (2)
25. (3)	**26.** (3)	**27.** (3)	**28.** (4)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (2)	**32.** (3)
33. (3)	**34.** (4)	**35.** (4)	**36.** (4)
37. (2)	**38.** (4)	**39.** (3)	**40.** (2)
41. (2)	**42.** (3)	**43.** (2)	**44.** (1)
45. (4)	**46.** (2)	**47.** (1)	**48.** (3)
49. (4)			

TYPE–III

1. (2)	**2.** (4)	**3.** (2)	**4.** (3)
5. (1)	**6.** (3)	**7.** (3)	**8.** (4)
9. (2)	**10.** (3)	**11.** (4)	**12.** (1)
13. (3)	**14.** (1)	**15.** (2)	**16.** (2)
17. (3)	**18.** (2)	**19.** (2)	**20.** (3)
21. (1)	**22.** (3)	**23.** (2)	**24.** (3)
25. (2)	**26.** (4)	**27.** (2)	**28.** (4)
29. (1)	**30.** (3)	**31.** (2)	**32.** (3)
33. (3)	**34.** (3)	**35.** (2)	**36.** (*)
37. (1)	**38.** (2)	**39.** (3)	**40.** (3)
41. (4)	**42.** (1)	**43.** (3)	**44.** (4)
45. (1)	**46.** (3)	**47.** (4)	**48.** (1)
49. (3)	**50.** (3)	**51.** (2)	**52.** (4)
53. (1)	**54.** (4)	**55.** (3)	**56.** (1)
57. (2)	**58.** (1)	**59.** (4)	**60.** (1)
61. (1)	**62.** (1)	**63.** (2)	**64.** (4)
65. (2)	**66.** (1)	**67.** (4)	**68.** (2)
69. (3)	**70.** (2)	**71.** (1)	

TYPE–IV

1. (2)	**2.** (3)	**3.** (1)	**4.** (3)
5. (3)	**6.** (2)	**7.** (2)	**8.** (2)
9. (4)	**10.** (2)	**11.** (3)	**12.** (3)
13. (2)	**14.** (3)	**15.** (2)	**16.** (3)
17. (1)	**18.** (4)	**19.** (2)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (1)	**23.** (2)	**24.** (2)
25. (4)	**26.** (3)	**27.** (4)	**28.** (4)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (2)	**32.** (2)
33. (4)	**34.** (1)	**35.** (3)	**36.** (2)
37. (1)	**38.** (2)	**39.** (2)	**40.** (4)
41. (2)	**42.** (4)	**43.** (3)	**44.** (3)
45. (1)	**46.** (2)	**47.** (2)	**48.** (2)
49. (2)	**50.** (2)	**51.** (1)	**52.** (1)
53. (3)	**54.** (3)	**55.** (4)	**56.** (2)
57. (4)	**58.** (3)	**59.** (2)	**60.** (4)
61. (2)	**62.** (4)	**63.** (3)	**64.** (4)
65. (2)	**66.** (1)	**67.** (4)	**68.** (4)
69. (4)	**70.** (4)	**71.** (3)	**72.** (3)
73. (3)	**74.** (2)	**75.** (1)	**76.** (3)
77. (2)	**78.** (4)	**79.** (3)	**80.** (4)
81. (1)	**82.** (2)	**83.** (3)	**84.** (4)
85. (3)	**86.** (3)	**87.** (1)	**88.** (1)
89. (1)	**90.** (4)	**91.** (2)	**92.** (3)
93. (1)	**94.** (1)		

TYPE–V

1. (3)	**2.** (2)	**3.** (3)	**4.** (4)
5. (2)	**6.** (4)	**7.** (3)	**8.** (4)
9. (1)	**10.** (1)	**11.** (4)	**12.** (4)
13. (2)	**14.** (1)	**15.** (2)	**16.** (3)
17. (2)	**18.** (2)	**19.** (2)	**20.** (2)
21. (3)	**22.** (3)	**23.** (2)	**24.** (3)
25. (3)	**26.** (4)	**27.** (2)	**28.** (3)
29. (1)	**30.** (3)	**31.** (1)	**32.** (1)
33. (2)	**34.** (3)	**35.** (3)	**36.** (4)
37. (3)	**38.** (3)	**39.** (4)	**40.** (3)
41. (2)	**42.** (4)	**43.** (1)	**44.** (3)
45. (1)	**46.** (1)	**47.** (4)	**48.** (2)
49. (4)	**50.** (2)	**51.** (4)	**52.** (2)
53. (2)	**54.** (3)	**55.** (4)	**56.** (4)
57. (1)	**58.** (2)	**59.** (2)	**60.** (4)
61. (3)	**62.** (4)	**63.** (1)	**64.** (1)
65. (3)	**66.** (2)	**67.** (2)	**68.** (4)
69. (1)	**70.** (3)	**71.** (3)	**72.** (3)
73. (2)	**74.** (1)	**75.** (1)	**76.** (3)
77. (3)	**78.** (1)	**79.** (4)	**80.** (1)
81. (4)	**82.** (3)	**83.** (4)	**84.** (4)
85. (1)	**86.** (1)	**87.** (2)	**88.** (2)
89. (4)	**90.** (3)	**91.** (4)	**92.** (2)
93. (3)	**94.** (4)	**95.** (3)	**96.** (3)
97. (4)	**98.** (4)	**99.** (1)	**100.** (1)
101. (2)	**102.** (1)	**103.** (3)	**104.** (4)
105. (2)	**106.** (3)	**107.** (3)	**108.** (4)
109. (1)	**110.** (1)	**111.** (3)	**112.** (2)
113. (3)	**114.** (1)	**115.** (2)	**116.** (3)
117. (4)	**118.** (2)	**119.** (3)	**120.** (3)
121. (2)	**122.** (3)	**123.** (1)	**124.** (1)
125. (4)	**126.** (3)	**127.** (2)	**128.** (1)
129. (3)	**130.** (2)	**131.** (3)	**132.** (3)
133. (2)	**134.** (2)	**135.** (1)	**136.** (4)
137. (1)	**138.** (3)	**139.** (1)	**140.** (4)
141. (2)	**142.** (1)	**143.** (3)	**144.** (2)
145. (1)	**146.** (4)	**147.** (1)	**148.** (3)
149. (4)	**150.** (4)	**151.** (1)	**152.** (2)
153. (1)	**154.** (2)	**155.** (3)	**156.** (3)
157. (1)	**158.** (3)	**159.** (4)	

TYPE–VI

1. (1)	**2.** (3)	**3.** (1)	**4.** (4)
5. (1)	**6.** (2)	**7.** (1)	**8.** (4)
9. (3)	**10.** (4)	**11.** (3)	**12.** (1)
13. (4)	**14.** (4)	**15.** (4)	**16.** (1)

17. (2)	**18.** (2)	**19.** (2)	**20.** (1)
21. (1)	**22.** (4)	**23.** (3)	**24.** (1)
25. (1)	**26.** (4)	**27.** (4)	**28.** (1)
29. (3)	**30.** (2)	**31.** (4)	**32.** (1)
33. (2)	**34.** (3)	**35.** (3)	**36.** (3)
37. (2)	**38.** (3)	**39.** (1)	**40.** (2)
41. (3)	**42.** (2)	**43.** (3)	**44.** (4)
45. (1)	**46.** (3)	**47.** (2)	**48.** (3)
49. (2)	**50.** (4)	**51.** (3)	**52.** (2)
53. (1)	**54.** (1)	**55.** (4)	**56.** (3)
57. (3)	**58.** (3)	**59.** (2)	

TYPE–VII

1. (1)	**2.** (1)	**3.** (1)	**4.** (3)
5. (3)	**6.** (2)	**7.** (2)	**8.** (2)
9. (3)	**10.** (3)	**11.** (2)	**12.** (4)
13. (2)	**14.** (2)	**15.** (3)	**16.** (2)
17. (*)	**18.** (3)	**19.** (1)	**20.** (4)
21. (4)	**22.** (3)	**23.** (2)	**24.** (2)
25. (3)	**26.** (4)	**27.** (3)	**28.** (4)
29. (2)	**30.** (2)	**31.** (3)	**32.** (2)
33. (1)	**34.** (2)	**35.** (2)	**36.** (4)
37. (2)	**38.** (2)	**39.** (4)	**40.** (4)
41. (4)	**42.** (1)	**43.** (4)	**44.** (2)
45. (1)	**46.** (4)	**47.** (3)	

TYPE–VIII

1. (2)	**2.** (4)	**3.** (3)	**4.** (2)
5. (1)	**6.** (1)	**7.** (4)	**8.** (4)
9. (3)	**10.** (4)	**11.** (1)	**12.** (2)
13. (1)	**14.** (3)	**15.** (4)	**16.** (3)
17. (4)	**18.** (1)	**19.** (2)	**20.** (4)
21. (4)	**22.** (3)	**23.** (1)	**24.** (3)
25. (4)	**26.** (1)	**27.** (3)	**28.** (3)
29. (3)	**30.** (2)	**31.** (4)	**32.** (2)
33. (1)	**34.** (1)	**35.** (1)	

TYPE–IX

1. (3)	**2.** (1)	**3.** (4)	**4.** (4)
5. (3)	**6.** (4)	**7.** (1)	**8.** (1)
9. (4)	**10.** (2)	**11.** (1)	**12.** (1)
13. (3)	**14.** (1)	**15.** (2)	**16.** (4)
17. (1)	**18.** (3)	**19.** (3)	**20.** (4)
21. (2)	**22.** (3)	**23.** (3)	**24.** (4)
25. (4)	**26.** (3)	**27.** (3)	**28.** (2)
29. (3)	**30.** (4)	**31.** (1)	**32.** (4)
33. (4)	**34.** (4)	**35.** (3)	**36.** (4)
37. (2)	**38.** (4)	**39.** (2)	**40.** (2)
41. (4)	**42.** (1)	**43.** (1)	**44.** (1)
45. (4)	**46.** (3)	**47.** (3)	**48.** (4)
49. (4)	**50.** (3)	**51.** (4)	

TYPE–X

1. (2)	**2.** (3)	**3.** (3)	**4.** (1)
5. (1)	**6.** (1)	**7.** (4)	**8.** (2)
9. (1)	**10.** (3)	**11.** (4)	**12.** (4)
13. (2)	**14.** (4)	**15.** (2)	**16.** (3)
17. (2)	**18.** (4)	**19.** (1)	**20.** (1)
21. (3)	**22.** (1)	**23.** (3)	**24.** (2)
25. (3)	**26.** (4)	**27.** (2)	**28.** (3)
29. (1)	**30.** (1)	**31.** (3)	**32.** (1)
33. (3)	**34.** (4)	**35.** (4)	**36.** (2)
37. (4)	**38.** (1)		

TYPE–XI

1. (3)	**2.** (4)	**3.** (2)	**4.** (1)
5. (3)	**6.** (1)	**7.** (4)	**8.** (2)
9. (3)	**10.** (2)	**11.** (2)	**12.** (3)
13. (1)	**14.** (2)	**15.** (2)	**16.** (3)
17. (4)	**18.** (3)	**19.** (2)	**20.** (1)
21. (1)	**22.** (4)	**23.** (2)	**24.** (4)
25. (1)	**26.** (2)	**27.** (2)	**28.** (1)
29. (1)	**30.** (4)	**31.** (3)	**32.** (4)
33. (1)	**34.** (3)	**35.** (2)	**36.** (2)
37. (4)	**38.** (1)	**39.** (2)	**40.** (1)
41. (4)	**42.** (4)	**43.** (3)	**44.** (1)
45. (2)	**46.** (1)	**47.** (4)	**48.** (1)
49. (3)	**50.** (3)	**51.** (2)	**52.** (1)
53. (3)	**54.** (3)	**55.** (3)	**56.** (4)
57. (3)	**58.** (2)	**59.** (3)	**60.** (1)
61. (1)	**62.** (4)	**63.** (2)	**64.** (2)
65. (3)	**66.** (1)	**67.** (2)	**68.** (1)
69. (3)	**70.** (2)	**71.** (2)	**72.** (1)
73. (1)	**74.** (4)	**75.** (1)	**76.** (2)
77. (4)	**78.** (2)	**79.** (2)	**80.** (1)
81. (2)	**82.** (1)	**83.** (3)	**84.** (4)
85. (2)	**86.** (4)	**87.** (2)	**88.** (1)
89. (4)	**90.** (2)	**91.** (1)	**92.** (3)
93. (1)	**94.** (4)	**95.** (3)	**96.** (3)
97. (3)	**98.** (1)	**99.** (4)	**100.** (3)
101. (4)	**102.** (3)	**103.** (3)	**104.** (4)
105. (3)	**106.** (3)	**107.** (3)	**108.** (2)
109. (2)	**110.** (1)	**111.** (3)	**112.** (2)
113. (2)	**114.** (3)	**115.** (2)	**116.** (3)
117. (4)	**118.** (1)	**119.** (2)	**120.** (4)
121. (3)	**122.** (3)	**123.** (4)	**124.** (2)
125. (4)	**126.** (4)	**127.** (3)	**128.** (2)
129. (3)	**130.** (4)	**131.** (4)	**132.** (4)
133. (2)	**134.** (4)	**135.** (4)	**136.** (4)
137. (1)	**138.** (3)	**139.** (3)	**140.** (2)
141. (3)	**142.** (2)	**143.** (4)	**144.** (1)
145. (3)	**146.** (2)	**147.** (2)	**148.** (1)
149. (3)	**150.** (1)	**151.** (3)	**152.** (2)
153. (1)	**154.** (2)	**155.** (3)	**156.** (2)
157. (4)	**158.** (3)	**159.** (3)	**160.** (2)
161. (3)			

TYPE–XII

1. (1)	**2.** (4)	**3.** (3)	**4.** (3)
5. (1)	**6.** (3)	**7.** (1)	**8.** (2)
9. (3)	**10.** (4)	**11.** (3)	**12.** (3)
13. (3)	**14.** (2)	**15.** (4)	**16.** (1)
17. (1)	**18.** (3)	**19.** (3)	**20.** (3)
21. (3)	**22.** (4)	**23.** (4)	**24.** (3)
25. (4)	**26.** (4)	**27.** (4)	**28.** (1)
29. (1)	**30.** (1)	**31.** (4)	**32.** (1)
33. (1)	**34.** (2)	**35.** (1)	**36.** (1)
37. (4)	**38.** (1)	**39.** (2)	**40.** (3)
41. (2)	**42.** (1)	**43.** (4)	**44.** (3)
45. (2)	**46.** (2)	**47.** (4)	**48.** (1)
49. (1)	**50.** (2)	**51.** (2)	**52.** (2)
53. (3)	**54.** (3)	**55.** (1)	**56.** (1)
57. (3)	**58.** (1)	**59.** (1)	**60.** (2)
61. (4)	**62.** (1)	**63.** (1)	**64.** (2)
65. (4)	**66.** (4)	**67.** (3)	**68.** (3)
69. (3)	**70.** (1)	**71.** (2)	**72.** (2)
73. (1)	**74.** (2)	**75.** (3)	**76.** (3)
77. (2)	**78.** (3)	**79.** (4)	**80.** (3)
81. (3)	**82.** (1)	**83.** (2)	**84.** (1)
85. (4)	**86.** (1)	**87.** (3)	**88.** (1)
89. (3)	**90.** (3)	**91.** (2)	**92.** (3)
93. (4)	**94.** (2)	**95.** (1)	**96.** (3)
97. (4)	**98.** (3)	**99.** (2)	**100.** (4)
101. (2)			

उत्तर व्याख्यासहित

TYPE–I

1. (4) भारत का वर्तमान संवैधानिक ढाँचा बहुत कुछ सन् 1935 के अधिनियम पर आधारित है। इस अधिनियम द्वारा भारत में संघात्मक सरकार की स्थापना की गयी। 1935 के अधिनियम के मुख्य उपबन्ध निम्नलिखित थे-संघात्मक सरकार की स्थापना, केन्द्र में द्वैध शासन की स्थापना, प्रान्तों में स्वायत्त शासन की स्थापना, केन्द्रीय विधान मण्डल, प्रान्तीय शासन व्यवस्था, प्रान्तीय विधान मण्डल, केन्द्र एवं प्रांतों में शक्तियों का विभाजन, फेडरल न्यायालय की स्थापना। इस प्रकार 1935 के अधिनियम ने भारतीय संविधान की रचना में सर्वाधिक गंभीर प्रभाव छोड़ा।

2. (3) जुलाई 1946 में स्थापित संविधान सभा के सदस्यों में महात्मा गाँधी शामिल नहीं थे। संविधान सभा के अन्य सदस्यों में **कांग्रेसी सदस्य** - पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना आजाद, चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, पंडित गोविन्द वल्लभ पंत, जे.वी. कृपलानी थे।

गैर कांग्रेसी सदस्य - एम. आर. जयकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (हिन्दू महासभा से)

मुस्लिम लीग - मोहम्मद सादुल्ला

अन्य - डॉ. अम्बेडकर, ए.के. अय्यर, के. एम. संथानम, सच्चिदानन्द सिन्हा आदि।

महिला सदस्य - श्रीमती हंसा मेहता, श्रीमती राजकुमारी अमृतकौर, लखनऊ की बेगम एजाज रसूल, श्रीमती सरोजिनी नायडू तथा श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख थीं।

3. (3) भारतीय संविधान को 26 नवम्बर, 1949 को स्वीकार किया गया था।, जिसका उल्लेख संविधान की प्रस्तावना में "हम भारत के लोग ..... दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। 1949 में अंगीकृत संविधान में 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियाँ थी। संविधान 26 नवंबर, 1949 को पारित किया गया था। इसी तारीख को संविधान के प्रारंभ की तारीख कहा गया।

4. (1) 11 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को स्थाई अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

5. (3) डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने **'संविधान का हृदय और आत्मा'** सांविधानिक उपचारों के अधिकार (अनुच्छेद - 32) को कहा है। अनुच्छेद - 32 के अंतर्गत भाग तीन में प्रदत्त मूलाधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए समुचित कार्यवाहियों द्वारा उच्चतम न्यायालय में समावेदन करने का अधिकार प्रत्याभूत किया गया है। यह अंग ही नहीं बल्कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर के शब्दों में संविधान की आत्मा और हृदय है।

6. (1) भारत में दल-रहित लोकतंत्र के समर्थकों में जयप्रकाश नारायण, महात्मा गाँधी, विनोबा भावे, एम.एन. राय आदि नेता समर्थक थे। लेकिन जयप्रकाश नारायण ने इस अवधारणा को विकसित एवं पोषित करने हेतु सर्वाधिक कार्य किया है।

7. (4) संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को वर्तमान संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में हुई।

8. (2) संविधान सभा (अविभाजित भारत के लिए निर्वाचित संविधान सभा) की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को आयोजित की गई थी। संविधान सभा का गठन 16 मई, 1946 को कैबिनेट मिशन योजना के अंतर्गत किया गया था।

9. (2) एकात्मक सरकार, सरकार का वह रूप है जिसमें शासन की अधिकांश या सभी शक्तियाँ केन्द्र सरकार में निहित होती है। केन्द्र सरकार सर्वोच्च होती है, और प्रशासनिक मण्डल केवल उन्हीं शक्तियों का प्रयोग करते हैं जो उन्हें केन्द्र सरकार द्वारा सौंपी गई हैं। यह संघीय प्रणाली के विपरीत है।

10. (3) भारत प्रतिनिधिक लोकतंत्र का अनुसरण करता है, जिसे अप्रत्यक्ष लोकतंत्र के रूप में भी जाना जाता है। यह प्रत्यक्ष लोकतंत्र से इतर के रूप में, लोगों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित अधिकारियों के सिद्धान्त पर स्थापित लोकतंत्र का एक प्रकार है। साधारण शब्दों में, प्रतिनिधिक लोकतंत्र सरकार की वह प्रणाली है जिसमें सभी पात्र नागरिक अपने लिए नियम बनाने हेतु प्रतिनिधियों को वोट देते हैं।

11. (3) संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान को 1788 में अंगीकार किया गया था। अमेरिका का संविधान आधुनिक लोकतंत्र के लिए विश्व की पहली औपचारिक रूपरेखा प्रदान करता है। यह एक निर्वाचित सरकार की व्यवस्था करता है तथा नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की रक्षा करता है। यह प्रतिनिधि लोकतंत्र का नेतृत्व करता है जिसे किसी लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक संघटक माना जाता है। 19वीं शताब्दी के आरंभ में श्वेत लोगों को मताधिकार प्रदान करने के साथ ही अमेरिका ने "विश्व का प्रथम लोकतंत्र होने" की उपाधि प्राप्त की। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी देश की विशाल आबादी अपने प्रतिनिधियों को चुन सकती थी।

12. (2) भारत के संविधान के निर्माता बी.आर. अंबेडकर को माना जाता है। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। इनके साथ 6 अन्य सदस्य भी थे। प्रारूप समिति में 6 अन्य सदस्य थे- एन गोपाल स्वामी आयंगर, अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर, के एम. मुंशी, मोहम्मद सादुल्लाह, बी. एल. मित्र एवं डी.पी. खेतान। इनमें बी.एल. मित्र के स्थान पर एन माधव राव तथा डी.पी. खेतान के स्थान पर टी.टी. कृष्णामाचारी को इस समिति में शामिल किया गया।

13. (1) संविधान की मसौदा समिति के समक्ष प्रस्तावना पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा 13 दिसम्बर, 1946 को प्रस्तुत किया गया था। यह उद्देश्य प्रस्ताव ही भारतीय संविधान का आधार था, प्रेरणा था और भविष्यगामी क्रांतिकारी लक्ष्य था, जिसे प्रस्तावना के रूप में अंतिम रूप से सूत्रबद्ध किया गया था। उद्देश्य प्रस्ताव पर 7 दिन तक (19 दिसम्बर, 1946) तक गंभीर वाद-विवाद के बाद संविधान सभा द्वारा 22 जनवरी, 1947 को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

14. (3) भारत के गणतंत्रीय दल (The Republican Party of India) की स्थापना 3 अक्टूबर, 1957 में हुई थी, जिसके जड़ें बी.आर. अंबेडकर की पार्टी दलित महासंघ से गहरे रूप में जुड़ी थीं। इसलिए गणतंत्र पार्टी को भी अंबेडकर की ही पार्टी माना जाता है। यह पार्टी अंबेडकर के दलित बुद्धिस्ट आंदोलन के बाद निर्मित हुई थी।

15. (2) भारत में कैबिनेट मिशन भेजने का प्रमुख उद्देश्य शक्ति के अंतरण के लिए एक संवैधानिक व्यवस्था निश्चित करना था, जिससे संविधान सभा का प्रारूप स्थापित हो सके। इस मिशन के सदस्य लार्ड पेथिक लारेंस, सर स्टेफर्ड क्रिप्स और ए.वी. एलेक्जेंडर थे। यह लोग 23 मार्च, 1946 को भारत पहुँचे थे।

16. (4) संविधान सभा में के.टी. शाह ने कहा था कि सरकारी नीति के निदेशक सिद्धांत "किसी बैंक में देय उस चेक की तरह है जिसका भुगतान बैंक अपनी सुविधानुसार करता है।

भारतीय संविधान के भाग-IV के अनुच्छेद 38 से 51 तक 17 निदेशक तत्व है। अनुच्छेद 39(क), 43(क) और 48(क) 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा स्थापित किया गया।

नीति निदेशक तत्वों का प्रमुख स्रोत है आयरलैंड का संविधान। इसके प्रभाव की व्यापकता संविधानिक और विचारधारात्मक है।

निदेशक तत्वों और मूल अधिकारों का एक ही उद्भव है, 1928 की नेहरू रिपोर्ट जिसमें सर्वप्रथम भारत के लिए स्वराजी विधान बनाया गया था।

17. (2) भारतीय संविधान की रूपरेखा संविधान सभा द्वारा 9 दिसम्बर, 1946 को तैयार की गई थी। इसे भारतीय नेताओं और भारत के कैबिनेट मिशन (1946) के सदस्यों के मध्य हुई बातचीत के बाद तैयार किया गया था। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर, 1949 को अंगीकार किया गया था तथा 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था।

18. (4) द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद जुलाई 1945 में ब्रिटेन की नई सरकार ने भारत संबंधी अपनी नई नीति की घोषणा की तथा एक संविधान निर्माण करने वाली समिति बनाने का निर्णय लिया। भारत की आजादी के सवाल का हल निकालने के लिए ब्रिटिश कैबिनेट के तीन मंत्री भारत भेजे गए। इस मिशन के सदस्य स्टैफोर्ड क्रिप्स, पैथिक लारेंस और ए.वी. एलेक्जेंडर थे। इसे कैबिनेट मिशन कहा जाता है। कैबिनेट मिशन के अध्यक्ष भारत मंत्री पैथिक लारेंस थे। कैबिनेट मिशन की योजना के अनुसार संविधान सभा का गठन किया गया।

19. (4) केन्द्रीय विधानसभा भारत के लिए एक व्यवस्थापिका सभा थी जो पहले सम्राटीय विधान परिषद् के नाम से भारत सरकार अधिनियम 1919 द्वारा गठित की गई थी। इसे मॉन्टेग्यू चेम्सफोर्ड (Montagu-Chemsford) द्वारा लागू किया था। यह 1920 में गठित हुआ।

20. (3) भारतीय राष्ट्रीय गान ''जन गण मन'' को संविधान सभा द्वारा अधिकृत रूप से 24 जनवरी, 1950 को भारतीय राष्ट्रीय गान के रूप में अपनाया गया था। रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा संस्कृत-बांग्ला में रचित इस गान की आर्रभिक पाँच पंक्तियाँ ब्रह्म स्तुति से संबंधित हैं।

21. (2) राजनीतिक स्वतंत्रता से तात्पर्य ऐसी अवस्था या शर्त से है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति को राजनीतिक रूप से सरकार बनाने, संचालित करने, व्यवस्थित करने या गठित करने का अधिकार दिया जाता है। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि व्यक्ति को राजनैतिक गतिविधियों में शामिल होने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है।

22. (2) संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव प्रांतीय विधान सभाओं द्वारा एकल हस्तांतरणीय समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के आधार पर किया गया था। संविधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या 389 थी।

23. (*) संविधान के अनुसार, भारत 26 जनवरी, 1950 को प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य बना। तभी से, भारत के लोग 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता वाली प्रारूप समिति की रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त करते हुए संविधान सभा ने 26 जनवरी, 1949 को संविधान पारित कर दिया।

संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान अंगीकृत किया था। संविधान सभा पुन: 24 जनवरी, 1950 को समवेत हुई थी जब सदस्यों द्वारा संविधान पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारतीय संविधान को पूर्णत: 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया।

24. (4) भारतीय संविधान सभा का विचार सर्वप्रथम मानवेन्द्र नाथ रॉय या एम.एन. रॉय ने 1934 में प्रस्तुत किया था। यह 1935 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की आधिकारिक मांग बनी। अगस्त 1940 में अगस्त प्रस्ताव द्वारा इस मांग को स्वीकार कर लिया गया, हालांकि इसकी स्थापना कैबिनेट मिशन योजना 1946 के अंतर्गत की गई। संविधान सभा ने भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार किया।

25. (1) भारत सरकार अधिनियम, 1858 को भारत सुशासन अधिनियम के रूप में जाना जाता है, इस अधिनियम के द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत पर नियंत्रण समाप्त हो गया। सरकार, राज्यक्षेत्रों और राजस्व प्राप्ति की सभी शक्तियाँ ब्रिटिश सरकार को हस्तांतरित कर दी गई। भारत में कंपनी के राज्यक्षेत्रों पर महारानी का अधिकार हो गया, इन राज्यक्षेत्रों को नियंत्रित करने की कंपनी की शक्ति समाप्त हो गई। अब भारत पर महारानी के नाम से शासन किया जाने लगा।

26. (3) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में वर्णन किया गया है कि संविधान को अधिकारों की प्राप्ति भारत के लोगों से हुई है। प्रस्तावना में वर्णित कुछ शब्द इस प्रकार हैं-''हम, भारत के लोग, इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं'' अत: प्रस्तावना में भारत के लोगों की अंतिम प्रभुसत्ता की घोषणा की गई है, जो यह बताता है कि भारत के लोगों के समस्त अधिकार संविधान में निहित हैं।

27. (3) भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत केन्द्र में द्वैध शासन का प्रावधान किया गया था। इस अधिनियम के अंतर्गत, केन्द्र की कार्यकारी शक्तियाँ वायसराय में निहित थी। इस अधिनियम द्वारा भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रांतीय स्तर पर द्वैध प्रणाली के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया।

28. (3) सामान्यत: बंधुत्व से तात्पर्य लोगों के समूह में भाईचारा, मैत्री और परस्पर सहयोग की भावना से है जो घनिष्ठ रूप से एक दूसरे से संबंधित हैं। हालांकि, यदि भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सन्दर्भ स्रोत के रूप में लिया जाता है तो बंधुत्व का अर्थ राष्ट्र की एकता और अखण्डता तथा व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करना है।

29. (4) आरंभ में, भारतीय संविधान में 22 भाग के अंतर्गत 395 अनुच्छेद थे। वर्तमान में, 25 भाग के अंतर्गत 448 अनुच्छेद हैं। संविधान के विशिष्ट अनुच्छेदों को एक साथ भागों में वर्गीकृत किया गया है।

30. (2) इंडियन काउंसिल एक्ट 1909 को सामान्यत: मार्ले-मिन्टो सुधार के रूप में जाना जाता है। इस अधिनियम के द्वारा भारत में पहली बार विभिन्न विधान परिषदों के चुनाव प्रभावशाली एवं न्यायसंगत रूप से सम्पन्न कराए गए थे। इससे पूर्व, भारत के कुछ सदस्यों को ही विधान परिषदों में नियुक्त किया जाता था। परिषदों में ब्रिटिश सरकार द्वारा की गई नियुक्तियों का बहुमत था।

31. (2) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा 9 दिसम्बर, 1946 को आयोजित संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में चुने गए। 11 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को अध्यक्ष और डॉ. एच.सी मुखर्जी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया।

32. (3) भारतीय संविधान का भाग VIII केन्द्र शासित प्रदेशों से संबंधित है। भाग VIII के तहत अनुच्छेद 239-242 में केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से लेकर उच्च न्यायालयों के अंतर्गत आने वाले कई प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। इसमें दिल्ली के संबंध में विशेष प्रावधान भी शामिल हैं।

33. (4) भारत के संविधान का भाग IX – A नगर पालिकाओं से संबंधित है। इसमें अनुच्छेद 243-p से 243-ZG के प्रावधान शामिल हैं। भाग IXA को 74वें संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत भारतीय संविधान में जोड़ा गया था। इस अधिनियम ने नगर पालिकाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया था।

34. (3) ईस्ट इंडिया कंपनी अधिनियम, जिसे पिट्स इंडिया अधिनियम भी कहा जाता है, ग्रेट ब्रिटेन की संसद का एक अधिनियम था जिसका उद्देश्य 1773 में भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन को नियंत्रण में लेकर ब्रिटिश सरकार के विनियमन अधिनियम की कमियों को दूर करना था। ब्रिटिश प्रधानमंत्री विलियम पिट द यंगर के नाम पर इस एक्ट का नाम पड़ा था।

35. (1) न्यायविद बी.एन. राव को भारतीय संविधान बनाने के लिए 1946 में संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। वह संविधान के लोकतांत्रिक ढांचे की सामान्य संरचना के लिए जिम्मेदार थे और उन्होंने फरवरी 1948 में इसका प्रारंभिक मसौदा तैयार किया। यह मसौदा अंतत: 26 नवम्बर, 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था।

36. (1) संविधान का भाग VIII संघ शासित प्रदेशों के प्रशासन से संबंधित है।

- केंद्र शासित प्रदेशों को एक प्रशासक के माध्यम से राष्ट्रपति द्वारा प्रशासित किया जाता है।
- केंद्रशासित प्रदेशों में प्रशासन की संरचना तय करने की शक्ति संसद में निहित है।
- भारत में वर्तमान में नौ केंद्र शासित प्रदेश हैं।
- इनमें दिल्ली, पुदुचेरी और जम्मू-कश्मीर की अपनी विधानसभाएँ हैं।

37. (3) हैदराबाद की रियासत को 17 सितम्बर, 1948 को भारतीय संघ के तहत लाया गया था, जो तीन दिन की सैन्य कार्रवाई के बाद सफल हुआ था। यह एक सैन्य अभियान था जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने निजाम शासित रियासत पर आक्रमण किया था। इसके बाद, निजाम ने भारत में शामिल होने के लिए अंगीकार पत्र पर हस्ताक्षर किए।

38. (4) भारत के संविधान का भाग XV भारत में चुनाव से संबंधित है। इसमें अनुच्छेद 324-329 के तहत चुनाव से संबंधित कई प्रावधान शामिल हैं। उदाहरण के लिए, अनुच्छेद 324 में कहा गया है कि चुनावों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण चुनाव आयोग में निहित है।

39. (1) संविधान मौलिक सिद्धांतों या स्थापित मिसालों का एक समूह होता है जो राजनीति के लिए कानूनी आधार का गठन करता है।

- किसी भी देश की राजनीति उसके संविधान के अनुसार चलती है।
- इसलिए, राजनीति को बदलने के लिए, संविधान को पहले संशोधन (अमेंडमेंट) की प्रक्रिया के माध्यम से बदलना होगा।

40. (1) लॉटरी नियमन अधिनियम भारत की संसद द्वारा 7 जुलाई, 1988 को अधिनियमित किया गया और 2 अक्टूबर, 1988 को लागू हुआ।

- इसने लॉटरी (विनियमन) अध्यादेश का स्थान लिया।
- यह अधिनियम भारत में लॉटरियों के संचालन के लिए केन्द्र सरकार के लिए संपूर्ण दिशा-निर्देश निर्धारित करता है।
- यह राज्यों की सरकार को कुछ शर्तों के अधीन लॉटरी का संचालन और विनिय मन करने की भी अनुमति देता है।

41. (2) जी. वी. मावलंकर संविधान सभा के कार्य संबंधी समिति के अध्यक्ष थे।

- बाद में उन्होंने केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष (1946 से 1947 तक), भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष और बाद में लोकसभा के पहले अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

42. (1) एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता और तमिलनाडु के राजनीतिक कार्यकर्ता, अम्मू स्वामीनाथन 1946 में मद्रास निर्वाचन क्षेत्र से संविधान सभा के सदस्य बने।

- बाद में, वह 1952 में मद्रास राज्य से राज्य सभा की सदस्य चुनी गईं।
- वह कई सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़ी थीं, और नवम्बर 1960 से मार्च 1965 तक उन्होंने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

TYPE–II

1. (2) भारत राज्यों का संघ है, जिसमें सम्प्रति 28 राज्य और सात केंद्र शासित प्रदेश हैं। संविधान के अनु. (1) के अनुसार भारत अर्थात् इंडिया राज्यों का संघ होगा। राज्य और उनके राज्य-क्षेत्र वे होंगे जो पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं। 2014 में तेलंगाना के गठन के पश्चात् भारत में 28 राज्य हो गए हैं।

2. (2) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष या पंथनिरपेक्ष शब्द 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। यद्यपि भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्ष की जगह 'पंथनिरपेक्ष' को अपनाया गया है। जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से अनुगुंजित है। धर्म के प्रति पूर्ण तटस्थता धर्मनिरपेक्षता की विशेषता है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में किसी भी धर्म को राजधर्म न घोषित करके भी जीवन के मूल्यवान धर्मगत पहलुओं को उद्भाषित, प्रेरित और संरक्षण देने पर बल दिया गया। लोकहित में राज्य व्यक्ति के धर्मगत मामलों में प्रतिबंध लगा सकता है। मूलाधिकारों के अनुच्छेद 14, 15, 16, 19, 25, 29, 30 में पंथनिरपेक्ष की भावना को संजोया गया है।

3. (1) भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों का प्रमुख स्रोत आयरलैंड का संविधान है। संविधान के भाग 4 में अनुच्छेद 36 से 51 तक कुल 16 अनुच्छेदों में 'राज्य की नीति निदेशक तत्व' शीर्षक से न्यायिक रूप से अप्रवर्तनीय किन्तु शासन की नीति में मूलभूत तत्व के रूप में स्वीकृत उन उपबंधों का वर्णन है जो सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय को बढ़ावा देकर लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करेंगे।

4. (4) भारत में राजनीतिक शक्ति का स्रोत-उद्देशिका में प्रयुक्त ''हम भारत के लोग अर्थात् जनता.....इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं। पदावली से यह स्पष्ट है कि भारतीय संविधान का स्रोत भारत की जनता है।

5. (4) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'संघीय' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है जबकि 'संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न', समाजवादी, 'पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य शब्दों का प्रयोग किया गया है। समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्द 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा जोड़े गए।

6. (1) भारतीय संविधान में इंग्लैंड से संसदात्मक शासन-प्रणाली, एकल नागरिकता एवं विधि-निर्माण प्रक्रिया लिया गया है।

7. (4) हमारे संविधान की प्रस्तावना में वयस्क मताधिकार का कोई उल्लेख नहीं है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निम्नलिखित का उल्लेख है:
सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक (न्याय)
प्रतिष्ठा और अवसर की (समता)

8. (3) 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द आरंभ में संविधान की प्रस्तावना में शामिल नहीं थे। इन शब्दों को 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा संविधान में शामिल किया गया था। इस संशोधन के द्वारा ''समाजवादी'' और ''धर्मनिरपेक्ष'' शब्दों को ''प्रभुत्वसम्पन्न'' और ''लोकतांत्रिक'' शब्दों के मध्य जोड़ा गया था और शब्द ''राष्ट्र की एकता'' के स्थान पर ''राष्ट्र की एकता और अखंडता'' को शामिल किया गया था।

9. (2) न्यायिक समीक्षा संविधान की व्याख्या करने की न्यायपालिका की शक्ति से संबंधित है, यह न्यायपालिका को विधानमंडल और कार्यपालिका द्वारा पारित नियम या आदेश, यदि वह संविधान का उल्लंघन करता है, को अमान्य घोषित करने की शक्ति प्रदान करता है। भारतीय संविधान ने न्यायिक समीक्षा को अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया है।

10. (2) राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा के सदस्यों के नामांकन का नियम आयरलैंड के संविधान से लिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य विषय जैसे - नीति-निदेशक सिद्धांत, राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल की व्यवस्था, आयरलैंड के संविधान से लिया गया है।
राज्यसभा में अधिक से अधिक 250 सदस्य हो सकते हैं। इस समय 245 सदस्य हैं। 12 सदस्यों को राष्ट्रपति द्वारा साहित्य, कला, विज्ञान, समाजसेवा इत्यादि के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों हेतु मनोनीत किया जाता है।

11. (1) सर्व सत्ता सम्पन्न संसद की अवधारणा इंग्लैंड की देन है। हमारे संविधान में इंग्लैण्ड से मंत्रिमंडल प्रणाली, एकल नागरिकता, संसद की प्रक्रिया और विशेषाधिकार, परमाधिकार रिट आदि उपबंध लिए गए हैं।

12. (4) भारतीय संविधान में समवर्ती सूची ऑस्ट्रेलिया से ली गई है। ऑस्ट्रेलिया के संविधान में विधायी विषयों की एक समवर्ती सूची है व व्यापार, वाणिज्य और समागम की स्वतंत्रता के बारे में उपबंध है।

13. (3) भारत में राष्ट्रपति के निर्वाचन की विधि को आयरलैंड के संविधान से ग्रहण किया गया है। राष्ट्रपति को पद से हटाने की विधि को अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया गया है। राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों और राज्य सभा के लिए सदस्यों को मनोनीत करने की विधि को संविधान में शामिल करने की प्रेरणा भी आयरलैंड के संविधान से मिली है।

14. (4) भारत में सरकार की संसदीय प्रणाली (ब्रिटेन से ली गई) है क्योंकि यहाँ लोकसभा में मंत्रिपरिषद उत्तरदायी है। अनुच्छेद 79 के अनुसार संघ की एक संसद होगी जिसके तीन अंग होंगे- राष्ट्रपति, राज्यसभा तथा लोकसभा। राज्यसभा, लोकसभा तथा राज्य विधान मंडलों की अधिकतम संख्या और न्यूनतम संख्या 42वें संशोधन 1976 द्वारा 1971 की जनगणना के आधार पर अंतिम रूप से निश्चित की गई थी, लेकिन 84वें संशोधन 2001 द्वारा 2026 तक प्रतिनिधित्व में वृद्धि न करने के संकल्प को बनाए रखा गया है।

15. (3) भारत के संविधान में कहीं भी संघीय (Federal) शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1(1) में कहा गया है कि "भारत अर्थात् इंडिया, राज्यों का संघ होगा"। यद्यपि संविधान की संरचना परिसंघात्मक है किंतु प्रारूप समिति ने संघ (Union) शब्द का प्रयोग किया है।

16. (3) सरकार का अध्यक्षात्मक रूप भारतीय संविधान की विशेषता नहीं है। भारतीय संविधान एक संघात्मक गणराज्य की स्थापना करता है। हमारे संविधान में एक संघ और 29 राज्य बनाए गए हैं, जिनको शक्तियाँ और कृत्य सौंपे गए हैं। इस दृष्टि से यह अमेरीकी संविधान से समानता रखता है।

17. (2) भारतीय संविधान का ढांचा एकात्मक विशेषताओं के साथ-साथ संघात्मक भी है। भारतीय संविधान न तो पूर्ण संघात्मक है और न ही एकात्मक अपितु यह दोनों का सम्मिश्रण है। भारतीय संविधान अर्धसंघीय है।

18. (1) भारतीय संविधान के भाग-1 के अनुच्छेद 1(1) के अनुसार ''इंडिया अर्थात् भारत राज्यों का संघ होगा''।

19. (3) सामाजिक न्याय दरअसल वैसे समाज या संगठन को स्थापित करने की अवधारणा है जो समानता तथा एकता के मूल्यों पर आधारित हो, साथ ही मानव अधिकारों के मूल्यों को समझे तथा प्रत्येक मनुष्य की प्रतिष्ठा को भी पहचाने। सामाजिक न्याय कोई अलग बात नहीं बल्कि समाज-निर्माण का ही अभिन्न अंग है। न्याय के बिना समाज की संकल्पना अधूरी है।

20. (1) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारतीय संविधान का सार, अपेक्षाएँ, उद्देश्य उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट किया गया है। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है। यह बताती है कि संविधान जनता के लिए है तथा जनता ही अंतिम सम्प्रभु है। इसी से हमें भारतीय लोकतन्त्र के आदर्शों से परिचय कराया जाता है।

21. (3) धर्मनिरपेक्षता एक आधुनिक राजनीतिक एवं संविधानिक सिद्धान्त है जिसके मूलत: दो प्रस्ताव हैं: (i) राज्य के संचालन एवं नीति-निर्धारण में मज़हब (धर्म) का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए; और (ii) सभी धर्म के लोग कानून, संविधान एवं सरकारी नीति के आगे समान हैं। भारतीय संविधान द्वारा भारत 'धर्मनिरपेक्ष देश' घोषित किया गया है।

22. (1) कानून का शासन (The Rule of Law) ब्रिटिश संविधान का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। इस पर ए.वी. डिके द्वारा विशेष जोर दिया गया था, इस प्रकार कानून के शासन को ब्रिटिश राजनीति का एक महत्वपूर्ण भाग माना जाता है। इसके अन्तर्गत व्यक्तिगत अधिकारों को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है, राज्य के अधिकारी वर्ग के निरंकुश आचरण का निषेध, व्यक्ति को तब तक सजा नहीं दी जा सकती, जब तक न्यायालय इस बात की पुष्टि नहीं कर देता कि कानून का अतिक्रमण हुआ है और समाज का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी वर्ग या पद से संबंधित है, कानून की नजर में सभी एक समान माने जाएंगे।

23. (4) बुनियादी लोकतंत्र एक ऐसी प्रवृति है जिसका उद्देश्य राजनैतिक प्रक्रिया में सामान्य लोगों को राजनीतिक और आर्थिक समूह के निर्माण करने की स्वतंत्रता प्रदान करना है। ये समूह केन्द्र की राजनीतिक गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाय स्थानीय स्तर पर समाज या सामान्य लोगों की समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। शक्तियों का विकेन्द्रीकरण या हस्तांतरण तथा पंचायती राज प्रणाली इस प्रकार की प्रणाली के आवश्यक तत्व हैं।

24. (2) एस. आर. बोम्मई बनाम भारतीय संघ (1994) मामले में न्यायमूर्ति सावंत और कुलदीप सिंह ने अवलोकन किया कि संघवाद और धर्मनिरपेक्षवाद हमारे संविधान के मुख्य लक्षणों में से एक थे और बुनियादी ढाँचे का हिस्सा थे। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय संविधान की धारा 356 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की।

25. (3) भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। यदि सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा को स्वीकार नहीं किया जाता तो लोकतंत्र की स्थापना की बात सच्चाई से कोसों दूर होती। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 द्वारा सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार प्रदान किया गया है जो लोकतंत्र की स्थापना से संबंधित परिभाषित लक्षणों में से एक है।

26. (3) निरंकुशता सरकार की एक प्रणाली है जिसमें सर्वशक्ति एक व्यक्ति के हाथों में केंद्रित होती है जिसका निर्णय न तो बाहरी कानूनों के अधीन है और न ही लोकप्रिय नियंत्रण का नियमित तंत्र है। अधिनायकवाद और सैन्य तानाशाही दोनों निरंकुशता के रूप में पहचाने जाते हैं लेकिन एकतंत्र में ये आवश्यक नहीं हैं।

27. (3) संवैधानिक राजतंत्र सरकार का वह रूप है जिसमें राजा या रानी राष्ट्र प्रमुख के रूप में कार्य करते हैं। प्रभुसत्ता सम्पन्न/ राजतंत्र के अंतर्गत संविधान के अनुसार शासन किया जाता है- अर्थात् अपनी इच्छानुसार शासन करने के बजाय नियमों के अनुसार शासन किया जाता है। कानून बनाने और लागू करने की शक्ति संसद में निहित होती है। इंग्लैण्ड में यह प्रणाली प्रचलित है।

28. (4) लोकप्रिय प्रभुसत्ता का सिद्धांत बताता है कि सरकार की सत्ता जनता द्वारा स्थापित की जाती है, जो कि सम्पूर्ण राजनीतिक शक्ति के स्रोत हैं। जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि (जनता द्वारा शासन) जनता की स्वीकृति से दीर्घकाल तक शासन कर सकते हैं। इसे जनता की प्रभुसत्ता के रूप में भी जाना जाता है।

29. (4) ऐसी शासन प्रणाली जहाँ कुछ लोग अधिक लोगों पर शासन करते हैं, शासन की अल्पतंत्र प्रणाली कहलाती है।

30. (2) भारत के संविधान में केन्द्र और राज्य दोनों स्तरों पर सरकार के संसदीय रूप का प्रावधान किया गया है, जिसे ग्रेट ब्रिटेन के संविधान से लिया गया है। संसदीय सरकार को ब्रिटिश संसदीय सरकार का मॉडल, उत्तरदायी सरकार या केन्द्रीय सरकार के रूप में जाना जाता है जो कि जापान, कनाडा और अन्य देशों में भी प्रचलित है।

31. (2) लोकतांत्रिक संस्थानों के विकास के लिए वैयक्तिक अधिकारों का सम्मान आवश्यक है। यह निर्धारित पूर्वपेक्षितों में से एक है। जीवन, स्वतंत्रता और खुशी का अनुसरण इत्यादि वैयक्तिक अधिकारों के उदाहरण हैं। वैयक्तिक अधिकार और लोकतंत्र परस्पर एक दूसरे को सुदृढ़ करते हैं।

32. (3) भारत के संविधान निर्माताओं ने संशोधन प्रक्रियाओं को दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ग्रहण किया। संविधान में संशोधन की प्रक्रिया को भारतीय संविधान के भाग XX (अनुच्छेद 368) के अन्तर्गत शामिल किया गया है। इसके अलावा, राज्य सभा के सदस्यों के अप्रत्यक्ष चुनाव के प्रावधान को भी दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ग्रहण किया गया है।

33. (3) भारतीय संविधान के निर्माताओं ने 'लिखित संविधान' की अवधारणा अमेरिका से ग्रहण की। भारतीय संविधान पूरे विश्व में सबसे विस्तृत लिखित संविधान है। अमेरिकी संविधान से ली गई अन्य विशेषताओं में- राज्य के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपति का पद, मौलिक अधिकारों का प्रावधान, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, इत्यादि शामिल है।

34. (4) भारतीय संविधान में निहित 'बंधुत्व' की विशेषता व्यक्तिगत गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करती है। इसके अनुसार, हम सब को इस प्रकार व्यवहार करना चाहिए कि जैसे हम एक ही परिवार के सदस्य हों। किसी भी नागरिक को अपने साथी के साथ निकृष्ट व्यवहार नहीं करना चाहिए।

35. (4) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रतिष्ठापित बन्धुत्व की भावना समाज के सभी वर्ग के लोगों के मध्य भाईचारे की भावना विकसित करने पर बल देती है। राज्य के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों को समान रूप से मौलिक अधिकार और अन्य अधिकार प्रदान करके उनके हितों की रक्षा करते हुए बन्धुत्व की भावना को विकसित करने का प्रयास किया गया है।

36. (4) भारतीय संविधान की कुछ मुख्य विशेषताएँ हैं: अर्द्ध संघीय संरचना, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के मध्य शक्तियों का विभाजन, मौलिक अधिकारों का प्रावधान इत्यादि। भारत में जनता द्वारा निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार है, जो कुलीन वर्ग की सरकार नहीं है जिसमें शासन की शक्ति विशेष अधिकार प्राप्त कुछ लोगों के एक वर्ग में निहित होती है।

37. (2) उद्देशिका संविधान के आदर्शों, उद्देश्यों और आकांक्षाओं का संक्षिप्त रूप है। अमेरिका का संविधान प्रथम संविधान है जिसमें उद्देशिका सम्मिलित है। भारत के संविधान की उद्देशिका जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव पर आधारित है। उद्देशिका 42वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा संशोधित की गई। इस संशोधन द्वारा समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्द सम्मिलित किए गए।

38. (4) भारतीय संविधान की प्रस्तावना राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय का प्रावधान करती है। राजनीतिक और कानूनी न्याय एक मिथक है जब तक सामाजिक और आर्थिक न्याय इससे सम्बद्ध नहीं होगा। सामाजिक न्याय का अर्थ है कि सभी सामाजिक भेदभाव जैसे जाति या अस्पृश्यता समाप्त होनी चाहिए। आर्थिक न्याय का अर्थ है कि आर्थिक शोषण समाप्त होना चाहिए।

39. (3) लोकतंत्र लोगों के लिए, लोगों के द्वारा, लोगों की सरकार है। इसका राजनीतिक समानता का सिद्धान्त नागरिक की गरिमा में वृद्धि करता है। लोकतंत्र अपनी लोकप्रिय भागीदारी के कारण विवाद के समाधान की एक बेहतर विधि है। लोकतंत्र में विवादों का समाधान क्रूरता पूर्ण रीति से नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण समाधान द्वारा किया जाता है। हालांकि, अन्य सरकारी प्रणालियों की तुलना में लोकतंत्र आवश्यक रूप से अधिक सफल नहीं है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में राजतंत्र है और चीन में एक-पार्टी की सरकार है लेकिन ये अफ्रीका, एशिया या दक्षिण अमेरिका में लोकतंत्र की तुलना में अधिक सुखद स्थिति में है।

40. (2) एक लोकतांत्रिक सरकार का आधार यह है कि उसे संवैधानिक कानून और नागरिकों के अधिकारों द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर शासन करना चाहिए। एक लोकतांत्रिक सरकार वह नहीं कर सकती जो उसे पसंद मात्र है, क्योंकि उसने चुनाव जीता है। इसे कुछ बुनियादी नियमों का सम्मान करना पड़ता है। विशेष रूप से, यह अल्पसंख्यकों को कुछ गारंटी देता है। हर बड़े निर्णय को परामर्श के माध्यम से गुजरना होता है।

41. (2) लोकतंत्र शासन की वह प्रणाली है जिसमें नागरिक प्रत्यक्ष रूप से शक्ति का प्रयोग करते हैं या शासित निकाय जैसे संसद का निर्माण करने हेतु अपने लोगों में से प्रतिनिधियों को निर्वाचित करते हैं। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली उस प्रणाली के विपरीत है जहाँ सत्ता या तो किसी एक व्यक्ति (राजतंत्र) या व्यक्तियों के एक छोटे समूह (कुलीन वर्ग या अभिजात वर्ग) में निहित होती है।

42. (3) संघवाद राज्यव्यवस्था के दो समूहों, अर्थात् प्रथम केन्द्र या राष्ट्रीय स्तर और दूसरे प्रांतीय या क्षेत्रीय स्तर को समायोजित करने हेतु एक संस्थागत प्रक्रम है। राजव्यवस्था के दोनों समूह अपने क्षेत्र में स्वायत्त होते हैं। राजव्यवस्था के प्रत्येक स्तर की विशिष्ट शक्तियाँ और जिम्मेवारी होती है एवं शासन की पृथक् प्रणाली होती है।

43. (2) भारतीय संविधान में शामिल आपातकालीन उपबंधों को मुख्यत: भारत सरकार अधिनियम, 1935 और जर्मनी के वीमर संविधान (आपात के दौरान मौलिक अधिकारों के निलंबन) से लिया गया है। संविधान की कुछ अन्य विशेषताएँ जिन्हें भारत सरकार अधिनियम, 1935 से लिया गया है, निम्नलिखित हैं : संघीय योजना, राज्यपाल का पद, न्यायालय और लोक सेवा आयोग।

44. (1) लोकतांत्रिक सरकार में, सरकार को अपने निर्णयों एवं उठाए गए कदमों का आधार लोगों को बताना पड़ता है और लोगों से अपने फैसले का बचाव करना होता है। यह सरकार की एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सरकार की शक्ति जनता में निहित है, जो सीधे या स्वतंत्र रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन करते हैं।

45. (4) भारत ने ब्रिटेन से द्विसदनीय प्रणाली उधार ली थी। ब्रिटेन से भारतीय संविधान द्वारा उधार ली गई कुछ अन्य विशेषताएँ हैं: संसदीय सरकार, कानून का नियम, विधायी प्रक्रिया, एकल नागरिकता, कैबिनेट प्रणाली, विशेषाधिकार संबंधी लेखन और संसदीय विशेषाधिकार।

46. (2) भारतीय संविधान ने कनाडा से अवशिष्ट शक्तियों के विचार को उधार लिया। कनाडाई संविधान से उधार ली गई कुछ अन्य मुख्य विशेषताएं हैं- सरकार का एक संघीय प्रणाली - एक मजबूत केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का वितरण।

47. (1) भारतीय संविधान की उधार ली गई विशेषताएँ:

देशों के नाम	संविधान की उधार ली गई विशेषताएँ
ब्रिटेन	1. संसदीय सरकार 2. कानून का शासन 3. विधायी प्रक्रिया 4. एकल नागरिकता 5. कैबिनेट प्रणाली 6. परमाधिकार लेख 7. संसदीय विशेषाधिकार 8. द्विसदन
आयरलैंड	1. राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत 2. राष्ट्रपति के चुनाव की विधि 3. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए सदस्यों का नामांकन
कनाडा	1. संघवाद का अपकेन्द्र रूप जहाँ केंद्र राज्यों से अधिक मजबूत है। 2. केंद्र के साथ अवशेष शक्ति। 3. केंद्र द्वारा राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति। 4. सर्वोच्च न्यायालय का सलाहकार क्षेत्राधिकार।
फ्रांस	1. 'गणराज्य' की अवधारणा 2. स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की प्रस्तावना (प्रस्तावना में निहित)

48. (3) संविधान का भाग VIII केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से संबंधित है।
- खंड़-C राज्यों के प्रशासन के लिए संविधान का भाग VIII और खंड़-D प्रदेशों के प्रशासन के लिए भाग IX प्रदान करता है।
- केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के लिए और भाग IX को निरस्त करने के लिए भाग VIII में संशोधन करने का प्रस्ताव है।

49. (4)धर्मनिरपेक्ष शब्द का अर्थ तीन चीजों से है: धर्म की स्वतंत्रता, प्रत्येक नागरिक को उसके या उसके धर्म की परवाह किए बिना समान नागरिकता, तथा धर्म एवं राज्य (राजनीति) का अलग होना। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जिसमें राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है और इसलिए भारत के क्षेत्र के भीतर रहने वाले प्रत्येक नागरिक को उस धर्म का पालन करने का अधिकार है जो वह मानता है। भारतीय संविधान में अनुच्छेद 25-28 इन पहलुओं को शामिल करता है।

TYPE–III

1. (2) दोहरी नागरिकता संघीय सरकार की प्रमुख विशेषता है। संघीय सरकार के अन्तर्गत संघ और राज्य दोनों स्तरों पर अलग-अलग नागरिकता प्रदान की जाती है।

2. (4) 'सम्पत्ति का अधिकार' मौलिक अधिकार नहीं है। मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे, लेकिन 44वें संविधान संशोधन (1978 ई॰) के द्वारा 'सम्पत्ति का अधिकार (अनु. 31)' को मौलिक अधिकार की सूची से हटाकर संविधान के अनु. 300(क) के अन्तर्गत कानूनी अधिकार के रूप में रखा गया है।

अब भारतीय नागरिकों को निम्न 6 मूल अधिकार प्राप्त हैं–

(1) समता या समानता का अधिकार (अनु. 14 से 18)
(2) स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 19 से 22)
(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनु. 23 से 24)
(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 25 से 28)
(5) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनु. 29 से 30)
(6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनु. 32)

3. (2) चुनाव लड़ने का अधिकार राजनीतिक अधिकार है जबकि अनुच्छेद-19 1(ग) के अंतर्गत "राजनीतिक दल गठित करने, किसी संस्था, संघ, संगठन, मजदूर संघों, ट्रेड यूनियनों आदि की स्थापना का अधिकार मूल अधिकारों के अंतर्गत आता है।"

4. (3) भारत के संविधान में भाग तीन में अनुच्छेद-12 से 35 तक लगभग 24 अनुच्छेदों में मूलाधिकारों संबंधी उपबंधों को समाविष्ट किया गया है। 44वें संविधान संशोधन 1978 के पश्चात् कुल छः प्रकार के मूल अधिकार हैं-

1. समता का अधिकार (14, 15, 16, 17, 18)
2. स्वतंत्रता का अधिकार (19, 20, 21, 22)
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार (23, 24)
4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (25, 26, 27, 28)
5. संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार (29, 30)
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार (32)

5. (1) वर्तमान में भारतीय संविधान में ग्यारह (11) मौलिक कर्तव्य हैं। ग्यारहवाँ मौलिक कर्तव्य 86वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया जिसमें माता पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना निश्चित किया गया है।

6. (3) केवल नागरिकों को प्राप्त मूलाधिकार हैं -

(1) अनुच्छेद 15 - धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध

(2) अनुच्छेद 16 - लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता

(3) अनुच्छेद 19 - वाक्स्वातंत्र्य, समवेत होने, संगम बनाने, संचरण, निवास और वृत्ति की स्वतंत्रताएं

(4) अनुच्छेद 29 - अल्पसंख्यक वर्गों के हितों, संस्कृति, लिपि, भाषा का संरक्षण

(5) अनुच्छेद 30 - शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार।

7. (3) भारतीय संविधान में न्यायिक पुनरीक्षण विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया है। अनुच्छेद 13 राज्य पर यह बाध्यता डालता है कि वह मूल अधिकारों का आदर करे और उनका अनुपालन करे। साथ ही यह अनुच्छेद न्यायालयों को यह शक्ति देता है कि वे ऐसे कार्य या विधि को शून्य घोषित कर दें जो मूल अधिकार का अतिलंघन करती है। इस शक्ति को न्यायिक पुनरीक्षण की शक्ति कहते हैं।

8. (4) संविधान के 42वें संशोधन 1976 द्वारा संविधान के भाग 4 के अंतर्गत एक नया भाग 4 क जोड़ा गया है, जिसके द्वारा पहली बार संविधान में नागरिकों के मूल कर्त्तव्यों को समाविष्ट किया गया है।

9. (2) भारत में संपत्ति के अधिकार को अब कानूनी अधिकार माना जाता है। अनुच्छेद 300(क) यह उपबन्धित करता है कि 'कोई व्यक्ति विधि के प्राधिकार के बिना अपनी सम्पत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा'।

10. (3) नागरिकता अधिनियम, 1955 संविधान के अंतर्गत या अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त नागरिकता को गँवाने की तीन विधियों की व्याख्या करता है:

- परित्याग : भारत का कोई भी नागरिक भारतीय नागरिकता के परित्याग की घोषणा कर सकता है,
- अवसान : जब कोई भारतीय नागरिक अपनी स्वेच्छा से किसी दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण करता है तो उसकी भारतीय नागरिकता स्वतः ही समाप्त हो जाती है,
- वंचन : भारतीय नागरिकता को प्राप्त करने हेतु छल/कपट का प्रयोग करने का आरोप लगने के कारण पंजीकरण द्वारा, या भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई भारतीय नागरिकता का अनिवार्य रूप से अवसान हो जाता है।

11. (4) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन के अधिकार और निजी स्वतन्त्रता से संबंधित है। अनुच्छेद 21 में दी गई परिभाषा के अनुसार कोई भी व्यक्ति अनुच्छेद 21 के तहत अधिकार पाने का दावा केवल तभी कर सकता है जब राज्य द्वारा उसे "जीवन" या "निजी स्वतंत्रता" के अधिकार से वंचित किया जाता है।

12. (1) अनुच्छेद -14 से 18 द्वारा संविधान प्रत्येक व्यक्ति को समता का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 14 में समता का सामान्य नियम दिया गया है।

13. (3) अधिकार पृच्छा (मध्यकालीन लैटिन शब्द का अर्थ है किस अधिकार से ?) जब कोई व्यक्ति ऐसे पदाधिकारी के रूप में कार्य करने लगता है जिसका कि वह वैधानिक रूप से अधिकारी नहीं है तो न्यायालय इस रिट द्वारा पूछता है कि वह किस आधार पर इस पद पर कार्य कर रहा है। यह रिट व्यक्ति या अधिकारी को कार्यालय में कार्य करने से रोकता है जिसके लिए वह अधिकृत नहीं है, और इस प्रकार, यह रिट किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक कार्यालय के अनधिकार ग्रहण पर रोक लगाता है।

14. (1) मौलिक अधिकारों के संशोधन प्रक्रम के अंतर्गत दूसरा प्रक्रम गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य था। 1967 में न्यायालय ने गोलकनाथ मामले में अपने पूर्ववर्ती विनिश्चयों को उलट दिया। बहुमत ने यह दृष्टिकोण अपनाया कि संविधान ने मूल अधिकारों को एक परमोच्च स्थिति प्रदान की है। अनुच्छेद 368 के अधीन कार्य करते हुए संसद या किसी प्राधिकारी को यह शक्ति नहीं है कि वह मूल अधिकारों को न्यून करे या छीन सके।

15. (2) शिक्षा पाने का अधिकार मौलिक अधिकार के रूप में अनुच्छेद 21(क) में अंतर्निहित है। इस देश के प्रत्येक बालक-बालिका नागरिक को जब तक कि वह 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं कर लेता निःशुल्क शिक्षा पाने का अधिकार है। यह नियम 2 अप्रैल, 2010 से पूरे देश में लागू किया गया।

16. (2) भारतीय संविधान में मूल कर्तव्यों को 1976 में डॉ. स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर सम्मिलित किया गया। इसके लिए 42वें संशोधन 1976 द्वारा संविधान में व्यापक परिवर्तन किया गया। जिसमें भाग 4 (क), अनुच्छेद 51 (क) अतः स्थापित किया गया तथा नागरिकों के 10 मूल कर्तव्य निर्धारित किए गए थे। निदेशक तत्वों (भाग 4) की तरह भाग 4(क) में अतःस्थापित मूल कर्तव्य भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है किन्तु यह संविधान में उपबंधित होने के कारण (भारत की सांविधानिक विधि का भाग होने के कारण) महत्वपूर्ण और सर्वोच्च विधि का अंग हैं। वर्तमान में मूल कर्तव्यों की संख्या 11 है। 86वें संविधान संशोधन 2002 के द्वारा ग्यारहवां मूल कर्तव्य शामिल किया गया जिसमें अभिभावक द्वारा 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का प्रबंध करना मूलकर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है।

17. (3) संविधान के भाग 4 में उल्लिखित राज्य के नीति निदेशक तत्व आयरलैण्ड के संविधान से लिये गये हैं। नीति-निदेशक तत्वों में वे उद्देश्य एवं लक्ष्य निहित हैं जिनका पालन करना राज्य का कर्त्तव्य है।

18. (2) भारतीय संविधान का अनुच्छेद-38 तथा 39 भारत को कल्याणकारी राज्य घोषित करने से संबंधित है। अनुच्छेद-38 के अनुसार राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि हेतु ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाएगा जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को अनुप्राणित करे। राज्य आय की असमानताओं को कम करने का प्रयास करेगा और न केवल व्यक्तियों के बीच बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न व्यवसायों में लगे हुए समूहों के बीच प्रतिष्ठा, सुविधा और अवसर की असमानता को समाप्त करने का प्रयास करेगा अनुच्छेद-39 में राज्य अपनी नीति के संचालन को सुनिश्चित करेगा।

19. (2) मताधिकार से अभिप्राय वोट देने का अधिकार है। भारत में निर्वाचन से संबंधित संवैधानिक एवं विधिक प्रावधान भारतीय संविधान के भाग 15 के अनुच्छेद 324 से 329 तक में, भारतीय दंड संहिता, 1860 के अध्याय 9क की धारा 17 (क) से 17झ तक में तथा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम-1960 आदि में विस्तृत है।

अनुच्छेद 324 में मतदाता सूचियाँ, राजनैतिक दलों की मान्यता, चुनाव की व्यवस्था आदि का उल्लेख किया गया है।

20. (3) अनुच्छेद-29 के अंतर्गत अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा, लिपि और संस्कृति को बनाए रखने से संबंधित अधिकार दिए गए हैं।

21. (1) अमेरिकी संविधान से निम्नलिखित भाग भारतीय संविधान में लिए गए थे : मूलभूत अधिकार, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्यायिक पुनर्विलोकन, राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाना, उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाना तथा उप राष्ट्रपति का पद आदि।

22. (3) भारतीय संविधान के राज्य की नीति के निदेशक तत्वों में सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र को सुनिश्चित किया गया है। संविधान के भाग 4 में अनुच्छेद-36 से 51 तक 16 अनुच्छेदों में 'राज्य की नीति के निदेशक तत्व' शीर्षक से न्यायिक रूप से अप्रवर्तनीय किन्तु शासन की नीति में मूलभूत तत्व के रूप में स्वीकृत उन उपबंधों का वर्णन किया गया है जो सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय को बढ़ावा देकर लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करेंगे।

23. (2) 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा सदस्यों ने प्रारूप संविधान पर हस्ताक्षर किये और इस प्रकार स्वतन्त्र भारत का संविधान पूर्ण रूप से तैयार हो गया। संविधान की चार व्यवस्थाओं अंतरिम संसद, नागरिकता, चुनाव एवं संविधान के अस्थायी प्रावधानों को तुरंत लागू कर दिया गया। शेष संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।

24. (3) अधिकार और कर्तव्य अन्तर्निहित हैं। उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति को अपने धर्म को मानने का अधिकार है, तो यह उसका कर्तव्य है कि वह दूसरे व्यक्तियों को भी अपने धर्म का पालन करने दे। अधिकार और कर्तव्य दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं इसलिए हमारे संविधान में नागरिकों के विकास हेतु कर्तव्यों के साथ-साथ अधिकारों का भी उल्लेख किया गया है।

25. (2) जॉन लॉक के अनुसार, आजादी मानव अधिकारों में शामिल एक प्रमुख अधिकार है, आजादी का अधिकार पृथ्वी पर किसी भी सर्वश्रेष्ठ सत्ता द्वारा दिया जाने वाला अधिकार है। हालांकि कुछ विशेष परिस्थितियों में इस अधिकार को समाज में अन्य व्यक्तियों की असुविधा को देखते हुए कानून द्वारा सीमित किया जा सकता है। सच्चाई यह है कि आधुनिक कानून केवल सीमित रूप से आजादी के अधिकार को मान्यता प्रदान करता है।

26. (4) समानता की उदार पहचान कानूनी और राजनीतिक समानता में निहित है जिसकी मांग 18वीं और 19वीं शताब्दी में शुरू की गई। इसके अंतर्गत कानून का शासन, मताधिकार, नागरिकता आदि को लोकतंत्र के लिए आवश्यक माना गया। हालांकि जब सामाजिक और आर्थिक समानता की मांग श्रमिकों द्वारा 19वीं शताब्दी में उठाई गई तब लॉर्ड एक्टन (Lord Acton), एलेक्स डी टॉक्यूविल्ले (Alex-de Tocqueville) तथा अन्य लोगों द्वारा इनका जबर्दस्त (Vehemently) विरोध किया गया। लैसेज फेयरे (Laissez Faire) को आर्थिक पुनर्वितरण (Redistribution) करने का विरोधी पाया गया और उन्होंने आर्थिक समानता का विरोध किया। (राजनीतिक सिद्धांत, लेखक एच. एब्बास और आर.कुमार, पेज 348)

27. (2) मौलिक (मूल) कर्तव्य हैं- वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और सुधार की भावना विकसित करना। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए के अंतर्गत ग्यारह मूल कर्तव्यों का समावेश किया गया है।

28. (4) भारतीय संसद द्वारा 1973 में पारित विदेशी विनिमय नियामक अधिनियम (FERA) एक सख्त नियम है जिसे विदेशी विनिमय तथा प्रतिभूतियों और लेन-देनों पर लागू किया गया था जिसका अप्रत्यक्ष रूप से विदेशी विनिमय और मुद्रा के आयात-निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। यह निवारक नजरबन्दी अधिनियम नहीं था।

29. (1) भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। हालांकि आंतरिक आपातकाल (1975-77) के दौरान, संविधान के अनुच्छेद 359 के तहत अनुच्छेद 21 को निलंबित कर दिया गया था। शीघ्र ही एक प्रश्न उठाया गया कि, क्या आपातकाल की स्थिति में बन्दी प्रत्यक्षीकरण लेख का पालन किया जा सकता है? एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला एआईआर 1976, को बन्दी प्रत्यक्षीकरण मुकदमे के नाम से भी जाना जाता है, दोनों पक्ष इस प्रश्न से संबंधित थे।

30. (3) एकाधिक मताधिकार वह प्रथा है जिसके द्वारा व्यक्ति एक ही चुनाव में कई बार वोट डाल सकता है। यह 1800 में आयोजित चुनावों में मताधिकार का वह स्वरूप था जहाँ मत का अधिकार सम्पत्ति के स्वामित्व से जुड़ा हुआ था। वह मतदाता जिसकी कई जिलों में सम्पत्ति थी, कई जिलों में वोट डाल सकता था। यह प्रणाली 1948 से पूर्व ब्रिटेन में प्रचलित थी जहाँ मतदाता एक से अधिक निर्वाचन-क्षेत्र में वोट डाल सकते थे।

31. (2) मतदान एक आवश्यक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह किसी परिचर्चा, वाद-विवाद या चुनाव अभियानों के संबंध में प्राय: किसी समूह या निर्वाचक समूह का निर्णय या उनके विचार जानने की एक विधि है। लोकतंत्र में मतदाता मतदान द्वारा ऊँचे पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं।

32. (3) मौलिक अधिकार प्रकृति में वादयोग्य हैं जिसका अर्थ है कि मौलिक अधिकारों का हनन होने पर असंतुष्ट पार्टी न्यायालय की शरण ले सकती है। अनुच्छेद 32 सर्वोच्च न्यायालय को लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने और बचाव करने की शक्ति प्रदान करता है। इसके विपरीत, मौलिक कर्त्तव्य और राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत वादयोग्य नहीं हैं।

33. (3) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 6 पाकिस्तान से भारत आने वाले व्यक्तियों की नागरिकता के अधिकार से संबंधित है। यह अनुच्छेद वर्णन करता है कि यदि व्यक्ति ने 19 जुलाई, 1948 से पूर्व पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजन किया है तो उस व्यक्ति को भारत का नागरिक माना जाएगा, इसके अलावा यदि उसके माता-पिता अथवा उसके पितामह या मातामह में से किसी का जन्म भारत में हुआ था और वह प्रव्रजन की तारीख से भारत में निवास कर रहा है तो उसे भारत का नागरिक माना जाएगा।

34. (3) भारतीय संविधान 'एकान्तता के अधिकार' को स्पष्ट रूप से मान्यता प्रदान नहीं करता। लेकिन खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1963) के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के अंतर्गत इस अधिकार को अप्रत्यक्ष रूप से मान्यता प्रदान की थी। शीर्ष न्यायालय ने बाद में एकान्तता के अधिकार को अनुच्छेद 21 के एक भाग के रूप में निम्नलिखित मामलों में प्रबलित किया: गोविन्द बनाम मध्य प्रदेश राज्य (1975), आर. राजगोपाल बनाम तमिलनाडु राज्य (1994), पीयूसीएल बनाम भारत संघ (1997)। सर्वोच्च न्यायालय ने जुलाई 2017 में आधार मामले में सुनवाई करते हुए 'निजता के अधिकार' को मौलिक अधिकार माना।

35. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत मौलिक अधिकारों के अतिक्रमण या उल्लंघन के विरुद्ध संवैधानिक उपचारों का प्रावधान किया गया है। इस अनुच्छेद के अंतर्गत, अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने हेतु व्यक्ति को उच्चतम न्यायालय में जाने का अधिकार है। इसलिए डॉ. अम्बेडकर ने संवैधानिक उपचारों के अधिकार को हमारे संविधान का 'हृदय और आत्मा' कहा था।

36. (*) भारतीय संविधान अनुच्छेद 14-18 के अंतर्गत समानता के अधिकार, अनुच्छेद 25-28 के अंतर्गत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार और अनुच्छेद 32 के अंतर्गत संवैधानिक उपचारों के अधिकार की गारंटी देता है। 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा अनुच्छेद 21(क) के तहत शिक्षा के अधिकार का प्रावधान किया गया। यह संविधान संशोधन देश के 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को मौलिक अधिकार के रूप में अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।

37. (1) निश्चित मुकदमों और उनसे संबंधित मामलों में निवारक निरोध का प्रावधान करने के लिए 1950 में निवारक निरोध अधिनियम पारित किया गया था। यह अधिनियम भारत सरकार को अपराध करने वाले व्यक्ति या भविष्य में अपराध करने की आशंका के मद्देनजर किसी व्यक्ति को जेल भेजने या उसे हवालात में रखने की शक्ति प्रदान करता है। यह अधिनियम अनुच्छेद 19, 20, 21, 21ए और 22 में अंतर्विष्ट स्वतंत्रता के अधिकार को संक्षिप्त

करता है। निवारक निरोध मामलों से संबंधित निश्चित सुरक्षा उपायों को अनुच्छेद 22 के खण्ड (4) से (7) के अंतर्गत अंतर्विष्ट किया गया है।

38. (2) भारतीय संविधान के भाग IV के तहत अनुच्छेद 36 से 51 में अन्तर्विष्ट राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त कल्याणकारी राज्य की रूपरेखा का वर्णन करते हैं। उदाहरण के लिए, अनुच्छेद 38 (1) के तहत प्रावधान किया गया है कि राज्य सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय के आधार पर सामाजिक व्यवस्था की स्थापना और संरक्षण के द्वारा लोगों के कल्याण को प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगा।

39. (3) केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। भारतीय नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण और देशीकरण (Naturalization) द्वारा प्राप्त की जा सकती है। भारतीय नागरिकता विशिष्टत: नागरिकता अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार शर्तों और प्रक्रियाओं के अनुपालन के तहत प्रदान की जाती है।

40. (3) उच्चतम न्यायालय (अनुच्छेद 139) और उच्च न्यायालय (अनुच्छेद 226) दोनों को पीड़ित नागरिक के मौलिक अधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए रिट, जिसके अंतर्गत बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार-पृच्छा और उत्प्रेषण रिट शामिल हैं, को जारी करने की शक्ति प्रदान की गई है। उच्चतम न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए रिट्स जारी कर सकता है जबकि उच्च न्यायालय सभी उद्देश्यों के लिए रिट जारी कर सकता है।

41. (4) भारतीय संविधान के भाग III के अंतर्गत वर्णित अनुच्छेद 18, उपाधियों के उन्मूलन पर प्रकाश डालता है। यह एक मौलिक अधिकार है। यह राज्यों को सैन्य और शैक्षिक उपाधि के अतिरिक्त किसी अन्य उपाधि की पुष्टि करने से रोकता है। अनुच्छेद 18 भारतीय नागरिकों को किसी विदेशी राष्ट्र से उपाधि ग्रहण करने से रोकता है। अत : यह मौलिक कर्त्तव्य नहीं है।

42. (1) नागरिक अधिकार अधिनियम 1964 की उपाधि VII धर्म, मूल राष्ट्रीयता, जाति, वर्ण या लिंग के आधार पर कार्यस्थल पर भेदभाव को निषेध करता है। यह अधिनियम वर्तमान में नियोक्ताओं और संघों से मुस्लिम, अरब, अफगानी, मध्य पूर्वी या दक्षिण एशिया के व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यस्थल पर भेदभाव या उत्पीड़न के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान करता है।

43. (3) भारत में एकल नागरिकता का प्रावधान है। भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार निम्नलिखित में से किसी एक आधार पर नागरिकता प्राप्त की जा सकती है: 1. जन्म से 2. वंश परम्परा द्वारा 3. देशीयकरण द्वारा 4. पंजीकरण द्वारा एवं 5. भूमि विस्तार द्वारा।

44. (4) भारतीय संविधान के अनुसार, राज्य की संप्रभुता और भारत की अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था के आधार पर, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग पर, अदालत की अवमानना, मानहानि और एक अपराध के लिए उकसाने पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है। ये सेंसरशिप की शर्तों के तहत आते हैं।

45. (1) संविधान के भाग IV में राज्य नीति (डीपीएसपी) के निर्देशक सिद्धांत शामिल हैं, जिसमें सभी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार शामिल हैं, जैसे शिक्षा के अधिकार, आजीविका का अधिकार, स्वास्थ्य और आवास के अधिकार। संविधान 'मौलिक अधिकार' रखता है, जिसमें जीवन का अधिकार, समानता का अधिकार, स्वतंत्र भाषण और अभिव्यक्ति का अधिकार, आंदोलन की स्वतंत्रता का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार शामिल है। मतदान का अधिकार नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के अंतर्गत आता है।

46. (3) राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांत भारतीय संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 36-51 में समाविष्ट हैं जिन्हें आयरलैंड के संविधान से ग्रहण किया गया था। अनुच्छेद 51 अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को प्रोत्साहन देने, सम्पोषित करने, राष्ट्रों के मध्य गौरवपूर्ण संबंध बनाए रखने, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सन्धि दायित्वों का सम्मान करने, और मध्यस्थता द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विवादों का समाधान करने को प्रोत्साहन देने हेतु निर्देश देता है।

47. (4) मूल अधिकार संविधान के अनुच्छेद 12-35 तक के बीच भाग-3 के अंतर्गत वर्णित है। मूल अधिकारों को न्यायालय द्वारा लागू कराया जा सकता है। अनुच्छेद- 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय एवं अनुच्छेद; 226 के तहत उच्च न्यायालय इसके संदर्भ में रिट जारी कर सकते हैं। मूल कर्तव्य, नीति निर्देशक तत्त्व और प्रस्तावना न्यायालय द्वारा प्रवर्त्तनीय नहीं हैं।

48. (1) लोकतंत्र राजनीतिक समानता के मौलिक सिद्धांत पर आधारित है, जहाँ प्रत्येक वयस्क नागरिक का एक वोट होना चाहिए और प्रत्येक वोट का एक समान मूल्य होना चाहिए। यह जाति, पंथ, रंग, लिंग या शिक्षा के आधार पर किसी भी भेदभाव के बिना किसी देश के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है। इस प्रकार, एक लोकतांत्रिक देश में, प्रत्येक वयस्क नागरिक का एक मत होना चाहिए और प्रत्येक मत का एक समान मूल्य होना चाहिए।

49. (3) भारत में एकल नागरिकता का प्रावधान है। भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार निम्नलिखित में से किसी एक आधार पर नागरिकता प्राप्त की जा सकती है: 1. जन्म से 2. वंश परम्परा द्वारा 3. देशीयकरण द्वारा 4. पंजीकरण द्वारा एवं 5. भूमि विस्तार द्वारा।

50. (3) 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा अनुच्छेद-19(1)च और अनुच्छेद-31 के अंतर्गत प्रदत्त सम्पत्ति के मौलिक अधिकार का लोप कर दिया गया। इसे अब संविधान के भाग-12 के अंतर्गत एक नया अध्याय-4 अंत: स्थापित करके उसमें अनुच्छेद 300 (क) बना दिया गया है। इस प्रकार सम्पत्ति का अधिकार संवैधानिक अधिकार तो है किन्तु मौलिक अधिकार नहीं है।

51. (2) मैण्डामस (Mandamus) (लैटिन शब्द है, जिसका अर्थ है "हम आदेश देते हैं") सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय द्वारा निचली अदालत या न्यायाधिकरण या सार्वजनिक प्राधिकरण से सार्वजनिक या वैधानिक कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए दिया गया एक आदेश है। यह तब जारी किया जाता है जब किसी भी सरकार, अदालत, निगम या किसी सार्वजनिक प्राधिकारी को सार्वजनिक ड्यूटी करनी पड़ती है लेकिन ऐसा करने में वह विफल रहता है।

52. (4) 42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा संविधान में भाग IV A और अनुच्छेद 51 A को जोड़कर नागरिकों के 10 मूल कर्त्तव्यों का उल्लेख किया गया। आरंभ में मूल कर्तव्यों की संख्या 10 थी, लेकिन 2002 में 86वें संविधान संशोधन द्वारा मूल कर्तव्यों की संख्या बढ़ाकर 11 कर दी गई।

53. (1) भारतीय नागरिकता को प्राप्त करने का तरीका : यदि कोई व्यक्ति (जो कि अवैध प्रवासी नहीं है) निश्चित मानदण्डों को पूरा करता है तो केन्द्र सरकार नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 5 के अंतर्गत आवेदन पत्र के द्वारा व्यक्ति को नागरिकता प्रदान करती है, भारतीय नागरिकता को अंत करने का तरीका : नागरिकता अधिनियम, 1955 उन तीन रीतियों : परित्याग, अवसान और वंचन का भी वर्णन करता है जिसके द्वारा भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता खो सकता है, मौलिक अधिकार : कानून के समक्ष समानता भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है।

54. (4) भारतीय संविधान के भाग III के अंतर्गत अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा के साथ संबंधित है। इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति अपने जीवन की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं होगा। यह जीवन के माध्यम से केवल पशु अस्तित्व या निरंतर कठोरता का प्रतीक नहीं है। इसका एक व्यापक अर्थ है जिसमें मानव गरिमा, आजीविका का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, भोजन का अधिकार, पानी का अधिकार इत्यादि के साथ रहने का अधिकार शामिल है।

55. (3) समानता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17 और 18 में प्रदान किया गया एक महत्त्वपूर्ण और सार्थक अधिकार है। संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी व्यक्ति से भेदभाव नहीं किया जाएगा। समानता का अधिकार अन्य सभी अधिकारों और स्वतंत्रताओं का मुख्य आधार है।

56. (1) भारत में एकल नागरिकता की अवधारणा को इंग्लैंड (यूनाइटेड किंगडम) के संविधान से उधार लिया गया है। इंग्लैंड से उधार लिए गए अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान इस प्रकार हैं: संसदीय सरकार, कानून का शासन, विधायी प्रक्रिया, कैबिनेट प्रणाली, संसदीय विशेषाधिकार, द्विसदनीयता, आदि।

57. (2) संविधान में निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 44 के अनुसार, ''राज्य अपने नागरिकों को पूरे भारत में एक समान नागरिक संहिता (UCC) प्रदान करने का प्रयास करेगा।'' इस प्रयास का उद्देश्य भेदभाव को दूर करना होना चाहिए। कमजोर समूहों के खिलाफ और विविध सांस्कृतिक प्रथाओं का सामंजस्य स्थापित किया जाना चाहिए ।

58. (1) अनुच्छेद 39A, भारतीय संविधान के भाग-IV के तहत राज्य नीति का एक सीधा सिद्धांत, समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित है। यह बताता है कि राज्य सुरक्षित करेगा कि कानूनी व्यवस्था का संचालन न्याय को बढ़ावा देता है, समान अवसर के आधार पर, और विशेष रूप से, उपयुक्त कानून या योजनाओं या किसी अन्य तरीके से, मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेगा।

59. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 42 में यह निर्देश है कि राज्य कार्य और मातृत्व लाभ की न्यायोचित और मानवीय शर्तों को प्राप्त करने का प्रावधान करेगा।

- प्रसव से पहले और बाद में कुछ समय के लिए कुछ प्रतिष्ठानों में महिलाओं के रोजगार को विनियमित करने के लिए और मातृत्व लाभ और कुछ अन्य लाभों को प्रदान करने के लिए भारतीय संसद ने मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 लागू किया।
- मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 को न केवल मातृत्व से संबंधित उन सभी विधानों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था, जो पूर्व संविधान के दिनों से मौजूद थे, बल्कि मातृत्व सुरक्षा (ILO मातृत्व सुरक्षा सम्मेलन 103, 1952) के बारे में ILO का जनादेश भी।
- भारत में, मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 कानून का एकमात्र अंश नहीं है जो मातृत्व सुरक्षा या लाभ प्रदान करता है।
- कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 और केंद्रीय सिविल सेवा नियम, 1972 अन्य कानून हैं जो मातृत्व सुरक्षा को कवर करते हैं।

60. (1) 1978 में 44वें संविधान संशोधन के बाद संपत्ति के अधिकार को एक मौलिक अधिकार के रूप में समाप्त कर दिया गया।

- इसे अनुच्छेद 300 ए के तहत एक संवैधानिक अधिकार बनाया गया था।
- अनुच्छेद 300 ए के अनुसार राज्य को अपनी निजी संपत्ति से किसी व्यक्ति को वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया और कानून के अधिकार का पालन करना होगा।

61. (1) सर्वोच्च न्यायालय ने इंटरनेट को मौलिक अधिकार घोषित किया है।

- सरकार संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लिखित कुछ शर्तों को छोड़कर मौलिक अधिकारों से नागरिकों को वंचित नहीं कर सकती है।
- केंद्र शासित प्रदेश में धारा 370 को रद्द करने के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट बंदी के संबंध में एक याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया गया।
- भारतीय संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के अधिकार को सभी नागरिकों के लिए एक मौलिक अधिकार बनाता है।
- इसे संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में सूचीबद्ध किया गया है।

62. (1) मैंडामस (परमादेश) एक लैटिन शब्द, है जिसका अर्थ है 'वी कमांड (हम आदेश देते हैं)', सुप्रीम कोर्ट या उच्च न्यायालय से निचली अदालत या ट्रिब्यूनल या सार्वजनिक प्राधिकरण को एक सार्वजनिक या सांविधिक कर्तव्य करने के लिए एक रिट आदेश है।

- यह तब जारी किया जाता है जब किसी भी सरकार, अदालत, निगम या किसी भी सार्वजनिक प्राधिकरण को एक सार्वजनिक या वैधानिक कर्तव्य करना पड़ता है, लेकिन ऐसा करने में वे विफल रहते हैं।
- पाँच प्रकार की याचिकाएँ (रिट) होती हैं जो इस प्रकार हैं:

1. बन्दी प्रत्यक्षीकरण,
2. परमादेश
3. उत्प्रेरण
4. निषेधाज्ञा
5. अधिकार पृच्छा

63. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 61 के अनुसार, राष्ट्रपति को संविधान के उल्लंघन के लिए महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा पद से हटाया जा सकता है। महाभियोग के आरोपों को संसद के किसी भी सदन द्वारा शुरू किया जा सकता है। इन आरोपों पर सदन के एक-चौथाई सदस्यों (जिन्होंने आरोप लगाए) के हस्ताक्षर होने चाहिए और राष्ट्रपति को 14 दिन पहले सुचित किया जाना चाहिए।

64. (4) उत्तर प्रदेश लोकसभा (80 सीटों) में सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व करने वाला राज्य है। महाराष्ट्र का 48 सीटों के साथ दूसरा स्थान है। प्रतिशत के हिसाब से उत्तर प्रदेश में 15.18% लोकसभा सीटें हैं, लोकसभा में किसी भी राज्य के लिए सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व है। उत्तर प्रदेश राज्य 31 राज्यसभा सदस्य भी भेजता है, जो भारत के किसी भी राज्य से सबसे अधिक प्रतिनिधित्व का सूचक है।

65. (2) आकस्मिक अवकाश शब्द एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जिसमें एक पद रिक्त हो जाता है। आकस्मिक रिक्तता मृत्यु, इस्तीफे या पद पर बैठे सदस्य की अयोग्यता के कारण उत्पन्न हो सकती है। उपराष्ट्रपति उस समय एक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है जब राष्ट्रपति के कार्यालय में राष्ट्रपति की मृत्यु, त्यागपत्र, निष्कासन या अन्यथा के कारण पद रिक्त होता है। वह केवल अधिकतम छः महीने की अवधि के लिए राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर सकता है जिसके भीतर एक नए राष्ट्रपति का चुनाव किया जाना चाहिए।

66. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 56 के अनुसार, राष्ट्रपति अपने पद पर आसीन होने के बाद से पाँच वर्षों के लिए कार्यकाल के पद धारण करेगा। हालांकि, वह उपराष्ट्रपति को संबोधित अपने हाथ से पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्हें संविधान के उल्लंघन के लिए अनुच्छेद 61 में दिए गए तरीके से महाभियोग द्वारा पद से हटाया जा सकता है। अनुच्छेद 57 में कहा गया है कि राष्ट्रपति उस पद के पुनः चुनाव के लिए पात्र हैं।

67. (4) भारतीय संविधान का भाग IV हमारी राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है। इस भाग में निहित प्रावधानों को किसी भी अदालत द्वारा लागू नहीं किया जा सकता है, लेकिन ये सिद्धांत देश के शासन में मौलिक हैं। इसपर कानून बनाना इन सिद्धांतों को लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है। निर्देशक सिद्धांतों की अवधारणा आयरिश संविधान से उधार ली गई थी।

68. (2) भारत के संविधान का भाग IV राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है। भारतीय संविधान के भाग IV में राज्य नीति के सभी निर्देशक सिद्धांत शामिल हैं। इसमें 36 से 51 तक के लेख शामिल हैं। इस भाग में निहित प्रावधान किसी भी अदालत द्वारा लागू नहीं किए जा सकते हैं, लेकिन ये सिद्धांत देश के शासन में मौलिक हैं।

69. (3) मूल रूप से दस की संख्या में अस्तित्व में आई, मौलिक कर्त्तव्यों को संविधान (86वाँ संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा बढ़ाकर ग्यारह कर दिया गया था। संशोधन ने अनुच्छेद 51-क के तहत मौलिक कर्त्तव्यों के लिए एक खंड जोड़ा, जिससे यह प्रत्येक माता-पिता या अभिभावक का कर्त्तव्य बनता है कि वह अपने बच्चे या छः से चौदह वर्ष की आयु के बीच के बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

70. (2) ग्राम पंचायतों का संगठन भारतीय संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 40 के तहत एक निर्देशक सिद्धांत है। यह लेख सरकार को ग्राम पंचायतों को व्यवस्थित करने और उन्हें आवश्यक शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करने के लिए कहता है ताकि वे स्वशासन की इकाइयों के रूप में कार्य कर सकें।

71. (1) भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता के अधिकार की गारंटी दी गई है।

- **अनुच्छेद 14:** कानून के समक्ष समानता का अधिकार और कुछ अपवादों के साथ कानूनों का समान संरक्षण।
- **अनुच्छेद 15:** कुछ अपवादों के साथ संविधान में निर्धारित आधार पर राज्य द्वारा कोई भेदभाव नहीं।
- **अनुच्छेद 16:** कुछ अपवादों को छोड़ कर राज्य के अधीन किसी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति में अवसर की समानता।
- **अनुच्छेद 17:** अस्पृश्यता को समाप्त करता है और इसे अपराध घोषित करता है।
- **अनुच्छेद 18:** उपाधियों को समाप्त करता है और राज्य को कोई उपाधि प्रदान करने से रोकता है।

TYPE–IV

1. (2) भारत के संविधान के अनुसार भारत के राष्ट्रपति के कार्यालय में रिक्ति को छः माह की अवधि के भीतर भरा जाएगा। संविधान के भाग 5 के अनुच्छेद-52 से लेकर अनुच्छेद-62 तक में भारत के राष्ट्रपति का वर्णन है। राष्ट्रपति का निर्वाचन अनुच्छेद-54 तथा निर्वाचन रीति अनुच्छेद-55 में वर्णित है। राष्ट्रपति के पद के रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन करने का समय और आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए व्यक्ति की पदावधि का वर्णन अनुच्छेद-62 में वर्णित है। उच्च न्यायालय ने **"अनुच्छेद 62 को एक सांविधानिक आदेश कहा है"**।

2. (3) भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन करने के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा, राज्यसभा तथा विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। इसमें मनोनीत सदस्य भाग नहीं लेते हैं। इस निर्वाचक मंडल में प्रथम अनुसूची के सभी राज्य (वर्तमान में 29) एवं 70वें संविधान संशोधन, 1992 द्वारा **"दिल्ली एवं पांडिचेरी की विधानसभाएँ"** सम्मिलित होती हैं।

3. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 111 के अंतर्गत राष्ट्रपति को संसद द्वारा पारित विधेयकों पर निषेधाधिकार (वीटो पॉवर) प्राप्त है, अर्थात् वह विधेयकों को अपनी स्वीकृति देने से इनकार कर सकता है। राष्ट्रपति को यह शक्ति प्रदान करने के दो उद्देश्य हैं (i) संसद द्वारा जल्दबाजी और बिना सोचे समझे पारित दण्ड विधान को रोकना, और (ii) ऐसे कानून को पारित होने से रोकना जो कि असंवैधानिक है। भारत के राष्ट्रपति को तीन प्रकार की वीटो शक्ति–परम वीटो, स्थगनक वीटो और पॉकेट वीटो प्राप्त है।

4. (3) राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के निर्वाचन से उत्पन्न या सम्बंधित सब शंकाओं और विवादों की जाँच और विनिश्चय उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जाएगा और उसका निर्णय अन्तिम होगा।

5. (3) जब भारत के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों के पद रिक्त हों, तो उनके कार्य भारत के मुख्य न्यायाधीश संभालते हैं।

अनुच्छेद-65 और अनुच्छेद-68 इस बात की पुष्टि करते हैं कि राष्ट्रपति पद के रिक्ति के समय उपराष्ट्रपति कार्यभार संभालेगा (अनुच्छेद-65) तथा उपराष्ट्रपति भी यदि अनुपस्थित हो तो अनुच्छेद-68 के अनुसार भारत के मुख्य न्यायाधीश दोनों पदों से संबंधित कार्यों की देख-रेख करेंगे।

6. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के अंतर्गत, राष्ट्रपति को, किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराए गए किसी व्यक्ति के दण्ड को क्षमा करने, उसका प्रविलंबन, विराम या परिहार करने अथवा दण्डादेश के निलम्बन, परिहार या लघुकरण की शक्ति प्राप्त है। परिहार सजा के स्वरूप को परिवर्तित किए बिना सजा की अवधि को कम करने में समर्थ होता है। उदाहरण के लिए, दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा को एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा में परिवर्तित किया जा सकता है।

7. (2) उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है। उसका सामान्य कार्य राज्य सभा की बैठकों की अध्यक्षता करना है। उपराष्ट्रपति चूंकि राज्य सभा का सदस्य नहीं होता है, अतएव उसे मतदान का अधिकार नहीं है किन्तु सभापति के रूप में निर्णायक मत देने का अधिकार प्राप्त है।

8. (2) अनुच्छेद-79 के अनुसार राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है। वह राज्य सभा में 12 ऐसे सदस्यों को मनोनीत करता है जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला और सामाजिक विषयों का विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है। वह लोकसभा में 2 ऐंग्लो भारतीय सदस्यों को भी मनोनीत करता है यदि उसकी राय में लोकसभा में उस समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है - अनुच्छेद-80 (1) तथा 331।

9. (4) पॉकेट वीटो के संदर्भ में राष्ट्रपति न तो विधेयक का अनुसमर्थन करता है, न ही अस्वीकार करता है, न लौटाता है, बल्कि एक अनिश्चित समय के लिए विधेयक को विचाराधीन रखता है। राष्ट्रपति इस वीटो पॉवर का प्रयोग कर सकता है क्योंकि संविधान में पॉकेट वीटो के तहत राष्ट्रपति के समक्ष उसकी सहमति के लिए प्रस्तुत किए गए किसी विधेयक पर निर्णय लेने हेतु कोई समय-अवधि निर्धारित नहीं की गई है। 1986 में, राष्ट्रपति जैल सिंह ने भारतीय डाक विभाग (संशोधन) विधेयक के संदर्भ में पॉकेट वीटो का प्रयोग किया था।

10. (2) भारत के छठे राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी (1977 से 1982) का सर्वप्रथम निर्विरोध चुनाव हुआ था। नीलम संजीव रेड्डी लोकसभा के स्पीकर (17 मार्च, 1967 से 19 जुलाई, 1969 तक तथा 5 जनवरी, 1976 से 25 मार्च, 1977) रह चुके थे। डॉ. नीलम संजीव रेड्डी भारत के तीन प्रधानमंत्रियों, मोरार जी देशाई, चौधरी चरण सिंह तथा इंदिरा गाँधी के समय तक राष्ट्रपति रहे। इसके बाद 1982 में ज्ञानी जैल सिंह भारत के 7वें राष्ट्रपति बने थे।

11. (3) अनुच्छेद-56 के अनुसार, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग करने की (उपराष्ट्रपति इसकी सूचना स्पीकर को तुरंत देगा) सूचना देगा। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद-61 के अंतर्गत संसद द्वारा महाभियोग प्रक्रिया से भी राष्ट्रपति को पद से हटाया जा सकेगा।

अन्य कारणों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उसके निर्वाचन को रद्द घोषित किए जाने पर भी राष्ट्रपति को पदच्युत किया जा सकता है।

12. (3) 35 वर्ष आयु पूरी कर लेना चाहिए।

13. (2) 61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1989 के द्वारा लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के चुनाव में मतदान करने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 में संशोधन के द्वारा ऐसा किया गया था, अनुच्छेद 326 लोक सभा और विधान सभाओं के चुनाव से संबंधित है।

14. (3) भारत के संविधान के अन्तर्गत तीन प्रकार की आपात कालीन व्यवस्थाएँ की गई हैं : (1) युद्ध या बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से उत्पन्न आपात (2) राज्यों में सांविधानिक तन्त्र के विफल होने से उत्पन्न आपात (3) वित्तीय आपात।

15. (2) अधिकारों का विभाजन राज्य के शासन के लिए एक मॉडल है जिसमें राज्य कई शाखाओं में विभाजित होता है, और प्रत्येक शाखा पृथक् और स्वतंत्र अधिकारों एवं उत्तरदायित्व के क्षेत्रों के साथ विभाजित होती है, जिससे एक शाखा की शक्तियों का दूसरी शाखा से सम्बद्ध शक्तियों के साथ कोई द्वन्द्व नहीं होता। विभाजित तीन शाखाएँ हैं : विधानमण्डल, कार्यपालिका और न्यायपालिका। इसका उद्देश्य शक्ति के केन्द्रीकरण को रोकना, नियंत्रित करना और संतुलन प्रदान करना है।

16. (3) आन्तरिक आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के आधार पर पूरे भारत या इसके किसी भाग में राष्ट्रीय आपातकाल लगाया जा सकता है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर भारत में 1962 (चीन युद्ध), 1971 (पाकिस्तान युद्ध) और 1975 में (इंदिरा गाँधी द्वारा घोषित) आपातकाल की घोषणा की गई थी।

17. (1) भारत का राष्ट्रपति संविधान के भाग V के तहत अनुच्छेद 75 द्वारा उसे प्रदत्त शक्तियों के अनुसार भारत के प्रधानमंत्री को नियुक्त करता है। इस उपबंध के अनुसार, राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की नियुक्ति करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा।

18. (4) अनुसूचित क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें हमारे संविधान की पाँचवीं अनुसूची के संदर्भ में राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है। राष्ट्रपति को यह शक्ति प्रदान की गयी है कि वह अनुसूचित क्षेत्र के किसी एक भाग को या समूचे भाग को अनुसूचित क्षेत्र की सूची से बाहर करने का आदेश दे सकता है। वह उस राज्य के राज्यपाल से परामर्श करने के बाद अनुसूचित क्षेत्र की सीमा में वृद्धि कर सकता है। इस प्रकार, किसी अनुसूचित क्षेत्र की सीमा को परिवर्तित करने की शक्ति राष्ट्रपति में निहित होती है।

19. (2) राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा तभी जारी करेगा जब उसे मन्त्रिमण्डल का विनिश्चय लिखित रूप से संसूचित किया जायेगा अर्थात् पूरे मंत्रिमण्डल के परामर्श से, केवल प्रधानमंत्री के परामर्श पर नहीं।

20. (3) विकल्पों के अनुसार वह व्यक्ति भैरों सिंह शेखावत थे जिन्होंने उपराष्ट्रपति पदासीन होने के बाद राष्ट्रपति पद का चुनाव 19 जुलाई, 2007 में (13वें राष्ट्रपति चुनाव) लड़ा था लेकिन प्रतिभा पाटिल से हार गए थे। श्रीमती प्रतिभा पाटिल भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति थीं।

21. (2) राष्ट्रपति का क्रम जो पहले आया-

(a) जाकिर हुसैन	(15.05.1967	से	03.05.1969)
(b) जस्टिस हिदायतुल्ला	(20.07.1969	से	24.08.1969)
(c) फखरूदीन अली अहमद	(24.08.1974	से	11.02.1997)
(d) ए.पी.जे.अब्दुल कलाम	(24.07.2002	से	24.07.2007)

22. (1) किसी कारणवश किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू रहने या राज्य विधान सभा के भंग रहने की दशा में भी राष्ट्रपति के चुनाव हो सकते हैं यह उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार लागू हुआ है।
राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संसद तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। इसमें मनोनीत सदस्य भाग नहीं लेंगे।

23. (2) भारत के वित्त आयोग की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद-280 के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। राष्ट्रपति को हर पांचवे वर्ष की समाप्ति पर या आवश्यक होने पर उससे भी पहले वित्त आयोग का गठन करने का अधिकार है।
वित्त आयोग में एक सभापति तथा चार अन्य सदस्य होंगे, जिन्हें राष्ट्रपति नियुक्त करेगा।

24. (2) अनुच्छेद 123 के अंतर्गत संसद के दोनों सदन सत्र में न हो तो राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है। अध्यादेश का जीवनकाल अत्यन्त लघु होता है। संविधान में व्यवस्था है कि संसद के सत्र के पुन: शुरू होने से 6 सप्ताह की समाप्ति पर वह प्रवृत्त नहीं रह जाता है।

25. (4) राष्ट्रपति के निर्वाचन का संचालन निर्वाचन आयोग करता है। संसद ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम 1952 पारित किया है जिसमें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए प्रस्तावक की संख्या और जमानत राशि आदि का प्रावधान किया गया है। उक्त अधिनियम में कई बार संशोधन हुए। वर्तमान में प्रस्तावकों और अनुमोदकों की संख्या 50/50 है (50% से अधिक और डाले गए कुल मतों का बहुमत) तथा जमानत राशि 15000 कर दी गई है। राष्ट्रपति पद हेतु चुनाव पुर्णकालिक अर्थात् पांच वर्ष के लिए किया जाता है।

26. (3) सरकार की राष्ट्रपति प्रणाली के अधीन कार्यकारिणी के सदस्य विधानमंडल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं होते।

27. (4) संविधान के अनुच्छेद 66 के अनुसार उपराष्ट्रपति संसद के किसी सदन का या किसी राज्य के विधान-मंडल के किसी सदन का सदस्य नहीं होगा और यदि संसद के किसी सदन का या किसी राज्य के विधान- मंडल के किसी सदन का कोई सदस्य उपराष्ट्रपति निर्वाचित हो जाता है तो यह समझा जाएगा कि उसने उस सदन में अपना स्थान उपराष्ट्रपति के रूप में अपने पद ग्रहण की तारीख से रिक्त कर दिया है।

28. (4) राष्ट्रपति शासन पद्धति शक्तियों के पृथककरण के सिद्धांत पर आधारित होती है। इसमें राज्य के विभिन्न अंगों को उनके लिए आवंटित क्षेत्र में रखने के लिए अवरोध और संतुलन की व्यवस्था रहती है। राष्ट्रपति जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता है। राष्ट्रपति और मंत्रिमंडल के सदस्य विधान-मण्डल के सदस्य नहीं होते हैं। इस प्रकार राष्ट्रपति और विधान-मण्डल नियत अवधि के लिए निर्वाचित होते हैं और एक दूसरे से स्वतंत्र होते हैं।

29. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 331 के तहत राष्ट्रपति लोकसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय के दो सदस्यों को नामजद कर सकता है, यदि उसके विचार में लोकसभा में उस समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। अनुच्छेद 80 के अनुसार वह राज्यसभा में 12 सदस्यों को मनोनीत कर सकता है। इस प्रकार राष्ट्रपति कुल 14 व्यक्तियों को संसद की सदस्यता के लिए मनोनीत कर सकता है।

30. (2) भारत के राष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जाता है। ऐसे निर्वाचन में मतदान गुप्त होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 55 में राष्ट्रपति के निर्वाचन की विधि का वर्णन किया गया है।

31. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 में यह व्यक्त किया गया है कि भारत का एक नियंत्रक-महालेखापरीक्षक होगा जिसको राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रित सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा और उसे उसके पद से केवल उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर हटाया जाएगा जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।

32. (2) भारतीय राष्ट्रपति कुछ परिस्थितियों में विवेकाधिकार का प्रयोग कर सकता है: (i) प्रधानमंत्री की नियुक्ति में, जब किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ हो, (ii) मंत्रिपरिषद् की बर्खास्तगी पर, जब लोक सभा में बहुमत का विश्वास खो दिया हो, (iii) लोक सभा के विघटन पर जब मंत्रिपरिषद् का बहुमत खो गया हो। उपर्युक्त परिस्थितियों के अतिरिक्त भारत का राष्ट्रपति केवल संवैधानिक प्रधान मात्र है।

33. (4) जब उप-राष्ट्रपति (Vice-President) राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करता है तो उसे वे सभी शक्तियाँ, प्रतिरक्षा (Immunuties) और विशेष अधिकार (Privileges), पारिश्रमिक (Emolument) तथा वेतन-भत्ते प्रदान किए जाते हैं जो राष्ट्रपति को प्रदान किए जाते हैं। इस कार्यकाल के दौरान वह राज्यसभा के सभापति के कार्यों का निष्पादन नहीं करता है। जब वह राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है तो उप-राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वाह कौन-करेगा? इस मसले पर संविधान मौन (Silent) है।

34. (1) राष्ट्रपति शासन (Presidential Government) शासन की वह प्रणाली है जिसमें राष्ट्रपति संवैधानिक रूप से विधायी (Legislative) शक्तियों का स्वामी होता है। इस प्रणाली में सरकार का मुखिया (Head) होने के नाते राष्ट्रपति राज्य का भी मुखिया (Head) होता है। वह लेजिस्लेटिव ब्रांच (Legislative Branch) से अलग कार्यकारी शाखा (Executive Branch) का नेतृत्व करता है। उदाहरण के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रेसिडेंशियल सिस्टम (Presidential Sysmtem) लागू है।

35. (3) धन विधेयक केवल लोक सभा में पेश किया जा सकता है। राज्य सभा धन विधेयक में संशोधन नहीं कर सकती लेकिन संशोधन करने की सिफारिश कर सकती है। धन विधेयक की परिभाषा भारतीय संविधान की धारा 110 में दी गई है। कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इस पर अंतिम निर्णय लोकसभा अध्यक्ष का होता है।

36. (2) 1991 में वित्तीय संकट होने के बावजूद, अब तक किसी प्रकार के वित्तीय आपातकाल की घोषणा नहीं की गई है। अनुच्छेद 360 के अनुसार, यदि राष्ट्रपति इस बात से सहमत है कि ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे वित्तीय अस्थिरता या भारत की साख या इसके किसी अन्य क्षेत्र को किसी प्रकार का कोई खतरा है तो वह वित्तीय आपातकाल की घोषणा कर सकता है।

37. (1) संविधान का अनुच्छेद 72 किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराए गए किसी व्यक्ति के दण्ड को क्षमा करने हेतु राष्ट्रपति को पाँच प्रकार के क्षमादान की शक्ति प्रदान करता है : क्षमा, लघुकरण, परिहार, स्थगितकरण (विराम) और प्रविलंबन। लघुकरण सजा के एक रूप को प्रतिस्थापित करते हुए कम सजा को निर्दिष्ट करता है। उदाहरण के लिए, मृत्यु दण्ड को कठोर कारावास में बदला जा सकता है, जिसे बाद में साधारण कारावास में बदला जा सकता है।

38. (2) भारत का राष्ट्रपति कार्यकारी शाखा का अध्यक्ष होता है, वह राष्ट्र अध्यक्ष भी होता है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति के विपरीत, भारत का राष्ट्रपति सरकार का मुखिया नहीं होता है, प्रधानमंत्री मुखिया की भूमिका निभाता है जिसका चयन विद्यायी शाखा द्वारा किया जाता है।

39. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 61के अनुसार, संविधान का अतिक्रमण एवं उल्लंघन करने पर राष्ट्रपति को महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा उसके पद से हटाया जा सकता है। संसद के किसी भी सदन द्वारा महाभियोग की प्रक्रिया आरंभ की जा सकती है। लगाए गए आरोपों की सूची अर्थात् आरोप पत्र पर सदन (वह सदन जिसने आरोप लगाए हैं) के एक-चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए और राष्ट्रपति को 14 दिन पूर्व का नोटिस देना चाहिए।

40. (4) राजेन्द्र प्रसाद भारतीय गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति थे। वे 26 जनवरी, 1950 से 12 मई, 1962 तक राष्ट्रपति पद पर कार्यरत थे। वे दो बार राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने वाले एकमात्र राष्ट्रपति थे। 1947 में देश के स्वतंत्र होने के बाद राजेन्द्र प्रसाद को भारत की संविधान सभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसी संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया जिसे अंतरिम संसद ने अपने काम-काज के लिए स्वीकार किया।

41. (2) सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री थे। वह 15 अगस्त, 1947 से 15 दिसम्बर, 1950 तक इस पद पर रहे। वह भारत के प्रथम गृहमंत्री भी थे। भारत के प्रथम गृहमंत्री और उप-प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने दिल्ली और पंजाब से पलायन करने वाले शरणार्थियों के लिए राहत-शिविरों का आयोजन किया और पूरे देश में शांति स्थापित करने का प्रयास किया।

42. (4) राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं का सर्वोच्च सेनापति होता है। वह प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर युद्ध या शांति के निर्णय की घोषणा कर सकता है। सभी महत्त्वपूर्ण संधियाँ और अनुबंध राष्ट्रपति के नाम से ही किए जाते हैं। वह सशस्त्र सेनाओं के सर्विस ब्रांच के चीफ की भी नियुक्ति करता है।

43. (3) मुहम्मद हामिद अंसारी एस. राधाकृष्णन के बाद लगातार दूसरी बार भारत का उप-राष्ट्रपति बनने वाले दूसरे भारतीय हैं। वह 10 अगस्त, 2007 को भारत के उप-राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए और 11 अगस्त, 2007 को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। वह 7 अगस्त, 2012 को पुन: उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

44. (3) यद्यपि भारत का राष्ट्रपति संसद का एक घटक है, फिर भी वह दोनों सदनों में से किसी भी सदन में न तो बैठता है और न ही वाद-विवाद में भाग लेता है। वह दोनों में से किसी भी सदन से संबंधित नहीं होता। उसे राज्य की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों और संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों से बने निर्वाचक मण्डल द्वारा निर्वाचित किया जाता है।

45. (1) भारत के राष्ट्रपतियों का सही क्रम निम्नलिखित है: नीलम संजीव रेड्डी (25 जुलाई, 1977 से 25 जुलाई, 1982), ज्ञानी जैल सिंह (25 जुलाई, 1982 से 25 जुलाई, 1987), रामास्वामी वेंकटरमन (25 जुलाई, 1987 से 25 जुलाई, 1992), शंकर दयाल शर्मा (25 जुलाई, 1992 से 25 जुलाई, 1997)।

46. (2) उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है। उसे पुनर्निर्वाचित किया जा सकता है। हालांकि, त्यागपत्र, निष्कासन या मृत्यु की स्थिति में उसका कार्यकाल स्वत: ही समाप्त हो जाता है। पुनर्निर्वाचन से अलग, असामान्य परिस्थितियों में उपराष्ट्रपति का पद रिक्त होने की स्थिति में, उपराष्ट्रपति के पद के उत्तराधिकारी के विषय में संविधान में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

47. (2) जनप्रतिनिधि अधिनियम, 1951 के अनुच्छेद 154 के अनुसार, राज्य सभा के लिए निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष का होगा। आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए चुना गया सदस्य अपने पूर्वाधिकारी के शेष कार्यकाल की अवधि तक पद पर बना रहेगा। राज्यसभा के एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष के बाद सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

48. (2) अखिल भारतीय सेवाओं से संबंधित सभी नियुक्तियाँ भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अखिल भारतीय सेवाओं में भारतीय लोक सेवाएँ अर्थात् भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) समाविष्ट हैं। इन सेवाओं के लिए सदस्यों की भर्ती केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है, लेकिन उनकी सेवाओं को राज्य के विभिन्न कैडरों के अंतर्गत नियोजित किया जाता है और वे केन्द्र और राज्य सरकार दोनों के अंतर्गत अपने कार्य के प्रति उत्तरदायी होते हैं।

49. (2) संविधान के अनुच्छेद 57 के अनुसार राष्ट्रपति अपने पद पर पुनर्निर्वाचित होने का पात्र है। राष्ट्रपति अपने कार्यालय में प्रवेश करने की तारीख से अगले पाँच वर्ष की अवधि के लिए कार्यालय में बना रहेगा।

50. (2) राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के परामर्श से संसद के सभी सत्रों का आयोजन और अवसान करता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 85 वर्णन करता है कि राष्ट्रपति समय-समय पर, संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर, जो वह ठीक समझे, अधिवेशन के लिए आहूत करेगा, किंतु उसके एक सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच छ: मास का अन्तर नहीं होगा।

51. (1) अनुच्छेद 310 और 311 के अनुसार, केन्द्र सरकार के राजपत्रित अधिकारियों की नियुक्ति और पदच्युति राष्ट्रपति के नाम से की जाती है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति महत्त्वपूर्ण अधिकारियों जैसे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, चुनाव आयुक्तों, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, यूपीएससी के सदस्यों इत्यादि की नियुक्ति करता है।

52. (1) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 87 उन दो दृष्टान्तों का वर्णन करता है जब राष्ट्रपति विशेष रूप से संसद के दोनों सदनों को संबोधित करता है। भारत का राष्ट्रपति लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के पश्चात् प्रथम सत्र के आरंभ में एक साथ समवेत संसद के दोनों सदनों (लोक सभा और राज्य सभा) को संबोधित करता है। राष्ट्रपति प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र (सामान्यत: बजट सत्र) के आरंभ में भी संसद के दोनों सदनों को संबोधित करता है।

53. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 74 के अनुसार, राष्ट्रपति को सलाह देने और उसकी सहायता करने हेतु मंत्रि-परिषद् का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर मंत्रि-परिषद् की नियुक्ति करता है और उन्हें उनके विभागों का वितरण करता है। प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर, राष्ट्रपति किसी भी मंत्री को मंत्रि-परिषद् से बर्खास्त कर सकता है। वास्तव में, राष्ट्रपति को इन मामलों में ना कहने का अधिकार नहीं है क्योंकि ये मामले प्रधानमंत्री के परमाधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

54. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 258 के अनुसार, राष्ट्रपति, किसी राज्य सरकार की सहमति से उस सरकार को या उसके अधिकारियों को ऐसे किसी विषय से संबंधित कृत्य, जिन पर संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार है, सशर्त या बिना शर्त सौंप सकेगा। राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य के कार्यों को केन्द्र सरकार या इसके अधिकारियों को सौंपने का कोई प्रावधान नहीं है।

55. (4) भारत की आकस्मिक निधि राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आती है। वह अप्रत्याशित व्यय को पूरा करने हेतु इस निधि के धन का प्रयोग कर सकता है और संसद द्वारा देय अनुज्ञप्ति के बाद समान निधि को पुन: प्राप्त कर सकता है। राष्ट्रपति की ओर से इस निधि को वित्त सचिव द्वारा नियंत्रित किया जाता है। भारतीय लोक लेखा के समान, इसे भी कार्यपालिका द्वारा संचालित किया जाता है।

56. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352, 356 और 360 के अनुसार, देश में किसी प्रकार का संकट उत्पन्न होने की स्थिति में भारत के राष्ट्रपति को

आपातकाल की घोषणा करने से संबंधित असाधारण शक्ति प्रदान की गई है। राष्ट्रपति तीन प्रकार के आपातकालों की घोषणा कर सकता है:

- राष्ट्रीय आपातकाल (अनुच्छेद 352),
- राज्य आपातकाल (अनुच्छेद 356),
- वित्तीय आपातकाल (अनुच्छेद 360)।

57. (4) अनुच्छेद 75(1) के अनुसार, प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और अन्य मंत्रियों को प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। सभी मंत्रियों को प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। प्रधानमंत्री ही अन्य मंत्रियों को संविभाग आबंटित करता है।

58. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 69 के अनुसार, राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाता है। राष्ट्रपति के पद के बाद, भारत के उपराष्ट्रपति का पद देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। वह राज्य सभा का पदेन सभापति भी होता है।

59. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 58 के अनुसार, कोई व्यक्ति राष्ट्रपति निर्वाचित होने का पात्र तभी होगा, यदि वह:

- भारत का नागरिक है,
- पैंतीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, और
- लोक सभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए अर्हित है।

राष्ट्रपति को अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचक मण्डल के सदस्यों द्वारा निर्वाचित किया जाता है, जिसमें राज्यों और दो केन्द्र - शासित प्रदेशों (दिल्ली और पुडुचेरी) की विधान सभाओं और संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य सम्मिलित होते हैं।

60. (4) भारतीय संसद में राष्ट्रपति और दोनों सदन-लोक सभा और राज्य सभा शामिल हैं। हालांकि भारत के राष्ट्रपति संसद का एक घटक (हिस्सा) हैं, लेकिन वह दो सदनों में से किसी में भी बैठने या चर्चा में भाग नहीं लेते हैं। वह विधान मंडल का एक हिस्सा है क्योंकि संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक बिना राष्ट्रपति के सहमति के कानून नहीं बना सकता है।

61. (2) भारत के महान्यायवादी (अनुच्छेद 76) की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। जो व्यक्ति उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश बनने की योग्यता रखता है, ऐसे किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति महान्यायवादी के पद पर नियुक्त कर सकते हैं। देश के महान्यायवादी का कर्त्तव्य कानूनी मामलों में केन्द्र सरकार को सलाह देना और कानूनी प्रकृति की उन जिम्मेदारियों को निभाना है जो राष्ट्रपति की ओर से उनके पास भेजे जाते हैं। इसके अतिरिक्त संविधान और किसी अन्य कानून के अंतर्गत उनका जो काम निर्धारित है, उनका भी पालन उन्हें करना होता है। अपने कर्त्तव्य के निर्वहन के दौरान उन्हें देश के किसी भी न्यायालय में उपस्थित होने का अधिकार है। उन्हें संसद की कार्यवाही में भी भाग लेने का अधिकार है, हालांकि उनके पास मतदान का अधिकार नहीं होता। उनके कामकाज में सहायता के लिए सॉलिसिटर जनरल और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल होते हैं।

62. (4) डॉ. जाकिर हुसैन भारत के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति थे, जिन्होंने कम समय के लिए राष्ट्रपति का पद ग्रहण किया था। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के दो वर्ष बाद उनकी असमय मृत्यु के कारण वी.वी.गिरी भारत के प्रथम कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। डॉ. जाकिर हुसैन ने 3 मई, 1969 को अपनी अंतिम साँस ली, इस प्रकार वह कार्यकाल के दौरान मृत्यु को प्राप्त होने वाले प्रथम भारतीय राष्ट्रपति थे।

63. (3) राज्यपाल को राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है और अनुच्छेद 156 के अनुसार राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत वह अपना पद धारण करता है। उसे केंद्रीय मंत्रिपरिषद् की सलाह या प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। भारत के संविधान के 7वें संशोधन, 1956 के अनुसार कोई व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।

64. (4) सदन के विघटन का अर्थ है लोक सभा के कार्यकाल की समाप्ति। यह दो प्रकार से होता है-पहला अनुच्छेद 85 (2) (B) के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा और दूसरा इसके गठन की तिथि से 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर। संविधान के अनुच्छेद 83(2) और 85(2) में लोक सभा के विघटन की चर्चा की गई है। लोक सभा का कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है। लेकिन प्रधानमंत्री के परामर्श के आधार पर राष्ट्रपति लोक सभा को समय के पूर्व भी भंग कर सकता है। प्रधानमंत्री द्वारा सलाह दिए जाने पर राष्ट्रपति लोक सभा को भंग करने के लिए बाध्यकारी है, लेकिन यह सलाह राष्ट्रपति पर तब बाध्यकारी नहीं होगी यदि प्रधानमंत्री संसद में अपना बहुमत साबित करने में असमर्थ है या उसके खिलाफ अविश्वास का मत पेश किया गया है या जब वह संसद की प्रक्रिया में भाग नहीं ले रहा है।

65. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 64 में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति राज्यों की परिषद् के पदेन अध्यक्ष होंगे और लाभ का कोई अन्य पद धारण नहीं करेंगे। वह एक निर्वाचक मंडल द्वारा निर्वाचित होंगे जिसमें दोनों सदनों के सदस्य शामिल हैं। उनके कार्य और शक्तियाँ अध्यक्ष के समान हैं, हालांकि वह सदन के सदस्य नहीं हैं।

66. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 360 के अनुसार, यदि राष्ट्रपति को यह ज्ञात हो कि देश में आर्थिक स्थिति खतरे में है तो वह वित्तीय आपातकाल घोषित कर सकते हैं। इस तरह की आपात स्थिति को दो महीने के भीतर संसद द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। अभी तक यह देश में कभी भी घोषित नहीं किया गया है।

67. (4) अनुच्छेद 360 राष्ट्रपति को वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने की शक्ति प्रदान करता है, यदि राष्ट्रपति को यह समाधान हो जाता है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे भारत या उसके राज्यक्षेत्र के किसी भाग का वित्तीय स्थायित्व या साख संकट में है तो वह उद्घोषणा द्वारा इस आशय की घोषणा कर सकता है। संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदन हो जाने के बाद वित्तीय आपातकाल अनिश्चित काल तक लागू रहता है जब तक कि इसे रद्द नहीं किया जाता। यह दो विषयों पर लागू होता है:

- इसके संचालन के लिए किसी अधिकतम अवधि का वर्णन नहीं किया गया है, और
- इसे जारी रखने के लिए संसद के पुन: अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती।

68. (4) भारत के राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जाता है, निर्वाचक मण्डल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य (MPs), सभी राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और पुडुचेरी) की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य (MLAs), शामिल होते हैं।

69. (4) राजनीतिक कार्यपालिका में उन लोगों को सम्मिलित किया जाता है जिन्हें एक विशिष्ट अवधि के लिए लोगों द्वारा निर्वाचित किया जाता है। वे कानून और नीतियाँ बनाते हैं और सरकार के एक महत्त्वपूर्ण भाग का निर्माण करते हैं। रक्षा सचिव लोक सेवक का एक भाग है जो कानून और नीतियों के कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेता है और राज्य के प्रशासन का संचालन करता है।

70. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 85 के अनुसार

(1) राष्ट्रपति समय-समय पर, संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर, जो वह ठीक समझे, अधिवेशन के लिए आहूत करेगा, किन्तु उसके एक सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच छ: मास से अधिक का अंतर नहीं होगा।

(2) राष्ट्रपति, समय-समय पर-

(क) सदनों का या किसी सदन का सत्रावसान कर सकेगा।

(ख) लोक सभा का विघटन कर सकेगा।

71. (3) राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। उनका कार्यकाल छः वर्ष, या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो तक होता है। उन्हें भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के समान निर्धारित वेतन और भत्ते दिए जाते हैं।

72. (3) यदि दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित कर दिया जाए तो राष्ट्रपति शासन 6 महीने तक जारी रह सकता है। इसे हर 6 महीने में संसद की मंजूरी के साथ अधिकतम 3 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। यदि लोकसभा इस समय के दौरान भंग हो जाती है, तो यह नियम लोकसभा की पहली बैठक से 30 दिनों के लिए मान्य है बशर्ते कि राज्यसभा द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई हो।

73. (3) राष्ट्रपति के चुनाव को संसद के विशेष बहुमत द्वारा संशोधित किया जा सकता है और राज्य विधानसभा के आधे सदस्यों के सहमति के साथ एक साधारण बहुमत में भी संशोधन किया जा सकता है। अन्य प्रावधान जिन्हें इस प्रक्रिया के माध्यम से संशोधित किया जा सकता है: संघ और राज्यों की कार्यकारी शक्ति की सीमा, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय, संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण, सातवीं अनुसूची में कोई भी सूची आदि।

74. (2) जब सत्र का काल पूरा हो जाता है प्रेजाइडिंग ऑफिसर (स्पीकर या अध्यक्ष) सदन को स्थगित कर देते हैं। अगले कुछ दिनों में, राष्ट्रपति द्वारा अगले सत्र के आह्वान के लिए अधिसूचना जारी की जाती है।

75. (1) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति (1952–1962) और भारत के दूसरे राष्ट्रपति (1962–1967) बने। 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब राधाकृष्णन ने 1949 से 1952 तक यूनेस्को (1946–52) में भारत का प्रतिनिधित्व किया और बाद में सोवियत संघ में भारत के राजदूत रहे।

76. (3) राष्ट्रपति (कार्य का निर्वहन) अधिनियम, 1969 के अनुसार, राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों की अनुपस्थिति जो, मृत्यु, त्याग-पत्र या निष्कासन के कारण, उत्पन्न हुआ हो, उनके कार्यों का निर्वहन भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया जाता है जब तक कि एक नया राष्ट्रपति नहीं चुना जाता है।

77. (2) भारत के राष्ट्रपति अपने पद धारण करने से पाँच वर्ष के कार्यकाल तक अपने पद पर बना रहता है। फिर भी, वे किसी भी समय उप-राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए पत्र लिखकर अपने पद से त्यागपत्र दे सकते हैं। इसके अलावा, उन्हें महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले पद से हटाया भी जा सकता है।

78. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 331 के अनुसार, यदि राष्ट्रपति की राय है कि एंग्लो-इंडियन समुदाय का लोगों के सदन में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, तो वह उस समुदाय के दो सदस्यों को संसद में नामित कर सकते हैं। लोकसभा वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने गए लोगों के प्रतिनिधियों से बना है।

79. (3) राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में या उससे उत्पन्न होने वाले सभी संदेहों और विवादों की उच्चतम न्यायालय द्वारा जांच की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

यदि राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति का चुनाव सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शून्य घोषित किया जाता है, तो राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के पद के अधिकारों और कर्तव्यों के पालन और प्रदर्शन में उनके द्वारा किया गया कार्य उच्चतम न्यायालय के निर्णय की तारीख को या उससे पहले, उस घोषणा के कारण अमान्य नहीं होगा।

80. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 56 के अनुसार, राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति को संबोधित कर अपने अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। राष्ट्रपति जिस दिन अपने पद की शपथ लेता है उस दिन से अपने पद पर 5 वर्ष तक बना रह सकता है।

81. (1) भारत के संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को कुछ कानून बनाने की शक्तियाँ प्रदान करता है, जब संसद के दो सदनों में से किसी का सत्र नहीं चल रहा है। इसके अनुसार कि राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकते हैं यदि वह संतुष्ट है कि तात्कालिक परिस्थितियों में इस प्रकार की कार्यवाही आवश्यक है।

82. (2) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 युद्ध या बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण राष्ट्रीय आपातकाल से संबंधित है। इसमें कहा गया है कि अगर राज्य का राष्ट्रपति गंभीर आपातकाल से संतुष्ट नहीं है, तो भारत या किसी भी हिस्से की सुरक्षा को खतरा है या युद्ध या बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से, तो वह पूरे देश के लिए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकता है भारत या भारत का एक हिस्सा।

83. (3) राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति थे और सबसे लंबे समय तक सेवारत राष्ट्रपति रहे, उन्होंने 26 जनवरी 1950 से 13 मई 1952 तक 12 साल 107 दिनों की अवधि के लिए पद संभाला।

84. (4) संविधान के अनुच्छेद 54 के तहत, राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

85. (3) रामनाथ कोविंद एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जो वर्तमान में 25 जुलाई, 2017 से भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 2015 से 2017 तक बिहार के राज्यपाल के रूप में कार्य किया था। वर्ष 1994 से 2006 तक वे संसद से राज्य सभा के सदस्य रहे थे।

86. (3) अनुच्छेद 274 के अनुसार, ऐसे कराधान पर जिसमें राज्य हितबद्ध है, प्रभाव डालने वाले विधेयकों के लिए राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश की अपेक्षा होती है:

- कुछ अन्य विधेयक हैं जिन्हें राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश की आवश्यकता होती है:
- वह विधेयक जो राज्यों की सीमाओं और राज्यों के नामों में परिवर्तन करना चाहता है।
- वित्त विधेयक (अनुच्छेद 110 के अनुसार) और फायनान्स बिल।
- राज्य विधेयक जो व्यापार की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाते हैं (अनुच्छेद 304)।

87. (1) राष्ट्रपति अनुच्छेद 356 के तहत आपातकाल की घोषणा जारी कर सकते हैं, यदि वह इस बात से संतुष्ट हैं कि राज्य में संवैधानिक ढाँचा टूट रहा है।

- वह या तो राज्यपाल की रिपोर्ट पर या अन्यथा कार्रवाई कर सकता है ।
- आपातकाल की उद्घोषणा को राष्ट्रपति की संतुष्टि के अधीन किया जाता है। इसलिए वह राज्यपाल की रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि संतुष्ट नहीं है तो यदि राष्ट्रपति शासन लगाने से इनकार कर सकता है।

88. (1) भारत के संविधान (अनुच्छेद 72) के तहत, भारत के राष्ट्रपति क्षमा प्रदान कर सकते हैं या किसी सजायाफ्ता व्यक्ति की सजा को कम कर सकते हैं, विशेषकर मृत्युदंड से जुड़े मामलों में। अनुच्छेद 161 के तहत प्रत्येक राज्य के राज्यपालों में एक समान और समानांतर शक्ति निहित है। अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति की क्षमा शक्ति का दायरा अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल की क्षमा शक्ति से व्यापक है जो निम्नलिखित दो तरीकों से भिन्न है:

- क्षमा देने के लिए राष्ट्रपति की शक्ति उन मामलों में विस्तारित होती है जहाँ दंड या दंडादेश सेना न्यायालय द्वारा निर्धारित होती है; लेकिन, अनुच्छेद 161 राज्यपाल को ऐसी कोई शक्ति प्रदान नहीं करता है।
- राष्ट्रपति उन सभी मामलों में क्षमा प्रदान कर सकता है जहाँ दी गई मृत्यु दंडादेश की सजा है लेकिन राज्यपाल की क्षमादान शक्ति मृत्युदंड के मामलों तक सीमित नहीं है।

89. (1) 24 अगस्त, 1969 से 24 अगस्त, 1974 तक भारत के चौथे राष्ट्रपति वी. वी. गिरी ने पहले केंद्रीय श्रम मंत्री (1952-1954) के रूप में कार्य किया। केंद्रीय श्रम मंत्री के रूप में उनकी क्षमता में, उनकी नीतिगत पहल ने औद्योगिक विवाद समाधान में गिरी दृष्टिकोण को जन्म दिया। गिरि ने 13 मई, 1967 से 3 मई, 1969 तक भारत के तीसरे उपराष्ट्रपति के रूप में भी कार्य किया।

90. (4) राजीव गाँधी ने 31 अक्टूबर, 1984 को राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। 31 अक्टूबर, 1984 को अपनी माँ इन्दिरा गाँधी के मारे जाने के बाद, राजीव ने उसी दिन प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और कुछ दिनों बाद कांग्रेस (I) पार्टी के नेता चुने गए। सिंह 1982 से 1987 तक भारत के सातवें राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत थे।

91. (2) भारत के संविधान का अनुच्छेद 75

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75 में कहा गया है कि:

- प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा और अन्य मंत्रियों को प्रध ानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा।
- मंत्री राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त अपने पद धारण करेंगे।
- मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होगी।

92. (3) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 61 भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया का वर्णन करता है। इसमें कहा गया है कि जब किसी राष्ट्रपति को संविधान के उल्लंघन के लिए महाभियोग लगाना होता है, तो इस आरोप को संसद के किसी भी सदन द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें जोड़ा गया है कि इस तरह के प्रस्ताव को उस सदन की कुल सदस्य संख्या के दो तिहाई से कम के बहुमत से पारित नहीं किया जाना चाहिए।

93. (1) जाकिर हुसैन (13 मई, 1962 - 12 मई, 1967), वराहगिरी वेंकट गिरी (13 मई, 1967 - 20 जुलाई, 1969) और बसप्पा दानप्पा जट्टी (31 अगस्त, 1974 - 30 अगस्त, 1979) ने भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था।

- 1964 में जवाहरलाल नेहरू और 1966 में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद गुलजारीलाल नंदा ने दो बार भारत के कार्यवाहक प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया था।

94. (1) भारत के संविधान की चौथी अनुसूची के अनुसार, राज्य सभा का गठन पहली बार 3 अप्रैल, 1952 को हुआ था।

- इसमें 216 सदस्य थे जिनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नामित किए जाने थे और शेष 204 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए थे।
- राज्य सभा की पहली बैठक 13 मई, 1952 को हुई थी।

TYPE–V

1. (3) संविधान के अनुच्छेद 84(b) के तहत राज्यसभा के सदस्यों की उम्र 30 वर्ष होना आवश्यक है। राज्यसभा में 250 सदस्य हो सकते हैं (वर्तमान में 245) जिनमें 238 सदस्य राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निश्चित किए गए हैं।

राज्यसभा का निर्वाचन अप्रत्यक्ष (आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय मत पद्धति) रीति से किया जाता है। राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है। इसके 1/3 सदस्य प्रति दूसरे वर्ष सेवानिवृत्ति होते रहते हैं।

2. (2) संविधान का अनुच्छेद-112 वित्त विधेयक को परिभाषित करता है। सामान्यत: वित्त विधेयक उस विधेयक को कहते हैं, जो राजस्व या व्यय से सम्बन्धित होता है। संविधान के अनु॰ 110(1) के उपखण्ड (क) से (छ) तक में उल्लिखित विषयों से सम्बन्धित विधेयकों को धन विधेयक कहा जाता है। धन विधेयक केवल लोक सभा में ही पेश किया जाता है। धन विधेयक को राष्ट्रपति पुन: विचार के लिए लौटा नहीं सकता है। संसद में प्रस्तुत सभी वित्त विधेयक धन विधेयक नहीं हो सकते। वित्त विधेयक, धन विधेयक है या नहीं, इसे प्रमाणित करने का अधिकार केवल लोकसभा-अध्यक्ष को है।

3. (3) वित्त आयोग का गठन 5 वर्ष की अवधि के लिए होता है। संविधान के अनु॰ 280 में वित्त आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है। राज्य वित्त आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनु. 243(1) के द्वारा किया जाता है। वित्त आयोग में राष्ट्रपति द्वारा एक अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य नियुक्त किए जाते हैं।

4. (4) भारतीय संसद के तीन अंग हैं: (a) राष्ट्रपति (b) राज्यसभा (c) लोकसभा। यद्यपि राष्ट्रपति संसद के किसी सदन का सदस्य नहीं होता है, किन्तु वह संसद का एक अभिन्न अंग है।

5. (2) राज्य सभा में निर्वाचित सदस्यों की अधिकतम संख्या 238 है जबकि राष्ट्रपति द्वारा 12 सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।

6. (4) सदन की 1/10 सदस्य संख्या, राजनीतिक दल को प्राप्त होने पर उस दल का नेता संसद में विपक्ष का नेता होता है। सर्वप्रथम 1969 में श्री राम सुभग सिंह (कांग्रेस) को लोकसभा में विपक्ष का नेता होने का श्रेय प्राप्त है। 1977 में (इंदिरा कांग्रेस) जसवंत राव बलवंतराव चव्हाण लोकसभा में और कमलापति त्रिपाठी राज्य सभा में विपक्ष के नेता थे।

7. (3) मीरा कुमार लोक सभा की पहली महिला अध्यक्ष थीं। वह 2009 से 2014 तक अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहीं। इससे पूर्व, वह मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार (2004-2009) में सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री के रूप में कार्यरत थीं।

8. (4) भारत का महान्यायवादी प्रथम विधि अधिकारी होता है। राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय का न्यायधीश नियुक्त होने के लिए अर्हत व्यक्ति को भारत का महान्यायवादी नियुक्त करता है। यह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत पद धारण करता है और राष्ट्रपति के द्वारा निर्धारित वेतन प्राप्त करता है। महान्यायवादी का यह कर्त्तव्य होगा कि वह भारत सरकार को विधि संबंधी ऐसे विषयों पर सलाह दे और विधिक स्वरूप के ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करे जो राष्ट्रपति समय-समय पर निर्देशित करे। अनुच्छेद-76, 88, 105(4) में इससे संबंधित उपबंध हैं।

9. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 84 (b) के तहत प्रावधान किया गया है कि लोक सभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनने हेतु न्यूनतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए। संविधान का अनुच्छेद 173 (b) विधान सभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनने हेतु समान प्रावधान का वर्णन करता है।

10. (1) प्राक्कलन समिति के सदस्य लोक सभा से चुने जाते हैं। इस समिति में 30 से अधिक सदस्य नहीं होंगे। कोई मंत्री समिति का सदस्य निर्वाचित नहीं हो सकता, यदि निर्वाचन के पश्चात् कोई सदस्य मंत्री नियुक्त हो जाता है, तो वह समिति का सदस्य नहीं रहेगा।

11. (4) लोक सभा का सभापतित्व करने के लिए एक अध्यक्ष होता है। लोक सभा अपनी पहली बैठक के पश्चात् यथाशीघ्र अपने दो सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुनती है।

12. (4) लोक सभा के सदस्यों का कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है या वे मंत्रिमण्डल की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा सदन को भंग किए जाने तक अपने पद पर बने रहते हैं। अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार द्वारा निर्वाचित किया जाता है।

13. (2) अनुच्छेद-85 के अधीन राष्ट्रपति को समय-समय पर संसद के प्रत्येक सदन को आहूत करने उसका सत्रावसान करने और लोकसभा का विघटन करने की शक्ति है। इसी में यह उपबंध है कि एक सत्र की अंतिम बैठक और उसके बाद के सत्र की पहली बैठक के बीच छ: मास से अधिक का अंतराल नहीं होगा अर्थात् दो अधिवेशनों का अंतराल छ: मास से अधिक नहीं होगा।

14. (1) भारतीय संविधान में अध्यक्ष के पद की स्वतंत्रता तथा निष्पक्षता को सांविधानिक उपबन्धों द्वारा संरक्षित किया गया है। लोक सभा अध्यक्ष प्रथम बार मतदान नहीं करता है। वह केवल किसी विषय पर मतों की बराबरी पर निर्णायक मतदान करता है।

15. (2) पहली लोक सभा में, कांग्रेस के अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) एक अन्य पार्टी के रूप में शामिल थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता ए. के. गोपालन 1952 में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यरत थे। विपक्ष के नेता के पद को संसद अधिनियम, 1977 के अंतर्गत वेतन और भत्ते के साथ मान्यता प्रदान की गई थी।

16. (3) लोकसभा अध्यक्ष अपना त्याग पत्र लोकसभा उपाध्यक्ष को संबोधित करता है। लोकसभा अपने अध्यक्ष का निर्वाचन स्वयं में से ही करती है। लोकसभा अध्यक्ष अपने पद के लिए कोई पृथक शपथ या प्रतिज्ञा नहीं ग्रहण करता है किन्तु लोकसभा के सदस्य के रूप में वह शपथ ग्रहण करता है। लोकसभा अध्यक्ष को यह संवैधानिक छूट दी गई है कि यदि वह चाहे तो अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो जाने के बाद सदन की मर्यादा, निष्पक्षता एवं कर्तव्य पालन के लिए वह अपनी पार्टी से त्याग पत्र दे दे।

17. (2) कोई सांसद अपनी सदस्यता गवां देगा यदि वह 60 दिनों तक सदन की बैठकों में अनुपस्थित रहा। उदाहरण स्वरूप संसदीय इतिहास में राज्यसभा में लगातार 60 दिन तक अनुपस्थित रहने के कारण श्री सुब्रमण्यम स्वामी को सदस्यता से वंचित होना पड़ा था। जब कि लोकसभा में भ्रष्ट आचरण एवं अनुशासनहीनता के कारण अब तक दो सदस्यों 1952 में रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने के आरोप में एच. जी. बुद्गल तथा मारुति उद्योग से संबंधित सूचना एकत्रित करने में व्यवधान करने के आरोप में 1978 में श्रीमती इंदिरा गाँधी की सदन की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

18. (2) भारतीय संसद द्वारा विश्व संसदीय प्रणाली में प्रदत्त 'शून्य काल' अभिनव चर्चा प्रक्रिया है। संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के ठीक बाद का समय आमतौर पर 'शून्यकाल' अथवा जीरो आवर के नाम से जाना जाता है। नियमों में शून्य काल का कहीं भी उल्लेख नहीं है। शून्य काल का यह नाम 1960 और 1970 के दशकों में समाचार पत्रों में दिया गया था - इसमें बिना पूर्व सूचना के अविलंबनीय लोकमहत्व के विषय उठाने की प्रथा विकसित हुई।

19. (2) राज्य सभा (राज्य परिषद्) भारतीय संसद का उच्च सदन है। पश्चिम बंगाल में राज्य सभा की 16 सीटें हैं। राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है। वर्तमान में 245 सदस्यों का प्रावधान किया गया है।

20. (2) लोक सभा का निर्वाचन वयस्क मताधिकार से होता है। प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और कम से कम 18 वर्ष की आयु का है उसे मत देने का अधिकार है।

21. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 64 के अनुसार, उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होगा और अन्य कोई लाभ का पद धारण नहीं करेगा। वर्तमान में बैंकैया नायडू राज्य सभा के पदेन सभापति हैं, वे इसके अधिवेशनों की अध्यक्षता करते हैं।

22. (3) 15 मार्च, 1950 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित प्रस्ताव के द्वारा योजना आयोग की स्थापना की गयी थी। योजना आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

23. (2) राष्ट्रीय विकास परिषद् में केन्द्रीय मंत्रिपरिषद्, योजना आयोग के सदस्य, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा संघ शासित प्रदेशों के प्रशासक सम्मिलित होते हैं।

24. (3) भारतीय संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशनों का सभापतित्व लोकसभा अध्यक्ष करता है। लोकसभा अध्यक्ष की अन्य शक्तियों में वह सदन की कतिपय समितियों का पदेन अध्यक्ष होता है, जैसे - नियम समिति, सामान्य समिति, उद्देश्य समिति तथा कार्यवाही सलाहकार समिति आदि। वह यह भी निर्णय करता है कि कोई विधेयक धन-विधेयक है या नहीं।

25. (3) प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद् का मुखिया/ अध्यक्ष होता है। वह मंत्रिमण्डल के आकार और संयोजन का निर्धारण करता है, मंत्रियों को संविभागों और पदों का आवंटन भी करता है। मंत्रिमण्डल के सदस्य राष्ट्रपति की इच्छा पर अपने कार्यालय में बने रहते हैं।

26. (4) राज्य सभा के सदस्यों को छः वर्ष की समयावधि के लिए निर्वाचित किया जाता है, जबकि एक-तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष के बाद सेवानिवृत्त हो जाते हैं। सदन के अधिकांश सदस्यों को अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के क्षेत्रीय विधान मण्डलों द्वारा एकल संक्रमणीय मत के प्रयोग से निर्वाचित किया जाता है, जबकि राष्ट्रपति कला, साहित्य, विज्ञान, और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए 12 सदस्यों को मनोनीत कर सकता है।

27. (2) संविधान के अनुच्छेद 108 के अनुसार, संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा, या उसकी अनुपस्थिति में लोक सभा के उपाध्यक्ष द्वारा, या उसकी अनुपस्थिति में राज्य सभा के उप सभापति द्वारा की जाती है। संसद का संयुक्त अधिवेशन राष्ट्रपति द्वारा बुलाया जाता है।

28. (3) भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए अपेक्षित न्यूनतम आयु 25 वर्ष है। लोक सभा के सदस्य के लिए कम से कम 25 वर्ष की आयु तथा राज्य सभा के लिए 30 वर्ष होना चाहिए।

29. (1) लोक-लेखा समिति का अध्यक्ष परंपरागत रूप से विपक्ष का कोई सदस्य होता है। इस समिति में 22 सदस्य होते हैं। जिसे 15 सदस्य लोक सभा के तथा 7 सदस्य राज्य सभा द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाते हैं।

30. (3) संविधान के अनुच्छेद 75(3) के अनुसार मंत्रिपरिषद् लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी। अर्थात् किसी भी मंत्री की किसी गलती के कारण लोकसभा को मंत्रिपरिषद् पर विश्वास न रहे तो मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक मंत्री को सामूहिक रूप से पदत्याग करना पड़ेगा।

31. (1) "हाउस ऑफ द पीपल्स" को लोकसभा नाम 1954 में दिया गया था। अनुच्छेद-79 के अनुसार संघ की संसद के तीन अंग-राष्ट्रपति, राज्य सभा तथा लोकसभा होंगे। तीनों में केवल लोकसभा का ही विघटन हो सकता है। (प्रत्येक पांच वर्ष की समाप्ति पर) लोकसभा के स्थानों की अधिकतम संख्या विहित है, इन स्थानों को राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। किसी राज्य को लोक सभा में स्थानों का आवंटन और प्रत्येक राज्य को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में विभाजित करने का काम परिसीमन आयोग की सिफारिश पर किया जाता है।

32. (1) राष्ट्रीय एकता परिषद (National Unity Council) का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। यह एक संविधानेत्तर निकाय है। परिषद के गठन का विचार 1961 में प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया था। यह एक स्थायी परिषद है जिसमें पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

33. (2) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारत की संचित निधि से निकाली जाने वाली सभी रकमों पर नियन्त्रण रखता है और वह संघ और राज्यों के सभी खर्चों की लेखा-परीक्षा करता है।

34. (3) II, I, III, IV (जवाहरलाल नेहरू (1947-1964), इंदिरा गांधी (1966-1977, 1980-1984), मोरारजी देसाई (1977-1979), चरण सिंह (1979-1980)

35. (3) कटौती प्रस्ताव संघीय बजट से संबंधित है। अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान सदस्य मूल प्रस्ताव के सहायक प्रस्ताव पेश करके कटौती प्रस्ताव द्वारा सरकारी नीतियों का निरनुमोदन कर सकते हैं। प्रशासन में मितव्ययता लाने का सुझाव दे सकते है या विशिष्ट स्थानीय शिकायतें दर्शा सकते हैं।

36. (4) वित्त मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति संसद की स्थायी समिति नहीं होती है। भारतीय संविधान में संसदीय समितियों का विशेष उपबंध नहीं है किन्तु अनुच्छेद-88, 105, 144 में इनका उल्लेख मिलता है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से संबंधित इन परामर्शदात्री समितियों का गठन संसद द्वारा ही किया जाता है। लेकिन ये नियंत्रणाधीन विभागों के कार्यकरण में रुचि रखने वाले संसद सदस्यों और मंत्रियों के बीच विचारों के अनौपचारिक आदान-प्रदान के लिए केवल मंच का कार्य करती हैं।

37. (3) संघ सरकार में मंत्री राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त कार्यालय में कार्यभार संभालते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति मंत्री को हटा सकता है।

38. (3) भारत में सभी कानूनों के निर्माण में राष्ट्रपति तथा संसद के दोनों सदनों की भूमिका होती है। विधि का निर्माण करना संसद (राज्यों में राज्यविधानमंडल) का प्रमुख कृत्य माना जाता है। यद्यपि विधि निर्माण के कार्य में पहल अधिकांशतया कार्यपालिका द्वारा की जाती है तथापि उस पर चर्चा तथा वाद विवाद के पश्चात संसद अपने अनुमोदन की मुहर लगाती है।

39. (4) अनुच्छेद-81 के तहत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (लोक सभा सदस्यों के चुनाव) इस प्रकार निर्धारित किए जाते है कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या और उसे आवंटित स्थानों का अनुपात पूरे राज्य में यथासाध्य एक ही हो।

संविधान में यह सुनिश्चित करने के लिए उपबंध है कि प्रतिनिधित्व में एकरूपता हो। यह दो प्रकार से है –

(1) विभिन्न राज्यों के बीच

(2) एक ही राज्य में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के बीच

40. (3) वित्त आयोग की सिफारिश पर केन्द्र सरकार भारत की समेकित निधि से राज्यों को सहायता अनुदान देती है। वित्त आयोग का गठन अनुच्छेद 280 के अंतर्गत किया जाता है।

41. (2) संसद के विधेयकों के बारे में राष्ट्रपति जेबी (पॉकेट विधेयक) निषेधाधिकार का प्रयोग कर सकते हैं जैसे-ज्ञानी जैल सिंह ने किया था।

42. (4) भारत में लोकसभा में उत्तरदायी मंत्रिपरिषद होने का आधार संसदीय प्रणाली है। इस संसदीय शासन प्रणाली (वेस्टमिनिस्टर इंग्लैंड के नमूने पर स्थापित तथा भारतीय शासन अधिनियम 1935 ने परिसंघ की स्थापना की और इंग्लैंड की संसदीय प्रणाली की नकल की) के साधारणतया तीन आधारिक लक्षण होते हैं –

(i) जनता का प्रतिनिधित्व

(ii) उत्तरदायित्वपूर्ण सरकार

(iii) मंत्रिपरिषद का विधानमंडल के प्रति उत्तरदायी होना।

43. (1) संसदीय समितियों में प्राक्कलन समिति में लोकसभा के 30 सदस्य शामिल किए जाते हैं, इनमें राज्य सभा के सदस्य नहीं होते है। यह एक वित्तीय तथा स्थाई समिति है जो प्रत्येक वर्ष चुनी जाती है। इसके कार्यों में

1. यह सिफारिश करना कि संसद के समक्ष बजट अनुमान किस रूप में पेश किए जाएं
2. बजट अनुमानों में शामिल नीति की सीमाओं में रहकर धन उचित ढंग से लगाया गया है या नहीं इसकी जाँच करना
3. यह सुनिश्चित करना कि प्रशासन में मितव्ययता एवं कुशलता लाने के लिए किस वैकल्पिक नीति को लागू किया जा सकता है।

44. (3) वित्तीय आपात (अनुच्छेद-360) के तहत सरकार के कर्मचारियों का वेतन कम किया जा सकता है। वित्तीय आपात की उद्घोषणा राष्ट्रपति तब करता है जब भारत राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग का वित्तीय स्थायित्व व साख संकट में हो तो उसे समस्त भारत या संबंधित राज्य क्षेत्र पर लगाया जा सकता है।

वित्तीय आपात के दौरान मूलाधिकार या अन्य विधायी एवं कार्यपालिकीय प्राधिकार अधिक प्रभावित नहीं होते।

45. (1) दिए गए विकल्पों के अनुसार मजदूर संघ समवर्ती सूची के अंतर्गत है। सातवीं अनुसूची (अनुच्छेद-246) के अंतर्गत समवर्ती सूची में कुल 47 विषय हैं जिन पर केन्द्र तथा राज्य दोनों विधि निर्माण कर सकते हैं। इसके अन्य प्रमुख विषयों में – शिक्षा, आर्थिक नियोजन, जनसंख्या समाचार पत्र, न्याय प्रशासन, वन्य जीव सुरक्षा, वन व्यापार संघ, औद्योगिक और श्रम विवाद आदि विषय समाहित हैं।

46. (1) लोक लेखा समिति भारत सरकार के विनियोग तथा वित्त लेखा और महालेखा नियंत्रक तथा लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की जाँच करती है तथा यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी धन संसद के निर्णयों के अनुरूप ही खर्च हो। यह अपव्यय, हानि और निरर्थक व्यय के मामलों की ओर ध्यान दिलाती है।

47. (4) प्रधानमंत्री के पदेन अध्यक्ष होने के साथ, योजना आयोग में एक नामजद उपाध्यक्ष भी होता है, जिसका रैंक एक कैबिनेट मंत्री के बराबर होता है।

48. (2) मौलिक अधिकार संपूर्ण नहीं होते तथा वे सार्वजनिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उचित प्रतिबंधों के अधीन होते हैं। 1973 में केशवानंद भारती बनाम केरल सरकार के मामले में सर्वोच्च न्यायायल ने अपने 1967 के पूर्व के निर्णय को रद्द करते हुए निर्णय दिया कि मौलिक अधिकारों में संशोधन किया जा सकता है। मौलिक अधिकारों को संसद के प्रत्येक सदन में दो तिहाई बहुमत से पारित संवैधानिक संशोधन के द्वारा बढ़ाया, हटाया जा सकता है या अन्यथा संशोधित किया जा सकता है।

49. (4) संसद के दोनों सदनों के द्वारा अनुमोदन कर दिए जाने के बाद राष्ट्रपति शासन 6 महीने तक जारी रह सकता है। प्रत्येक 6 महीने के बाद संसद की सहमति से इसे अधिकतम 3 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। यदि इस दौरान लोक सभा भंग हो जाती है तो राष्ट्रपति शासन की वैधता लोक सभा की पहली बैठक से लेकर 30 दिन तक होती है जिसे राज्य सभा द्वारा पहले ही अनुमोदित किया जा चुका है।

50. (2) राज्यसभा का अध्यक्ष उस सदन का सदस्य नहीं होता। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है। ध्यातव्य है कि संविधान में उपराष्ट्रपति के लिए किसी प्रकार की जिम्मेदारी, वेतन एवं भत्ते का उल्लेख नहीं है। इसलिए वह राज्यसभा के सभापति के रूप में दायित्वों का निर्वहन करते हुए उसी रूप में वेतन एवं भत्ते प्राप्त करता है।

51. (4) भारतीय संविधान में दी गई व्यवस्था के अनुसार संसद और राज्य विधान मण्डल के निचले सदन (लोकसभा और विधान सभा) अस्थायी माने गए हैं अर्थात् इनका कार्यकाल निश्चित होता है तथा निचले सदन भंग किए जा सकते हैं। हालांकि ऊपरी सदन (राज्य सभा और विधान परिषद) स्थायी सदन हैं, इन्हें भंग नहीं किया जा सकता, एक निश्चित समय के पश्चात् इनके सदस्य रिटायर हो जाते हैं।

52. (2) यूनियन मिनिस्टरी ऑफ इनवॉएरमेंट एण्ड फॉरेस्ट (Union Ministry of Environment and Forest) को ''ग्रीन मिनिस्ट्री'' (Green Ministry) के नाम से जाना जाता है। इसकी जिम्मेदारी पूरे देश में इनवॉयरमेंटल तथा फॉरेस्टरी प्रोग्राम को बनाना, प्रोत्साहित करना, चलाना तथा लागू करना है। इसका मुख्य कार्य भारत के फ्लोरा तथा फॉना का सर्वेक्षण तथा संरक्षण करना है। प्रदूषण को रोकना तथा संरक्षित करना, वृक्षारोपण करना भी इसी का काम है। यह भारत के राष्ट्रीय पार्कों के प्रशासन के लिए भी जिम्मेदार है।

53. (2) संसदीय प्रणाली (Parliamentary System) किसी राज्य का एक लोकतांत्रिक शासन है जिसके अंतर्गत कार्यपालिका अपनी वैधता (Legitionacy) प्राप्त करती है और विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है। कार्यकारी (Exccutive) और विधायी (Legislative) शाखाएं एक दूसरे से अन्त:सम्बद्ध (Inter Connected) हैं।

54. (3) संघीय सरकार में विभिन्न राज्य एक सांविदा द्वारा एक संघ की स्थापना करते हैं। इस संविदा के अनुसार केन्द्र एवं विभिन्न राज्य सरकारें संघ की विभिन्न इकाइयाँ होती है। सामान्य रूप से प्रभुसत्ता का विभाजन केन्द्र एवं राज्य सरकारों के बीच संविधान में उल्लिखित होता है।

55. (4) संसदीय प्रणाली में, कार्यकारी शाखा (Executive branch) लोकतांत्रिक वैधता प्राप्त करती है और विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है। अत: कार्यकारी तथा विधायी शाखा एक दूसरे से अंत: संबंधित हैं। राष्ट्रपति प्रणाली में राज्य का प्रधान प्राय: सरकार का भी प्रधान होता है, तथा कार्यकारी शाखा इसकी विधायिका से लोकतांत्रिक वैधता को प्राप्त नहीं करती है।

56. (4) राष्ट्रपति और मंत्रि परिषद (Council of Ministers) के बीच संचार (Commu-nication) की मुख्य कड़ी (channel) के रूप में प्रधानमंत्री (Prime Minister) कार्य करता है तथा मंत्रिमण्डल द्वारा लिए गए निर्णयों से राष्ट्रपति को अवगत कराता है। संविधान के अनुच्छेद 74 द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि प्रधानमंत्री मंत्रिमण्डल का अध्यक्ष होता है जो राष्ट्रपति को मंत्रिमण्डल के निर्णयों तथा अपने सुझावों से अवगत कराता है।

57. (1) संविधान के प्रावधानानुसार राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्य सभा के संयोजन से भारतीय संसद का निर्माण होता है। इस प्रकार, राष्ट्रपति भी संसद का एक अनिवार्य अंग है और उसकी उपस्थिति के बिना कोई भी विधायी कार्य पूरा नहीं किया जा सकता। अनुच्छेद 53 के अनुसार, संघ की कार्यकारी शक्ति राष्ट्रपति में निहित होती है।

58. (2) अनुच्छेद 312 में प्रावधान किया गया है कि किसी भी अखिल भारतीय सेवा का सृजन तभी हो सकता है जब काउंसिल ऑफ स्टेट्स (राज्य सभा) इस प्रस्ताव को कम से कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर दे, अत: राष्ट्र हित में यह आवश्यक है कि एक या एक से अधिक अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन किया जाए। प्रस्ताव के पारित हो जाने के बाद संसद अखिल भारतीय सेवा का निर्माण करती है।

59. (2) 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने पर संविधान सभा भारत की अंतरिम (Provisional) संसद बन गई। 1952 में नए संविधान के प्रावधानों के अंतर्गत प्रथम आम चुनाव होने तक संसद ''अंतरिम'' ही रही। 1950 में संसद सदस्यों की कुल संख्या 296 थी। अगले वर्ष राजसी (Princely) राज्यों के प्रतिनिधियों को मिलाकर कुल संख्या 313 हो गई।

60. (4) संविधान के अनुच्छेद 2 के अंतर्गत संसद नियमों के अनुसार भारतीय संघ में नए राज्य को शामिल कर सकती है या उचित शर्तों और अनुबंधों का पालन करते हुए नए राज्य की स्थापना कर सकती है। संविधान का अनुच्छेद 3 संसद को किसी स्थापित राज्य के क्षेत्र को अलग राज्य के रूप में स्थापित करने या दो या दो से अधिक राज्यों को समाहित कर एक राज्य का निर्माण करने या राज्य के क्षेत्रों को मिलाकर एक राज्य बनाने की शक्ति प्रदान करता है।

61. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 249 में कहा गया है कि राज्य सभा में सदन के उपस्थित और मत देने वाले 2/3 सदस्यों के बहुमत से राज्य सूची के किसी विषय को उस सूची से निकाल कर संघ सूची में शामिल किया जा सकता है। अगर ऐसा संकल्प पारित हो जाता है तो वह एक वर्ष तक प्रवर्तन में रहता है। यदि ऐसा संकल्प पारित हो चुका है तो इस विषय के संबंध में संसद द्वारा कानून बनाया जा सकता है। राज्य सूची के तहत आने वाले विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य विधानसभा यानी राज्य सरकारों के पास है। इस सूची में 61 विषय हैं।

62. (4) बिहार राज्य से राज्य सभा के लिए निर्धारित सीटों की संख्या 16 है। राज्य सभा की सर्वाधिक सीटें (31) उत्तरप्रदेश से है। इसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्य सभा की सीटों की संख्या क्रमश: 19 और 18 है।

63. (1) गणेश वासुदेव मावलंकर भारतीय संसद के निचले सदन लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष थे। भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व वे केन्द्रीय विधान सभा के प्रमुख के तौर पर 1946 से 1947 के मध्य रहे एवं बाद में वे भारतीय संविधान सभा के स्पीकर भी रहे।

64. (1) भारतीय संविधान की धारा 248 अवशिष्ट शक्तियों से संबंधित है। अवशिष्ट शक्तियाँ, वे शक्तियाँ है जिनका वर्णन संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची, तीनों में से किसी एक में भी नहीं किया गया है। यह न्यायालय द्वारा निर्धारित किया जाता है कि किसी विषय को अवशिष्ट शक्तियों में शामिल किया जाए या नहीं।

65. (3) धन विधेयक केवल लोक सभा में पेश किया जा सकता है। राज्य सभा धन विधेयक में संशोधन नहीं कर सकती लेकिन संशोधन करने की सिफारिश कर सकती है। धन विधेयक की परिभाषा भारतीय संविधान की धारा 110 में दी गई है। कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इस पर अंतिम निर्णय लोकसभा अध्यक्ष का होता है।

66. (2) मन्त्रिमण्डल (कैबिनेट) की मुख्य विशेषता सामूहिक उत्तरदायित्व की अवधारणा से संबंधित है। इसका अर्थ यह है कि प्रधानमंत्री और मन्त्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी हैं। सामूहिक रूप से उत्तरदायी होने के कारण मंत्रिमण्डल का निर्माण करने वाली सरकार को उत्तरदायी सरकार के नाम से भी जाना जाता है।

67. (2) संविधान के (52वें संशोधन) अधिनियम, 1985 को दल-बदल विरोधी कानून के नाम से जाना जाता है। यह कानून 1 मार्च, 1985 को तत्काल प्रभाव से लागू हुआ। इसके अंतर्गत राज्य विधान सभाओं और संसद की सदस्यता के अयोग्य घोषित किए जाने तथा खाली सीटों से संबंधित संविधान के अनुच्छेदों 101, 102, 190 और 191 में संशोधन किया गया। इस संशोधन के द्वारा संविधान में 10वीं अनुसूची शामिल की गई जिसमें दल-बदल के आधार पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित करने का प्रावधान किया गया।

68. (4) संसदीय सरकार का संदर्भ सरकार के उस प्रणाली से है जिसमें विधानमंडल के सदस्यों से बने कैबिनेट में वास्तविक शक्तियाँ निहित होती हैं और जो वैयक्तिक या सामूहिक रूप से विधायिका के प्रति जवाबदेह होते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि यह लोकतंत्र का वह प्रकार है जहाँ कार्यपालिका एवं विधायिका एक-दूसरे से अन्त: संबंधित होते हैं और कार्यपालिका लोकतांत्रिक वैधता विधायिका से प्राप्त करके इसके प्रति जवाबदेह होती है।

69. (1) एक लोकतांत्रिक देश में विधायिका जनता के मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित कर जनता की राय को प्रभावित कर सकती है। यह राजनैतिक दायित्व की समस्या के लिए एक आसान समाधान प्रदान करता है। नागरिक कानून का पालन करते हैं क्योंकि कानून का पालन करना उनमें अन्तर्निहित होता है। कानून बनाने की पूरी प्रक्रिया कानून-दाता एवं कानून-प्राप्तकर्ता के बीच के अन्तर को समाप्त करने के लिए किया जाता है।

70. (3) महिला आरक्षण विधेयक जो कि भारत में एक लंबित विधेयक है, भारत में संसद के निचले सदन लोकसभा में और सभी राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए कुल सीटों का 33% आरक्षण का प्रस्ताव करता है। राज्य सभा ने 9 मार्च, 2010 को विधेयक पारित कर दिया था।

71. (3) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम द्वारा पर्यावरण को संरक्षण एवं सुधार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसे 1986ई. में अधिनियमित किया गया था। यह केन्द्र सरकार को पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए प्राधिकरण बनाने में एवं विशिष्ट पर्यावरण समस्याओं को निपटाने में सशक्त बनाता है।

72. (3) एक साधारण कानून सामान्यत: एक संवैधानिक कानून से अलग एक सामान्य कानून होता है। यह सक्षम राज्य-प्राधिकरणों द्वारा बनाया एवं लागू किया जाता है और यह नागरिकों का संबंध राज्य एवं एक दूसरे के साथ निर्धारित करता है। एक साधारण कानून को संसद में पारित करने के लिए मात्र सामान्य बहुमत की आवश्यकता होती है।

73. (2) राज्य सभा या राज्यों का परिषद् भारत के संसद का ऊपरी सदन है। इसकी निरंतर बैठकें होती हैं और संसद के निचले सदन लोकसभा के विपरीत भंग नहीं होती है। भारत का उप-राष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है।

74. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 61 के अनुसार, संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग की प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन में आरंभ की जा सकती है। उक्त अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि महाभियोग की प्रक्रिया आरंभ करने से पूर्व:

- यह आवश्यक है कि राष्ट्रपति को 14 दिन पहले लिखित सूचना दी जाए, उस प्रस्ताव पर सदन के कुल सदस्यों की संख्या के एक चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए, और
- यह प्रस्ताव सदन की कुल संख्या के दो-तिहाई सदस्यों द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित होना चाहिए।

75. (1) सूचना का अधिकार अधिनियम 15 जून, 2005 को संसद द्वारा पारित किया गया था। 22 जून, 2005 को राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को अपनी मंजूरी प्रदान की और 12 अक्टूबर, 2005 को यह अधिनियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इस अधिनियम ने पूर्वकालिक सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम, 2002 का स्थान ग्रहण किया।

76. (3) यदि राज्य सभा राष्ट्र हित में यह आवश्यक मानती है कि संसद को राज्य सूची में शामिल विषयों पर नियम बनाने चाहिए, तब संसद को उन विषयों पर

कानून बनाने का अधिकार प्राप्त हो जाता है। ऐसा प्रस्ताव उपस्थित सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित होना चाहिए। यह प्रस्ताव एक वर्ष के लिए प्रभावी होता है।

77. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75 के अनुसार, प्रधानमंत्री की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। प्रधानमंत्री सरकार का मुखिया, राष्ट्रपति का मुख्य सलाहकार, मंत्रिपरिषद् का अध्यक्ष और लोक सभा में बहुमत वाली पार्टी का नेता होता है।

78. (1) अनुच्छेद 110 के अनुसार, धन विधेयक केवल लोक सभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि विधेयक के संदर्भ में यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि विधेयक धन विधेयक है या नहीं, तो ऐसे मामले में लोकसभा अध्यक्ष का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। अध्यक्ष निर्णय देते समय किसी के साथ परामर्श करने के लिए बाध्य नहीं है या प्रस्तुत विधेयक धन विधेयक है-इस संदर्भ में उसे कोई प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है।

79. (4) चौधरी चरण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री बनने वाले प्रथम राजनीतिज्ञ थे। वह जुलाई 1979 में भारत के प्रधानमंत्री बनने से पूर्व अप्रैल 1967 से फरवरी 1968 तक और पुन: 1970 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.देवगौडा 1996 में भारत के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने वाले कर्नाटक के प्रथम मुख्यमंत्री थे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अक्टूबर 2001 से मई 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए भारत का प्रधानमंत्री बने।

80. (1) गरीबी हटाओ देश बचाओ-1971 के चुनाव में इंदिरा गाँधी का प्रमुख स्लोगन (नारा) और विषय था। इस स्लोगन का प्रयोग बाद में उनके पुत्र राजीव गाँधी द्वारा भी किया गया था। बाद में, यह स्लोगन पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का एक भाग बना।

81. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार, संविधान के संशोधन का आरम्भ संसद के किसी सदन में इस प्रयोजन के लिए विधेयक पुन: स्थापित करके ही किया जा सकेगा। जब वह विधेयक प्रत्येक सदन में उस सदन की कुल संख्या के बहुमत द्वारा तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित कर दिया जाता है तब संविधान उस विधेयक के निर्बंधनों के अनुसार संशोधित हो जाएगा।

82. (3) सार्वजनिक महत्त्व के अति आवश्यक विषय पर विचार-विमर्श करने तथा कार्यपालिका का ध्यान इस मुद्दे पर आकर्षित करने के लिए लोकसभा के किसी सदस्य द्वारा स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है। यह एक असाधारण प्रक्रिया है, यदि इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता है तो सार्वजनिक महत्त्व के अति आवश्यक विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए सदन के सामान्य कार्यों को स्थगित कर दिया जाता है।

83. (4) राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के मंत्रियों, सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों और नीति आयोग के सदस्यों से मिलकर होता है। भारत का राष्ट्रपति विकास मामलों पर विचार-विमर्श करने और निर्णय करने वाले इस निकाय का सदस्य नहीं होता।

84. (4) जब मांग राशि में ₹ 100 की कटौती के लिए कटौती प्रस्ताव पेश किया जाता है तो इसे 'टोकन कट' के रूप में जाना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के उत्तरदायित्व और कार्यक्षेत्र के अंतर्गत एक विशिष्ट शिकायती मुद्दे पर सार्वजनिक विचार-विमर्श करना है। टोकन कट प्रतीकात्मक और सरकार के लिए अपमानजनक है।

85. (1) सार्वजनिक लेखा समिति को प्राक्कलन समिति की जुड़वाँ बहन (ट्विन सिस्टर) कहा जाता है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट और विनियोग लेखों की संवीक्षा करना इसका कर्त्तव्य है। प्राक्कलन समिति के विपरीत, इसे सरकार के लेखों की विस्तृत जाँच के आधार पर सीएजी की विशेष सलाह के निपटान का अधिकार है।

86. (1) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए अर्हता से संबंधित है। इस अनुच्छेद के अनुसार, राज्य सभा के सदस्य का चुनाव एकल संक्रमणीय आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की विधान सभा द्वारा किया जाना चाहिए। राज्य सभा के सदस्य छ: वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं।

87. (2) संसदीय प्रणाली देश के लोकतांत्रिक शासन की एक प्रणाली है, जहाँ कार्यकारिणी शाखा को इसकी लोकतांत्रिक वैधता विधानमण्डल (संसद) से प्राप्त होती है तथा यह शाखा उस विधानमण्डल के प्रति उत्तरदायी भी होती है। संसदीय प्रणाली वाली सरकार में प्रधानमंत्री सरकार का मुखिया होता है। भारत में संसदीय प्रणाली वाली सरकार है।

88. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार, राष्ट्रपति किसी राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश के संबंध में राज्य के राज्यपाल से परामर्श करने के पश्चात् लोक अधिसूचना द्वारा, उन जनजातियों या जनजाति समुदायों अथवा जनजातियों या जनजाति समुदायों के भागों या उनमें से कुछ वर्गों को विनिर्दिष्ट कर सकेगा, जिन्हें इस प्रयोजन के लिए यथा- स्थिति उस राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश के संबंध में अनुसूचित जनजातियाँ समझा जाएगा। इसी अनुच्छेद में जोड़ा गया है कि संसद, विधि द्वारा किसी जनजाति या जनजाति समुदाय को अथवा किसी जनजाति या जनजाति समुदाय के भाग या उसमें से कुछ वर्ग को खण्ड (1) के अधीन निकाली गई अधिसूचना में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजातियों की सूची में सम्मिलित कर सकेगी या उसमें से अपवर्जित कर सकेगी।

89. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94 के अनुसार, लोक सभा के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को लोक सभा में उस समय उपस्थित सभी सदस्यों के बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा अपने पद से हटाया जा सकता है। यही अनुच्छेद वर्णन करता है कि इस उद्देश्य के लिए कोई भी प्रस्ताव तब तक प्रस्तुत नहीं किया जाएगा जब तक कि उस प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के आशय की कम से कम चौदह दिन की सूचना न दे दी गई हो।

90. (3) लोक सभा सचिवालय एक स्वतंत्र निकाय है जो लोक सभा अध्यक्ष के नियंत्रण और मार्गदर्शन में कार्य करता है। लोक सभा का महासचिव, अन्य अधिकारी और सचिवालय के कर्मचारी विभिन्न स्तरों पर लोक सभा अध्यक्ष को उसके संवैधानिक और सांविधिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने में सहायता करते हैं।

91. (4) लोक सभा या राज्य सभा में दल-बदल से संबंधित मामलों में अयोग्यता का निर्णय लोक सभा के अध्यक्ष या राज्य सभा के सभापति द्वारा किया जाता है। भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में, यदि न्यायालय द्वारा निर्णय दे दिया गया है तो राष्ट्रपति चुनाव आयोग के परामर्श से अंतिम निर्णय कर सकता है।

92. (2) प्राक्कलन समिति सबसे बड़ी संसदीय समिति है। इसके सदस्यों की कुल संख्या 30 होती है जिन्हें लोक सभा द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों में से निर्वाचित किया जाता है। यह समिति विभिन्न विभागों के व्यय और राजस्व अनुमानों का विश्लेषण करती है और प्रशासन में मितव्ययता एवं कार्यकुशलता लाने के लिए वैकल्पिक नीतियों का सुझाव देती है।

93. (3) अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने हेतु वित्तीय नीति एक प्रमुख उपकरण है जिसका प्रयोग सरकारी राजस्व (मुख्यत: करों) के संग्रहण और व्यय के लिए किया जाता है। भारत में, वित्तीय नीति केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा प्रतिपादित की जाती है। वित्तीय नीति मौद्रिक नीति से भिन्न है जो मुद्रा आपूर्ति, ऋण दरों और ब्याज दरों से संबंधित है और इसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिपादित किया जाता है।

94. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 85 के अनुसार, राष्ट्रपति समय-समय पर, संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर, जो वह ठीक समझे, अधिवेशन के लिए आहूत करेगा, किन्तु उसके एक सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच छ: मास का अन्तर नहीं होगा। यही अनुच्छेद बताता है कि राष्ट्रपति समय-समय पर-

- सदनों का या किसी सदन का सत्रावसान कर सकेगा,
- लोक सभा का विघटन कर सकेगा।

95. (3) विशेषाधिकार प्रस्ताव किसी मंत्री के संसदीय विशेषाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित है। यह प्रस्ताव किसी सदस्य द्वारा तब प्रस्तुत किया जाता है, जब उसे यह महसूस होता है कि किसी मंत्री ने सदन के विशेषाधिकार का

उल्लंघन किया है या सदन के एक या अधिक सदस्यों द्वारा किसी मामले के तथ्यों को छिपाया गया है या गलत सूचना दी गई है या तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। इसका उद्देश्य संबोधित मंत्री की निन्दा करना है।

96. (3) संसद के प्रत्येक सदन का अपना एक शासकीय अधिकारी अर्थात् अध्यक्ष होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 के अनुसार, इसके शासकीय अधिकारियों के रूप में लोक सभा का एक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होगा। अध्यक्ष लोक सभा का मुखिया होता है और सदन में अपनी परमसत्ता का प्रयोग करता है।

97. (4) सदन के सुचारू कामकाज के लिए सदन की बैठक हेतु आवश्यक उपस्थित सदस्यों की न्यूनतम संख्या गणपूर्ति (कोरम) कहलाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 100 के अनुसार, संसद के प्रत्येक सदन का अधिवेशन गठित करने के लिए गणपूर्ति (कोरम) सदन के सदस्यों की कुल संख्या का दसवाँ भाग होगी।

98. (4) संघीय सरकार को तीन मुख्य शाखाओं : विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका में विभाजित किया जाता है। विधायी शाखा कानून बनाती है, कार्यकारी शाखा कानून को लागू करती है और न्यायिक शाखा कानून के अर्थ की व्याख्या करती है, व्यक्तिगत मामलों में कानून लागू करती है और यदि कानून संविधान का उल्लंघन करता है तो उसका निर्णय करती है।

99. (1) धन विधेयक को केवल लोक सभा में प्रस्तुत किया जा सकता है, इसे राज्य सभा में प्रस्तुत नहीं किया जाता। यदि विधेयक के धन विधेयक होने या न होने के संदर्भ में कोई प्रश्न उत्पन्न होता है तो लोक सभा अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा। इस संदर्भ में उसके निर्णय को किसी भी न्यायालय, संसद के किसी भी सदन या राष्ट्रपति के समक्ष चुनौती नहीं दी जा सकती।

100. (1) लेखानुदान धन की निकासी के लिए संसद का समर्थन प्राप्त करने हेतु सरकार को दी गई एक विशेष व्यवस्था है। इस व्यवस्था का प्रयोग तब किया जाता है जब नये वित्त वर्ष के लिए बजट की व्यवस्था न की गई हो या चुनाव आने वाले हों और सत्ता में कामचलाऊ सरकार कार्य कर रही हो। सामान्यत: यह व्यवस्था दो महीनों के लिए वैध होती है, हालांकि, यदि वह वर्ष चुनावी वर्ष है और यह महसूस किया जाता है कि प्रमुख मांग और विनियोग विधेयक को संसद से पारित कराने में अधिक समय लगेगा, तो इस अवधि को बढ़ाया जा सकता है।

4. (3) महत्वपूर्ण विधान पर जनता की राय जानने के लिए जनमत संग्रह की विधि अपनाई जाती है। भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् से ही जनमत संग्रह विधि का प्रयोग कई बार किया गया है। प्रारंभ में देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय के लिए गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने इसका प्रयोग (जूनागढ़ जैसे देशी रियासतों के विलय में) किया था।

5. (1) राज्य की तुलना में समाज अधिक वृहत् होता है। मैकाइवर के अनुसार समाज सामाजिक सम्बन्धों के बदलते हुये रूपों का अध्ययन है। समाज के अन्तर्गत समग्र मानवीय समुदाय समाविष्ट हैं-चाहे वे सुव्यवस्थित समुदाय ही आते हैं। समय की दृष्टि से समाज राज्य से पूर्ववर्ती होता है।

6. (3) जम्मू और कश्मीर के मामले में संसद संघीय सूची में दिए गए विषयों पर केवल राज्य से परामर्श करके ही विधि-निर्माण कर सकती है।

7. (1) धर्म निरपेक्ष राज्य से तात्पर्य ऐसे राज्य से है जो किसी विशेष धर्म को राजधर्म के रूप में मान्यता नहीं प्रदान करता है वरन सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करता है और उन्हें समान संरक्षण प्रदान करता है।

8. (2) संविधान की संकल्पना का उद्भव सर्वप्रथम ब्रिटेन में हुआ था। भारत में संविधान की संकल्पना राष्ट्रीय आंदोलन के साथ जुड़ी है। इस धारणा को सर्वप्रथम अभिव्यक्ति उस 'स्वराज्य विधेयक' में मिली, जिसे लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के निर्देशन में 1895 में तैयार किया गया था। यह ऐसा विचार था जिसके द्वारा भारतीय स्वयं अपने देश के लिए संविधान का निर्माण कर सकें।

1922 में महात्मा गाँधी ने कहा कि - "भारतीय संविधान भारतीयों की इच्छानुसार ही होगा।"

9. (3) संसद और संविधान आर्थिक न्याय के साधन है। अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 38, 39 में राज्य में कल्याणकारी कदमों की घोषणा की गई है। धनी से धन छीनकर नहीं बल्कि राष्ट्रीय सम्पत्ति एवं संसाधनों में वृद्धि करके जनता का हितवर्द्धन करना राज्य की प्रतिबद्धता है।

10. (4) एकल हस्तांतरणीय मतदान प्रणाली में प्रत्येक मतदाता उतने विकल्प व्यक्त कर सकता है जितने चुनाव में प्रत्याशी हैं। भारत में राष्ट्रपति के निर्वाचन पद्धति को आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय मत पद्धति कहा जाता है। इसमें मतदान गुप्त होता है। निर्वाचक मंडल में शामिल प्रत्येक सदस्य के मत का मूल्य निकाला जाता है। राष्ट्रपति के निर्वाचन का संचालन निर्वाचन आयोग करता है। संसद ने 'राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम, 1952' पारित किया।

11. (3) भारतीय संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के ठीक बाद का समय 'शून्य काल' अथवा 'जीरो आवर' के नाम से जाना जाता है। नियमों की दृष्टि से 'शून्य काल' एक अनियमितता है। इस काल में विषय बिना अनुमति के या पूर्व सूचना के उठाए जाते हैं। भारतीय संसद में जब सत्र (बैठकें) प्रारंभ हो जाता है तो सदन का हर दिन अधिवेशन होता है। अधिवेशन को साधारणत: दो बैठकों में बांटा जाता है। प्रारंभ में एक घंटे तक प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं। इसे प्रश्नकाल कहते हैं तथा प्रश्नकाल और अगली सुनवाई (दूसरी बैठक) के बीच का समय शून्यकाल कहलाता है।

12. (3) "सरकारी संपत्ति को नष्ट न करना" नागरिक कर्त्तव्य है अनुच्छेद 51(क) मूलत: अंगीकृत संविधान के भाग नहीं थे। इन्हें 42वें संशोधन द्वारा 1976 में सम्मिलित किया गया। अनुच्छेद 51(क) में प्रत्येक भारतीय नागरिक के ग्यारह कर्त्तव्य बताए गए हैं। जिनमें से एक है सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे।

13. (3) लोकतंत्र की प्रमुख विशेषता है कि वह नागरिकों को प्रमुखता देता है। भारतीय संविधान की उद्देशिका में यह घोषणा की गई है कि भारत गणराज्य है। संविधान का दर्शन ही भारत के लोगों में निहित है। "हम भारत के लोग इस संविधान को अंगीकृत (Adopt) अधिनियमित (exact) आत्मार्पित (to give ourselves) करते हैं।" भारत के लोगों की सर्वोच्च प्रभुता की घोषणा इस बात का संकेत है कि संविधान के आधार में उन लोगों का प्राधिकार निश्चित है।

14. (2) प्रश्न काल के बाद का समय दोनों सदन में शून्य काल के नाम से जाना जाता है। यह 12 बजे से प्रारम्भ होता है। शून्य काल के लिए वैधता एवं निर्देशन लोक सभा अध्यक्ष करता है।

15. (4) आमुख (प्रस्तावना) संविधान का भाग है न कि संसद का। स्थगन, भंग करना एवं बर्खास्त करना संसद के संचालन से संबंधित पद है। प्रश्नानुसार यह विकल्प एवं व्याख्या सही है लेकिन इसे जानना भी आवश्यक है।

16. (1) परिवार एक स्थाई संस्था है। मानव समाजों में परिवार जितनी 'नैसर्गिक' कोई अन्य सामाजिक संस्था नहीं दिखाई देती है। अन्य विकल्पों में राजनीतिक दल मानव समूहों का उदाहरण होते हैं लेकिन इसका विघटन हो जाता है। सामाजिक मानवविज्ञान ने कई दशकों तक विभिन्न संस्कृतियों में यह दर्शाने के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान किए कि कैसे विभिन्न समाजों में भिन्न-भिन्न स्वरूप होते हुए भी परिवार, विवाह और नातेदारी संस्थाएँ सभी समाजों में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी दर्शाया कि किस प्रकार परिवार (निजी क्षेत्र) आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक (सार्वजनिक क्षेत्रों) से संबंधित है।

17. (1) शासन का केन्द्रीकरण स्वतंत्रता और स्वाधीनता में बाधक होता है। यहां स्वतंत्रता का अर्थ व्यक्ति की स्वतंत्रता से है जबकि स्वाधीनता से आशय एक स्वयंभू राष्ट्र से है। स्वतंत्रता सामाजिक न्याय का ही एक भाग है। संविधान के भाग 3 एवं भाग 4 में क्रमश: स्वतंत्रता, समानता के अधिकारों को भेद-भाव रहित रूप प्रदान किया गया है। राज्य के लोगों को बहुआयामी उन्नति एवं विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य घोषित किया गया है।

18. (3) विकल्प तीन सही नहीं है - राज्य विधानसभा में निर्वाचन के लिए व्यक्ति की आयु 21 वर्ष नहीं बल्कि 25 वर्ष अवश्य पूरी होनी चाहिए। स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए संविधान ने एक निर्वाचन आयोग की स्थापना की है।

अनुच्छेद 324 के अनुसार - निर्वाचनों के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण निर्वाचन आयोग में निहित होगा।

19. (3) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना आधिकारिक रूप से 25 दिसम्बर, 1925 को कानपुर में पार्टी के प्रथम सम्मेलन में की गई थी। लेकिन सीपीआई (एम) के बयान के अनुसार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कम्युनिस्ट इंटरनेशनल के दूसरे कांग्रेस के तुरंत बाद ताशकंद, तुर्किस्तान स्वायत्त सोवियत समाजवादी गणराज्य में 17 अक्टूबर, 1920 को हुई थी।

20. (3) लोकतंत्र की सफलता निजी स्वतंत्रता के अधिकार पर निर्भर करती है। जहाँ व्यक्ति स्वतंत्र नहीं है, वहाँ लोकतंत्र नहीं है। अनुच्छेद 19 से 22 तक के अनुच्छेदों के समूहों का शीर्षक है स्वतंत्रता का अधिकार। इनमें से अनुच्छेद 19 में छह स्वतंत्रताओं का उल्लेख है। प्रारंभ में इसमें सात स्वतंत्रताएं थी - संपत्ति के अर्जन, धारण और व्ययन का अधिकार - 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा हटा कर विधिक अधिकार बना दिया गया।

21. (3) लोकपाल का विचार भारत में स्कैन्डिनेवियाई देशों (डेनमार्क, नार्वे और स्वीडेन) में मुख्यत: स्वीडेन से लिया गया है। भारत में यह वैधानिक प्रतिनिधि होता है, जो भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की देख-रेख करता है। 2013 में अन्ना हजारे आंदोलन के बाद एक बिल पास करके इसकी स्थापना की गई थी।

22. (4) चीन में एक दलीय शासन प्रणाली है। यहाँ 'कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ चीन' पार्टी का ही शासन है, 2013 में यहाँ संसदीय चुनाव हुए थे। इस प्रकार यहाँ एक ही पार्टी में सरकार के सभी अधिकार निहित हैं। 1949 से चीन में यह प्रणाली लागू है। इसके अतिरिक्त क्यूबा, लाओस, वियतनाम आदि देशों में भी एक दलीय शासन व्यवस्था प्रचलन में है।

23. (4) किसी भी प्रकार की सरकार के बिना कोई राज्य अस्तित्व में (विद्यमान) नहीं रह सकता है। भारत में संसदीय प्रकार की सरकार का शासन चलता है जिसमें संसद राष्ट्रपति तथा लोकसभा और राज्य सभा से मिलकर बनी होती है। भारत ने यह संसदीय लोकतंत्र वेस्टमिनिस्टर (इंग्लैंड) के नमूने या आदर्श पर अपनाया है।

24. (3) स्वतंत्र भारत में जाति व्यवस्था प्रणाली लोकतंत्र के वास्तविक आधार के ही विपरीत जाती है। कुछ खास स्थिति में राजनीति में जातिगत विभिन्नताएँ और असमानताएँ वंचित और कमजोर समुदायों के लिए अपनी बातों को आगे बढ़ाने और सत्ता में अपनी हिस्सेदारी माँगने की गुंजाइश के कारण लोकतंत्रीय भावना के विपरीत हो जाती है, इसलिए हमारे संविधान का एक संपूर्ण भाग (भाग 16) ही इसके लिए उल्लिखित किया गया है।

25. (4) भारतीय संविधान केवल सरकार के लोकतांत्रिक रूप की ही कल्पना नहीं करता है, बल्कि एक लोकतांत्रिक समाज की भी कल्पना करता है क्योंकि हमारा संविधान न्याय-स्वतंत्रता-समानता और भाईचारा या बंधुत्व की विचारधारा से ओत-प्रोत है। संविधान की प्रस्तावना में ही कहा गया है - "हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता (भाईचारा) बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प हैं।

26. (4) पद्म, रत्न और अन्य उच्चतम सम्मान पुरस्कारों की समिति का प्रधान भारत का प्रधानमंत्री होता है। इन्हीं के अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार भारत में 1954 से प्रदान किए जा रहे हैं। सर्वप्रथम यह सामूहिक रूप से सी. राजगोपालाचारी, सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा सी.वी. रमन को प्रदान किया गया था। वर्ष 2015 में महामना मदनमोहन मालवीय तथा पूर्वप्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न से विभूषित किया गया। वर्ष 2019 में प्रणव मुखर्जी, नानाजी देशमुख व भूपेन हजारिका को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है।

27. (4) किसी कल्याणकारी राज्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है मूल अधिकारों के अतिक्रमण को रोकना, इसके लिए भारतीय संविधान द्वारा लोगों को कुछ मूल अधिकार (नैसर्गिक अधिकार) प्रदान किया गया है, जिनका अतिक्रमण नहीं हो सकता। इस उद्देश्य से संविधान ने न्यायालय की व्यवस्था की है। संविधान के भाग 3 तथा 4 के संपूर्ण अनुच्छेदों के अनुसार भारत स्वयं को एक कल्याणकारी राज्य घोषित करता है।

28. (1) सरकार की संघीय प्रणाली (संसदीय प्रणाली) में द्विसदन पद्धति एक अनिवार्य लक्षण है। विश्व में अधिकतर देशों में यह शासन प्रणाली पाई जाती है जिसमें संसद राष्ट्रपति (राष्ट्राध्यक्ष) और दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) से मिलकर बनती है। राष्ट्रपति किसी भी सदन का सदस्य नहीं होता। वह अभिभाषण करने के लिए ही सदन में प्रवेश करता है। अनुच्छेद 79 के अनुसार संघ की संसद का उल्लेख है।

29. (1) लोगों के जीवन का उच्च स्तर होने की कल्पना समाजवादी शासन में ही गई है। भारतीय संविधान की उद्देशिका में प्रारंभ में इस शब्द का उल्लेख नहीं

था, लेकिन 42वें संविधान संशोधन के द्वारा 1977 में 'समाजवाद' शब्द को जोड़ा गया था। लेकिन समाजवादी धारणाऐं संविधान में नीति-निदेशक तत्वों में मिलती हैं।

30. (1) बढ़ता क्षेत्रीय असंतुलन भारत में पृथक राज्य आंदोलनों का मुख्य कारण है। लेकिन भारत का संवैधानिक ढाँचा ज्यादा लचीला और सर्वसमावेशी है, जिससे भारत का संविधान अन्य देशों के संविधान के मुकाबले विशिष्ट है। जिससे यहाँ क्षेत्रीय आकांक्षाओं को अलगाववाद की राह पर जाने का मौका नहीं मिला। भारत की राजनीति ने यह स्वीकार किया है कि क्षेत्रीयता, लोकतांत्रिक राजनीति का अभिन्न अंग है।

31. (4) उद्देशिका में जिन स्वतंत्रताओं का उल्लेख है उन्हें अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 25 से अनुच्छेद 28 तक में स्थान दिया गया है जो आस्था और पूजा की स्वतंत्रता विचार से संबंधित है। भारत में (हिन्दुओं में) धार्मिक सत्ता का कोई प्रतिष्ठान नहीं है अर्थात् धार्मिक सत्ता किसी व्यक्ति पद या संस्था में नहीं होती अतएव राज्य पंथनिरपेक्ष या धर्मनिरपेक्ष होता है। जबकि इस्लाम में राज्य और धर्म संयुक्त है। पंथनिरपेक्षता या धर्मनिरपेक्षता की संकल्पना का जन्म फ्रांस से हुआ है।

32. (1) यह सत्य है कि जब एक या अधिक राज्य विधान सभाएँ भंग हो गई हों तो भारत के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराए जा सकते हैं क्योंकि राष्ट्रपति का निर्वाचन एक निर्वाचन मंडल द्वारा होता है जिनमें -

1. लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य (नाम निर्दिष्ट नहीं)
2. राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य
3. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पॉडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र की विधानसभा के सदस्य। इन सदस्यों को 1 जून, 1995 से 70वें संविधान संशोधन के पश्चात् जोड़ा गया है। स्पष्ट है कि प्रत्येक राज्य के विधानसभा के सदस्य के मत का मूल्य अलग-अलग होता है।

33. (1) लेनिन की कम्युनिस्टवादी राजनीतिक पार्टियों ने जो आंतरिक रूप से संगठन स्थापित किए उन्हें सैद्धांतिक रूप से लोकतांत्रिक केन्द्रीकरण नाम दिया गया। किसी राजनीतिक पार्टी के भीतर लेनिनवादी नीति को पर्यायवाची शब्द के रूप में कभी- कभी इस शब्द का प्रयोग किया जाता है।
लोकतान्त्रिक तौर पर, यह संगठनात्मक प्रक्रिया राजनीतिक पार्टी के सदस्यों को किसी भी विवादित नीति पर चर्चा करने तथा दिशा तय करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है, लेकिन एक बार पार्टी द्वारा बहुमत से निर्णय ले लेने के बाद, सभी सदस्यों से आशा की जाती है कि वे भी इस निर्णय को मानेंगे।

34. (2) अन्ना हजारे एक भारतीय समाजसेवी हैं जिन्होंने जन लोकपाल विधेयक को पारित कराने के लिए अगस्त 2011 में आमरण अनशन किया। इस उपवास के समर्थन में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुआ। जन लोकपाल बिल भारत में नागरिक समाज द्वारा प्रस्तावित भ्रष्टाचारनिरोधी बिल है जो सशक्त जन लोकपाल के स्थापना का प्रावधान करता है।

35. (1) भारत में मण्डल कमीशन की स्थापना 1979 में अन्य पिछड़े वर्गों की पहचान करने के लिए की गई थी। मण्डल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट 1980 में प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में इस बात का समर्थन किया गया कि भारतीय कानून की धारा के अन्तर्गत नीची जाति के सभी सदस्यों (अन्य पिछड़े वर्ग), अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) के लिए निश्चित अनुपात के तहत सरकारी नौकरियों और निजी विश्वविद्यालयों में आरक्षित सीटों का कोटा बढ़ाकर 27% से 49.5% कर दिया जाए।

36. (1) शैडो कैबिनेट (Shadow Cabinet) ब्रिटिश गवर्नमेंट सिस्टम का एक अंग है। इस कैबिनेट में विपक्षी पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ताओं का एक समूह, विपक्षी पार्टी के नेता के नेतृत्व में वैकल्पिक कैबिनेट का गठन करता है, इस कैबिनेट के प्रत्येक सदस्य को Shadow सदस्य के रूप में चिन्हित किया जाता है।

37. (4) समाजवाद, सामाजिक संगठन का एक सिद्धांत या प्रणाली है जो इस बात का समर्थन करता है कि पूँजी, भूमि इत्यादि उत्पादन के साधनों और वितरण पर पूरे समाज का स्वामित्व और नियंत्रण रहे। हालांकि वास्तविक अर्थों में बहुत से देशों में यह प्रणाली असफल रही। पोलैंड, रोमानिया, युगोस्लाविया, चेकोस्लोवाकिया आदि देशों में समाजवाद के दौरान संपत्ति गिने-चुने लोगों के बीच केंद्रित रही जबकि आबादी का एक बड़ा भाग निर्धनता और बेरोजगारी से ग्रस्त रहा। इसके अतिरिक्त समाजवादी सरकारें अंततः निरंकुशतावादी सरकार के रूप में परिणत हो गईं।

38. (1) ज्यूरीप्रूडेंस (Jurisprudence) अर्थात् विधिशास्त्र के सैद्धान्तिक आधुनिक स्कूलों में नेचुरल-लॉ-स्कूल (Natural-Law school), अनालीटिकल स्कूल (Analytical school), हिस्टोरीकल स्कूल (Historical school), कमपैरिटिव स्कूल (Comparative school), और सोशियोलॉजिकल स्कूल (Sociological school) शामिल हैं। इस स्तर के आरंभिक तीन स्कूलों में प्रकृति, नियम की उत्पति संबंधित विचारों को लेकर आपस में मतभेद है और इनका संबंध नीतिशास्त्र (Ethics) से है। दार्शनिक संप्रदाय सबसे प्राचीन विधि संप्रदाय है। (विलियम ओ. डगलस, यू.एस. सुप्रीम कोर्ट के एसोशिएट जस्टिस)

39. (2) राजनीतिक स्वतंत्रता से तात्पर्य ऐसी अवस्था या शर्त से है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति को राजनीतिक रूप से सरकार बनाने, संचालित करने, व्यवस्थित करने या गठित करने का अधिकार दिया जाता है। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि व्यक्ति को राजनैतिक गतिविधियों में शामिल होने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है।

40. (3) नौकरशाही (Bureacracy) का तात्पर्य ऐसी सरकार से है जहाँ बहुत सारे विभाग, प्रशासक तथा निम्न अधिकारी हों। इसके तहत बहुसंख्यक लोग सरकार के विभागों में शामिल होते हैं लेकिन वे सभी निर्वाचित नहीं किए जाते हैं।

41. (2) सामान्यतया राष्ट्रीय गान 52 सेकेन्ड का होता है। इसका एक छोटा रूपान्तर भी है जिसमें प्रथम तथा अंतिम पंक्ति का प्रयोग किया जाता है और गाने में 20 सेकेन्ड का समय लगता है। इसका विशेष अवसरों पर प्रयोग भी किया जाता है।

42. (1) किसी समाज में बहुसंख्यक लोगों के विश्वास को जानने के लिए जनमत एक प्रचलित और व्यापक अवधारणा है। यह किसी खास विषय या मुद्दे के बारे में समुदाय के व्यक्तिगत विचारों, मनोवृत्तियों और विश्वासों को जानने का एक सार्थक और संतुलित प्रयास है।

43. (4) लोकतांत्रिक समाजवाद एक राजनीतिक विचारधारा है जो प्रजातान्त्रिक राजनीतिक प्रणाली के साथ-साथ एक समाजवादी आर्थिक तंत्र का समर्थन करता है। यह प्रजातांत्रिक विधि और राजनीतिक तंत्र की केंद्रीय भूमिका पर जोर देता है। यह प्रायः अप्रजातांत्रिक राजनीतिक आंदोलनों जो समाजवाद का समर्थन करता है, से विषमता प्रकट करता है।

44. (3) भारत का राष्ट्रीय प्रतीक सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति है, जो सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित है। मूल स्तंभ में शीर्ष पर चार सिंह हैं, जो एक-दूसरे की ओर पीठ किए हुए हैं। इसके नीचे घंटे के आकार के पद्म के ऊपर एक चित्र वल्लरी में एक हाथी, चौकड़ी भरता हुआ एक घोड़ा, एक सांड तथा एक सिंह की उभरी हुई मूर्तियां हैं, इसके बीच-बीच में चक्र बने हुए हैं। इस सिंह स्तंभ के ऊपर 'धर्मचक्र' रखा हुआ है। भारत सरकार ने यह चिह्न 26 जनवरी, 1950 को अपनाया।

45. (2) फासीवाद आक्रामक तरीके से अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में क्षेत्रीय लाभ सुरक्षित करने एवं तानाशाही को बढ़ावा देने के लिए भूराजनैतिक रणनीति का अनुशरण करते हुए बाह्य संप्रभुता का दावा करती हैं। यह नैतिक एवं कानूनी रूप से राष्ट्रीय राज्य के लिए पूर्ण संप्रभुता का समर्थन करती है। फासीवाद राज्य का आदर्श वाक्य है: राज्य का सबकुछ, राज्य के विरुद्ध कुछ भी नहीं, राज्य के बाहर कुछ भी नहीं। (स्रोत: राजनैतिक सिद्धांत: विचार एवं अवधारणा-एस. रामास्वामी)।

46. (2) लोकतंत्र सरकार का एक रूप है-इस धारणा को व्यापक स्तर पर कई लेखकों ने अपना समर्थन दिया है। प्रसिद्ध लेखक सीले के अनुसार, ''लोकतंत्र सरकार का वह रूप है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी होती है''। सीले ने लोकतंत्र के सैद्धांतिक रूप की ओर संकेत किया है।

47. (4) राजिंदर कौर भट्टल पंजाब की प्रथम महिला मुख्यमंत्री थीं। कांग्रेस नेता के रूप में वह जनवरी 1996 से फरवरी 1997 तक मुख्यमंत्री पद पर रही। वह पंजाब की 14वीं मुख्यमंत्री और भारत की 8वीं महिला मुख्यमंत्री थीं।

48. (1) आर.के. शणनमुगम् चेट्टी स्वतंत्र भारत के प्रथम वित्त मंत्री थे। वह 1947-49 के मध्य जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री रहे। चेट्टी ने 26 नवम्बर, 1947 को स्वतंत्र भारत का पहला बजट प्रस्तुत किया था। इससे पूर्व वह 1933 से 1935 तक भारतीय केन्द्रीय विधान सभा के अध्यक्ष रहे।

49. (1) मानव अधिकार सुरक्षा अधिनियम 1993, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोगों की स्थापना की जाती है, के अनुसार, भारत का पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी)का अध्यक्ष होगा। एनएचआरसी एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं।

50. (2) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीएससीएसटी) की स्थापना करने और इसे सांविधिक शक्तियाँ प्रदान करने के लिए 12 मार्च, 1990 को 65वाँ संविधान संशोधन पारित किया गया था। इस निकाय की स्थापना करने के लिए अनुच्छेद 338 में संशोधन किए गए थे। हालांकि, वर्ष 2003 में किए गए 89वें संविधान संशोधन द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु एनसीएससीएसटी को दो निकायों में विभक्त कर दिया गया। एक नया अनुच्छदे 338 (क) जोड़कर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन कर दिया गया है तथा अनुच्छेद 338 के तहत अब केवल राष्ट्रीय अनुसूचति जाति अयोग के गठन की व्यवस्था है।

51. (2) नीति (NITI) आयोग का वर्णन न तो संविधान में किया गया है, न ही इसकी स्थापना संसद के किसी अधिनियम के द्वारा की गई है, इस प्रकार यह न तो संवैधानिक निकाय है और न ही सांविधिक निकाय है। यह भारत सरकार के लिए नीतियाँ निर्धारित करने वाला आयोग है, इसकी स्थापना नरेन्द्र मोदी सरकार के मन्त्रीमण्डलीय प्रस्ताव द्वारा 1 जनवरी, 2015 को की गई थी। अत: यह एक सलाहकारी और गैर-सांविधिक निकाय है।

52. (2) जनमत संग्रह एक प्रक्रिया है जिसमें एक प्रस्तावित कानून/विधान को अपने प्रत्यक्ष मतों द्वारा निपटाने के लिए निर्वाचक-गण को सौंपा जाता है।

- उपक्रमण एक विधि है जिसके द्वारा लोग किसी विधेयक को अधिनियम बनाने के लिए विधानमण्डल को सुझाव दे सकते हैं।
- वापस बुलाना (रिकॉल) एक विधि है जिसके द्वारा मतदाता किसी प्रतिनिधि या अधिकारी को, अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करने में असफल रहने पर, कार्यकाल समाप्त होने से पहले उसके पद से हटा सकते हैं।
- जनमत सार्वजनिक महत्त्व के किसी विषय पर लोगों की राय प्राप्त करने की एक विधि है। सामान्यत: इसका प्रयोग क्षेत्रीय विवादों का निपटारा करने के लिए किया जाता है।

53. (3) लोकतंत्र सरकार की एक प्रणाली है जिसमें नागरिक प्रत्यक्ष रूप से अपने अधिकार का प्रयोग करते हैं या शासी निकाय जैसे संसद का निर्माण करने हेतु स्वयं जन- प्रतिनिधियों को चुनते हैं। लोकतांत्रिक प्रणाली सरकार की उस प्रणाली के विपरीत है जहाँ पूर्ण राजतंत्र के रूप में सत्ता एक व्यक्ति तक सीमित होती है, या अल्पतंत्र के रूप में सत्ता कुछ व्यक्तियों तक सीमित होती है।

54. (3) गठबंधन सरकार में, एक से अधिक या कई पार्टियाँ मिलकर सरकार का निर्माण करती हैं। गठबंधन सरकार का गठन सामान्यत: तब होता है जब किसी पार्टी को सरकार का गठन करने हेतु आवश्यक बहुमत नहीं मिलता। गठबंधन सरकार में बहुत कम सीटों वाली छोटी पार्टियाँ भी सरकार का एक भाग बन सकती हैं।

55. (1) लोकतांत्रिक सरकार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर आधारित होती है, जहाँ वर्तमान की सत्ताधारी पार्टी के हार जाने का खतरा होता है। लोकतंत्र मूलत: राजनीतिक समानता के मूल सिद्धांत पर आधारित है। लोकतंत्र में प्रत्येक वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक वोट का मूल्य एकसमान होना चाहिए।

56. (1) दल-बदल मुख्यत: देश, राजनीतिक पार्टी आदि को छोड़कर शत्रुदेश, विरोधी दल में शामिल हो जाने की गतिविधि से संबंधित है। स्पष्ट रूप से यह निष्ठा या कर्त्तव्य के रूप में जुड़े किसी सिद्धान्त का पालन न करने पर व्यक्ति का त्याग करने की प्रक्रिया है। राजनीति के क्षेत्र में सरकार ने दल-बदल को नियंत्रित करने हेतु दल-बदल रोधी कानून बनाया है।

57. (3) अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने 19 नवम्बर, 1863 को गेटिस्बर्ग के संबोधन के दौरान लोकतंत्र को "लोगों के लिए, लोगों के द्वारा, लोगों की सरकार" के रूप में वर्णित किया था। गेटिस्बर्ग के युद्ध में संयुक्त सेनाओं द्वारा राज्यसंघ को पराजित करने के बाद उन्होंने गेटिस्बर्ग (पेनसिल- वेनिया) में 'डेडिकेशन ऑफ द सॉल्जर नेशनल सेमिटेरी' को संबोधित किया था।

58. (1) शासन परिवर्तन सेना या राज्य की सीमा के अंतर्गत अन्य विशिष्ट वर्ग द्वारा राज्य के अवैध और प्रत्यक्ष नियंत्रण से संबंधित है। 2016 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार शासन परिवर्तन के चार संभावित परिणाम निम्नलिखित हैं:

- असफल सैन्य विद्रोह,
- शासन प्रणाली में कोई बदलाव नहीं: जब किसी नेता या शासक को शासन के नियमों या सत्ता में समूह की पहचान में कोई परिवर्तन किए बिना हटा दिया जाता है,
- अन्य नेता के साथ पदस्थ तानाशाह की वापसी,
- लोकतन्त्रीकरण के बाद तानाशाही की समाप्ति।

59. (1) शासन के विभिन्न रूपों में से लोकतन्त्र प्रणाली लोगों को अपनी गलतियों को सुधारने की अनुमति देती है। इसका कारण यह है कि लोकतंत्र में गलतियाँ अधिक समय तक छिपी नहीं रह सकती। लोकतंत्र में सार्वजनिक विचार-विमर्श और भूल सुधारने का अवसर होता है। लोकतंत्र में या तो शासकों को अपना निर्णय बदलना पड़ता है या शासक को बदल दिया जाता है। शासन के अन्य रूपों में ऐसी प्रणाली नहीं होती।

60. (2) सार्वजनिक हित समूह मुख्यत: ऐसे हित समूह हैं जो सामान्य महत्त्व और हितों के साथ लोगों या संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये समूह अपने सदस्यों को लाभ प्रदान करने या सार्वजनिक हित के लिए सामान्य परिवर्तन करने हेतु कार्य करते हैं। हित समूह सरकारी नीति को परिवर्तित करने के लिए वकालत, सार्वजनिक अभियान और यहाँ तक की सरकारी लॉबी के द्वारा सार्वजनिक नीति में परिवर्तन के लिए कार्य करते हैं।

61. (4) लोकतांत्रिक सरकार की विशेषताओं में से एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं, जिनमें अंतिम निर्णय लेने की शक्ति होती है। यह विशेषता देश के शासन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करती है। इसी कारण लोकतंत्र को जनता का शासन भी कहा जाता है।

62. (1) ग्रेट ब्रिटेन का कोई एक विशिष्ट संवैधानिक दस्तावेज नहीं है। इसके बजाय, जो ग्रेट ब्रिटेन का संविधान कहलाता है, वह नियमों और सिद्धान्तों का सारांश है जिससे देश की राजनीतिक व्यवस्था का निर्माण होता है। इसे कभी-कभी "अलिखित" या असंहिताबद्ध संविधान के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। ब्रिटिश संविधान मुख्यत: चार स्रोतों : संविधि (विधानमण्डल द्वारा पारित नियम), सामान्य नियम (न्यायालय के निर्णय द्वारा स्थापित नियम), संसदीय सम्मेलनों और सत्ता के कार्यों से बना है।

63. (1) लोकतंत्र राजनीतिक समानता के मौलिक सिद्धांत पर आधारित है, जहाँ प्रत्येक वयस्क नागरिक का एक वोट होना चाहिए और प्रत्येक वोट का एक समान मूल्य होना चाहिए। यह जाति, पंथ, रंग, लिंग या शिक्षा के आधार पर किसी भी भेदभाव के बिना किसी देश के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है। इस प्रकार, एक लोकतांत्रिक देश में, प्रत्येक वयस्क नागरिक का एक मत होना चाहिए और प्रत्येक मत का एक समान मूल्य होना चाहिए।

64. (2) लोकतंत्र सरकार की एक प्रणाली है, जिसमें लोग चुनावों में उनके लिए मतदान करके अपने शासकों का चयन करते हैं। लोकतंत्र में, शक्ति अंतत: उन लोगों से आती है जो प्रत्यक्ष रूप से संचालित होती हैं, या तो सीधे मतदान या निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से। इसे कभी-कभी "बहुसंख्यक के नियम" के रूप में जाना जाता है।

65. (4) हर औद्योगिक इकाई में सौ व्यक्तियों या उससे अधिक का काम करने वालों की एक कार्यशील समिति है। इसका उद्देश्य नियोक्ता और कर्मचारी के बीच संबंधों में सुधार करना है और औद्योगिक विवादों का निपटान करना है। औद्योगिक विवाद के निपटारे के लिए अंतिम उपाय श्रम न्यायालय या ट्रिब्यूनल के निर्णय द्वारा होता है। कानून श्रम न्यायालय, राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल के औद्योगिक न्यायाधिकरण को निर्णय प्रदान करता है।

66. (4) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में यह कथन था कि संयुक्त राष्ट्र के लोग यह विश्वास करते हैं कि कुछ ऐसे मानवाधिकार हैं जो कभी छीने नहीं जा सकते जोकि मनुष्य मात्र की गरिमा हैं और स्त्री-पुरुष के समान अधिकार हैं। इस

घोषणा के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसम्बर, 1948 को मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा अंगीकार की। इस घोषणा से राष्ट्रों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और वे इन अधिकारों को अपने संविधान या अधिनियमों के द्वारा मान्यता देने और क्रियान्वित करने के लिए अग्रसर हुए।

67. (3) लालफीताशाही एक मुहावरा है जो औपचारिक नियमों का कठोरता से अनुपालन कराने या अत्यधिक नियंत्रण से संबंधित है जिसे अनावश्यक या नौकरशाही और विघ्नकारी या निरोधक कार्य या निर्णय लेने में बाधक माना जाता है। यह नौकरशाही की कार्यप्रणाली में बाधा डालता है।

68. (3) अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता हर्बर्ट साइमन ने प्रबंधन, विशेष रूप से प्रशासनिक व्यवहार और निर्णय लेने के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने प्रशासन के साथ निर्णय लेने को समान माना है। वह इस बात पर बल देते हैं कि किस प्रकार निर्णय लिए जाते हैं और किस प्रकार उन्हें अधिक विवेकपूर्ण और प्रभावशाली बनाया जाता है। उन्होंने सिद्धान्तों और विधि-तंत्र पर आधारित प्रशासन की एक नई अवधारणा प्रतिपादित की थी। यही कारण है कि उन्होंने प्रशासन की परंपरागत अवधारणा को मिथकों और कहावतों के रूप में संबोधित किया।

69. (3) एक राज्य के अनिवार्य कार्यों में कानून-व्यवस्था, न्याय प्रशासन, संपत्ति की सुरक्षा, अधिकारों का निर्धारण, नागरिक और राजनीतिक अधिकार सुनिश्चित करने, बाहरी सुरक्षा का प्रावधान और बाह्य संबंधों की स्थापना शामिल है। मनोरंजन की व्यवस्था सरकार का अनिवार्य कार्य नहीं है।

70. (1) 'राज्य हर जगह है : यह शायद ही कोई अंतराल छोड़ता है' कल्याणकारी राज्य की अवधारणा की व्याख्या करता है। कल्याणकारी राज्य सरकार की वह अवधारणा है जिसमें नागरिकों के आर्थिक और सामाजिक कल्याण के संरक्षण और संवर्धन में राज्य या सामाजिक संस्थानों के एक सुस्थापित नेटवर्क महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

71. (2) सार्वजनिक हित में की गई मुकदमेबाजी एक कानूनी प्रक्रिया है जो सार्वजनिक हित को पूरा करने के लिए न्यायिक रूप से लड़ी जाती है, यह अदालत में पीड़ित पक्ष द्वारा पेश नहीं किया जाता है, बल्कि यह किसी अन्य निजी पार्टी द्वारा या स्वयं अदालत द्वारा दायर किया जाता है। जनहित याचिका की अवधारणा सर्वप्रथम संयुक्त राज्य अमेरिका से उभरी। हालांकि भारत में जनहित याचिका संयुक्त राज्य अमेरिका से काफी भिन्न है। भारत में पीआईएल की अवधारणा न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती ने व्यक्त की थी।

72. (2) एक संघीय सरकार की विशेषता यह है कि विधानमंडल, कार्यकारी और न्यायपालिका के बीच सत्ता वितरित की जाती है। लोकतंत्र में प्रत्येक शाखा की अनन्य शक्तियाँ और जिम्मेदारियाँ हैं, सामाजिक प्रभाग कई तरीकों से राजनीति में प्रतिबिंबित होते हैं–राजनीतिक पार्टियाँ मतों के लिए चुनाव के दौरान विभिन्न समुदायों को अलग-अलग वादे करती हैं। चुनावों में, लोग सामाजिक विभाजन के आधार पर वोट देते हैं। वे अपने समुदाय के उम्मीदवार को इस उम्मीद में वोट देते हैं कि वह अन्य समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों की अपेक्षा उनकी जरूरत को बेहतर तरीके से समझेगा। धार्मिक सांप्रदायिकता की समस्या तब उत्पन्न होती है जब एक धर्म के अनुयायियों द्वारा अपने धर्म को दूसरे की तुलना में बेहतर बताने का प्रयास किया जाता है।

73. (1) कार्यकारी : प्रमुख नीतियों को शुरू करने, निर्णय लेने और देश के संविधान और कानून के आधार पर उन्हें लागू करने वाले व्यक्तियों का एक समूह; न्यायपालिका: एक संस्थान जिसे न्याय का संचालन करने और कानूनी विवादों के समाधान के लिए एक तंत्र प्रदान करने का अधिकार है; विधान मंडल : देश के लिए कानून बनाने की शक्ति के साथ जन प्रतिनिधियों की विधान सभा।

74. (2) मार्शल लॉ कानून व्यवस्था से संबंधित है जो तब लागू होता है जब एक सैन्य अधिकारी सामान्य कानून प्रशासन को नियंत्रित करता है। मार्शल लॉ सामान्यत: तब लगाया जाता है जब सामान्य प्रशासन विषम परिस्थिति जैसे युद्ध या आन्तरिक अव्यवस्था या सैन्य विद्रोह के कारण या तो कार्य नहीं कर सकता या कार्यवाही करने में असमर्थ होता है या स्वयं को दुर्बल महसूस करता है। मार्शल लॉ का मुख्य उद्देश्य आपातकाल के दौरान सार्वजनिक नियमों को बनाए रखना होता है।

75. (3) मार्शल लॉ शासन की एक प्रणाली से संबंधित है, यह प्रणाली तब लागू होती है जब सामान्य प्रशासन तथा न्यायपालिका की बागडोर सैन्य अधिकारी को सौंप दी जाती है। सामान्यत: मार्शल लॉ तब लागू किया जाता है जब एक अधिकृत क्षेत्र में सैन्य विद्रोह या युद्ध या गृह युद्ध एवं आंतरिक गड़बड़ी के कारण प्रशासन कार्य करने में असमर्थ होता है या स्वयं को कमजोर महसूस करता है। मार्शल लॉ का मुख्य उद्देश्य आपातकाल के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना है।

76. (3) लाभ और हानि की सावधानीपूर्ण गणना या विवेक पर आधारित निर्णय युक्तिपरक अर्थात् विवेकपूर्ण निर्णय कहलाते हैं। विवेकपूर्ण निर्णयों की तुलना प्राय: नैतिक सोच-विचार के आधार पर लिए गए निर्णयों से की जाती है। विवेकपूर्ण कारणों के दबाव से सत्ता में भागीदारी के बेहतर परिणाम होंगे।

77. (2) सरकार के लोकतांत्रिक रूप की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि लोग अपने प्रतिनिधियों को निर्वाचित करते हैं और उनमें अंतिम निर्णय लेने की शक्ति होती है। यह देश के शासन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। यही कारण है कि लोकतंत्र को जनता का शासन भी कहा जाता है। यदि किसी देश में निर्वाचित संसद और सरकार हो, लेकिन वास्तविक शक्तियाँ उन लोगों में निहित हो जो निर्वाचित नहीं हैं तो इसे जनता का शासन नहीं कहा जा सकता।

78. (3) वे प्रावधान जिन्हें संसद के एक विशेष बहुमत द्वारा संशोधित किया जा सकता है निम्नलिखित हैं:

- राष्ट्रपति और उसका चुनाव।
- संघ और राज्यों की कार्यकारी शक्ति का विस्तार।
- सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय।
- संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण।
- सातवीं अनुसूची में कोई भी सूची।
- संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व।
- संविधान और इसकी प्रक्रिया में संशोधन करने के लिए संसद की शक्ति (अनुच्छेद 368 स्वयं)।

79. (4) सरकार की एकात्मक प्रणाली में, सभी शक्तियाँ केन्द्र में निहित हैं जबकि संघीय प्रणाली में शक्तियों को केन्द्र और राज्यों के बीच संविधान द्वारा बाँटा गया है। भारतीय संविधान में कुछ एकात्मक विशेषताएँ हैं: मजबूत केन्द्र, राज्य अविनाशी, एकल संविधान, राज्य प्रतिनिधित्व में कोई समानता नहीं, आपातकालीन प्रावधान, एकल नागरिकता, एकीकृत न्यायपालिका, अखिल भारतीय सेवाएँ इत्यादि।

80. (3) संविधान एक दस्तावेज है जो देश में लोगों और सरकार के लिए बुनियादी नियमों और विनियमों का पालन करता है। जब इन सिद्धांतों को एक ही दस्तावेज में लिखा जाता है, तो उन दस्तावेजों को लिखित संविधान में शामिल किया जा सकता है। यदि वे एक व्यापक दस्तावेज में लिखे गए हैं, तो यह एक संहिताबद्ध संविधान में शामिल किया जाता है।

81. (3) आपराधिक कानून में विश्वास बहाल करने के लिए आपराधिक कानून के मूल सिद्धांतों की जाँच के लिए गृह मंत्रालय द्वारा 2000 में मलिमथ समिति की स्थापना की गई थी। इसमें आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 और भारतीय दंड संहिता (IPC), 1860,की समीक्षा करना शामिल था। इसने 2003 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

82. (1) लोक अदालत (पीपुल्स कोर्ट) को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत आरम्भ किया जाता है। इस अधिनियम के तहत लोक अदालतों द्वारा दिए गए निर्णय को सिविल कोर्ट का फैसला माना जाता है। लोक अदालत एक ऐसा मंच है, जहाँ वाद-विवाद/मुकदमे या पूर्व-मुकदमेबाजी के चरण में लंबित मामलों का निपटारा किया जाता है। जिसे कानूनी सुलह अधिनियम कहा जाता है।

83. (2) गुजरात 14 जनवरी, 2019 को सरकारी नौकरियों और सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए उच्च शिक्षा में शुरू किए गए 10 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया। राष्ट्रपति राम नाथ

कोविंद के 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए संवैधानिक संशोधन पर अपनी सहमति प्रदान करने के ठीक एक दिन बाद यह निर्णय लिया गया।

84. (1) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) भारत सरकार द्वारा गठित एक वैधानिक निकाय है, जो संसद के अधिनियम, खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम 1956 के तहत है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत एक शीर्ष संगठन है। खादी को 1920 में महात्मा गाँधी के स्वदेशी आंदोलन में एक राजनीतिक हथियार के रूप में शुरू किया गया था।

85. (4) सशस्त्र सीमा बल (SSB) की पूर्व प्रथम महिला प्रमुख अर्चना रामासुंदरम, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव दिनेश कुमार जैन, भारतीय राजस्वा सेवा के पूर्व अधिकारी महेन्द्र सिंह और गुजरात केडर के पूर्व IAS अधि कारी इन्द्रजीत प्रसाद गौतम को गैर-न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया है। देश के पहले लोकपाल, भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल, अर्चना रामासुंदरम, 1980 बैच (सेवानिवृत्त) तमिलनाडु केडर के आईपीएस अधिकारी हैं।

86. (1) दिल्ली और पुदुचेरी को आंशिक राज्य का दर्जा दिया गया था और दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT) के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया था और इसका क्षेत्रफल बढ़ाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (भारत) (NCR) के रूप में जाना जाता है। दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू और कश्मीर में एक निर्वाचित विधान सभा है जिसमे राज्यों जैसे मंत्रियों की एक कार्यकारी परिषद है।

87. (3) आंध्र प्रदेश के विभाजन के चार साल बाद, राज्य की सरकार ने अपने राज्य प्रतीकों की घोषणा की है। अपने राज्य पक्षी की भी घोषणा की । अविभाजित आंध्र प्रदेश का राजकीय पक्षी भारतीय रोलर (कोरैसिबेंगलेंसिस) या पालपिट्टा था। इसे बदलकर राम चिलुका (सिट्टाकुलकरामेरी) बनाया गया है। पालपिट्टा अब तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक का राज्य पक्षी है।

88. (1) गोवा एकमात्र संघ राज्य है, जिसमें सबसे कम जिले (2) हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से गोवा भारत का सबसे छोटा राज्य है और देश का सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

89. (3) भारत में निर्धारित प्रोटोकॉल सूची निम्नवत है जिसमें अधिकारियों और भारत सरकार के विभिन पदों पर आसीन लोगों को उनके रैंक के अनुसार सूचीबद्ध किया गया है।

रैंक 7 – कैबिनेट मंत्री

रैंक 7ए – भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति

रैंक 9 – सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश

रैंक 10 – राज्यसभा के उपाध्यक्ष

90. (3) 14 अप्रैल, 1984 को बी. आर. अम्बेडकर की जयंती पर कांशी राम ने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की थी। वर्ष 2001 में कांशी राम ने पूर्व स्कूल शिक्षिका मायावती को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया।

91. (2) 31 मई, 2019 को आयोजित नरेंद्र मोदी 2.0 सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में, सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र बलों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना का विस्तार राज्य पुलिस कर्मियों के वार्डों में किया, जो नक्सल और आतंकवादी हमलों में अपना जीवन व्यतीत करते हैं। सरकार ने इस योजना के तहत बच्चों के लिए मासिक छात्रवृत्ति लड़कों के लिए 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये और लड़कियों के लिए 2,250 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपए की।

92. (3) 20 दिसम्बर, 1978 को भारत के प्रधानमंत्री, जनता पार्टी के मोरारजी देसाई ने संसद के पूर्व सदस्य बी पी मंडल के नेतृत्व में एक दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की घोषणा की। आयोग का काम भारत के (सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों) को परिभाषित करने के लिए मानदंड निर्धारित करना था और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करना था।

93. (4) भारत के राष्ट्रीय ध्वज को 15 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों से भारत की आजादी से कुछ दिन पहले, 22 जुलाई, 1947 को आयोजित संविधान सभा की बैठक के दौरान अपने वर्तमान स्वरूप में अपनाया गया था। आरम्भ में 15 अगस्त, 1947 से 26 जनवरी, 1950 के बीच इसे भारत के भारतीय अधिराज्य के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया और उसके बाद इसे भारतीय गणराज्य के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपना लिया गया ।

94. (2) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (खाद्य अधिकार अधिनियम भी कहा जाता है) भारत की संसद का एक अधिनियम है जिसे 12 सितम्बर, 2013 को 5 जुलाई, 2013 के पूर्व प्रभाव से कानून में हस्ताक्षरित किया गया था। यह अत्यधिक सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए। 67% को कानूनी अधिकार देता है। कुल आबादी में (75% ग्रामीण क्षेत्रों में और शहरी क्षेत्रों में 50%)

95. (1) भारत का राष्ट्रीय गान जन-गण-मन, जो मूल रूप से रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा बंगाली में रचा गया था, को 24 जनवरी, 1950 को भारत के राष्ट्रीय गान के रूप में संविधान सभा द्वारा अपने हिंदी संस्करण में अपनाया गया था। यह पहली बार 27 दिसम्बर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधि वेशन में गाया गया था।

96. (3) 1947 में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बाद भी फ्रांसिसियों ने पांडिचेरी को बनाए रखा।

- 1954 में, 1 नवम्बर को पांडिचेरी मुख्यालय के साथ एक केंद्र शासित प्रदेश बन गया।
- मई 1956 में, ''हस्तांतरण की संधि'' पर दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए थे।
- पांडिचेरी को 2006 में पुदुचेरी नाम दिया गया।

97. (4) केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, जिसे 1986 में शुरू किया गया था।

- ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित स्वच्छता प्रदान करने के लिए भारत का पहला प्रयास।
- 2012 में, इसका पुनर्गठन किया गया और इसका नाम बदलकर निर्मल भारत अभियान रखा गया।
- 2014 में, निर्मल भारत अभियान का पुनर्गठन स्वच्छ भारत मिशन में किया गया।
- स्वच्छ भारत मिशन के दो उप-मिशन होंगे: स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)।

98. (3) भारत में लोकपाल के लिए नए लोगो को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के निवासी प्रशांत मिश्रा ने डिजाइन किया है।

- भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल के लिए नया लोगो लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) पिनाकी चंद्र घोष द्वारा नवम्बर 2019 में लॉन्च किया गया था।
- एक नया आदर्श वाक्य, 'मा ग्रिधा: कस्यविधानाम' (किसी के धन के लिए लालची मत बनो)' को भी अपनाया गया था।

99. (2) भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1950 को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में सिंह को अपनाया।

- इसे सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ से अपनाया गया है।
- मूल स्तंभ में चार सिंह हैं, जो एक दूसरे की ओर पीठ करके बैठे हुए हैं। बीच में एक धर्म चक्र है। शीर्ष फलक पर एक हाथी, एक सरपट दौड़ता हुआ घोड़ा, एक बैल और एक सिंह की आकृति घंटी के आकार के कमल पर जो बीच-बीच मे चक्र द्वारा अलग किए गए हैं, उकेरी गई है।

100. (4) महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए 2005 में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम पारित किया गया था।

- इसे भारत सरकार और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 26 अक्टूबर, 2006 को लागू किया गया था।
- यह अधिनियम भारतीय कानून में पहली बार ''घरेलू हिंसा'' की परिभाषा प्रदान करता है।

101. (2) हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 7 के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के प्रथागत संस्कारों और समारोहों के अनुसार किया जा सकता है।

- इस तरह के संस्कारों और अनुष्ठानों में सप्तपदी - पवित्र अग्नि से पहले दूल्हे और दुल्हन द्वारा संयुक्त रूप से सात कदम उठाना शामिल है।
- सातवाँ कदम उठाने पर विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है।

□□□

5 भौतिक भूगोल

1997–2010 के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है

TYPE–I

1. क्षुद्रग्रह (एस्ट्रायड) सूर्य के चारों ओर किनके बीच चक्कर लगाते हैं ?

(1) पृथ्वी और मंगल

(2) मंगल और बृहस्पति

(3) बृहस्पति और शनि

(4) शनि और वरूण

(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–04.07.1999 प्रथम पाली)

(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–14.12. 2003)

(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 मध्य प्रदेश, इलाहाबाद प्रथम पाली)

(SSC JE (Civil) Exam, 29.01.2018 (IInd Sitting)

2. आकार के संदर्भ में वरुण हमारे सौर मंडल में _____ स्थान पर आता है।

(1) पहले (2) दूसरे

(3) तीसरे (4) चौथे

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–22.01.2017, तृतीय पाली)

3. सूर्य की बाह्यतम परत को कहते हैं –

(1) वर्ण-मंडल (2) प्रकाशमंडल

(3) किरीट (कोरोना) (4) स्थलमंडल

(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–19.06.2011 प्रथम पाली)

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-03.09.2016, Shift-III)

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-10.09.2016, Shift-III)

4. बृहस्पति का द्रव्यमान है लगभग :

(1) सूर्य के द्रव्यमान का दसवाँ भाग

(2) सूर्य के द्रव्यमान का हजारवाँ भाग

(3) सूर्य के द्रव्यमान का सौवाँ भाग

(4) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–09.01.2011)

5. 'सुपर नोवा' क्या है?

(1) पुच्छल तारा (2) ग्रहिका

(3) विस्फोटी तारा (4) ब्लैक होल

(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011 East Zone)

6. निम्नलिखित में से किसे 'ब्लू प्लैनेट' कहा जाता है?

(1) शनि (2) पृथ्वी

(3) बृहस्पति (4) मंगल

(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–1112.2011 Delhi Second setting)

7. सूर्य से पृथ्वी को प्राप्त ऊष्मा को क्या कहते हैं?

(1) आतपन (2) अवरक्त ऊष्मा

(3) सौर्य विकिरण (4) ताप विकिरण

(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 04.11.2012, प्रथम पाली)

8. निम्न में कौन-से ग्रहों के चारों ओर घूमने वाले उपग्रह नहीं हैं?

(1) मंगल तथा शुक्र (2) बुध तथा शुक्र

(3) मंगल तथा बुध (4)वरुण तथा प्लूटो

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, कोलकाता क्षेत्र)

(SSC मैट्रिक स्तरीय मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, द्वितीय पाली)

9. निम्नलिखित में से, किसके भीतर बृहस्पति का गैलिलियन उपग्रह नहीं है?

(1) यूरोपा (2) गैनीमेड

(3) कैलिस्टो (4) डीमोस

(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 19.05.2013)

10. सूर्य-ग्रहण उस समय होता है जब

(1) सूर्य और पृथ्वी को जोड़ने वाली रेखा पर चन्द्रमा स्थित नहीं होता है

(2) सूर्य और पृथ्वी के बीच चन्द्रमा आ जाता है

(3) चन्द्रमा और पृथ्वी के बीच सूर्य आ जाता है

(4) चन्द्रमा और सूर्य के बीच पृथ्वी आ जाती है

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 26.10.2014)

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-09.09.2016, Shift-II)

11. जब चन्द्रमा पूरी तरह से सूर्य को ढक लेता है (आच्छादित कर देता है), तो उसे क्या कहते हैं ?

(1) एन्टुम्ब्रा

(2) प्रच्छाया (उम्ब्रा)

(3) उपच्छाया (पिनम्ब्रा)

(4) इनमें से कोई नहीं

[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 16.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

12. ग्रहण के दौरान पड़ने वाली छाया का सबसे काला भाग है :

(1) प्रभामंडल (2) प्रच्छाया

(3) उपच्छाया (4) ब्लैक होल

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

(SSC CAPFs SI, CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 21.06.2015, TF No. 8037731 प्रथम पाली)

13. सूर्य आतप का पृथ्वी पर असमान वितरण मुख्यत: किसके कारण होता है?

(1) पृथ्वी की गोलाकार आकृति

(2) भूमि एवं जल का वितरण

(3) हवाओं की दिशा

(4) दाब पट्टियों का होना

(SSC CGL TIER-I पुनर्परीक्षा 30.08.2015)

14. किस दिन पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है?

(1) 23 सितम्बर (2) 21 मार्च

(3) 4 जुलाई (4) 3 जनवरी

(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

15. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने यह सिद्ध किया कि सूर्य के चारों ओर प्रत्येक नक्षत्र का मार्ग दीर्घवृत्ताकार है?

(1) केप्लर (2) गैलीलियो

(3) न्यूटन (4) कॉपरनिकस

(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

16. 1948 में विकसित बिग बैंग सिद्धांत के लिए निम्न में से कौन सा एक वैकल्पिक सिद्धांत है, जो ये बताता है कि ब्रह्मांड परिवर्तित नहीं होता है भले ही इसमें समय के साथ विस्तार होता है?

(1) ऑसीलेटिंग यूनिवर्स (2) स्टेडी स्टेट यूनिवर्स

(3) मिरर यूनिवर्स (4) इटरनल इन्फ्लेशन

(SSC CPO परीक्षा–06.06.2016 प्रथम पाली)

17. विषुव तब होता है जब सूर्य ऊर्ध्वाधर _____ के ऊपर होता है।

(1) मकर रेखा (2) कर्क रेखा

(3) ध्रुवों के (4) भू-मध्य रेखा

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा- 08.09.2016 प्रथम पाली)

(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–05.09.2004)

18. इक्वीनाक्स होता है जब :
(1) दिन और रात बराबर होते हैं
(2) एक वर्ष के दौरान सबसे छोटा दिन होता है
(3) एक वर्ष के दौरान सबसे बड़ा दिन होता है
(4) एक वर्ष के दौरान जब सबसे अधिक वर्षा होती है
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस परीक्षा–05.06.2016 प्रथम पाली)

19. पृथ्वी जिस समय सूर्य से सबसे अधिक दूरी पर होती है उस समय उसकी स्थिति क्या होती है ?
(1) एफेलियन (2) एंटीपोड
(3) पेरिहेलियन (4) एल्डिएट
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–28.08.2016 द्वितीय पाली)

20. तारामण्डल 'सप्त–ऋषि' को पश्चिम निवासी किस नाम से जानते हैं ?
(1) सेवन मोंक (2) अल्फा सेंटोरी
(3) बिग डिपर (4) स्मॉल बियर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–03.09.2016 द्वितीय पाली)
(SSC मल्टी–टास्किंग स्टाफ परीक्षा 18.09.2017, तृतीय पाली)

21. निम्नलिखित में से कौन–सा 'बौना ग्रह' है?
(1) नेप्ट्यून (2) टाइटन
(3) एरिस (4) हाइड्रा
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–01.09.2016 द्वितीय पाली)

22. सूर्य भूमध्य रेखा पर ऊर्ध्वाधर कब चमकता है?
(1) पूरे वर्ष (2) छः माह
(3) वर्ष में दो बार (4) वर्ष में एक बार
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–10.09.2016, Shift-II)

23. यदि कोई सितारा सूर्य से बड़ा है, किंतु उससे दोगुना बड़ा नहीं है तो, वह एक ____ में परिवर्तित हो जाता है।
(1) पल्सर (2) मैक्सिमा
(3) एवेंजर (4) डिस्कवर
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–15.01.2017, Shift-II)

24. तारों तथा आकाशगंगाओं के द्रव्यमानों को _____ के संबंध में व्यक्त किया जाता है।
(1) पृथ्वी का द्रव्यमान (2) सूर्य का द्रव्यमान
(3) चन्द्रमा का द्रव्यमान (4) न्यूट्रॉन का द्रव्यमान
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा–05.07.2017, प्रथम पाली)

25. उर्सा मेजर अथवा बिग बीयर एक प्रकार का _____ है।
(1) तारा (2) नक्षत्रमंडल
(3) ग्रह (4) उपग्रह
(SSC मल्टी–टास्किंग स्टाफ परीक्षा 16.09.2017, तृतीय पाली)

26. पृथ्वी से बढ़ती दूरी के अनुसार यहाँ का निम्नलिखित में से कौन का क्रम सही है?
(1) मंगल, शुक्र, बुध, वृहस्पति
(2) शुक्र, मंगल, बुध, वृहस्पति
(3) शुक्र, बुध, मंगल, वृहस्पति
(4) मंगल, शुक्र, वृहस्पति, बुध
(SSC JE (Civil) Exam, 24.01.2018 (IInd Sitting)

27. वर्ष की दीर्घतम अवधि निम्नलिखित में किस ग्रह पर होती है?
(1) शनि (2) बृहस्पति
(3) नेपच्यून (4) पृथ्वी
(SSC JE (Civil) Exam, 27.01.2018 (Ist Sitting)

28. एक ग्रह की अपने कक्ष में सूर्य से न्यूनतम दूरी को क्या कहा जाता है?
(1) उपसौर (2) अपसौर
(3) अपोजी (4) पेरिजी
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–05.03.2018, प्रथम पाली)

29. चंद्र ग्रहण के समय, निम्नलिखित में से कौन मध्य में रहता है?
(1) पृथ्वी (2) चंद्रमा
(3) सूर्य (4) कोई अन्य ग्रह
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (द्वितीय पाली) 06.07.2017)

30. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रह सूर्य से सबसे दूर है?
(1) शनि (2) बृहस्पति
(3) वरुण (4) अरुण
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (प्रथम पाली) 07.07.2017)

31. इनमें से कौन पृथ्वी के आकार की तुलना में छोटे ग्रह हैं?
(1) अरुण और मंगल (2) वरुण और शुक्र
(3) शुक्र और मंगल (4) वरुण और मंगल
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 06.03.2018)

32. ओरियन तारामंडल का सबसे चमकीला तारा निम्नलिखित में से कौन–सा है?
(1) बेटेल्गेयूज़ (2) एल्निलम
(3) रिगेल (4) एटा ओरियोनिस
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (द्वितीय पाली))

33. निम्नलिखित में से कौन–सा तारा सूर्य के सबसे नजदीक है ?
(1) प्रॉक्सिमा सेंचुरी (2) डेनेब
(3) सीरियस (4) बेटेल्गेयूज
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (प्रथम पाली))

34. 'ब्लड मून' शब्द का उपयोग किसके लिए किया जाता है?
(1) सूर्य ग्रहण (2) अर्ध चंद्रमा
(3) चंद्र ग्रहण (4) पूर्ण चंद्रमा
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

35. ओरियन तारामंडल को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(1) पाइपर (2) फाइटर
(3) प्रिडेटर (4) हंटर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (प्रथम पाली))

36. सबसे बड़ा तारामंडल (constellation) किसे माना जात है?
(1) हाइड्रा (2) डोराडी
(3) एंटीला (4) क्रक्स
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (प्रथम पाली))

37. सूर्य का व्यास पृथ्वी के व्यास से ..... गुना अधिक है।
(1) 92 (2) 109
(3) 146 (4) 123
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (तृतीय पाली))

38. नीचे दिए गए ग्रहों में से सौर मंडल में कौन–सा ग्रह सूर्य से सबसे दूर है?
(1) मंगल (2) बृहस्पति
(3) वरुण (4) शुक्र
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 02.07.2019 (तृतीय पाली)

39. उर्सा मेजर (Ursa Major) नक्षत्र को भारत में किस नाम से भी जाना जाता है?
(1) देवर्षि (2) महर्षि
(3) सप्तर्षि (4) स्वदेशी
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (तृतीय पाली)

40. अलास्का और उत्तरी कनाडा जैसे ध्रुवीय क्षेत्रों में, जब आकाश में चमकीले रंग प्रदर्शित होते हैं, तो उस भौतिक परिघटना को क्या कहा जाता है?
(1) सुमेरु ज्योति (aurora borealis)
(2) उल्का वर्षा (star shower)
(3) सक्रिय गैलेक्सीय नाभिक (active galactic nucleus)
(4) तारों की आंतरिक चमक (star's intrinsic luminosity)
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 09.12.2019(प्रथम पाली))

41. यूरोपा किस का एक प्राकृतिक उपग्रह है?
(1) शनि ग्रह का
(2) अरुण (यूरेनस) ग्रह का
(3) बृहस्पति ग्रह का
(4) मंगल ग्रह का
(SSC CAPFs SI, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 11.12.2019(प्रथम पाली))

42. एक तारे के जीवन चक्र में, नीहारिका चरण निम्नलिखित में से किस को संदर्भित करता है?
(1) वह चरण जिसमें बाहरी परतें विस्तारित होती हैं और कम उज्ज्वल हो जाती है
(2) इसके जीवन का अंतिम चरण
(3) धूल और हाइड्रोजन का एक बादल
(4) किसी तारे का बाहरी आवरण
(SSC CAPFs SI, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 11.12.2019(प्रथम पाली))

43. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रह गैसीय (जोवियन) ग्रह नहीं है?
(1) मंगल (2) बृहस्पति
(3) अरुण (यूरेनस) (4) शनि
(SSC CAPFs SI, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 11.12.2019(प्रथम पाली))

44. निशाकाश (रात्रि आकाश) में चमकने वाले पिण्डों को किस नाम से जाना जाता है?
(1) तारामंडल
(2) खगोलीय पिंड
(3) उल्कापिंड
(4) क्षुद्रग्रह (ऐस्टेरॉइड्स)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (द्वितीय पाली))

45. दीप्तीकर (लूसिफेर) _____का एक अन्य नाम है।
(1) बृहस्पति (2) शनि
(3) शुक्र (4) मंगल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (तृतीय पाली))

46. ग्रहों के वैज्ञानिक चंद्रमा के चारों ओर विद्यमान पतले गैसीय आवरण को _____ कहते हैं।
(1) चंद्रमा का बहिर्मंडल
(2) चंद्रमा का वायु मंडल
(3) चंद्रमा का ताप मंडल
(4) चंद्रमा का अंत: मंडल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (प्रथम पाली))

47. सौरमंडल में ग्रहों के क्रम में मंगल और शनि के बीच कौन-सा ग्रह आता है?
(1) शुक्र (2) बुध
(3) अरुण (यूरेनस)(4) बृहस्पति
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (द्वितीय पाली))

48. सौरमंडल में ग्रहों के अनुक्रम में, बुध और पृथ्वी के बीच कौन सा ग्रह आता है?
(1) अरुण (यूरेनस) (2) शुक्र
(3) बृहस्पति (4) मंगल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.03.2020 (प्रथम पाली))

49. चन्द्रमा की त्रिज्या कितनी है?
(1) 1.78×10^6 m
(2) 1.79×10^6 m
(3) 1.74×10^5 m
(4) 1.74×10^6 m
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.03.2020 (प्रथम पाली))

50. वर्ष के किस दिन सूर्य पृथ्वी से सबसे दूर होता है, एक स्थिति में जिसे अपहेल कहा जाता है?
(1) 16 अगस्त
(2) 23 अक्टूबर
(3) 12 मई
(4) 4 जुलाई
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.10.2020 (प्रथम पाली))

51. बादल रहित दिन में एक खुले मैदान में खड़े होने पर, किस समय आपकी परछाई सबसे छोटी बनेगी?
(1) 09:00 (2) 15:00
(3) 12:00 (4) 07:00
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

52. दो क्रमागत् अमावस्याओं के बीच की अनुमानित अवधि__दिनों की होती है।
(1) 28.5 (2) 15.5
(3) 14.5 (4) 29.5
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

53. निम्नलिखित में से किस ग्रह के चंद्रमाओं की संख्या सबसे अधिक है?
(1) बृहस्पति
(2) शनि
(3) अरुण (यूरेनस)
(4) वरूण (नेप्चून)
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2021 (प्रथम पाली))

54. निम्न मे से किसे ग्रहीय गति के तीन नियमों की अवधारणा का श्रेय दिया जाता है?
(1) आइजैक न्यूटन
(2) टैको ब्राहे
(3) जोहान्स केपलर
(4) गैलीलियो गैलीली
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 16.08.2021 (प्रथम पाली))

55. 'शंकुक (gnomon)' _____ का एक भाग है।
(1) सौर घड़ी (3) बोलोमीटर
(3) दूरबीन (4) ट्रांसफॉर्मर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

TYPE–II

1. अन्तर्राष्ट्रीय डेट लाइन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी बात सही है ?
(1) यह देशान्तर रेखा 180° के अनुरूप होती है
(2) यह एक सीधी रेखा है
(3) यह एक बड़ा वृत्त चाप होती है
(4) यह भूमि परिमाण से परे एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा है
(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–1997)
(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–25.11.2007)
(SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टॉफ परीक्षा–27.02.2011)

2. पृथ्वी के स्थल पृष्ठ का कितना भाग रेगिस्तान है?
(1) 10वाँ (2) 5वाँ
(3) एक-तिहाई (4) छठवाँ
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–26.06.2011 प्रथम पाली)

3. किसके गुरुत्वाकर्षण के कारण ज्वार-भाटा आता है?
(1) पृथ्वी का चन्द्रमा पर
(2) पृथ्वी का सूर्य पर
(3) पृथ्वी पर सूर्य और चन्द्रमा का
(4) चन्द्रमा का पृथ्वी पर
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011 East Zone)

4. एक ही समय में कंपन करने वाले स्थानों को जोड़ने वाली रेखाओं की शृंखला कहलाती है
(1) सहभूकंप रेखाएँ (होमोसीस्मल लाइन्स)
(2) भूकंपन रेखाएँ (सीस्मोलाइन्स)
(3) सहभूकंपन रेखाएँ (कोसीस्मल लाइन्स)
(4) समभूकंपन रेखाएँ (आईसोसीस्मल लाइन्स)
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नार्थ जोन प्रथम पाली)

5. निम्नलिखित में से किसका मिलान **गलत** किया गया है?
(i) कर्क रेखा- 23½° एन अक्षांश
(ii) मकर रेखा- 66½° एन अक्षांश
(iii) अंतर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा- 0° रेखांश
(iv) दक्षिण ध्रुव वृत्त- 66½° एस अक्षांश
(1) (i) (2) (ii) और (iii)
(3) (i), (ii) और (iii) (4) इनमें से कोई नहीं
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन द्वितीय पाली)

6. जीवाश्मविज्ञान में किसका अध्ययन होता है?
(1) मृदा (2) वृक्ष
(3) फॉसिल (4) चट्टान
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन द्वितीय पाली)

7. विश्व के सभी भागों में 23 सितम्बर को दिन और रात की समान लंबाई को क्या कहते हैं?
(1) शरत्कालीन विषुव (2) खगोलीय विषुव
(3) शीतकालीन विषुव (4) वसंतकालीन विषुव
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली)

8. किसी स्थान पर चुंबकीय याम्योत्तर और भौगोलिक याम्योत्तर के बीच कोण कैसा होता है?
(1) दिगंश (2) नति
(3) समक्रांतिक (डिक्लिनेशन)
(4) अक्षांश
(SSC स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा, 19.05.2013)

9. प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित, दोनों रूपों को दर्शाने वाले बड़े पैमाने पर मानचित्रों को क्या कहते हैं?
(1) भित्ति मानचित्र
(2) स्थलाकृतिक मानचित्र
(3) विषय-संबंधी मानचित्र
(4) एटलस मानचित्र
- 2,438.4 मीटर (8,000 फीट) की ऊँचाई पर, पानी केवल 92° सेल्सियस (198° फारेनहाइट) पर उबलता है।

TYPE–IV

1. (3) निथरन (लीचिंग) का मखरैला (लैटेराइट) मिट्टी के विकास में काफी योगदान होता है। लैटेराइट मिट्टी का निर्माण मॉनसूनी जलवायु की आर्द्रता एवं शुष्कता के क्रमिक परिवर्तन के परिणामस्वरूप उत्पन्न विशिष्ट परिस्थितियों में होता है। यह मिट्टी भूमध्यरेखीय एवं सवाना जलवायु वाले क्षेत्रों में पायी जाती है। यहाँ की जलवायु उष्ण और आर्द्र होती है। अधिक वर्षा के कारण बहुत से उपजाऊ तत्व रिस कर नीचे चले आते हैं। इस प्रकार यह मिट्टी बहुत ही अपक्षयित (Leached) होती है। इसमें ह्यूमस का पूर्णतया अभाव होता है।

2. (4) चट्टान-चूर्ण के बारीक कणों के निक्षेपण से चीका शैल का निर्माण होता है, प्राय:, इस शैल का निर्माण सागर, झील अथवा बाढ़ के समय नदियों के किनारे पर होता है। जब शैल के कणों का आकार 1/32 से 1/256 मिलीमीटर व्यास का होता है तो उसे स्लेट कहते हैं। स्लेट एवं क्ले के संगठित हो जाने पर शैल चट्टान का निर्माण होता है। फिर शैल का रुपांतरण स्लेट में हो जाता है।

3. (1) अपवाहन मृदा अपरदन का कारण नहीं है।

4. (2) अतिचारण को रोक कर मरुस्थलीकरण को रोका जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है–नये चरागाहों का वैज्ञानिक ढंग से विकास।

5. (4) पर्वतों के उन प्राकृतिक अंतरालों को दर्रा कहा जाता है जो मार्ग बन जाते हैं।

6. (2) जलोढ़ मिट्टी देश के 40% भागों के लगभग 15 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है। इसमें रेत, गाद, मृतका के भिन्न-भिन्न अनुपात होते हैं। यह अधिक उपजाऊ होती है, परन्तु इसमें नाइट्रोजन एवं ह्यूमस की कमी पायी जाती है।

7. (2) मृदा में क्षयमान जैव पदार्थ (जीवाणु एवं विषाणु द्वारा) ह्यूमस कहलाते हैं। यह मिट्टी का उपजाऊ पन बढा देता है। जीवाणु एवं सूक्ष्म जीवों का मुद्रा में एक अनुकूल स्तर पाया जाना चाहिए।

8. (2) अवसादी शैल द्वारा, धरातल में लगभग 75% क्षेत्रफल अवसादी शैलों का बना है।

9. (3) मृदा में विद्यमान कार्बनिक पदार्थों को सामूहिक रूप से ह्यूमस (खाद मिट्टी) कहा जाता है।

10. (2) भूकम्प भूतल की आंतरिक शक्तियों में से एक है। भूकम्प एक प्राकृतिक घटना है जो भू-पटल पर हलचल पैदा कर देती है। इन हलचलों के कारण पृथ्वी अनायास ही वेग से कांपने लगती है, जिसे 'भूकम्प' कहते हैं। जब चट्टानों में तनाव मूलक शक्तियाँ कार्य करती हैं तो भूपटल में दरार हो जाती है जिसके फलस्वरूप अचानक परिवर्तन के कारण पृथ्वी में कंपन पैदा हो जाती है। भूपटल के सिकुड़न एवं संकुचन से भी भूकम्प आता है।

11. (2) लैटेराइट मृदा का निर्माण निक्षालन और ऑक्सीकरण से होता है। इसका निर्माण ऐसे भागों में होता है जहाँ शुष्क एवं नमीयुक्त मौसम बारी-बारी से होता है। यह लैटेराइट चट्टानों की टूट-फूट से बनती है। गहरी लैटेराइट मिट्टी में लौह ऑक्साइड और पोटाश की मात्रा अधिक होती है।

12. (4) हिमालय पर्वतमाला की गणना वैज्ञानिक विश्व की नवीन पर्वतमालाओं में करते हैं। हिमालय पर्वत श्रेणी आल्प्स से दक्षिण-पूर्व एशिया के पहाड़ों तक फैले यूरेशियाई पर्वतश्रेणी के विस्तार का हिस्सा है, जिसका निर्माण पिछले 6.5 करोड़ वर्षों में सार्वभौमिक प्लेट-विवर्तनिक शक्तियों के कारण पृथ्वी की ऊपरी सतह पर विशालकाय उभारों के बनने से हुआ है। यह वलित पर्वत का एक ज्वलंत उदाहरण है।

13. (2) प्राकृतिक प्रक्रमों (कारकों) द्वारा अपने स्थान पर ही शैलों के विघटन तथा वियोजन की क्रिया को अपक्षयण कहते हैं। शैलों के टूटने (विखंडन) से प्राप्त शैल खंड या शैल चूर्ण मौलिक शैल (आधार शैल) के ऊपर बिखर जाते हैं और वहीं पड़े रहते हैं। अपक्षयण अपरदन का ही एक रूप है, लेकिन इसमें अपरदित पदार्थों का अपने स्थान से स्थानांतरण नहीं होता है।

14. (2) ग्रेनाइट एक वितलीय आग्नेय शैल है।

15. (3) ज्वालामुखीय क्रेटर ज़मीन में एक गोल आकार का गड्ढा होता है जो किसी ज्वालामुखी के फटने से बन जाता है। आम तौर पर इस गड्ढे का फर्श समतल होता है और उसमें एक छेद से पिघले पत्थर, गैस और अन्य ज्वालामुखीय पदार्थ बाहर निकलते हैं। अंग्रेज़ी में ज्वालामुखीय क्रेटर को "वॉल्कैनिक क्रेटर" (volcanic crater) कहते हैं।

16. (3) रेगिस्तान में मशरूम चट्टान का निर्माण वायु के अपघर्षण प्रक्रिया द्वारा किया जाता है। साधारणतया बालू धरातल से अधिक ऊँचाई तक नहीं उठ पाती। इस कारण वायु की अपरदन-क्रिया-क्षेत्र की ऊँचाई भी उसी अनुपात में सीमित रह जाती है। फलत: बहुधा रेगिस्तानी प्रदेशों में पहाड़ियों और चट्टानों के निचले भाग तो अपघर्षित हो कर पतले एवं संकीर्ण हो जाते हैं, किंतु ऊपर का धड़ अप्रभावित छूट जाता है। इस प्रकार के अधोरदन (undercutting) से कुकुरमुत्ता आदि सदृश कुछ विलक्षण आकृतियाँ बन जाती हैं।

17. (3) माउंट एवरेस्ट विश्व की सबसे ऊँची चोटी है। इसकी ऊँचाई 8,848 मीटर है। इसे 'सागरमाथा' भी कहा जाता है।


18. (1) इडे्फिक (Edaphic) मृदा से संबंधित एक तत्व है। मृदा द्वारा इडेफिक विशेषताओं की पहचान की जा सकती है। इसमें drainage, texture या रासायनिक गुणधर्म जैसे pH का मान शामिल है। इडेफिक की पहचान जीवों, जैसे पादप समुदाय, जहाँ यह मृदा के साथ अपने संबंधों को विशेष रूप से उल्लेख करता है कि विशेषता भी हो सकती है।

19. (*) आग्नेय चट्टानों का निर्माण लावा के जमने के परिणामस्वरूप होता है। आग्नेय चट्टानों को दो भागों में वर्गीकृत किया जाता है–(1) वे आग्नेय चट्टानें जो पृथ्वी की सतह के नीचे पाई जाती हैं, जहां प्रवेश करना संभव नहीं है जैसे–गैब्रो चट्टान, ग्रेनाइट, पेरोडाइट् और पेगमाटाइट चट्टानें (2) वे चट्टानें जिनमें से ज्वालामुखी उद्गार निकलती हैं, जैसे :–एन्डेसाइट्, बसाल्ट ऑबसीड्यिन, पुमाईस, राइओलाइट और स्कोरिया चट्टानें ये चट्टानें 1 पृथ्वी की सतह या उसके ऊपर को ठोस बनाती हैं।

20. (1) द्रवचालित क्रिया नदी अपरदन (अपरदन का उदाहरण प्रवाहित जल के कारण) का एक मुख्य प्रकार है जिसमें नदियों द्वारा उसके तटों के विरुद्ध लगाए गए बल के कारण उनमें दरारों और गह्वरों का निर्माण हो जाता है जिनमें वायु निरुद्ध हो जाती है। प्रवाहित जल का दबाव नदी के तटों को कमजोर करता जाता है और धीरे-धीरे यह इसे वहाँ से बहा ले जाता है।

21. (2) कोयला एक कार्बनिक अवसादी (sedimentary) चट्टान है जो मुख्यत: पेड़-पौधों के मलबों (debris) से बनता है। पेड़-पौधों के मलबे प्राय: दलदली या धँसान वाले वातावरण में संचित होते हैं।

22. (4) तनाव के कारण भू-पर्पटी पर बनने वाले पर्वत को भ्रंशोत्थ (ब्लॉक) पर्वत कहा जाता है। तनाव मूलक बल के कारण भ्रंश (faults) उत्पन्न होता है। ब्लॉक पर्वत का एक भाग अवनत और दबा हुआ (depressed) होता है। इसलिए पर्वत का शेष भाग आस-पास के वातावरण में स्पष्ट रूप से ऊँचा दिखाई देता है। इस प्रकार निर्मित संरचना को ब्लॉक पर्वत और अवनत (depressed) भाग को रिफ्ट घाटी कहा जाता है।




23. (3) सभी प्रकार की मृदाओं में लैटेराइट मृदा सर्वाधिक अपक्षीण (weathered) और अनुर्वर (infertile) होती है। तीव्र निक्षालन (intensive leaching) और न्यून क्षारक विनिमय क्षमता के कारण लैटेराईट मृदा सामान्यत: अनुर्वर होती है। फसल उत्पादन की दृष्टि से इस मृदा का महत्त्व कम है। (Geography of India by Smita Sangupta, पृष्ठ-63)

24. (4) रेगिस्तान एक बंजर भूमि होता है जहाँ अल्प मात्रा में वर्षा होती है जिसके कारण वहाँ का वातावरण पेड़-पौधों एवं जीव-जंतुओं के प्रतिकूल होता है। वर्षा की कमी या अपर्याप्त वर्षा रेगिस्तान के वनस्पतिहीन होने का मुख्य कारण है।

25. (1) जलोढ़ मृदा (खादर और बांगर) एक खास क्षेत्र में पायी जाने वाली मृदा है। इस प्रकार की मृदा नदियों द्वारा बहाकर लाई गई मिटिट्यों के जमा होने से होता है। क्षेत्रीय मृदा का निर्धारण स्थानीय जलवायु और वनस्पति के अलावा अन्य कारकों द्वारा होता है।

26. (2) विभ्रंश घाटी (rift valley) एक रेखीय आकृति की निम्नभूमि है जो भौगोलिक कारणों से भ्रंश या दरार के रूप में कई पर्वत श्रेणियों और उच्च भूमि के मध्य में स्थित होती है। पृथ्वी की भूपर्पटी के धँस जाने या सामान्यत: दरार पड़ जाने के कारण इसका निर्माण होता है।



27. (2) **'टेरा रोसा'** लैटिन या इटली भाषा का शब्द है जो ''लाल मृदा'' या ''लाल भूमि'' का दूसरा नाम है। साधारण शब्दों में लाल मृदा / लाल भूमि को लैटिन / इटली भाषा में टेरा रोसा कहते हैं। यह लाल मृदा का एक प्रकार है जो चूना पत्थर के अपक्षय द्वारा निर्मित होता है। टेरा रोसा विशेष रूप से भूमध्यसागर की जलवायु वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।

28. (3) ज्वालामुखी-कुण्डों (calderas) [ज्वालामुखी के ऊपरी सिरे पर बड़ा छिद्र होने तथा ज्वालामुखी के फटने के कारण भूमि के दब जाने से निर्मित] के अंदर निर्मित झीलें ज्वालामुखी-कुंड झीलें (caldera lakes) कहलाती हैं। भरे हुए जल द्वारा दबाव पड़ने के रूप में इन झीलों का निर्माण होता है। उदाहरण के लिए 1991 में माउंट पिनाटूबो (Pinatubo) में विस्फोट होने तथा मानसूनी वर्षा का जल भर जाने से पड़ने वाले दबाव के कारण पिनाटूबो झील (फिलिपिन्स) का निर्माण हुआ था।

29. (3) आन्तरिक जल निकास/अपवहन तंत्र (internal drainage) से तात्पर्य बंद/संकीर्ण जल निकास (drainage) बेसिन से है जो जल प्राप्त करता है तथा प्राप्त जल को अन्य बाह्य जल के स्रोत जैसे नदियाँ या महासागरों में बहिर्गमन (outflow) की अनुमति प्रदान नहीं करता, लेकिन झीलों या दलदलों के रूप में अभिसरित (converges) होता है। इस प्रकार के जल निकास तंत्र (ड्रेनेज) किसी भी जलवायु में उत्पन्न हो सकते हैं लेकिन ऐसे ड्रेनेज सामान्यत: रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाए जाते हैं। उदाहरण के लिए राजस्थान में स्थित लूनी (Luni) नदी एक आन्तरिक जल निकास तंत्र है।

30. (1) पेडोकल (Pedocal) मृदा में प्रचुर मात्रा में कैल्शियम कार्बोनेट और कैल्शियम ऑक्साइड पाया जाता है। पेडोकल (Pedocal) मृदा सामान्यत : शुष्क या अर्धशुष्क क्षेत्रों में पायी जाती है जहां वाष्पीकरण की दर निक्षालन की तुलना में काफी अधिक होती है। इस प्रकार की मृदा में कार्बनिक पदार्थ बहुत कम होते हैं।

31. (1) स्टेपी (Steppe) एक शुष्क एवं ठंडा घास का मैदान है जो ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका महाद्वीपों के सिवाय सभी महाद्वीपों में पाया जाता है। यह घास का मैदान मुख्य रूप से अमेरिका, मंगोलिया, साइबेरिया, तिब्बत और चीन में पाया जाता है। यह घास का मैदान सामान्यत: मरुस्थल और वनों के मध्य पाया जाता है।


32. (1) नदियों द्वारा तेजी से बहाकर लाए गए अवसादों के संचयन द्वारा जलोढ़ मृदा का निर्माण होता है। यह बाढ़ के जल द्वारा मैदानों से बहाकर लाई गई या नदी तलों में जमा उत्तम कणों वाली उपजाऊ मृदा है। यह सर्वाधिक उपजाऊ मृदा में से एक है लेकिन सामान्यत: इसमें ह्यूमस और नाइट्रोजन की कमी पाई जाती है। भारत में मैदानी क्षेत्रों में 40% से अधिक जलोढ़ मृदा पाई जाती है जो की गंगा, ब्रह्मपुत्र सिंधु नदी तंत्र द्वारा निर्मित है।

33. (3) मेटामॉर्फिज्म शब्द का अर्थ है परिवर्तित रूप। मेटामोर्फिज्म चट्टान के निर्माण की ढांचागत प्रक्रिया वैकल्पिक रूप से बदलती रहती है। मेटामॉर्फिक चट्टानें ताप और दाब में परिवर्तन के फलस्वरूप निर्मित ऐसी चट्टानें हैं जो पूर्व में अवसादी (सेडिमेन्ट्री) (Sedimentary) तथा (इग्नियस्) आग्नेय या किसी दूसरे मेटामॉर्फिक चट्टानों के रूप से गुजर चुकी हैं।

34. (1) एंडीज, संसार की सबसे लम्बी पर्वतश्रृंखला है जिसकी लंबाई 7,000 km है। यह पर्वत श्रृंखला दक्षिणी अमेरिका के उत्तर से दक्षिण में सात

देशों-वेनेजुएला, कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू, बोलिविया, चिली और अर्जेन्टीना के अलावा इस महाद्वीप के पश्चिमी तट तक फैला हुआ है।

35. (1) अपने उद्गम स्रोत से अंत तक नदी का जलमार्ग आमतौर पर तीन खण्डों में अर्थात् उच्च, मध्यम एवं निम्न जलमार्ग में बँटा होता है। नदी का अपने आदि से अंत तक की घाटी पर किए गए कार्य एवं उससे उत्पन्न विशेषताओं के संबंध में नदी का विकास श्रेणीबद्ध प्रोफाइल के रूप में देखा जा सकता है जिसे ग्रेडेड प्रोफाइल कहा जाता है। एक नदी के अपने पूरे लम्बे प्रोफाइल में कटाव एवं अवक्षेपण संतुलित होता है। अर्थात् नदी को चिकने, अवतल एवं श्रेणीबद्ध प्रोफाइल होने के लिए अपने आदि से अंत तक पूरा समय मिलता है।



36. (4) चूना क्षेत्र (कार्स्ट) स्थलाकृति का भूमिगत जल नहरों एवं गुफाओं का निर्माण करता है जोकि सतह से अतिसंवेदनशील होते हैं, जिससे इनमें ढहने या टूटने की प्रवृत्ति होती है।

37. (2) पॉडसॉल्स भूरे रंग की राख मिट्टी है जो पूरे वर्ष के दौरान ऊँचे अक्षांश में स्थित दीर्घकालीन शीत ऋतु वाले शंकुधारी वन क्षेत्र, कम अवधि वाले गर्म ऋतु वाले क्षेत्र और सामान्य अवक्षेपण वाले क्षेत्रों में पाई जाती है। ये मृदा अम्लीय, अनुपजाऊ और कृषि कार्यों के लिए कम उपयोगी है। यह मृदा मिश्रित कृषि और डेरी-उद्योग के लिए लाभदायक है।

38. (2) सामान्य शब्दों में विसर्पण एक नदी या मुड़ा हुआ लहरदार जलमार्ग है। नदी में गतिमान जल द्वारा बाहरी किनारों का अपरदन होने और इसकी घाटी का आकार बढ़ने के परिणामस्वरूप विसर्पण का निर्माण होता है। विसर्पण नदियाँ नदी के मुड़े हुए बाहरी मोड़ से अवसादों का अपरदन करती है और इसे दूर अनुप्रवाहित आंतरिक मोड़ पर जमा करती हैं। जब विसर्पण मुख्य धारा से कट जाता है तो गोखुर झील का निर्माण होता है।

39. (1) दुष्पोषण डिसट्रॉफिक झीलों के जल में ह्यूमिक एसिड की सान्द्रता अधिक होती है। ऐसी झीलों में भूरा जल, धरणिक और दलदली झीलें शामिल हैं। दलदली झीलों की पार्श्ववर्ती सीमाओं का pH मान प्रायः कम होता है और ये झीलें पांस (पीट) में परिवर्तित हो जाती हैं।


40. (3) लीचिंग (निक्षालन) से तात्पर्य वर्षा और सिंचाई के कारण मृदा में विद्यमान जल में विलेय पौधों के पोषक तत्त्वों के क्षय से है। वर्षा के जल, बाढ़ के पानी या अन्य स्रोतों से आने वाले जल के भूमि में रिसने के कारण यह रसायनों को विघटित कर सकता है और उन्हें भूमिगत जल के स्रोतों तक वहन कर सकता है। मृदा प्रणाली से समाप्त होने वाला पोषक तत्त्व पौधे के उद्ग्रहण के लिए अप्राप्य हो जाता है।

41. (4) कार्स्ट टोपोग्राफी एक भू-दृश्य/प्राकृतिक दृश्य है जिसका निर्माण रन्ध्रों और गुफाओं के साथ भूमिगत अपवहन तंत्र की विशेषताओं से युक्त विलेय चट्टानों जैसे चूना पत्थर, डोलोमाइट और जिप्सम के विघटन से हुआ है। रन्ध्र (सिन्क हॉल) से तात्पर्य ऊपरी सतह के नीचे बैठ जाने के कारण भूमि में उत्पन्न छिद्र या धसकन (गर्त) से है। रन्ध्र (सिन्क हॉल) सामान्यतः उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ चट्टान जैसे चूना पत्थर या कार्बोनेट चट्टान भूमि की सतह के नीचे होते हैं जिसे भूमिगत जल के परिसंचरण द्वारा प्राकृतिक रूप से विघटित किया जा सकता है।


42. (3) भारत और पाकिस्तान में दो अभिसारी या संगामी नदियों के मध्य विद्यमान भूमि क्षेत्र के लिए दोआब शब्द का प्रयोग किया जाता है। यह इंटरफ्लुव (interfluve) के समान है। ऑक्सफोर्ड हिन्दी-अंग्रेजी शब्दकोश में आर.एस. मैक ग्रेगॉर ने इसे ''दो नदियों के संगम स्थल के मध्य फैले क्षेत्र (विशेष रूप से गंगा और यमुना के मध्य फैले क्षेत्र)'' के रूप में परिभाषित किया है।

43. (1) अग्नि-वलय (रिंग ऑफ फायर) प्रशांत महासागर की द्रोणी में एक क्षेत्र है जहाँ कई बार भूकंप आता है और ज्वालामुखी विस्फोट होता है। यह विश्व के 75% सक्रिय और प्रसुप्त ज्वालामुखियों का प्रमुख स्थल है। इसे प्रायः परिव्यापक प्रशांत-क्षेत्र कहते हैं।

44. (3) खड़ी चट्टान, गुफा, मेहराब, ऊँची पतली चट्टान इत्यादि तरंग अपरदन (कटाव) द्वारा निर्मित कुछ विशेष स्थलाकृतियाँ हैं। छोटी खाड़ी का निर्माण तब होता है जब चट्टान तरंग आघात की दिशा में क्षैतिजाकार पट्टी में फैली होती है। यह समुद्र के निकट प्रतिरोधी चट्टान और कम प्रतिरोधी अन्तः स्थलीय चट्टान का एक समूह है। ये तरंगें मुलायम चट्टान के पार्श्व भाग के द्वारा अपघर्षण और द्रवचालित प्रक्रियाओं का प्रयोग करते हुए कठोर चट्टान को भ्रंशित और अपरदित करने का प्रयास करती हैं।




45. (2) जब किसी नदी की सहायक नदियाँ एक समकोण पर नदी में शामिल होती हैं तो झँझरी/जालयुक्त (ट्रेलिस) पैटर्न का विकास होता है। ट्रेलिस पैटर्न का विकास वहाँ होता है जहाँ कठोर और मुलायम शैल एक दूसरे के समानांतर होते हैं।



46. (1) आग्नेय चट्टानें मैग्मा (या लावा) के शीतलन और दृढ़ीकरण के द्वारा निर्मित होती हैं। जैसे ही गर्म, पिघली चट्टान सतह की ओर उठती है, यह

तापमान और दबाव में परिवर्तित हो जाती है इस कारण यह शीतल, ठोस और क्रिस्टलीय रूप धारण कर लेती हैं।



47. (2) लीवि डाइक या फ्लड बैंक बाढ़ के दौरान जलमार्ग के किनारे बनाया गया एक विस्तृत एवं निचला तटबंध है। सामान्यत: लीवी नदी के प्रवाह के समानान्तर होती है, इस प्रकार लीवी प्रत्यक्षत: नदी के प्रवाह में सहायता कर सकती है। लीवी को कृत्रिम रूप से निर्मित या प्रबलित भी किया जा सकता है।

48. (3) जब नदी का जल प्रवाह तीव्रतम होता है तो उसे नदी की युवा अवस्था माना जाता है। इस अवस्था में दुरारोह ढाल और दुरारोह जलमार्ग प्रवणता के कारण नदियाँ उर्ध्वाधर अपरदन के द्वारा अपनी घाटियों को सक्रिय रूप से गहरा करती हैं। उन्नतोतर योजना की पद्धति पर दुरारोह घाटी और पार्श्व ढालों की विशेषता से युक्त घाटी गहरी और संकीर्ण बन जाती है। जलप्रपात, वी-आकार की घाटियाँ और अन्त:पाशन पर्वत- स्कंध इस अवस्था की विशेषताएँ हैं।

49. (3) माउंट एटना: सिसली, इटली (यूरोप) के पूर्वी तट पर स्थित एक ज्वालामुखी पर्वत है, माउंट K2 : एशिया में चीन-पाकिस्तान की सीमा पर स्थित विश्व की दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है, माउंट किलिमंजारो: तंजानिया (अफ्रीका) में स्थित एक प्रसुप्त ज्वालामुखी है।

50. (3) यूराल पर्वत श्रेणी एक प्रमुख पर्वत श्रेणी है जो यूरोप और एशिया को विभाजित करती है। यह पर्वत श्रेणी पश्चिमी रूस में लगभग उत्तर से दक्षिण तक और आर्कटिक महासागर से यूराल नदी तक एवं उत्तर- पश्चिमी कजाकिस्तान तक फैली हुई है। काकेशस पर्वत श्रेणी भी यूरोप और एशिया को पृथक् करती है।

51. (3) U- आकार वाली चापाकार (ऑक्सबो) झील पानी का एक जलाशय है इसका निर्माण तब होता है जब एक विस्तृत विसर्पण नदी की मुख्य धारा से कटकर जल के एक स्थायी जलाशय का निर्माण करता है। नदी अपने सीधे पथ पर लगातार आगे बढ़ती रहती है और विसर्पण को छोड़ दिया जाता है। चापाकार (ऑक्सबो) झील नदी की निचली धारा की विशेषता से युक्त होती है, इसकी ढाल अत्यंत नीची होती है और यह मुख्यत: निक्षेपण कार्यों में संलग्न होती है।

52. (3) संगमरमर एक कायान्तरित चट्टान है इसका निर्माण तब होता है जब चूना पत्थर ऊष्मा और दबाव के अधीन होता है। यह मुख्यत: कैल्साइट ($CaCO_3$) खनिज से निर्मित होता है और प्राय: इसमें कुछ अन्य खनिज जैसे मृत्तिका खनिज, अभ्रक, क्वार्ट्ज, पाइराइट, आयरन ऑक्साइड और ग्रेफाइट अंतर्निष्ट होते हैं। कायान्तरण की अवस्थाओं के अंतर्गत चूना पत्थर में विद्यमान कैल्साइट चट्टान का निर्माण करने हेतु पुन: क्रिस्टल का निर्माण करता है जो कि इंटरलॉकिंग कैल्साइट क्रिस्टल का समूह है।

53. (2) पेडलफर मृदा ऐल्युमिनियम और आयरन ऑक्साइड से निर्मित होती है। यह क्षेत्रीय मृदा क्रम का उप-विभाजन है, जिसमें मृदाओं का एक विशाल समूह सम्मिलित होता है, जिसमें सेसक्वि ऑक्साइड मृदा निर्माण के दौरान सिलिका की तुलना में वृद्धि करता है। पेडलफर प्राय: आर्द्र क्षेत्रों में पाई जाती है। अमेरिकी मृदा वर्गिकी प्रणाली में पेडलफर, अलफिसोल मृदा क्रम के लिए एक रचनात्मक तत्त्व है।

54. (1) आल्प्स सबसे ऊँची और अधिक विस्तृत पर्वत श्रेणियाँ हैं जो सम्पूर्ण यूरोप में फैली हुई है। यह पर्वत श्रेणी आठ अल्पाइन देशों : फ्रांस, स्विट्जरलैंड, इटली, मोनाको, लिचटेन्स्टिन, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और स्लोवेनिया के पार लगभग 1200 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है।

55. (4) विसर्पण घुमावदार जलमार्ग या नदी में एक झुकाव है, इसका निर्माण तब होता है जब एक धारा का गतिमान जल बाह्य किनारे को अपरदित करता है और इसकी घाटियों को चौड़ा करता है, और नदी के आंतरिक भाग में ऊर्जा और जमा गाद कम होती है। विसर्पण विशिष्टत: नदी की मध्यम या निचली जलधारा है, इसका निर्माण तब होता है जब बाढ़ के मैदान में निक्षेपण और पार्श्विक अपरदन द्वारा उर्ध्वाधर अपरदन को प्रतिस्थापित किया जाता है।

56. (1) वनस्पतिजात और प्रणिजाति मृदा के ह्यूमस निर्माण की (फ्लोरा और फौना) दर में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब पौधे मरते हैं, तो पत्तियों को मिट्टी की सतह पर छोड़ दिया जाता है जहाँ सूक्ष्मजीव इन पत्तियों को अपना भोजन बनाकर इनका अपघटन करते हैं जिससे मिट्टी को वनस्पति से जीवांश (ह्यूमस) मिलता है। ये सूक्ष्मजीव पौध पदार्थों में पाये जाने वाले सुपाच्य पदार्थों (जैसे सरल शर्करा और कार्बोहाइड्रेट का आसानी से उपयोग कर लेते हैं लेकिन वसा और मोम छोड़ देते हैं। छोड़े गये पदार्थ आसानी से अपघटित नहीं होते और ह्यूमस में समाविष्ट होकर मृदा में पाये जाते हैं।

57. (4) जब नदी समुद्र के नजदीक जाती है तो बहते पानी की गति घट जाती है अवसादों की अधिकता तथा जल के वेग के मंद होने के कारण डेल्टा क्षेत्र में नदी की मुख्य धारा अनेक शाखाओं में विभक्त हो जाती है जिसे वितरकों के रूप में जाना जाता है। जब नदी की गति बहुत धीमी हो जाती है तो वह अपना अवसाद जमा करना शुरू कर देती है। अवसादों के संचयन से डेल्टा का निर्माण होता है। इस भूभाग का आकार साधारणत: त्रिभुज जैसा होता है।

58. (1) भूमि में जल के रिसने की प्रक्रिया अंत:स्यंदन कहलाती है। अंत:स्यंदन तब होता है जब जल को भूमि के स्तर से नीचे की मृदा द्वारा सोख लिया जाता है। यह जल भूमि के नीचे मृदा और शैलों के मध्य गति करता है। कुछ जल को पौधे की वृद्धि में सहायता करने हेतु जड़ों द्वारा सोख लिया जाता है। कुछ जल नीचे मृदा में एक तल पर चला जाता है जो जल से भरा रहता है, इसे भौम जल कहते हैं।

59. (2) भूमि की संकीर्ण पट्टी, जो दो व्यापक भू-भागों को जोड़ती है स्थलडमरुमध्य (Isthmus) कहा जाता है। एक इस्थमस या तो दो महाद्वीपों या मुख्य भूमि के साथ प्रायद्वीप को जोड़ता है। पनामा और स्वेज आइथमस एक इस्थमस के विशिष्ट उदाहरण हैं।

60. (1) फियोर्ड, ग्लेशियर अपरदन के परिणामस्वरूप घटित होता है जो चट्टानों में घाटियों की तरह होता है। जब पानी भूमिगत हो जाता है तो यहाँ की सतह का परिदृश्य बदल सकता है, जैसे कि यह सिंकहोल, स्टैलैक्टाइट और स्टैलैग्माइट बनाता है। सिंकहोल्स जमीन में फनेल के आकार के छेद हैं, और गुफाएँ खुले बड़े स्थान हैं जो भूमिगत हैं।

61. (1) नदी को अक्सर तीन भागों या चरणों में विभाजित किया जाता है:

(i) ऊपरी कोर्स (ढलान ढाल) : सहायक नदियाँ, वी-आकार की घाटी, इंटरलॉकिंग स्पर्स, झरने रैपिड्स, गॉर्जस

(ii) मध्य कोर्स (कोमल ढाल) : पार्श्व (किनारे) का क्षरण शुरू होता है, परिवहन, नदी तट, नदी के चट्टानों।

(iii) निचला कोर्स (बहुत कम ढाल): बाढ़ का जमा मैदान, गोखुर झीलें, बाँधों, डेल्टा, मुहाना।

62. (1) फोर्ड एक उथला स्थान है जहाँ एक नदी या उसकी धारा को पैदल या वाहन के अंदर बैठकर पार किया जा सकता है। फोर्ड आमतौर पर एक प्राकृतिक घटना है, कम पानी के चलते यह एक कृत्रिम पुल है जो नदी में पानी कम होने पर नदी पार करने की अनुमति देता है।

63. (3) तामु मैसिफ एक मृत निमग्न ज्वालामुखी है जो उत्तर-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित है। इसे पृथ्वी पर सबसे बड़ा ज्वालामुखी माना जाता है अपनी मात्रा और पदचिह्न की दृष्टि से) यह जापान के 1,600 किमी. पूर्व शातस्काय राइज (Shatsky Rise) में स्थित है।

64. (2) हिमालय: एशिया में एक पर्वत शृंखला है जो तिब्बती पठार से भारतीय उपमहाद्वीप के मैदानों को अलग करती है; एंडीज : दुनिया में सबसे लम्बी महाद्वीपीय पर्वत शृंखला है जो दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी किनारे पर एक निरंतर हाईलैंड बनाती है; रॉकी : पश्चिमी उत्तरी अमेरिका में एक बड़ी पर्वत शृंखला है जो पश्चिमी कनाडा से दक्षिण अमेरिका तक फैली हुई है।

65. (1) हिमोढ़ (Moraine), ग्लेशियर की सतह पर गिरने वाले कीचड़ (मिट्टी) और चट्टानों के ढ़ेर हैं। हिमोढ़ बनाने वाली मिट्टी और चट्टानों का आकार पाउडरी गाद से बड़े चट्टानों और पत्थरों तक हो सकता है। हिमोढ़ केवल उन स्थानों में दिखाई देता हैं जहाँ दर्रा या ग्लेशियर हैं।

66. (4) स्टलैग्माइट, एक विशेष प्रकार का निक्षेप है जो भूमिगत जल के कारण निर्मित स्थलाकृति है। चूना के विलयन क्रिया से कार्स्ट गुफा में विकसित आकाशी स्तम्भ को स्टैलेक्टाइट्स तथा धरातलीय स्तम्भ को स्टलैग्माइट कहा जाता है।

67. (1) पर्वत, स्थलमंडल के कुल क्षेत्रफल का लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र में फैला है। ये दुनिया के 75 प्रतिशत देशों में पाए जाते हैं और इसके अंतर्गत दुनिया की 12 प्रतिशत आबादी का पालन-पोषण होता है। पर्वत दुनिया के लाखों लोगों को पानी और खाद्य आपूर्ति प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

68. (3) फौसा मैग्ना जापान का एक विशाल दरारी (विभ्रंश) निम्न भूमि है जो जापान के होन्शू द्वीप के सबसे चौड़े भाग के जापान सागर से प्रशांत महासागर तक आड़े रूप में स्थित है। यह पूर्वी जापान के ज्वालामुखीय पट्टी के दक्षिणी भाग में आंशिक रूप से पर्वतों और ज्वालामुखियों से भरा हुआ है। यह होन्शू क्षेत्र की सबसे उल्लेखनीय भौगोलिक विशेषता है।

69. (3) कर्स्ट मैदानों में स्थित अवशिष्ट टीले को हम्स के रूप में जाना जाता है। जब चूना पत्थर प्रदेशों में घुलन क्रिया द्वारा अधिकांश चूना-पत्थर चट्टानें घुल जाती हैं तो अंतत: एक ऐसी सतह का विकास होता है, जो अघुलनशील सिलिका प्रधान चट्टानों से निर्मित होता है। इस सतह के मध्य यत्र-तत्र कठोर चट्टानों के अवशिष्ट टीले दिखाई पड़ते हैं, जिन्हें फ्रांस एवं यूगोस्लाविया में हम्स कहा जाता है। इसे प्यूटोरिको एवं मध्य अमेरिकी देशों में हे- स्टेक एवं क्यूबा में मोगोट्स कहा जाता है।

70. (3) पेले के अश्रु ठोसकृत ज्वालामुखीय लावा के छोटे कणों के लिए एक भूगर्भीय शब्द होता है। जब पिघले हुए पदार्थ के कण अश्रु सदृश बूँदों के रूप में फ्यूज हो जाते हैं तब इनका निर्माण होता है। पेले के आँसू जेट ब्लैक रंग के होते है। ये ज्वालामुखीय उद्‌गार के समय पाए जाते हैं और भूवैज्ञानिकों को लावा के इतिहास के बारे में जानकारी देते हैं।

71. (1) नदी की उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी धान (चावल) की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है। ऐसी मिट्टी जो नदी के डेल्टा में पाई जाती है, डेल्टाई जलोढ़ (तटीय जलोढ़) कहलाती है। इनमें गाद, रेत, मिट्टी और बजरी होती है। यह चावल, गेहूँ, गन्ना, तंबाकू, कपास, जूट, मक्का, तिलहन, सब्जियों और फलों के उत्पादन में बढ़ोतरी करते हैं।

72. (4) पेट्रोलॉजी चट्टानों के वैज्ञानिक अध्ययन और उन स्थितियों को संदर्भित करता है जो उनके गठन को प्रभावित करते हैं। पेट्रोलॉजी भूविज्ञान की एक शाखा है जो पेट्रोग्राफी और खनिज विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रासायनिक विश्लेषण पर केंद्रित है। यह सभी तीन प्रमुख प्रकार की चट्टानों से संबंधित है; आग्नेय, कायांतरित और अवसादी।

73. (2) स्ट्रेटीग्राफी शैल विज्ञान या स्तरिक भौमिकी की वह शाखा है जिसके अंतर्गत पृथ्वी के शैल समूहों, खनिजों और पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीव जंतुओं का अध्ययन होता है। यह ऐतिहासिक भूविज्ञान के लिए एक आधार प्रदान करता है, और इसके सिद्धांतों और तरीकों को पेट्रोलियम भूविज्ञान और पुरातत्व के क्षेत्रों में प्रयोग किया जाता है।

74. (1) गैनिस एक आम और व्यापक रूप से वितरित प्रकार की मेटामॉर्फिक चट्टान है। गैनिस उच्च तापमान और उच्च दबाव वाली उन मेटामॉर्फिक प्रक्रियाओं से बनता है जो आग्नेय या अवसादी चट्टानों से बनी संरचनाओं पर काम करता है। ऑर्थोग्निस आग्नेय चट्टान से प्राप्त गनीस है। परगनेइस (Paragneiss) गैनिस तलछटी चट्टान से निकला है।

75. (4) ग्रेनाइट एक हल्के रंग की आग्नेय चट्टान है जो पृथ्वी की सतह के नीचे मैग्मा के धीमे क्रिस्टलीकरण से बनती है। ग्रेनाइट एक आग्नेय चट्टान है जिसमें आयतन के अनुसार 20% और 60% क्वार्ट्ज के बीच होता है, और कुल फेल्डस्पर का कम से कम 35% क्षारीय फेल्डस्पर से मिलकर बनता है।

76. (3) एक नदी डेल्टा तलछट के जमाव द्वारा बनाई गई एक भू-आकृति है जो एक नदी द्वारा प्रवाहित होती है क्योंकि प्रवाह अपना मुंहाना छोड़ देता है और धीमी गति से या स्थिर पानी में प्रवेश करता है।

- यह तब होता है जहाँ एक नदी किसी महासागर, समुद्र, मुहाना, झील, जलाशय, या (शायद ही कभी) किसी दूसरी नदी में प्रवेश करती है जो आपूर्ति की गई तलछट को नहीं ढ़ो सकती है।

77. (2) लैटेराइट मिट्टी लोहे और एल्यूमीनियम में समृद्ध है और आमतौर पर गर्म और आर्द्र उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसका संघटन माना जाता है। उच्च लौह ऑक्साइड सामग्री के कारण लगभग सभी लैटेराइट गेरुआ-लाल रंग के होते हैं। वे अंतर्निहित मूल चट्टान के गहन और लंबे समय तक अपक्षय द्वारा विकसित होते हैं। लैटेरा मिट्टी चाय, कॉफी, रबर, सिनकोना, नारियल, आदि जैसे वृक्षारोपण फसलों के लिए उपयुक्त है।

78. (1) करेवा हिमाच्छादित मिट्टी और अन्य सामग्रियों के मोटे निक्षेप हैं जो हिमोढ़ से संबन्धित हैं।

- जम्मू-कश्मीर राज्य में पीर पंजाल श्रेणियों के पार्श्वों में 1,500 से 1,850 मीटर की ऊंचाई पर मिलने वाली झीलीय निक्षेपों को करेवा के नाम से जाना जाता है।
- करेवा कश्मीर घाटी में पाए जाने वाली झील निक्षेप (मृदा) है।
- कश्मीर के करेवा निक्षेप केसर की एक स्थानीय किस्म जफरान की खेती के लिए उपयोगी हैं।

79. (3) नेपाल के धौलागिरी पर्वत को सफेद पर्वत के नाम से भी जाना जाता है।

- धौलागिरी का नाम संस्कृत से आया है जहाँ धवाला का अर्थ है चमकदार, सफेद, सुंदर और गिरी का अर्थ है पहाड़।
- धौलागिरी 8,167 मीटर की ऊँचाई पर विश्व का सातवाँ सबसे ऊंचा पर्वत है, और किसी एक देश (नेपाल) की सीमाओं के भीतर स्थित सबसे ऊंचा पर्वत है।

TYPE–V

1. (2) किसी पदार्थ में एक भाग से दूसरे भाग की ओर उसके तत्वों के साथ उस के संचार को संवहन कहते हैं। इसी संवहन के कारण स्थल समीर और समुद्र समीर बनते हैं।

2. (1) पश्चिमी घाट भारत में जैव-विविधता के लिए प्रमुख स्थल (हॉट स्पॉट) है। पूर्वी हिमालय, भारत में स्थित दूसरा जैव-विविधता हॉट-स्पॉट है।

3. (1) भूमध्य सागर या रूम सागर के आस-पास विस्तृत होने के कारण इसका नामकरण भूमध्य सागरीय/रूम सागरीय जलवायु किया गया है। इस शीतकाल में वार्षिक वर्षा का अधिकांश भाग प्राप्त होता है, जबकि ग्रीष्म काल शुष्क व्यतीत होता है।

4. (4) सागर तली में स्थित मापक पर 7.0 से अधिक परिमाण वाले भूकम्पों के आने के कारण प्राय: प्रबल लहरों की उत्पत्ति होती है जिसे सूनामी कहते हैं।

5. (4) धूम-कोहरा, धुआँ और कोहरा के संयोजन से बनता है। (Smoke + Fog = Smog)

6. (2) चक्रवाती तूफान उसे कहा जाता है जो तटवर्तीय क्षेत्रों में आता है। इससे अधिक वर्षा होती है फलस्वरूप आकस्मिक बाढ आ जाती है।

7. (3) वर्षा पर निर्भर भूमि को वर्षा सिंचित क्षेत्र कहा जाता है।

8. (3) विश्व के विभिन्न भागों में विभिन्न प्रकार की जलवायु पाई जाती है। ये भिन्नताएँ तापमान, वर्षा तथा जलवायु के अन्य तत्वों में पाई जाती हैं। विश्व जलवायु वर्गीकरण औसत वार्षिक एवं मासिक तापमान तथा वृष्टि पर आधारित है: उदाहरणस्वरूप कोपेन का वर्गीकरण जिसमें वर्षा की प्रभावशीलता पर बल दिया गया है।

9. (1) पौधों का विकास विविध रूप से कई जलवायु-विषयक (Climatic) कारकों जैसे तापमान और अवक्षेपण (precipitation) इत्यादि तथा विविध प्रकार की मृदा पर भी निर्भर करता है। कोप्पन के वर्गीकरण (Koppen's Classification) के अनुसार, हम विभिन्न प्रकार की जलवायु की पहचान वहाँ उगने वाले पौधों के आधार पर कर सकते हैं।

10. (1) आर्कटिक (उत्तरी ध्रुव) और अंटार्कटिक (दक्षिणी ध्रुव) दोनों ठण्डे होते हैं क्योंकि इन ध्रुवों को प्रत्यक्ष रूप से सूर्य का प्रकाश प्राप्त नहीं होता। दक्षिणी ध्रुव उत्तरी ध्रुव की तुलना में अधिक ठण्डा होता है क्योंकि दक्षिणी ध्रुव अत्यधिक घने हिमचादर (आइस शीट) के शीर्ष पर स्थित है, यह हिमचादर (आइस शीट) सम्पूर्ण महाद्वीप को ढ़के रहता है। समुद्र तल से अधिक ऊँचाई पर होने के कारण दक्षिणी ध्रुव उत्तरी ध्रुव की तुलना में अत्यधिक ठण्डा रहता है। यह आर्कटिक महासागर के मध्य में स्थित है। (स्रोत - नेशनल जिऑग्राफिक)।

11. (2) बादल फटने से तात्पर्य अचानक बहुत अधिक वर्षा होने से है। यह एक छोटे भौगोलिक क्षेत्र में बहुत कम समय में अचानक पूर्ण प्रवाहता और प्रचंडता के साथ होने वाला वर्षा का जल है। सामान्यत: बादल फटने की घटना तड़ित-झंझा (गर्जने वाला तूफान) से संबंधित होती है।


12. (4) वर्षा जल संचयन वह तकनीक है जिसका उपयोग वर्षा जल का संग्रहण, भण्डारण, खेतों की सिंचाई तथा अन्य कार्यों में किया जाता है। यह जल अपवाह को कम करता है, जल पैठ को बेहतर करता है और मिट्टी की जल भंडारण क्षमता को बढ़ाता है। यह अपवाह को कम करके जल बहाव को कम करता है, जल के अन्त: स्पंदन (infiltration) को बढ़ाता है और मृदा के जल भंडारण क्षमता को समुन्नत बनाता है। यह जल के बहाव को कम करके, सड़कों पर जलाप्लावन को कम करता है, जल की गुणवत्ता को उन्नत करता है और मृदा अपरदन की संभावना को कम करता है।

13. (3) राष्ट्रीय विमानन और अंतरिक्ष प्रशासन (NASA) ने समय के साथ-साथ वैश्विक जलवायु के बदलते स्वरूप का वर्णन करने के लिए पारस्परिक क्रिया वाले मानचित्रों और आलेखों की एक शृंखला विकसित की है। इसमें 5 प्रमुख जलवायु संकेतकों पर ध्यान केंद्रित किया गया है:

- कार्बन डाइऑक्साइड सान्द्रता
- वैश्विक सतह का तापमान
- आर्कटिक महासागरीय बर्फ
- बर्फीली भूमि
- समुद्र स्तर

14. (3) सहिम वृष्टि या हिमी वर्षा (sleet), वर्षा और आंशिक रूप से पिघली हुई बर्फ से निर्मित अवक्षेपण है। इसका निर्माण तब होता है जब पृथ्वी पर पड़ने वाली वर्षा शीतल वायु और बर्फ की परत से होकर गुजरती है। सहिम वृष्टि तब होती है जब वायुमण्डल के निचले भाग में तापमान जल के हिमांक बिन्दु (0°C) से थोड़ा अधिक होता है।

15. (2) सामान्यतया, वर्षा के बादल जो नियमित रूप से वर्षा करते हैं, उन्हें वर्षा उत्तरी मेघ (निम्बोस्ट्रेटस) के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। ये बादल आसमान में कम ऊँचाई पर दिखाई देते हैं और मध्यम से गहरे धुँधले रंग के होते हैं। इसके अतिरिक्त, कपासी वर्षी मेघ ऐसे बादल हैं जो वर्षा, ओलावृष्टि और तड़ित् झंझा की विशेषताओं से युक्त होते हैं। ये बादल कपासी मेघ के रूप में वर्षा करते हैं और लंबवत वृद्धि करते हैं।



16. (1) अल निनो उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर के अतिरिक्त अनियमित रूप से वायु की गति और समुद्री सतह के तापमान में पाई जाने वाली भिन्नता है। वैज्ञानिकों ने एल निनो और ग्लोबल वार्मिंग के मध्य संबंधों का पता लगाया है क्योंकि अल निनो घटना के कारण वैश्विक औसत सतह तापमान में अल्पकालिक स्पाइक उत्पन्न होता है। उदाहरण के लिए, अल निनो की आवृत्ति और परिमाण में वृद्धि के कारण हिन्द महासागर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है।

17. (2) आईटीसीजेड से अभिप्राय अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (इंटर ट्रॉपिकल कन्वरजेन्स जोन) से है। यह कम दबाव का क्षेत्र है जो सामान्यत: भूमध्यरेखा के निकट पृथ्वी को घेरता है जहाँ उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध की व्यापारिक पवनें एक साथ आती हैं। इसकी पहचान संवहनी गतिविधि द्वारा की जाती है जो प्राय: बड़े क्षेत्रों के ऊपर भारी तूफान का कारण बनती है।

18. (2) भूमध्य रेखा के उत्तर पश्चिम में उत्तर-पूर्वी या पूर्व की ओर बहने वाली हवा हरमट्टन को डॉक्टर के रूप में जाना जाता है। हरमट्टन के आगमन पर, अफ्रीका के पश्चिमी तट में मौसम अचानक सूखा और सूखद हो जाता है। हमरट्टन सीजन नवम्बर के अंत से मार्च के मध्य तक होता है।

19. (1) स्थल समीर एक तटीय समीर है जो रात्रि में भूमि (स्थल) से महासागर की ओर बहती है। स्थल और महासागर की शीतलन दरों में अन्तर के कारण ऐसा होता है। यह रात्रि में भूमि का तापमान कम कर देती है। दिन के दौरान समुद्री समीर का प्रभाव समान रूप से संतुलित रहता है, इस प्रकार, दिन के दौरान स्थल समीर और समुद्री समीर दोनों होते हैं।

20. (2) चिनूक हवाओं को बर्फ भक्षी हवा के रूप में जाना जाता है। रॉकी पर्वत श्रेणी के पूर्वी ढालों के साथ बहने वाली ये गर्म एवं शुष्क हवाएँ हैं जो लंबी शीत ऋतु के बाद राहत प्रदान करती हैं। गर्म हवाएँ शीत ऋतु की बर्फ को पिघलाती और सूखाती हैं जिससे सर्दी के दौरान पशुओं को चराना संभव हो पाता है। चिनूक गर्म मौसम के साथ संबंधित है, यह प्रेयरीज क्षेत्र में वर्षा नहीं करता।

21. (4) शीतकालीन अयनांत एक खगोलीय घटना है जो कि वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात को दर्शाती है। उत्तरी गोलार्ध में यह 21 दिसम्बर अयनांत है और दक्षिणी गोलार्ध में यह 21 जून अयनांत है। अयनकाल भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विपरीत है, इसलिए उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों का अयनकाल दक्षिणी गोलार्ध में गर्मियों का अयनकाल होता है और इसी तरह इसके विपरीत भी।

22. (1) क्यूम्युलोनिंबस बादल बादलों का एक प्रकार है जो मेघगर्जित तूफान और भारी वर्षा से जुड़ा हुआ है। ये निम्बुस या वर्षा के बादल होने के कारण भिन्न है। ये 20,000 फुट के नीचे तथा जमीन के अपेक्षाकृत निकट बनते हैं।

23. (2) वायुदाब में भिन्नता के कारण हवाएँ उत्पन्न होती हैं। सभी दिशाओं में वस्तु पर हवा द्वारा लगाये गये दबाव को वायुदाव के रूप में जाना जाता है।

हवा की गति में वृद्धि के साथ हवा का दबाव कम होता है। वायु उच्च दबाब से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की ओर चलती है।

24. (2) गतिशील आण्विक सिद्धांत के अनुसार, किसी भी पदार्थ में अणुओं की औसत गतिशील ऊर्जा पदार्थ के तापमान के लिए सीधे आनुपातिक है। इसका अर्थ है कि जब किसी वस्तु को ऊष्मा की आपूर्ति की जाती है, तो तापमान बढ़ता है, और अणुओं की गतिशील ऊर्जा भी बढ़ जाती है। वे एक दूसरे के साथ सभी दिशाओं में टकराने लगते हैं, जिससे दबाव में वृद्धि होती है। टकराव की बढ़ी हुई ऊर्जा विस्तार का कारण बनती है।

25. (3) चक्रवात की आँख अर्थात् केन्द्र में अत्यधिक निम्न दबाव का क्षेत्र होता है जिसके कारण बाहर की हवाएँ निम्न दाब क्षेत्र की ओर बहुत तेजी से अग्रसर होती हैं तथा सीधे केन्द्र में प्रवेश ना कर यह चक्रधार रूप में प्रवेश करती हैं। आमतौर पर इसका व्यास 30-65 किमी. तक होता है। चक्रवात के पृष्ठ भाग में प्रचण्ड तूफान तथा अत्यधिक गंभीर मौसम और उच्चतम वायुदाब पाया जाता है।

26. (4) तापमान, आर्द्रता, वर्षा, हवा की गति इत्यादि के संबंध में वायुमंडल की प्रतिदिन की स्थिति को उस स्थान का मौसम कहा जाता है। मौसम थोड़े समय के दौरान वातावरण की स्थिति का वर्णन करता है। उदाहरण : प्रतिदिन या सप्ताह तक का, जबकि जलवायु लंबे समय तक औसत स्थितियों का वर्णन करता है।

27. (4) उष्णकटिबंधीय चक्रवात को विश्व के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। उत्तरी अटलांटिक महासागर और पूर्वी उत्तरी प्रशांत में, उन्हें हरिकेन कहा जाता है और फिलीपींस, जापान और चीन के आस पास पश्चिमी उत्तरी प्रशांत में उनहें टाइफून कहा जाता है।

28. (1) आयतन के अनुसार शुष्क वायु में 78.09 प्रतिशत नाइट्रोजन, 20.95 प्रतिशत ऑक्सीजन, 0.93 प्रतिशत ऑर्गन, 0.04 प्रतिशत कार्बन डाई ऑक्साइड और अल्प मात्रा में अन्य गैसें पाई जाती हैं। वायु में परिवर्तनशील मात्रा में जलवाष्प भी पाया जाता है समुद्र सतह पर औसतन लगभग एक प्रतिशत और सम्पूर्ण वायुमण्डल में 0.4 प्रतिशत के लगभग पाया जाता है। नाइट्रोजन (Nitrogen), भूयाति या नत्रजन एक रासायनिक तत्त्व है जिसका प्रतीक N है। इसका परमाणु क्रमांक 7 है। सामान्य ताप और दाब पर यह गैस है। यह सर्वाधिक मात्रा में तत्त्व के रूप में उपलब्ध पदार्थ भी है। यह एक रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन और प्राय: अक्रिय गैस है। इसकी खोज 1772 में स्कॉटलैण्ड के वैज्ञानिक डेनियल रदरफोर्ड ने की थी।

29. (4) भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में वर्ष भर वर्षा होती है और इस प्रकार यहाँ कोई शुष्क मौसम नहीं होता है। औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से 250 सेमी. तक होती है। यहाँ तक कि साल के सबसे शुष्क महीने में 6 सेमी. से अधिक वर्षा होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दो दिशाओं से हवाएँ - उत्तर-पूर्व वाणिज्यिक पवन और दक्षिण- पूर्व वाणिज्यिक पवन - कम उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (आईटीसीजेड) में भूमध्य रेखा के पास मिलती है, जो कम वायुमंडलीय दबाव का क्षेत्र है।

30. (3) ज्वालामुखी ''भूपटल पर वह प्राकृतिक छिद्र अथवा दरार है, जिससे होकर पृथ्वी का पिघला पदार्थ लावा, राख, जलवाष्प, ठोस पदार्थ तथा अन्य गैसें बाहर निकलती हैं। इसे प्रकृति का सुरक्षा वाल्व भी कहा जाता है।''

31. (3) स्थल समीर एक स्थानीय पवन तंत्र है। स्थल से समुद्र की ओर देर रात तक बहना इस पवन की विशेषता है। रात में सूर्य की अनुपस्थिति में धरातल का तापमान विकिरण के कारण जल्दी घटने लगता है, जबकि समुद्र धरातल की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक गर्म रहता है, अत: समुद्र पर निम्न दाब तथा धरातल पर उच्च दाब बन जाता है और रात में स्थलीय उच्च दाब से समुद्री निम्न दाब की ओर वायु प्रवाहित होने लगती है।

32. (3) एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में वायु की गति पवन का निर्माण करती है। वायु की गति तापमान या दाब अंतर के कारण होता है और इसे पवन के रूप में अनुभव किया जाता है। दो स्थानों के बीच जहाँ दाब का अंतर होता है वहाँ दाब प्रवणता विद्यमान होती है जिसके पार उच्च दाब वाले क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर पवन चलता है।

33. (2) एक ग्रीनहाउस गैस को किसी भी गैसीय यौगिक के रूप में परिभाषित किया गया है जो अवरक्त विकिरण को अवशोषित करने में सक्षम है जिससे वातावरण में गर्मी रहती है। कई ग्रीनहाउस गैसें वातावरण में स्वाभाविक रूप से होती हैं, जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, जल वाष्प और नाइट्रस ऑक्साइड, जबकि अन्य सिंथेटिक हैं। जो मानव निर्मित हैं उनमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) और पेरफ्लूरोकार्बन (पीएफसी), साथ ही सल्फर हेक्साक्लोराइड (एसएफ 6) शामिल हैं।

34. (4) संघनन गैस अवस्था से द्रव अवस्था में पदार्थ की भौतिक स्थिति का परिवर्तन है। यह वाष्पीकरण का उल्टा है। संघनन की शुरुआत गैसीय अवस्था के परमाणु / आणविक समूहों के द्रव में बदलने से होती है, जैसे बादलों के भीतर बारिश की बूंदों का निर्माण या ऐसे गैसीय चरण और एक तरल या ठोस सतह के बीच संपर्क।

35. (3) हिमस्खलन (Avalanche) एक बड़े द्रव्यमान के गिरने, या फिसलने का संकेत देता है, विशेष रूप से बर्फ के नीचे, एक पहाड़ी के नीचे। यह तब होता है जब बर्फ की एक कमजोर परत टूट जाती है और नीचे एक ढलान पर फिसलती है। मुख्य रूप से यह बहने वाली बर्फ और हवा से बना होता है किंतु बड़े हिमस्खलन में बर्फ, चट्टानों, पेड़ों और अन्य सर्फियल सामग्री को साथ ले जाने की क्षमता है।

36. (1) तरल अवक्षेपण को वर्षा कहते है; इसका तात्पर्य आसमान से गिर रहे पानी से होता है।

- जब बादल संतृप्त हो जाते हैं, या पानी की बूंदों से भर जाते हैं, तो वर्षा की बूंदें पृथ्वी पर गिरती हैं।
- वर्षण कोई भी तरल या जमा हुआ पानी है जो वायुमंडल में बनता है और फिर पृथ्वी पर गिरता है।

TYPE–VI

1. (1) एल नीनो उष्ण समुद्री धारा है। एल नीनो धारा को विपरीत धारा के नाम से भी जाना जाता है, जो दक्षिणी अमेरिका के पेरू तट के पश्चिम तट से 180 किमी॰ की दूरी पर उत्तर से दक्षिण दिशा में प्रवाहित होती है। एल नीनो गर्म जल धारा है जिसके आगमन पर सागरीय जल का तापमान सामान्य से 3°-4°C बढ़ जाता है।

2. (1) ऑस्ट्रेलिया के उत्तर पूर्वी तट के साथ-साथ समुद्र में एक प्रवाल भित्ति है जिसे ग्रेट बैरियर रीफ कहते हैं।

3. (4) कनारी धारा एक ठंडी धारा है, जो उत्तरी अफ्रीका के पश्चिम तट के सहारे मडेरिया तथा केपवर्ड के बीच में प्रवाहित होती है। यह धारा विषुवत रेखीय धारा से मिल जाती है।

प्रशान्त महासागर : गर्म जलधाराएँ–उत्तरी विषुवत रेखीय धारा, क्यूरोसियो की धारा, उत्तरी प्रशान्त जलधारा, अलास्का की धारा, सुशीमा की धारा, दक्षिणी विषुवत रेखीय धारा, पूर्वी ऑस्ट्रेलिया की धारा, विपरीत विषुवतरेखीय धारा।

ठण्ढी जलधाराएँ–क्यूराइल विषुवत रेखीय धारा, कैलीफोर्निया की धारा, हम्बोल्ट या पेरू की धारा, अंटार्कटिका की धारा।

अटलांटिक महासागर : गर्म जलधाराएँ–उत्तरी विषुवत रेखीय धारा, गल्फस्ट्रीम धारा, फ्लोरिडा धारा, दक्षिणी विषुवत रेखीय धारा, ब्राजील धारा, विपरीत विषुवत रेखीय गिनी धारा, इरमिंजर की धारा।

ठण्ढी जलधाराएँ–लेब्राडोर की धारा, पूर्वी ग्रीनलैंड की धारा, वेंगुएला की धारा, अंटार्कटिका की धारा, कनारी धारा, नॉर्वे की धारा, फॉकलैंड की धारा।

हिन्द महासागर : गर्म जलधाराएँ–दक्षिणी विषुवत रेखीय धारा, अगुलहास की धारा, मोजाम्बिक की धारा।

ठण्ढी जलधाराएँ–पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की धारा, शीतकालीन मॉनसून प्रवाह एवं परिवर्तनशील धारा।

4. (3) जल की कुलमात्रा का 97% भाग महासागरों में है शेष 3 प्रतिशत अलवण या ताजे जल के रूप में उपलब्ध है। इस 3 प्रतिशत का तीन चौथाई 75% ताजा बर्फ की चादरों तथा हिमानियों में संचित है।

5. (2) प्रवाल मुख्य रूप से ऊष्ण कटिबंधीय महासागरों में पाये जाते हैं। क्योंकि इनको जीवित करने के लिए उच्च तापक्रम (20°-20°C) आवश्यक होता है। प्रवाल के विकास के लिए स्वच्छ जल होना चाहिए।

6. (1) सूनामी सागरीय परिघटना (तरंग) है तथा अत: सागरीय भूकम्पों, अन्त: सागरीय भूमिस्खलन एवं ज्वालामुखी उद्‌भेदन के कारण सूनामी लहरों का आविर्भाव होता है, निचले सागर तटीय भाग सूनामी के लिए सर्वाधिक सुभेद होते हैं।

7. (2) समुद्र में बहिर्विष्ट भूमि प्रायद्वीप कहलाती है जो तीन तरफ से जल से घिरा होता है।

8. (2) जल का महासागर से पृथ्वी की ओर और पुन: महासागर की ओर निरंतर संचलन क्रिया को जल चक्र कहते हैं।

9. (3) पनामा नहर का निर्माण 1914 ई. में हुआ था। प्रारंभ में इस पर अमेरिका का अधिकार था, परंतु वर्ष 2000 ई. से इस पर पनामा का अधिकार हो गया। यह नहर कैरीबियन सागर और प्रशांत महा सागर के मध्य स्थित है।

10. (1) तीव्रगामी पछुवा पवनों कें प्रभाव से ब्राज़ील धारा तथा फॉकलैंड धारा का संयुक्त बल पश्चिम से पूर्व की ओर ड्रिफ्ट के रूप में बहने लगता है। इसे दक्षिणी अटलांटिक महासागरीय ड्रिफ्ट कहते हैं।

11. (4) लिमिनिक ईरप्शन (limnic eruption) तब होते हैं जब अचानक ही एक गहरे पानी की झील से CO_2 गैस निकलने लगती है। इससे वन्य जीवन, पशुओं और मनुष्यों के दम घुटने का खतरा बढ़ जाता है। इस प्रकार के रिसाव से झील में सूनामी भी आ सकती है क्योंकि उठती हुई CO_2 गैस जल को विस्थापित करती है।

12. (2) हालांकि हिनमद हिमालय और आर्कटिक क्षेत्र में भी पाए जाते हैं लेकिन सागर के जल स्तर में बदलाव मुख्यत: अंटार्टिका के हिमनदों के पिघलने से संबंधित है। उत्तरी ध्रुव (आर्कटिक) में पानी पर बर्फ तैरती है इसलिए जब यह बर्फ पिघलती है तब वह समुद्र स्तर में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं करती है। लेकिन दक्षिणी ध्रुव अंटार्कटिक महाद्वीप पर स्थित है जहाँ केवल बर्फ है। यदि यहाँ बर्फ पिघलती है तो इससे समुद्री जलस्तर में वृद्धि होगी।

13. (1) उत्तरी पश्चिमी अंध महासागर (अटलांटिक महासागर) के 35° उत्तर के आस-पास सरगासो घास तैरती रहती है जिससे जहाजरानी में बाधा पड़ती है। सरगासो घास के नाम पर अंध-महासागर के इस भाग को सरगासो सागर कहते हैं।

14. (1) बास स्ट्रेट ऑस्ट्रेलियाई महाद्वीप के दक्षिण, विक्टोरिया राज्य को विशेष तौर से तस्मानिया से अलग करने वाला एक समुद्री स्ट्रेट है।

15. (2) ग्रेट बैरियर रीफ, क्वींसलैंड (ऑस्ट्रेलिया) के उत्तरी-पूर्वी तट के समांतर बनी हुई, विश्व की सबसे बड़ी मूँगे की दीवार यहीं है। इस दीवार की लंबाई लगभग 1200 मील तथा चौड़ाई 10 मील से 90 मील तक है। यह कई स्थानों पर खंडित है। इसका अधिकांश भाग जलमग्न है।

16. (3) वलयाकार प्रतिरूप एक प्रमुख अपवाह तन्त्र है जो नदी तथा उसकी सहायक धाराओं द्वारा निर्मित जल प्रवाह की विशेष व्यवस्था है। इस प्रकार के अपवाह प्रतिरूप में, परवर्ती नदियाँ अनुवर्ती नदी से जुड़ने से पहले वक्र अथवा चापाकार मार्ग से होकर गुजरती है। यह आंशिक रूप से भूमिगत वृत्ताकार संरचना के अनुकूलन का परिणाम होता है।


17. (4) एक स्थलडमरुमध्य दोनों तरफ आम तौर पर पानी के साथ दो बड़े भूमि क्षेत्रों को जोड़ने के लिए भूमि की एक संकरी पट्टी होती है। एक जलसन्धि स्थलडमरुमध्य का समुद्री समकक्ष होता है।

18. (3) ऑक्स बो झील एक यू आकार की झील होती है जिसका निर्माण विच्छेदक नदी के घुमाव से होता है। इस प्रकार की झील के विशिष्ट घुमावदार आकृति (जो बैलों के जुए की तरह होती है) के कारण इसे ऑक्स बो झील कहा जाता है।

19. (3) ग्लेशियर द्वारा बहाकर लाए गए मलबे को मोरेन कहते हैं। इस सामग्री में आमतौर पर मिट्टी और चट्टान पाए जाते हैं। ग्लेशियर के द्वारा इस प्रकार मिट्टी और पत्थर का परिवहन किया जाता है जो मिल कर मोरेन बनाते हैं।

20. (2) नॉर्वे अपने फिओर्ड तटों के लिए जाना जाता है। उत्तर अटलांटिक महासागर और बेरिंग सागर के समक्ष नॉर्वे का समुद्र तट व्यापक है। कुछ लोग फिओर्ड तटों को नॉर्वे का प्रतीक चिन्ह मानते हैं।

21. (4) किसी झील की तली में अवरुद्ध जल को अध: सर (hypolimnion) कहते हैं। यहाँ स्थिर और ठंडा पानी पाया जाता है।



22. (3) विश्व का सबसे बड़ा द्वीप ग्रीनलैंड (उत्तरी अटलांटिक), डेनमार्क है। इसका क्षेत्रफल 2,175,597 वर्ग किलोमीटर है।

23. (4) पेशावर खैबर दर्रा के निकट है।

24. (3) योसेमाइट कैलीफोर्निया की सिएरा नेवादा में योसेमाइट राष्ट्रीय उद्यान में स्थित एक झरना है। यह उत्तरी अमेरिका में सर्वाधिक मापित झरना है।

25. (2) यह उत्तरी अटलांटिक प्रवाह, जो एक गरम सागर धारा है, के कारण होता है। यह ब्रिटिश उपमहाद्वीप और उत्तरी यूरोप के किनारों को गरम करता है। मेक्सिको की खाड़ी के बाद उत्तर पूर्व की ओर 'गरम खाड़ी प्रवाह' के रूप में आगे बढ़ता है।

26. (4) सही सुमेल इस प्रकार है-

कालाहारी	– अफ्रीका
अटाकामा	– दक्षिणी अमेरिका
थार	– एशिया
ग्रेट विक्टोरिया	– ऑस्ट्रेलिया

27. (4) भूटान की मुद्रा न्गुलट्रम है, जिसका भारतीय रुपया में आसानी से विनिमय किया जा सकता है। यह वर्ष 1974 से भूटान की मुद्रा है। यह 100 छेरटुम में विभाजित है।

28. (2) सेंट पीटर स्क्वायर : वेटिकन सिटी, टाइम्स स्क्वायर : मैनहट्टन, न्यूयॉर्क सिटी, ट्राफलगर स्क्वयेर: लंदन और लाल चौक : मास्को।

29. (4) लंबाई, निर्वहन, और जल के मामले में वोल्गा यूरोप की सबसे बड़ी नदी है। यह रूस के पश्चिमी भाग से बहती है और इसे व्यापक रूप से रूस की राष्ट्रीय नदी के रूप में माना जाता है।

30. (1) बर्न स्विट्जरलैंड की राजधानी और पांचवां सबसे आबादी वाला शहर है।

31. (3) बेरिंग जलडमरुमध्य के द्वारा उत्तरी अमेरिका और एशिया (रूस) को पृथक् किया जाता है। यह जलडमरुमध्य आर्कटिक सर्कल के दक्षिण में स्थित है।

32. (1) ग्रांड कैनियन संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना राज्य में कोलोरेडो नदी द्वारा निर्मित एक घाटी है। इस घाटी में हजारों वर्षों से अमेरिका के मूल निवासी रहते रहे हैं।

33. (1) महासागरीय जल के लयबद्ध तरीके से दिन में दो बार उठकर तट की ओर बढ़ना और घटकर तट से दूर जाना, ज्वार-भाटा कहलाता है। पृथ्वी की सतह पर सूर्य और चन्द्रमा द्वारा अधिक गुरूत्वाकर्षण बल लगाए जाने के कारण ज्वार-भाटा उत्पन्न होता है।

34. (2) लघु ज्वार-भाटा (Neap tides) विशेषत: कमजोर ज्वार-भाटा होते हैं। जब सूर्य और चन्द्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल एक दूसरे के लंबवत् होता है तभी लघु ज्वार-भाटा उत्पन्न होता है। लघु ज्वार भाटा एक चौथाई चन्द्रमा के दौरान उत्पन्न होता है।

35. (1) रिंग ऑफ फायर (अग्नि वलय/ आग का गोला) प्रशांत महासागर द्रोणी में स्थित वह क्षेत्र है जहाँ बड़ी संख्या में भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते हैं। विश्व के 75% से अधिक सक्रिय और प्रसुप्त ज्वालामुखी इसी क्षेत्र में पाए जाते हैं। इस क्षेत्र को परि-प्रशांत महासागरीय पेटी (सर्कम पैसिफिक बेल्ट) भी कहते हैं।

36. (2) जापानी भाषा में **'कुरोशिओ'** का अभिप्राय **'काली धारा'** से है। इसे जापानी धारा के नाम से भी जाना जाता है। यह एक गर्म समुद्री धारा है जो एशिया के पूर्वी तट से प्रवाहित होती है तथा पश्चिमी हवाओं से प्रभावित होकर उत्तरी अमेरिका की ओर प्रवाहित होती है। यह गल्फ धारा के समकक्ष या समान है। हालांकि अंटार्कटिक परिध्रुवी धारा पृथ्वी की सबसे बड़ी सागरीय धारा है।

37. (2) जब पूर्णिमा तथा अमावस्या के दिन वृहत् या दीर्घ ज्वार (spring tide) की उत्पत्ति होती है। इस दिन सूर्य, पृथ्वी एवं चंद्रमा तीनों एक सीध में होते हैं, इस स्थिति को यूति-वियुति या सिजिगी (Syzygy भी कहते हैं। जब सूर्य एवं चन्द्रमा दोनों पृथ्वी के एक ओर होते हैं, तो युति होती है, जबकि पृथ्वी के एक ओर सूर्य दूसरे ओर चन्द्रमा होता है तो वियुति की स्थिति होती है। युति अमावस्या तथा वियुति पूर्णिमा को होती है। इन स्थितियों में सूर्य तथा चंद्रमा के सम्मिलित आकर्षण बल से पृथ्वी पर असाधारण ऊँचे ज्वार की उत्पत्ति होती है।


38. (4) आर्कटिक सागर द्रोणी विश्व के पाँच सागर द्रोणियों में सबसे छोटी द्रोणी है। यह ग्रीनलैंड, कनाडा, नॉर्वे, अलास्का और रूस की सीमाओं से घिरा हुआ है। यह पूरे वर्ष के दौरान पूर्णत: बर्फ से ढका रहता है।

39. (1) ज्वारनदमुख एक (नदी मुख) अर्थ-संलग्न तटवर्ती जल क्षेत्र है जो मुक्त संयोजन के साथ खुले सागर से संबंधित है। इसके अंतर्गत भूमिगत अपवहन-तंत्र से व्युत्पन्न ताजा जल समुद्री जल, में मिला दिया जाता है। ज्वारनदमुख नदी और समुद्रीय क्षेत्रों के मध्य संक्रमण क्षेत्र का निर्माण करता है। ये समुद्रीय और नदीय दोनों प्रभावों से संबंधित है।

40. (4) समुद्रविज्ञान में, स्थलजात अवसाद की व्युत्पत्ति भूमि पर चट्टानों के अपरदन से हुई है, अर्थात् इसकी व्युत्पत्ति स्थलीय (समुद्र के विरुद्ध) पर्यावरण से हुई है। इसका निर्माण नदियों द्वारा समुद्र में बहाकर लाई गई रेत, कीचड़ और गाद से हुआ है, यह मुख्यत: महाद्वीपीय शेल्फ और ढालों पर निक्षिप्त है। स्थलजात अवसाद, जो महाद्वीपीय शेल्फ तक पहुँच जाता है, को प्राय: महाद्वीपीय ढाल पर अंत:समुद्री दर्रों में एकत्रित कर लिया जाता है।


41. (3) खाड़ी समुद्र या जल के अन्य स्रोत की उपखाड़ी (प्रवेश मार्ग) है जो प्राय: खाड़ी (गल्फ) से छोटी होती है। यह तट-रेखा की अवतलता या समुद्र की अन्त:प्रविष्टता से संबंधित है, जिसका निर्माण झील या समुद्र की गतिविधियों द्वारा होता है। खाड़ी सामान्यत: वहाँ स्थित होती है जहाँ आसानी से अपरदित होने वाले चट्टान, आग्नेय चट्टानों से निर्मित कठोर और अधिक प्रतिरोधी शैल-समूहों द्वारा घिरे होते हैं।

42. (1) महाद्वीपीय कगार (continental shelf) समुद्र तट से खुले महासागर की ओर फैली एक मन्द समुद्रा- भिमुख ढालू सतह (ढलान) है। कुल मिलाकर, महासागरों के कुल क्षेत्र का लगभग 7.5% भाग महाद्वीपीय कगार द्वारा आच्छादित है। महाद्वीपीय कगार का निर्माण जल के नीचे समुद्रीय विस्थापन या समुद्र तल में सापेक्षिक उत्थान के साथ महाद्वीप के एक भाग के डूबने से हुआ है।



43. (1) सुंडा ट्रेन्च को पूर्व में जावा ट्रेन्च के रूप में जाना जाता था। यह हिन्द महासागर का सबसे गहरा प्वॉइंट है। 3,200 किमी. लंबा, यह प्वॉइंट हिन्द महासागर के उत्तर-पूर्व में स्थित है। ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उत्तरी किनारे के चारों ओर फैली इस खाई को प्रशांत अग्नि वलय के साथ-साथ महासागरीय वलय का एक भाग माना जाता है।

44. (3)



1982 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में समुद्र के नियम के आधार पर सीमांतर्गत जल क्षेत्र या सीमांतर्गत समुद्री क्षेत्र को तटवर्ती देश की आधार रेखा (सामान्यत: औसतन न्यूनतम जलांक) से अधिकतम 12 समुद्री मील (22.2 किमी, 13.8 मील) तक फैले तटवर्ती जल क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है। यह विशेष रूप से उस जल क्षेत्र से संबंधित है जिस पर किसी देश का अधिकार है, इसमें आन्तरिक जल क्षेत्र, संलग्न क्षेत्र, अपवर्जित आर्थिक क्षेत्र और संभवत: (potentially) महाद्वीपीय शेल्फ शामिल है।

45. (4) नीदरलैंड में, समुद्र तल से 22 फुट (6.7 मीटर) नीचे के न्यूनतम बिन्दु के साथ देश का 50 प्रतिशत भाग समुद्र तल से नीचे है। तट के पास बाँधों, पम्पों और बालू के टिब्बों की एक जटिल प्रणाली द्वारा नीदरलैण्ड जल के ऊपर है। वास्तव में, यह विश्व के किसी भी स्थान में सर्वाधिक कृत्रिम बाढ़-रोधी प्रणालियों वाले देशों में से एक है।

46. (4) ज्वार-भाटा पृथ्वी पर विद्यमान महासागर की लहरों के समय-समय पर उठकर तट की ओर बढ़ने तथा घटकर तट से दूर जाने की प्रक्रिया है जो मुख्यत: महासागरों पर चन्द्रमा के क्रियाशील गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण होता है। ज्वार-भाटा की ऊँचाई चन्द्रमा की अवस्था के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। नव चन्द्रमा या पूर्ण चन्द्रमा में, सूर्य और चन्द्रमा के ज्वारीय बल के मिल जाने पर ज्वार भाटा अधिक ऊँचा उठता है। इसे **"बृहत् ज्वार"** कहते हैं।

47. (3) लैगून जल की उथली सीमा है जिसे भूमि की संकीर्ण पट्टी द्वारा आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से समुद्र से पृथक् किया जाता है। प्रवाल-भित्ति के संदर्भ में, यह मुख्य भूमि और शैल भित्ति के मध्य समुद्री जल मार्ग है। विश्व के अधिकांश भागों में लैगून सामान्यत: तट पर विद्यमान होते हैं।

48. (1) महाद्वीपीय बहाव एक दूसरे के सापेक्ष पृथ्वी के महाद्वीपों की आवाजाही है, जो समुद्री तट पर 'बहाव' की ओर बढ़ रहे हैं। इस अवधारणा को 1912 में अल्फ्रेड वेगेनर द्वारा विकसित किया गया था। महाद्वीपीय बहाव की धारणा प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत से संबंधित है, जो व्याख्या करता है कि महाद्वीप किस प्रकार गति करते हैं।

49. (3) 342 ग्रा./किग्रा. या 34.2% खारेपन के साथ मृत सागर, महासागर की तुलना में 9.6 गुना अधिक खारा है और विश्व में जल के सर्वाधिक खारे जलाशयों में से एक है। अपने नाम के अनुरूप सागर का खारा जल रूक्ष (harsh) वातावरण का निर्माण करता है जिसमें पौधे और जंतु विकास नहीं कर सकते। वास्तव में मृत सागर एक लवणीय झील है जो पूर्व में जोर्डन और पश्चिम में इजरायल और फिलीस्तीन से घिरी हुई है।

50. (1) भूमि का एक संकीर्ण टुकड़ा जो दो भू-स्थलों को जोड़ता है, स्थल संयोजक कहलाता है। जलडमरूमध्य स्थल संयोजक के विपरीत होते हैं। जलडमरूमध्य दो भू- स्थलों के मध्य विद्यमान होते हैं और जल के दो बड़े जलाशयों को जोड़ते हैं, जबकि स्थल संयोजक जल के दो जलाशयों के मध्य विद्यमान होते हैं और दो बड़े भू-स्थलों को जोड़ते हैं। उदाहरण के लिए, पाक जलडमरूमध्य भारत और श्रीलंका को पृथक् करता है।

51. (2) ला नीना एक जलवायु प्रतिमान है जो दक्षिण अमेरिका के उष्णकटिबन्धी पश्चिमी तट के साथ प्रशांत महासागर के सतही जल के शीतल होने का वर्णन करता है। ला नीना को एल-नीनो के समान माना जाता है, जिसे असामान्य रूप से प्रशांत महासागर के विषुवतीय क्षेत्र में महासागर के गर्म तापमान द्वारा चिह्नित किया जाता है।

52. (1) खारापन जल में घुलनशील सभी लवणों का मापक है। प्राय: खारापन को भाग प्रति हजार (ppt या %) में मापा जाता है। औसतन महासागरीय खारापन 35ppt और औसतन नदी जल खारापन 0.5ppt या उससे कम होता है।

53. (3) महाद्वीप मग्नतट (Continental shelf) महाद्वीप के किनारे वाला भाग है, जो महासागरीय जल में डूबा रहता है। इसकी औसत चौड़ाई 80 किलोमीटर गहराई 150-200 मीटर तथा ढ़ाल 1 डिग्री या उससे कम होता है। इन मग्नतटों पर प्रमुख मत्स्य क्षेत्र पाए जाते हैं।

96. (4) बेतवा नदी यमुना नदी की एक दक्षिणी सहायक नदी है जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों के बीच दक्षिण से उत्तर में बहती है। यह मध्य प्रदेश के राइसेन जिले के बरखेरा गाँव पास निकलती है और फिर उत्तर प्रदेश में बहती है। यह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर शहर में यमुना से मिलती है।

97. (3) अमरकंटक से नर्मदा और सोन नदी की उत्पत्ति होती है। नर्मदा नदी यहाँ से पश्चिम की तरफ और सोन नदी पूर्व दिशा में बहती है। अमरकंटक पठार नर्मदा नदी, सोन नदी और जोहिला नदी का उद्गम स्थान है। यह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित है। यह हिंदुओं का पवित्र स्थल है। मैकाल की पहाड़ियों में स्थित अमरकंटक मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले का लोकप्रिय हिन्दू तीर्थस्थल है।

98. (3) गंगा नदी फरक्का से लगभग 50 किमी. दूर अपनी सहायक नदियों - महानंदा, पुनर्भबा, अत्रेयी (बोरल) और करातोया के साथ बांग्लादेश में प्रवेश करती हैं। ये सहायक नदियाँ भारत से निकलती हैं और गंगा में बायीं तरफ से मिलती हैं। गंगा नदी आगे चलकर बांग्लादेश के गोलंदा घाट में ब्रह्मपुत्र नदी के साथ पद्मा के नाम से मिलती है। आगे जाकर दोनों नदियाँ चाँदपुर में मिलती हैं और गंगा तथा ब्रह्मपुत्र की संयुक्त जलधारा को मेघना के नाम से जाना जाता है।

99. (2) भारत में सबसे बड़े ताजे पानी के झीलों में से एक कोलेरू झील आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित है। कोलेरू दो जिलों में विस्तृत है - कृष्णा और पश्चिम गोदावरी। यह झील प्रत्यक्ष रूप से मौसमी झरने बुदामेरु और तम्मिलेरु से जल प्राप्त करता है। यह एशिया में सबसे बड़ा उथला ताजा पानी का झील है।

100. (1) अधिकांश प्रायद्वीप नदियों (कृष्णा, कावेरी, गोदावरी और अन्य) पूर्व की तरफ बहती हैं क्योंकि उनका मुख्य जल विभाजन पश्चिमी घाट है। केवल नर्मदा और तापी अपवाद हैं जो पूर्व से पश्चिम विभ्रंश-घाटी से होकर बहती हैं। नर्मदा नदी कठोर चट्टानों से होकर गुजरती है और इसलिए यह अधिक मात्रा में गाद (सिल्ट) आदि का परिवहन नहीं करती।

101. (3) कपिलधारा झरना मध्यप्रदेश के अमरकंटक जिले में स्थित है। नर्मदा नदी से उत्पन्न होने वाला यह पहला झरना है। इसका नाम प्रसिद्ध ऋषि कपिल के नाम पर रखा गया है, जो इस जगह पर रहते थे और घोर तपस्या करते थे।

102. (2) हिमालय पार की नदियाँ महान या वृहत् हिमालय के बाहर से निकलती हैं। ये सिंधु, सतलज और ब्रह्मपुत्र नदियाँ हैं। हिमालयी नदियाँ वे हैं जिनकी उत्पत्ति हिमालय में होती है और उत्तरी मैदानों से होकर बहती हैं, उदाहरण के लिए, गंगा, यमुना और उनकी सहायक नदियाँ।

103. (2) लोकटक झील भारत के पूर्वोत्तर भाग में मणिपुर राज्य में मोइरांग के निकट स्थित एक झील है। यह उत्तर-पूर्वी भारत में ताजे जल वाली सबसे बड़ी झील है। केयबुल लामजाओ विश्व का एकमात्र पानी पर तैरता राष्ट्रीय पार्क है जो लोकटक झील में तैरता है। यह अपनी सतह पर तैरते हुए वनस्पति और मिट्टी से बने द्वीपों के लिए प्रसिद्ध है, जिन्हें "कुंदी" कहा जाता है। झील का कुल क्षेत्रफल लगभग 280 वर्ग किमी. है। झील पर सबसे बड़ा तैरता द्वीप "केयबुल लामजाओ" कहलाता है और इसका क्षेत्रफल 40 वर्ग किमी. है। यह संगई हिरण का एकमात्र आवास है जो एक विलुप्तप्राय प्रजाति है।

104. (2) नेपाल हिमालय, हिमालय पर्वत श्रृंखला के चार क्षैतिज विभाजनों में से एक है। काली नदी से तीस्ता नदी के बीच फैली लगभग 800 किलोमीटर लम्बी हिमालयश्रृंखला को ही नेपाल हिमालय कहा जाता है। नेपाल, तिब्बत तथा सिक्किम में स्थित इस पर्वत श्रृंखला के पूर्व में असम हिमालय तथा पश्चिम में कुमायूँ हिमालय स्थित हैं। नेपाल हिमालय चारों विभाजनों में सबसे बड़ा है।

105. (1) इडुक्की पॉवर प्रोजेक्ट केरल के पेरियार नदी के पार स्थित है। इसमें संबंधित प्रणालियों में इडुक्की, चेरुथनी और कुलमावु तीन बांध शामिल हैं। मुलमट्टम में पॉवर हाउस भारत का सबसे लंबा भूमिगत पॉवर स्टेशन है और प्रेशर शाफ्ट देश में सबसे बड़ा है।

106. (4) जोग प्रपात कर्नाटक में शरावती नदी पर है। यह चार छोटे-छोटे प्रपातों से मिलकर बना है। इसका जल 253 मीटर की ऊँचाई से गिरकर बड़ा सुन्दर दृश्य उपस्थित करता है। इसका एक अन्य नाम गरसोप्पा भी है। यह मेघालय के 335 मीटर ऊँचे नोक्कलिकाई प्रपात के बाद भारत में दूसरा सबसे बड़ा कुण्ड झरना है।

107. (4) 260.5 मीटर की ऊँचाई के साथ, भारत और दुनिया में टिहरी बाँध सबसे ऊँचा बाँध है। उत्तराखण्ड में टिहरी के पास भागीरथी नदी पर बना यह एक बहुउद्देश्यीय बाँध है। इसकी लंबाई 575 मीटर है, क्रेस्ट चौड़ाई 20 मीटर और आधार चौड़ाई 1,128 मीटर है।

108. (1) गोदावरी दक्षिण भारत की सबसे लंबी नदी है जिसकी लम्बाई 1,465 किमी है। यह गंगा के बाद भारत की दूसरी सबसे लम्बी नदी है। त्रयम्बकेश्वर, महाराष्ट्र में उत्पन्न होकर, यह भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे बड़े नदी घाटियों में से एक है, जिसमें केवल गंगा और सिन्धु नदियाँ इससे बड़ा जल निकासी बेसिन हैं। इसे दक्षिण गंगा के नाम से भी जाना जाता है।

109. (2) औरंगाबाद, महाराष्ट्र में लखवारा पहाड़ियों और सतारा पर्वतश्रृंखला के बीच दुधाना घाटी में खाम नदी पर स्थित है। यह मुख्य रूप से गोदावरी नदी बेसिन में और आंशिक रूप से तापी नदी बेसिन में स्थित है। इसे मूल रूप से खड़के के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1610 में मलिक अंबर द्वारा इसे एक प्रमुख व्यापारिक मार्ग के रूप में स्थापित किया गया था।

110. (1) महाराणा प्रताप सागर को पोंग जलाशय या पोंग डैम झील के नाम से भी जाना जाता है। 1975 में भारत में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के सिवालिक पहाड़ियों के आर्द्र क्षेत्र में ब्यास नदी पर भारत के सबसे ऊँचे भूकम्परोधी बाँध का निर्माण किया गया था। यह जलाशय रामसर कन्वेंशन द्वारा भारत में घोषित 27 अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि स्थलों में से एक है।

111. (4) लोहित नदी भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम में बहने वाली एक नदी है। यह ब्रह्मपुत्र नदी की एक सहायक नदी है। लोहित नदी पूर्वी तिब्बत के जयाल छू पर्वत श्रेणी से निकलती है और अरुणाचल प्रदेश में दो सौ किलोमीटर तक तूफानी वेग से बहने के बाद असम के मैदानी इलाकों में आ जाती है। खून की नदी के नाम से जानी जाने वाली यह नदी तूफानी और अशान्त है और इसका यह नाम आंशिक रूप से इसकी लाल मिट्टी के कारण पड़ा है। यह मिश्मी पर्वतमाला से बहती हुई ब्रह्मपुत्र घाटी के मुहाने पर ब्रह्मपुत्र नदी (अरुणाचल प्रदेश में जिसे सियांग नदी के नाम से जाना जाता है) में विलय हो जाती है।

112. (2) मुसी और भीमा कृष्णा नदी की सहायक नदियाँ हैं। भीमा की उत्पत्ति पुणे जिले के पश्चिमी घाट के पश्चिमी किनारे पर भीमा शंकर मंदिर के पास से होती है और कर्नाटक तथा तेलंगाना की सीमा के पास कृष्णा नदी में विलीन हो जाती है। इसी तरह, मुसी नदी या मुसिनुरु तेलंगाना से बहने वाली दक्कन के पठार में कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है।

113. (1) बगलीहार बाँध, जिसे बगलीहार पनबिजली परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, जम्मू और कश्मीर के रामबन जिले में चिनाब नदी पर निर्मित एक नदी परियोजना है।

114. (3) नंदा देवी, उत्तराखंड के चमोली जिले में, पश्चिम में ऋषिगंगा घाटी और पूर्व में गोरीगंगा घाटी के बीच स्थित है। इसके आसपास के क्षेत्र में विस्तृत नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान को 1988 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

115. (2) माजुली असम के ब्रह्मपुत्र नदी में एक बड़ा नदी द्वीप है। यह दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप है जिसका कुल क्षेत्रफल 1,250 वर्ग किलोमीटर है। यह असम के सबसे बड़े शहर गुवाहाटी के पूर्व में स्थित है। माजुली असमिया नव-वैष्णव संस्कृति का निवास स्थान भी है।

116. (3) दी गई नदियों में से, ब्रह्मपुत्र 2,900 किमी की कुल लंबाई के साथ सबसे लंबी नदी है। हालाँकि, यह एक सीमा-पार की नदी है जो चीन, भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। यह भारत में सिर्फ 916 किमी

बहती है। गंगा भारत की सबसे लंबी नदी है जिसकी कुल लंबाई 2,510 किलोमीटर है। गोदावरी और नर्मदा की लंबाई क्रमश: 1,450 किमी और 1,290 किमी है।

117. (1) अलमत्ती बाँध उत्तर कर्नाटक, भारत में कृष्णा नदी पर एक जलविद्युत परियोजना है जो जुलाई 2005 में पूरी हुई थी। अल्मत्ती बांध कृष्णा नदी घाटी में ऊपरी कृष्णा नदी परियोजना (UKRP) का हिस्सा है। यह कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का मुद्दा था। आंध्र प्रदेश के खिलाफ कानूनी लड़ाई जीतकर, कर्नाटक को अलमत्ती जलाशय की ऊँचाई 524 मीटर तक बढ़ाने की अनुमति दी गई थी।

118. (*) विश्व जलप्रपात डेटाबेस के आंकड़ों के आधार पर, भारत के सबसे ऊंचे झरने इस प्रकार हैं: कर्नाटक में कुंचिकल फॉल्स (455 मीटर), ओडिशा में बरहीपानी फॉल्स (399 मीटर); मेघालय में नोहकलिकाई जलप्रपात (340 मीटर), मेघालय में नोहसिंगिथियांग झरना (315 मीटर), आदि।

सर्वश्रेष्ठ विकल्प: (4) 297 मीटर की ऊँचाई के साथ, थलियार जलप्रपात तमिलनाडु का सबसे ऊँचा झरना और भारत का छठा सबसे ऊँचा झरना है।

119. (2) गंगा एशिया की एक ऐसी नदी है जो भारत के अलावा अन्य देशों यानि भारत और बांग्लादेश में बहती है। यह भारत के उत्तराखंड राज्य में पश्चिमी हिमालय में बहती है और भारत और बांग्लादेश की गंगा के मैदान से होकर दक्षिण और पूर्व में बहती है, जो अंतत: बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है।

120. (4) आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के एक छोटे से गाँव गांदीकोटा की विशाल घाटी भारत के महान घाटी के रूप में जाना जाता है। यह पेनार नदी द्वारा निर्मित अपने शानदार दर्रा (gorge) के लिए जाना जाता है जो कि एर्रामला पहाड़ियों से होकर गुजरता है। प्रकृति की वास्तुकला का यह सुंदर अंश पर्यटकों द्वारा भारत के छिपे हुए महान घाटी (ग्रैंड कैन्यन) के रूप में जाना जाता है।

121. (1) जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह है, जो सभी प्रमुख बंदरगाहों के लगभग आधे कंटेनरों को संभालता है। न्हावा शेवा (Nhava Sheva) के रूप में भी जाना जाता है, यह एलिफेंटा द्वीप से दूर मुंबई बंदरगाह के पूर्वी तट पर स्थित है।

122. (2) वालयार बांध दक्षिण भारत के केरल के पलक्कड़ जिले में है। इस बांध का निर्माण वालयार नदी पर हुआ है जो कल्पतिपुझा नदी की सहायक नदी है। 1964 में इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ और इसे खोला गया। यह क्षेत्र में सिंचाई के प्रमुख स्रोतों में से एक है।

123. (4) ढोला-सदिया पुल, जिसे भूपेन हजारिका सेतु के रूप में भी जाना जाता है, भारत का एक बीम पुल है, जो असम और अरुणाचल प्रदेश के पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ता है। इस पुल का विस्तार लोहित नदी तक है, जो ब्रह्मपुत्र की एक प्रमुख सहायक नदी है। 9.15 किलोमीटर लंबाई में, यह भारत का सबसे लंबा पुल है।

124. (2) गंगा के बाद गोदावरी भारत में दूसरी सबसे लंबी नदी है, जिसे दक्षिण गंगा के रूप में भी जाना जाता है। लंबाई, जलग्रहण क्षेत्र और निर्वहन में गोदावरी नदी प्रायद्वीप भारत में सबसे बड़ी है। यह गंगा और सिंधु नदियों के साथ भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे बड़ी नदी घाटियों में से एक है।

125. (3) द्वारकाधीश मंदिर, जिसे जगत मंदिर के रूप में भी जाना जाता है, गुजरात के द्वारका में गोमती नदी के तट पर स्थित है। परंपरा के अनुसार, मूल मंदिर भगवान कृष्ण के पोते, वज्रनाभ द्वारा बनाया गया था। मूल संरचना 1472 में महमूद बेगाडा द्वारा नष्ट की गई थी और बाद में इसे 15वीं, 16वीं शताब्दी में फिर से बनाया गया।

126. (4) सांभर भारत के राजस्थान राज्य में जयपुर जिले का एक शहर और एक नगर पालिका है। यह सांभर साल्ट लेक से घिरा हुआ है। सांभर जयपुर से लगभग 70 किमी और अजमेर से 99 किमी दूर है।

127. (1) मुंद्रा थर्मल पावर स्टेशन भारत के गुजरात राज्य में कच्छ जिले के मुंद्रा में स्थित है। पावर प्लांट अडानी पावर के कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में से एक है। बिजली संयंत्र के लिए कोयला मुख्य रूप से इंडोनेशिया के बानू से आयात किया जाता है। बिजली संयंत्र के लिए पानी का स्रोत कच्छ की खाड़ी से लिया जाने वाला समुद्र का पानी है।

128. (3) सास्थामकोट्टा झील केरल की सबसे बड़ी ताजी पानी की झील है। इस झील का नाम इसके तट पर स्थित प्राचीन सास्था मंदिर (एक तीर्थस्थल) के नाम पर पड़ा है। यह क्विलोन जिले के आधे मिलियन लोगों की पीने की पानी की जरूरतों को पूरा करता है और मत्स्य संसाधन भी उपलब्ध कराता है। यह नवम्बर 2002 से रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्व का एक आर्द्रभूमि बना है।

129. (4) इंदिरा सागर बांध एक बहुउद्देशीय परियोजना है, जो मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में नर्मदा नगर, पुनासा में स्थित है। परियोजना की आधारशिला 23 अक्टूबर, 1984 को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गाँधी द्वारा रखी गई थी। इसे मध्य प्रदेश सिंचाई और राष्ट्रीय जलविद्युत निगम के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में बनाया गया था।

130. (2) पद्मा, बांग्लादेश और भारत की एक प्रमुख नदी है (गिरिया के बहाव), यह गंगा की मुख्य सहायक नदी है, जो आम तौर पर दक्षिण पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के निकट मेघना नदी के साथ मिलने के लिए 120 किलोमीटर तक बहती है। बंगाल राजशाही, जो पश्चिमी बांग्लादेश का एक प्रमुख शहर है पद्मा के उत्तरी तट पर स्थित है।

131. (3) चमेरा हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में डलहौजी शहर के पास स्थित है। यह रावी नदी पर स्थित है और इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण पनबिजली परियोजना है। इस बांध का जलाशय चमेरा झील कहलाता है।

132. (4) प्रायद्वीपीय भारत की दूसरी सबसे बड़ी पश्चिम बहती हुई नदी, 'ताप्ती' को नर्मदा की 'जुड़वां' या 'हैंडमेड' के रूप में जाना जाता है। यह 752 मीटर की ऊंचाई पर मध्य प्रदेश में मुल्ताई रिजर्व वन के निकटता है। यह 724 किमी. बहती हुई खंभात की खाड़ी में गिरती है।

133. (3) वेम्बानद भारत की सबसे लंबी तथा केरल की सबसे बड़ी झील है। केरल के कई जिलों में फैली इस झील को अल्पूझा में वेम्बानदु झील, कुट्टनद में पुनम्मदा झील तथा कोच्चि में कोच्चि झील के नाम से जाना जाता है। नेहरू ट्रॉफी नावों की दौड़ इस झील के एक भाग में आयोजित की जाती है।

134. (2) कोल्लेरु झील भारत की सबसे बड़ी ताजे पानी की झीलों में से एक है जो आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित है और एशिया में सबसे बड़ी उथली मीठे पानी की झील है, जो एलुरु शहर से 15 किलोमीटर दूर है। कोल्लेरु कृष्णा और गोदावरी डेल्टा के बीच स्थित है। कोल्लेरु दो जिलों में फैला है - कृष्णा और पश्चिम गोदावरी।

135. (3) पोलावरम परियोजना, पश्चिम गोदावरी जिले में गोदावरी नदी और आंध्र प्रदेश में पूर्वी गोदावरी जिले में बहुउद्देश्यीय राष्ट्रीय परियोजना है। इस परियोजना को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया है।

136. (1) नेय्यार नदी (Neyyar River) केरल राज्य की सबसे दक्षिणी नदी है। यह तिरुवनंतपुरम जिले से होकर बहती है। यह अगस्त्यकूडम पहाड़ियों (Agastyar-koodam hills) से निकलती है और फिर नेय्याटिंकारा से गुजरती है। यह अंत में अरब सागर में गिरती है।

137. (4) मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट भारत के पश्चिमी तट पर, गोवा के तटीय राज्य में एक बंदरगाह है। प्राकृतिक बंदरगाह की साइट पर 1885 में कमीशन किया गया। यह भारत के सबसे पुराने बंदरगाहों में से एक है। बंदरगाह में लगभग 2,600 कर्मचारी कार्यरत हैं और लगभग 4,000 पेंशनर्स हैं।

138. (2) उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित गोबिंद बल्लभ पंत सागर, भारत की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है। झील रिहंद बाँध के जलाशय द्वारा बनाई गई है। इसी तरह, ढेबर झील, जिसे जयसमंद झील भी कहा जाता है और राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित है, दूसरी सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है।

139. (3) नर्मदा नदी अनूपपुर जिले के निकट अमरकंटक के पठार से निकलती है। यह नदी उत्तर व दक्षिण भारत की पारंपरिक सीमा बनाती हैं तथा गुजरात के भरूच शहर के निकट खंभात की खाड़ी (अरब सागर) में गिरने से पहले यह पश्चिम की ओर बहती है। नर्मदा नदी को 'मध्य प्रदेश का जीवन रेखा' भी कहा जाता है।

140. (2) जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, जिसे न्हावा शेवा के नाम से भी जाना जाता है, महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पूर्व में स्थित है। यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट है। इसका सामान्य नाम न्हावा और शेवा गाँवों के नामों से लिया गया है जो यहाँ पर स्थित थे। अरब सागर पर स्थित, इस तक ठाणे क्रीक के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।

141. (3) अष्टमुडी झील केरल राज्य में दूसरी सबसे बड़ी है। कोल्लम जिले में स्थित, अष्टमुडी झील को केरल के बैकवाटर का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। ऐतिहासिक कोल्लम शहर का लगभग तीस प्रतिशत हिस्सा अष्टमुडी झील से घिरा हुआ है। कोल्लम पुराने समय में केरल का प्रमुख शहर रहा है।

142. (2) कृष्णा नदी का उद्गम मध्य भारत के महाराष्ट्र राज्य में लगभग 1,300 मीटर की ऊँचाई पर महाबलेश्वर के पास पश्चिमी घाट में होता है। यह भारत की सबसे लंबी नदियों में से एक है। कृष्णा नदी की लंबाई लगभग 1,400 किमी (महाराष्ट्र में 282 किमी.) है।

143. (1) प्रायद्वीपीय जल निकासी की प्रमुख नदी प्रणालियाँ हैं- महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, नर्मदा, तापी और लूनी।

144. (1) मोरा धनसिरी भारत के असम राज्य में गोलाघाट जिले की मुख्य नदी, ध नसिरी की एक सहायक नदी है। यह नागालैंड के ल्यासांग शिखर से निकलती है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरती है।

145. (2) चिल्का झील ओडिशा के पूर्व में खुर्दा, गंजम तथा पुरी जिला तक फैली है। झील के प्रवेश बिन्दु दो प्रमुख शहर बालुगांव और रंभा हैं। यह एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

146. (1) वैगाई नदी पश्चिमी घाट के पेरियार पठार के वरसानाडू हिल्स से निकलती है। यह नदी पूर्व में तमिलनाडु की ओर बहती है। वैगाई नदी वट्टापराई जल प्रपात का निर्माण करती है। मदुरई शहर इस नदी के किनारे स्थित है। यह नदी तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के निकट पाक जलडमरूमध्य में गिरती है।

147. (1) पश्चिमी भारत में बहने वाली प्रमुख नदियों में साबरमती नदी राजस्थान के अरावली पहाड़ियों की ढेबर झील से निकलती है। नदी के प्रारंभिक भाग को छोड़कर यह नदी संपूर्ण गुजरात में बहती है। 371 किमी. की दूरी तय करते हुए यह नदी खंभात की खाड़ी होते हुए अरब सागर में प्रवेश करती है। पश्चिम भारत में बहने वाली अन्य नदियाँ - नर्मदा, ताप्ती, माही और लूनी हैं।

148. (4) गंडक नेपाल की प्रमुख नदियों में से एक है, जो भारत में गंगा की एक सहायक नदी है। नेपाल में, नदी हिमालय के मध्य अपने गहरे घाटों के लिए उल्लेखनीय है। इसका कुल जलग्रहण क्षेत्र 46,300 वर्ग किलोमीटर है, जिसका अधिकांश भाग नेपाल में है। बेसिन में 8,000 मीटर (26,000 फीट) से अधिक ऊँचाई के दुनिया के 14 पहाड़ों में से तीन, धौलागिरी, मनासलू और अन्नपूर्णा I शामिल हैं।

149. (1) मानसरोवर झील के आसपास के क्षेत्र में तिब्बती पठार से उत्पन्न, सिंधु नदी लद्दाख (जो भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है) और बल्टिस्तान के माध्यम से गुजरती है। यह लद्दाख सीमा को पार करते हुए जम्मू-कश्मीर में गिलगिट के पास से पाकिस्तान में प्रवेश करती है। पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची के समीप सिंधु अरब सागर में मिल जाती है।

150. (2) ताप्ती नदी सतपुड़ा श्रेणी में, मुलताई, बैतूल जिले, (मध्य प्रदेश) में निकलती है। यह खंभात की खाड़ी से होकर अरब सागर में जाने से पहले पश्चिम की ओर 724 किमी की दूरी तक बहती है। नदी को माना जाता है कि देवी तापती, सूर्य की बेटी, सूर्य देव और छाया के नाम पर है। तारती शनि, भद्रा, यमुना और यम की बहन है।

151. (3) नर्मदा नदी मैकाल पर्वतमाला के अमरकंटक पहाड़ी से निकलती है।
- यह मध्य भारत की एक प्रमुख नदी है।
- नर्मदा नदी भारत की एकमात्र नदी है, जो एक विभ्रंश (rift) घाटी में बहती है।
- नर्मदा, ताप्ती और माही पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हैं।

152. (1) गोदावरी सबसे बड़ी प्रायद्वीपीय नदी है।
- गोदावरी नदी का स्रोत महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबक के पास स्थित है।
- यह छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और ओडिशा राज्यों से होकर बहती है।
- इस नदी के ऊपर श्री राम सागर बांध बनाया गया था।
- इसे दक्षिण की गंगा के नाम से भी जाना जाता है।

153. (4) भागीरथी नदी गंगा की दो प्रमुख नदियों में से एक है, दूसरी अलकनंदा नदी है।
- भागीरथी नदी गौमुख से निकलती है जो उत्तराखंड में गंगोत्री और खटिलांग ग्लेशियरों के आधार पर स्थित है।
- भागीरथी अपनी यात्रा तब समाप्त करती है जब देवप्रयाग में गंगा को बनाने के लिए अलकनंदा के साथ मिल जाती है।
- सिंधु नदी तिब्बत के पठार में मानसरोवर झील के पास से निकलती है।
- अमरकंटक वह स्थान है जहाँ से नर्मदा नदी का उद्गम होता है।
- ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के बुरंग काउंटी में हिमालय के उत्तरी किनारे पर स्थित आंग्सी ग्लेशियर पर निकलती है।

154. (1) हिमालय अपवाह प्रणाली में गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र नदी की घाटी शामिल हैं।
- प्रायद्वीपीय भारत में नर्मदा, तापी, महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी नदियाँ विस्तृत नदी प्रणाली का निर्माण करती हैं।

155. (1) ● सिसार, मथून, टैंगन, ड्री, इथुन और एमा दिबांग की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।
- दिबांग अपने पथ मार्ग के दौरान कई सहायक नदियों जैसे कि एरी, इलू, इमू, अहि, आशु, ईपिपानी और ईजे (दियोपानी) नदियों से भी जुड़ा हुआ है।
- दिबांग की उत्पत्ति अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी जिले में भारत-चीन सीमा पर कीया दर्रा के पास से हुई है।

156. (4) दिघी बंदरगाह भारत के पश्चिम तट पर महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में, राजपुरी क्रीक के तट पर स्थित है।
- सिक्का बंदरगाह गुजरात के जामनगर जिले में स्थित है।
- मुंद्रा बंदरगाह भारत का सबसे बड़ा निजी बंदरगाह है जो मुंद्रा, कच्छ जिले, गुजरात के पास कच्छ की खाड़ी के उत्तरी किनारे पर स्थित है।
- ओखा बंदरगाह गुजरात में देवभूमि द्वारका में स्थित है।

157. (1) बराक नदी भारत के मणिपुर पहाड़ी क्षेत्रों से निकलती है।
- दक्षिण असम के करीमगंज जिले में, यह दो शाखाओं में विभाजित हो जाती है।
- उत्तरी शाखा जिसे सूरमा नदी के नाम से जाना जाता है, बांग्लादेश के सिलहट अवसाद में प्रवेश करती है।
- सूरमा नदी का मुख्य स्रोत बराक है।
- इसके दबे हुए क्षेत्र को सूरमा नदी बेसिन कहा जाता है।
- सूरमा नदी को मेघालय की पहाड़ियों से सहायक नदियों द्वारा सिंचित की जाती है।

158. (4) सागरमाला, औद्योगिक विकास को चलाने के लिए देश के समुद्र तट और अंतर्देशीय जलमार्ग का लाभ उठाने हेतु परियोजनाओं की एकश्रृंखला है।
- यह मूल रूप से वाजपेयी सरकार द्वारा 2003 में स्वर्ण चतुर्भुज के बराबर जलमार्ग का विचार किया था।

- सागरमाला, अंतर्देशीय जलमार्ग के विकास के साथ एकीकृत, माल के परिवहन तथा उद्योगों और निर्यात/आयात व्यापार को लाभ पहुँचाने के लिए लागत और समय कम करने की उम्मीद है।
- यह छः नए बंदरगाहों को जोड़ने और क्षमता बढ़ाने के लिए बंदरगाह के आधुनिकीकरण को बढ़ाएगा।
- यह रेल गलियारों, माल-फ्रेंडली एक्सप्रेसवे और अंतर्देशीय जलमार्ग के माध्यम से बंदरगाह संयोजकता में सुधार करेगा।
- मुंबई में जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह न्यास में 14 तटीय आर्थिक क्षेत्र या सीईजेड और एक विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाए जाएँगे।
- यह मछुआरों तथा अन्य तटीय और द्वीप समुदायों के कौशल का विकास करेगा।

159. (1) कृष्णा नदी की उत्पत्ति महाराष्ट्र के महाबलेश्वर में हुई है।
- कृष्णा नदी पूरे महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से होकर बहती है।
- गंगा, गोदावरी और ब्रह्मपुत्र के बाद कृष्णा नदी भारत में जल प्रवाह और नदी बेसिन क्षेत्र के मामले में चौथी सबसे बड़ी नदी है।

160. (3)

शहर	**नदी**
● विजयवाड़ा	कृष्णा
● सूरत	ताप्ती
● संबलपुर	महानदी
● राजमुंदरी	गोदावरी

161. (4) बनास नदी चंबल नदी की एक सहायक नदी है। यह राजस्थान के राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ के दक्षिण में गोगुन्दा पठार की खमनोर पहाड़ियों से निकलती है।
- बेराच, बनास नदी की एक सहायक नदी है। यह उदयपुर शहर के उत्तर में गोगुन्दा पहाड़ियों से निकलती है।
- फिर यह उदयसागर झील में प्रवेश करती है और इसके बाद यह उदयपुर और चित्तौड़गढ़ जिलों में बहती है।
- बेराच नदी की महत्वपूर्ण सहायक नदियाँ अहर नदी, वागली नदी, वैगन नदी, गम्भीरी नदी और ओराई नदी हैं (ये सभी दाहिनी ओर की सहायक नदियाँ हैं)।

162. (4) जायकवाड़ी बांध औरंगाबाद जिले, महाराष्ट्र में गोदावरी नदी पर स्थित है।
- इस बांध का उद्देश्य मराठवाड़ा क्षेत्र में मॉनसून के महीनों के दौरान बाढ़ और शेष वर्ष के दौरान सूखे की दोहरी समस्या का समाधान करना है।

163. (1) ब्राह्मणी नदी द्वारका नदी की एक सहायक नदी है जो बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- यह भारत की पूर्व की ओर बहने वाली नदियाँ हैं।
- इसका निर्माण शंख और दक्षिण कोयल नदियों के संगम से हुआ है।
- साबरमती नदी भारत की पश्चिम की ओर बहने वाली प्रमुख नदियों में से एक है।
- शरावती नदी का उद्गम और प्रवाह पूरी तरह से कर्नाटक राज्य के भीतर है।
- यह भारत की कुछ पश्चिम की ओर बहने वाली नदियों में से एक है।

164. (2) अलकनंदा उत्तराखंड की एक हिमालयी नदी है।
- इसकी बाईं ओर की सहायक नदियाँ सरस्वती, धौलीगंगा, नंदाकिनी, पिंडर हैं।
- इसकी दाईं ओर की सहायक नदी मंदाकिनी है।
- सिंधु के बाएँ किनारे की सहायक नदी को पंचनद कहा जाता है। ये पाँच प्रमुख सहायक नदियाँ हैं– चिनाब, झेलम, रावी, ब्यास और सतलज।
- इसकी मुख्य दाहिनी सहायक नदियाँ श्योक, गिलगित, काबुल, गोमल और कुर्रम हैं।

165. (3) धुंआँधार जलप्रपात मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में स्थित एक झरना है।
- यह झरना भेड़ाघाट में नर्मदा नदी पर स्थित है और 30 मीटर ऊंचा है।
- नर्मदा नदी, विश्व प्रसिद्ध संगमरमर चट्टानों के माध्यम से अपना रास्ता बनाते हुए नीचे गिरती है और फिर इस प्रकार झरने के रूप में बहती है।
- इस जलप्रपात का नाम इसे सही ठहराते हैं - यानी धुआँ (हिंदी में धुआँ) और धार (पानी की एक निरन्तर धारा)।

166. (4) पैथन हाइड्रो - इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में औरंगाबाद जिले के पैथन तालुका में जयकवाड़ी गाँव के स्थल पर गोदावरी नदी पर स्थित है।
- इस परियोजना को जापान की मदद से पूरा किया गया है।
- इस परियोजना की स्थापित क्षमता 12 मेगावाट है।

167. (4) सांभर लवण झील भारत की सबसे बड़ी अंतःस्थलीय लवण झील है। यह जयपुर शहर के दक्षिण-पश्चिम में और अजमेर राजस्थान के उत्तर-पूर्व में स्थित है। झील को पाँच नदियों का पानी मिलता है: मेड़ता, सामोद, मंथा, रूपगढ़, खारी, और खंडेला। झील एक विस्तृत खारा आर्द्रभूमि है, जिसमें सूखे और मानसून के मौसम के दौरान पानी की गहराई में उतार-चढ़ाव होता है।

168. (3) कृष्णा नदी पश्चिम में महाराष्ट्र के सतारा जिले के वाई तालुका के चरम उत्तर में जोर गाँव के पास महाबलेश्वर से निकलती है और पूर्वी तट पर आंध्र प्रदेश में हमसलादेवी (कोडरु के पास) में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह चार राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश से होकर बहती है।

169. (2) मैथन डैम झारखंड में धनबाद के पास मैथन में स्थित है। विशेष रूप से बाढ़ नियंत्रण के लिए इसका निर्माण किया गया था और यह 60,000 किलोवाट बिजली पैदा करता है। पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया में अपनी तरह का पहला भूमिगत बिजलीघर है। इस बांध का निर्माण बराकर नदी पर किया गया है।

170. (4) कृष्ण राज सागर बाँध कावेरी नदी के ऊपर बना है, जो कावेरी, हेमावती और लक्ष्मण तीर्थ जैसी तीन नदियों के संगम के करीब है। यह 1932 में कर्नाटक के मैसूर और मंड्या जिलों के लिए बनाया गया था। इस बाँध का नाम मैसूर साम्राज्य के तत्कालीन शासक कृष्णराज वोडेयार IV के नाम पर रखा गया है। इस बाँध की योजना एवं निर्माण एम विश्वेश्वरैय्या ने शुरू की थी।

171. (1) सिंगुर बाँध एक सिंचाई, पनबिजली और पेयजल परियोजना है जो तेलंगाना में संगारेड्डी जिले के पास सिंगुरू गाँव में स्थित है। यह बाँध मंजीरा नदी पर बनाया गया है। यह हैदराबाद शहर के लिए पीने के पानी का एक प्रमुख स्रोत है।

172. (1) जहाजरानी मंत्रालय ने 25 सितम्बर, 2017 को कांडला पोर्ट का नाम बदलकर दीनदयाल पोर्ट कर दिया। गुजरात में कच्छ की खाड़ी पर स्थित कांडला पोर्ट, भारत के बारह प्रमुख बंदरगाहों में से एक है। सरकार ने भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत प्रदत्त नामकरण शक्तियों का प्रयोग कर इसके नाम को बदल दिया।

173. (4) उत्तर प्रदेश का अयोध्या शहर पवित्र सरयू नदी के तट पर स्थित है।
- सरयू गंगा नदी की सात सहायक नदियों में से एक है।
- अयोध्या, जिसे प्राचीन काल में साकेत के नाम से भी जाना जाता था, को हिंदू धर्म के भगवान राम का जन्मस्थान माना जाता है।

174. (1) लिंगनमक्की बांध कर्नाटक में शरावती नदी पर स्थित है।
- यह कर्नाटक के सागर तालुक के करगल गांव में स्थित है।
- इसका निर्माण कर्नाटक राज्य सरकार ने 1964 में किया था।

175. (4) मार्मागाआ गोवा के तटीय राज्य में स्थित एक प्राकृतिक बंदरगाह है।
- यह प्राकृतिक रूप से संरक्षित खुला बंदरगाह है, जो जुआरी नदी के मुहाने के दक्षिणी भाग पर स्थित है।
- इसे 1885 में एक प्राकृतिक बंदरगाह की साइट पर चालू किया गया था।

176. (2) चम्बल (चंबल) नदी मध्य भारत में यमुना की सहायक नदी है।
- यह पश्चिमी मध्य प्रदेश के महू के दक्षिण में स्थित विंध्य रेंज से निकलती है।
- चंबल और उसकी सहायक नदियाँ उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में बहती हैं, जबकि इसकी सहायक नदी, बनास, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बहती है।

177. (4) गोपालपुर ओडिशा के गंजाम जिले में बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित एक तटीय शहर है।
- यह एक वाणिज्यिक बंदरगाह, एक प्रसिद्ध समुद्री तट और भारत के पूर्वी तट पर एक पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है।

178. (3) गुरुद्वारा पाताल पुरी पंजाब के रूपनगर जिले के किरतपुर में स्थित है।
- इसे सतलज नदी के तट पर बनाया गया है।
- इस शहर की स्थापना छठे सिख गुरु - गुरु हर गोबिंद ने की थी।

179. (3) तपोवन विष्णुगढ़ हाइड्रोपावर प्लांट उत्तराखंड के चमोली जिले में धौलीगंगा नदी पर बनाई जा रही 520 मेगावाट की रन-ऑफ-रिवर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना है।
- इस संयंत्र से सालाना 2.5 टेरा वाट आवर (TWH) अधिक बिजली उत्पन्न होने की संभावना है।

180. (3) नेशनल रजिस्टर ऑफ लार्ज डैम (NRLD) के आँकड़ों के अनुसार, भारत में सबसे अधिक बड़े बांधों की सूची में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है।
- वर्ष 2018 के दौरान महाराष्ट्र में 2,354 बांध थे।
- भारत में कुल बांधों का 40 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में है।

181. (3) ताप्ती नदी प्रायद्वीपीय भारत की उन तीन नदियों (अन्य दो नदिया नर्मदा और माही है) में से एक है जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है।
- यह मध्य प्रदेश राज्य के बैतूल जिले के मुलताई से निकलकर सतपुड़ा पर्वतप्रक्षेपों के मध्य से पश्चिम की ओर बहती हुई महाराष्ट्र के खानदेश के पठार एवं सूरत के मैदान को पार करती है और गुजरात स्थित खम्भात की खाड़ी, (अरब सागर) में गिरती है।
- सूरत बन्दरगाह इसी नदी के मुहाने पर स्थित है।

182. (2) कोटेश्वर जल विद्युत परियोजना उत्तराखंड में टिहरी बाँध से लगभग 22 किमी. नीचे भागीरथी नदी में बनाई गई है।
- इस जल विद्युत परियोजना को 2010 में चालू किया गया था।
- यह परियोजना राज्य सरकार और भारत सरकार का संयुक्त उद्यम है।

183. (2) गंगा में कुल 11 बेसिन राज्य हैं - उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, झारखंड, हरियाणा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली।
- यह देश का सबसे बड़ा नदी बेसिन है जो 8,61,452 वर्ग किमी के क्षेत्र में जल निकासी करता है। यह देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के एक चौथाई (26.3%) से थोड़ा अधिक है।

184. (1) चंबल नदी मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू शहर के पास विंध्य पर्वतमाला से निकलती है।
- यह फिर राजस्थान के कोटा में एक कण्ठ के माध्यम से उत्तर की ओर बहती है।
- कोटा से यह बूंदी, सवाई माधोपुर और धौलपुर तक जाती है और अंत में यमुना में मिल जाती है।

TYPE–III

1. (1) भारत में शीत ऋतु कालीन वर्षा पश्चिमी विक्षोभों से वर्षा पंजाब, हरियाणा में होती है। यह मध्य दिसम्बर से फरवरी तक का काल है। इस समय सूर्य के दक्षिणायन होने के कारण पश्चिमोत्तर भारत में उच्च दाब का क्षेत्र बन जाता है। यहाँ तापमान 10°C तक हो जाता है। जबकि इस समय दक्षिणी भारत में 25°C तक तापमान होता है। यह वर्षा भू-मध्यसागरीय पश्चिमी-विक्षोभों से होती है।

2. (4) लौटते हुए मानसून (मानसून का निर्वतन) से आए चक्रवातों के कारण प्राय: आंध्र प्रदेश और ओडिशा में वर्षा होती है। इसका कारण मुख्य रूप से सूर्य का दक्षिणायन होना, इसकी अवधि अक्टूबर से मध्य दिसम्बर तक होती है। अक्टूबर-नवम्बर 2015 में हुद-हुद चक्रवात इसी वर्षा का उदाहरण था। इस वर्षा के पहले निम्न दशायें उत्पन्न होती हैं
(क) शीतकाल में पश्चिमोत्तर भारत में उच्च दाब का विकास होता है।
(ख) ITCZ का दक्षिण की ओर स्थानान्तरण
(ग) उपोष्ण पछुआ जेटस्ट्रीम का पुन: अपने स्थान पर पहुँचना।

3. (1) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की अवधि के दौरान तमिलनाडु सूखा रहता है क्योंकि यह वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित है। पूर्वी जेट स्ट्रीम दक्षिण-पश्चिमी मानसून के आविर्भाव में अत्यधिक सहायक होती है। पर्वती ढालों के पवनाभिमुख क्षेत्र में वृष्टिछाया के कारण कम वर्षा होती है क्योंकि तमिलनाडु पश्चिमी घाट के प्रभाव से वृष्टिछाया वाला राज्य है।

4. (2)मॉनसूनी पवनों की बंगाल की खाड़ी की शाखाम्यांमार में पूर्वी पहाड़ियों से टकराकर मैदान की ओर मुड़ जाती है जहाँ खासी पहाड़ियों की तीन तरफ से उँची पहाड़ियों से घिरी घाटी में स्थित चेरापूँजी तथा मॉसिनराम नामक स्थानों पर विश्व की सर्वाधिक वर्षा अभिलेखित की गयी है।

5. (3) यूकेलिप्टस नामक पेड़ नीलगिरी पहाड़ियों में बहुतायत से मिलता है।

6. (1) भारत में उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन केरल में पाए जाते हैं। भारत में उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन असम, बंगाल, केरल और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों, मैसूर के पठार, कुर्ग तथा अण्डमान के द्वीपों में मिलते हैं।

7. (4) वन महोत्सव वनों के संरक्षण से संबंधित है। जिसे प्रत्येक वर्ष 1950 से मनाया जा रहा है। 1950 में इसे कृषि मंत्री के.एम. मुंशी द्वारा शुरू किया गया था।
2016 में यह 01 जून से 17 जुलाई तक पूरे भारत में मनाया जायेगा जिसमें बड़े पैमाने पर पौधों की रोपाई की जाती है।

8. (2) वनारोपण अधिक पेड़ लगाने की प्रक्रिया को कहते हैं। इसके लिए 1976 से सामाजिक वानिकी कार्यक्रम शुरू किया गया था। वनारोपण को जन आंदोलन बनाना इसी नीति का लक्ष्य है। इसमें गैर-सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत ईंधन, चारे की आपूर्ति, उद्योगों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराना है। वनारोपण ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की एक प्रक्रिया भी है।

9. (2) भारत में केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ में है। इसकी स्थापना 1951 में हुई थी। यह CSIR की एक - सहायक संस्था के रूप में कार्य करता है।
यहाँ औषधियों की खोज और अनुसंधान का कार्य होता है।

10. (2) जून के महीनें में मानसून के फटने से केरल और तमिलनाडु के दक्षिणी तटों पर वर्षा होती है। भारत के प्रायद्वीपीय आकार के कारण दक्षिण-पश्चिमी मानूसनी पवनों का प्रस्फोटन (Burst of Monsoon) होता है। चूंकि तमिलनाडु तथा केरल के दक्षिणी भाग पर्वतीय ढालों के पवन अभिमुखीय क्षेत्र में स्थित है इसलिए यहाँ वर्षा अधिक होती है।

11. (1) हिमालय में 3600 मीटर से ऊपर पायी जाने वाली एक विशिष्ट प्राकृतिक वनस्पति को **'अल्पाइन घास स्थल'** कहते हैं। यहाँ के महत्वपूर्ण वृक्ष हैं– सिल्वर फर, पाइन, बर्च आदि।

12. (3) दक्षिणी-पश्चिमी ग्रीष्म मानसून का आगमन जून से सितम्बर तक होता है। गर्मी के दिनों में उत्तर भारत में स्थित थार के मरुस्थल तथा भारतीय उप-महाद्वीप में भयंकर गर्मी पड़ती है। इसका मुख्य कारण उत्तरी भारतीय-उपमहाद्वीप में कम दबाव वाले हवा का क्षेत्र है, इस कमी को पूरा करने के लिए उपमहाद्वीप में हिन्द महासागर से नमी युक्त हवा चलती है।

13. (1) भारत में पश्चिमी राजस्थान सबसे सूखा क्षेत्र है। पश्चिमी राजस्थान का जैसलमेर सबसे सूखा क्षेत्र है जहां 10 सेमी. से भी कम वर्षा होती है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाओं से अत्यधिक दूरी और अत्यधिक दबाव वाले उपोष्ण क्षेत्र में अवस्थित होने के कारण यहां वर्षा कम होती है।

14. (2) विश्व बैंक के अनुसार भारत का 701,673 वर्ग किमी. वन भूमि है। जो भारत के कुल भू-भाग का 21.34 प्रतिशत है। क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला प्रदेश मध्य प्रदेश है।

15. (4) दक्षिणी बांग्लादेश में गंगा, पद्मा, ब्रह्मपुत्र एवं मेघना नदियों के सप्तवाह के द्वारा बनी हुई विशाल डेल्टाई क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी पर सुंदर वन जंगल है। यह विश्व में एकल खंड वाला सबसे बड़ा ज्वारीय मैंग्रोव वन है।

16. (4) भारत में बरसात के मौसम के दौरान (मध्य जून से सितम्बर के अंत तक) जून माह में सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं जिसके कारण पश्चिमी मैदानी भागों में पवन गर्म होकर ऊपर उठ जाता है एवं कम दबाव का क्षेत्र बन जाता है। यह क्षेत्र इतना प्रबल होता है कि कम दबाव क्षेत्र को भरने के लिए दक्षिणी गोलार्द्ध की व्यापारिक पवनें भूमध्य रेखा पार कर इस ओर बढ़ती हैं। भूमध्य रेखा पार कर जब ये पवनें भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ़ती हैं तो पृथ्वी की गति के कारण इनकी दिशा में परिवर्तन हो जाता है और ये दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहने लगती हैं। इसी कारण जून-सितम्बर के मध्य होने वाली वर्षा को दक्षिण-पश्चिमी मॉनसूनी वर्षा कहते हैं।

17. (4) अक्टूबर-नवम्बर का महीना गर्म वर्षा ऋतु से ठंडी शुष्क शीत ऋतु के आगमन का सूचक है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कमजोर पड़ने, पीछे हटने या भारत से वापसी के कारण यह समय-अवधि पश्चगमन मॉनसून या परिवर्तित ऋतु के नाम से जानी जाती है। साफ आसमान और तापमान में वृद्धि मॉनसून के पीछे हटने का परिचायक है। जबकि दिन गर्म, रातें ठंडी और सुहावनी होती हैं। इस समय-अवधि में तापमान और आर्द्रता में वृद्धि होती है जिससे मौसम कष्टकारी बन जाता है। यह अद्‌भुत घटना **'अक्टूबर हीट'** के नाम से जानी जाती है।

18. (2) पश्चिमी घाट का पश्चिमी पार्श्व औसत समुद्र तल से लगभग 2500 मी. से अधिक ऊँचा है जिससे अरब सागर शाखा की ओर से आने वाली आर्द्रता युक्त दक्षिण- पश्चिमी मॉनसूनी हवाओं को ग्रहण प्रभावशाली रूप से किया जा सकता है। ये पर्वत श्रेणियाँ इस प्रकार अवस्थित हैं जिससे ये मई के अन्तिम सप्ताह के दौरान प्रायद्वीप के सुदूर-दक्षिणी सिरे के ऊपर से आने वाली दक्षिण-पश्चिमी मॉनसूनी हवाओं को अवरुद्ध करती हैं, ये हवाएँ तेजी से संघनित होने हेतु स्थायी रूप से पर्वत के विरुद्ध उठती हैं और परिणामस्वरूप पश्चिमी पार्श्व पर अधिक वर्षा होती है। इसलिए पश्चिमी पार्श्व को विशिष्टत: वर्षा आच्छादित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। जबकि पूर्वी घाट विशिष्ट रूप से वृष्टि छाया वाला प्रदेश या क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

19. (3) सागौन, साल, चंदन, शीशम और महुआ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वृक्ष हैं जो प्रायद्वीपीय भारत के उत्तर में शिवालिक पर्वत श्रेणी से लेकर पश्चिमी घाटों के पूर्वी पार्श्वों तक फैले हुए हैं। इन वृक्षों में से चंदन का वृक्ष मूलत: दक्कन के पठार में पाया जाता है। चंदन के वृक्ष लगभग 9000 वर्ग किमी. में फैले हुए हैं जिसमें से 8200 वर्ग किमी. क्षेत्र कर्नाटक और तमिलनाडु में स्थित है। मैसूर और कोयम्बटूर में कठोर शैल और लोहमय मृदा की उपस्थिति के कारण यह इन क्षेत्रों में तेजी से वृद्धि करता है, इसी भौगोलिक विशेषता के कारण चंदन के वृक्ष से सुगन्ध आती है।

20. (2) ताप सिद्धांत के अनुसार, समुद्र से घिरे क्षेत्र की तुलना में गर्म उष्णकटिबंधीय ग्रीष्मकाल ऋतु में भारतीय प्रायद्वीप का एक विशाल भू-क्षेत्र भिन्न-भिन्न तापमान के कारण तपता रहता है। दक्षिण से उत्तर की ओर दबावयुक्त ढाल बनने के परिणामस्वरूप समुद्र से भूमि की ओर प्रवाहित होने वाली नमीयुक्त हवाओं का निर्माण होता है। विभिन्न भू- आकृति के कारण भूमि पर पहुँचने पर ये हवाएँ रुद्धोष्म रूप में शीतल होती हैं और पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा आरंभ हो जाती है, इसे दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून के रूप में जाना जाता है।

21. (4) भारत का दैनिक मौसम मानचित्र पुणे में स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नेशनल डाटा सेंटर में तैयार और मुद्रित किया जाता है। भारत का दैनिक मौसम रिपोर्ट और दैनिक मौसम मानचित्र 1878 से मुद्रित रूप में उपलब्ध हैं।

22. (4) सिक्किम भारत में ऑर्किड का सबसे बड़ा उत्पादक है। आश्चर्यजनक रूप से इस राज्य में अकेले अन्यस्थानिक (विदेशज) ऑर्किड्स की लगभग 450 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। सिक्किम में प्रतिवर्ष लगभग 20 मिलियन ऑर्किड की डंठल का उत्पादन किया जाता है। अपनी विशिष्ट जलवायु के कारण सिक्किम, ऑर्किड्स के प्राकृतिक केन्द्र के रूप में विकसित हो गया है।

23. (1) शीतोष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान केंद्र शिमला, हिमाचल प्रदेश में स्थित है। इस केंद्र का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र में शीतोष्ण कटिबंधीय वनों का पुनरुद्धार, शीत मरुस्थलों में वनरोपण, वन संरक्षण और पारिस्थितिक पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करना है। यह वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर के लिए भी उपयुक्त अनुसंधान संबंधी आवश्य- कताओं की पूर्ति करता है।

24. (1) हिमाचल प्रदेश के शिमला में स्थित हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान (HFRI) एक अनुसंधान संस्थान है। यह संस्थान भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय के अधीन भारतीय वन अनुसंधान और शिक्षा परिषद् (ICFRE) के अंतर्गत कार्य करता है। इसकी स्थापना 1977 में की गई थी।

25. (3) वन अनुसंधान संस्थान (FRI) देहरादून, उत्तराखण्ड में स्थित है। यह भारतीय वन अनुसंधान और शिक्षा परिषद् का एक संस्थान है और भारत में वन अनुसंधान के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है। 1906 में स्थापित, यह संस्थान अपने प्रकार के पुराने संस्थानों में से एक है।

26. (1) मॉनसून शब्द अरबी शब्द 'मौसीम' से लिया गया था जिसका अर्थ है कि वर्ष के दौरान हवाओं का मौसमी उत्क्रमण होता है। पूरे भारत में एक उष्णकटिबंधीय मॉनसून जलवायु है, क्योंकि देश का सबसे बड़ा हिस्सा मॉनसून से प्रभावित होता है।

27. (1) आमतौर पर, ठंड का मौसम नवम्बर के मध्य में शुरू होता है और भारत में फरवरी तक जारी रहता है। भारत के दक्षिणी भाग में थोड़ा अधिक गर्म परिस्थितियाँ हैं और एक अच्छी तरह से परिभाषित सर्दियों के मौसम का अनुभव नहीं है। तटीय क्षेत्रों में लगभग पूरे वर्ष मध्यम तापमान होते हैं। सामान्य तौर पर, तापमान दक्षिण से उत्तर तक कम हो जाता है।

28. (3) मॉनसून की अवधि जून के शुरुआती से मध्य सितम्बर के बीच 100-120 दिनों के बीच है। अपने आगमन के समय के दौरान सामान्य वर्षा अचानक बढ़ जाती है और कई दिनों तक लगातार बढ़ती जाती हैं। यह मॉनसून के 'विस्फोट' के रूप में जाना जाता है, और पूर्व-मॉनसून वर्षा से अलग किया जा सकता है।

29. (3) अधिकतम वनआवरण (क्षेत्र के संदर्भ में) के साथ राज्य : मध्य प्रदेश (77,414 वर्ग किमी.) अरुणाचल प्रदेश (66,964 वर्ग किमी.) और छत्तीसगढ़ (55,547 वर्ग किमी.)

प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र के मामले में सबसे अधिक वनआवरण वाले राज्य: लक्षद्वीप (90.33%), मिजोरम (86.27%) और अंडमान निकोबार द्वीप समूह (81.73% है।

30. (2) भारत की जलवायु को व्यापक रूप से मॉनसून प्रकार के रूप में वर्णित किया गया है। मॉनसून अरबी शब्द 'मौसीम' से लिया जाता है, जिसका मतलब ऋतु होता है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र में भारत के कारण, अधिकांश बारिश होती है। भारत का मौसम दो मौसमी हवाओं से प्रभावित होता है-पूर्वोत्तर मॉनसून और दक्षिण पश्चिमी मॉनसून।

31. (4) पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढलान घने जंगलों से आच्छादित हैं क्योंकि पश्चिमी ढलान पूर्वी ढलानों की तुलना में बहुत भारी वर्षा करती है। मॉनसून के मौसम में नमी युक्त हवा पूर्व से पश्चिमी घाटों की ओर बढ़ती है।

32. (2) द्रास भारत का सबसे ठंडा स्थान है। यह शहर जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में स्थित है। यह कारगिल शहर और जोजी ला पास के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 1 (NH1) पर पड़ता है। इसे प्रसिद्ध रूप से 'गेटवे टू लद्दाख' कहा जाता है।

33. (4) बुग्याल अल्पाइन चरागाह भूमि या घास के मैदान हैं जो हिमालय क्षेत्र में उत्तराखंड में उच्च ऊंचाई में 3,300 मीटर से 4000 मीटर के बीच पाए जाते हैं। जहां उन्हें प्रकृति के अपने उद्यान कहा जाता है। इलाके की स्थलाकृति या तो समतल या ढलान है। इन बुग्यालों की सतह प्राकृतिक हरी घास और मौसमी फूलों से ढ़का रहता है।

34. (1) भारत में उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन 150 सेमी. से अधिक वर्षा तथा 15-30°C तापमान वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

- ये वन उत्तर-पूर्वी भारत, पश्चिमी घाट के कुछ भागों, हिमालय के निम्न श्रेणी जैसे भाबर (foothills), अंडमान निकोबार द्वीप समूह आदि में पाए जाते हैं।
- इन क्षेत्रों में जो वृक्ष पाए जाते हैं, उनके पत्ते प्रतिवर्ष नियमित रूप से नहीं झड़ते और इसके फलस्वरूप इन्हें सदाबहार वन कहा जाता है।
- इन वनों में पाए जाने वाले कुछ प्रमुख पेड़-पौधे हैं: सफेद देवदार, बेंत, बाँस आदि।

35. (3) कोरिंगा आंध्र प्रदेश का एक ज्वारीय मैंग्रोव वन है, जहां गोदावरी नदी बंगाल की खाड़ी में मिलती है।

- यह सुंदरबन के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।
- कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य का समुद्री तट ओलिव रिडले कछुओं का प्रजनन स्थल है।

36. (1) बाघमारा पिचर प्लांट अभयारण्य मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले में स्थित है।

- इसका नाम पिचर प्लांट (नेपेंथेस खासियाना) के नाम पर रखा गया है, जो एक दुर्लभ कीटभक्षी पौधा है।
- इस पौधे को बाघमारा अभयारण्य में संरक्षित और संरक्षित किया जा रहा है।
- गारो जनजाति द्वारा पिचर प्लांट को एक पवित्र पौधा माना जाता है।

37. (3) लक्षद्वीप तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह उष्णकटिबंधीय गर्म जलवायु के अंतर्गत आते हैं।

- यह आमतौर पर गर्म, आर्द्र होता है, रात में ठंडी समुद्री हवाएँ चलती हैं।
- दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान वे अनियमित वर्षा प्राप्त करते हैं।

TYPE–IV

1. (1) हरित क्रांति के समान 'नीली क्रांति' जल से संबंधित है, मुख्यत: नीली क्रांति से तात्पर्य जल संसाधनों के प्रबंधन, विशेषत: मछली उत्पादन से है। नीली क्रांति निवेश में वृद्धि, बेहतर प्रशिक्षण और बुनियादी ढाँचे के विकास के साथ मत्स्य क्षेत्र में परिवर्तन पर बल देती है।

2. (3) बाड़ बनाना, एकत्रित करना और ऊन कताई जैसी गतिविधियाँ भेंड़ पालन से संबंधित है। भेड़ों की संख्या की दृष्टिकोण से भारत का विश्व में छठा स्थान है। ये मुख्य रूप से ऊन तथा मांस के लिए पाली जाती है। भारतीय भेड़ों की नस्ल सुधारने के लिए उत्तम नस्ल मेरिनों भेड़ों (ऑस्ट्रेलिया) का आयात किया गया है। "हस्साडेल" और **"कोरियाडेल"** भारत की प्रमुख वर्णसंकर नस्ल है। हरियाणा के हिसार में केन्द्रीय भेड़ प्रजनन संस्थान है।

3. (4) तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961-66 ई॰) के अंतर्गत सरकार ने वह कृषि नीति बनाई जिसने हरित क्रांति को जन्म दिया। भारत में हरित क्रांति लाने का श्रेय डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को जाता है। भारत में हरित क्रांति की शुरुआत 1967-68 ई॰ में हुई। प्रथम हरित क्रांति के बाद 1983-84 ई॰ में द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत हुई, जिसमें अधिक अनाज उत्पादन, निवेश एवं कृषकों की दी जाने वाली सेवाओं का विस्तार हुआ। हरित क्रांति का सबसे अधिक प्रभाव गेहूँ और चावल की कृषि पर पड़ा है, परन्तु चावल की तुलना में गेहूँ के उत्पादन में अधिक वृद्धि हुई।

4. (2)

फसल	**पैदा करने वाला राज्य**
(a) चाय	2. असम
(b) ईख	3. उत्तर प्रदेश
(c) मूँगफली	4. गुजरात
(d) सेब	1. हिमाचल प्रदेश

5. (1) भारतीय कृषि में सहकारी खेती निम्न उत्पादकता का कारण नहीं है। सहकारी खेती मुख्यत: चीन, अफ्रीका के कुछ देशों में प्रचलित है। सहकारी कृषि पद्धति तरीका सबसे ज्यादा इजरायल में प्रचलित है। जिसमें उत्पादन पर राज्य का अधिकार होता है। जबकि किसानों को एक मुश्त तनख्वाह प्रदान की जाती है। भूमि पर भी सरकार का ही अधिकार होता है।
भारत में अधिक अनाज उत्पादन के प्रमुख कारण सरकार की कृषि विकास रणनीति थी। जिसके तहत, भूमिसुधार कार्यक्रम जिसमें हदबंदी, चकबंदी, काश्तकारी सुधार माध्यम थे। इसके अतिरिक्त हरित क्रांति पीलीक्रांति, सदाबहार, हरित क्रांति कार्बनिक खेती, जीरो फार्मिंग, अनुबंध कृषि, मेगाफूड पार्क, आदि परियोजना थी।

6. (1) जूट को 'ब्राउन पेपर' कहा जाता है। यह अल्यूवियल मिट्टी में उगाया जाता है। यह पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा उत्पादित होता है। इसी से ब्राउन पेपर बैग बनाए जाते हैं। इसे गोल्डन फाइबर भी कहा जाता है।

7. (2) संसार के प्राकृतिक रबड़ उत्पादकों में भारत का स्थान चौथा है। भारत की 90% अधिक रबड़ केरल राज्य में पैदा होती है। केरल में 348 हजार हेक्टेयर भूमि पर रबड़ के बागान हैं।

8. (2) दक्कन का पठार भारत में कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। दक्कन के पठार की लावा मृदा कपास के उत्पादन के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और सामान्यतया इसे काली कपास मृदा के रूप में जाना जाता है। दक्कन के पठार के केन्द्रीय भाग के विषय में यह विशेष रूप से सच है। इसके अंतर्गत महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक का भाग आता है।

9. (3) खरीफ फसलें या मॉनसूनी फसलें घरेलू फसलें हैं, जिन्हें दक्षिण एशिया में वर्षा (मॉनसून) ऋतु के दौरान बोया जाता है और फसल तैयार होने पर काट लिया जाता है। इसकी अवधि अप्रैल से अक्टूबर तक होती है। खरीफ फसलों को प्राय: दक्षिण- पश्चिम मॉनसून ऋतु के दौरान, जुलाई की पहली वर्षा आरंभ होने के साथ बोया जाता है और सितम्बर-अक्टूबर में काट लिया जाता है। बाजरा और चावल प्रमुख खरीफ फसलें हैं।

10. (1) भारत में अधिकतम कृषि योग्य क्षेत्र घेरने वाली फसल चावल है। खाद्यान्नों के अन्तर्गत भूमि का लगभग 1/3 भाग चावल के अन्तर्गत आता है।

11. (2) प्रश्नानुसार, भारतीय राज्यों में तमिलनाडु को चावल का कटोरा कहा जाता है। जबकि क्षेत्रीय रूप में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले को चावल का कटोरा कहा जाता है। तमिलनाडु में क्षेत्रफल के अनुसार उत्पादन अधिक होता है। जो 82. 46% है। उसी तरह छत्तीसगढ़ में चावल उत्पादन क्षेत्रफल की दृष्टि से 77% है। जिसका 97% चावल सिर्फ बस्तर जिले से प्राप्त होता है।

12. (3) कृषि उत्पादों की कोटि एग्मार्क द्वारा निर्धारित की जाती है। भारत में यह 1986 में स्थापित किया गया था। यह एक सर्टीफिकेशन मार्क है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कृषि उत्पाद बाजार में बिकने लायक है, इससे मानव स्वास्थ्य को कोई हानि नहीं होगी। केन्द्रीय एग्मार्क प्रयोगशाला नागपुर में स्थापित है।

13. (2) दक्षिण-पश्चिम मानसून के तत्काल बाद बोई गई फसल को खरीफ फसल कहते है। यह वर्षा काल की फसल है। जो जून-जुलाई में बोकर सितम्बर-अक्टूबर में काट ली जाती है। इसमें चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, जूट, मूँगफली, कपास, गन्ना, तम्बाकू, मूंग, उड़द, लोबिया आदि फसले आती है।

14. (1) यह किसी पर्वतीय या पठारी भागों में वनों को काटकर की जाने वाली अस्थायी कृषि पद्धति है। इस कृषि पद्धति से वन क्षेत्र का व्यापक विनाश होता है एवं उससे संबंधित पर्यावरणीय समस्या उत्पन्न हो जाती है। असम में इस प्रकार की खेती झूम के नाम से पुकारी जाती है।

15. (4) मिश्रित कृषि का तात्पर्य है पशुपालन एवं कृषि दोनों करना।

16. (2) भारत में दक्कन के पठारी क्षेत्रों में सर्वाधिक असिंचित खेती की जाती है। असिंचित क्षेत्र उसे कहते है जहाँ वर्षा कम होती है। इसलिए इस क्षेत्र में नहरी सिंचाई के अतिरिक्त तलाबी सिंचाई विधि अपनायी जाती है क्योंकि पठारी भागों में प्रीकैम्बियन काल के ज्वालामुखी कैल्डेरा से बने प्राकृतिक गड्ढे हैं जो वर्षा ऋतु में तालाब बन जाते हैं। इन्हीं तालाबों का प्रयोग सिंचाई में किया जाता है। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली को तालाबों का जिला भी कहा जाता है क्योंकि यहाँ लगभग 25,000 तालाब है।

17. (1) पहाड़ों के ढलानों पर सोपान कृषि की जाती है। यहाँ सीढ़ीदार खेतों का निर्माण किया जाता है। भारत में मुख्यत: उत्तर-पूर्वी राज्यों के पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी खेती की जाती है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में भी इस प्रकार की खेती प्रचलित है। इससे मृदा का अपरदन नहीं होता तथा चाय जैसी फसलों के लिए पानी जड़ो में नहीं रुकता। वनीकरण के द्वारा पहाड़ों में मृदा अपरदन को रोका जा रहा है।

18. (3) दालों का उत्पादन विविध तापक्रम, आर्द्रता और मृदा दशाओं में किया जाता है। देश में दालों के उत्पादन में मध्य प्रदेश (26.12%) उत्तर प्रदेश (18. 03%) महाराष्ट्र (12.67%) राजस्थान (10.18%) और आन्ध्र प्रदेश (7. 76%) राज्यों का प्रमुख स्थान है।

19. (1) अंतवर्ती या जायद की फसल उसे कहते है। जो हरे रूप में ही पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग हो जाती है। जैसे-मूंग, उड़द के पौधे, फलियाँ तोड़ने के बाद चारे के रूप में प्रयुक्त होती है। ज्वार-बाजरा भी पशुओं के चारे के रूप में प्रयुक्त होती है। जायद की रबी फसल और खरीफ फसल के बीच के समय में उगाई जाती है। इसलिए इसे अंतवर्ती फसल भी कहते हैं।

20. (2) HYV कार्यक्रम को भारत में नव कृषि नीति भी कहा जाता है। इस नयी नीति ने उन्नत बीजों के प्रयोग के कार्यक्रम पर अधिक जोर दिया गया।

21. (2) भारत के उत्तरी मैदानों की मृदा तलोच्चन द्वारा बनी है। मैदान का विस्तृत तलोच्चयन धरातल, हिमालय की नदियों द्वारा आर्रभिक गर्त के अनवरत भराव का परिणाम है।

22. (4) मॉनसूनी जलवायु के अन्तर्गत आर्द्र एवं शुष्क मौसम के क्रमिक परिवर्तनों के कारण शैलों में सिलिका पदार्थ पृथक् हो जाता है। शुष्क मौसम में ये मिट्टी सूखकर ईंट की भाँति सख्त हो जाती है।

23. (3) भारत में कपास की काली मिट्टी रेगड़, काली कपास की मिट्टी, ट्रॉपिकल ब्लैक अर्थ एवं ट्रॉपिकल चर्नोजेम आदि नामों से जाना जाता है।

24. (2) पश्चिमी राजस्थान की मृदा रेगिस्तानी मृदा की श्रेणी के अंतर्गत आती है जिनमें नाइट्रोजन और ह्यूमस की कमी होती है। इसमें कई प्रकार के लवण पाए जाते हैं; उदाहरणस्वरूप सोडियम, कैल्सियम, इत्यादि। लवणों की अधिकता के कारण यह मिट्टी कृषि के लिए उपयुक्त नहीं होती है।

25. (1) निक्षालन प्रक्रिया से अर्थ है– मृदा में रिसते हुए पानी द्वारा घुलनशील तत्वों का नीचे की परतों की ओर स्थानांतरण। इस प्रक्रम के अंतर्गत बनी मिट्टियों की उर्वरता कम होती है। लैटेराइट मृदा में निक्षालन देखने को मिलता है। लैटेराइट मिट्टी उच्च तापमान और अत्यधिक वर्षा की स्थिति में बनती है। निक्षालन के कारण उनकी उर्वरता काफी कम होती है।

26. (4) भारत में चाय का उत्पादन करने वाले राज्यों में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु केरल और कर्नाटक प्रमुख हैं। भारत में सर्वाधिक चाय उत्पादन करने वाले राज्यों में असम प्रथम स्थान पर है तत्पश्चात् पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु क्रमश: दूसरे एवं तीसरे स्थान पर आते हैं।

27. (1) स्वतंत्रता के समय भारतीय किसान जीवन निर्वाह (Subsistence) योग्य कृषि करते थे, वे केवल इतना ही उत्पादन करते थे जिससे उनका भरण-पोषण या गुजारा हो सके। आजादी के बाद खाद्य और नकदी फसलों की आपूर्ति में वृद्धि दर्ज की गई जिसकी शुरुआत 1960 के दशक में हरित क्रांति से हुई।

28. (4) भारत में कॉफी उत्पादन के लिए दक्कन का पठार एक आदर्श और उपयुक्त स्थान माना जाता है। भारत में कॉफी का उत्पादन विशेष रूप से दक्षिण भारत के तीन क्षेत्रों कर्नाटक, केरल, और तमिलनाडु में किया जाता है। ये तीनों राज्य भारत के प्रमुख कॉफी उत्पादक राज्य हैं।

29. (1) वर्ष 2013-14 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में लोगों को कुल रोजगार (2011 की जनगणना के अनुसार) प्रदान करने में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 54.6% है। हालांकि वर्ष 2013-14 (अंतरिम अनुमान) में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान केवल 13.9% और 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इसका योगदान केवल 15.2% था।

30. (3) भारत में केसर उत्पादक राज्यों की सूची में जम्मू-कश्मीर शीर्ष स्थान पर है। श्रीनगर के निकट स्थित पम्मपोर केसर की उच्च किस्मों के लिए पूरे विश्व में विख्यात् है। केसर छोटे पैमाने पर किश्तवाड में भी उगाया जाता है।

31. (3) महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गुजरात और बिहार प्याज के प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। प्याज के कुल उत्पादन में 27.72% योगदान के साथ महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है। नासिक, अहमदनगर, पुणे और सतारा महाराष्ट्र के प्रमुख प्याज उत्पादक जिलों में शामिल हैं।

32. (1) केरल नारियल, रबड़, काली मिर्च, इलायची, अदरक, काजु, सुपारी, कॉफी आदि जैसे वाणिज्यिक पौधरोपण फसलों का प्रमुख उत्पादक है। ''केरल'' का शाब्दिक अर्थ नारियल ताड़ होता है। भारत में नारियल थोक मात्रा में केरल में होता है। इसी तरह यह भारत में काली मिर्च एवं प्राकृतिक रबड़ का भी सबसे बड़ा उत्पादक है।

33. (3) उत्तर प्रदेश वर्ष 2012-13 के दौरान गेहूँ का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य था। वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान उत्तर प्रदेश ने 30301.942 हजार टन गेहूँ का उत्पादन किया। वर्ष 2013-14 के दौरान भी उत्तर प्रदेश गेहूँ उत्पादन में प्रथम स्थान पर रहा।

राज्य	उत्पादन, हजार टन में
उत्तर प्रदेश	30301.942
पंजाब	16591
मध्य प्रदेश	13133.4
हरियाणा	11117
राजस्थान	9275.472552
बिहार	5357.20482
गुजरात	2944
महाराष्ट्र	1181
पश्चिम बंगाल	895.93
उत्तराखण्ड	858.23

34. (1) लैटेराइट मृदा भारत के उन क्षेत्रों में पाई जाती है जहाँ वैकल्पिक रूप से शुष्क और नम-अवधि के साथ भारी वर्षा होती है। इस प्रकार की मृदा पाए जाने वाले राज्यों में पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, बिहार, मेघालय, असम और ओडिशा शामिल हैं। आयरन ऑक्साइड्स की उपस्थिति के कारण यह मृदा गुलाबी रंग की होती है।

35. (3) भारत में लाल मृदा दक्कन के पठार के पूर्वी और दक्षिणी भागों में कम वर्षा वाले क्षेत्रों में क्रिस्टलीय आग्नेय शैलों पर विकसित होती है। पश्चिमी घाट के पूर्वी ढालों के साथ-साथ ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्यवर्ती गंगा के मैदान के दक्षिणी भागों में इस मृदा की प्रचुरता पाई जाती है। क्रिस्टलीय और कायान्तरित शैलों में लौह तत्त्व के अधिक प्रसार के कारण मृदा का रंग लाल होता है।

36. (2) झारखण्ड **'लाख'** का प्रमुख उत्पादक है, इसके बाद छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र का स्थान आता है। लाख मुख्यत: लाख कीटों की कई प्रजातियों द्वारा स्रावित लाल रालदार स्राव है। केरिया लाखा लाख उत्पादन के लिए प्रयुक्त एक सामान्य लाख प्रजाति का कीट है।

37. (2) लैटेराइट मृदा केरल के अधिकांश क्षेत्रों को कवर करती है। यह मृदा केरल राज्य के कुल क्षेत्रफल के 65% क्षेत्र को कवर करती है। यह मृदा केरल की मध्य-भूमि और मध्य-उच्चभूमि के अधिकांश भागों में फैली हुई है। यह केरल में पाये जाने वाले मृदा समूहों का सबसे विस्तृत रूप है।

38. (3) खरीफ फसल का मौसम जुलाई- अक्टूबर में दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून के दौरान होता है और रबी का मौसम अक्टूबर- मार्च (सर्दियों) से होता है। खरीफ की फसलों में चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा/रागी (अनाज), अरहर (दालें), सोयाबीन, मूंगफली (तिलहन), कपास आदि शामिल हैं। रबी फसलों में गेहूँ, जौ, जई (अनाज), चना / ग्राम (दालों), अलसी, सरसों (तिलहन) आदि शामिल हैं।

39. (2) कुल उत्पादन में लगभग 70% योगदान के साथ केरल देश के इलायची उत्पादन का सबसे बड़ा अंशदाता है। इलायची उत्पादन में कर्नाटक का योगदान लगभग 20% और शेष योगदान तमिलनाडु का है। केरल में इलायची का उत्पादन करने वाले प्रमुख जिलों में उडुमबन्चोल तालुक, पीरेमेडु तालुक और देविकुलम तालुक शामिल हैं। विश्व में (वर्तमान में) ग्वाटेमाला इलायची का सबसे बड़ा उत्पादक है, इसके बाद भारत और तंजानिया का स्थान आता है।

40. (1) भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्र 329 मिलियन हेक्टेयर है। इनमें से 195 मिलियन हेक्टेयर सकल फसली क्षेत्र है और 141 मिलियन हेक्टेयर शुद्ध बोया क्षेत्र है। दूसरी ओर, शुद्ध सिंचित क्षेत्र केवल 65.3 मिलियन हेक्टेयर है।

41. (2) खरीफ फसल का मौसम अप्रैल से अक्टूबर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान और रबी फसल का मौसम अक्टूबर-मार्च (सर्दी) से होता है। मार्च और जून के बीच उगाई जाने वाली फसलें ग्रीष्मकालीन फसलें है। खरीफ फसलों में चावल, मक्का, ज्वार, मोती बाजरा/बाजरा, उंगली बाजरा/ रागी (अनाज), अरहर (दालें), सोयाबीन, मूंगफली (तिलहन), कपास आदि शामिल हैं।

42. (3) भारत में, खेती को स्थानांतरित करते हुए, खेती के आदिम रूप को मध्य प्रदेश में 'बेवर' या 'दहिया', आंध्र प्रदेश में 'पोडु' या 'पेंदा', ओडिशा में 'पमा दबी' या 'कोमन' या 'लाया' कहा जाता है। पश्चिमी घाटों में 'कुमारी', दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में 'वालरे' या 'वाल्ट्रे', हिमालयन बेल्ट में 'खढिल', झारखंड में 'कुरुवा' और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 'झुममिंग' कहा जाता है।

43. (4) आंध्र प्रदेश अभ्रक (Mica) का सबसे बड़ा उत्पादक है। आंध्र प्रदेश का नेल्लोर जिला अपने अभ्रक (क्रूड) उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी ओर, अभ्रक (अपशिष्ट और स्क्रैप) का उत्पादन बड़े पैमाने पर आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार और झारखंड राज्यों द्वारा किया जाता है।

44. (1) पश्चिम बंगाल भारत में जूट का सबसे बड़ा जूट उत्पादक राज्य है। भारत विश्व का सबसे बड़ा जूट उत्पादक देश है। विश्व का लगभग 60% जूट भारत में ही उत्पादित होता है, जो 11494 हजार गांठ वार्षिक अनुमानित है।

45. (4) रजत क्रांति भारत में कपास उत्पादन में भारी वृद्धि से जुड़ी है। इसका नाम रजत जैसे रेशे के रूप से लिया गया है। इसी तरह, गोल्डन फाइबर क्रांति जूट से संबंधित है।

46. (2) हल्की काली एवं दलदली मिट्टी ,में जैविक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। यह मिट्टी बड़े पैमाने पर कार्बनिक पदार्थों के संचय के परिणामस्वरूप आर्द्र क्षेत्रों में पायी हैं। ये मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में नहीं पाए जाते हैं। ये मृदा आमतौर पर बारिश के मौसम में पानी में डूब जाते हैं और बाद में धान की खेती के लिए उपयोग किए जाते हैं। ये ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल के सुंदरबन, बिहार, उत्तराखंड, आदि के तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

47. (3) हरित क्रांति गेहूँ के उत्पादन से संबंधित है।

- हरित क्रांति की शुरुआत 1965 में भारतीय कृषि में उच्च उपज वाले किस्म (HYV) के बीज से हुई।
- हरित क्रांति के जनक के भारतीय आनुवंशिकीविद् एम एस स्वामीनाथन ने हरित क्रांति की शुरुआत की।

क्रांति		**से संबंधित**
● हरित	:	खाद्यान्न उत्पादन
● स्वर्ण	:	फलों का उत्पादन
● धूसर	:	उर्वरक उत्पादन
● नीली	:	मछली उत्पादन
● काली	:	पेट्रोलियम उत्पादन
● गुलाबी	:	झींगा उत्पादन
● गोल	:	आलू का उत्पादन
● लाल	:	मांस/टमाटर का उत्पादन
● रजत	:	अंडा/कुक्कुट उत्पादन
● श्वेत	:	दूध उत्पादन
● पीली	:	तेल बीज उत्पादन

48. (1) पंजाब और हरियाणा क्षेत्रों को भारत की 'रोटी की टोकरी' माना जाता है।

- पंजाब को 'भारत के अन्न भंडार' के रूप में भी जाना जाता है।
- इस क्षेत्र से होकर बहने वाली सिंधु की पाँच सहायक नदियों के कारण पंजाब सबसे उपजाऊ जगह है।
- पंजाब भारत में उत्पादित कुल अनाज का लगभग 12 प्रतिशत उत्पादन करता है।
- पश्चिम बंगाल को भारत का 'चावल का कटोरा' कहा जाता है।

49. (4) दक्षिण एशिया में वर्षा (मानसून) के मौसम के दौरान खरीफ फसलों या मानसून की फसलों की खेती और कटाई की जाती है, जो अप्रैल और अक्टूबर के बीच रहती है। सामान्य खरीफ फसलें चावल, बाजरा (बाजरा और ज्वार), मक्का, मूंगफली, लाल मिर्च, कपास, सोयाबीन, गन्ना, आदि हैं। प्रमुख रबी फसलें गेहूँ, मटर, चना, जौ, सरसों, आदि हैं।

50. (2) मूंगफली फसल सर्वेक्षण 2018 के अनुसार, 20,84,780 मीट्रिक टन के कुल उत्पादन के साथ गुजरात भारत में मूंगफली का सबसे बड़ा उत्पादक था। गुजरात ने राजस्थान (11,26,206 मीट्रिक टन; 21.6%), आंध्र प्रदेश (5,82,972 मीट्रिक टन; 11.2%), कर्नाटक (2,87,178 मीट्रिक टन; 5.5%) और महाराष्ट्र (2,66,162 मीट्रिक टन; 5.12%) के बाद राष्ट्रीय उत्पादन में 40.1% का योगदान दिया।

51. (4) लाल लेटराइट मिट्टी काजू उगाने के लिए उपयुक्त होती है।

- चाय और कॉफी उगाने के लिए भी यह मिट्टी बहुत उपयोगी है।
- इसके अलावा, लाल रेतीली दोमट और तटीय रेत भी काजू के लिए उपयुक्त होते हैं।

52. (3) होराइजन ए मिट्टी में तीन परतें होती हैं जिन्हें होराइजन (horizon) कहा जाता है।

- 'होराइजन (होरिजन) ए' सबसे ऊपरी क्षेत्र है, जहाँ कार्बनिक पदार्थ एवं खनिज पदार्थ, पोषक तत्वों और पानी के साथ मिल जाते हैं, जो पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक होता है।
- 'होराइजन बी' 'होराइजन ए' और 'होराइजन सी' के बीच एक संक्रमण क्षेत्र है जिसमे ऊपरी और निचली क्षेत्रों से प्राप्त पदार्थ शामिल होते हैं।
- 'होराइजन सी' चट्टानों का एक कठोर और बड़ा तल है। इसे मिट्टी के रूप में नहीं माना जाता है क्योंकि इसे कुदाल से नहीं खोदा जा सकता है।

53. (2) मक्का एक ऐसी फसल है जिसका उपयोग भोजन और चारे दोनों के रूप में किया जाता है।

- यह एक खरीफ फसल है जिसके लिए 21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान की आवश्यकता होती है।
- यह पुरानी जलोढ़ मिट्टी में अच्छी तरह से बढ़ता है।

54. (1) ज्वार एक मोटा फसल है जो मध्य और दक्षिण भारत के अर्ध-शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।
- बाजरा, एक अन्य मोटे फसल का प्रकार है जो उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी भारत की गर्म और शुष्क जलवायु वाली परिस्थितियों में बोई जाती है।
- अकेले महाराष्ट्र देश के कुल ज्वार उत्पादन का आधे से अधिक उत्पादन करता है।

55. (1) काजू के लिए लाल रेतीली दोमट, लैटेरिटिक मिट्टी और थोड़ा अम्लीय पीएच वाली तटीय रेत सबसे अच्छी होती है।
- लाल लैटेराइट मिट्टी चाय और कॉफी उगाने के लिए भी बहुत उपयोगी होती है।

56. (4) आदिम निर्वाह कृषि को झूम कृषि या स्थानान्तरण कृषि के रूप में भी जाना जाता है।
- पश्चिमी घाट के लोग स्थानान्तरण कृषि विधि को कुमारी के रूप में पहचानते हैं।

TYPE–V

1. (3) आम बोलचाल की भाषा में सूर्योदय उद्योग (सनराइज इंडस्ट्री) शब्द का प्रयोग किसी ऐसे क्षेत्र या व्यवसाय के लिए किया जाता है जो अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन तेजी से विकास कर रहा है। सनराइज इंडस्ट्री की पहचान विशिष्टत: अधिक विकास दर, स्टार्ट अप्स की अधिक संख्या और जोखिमपूर्ण पूँजी के निधिकरण की प्रचुरता से की जाती है। इस शब्द का प्रयोग अधिकांशत: सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के संदर्भ में किया जाता है जिसने हाल के समय में बहुत तेज गति से वृद्धि दर्ज की है।

2. (4) कोयला भारत में विद्युत का सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत है। देश का लगभग 85% ताप विद्युत उत्पादन कोयले पर आधारित है, भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता में ताप विद्युत संयंत्रों का योगदान 65% से अधिक है। देश में उत्पादित लगभग 72% कोयले का उपभोग विद्युत क्षेत्र द्वारा किया जाता है।

3. (3) माइका के उत्पादन में भारत विश्व में पहले स्थान पर है।

4. (2) परमाणु ऊर्जा आयोग द्वारा जुलाई, 2011 में की गई घोषणा के अनुसार तुम्मलपल्ली में यूरेनियम के बड़े भंडार पाए गए हैं। तुम्मलपल्ली आंध्रप्रदेश राज्य में स्थित है।

5. (4) देश में कुल स्वर्ण उत्पादन का लगभग 98% अकेले कर्नाटक राज्य के कोलार तथा हट्टी की स्वर्ण खानों से प्राप्त किया जाता है।

6. (3) ठोस अपशिष्ट से तात्पर्य ठोस या अर्ध ठोस, अविलेय सामग्री जैसे कृषि से प्राप्त होने वाला कूड़ा-कचरा, तोड़-फोड़ से उत्पन्न अपशिष्ट पदार्थ, औद्योगिक अपशिष्ट, खनन अवशेष, नगर-निगम के कूड़े-कचरे और मलजल कीचड़ से है। यह मुख्यत: विनिर्माण प्रक्रिया जैसे फैक्टरियों, उद्योगों, कारखानों और खनन परिचालनों का परिणाम है। विनिर्माण द्वारा उत्पादित ठोस अपशिष्ट के कुछ उदाहरण हैं: रासायनिक विलायक, पेन्ट, रेगमाल, कागज उत्पाद, औद्योगिक गौण उत्पाद, धातु और रेडियोधर्मी अपशिष्ट।

7. (2) भारत में **'कृष्ण क्रांति'** मुख्यत: अपरिष्कृत पेट्रोलियम के उत्पादन से संबंधित है। यह मूलत: 1970 के दौरान देश में अपरिष्कृत तेल के उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से संबंधित है।

8. (2)

(i) हजारी बाग	d. अभ्रक
(ii) नेवेली	c. भूरा कोयला
(iii) झरिया	a. कोयला
(iv) राउरकेला	b. लोहा

9. (4) सबसे पुरानी चालू परिष्करण शाला (रिफायनरी) टेक्सास में है। जो 1934 में ही बन गई थी। टेक्सॉस अमेरिका का एक राज्य है। जो गालवेस्टॉन की खाड़ी में स्थित है।

10. (1) मणिकरण गर्म झरनों के लिए प्रसिद्ध है जो पृथ्वी की भू-पर्पटी से उठने के परिणामस्वरूप भू-तापीय रूप से तापित भूमिगत जल के आविर्भाव द्वारा उत्पन्न होते हैं। गैर-ज्वालामुखीय क्षेत्रों में गर्म झरनों का जल इसी रीति से गर्म होता है। यहाँ एक प्रायोगिक भू-तापीय ऊर्जा संयंत्र की भी स्थापना की गई है।

11. (4) असम राज्य में 4 रिफायनरियाँ (परिष्करणशाला) है।
1. डिग्बोई - (IOCL) के संरक्षण में
2. बोगईगाँव - (इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड - (IOCL) के संरक्षण में
3. गुवाहाटी - (IOCL) के संरक्षण में
4. प्रमालीगढ़ - (नुमालीगढ़ रिफायनरी लिमिटेड के सरंक्षण में कार्यरत है।)

12. (4) भारत के प्रमुख आयरन और स्टील उद्योग नागपुर पठार में स्थित है। जो भारत के रूर प्रदेश में स्थित है। जहाँ विभिन्न खनिज संसाधनों के विशाल भंडार है। लोहा, कोयला, मैगनीज, ताँबा, बॉक्साइट, यूरेनियम आदि खनिज यहाँ पर्याप्त यात्रा में मिलते हैं। दामोदर घाटी, स्वर्णरेखा परियोजना आदि से इस क्षेत्र को बिजली मिलती है। यही कारण है कि इन प्रदेशों में खनिज आधारित उद्योग लगाए गए है तथा छोटा नागपुर पठार भी जनजातियों से यहाँ सस्ते श्रम की उपलब्धता हो जाती है।

13. (3) औद्योगिक एल्कोहॉल (शराब) निर्माण के लिए शीरा प्रमुख उत्पाद है। जो चीनी (Sugar) और मंड (स्टार्च) से बनाया जाता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में एथिल भी कहा जाता है। कुछ अनाजों जौ, गेंहूँ, आलू आदि से भी इसका निर्माण होता है। अँगूर, महुआ, कोको आदि भी इसमें कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होते है।

14. (3) राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला पुणे (महाराष्ट्र) में स्थित है। इसकी नींव 6 अप्रैल, 1947 को रखी गई थी तथा 3 जनवरी, 1950 में इसे राष्ट्रीय संस्थान का दर्जा प्राप्त हो गया।

15. (*) गुजरात में भुज के निकट माधापुर में स्थित सौर संयंत्र अब तक भारत का सबसे बड़ा सौर विद्युत संयंत्र था। इसका प्रयोग दूध के डिब्बों को रोगाणु रहित करने हेतु किया जाता था। हालाँकि, वर्तमान में, तमिलनाडु के कामुती (Kamuthi) में स्थित सौर विद्युत संयंत्र भारत का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा सौर संयंत्र भी है। 648 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता वाले इस संयंत्र में 2. 5 मिलियन विशिष्ट सोलर मॉड्युल समाविष्ट हैं। इसने मध्य प्रदेश के नीमच के भगवानपुर में स्थित 130 मेगावाट की क्षमता वाले सौर विद्युत संयंत्र का स्थान ग्रहण करते हुए, भारत में सबसे बड़े सौर विद्युत संयंत्र होने की उपलब्धि प्राप्त की (स्रोत : भारत का सबसे बड़ा सौर विद्युत संयंत्र मध्य प्रदेश में, मोदी ने इसे 'केसरिया क्रांति' की संज्ञा दी, द हिन्दू, 26 फरवरी, 2014, विश्व का सबसे बड़ा सौर विद्युत संयंत्र अब हमारे देश में, द हिन्दुस्तान टाइम्स, 7 दिसम्बर, 2016)।

सर्वश्रेष्ठ विकल्प : (3) माधापुर

16. (1) सिडो (SIDO) से तात्पर्य लघु उद्योग विकास संगठन से है। यह लघु स्तर के उद्योगों के विकास और प्रोत्साहन के लिए नीतियों और कार्यक्रमों का प्रतिपादन, समन्वयन और निरीक्षण करने वाली नोडल एजेंसी तथा शीर्ष निकाय है। फोर्ड फाउंडेशन की सिफारिशों के आधार पर इसकी स्थापना 1954 में की गई थी।

17. (3) बांग्लादेश जूट उत्पादन में भारत का प्रतिद्वंदी देश माना जाता है। विश्व का 85% जूट उत्पादन बांग्लादेश के गंगा डेल्टा क्षेत्र में होता है। भारत के पश्चिम बंगाल में जूट का उत्पादन होता है। जूट को वेजीटेबल फाइवर कहा जाता है। यह एल्यूवियल प्रकार की मिट्टी में होता है।

18. (2) मदुरै को दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है। यह तमिलनाडु राज्य में वैगई नदी के किनारे स्थित है। यहाँ कपास की खेती होती है तथा टैक्सटाइल उद्योग प्रमुख रूप से विकसित है तथा सूती कपड़ो का उत्पादन यहाँ सबसे ज्यादा होता है।

19. (4) यह कारखाना जमशेदपुर के पास सुवर्ण रेखा और खरकई नदियों के संगम पर कोलकाता से 240 किमी. उत्तर-पश्चिम कोलकाता नागपुर रेलमार्ग के सहारे झारखंड के सिंहभूम जिले में स्थित है। यह निजी क्षेत्र का एकमात्र स्टील संयंत्र है।

20. (3) (a) तिरुचिरापल्ली — 3. हेवी इलेक्ट्रॉनिक उद्योग
(b) विशाखापत्तनम — 4. जहाज निर्माण
(c) आवडी — 2. टैंक फैक्टरी
(d) चितरंजन — 1. लोकोमोटिव

21. (2) सबसे बड़ी यूरेनियम खानें (तुमलापल्ली, आंध्र प्रदेश) में मिली हैं।

22. (3) इण्टीग्रल कोच फैक्टरी, पेरंम्बूर (ICF) चेन्नई मद्रास के निकट 1955 में स्विस सहयोग से सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित की गयी। यहाँ विविध प्रकार के कोच (वातानुकूलित, विद्युत तथा डीजल रेल, कार आदि) तैयार किये जाते हैं।

23. (4) देश का प्रथम कारखाना सिंदरी (बिहार) में 1951 में स्थापित किया गया। द्वितीय कारखाना 1956 में नंगल (पंजाब) में स्थापित किया गया।

24. (3) मोनोजाइट बालू में यूरेनियम पाया जाता है। मोनाजाइट बालू मुख्यत: मालाबार तट पर मिलती है।

25. (2) होसपेट कोलार एवं हट्टी की सोने की खाने कर्नाटक राज्य में स्थित है।

26. (3) विशाखापट्टनम स्टील प्लांट जिसे विजाग स्टील (vizag steel) के नाम से भी जाना जाता है। समुद्र तट पर स्थित देश का प्रथम एकीकृत (Integrated) स्टील प्लांट है। 1971 में स्थापित, यह भारत में सर्वाधिक इस्पात (steel) का उत्पादन करने वाला संयंत्र है। यह भारत का ही नहीं अपितु एशिया माइनर का भी सबसे बड़ा सिंगल साइट इस्पात संयंत्र है।

27. (4) दामोदर घाटी में कोयला सबसे ज्यादा पाया जाता है। देश में इसे कोयला के प्राथमिक केन्द्र के रूप में जाना जाता है। कुछ महत्वपूर्ण कोयला घाटी-झरिया, रानीगंज, पश्चिमी बोकारो, पूर्वी बोकारो, रामगढ़, दक्षिणी कर्णपुरा तथा उत्तरी कर्णपुरा है।

28. (3) ओडिशा का कोरापुट बॉक्साइट और चूना पत्थर खदानों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त, इस जिले में चीनी मिट्टी नेफलीन साइनाइट, सोना, काली और रंग-बिरंगी चट्टान (जिसे सजावटी पत्थर के रूप में नामित किया जाता है) भी पाई जाती है। कोरापुट का दमनजोड़ी नेशनल एल्युमिनियम कंपनी की (NALCO) यूनिट का घर है।

29. (3) तलचर कोयला क्षेत्र ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वे के अनुसार भारत में सर्वाधिक 38.65 बिलियन टन कोयला तलचर कोयला क्षेत्र में आरक्षित है। यह कोयला क्षेत्र महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधीन है।

30. (2) गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान देश में लगभग 96 प्रतिशत से अधिक नमक का उत्पादन करते हैं। देश के कुल नमक उत्पादन में गुजरात का योगदान 76.7 प्रतिशत है। तमिलनाडु और राजस्थान का योगदान क्रमश: 11.16 प्रतिशत और 9.86 प्रतिशत है।

31. (*) कोई भी विकल्प सही नहीं है।
टाटा आयरन और इस्पात कंपनी (TISCO) की स्थापना दोराबजी टाटा ने 25 अगस्त, 1907 को जमशेदपुर, बिहार में की थी। यद्यपि वर्तमान में यह झारखंड में स्थित है। कंपनी ने 2005 में अपना नाम टिस्को से बदलकर टाटा स्टील कर लिया।

32. (3) नरौरा परमाणु विद्युत केन्द्र (NAPS) उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के नरौरा में स्थित है। यह भारत के उत्तरी पावर ग्रिड को विद्युत आपूर्ति करता है। नरौरा पामाणु विद्युत केन्द्र की दो विद्युत इकाईयाँ (PHWRs) है।

33. (2) भारतीय ताप विद्युत संयंत्र अपने वैश्विक समकक्षों की तुलना में जल का सर्वाधिक उपभोग करने वाले संयंत्रों में से एक है। औसतन, प्रत्येक 1000 किलो वाट (Kwh) शक्ति के लिए भारतीय ताप विद्युत संयंत्र (TPP) अधिक से अधिक 80 क्यूबिक मीटर जल का उपभोग करता है। यह भारत में प्रयुक्त औद्योगिक जल का 87.87% उपभोग करता है।

भारत में प्रयुक्त औद्योगिक जल	
क्षेत्र	**उपभुक्त जल का प्रतिशत**
ताप विद्युत संयंत्र	87.87
इंजीनियरिंग	5.05
लुगदी और कागज	2.26
वस्त्र-उद्योग	2.07
इस्पात	1.29
चीनी	0.49
उर्वरक	0.18
अन्य	0.78
कुल	100.00

34. (2) ओडिशा में स्थित कोरापुट, हिन्दुस्तान ऐरोनोटिक्स लिमिटेड (HAL) के इंजन डिविजन के रूप में प्रसिद्ध है। यह भारत सरकार का सुरक्षा उद्यम है। यह उद्यम एमआईजी और सुखोई लड़ाकू वायुयानों के लिए इंजन का निर्माण करता है।

35. (2) लिग्नाइट का राज्यवार वर्गीकरण दर्शाता है कि लिग्नाइट का सबसे बड़ा स्रोत तमिलनाडु में स्थित है। इसके बाद राजस्थान, गुजरात, पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर, केरल और पश्चिम बंगाल का स्थान आता है। भारत में लगभग 75 प्रतिशत लिग्नाइट का उत्पादन तमिलनाडु के नवेली में होता है।

36. (3) राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र (आर- एपीएस) राजस्थान में चित्तौडगढ़ जिले के रावतभाटा में स्थित है। 16 दिसम्बर, 1973 से चालू यह संयंत्र भारतीय परमाणु विद्युत निगम द्वारा संचालित किया जाता है। वर्तमान में, 1,180 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता के साथ आरएपीएस की छ: दाबानुकूलित भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) इकाईयाँ परिचालन में हैं।

37. (3) बॉम्बे हाई (पश्चिमी अपतटीय तेल क्षेत्र), डिगबोई (ब्रह्मपुत्र घाटी) और कृष्णा-गोदावरी डेल्टा (पूर्वी अपतटीय तेल क्षेत्र) भारत के महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र हैं। कावेरी डेल्टा में पेट्रोलियम भी खोजा गया है।

38. (3) विश्व में थोरियम के प्रचुर भंडारों में से एक केरल के बीच सैन्ड में अंतर्विष्ट है। थोरियम को 'भारत का महत्त्वपूर्ण नाभिकीय ईंधन' के रूप में भी जाना जाता है। यह खनिज में अंतर्विष्ट एक रेडियोधर्मी पदार्थ है जिसे मोनाजाइट कहते हैं। विश्व का समृद्ध मोनाजाइट भंडार केरल के पालघाट और कुइलॉन जिले में विस्तृत बीच सैन्ड में पाया जाता है।

39. (4) भारत में, अभ्रक (mica) समूह 34 फिलोसिलिकेट खनिजों का प्रतिनिधित्व करता है जोकि एक स्तरित या प्लैटिक संरचना दर्शाते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण अभ्रक वाले पेगमैटाइट्स आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना में पाए जाते हैं। गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से भी अभ्रक पेगमैटाइट्स के प्राप्त होने की जानकारी मिली है।

40. (3) ओडिशा देश का सबसे बड़ा उत्पादक है जो अखिल भारतीय देश में 2017 लौह अयस्क उत्पादन में 191 लाख टन के उत्पादन के लिए 102 मिलियन टन का योगदान का अनुमान है 2014 के बाद से लगातार दो वर्ष के लिए तेजी से बढ़ती बाद FY18 में प्रतिशत 15 गिर जाता है 15 ओडिशा में सात कामकाजी खानों को बंद करने के रूप में।

41. (1) नूनमाटी रिफाइनरी नूनमाटी (गुवाहाटी के पास) में स्थित है। यह भारतीय तेल निगम की स्वामित्व वाली रिफाइनरी है। इसमें 1962 में उत्पादन शुरू किया

गया था। यह मोरन और नहरकटिया तेल क्षेत्रों से कच्चे माल को परिष्कृत और संसाधित करता है।

42. (4) सेलूलोज रेशे, सेलूलोज के ईस्टर या ईथर से बने रेशे हैं, जिन्हें पौधों की छाल, लकड़ी या पत्तियों, या पादप-आधारित सामग्री से प्राप्त किया जा सकता है। प्राकृतिक सेलूलोजिक रेशे में कपास, फ्लैक्स, सन, जूट, इत्यादि सम्मिलित होते हैं। सेलूलोज रेशे का उपयोग मुख्यत: रासायनिक फिल्टर और रेशा प्रबलन समेकन के रूप में वस्त्र उद्योग में किया जाता है।

43. (3) खनिज तेल या पेट्रोलियम अपनत (anticlines) और भ्रंश जाल (fault trap) में मिलता है। भारत में यह अवसादी चट्टानों में पाए जाते हैं। ऐसे स्थान अधिकांशत: असम, गुजरात और पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में पड़ते हैं। पठारी क्षेत्र प्राचीन भूपटल के कवच हैं जिनका निर्माण पूर्व कैम्ब्रियन युग के दौरान हुआ था। पठार सामान्यत: खनिज तेल भंडार से रहित होते हैं।

44. (4) ओडिशा के मयूरभंज में स्थित बादाम पहाड़ की खदानें सोने और लोहे के अयस्क के खनन के लिए प्रसिद्ध हैं। बादाम पहाड़ में लोहे के उच्च श्रेणी के हेमेटाइट के अयस्क पाए जाते हैं। हेमेटाइट क्वार्टजाइट पूर्व में मयूरभंज से लेकर बादाम पहाड़ से गोरुमहिसानी तक की पहाड़ियों की एक शृंखला बनाती है। । इस लौह अयस्क रेंज में लौह अयस्क की भारी मात्रा मौजूद है।

45. (3) जादुगुड़ा खदान भारत के झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले के जादुगुड़ा गांव में स्थित एक यूरेनियम खदान है। यह भारत का प्रथम यूरेनियम खदान थी जिसके खनन की शुरुआत 1967 में हुआ। इसे 1951 में खोजा गया था।

46. (4) झारखंड के झारिया कोलफील्ड में भारत में सबसे बड़ा कोयला भंडार है, जो कि 19.4 अरब टन कुकिंग कोलार अनुमानित हैं। कोयला क्षेत्र दामोदर नदी घाटी में है और लगभग 280 वर्ग किमी क्षेत्र है और कोक के लिए उपयुक्त बिटुमिनस कोयले का उत्पादन करता है। भारत के कोयले के अधिकांश झारिया से आता है।

47. (2) खुर्जा पॉटरी उत्तर प्रदेश राज्य के बुलंदशहर जिले के खुर्जा में निर्मित भारतीय मिट्टी के पारंपरिक बर्तनों का काम है। खुर्जा पॉटरी को भौगोलिक संकेतक के तौर पर ट्रिप्स (ट्रेड रिलेटेड एडपेक्ट्स ऑफ इंटेलेक्टुअल प्रोपर्टी राइट्स) (TRIPS) के समझौते के तहत संरक्षित किया गया है।

48. (3) आठ मूल उद्योग बिजली, इस्पात, रिफाइनरी उत्पाद, कच्चे तेल, कोयला, सीमेंट, प्राकृतिक गैस और उर्वरक हैं।

- आठ मूल इंडस्ट्रीज का सूचकांक सीएसओ द्वारा जारी एक मासिक उत्पादन सूचकांक है।
- इसे मासिक औद्योगिक प्रदर्शन का प्रमुख संकेतक भी माना जाता है।
- आठ मुख्य उद्योग का आधार वर्ष 2011-12 है।

49. (4) आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में तुम्मलापल्ले यूरेनियम खदान के लिए प्रसिद्ध है। इसे विश्व में यूरेनियम के सबसे बड़े भंडार में से एक माना जाता है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अनुसार, तुम्मलापल्ली में 85,000 टन यूरेनियम भंडार है जो इसे विश्व के सबसे बड़े परमाणु भंडार के बराबर का खान बनाता है।

50. (4) मध्य प्रदेश भारत के साथ-साथ एशिया में हीरे की खान वाला एकमात्र राज्य है।

- मध्य प्रदेश में पन्ना हीरे की खानों के लिए जाना जाता है।
- वित्त वर्ष 2020 में भारत में हीरों का उत्पादन कुल 28 हजार कैरेट से अधिक हुआ था।

51. (2) खेतड़ी राजस्थान के झुंझुनू जिले का एक शहर है जो तांबे के खनन के लिए जाना जाता है।

- यह अरावली रेंज की तलहटी में स्थित है।

TYPE–VI

1. (3) भारत में जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है क्योंकि मृत्यु दर में कमी आई है। लेकिन जन्मदर में कमी नहीं है। भारत की जनसंख्या में वर्ष 1891-1921 तक समान्य वृद्धि दर है, वर्ष 1921-1951 ई. मध्यम जनसंख्या वृद्धिदर रही जबकि 1951-2011 के बीच तीव्र जनसंख्या वृद्धि दर रही है।

वर्तमान समय में जन्मदर 27/1000 व्यक्ति है जबकि मृत्युदर 8/1000 व्यक्ति है इसलिए अभी जनसंख्या वृद्धि की गति तेज है।

2. (2) वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार भारत में न्यूनतम आबादी वाला राज्य सिक्किम (6,10,577) जबकि अधिकतम आबादी वाला राज्य उत्तर-प्रदेश (19,98,12,341) है।

3. (1) 2011 की जनगणना के अंतिम परिणाम के अनुसार हरियाणा राज्य में बाल लिंग अनुपात सबसे कम है।

4. (4) वर्ष 2011 के जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत का जनघनत्व 382/किमी^{2} जो 2001 में 324/किमी^{2} था। विश्व का जनघनत्व औसत 46/किमी^{2} है। राज्यों में दिल्ली का जनघनत्व 11,320 वर्ग किमी. है। चंडीगढ़ का जनघनत्व 9.258 वर्ग किमी. है।

5. (1) जनगणना 2011 के अनुसार सबसे अधिक जनघनत्व दिल्ली का 11,320/किमी.^{2} है जबकि संघ शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा जनघनत्व चंडीगढ़ का 9,258/किमी^{2} तथा सबसे कम जनघनत्व अरुणाचल प्रदेश में 17 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी. में संघ शासित राज्यों में सबसे कम जनघनत्व अंडमान-निकोबार में है। सबसे अधिक नगरीकरण में बंबई प्रथम है जबकि दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरु का स्थान क्रमश: दूसरा, तीसरा चौथा पांचवां है।

6. (4) नागरहोल नेशनल पार्क को राजीव गाँधी नेशनल पार्क के रूप में भी जाना जाता है। यह कर्नाटक के कोडागु और मैसूर जिलों में स्थित एक राष्ट्रीय प्राणि उद्यान है। यह नीलगिरी जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र का एक भाग है। यह प्राणि उद्यान पश्चिमी घाट की तलहटी से ब्रह्मगिरी की पहाड़ियों और दक्षिण की ओर केरल तक फैला हुआ है।

7. (1) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार स्त्री पुरुष साक्षरता में अधिक अंतराल राजस्थान का है। राजस्थान में कुल साक्षरता दर 66.1% है जिसमें पुरुष 79.2% तथा महिलाएँ 52.1% साक्षर है। राष्ट्रीय स्तर पर साक्षरता 73% है। केरल में सार्वाधिक साक्षरता 94% है।

8. (3) दिल्ली (866), चंडीगढ़ (867), लक्षद्वीप (908), दमन और दीव (909), दादरा और नगर हवेली (924), पुडुचेरी (965), अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह (966)

9. (3) जनगणना 2011 के अनुसार साक्षरता के आधार पर रैंकिंग घटते क्रम में केरल (93.91), लक्षद्वीप (92.28), मिजोरम (91.58), त्रिपुरा (87.75), गोवा (87.40)

10. (4) भारत में सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम (610,577) है। 2011 की जनगणना के अनुसार तथा सबसे कम जनघनत्व वाला राज्य अरुणाचल प्रदेश है (17) संघ शासित राज्यों में लक्षद्वीप सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य है (64473) लोग है।

11. (1) मेघालय की पहाड़ियों पर गारो, खासी एवं जर्यातिया जनजातियाँ मिलती हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी जनजातियों में मंगोलॉयड प्रजाति के लक्षण पाये जाते हैं।

12. (4) सजातीय ग्रुप मंगोलाभ (मंगोलायड) भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पाए जाते हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा आदि में मंगोलायड जनजातीयाँ पाई जाती हैं। सिक्किम में लेपचा, जनजाति इसी समुदाय से संबंधित है।

13. (1) **जनजाति** **प्रदेश**

(a) भील 4. मालवा

(b) थारू 1. तराई

(c) गोंड 3. बस्तर

(d) टोडा 2. नीलगिरी

14. (2) गोल्डन चतुर्भुज परियोजना के अन्तर्गत हैदराबाद नहीं आता है। इस परियोजना में चार महानगरों दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई एवं कोलकाता को जोड़ा गया है। इस सड़क मार्ग की लम्बाई 58000 कि.मी. है।

15. (3) सं. रा. अमेरिका, रूस एवं चीन क्रमशः प्रथम, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। जबकि भारत चौथे स्थान पर है।

16. (2) कोंकण रेलमार्ग (रोहा–महाराष्ट्र, मेंगलूर–केरल) की कुल दूरी 760 किमी. है। गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा केरल के बीच रेलमार्ग द्वारा लिंक प्रदान करने के लिए मार्च 1990 में कोंकण रेलवे प्रारम्भ की गई थी। सात वर्ष बाद 3500 करोड़ रुपए की लागत से 26 जनवरी, 1998 को यह परियोजना पूरी हो गई और रोहा (महाराष्ट्र) से मेंगलूर (केरल) के बीच रेल यातायात शुरू कर दी गई।

17. (2) अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अभ्रक की आपूर्ति में भारत का एकाधिकार है।

18. (3) भारत में मुम्बई (महाराष्ट्र) नगर में दो रेलवे जोन का मुख्यालय है।

19. (3) मुदुमलाई वन्य प्राणी उद्यान तमिलनाडु में स्थित है।

20. (1) असम का काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है। इसे विश्व विरासत का दर्जा प्राप्त है। इसके अतिरिक्त हाथी, हिप्पोपोटेमस भी मिलते है। यह पूर्वी हिमालय के जैव आरक्षित क्षेत्रों में से प्रमुख है।

21. (1) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय अभयारण्य वर्तमान उत्तराखंड राज्य में स्थित है। 1 अप्रैल, 1973 को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में बाँध परियोजना की शुरुआत की गई।

22. (2) सुन्दरवन जीव मंडल आरक्षित क्षेत्र : 1989

नीलगिरी जीव मंडल आरक्षित क्षेत्र : 1986

नंदादेवी जीव मंडल आरक्षित क्षेत्र : 1988

मन्नार की खाड़ी जीव मंडल आरक्षित क्षेत्र : 1989

23. (4) मध्य प्रदेश का शिवपुरी राष्ट्रीय पार्क तेंदुआ और चीतल के लिए महत्वपूर्ण हैं। जिसकी स्थापना 1959 में हुई थी। शिवपुरी ग्वालियर में स्थित है। यहाँ चिंकारा तथा नीलगायों के लिए क्षेत्र आरक्षित है। माधव सागर झील यहीं स्थित है।

24. (2) मानस पशुविहार असम राज्य में स्थित है।

25. (1) सुल्तानपुर का सुविख्यात पक्षी विहार हरियाणा में है।

26. (4) समझौता एक्सप्रेस : भारत और पाकिस्तान के बीच चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय ट्रेन है। 1976 के शिमला समझौते में यह प्रस्ताव पारित हुआ था। 2001 में भारतीय रेलवे तथा पाकिस्तान रेलवे के बीच समझौते के अनुसार इसे 8 अक्टूबर, 2012 से पुनः संचालित किया जा रहा है।

27. (1) दिल्ली–कोलकाता रेलवे लाइन भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त रेलवे लाइनों में से एक है। इसकी कुल लंबाई 1,532 किमी है। इस रूट की शुरूआत 1866 में हुई थी। यह पूर्वी भारत को जोड़ने वाला प्रमुख रेल लिंक है। जो 2002 में पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुका है। कोलकाता बंदरगाह से आयतित वस्तुओं का पूरे देश में परिवहन इसी रूट से होता है।

28. (1) जनसंख्या 2001 के अनुसार भारत के विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जनजातीय आबादी इस प्रकार है:

मध्य प्रदेश : 12,233,747; असम : 3,308,570; बिहार : 758,351; ओडिशा : 8,145,081

29. (3) भारत का सबसे बड़ा बाघ अभ्यारण्य "नागार्जुन–श्रीशेलम" है। यह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विस्तृत है। इसकी स्थापना 1983 में हुई थी।

30. (1) टोडा लोग तमिलनाडु के नीलगिरी पठार पर रहने वाले छोटे से ग्रामीण समुदाय हैं। टोडा समुदाय की जमीन आज नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है।

31. (2) राष्ट्रीय राजमार्ग 2 का मार्ग इस प्रकार है:

दिल्ली–मथुरा–आगरा–कानपुर–इलाहाबाद – वाराणसी– मोहनिया – बरही – पलसित – बैद्यबटी – बारा – कोलकाता।

32. (4) आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में राजीव गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है। यह भारतीय हवाई अड्डों में दूसरी सार्वजनिक निजी साझेदारी उपक्रम है।

33. (1) उत्तर दक्षिण गलियारा श्रीनगर को कन्याकुमारी से जोड़ता है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित राष्ट्रीय मार्ग आते हैं: 1ए (श्रीनगर–जालंधर), राष्ट्रीय राजमार्ग 1 (जालंधर–दिल्ली), राष्ट्रीय राजमार्ग 2 (दिल्ली–आगरा), एनएच 3 (आगरा–ग्वालियर), एनएच 75 (ग्वालियर–झांसी), एनएच 26 (झांसी–लखनादन), राष्ट्रीय राजमार्ग 7 (लखनादन – नागपुर – हैदराबाद – बेंगलुरु –मदुरै –कन्याकुमारी), एनएच 47 (सलेम– कोयम्बटूर–कोच्चि)।

34. (4) गोवा हवाई अड्डा (जिसे डाबोलिन हवाई अड्डा भी कहा जाता है), श्रीनगर हवाई अड्डा और देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डा सभी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं।

35. (4) भारत में गोंड जनजाति सबसे अधिक पाई जाती हैं। संख्या के संदर्भ में दूसरा स्थान संथाल जनजाति को प्राप्त है।

36. (4) अरुणाचल प्रदेश की सबसे बड़ी जनजातियों में अडी, डबला, मिश्मी, मेजी, मिनयोंग, मोंपा और अपातनी प्रमुख हैं। अपातनी जनजाति राज्य के जीरो घाटी के निचली सुबनसिरी जिले में रहती है। उनकी भाषा चीन तिब्बत परिवार के अंतर्गत आती है।

37. (2) 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर पूर्वी राज्य मेघालय का जनसंख्या और क्षेत्रफल दोनों में समान (22वाँ) स्थान है। मेघालय का क्षेत्रफलः 22,4292 किलोमीटर (22वाँ स्थान) और जनसंख्याः 2,964,007 (22वां स्थान एवं भारत की जनसंख्या का 0.24 प्रतिशत)।

38. (1) कैबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान मणिपुर के विष्णुपुर जिले में स्थित है। यह लोकटक झील का एक हिस्सा है।

39. (2) चीन एवं भारत के बाद सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश संयुक्त राज्य अमेरिका है।

40. (2) चंडीगढ़, सात संघ शासित प्रदेशों में से एक है।

41. (3) जिन शहरों की जनसंख्या एक से पांच मिलियन होती है, उसे मेट्रोपोलिटन कहते हैं।

जब बहुत से शहर विस्तृत होकर एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं तो उसे Conurbation कहते हैं।

42. (3) जनसांख्यिकी, मानव जनसंख्या का सांख्यिकीय अध्ययन है। इसमें जनसंख्या के आकार, संरचना और वितरण, और जन्म, प्रवास, वय वृद्धि और मृत्यु के सन्दर्भ में स्थानिक और/या कालिक परिवर्तन का अध्ययन शामिल होता है।

43. (4) जनसंख्या घनत्व जनसंख्या प्रति इकाई क्षेत्रफ़ल या इकाई आयतन का माप होता है। यह जनसंख्या सांद्रण के महत्त्वपूर्ण सूचकांक में एक है। इसे प्रति वर्ग किलो मीटर व्यक्तियों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

44. (3) मानस बाघ आरक्षित क्षेत्र एक राष्ट्रीय प्राणि उद्यान, यूनेस्को प्राकृतिक विश्व विरासत स्थल, प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व, हाथी आरक्षित क्षेत्र और असम का जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र है। हिमालय की तलहटी में स्थित मानस बाघ आरक्षित क्षेत्र भूटान के रॉयल मानस राष्ट्रीय प्राणि उद्यान के साथ संलग्न है। मानस नदी ब्रह्मपुत्र की एक प्रमुख सहायक नदी है, जो राष्ट्रीय प्राणि उद्यान के मध्य से होकर गुजरती है।

45. (4) राष्ट्रीय राजमार्ग 1 या एन एच 1, उत्तर भारत में स्थित राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली को पंजाब के शहर अटारी के नजदीक भारत-पाकिस्तान सीमा से जोड़ता है। यह शेरशाह सूरी द्वारा बनवाया गया ग्रांड ट्रंक रोड का ही एक हिस्सा है जो लाहौर को बंगाल से जोड़ता था, इस सड़क के निर्माण करवाने के साथ ही शेरशाह सूरी का नाम हमेशा के लिए अमर हो गया।

46. (3) कंचनजंगा नेशनल पार्क सिक्किम में स्थित है। संसार की तीसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी (8,586) कंचनजंगा पर्वत के नाम पर इस पार्क का नामकरण कंचनजंगा नेशनल पार्क के रूप में किया गया। यह पार्क कस्तूरीमृग, साह (स्नो लिओपार्ड) और हिमालयन बकरों के लिए प्रसिद्ध है।

47. (2) राष्ट्रीय राजमार्ग 2(NH2) - इस राजमार्ग को सामान्यत: दिल्ली - कोलकाता रोड के नाम से संबोधित किया जाता है, यह राजमार्ग दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों से होकर गुजरता है। भारत में यह राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग (NH91) और राष्ट्रीय राजमार्ग (NH1) के साथ मिलकर ऐतिहासिक ग्रांड ट्रंक रोड के एक बड़े भाग का निर्माण करता है।

48. (*) इस प्रश्न के सभी विकल्प सही हैं।

संथाल जनजाति मुख्य रूप से झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार,ओडिशा और असम में निवास करती है। पड़ोसी देश बांग्लादेश और नेपाल (नेपाल में संथाल को सतार के नाम से जाना जाता है) में भी संथाल जनजाति अल्पसंख्यक वर्ग के रूप में निवास करती है।

49. (4) पचमढ़ी जैवमंडल एक गैर-उपयोगी संरक्षित क्षेत्र है, जो मध्य प्रदेश की सतपुड़ा श्रेणी में स्थित है। यह मध्य प्रदेश के होशंगाबाद, बेतुल और छिंदवाडा जिलों में स्थित है। वर्ष 2009 में यूनेस्को ने इस क्षेत्र को जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट किया था।

50. (4) कोलकाता और मुंबई दोनों में दो-दो रेलवे जोनों के मुख्यालय स्थित हैं। मध्य रेलवे और पश्चिमी रेलवे-दोनों का मुख्यालय मुंबई में स्थित है जबकि पूर्वी रेलवे और दक्षिण पूर्वी रेलवे का मुख्यालय कोलकाता में स्थित है।

51. (3) हेली नेशनल पार्क के रूप में भारत के प्रथम राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की स्थापना 1936 में की गई थी। वर्तमान में इस उद्यान को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के रूप में जाना जाता है। यह प्राणी उद्यान उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है। शिकारी से संरक्षणवादी बने एंग्लो-इंडियन जिम कॉर्बेट के नाम पर उद्यान का नाम बदलकर जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय प्राणी उद्यान रखा गया। उन्होंने उद्यान की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

52. (3) राष्ट्रीय उद्यान वह क्षेत्र है जो मुख्यत: वन्य जीवों के कल्याण के लिए आरक्षित है, जहाँ वनों को काटने, पशुओं को चराने या कृषि से संबंधित किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाती। राष्ट्रीय उद्यान में किसी भी प्रकार के निजी स्वामित्व, अधिकार, आवास और परिचालन की अनुमति नहीं है। भारत में लगभग 103 राष्ट्रीय उद्यान हैं।

53. (2) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। इस उद्यान को कान्हा बाघ रिज़र्व के रूप में भी जाना जाता है। यह भारत के बाघ रिज़र्वों (या बाघ संरक्षित क्षेत्रों) में से एक है। 1 जून, 1955 को इसकी स्थापना की गई थी। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान ने रूडयार्ड किपलिंग को उनके प्रसिद्ध उपन्यास ''जंगल बुक'' लिखने के लिए प्रेरित किया।

54. (3) देश में या किसी क्षेत्र में 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या का वर्णन करने के लिए लिंग अनुपात का प्रयोग किया जाता है। अन्य लैंगिक प्रजातियों के समान, मनुष्यों में लिंग अनुपात लगभग 1:1 है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का लिंग अनुपात 943 है अर्थात् भारत में 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएँ हैं।

55. (1) भारत की जनगणना के अनुसार सभी शहरों और ग्रामीण समूहों को उनके जनसंख्या की दृष्टि से निम्नलिखित छ: श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

- श्रेणी I: 100,000 और उससे अधिक की जनसंख्या
- श्रेणी II: 50,000 से 99,999 तक की जनसंख्या
- श्रेणी III: 20,000 से 49,999 तक की जनसंख्या
- श्रेणी IV: 10,000 से 19,999 तक की जनसंख्या
- श्रेणी V: 5,000 से 9,999 तक की जनसंख्या
- श्रेणी VI: 5,000 से कम की जनसंख्या।

56. (1) गरमपानी वन्य जीव अभयारण्य असम के करबी एंगलोन्ग जिले में स्थित है। यह अभयारण्य दिफू से 92 किमी. की दूरी पर है। यह गर्म झरने और जलप्रपातों वाले सबसे पुराने अभयारण्यों में से एक है जो नामबोर अभयारण्य से घिरा हुआ है।

57. (1) भारतीय जंगली गधा अभयारण्य छोटे रण के कच्छ, गुजरात में स्थित है। यह 4954 किमी^{2} भौगोलिक क्षेत्र के साथ भारत का सबसे बड़ा वन्य जीव अभयारण्य है। यह अभयारण्य संकटापन्न जंगली गधों की उप-प्रजातियों भारतीय जंगली गधा (खुर) के लिए जाना जाता है।

58. (3) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में केरल (93.11 प्रतिशत) सर्वाधिक साक्षरता दर वाला राज्य है। इसके बाद मिजोरम (91.58 प्रतिशत) तथा त्रिपुरा (87.75 प्रतिशत) क्रमश: दूसरे एवं तीसरे स्थान पर आते हैं।

59. (1) भारत के महापंजीयक द्वारा 2013 में कराए गए नमूना पंजीकरण सर्वेक्षण (एसआरएस) से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, 2013 में केरल में जन्म दर में कमी आने के साथ ही भारत की जन्म दर में 0.2 अंक की गिरावट दर्ज की गई। उच्चतम अशोधित जन्म दर (सीबीआर) बिहार (27.6) में और न्यूनतम दर केरल (14.7) में दर्ज की गई। महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि वर्ष 2013 के दौरान 3.4 की सर्वाधिक कुल जननक्षमता दर (टीएफआर) भी बिहार में दर्ज की गई जबकि 1.6 की न्यूनतम टीएफआर पश्चिम बंगाल में दर्ज की गई।

60. (3) राजस्थान में सवाई माधोपुर के निकट स्थित रणथम्भोर राष्ट्रीय प्राणी उद्यान बाघों का निवास स्थल है, यह पूर्व में शाही परिवार का शिकार स्थल था। इसी प्रकार, राजस्थान के अलवर जिले में स्थित सरिस्का बाघ अभयारण्य एक राष्ट्रीय प्राणी उद्यान है जो बंगाल के बाघों (बंगाल टाइगर) के लिए जाना जाता है।

61. (1) भारत सरकार ने जनवरी 2016 में घोषणा की, कि देश की प्रथम रेलवे यूनिवर्सिटी बड़ोदरा, गुजरात में स्थापित की जाएगी। वर्तमान में बड़ोदरा (प्रताप विलास पैलेस) में स्थित नेशनल अकेडमी ऑफ इंडियन रेलवे (एनएआईआर) के कैम्पस का प्रयोग आरंभिक स्तर पर रेलवे यूनिवर्सिटी को आरंभ करने के लिए किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के बाद, यहाँ एक पूर्णकालीन यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।

62. (3) संकटापन्न बंगाल टाइगर की रक्षा करने हेतु हैली नेशनल पार्क के रूप में 1936 में भारत के प्रथम राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की स्थापना की गई थी। वर्तमान में इसे जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के रूप में जाना जाता है। यह उद्यान उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले में स्थित है। इस उद्यान का नामकरण शिकारी और खोजी (ट्रैकर) से संरक्षणविद् बनने वाले ब्रिटिश-भारतीय अधिकारी जिम कॉर्बेट के नाम पर किया गया, जिन्होंने इसकी स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

63. (3) काजीरंगा राष्ट्रीय प्राणी उद्यान असम के गोलाघाट और नौगाव जिले में स्थित है। यह उद्यान भारत में गैंडों के लिए प्राकृतिक आवास का निर्माण करता है। यह उद्यान पूरे विश्व में एक सींग वाले गैंडों की दो-तिहाई आबादी को संरक्षण प्रदान करता है। काजीरंगा विश्व में वन्य जीवों के लिए संरक्षित क्षेत्र के अलावा बाघों के अधिक घनत्व के लिए भी जाना जाता है।

64. (2) मनुष्यों के लिए जनसंख्या घनत्व से तात्पर्य प्रति इकाई क्षेत्रफल में निवास करने वाले लोगों की संख्या से है। इसे प्राय: प्रति वर्ग किमी. या प्रति वर्ग मील के रूप में उद्धृत किया जाता है।

65. (1) नेशनल रेल म्यूजियम चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में स्थित है। यह एक संग्रहालय है जो भारत की रेल विरासत पर ध्यान केंद्रित करता है। इसे 1 फरवरी, 1977 को आरंभ किया गया था। रेल म्यूजियम भाप के दुर्लभ रेल इंजनों, ऐतिहासिक तस्वीरों, रेलवे शिल्प-तथ्यों का एक सम्मिश्रण है जिन्हें भारत में विभिन्न ट्रेनों के स्थायी और कार्यशील मॉडलों के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

66. (1) पोत-परिवहन सेवाओं की संख्या के आधार पर प्रत्येक केन्द्र पत्तन कहलाता है। ब्लू वाटर रिपोर्टिंग से प्राप्त सूचना के अनुसार, 30 अन्तर-क्षेत्रीय पोत-परिवहन सेवाओं के साथ मुंबई (नवा शेवा) भारत का सबसे व्यस्त पत्तन है। इनमें से ग्यारह पोत-परिवहन सेवाएँ केवल एशिया और आईएससी व्यापार में सम्मिलित हैं।

67. (2) मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित बान्धवगढ़ राष्ट्रीय प्राणी उद्यान भारत के लोकप्रिय राष्ट्रीय प्राणी उद्यानों में से एक है। बाघों के अधिक घनत्व के लिए लोकप्रिय बान्धवगढ़ को 1968 में राष्ट्रीय प्राणी उद्यान घोषित किया गया था। इस उद्यान का नामकरण इस क्षेत्र की एक प्रमुख छोटी पहाड़ी के नाम पर किया गया है, कहा जाता है कि लंका की निगरानी करने के लिए यह पहाड़ी भगवान राम द्वारा लक्ष्मण को दी गई थी।

68. (3) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में बिहार की साक्षरता दर सबसे कम लगभग 63.82% है। इसके बाद तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान का स्थान आता है। भारत में, बिहार की पुरुष साक्षरता दर भी सबसे कम (73.39%) है।

69. (3) बांदीपुर राष्ट्रीय प्राणि उद्यान कर्नाटक के चामराजनगर जिले में स्थित है। इसकी स्थापना प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत बाघ आरक्षित क्षेत्र के रूप में की गई थी। यह उद्यान नागरहोल राष्ट्रीय प्राणि उद्यान, मुदुमलाई राष्ट्रीय प्राणि उद्यान और वयानाद वन्यजीव अभयारण्य के साथ संलग्न है। यह नीलगिरी जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र का एक भाग है जो इसे दक्षिणी भारत का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र बनाता है।

70. (3) डम्पा बाघ आरक्षित क्षेत्र मिजोरम का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है। इसे 1985 में अधिसूचित किया गया था और 1994 में बाघ आरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया था।

71. (4) यूनेस्को मैन एंड द बायोस्फेयर (MAB) कार्यक्रम सूची के आधार पर भारत के 18 जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्रों में से 10 क्षेत्र विश्व के जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्र नेटवर्क का भाग हैं। उनमें से कुछ क्षेत्र निम्नलिखित हैं: नंदा देवी जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्र (उत्तराखण्ड), मन्नार की खाड़ी जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्र (तमिल- नाडु), और सुंदरवन जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्र (पश्चिम बंगाल)।

72. (4) नागरहोल नेशनल पार्क को राजीव गाँधी नेशनल पार्क के रूप में भी जाना जाता है। यह कर्नाटक के कोडागु और मैसूर जिलों में स्थित एक राष्ट्रीय प्राणि उद्यान है। यह नीलगिरी जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र का एक भाग है। यह प्राणि उद्यान पश्चिमी घाट की तलहटी से ब्रह्मगिरी की पहाड़ियों और दक्षिण की ओर केरल तक फैला हुआ है।

73. (4) भारत में जन्म दर और मृत्यु दर दोनों में गिरावट देखी जा सकती है। नवीनतम आँकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2005 और 2007 को छोड़कर पिछले एक दशक में जन्म दर में क्रमिक रूप से कमी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जीवन स्तर में वृद्धि के कारण मृत्यु दर में भी कमी दर्ज की गई है।

74. (1) सुंदरबन नेशनल पार्क गंगा डेल्टा पर सुंदरबन का भाग है, और बांग्लादेश में सुंदरबन आरक्षित वन क्षेत्र के साथ संलग्न है। यह पश्चिम बंगाल का एक नेशनल पार्क, टाइगर रिजर्व और जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र है। यह नेशनल पार्क घने मैंग्रोव वनों से घिरा हुआ है, और बंगाल टाइगर के लिए आरक्षित सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है।

75. (4) रिहन्द बाँध को गोविन्द बल्लभपंत सागर के नाम से भी जाना जाता है, यह उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पिपरी पर स्थित एक कंक्रीट-ग्रैविटी बाँध है। इसका जलाशय क्षेत्र मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर है। यह बाँध सोन नदी की सहायक रिहन्द नदी पर स्थित है।

76. (2) वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए कठोरतापूर्ण रीति से आरक्षित क्षेत्र राष्ट्रीय प्राणि उद्यान/ नेशनल पार्क कहलाता है। यह सरकार के स्वामित्व वाला वह क्षेत्र है जिसे मानव शोषण, औद्योगिकरण और प्रदूषण से सुरक्षा प्रदान की जाती है। प्राय: यह एक प्राकृतिक, अर्ध-प्राकृतिक या विकसित भूमि आरक्षित क्षेत्र है जिस पर प्रभुत्वसम्पन्न राज्य का अधिकार या स्वामित्व होता है।

77. (2) कान्हा : मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा नेशनल पार्क और भारत के टाइगर रिजर्वों में से एक है, काजीरंगा : असम के गोलाघाट और नागांव जिले में फैला हुआ एक नेशनल पार्क है जो विश्व के एक-सींग वाले गैंडों की दो-तिहाई से अधिक आबादी को आश्रय प्रदान करता है, गिर : गुजरात के तलाला गिर के निकट स्थित एक वन और वन्यजीव अभयारण्य है जो बंजर भूमि में एशियाई शेरों (पैंथर लियो पर्सिका) का एकमात्र आश्रय स्थल है।

78. (2) जोजीला दर्रा श्रीनगर-कारगिल-लेह को जोड़ने वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग 1A पर 3528 मी. की ऊँचाई पर स्थित है। यह मोटरयोग्य एकमात्र उपयुक्त मार्ग है जो श्रीनगर के द्वारा शेष विश्व को जोड़ता है। हालांकि, यह सड़क मार्ग भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण प्रतिवर्ष छ: माह से अधिक समय तक बंद रहता है।

79. (1) जन्मदर से अभिप्राय समष्टि में जन्मी उस संख्या से है जो दी गयीं अवधि के दौरान आरंभिक घनत्व से जुड़ती है। किसी प्राकृतिक वास (निवास स्थान) में जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले चार कारकों-मृत्युदर, आप्रवासन और उत्प्रवासन के साथ-साथ जन्मदर भी जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों में से एक है।

80. (1) नेपाल में स्थित चितवन राष्ट्रीय उद्यान भारतीय बाघ अभयारण्य वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान के निकट है। चितवन नेशनल उद्यान के पूर्व में स्थित पारसा राष्ट्रीय उद्यान है। 2,075 किमी^{2} का सुसंगत संरक्षित क्षेत्र बाघ संरक्षण इकाई (टीसीयू) चितवन-पारसा-वाल्मीकि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके अन्तर्गत 3,549 किलोमीटर^2 का क्षेत्र शामिल है।

81. (1) जनसांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धांत अधिक जन्म और मृत्यु दर से न्यूनतम जन्म और मृत्यु दर का अनुक्रमिक वर्णन करता है। जनसांख्यिकीय संक्रमण मॉडल का पहला चरण औद्योगिक-पूर्व समाज से संबंधित है। इस चरण में जन्म दर और मृत्यु दर दोनों अधिक है, जो सापेक्ष स्थायी आकार और मन्द वृद्धि दर के साथ जनसंख्या की स्थिति का वर्णन करता है। इस चरण को अधिक जनसंख्या वृद्धि वाला संभावित चरण कहते हैं।

82. (1) मधेसी शब्द का प्रयोग नेपाल की तराई में रहने वाले भारत वंश के लोगों के लिए किया जाता है। मधेसी लोगों में विभिन्न सांस्कृतिक समूह जैसे हिन्दू, मुस्लिम, व्यापारी और तराई के स्थानीय लोग शामिल हैं। इनमें से कई समूह बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में रहने वाले लोगों के साथ सांस्कृतिक परंपराओं को साझा करते हैं और वैवाहिक संबंध स्थापित करते हैं।

83. (1) अहोम, असम घाटी में रहने वाले शान वंश की एक जनजाति है, और 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में बर्मा के आक्रमण से पहले, इस क्षेत्र की प्रमुख जनजाति थी। उन्होंने 13वीं शताब्दी से लेकर 1838 में ब्रिटिश शासन की स्थापना तक असम के अधिकांश भूभाग पर शासन किया था।

84. (1) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में दुनिया की 17.5 प्रतिशत आबादी निवास करती है। इसमें 623.7 मिलियन पुरुष और 586.5 मिलियन महिलाएँ हैं। चीन सबसे अधिक आबादी वाला देश है जहाँ वैश्विक आबादी का 19.4 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जिसमें 199 मिलियन जनसंख्या निवास करती है जबकि सबसे कम आबादी वाला संघ शासित प्रदेश लक्षद्वीप है जहाँ मात्र 64429 लोग निवास करते हैं।

85. (3) 2011 की जनगणना का आदर्श वाक्य 'हमारी जनगणना, हमारा भविष्य' था। 2011 की जनगणना 1872 के बाद से भारत की 15वीं जनगणना है।

86. (3) बक्सा बाघ रिजर्व पश्चिम बंगाल के अलीपुरदौर जिले में बक्सा राष्ट्रीय उद्यान के अन्दर स्थित है। यह बाघ रिजर्व 760 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है। यह बाघ, उदबिलाव गौर (भारतीय गवल), हाथी, भारतीय सूअर, लाल जंगली मुर्गी, इत्यादि का आश्रय स्थल है। अभयारण्य में पाई जाने वाली संकटापन्न प्रजातियों में भारतीय बाघ, एशियाई हाथी, तेंदुआ, बंगाल फ्लोरिकन, राजसी अजगर, चीनी साल, दृढ़लोमी खरगोश, इत्यादि शामिल हैं।

87. (3) जनगणना 2011 के अनुसार, प्रमुख आबादी वाले शहर मुंबई (12,442,373), दिल्ली - 11,034,555, बैंगलोर - 8,443,675, हैदराबाद - 6,731,790, अहमदाबाद - 5,577,940, चेन्नई - 4,646,732, कोलकाता - 4,496,694, सूरत - 4,467,797, पुणे - 3,124,458, जयपुर - 3,046,163 हैं।

88. (1) 1965 में गुजरात में स्थापित गिर वन एक वन्यजीव अभयारण्य है। यह क्षेत्र एशियाई शेर का एकमात्र निवास स्थान है और इसकी समर्थित प्रजातियों के कारण इसे एशिया में सबसे महत्त्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

बायोस्फीयर रिजर्व (बीआर) प्राकृतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य के प्रतिनिधि भागों के लिए यूनेस्को द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय स्थल है जो बड़े पैमाने पर स्थलीय या तटीय/समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों या उसके संयोजन का विस्तार करते हैं। भारत सरकार ने 18 बायोस्फीयर रिजर्व की स्थापना की है जो प्राकृतिक आवास के बड़े क्षेत्रों की रक्षा करते हैं। पंचमढ़ी, अगस्त्यमलाई और नंदा देवी भारत में आरक्षित जैवमण्डल में शामिल हैं।

89. (2) राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (NW-2) असम में सादिया और बांग्लादेश की सीमा के निकट धुबरी के मध्य ब्रह्मपुत्र नदी की एक धारा है जिसकी लंबाई 891 किमी. है। 1 सितम्बर, 1988 को इसे राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 2 के रूप में घोषित किया गया था।

90. (3) राष्ट्रीय जलमार्ग 1 या NW–1 गंगा, भागीरथी और हुगली नदी तंत्रों के पार हल्दिया (सागर) से इलाहाबाद तक फैला हुआ है। यह जलमार्ग 1,620 किमी. लंबा है, जो इसे भारत का सबसे लंबा जलमार्ग बनाता है। इसे प्राय: गंगा- भागीरथी-हुगली नदी तंत्र के रूप में जाना जाता है। एनडब्ल्यू-1 पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, बिहार और उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है।

91. (1) बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक के चामराजनगर जिले में स्थित है। यह निकटवर्ती नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान के साथ देश के प्रमुख बाघ अभयारण्यों में से एक है। यह मैसूर साम्राज्य के महाराजा के लिए शिकार करने का एक निजी अभयारण्य था।

92. (2) राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (NH-44) भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाला उत्तर-दक्षिण राष्ट्रीय राजमार्ग है। यह श्रीनगर से शुरू होता है और कन्याकुमारी में समाप्त होता है; यह राजमार्ग जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु से होकर गुजरता है।

93. (2) नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व भारत में 1986 में स्थापित होने वाला पहला बायोस्फीयर रिजर्व था। यह दक्षिण भारत के पश्चिमी घाट और नीलगिरि हिल्स रेंज में स्थित है। यह बायोस्फीयर रिजर्व तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल राज्य में 5,520 किमी^{2} में फैला है।

94. (3) केरल में साइलेंट वैली नेशनल पार्क एक राष्ट्रीय उद्यान है। नीलगिरि पहाड़ियों में स्थित, यह भारत में दक्षिण पश्चिमी घाट पर्वत वर्षा वनों और उष्णकटिबंधीय नम सदाबहार वन के अंतिम निर्विवाद ट्रैकों में से एक है। यह उत्तर में प्रस्तावित करिम्पुझा राष्ट्रीय उद्यान और उत्तर-पूर्व में मुकुर्ती राष्ट्रीय उद्यान के साथ सन्निहित है।

95. (3) उत्तर-पूर्वी भारत में अरुणाचल प्रदेश में नइशी समुदाय सबसे बड़ा जातीय समूह है। ये अरुणाचल प्रदेश के आठ जिलों: कर दाड़ी, कुरुंग कुमे, पूर्वी कामेंग, पश्चिम कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी के हिस्से, कामले और पक्के केसांग जिले में निवास करते हैं।

96. (2) भारत में सत्रह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। उनमें से कुछ सबसे प्रसिद्ध नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोलकाता हैं; चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, चेन्नई; तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा; इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली; छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई; आदि है।

97. (2) बायोपा अरुणाचल प्रदेश की न्याशी जनजाति का पारंपरिक प्रमुख है। बायोपा हेलमेट जैसी बेंत की टोपी है, जो विशेज़ रूप से कांटासुर बेंत से बनाई जाती है। इसमें आमतौर पर हॉर्नबिल की चोंच और पंखों का लगाव होता है। यह एक अलग प्रकार का टोपी होता है, इसमें विस्तार की तरह एक उभरी हुई पूँछ होती है जो टोपी की थैली से ऊपर की ओर उठती है।

98. (1) फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, उत्तराखंड में उत्तरी चमोली में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है। समुद्र तल से 3352 से 3658 मीटर की ऊँचाई पर स्थित फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान पूर्व में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के बीहड़ पर्वतीय वन का पूरक है।

99. (2) गहिरामाथा समुद्री अभयारण्य ओडिशा में स्थित एक समुद्री वन्यजीव अभयारण्य है जो ओलिव रिडले कछुओं के घोसलों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा समुद्र तट है। यह उत्तर में धमरा नदी के मुहाने से दक्षिण में ब्राह्मणी नदी के मुहाने तक फैला हुआ है। यह कछुओं के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण घोंसले के समुद्र तटों में से एक है।

100. (2) बिहार सबसे घनी आबादी वाला राज्य (1106 व्यक्ति/वर्ग किमी) है, जिसके बाद पश्चिम बंगाल (1028) और केरल (860) है। जनसंख्या घनत्व 2001 से 2016 में 17.54 की दर से बढ़ा है।

101. (2) स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पास मन (Mana) में स्थित है। यह पूर्व में रायपुर हवाई अड्डे के रूप में जाना जाता था, यह छत्तीसगढ़ राज्य का प्राथमिक हवाई अड्डा है। जनवरी 2012 में, हवाई अड्डे का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखा गया था, जो लोकप्रिय संत के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने रायपुर में अपने दो किशोरावस्था के वर्षों में बिताए थे।

102. (4) भारत में मणिपुर राज्य के बिष्णुपुर जिले में केइबुलमजाओ उद्यान एक राष्ट्रीय उद्यान है। यह 40 किमी.^{2} (15.4 वर्ग मील) क्षेत्रफल में, दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ पार्क है, जो उत्तर पूर्व भारत में स्थित है, और लोकतक झील का अभिन्न अंग है।

103. (3) जिम कॉर्बेट पारिस्थितिकी तंत्र और वन्यजीवों, विशेष रूप से बाघों के संरक्षण में विश्वास करते थे और यही कारण है कि जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क को भारत में "बाघों को बचाओ" परियोजना के उद्घाटन स्थल के रूप में चुना गया था। प्रोजेक्ट टाइगर को 1973 में लॉन्च किया गया था। प्रोजेक्ट टाइगर का मूल उद्देश्य प्रकृति के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना और मौजूदा पारिस्थितिक तंत्रों का संरक्षण करना है। परियोजना राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के वन्यजीवों और वनस्पतियों और उनकी परिधि पर रहने वाले मनुष्यों के बीच एक प्राकृतिक संबंध स्थापित करना चाहती है।

104. (1) राजासांसी भारतीय राज्य पंजाब के अमृतसर जिले में एक कस्बा और एक नगर पंचायत है। अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अजनाला-राजासांसी रोड पर स्थित है।

105. (1) जनगणना पिछले एक दशक में देश की प्रगति की समीक्षा करने, सरकार की चल रही योजनाओं की निगरानी और भविष्य की योजना बनाने का आधार है। पहली जनगणना ब्रिटिश शासन के तहत 17 जनवरी, 1881 को डब्ल्यू सी प्लोडेन (जनगणना आयुक्त) द्वारा की गई थी। तब से प्रत्येक दस वर्ष बाद जनगणना की जाती है।

106. (1) जनगणना 2011 के अनुसार, केरल की उच्चतम साक्षरता दर 93. 91" है, जिसके बाद लक्षद्वीप 92.28" के साथ दूसरे स्थान पर है। लक्षद्वीप में सबसे अधिक पुरुष साक्षरता दर भी है।

107. (1) सरिस्का टाइगर रिजर्व राजस्थान के अलवर जिले में स्थित है। यह क्षेत्र अलवर राज्य का एक संरक्षित क्षेत्र था और 1955 में एक वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित किया गया था। इसे 1978 में एक बाघ अभयारण्य का दर्जा दिया गया था और 1990 में एक राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। बाघों को सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने वाला यह दुनिया का पहला रिजर्व है।

108. (1) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान भारत के उत्तरी उत्तर प्रदेश के दलदली घास के मैदानों के तराई बेल्ट में एक राष्ट्रीय उद्यान है, और 490.3 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। यह दुधवा टाइगर रिजर्व का हिस्सा है जो खीरी और लखीमपुर जिलों के क्षेत्रों को कवर करता है।

109. (3) पिन वैली नेशनल पार्क भारत का एक राष्ट्रीय उद्यान है जो हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के भीतर स्थित है। यह पार्क हिमालय क्षेत्र में शीत मरुस्थल बायोस्फीयर रिजर्व के भीतर स्पीति घाटी के ठंढे रेगिस्तान में स्थित है।

110. (3) मानस राष्ट्रीय उद्यान असम की हिमालय की तलहटी में स्थित है। एक यह एक यूनेस्को नेचुरल वर्ल्ड हेरिटेज साइट, एक प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व, और एक एलिफेंट रिजर्व भी है। यह भूटान में रॉयल मानस नेशनल पार्क के साथ लगा हुआ है। मानस जंगली जल भैंस की आबादी के लिए प्रसिद्ध है।

111. (1) गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, जिसे पहले संजय राष्ट्रीय उद्यान के रूप में जाना जाता था, छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में स्थित है। इसका नाम राज्य के सतनामी सुधारवादी नायक, गुरु घासीदास के नाम पर रखा गया है। संजय-डुबरी टाइगर रिजर्व के एक हिस्से के रूप में यह नर्मदा घाटी के शुष्क पर्णपाती जंगलों में स्थित है।

112. (3) विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य (VGDS) बिहार के भागलपुर जिले में स्थित है।

- यह गंगा के किनारे 50 किमी. में फैला है।
- भारत का एकमात्र अभयारण्य अपने राष्ट्रीय जलीय जानवर के लिए।
- पर्यावरण और वन मंत्रालय ने गंगा की डॉल्फिन को भारत का राष्ट्रीय जलीय पशु घोषित किया है।
- MoEFCC ने 1997 में गंगा नदी डॉल्फिन संरक्षण कार्यक्रम शुरू किया था।

113. (3) गढ़ कटंगा गोंड राज्य था।

- अकबर के शासनकाल के इतिहास, जिसे अकबरनामा कहा जाता है, में गढ़ कटंगा के गोंड साम्राज्य का उल्लेख है।
- रानी दुर्गावती, एक वीर गोंड रानी थी, जिसने सम्राट अकबर के सामने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया और अंत तक लड़ी।
- राज्य को मालवा के सुबा के हिस्से के रूप में मुगल प्रभुत्व में शामिल किया गया था।

114. (4) भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है और सिक्किम भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है।

- महाराष्ट्र भारत का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है।
- बिहार भारत का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है।
- पश्चिम बंगाल भारत में चौथा सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है।

115. (1) ब्रह्मगिरी वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक के कोडागु जिले में स्थित है।

- यह दक्षिण में केरल के वायनाड और उत्तर में कर्नाटक के कूर्ग के बीच स्थित है।
- यह 180 वर्ग किमी. के क्षेत्र में व्याप्त है।

116. (2) नामदफा राष्ट्रीय उद्यान पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश में स्थित सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है।

- इस पार्क में 1,000 से अधिक पुष्प और लगभग 1,400 जीवों की प्रजातियाँ रहती हैं।
- यह पूर्वी हिमालय में जैव विविधता वाला हॉटस्पॉट है।
- बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक का वन अभयारण्य है।
- जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड का एक वनाच्छादित वन्यजीव अभयारण्य है।

117. (2) क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र स्थित है।

- अरुणाचल प्रदेश का दूसरा स्थान है।
- इसके बाद छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र का स्थान है।

118. (3) ओडिशा में तीन हाथी अभयारण्य हैं: मयूरभंज, महानदी और संबलपुर।

- ओडिशा सरकार ने प्रोजेक्ट हाथी के तहत दो नये हाथी अभयारण्य-दक्षिण ओडिशा हाथी अभयारण्य और बैतरणी हाथी अभयारण्य बनाने के प्रस्ताव को वापस ले लिया है।
- कामेंग-सोणितपुर हाथी अभयारण्य (केएसईआर) अरुणाचल प्रदेश और असम के पूर्वी पहाड़ी जंगलों में स्थित है।

119. (1) राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (NH 44) भारत में सबसे दूरी तय करने वाला उत्तर-दक्षिण राष्ट्रीय राजमार्ग है।

- यह पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों के अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से गुजरता है।
- NH 44 राजमार्ग पुराने संख्या के सात प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को विलय करके अस्तित्व में आया है जिसमें NH 1A, NH 1, NH 2, NH 3, NH 75, NH 26 और NH 7 शामिल हैं।

120. (4) शुष्क वन अनुसंधान संस्थान जोधपुर, राजस्थान में स्थित है।

- यह वानस्पतिक आवरण बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी प्रदान करने के लिए वानिकी में वैज्ञानिक अनुसंधान करता है।
- यह राजस्थान और गुजरात के गर्म शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जैव विविध ता के संरक्षण के लिए भी काम करता है।

121. (4) राष्ट्रीय राजमार्ग 66 (NH 66), जिसे पहले NH-17 के रूप में जाना जाता था।

- यह एक व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग है जो पश्चिमी घाट के समानांतर भारत के पश्चिमी तट के उत्तर-दक्षिण में जाता है।
- यह महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों से गुजरते हुए मुंबई के पनवेल शहर को कन्याकुमारी से जोड़ता है।

122. (4) चेंचू आदिवासी भारतीय राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और ओडिशा में एक अनुसूचित जनजाति हैं। वे एक आदिवासी जनजाति हैं जिनके जीवन का पारंपरिक तरीका शिकार और जनसमूह पर आधारित है। चेंचू द्रविड़ भाषा परिवार की एक भाषा चेंचू भाषा को बोलते हैं।

123. (1) 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में साक्षरता दर 74.04 प्रतिशत है, जो 2001 में 64.83 प्रतिशत थी। पुरुषों और महिलाओं की साक्षरता दर क्रमश: 82.14 प्रतिशत और 65.46 प्रतिशत है। केरल ने 93.91 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ शीर्ष पर रहते हुए अपना प्रथम स्थान कायम रखा। केरल के पश्चात् लक्षद्वीप (92.28 प्रतिशत) और मिजोरम (91.58 प्रतिशत) का स्थान रहा।

124. (1) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, जिसे कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान के रूप में भी जाना जाता है, भारत के बाघ अभयारण्यों में से एक है और मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। यह राज्य के मंडला और बालाघाट जिलों में फैला हुआ है। यह आधिकारिक रूप से एक शुभंकर (भूरसिंह द बारसिंघा) का परिचय कराने वाला भारत का पहला बाघ अभयारण्य है।

125. (4) 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्यों में केरल में सबसे अधिक लिंगानुपात (1084) है, जबकि हरियाणा (879) में सबसे कम लिंगानुपात है। दमन और दीव (618) का लिंगानुपात सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे कम है। कुल मिलाकर, भारत का लिंगानुपात 943 है।

126. (3) 2011 की जनगणना के अनुसार मिजोरम का सेरछिप जिला भारत का सबसे साक्षर जिला है।

- 2011 में सेरछिप की औसत साक्षरता दर 2001 के 95.18 की तुलना में 98.76 थी।

127. (4) भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में स्थित है।

- इसे 16 सितंबर, 1998 को राष्ट्रीय उद्यान और 19 अगस्त, 2002 को रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है।
- इस राष्ट्रीय उद्यान में ब्राह्मणी, बैतरणी, धामरा, पाठशाला जैसी कई नदियाँ बहती हैं।

128. (4) 2011 की जनगणना के अनुसार, 2011 में हरियाणा में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 879 है, जो भारत में सबसे कम महिला लिंगानुपात है।

- हरियाणा के बाद जम्मू और कश्मीर (889 महिला) और पंजाब (895 महिलाएँ) हैं।

129. (4) शेषाचलम आंध्र प्रदेश में पहला बायोस्फीयर रिजर्व है। यह चित्तूर और कडप्पा जिलों के दक्षिणी पूर्वी घाट में स्थित है।

- इसे 2010 में भारत के बायोस्फीयर रिजर्व के रूप में नामित किया गया था।
- यह कई स्थानिक और दुर्लभ पौधों को आश्रय देने वाला सबसे समृद्ध वानस्पतिक हॉट स्पॉट है।

130. (2) अगुम्बे कर्नाटक के शिमोगा जिले में स्थित है।

- यह भारत के उन कुछ स्थानों में से एक है जहाँ बहुत भारी वर्षा होती है और इसे 'दक्षिण का चेरापूंजी' कहा जाता है।

131. (3) मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की आबादी सबसे ज्यादा (14.7 प्रतिशत) है।

- 2011 की जनगणना के अनुसार भील जनजाति समुदाय भारत का सबसे बड़ा आदिवासी समूह है।
- वे भारत की कुल अनुसूचित जनजातीय आबादी का लगभग 38% हैं।

TYPE–VII

1. (1) नंदा देवी नेशनल पार्क (जीवमंडल रिजर्व) उत्तराखंड में नंदा देवी की चोटी के चारों ओर स्थित है। इसकी स्थापना 1982 में हुई थी। इसके निकट वैलि ऑफ फ्लॉवर्स नैशनल पार्क की स्थापना की गई है। यूनेस्को द्वारा 1988 में इसे विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल किया गया था।

2. (3) वर्तमान बिहार में 38 प्रशासनिक जिले एवं 101 उप-मंडल हैं। भारतीय राज्य में एक जिला एक प्रशासनिक भौगोलिक इकाई है जिसका प्रमुख जिला दण्डाधिकारी या उपायुक्त या भारतीय प्रशासनिक सेवा का एक अधिकारी होता है।

3. (3) हरियाणा राज्य द्वारा संचालित कंपनी न्यूक्लियर पॉवर कॉपरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (NPCIL) ने हरियाणा के फतेहाबाद जिले में स्थित कुम्हरिया और गोरखपुर गांवों के बीच 2800 मेगावॉट (MW) का आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है। यह हरियाणा राज्य का प्रथम आणविक ऊर्जा संयंत्र है।

4. (3) तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों के मध्य विवाद का एक प्रमुख कारण कावेरी नदी के जल का बँटवारा है। इस विवाद की उत्पत्ति मद्रास प्रेसिडेंसी और मैसूर राज्य के मध्य 1892 और 1924 में हुए दो समझौतों से हुई। कर्नाटक दावा करता है कि उसे कावेरी नदी से उसके हिस्से का यथोचित जल नहीं मिलता है।

5. (3) भूमिगत जल की कमी को दूर करने के लिए तमिलनाडु में प्रत्येक घर के लिए वर्षा जल संग्रहण अनिवार्य कर दिया गया है। इस नीति के कार्यान्वयन के बाद, पिछले पाँच वर्षों में चेन्नई के जल स्तर में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और जल की गुणवत्ता में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है।

6. (4) भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के मध्य हुए ऐतिहासिक भूमि सीमा समझौते (एलबीए) को प्रभावी बनाने के लिए 6 जून, 2015 को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। 1974 में हुए इस समझौते के अनुसार एलबीए के प्रभावी होने के साथ ही दोनों देशों के मध्य 162 बस्तियों के आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त हो गया।

7. (1) अमरावती शेष आंध्र प्रदेश, जिसे सीमांध्र के रूप में जाना जाता है, की नयी राजधानी होगी। यह राजधानी क्षेत्र गुंटूर जिले में कृष्णा नदी के दक्षिणी किनारे पर स्थित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 अक्टूबर, 2015 को उड्डनदरयुनिपलेम क्षेत्र में सुनियोजित शहर की आधारशिला रखी थी।

8. (2) केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 4 जून, 2015 को जारी आँकड़ों के अनुसार, सौर ऊर्जा की कुल संस्थापित क्षमता की दृष्टि से राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है। कुल 1,167 मेगावाट (MW) संस्थापित क्षमता के साथ राजस्थान ने गुजरात (1000 मेगावाट) को पीछे छोड़ दिया है जो कुल संस्थापित क्षमता के मामले में देश में पहले स्थान पर था। संस्थापित क्षमता की दृष्टि से भारत के शीर्ष पाँच राज्य निम्नलिखित हैं:

- राजस्थान : 1047 मेगावाट,
- गुजरात : 1000 मेगावाट,
- मध्य प्रदेश : 563 मेगावाट,
- महाराष्ट्र : 363 मेगावाट,
- आंध्र प्रदेश : 247 मेगावाट।

9. (1) उत्तराखण्ड में स्थित नैनीताल को 'लेक डिस्ट्रिक ऑफ इंडिया' के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। यह समुद्र तल से लगभग 2,000 मी. की ऊँचाई पर स्थित है, इसे मुख्यत: नैनीताल झील के रूप में जाना जाता है जो प्राकृतिक ताजे जल का स्रोत है। ब्रिटिश लोगों को यह झील और इसकी सुंदरता अधिक पसन्द थी, इसलिए इसे यह उपनाम दिया गया था।

10. (1) 21-23 दिसम्बर को दक्षिण अयनान्त के रूप में भी जाना जाता है। यह उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे छोटा दिन है। भारत के उत्तरी गोलार्ध में स्थित होने के कारण, इस दिन भारत में सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात होती है।

11. (2) लगभग 75,000 हेक्टेयर कृषि भूमि पर जैविक पद्धति के कार्यान्वयन के साथ ही सिक्किम दिसम्बर 2015 में भारत का पहला पूर्ण जैविक कृषि वाला राज्य बन गया। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार जैविक पद्धति और सिद्धान्तों के कार्यान्वयन द्वारा लगभग 75,000 हेक्टेयर कृषि भूमि को प्रमाणित जैविक भूमि में परिवर्तित किया गया था।

12. (2) अरुणाचल प्रदेश में मैकमोहन (मैकमहोन) रेखा के दक्षिण में राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील तवांग क्षेत्र को लेकर भारत और चीन के मध्य विवाद की स्थिति बनी हुई है। यह स्थल तवांग मठ का आश्रय स्थल है, जिसका तिब्बत के बौद्ध अनुयायियों के लिए एक विशेष महत्त्व है और भारत के बौद्ध अनुयायियों के लिए भी यह स्थल अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। चीन ने भारत से इस क्षेत्र को उसे सौंप देने की मांग की है।

13. (3) राजस्थान में प्रयुक्त होने वाली जल संग्रहण की कुछ विधियाँ हैं : कुंड/कुंडियाँ, कुईयाँ/बेरी, बोरियाँ/बेर, झालर, नदियाँ, टोबा, टैंक, खाड़िन, बाअलि/बावड़ी, विरदा और जोहाद। कुल और गुल हिमालय के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली जल संग्रहण की विधियाँ हैं।

14. (1) तीस्ता नदी के जल का बँटवारा भारत और बांग्लादेश के मध्य सर्वाधिक विवादास्पद मामला है, यह नदी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल में से होकर प्रवाहित होती है, और अन्त में असम की ब्रह्मपुत्र और

बांग्लादेश की जमना नदी में मिल जाती है। यह नदी सिक्किम के लगभग सम्पूर्ण मैदानों में बाढ़ लेकर आती है, जबकि बांग्लादेश का लगभग 2,800 वर्ग किमी. क्षेत्र सूखा रहता है।

15. (1) भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान द्वारा उत्तर-पश्चिम में घिरा हुआ है, उत्तर में चीन, भूटान और नेपाल, पूर्व में म्यांमार और पश्चिम में बंगाल के पूर्व में बांग्लादेश स्थित है। श्रीलंका को समुद्र के एक संकीर्ण चैनल द्वारा भारत से अलग किया जाता है, जो पाक स्ट्रेट और मन्नार की खाड़ी से बना है।

16. (4) देश के प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (IT) निर्यात में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण बेंगलुरु को कभी-कभी "भारत की सिलिकॉन घाटी" के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। इस शहर में भारतीय शिल्पविज्ञानीय संगठन इसरो, इंफोसिस, विप्रो और हाल (HAL) के मुख्यालय हैं। यह भारत का पहला 'ग्लोबल टेलीकॉम सिटी' भी है।

17. (4) इस प्रश्न में वर्तनी की त्रुटियाँ हैं: कानी शाल को कानी शावी लिखा गया है जो गलत है। कानी शाल (जम्मू- कश्मीर), नगा मिर्च (नगालैंड) और मैसूर सिल्क (कर्नाटक) भारत से पंजीकृत भौगोलिक संकेतक हैं। दार्जिलिंग चाय (शब्द) और दार्जिलिंग चाय (लोगो) भौगोलिक संकेतक भी हैं। एक भौगोलिक संकेत (जीआई) कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला नाम या चिह्न है जो एक विशिष्ट भौगोलिक स्थान या मूल उत्पत्ति से जुड़ा होता है।

18. (4) नाथू ला पूर्वी सिक्किम जिले के हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा है जो भारतीय राज्य सिक्किम को चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र से जोड़ता है। नाथू ला चीन और भारत के बीच तीन खुली व्यापारिक सीमा चौकियों में से एक है; अन्य दो हैं - हिमाचल प्रदेश में शिपकिला और उत्तराखंड का लिपुलेख - जो भारत, नेपाल और चीन तीनों से जुड़ा है।

19. (2) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2018 में पोर्ट ब्लेयर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा तिरंगा फहराने की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर अंडमान और निकोबार के तीन द्वीपों का नाम बदलने की घोषणा की। रॉस द्वीप का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप, नील द्वीप को शहीद द्वीप और हैवलॉक द्वीप का स्वराज द्वीप के रूप में रखा गया।

20. (2) सुनौली भारत/नेपाल सीमा पार, गोरखपुर से 70 किलोमीटर उत्तर और भैरहवा से 3 किलोमीटर दक्षिण में, दोनों पक्षों को दिया जाने वाला पारंपरिक नाम है। तकनीकी रूप से भारतीय पक्ष ''सुनौली'' है और नेपाल पक्ष बेलहिया है।

21. (2) अरुणाचल प्रदेश चीन के साथ 1126 किमी की सीमा साझा करता है, जो किसी भी भारतीय राज्य के लिए सबसे लंबी सीमा है। चीन और अरुणाचल प्रदेश एक सीमा साझा करते हैं, जिसे मैकमोहन रेखा कहा जाता है। राज्य के एक बड़े हिस्से पर चीन और ताइवान दोनों द्वारा दावा किया जाता है, दोनों इसे दक्षिण तिब्बत कहते हैं।

22. (2) नेपाल भारतीय राज्य सिक्किम द्वारा भूटान से अलग किया गया है। सिक्किम की सीमा उत्तर और उत्तर पूर्व में तिब्बत, पूर्व में भूटान, पश्चिम में नेपाल और दक्षिण में पश्चिम बंगाल से लगती है। सिक्किम बांग्लादेश के पास भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के करीब भी स्थित है।

23. (4) पूर्वांचल पर्वत, या पूर्वी पर्वत, म्यांमार के साथ भारत की पूर्वी सीमा पर हिमालय की एक उप-पर्वतीय श्रृंखला है। यह सीमा उत्तर पूर्वी भारत में हिमालय श्रेणी तंत्र का एक पूर्वी विस्तार है। यह दिहांग नदी के तट से परे दक्षिण की ओर मुड़ती है, और म्यांमार के साथ भारत की पूर्वी सीमा तक फैलती है। पूर्वांचल रेंज में पटकाई, बरेल रेंज, मणिपुर, मिजोरम मिजो और नगा हिल्स शामिल हैं।

24. (1) भारत और भूटान को अलग करने वाली भारत-भूटान अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लंबाई 699 किमी. है, जो असम (267 किमी.), अरुणाचल प्रदेश (217 किमी.), पश्चिम बंगाल (183 किमी.) तथा सिक्किम (32 किमी.) भारतीय राज्यों को जोड़ती है।

25. (2) पाक स्ट्रेट दक्षिण भारत और उत्तरी श्रीलंका के मध्य बंगाल की खाड़ी में स्थित है। पाक स्ट्रेट पम्बन द्वीप से, एडम्स (राम्स) ब्रिज, गल्फ ऑफ मन्नार तथा मन्नार द्वीप (श्रीलंका) से घिरा है। इसके दक्षिण-पश्चिमी भाग को पाक की खाड़ी कहते हैं।

26. (3) कूर्ग नारंगी, जिसे कूर्ग मंदारिन भी कहा जाता है, कर्नाटक के कोडागु से नारंगी की खेती होती है जिसे 2006 में भौगोलिक संकेत दिया गया था। कूर्ग संतरे को मैनड्रिंस (साइट्रस रेटिकुलता) का मानव निर्मित संकर माना जाता है। हरे-पीले रंग में, वे एक तंग त्वचा और एक मीठा-खट्टा स्वाद है। अन्य किस्मों की तुलना में उनके पास लंबे समय तक शेल्फ जीवन है।

27. (4) काछाथीवू, पलक जलडमरूमध्य में एक निर्जन आइलेट (द्वीप) है, जो तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवादित है। यह द्वीप 1974 तक भारत के साथ था जब यह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा श्रीलंका को सौंप दिया गया था। तब से ही तमिलनाडु के भारतीय लोगों ने इसे श्रीलंका से वापस लेने की मांग की है।

28. (3) भीमबेटका शिला आश्रय स्थल मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित एक पुरातात्विक स्थल है।

- यह प्रागैतिहासिक पैलियोलिथिक और मेसोलिथिक काल के साथ-साथ ऐतिहासिक काल तक फैला हुआ है।
- भीमबेटका में लगभग 243 शिला आश्रय हैं।

29. (1) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपना पहला रेशम प्रसंस्करण संयंत्र गुजरात के सुरेंद्रनगर में खोला।

- यह रेशम धागे के उत्पादन की लागत में कटौती करने में मदद करेगा और स्थानीय स्तर पर पटोला साड़ियों के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की उपलब्धता को बढ़ाएगा।
- पटोला गुजरात की ट्रेडमार्क साड़ी है।
- इसे महँगा माना जाता है क्योंकि कर्नाटक या पश्चिम बंगाल से इसके लिए कच्चा माल रेशम धागा खरीदा जाता है, जहाँ रेशम प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थित हैं, इस प्रकार कपड़े की लागत कई गुना बढ़ जाती है।

30. (3) 2011 में जम्मू और कश्मीर राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा डल झील पर भारत के एकमात्र अस्थायी डाकघर का उद्घाटन किया गया था। यह एक सक्रिय डाकघर है जो न केवल स्थानीय लोगों द्वारा पत्र पोस्ट करने के लिए प्रयुक्त होता है, बल्कि बड़े पैमाने पर पर्यटक भी इसका प्रयोग करते हैं। यहाँ दी जाने वाली अन्य सेवाओं में इंटरनेट सुविधा और अंतर्राष्ट्रीय फोन कॉल शामिल हैं।

31. (3) उत्तर-पूर्वी राज्य त्रिपुरा की सीमा बांग्लादेश से उत्तर, दक्षिण और पश्चिम में तथा पूर्व में असम और मिजोरम से लगती है। यह एक स्थल-रुद्ध राज्य है। पाँच पर्वतश्रृंखलाएँ-बोरोमुरा, अथारमुरा, लोंगथराई, शाखन और जम्पुई पर्वत इस राज्य के उत्तर से दक्षिण की ओर स्थित हैं, जिसमें बीच-बीच में घाटियाँ हैं।

32. (3) आईसीएआर-सेंट्रल पोटैटो रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपीआरआई) की स्थापना 1949 में पटना, बिहार में की गई थी और बाद में 1956 में इसे शिमला, हिमाचल प्रदेश में स्थानांतरित कर दिया गया। इसका प्राथमिक लक्ष्य स्थायित्व, उत्पादकता, गुणवत्ता और आलू के उपयोग को बढ़ावा देना था। सीपीआरआई भारत के विभिन्न आलू उगाने वाले क्षेत्रों में 7 क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों का संचालन करती है।

33. (3) भारत का सबसे ऊंचा मौसम विज्ञान केंद्र लद्दाख के लेह में समुद्र तल से 3,500 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है।

- अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर के बाद, लेह केंद्र हिमालय में स्थित दूसरा मौसम विज्ञान केंद्र है।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने 29 दिसंबर, 2020 को इसका उद्घाटन किया है।

7

विश्व का भूगोल

1997–2010 के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है

1. स्वेज नहर किस-किसको जोड़ती है ?
(1) भूमध्य सागर और लाल सागर
(2) बाल्टिक और कैस्पियन सागर
(3) भूमध्य और उत्तरी सागर
(4) लाल सागर और कैस्पियन सागर
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–04.07.1999 प्रथम पाली),
(SSC सेक्शन ऑफिसर (कमर्शियल ऑडिट) परीक्षा–30.09.2007)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-07.09.2016, Shift-III)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.10.2016, Shift-II)

2. निम्नलिखित में से वह सागर कौन-सा है जो भू-बद्ध है ?
(1) लाल सागर (2) तिमोर सागर
(3) उत्तरी सागर (4) अरल सागर
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–08.02.2004 द्वितीय पाली)
(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–06.09.2009),
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–19.06.2011 प्रथम पाली)

3. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है ?
(1) सहारा (2) गोबी
(3) थार (4) टकला माकान
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–13.11.2005 प्रथम पाली)
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 मध्य प्रदेश, इलाहाबाद प्रथम पाली)

4. विश्व में कुल देशों की संख्या क्या है?
(1) 125 (2) 165
(3) 255 (4) 195
(SSC CHSLL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–11.01.2017, द्वितीय पाली)

5. कौन सा देश गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक है?
(1) ब्राजील (2) यूनाइटेड स्टेट्स
(3) फ्रांस (4) चीन
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली)

6. विश्व में कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक है-
(1) ब्राजील (2) श्रीलंका
(3) भारत (4) म्यांमार
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–21.05.2000 प्रथम पाली)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–30.03.2008 द्वितीय पाली),
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

7. पनामा नहर निम्नलिखित में से किन महासागरों को जोड़ती है?
(1) प्रशान्त महासागर तथा अन्धमहासागर
(2) अन्धमहासागर तथा आर्कटिक महासागर
(3) प्रशान्त महासागर तथा हिन्द महासागर
(4) अटार्कटिक महासागर तथा अन्धमहासागर
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–30.07.2006, मध्य क्षेत्र द्वितीय पाली)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014 द्वितीय पाली)
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, द्वितीय पाली)

8. हीरों का सबसे बड़ा व्यापार केन्द्र कहां हैं ?
(1) किंबरली (2) ऐंटवर्प
(3) पेरिस (4) डर्बन
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–30.07.2006, मध्य क्षेत्र द्वितीय पाली)
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, द्वितीय पाली)

9. ट्रान्स-साइबेरियन रेलवे के टर्मिनल हैं–
(1) मॉस्को और व्लाडिवोस्टोक
(2) सेन्ट पीटर्सबर्ग और व्लाडिवोस्टोक
(3) मॉस्को और क्रास्नोयार्स्क
(4) सेन्ट पीटर्सबर्ग और क्रास्नोयार्स्क
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–30.03.2008 प्रथम पाली),
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–30.03.2008 द्वितीय पाली),
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-III)

10. कनाडा की राजधानी क्या है?
(1) वेलिंगटन (2) केनबेरा
(3) ओस्लो (4) ओटावा
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–21.01.2017, द्वितीय पाली)

11. चारागाह को 'पम्पाज' कहा जाता है
(1) अफ्रीका में (2) दक्षिण अमेरिका में
(3) ब्रिटेन में
(4) संयुक्त राज्य अमेरिका में
(SSC डाटा एंट्री ऑपरेटर परीक्षा–31.08.2008),
(SSC दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा–19.08.2012)

12. ज्वालामुखी की सक्रियता अधिक पाई जाती है :
(1) हवाई में (2) जापान में
(3) कोलंबिया में (4) न्यूजीलैंड में
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–09.01.2011)

13. निम्नलिखित में से कौन से देश 'पाक स्ट्रेट' से जुड़े हुए हैं?
(1) भारत एवं श्रीलंका
(2) उत्तरी कोरिया एवं दक्षिणी कोरिया
(3) पाकिस्तान एवं चीन
(4) ब्रिटेन एवं फ्रांस
(SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टॉफ परीक्षा–20.02.2011)

14. निम्नलिखित में से किसको 'प्रशांत महासागर की पार-सड़क' कहा जाता है?
(1) टोंगा (2) फिजी
(3) हवाई (4) एलिस
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन प्रथम पाली)

15. किसका मिलान सही **नहीं** किया गया है?
(1) लांगकॉय – रूस
(2) राइन – जर्मनी
(3) ग्लासगो – ग्रेट ब्रिटेन
(4) पिट्सबर्ग – यू.एस.ए.
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन प्रथम पाली)

16. न्यूजीलैण्ड के निवासियों को इस नाम से भी जाना जाता है :
(1) किवीज (2) अरबी
(3) पूर्वदेशी (4) सैम्स
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन द्वितीय पाली)

17. निम्नलिखित में से कौन-से देश में प्राकृतिक गैस भंडार सबसे ज्यादा हैं?
(1) रूस (2) सउदी अरब
(3) ईरान (4) कतर
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन द्वितीय पाली)

18. अबुधाबी _____ की राजधानी है।
(1) यूनाइटेड अरब अमीरात
(2) नीदरलैंड
(3) दक्षिण कोरिया
(4) इटली
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–22.01.2017, तृतीय पाली)

19. निम्न में से किसको ऑस्ट्रेलिया का 'लॉफिंग जैक' कहते हैं?
(1) प्लैटीपस (2) कूकाबारा
(3) कोआला (4) लायर पक्षी
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 04.11.2012, द्वितीय पाली)

20. विलवणीकृत समुद्र जल का संसार का सबसे बड़ा उत्पाद है
(1) कुवैत (2) ईरान
(3) सऊदी अरब (4) इराक
(SSC FCI सहायक ग्रेड-III परीक्षा, 11.11.2012, प्रथम पाली)

21. बाड़ा (क्राल) शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया जाता है?
(1) मसाई चरवाहे का घर
(2) मसाई चरवाहे का बाड़ से घिरा गाँव
(3) घास (किकुयु) की पशुशाला
(4) किरगिज का टेंट
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, प्रथम पाली)

22. डाओचेंग येडिंग एयरपोर्ट कहां स्थित है?
(1) थाइलैंड (2) फिलीपीन्स
(3) चीन (4) तिब्बत
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 21.04.2013)

23. अमेरिका में शीत लहर की वर्तमान अवधि का कारण क्या है?
(1) ध्रुवीय ववंडर
(2) जैवविविधता और आवास
(3) जलवायु और ऊर्जा
(4) राजनीतिक प्रशासन
(SSC CGL Tier-I (पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

24. अनेक प्रकार की शराब और शैम्पेन के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र है
(1) पूर्वी यूरोप (2) पश्चिमी यूरोप
(3) भूमध्यसागर (4) ग्लास लैंड
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

25. पृथ्वी पर सबसे अधिक तप्त (गर्म) स्थान कौन-सा है?
(1) डेथ वैली-कैलीफोर्निया
(2) अल-अजीजिया-लीबिया
(3) जकोबाबाद - पाकिस्तान
(4) अटाकामा - पेरू
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

26. पृथ्वी की सबसे लंबी पर्वतमाला कौन-सी है?
(1) ऐन्डीज पर्वत (2) मध्य-अटलांटिक कटक
(3) पश्चिमी कॉर्डिलेरा (4) हिमालय पर्वतमाला
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

27. निम्नलिखित देशों में से किस देश में कोई भी खनिज निक्षेप **नहीं** है?
(1) स्विट्जरलैंड (2) ऑस्ट्रिया
(3) नॉर्वे (4) श्रीलंका
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

28. **विश्व हीरा आपूर्ति में निम्नलिखित में से कौन-सा देश सर्वाधिक योगदान देता है?**
(1) रूस (2) यू.एस.ए.
(3) जापान (4) दक्षिण अफ्रीका
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014), (SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

29. विश्व में बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक कौन है ?
(1) यू.एस.ए. (2) जमैका
(3) चिली (4) ऑस्ट्रेलिया
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

30. सुण्डा ट्रेंच कहाँ है ?
(1) हिन्द महासागर (2) प्रशान्त महासागर
(3) अंध महासागर (4) मेक्सिको की खाड़ी

31. सिराक्को तूफान की सही दिशा का चयन कीजिए।
(1) सहारा से भूमध्य सागर
(2) यू. एस. ए. से उत्तर
(3) सहारा से पश्चिम
(4) एड्रिएटिक सागर से इटली
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 26.10.2014)

32. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अजैव कारक है?
(1) बरुथी (2) नमी
(3) कीट (4) कृंतक (रोडेन्ट)
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 26.10.2014)

33. अफ्रीका में अस्वान डैम द्वारा बनाई गई झील है
(1) चाड (2) विक्टोरिया
(3) नसीर (4) टांगानयिका
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

34. उत्तरी अमरीका के शीतोष्ण घासस्थल इस नाम से जाने जाते हैं –
(1) पम्पास
(2) कोयलपिच्छ (डाउन)
(3) स्टेपी
(4) प्रेयरी
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, द्वितीय पाली)

35. विश्व की भूमि का कितना क्षेत्र उष्णकटिबंधीय वर्षाप्रचुर वन है ?
(1) 2 प्रतिशत (2) 7 प्रतिशत
(3) 10 प्रतिशत (4) 15 प्रतिशत
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 09.11.2014)

36. विश्व में किस भोजन उत्पाद की बढ़ती हुई क्षुधा उष्णकटिबंधीय वनोन्मूलन का प्रमुख कारण है ?
(1) सुअर का मांस (2) शर्करा
(3) बकरे का मांस (4) गो-मांस
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 09.11.2014)

37. 'मसाई' निम्नलिखित में से किसकी आदिम जनजाति है ?
(1) अंगोला (2) बोट्सवाना
(3) नाइजीरिया (4) तन्जानिया
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 16.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 05.08.2017, तृतीय पाली)

38. निम्नलिखित महाद्वीपों में से कौन सा महाद्वीप पृथ्वी के उत्तरी-दक्षिणी और पूर्वी-पश्चिमी गोलार्ध में स्थित है ?
(1) ऑस्ट्रेलिया (2) अफ्रीका
(3) यूरोप (4) दक्षिण अमरीका
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

39. सहारा अफ्रीका के किस हिस्से में स्थित है ?
(1) पूर्वी (2) पश्चिमी
(3) उत्तरी (4) दक्षिणी
(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

40. कौन-सा 'शुगर बाउल ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में जाना जाता है ?
(1) क्यूबा (2) भारत
(3) ब्राजील (4) यू.एस.ए
(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

41. पेरू की राजधानी है
(1) ला पाज (2) क्विटो
(3) लीमा (4) बोगोटा
(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

42. चेरनोबिल परमाणु संयंत्र जो अब बंद है, कहाँ है?
(1) रूस (2) यूक्रेन
(3) बेलारूस (4) जॉर्जिया
(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

43. नहरों का देश किसे कहते हैं ?
(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) जापान (4) म्यांमार
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–30.01.2017, तृतीय पाली)

44. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही **नहीं** हैं?
(1) हेविआ वृक्ष - ब्राजील
(2) सुमात्रा तूफान - मलेशिया
(3) काजन नदी - बोरनिओ
(4) डेक्के टोबा मत्स्य - ब्राजील
(SSC (CGL) Tier-I परीक्षा 19.10.2014, TF No.-022 MH3, प्रथम पाली)

45. विश्व की सबसे लम्बी नदी कौन-सी है?
(1) गंगा (2) नील
(3) ब्रह्मपुत्र (4) अमेजन
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 333 LO 2, प्रथम पाली)
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा 17.09.2017, तृतीय पाली)

46. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का सबसे बड़ा खनन पत्तन है ?
(1) न्हावाशेवा (2) हैमिल्टन
(3) हेडलैंड (4) पार्डन
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

47. निम्नलिखित नगरों में से मरुस्थल देश माली की राजधानी कौन सी है ?
(1) डैमसकस (2) बमाको
(3) आड्रा (4) अंकारा
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

48. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मकर रेखा से दो बार गुजरती है ?
(1) वाआल (2) लिम्पोपो
(3) नाइज़र (4) जाम्बेजी
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

49. एशिया की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है ?
(1) इन्डस नदी (2) यांगटीसी नदी
(3) ह्वांग हो नदी (4) गंगा नदी
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)
(SSC JE (Civil) Exam, 29.01.2018 (IInd Sitting)

50. भू-मध्यरेखा निम्नलिखित किस देश से होकर नहीं गुजरती ?
(1) केन्या (2) मेक्सिको
(3) इन्डोनेशिया (4) ब्राज़ील
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

51. निम्नलिखित में से कौन-सा देश मुख्य ताम्बा उत्पादक देश है ?
(1) श्रीलंका (2) इंडोनेशिया
(3) चिली (4) रूस
(SSC CAPFs SI, CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 21.06.2015, TF No. 8037731 प्रथम पाली)

52. निम्नलिखित में से कौन सा देश चाय का निर्यातक नहीं है ?
(1) यूनाइटेड किंगडम (2) श्री लंका
(3) भारत (4) केन्या
(SSC CAPFs SI, CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 21.06.2015 TF No. 310524, द्वितीय पाली)

53. विश्व में सबसे लंबी महाद्वीपीय रेलवे कौन सी है?
(1) ट्रांस अटलांटिक रेलवे
(2) ट्रांस साइबेरियन रेलवे
(3) कनाडियन पैसेफिक रेलवे
(4) कनाडियन नेशनल रेलवे
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

54. निम्नलिखित में से किसे भूमध्यसागर का लाईट हाउस कहते हैं?
(1) पश्चिमी द्वीप समूह का माउंट पीली
(2) इटली का विसूवियस
(3) सिसली का स्ट्राम्बोली
(4) मेक्सिको का पेराक्युटिन
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279)

55. सऊदी अरब की मुद्रा क्या है?
(1) दीनार (2) रियाल
(3) पाउंड (4) लीरा
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 2176783)

56. यू.के. में बर्मिंघम किस लिए प्रसिद्ध है?
(1) लौह एवं इस्पात उद्योग
(2) चीनी उद्योग
(3) कागज उद्योग
(4) एल्युमिनियम उद्योग
(SSC CGL TIER-I पुनर्परीक्षा 30.08.2015)

57. विश्व कोयला भंडार का प्राय: 50% किसके पास है?
(1) अमेरिका, रूस और चीन
(2) चीन, भारत और रूस
(3) भारत, रूस और अमेरिका
(4) चीन, भारत और अमेरिका
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

58. माले _____ की राजधानी है।
(1) अल्जीरिया (2) मालदीव
(3) केन्या (4) मॉरीशस
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–30.01.2017, तृतीय पाली)

59. विश्व वन्य जीव निधि का शिलान्यास किस वर्ष किया गया था?
(1) 1965 (2) 1969
(3) 1992 (4) 1961
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

60. किमोनो किस एशियाई देश की परिधान शैली है?
(1) जापान (2) कोरिया
(3) लाओस (4) चीन
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

61. रैंड किस देश की मुद्रा है?
(1) नामीबिया (2) ईरान
(3) रोमानिया (4) नॉर्वे
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

62. निम्नलिखित में से कौन -सी जातियाँ पशु - चारण का कार्य करती हैं ?
(1) बोरो (2) मसाई
(3) पिग्मीज (4) एस्किमो
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 3441135, द्वितीय पाली)

63. क्यूबा किसका सबसे बड़ा उत्पादक है?
(1) जौ (2) चीनी
(3) गेहूँ (4) चावल
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली)

64. 49° N अक्षांश किस-किस के बीच सीमांकन करता है?
(1) उत्तरी और दक्षिणी वियतनाम
(2) मिस्र और सूडान
(3) उत्तरी और दक्षिणी कोरिया
(4) अमेरिका और कनाडा
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 10.08.2017, तृतीय पाली)

65. विश्व के किस देश में चाय की सबसे अधिक पैदावार होती है?
(1) श्रीलंका (2) चीन
(3) भारत (4) ब्राजील
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

66. अभी तक ज्ञात विश्व का सबसे बड़ा तेल रिजर्व कहाँ है?
(1) वेनेजुएला (2) सऊदी अरब
(3) ईरान (4) इराक
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

67. फिलाडेल्फिया किसके लिए प्रसिद्ध है?
(1) पोत बनाने के लिए (2) रेशमी वस्त्र
(3) इंजन (4) डेरी-उद्योग
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

68. जापान में 'होन्शु' नामक द्वीप किसके लिए प्रसिद्ध है?
(1) कोयला (2) लौह अयस्क
(3) तेल (4) हीरे
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

69. एन्टार्कटिका में निम्नलिखित में से कौन-सा एकमात्र ज्वालामुखी शिखर है?
(1) माउन्ट ब्लैंक (2) माउन्ट इरेबस
(3) माउन्ट एल्ब्रस (4) माउन्ट कुक
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

70. निम्नलिखित में से किसे 'लैंड ऑफ वन थाउजैंड लेक्स' कहा जाता है?
(1) स्वीडन (2) ग्रीनलैंड
(3) यू.एस.ए. (संयुक्त राज्य अमेरिका)
(4) फिनलैंड
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

71. "द ग्रेट थ्रस्ट" वाक्यांश के नाम पर निम्न में से किस मरुस्थल का नाम रखा गया ?
(1) नामीब मरुस्थल (2) मोजेव मरुस्थल
(3) कालाहारी मरुस्थल (4) सहारा मरुस्थल
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

72. निम्न में से कौन सा विश्व का सबसे ऊँचा रोडपास है जहाँ पर मोटर वाहनों द्वारा पहुँचा जा सकता है ?
(1) मर्सिमिक ला (2) सेमो ला
(3) खरडुंग ला (4) डूंगरी ला
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

73. विश्व के महासागरों में किस महासागर का सर्वाधिक चौड़ा महाद्वीपीय शेल्फ है?
(1) अंटार्कटिका महासागर
(2) आर्कटिक महासागर
(3) हिन्द महासागर
(4) अटलांटिक महासागर
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा-08.09.2016 प्रथम पाली)

74. मछली पकड़ने के आधार पर देशों की **अवरोही** क्रम में सही शृंखला बताइए।
(1) चीन, जापान, पेरू (2) जापान, चीन, पेरू
(3) चीन, पेरू, जापान (4) पेरू, चीन, जापान
(SSC CAPFs (CPO) SI & ASI एवं दिल्ली पुलिस परीक्षा-20.03.2016 **द्वितीय पाली)**

75. सूची I और सूची II का मिलान कीजिए और सही उत्तर चिह्नांकित कीजिए।

सूची I (जल-वायु टाइप)	**सूची II (स्थान)**
a. टैगा	1. जैकोबाबाद
b. मॉनसून	2. भारत
c. अल्पाइन	3. वर्खोयांस्क
d. रेगिस्तान	4. ला पाज़

(1) a = 3, b = 2, c = 4, d = 1
(2) a = 4, b = 2, c = 1, d = 3
(3) a = 2, b = 4, c = 3, d = 1
(4) a = 3, b = 4, c = 1, d = 2
(SSC CAPFs (CPO) SI & ASI एवं दिल्ली पुलिस परीक्षा-20.03.2016 द्वितीय पाली)

76. निम्न में से कौन-सी समुद्र संधि अफ्रीका से एशिया को अलग करती है?
(1) मलक्का (2) होरमुज
(3) बाब-अल-मंदेब (4) बोस्फोरुस
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस परीक्षा-05.06.2016 प्रथम पाली)

77. भारतीय महासागर में सबसे छोटा द्वीप देश कौन-सा है?
(1) मालदीव (2) श्रीलंका
(3) मॉरीशस (4) मेडागास्कर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.08.2016 प्रथम पाली)

78. इनमें से कौन-से मरुस्थल में सबसे बड़ा स्वर्ण भण्डारित है?
(1) किजिल कुम मरुस्थल
(2) गोबी मरुस्थल
(3) माजोव मरुस्थल
(4) तनामी मरुस्थल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.08.2016 द्वितीय पाली)

79. भू-तापीय ऊर्जा का अधिकतम उपयोग कहाँ होता है?
(1) आइसलैंड (2) न्यूजीलैंड
(3) रूस (4) जापान
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-30.08.2016 प्रथम पाली)

80. थोरियम का सबसे बड़ा भंडार कहाँ है?
(1) चीन (2) यू.एस.ए.
(3) भारत (4) फ्रांस
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-30.08.2016 प्रथम पाली)

81. एस्बेटॉस निम्नलिखित में से किस देश में सबसे अधिक पाया जाता है?
(1) ऑस्ट्रेलिया (2) कनाडा
(3) अफ्रीका (4) रूस
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली तथा SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 प्रथम पाली))

82. सर्वाधिक ऊँचाई वाला हवाई अड्डा _____ में है।
(1) तिब्बत (2) नेपाल
(3) भारत (4) चीन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

83. ऑस्ट्रेलिया में ग्रीष्मकालीन वर्षा सामान्यत: _____ की ओर कम होती जाती है।
(1) पूर्व से पश्चिम
(2) पश्चिम से पूर्व
(3) उत्तर से दक्षिण
(4) दक्षिण से उत्तर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

84. कोकोआ के उत्पादन में कौन-सा देश सबसे आगे है?
(1) घाना (2) ब्राजील
(3) आइवरी कोस्ट (4) नाइजीरिया
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

85. निम्नलिखित में से 'एड्रियाटिक की रानी' किसे कहते हैं?
(1) वेनिस (2) रोम
(3) फ्लैंडर्स (4) लिस्बन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

86. जापान को 'लैंड ऑफ द राईजिंग सन' क्यों कहा जाता है?
(1) सूर्यास्त होते ही सूर्योदय हो जाता है
(2) जापान में दिन भर सूर्य आकाश में पूर्व दिशा में ही रहता है
(3) चूँकि जापान विश्व में ऐसा देश है जो पूर्व में सबसे अंतिम छोर पर है, अत: वहाँ सूर्योदय सबसे पहले होता है
(4) सूर्य की किरणें समुद्र के जल से अपवर्तित होकर जापान में सूर्योदय को अत्यधिक सुंदर बना देती हैं
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-01.09.2016, Shift-III)

87. निम्नलिखित में कौन-सा देश स्थल रुद्ध देश है?
(1) भारत (2) रूस
(3) चीन (4) ऑस्ट्रिया
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा–14.05.2017, द्वितीय पाली)
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा–05.07.2017, प्रथम पाली)

88. निम्नलिखित में से कौन-सा ईराकी शहर टिगरीश नदी के किनारे पर बसा हुआ है?
(1) बगदाद (2) मौसूल
(3) किरकुक (4) बसरा
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-06.09.2016, Shift-III)

89. ''लैंड ऑफ द गोल्डन पगोडा'' किसे कहते हैं?
(1) म्यांमार (2) चीन
(3) जापान (4) उत्तरी कोरिया
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-10.09.2016, Shift-III)

90. जिब्राल्टर जलडमरूमध्य किन को जोड़ता है?
(1) लाल सागर - भूमध्य सागर
(2) लाल सागर - अरब सागर
(3) एटलाण्टिक महासागर - भूमध्य सागर
(4) भूमध्य सागर- काला सागर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-09.09.2016, Shift-II)

91. भारत निम्न में से किस देश में चाबहार बंदरगाह बना रहा है?
(1) इराक (2) ओमान
(3) ईरान (4) अफगानिस्तान
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-II)

92. विश्व की सबसे लम्बी और सबसे गहरी रेल सुरंग गोथार्ड बेस सुरंग किस देश में स्थित है?
(1) बेल्जियम (2) ऑस्ट्रिया
(3) स्विट्जरलैंड (4) स्वीडन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-II)

93. एशिया के सबसे बड़े मरुस्थल का नाम बताइए।
(1) थार (2) गोबी
(3) टकला मकान (4) काराकुम
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा-15.01.2017, Shift-II)

94. केप कैमोरिन किस देश में स्थित है ?
(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) दक्षिण अफ्रीका (4) दक्षिण अमेरिका
(SSC CAPFs व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–03.07.2017, प्रथम पाली)

95. निम्नलिखित में से किस देश में कालाहारी मरुस्थल स्थित है?
(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) बोत्सवाना (4) केन्या
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

96. दक्षिणी अफ्रीका के घास के मैदानों का नाम क्या है?
(1) सवाना (2) पंपास
(3) वेल्ड्स (4) प्रेयरीज
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

97. बैरन द्वीप निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?
(1) इटली (2) ऑस्ट्रेलिया
(3) भारत (4) पाकिस्तान
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा–05.07.2017, प्रथम पाली)

98. निम्नलिखित में से किस देश में से अमेजन नदी बहती है?
(1) संयुक्त राज्य अमेरिका
(2) फ्रांस (3) ब्राजील
(4) कनाडा
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 09.08.2017, द्वितीय पाली)

99. _____ समष्टि के व्यष्टियों की वह संख्या है जो दी गयी समयावधि के दौरान आवास छोड़कर कहीं और चले गए हैं।
(1) जन्मदर (2) मृत्युदर
(3) आप्रवासन (4) उत्प्रवासन
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 20.08.2017, तृतीय पाली)

100. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी म्यांमार की सबसे लंबी नदी है?
(1) इरावदी नदी (2) चिन्दविन
(3) सित्तौंग (4) थानल्विन
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

101. भारत और पाकिस्तान के बीच कच्छ के रण सीमा रेखा को _____ के रूप में भी जाना जाता है।
(1) 13वीं समानांतर (2) 17वीं समानांतर
(3) 24वीं समानांतर (4) 34वीं समानांतर
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

102. निम्नलिखित में कौन सा एक देश प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख उत्पादक नहीं है?
(1) दक्षिण अफ्रीका (2) नॉर्वे
(3) यूनाइटेड किंगडम (4) रूस
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 12.09.2017, प्रथम पाली)

103. 'रेड इंडियंस' निम्नलिखित में से किस देश के मूल निवासी हैं?
(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) उत्तरी अमेरिका (4) पश्चिम अफ्रीका
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI Paper-I परीक्षा–02.07.2017, द्वितीय पाली)

104. विश्व का सबसे बड़ा आवासीय नदी द्वीप कौन सा है?
(1) माजुली (2) दोआब
(3) उमानंद (4) माजुली
(SSC Scientific Assistant Electronics Exam, 22.11.2017 (IInd Sitting)

105. दश्त-ए-कावियर मरुस्थल किस देश में स्थित है?
(1) ईरान (2) सऊदी अरब
(3) इराक (4) सूडान
(SSC JE (Civil) Exam, 22.01.2018 (Ist Sitting)

106. ब्लू नील नदी निम्नलिखित में से किस झील से निकलती है?
(1) विक्टोरिया झील
(2) ताना झील
(3) एडवर्ड झील
(4) अल्बर्ट झील
(SSC JE (Civil) Exam, 22.01.2018 (Ist Sitting)

107. निम्नलिखित में से कौन सा 'मोती द्वीप' के नाम से जाना जाता है?
(1) जापान (2) मालदीव
(3) इजराइल (4) बहरीन
(SSC JE (Civil) Exam, 24.01.2018 (Ist Sitting)

108. ''ओडर-नीस लाइन'' किस देश के बीच की सीमा है?
(1) इज़राइल और फिलिस्तीन
(2) जर्मनी और पोलैंड
(3) चीन और वियतनाम
(4) मैक्सिको और यूएसए
(SSC JE (Civil) Exam, 24.01.2018 (Ist Sitting)

109. सक्रिय स्ट्रैटो ज्वालामुखी पर्वत सेंट हेलेन्स निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?
(1) जापान (2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) चिली (4) इटली
(SSC JE (Civil) Exam, 25.01.2018 (Ist Sitting)

110. मेसेटा पठार किस देश में अवस्थित है?
(1) तुर्की (2) इथियोपिया
(3) स्पेन (4) ईरान
(SSC JE (Civil) Exam, 27.01.2018 (Ist Sitting)

111. निम्नलिखित में से किस देश के पास यूरेनियम का विश्व का सबसे बड़ा भंडार है?
(1) रूस (2) कजाकस्तान
(3) ऑस्ट्रेलिया (4) जॉर्डन
(SSC JE (Civil) Exam, 29.01.2018 (Ist Sitting)

112. निम्नलिखित में किस देश के साथ चीन की सीमा रेखा सबसे लंबी है?
(1) रूस (2) भारत
(3) म्यान्मार (4) मंगोलिया
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–04.03.2018, प्रथम पाली)

113. वेद्दा निम्नलिखित में किस देश की जनजाति है?
(1) मालदीव (2) म्यांमार
(3) श्रीलंका (4) बांग्लादेश
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–05.03.2018, प्रथम पाली)

114. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?
(1) 49वाँ समानांतर- संयुक्त राज्य अमेरिका तथा कनाडा
(2) 38वाँ समानांतर- चीन तथा उत्तर कोरिया
(3) डूरंड रेखा- भारत तथा अफगानिस्तान
(4) रेडक्लिफ रेखा- भारत तथा श्रीलंका
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, पेपर-I (द्वितीय पाली) 04.07.2017)

115. निम्नलिखित में से कौन सी पर्वत शृंखला रूस में स्थित है?
(1) रॉकी (2) एंडीज
(3) हिमालय (4) यूराल
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (द्वितीय पाली) 06.07.2017)

116. श्रीलंका की आधिकारिक राजधानी का नाम क्या है?
(1) कोलंबो (2) श्री जयवर्धनेपुरा
(3) सीलोन (4) कैंडी
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 06.03.2018)

117. निम्नलिखित में किस देश की सीमा चीन से लगती है?
(1) उज्बेकिस्तान (2) थाईलैंड
(3) वियतनाम (4) दक्षिण कोरिया
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 08.03.2018)

118. भूमध्य रेखा निम्नलिखित में से किस देश से होकर नहीं गुजरती है?
(1) कीनिया (2) मेक्सिको
(3) इंडोनेशिया (4) ब्राजील
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 10.03.2018)

119. नेपाल का क्षेत्रफल लगभग _____ वर्ग किलोमीटर है।
(1) 115187 (2) 128540
(3) 135789 (4) 147181
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 10.03.2018)

120. कौन-सा देश फ्रांस के बाद फोटोवोल्टिक राजमार्ग बनाने वाला विश्व का दूसरा देश है?
(1) चीन (2) जापान
(3) जर्मनी (4) कनाडा
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 10.03.2018)

121. विश्व का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी पर्वत कोटोपैक्सी कहाँ स्थित है?
(1) जापान (2) फिलिपींस
(3) इक्वेडोर (4) हवाई द्वीप
(SSC CHSL (10+2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 12.03.2018)

122. जनसंख्या के मामले में पाकिस्तान विश्व में किस स्थान पर है?
(1) आठवाँ (2) साठवाँ
(3) छठा (4) पाँचवाँ
(SSC CHSL (10+2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 12.03.2018)

123. पिडरूटागाला या माउंट पेड्रो निम्नलिखित में से किस देश का सर्वोच्च पर्वत शिखर है?
(1) दक्षिण अफ्रीका
(2) पनामा
(3) श्रीलंका
(4) कम्बोडिया
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 15.03.2018)

124. म्यांमार का सबसे बड़ा शहर निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(1) यांगून (2) मांडले
(3) मावलमयने (4) नेपिदाव
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 15.03.2018)

125. म्यांमार _____ में अवस्थित है।
(1) दक्षिण एशिया (2) दक्षिण-पूर्व एशिया
(3) पूर्व एशिया (4) दक्षिण-पूर्व एशिया
(SSC CHSL (10+2) Tier–I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 16.03.2018)

126. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(1) एटना : इटली
(2) फ्यूजीयामा-जापान
(3) पोपा : म्यांमार
(4) क्राकाटोआ : मलयेशिया
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 17.03.2018)

127. नेपाल का सबसे बड़ा शहर कौन-सा है?
(1) हेटौडा (2) पोखरा
(3) विराटनगर (4) काठमांडू
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 17.03.2018)

128. दक्षिणी आल्प्स पर्वत श्रेणी कहाँ स्थित है?
(1) ऑस्ट्रेलिया (2) न्यूजीलैंड
(3) दक्षिण अफ्रीका (4) इंडोनेशिया
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 19.03.2018)

129. बागानी कृषि के तहत श्रीलंका में पहली बार किस फसल की खेती की गई थी?
(1) कॉफी (2) चाय
(3) रबर (4) नारियल
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 20.03.2018)

130. किस देश की सीमा कैस्पियन सागर से नहीं मिलती है?
(1) अजरबैजान (2) रूस
(3) यूक्रेन (4) तुर्कमेनिस्तान
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 21.03.2018)

131. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने इजरायल के किस नगर को वहाँ की नयी राजधानी के रूप में मान्यता प्रदान की है?
(1) येरुशलम (2) हाइफा
(3) बीरशीबा (4) तेल अवीव
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 21.03.2018)

132. सू नहर निम्नलिखित में किसको जोड़ती है?
(1) सुपीरियर को मिशीगन से
(2) सुपीरियर को ह्यूरन से
(3) मिशीगन को ह्यूरन से
(4) ईरी को ह्यूरन से
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 25.03.2018)

133. विश्व प्रसिद्ध काईटेयर जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?
(1) पोटारो (2) मिसीसिपी
(3) सेंट लॉरेंस (4) जाम्बेजी
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 26.03.2018)

134. भूटान का लगभग कितना क्षेत्रफल वनाच्छादित है?
(1) 45% (2) 61%
(3) 72% (4) 84%
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 26.03.2018)

135. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?
(1) खमसिन - मिस्र
(2) चिनूक - चीन
(3) सिरॉको - इटली
(4) गिबिली - लीबिया
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 27.03.2018)

136. विश्व का सबसे ऊँचा मोटर वाहन योग्य सड़क किस पर्वत दर्रे पर स्थित है?
(1) शिपकी-ला (2) नाथू-ला
(3) डुंगरी-ला (4) जेलेप-ला
कांस्टेबल (GD, CAPFs, NIA, SSF & RIFLEMAN (GD), ASSAM RIFLES परीक्षा, 01.03.2019`)(प्रथम पाली)

137. निम्नलिखित में से कौन से देश में दुनिया का सबसे बड़ा कृषि भूमि क्षेत्र है?
(1) रूस
(2) चीन
(3) संयुक्त राज्य अमेरिका
(4) भारत
SSC कांस्टेबल (GD) परीक्षा, 02.03.2019(प्रथम पाली)

138. ब्लैक फॉरेस्ट एक बड़ी वनाच्छादित पर्वतश्रृंखला है जो _____ में पाई जाती है।
(1) ब्राजील
(2) जर्मनी
(3) दक्षिण अफ्रीका
(4) बेल्जियम
SSC CAPFs, NIA, SSF कांस्टेबल (GD) एवं असम राइफल्स राइफलमैन (GD) परीक्षा, 05.03.2019(प्रथम पाली)

139. कौन-सी नदी अधिकतम देशों से होकर गुजरती है?
(1) राइन नदी (2) डेन्यूब नदी
(3) अमेज़न नदी (4) वोल्गा नदी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (द्वितीय पाली))

140. _____ स्ट्रेट जावा द्वीपसमूह (पूर्व) और सुमात्रा को अलग करता है।
(1) सुन्डा (2) यूकाटान
(3) मालक्का (4) कुक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (प्रथम पाली))

141. निम्नलिखित में से पाकिस्तान का सबसे व्यस्त समुद्री बंदरगाह कौन-सा है?
(1) केटी का बंदरगाह
(2) ग्वादर का बंदरगाह
(3) करांची का बंदरगाह
(4) कासिम का बंदरगाह
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

142. नेपाल देश को कितने प्रांतों में बांटा गया है?
(1) 5 (2) 7
(3) 4 (4) 6
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

143. चीन के किस प्रांत में ह्वांगोशू राष्ट्रीय स्थित है? इसमें दुनिया का सबसे बड़ा जल प्रपात समूह है।
(1) जिंआगसू (Jiangsu)
(2) शैनडोंग (Shandon)
(3) गुइझोउ (Guizhou)
(4) युन्नान (Yunnan)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (तृतीय पाली))

144. पाकिस्तान की सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित झील कौन-सी है?
(1) परिस्तान झील (2) सतपरा झील
(3) ऐटाबाद झील (4) रूश झील
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (तृतीय पाली))

145. फ्रैन्डशिप हाईवे, जो चीन को निम्नलिखित में से किसके साथ जोड़ती है?
(1) भारत (2) नेपाल
(3) पाकिस्तान (4) म्यांमार
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (तृतीय पाली))

146. निम्नलिखित में से कौन-सा देश दुनिया में गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक है?
(1) बांग्लादेश (2) म्यांमार (बर्मा)
(3) भारत (4) चीन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (प्रथम पाली))

147. निम्नलिखित में से चीन का राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है?
(1) तोता (2) बार्न उल्लू
(3) लाल मुकुट वाली क्रेन
(4) रोबिन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

148. विश्व के किस देश में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की संख्या सबसे अधिक है?
(1) इंडिया (2) पाकिस्तान
(3) नेपाल (4) चीन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

149. निम्नलिखित में से पाकिस्तान की सबसे लंबी नदी कौन-सी है जो मानसरोवर झील से निकलती है?
(1) सिंधु (2) काबुल
(3) सतलुज (4) चेनाब
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (तृतीय पाली))

150. श्रीलंका में कितने प्रांत हैं?
(1) 9 (2) 6
(3) 8 (4) 11
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (तृतीय पाली))

151. 'चेपू' किस देश का एक अनूठा सांस्कृतिक प्रतीक है?
(1) भूटान (2) म्यांमार (बर्मा)
(3) चीन (4) नेपाल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (द्वितीय पाली))

152. श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन-सी चोटी सबसे ऊंची है?
(1) किरीगलपोट्टा (2) हकगाला
(3) माउंट पेड्रो (4) बाइबल रॉक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (द्वितीय पाली))

153. निम्नलिखित में से जनसंख्या के मामले में भारत का कौन-सा पड़ोसी देश सबसे छोटा है?
(1) अफगानिस्तान (2) मलदीव
(3) बांग्लादेश (4) नेपाल
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 05.07.2019 (द्वितीय पाली)

154. श्रीलंका की सबसे लंबी नदी _____ है।
(1) केलानी (2) महा
(3) महावेली (4) कालू
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (द्वितीय पाली)

155. पाकिस्तान के किस शहर को 'मुगलों का बाग या बागों का शहर' कहा जाता है?
(1) पेशावर (2) मुल्तान
(3) कराची (4) लाहौर
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (द्वितीय पाली)

156. निम्नलिखित में से कौन-सा देश बंदरगाह- विहीन देश है?
(1) तुर्की (2) इरीट्रिया
(3) मंगोलिया (4) सीरिया
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (द्वितीय पाली)

157. _____ दक्षिण एशिया का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है।
(1) डिनोंधर पहाड़ियों
(2) तोशाम पहाड़ियों
(3) बंजर (बैरेन द्वीप)
(4) नर्कोन्दम द्वीप
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (द्वितीय पाली)

158. चैनल टनल समुद्र के नीचे निम्नलिखित में से किसे जोड़ने वाली सुरंग का नाम है?
(1) फ्रांस और जर्मनी
(2) फ्रांस और इंग्लैंड
(3) फ्रांस और इंग्लैंड
(4) स्पेन और मोरक्को
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (तृतीय पाली)

159. निम्नलिखित में से कौन-सा देश हवा के देश के रूप में जाना जाता है?
(1) पुर्तगाल (2) चीन
(3) फ्रांस (4) डेनमार्क
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 09.08.2019 (प्रथम पाली)

160. द्वीपीय देश फिजी किस महासागर में स्थित है ?
(1) हिंद महासागर
(2) प्रशांत महासागर
(3) आर्कटिक महासागर
(4) अटलांटिक महासागर
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.12.2019(प्रथम पाली))

161. 'किरिबाथ' निम्नलिखित किस देश का चावल से निर्मित खाद्य पदार्थ है?
(1) म्यांमार (2) भूटान
(3) नेपाल (4) श्रीलंका
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (तृतीय पाली))

162. ____ श्रीलंका का सबसे बड़ा शहर है।
(1) कोलंबो (2) नेगोंबो
(3) कैंडी (4) जाफना
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (तृतीय पाली))

163. यांग्तेज नदी के मुहाने पर _____ नगर स्थित है।
(1) बीजिंग (2) ग्वांग्झू
(3) शंघाई (4) ल्हासा
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (तृतीय पाली))

164. एशिया का सबसे बड़ा थोक मसाला बाजार _____ में स्थित है।
(1) कोलकाता (2) बेंगलुरु
(3) अहमदाबाद (4) दिल्ली
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (प्रथम पाली))

165. चीन में ____ विश्व का सबसे लंबा मानव निर्मित जलमार्ग है।
(1) सुझु नहर (2) कील नहर
(3) कोरिथ नहर (4) ग्रैंड नहर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 05.03.2020 (द्वितीय पाली))

166. दालचीनी मसाला मूलत: कहाँ का है ?
(1) मलेशिया (2) अफगानिस्तान
(3) भूटान (4) श्रीलंका
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (तृतीय पाली))

167. विश्व का सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश कौन-सा है?
(1) उज्बेकिस्तान (2) कजाकिस्तान
(3) अमेरिका (4) भारत
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.03.2020 (प्रथम पाली))

168. घास के खुले मैदान वेल्ड्स कहाँ पाए जाते हैं?
(1) अफ्रीका (2) ऑस्ट्रेलिया
(3) अमेरिका (4) एशिया
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.03.2020 (प्रथम पाली))

169. करतारपुर साहिब गलियारा गुरदासपुर भारत में डेरा बाबा नानक मंदिर को पाकिस्तान के करतारपुर गुरुद्वारा से जोड़ता है, जो _____ नदी के किनारे स्थित है।
(1) रवि (2) झेलम
(3) सतलज (4) चिनाब
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.10.2020 (प्रथम पाली))

170. निम्न में से कौन-सा बांग्लादेश का एक बंदरगाह है?
(1) चटगाँव (2) फरीदपुर
(3) राजशाही (4) ढाका
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 23.11.2020(प्रथम पाली))

171. निम्न चोटियाँ में से कौन-सी, नेपाल हिमालय क्षेत्र में स्थित नहीं है?
(1) ल्होत्से (2) माउंट एवरेस्ट
(3) अन्नपूर्णा (4) कामेट
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 23.11.2020(प्रथम पाली))

172. मेडागास्कर _____ महासागर में स्थित है।
(1) प्रशांत (2) आर्कटिक
(3) हिन्द (4) अटलांटिक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

173. नॉर्थ-ईस्ट कैनियंस और सीमाउंट मरीन नेशनल मोनूमेंट _____ में स्थित है।
(1) आर्कटिक महासागर
(2) अरब सागर
(3) अटलांटिक महासागर
(4) लाल सागर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (1)	**2.** (4)	**3.** (1)	**4.** (4)
5. (4)	**6.** (1)	**7.** (1)	**8.** (2)
9. (2)	**10.** (4)	**11.** (2)	**12.** (1)
13. (1)	**14.** (2)	**15.** (1)	**16.** (1)
17. (1)	**18.** (1)	**19.** (2)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (4)	**23.** (1)	**24.** (3)
25. (2)	**26.** (1)	**27.** (1)	**28.** (1)
29. (4)	**30.** (1)	**31.** (1)	**32.** (2)
33. (3)	**34.** (4)	**35.** (2)	**36.** (4)
37. (4)	**38.** (2)	**39.** (3)	**40.** (3)
41. (3)	**42.** (2)	**43.** (2)	**44.** (4)
45. (2)	**46.** (3)	**47.** (2)	**48.** (2)
49. (2)	**50.** (2)	**51.** (3)	**52.** (1)
53. (2)	**54.** (3)	**55.** (2)	**56.** (1)
57. (1)	**58.** (2)	**59.** (4)	**60.** (1)
61. (1)	**62.** (3)	**63.** (*)	**64.** (4)
65. (2)	**66.** (1)	**67.** (3)	**68.** (2)
69. (2)	**70.** (4)	**71.** (3)	**72.** (2)
73. (2)	**74.** (1)	**75.** (1)	**76.** (3)
77. (1)	**78.** (3)	**79.** (1)	**80.** (3)
81. (4)	**82.** (1)	**83.** (3)	**84.** (3)
85. (1)	**86.** (3)	**87.** (4)	**88.** (1)
89. (1)	**90.** (3)	**91.** (3)	**92.** (3)
93. (2)	**94.** (1)	**95.** (3)	**96.** (3)
97. (3)	**98.** (3)	**99.** (4)	**100.** (1)
101. (3)	**102.** (1)	**103.** (3)	**104.** (1)
105. (1)	**106.** (2)	**107.** (4)	**108.** (2)
109. (2)	**110.** (3)	**111.** (3)	**112.** (4)
113. (3)	**114.** (1)	**115.** (4)	**116.** (2)
117. (2)	**118.** (2)	**119.** (4)	**120.** (1)
121. (3)	**122.** (4)	**123.** (3)	**124.** (1)
125. (2)	**126.** (4)	**127.** (4)	**128.** (2)
129. (1)	**130.** (3)	**131.** (1)	**132.** (2)
133. (1)	**134.** (3)	**135.** (2)	**136.** (3)
137. (4)	**138.** (2)	**139.** (2)	**140.** (1)
141. (3)	**142.** (2)	**143.** (3)	**144.** (1)
145. (2)	**146.** (4)	**147.** (3)	**148.** (4)
149. (1)	**150.** (1)	**151.** (4)	**152.** (3)
153. (2)	**154.** (3)	**155.** (4)	**156.** (3)
157. (3)	**158.** (2)	**159.** (4)	**160.** (2)
161. (4)	**162.** (1)	**163.** (3)	**164.** (4)
165. (4)	**166.** (4)	**167.** (2)	**168.** (1)
169. (1)	**170.** (1)	**171.** (4)	**172.** (3)
173. (3)			

उत्तर व्याख्यासहित

(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 21.10.2017)

96. भारत में आर्थिक नियोजन _____ में है।
(1) संघ सूची (2) राज्य सूची
(3) समवर्ती सूची
(4) कोई विकल्प सही नहीं है
(SSC CHSL परीक्षा, (तृतीय पाली) 04.03.2018)

97. निम्नलिखित में से कौन क्षेत्र तृतीयक क्षेत्र में **नहीं** आता है?
(1) बिजली (2) व्यापार सेवाएँ
(3) ट्रांसपोर्ट (4) व्यापार
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 07.03.2018)

98. किस पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि उत्पादन की विकास दर नकारात्मक थी?
(1) तीसरी योजना
(2) दूसरी योजना
(3) पहली योजना
(4) कोई विकल्प सही नहीं है
(SSC CHSL (10+2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 12.03.2018)

99. "हरित क्रांति" का जनक इनमें से किसे माना जाता है?
(1) डॉ. नॉर्मन बोरलॉग
(2) डॉ. एम.एस. स्वामिनाथन
(3) डॉ. मनमोहन सिंह
(4) डॉ. हेनरी फोर्ड
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 15.03.2018)

100. निम्नलिखित में से कौन सही **नहीं** है?
(1) दसवीं योजना : 2002-07
(2) तीसरी योजना : 1966-71
(3) प्रथम योजना : 1951-56
(4) छठी योजना : 1980-85
(SSC CHSL (10+2) Tier–I (CBE) परीक्षा, (प्रथम पाली) 16.03.2018)

101. एनडीसी (NDC) के पदेन सचिव _____ होते हैं।
(1) योजना आयोग के उपाध्यक्ष
(2) लोकसभा के महासचिव
(3) वित्त मंत्रालय के सचिव
(4) योजना आयोग के सचिव
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 17.03.2018)

102. भारत में निर्देशी नियोजन (Indicative Planning) किस पंचवर्षीय योजना में अपनाया गया?
(1) नवम् (2) चतुर्थ
(3) तृतीय (4) अष्टम्
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 17.03.2018)

103. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?
(1) प्रथम पंचवर्षीय योजना : 1951–56
(2) द्वितीय पंचवर्षीय योजना : 1956–61
(3) तीसरी पंचवर्षीय योजना : 1961–66
(4) चौथी पंचवर्षीय योजना : 1966–71
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 19.03.2018)

104. क्षेत्रीय असमानता को कम करने के लिए क्षेत्रीय दृष्टिकोण के बजाय, क्षेत्रक दृष्टिकोण को अनुसरण करने का लक्ष्य किस पंचवर्षीय योजना में रखा गया था?
(1) नौवीं पंचवर्षीय योजना
(2) आठवीं पंचवर्षीय योजना
(3) दसवीं पंचवर्षीय योजना
(4) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 19.03.2018)

105. 'विपणन सहायता और सेवाएँ योजना' (ग्यारहवीं योजना में) _____ से संबंधित कारीगरों का समर्थन करता है।
(1) हस्तशिल्प
(2) चमड़े के सामान
(3) रत्न और आभूषण
(4) हथकरघा
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 22.03.2018)

106. किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'बुनियादी और भारी उद्योगों के विकास पर विशेष जोर देने के साथ तेजी से औद्योगिकीकरण' था?
(1) प्रथम (2) द्वितीय
(3) तृतीय (4) चतुर्थ
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 27.03.2018)

107. खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना के दौरान हुई थी?
(1) दूसरी (2) तीसरी
(3) पहली (4) पाँचवीं
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 28.03.2018)

108. निम्नलिखित में से कौन से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को फरवरी 2013 में महरत्न का दर्जा दिया गया
(1) बीएचईएल (2) ओएनजीसी
(3) ओआईएल (4) सीआईएल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.06.2019 (द्वितीय पाली))

109. अटल टिंकरिंग लैब्स निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा की गई एक पहल है?
(1) राष्ट्रीय आयुष मिशन
(2) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(3) भारतीय रिज़र्व बैंक
(4) नीति आयोग
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

110. निम्नलिखित में से कौन-सी कंपनी एक नवरत्न कंपनी है?
(1) राष्ट्रीय केमिकल्ज एंड फर्टलाइजर लिमिटेड
(2) कोल इंडिया लिमिटेड
(3) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
(4) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (तृतीय पाली)

111. आर्थिक गतिविधियों के आधार पर, भारतीय अर्थव्यवस्था में कितने क्षेत्र हैं?
(1) 4 (2) 3
(3) 2 (4) 5
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 08.08.2019 (प्रथम पाली)

112. बाजार पूंजीकरण में 10 लाख करोड़ रुपये का आँकड़ा छूने वाली पहली भारतीय कंपनी कौन-सी है?
(1) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज
(2) रिलायंस इंडस्ट्रीज
(3) एचडीएफसी बैंक
(4) आईसीआईसीआई बैंक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 05.03.2020 (प्रथम पाली))

113. निम्नलिवित में से किस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को 'महारत्न' का दर्जा प्रप्त नहीं है?
(1) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
(2) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
(3) गेल (इंडिया) लिमिटेड
(4) कोल इंडिया लिमिटेड
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.10.2020 (प्रथम पाली))

114. एनटीपीसी (NTPC) और..... ने 'नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय' के लिए एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन कर हस्ताक्षर किए हैं।
(1) रिलायंस पेट्रोलियम
(2) कोल इंडिया
(3) एनएसपीसी (NHPC) लिमिटेड
(4) ओएनजीसी (ONGC)
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.08.2021 (प्रथम पाली))

115. भारतीय योजना आयोग की स्थापना निम्न में से किस वर्ष में हुई थी?
(1) 1945 (2) 1950
(3) 1958 (4) 1962
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.08.2021 (प्रथम पाली))

116. योजना आयोग एवं भारतीय राष्ट्रीय एकता परिषद के अध्यक्ष निम्न में से कौन हैं?
(1) महान्यायवादी (2) उपराष्ट्रपति
(3) प्रधानमंत्री (4) राष्ट्रपति
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.08.2021 (प्रथम पाली))

117. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
I. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का आकलन करते समय केवल विपणन की गई वस्तुओं पर विचार किया जाता है।
II. एक महिला द्वारा अपने घर पर किया गया कार्य सकल घरेलू उत्पाद के दायरे से बाहर है।
III. सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान लगाने में, केवल अंतिम वस्तुओं और सेवाओं पर विचार किया जाता है।
(1) केवल II और III
(2) I, II और III
(3) केवल I और III
(4) केवल II
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.04.2022 (प्रथम पाली))

118. पीआईबी (PIB) द्वारा भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का मूल्य _____ में प्रकाशित किया जाता है।
(1) अमेरिकी डॉलर
(2) येन
(3) युआन (4) भारतीय रुपया
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2022 (प्रथम पाली))

TYPE -VIII

1. एनएसडीएल का असंक्षिप्त रूप क्या है?
(1) नेशनल सोसाइटी डेवलपमेंट लिमिटेड
(2) नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड
(3) नेशनल सोशल डेवलपमेंट लिमिटेड
(4) नेशनल सेफ्टी डेवलपमेंट लिमिटेड
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा–04.07.2017, प्रथम पाली)

2. अर्थव्यवस्था में 'टेक ऑफ स्टेज' का क्या अर्थ है?
(1) विकास का चरण
(2) स्थिरता का चरण
(3) विघटन का चरण
(4) कमी का चरण
(SSC JE (Civil) Exam, 25.01.2018 (IInd Sitting)

3. राष्ट्रीय दूरसंचार नीति की घोषणा निम्नलिखित में किस वर्ष हुई थी?
(1) 2010
(2) 2011
(3) 2012
(4) 2013
(SSC JE (Civil) Exam, 24.01.2018 (IInd Sitting)

4. तिरुपुर को दुनिया के कई हिस्सों में निम्नलिखित में किस वस्तु के विशाल निर्यातक के रूप में जाना जाता है?
(1) रत्न और आभूषण
(2) चमड़े का सामान
(3) बुने हुए वस्त्र
(4) हस्तशिल्प
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 22.03.2018)

5. निम्नलिखित में से कौन-सा चतुर्थ क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ?
(1) सूचना प्रौद्योगिकी
(2) खनन
(3) विनिर्माण
(4) मछली पालन
SSC CGL TIER-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2019(प्रथम पाली)

6. 17 दिसम्बर, 1931 को भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना किसने की?
(1) पी. सी. महालनोबिस
(2) आर.ए.फिशर
(3) आर. येट्स
(4) एम.एच. हानसेन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2019 (द्वितीय पाली))

7. फरवरी 2019 में निम्नलिखित में से किस भारतीय कंपनी को एथिस्फियर इंस्टीटयूट द्वारा विश्व की सबसे नैतिक कंपनी के रूप में मान्यता दी गई है?
(1) जिंदल स्टील
(2) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(3) टाटा स्टील
(4) टाटा केमिकल्स
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 05.07.2019 (द्वितीय पाली)

8. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं है?
(1) महिन्द्रा ग्रुप
(2) यूनिलीवर
(3) इंफोसिस
(4) आदित्य बिड़ला ग्रुप
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली)

9. _____ का अध्ययन एवं मूल्यांकन करने के लिए विजय केलकर समिति का गठन किया गया था।

(1) सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल

(2) चीनी की मिलों की स्थिति

(3) एअर इंडिया का निजीकरण

(4) भारत में गरीबी

SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 14.08.2019 (प्रथम पाली)

10. उस मीडिया कंपनी का नाम बताएँ जिसने 21st सेंचुरी फॉक्स (21st Century Fox) का प्रसिद्ध स्टूडियो खरीदा है।

(1) वायाकॉम (2) टाइम वॉर्नर

(3) सोनी (4) डिज्नी

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (प्रथम पाली))

11. जॉन मेनार्ड कीन्स, जो अपने आर्थिक सिद्धांतों (कीन्सियन अर्थशास्त्र) के लिए जाने जाते हैं, किस देश से थे?

(1) स्वीडन (2) डेनमार्क

(3) ऑस्ट्रेलिया (4) इंग्लैंड

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (द्वितीय पाली))

12. उस कंपनी का नाम बताएँ, जिसने एक संपूर्ण स्टॉक संव्यवहार में $337.8 मिलियन के उद्यम मूल्य पर ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल Yatra Online Inc. का अधिग्रहण किया है।

(1) मेक माई ट्रिप कॉम (Make my trip.com)

(2) ट्रिवागो (Trivago)

(3) ईबिक्स इन्क (Ebix Inc.)

(4) ट्रिप एडवाइजर (Trip Advisor)

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (तृतीय पाली))

13. _____ चिह्न भारत में बेचे जाने वाले सभी प्रसंस्कृत फलों के उत्पादों जैसे कि पैक किए गए फलों के पेय पदार्थों, फल-जैम, क्रश और स्क्वैश, अचार, निर्जलित फलों के उत्पाद, फलों के अर्क आदि पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का पालन करते हुए प्रमाणन चिह्न अनिवार्य है।

(1) हॉलमार्क (2) एफपीओ

(3) आईएसआई (4) बीइइ स्टार रेटिंग

(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 23.11.2020(प्रथम पाली))

14. निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले यह तर्क दिया कि उच्च घाटे की स्थिति में लोग अधिक बचत करते हैं?

(1) अमर्त्य सेन (2) एस्तेर डुफ्लो

(3) एडम स्मिथ (4) डेविड रिकार्डो

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

TYPE–I

1. (4)	**2.** (3)	**3.** (2)	**4.** (3)
5. (1)	**6.** (1)	**7.** (3)	**8.** (2)
9. (3)	**10.** (3)	**11.** (4)	**12.** (2)
13. (1)	**14.** (2)	**15.** (3)	**16.** (1)
17. (1)	**18.** (1)	**19-** (4)	**20.** (2)
21. (1)	**22.** (4)	**23.** (2)	**24.** (3)
25. (4)	**26.** (4)	**27.** (3)	**28.** (3)
29. (4)	**30.** (1)	**31.** (3)	**32.** (2)
33. (3)	**34.** (4)	**35.** (3)	**36.** (3)
37. (1)	**38.** (4)	**39.** (3)	**40.** (3)
41. (1)	**42.** (1)	**43.** (3)	**44.** (1)
45. (3)	**46.** (4)	**47.** (4)	**48.** (2)
49. (1)	**50.** (2)	**51.** (1)	**52.** (2)
53. (2)	**54.** (1)	**55.** (1)	**56.** (2)
57. (2)	**58.** (2)	**59.** (4)	**60.** (1)
61. (3)	**62.** (4)	**63.** (3)	**64.** (3)
65. (2)	**66.** (2)	**67.** (4)	**68.** (1)
69. (2)	**70.** (1)	**71.** (3)	**72.** (4)
73. (2)	**74.** (1)	**75.** (3)	**76.** (2)
77. (1)	**78.** (4)	**79.** (3)	**80.** (4)
81. (4)	**82.** (2)	**83.** (2)	**84.** (2)
85. (1)	**86.** (3)	**87.** (1)	**88.** (3)
89. (2)	**90.** (3)	**91.** (2)	**92.** (1)
93. (4)	**94.** (1)	**95.** (2)	**96.** (4)
97. (3)	**98.** (2)	**99.** (1)	**100.** (3)
101. (3)	**102.** (3)	**103.** (2)	**104.** (4)
105. (3)	**106.** (1)	**107.** (1)	**108.** (1)
109. (3)	**110.** (1)	**111.** (2)	**112.** (3)
113. (2)	**114.** (3)	**115.** (1)	**116.** (1)
117. (1)	**118.** (3)	**119.** (3)	**120.** (1)
121. (3)	**122.** (2)	**123.** (2)	**124.** (4)
125. (4)	**126.** (4)	**127.** (4)	**128.** (3)
129. (1)	**130.** (2)	**131.** (2)	**132.** (4)
133. (4)	**134.** (4)	**135.** (4)	**136.** (1)
137. (4)	**138.** (4)	**139.** (1)	**140.** (3)
141. (1)	**142.** (1)		

TYPE -II

1. (4)	**2.** (4)	**3.** (4)	**4.** (2)
5. (2)	**6-** (3)	**7.** (4)	**8.** (3)
9. (3)	**10.** (2)	**11.** (3)	**12.** (1)
13. (1)	**14.** (3)	**15.** (4)	**16.** (4)
17. (3)	**18.** (1)	**19.** (4)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (2)	**23.** (1)	**24.** (3)
25. (2)	**26.** (3)	**27.** (1)	**28.** (2)
29. (3)	**30.** (1)	**31.** (4)	**32.** (1)
33. (4)	**34.** (3)	**35.** (2)	**36.** (4)
37. (4)	**38.** (1)	**39.** (1)	**40.** (3)
41. (1)	**42.** (1)	**43.** (2)	**44.** (4)
45. (3)	**46.** (3)	**47.** (4)	**48.** (1)
49. (1)	**50.** (4)	**51.** (2)	**52.** (2)
53. (2)	**54.** (2)	**55.** (1)	**56.** (2)
57. (3)	**58.** (4)	**59.** (4)	**60.** (1)
61. (1)	**62.** (2)	**63.** (4)	**64.** (4)
65. (3)	**66.** (4)	**67.** (1)	**68.** (4)
69. (1)	**70.** (3)	**71.** (4)	**72.** (4)
73. (4)	**74.** (1)	**75.** (4)	**76.** (4)
77. (3)	**78.** (4)	**79.** (4)	**80.** (4)
81. (1)	**82.** (4)	**83.** (1)	**84.** (2)
85. (3)	**86.** (2)	**87.** (1)	**88.** (4)
89. (3)	**90.** (2)	**91.** (4)	**92.** (1)
93. (4)	**94.** (2)	**95.** (3)	**96.** (1)
97. (3)	**98.** (3)	**99.** (2)	**100.** (2)
101. (1)	**102.** (1)	**103.** (2)	**104.** (2)
105. (1)	**106.** (3)	**107.** (1)	**108.** (2)
109. (1)	**110.** (1)	**111.** (4)	**112.** (2)
113. (2)	**114.** (3)	**115.** (1)	**116.** (2)
117. (3)	**118.** (4)	**119.** (3)	**120.** (1)
121. (4)	**122.** (2)	**123.** (1)	**124.** (2)
125. (2)	**126.** (4)	**127.** (2)	**128.** (1)
129. (4)	**130.** (2)	**131.** (3)	**132.** (3)
133. (1)	**134.** (2)	**135.** (1)	**136.** (4)
137. (1)	**138.** (2)	**139.** (3)	**140.** (3)
141. (2)	**142.** (4)	**143.** (3)	**144.** (3)
145. (3)	**146.** (3)	**147-** (4)	**148.** (4)
149. (3)	**150.** (4)		

TYPE -III

1. (4)	**2.** (3)	**3.** (1)	**4.** (4)
5. (3)	**6.** (2)	**7.** (3)	**8.** (1)
9. (3)	**10.** (1)	**11.** (3)	**12.** (2)
13. (2)	**14.** (1)	**15.** (2)	**16.** (4)
17. (3)	**18.** (3)	**19.** (1)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (2)	**23.** (3)	**24.** (2)
25. (2)	**26.** (3)	**27.** (1)	**28.** (1)
29. (3)	**30.** (1)	**31.** (*)	**32.** (2)
33. (1)	**34.** (1)	**35.** (1)	**36.** (1)
37. (3)	**38.** (3)	**39.** (4)	**40.** (2)

41. (3)	**42.** (4)	**43.** (2)	**44.** (3)
45. (4)	**46.** (2)	**47.** (3)	**48.** (4)
49. (2)	**50.** (2)	**51.** (2)	**52.** (1)
53. (4)	**54.** (3)	**55.** (2)	**56.** (2)
57. (2)	**58.** (2)	**59.** (4)	**60.** (2)
61. (2)	**62.** (4)	**63.** (1)	**64.** (1)
65. (1)	**66.** (2)	**67.** (2)	**68.** (4)
69- (3)	**70.** (4)	**71.** (4)	**72.** (3)
73. (2)	**74.** (2)	**75.** (4)	**76.** (1)
77. (1)	**78.** (3)	**79.** (3)	

TYPE–IV

1. (2)	**2.** (2)	**3.** (4)	**4.** (*)
5. (1)	**6.** (3)	**7.** (1)	**8.** (3)
9. (2)	**10.** (2)	**11.** (2)	**12.** (1)
13. (2)	**14.** (4)	**15.** (4)	**16.** (1)
17. (2)	**18.** (1)	**19.** (1)	**20.** (2)
21. (2)	**22.** (4)	**23.** (1)	**24.** (3)
25. (2)	**26.** (2)	**27.** (2)	**28.** (2)
29. (1)	**30.** (2)	**31.** (2)	**32.** (1)
33. (4)	**34.** (2)	**35.** (3)	**36.** (1)
37. (2)	**38.** (4)	**39.** (4)	**40.** (1)
41. (3)	**42.** (3)	**43.** (4)	**44.** (2)
45. (2)	**46.** (3)	**47.** (2)	**48.** (2)
49. (2)	**50.** (4)	**51.** (4)	**52.** (3)
53. (2)	**54.** (1)	**55.** (2)	**56.** (2)
57. (4)	**58.** (4)	**59.** (3)	**60.** (1)
61. (4)	**62.** (3)	**63.** (1)	**64.** (4)
65. (2)	**66.** (2)	**67.** (2)	**68.** (1)
69. (2)	**70.** (3)	**71.** (3)	**72.** (3)
73. (2)	**74.** (4)	**75.** (3)	**76.** (2)
77. (2)	**78.** (1)	**79.** (1)	**80.** (2)
81. (2)	**82.** (3)	**83.** (2)	**84.** (3)
85. (2)	**86.** (3)	**87.** (4)	**88.** (2)
89. (3)	**90.** (1)	**91.** (1)	**92.** (2)
93. (2)	**94.** (4)	**95.** (3)	**96.** (3)
97. (3)	**98.** (2)	**99.** (3)	**100.** (2)
101. (1)	**102.** (3)	**103.** (1)	**104.** (1)
105. (4)	**106.** (2)	**107.** (1)	**108.** (1)
109. (2)	**110.** (2)	**111.** (3)	**112.** (3)
113. (2)	**114.** (2)	**115.** (1)	**116.** (2)
117. (3)	**118.** (1)	**119.** (4)	**120.** (1)
121. (2)	**122.** (4)		

TYPE -V

1. (3)	**2.** (3)	**3.** (2)	**4.** (4)
5. (3)	**6.** (2)	**7.** (4)	**8.** (2)
9. (4)	**10.** (3)	**11.** (4)	**12.** (4)
13. (4)	**14.** (*)	**15.** (1)	**16.** (3)
17. (1)	**18.** (2)	**19.** (3)	**20.** (*)
21. (4)	**22.** (2)	**23.** (2)	**24.** (3)
25. (4)	**26.** (1)	**27.** (1)	**28.** (4)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (2)	**32.** (4)
33. (1)	**34.** (1)	**35.** (4)	**36.** (1)
37. (3)	**38.** (3)	**39.** (1)	**40.** (1)
41. (1)	**42.** (4)	**43.** (2)	**44.** (4)
45. (2)	**46.** (1)	**47.** (1)	**48.** (3)
49. (3)	**50.** (1)	**51.** (2)	**52.** (1)
53. (3)	**54.** (3)	**55.** (2)	**56.** (2)
57. (3)	**58.** (2)	**59.** (2)	**60.** (3)
61. (1)	**62.** (2)	**63.** (3)	**64.** (3)
65. (3)	**66.** (1)	**67.** (1)	**68.** (3)
69. (1)	**70.** (3)	**71.** (3)	**72.** (3)
73. (3)	**74.** (4)	**75.** (2)	**76.** (1)
77. (1)	**78.** (3)	**79.** (2)	**80.** (1)
81. (4)	**82.** (3)	**83.** (3)	**84.** (3)
85. (4)	**86.** (2)	**87.** (4)	**88.** (2)
89. (3)	**90.** (3)	**91.** (3)	**92.** (3)
93. (1)	**94.** (4)	**95.** (3)	**96.** (3)
97. (3)	**98.** (4)	**99.** (3)	**100.** (3)
101. (4)	**102.** (4)	**103.** (1)	**104.** (4)
105. (3)	**106.** (1)	**107.** (2)	**108.** (4)
109. (4)	**110.** (2)	**111.** (4)	**112.** (1)
113. (1)	**114.** (4)	**115.** (2)	**116.** (2)
117. (2)	**118.** (2)	**119.** (3)	**120.** (3)
121. (4)	**122.** (2)	**123.** (3)	**124.** (3)
125. (3)	**126.** (3)	**127.** (4)	**128.** (1)
129. (2)	**130.** (2)	**131.** (3)	**132.** (4)
133. (1)	**134.** (1)	**135.** (1)	**136.** (4)
137. (4)	**138.** (2)	**139.** (2)	**140.** (3)
141. (1)	**142.** (4)	**143.** (3)	**144.** (2)
145. (3)	**146.** (1)	**147.** (4)	**148.** (4)
149. (2)	**150.** (1)	**151.** (3)	**152.** (2)
153. (3)	**154.** (4)	**155.** (3)	**156.** (1)
157. (4)	**158.** (3)	**159.** (1)	**160.** (4)
161. (2)	**162.** (1)	**163.** (2)	**164.** (3)
165. (3)	**166.** (2)	**167.** (3)	**168.** (3)
169. (1)	**170.** (2)	**171.** (1)	**172.** (2)
173. (1)	**174.** (1)	**175.** (1)	**176.** (3)

TYPE -VI

1. (3)	**2.** (4)	**3.** (3)	**4.** (3)
5. (2)	**6.** (3)	**7.** (1)	**8.** (2)
9. (3)	**10.** (2)	**11.** (2)	**12.** (1)
13. (1)	**14.** (2)	**15.** (2)	**16.** (3)
17. (1)	**18.** (3)	**19.** (4)	**20.** (2)
21. (2)	**22.** (2)	**23.** (2)	**24.** (1)
25. (1)	**26.** (2)	**27.** (1)	**28.** (3)
29. (4)	**30.** (1)	**31.** (2)	**32.** (1)
33. (2)	**34.** (4)	**35.** (1)	**36.** (4)
37. (3)	**38.** (4)	**39.** (3)	

TYPE–VII

1. (3)	**2.** (2)	**3.** (4)	**4.** (4)
5. (3)	**6.** (1)	**7.** (*)	**8.** (2)
9. (4)	**10.** (1)	**11.** (4)	**12.** (2)
13. (4)	**14.** (3)	**15.** (3)	**16.** (2)
17. (3)	**18.** (2)	**19.** (2)	**20.** (4)
21. (4)	**22.** (2)	**23.** (2)	**24.** (4)
25. (4)	**26.** (4)	**27.** (3)	**28.** (4)
29. (4)	**30.** (3)	**31.** (2)	**32.** (3)
33. (3)	**34.** (1)	**35.** (3)	**36.** (2)
37. (1)	**38.** (1)	**39.** (1)	**40.** (3)
41. (4)	**42.** (2)	**43.** (4)	**44.** (2)
45. (3)	**46.** (1)	**47.** (4)	**48.** (1)
49. (1)	**50.** (2)	**51.** (2)	**52.** (1)
53. (3)	**54.** (3)	**55.** (4)	**56.** (1)
57. (4)	**58.** (1)	**59.** (4)	**60.** (1)
61. (3)	**62.** (3)	**63.** (2)	**64.** (3)
65. (3)	**66.** (1)	**67.** (1)	**68.** (4)
69. (1)	**70.** (3)	**71.** (1)	**72.** (2)
73. (1)	**74.** (1)	**75.** (3)	**76.** (2)
77. (2)	**78.** (1)	**79.** (3)	**80.** (4)
81. (1)	**82.** (3)	**83.** (2)	**84.** (2)
85. (4)	**86.** (2)	**87.** (2)	**88.** (4)
89. (2)	**90.** (3)	**91.** (2)	**92.** (1)
93. (2)	**94.** (3)	**95.** (4)	**96.** (3)
97. (1)	**98.** (1)	**99.** (1)	**100.** (2)
101. (4)	**102.** (4)	**103.** (4)	**104.** (3)
105. (1)	**106.** (2)	**107.** (1)	**108.** (1)
109. (4)	**110.** (4)	**111.** (2)	**112.** (2)
113. (2)	**114.** (4)	**115.** (2)	**116.** (3)
117. (2)	**118.** (4)		

TYPE–VIII

1. (2)	**2.** (1)	**3.** (3)	**4.** (3)
5. (1)	**6.** (1)	**7.** (3)	**8.** (2)
9. (1)	**10.** (4)	**11.** (4)	**12.** (3)
13. (2)	**14.** (4)		

उत्तर व्याख्यासहित

TYPE–I

1. (4) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की ऐसी स्थिति है जिसमें क्रेताओं तथा विक्रेताओं की संख्या इतनी अधिक होती है कि कोई अपने व्यवहार से कीमत को प्रभावित नहीं कर सकता है। पूर्ण प्रतियोगिता की शर्तें :-

(i) क्रेता एवं विक्रेता की अधिक संख्या

(ii) समरूप इकाईयाँ


(iii) बाजार दशाओं का पूर्ण ज्ञान

(iv) फर्मो को उद्योग में प्रवेश एवं निष्कासन की स्वतंत्रता।

(v) एक समान कीमत

2. (3) संतुलन-स्तर बिन्दु पर न लाभ होता है और न हानि। इसे ब्रेक इवेन प्वाइंट (Break Even Point) भी कहा जाता है। ब्रेक इवेन प्वाइंट वह बिंदु होता है जो लागत या खर्च आय से बराबर होता है। कोई भी उत्पादक की मात्रा को कम अधिक करके देखता है और उत्पादन की मात्रा को वह निश्चित करता हो जहाँ कम से कम लागत आमदनी के बराबर हो जाए अन्यथा उत्पादक को हानि उठाना पड़ेगा।

3. (2) किसी वस्तु की कीमत स्थिर रहने पर भी जब उपभोक्ता की आय बढ़ती है तो उस वस्तु के लिए उपभोक्ता का माँग वक्र दायीं ओर सरक जाएगा और वह दी हुई कीमत पर ही वस्तु की अधिक मात्रा खरीदेगा। इसे निम्न चित्र के माध्यम से समझा जा सकता हैं।




उपरोक्त रेखाचित्र में उपभोक्ता आय बढ़ने से पहले DP माँग वक्र पर OQ मात्रा OP कीमत पर खरीद रहा था। उपभोक्ता की आय बढ़ने से उसका माँग वक्र DD दाईं ओर सरक कर $D_1 D_1$ हो जाता है और वह उसी कीमत OP पर अधिक मात्रा OQ_1 खरीदता हैं। इसे हम माँग में वृद्धि कहते हैं।

4. (3) एकाधिकारी प्रतियोगिता में एकाधिकार एवं प्रतियोगिता दोनों का अंश पाया जाता है। इसमें वस्तु का उत्पादन पूर्ण प्रतियोगिता की भाँति समरूप न होकर विभेदीकृत होता है। इस बाजार में वस्तु परिवर्तन विभेदीकृत उत्पादन के कारण उत्पन्न होता है।


5. (1) एक फर्म, उत्पादन की आधारभूत इकाई होती है, जो उत्पादन के विभिन्न साधनों जैसे भूमि, मजदूर, पूँजी तथा उद्यम के सहयोग से उत्पादन करती है। उत्पादन इस प्रकार आगतों का उत्पाद में रूपान्तरण है। भौतिक फलन आगतों और उत्पादन के बीच तकनीकी संबंध को स्थापित करता है। वाटसन के शब्दों में ''एक फर्म के भौतिक उत्पादन और उत्पादन के भौतिक कारकों के बीच संबंध को उत्पादन फलन कहा जाता है।

6. (1) माँग का नियम का प्रतिपादन मार्शल ने किया था। इनके अनुसार किसी वस्तु की माँग मात्र उस वस्तु की कीमत गिरने से बढ़ती है तथा कीमत बढ़ने से घटती है। इस प्रकार वस्तु की कीमत और माँग के बीच विपरित संबंध पाया जाता है। इसे निम्न रेखाचित्र कि सहायता से समझा जा सकता है।



उपरोक्त रेखाचित्र से स्पष्ट है कि जैसे ही वस्तु की कीमत OP से गिरकर OP_1 हो जाती है वस्तु की माँग बढ़कर OQ से OQ_1 हो जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मार्शल के माँग के नियम में कीमत माँग को निर्धारित करती हैं।

7. (3) व्युत्क्रमानुपाती संबंध है और प्रतिलोम संबंध भी है।




विभिन्न कीमतों पर वस्तु की मात्रा को प्रदर्शित करता है।

8. (2) जब किसी वस्तु X की स्थानापन्न की कीमत उतरती है, तब X की माँग उतरती है। मान लीजिए, यदि कॉफी की कीमत बढ़ जाती है तो इसके स्थान पर लोग चाय का अधिक प्रयोग करेंगे तथा उसकी माँग बढ़ जाएगी। यदि कॉफी की कीमत घट जाती है, तो चाय के बदले कॉफी प्रयोग करेंगे तो चाय की माँग घट जाएगी।

9. (3) बिक्री लागते वे लागतें हैं, जो उत्पादक द्वारा किसी वस्तु की बिक्री को बढ़ाने के लिए की जाती है। विज्ञापन पर किया गया व्यय विक्रय लागतों का एक महत्वपूर्ण घटक है।

10. (3) पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म कीमत स्वीकारक होती है। यह बाजार कीमत को प्रभावित नहीं कर सकती। प्रचलित कीमत पर फर्म किसी उत्पाद की कितनी भी इकाइयाँ बेच सकती है। यदि फर्म बाजार कीमत से अधिक कीमत पर अपना उत्पाद बेचना चाहती है, तो वह अपना ग्राहक खो बैठेंगी। स्थिर कीमत का अर्थ है कि फर्म के लिए स्थिर औसत आय। इसकी सीमांत आय भी स्थिर होती है, और औसत आय के बराबर होती है।

11. (4) समाज का समस्त उपभोग समस्त आय पर निर्भर करता है जब आय बढ़ती है तो कुल उपभोग की मात्रा भी बढ़ती है और जब आय घटती है तो उपभोग की मात्रा भी घटती जाती है। उपभोग और आय के इस संबंध को उपभोग फलन कहा जाता है। अर्थात् उपभोग फलन आय की किसी विशेष स्तर पर उपभोग की मात्रा है। इसे निम्न चित्र से समझा जा सकता है।



केन्ज ने देश के उपभोग को निर्धारण करने वाला महत्वपूर्ण तत्व उसकी आय को माना है। केन्ज का उपभोग फलन ($C = a + by$) होता है।

12. (2) किसी वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई का उत्पादन करने से कुल लागत में जो अंतर आता है, उसे सीमांत लागत कहते है। उदाहरण के लिए यदि एक वस्तु की 5 इकाईयों के उत्पादन की कुल लागत ₹ 135 है। तथा 6 इकाईयों की कुल लागत ₹ 180 है। तब छठी इकाई की सीमांत लागत (₹ 180 – ₹ 135) = ₹ 45 होगी।

13. (1) औसत लागत में पड़ता जोड़कर

14. (2) के अधिसामान्य लाभ के रूप में

15. (3) प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लेफ्टविच (Leftwitch) के अनुसार, स्पष्ट लागतें (Explicit Costs) वे नकद भुगतान हैं जो फर्मों द्वारा बाहरी व्यक्तियों को उनकी सेवाओं तथा वस्तुओं के लिए किए जाते हैं। (Explicit costs are those cash payments which firms make to outsiders for their services and grods.)

16. (1) माँग की लोच की धारणा को सर्वप्रथम मार्शल ने प्रस्तुत किया। माँग की लोच कीमत में होने वाले अनुपातिक परिवर्तन के कारण माँगी गई वस्तु की अनुपातिक परिवर्तन के अनुपात को कहते है। दूसरे शब्दों में कीमत में परिवर्तन से वस्तुओं की माँग में होने वाले भिन्न-भिन्न परिवर्तन को माँग की लोच कहते हैं। $ep = \frac{\text{माँग में \% परिवर्तन}}{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}$

17. (1) प्रशासनिक स्टाफ के वेतन

18. (1) औसत लागत है
सभी प्रकार के 'औसत लागत' का वक्र 'U' आकार का होता है।

19. (4) विज्ञापन देने के लिए होने वाले खर्च को विक्रय लागत कहा जाता है। दूसरे शब्दों में ग्राहकों को उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करने के लिए उपायों पर किया गया व्यय 'विक्रय लागत' कहलाता है।

20. (2) मूल्य (लागत) वक्र कहा जाता है।

21. (1) जनसंख्या पर निर्भर करती है।

22. (4) किसी वस्तु का मूल्य तभी होगा जब यह माँग की अपेक्षा दुर्लभ होगी।

23. (2) इसके पूरकों की कीमत में गिरावट
माँग वक्र के दाहिनी और खिसकना माँग में वृद्धि होने का परिलक्षित करता है, अत: पूरक वस्तु के मूल्य में कमी माँग है वृद्धि की सहायक है।

24. (3) जब वे समस्त उपभोक्ताओं और उत्पादकों के अधिशेष को अधिकतम नहीं बना पाते हैं।

25. (4) पूरक वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं जो मिलकर किसी वस्तु की माँग को पुरा करती है। पूरक वस्तुओं के उदाहरण है- कार और डीजल, पेन और स्याही आदि। इनका संबंध इस प्रकार का होता है कि एक की कीमत में वृद्धि होने से दूसरे की माँग कम हो जाती है, तथा एक की कीमत में कमी होने से दूसरे की माँग में वृद्धि हो जाती है।

26. (4) वस्तु के वास्तविक मूल्य एवं उपभोक्ता द्वारा उस वस्तु के लिए अधिक कीमत देने को तैयार रहने के अंतर को उपभोक्ता अधिशेष कहा जाता है।

27. (3) पूर्ण स्पर्धा में फर्म कीमत ग्रहीता होता है। पूर्ण स्पर्धा के अंतर्गत यदि किसी बाजार में कोई विक्रेता प्रचलित मूल्यों से थोड़ा अधिक मूल्य मांगता है तो ग्राहक उसकी वस्तु नहीं खरीदेगा। इसके विपरीत, यदि वह प्रचलित मूल्यों में थोड़ा कम मूल्य मांगे तो क्रेता उससे ही वस्तु खरीदेंगे। पूर्ण स्पर्धा में एक व्यक्तिगत फर्म, उत्पादक अथवा विक्रेता के लिए वस्तु की मांग पूर्णतया लोचदार होती है। फर्म निर्धारण करने वाली (Price Maker) नहीं होती है बल्कि वह मूल्य ग्रहण (Price Taker) करने वाली होती है।

28. (3) सूक्ष्म (व्यष्टि) अर्थशास्त्र को 'मूल्य सिद्धांत' (कीमत का सिद्धांत) भी कहा जाता है। सूक्ष्म अर्थशास्त्र के अंतर्गत व्यक्तिगत इकाइयों, छोटे-छोटे चरों तथा व्यक्तिगत मूल्य निर्धारण का अध्ययन किया जाता है। सूक्ष्म अर्थशास्त्र संपूर्ण अर्थव्यवस्था के ज्ञान के लिए आवश्यक है।

29. (4) अर्थशास्त्र में 'माँग' एक प्रभावी इच्छा है जिसमें तीन बातें शामिल हैं- (i) वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा (ii) वस्तु को खरीदने के उपलब्ध साधन (iii) साधनों को खर्च करने की तत्परता।
कुछ अर्थशास्त्रियों ने दो अन्य तत्वों को भी माँग के अंतर्गत रखा है- (i) वस्तु प्राप्ति की इच्छा कीमत विशेष से होना (ii) माँग का संबंध किसी समय विशेष से होना।
माँग के प्रकार : (i) मूल्य माँग (ii) आय माँग (iii) आड़ी या तिरछी माँग।

30. (1) लाभ का प्रावैगिक सिद्धान्त का प्रतिपादन प्रो. जे.बी. क्लार्क ने किया था। उनके अनुसार गतिशील एवं प्रावैगिक अर्थव्यवस्था में अनेक कारणों से अनिश्चितताएँ उत्पन्न होती है और कीमत एवं लागत में परिवर्तन के कारण लाभ उत्पन्न होता है।

31. (3) द्वि-अधिकार उसे कहते हैं जब बाजार में किसी वस्तु के दो विक्रेता होते हैं, तथा इन दोनों का बाजार में पूर्ण नियंत्रण रहता है। द्विअधिकार अल्पाधिकार का ही एक छोटा रूप है। अल्पाधिकार में फर्मों की संख्या अधिक होती है तथा माँग की अनिश्चितता रहती है।
एकाधिकार बाजार की उस स्थिति को स्पष्ट करता है जिसमें विशिष्ट वस्तु की पूर्ति पर किसी एक उत्पादक या फर्म का नियंत्रण रहता है।
प्रतिस्पर्धा बाजार की वह स्थिति है जब एक उत्पादक दूसरे उत्पादक के लाभ को अपने पक्ष में करके ही अधिक लाभ कमाता है। पूर्ण प्रतिस्पर्धा में वस्तु का मूल्य प्रत्येक स्थान पर समान होता है। श्रीमती जॉन रॉबिन्सन के अनुसार, पूर्ण प्रतिस्पर्धा तब पायी जाती है जब प्रत्येक उत्पादक के उत्पादन के लिए माँग पूर्णतया लोचदार होती है।

32. (2) किसी वस्तु की कीमत में सापेक्ष परिवर्तन की अनुक्रिया में उस वस्तु की खरीदी गई मात्रा में सापेक्ष परिवर्तन की मात्रा की मांग की कीमत को लोच कहते हैं। सरल शब्दों में मांग की कीमत, लोच मांग में प्रतिशतें परिवर्तन तथा उसकी कीमत में प्रतिशत परिवर्तन का अनुपात है, जब किसी वस्तु की मांग में प्रतिशत परिवर्तन उसके मूल्य में प्रतिशत परिवर्तन से कम होता है, तब उसकी मांग बेलोच (inelastic) कही जाती है।

33. (3) लाभप्रदता, प्रत्येक लाभ उन्मुख संगठन का एक मौलिक लक्ष्य होता है जो ग्राहकों के लिए एक वास्तविक मूल्य प्रदान करने के लिए एक विस्तृत व्याख्या की रणनीति पर निर्भर करता है। संसाधित डेटा की गुणवत्ता एक संगठन की लाभप्रदता के निर्धारकों में से एक होती है। हालांकि, डेटा प्रसंस्करण की गति भी एक महत्वपूर्ण निर्धारक है क्योंकि इसके द्वारा समय सीमा के भीतर शीघ्र डिलीवरी संभव हो पाता है। उदाहरणस्वरूप, जहाँ एक तरफ आउटसोर्सिंग से लाभप्रदता में वृद्धि होती है, वहीं दूसरी ओर यह कंपनियों के श्रम की लागत को भी बचाता है।

34. (4) द्विपक्षीय एकाधिकार वह स्थिति है जिससे श्रम की मांग करने वाली एक फर्म (monopsonist) होती है तथा श्रम की पूर्ति केवल एक श्रम संघ (monopolist) द्वारा की जाती है। इस स्थिति में श्रम संघ मजदूरी की अधिक से अधिक दर प्राप्त करना चाहेंगे तथा मालिक कम से कम मजदूरी देना चाहेंगे। द्विपक्षीय एकाधिकार में अंतिम परिणाम सैद्धांतिक रूप से अनिर्धारणीय होता है।

35. (3) उत्पादन फलन किसी भी वस्तु की उत्पादन मात्रा तथा उसके उत्पादन के लिए आवश्यक साधनों के भौतिक अथवा तकनीकी संबंध को बतलाता है। दूसरे शब्दों में, उत्पादन फलन, दी हुई तकनीक के अंतर्गत आगतों (input) और निर्गतों (output) के बीच भौतिक संबंध को स्पष्ट करता है।

36. (3) आवश्यक वस्तु की माँग पूरी तरह से बेलोच होता है क्योंकि इसमें उपभोक्ता किसी भी हालत में वस्तु का क्रय करता है उदाहरण स्वरूप नमक, जीवन रक्षक दवाएँ इत्यादि।

37. (1) मांग का नकारात्मक आय लोच निम्नस्तरीय माल से संबन्धित होता है। गिफीन गुड एक असामान्य प्रकार का निम्नस्तरीय माल है जो मांग का सकारात्मक कीमत लोच परिलक्षित करता है। यह वह माल है जिसे कीमत बढ़ने पर लोग अधिक उपभोग करते हैं। यह मांग के नियम की अवेहलना करता है। जब वस्तु की कीमत बढ़ती है तब उसकी मांग भी बढ़ जाती है।

38. (4) यदि किसी विशेष वस्तु का उत्पादन करने के कारण जिन अवसरों का त्याग करना पड़ा है तो यह त्यागे हुए अगले श्रेष्ठ अवसर की लागत है जिसका त्याग किया गया है। इसीलिये इसे अवसर लागत कहा जाता है। अवसर लागत अगले श्रेष्ठ विकल्प की लागत है जिसे त्यागा गया है। इसे वैकल्पिक लागत कहा जाता है। इस प्रकार एक फर्म के लिए किसी वस्तु के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले साधनों की अवसर लागत वह राजस्व है जिसका इन साधनों का उनके अगले श्रेष्ठ विकल्प में उपभोग नहीं किया सकने के कारण त्याग पड़ा है। एक कारक द्वारा वैकल्पिक उपयोगों में फर्म के लिए कमाए जाने वाली संभावना के बराबर होता है।

39. (3) मांग की जारी रही वस्तु के उत्पादन और मांग से श्रम की मांग निर्धारित की जाती है। जब वस्तु की मांग में वृद्धि होती है तब या तो कीमत बढ़ती है या उत्पादन श्रम की मांग में वृद्धि होती है। यह प्रवृत्ति तब तक जारी रहती है जब तक साम्य कीमत और उत्पादन संख्या एक समान नहीं हो जाते। बाजार में वस्तु की मांग द्वारा श्रम निर्धारित होता है।

40. (3) कुछ परिस्थितियों में किसी फर्म की लाभ को अधिकतम करने की नीति को अस्थाई रूप से स्थगित करना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति तब होती है जब या तो कीमत काफी कम होती है या फर्म की आय उसके उत्पादन की परिवर्तनीय लागत को पूरा करने में असमर्थ होती है। भले ही एक फर्म कुछ भी उत्पादन नहीं करता हो, उसे निर्धारित लागत को वहन करना पड़ता है।

41. (1) किसी वस्तु की कीमत में सापेक्ष परिवर्तन की अनुक्रिया में उस वस्तु की खरीदी गई मात्रा में सापेक्ष परिवर्तन की माप को मांग की कीमत लोच कहते हैं। सरल, शब्दों में, मांग की कीमत लोच मांग में प्रतिशत परिवर्तन तथा उसकी कीमत में प्रतिशत परिवर्तन का अनुपात है। अत: मांग की कीमत लोच मांगी गई मात्रा में समानुपातिक परिवर्तन तथा कीमत में समानुपातिक परिवर्तन में अनुपात है।


मांग लोच गुणांक = मांगी गई मात्रा में समानुपातिक (प्रतिशत) परिवर्तन कीमत में समानुपातिक (प्रतिशत) परिवर्तन

42. (1) ऋणात्मक प्रतिफल

इस नियम के अनुसार यदि उत्पादन में स्थिर साधनों के साथ परिवर्त्ती साधन इकाइयों बढ़ाई जाती है, तो सीमांत भौतिक उत्पाद शुरू में बढ़ता है, फिर गिरने लगता है परंतु धनात्मक रहता है और अंत में ऋणात्मक हो जाता है।

43. (3) अव्यक्त लागत या अंतर्निहित लागत (Implicit Cost) के अंतर्गत उन साधनों तथा सेवाओं का मूल्य शामिल होता हैं जिन पर उत्पादक व्यय तो करता है पर प्रत्यक्ष रूप में उनकी कीमतें नहीं चुकाता है। संक्षेप में, अंतर्निहित लागत वह लागत है जिसका भुगतान फ़र्म द्वारा फ़र्म के स्वामी को किया जाता है। जैसे-निजी पूंजी पर ब्याज, निजी वेतन, इत्यादि।


44. (1) पूर्ति फलन किसी वस्तु की पूर्ति तथा उसके विभिन्न निर्धारक तत्वों के संबंध को प्रकट करता है। किसी वस्तु की पूर्ति मुख्य रूप से फर्म के उद्देश्य, वस्तु की कीमत, आगतों की कीमतों, तकनीक, संबन्धित वस्तुओं की कीमत, फर्मों की संख्या, उत्पादकों की संभावनाओं तथा सरकारी नीतियों पर निर्भर करती है। मुख्यत:, यह आपूर्ति की कुल मात्रा और कीमत के बीच संबंध को व्यक्त करती है। यह कीमत और उत्पादन के बीच इसी तरह के कार्यात्मक संबंध को भी दर्शाती है।



45. (3) बाज़ार के दो प्रमुख आत्यंतिक स्वरूप होते हैं: एकाधिकार (monopoly) एवं पूर्ण स्पर्धा (perfect competition)। पूर्ण स्पर्धा में कई विक्रेता और खरीदार होते हैं जबकि एकाधिकार में सिर्फ एक ही विक्रेता और खरीदार होते हैं।

46. (4) जब सभी स्रोत अनुपातिक रूप में लम्बे समय से बदलते हैं तब उत्पादन में जो परिवर्तन होता है उसे पैमाने के लिए लौटो (Return to Scale) कहा जाता है। यह तीन रूप में होता है-बढ़ते हुए, घटते हुए तथा स्थायित्व या निवेश में। अनुपातिक परिवर्तन उत्पादन में अनुपातिक परिवर्तन से ज्यादा, कम या बराबर होता है। यह लम्बे समय के उत्पाद के लिए मार्गदर्शिक सिद्धांत है, जो समान भूमिका निभाता है जैसे ह्रासमान सीमांत रिटर्न कम समय के उत्पाद के लिए।

47. (4) आपूर्ति की मात्रा में वृद्धि होने पर पूर्ति वक्र का दायी ओर अंतरण हो जाता है। इसे निम्न चित्र से समझा जा सकता है।



उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि जैसे ही आपूर्ति में QQ^1 की वृद्धि होती है आपूर्ति वक्र दायी ओर अंतरण करके SS से S^1S^1 पर चली जाती है।

48. (2) पूर्ण प्रतियोगिता (perfect competition) बाजार का एक रूप है जिसमें बड़ी संख्या में क्रेता-विक्रेता (buyers or sellers) प्रतियोगिता (Competing) का सामना करते हुए वस्तुओं को खरीदते और बेचते हैं, पूर्ण प्रतियोगिता में कोई भी क्रेता-विक्रेता (buyer or seller) वस्तु के मूल्य और उत्पादन को प्रभावित नहीं कर सकता। प्रत्येक फर्म का उत्पादन अन्य फर्मों के लिए सब्सीट्यूट (subsitute) अर्थात् स्थापन्न उत्पादन है इस प्रकार प्रत्येक फर्म के उत्पादन की मांग पूर्णतया प्रत्यास्थ (elastic) होती है। वस्तुओं की गुणवत्ता (quality) में विभिन्नता होना, इस बाजार की मुख्य विशेषता है।

49. (1) इन्डस्ट्रियल डेमोक्रेसी (Industrial democracy) अर्थात् औद्योगिक लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें कार्यकर्ताओं (workers) से संबधित निर्णय लिये जाते हैं, जिम्मेदारी (responsibility) सौंपी जाती है और कार्य संबंधी अधिकार (authority) दिए जाते हैं। जबकि पार्टीसिपैटिव मैनेजमेंट (Participative management) के अन्तर्गत संस्थानों द्वारा मजदूरों (workers) को सूचीबद्व किया जाता है और वे डिसीजन मेकिंग प्रोसेस (decision-making-process) में भाग लेते हैं, लोकतान्त्रिक औद्योगिक संस्थानों के पास कर्मचारियों से संबंधित अंतिम निर्णय लेने की शक्ति होती है।

50. (2) औसत लागत (Average cost) का संबंध उत्पादित किसी वस्तु या सेवा की प्रति इकाई लागत से है। उत्पादित वस्तु की कुल मात्रा (Cost) को कुल मात्रा (total Quantity) से भाग (divide) कर औसत लागत प्राप्त की जा सकती है। सीमांत लागत (marginal cost) अर्थात् उत्पादित वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई की लागत और औसत लागत का एक दूसरे से घनिष्ठ सम्बन्ध है। जब कुल औसत लागत बढ़ती है तो सीमांत लागत भी बढ़ जाती है, जब औसत लागत का वक्र (curve) उत्पादन में वृद्धि के कारण कम हो जाता है तो सीमांत लागत भी कम हो जाती है।

51. (1) ह्रासमान सीमांत उपयोगिता नियम के अनुसार, जब किसी वस्तु की इकाई का अधिक से अधिक उपभोग किया जाता है तो वस्तु की क्रमिक इकाई की उपयोगिता कम हो जाती है। एक विवेकशील उपभोक्ता वस्तु का उपभोग उस उच्च बिन्दु तक करता है जहाँ वस्तु की अन्तिम इकाई की सीमांत उपयोगिता

भुगतान की गई मौद्रिक सीमांत उपयोगिता के समान होती है। इस प्रकार उपभोक्ता अधिकतम संतुष्ट होगा और संतुलन की स्थिति में होगा।

52. (2) अर्थशास्त्र में, लगान से तात्पर्य राजस्व से है जो भूमि या अन्य प्राकृतिक संसाधन की निश्चित पूर्ति करने के बदले में प्राप्त की जाती है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार पूर्ति पूर्णतया: अप्रत्यास्थ होती है। पूर्ति के पूर्णतया अप्रत्यास्थ होने के कारण पूर्ति की मात्रा आय पर निर्भर नहीं रहती क्योंकि संसाधन स्वयं आय उत्पन्न कर सकते हैं।

53. (2) उत्पादन का तात्पर्य होता है ''उपयोगिता का सृजन करना जो विनिमयन (exchange) में उपयोगी हो'' उत्पादन प्रक्रिया छ: प्रकार के उपयोगिता का निर्माण कर सकती है :- प्रारूप उपयोगिता, समय उपयोगिता, स्थान उपयोगिता, स्वामित्व उपयोगिता, सेवा उपयोगिता तथा ज्ञान उपयोगिता।


54. (1) क्लासिकल अर्थशास्त्रियों के विचार में कम वापसी का नियम, केवल कृषि तथा कुछ तात्विक उद्योगों, जैसे- खनन, मछली पालन, ग्रामीण भूमि आदि पर ही लागू हो पाते हैं। लेकिन यह कुछ दूसरे क्षेत्रों जैसे- विनिर्माण पर भी लागू होता है।

55. (1) अर्थशास्त्र में कीमत कारक का अध्ययन किया जाता है। यह वितरण के सिद्धांत से संबंधित है, जो भूमि (land), श्रम (labour) और पूंजी (capital) की कीमतों को स्पष्ट करने का प्रयास करता है। यह देखा जाता है कि भूमि (land), श्रम (labour) और पूंजी (capital) के लिए की गई मांग (demand) व्युत्पन्न (derive) मांग है। अंतिम वस्तुओं की मांग के कारण ही उनको उत्पादित करने वाले कारकों से संबंधित वस्तुओं की मांग होती है।

56. (2) पूर्ण प्रतियोगिता (Perfect competition) बाजार की मुख्य विशेषताओं में से एक है- बाजार की पूर्ण सूचना होना। यह शर्त सभी क्रेताओं (buyers) और विक्रेताओं (sellers) पर लागू होती है। क्रेता (buyer) और विक्रेता (seller) दोनों ही इस बात की पूरी जानकारी रखते हैं कि बाजार में किस कीमत पर वस्तुएं (goods) खरीदी या बेची जा रही हैं और किस कीमत पर अन्य क्रेता (buyer) और विक्रेता (seller) वस्तुओं को खरीदने या बेचने के लिए तैयार हैं।

57. (2) उत्पादन के चार कारक हैं - भूमि, श्रम, पूँजी और उद्यमिता। उत्पादन के कारकों की मांग एक व्युत्पन्न मांग है। इसका अर्थ है कि इन कारकों द्वारा उत्पादित होने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग होने पर ही उनकी (उत्पादन के कारकों की) मांग होती है।

58. (2) इकाई लोचदार (यूनिट इलास्टिक) उस लोचकता (इलास्टिसिटी) के विकल्प के लिए प्रयुक्त होता है जिसमें मूल्य में कोई भी प्रतिशत परिवर्तन मात्रा या परिमाण में एक समान प्रतिशत परिवर्तन का कारण बनता है। दूसरे शब्दों में, मूल्य में कोई भी परिवर्तन चाहे वह अधिक हो या कम, ठीक उसके समान ही परिमाण (Quantity) में प्रतिशत परिवर्तन कर देता है। हालांकि इकाई कीमत लोचदार मांग वक्र (यूनिट प्राइस इलास्टिक डिमांड कर्व) न तो कीमत अक्ष (प्राइस एक्सिस) और न परिमाण अक्ष (क्वान्टिटी एक्सिस) को ही स्पर्श करता है।



59. (4) कोई भी सीधी रेखा आपूर्ति वक्र (straight line supply curve) जब मूल (origin) बिन्दु से गुजरती है तो आपूर्ति की लोचकता (Elasticity of supply) 1 के बराबर होती है। विभिन्न प्रकार की आपूर्तियों की मूल्य लोचकता (Price elasticity की सूची निम्नलिखित है–

लोचकता (Elasticity)	वर्णन (Description)	मूल्य में 1 प्रतिशत वृद्धि पर आपूर्ति की मात्रा पर पड़ने वाला प्रभाव (Effect on quantity supply of 1% increase in price)
शून्य	पूर्ण अलोचदार (उदग्र सीधी रेखा) [Perfectly inelastic (vertical straight line)]	शून्य
0 से 1 के बीच	अलोचदार (In elastic)	1 प्रतिशत से कम वृद्धि (Increased by less than 1%)
1	ऐकिक लोचदार (Unitary elastic)	ठीक 1 प्रतिशत से वृद्धि (Increased by exactly 1%)
1 से अधिक	लोचदार (Elastic)	1 प्रतिशत से अधिक वृद्धि [Increased by more than 1%]
अनन्त (Infinity)	पूर्ण लोचदार (क्षैतिज सीधी रेखा) [Perfectly elastic (horizontal straight line)]	अनन्त वृद्धि (Infinite increase)

60. (1) एडम स्मिथ के अनुसार, यद्यपि विनिमय (आदान-प्रदान) की दृष्टि से जल का कोई मूल्य नहीं है लेकिन उपयोग की दृष्टि से यह अति महत्त्वपूर्ण संसाधन है जबकि हीरा उपयोग की दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं है। लेकिन विनिमय की दृष्टि से यह अधिक मूल्यवान है। इसे मूल्य का विरोधाभास के नाम से जाना जाता है। यह अन्तर इस मान्यता पर आधारित था कि केवल भौतिक वस्तुएं मूल्यवान होती हैं और सभी मूल्यों का स्रोत श्रम होता है।

61. (3) प्रतिफल की आंतरिक दर (इनटर्नल रेट्स ऑफ रिटर्न) का प्रयोग सामान्यत: परियोजनाओं या निवेशों की वांछनीयता का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। परियोजना का अत्यधिक प्रतिफल की आंतरिक दर, परियोजना की अत्यधिक वांछनीयता दर्शाता है। सिद्धांत रूप में एक फर्म (या इंडिविजुअल) अधिकतम पूंजी लागत की आईआरआर (IRRs) के साथ निवेश या परियोजना उपलब्ध कराता है। जैसे ही निवेश में वृद्धि होती है, न्यूनतम स्थापित स्वीकार्य रेट ऑफ रिटर्न या पूंजी लागत की तुलना में इन्टर्नल रेट ऑफ रिटर्न में अधिक वृद्धि हो जाती है।

62. (4) श्रम उत्पादकता में वृद्धि होने पर उत्पादन फलन में वृद्धि होती है और अन्य बातों के समान रहने पर श्रम मांग वक्र दायीं ओर (बाहर की ओर) मुड़ जाता है। दी गई वास्तविक मजदूरी पर अत्यधिक श्रमिकों को काम प्रदान किया जाता है और इससे उत्पादन में वृद्धि होती है। उसी प्रकार, जैसे ही पूंजी स्टॉक में वृद्धि होती है, उत्पादन फलन ऊपर की ओर चला जाता है और अन्य बातों के समान रहने पर श्रम मांग वक्र दायीं ओर (बाहर की ओर) मुड़ जाता है।


63. (3) ऐसी वस्तुएँ जो न तो टिकाऊ (indestructible) हैं और न ही स्थायी (lasting) हैं, उन्हें अर्ध टिकाऊ वस्तुएँ कहते हैं। ऐसी वस्तुएँ टिकाऊ

वस्तुओं और अस्थायी वस्तुओं के बीच की श्रेणी में आती हैं। कुछ अर्ध-टिकाऊ वस्तुएँ जैसे वस्त्र या परिरक्षित खाद्य वस्तुएँ, घरों में प्रयुक्त होने वाले वाहन और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को टिकाऊ वस्तुओं के रूप में वगीकृत किया जाता है।

64. (3) वास्तविक बाजार मजदूरी और आरक्षित मजदूरी का अन्तर आर्थिक लगान (economic rent) कहलाता है। अत: व्यक्ति के आरक्षित मजदूरी की तुलना वास्तविक मजदूरी से की जाती है, जिससे वे अधिक से अधिक लाभ/लगान प्राप्त कर सकें। जबकि श्रम आपूर्ति का निर्णय आरक्षित मजदूरी का निर्धारण करता है, फर्मों द्वारा रोजगार प्रदान करने का निर्णय वास्तविक मजदूरी की दर निर्धारित करता है, इस दर पर कोई भी व्यक्ति बेरोजगार हो सकता है।

65. (2) यह प्रश्न ह्रासमान दर पर बढ़ते हुए सीमांत प्रतिफल की बात करता है। वास्तव में यह सिद्धांत ह्रासमान सीमांत प्रतिफल से संबंधित है। अर्थशास्त्र में ह्रासमान प्रतिफल का नियम बताता है कि ''यदि परिवर्तनशील कारक की बढ़ती हुई मात्रा को, समय की प्रति इकाई के अनुसार, अन्य कारकों की स्थिर मात्रा पर लागू किया जाता है तो सर्वप्रथम कुल उत्पादन में वृद्धि होगी लेकिन कुछ समय पश्चात् उत्पादन कम होने लगता है''।

रिचर्ड ए. बिलास ने ह्रासमान प्रतिफल का वर्णन इस प्रकार किया है, ''यदि एक संसाधन या अन्य संसाधनों का उत्पादन स्थिर रहता है तो कुल उत्पादन में वृद्धि होगी लेकिन कुछ समय पश्चात्, उत्पादन में होने वाली वृद्धि धीरे-धीरे कम हो जाएगी। इस प्रकार जैसे ही ह्रासमान दर पर सीमांत प्रतिफल में वृद्धि होती है, उसी प्रकार कुल प्रतिफल में कमी होगी।



66. (2) माँगी गई वस्तुओं की मात्रा और पूर्ति की गई वस्तुओं की मात्रा के समान होने पर बाजार संतुलन की स्थिति उत्पन्न होती है। संतुलित बाजार की स्थिति में निर्धारित कीमत संतुलित कीमत कहलाती है और निर्धारित मात्रा संतुलित मात्रा के रूप में जानी जाती है।

67. (4) बाजार में माँग और पूर्ति के कारकों द्वारा सदैव किसी वस्तु की कीमत निर्धारित की जाती है। जिस कीमत पर वस्तु की माँग की जाती है और जिस कीमत पर वस्तु की पूर्ति की जाती है, दोनों कीमतों के समान रहने की स्थिति 'संतुलित कीमत' कहलाती है। माँग में वृद्धि होने और पूर्ति में कमी होने पर निश्चित रूप से संतुलित कीमत में वृद्धि होती है।


68. (1) अर्थशास्त्र में सीमान्त लागत प्रति अतिरिक्त इकाई द्वारा कुल लागत में आया हुआ परिवर्तन है जो तब उत्पन्न होता है जब वस्तुओं के उत्पादन में एक यूनिट से वृद्धि होती है। अर्थात् यह एक अतिरिक्त इकाई के उत्पादन की लागत है। सीमान्त लागत स्थिर लागत से स्वतंत्र होता है और अस्थिर कारकों में बदलाव पर निर्भर करता है। चूँकि स्थिर लागत उत्पादन के साथ परिवर्तित नहीं होता है इसलिए कम अवधि में उत्पादन बढ़ाने पर कोई सीमांत स्थिर लागत नहीं होता है। यह केवल परिवर्तनीय लागत है जो कम अवधि में उत्पादन के साथ भिन्न होता है। इसलिए सीमांत लागत परिवर्तनीय लागतों में आए बदलाव के कारण प्रभावित होते हैं चाहे स्थिर लागत कुछ भी हो, सीमांत लागत इससे अप्रभावित रहता है।

69. (2) मार्शल, जिन्होंने अपने सिद्धांत द्वारा बताया कि कीमत का निर्धारण मांग और पूर्ति दोनों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कीमत निर्धारण में समय तत्त्व को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया। उन्होंने विभिन्न समय अवधि में उत्पाद की कीमतों पर दो प्रमुख कारकों के विभिन्न प्रभावों को दर्शाने के लिए कीमत प्रक्रिया के अंतर्गत समय-अवधि विश्लेषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ''एक सामान्य दर के रूप में'' लघु अवधि जिसे अधिक महत्त्वपूर्ण माना जाता है, हमे उस पर पूर्ण ध्यान केंद्रित करना चाहिए जबकि मूल्य के आधार पर प्रभावी मांग पर अधिक ध्यान दिया जाता है, इसी प्रकार दीर्घ अवधि अत्यधिक महत्त्वपूर्ण मानी जाएगी क्योंकि इसी के अंतर्गत मूल्य के आधार पर कीमत प्रभावित होती है।

70. (1) समष्टि अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की एक शाखा है जिसमें अर्थव्यवस्था की विभिन्न महत्त्वपूर्ण घटनाओं जैसे मुद्रास्फीति, कीमत स्तर, विकास दर, राष्ट्रीय आय, सकल घरेलू उत्पाद और बेरोजगारी में परिवर्तन का विस्तृत अध्ययन किया जाता है। दूसरी ओर, सूक्ष्म या व्यष्टि अर्थशास्त्र दुर्लभ संसाधनों के आबंटन के संदर्भ में निर्णय लेने वाले व्यक्तियों और फर्मों के व्यवहार तथा इन व्यक्तियों और फर्मों के मध्य पारस्परिक क्रियाओं का अध्ययन करता है। इस प्रकार, बीएसएनएल द्वारा मोबाइल फोन की बिक्री का अध्ययन सूक्ष्म (व्यष्टि) अर्थशास्त्र के अंतर्गत आता है।

71. (3) जब कीमतों में प्रतिवर्ष 20% से 100% या उससे अधिक की वृद्धि होती है, तो ऐसी स्थिति गैलॉपिंग या हाइपरइन्फ्लेशन कहलाती है। ऐसी स्थिति में मुद्रा की क्रय शक्ति में निरंतर गिरावट के कारण मौद्रिक प्रणाली पूर्णत: असफल हो जाती है। गैलॉपिंग इन्फ्लेशन का समाज में निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। द्रुत स्फीति को अति स्फीति के नाम से भी जाना जाता है।

72. (4) औसत स्थिर लागत वक्र आलेख (ग्राफ) की दृष्टि से फर्म द्वारा वस्तु या सेवा उत्पाद में की गई कमी द्वारा निर्धारित औसत स्थिर लागत और उत्पादित मात्रा के मध्य स्थापित संबंध का प्रतिनिधित्व करता है। यह वक्र उत्पादन की मात्रा कम होने पर अपेक्षाकृत ऊपर की ओर उठता है तथा उत्पादन में कमी होने पर नीचे आ जाता है। उत्पादन में वृद्धि होने के कारण ढाल नीचे की ओर अग्रसर होता है, इस स्तर पर फर्म अपनी स्थायी लागतों और उत्पादन की मात्रा में बड़े पैमाने पर वृद्धि करती है।



73. (2) **प्रश्न में दिए गए चार में से तीन विकल्प समान हैं।**

परिस्थिति विश्लेषण से तात्पर्य विधियों के संचयन से है जिसका प्रयोग व्यवस्थापकों द्वारा संगठन की आंतरिक और बाह्य परिस्थितियों का विश्लेषण और संगठन की क्षमताओं का अध्ययन करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं और व्यवसायिक वातावरण को समझने के लिए किया जाता है। यह स्ट्रेन्थ्स, वीकनेस, अपरचुनिटिज और थ्रेट्स (SWOT) का विश्लेषण के लिए उपयोगी है जिसमें किसी संगठन की आंतरिक शक्तियों और कमजोरियों तथा संगठन के सम्मुख आने वाले बाह्य अवसरों और चुनौतियों का रणनीतिक रूप में ध्यानपूर्वक अध्ययन किया जाता है।

74. (1) अर्थशास्त्र में, सामान्य वस्तुओं के विपरीत, निकृष्ट वस्तुओं से तात्पर्य उन वस्तुओं से है जिनकी माँग उपभोक्ताओं की आय पर निर्भर करती है, अर्थात् उपभोक्ता की आय में वृद्धि होने पर इन वस्तुओं की माँग में कमी आ जाती है (या उपभोक्ता आय में कमी होने पर माँग में वृद्धि हो जाती है)। सामान्य वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं जिनकी माँग उपभोक्ता आय में वृद्धि होने पर बढ़ जाती है। सस्ती कारें निकृष्ट वस्तुओं का उदाहरण है।

75. (3) कोका-कोला पूरे विश्व में ''ओके'' के बाद दूसरा सर्वाधिक ज्ञात शब्द है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में जॉन पेमबर्टन द्वारा जब इसका आविष्कार किया गया तो आरंभ में इसका मूल उद्देश्य इसे पेटेन्ट औषधि के रूप में प्रयोग करना था। कोका कोला विश्व की सबसे बड़ी सॉफ्ट ड्रिंक कंपनी है। यह विश्व का सर्वाधिक अभिज्ञात ट्रेड मार्क और तीसरा सबसे मूल्यवान ब्रांड है।


76. (2) पूँजीगत वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं जिनका प्रयोग उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे जाने के बजाय अन्य वस्तुओं के उत्पादन में किया जाता है। पूँजीगत वस्तुएँ जैसे भवन, मशीन, उपकरण, वाहन और औजार इत्यादि मूर्त परिसम्पत्तियाँ हैं जिसका प्रयोग किसी संगठन द्वारा उपभोक्ता वस्तुओं और अन्य व्यवसाय के लिए वस्तुओं का निर्माण करने के क्रम में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने हेतु किया जाता है।

77. (1) कीन्स के मनोवैज्ञानिक उपभोग के नियम के अनुसार, कुल आय में वृद्धि होने पर कुल उपभोग में वृद्धि होती है लेकिन आय की तुलना में उपभोग में वृद्धि कम होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोगों की मौलिक आवश्यकताएँ या मांग पहले ही पूरी हो गई होती है, अत: वे अतिरिक्त आय की बचत करना शुरू कर देते हैं।

78. (4) अर्थव्यवस्था के विस्तृत क्षेत्र के अंतर्गत किसी फर्म की अर्थव्यवस्था में, श्रम और पूँजी का संयोजन कैसे किया जाए, को शामिल किया जाता है तथा इसी प्रकार एक या एक से अधिक वस्तु के उत्पादन की औसत लागत कम करने या बढ़ाने, घटाने या पुन: स्थिर रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसमें वस्तु या सेवा की अधिक इकाईयों को उत्पादन, उत्पादन लागत से कम (औसत) पर शामिल है।

79. (3) मांग की कीमत लोच किसी विशेष वस्तु की मांगी गई मात्रा और इसकी कीमत में परिवर्तन- दोनों के संबंधों का मापक है। यह किसी विशेष वस्तु की कीमत में परिवर्तन के परिणामस्वरूप मांग में आए परिवर्तन का प्रतिक्रियाशील मापक है। यदि मांग की कीमत लोच शून्य के समान है तो मांग पूर्णत: अप्रत्यास्थ है (अर्थात् कीमत में परिवर्तन होने पर मांग में परिवर्तन नहीं होता)।

80. (4) माँग की कीमत लोच कीमत में परिवर्तन के फलस्वरूप उपभोक्ता की प्रतिक्रिया मापती है। यदि उपभोक्ता कीमत परिवर्तन के प्रति अपेक्षाकृत अधिक संवेदनशील हैं तो माँग लचीली होगी, यदि वे कीमत परिवर्तन के प्रति अपेक्षाकृत उदासीन हैं तो माँग अप्रत्यास्थ (अलचीली) होगी। पूर्णत: अप्रत्यास्थ माँग को आलेख पर एक रेखा के रूप में उर्ध्वाधर अक्ष के समानान्तर रेखित किया जाता है, पूर्णत: प्रत्यास्थ माँग को रेखा द्वारा ऊपर और क्षैतिज अक्ष के समानान्तर दर्शाया जाता है। जब उपयोगी वस्तु की माँग पूर्णत: प्रत्यास्थ होती है तो माँग की मात्रा कीमत के साथ परिवर्तित होती रहती है। इस प्रकार माँग की कीमत लोच का गुणांक अनन्त होता है।




दिए गए रेखा चित्र में, कीमत और माँगी गई मात्रा को क्रमश: y अक्ष और x अक्ष पर दर्शाया गया है। माँग वक्र DD, X- अक्ष के समानान्तर क्षैतिजाकार सीधी रेखा है। यह माँगी गई मात्रा में आने वाली अपरिमित कमी या वृद्धि के कारण कीमत में होने वाले नगण्य परिवर्तन को दर्शाता है।

81. (4) द्वि-क्रेताधिकार, द्वि-अधिकार के समान एक आर्थिक स्थिति है जिनमें किसी विशिष्ट उत्पाद या सेवा को क्रय करने के लिए केवल दो बड़े क्रेता होते हैं। द्वि-क्रेताधिकार के सदस्यों का विक्रेताओं पर विशेष प्रभाव होता है और वे अपनी आपूर्तियों के लिए बाजार की कम कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं। इसे 'क्रेता के द्वि-अधिकार' के रूप में भी जाना जाता है।

82. (2) मार्केट सेग्मेंटेशन एक विपणन रणनीति है, इससे तात्पर्य समान आवश्यकताओं, इच्छाओं या समान वस्तुओं की माँग करने वाले कुल प्रत्याशित क्रेताओं को समूहों या कई भागों में वर्गीकृत करने की प्रक्रिया से है। इसका उद्देश्य मार्केटिंग मिक्स को डिजाइन करना है जो लक्ष्यित वर्ग के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

83. (2) व्यष्टि अर्थशास्त्र में, एंजिल वक्र वर्णन करता है कि परिवार की आय में परिवर्तन होने पर किसी विशेष वस्तु या सेवा पर होने वाले व्यय में किस प्रकार परिवर्तन आता है। जर्मन सांख्यिकीविद् इर्नस्ट एंजिल (1821 -1896) के नाम पर वक्र का नामकरण किया गया। वह 1857 में व्यवस्थित रूप से वस्तुओं पर होने वाले व्यय और आय के मध्य संबंध की जाँच करने वाले प्रथम सांख्यिकीविद् थे।



84. (2) संतुलित उत्पादन से तात्पर्य उत्पादन के उस स्तर से है जिस स्तर पर अर्थव्यवस्था में कुल माँग कुल पूर्ति (AD=AS) के समान होती है। इसका अर्थ है कि उत्पादकों द्वारा वर्ष के दौरान किया गया उत्पादन, वर्ष के दौरान क्रेताओं द्वारा क्रय के लिए की गई वस्तु की माँग के समान है। सीमांत राजस्व-सीमांत लागत पद्धति के अनुसार, संतुलित उत्पादन से तात्पर्य उत्पादन के उस स्तर से है जिस स्तर पर सीमांत लागत (MC) = सीमांत राजस्व (MR)। सीमांत राजस्व (MR) की तुलना में सीमांत लागत (MC) के कम होने पर उत्पादक अधिक से अधिक उत्पादन करता है क्योंकि इससे उत्पादक को अधिक लाभ होता है। सीमांत लागत (MC) के सीमांत राजस्व (MR) के समान होने पर उत्पादक कम उत्पादन करता है।

85. (1) सीमांत उत्पादकता सिद्धांत के अनुसार, कारक इकाई की कीमत या प्रतिफल कुल उत्पाद में इसके योगदान या इसकी उत्पादकता पर निर्भर करता है। किसी कारक को नियोजित करते समय नियोक्ता कारक की सीमांत लागत और लुप्त इकाई की सीमांत राजस्व उत्पादकता (एमआरपी) की तुलना करता

है। वह किसी कारक को उस बिन्दु तक नियोजित करेगा जहाँ कारक को भुगतान किया जाने वाला प्रतिफल (कारक की सीमांत लागत) इसके एमआरपी के समान हो। यदि एमआरपी सीमांत लागत से अधिक है तो नियोक्ता कारक की अधिक इकाईयों को नियोजित करते हुए अपने लाभ में वृद्धि करता है, दूसरी ओर, यदि कारक की सीमांत लागत एमआरपी से अधिक है तो नियोक्ता अपने नुकसान को कम करने के लिए नियोजित इकाईयों की संख्या कम करेगा।

86. (3) बिक्री लागतों के अंतर्गत विज्ञापन, बिक्रीकारी, नि:शुल्क प्रतिचयन (फ्री सैम्पलिंग) नि:शुल्क सेवा (फ्री सर्विस), घर-घर जाकर प्रचार इत्यादि पर होने वाले व्यय को शामिल किया जाता है। यदि उत्पाद सजातीय है तो पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत बिक्री की कोई समस्या नहीं होती। एकाधिकारी प्रतियोगिता के अंतर्गत, जहाँ उत्पाद एक दूसरे से भिन्न होता है, वहाँ बिक्री में वृद्धि करने के लिए बिक्री लागतों की आवश्यकता होती है। एकाधिकारी प्रतियोगिता में विक्रेता क्रेता को कोई दूसरा उत्पाद खरीदने के बजाय अपना उत्पाद खरीदने के लिए राजी करते हैं।

87. (1) उत्कृष्ट वस्तु एक ऐसा उत्पाद है, जिसे अपनी आय में वृद्धि हो जाने पर लोग इसकी मांग अधिक करते हैं। ये ऐसे उत्पाद हैं जो सामान्यत: हीरे (डायमंड्स) और क्लासिक कारों के समान अधिक महँगे और दुर्लभ होते हैं। ऐसे उत्पाद दो अर्थशास्त्रीय विशेषताओं से युक्त होने चाहिए: इसे दुर्लभ होना चाहिए, इसके अलावा इसकी कीमत अधिक होनी चाहिए।


88. (3) मैक कॉनेल के शब्दों में, उत्पादन के कारकों की मांग एक व्युत्पन्न मांग है जो परिष्कृत वस्तुओं और सेवाओं से उत्पन्न होती है जिसका उत्पादन संसाधनों की सहायता से किया जाता है। वस्तु की माँग एक प्रत्यक्ष मांग है, जबकि कारकों की मांग व्युत्पन्न मांग है। यह कारकों की उत्पादकता पर आधारित होती है।

89. (2) उदासीनता (अनधिमान) वक्र वस्तुओं के संयोजन का केंद्र बिंदु है जो संतुष्टि के समान स्तर से उत्पन्न होता है, जिससे उपभोक्ता उपभोग की गई वस्तु के किसी भी संयोजन के प्रति उदासीन होता है। यदि उपभोक्ता दो उत्पाद समूहों को समान रूप से पसन्द करता है तो उपभोक्ता दो उत्पाद समूहों के मध्य उदासीन है। उपभोक्ता दूसरे समूह से भी समान स्तर की संतुष्टि (उपयोगिता) प्राप्त करता है। अन्य शब्दों में, एक उदासीनता (अनधिमान) वक्र उपभोक्ता को समान संतुष्टि (लाभ) प्रदान करते हुए दो वस्तुओं के विभिन्न संयोजनों को दर्शाने वाले विभिन्न बिन्दुओं का केन्द्र बिंदु है।


90. (3) फ्रांसीसी अर्थशास्त्री लियोन वालरस ने 1874 की अपनी श्रेष्ठ कृति 'एलिमेंट्स ऑफ प्योर इकोनॉमिक्स' में सामान्य संतुलन का सिद्धांत प्रस्तुत किया था। यह सिद्धांत वैयक्तिक तथ्य विषय के बजाय समूचे आर्थिक बाजार के कार्यों को स्पष्ट करने का प्रयास करता है। यह इस तथ्य को दर्शाने का प्रयास करता है कि क्यों और कैसे सभी मुक्त बाजार दीर्घकाल में संतुलन की ओर अग्रसर होते हैं।

91. (2) बाजार अर्थव्यवस्था एक आर्थिक प्रणाली है जिसमें आर्थिक निर्णयों और वस्तुओं तथा सेवाओं का निर्धारण मुख्यत: देश के विशिष्ट नागरिकों और व्यावसायियों की पारस्परिक बातचीत द्वारा किया जाता है। इसमें केन्द्रीय योजना या सरकार का हस्तक्षेप कम होता है। अमेरिका विश्व की प्रमुख बाजार अर्थव्यवस्था है।

92. (1) एक अनधिमान वक्र को बिन्दुओं के स्थान के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। प्रत्येक बिन्दु दो स्थानापन्न वस्तुओं के भिन्न समुच्चय का प्रतिनिधित्व करता है, जो उपभोक्ता को समान उपयोगिता या संतुष्टि प्रदान करता है। इस प्रकार, जब वस्तुओं के मध्य चयन करना होता है तो यह वस्तुओं के किन्हीं दो समुच्चयों के मध्य अनधिमानता की स्थिति होती है। उदाहरण के लिए, यदि उपभोक्ता X और Y दो स्थानापन्न वस्तुओं के पाँच समुच्चयों a, b, c, d और e का निर्माण करता है तो ये सभी समुच्चय U द्वारा निर्दिष्ट संतुष्टि का समान स्तर प्रदान करते हैं।



93. (4) पूर्ण प्रतियोगी उद्योग में अपेक्षाकृत छोटे फर्मों की विशाल संख्या समाविष्ट होती है जो एकसमान उत्पादों की बिक्री करते हैं। प्रत्येक पूर्ण प्रतियोगी फर्म बाजार के आकार की अपेक्षा बहुत छोटी होती है, इसका बाजार पर कोई नियंत्रण नहीं होता, इसमें कीमत को नियंत्रित करने की क्षमता नहीं होती। अन्य शब्दों में, फर्म चालू बाजार कीमत पर उत्पादन की अपेक्षित मात्रा की बिक्री कर सकती है। यह स्थिति इसे क्षैतिज या पूर्ण लोच मांग वक्र के रूप में स्थापित करती है।



94. (1) औसत राजस्व, उत्पादन की बेची गई प्रति इकाई से प्राप्त राजस्व से संबंधित है। यह वस्तु की कीमत के समान है। कुल राजस्व को बेची गई इकाईयों की संख्या से विभाजित करके औसत राजस्व को प्राप्त किया जा सकता है।

औसत राजस्व (AR) = कुल राजस्व (TR) /बेची गई मात्रा (Q)

जब हम एक वस्तु का उदाहरण लेते हैं तब, (TR) = P × Q

अत: $AR = \frac{P \times Q}{Q} = P$,

जहाँ P = वस्तु की कीमत।

95. (2) अत्यधिक विक्रय लागत अल्पाधिकार (ओलिगोपॉली) की परिभाषित विशेषताओं में से एक है। फर्म उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए अधिक विक्रय मूल्य का सहारा लेती है। इस प्रकार के बाजार के अन्तर्गत फर्मों को अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए अत्यधिक विज्ञापन एवं प्रोत्साहन व्यय के द्वारा ग्राहकों को आकर्षित किया जाता है जबकि बेचा जाने वाला सामान समरूप उत्पाद होता है। अत्यधिक विज्ञापन व्यय और प्रोत्साहन व्यय अन्तत: कुल बिक्री लागत में जोड़कर ग्राहकों से वसूल कर लिया जाता है।

96. (4) अर्थव्यवस्था में श्रम की पूर्ति आर्थिक और गैर-आर्थिक कारक दोनों पर निर्भर करती है। यह जनसंख्या के आकार, कुल जनसंख्या में से कार्य करने के लिए उपलब्ध श्रमिकों की कुल संख्या, कार्य के घंटों की संख्या, कार्य की तीव्रता, श्रमिकों की कुशलता, कार्य के प्रति उनकी तत्परता और श्रम की गतिशीलता पर निर्भर करती है।


97. (3) मध्यवर्गी उपभोग विज्ञापन एवं जनसंपर्क पर किया गया व्यय को 'विक्रय लागत' भी कहते है।

98. (2) फ्रैंचाइजिंग (Franchising) पट्टे (Leasing) का एक विशेष प्रचलन है, जिसमें किसी संस्थान को एक निश्चित समय-काल के दौरान किसी फर्म की सफल व्यापारिक मॉडेल तथा ब्रांड उपलब्ध कराने की औपचारिक अनुमति प्रदान की जाती है।

एक विशेष फर्म (फ्रैंचाइजर) भुगतान के बदले फ्रैंचाइजी (Franchisee) को अपने ट्रेडमार्क (trademark) का उपयोग करने, पेटेंट वस्तु का वितरण करने या सेवाएँ प्रदान करने का एकान्तिक या अर्द्ध-एकान्तिक आधार पर अधिकार प्रदान करती है।

99. (1) एक मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था में संसाधन, मुक्त और स्व-निर्देशित बाजार शक्तियों के पारस्परिक क्रिया या प्रभाव से निर्धारित होते हैं। इसका अर्थ है- किसका उत्पादन किया जाए, यह उपभोक्ता की व्यय क्षमता के आधार पर निश्चित की जाती है। उत्पादक द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि उत्पादन कैसे किया जाए और जो उस उत्पाद का प्राप्तकर्ता है, वह उपभोक्ता के क्रय शक्ति पर निर्भर करता है।

100. (3) किसी फर्म का औसत राजस्व (AR) और किसी वस्तु की कीमत का तात्पर्य एक ही है। यदि सीमान्त राजस्व (MR) स्थिर हो तो औसत राजस्व भी स्थिर होगा और दोनों ही वक्र X अक्ष के समानान्तर होंगे। जब सीमान्त राजस्व स्थिर हो तो औसत राजस्व भी स्थिर होता है। औसत राजस्व वक्र व्यक्तिगत मांग वक्र के अनुरूप होता है। ऐसी स्थिति पूर्ण प्रतियोगी बाजार में होती है।



101. (3) अर्थशास्त्र में, प्रवेश अवरोधक एक लागत है जिसका भार बाजार में प्रवेश करने वाले नये प्रतियोगी द्वारा उठाया जाता है जो कि पदधारी नहीं होते। यह अल्पाधिकार का सूचक है। मापदण्ड की अर्थव्यवस्था, पेटेन्ट, महँगी और जटिल तकनीक की प्राप्ति, इत्यादि सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अवरोधक हैं।

विक्रेता विशुद्ध प्रतियोगी बाजार में एक पूर्ण लोच मांग देखते हैं- जिससे वे बाजार कीमत पर उत्पाद की कितनी भी मात्रा बेच सकते हैं। यह औसत राजस्व (जो बेचे गए सभी उत्पादों की औसत कीमत है) और सीमांत राजस्व (जो बाजार कीमत पर बेची गई अंतिम वस्तु की कीमत के समान है) दोनों का निर्माण करता है।

102. (3) संविदात्मक आय वह आय है जिसका भुगतान एक निर्दिष्ट समय अवधि में संविदात्मक आधार पर किया जाता है। मजदूरी, वेतन, किराया, ब्याज इत्यादि संविदात्मक अर्जन के अंतर्गत आते हैं, क्योंकि इसका निर्धारण नियोक्ता/उपयोगकर्ता और संगठन/प्रदाता के मध्य अनुबंध द्वारा किया जाता है। लाभ एक अवशिष्ट आय है, यह सभी प्रकार के वेतन, ब्याज और किराए को घटाने के बाद वस्तुओं की बिक्री से प्राप्त होने वाली शेष राशि है। अत: लाभ एक संविदात्मक आय नहीं है।

103. (2) मांग की लोच कीमत में परिवर्तन के साथ मांग की मात्रा में होने वाले परिवर्तन को मापती है। वस्तु की मांग की कीमत लोच का निर्धारण मुख्यत: स्थानापन्न वस्तुओं की उपलब्धता द्वारा किया जाता है। सबसे जरूरी वस्तु वह है, जिसकी मांग की कीमत लोच न्यून होती है। यदि किसी वस्तु की मांग की आय लोच 1 से कम है तो यह एक आवश्यक अथवा जरूरी वस्तु है। यदि मांग की लोच 1 से अधिक है तो यह एक विलासिता या उत्कृष्ट वस्तु है। विलासिता वस्तुओं जैसे कार, टेलीविजन फर्नीचर, इत्यादि के संदर्भ में आय में परिवर्तन के अनुपात की तुलना में मांग में अधिक वृद्धि होती है।

104. (4) पूँजीवाद या मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता को राजा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। वह कीमतों और विकल्पों के चक्कर विन्यास से चयन कर सकता है। सदैव, उपभोक्ता का नियंत्रण बना रहता है, और व्यवसायी या उत्पादक को उन्हें संतुष्ट करना चाहिए, उनके विपरीत कार्य नहीं करना चाहिए। उपभोक्ता निर्णय करता है कि उत्पादकों को किसका निर्माण करना चाहिए और माँग के आधार पर बेचना चाहिए। यदि कोई व्यापारी एक ऐसे उत्पाद का निर्माण करता है जिसे कोई खरीदना नहीं चाहता, तो वह उत्पाद नहीं बिकेगा और वे इसे खरीदने के लिए लोगों पर दबाव नहीं डाल सकते।

105. (3) ओलिगोपॉलि अर्थात् अल्पाधिकार (इस शब्द की व्युत्पत्ति प्राचीन ग्रीक शब्द ओलिगोज पोलइन से हुई है, जिसमें ओलिगोज का अर्थ है, 'कुछ' और पोलइन का अर्थ है, 'बेचना') यह बाजार का एक रूप है जिसमें बाजार या पूरे उद्योग पर कुछ विक्रेताओं (अल्पाधिकारियों) का प्रभुत्व होता है। इसे अधिक क्रेताओं, लेकिन कम विक्रेताओं द्वारा चिह्नित किया जाता है। इसके विपरीत, ओलिगोप्सॉनि वह बाजार है जहाँ विक्रेता अधिक, लेकिन क्रेता कम होते हैं।

106. (1) मांग वक्र दायीं ओर स्थानांतरित होगा यदि :

- वस्तु अधिक लोकप्रिय हो जाती है (अर्थात् फैशन में परिवर्तन या सफल विज्ञापन अभियान के कारण ऐसा होता है),
- स्थानापन्न वस्तु की कीमत बढ़ जाती है,
- अनुपूरक वस्तु की कीमत कम हो जाती है,
- आय में वृद्धि होती है।

107. (1) अर्थशास्त्र में, कीमतों में वृद्धि होने पर लोग प्राय: गिफिन वस्तु का अधिक उपभोग करते हैं। गिफिन वस्तु एक अत्यधिक निकृष्ट वस्तु है जिसका मांग वक्र ऊर्ध्व-ढालू होता है, जो कि मांग के मूल नियम के विपरीत है जो बताता है कि कीमत में वृद्धि होने पर उत्पाद के लिए मांग की मात्रा कम हो जाती है, परिणामस्वरूप मांग वक्र नीचे की ओर ढालू होता है। सामान्य स्थिति में, वस्तु की कीमत में वृद्धि होने पर प्रतिस्थापन प्रभाव उपभोक्ताओं की खरीदारी में कमी करता है।

कीमत में परिवर्तन	वस्तु का प्रकार	प्रतिस्थापन और आय प्रभाव	मांग में परिवर्तन
कमी	सामान्य	प्रतिस्थापन और आय प्रभाव दोनों एक समान दिशा में कार्य करते हैं	वृद्धि
कमी	निकृष्ट	प्रतिस्थापन प्रभाव के कारण मांग में होने वाली वृद्धि आय प्रभाव के कारण मांग में कमी की तुलना में अधिक होती है	वृद्धि
कमी	गिफिन	आय प्रभाव के कारण मांग में होने वाली कमी प्रतिस्थापन प्रभाव के कारण मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक होती है।	कमी
वृद्धि	सामान्य	प्रतिस्थापन और आय प्रभाव दोनों एकसमान दिशा में कार्य करते हैं	कमी
वृद्धि	निकृष्ट	प्रतिस्थापन प्रभाव के कारण मांग में होने वाली कमी आय प्रभाव के कारण मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक होती है	कमी
वृद्धि	गिफिन	आय प्रभाव के कारण मांग में होने वाली वृद्धि प्रतिस्थापन प्रभाव के कारण मांग में कमी की तुलना में अधिक होती है	वृद्धि

108. (1) अल्पाधिकार: बाजार का एक रूप है जिसमें कुछ बड़ी फर्में होती हैं जो क्रेताओं की विशाल संख्या को अपनी वस्तुएँ बेचती हैं, एकाधिकार : बाजार का वह रूप है जिसमें वस्तुओं का केवल एक विक्रेता होता है और क्रेताओं की संख्या अधिक होती है, पूर्ण प्रतियोगिता : इसमें सजातीय उत्पादों के क्रेताओं और विक्रेताओं की संख्या अधिक होती है।

109. (3) स्वयं सहायता समूह (SHG) गरीब लोगों का एक छोटा स्वैच्छिक संघ है, विशेष रूप से यह समान सामाजिक- आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों का समूह है जिनकी पहुँच औपचारिक वित्तीय संस्थानों तक नहीं है। वे स्वयं सहायता और पारस्परिक सहयोग के द्वारा अपनी सामान्य समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से एक साथ एकत्रित होते हैं। यह समूह सदस्यों के सामूहिक निर्णय पर कार्य करता है।

110. (1) तीन क्षेत्र का सिद्धांत एक आर्थिक सिद्धांत है जो अर्थव्यवस्था को गतिविधि के तीन क्षेत्रों: कच्ची सामग्रियों का निष्कर्षण (प्राथमिक क्षेत्र), विनिर्माण (द्वितीयक क्षेत्र), और सेवा (तृतीयक क्षेत्र) में विभाजित करता है। कृषि प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत, जूता फैक्टरी द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत और परामर्श सेवा तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

111. (2) एकाधिकार एक विशिष्ट बाजार संरचना है जिसमें केवल एक विक्रेता होता है, जो बाजार में विशिष्ट उत्पाद की बिक्री करता है। साधारणतया, एकाधिकार बाजार का वह रूप है जहाँ एक विक्रेता एक विशेष वस्तु की बिक्री करता है जिसके लिए कोई निकट स्थानापन्न नहीं होता। एकाधिकार मोनोप्सॉनि से भिन्न होता है, जिसमें उत्पाद या सेवा का केवल एक खरीदार होता है।

112. (3) अल्पाधिकार बाजार, बाजार का वह रूप है जिसमें बी फर्मों की संख्या कम होती है, इन फर्मों का बाजार पर प्रभुत्व होता है, ये फर्में उद्योग में प्रवेश पर महत्त्वपूर्ण अवरोधों के साथ या तो एक समान या विशिष्ट उत्पादों की बिक्री करती हैं। यह चार मूलभूत बाजार संरचनाओं में से एक है। अल्पाधिकार कई प्रकार की मिलिभगत का परिणाम हो सकता है जिससे प्रतियोगिता में कमी आती है और उपभोक्ताओं के लिए कीमत स्तर में वृद्धि होती है।

113. (2) यदि एकाधिकार फर्म की लागत शून्य होती है या केवल स्थिर होती है तो संतुलन में आपूर्ति की गई मात्रा का निर्धारण उस बिन्दु द्वारा किया जाता है जहाँ सीमान्त राजस्व शून्य होता है। इसके विपरीत, पूर्ण प्रतियोगिता में बिन्दु द्वारा निर्धारित संतुलित मात्रा की पूर्ति की जाएगी जहाँ औसत राजस्व शून्य होता है। एकाधिकार शक्ति का सारांश उत्पाद की कीमत को परिवर्तित करने की योग्यता है। इस प्रणाली में एक फर्म या एक विक्रेता होता है जो कई क्रेताओं को वस्तुओं की बिक्री करता है।

114. (3) भुगतान संतुलन एक निश्चित समय अवधि में संबंधित देश के निवासियों का शेष विश्व के साथ आर्थिक लेनदेन का क्रमबद्ध विवरण होता है। चालू खाता व्यापार शेष, निवल घटक आय और निवल अंतरण भुगतान का कुल योग है। पूँजी खाता संतुलन शेष विश्व से पूँजी का आगमन एवं शेष विश्व को संबंधित देश से पूँजी का निर्गम का अंतर होता है।

115. (1) मांग का नियम ''अन्य बातें समान रहने पर'' यह बताता है कि जब वस्तु की कीमत कम होती है तो उसकी मांगी गई मात्रा अधिक हो जाती है इसके विपरीत जब वस्तु की कीमत अधिक हो जाती है तो मांगी गई मात्रा कम हो जाती है मांग का नियम वस्तु के मूल्य एवं मांगी गई मात्रा में विपरीत सम्बन्ध बताता है।

116. (1) धन को सामान्यत: कार्यशील पूंजी अर्थात् संगठन के दिन-प्रतिदिन के परिचालन के लिए उपलब्ध नकदी के रूप में जाना जाता है। कार्यशील पूंजी की उपलब्ध मात्रा इसके अल्पकालीन दायित्वों को पूरा करने की फर्म की योग्यता की मापक है। शुद्ध आय, दीर्घकालीन ऋण, पूंजीगत आस्तियों की बिक्री और शेयर धारकों द्वारा निधियों का अन्त:क्षेपण इत्यादि कार्यशील पूंजी के स्रोत हैं।

117. (1) किसी कंपनी के गठन या प्रारंभिक व्यय पर किए गए खर्च को पूँजीगत खर्च के रूप में माना जाता है क्योंकि उनका लाभ लंबी अवधि में उपलब्ध होगा। यह अवास्तविक संपत्ति का एक अच्छा उदाहरण है, जो हर साल व्यवसाय द्वारा अर्जित मुनाफे से प्राप्त किया जाता है।

118. (3) अपूर्ण प्रतिस्पर्धा के तहत बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता होते हैं। प्रत्येक विक्रेता अपने मूल्य-आउटपुट नीति का पालन कर सकता है। प्रत्येक निर्माता विभेदित उत्पाद का उत्पादन करता है, जो एक-दूसरे के बीच करीबी विकल्प है। इस प्रकार, एकाधिकार प्रतियोगिता के तहत मांग वक्र बेहद लोचदार है।

119. (3) एकाधिकार प्रतियोगिता के तहत, कई अलग-अलग उत्पाद होते हैं जो एक दूसरे के लिए करीबी विकल्प हैं। दूसरे शब्दों में, बड़े विक्रेता उत्पाद बेचते है जो समान लेते हैं, लेकिन एक-दूसरे के समारूप नहीं है और न ही एक-दूसरे से प्रतिस्पर्द्धा करते हैं, कीमत के अतिरिक्त। चूंकि उत्पादों के एक दूसरे के लिए समान करीबी विकल्प होते हैं, इसलिए अगर कोई फर्म अपने उत्पादों की कीमत कम करती है तो अन्य उत्पादों के ग्राहक भारी मात्रा में इसके पास आएँगे। इसके विपरीत, उत्पाद की कीमत में वृद्धि के साथ, यह अपने ग्राहकों को दूसरे के लिए कर्मों खो देता है।

120. (1) स्थानीय बाजार वह स्थल हैं जहाँ स्थानीय स्तर पर उत्पादित या निर्मित वस्तुएँ बिक्री के लिए आती हैं। इस बाजार के बारे में पता रहता है कि उत्पादों या निर्मित वस्तुओं को कौन खरीदेगा, वे कहाँ स्थित हैं और कितनी दूरी तय करने के बाद वे बाजार पहुँचेंगे। ये सब जानना इस प्रकार के बाजार में बिक्री के लिए आवश्यक होता है या इनकी उपलब्धता होती है, ग्राहक उस क्षेत्र के भीतर ही रहते हैं। उदाहरण के लिए, ईंटों का एक स्थानीय बाजार है। इसके परिवहन पर भारी खर्च केवल तभी किया जाता है जब इसे किसी अन्य स्थान पर ले जाया जाता है।

121. (3) स्थिर अथवा निर्धारित लागत को निति लागत अथवा अवधि लागत भी कहा जाता है। स्थिर लागत वह लागत है जो उत्पादन अथवा बिक्री विस्तार के साथ भी स्थिर रहती है। अर्थात् उत्पादन के कम या अधिक होने पर भी यह लागत घटती-बढ़ती नहीं है। उत्पादित वस्तुओं या सेवाओं की गुणवत्ता के मुकाबले निर्धारित लागतें स्वतंत्र हैं। इनमें निविष्टियाँ (पूंजी) शामिल हैं जिन्हें अल्पावधि में समायोजित नहीं किया जा सकता है, जैसे इमारतों और मशीनरी। निर्धारित लागत (जिसे ओवरहेड कॉस्ट भी कहा जाता है) वेतन या मासिक किराये के शुल्क सहित समय से संबंधित लागत होती है।

122. (2) जॉन लॉक द्वारा प्रतिपादित सम्पत्ति का श्रम सिद्धान्त बताता है कि सम्पत्ति मूलत: प्राकृतिक संसाधनों पर श्रम के उद्यम द्वारा आती है। इस सिद्धान्त का प्रयोग वासभूमि सिद्धान्त का समर्थन करने हेतु किया गया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति मूल विनियोग की क्रिया निष्पादन द्वारा अस्वामिक प्राकृतिक संसाधनों का सम्पूर्ण स्थायी स्वाभाविक प्राप्त कर सकता है।

123. (2) पूर्ण प्रतियोगिता या वास्तविक प्रतिस्पर्धा में बड़ी संख्या में छोटे विक्रेता बाजार के मांग के अनुसार सामान की आपूर्ति करते हैं। उत्पादन के सभी कारकों, अर्थात् श्रम, पूंजी, आदि बाजार में पूर्ण गतिशीलता रखते हैं और किसी भी बाजार कारकों या बाजार बलों द्वारा बाधा नहीं डाला जाता। हर फर्म एक कीमत स्वीकार करने वाला है। मांग और आपूर्ति के दवाब द्वारा तय किए गए मूल्य के अनुसार कोई फर्म उत्पाद की कीमत को प्रभावित नहीं कर सकता।

124. (4) वस्तु की कीमत, उपभोक्ता की आय, उपभोक्ता की रूचि और पसंद आदि 'व्यक्तिगत मांग' का निर्धारण करते हैं।

125. (4) माँग में परिवर्तन और मूल्य में परिवर्तन के बीच लचीलापन का सम्बन्ध है। पूर्णत: बेलोचदार माँग बताता है कि वैसी वस्तुएँ जिनके मूल्य में कितना भी प्रतिशत परिवर्तन क्यों न हो जाए उनकी कीमतों में परिवर्तन नहीं होता। पूर्णत: बेलोचदार माँग एक सैद्धांतिक अवधारणा है और इसे व्यवहारिक स्थिति में लागू नहीं किया जा सकता है। हालांकि आवश्यक वस्तुओं के मामले में कीमत में परिवर्तन के साथ मांग में परिवर्तन नहीं होता है जैसे आधारभूत खाद्यान्न, नमक आदि।

126. (4) किसी कंपनी की प्रतिस्पर्धी स्थिति ग्राहक के मांगों में आ रहे बदलावों को समझने और उन मांगों को पूरा करने वाले वस्तुओं और सेवाओं के साथ उचित प्रतिक्रिया देने की क्षमता पर निर्भर करती है। ग्राहक की मांग को समझना कंपनी की लागत और सेवा आवश्यकताओं को परिभाषित करने में मदद करता है। एक कंपनी की प्रतिस्पर्धी रणनीति ग्राहक के विभिन्न प्रकार के उत्पादों की मांगों को परिभाषित करती है जिसे वह अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से संतुष्ट करना चाहता है।

127. (4) अचल संपत्ति (रियल एस्टेट), भूमि और उस पर इमारतों के निर्माण के रूप में संपत्ति है जो तृतीयक क्षेत्रक के अंतर्गत आता है। इसे सेवा क्षेत्रक के रूप में भी जाना जाता है। तृतीयक क्षेत्रक में अंतिम उत्पाद के बजाय सेवाओं का उत्पादन होता है। इसमें अन्य व्यवसायों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए सेवाओं का प्रावधान भी शामिल है।

128. (3) डिस्पोजेबल आय, जिसे डिस्पोजेबल व्यक्तिगत आय (डीपीआई) के रूप में भी जाना जाता है, वह राशि है जो कि घरों में व्यय के लिए उपलब्ध है और आय करों के बाद बचत के लिए जिम्मेदार है। इसे इस प्रकार व्यक्त किया जाता है:

डीपीआई = व्यक्तिगत आय – व्यक्तिगत आयकर भुगतान

आयकर प्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण है इसलिए, डीपीआई = व्यक्तिगत आय – प्रत्यक्ष कर

129. (1) असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र को छोटी और बिखरी इकाईयों द्वारा चिन्हित किया जाता है जोकि बड़े पैमाने पर सरकार के नियंत्रण से बाहर होती हैं। इसमें मुख्यत: व्यापार, यातायात, छोटे उद्योगों में काम करने वाले श्रमिक, निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले नैमित्तिक श्रमिक सम्मिलित होते हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में स्ट्रीट वेंडर, कबाड़ी वाले और वस्त्र निर्माण में संलग्न श्रमिक भी शामिल हैं।

130. (2) अचल पूँजी उत्पादक प्रक्रिया में उपयोग की गई संपत्ति है, जो कि उत्पादन में बार-बार अर्थात् तबतक उपयोग में लाए जाते हैं जबतक कि वे टूट-फूट नहीं जाते। मशीन, संयंत्र रेल ट्रैक, भवन कारखाने आदि सभी स्थायी पूँजी के उदाहरण हैं। इन्हें अचल पूँजी कहा जाता है क्योंकि इन स्थायी सामानों पर व्यय की गई मुद्रा एक लम्बे समय तक अचल बनी रहती है।

131. (2) काले धन का अस्तित्व मौद्रिक नीति के काम को बाधित करता है। इसका उपयोग होर्डिंग और सट्टा उद्देश्यों आदि जैसी गतिविधियों के लिए किया जाता है, और लेन-देन करने वालों का नाम गुप्त रखा जाता है, इनका रिकॉर्ड नहीं होता है। फलस्वरूप, मुद्रा की आपूर्ति और मांग मौद्रिक नीति द्वारा वांछित नहीं रहती है। अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में मांग और कीमत का प्रबंधन करने के लिए, काले धन को आधिकारिक धन क्रेडिट नीति तंत्र के लिए खतरा माना जाता है।

132. (4) अर्थशास्त्र में जब कोई एक व्यक्ति या संस्था का किसी उत्पाद या सेवा पर इतना नियंत्रण हो कि वह उसके विक्रय से सम्बन्धित शर्तों एवं मूल्य को अपनी इच्छानुसार लागू कर सके तो इस स्थिति को एकाधिकार (monopoly) कहते हैं। अर्थात् बाजार में प्रतियोगिता का अभाव एकाधिकार की मुख्य विशेषता है।

133. (4) बजट रेखा, जिसे बजट बाधा भी कहा जाता है, दो वस्तुओं के सभी संयोजनों को दिखाती है जो कि उपभोक्ता किसी दिए गए बाजार मूल्य पर और विशेष आय स्तर पर खर्च कर सकते हैं। बजट लाइन की अवधारणा का ज्ञान समझने के लिए उपभोक्ता के संतुलन का सिद्धांत को समझना आवश्यक है।

134. (4) जब किसी वस्तु की मांग के कारण, अन्य किसी वस्तु की सेवा की मांग उत्पन्न होती है, तो उसे व्युत्पन्न मांग कहा जाता है। क्योंकि श्रम की सहायता से अन्य वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है। यह कुछ भौतिक या अमूर्त चीजों की माँग है जहाँ प्रश्न में संबंधित वस्तुओं और सेवाओं दोनों के लिए एक बाजार मौजूद है।

135. (4) गॉटफ्रीड हैबरियर ने 1993 में अवसर लागत सिद्धांत को प्रतिपादित किया। इस सिद्धांत के अनुसार, कमोडिटी की लागत दूसरी कमोडिटी की राशि है जिसे पहले पर्याप्त अतिरिक्त इकाई का उत्पादन करने के लिए पर्याप्त संसाधन जारी करने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। तुलनात्मक लागत सिद्धांत की तरह, यहाँ श्रम जैसी धारणाएँ केवल उत्पादन का कारक है।

136. (1) वास्तविक लागत उपभोक्ताओं को बिक्री के लिए एक अच्छी या सेवा बनाने में शामिल समग्र वास्तविक व्यय को संदर्भित करता है। किसी व्यवसाय के लिए उत्पादन की वास्तविक लागत में आमतौर पर सभी ठोस संसाधनों जैसे कच्चे माल और श्रम का मूल्य शामिल होता है जो उत्पादन प्रक्रिया में उपयोग किया जाता है।

137. (4) उत्पाद बाजार वह जगह है जहाँ आपूर्ति और अंतिम माल की मांग एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं। कंपनियाँ आपूर्तिकर्ताओं के रूप में कार्य करती हैं और अपने उत्पादों को संभावित ग्राहकों को कीमतों पर पेश करती हैं जो आपूर्ति और मांग के कानूनों की गतिशीलता के बाद निर्धारित होते हैं।

138. (4) उत्पादकता, दक्षता का एक माप है जिसके साथ एक फर्म पूँजी और श्रम को जोड़ती है, जिसमें समान स्तर के कारक इनपुट होते हैं। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। उत्पादकता में वृद्धि कंपनियों को समान स्तर के इनपुट के लिए उच्च आउटपुट, उच्च राजस्व और अंतत: उच्च जीडीपी उत्पन्न करने की अनुमति देता है।

139. (1) माँग वक्र एक ग्राफीय चित्रमय प्रतिनिधित्व है जो वस्तु के विभिन्न मूल्य स्तरों और मात्राओं के बीच संबंधों को दर्शाता है जिसे उपभोक्ता खरीदने के इच्छुक हैं। विकल्प की कीमत में वृद्धि से माँग वक्र बाहर की ओर शिफ्ट होता है जो कि मांग वस्त्र के विस्तार का संकेत देता है। विकल्प ऐसे सामान हैं जो उपभोक्ता एक दूसरे की जगह खरीद सकते हैं जैसे कोकाकोला और पेप्सी बहुत करीबी विकल्प हैं।

140. (3) अल्पाधिकार (Oligopoly) एक प्रकार की बाजार संरचना का वर्णन करता है जो संख्या में बहुत कम फर्मों द्वारा संचालित होता है। यह सीमित प्रतियोगिता के रूप में परिणत होता है। फर्में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं या सहयोग कर सकती हैं। ऐसा करके, वे कीमतों को बढ़ाने और अधिक लाभ अर्जित करने के लिए अपनी सामूहिक बाजार शक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

141. (1) पूंजीवाद एक आर्थिक प्रणाली है जो उत्पादन के साधनों के निजी स्वामित्व और लाभ के लिए उनके संचालन पर आधारित है।

- पूंजीवाद के केंद्रीय विशेषताओं में निजी संपत्ति, पूंजी संचय, मजदूरी, स्वैच्छिक विनिमय, एक मूल्य प्रणाली और प्रतिस्पर्धी बाजार शामिल हैं।
- पूंजीवादी अर्थव्यवस्था एक उदार अर्थव्यवस्था है।
- इसका मतलब है कि केवल मुक्त बाजार ही उत्पादों की आपूर्ति, मांग और कीमतों का निर्धारण करेगा।
- अर्थव्यवस्था में एकाधिकार प्रथाओं को नियंत्रित करने के अलावा अन्य कोई प्रत्यक्ष सरकारी हस्तक्षेप नहीं है।

142. (1) सूक्ष्मअर्थशास्त्र (व्यष्टि अर्थशास्त्र) निर्णय लेने और संसाधनों के आवंटन में व्यक्तियों, परिवारों और फर्मों के व्यवहार का अध्ययन है। यह आम तौर पर वस्तुओं और सेवाओं के बाजारों पर लागू होता है तथा व्यक्तिगत और आर्थिक मुद्दों से संबंधित होता है। सूक्ष्मअर्थशास्त्र का अध्ययन इस बात से संबंधित है कि लोग क्या विकल्प चुनते हैं, कौन से कारक उनकी पसंद को प्रभावित करते हैं और कैसे उनके फैसले माल की कीमतों, आपूर्ति और मांग को प्रभावित करते हैं।

TYPE -II

1. (4) किसी श्रमिक की वास्तविक मजदूरी में वे सभी लाभ सुविधाएँ शामिल होती है जो उसे नकद मजदूरी के आलावा प्राप्त होती हैं। नकद मजदूरी वह मजदूरी है जिसे मजदूर एक निश्चित समयावधि के श्रम के बाद मुद्रा के रूप में प्राप्त करता है। जबकि वास्तविक मजदूरी नकद मजदूरी की क्रयशक्ति हैं। इस प्रकार नकद मजदूरी में वृद्धि वास्तविक मजदूरी में वृद्धि करेगी यह अनिवार्य नही हैं।

$$\text{वास्तविक मजदूरी} = \frac{\text{नकद मजदूरी}}{\text{सामान्य कीमत स्तर}}$$

2. (4) लगान किसी भी साधन द्वारा उसकी सेवा प्राप्त करने की लागत से अतिरिक्त आय अथवा अधिशेष को कहा जाता हैं। चूकि सम्पूर्ण समाज के लिए कुल भूमि प्रकृति की मुफ्त देन होने के कारण इसे उत्पादन के लिए प्रयोग करने के लिए समाज को कोई लागत उठानी नही पड़ती। इसीलिए भूमि से समस्त आय अथवा लगान सारे समाज के लिए अधिशेष अथवा अतिरिक्त आय हैं। वर्तमान में इस अधिशेष या अतिरिक्त आय को आर्थिक लगान कहा जाता है।

3. (4) 'व्यष्टि अर्थशास्त्र' और 'समष्टि अर्थशास्त्र' शब्दों का निर्माण जे॰ एम॰ कीन्स ने किया था। आर्थिक विश्लेषण का वह भाग जो व्यक्तिगत इकाईयों जैसे फर्म, उपभोक्ता, श्रम इकाई आदि से सम्बन्धित हो उसे व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण या व्यष्टि अर्थशास्त्र कहते है, पर जब विश्लेषण का संबंध इन व्यष्टि इकाइयों के सामूहिक रूप या समग्र से संबंधित हो, जैसे राष्ट्रीय आय (उत्पाद) बेरोजगारी, मूल्य स्तर का अध्ययन तो इसे समष्टि विश्लेषण कहते हैं।

4. (2) मजदूरी के आधुनिक सिद्धांत के अनुसार पूर्ण प्रतियोगिता की दशा में श्रमिक की मजदूरी सीमान्त तथा औसत आय उत्पादकता के बराबर होगी। अत: पूर्ण प्रतियोगिता में श्रमिकों का कोई शोषण नहीं होता। परंतु अपूर्ण प्रतियोगिता (क्रेताधिकार) में एक श्रमिक को उसकी सीमांत तथा औसत आय उत्पादन से कम मजदूरी मिलती है। इसलिए इस अवस्था में श्रम का शोषण होता है।

5. (2) आय और उपभोग में प्रत्यक्ष संबंध होता है।
आय के बढ़ने से उपभोग भी बढ़ जाता है परंतु उपभोग व्यय संरचना अलग हो सकता है।

6. (3) वेतन निधि सिद्धांत का प्रतिपादन सर जॉन रिचर्ड हिक्स ने किया था। उन्होंने अर्थशास्त्र के अन्य सिद्धातों- ग्राहकों की माँग का सिद्धांत, व्यवसाय चक्र, कल्याणकारी अर्थव्यवस्था आदि पर भी महत्वपूर्ण कार्य किया है।

7. (4) सीमेंट व्युत्पन्न माँग का उदाहरण है।
सीमेंट का उपयोग निर्माण गतिविधियों पर निर्भर करता है। अर्थात् निर्माण क्षेत्र में कार्यों की गति घटने और बढ़ने से सीमेंट की खपत का निर्धारक होते हैं।

8. (3) वितरण का सिद्धांत उत्पादिता के किसी घटक की कीमत सीमांत उत्पादिता पर निर्भर करती है।

9. (3) अर्थशास्त्र में उत्पादन के कारकों को चार श्रेणियों में विभाजित किया जाता है। वे चार श्रेणी हैं : भूमि, श्रम, पूंजी और उद्यमशीलता। एक उद्यमी उत्पादन के अन्य कारकों को मिला कर लाभ का सृजन करता है। उसके द्वारा कमाया गया लाभ निवल लाभ (Net Profit) के रूप में होता है जिसे सकल लाभ (gross profit) में से अन्य लागत को घटा कर प्राप्त किया जाता है।

10. (2) पानी के उपभोग से प्राप्त कुल उपयोगिता हीरों के उपभोग से प्राप्त कुल उपभोगिता से अधिक होती है, परंतु पानी की कीमत हीरों की कीमत से बहुत कम होती है। इसी स्थिति को मूल्य का विरोधाभास अथवा हीरा-पानी विरोधाभास कहा जाता है। एडम स्मिथ ने ही इस विरोधाभास को विकसित किया था। इस विरोधाभास की व्याख्या ज्वेन्स द्वारा की गई। उनके अनुसार किसी वस्तु की कीमत, कुल उपयोगिता के स्थान पर, सीमांत उपयोगिता द्वारा निर्धारित होती है। इस संदर्भ में हीरों से प्राप्त होने वाली कुल उपयोगिता बेशक कम होती है क्योकि उपभोक्ता सापेक्षतया इन्हें कम खरीदते हैं फिर भी हीरों की सीमांत उपयोगिता ऊँची एवं घनात्मक रहती है। इसी कारण हीरों की कीमत बहुत अधिक होती है।

11. (3) ब्रिटेन के अर्थशास्त्री डॉ. डाल्टन द्वारा प्रतिपादित इस सिद्धान्त के अनुसार सरकार को अपनी राजस्व क्रियाओं को इस प्रकार व्यवस्थित करना चाहिए कि उससे 'अधिकतम सामाजिक कल्याण' की प्राप्ति संभव हो सके। इस सिद्धांत के अनुसार अधिकतम सामाजिक लाभ को प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक व्यय की राशि को भिन्न मदों पर इस प्रकार विभाजित किया जाना चाहिए कि प्रत्येक मद पर व्यय की सीमांत इकाई से प्राप्त सीमांत उपयोगिता बराबर हो। चूँकि यह सिद्धांत सरकार कराधान और खर्च का संबंधित समस्याओं का अध्ययन करती है, इसीलिए यह राजकोषीय अर्थशास्त्र के अंतर्गत आती है।

12. (1) एडम स्मिथ के अनुसार सभी उत्पादन का एकमात्र अंत और उद्देश्य खपत होता है। उत्पादन का लक्ष्य मानव इच्छा की संतुष्टि है। सभी प्रक्रियाएँ, जिनसे मानव श्रम के द्वारा वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाता है, का लक्ष्य उपभोक्ता ही होता है।

13. (1) उपभोक्ता द्वारा उपभोग की जाने वाली हर वस्तु या फ़र्मों द्वारा निवेश की जाने वाली हर वस्तु को अंत्य वस्तु कहते हैं। ये अंतिम उपयोग किए जाने वाले अन्त्य वस्तुएँ होती हैं। इन वस्तुओं का न तो पुनर्विक्रय किया जाता है और ना ही इनका उत्पादन के अगले चरणों में इस्तेमाल किया जाता है। अंत्य वस्तु के उदाहरण हैं: कार, टीवी सेट, कपड़ा, भोजन, मशीनरी, उपकरण आदि।

14. (3) अर्ध-लागत शब्द से तात्पर्य अर्थशास्त्र में फर्म को होने वाली निश्चित भुगतान-राशि की प्राप्ति से है। यह शुद्ध आर्थिक लागत से पूर्णतया भिन्न है, क्योंकि अर्ध-लागत एक अस्थायी तथ्य है। सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा को संरक्षण देने या वस्तुओं पर एकाधिकार कर लेने से कभी-कभी कुछ समय के लिए संभावित प्रतिद्वंद्विता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

15. (4) एडम स्मिथ एक स्कॉटिश (Scottish) नीतिशास्त्रीय तत्ववेदा तथा राजनीतिक अर्थशास्त्र के ज्ञाता थे, इन्हें आधुनिक अर्थशास्त्र का पिता भी कहा जाता है। यह अपने दो पारम्परिक कार्य के लिए जाने जाते हैं: नैतिक भावना के सिद्धांत (1759), प्रकृति की जाँच तथा राष्ट्र की समृद्धि का कारण (1776)। राष्ट्र की समृद्धि अर्थव्यवस्था का पहला आधुनिक कार्य के रूप में समझा जाता है।

16. (4) निवल राष्ट्रीय उत्पाद, सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से मशीनों एवं इमारतों के टूट-फूट एवं मूल्यह्रास खर्चों को घटाने के पश्चात् प्राप्त होता है। अन्य शब्दों में NNP = सकल राष्ट्रीय उत्पाद-मूल्यह्रास खर्चे। चूँकि निवल राष्ट्रीय उत्पाद राष्ट्र के उत्पाद में केवल निवल योगदानों को जोड़ता है, इस कारण यह सकल राष्ट्रीय उत्पाद से कम होता है।

17. (3) निवेश व्यय से तात्पर्य कारोबारी (बिजनेस) क्षेत्र द्वारा अंतिम वस्तुओं और सेवाओं या सकल घरेलू उत्पाद, विशेष रूप से उत्पादनकारी पूँजीगत वस्तुओं की खरीदारी पर किए गए व्यय से है। फर्मों द्वारा अपनी कारोबारी गतिविधियों को बढ़ाने और उत्पादन से संबंधित आवश्यक वस्तुओं का प्रबंध करने के लिए पूँजीगत उपकरणों पर व्यय किया जाता है। इस प्रकार, एक फर्म अंतिम उत्पादन के लिए कच्चा माल खरीदती है तो यह निवेश व्यय का एक उदाहरण है। उत्पादन प्रक्रिया में उत्पादक द्वारा अंतिम वस्तु के रूप में प्रयोग होने के कारण फर्म द्वारा खरीदा गया कच्चा माल एक अंतिम वस्तु है।

18. (1) मध्यवर्ती वस्तुएँ या अर्ध-निर्मित वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं जो अन्य वस्तुओं के उत्पादन में (जिसमें अंतिम वस्तुएँ भी शामिल हैं) निवेश के रूप में प्रयोग की जाती हैं। इसमें सामान या आइटम भी शामिल हैं जो कि उत्पादन प्रक्रिया के अंतिम उत्पाद हैं, लेकिन इसे कुछ अन्य वस्तुओं के उत्पादन प्रक्रिया में इनपुट (या निवेश) के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। उत्पादन प्रक्रिया में मध्यवर्ती वस्तुएँ या तो अंतिम वस्तु का एक भाग बन जाती है या उनकी

पहचान बदल दी जाती है। फर्नीचर के उत्पादन में इस्पात की चादरें कच्चे माल के रूप में प्रयोग की जाती हैं।

19. (4) पूँजी की सीमान्त प्रभाविकता पूँजी परिसम्पति की एक अतिरिक्त इकाई से प्रत्याशित इसकी लागत के ऊपर प्रतिफल की उच्चत्तम दर हैं। केन्स ने अपने निवेश सिद्धान्त में निवेश लाभ की प्रत्याशित दर को पूँजी की सीमान्त प्रभाविकता की संज्ञा दी है।

20. (3) लोग अपनी परिसम्पत्ति नकदी के रूप में रखना पसंद करते हैं । वे तरलता का परित्याग नहीं करना चाहेंगे। जब तक उन्हें इसका पारितोषिक नहीं मिल जाता। यह पारितोषिक मुद्रा के रूप में दिया जाता है। लोगों को तरलता की जितनी अधिक तीव्र इच्छा होती है उतनी ही अधिक ब्याज की दर होती है।

21. (2) अर्थतंत्र में ज्ञान, तकनीकी कुशलता, शिक्षा आदि को मानव पूँजी माना जाता है। मानव पूँजी से अभिप्राय देश की जनसंख्या के पास उपलब्ध ज्ञान की मात्रा और उस ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रयोग में लाने की क्षमता से है।

22. (2) माँग का नियम के द्वारा स्पष्ट किया जाता है।
आय और उपभोग में प्रत्यक्ष संबंध है, आय बढ़ने से उपभोग व्यय में वृद्धि होता है साथ ही आय के कम होने से उपभोग व्यय में कमी होता है।

23. (1) क्लासिकी मार्क्सवादी सिद्धांत के अंतर्गत समाजिक जीवन के दो स्तरों को पहचाना जाता है: आधार (base) और अधिरचना (Super Structure) समाज के आर्थिक जीवन या उत्पादन प्रणाली को उसका आधार माना जाता है और नैतिक आर्दश, विचारों, धर्म और राजनीति इत्यादि को अधिरचना की श्रेणी में रखा जाता है। परंपरागत मार्क्सवादी यह स्वीकार करते हैं कि जब आधार में कोई मौलिक परिवर्तन होता है अर्थात् जब उत्पादन प्रणाली बदल जाती है तब 'अधिरचना' में अपने आप तदनुरूप परिवर्तन हो जाते है अर्थात् नैतिक आदर्श, विचार और राजनीति इत्यादि उसी के अनुरूप बदल जाते हैं।

24. (3) एक मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था के सामान्य शर्त के रूप में पूर्ण रोजगार में अर्थशास्त्रियों की धारणा सेय के बाजार सिद्धान्त पर आधारित है। इसी नियम/सिद्धान्त के आधार पर अर्थशास्त्रियों ने यह कहा कि सामान्य से अधिक उत्पादन और इसलिए सामान्य बेरोजगारी असंभव थे। सेय के सिद्धान्त के अनुसार आपूर्ति अपनी मांग खुद पैदा करता है।

25. (2) एक सिद्धान्त वह स्थापित विवरण होती है जो ज्ञात तथ्यों और घटनाओं का अवलोकन करती है। वैसे ही आर्थिक सिद्धान्त परिस्थितियों के अंतर्गत आर्थिक व्यवहार की पद्धति पर टिप्पणी या प्रस्थापना करती है।

26. (3) गुणक की धारणा कीन्स द्वारा प्रतिपादित आय और रोजगार-सिद्धान्त की आधारशिला है। निवेश गुणक का सीधा संबंध सीमांत उपभोग क्षमता से है। सीमांत उपभोग क्षमता जितनी ही अधिक होगी या सीमांत बचत जितनी ही कम होगी, निवेश गुणक उतना ही अधिक होता है। आय और रोजगार सिद्धान्त के संदर्भ में गुणक का सीधा संबंध समग्र आय में विस्तार (या संकुचन) से है जिसका संबंध स्वायत्त विनियोग एवं वृद्धि (या ह्रास) से है।

27. (1) अर्थशास्त्र में अनिवार्य बचत उस स्थिति को निरूपित करता है जब उपभोक्ता अपने प्रयोज्य आय से कम खर्च करते हैं। इस प्रकार की बचत तब होती है जब या तो कोई वस्तु उपलब्ध नहीं होती है या फिर इसके मूल्य उपभोक्ता के व्यय-सीमा के बाहर होते हैं। एक मुक्त अर्थव्यवस्था में, इस स्थिति के कारण सामान्य रूप से, कीमतों और अधिक माल की आमदनी में वृद्धि होती है।

28. (2) उस व्यय को निवेश व्यय कहते है जिसे किसी व्यक्ति, फर्म या सरकार द्वारा इमारत, मशीनरी जैसे नए पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण में वहन किया जाता है। मकान की खरीद को निवेश व्यय में शामिल नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसका उपयोग व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिये किया जाता है।

29. (3) पूंजी के निम्नलिखित कार्य होते हैं: विनिमय का माध्यम, मूल्य का उपाय, आस्थगित भुगतान, मूल्य का संग्रह, मूल्य का स्थानांतरण, राष्ट्रीय आय का वितरण, संतोष की अधिकता, ऋण प्रणाली का आधार, और धन के लिए नकदी के मानक स्वरूप कार्य करना। कीमत स्थिरीकरण मौद्रिक नीति का कार्य होता है।

30. (1) आर्थिक क्रियाकलापों को मुख्यत: चार वर्गों में बाँटा जाता है। प्राथमिक क्षेत्र (प्राइमरी सेक्टर) में मुख्यत: कच्चे माल के निष्कर्षण (extraction) से सम्बन्धित क्रियाकलाप आते हैं, जैसे-खनन (माइनिंग), कृषि आदि।

31. (4) अर्थशास्त्र में, उत्पादन का मुख्य कारक उत्पादन की प्रक्रिया में निवेश करना है। उत्पादन के तीन मुख्य कारक हैं- भूमि, श्रम और पूंजी। भूमि मालिक को भूमि के प्रयोग से होने वाली आय लगान कहलाती है। श्रम के बदले किसी एक या अन्य व्यक्तियों को भुगतान की जाने वाली राशि मजदूरी कहलाती है, या श्रम के बदले किया गया भुगतान मजदूरी में शामिल किया जाता है। लगान का आधुनिक सिद्धान्त, उत्पादन इकाईयों द्वारा किए गए वास्तविक अर्जन और हस्तांतरित अर्जन के अन्तर की चर्चा करता है। अत: हस्तांतरित आय/अर्जन वह न्यूनतम भुगतान राशि है, जिसकी आवश्यकता उत्पादन इकाईयों को उत्पादन करने के लिए होती है। इसे अवसर लागत भी कहा जाता है।

32. (1) समष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत सभी आर्थिक गतिविधियों, राष्ट्रीय आय, विकास, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी से संबंधित तथ्यों का अध्ययन किया जाता है। यह राष्ट्रीय आय और राष्ट्रीय विकास को उच्चतम सीमा तक बढ़ाने के संबंध में बताता है।

33. (4) गुणक की धारणा विकास सर्वप्रथम आर.एफ. काहन ने किया था। केन्ज ने काहन के विचारों को आधार बनाकर निवेश गुणक की धारणा का विकास किया। निवेश गुणक को ही सामान्य अवस्था में गुणक कहा जाता है। यह सिद्धान्त निवेश में परिवर्तन के कारण आय, रोजगार और उत्पादन में होने वाले परिवर्तनों के अनुपातिक संबंध को दर्शाता है। इस प्रकार

$$K = \frac{\Delta y}{\Delta I}$$

जहाँ K = गुणक

Δ y = आय में परिवर्तन

Δ I = निवेश में परिवर्तन।

34. (3) निवेश या परियोजना के संदर्भ में इन्टर्नल रेट ऑफ रिटर्न से तात्पर्य 'वार्षिक प्रभावी संयोजित आवृति दर' (an-nualized effective compounded return rate) या छूट दर (डिस्काउंट रेट) से है जो सभी नकद प्रवाहों (पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों) के शुद्ध वर्तमान मूल्य को निवेश के संबंध में शून्य के समान (equal to Zero) बनाता है। अन्य शब्दों में निवेश की आईआरआर (IRR) वह ब्याज दर है जिस दर पर निवेश का शुद्ध वर्तमान लागत मूल्य (नेगेटिव नकद प्रवाह) निवेश के शुद्ध वर्तमान लाभ मूल्य (पॉजिटिव नकद प्रवाह) के समान होता है।

35. (2) सामान्य नियम के अनुसार, माना जाता है कि बचत शब्द की व्युत्पति उपभोग से हुई है। विकासशील देशों की तुलना में विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों में बचत दर कम होती है क्योंकि आय स्तर समान होने पर वहाँ उपभोग स्तर अधिक होता है। इसके अलावा, जैसा कि हाल ही में अमेरिका में देखा गया है, सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी कार्यक्रमों को बचत दर में कमी का एक प्रमुख कारण माना गया है। पुरानी पीढ़ी की तुलना में यंग और फ्यूचर जनरेशन को देखा जाए तो यह पीढ़ी अधिक उपभोग करती है जिससे राष्ट्रीय उपभोग में वृद्धि और राष्ट्रीय बचत स्तर में कमी आती है। (स्रोत :- अर्थशास्त्र का संक्षिप्त विश्वकोष)।


36. (4) रोजगार, ब्याज और मुद्रा के सामान्य सिद्धांतों का प्रतिपादन अंग्रेज अर्थशास्त्री जॉन मैनार्ड कीन्स ने किया था। इसका प्रकाशन फरवरी 1936 में किया गया था इसमें बड़े पैमाने पर पारिभाषिक शब्दावली और आधुनिक समष्टि अर्थशास्त्र के स्वरूप का वर्णन किया गया है।

37. (4) सामूहिक उपभोग की अवधारणा से तात्पर्य बहुत सी वस्तुओं और सेवाओं से है जो कई शहरों या देशों में सामूहिक स्तर पर एक साथ उत्पादित या उपभोग की जाती है। इसमें विद्यालय, पुस्तकालय, सड़कें, पुल, सार्वजनिक यातायात, स्वास्थ्य देखभाल, कल्याण, आग और पुलिस सुरक्षा इत्यादि शामिल हैं।


38. (1) डेविड रिकार्डो ने अपनी पुस्तक ''द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनोमी एंड टैक्सेशन (1821)'' में कहा है कि ''लगान भूमि के उत्पादन का एक भाग है, जिसका भुगतान मृदा की अनश्वर और मूल शक्तियों का प्रयोग करने के परिणामस्वरूप भूमि मालिक को किया जाता है। हालांकि इसे प्राय: ब्याज और पूंजी के लाभांश के नाम से जाना जाता है और किसान द्वारा अपने भू मालिक जमींदार को वर्ष में एक बार भुगतान की गई राशि के लिए इस शब्द का प्रयोग किया जाता है''।

39. (1) यदि निवेश में हुए आनुपातिक परिवर्तन के समान उत्पाद में वृद्धि होती है तो यह स्थिर प्रतिफल स्केल (CRS) की स्थिति कहलाती है। यदि निवेश में हुए आनुपातिक परिवर्तन की तुलना में उत्पादन में कम वृद्धि होती है तो यह ह्रासमान प्रतिफल स्केल (DRS) की स्थिति है। यदि निवेश में हुए आनुपातिक परिवर्तन की तुलना में उत्पादन में अधिक वृद्धि होती है तो यह वर्धमान प्रतिफल स्केल (IRS) की स्थिति है।


(1) स्थिर प्रतिफल पैमाना



(2) वर्धमान प्रतिफल पैमाना



(3) ह्रासमान प्रतिफल पैमाना



40. (3) मुद्रा स्फीति कारी मूल्यों में वृद्धि देश की आर्थिक प्रगति और देश के नागरिकों के कल्याण के लिए हानिकारक है। प्राय: सभी व्यक्तियों और समूहों पर मुद्रा स्फीति का एक समान प्रभाव नहीं पड़ता, क्योंकि यह प्राप्त आय का यादृच्छिक (random) पुनर्वितरण का सृजन कर सकता है। भुगतान संतुलन से स्थिति अधिक बिगड़ सकती है क्योंकि घरेलू मुद्रा स्फीति के कारण आयात महँगे हो जाते हैं, देश के बाहर भेजी गई वस्तुएँ अपेक्षाकृत सस्ती हो जाती हैं और निर्यात से प्राप्त होने वाली आय कम हो जाती है। वस्तुओं के मूल्य में लगातार वृद्धि के कारण विकास में बाधा उत्पन्न हो सकती है क्योंकि इससे बचत और निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और विकास दर में कमी आती है।

41. (1) उत्पादन के मामले में आंतरिक अर्थव्यवस्थाएँ वे अर्थव्यवस्थाएँ होती हैं जो उत्पादन लागत में कटौती करती हैं और फर्म के उत्पादन के विस्तार या उत्पादन के पैमाने को बढ़ाती है। आंतरिक अर्थव्यवस्थाएँ फर्म के अन्दर खुद के आकार के स्वतंत्र विस्तार एवं पूरे उद्योग के विस्तार के परिणाम के रूप में पैदा होती है।

42. (1) व्यापक आर्थिक सिद्धांत में तरलता वरीयता मुद्रा की माँग को दर्शाता है जिसे मुद्रा तरलता कहा जाता है। यह अवधारणा पहली बार जॉन मेनार्ड कीन्स ने अपनी पुस्तक 'द जेनरल थ्योरी ऑफ एम्प्लॉयमेंट एण्ड मनी (1936) में मुद्रा के लिए आपूर्ति एवं मांग द्वारा ब्याज दर निर्धारण की व्याख्या करना था।

43. (2) अधिशेष बजट वह बजट है जिसमें सरकारी व्यय की तुलना में सरकारी प्राप्तियाँ अधिक होती हैं। ऐसे बजट में कुल माँग (AD) की अधिकता के कारण अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति में वृद्धि होने पर अधिशेष बजट की स्थिति उत्पन्न होती है। अधिशेष बजट कुल माँग स्तर को कम करते हुए स्फीति अन्तराल कम करता है। दो प्रमुख कारणों : (i) सरकार द्वारा राजस्व प्राप्ति में वृद्धि, और (ii) सरकारी व्यय में कमी, के कारण कुल माँग में कमी आती है।

44. (4) सामान्य लाभ या आर्थिक लाभ एक आर्थिक स्थिति है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब फर्म का कुल राजस्व और कुल लागत का अन्तर शून्य के समान होता है। साधारण शब्दों में सामान्य लाभ, लाभ का वह न्यूनतम स्तर है जिसकी कंपनी को बाजार में प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए आवश्यकता होती है। सामान्य अर्थों में सामान्य लाभ शुद्ध लाभ के समान है जिसकी गणना कंपनी के कुल राजस्व में से कुल व्यय को घटाकर की जाती है। इस प्रकार यह दर्शाता है कि कंपनी ने एक निश्चित समय-अवधि में कितना लाभ अर्जित किया (या गँवा दिया) है। सामान्य लाभ की स्थिति के विपरीत, लेखाकरणीय लाभ (अकाउंटिंग प्रॉफिट) की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब सामान्य लागतों की तुलना में राजस्व अधिक होता है और उनका अंतर शून्य के समान नहीं होता।

45. (3) वह गतिविधि जो मुद्रा प्राप्त करने के उद्देश्य से की जाती है, आर्थिक गतिविधि कहलाती है, जबकि वह गतिविधि जो मुद्रा प्राप्त करने के उद्देश्य से नहीं की जाती, गैर-आर्थिक गतिविधि कहलाती है। इस तथ्य को सही ढंग से समझाने के लिए एक अध्यापक का उदाहरण दिया जा सकता है। जब एक अध्यापक विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाता है, तो वह आर्थिक गतिविधि के अंतर्गत आने वाले कार्यों को निष्पादित करता है। लेकिन जब वह घर पर अपने पुत्र को पढ़ाता है तो वह गैर-आर्थिक गतिविधि के अंतर्गत आने वाले कार्यों को निष्पादित करता है।

46. (3) नॉर्वे के अर्थशास्त्री रगनार फ्रिस्क (Ragnar Frisch) ने 1933 में बृहत् अर्थशास्त्र और सूक्ष्म अर्थशास्त्र नामक शब्द की खोज की थी, जिसे व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जाता है। उन्होंने 1969 में जैन टिन्बर्जेन के साथ अर्थशास्त्र विज्ञान का प्रथम नोबेल मेमोरियल प्राइज प्राप्त किया था। वह अर्थमितीय शाखा की स्थापना करने के लिए जाने जाते हैं।

47. (4) बार्टर वस्तु-विनिमय की वह प्रणाली है जिसमें विनिमय के किसी अन्य माध्यम (जैसे धन) का प्रयोग किए बिना वस्तुओं या सेवाओं को प्रत्यक्षत: दूसरी वस्तुओं या सेवाओं से बदला जाता है। विनिमय के माध्यम और मुद्रा के स्थानापन्न के रूप में वस्तु-विनिमय प्रणाली का प्रयोग मुद्रा संकट के समय विशेष रूप से उन परिस्थितियों में किया जाता है जब मुद्रा अस्थायी हो या सामान्यत: व्यापारिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध न हो।

48. (1) सर्जनात्मक विनाश की अवधारणा के अंतर्गत, शुमपीटर ने निवेश के दो प्रकारों के मध्य अंतर स्पष्ट किया है जिसे उन्होंने प्रेरित और स्वायत्त निवेश की संज्ञा दी है। मांग और पूर्ति के मध्य विसंगति के परिणामस्वरूप प्रेरित निवेश की उत्पत्ति होती है और उद्यमों द्वारा निर्मित संसाधन और तकनीक से स्वायत्त

निवेश की उत्पत्ति होती है। उन्होंने ''सेविंग अप'' की अवधारणा भी प्रस्तुत की थी जोकि नवश्रेण्यवाद के वृद्धि मॉडल में दी गई बचत की अवधारणा से बिल्कुल भिन्न थी। सेविंग अप उत्पादन के भाग का निर्माण करता है जोकि निवेश और उपभोग से नियंत्रित होता है (जय फॉरेस्टर्स डिस्रप्टिव मॉडल्स ऑफ इकोनॉमिक्स बिहेवियर प्रतिशत खालिद सईद)।

49. (1) कॉर्क, छाल ऊतक का एक प्राथमिक- उपसमुच्चय है जिसे वाणिज्यिक कार्यों में प्रयोग करने के लिए मुख्यत: क्वेर्कस स्यूबर से उत्पादित किया जाता है। यह भूमध्य-सागरीय क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। कॉर्क सुबेरिन (एक जलान्तक पदार्थ) से निर्मित होता है और अपने अपारगम्यता, उत्प्लावकता प्रत्यास्थता और अग्नि रोधी इत्यादि गुणधर्मों के कारण इसका प्रयोग विभिन्न उत्पादों जैसे शराब अवरोधकों में किया जाता है।

50. (4) एंजिल के नियम के अनुसार, अन्य सभी कारकों के समान रहने पर उपभोक्ता की निस्तारणीय आय में वृद्धि होने पर भोजन पर व्यय की जाने वाली आय के प्रतिशत में कमी आती है। भोजन पर होने वाले वास्तविक व्यय में वृद्धि होने पर भी ऐसा होता है। भोजन की मांग की आय प्रत्यास्थता 1 से कम है। एंजिल का निचला गुणांक जीवनस्तर के उच्च मानदण्ड का सूचक है।

51. (2) कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि आर्थिक वृद्धि को जनसंख्या के विभिन्न वर्गों / खण्डों में वितरित नहीं किया जाता तो यह अर्थहीन है। कुछ अर्थशास्त्री प्रति व्यक्ति आय को आर्थिक वृद्धि का अच्छा संकेतक मानते हैं, क्योंकि यह एक विनिर्दिष्ट वर्ष में, देश में प्रति व्यक्ति द्वारा अर्जित औसत आय मापती है। आर्थिक वृद्धि देश के लोगों के जीवन स्तर और जनसंख्या के मध्य वितरित आय या स्वास्थ्य के स्तर के संकेतक के रूप में कार्य करती है। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पूरी अर्थ- व्यवस्था के आर्थिक क्रियाकलापों को मापने का सबसे व्यापक मापक है।

52. (2) औद्योगिक अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कुछ महत्त्वपूर्ण कारक निम्नलिखित हैं: कच्चे माल की उपलब्धता, श्रम की उपलब्धता, पूँजी की उपलब्धता, विद्युत की उपलब्धता, बाजार और बुनियादी ढाँचे की उपलब्धता। श्रम की अच्छी आपूर्ति परंपरागत कारकों में से एक है जो उद्योग के लिए अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, विद्युत की उपलब्धता भी एक निर्णायक कारक है।


53. (2) अपूर्ण मांग से तात्पर्य उस स्थिति से है जब अर्थव्यवस्था में दिए गए संसाधनों को पूर्णत: नियोजित करने से उत्पादित उत्पादन की कुल पूर्ति की तुलना में वस्तुओं और सेवाओं की कुल माँग कम हो जाती है। इस अपूर्ण माँग से अर्थव्यवस्था में उत्पादन, रोजगार और कीमतों में कमी आ जाती है। माल्थस के अनुसार, अपूर्ण माँग के कारण स्टैगनेशन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसमें पूंजी और श्रम दोनों को लाभदायक रूप में नियोजित करने का अवसर अपेक्षाकृत बहुत कम होता है।

54. (2) प्रगतिशील कर वह कर है जिसमें कर दर में वृद्धि हो जाने पर कर योग्य राशि में वृद्धि हो जाती है। ''प्रगतिशील'' शब्द से तात्पर्य प्रगतिशील कर दर से है जो निम्न से उच्च होती है, इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति की सीमांत कर दर की तुलना में करदाता की औसत कर दर कम होती है।

55. (1) गौण-आपूर्ति अर्थशास्त्र आर्थिक विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कर और वित्तीय नीति पर बल देता है तथा वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहन देता है। यह उन उद्यमियों, निवेशकों और उत्पादकों पर अधिक बल देता है जिन्हें आदि-प्रवर्तक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है तथा जिन पर अर्थव्यवस्था निर्भर करती है। गौण-आपूर्ति अर्थशास्त्र को ''रिगेनॉमिक्स'' या ''ट्रिकल-डाउन'' नीति के रूप में जाना जाता है।

56. (2) प्राय: मन्दी/अपस्फीति के दौरान सरकारी व्यय, ब्याज दर और कर में कटौती के द्वारा अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक अतिव्यय (पंप उपक्रामण) क्रिया-विधि का प्रयोग किया जाता है। वस्तुओं और सेवाओं के लिए अधिक मांग को प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ, निधियों के अन्तर्वेशन द्वारा प्रभावित कार्यकुशल व्यक्तियों की क्रय शक्ति में वृद्धि के द्वारा विकास को प्रोत्साहन देने की प्रक्रिया निष्पादित की जाती है।

57. (3) व्यय अनुमानों को बजट में शामिल किया जाता है और अनुदानों के लिए मांग रूप में इस पर लोक सभा द्वारा मतदान करने की आवश्यकता होती है। इन मांगों को मंत्रालयवार व्यवस्थित किया जाता है और प्रत्येक प्रमुख सेवाओं के लिए एक पृथक् मांग प्रस्तुत की जाती है। प्रत्येक मांग में कुल अनुदान का वक्तव्य शामिल होता है, तत्पश्चात् इसमें मदों में विभाजित विस्तृत अनुमान का वक्तव्य शामिल किया जाता है। मतदान के बाद मांग अनुदान बन जाती है। अनुदानों के लिए मांगों पर मतदान राज्य सभा का नहीं, बल्कि लोक सभा का विशिष्ट अधिकार है।



58. (4) जब किसी का बुरा किए बिना किसी दूसरे का अच्छा करना असम्भव हो तो ऐसी स्थिति पैरेटो इफिशिएंसी कहलाती है। जब किसी का बुरा किए बिना किसी के लिए अच्छा करना सम्भव हो तो ऐसी स्थिति इनफिशिएंट सिचुएशन कहलाती है (माइक्रोइकोनॉमिक्स: एन इन्टयुइट अप्रोच, लेखक-थॉमस नेचीबा, पेज 9)।

59. (4) व्यवसाय चक्र आर्थिक गतिविधि में आने वाले उतार-चढ़ाव से संबंधित है। प्रत्येक अर्थव्यवस्था को एक निश्चित अवधि पर इस स्थिति का सामना करना पड़ता है। इसे मूलत: विस्तारण अवधि या अपसर्पण अवधि के रूप में परिभाषित किया जाता है। विस्तारण के दौरान, अर्थव्यवस्था वास्तविक शब्दों में (अर्थात् मुद्रास्फीति को छोड़कर) वृद्धि करती है, जिसके परिणामस्वरूप संकेतकों जैसे रोजगार, औद्योगिक उत्पादन, बिक्री और व्यक्तिगत आय में वृद्धि होती है। अपसर्पण के दौरान, अर्थव्यवस्था संकुचित हो जाती है और उपर्युक्त संकेतकों में गिरावट देखी जाती है।

60. (1) मौद्रिक पुरस्कार प्राप्त करने हेतु किए गए शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के कार्य श्रम की श्रेणी में आते हैं। इस प्रकार, फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिकों के शारीरिक कार्य तथा डॉक्टरों, वकीलों, मंत्रियों, अधिकारियों और अध्यापकों की सेवाओं को श्रम में शामिल किया जाता है। ऐसा शारीरिक या मानसिक कार्य जो आय प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि सामान्यत: खुशी या सुख-शांति के लिए किया जाता है, उसे श्रम में शामिल नहीं किया जाता।

61. (1) अप्रत्यक्ष कर उन करों को कहा जाता है जिसमें करापात किसी और व्यक्ति पर होता है और कराघात किसी और व्यक्ति पर। अर्थात् ये वैसे कर है जिसका मौद्रिक भार दूसरों पर टाला जा सकता है। इस प्रकार इसमें सरकार और करदाता के बीच कोई संबंध नहीं होता। क्योंकि कर का प्रारंम्भिक बोझ किसी और व्यक्ति पर होता है जबकि कर का अंतिम बोझ कोई और सहन कर रहा होता हैं।

62. (2) काला धन बाजार में रहने से मौद्रिक नीतियाँ कम प्रभावी हो जाती हैं। इससे मुद्रा स्फीति बढ़ता है और आर्थिक सामाजिक विषमता बढ़ती है। काला धन को बैंकों में जमा नहीं किया जाता और उससे आभूषण स्वर्ण, वास्तविक सम्पदा सट्टे प्रदर्शनकारी उपभोग पर प्रयोग किया जाता है। ऐसी क्रियाएं स्फीतिकारी दवाओं को प्रोत्साहित करती है क्योंकि ये मौद्रिक अधिकार के नियंत्रण में नहीं आती।

इसको समाप्ति करने के लिए मनी लौंड्री बिल में संशोधन किया गया है तथा देश के बाहर काली मुद्रा तथा धन को देश के अंदर लाने के लिए सरकार प्रयत्नशील है।

63. (4) वस्तु उसे कहते हैं जो उत्पादन के द्वारा प्राप्त होता है या प्राकृतिक रूप से पाया जाता है तथा जो विनिमय के लिए उपलब्ध है। मुक्त वस्तु वह है जो प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तथा इसकी अवसर लागत नहीं होती है। उदाहरण : वायु। इंटरमीडियरी वैसी वस्तु है जो उत्पादन में सहायता करती है।

64. (4) अर्थशास्त्र में प्रयोजनमूलक राजस्व अब्बा पी. लर्नर द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त है जो प्रभावी मांग सिद्धांत पर आधारित हैं इस सिद्धान्त के अनुसार सरकार को व्यापार चक्र नियंत्रित करने, पूर्ण रोजगार प्राप्त करने, विकास सुनिश्चित करने, और मुद्रास्फीति कम करने जैसे लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु खुद का वित्तपोषन करना चाहिए।

65. (3) सरकार जब देश के बाहर से ऋण लेती है तब इसे बाह्य ऋण कहा जाता है। विदेशों से; विदेशी बैंकों, विदेशी सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सरकार बाह्य ऋण लेती है। आंतरिक ऋण के विपरीत बाह्य ऋण के मामले में ऋणी देश को भौतिक नुकसान होता है।

66. (4) कृषि उत्पादों की प्रक्रिया निम्नलिखित है थ्रेसिंग मशीनों द्वारा अनाज का उत्पादन, मिलों द्वारा आटे का उत्पादन, जन्तुओं की खालों द्वारा मांस तथा चमड़े का उत्पादन, मछली उत्पादन, फलों को सूखाकर सूखे मेवे तथा शराब का उत्पादन, डेयरी उत्पादों द्वारा मक्खन या पनीर का उत्पादन, कृषक उत्पादों द्वारा टोकरियों तथा चटाईयों का उत्पादन इत्यादि। इन सभी वस्तुओं को प्राथमिक वस्तुओं के रूप में स्वयं के उपभोग के लिए रखा जाता है जिसे खपत कहा जाता है।


67. (1) अधोमुखी (क्षीणधारा) प्राक्कल्पना के अनुसार यदि प्रति व्यक्ति आय तीव्र गति से बढ़ती है तो निर्धनता कम होती जाती है। भारत में इस प्राक्कल्पना का विश्लेषण इस तरीके से किया जाता है कि यदि कृषि उत्पादन में वृद्धि हो तो निर्धनता कम होगी चाहे कोई भी बड़ा संस्थागत बदलाव न हो।

68. (4) 'अधिकतम सामाजिक लाभ के सिद्धांत' का प्रतिपादन ब्रिटिश अर्थशास्त्री हग डाल्टन (Hugha Dalton) ने किया था। डाल्टन के अनुसार, ''सार्वजनिक वित्त की सर्वश्रेष्ठ प्रणाली वह प्रणाली है जो अपने संचालन के द्वारा अधिकतम सामाजिक लाभ सुनिश्चित करती है।''

69. (1) बैंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा है कि 'इस संसार में किसी को भी निश्चित नहीं कहा जा सकता, सिवाय मृत्यु और करों के''। जब इस कहावत को अर्थशास्त्र पर लागू किया जाता है तो इसका तात्पर्य यह है कि सरकार अधिक से अधिक राजस्व कर प्रणाली से प्राप्त करती है। कहावत में मृत्यु की अनिवार्यता से तात्पर्य यह है कि करों के बोझ से बचना अत्यंत कठिन है अर्थात् मृत्यु निश्चित है।

70. (3) मितव्ययिता का विरोधाभास (या बचत का विरोधाभास) अर्थव्यवस्था का विरोधाभास है। यह विरोधाभास बताता है कि स्वायत्त बचत में वृद्धि के परिणामस्वरूप सम्पूर्ण मांग में कमी आती है और इस प्रकार सकल उत्पादन में कमी के कारण कुल बचत कम हो जाएगी। सीमित शब्दों में कहा जाए तो विरोधाभास यह है कि व्यक्तियों के द्वारा अपनी बचत में वृद्धि का प्रयास करने के कारण कुल बचत में कमी आ सकती है, और मोटे तौर पर कहा जाए तो विरोधाभास यह है कि बचत में वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक हो सकती है।

71. (4) बढ़े हुए बजट घाटे के वित्तपोषण के लिए सरकारी उधार में वृद्धि से वास्तविक ब्याज दरों पर दबाव बढ़ेगा जिससे निजी निवेश और सकल माँग में कमी आएगी। एक खुली अर्थव्यवस्था में, उच्च ब्याज दरों से विदेशों से पूँजी का प्रवाह बढ़ेगा, जिससे मुद्रा की कीमत बढ़ेगी और शुद्ध निर्यात में कमी आ सकती है। इस प्रकार, उच्च ब्याज दरों से निजी निवेश और निर्यात में कमी आएगी और बजट घाटे पर प्रभाव पड़ेगा।



72. (4) आय का पुनर्वितरण और धन का पुनर्वितरण कुछ व्यक्तियों द्वारा कर, दान, कल्याण, लोक सेवा, भूमि सुधार इत्यादि के माध्यम से क्रमशः आय और धन का हस्तांतरण है। करों और सब्सिडी का पुनर्वितरण धन का पुनर्वितरण है। वे राष्ट्र की संपत्ति का निर्माण नहीं करते, वास्तव में वस्तु और सेवाओं के निर्माण से पूंजी संचयन होता है।

73. (4) मुद्रास्फीति से तात्पर्य अर्थव्यवस्था में एक निर्दिष्ट समय से अधिक अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य कीमत स्तर में होने वाली धारणीय वृद्धि से है। कीमत स्तर में वृद्धि के कारण विश्व बाजार में निर्यात कम प्रतियोगी हो जाता है अन्ततः इससे निर्यात की मांग में कमी आ सकती है, लाभ कम हो सकता है, रोजगार के अवसरों में कमी आ सकती है, और देश के व्यापार संतुलन की स्थिति भी खराब हो सकती है। निर्यात में कमी आने से राष्ट्रीय आय और रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, दीर्घकाल में ऐसी स्थिति बनी रहने पर मुद्रा का अवमूल्यन हो जाता है जो निर्यातों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखता है।

62. (4) ● भारत के सबसे पिछड़े जिलों 150 में 14 नवम्बर, 2004 को सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य कार्यक्रम शुरू किया गया था।

● कार्यक्रम का उद्देश्य सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (SGRY) के तहत देश के 150 सबसे पिछड़े जिलों में उपलब्ध संसाधनों के अलावा अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराना था ताकि पूरक मजदूरी रोजगार सृजन और आवश्यकता आधारित आर्थिक सृजन के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराया जा सके। इन जिलों में सामाजिक और सामुदायिक संपत्ति को और तेज किया गया।

63. (1) अटल पेंशन योजना (एपीवाई) असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले गरीबों की वृद्धावस्था आय और श्रमिकों में दीर्घायु जोखिम को संबोधित करती है।

● सरकार ने 1 जून, 2015 से योजना शुरू की है।

● ग्राहकों के लिए यह योजना 1000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की है यदि वे 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच में इस योजना में शामिल होते हैं और निश्चित राशि का योगदान देते हैं।

● अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में योगदान राष्ट्रीय पेंशन (एनपीएस) प्रणाली के समान कर लाभ के लिए पात्र है।

64. (1) आरटीजीएस प्रणाली मुख्य रूप से बड़े मूल्य के लेनदेन के लिए है।

● 'आरटीजीएस' का संक्षिप्त नाम रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट है।

● आरटीजीएस के माध्यम से प्रेषित की जाने वाली न्यूनतम राशि 2 लाख रुपये है।

● इसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये प्रतिदिन है।

65. (1) नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) एक साल की अवधि वाली जीवन बीमा पॉलिसी है।

● यह योजना 330 रुपये के वार्षिक प्रीमियम के साथ 2 लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।

● प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष की आयु के लोगों के लिए उपलब्ध है।

66. (2) प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (पीएमवीवीवाई) सरकार द्वारा 4 मई, 2017 को वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त निवेश के रास्ते प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। यह भारत सरकार की एक अनुदानित पेंशन योजना है। जीवन बीमा निगम (LIC) योजना का एकमात्र संचालक है।

67. (2) सरकार ने सूक्ष्म इकाइयों से संबंधित विकास और पुनर्वित्त गतिविधियों के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी बैंक (या MUDRA बैंक) की स्थापना की है। पीएमएमवाई के तहत, तीन श्रेणियों को नामित किया गया है जिसमें शामिल हैं:

● **शिशु:** - 50,000 रुपये- तक का ऋण

● **किशोर:**- 50,000 रुपये- से लेकर 5 लाख तक का ऋण

● **तरुण:**- 5 लाख रुपये से अधिक का ऋण और 10 लाख रुपये से कम

68. (4) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) 25 अगस्त, 2005 को लागू किया गया था। इसे शुरू में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) कहा जाता था और इसे 2 अक्टूबर, 2009 को गाँधी की जयंती पर उपसर्ग 'महात्मा गाँधी' के साथ यह नाम दिया गया था।

69. (3) बॉम्बे प्लान जिसे आमतौर पर 'ए ब्रीफ मेमोरेंडम आउटलाइनिंग प्लान ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट ऑफ इंडिया' का नाम दिया गया है, 1945 में पुरुषोत्तमन ठाकुरदास के संपादन में प्रकाशित किया गया था। इसमें भारत की स्वतंत्रता के बाद की अर्थव्यवस्था के विकास के प्रस्तावों का एक समूह शामिल था। यह योजना आठ भारतीय उद्योगपतियों द्वारा प्रकाशित की गई थी।

70. (4) निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के माध्यम से वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ऋण उपलब्धता बढ़ाने और ऋण देने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक नई निर्यात क्रेडिट बीमा योजना (ईसीआईएस) शुरू की है जिसे निर्विक (NIRVIK)। इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 14 सितम्बर, 2019 को नई दिल्ली में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की थी।

71. (4) अटल पेंशन योजना (APY) में शामिल होने की आयु सीमा 18-40 वर्ष है। इसका मतलब है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लेकिन 40 वर्ष से कम आयु वाले इस पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं। अटल पेंशन योजना एक पेंशन योजना है जिसे मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए बनाया गया है।

72. (3) स्टैंड-अप इंडिया स्कीम में ग्रीनफील्ड एंटरप्राइज स्थापित करने के लिए प्रति बैंक शाखा में कम से कम एक अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) उधारकर्ता और कम से कम एक महिला उधारकर्ता के लिए 10 लाख रुपये और 1 करोड़ रुपये के बीच बैंक ऋण की सुविधा है। इसका उद्देश्य महिलाओं और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

73. (2) प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY) भारत सरकार द्वारा घोषित सेवानिवृत्ति सह पेंशन योजना है। यह योजना सरकार द्वारा अनुदानित है और मई 2017 में लॉन्च की गई थी। यह योजना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा संचालित और प्रबंधित की जाती है।

74. (2) सरकार ने 5 नवम्बर, 2018 को टमाटर, प्याज और आलू के उत्पादन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये के "ऑपरेशन ग्रीन्स" कार्यक्रम के लिए दिशानिर्देशों को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य रसोईघर में सर्वाधिक वस्तुओं-प्याज, टमाटर और आलू की आपूर्ति एवं भावों को स्थिर बनाये रखने के सिद्धांतों पर काम करेगी। टमाटर, प्याज और आलू (TOP) फसलों की आपूर्ति और कीमतों को स्थिर करने के लिए केंद्रीय बजट 2018-19 में इस कार्यक्रम की घोषणा की गई थी।

75. (4) आयुष्मान भारत योजना 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य आवरण प्रदान करती है। यह योजना माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पतालों के लिए प्रति वर्ष 5 लाख प्रति परिवार 10.74 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवार जो भारतीय आबादी का 40% हिस्सा बनाते को मिलेगा। इस योजना को अब प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) के रूप में जाना जाता है। इसे 23 सितम्बर, 2018 को रांची में शुरू किया गया था।

76. (1) प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर, 2020 को जम्मू और कश्मीर के निवासियों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सेहत (AB-PMJAY) SEHAT) शुरू की।

- यह योजना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करेगी, और सभी व्यक्तियों और समुदायों को वित्तीय जोखिम सुरक्षा प्रदान करने और गुणवत्ता और सस्ती आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

77. (1) प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से औपचारिक रूप से प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया।

- इस योजना के तहत 6000/- रुपये (प्रति वर्ष) की राशि 2000/- रुपये की तीन किस्तों में सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाती है।

78. (3) खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य सभी लोगों को हर समय भोजन की उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य से होता है।

- सभी लोगो के लिए सदैव भोजन की उपलब्धता, पहुँच और उसे प्राप्त करने का सामर्थ्य होना को ही खाद्य सुरक्षा कहते है जहाँ उपलब्धता से तात्पर्य देश में खाद्यान्न उत्पादन , खाद्य आयात और सरकारी अनाज भंडारों में संचित पुराने वर्षो के भंडारण से है।

→ पहुँच से तात्पर्य खाद्य प्रत्येक व्यक्ति के पास पहुँचने से है।

→ सामर्थ्य से तात्पर्य लोगो के पास पर्याप्त और पौष्टिक भोजन खरीने के लिए उपलब्ध धन से है।

79. (3) सरकार ने 29 दिसम्बर, 2016 को 'स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र' की शुरुआत की, जो बेहतर स्वच्छता, बेहतर जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने के लिए एक पहल है।

- यह योजना स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से 'सुशासन दिवस' को चिह्नित करने के लिए शुरू की गई थी, जो 25 दिसम्बर, को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर मनाया जाता है।

TYPE–IV

1. (2) भारत में आयकर, निगमकर, सीमा शुल्क, समाचार पत्रों के विक्रय तथा विज्ञापन पर कर, अन्तर्राज्यीय व्यापार तथा वाणिज्य पर कर, स्टॉक एक्सचेंज एवं भावी बाजारों के व्यवहार पर स्टैम्प ड्यूटी, कृषि भूमि को छोड़कर सम्पत्तियों पर आस्तिकर एवं उत्तराधिकार कर आदि केन्द्र सरकार के कर है। मालगुजारी, कृषि आय पर कर, भूमि तथा इमारतों पर कर, कृषि भूमि के उत्तराधिकार पर कर, कृषि भूमि के संबंध में आस्तिकर, सड़कों पर प्रयुक्त वाहनों पर कर, मार्गकर, व्यापार व्यवसाय तथा रोजगार पर कर, कैपिटेशन कर, जानवरों तथा नावों पर कर आदि राज्य सरकार के कर है।

2. (2) उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क तथा आय कर

3. (4) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का विनियमन को

भारत की राजकोषीय नीति में पूर्ण राजगार, कीमत स्थिरता, संपत्ति ओर आय का न्यायोचित वितरण जैसे उद्देश्य शामिल है।

4. (*) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) ने 29 जनवरी, 2010 को 2004-05 आधार वर्ष के साथ राष्ट्रीय अकाउंट के आँकड़े की नई श्रृंखला की शुरुआत की। इसके पूर्व श्रृंखला का आधार वर्ष 1999-2000 था। विभिन्न समुच्चय के आकलन में कार्यरत डेटाबेस और कार्य प्रणाली दोनों की व्यापक समीक्षा के बाद इस नई श्रृंखला की शुरुआत की गई।

मार्च 2017 को आर्थिक गणनाओं के लिए वर्ष 2011-12 के मूल्यों को आधार-वर्ष कर दिया गया है।

5. (1) अर्थशास्त्रियों के अनुसार आमतौर पर लंबे समय में, मुद्रास्फीति पैसे की आपूर्ति में वृद्धि के कारण होता है। 'डिमांड पुल इंफलेशन' के सिद्धान्त के अनुसार, अगर मांग आपूर्ति से अधिक तेजी से बढ़ता है, कीमतों में वृद्धि होती है और मुद्रास्फीति जनित होता है।

6. (3) तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, ने वर्ष 1994-95 के अपने बजट भाषण में सर्विस टैक्स की नई अवधारणा शुरू की। इसे वित्त अधिनियम 2003 के अध्याय VA द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया था।

7. (1) भारतीय संविधान के प्रावधानों के अनुरूप करों एवं शुल्कों को लगाने का अधिकार सरकार के तीनों स्तरों को प्रदान किया गया हैं। केंद्र सरकार जिन करों एवं ड्यूटीज को लगा सकती है, वे हैं- आयकर (कृषि आय कर के अतिरिक्त जिसे राज्य सरकार ही लगा सकती है), सीमा-शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और बिक्रीकर और सेवाकर। व्यवसाय पर कर की वसूली राज्यों द्वारा की जाती है।

8. (3) प्रत्यक्ष कर वह कर है जिसे आगे किसी दूसरे पर आरोपित नहीं किया जा सकता है, प्रत्यक्ष कर का भार उसी व्यक्ति को सहना होता है जिस पर वह प्रारंभ में लगाया जाता है। उदाहरण- निजी आयकर, कर्मचारियों द्वारा दिया गया सामाजिक सुरक्षा कर, मृत्यु कर आदि।

9. (2) सीमा शुल्क आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला कर है।

10. (2) मंदी व्यापार चक्र की एक अवस्था है जिसमें आर्थिक क्रियाएँ शिथिल हो जाती हैं और साधनों का अल्प प्रयोग होता है तथा लोग स्थायी रूप से बेरोजगार हो जाते हैं। कीमतें, लाभ, उपभोग तथा पूँजी निवेश की दर सभी कम स्तर पर होते हैं।

महा मंदी की शुरुआत 4 सितम्बर, 1929 को अमेरिका में हुई तथा 29 अक्टूबर, 1929 को विश्वभर के शेयर बाजार ध्वस्त हो गए।

11. (2) भारत में ऋण का ब्याज भुगतान वर्तमान सरकारी व्यय के संदर्भ में सबसे बड़ा एकल मद है। कुछ गैर विकासीय खर्चों में यह 40 प्रतिशत से भी अधिक है। इस तरह के व्यय भारत के समेकित कोष (consolidated fund) से पूरा किए जाते हैं जिसके लिए लोकसभा से अनुमति लेना आवश्यक नहीं होता।

12. (1) सरकार द्वारा मुद्रा स्फीति को कम करने के लिए उठाए जाने वाले महत्त्वपूर्ण वित्तीय उपायों में निजी उपभोग व्यय में कमी करना भी शामिल है। सरकार व्यक्तिगत, निकाय और खाद्यान्न वस्तुओं की कर दरों में वृद्धि तथा नए

कर लगाकर मुद्रा स्फीति नियंत्रित करने का प्रयास करती है। सरकार अविकसित गतिविधियों में अनावश्यक व्यय में कमी द्वारा भी मुद्रा स्फीति नियंत्रित करने का प्रयास करती है।

13. (2) 1970 में डाइरेक्ट टैक्सेशन इनक्वेरी कमेटी (के॰ एन॰ वॉचू) बनी जिसने 1972 में रिपोर्ट दी। कमेटी ने कर प्रशासन को अधिक चुस्त तथा प्रभावपूर्ण बनाने के लिए अनेक सुझाव दिए। कमेटी ने लाइसेसिंग प्रणाली तथा परमिट की पद्धति को काले धन के सृजन का कारण बताया। इसने प्रत्यक्ष कर की सीमान्त दर में कटौती करने का सुझाव दिया।

14. (4) मुद्रास्फीति दर के अपेक्षाकृत अधिक होने से भारत में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी और तुलनात्मक रूप से अमेरिकी वस्तुएँ अपेक्षाकृत सस्ती और भारतीय वस्तुएँ महँगी हो जाएंगी। इसके परिणामस्वरूप भारत में अमेरिकी वस्तुओं के आयात में वृद्धि होगी और भारत द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में कमी आएगी। इसी प्रकार रुपये की तुलना में डॉलर की विदेशी विनिमय दर में वृद्धि होगी और डॉलर की तुलना में रुपये की विदेशी विनिमय दर में कमी आएगी। इस प्रकार, भारत में मुद्रा स्फीति की दर अधिक रहने के परिणामस्वरूप अमेरिकी डॉलर के मूल्य में वृद्धि होगी और भारतीय रुपये का अवमूल्यन होगा।

15. (4) ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा दिसम्बर 2015 में जारी आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार को अपनी कुल प्राप्तियों में लगभग 70% धन राशि कर राजस्व से प्राप्त हुई है- यह राशि बड़े राज्यों में सबसे अधिक है- इसके बाद गुजरात और तमिलनाडु का स्थान आता है। यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की दृष्टि से भारत में , ₹16.87 लाख करोड़ की राशि वाली सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत के आय कर संग्रहों में भी महाराष्ट्र का योगदान लगभग 40 प्रतिशत है।

16. (1) भारत में राज्य सरकार द्वारा शराब सहित कुछ अन्य वस्तुओं के उत्पादन पर उत्पाद शुल्क लगाया जाता है। अल्कोहल, मादक और स्वापक पदार्थों के उत्पादन और निर्माण पर राज्य सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क वसूल किया जाता है और इसे ''राज्य उत्पाद शुल्क'' कहा जाता है। अधिकांश राज्यों के लिए उत्पाद शुल्क बिक्री कर (स्टेट वैट) के बाद कर राजस्व का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है।

17. (2) जीएसटी निर्माता से उपभोक्ता तक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लगने वाला एकल कर है। किरोसीन, नैफ्था और एलपीजी इत्यादि उत्पादों को जीएसटी की परिधि में रखा जाएगा, जबकि पाँच मदों- अपरिष्कृत तेल, प्राकृतिक गैस, विमानन ईंधन, डीजल और पेट्रोल-को आरंभिक वर्षों के दौरान जीएसटी से अलग रखा जाएगा।

1 जुलाई, 2017 से जीएसटी लागू हो गया है, इसमें पेट्रोलियम उत्पादों, महा-उत्पादों एवं रियल्टी क्षेत्र को शामिल नहीं किया गया है।

18. (1) कर और गैर-कर दोनों स्रोतों से प्राप्त सरकार की अनुमानित प्राप्तियों की तुलना में पूंजी और चालू खाते दोनों स्तर पर सरकारी व्यय की कुल अधिकता को वित्तीय घाटे के रूप में परिभाषित किया जाता है। वित्तीय घाटा बजटीय घाटे का एक प्रकार है जिसमें सरकारी व्यय एक वित्त वर्ष के दौरान इसकी आय से अधिक होता है।

19. (1) चुंगी (Octori) एक स्थानीय कर है जिसे राज्य सरकार द्वारा उन वस्तुओं पर लगाया जाता है जिसे निजी उपयोग और बिक्री के उद्देश्य से शहर/राज्य से खरीदा जाता है। सामान्यत: यह कर वस्तु के भार, कीमत और वस्तुओं की कुल संख्या के आधार पर लगाया जाता है। यह कर निश्चित वस्तुओं, जैसे खाद्य पदार्थों, के शहर में प्रवेश पर लगाया जाता है।

1 जुलाई, 2017 से 'वस्तु एवं सेवा कर-कानून लागू होने के कारण अब इस कानून का अस्तित्व समाप्त हो गया है। वर्त्तमान में इस कर के स्थान पर 'ई-वे बिल' का प्रयोग किया जाता है।

20. (2) औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या सीपीआई (आईडब्ल्यू) को श्रम ब्यूरो द्वारा इसके शुरुआत अक्टूबर 1946 से ही संकलित, सम्पोषित और प्रचारित किया जाता है। इन सूचकांक संख्याओं का प्रयोग अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्रों में श्रमिकों को देय परिवर्तनीय महँगाई भत्ते और मजदूरी के निर्धारण और संशोधन के लिए किया जाता है। इन सूचकांक संख्याओं को श्रम ब्यूरो द्वारा मासिक आधार पर संकलित किया जाता है।

21. (2) औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या सीपीआई (आईडब्ल्यू) का प्रयोग अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्रों में श्रमिकों को देय परिवर्तनीय महँगाई भत्ते और मजदूरी के निर्धारण एवं संशोधन के लिए किया जाता है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए सुरक्षा सीमित होने के बावजूद, वर्तमान में, सीपीआई (आईडब्ल्यू) का प्रयोग नीति प्रतिपादन के लिए और देश में स्फीति प्रवृत्ति मापने के लिए एक सूचक के रूप में भी किया जाता है।

22. (4) प्रत्यक्ष कर एक प्रकार का कर है जिसमें कराधान का प्रभाव और परिणाम एक ही व्यक्ति पर पड़ता है। सामान्य शब्दों में, यह लेन-देन (ट्रांजेक्शन) पर लगाए गए कर से अलग आय पर लगाया गया एक कर है। आय या संपत्ति पर लगाए जाने वाले बहुत से कर हैं। आयकर, निगम कर, संपत्ति कर, उत्तराधिकार कर और उपहार कर प्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं।

23. (1) पॉलिसी में असम्मति की कटौती माँगी गई धनराशि को 1 रुपया करने का प्रयास करती है तथा अध:शायी (underlying) माँग के अंतर्गत असम्मति पॉलिसी का प्रतिनिधित्व करती है। ऐसे प्रस्ताव का नोटिस देने वाले सदस्य को पॉलिसी की विशिष्ट और स्पष्ट शर्तों को निर्दिष्ट करना चाहिए, जिनके विषय में वह चर्चा करना चाहता है। यह चर्चा नोटिस में वर्णित विशिष्ट बिन्दुओं तक सीमित होनी चाहिए और सदस्यों के लिए वैकल्पिक पॉलिसी की वकालत करने का मार्ग खुला होना चाहिए।

24. (3) केन्द्र सरकार द्वारा लगाए जाने वाले, संग्रहीत किए जाने वाले और अधिकार में रखे जाने वाले कर निम्नलिखित हैं:

- निगम कर
- सीमा शुल्क
- आयकर अधिशुल्क
- व्यक्ति और कंपनियों की परिसंपत्तियों के पूंजीगत मूल्य पर कर
- संघ सूची के विषयों पर शुल्क।

ये कर केवल केन्द्र सरकार से संबंधित हैं। अन्य शब्दों में, इन करों से प्राप्त लाभ का कोई भाग राज्यों को आबंटित नहीं किया जा सकता।

25. (2) प्रगतिशील या प्रगामी कर वह कर है जिसमें कर योग्य आय में वृद्धि होने पर कर की दर में भी वृद्धि हो जाती है। प्रगतिशील कर मुख्यत: कर का भुगतान करने में पूर्ण रूप से सक्षम न होने की स्थिति में लोगों के कर भार में कमी करने के प्रयास में लगाया जाता है, कर-भार में वृद्धि करते हुए ऐसे करों को भुगतान करने में अधिक समर्थ व्यक्तियों को स्थानान्तरित कर दिया जाता है। यह भुगतान करने में असमर्थ व्यक्तियों के करों के बोझ को कम करता है और इस प्रकार, इसे आर्थिक असमानता कम करने में प्रभावी भूमिका निभाने वाले कर के रूप में जाना जाता है।

26. (2) भू-शुल्क या सम्पत्ति शुल्क किसी व्यक्ति की मृत्यु होने तक उसके पास उपलब्ध उसकी परिसम्पत्तियों की कुल बाजार कीमत पर लगाया जाने वाला शुल्क है। मृत व्यक्ति की सम्पूर्ण परिसम्पत्ति 'सम्पत्ति' कहलाती है। उत्तराधिकार शुल्क वह शुल्क है जिसे वैध उत्तराधिकारी द्वारा उत्तराधिकार में प्राप्त परिसम्पत्तियों पर लगाया जाता है, जबकि सम्पत्ति शुल्क मृत व्यक्ति की परिसम्पत्तियों पर लागू होता है।

27. (2) व्यक्तिगत आय और सम्पत्ति के संदर्भ में, प्रतिगामी कर धनी व्यक्ति की तुलना में गरीब व्यक्ति पर अत्यधिक बोझ डालता है। कर दर (टैक्स रेट) और करदाता के भुगतान करने की क्षमता के मध्य विपरीत संबंध है जिसे परिसंपत्तियों, उपभोग या आय द्वारा मापा जाता है। ऐसे कर (टैक्स) धनी व्यक्तियों का बोझ कम करते हैं और विषमता उत्पन्न करते हुए गरीबों पर बोझ डालते हैं।

28. (2) प्रचलित मुद्रास्फीति को मांग और पूर्ति दोनों पक्षों द्वारा संबोधित किया जाता है। मांग प्रबंधन को कई मापदंडों जैसे सार्वजनिक व्यय के स्थगन एवं करों या बचत योजनाओं इत्यादि द्वारा अधिक तरलता को नियंत्रित करते हुए प्राप्त किया जाता है। आपूर्ति पक्ष के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) समाज के कमजोर वर्गों के लिए खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। यह प्रणाली कीमत स्तरों को सम्पोषित करने में सहायता करती है। खुला बाजार प्रणाली इसी से संबंधित है जिसमें चावल और गेहूँ की बिक्री की जाती है। कीमत में वृद्धि होने पर एफसीआई अपने बफर स्टॉक की सहायता से कीमत को नियंत्रित करने का प्रयास करता है।

29. (1) 'भुगतान करने की योग्यता' एडम स्मिथ द्वारा अपनी प्रसिद्ध कृति 'वेल्थ ऑफ नेशंस' में प्रस्तावित मुख्य कराधान सिद्धांतों में से एक है। यह एक प्रगतिशील कराधान सिद्धांत है जो उन करों को सम्पोषित करता है जिसे करदाता के भुगतान करने की योग्यता के अनुसार लगाया गया है। यह सिद्धांत करों के न्यायसंगत वितरण से संबंधित है जिसे किसी व्यक्ति या समूह द्वारा भुगतान करने की योग्यता/सामर्थ्यता के अनुसार लगाया जाता है। इस सिद्धांत में आय के पुनर्वितरण पर अधिक जोर दिया गया है।

30. (2) उत्पाद शुल्क वस्तुओं के उत्पादन या विनिर्माण पर लगाया जाने वाला एक शुल्क है। अल्कोहल, मादक उपक्रमों और स्वापक पदार्थों पर लगने वाला उत्पाद शुल्क राज्य सरकार द्वारा वसूल किया जाता है तथा इसे ''राज्य उत्पाद'' शुल्क कहा जाता है। शेष वस्तुओं पर लगने वाला उत्पाद शुल्क ''केन्द्रीय उत्पाद'' शुल्क कहलाता है।

31. (2) सार्वजनिक व्यय, करारोपण, सार्वजनिक ऋण तथा हीनार्थ प्रबंधन (नए नोटों का निर्गमन घाटे को पूरा करने के लिए) से सम्बन्धित नीति को ही राजकोषीय नीति कहते हैं। इसका प्रयोग सरकार अर्थव्यवस्था मे रोजगार, राष्ट्रीय उत्पादन (आय) आन्तरिक तथा बाह्य आर्थिक स्थिरता, आर्थिक समता आदि आर्थिक नीतियों के प्रमुख उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए करती है।

32. (1) राजकोषीय नीति

33. (4) सामान्यतया मुद्रा स्फीति उस स्थिति को कहते है, जबकि पूर्ति में वृद्धि न हो पाने के कारण मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि के फलस्वरूप अर्थव्यवस्था में माँग आधिक्य के कारण मूल्य स्तर में लगातार तेज संचयी तथा स्थायी वृद्धि हो रही है। इस प्रकार मूल्य स्तर में वृद्धि मुद्रा स्फीति की आवश्यक दशा है। मुद्रास्फीति आय तथा धन को धनवान के पक्ष में पुनः विपरित करती है।

34. (2) मुद्रा की पूर्ति बढ़ने को प्रायः 'मुद्रा प्रसार या स्फीति' कहते हैं। सामान्य रूप में मुद्रा स्फीति का अर्थ लोग उस दशा से लगाते है, जब वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से वृद्धि होती है, तथा मुद्रा का मूल्य गिरता है। मुद्रा स्फीति निम्नलिखित परिस्थितियों में उत्पन्न हो सकती है –

(1) मुद्रा की पूर्ति बढ़ना, किन्तु उत्पादन स्थिर रहना।

(2) मुद्रा की पूर्ति स्थिर रहना, किन्तु उत्पादन कम होते जाना।

(3) मुद्रा की पूर्ति बढ़ते जाना, किन्तु उत्पादन गिरते जाना।

(4) मुद्रा की मात्रा कम होते जाना और उत्पादन में भी कमी होते रहना, किन्तु मुद्रा के अपेक्षा उत्पादन तेजी से कम होना।

35. (3) वह जोत जो किसानों को कम-से-कम एक जीविका उपलब्ध कराती है, उसे 'आर्थिक जोत' कहते हैं।

36. (1) भारत में हरित क्रांति के अंतर्गत गेहूँ, चावल, दलहन, तिलहन और गन्ने की उच्च पैदावार वाली किस्मों को विकसित किया गया। हरित क्रांति के उपरांत गेहूँ के उत्पादन में 300 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई जबकि चावल के उत्पादन में 50 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी।

37. (2) भारत चाय का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता है। विश्व के कुल चाय उत्पादन का 28 प्रतिशत भारत में होता है तथा विश्व व्यापार में भारत की भागीदारी 15 प्रतिशत है।

38. (4) लाइसेंसिंग व्यापक रूप से बड़े निगमों से ले कर छोटे व्यापार में प्रयोग किया जाने वाला एक विपणन और ब्रांड विस्तार का उपकरण है।

39. (4) कृषि क्षेत्र में प्रच्छन्न बेरोजगारी की उच्च दर पायी जाती है। कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त कार्यबल प्रच्छन्न बेरोजगार होते हैं।

40. (1) 1950-51 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक था। देश के सकल घरेलू उत्पादन में उस वर्ष से इस योगदान में कमी आई है। वर्ष 2011-12 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 14.1 प्रतिशत था।

41. (3) भारतीय खाद्य निगम

42. (3) राष्ट्रीय विकास परिषद् ने पहली बार 1959 में अनाजों का न्यूनतम समर्थित मूल्य निश्चित करने की आवश्यकता महसूस की। हालांकि 1973-74 के मध्य तक सरकार ने दो प्रकार के प्रशासनिक कीमतों –न्यूनतम समर्थित मूल्य और प्रोक्योरमेंट कीमतों (अनाज प्राप्त करने की कीमत) की घोषणा की। वर्तमान प्रणाली को 1975-76 में प्रस्तुत किया गया, जब सार्वजनिक तौर पर धान, मोटे अनाजों, गेहूँ और चने के न्यूनतम समर्थित मूल्य की घोषणा की गई थी।

43. (4) एम. एस स्वामीनाथन के अनुसार, कृषि को आय (income), जीवन निर्वाह (livelihood) और खाद्य उत्पादकता (food production) के रूप में देखना चाहिए। वे इस तर्क पर जोर देते हैं कि एग्रो प्रोसेसिंग (agro processing) और एग्री बिजनेस (agri-business) या कृषि व्यवसाय का आर्थिक लाभ गरीब परिवारों को मिलना चाहिए, इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमों (enterprises) और निजी क्षेत्रों को भागीदारी (partnership) करनी होगी।

44. (2) भारत में 1966–67 के दौरान एक नयी कृषि रणनीति प्रारम्भ की गई। इस नीति ने खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने के लिए गेहूँ के उच्च किस्म के उत्पादन के लिए अग्रदूत के रूप में कार्य किया, जो भारत में हरित क्रांति का कारण बना।

45. (2) सुरक्षित भंडार कहा जाता है।

46. (3) राष्ट्रीय बाढ़ आयोग बाढ़ से सम्बन्धित है।
भारत में बाढ़ को नियंत्रित करने एवं उसका प्रबंध करने की शुरुआत सन् 1954 के प्रलयंकारी बाढ़ के बाद से हुई है। सन् 1954 के नीतिगत वक्तव्य के उपरांत 1957 में उच्च स्तनरीय कमिटी का गठन हुआ, फिर सन् 1980 में 'राष्ट्रीय बाढ़ आयोग' का गठन किया गया था।

47. (2) विकास की प्रक्रिया में कृषि की उपेक्षा से समग्र विकास में गंभीर अवरोध होगा।
कृषि क्षेत्र को 'प्राथमिक क्षेत्र' भी कहते हैं जो द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र के लिए कच्चे माल की उपलब्धता को सुनिश्चित करता है, अन्य दो क्षेत्र की मुख्य कार्य प्राथमिक क्षेत्र के उत्पाद को मूल्यवर्धित करना है, अतः कृषि क्षेत्र की अपेक्षा समग्र विकास में गंभीर अवरोधक का कार्य करती है।

48. (2) नाबार्ड (NABARD) से तात्पर्य राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से है। यह भारत में शीर्ष स्वायत्त प्राप्त विकास बैंक है जिसका मुख्यालय मुम्बई (महाराष्ट्र) में स्थित है। भारत में, ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों और अन्य कृषि कार्य हेतु ऋण प्रदान के लिए 12 जुलाई, 1982 को इसकी स्थापना की गई थी।

49. (2) कृषि के क्षेत्र में, सुनहरी (स्वर्ण) क्रांति फलों/ कुल मिलाकर बागवानी के विकास से संबंधित है। 1991–2003 के मध्य की समयावधि भारत में 'सुनहरी क्रांति' के रूप में जानी जाती है। इस अवधि के दौरान बागवानी के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई।

50. (4) गुजरात सरकार ने गाँवों में सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार करने हेतु 22 मई, 2014 को स्मार्ट विलेज कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गाँवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ और स्वास्थ्यकर बनाना है। इसकी परिकल्पना केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी पहल की रूपरेखा के आधार पर की गई है जिसके अंतर्गत बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए 100 शहरों का चयन किया गया था।

51. (4) मक्का, चावल और गेहूँ विश्व की तीन प्रमुख खाद्य फसलें हैं। वर्ष 2012 के आँकड़ों के अनुसार, 873 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन के साथ मक्का सबसे महत्त्वपूर्ण फसल है। इसके बाद, 738 और 671 मिलियन मीट्रिक टन के साथ चावल और गेहूँ क्रमश: दूसरी और तीसरी महत्त्वपूर्ण फसल है।

52. (3) कपड़ा उद्योग देश में कृषि के बाद रोजगार प्रदान करने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। यह साढ़े तीन करोड़ से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। इनमें बड़ी संख्या अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं की है।

53. (2) इस्पात उद्योग सर्वोत्तम उदाहरण है।

54. (1) भारत में चीनी उद्योग कच्चे माल पर आश्रित उद्योग है। भारत में कृषि उत्पादों पर आधारित उद्योगों में सूती वस्त्र उद्योग के बाद चीनी उद्योग द्वितीय वृहद उद्योग है। इस उद्योग का केन्द्रीयकरण उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु में काफी अधिक है। चीनी उद्योग के तकनीकी कुशलता के सुधार हेतु कानपुर में 'इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ सुगर टेक्नोलॉजी' की स्थापना की गई है।

55. (2) विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित क्षेत्र आते हैं: मुक्त व्यापार क्षेत्र (एफटीजेड), निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड), मुक्त क्षेत्र (एफज़ेड), औद्योगिक पार्क या औद्योगिक क्षेत्र (आईई), मुक्त बंदरगाह, मुक्त आर्थिक क्षेत्र, और शहरी और उद्यम क्षेत्र। विशेष आर्थिक क्षेत्र सामान्य रूप से निवेशकों को आकर्षित करने के लिये उदार आर्थिक नीतियों और बेहतरीन ढाँचागत सुविधाओं से युक्त एक विशेष रूप से निर्धारित क्षेत्र है।

56. (2) भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना मुख्यत: मुक्त व्यापार एवं विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। एसईजैड नीति का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा का सृजन, विश्व स्तर की अवसंरचना उपलब्ध कराते हुए सुविधाजनक एवं समेकित क्षेत्रों की स्थापना करना और वैश्विक स्तर के व्यापार के लिए उपयुक्त सेवाएँ प्रदान करना है।

57. (4) विशेष आर्थिक क्षेत्र नियम वर्ष 2006 से संबंधित है, हालांकि इस नीति की घोषणा वर्ष 2000 में की गई थी। विशेष आर्थिक क्षेत्र नियम 10 फरवरी, 2006 को प्रभाव में आया। इस संशोधन अधिनियम के अंतर्गत विशेष आर्थिक क्षेत्र के विकास, संचालन और उससे संबंधित प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए व्यवस्था की गई।

58. (4) किसानों को मध्यम (medium) और दीर्घ अवधि (long term) के लिए ऋण (loans) प्राइमरी लैंड डेवलपमेंट बैंक (primary land Development Bank) द्वारा प्रदान किए जाते हैं। ये बैंक सेंट्रल लैंड डेवलमेंट बैंकों (Central Land Development Banks) से फाइनैंस (वित्त) प्राप्त करते हैं जबकि सेंट्रल लैंड डेवलपमेंट बैंक नाबार्ड (NABARD) से फाइनैंस (वित्त) प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार किसानों को लघु-अवधि (Short-Term) के लिए क्रेडिट (credit) प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटीज द्वारा प्रदान किए जाते हैं। इन सोसाइटीज को इसके लिए फाइनैंस (वित्त) सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंकों से प्राप्त होता है, जबकि इन्हें फाइनेंस (वित्त) स्टेट-को ऑपरेटिव बैंकों से प्राप्त होता है।

59. (3) आदित्य बिरला रिटेल लिमिटेड (ABRL), आदित्य बिरला ग्रुप कंपनी की रिटेल (खुदरा) शाखा है। यह सुपरमार्केट और हाइपर मार्केट के रूप में दो स्टोरों का संचालन 'मोर' (More) ब्रांड के नाम से करती है। फ्यूचर ग्रुप, रिलायंस रिटेल और डी-मार्ट के पश्चात् एबीआरएल भारत का चौथा सबसे बड़ा सुपरमार्केट शृंखला है।

60. (1) मारुति ब्रांड के अंतर्गत फ्यूल-इफिशन्ट् यात्री कार बनाने के लिए सुजुकी मोटर कोर्पोरेशन (SMC) ने भारत सरकार के साथ एक संयुक्त परियोजना पर कार्य आरंभ किया जिसके परिणामस्वरूप 1982 में मारुति उद्योग लिमिटेड अस्तित्व में आई। जापानी तकनीक पर आधारित और उच्च तकनीक से निर्मित मारूति कार का निर्माण होने से भारतीय उद्योग जगत में एक क्रांति (पुनर्जागरण) की शुरुआत हुई।

61. (4) ''जस्ट डू इट'' प्रसिद्ध शू (जूता) कम्पनी नाइक का ट्रेडमार्क है। यह नाइक ब्रांड के मुख्य घटकों में से एक है। इस स्लोगन का निर्माण 1988 में हुआ था। अमेरिकी विज्ञापन कार्यकारी अधिकारी डैन बिडेन ने इस टैग्लाइन का निर्माण किया था।

62. (3) कम्प्यूटर के विकास की दिशा में प्रथम प्रयास 19 वीं शताब्दी में चार्ल्स बैवेज द्वारा सूचनाओं के प्रसंस्करण के उद्देश्य से एक यंत्र के निर्माण के रूप में किया गया। वैवेज का यह यंत्र कम्प्यूटर तो नहीं था पर इसने कम्प्यूटर निर्माण की दिशा में नये मार्ग प्रशस्त कर दिए। फलस्वरूप 1940 के दशक में प्रथम पीढ़ी के कम्प्यूटरों का निर्माण किया गया। इस तरह का पहला कम्प्यूटर 1944 में मार्क I का हारवर्ड विश्वविद्यालय में विकास किया गया। प्रथम इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर का विकास 1946 में किया गया, जिसका नामाकरण इलेक्ट्रॉनिक नुमेरिकल इन्टीग्रेट एंड कैलकुलेटर (ENIAC) किया गया। प्रोग्राम को संग्रहीत करने के सिद्धात पर आधारित प्रथम कम्प्यूटर का निर्माण 1949 में इलेक्ट्रॉनिक डिले स्टोरेज ऑटोमेटिक कैलकुलेटर (EDSAC) के नाम से किया गया। कम्प्यूटर विकास के दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 1951 में प्राप्त हुई जब युनिवर्सल ऑटोमेटिक कम्प्यूटर (UNIVAC) नामक पहला व्यावसायिक कम्प्यूटर का निर्माण किया गया।

63. (1) विश्व में प्रथम और सर्वाधिक प्रसिद्ध विशेष आर्थिक जोनों (SEZs) में चीन के 'SHENZHN' का SEZ महत्वपूर्ण है। वर्ष 2000 में चीन के SEZ से प्रेरणा लेकर भारत ने भी 'विशेष आर्थिक जोन' स्थापित करने की घोषणा तत्कालीन वाणिज्य मंत्री मुरासोली मारन द्वारा की गई।

वर्त्तमान में 389 एसईजेड को अधिसूचित किया गया है, जिसमें 170 चालू स्थिति में है जिससे कि दस लाख से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार का सृजन हुआ है।

64. (4) इन्फोसिस टेक्नोलॉजी मार्च 1999 में यूएस नासडाक (US NASDAQ) की सूची में स्थान पाने वाली पहली भारतीय कंपनी थी। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में भारत में इन्फोसिस की स्थापना 2 जुलाई, 1981 को हुई थी। जून 1992 में इन्फोसिस पब्लिक लिमिटेड कंपनी बन गई थी।

65. (2) अपनी उत्पादन लागतों को कम करने और उत्पादन वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा उत्पादकों और आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान के रूप में सब्सिडि (आर्थिक सहायता) प्रदान की जाती है। उदाहरण- किसी उत्पाद के स्थायी लागत पर निश्चित भुगतान किया जाता है- जैसे किसानों को न्यूनतम गारंटी मूल्य प्रदान किया जाता है, सब्सिडि के रूप में आर्थिक सहायता दी जाती है जिससे उत्पादन के दौरान निवेश लागतों को कम करने में सहायता मिलती है। हालांकि उपभोक्ता वर्ग को भी सब्सिडि दी जा सकती है। इससे अन्तिम प्रयोगकर्ता या उपभोक्ता को लाभ होता है।

66. (2) सिडबी (SIDBI) से तात्पर्य भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक से है। यह एक स्वतंत्र वित्तीय संस्थान है जिसका उद्देश्य भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के उद्यमियों (MSME) के विकास और वृद्धि में सहायता प्रदान करना है। संसद अधिनियम द्वारा 2 अप्रैल, 1990 को इसकी स्थापना की गई थी। वर्ष 2016 में SIDBI के अंतर्गत स्टार्ट अप कोष की स्थापना की गयी। ध्यातव्य है कि SIDBI के माध्यम से नये उद्यमियों की सहायता के लिए अनेक योजनाएँ शुरू की गयी हैं।

67. (2) भारतीय उद्योग का आधुनिकीकरण होने और उद्योगों को तकनीकी दृष्टि से उन्नत करने के कारण प्रभावित होने वाले श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए पी.वी.नरसिन्हा राव सरकार ने फरवरी 1992 में नेशनल रिन्यूअल फंड (NRF) की स्थापना की थी। नेशनल रिन्यूअल फंड का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए संगठित और असंगठित क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करने वाली योजनाओं को धनराशि प्रदान करना था।

68. (1) कॉर्पोरेट लोन से तात्पर्य ऐसे लोन से है जिसे किसी सरकारी संगठन या व्यक्ति के बजाय किसी कंपनी को प्रदान किया जाता है। यह लोन कार्यशील

पूँजीगत वित्तीय सुविधाओं और सावधि लोन के अंतर्गत आता है तथा लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से वैध गतिविधियों में संलग्न निगम-निकायों के लिए उपलब्ध रहता है। इन निकायों में पूर्ण स्वामित्व वाली फर्म, साझेदारी फर्म, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी या सरकारी लिमिटेड कंपनी को शामिल किया जाता है।

69. (2) प्राथमिक क्षेत्र को ऋण देना वाणिज्यिक बैंकों का महत्वपूर्ण कार्य है। यह अधिकार रिवर्ज बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा बैंकों को प्रदान किया गया है। इसके अन्तर्गत बैंकों में ऋण के लिए निर्धारित राशि का एक विनिर्दिष्ट भाग कुछ विशिष्ट क्षेत्रों जैसे कृषि एवं इससे जुड़े क्रियाकलाप, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तथा कमजोर तबके को उपलब्ध कराया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था के कुछ कमजोर क्षेत्रों में पर्याप्त संस्थागत धन प्रवाह सुनिश्चित करना है जो कि लाभ की दृष्टि से बैंकों के लिए आकर्षक नहीं हो सकता।

70. (3) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एक भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा मापदण्ड है जिसका उद्देश्य 'काम के अधिकार' की गारंटी देना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा में वृद्धि करने हेतु अकुशल श्रम कार्य करने के इच्छुक प्रत्येक परिवार के वयस्क सदस्यों को एक वित्त वर्ष में न्यूनतम 100 दिन का रोजगार प्रदान करना है।

71. (3) एनटीपीसी लिमिटेड (जिसे पूर्व में भारतीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) है, जो विद्युत का उत्पादन और सम्बद्ध गतिविधियों में संलग्न है। एनटीपीसी का मुख्य कार्य विद्युत उत्पादन करना और भारत में सरकार के स्वामित्व वाली विद्युत वितरण कंपनियों और राज्य के विद्युत बोर्डों को विद्युत की बिक्री करना है।

72. (3) लौह और इस्पात उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े निवेश के लिए जाना जाता है। इस उद्योग ने सरकारी निवेश के साथ-साथ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी प्राप्त किया है। भारतीय इस्पात उद्योग में किए गए कुछ प्रमुख निवेश निम्नलिखित हैं:

- चीन की आधारभूत संरचना कंपनी, टिडफोर हेवी इक्विपमेंट ग्रुप ने दक्षिण कोरिया की इस्पात कंपनी, पोस्को के साथ मिलकर वर्धा में स्थित अपनी इकाई का विस्तार करने हेतु उत्तम गैल्वा मेटालिक्स के साथ लगभग US$ 150 मिलियन के निवेश समझौते पर हस्ताक्षर करके भारतीय बाजार में प्रवेश करने की दिशा में एक कदम बढ़ा दिया है।
- आर्सेलर मित्तल एसए भारत में हाई-इन्ड स्टील प्रोडक्टस, जिसका प्रयोग रक्षा और उपग्रह उद्योगों में किया जा सकता है, के निर्माण के लिए भारत सरकार के स्वामित्व वाले भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (SAIL) के साथ एक संयुक्त परियोजना (JV) की स्थापना करना चाहता है।
- जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने अगले पाँच से सात वर्षों के दौरान कोयले पर आधारित 1,320 मेगावाट (MW) की क्षमता वाले विद्युत संयंत्र, 4.8 मिलियन टन की क्षमता वाले सीमेंट संयंत्र और पेंट फैक्टरी की स्थापना करने हेतु पश्चिम बंगाल के सालबोनी में लगभग 10,000 करोड़ रुपये (US$ 1.49 बिलियन) का निवेश करने की योजना बनाई है।
- राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) ने वित्त वर्ष 2018-19 तक 75 मिलियन टन प्रतिवर्ष (MTPA) और वित्त वर्ष 2021-22 तक 100 मिलियन टन प्रतिवर्ष (MTPA) खनिज क्षमता का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अगले आठ वर्षों में लगभग 40,000 करोड़ रुपये (US$ 5.96 बिलियन) का निवेश करने की योजना बनाई है।

73. (2) कंपनी अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए शेयरों के बजाय डिबेंचर्स (ऋणपत्र) जारी करती है। साधारण लोगों से ऋण (लोन) प्राप्त करने के लिए ऋणपत्र जारी किए जाते हैं। उधार ली गई राशि के बदले ऋणपत्र धारकों को ब्याज प्रदान किया जाता है। इस प्रकार ऋणपत्र धारक क्रेडिटर की भूमिका निभाता है जो साधारणत: कंपनी को लोन देता है।

74. (4) RESIDEX को सर्वप्रथम 2007 में राष्ट्रीय आवासीय बैंक (एनएचबी) द्वारा लॉन्च किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के सभी शहरों की आवासीय कीमतों का सूचकांक उपलब्ध कराना है। यह भारत का पहला आवासीय कीमत सूचकांक है। देश के विभिन्न शहरों में प्रॉपर्टी के विकास की प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाने और कीमत सूचना अंतर को भरने के क्रम में इसे लॉन्च किया गया था।

75. (3) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) से संबंधित है, अर्थात् एक निर्दिष्ट समय-अवधि के दौरान किसी देश या राज्य में उत्पादन के घटकों के द्वारा उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल बाजार मूल्य में से मूल्यह्रास को घटाया जाता है। इसी प्रकार, शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के सदृश है, जिसमें से मूल्यह्रास को घटाया जाता है।

76. (2) जीएनआई से तात्पर्य सकल राष्ट्रीय आय से है। यह देश के निवासियों द्वारा अधियाचित कुल घरेलू और विदेशी उत्पादन है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अलावा विदेशी निवासियों द्वारा अर्जित आय के कारक को शामिल किया जाता है, जबकि गैर-निवासियों (विदेशियों) द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था में अर्जित आय को घटा दिया जाता है।

77. (2) एनएनपी से तात्पर्य शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद से है। यह एक निर्दिष्ट समय अवधि के दौरान देश या अन्य राज्य के उत्पादन के कारकों द्वारा उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल बाजार मूल्य है जिसमें से मूल्यह्रास को घटा दिया जाता है।

78. (1) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) सामान्य कीमत स्फीति (प्राइस इन्फलेशन) का मापक है। इसकी गणना अवास्तविक (nominal) जीडीपी को वास्तविक जीडीपी से विभाजित करके और 100 से गुणा करके की जाती है। अवास्तविक जीडीपी अर्थव्यवस्था में, उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य है, यह स्फीति के लिए असमंजित है (यह वह जीडीपी है जिसे वर्तमान कीमतों पर मापा जाता है)। वास्तविक जीडीपी अवास्तविक जीडीपी है, जो वास्तविक उत्पादन में परिवर्तन प्रदर्शित करती है और स्फीति के लिए समायोजित होती है (यह वह जीडीपी है जिसे स्थिर कीमतों पर मापा जाता है)।

$$\text{जीडीपी डिफ्लेटर} = \frac{\text{अवास्तविक जीडीपी} \times 100}{\text{वास्तविक जीडीपी}}$$

79. (1) कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आर्थिक विकास निरर्थक है यदि इसे सम्पूर्ण आबादी के विभिन्न वर्गों के मध्य वितरित नहीं किया जाता। इसी प्रकार, कुछ व्यक्ति प्रति व्यक्ति आय को आर्थिक विकास का एक अच्छा संकेतक मानते हैं, चूंकि यह निर्दिष्ट वर्ष में एक देश में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अर्जित औसत आय मापता है। यह देश के जीवन स्तर के संकेतक के रूप में कार्य करता है और बताता है कि लोगों के मध्य कितनी सम्पत्ति या आय वितरित की जाती है। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) कुल आर्थिक निष्पादन की विस्तृत माप है।

80. (2) जब किसी उत्पाद को प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्राप्त किया जाता है, तो यह प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि कहलाती है। इसे प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि इसलिए कहते हैं क्योंकि यह अन्य सभी उत्पादों के लिए आधार का निर्माण करता है जिन्हें बाद में बनाया जाता है। गतिविधियाँ जैसे कृषि, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी- पालन, दूध उत्पादन, वन और खनन इस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

81. (2) कपास के रेशों का उपयोग कर कपड़े बुनना आर्थिक गतिविधि के द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसमें कच्ची सामग्रियों का संसाधन, विनिर्माण और उद्योग शामिल है। विनिर्माण क्षेत्र प्राथमिक क्षेत्र से प्राप्त कच्ची सामग्रियों जैसे कपास के रेशे और अंतिम वस्तुओं के उत्पादन जैसे वस्त्र का प्रयोग करने से संबंधित है। इन निर्मित वस्तुओं को तृतीयक क्षेत्र में बेचा जा सकता है।

82. (3) कुल राजस्व प्राप्तियों पर सरकार के कुल राजस्व व्यय के बीच का अंतर राजस्व घाटे के रूप में जाना जाता है। राजस्व घाटा यह दर्शाता है कि सरकार की अपनी कमाई सरकारी विभागों के सामान्य कामकाज और सेवाओं के प्रावधानों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। उधारी राजस्व घाटे का परिणाम है। राजस्व घाटा = कुल राजस्व व्यय - कुल राजस्व प्राप्तियाँ

83. (2) परिवहन तीन क्षेत्रीय सिद्धांत के तृतीयक क्षेत्र या सेवा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस क्षेत्र में अंत उत्पादों के बजाय सेवाओं का उत्पादन होता है और इसमें अन्य व्यवसायों के साथ-साथ अंतिम उपभोक्ताओं के लिए सेवाओं का प्रावधान शामिल होता है।

84. (3) राजकोषीय नीति में फैसले शामिल हैं जिनमें सरकार राजस्व के संग्रहण, कराधान के माध्यम से और उस आय को खर्च करने के बारे में बताती है। राजकोषीय नीति कई घटक नीतियों या नीति के साधनों का मिश्रण है। इसमें कर, सब्सिडी, कल्याण व्यय आदि शामिल है: निवेश या विनिवेश रणनीतियाँ और ऋण या अधिशेष प्रबंधन।

85. (2) अर्थशास्त्री उत्पादन के कारकों को चार श्रेणियों में विभाजित करते हैं: भूमि, श्रम, पूँजी और उद्यमशीलता। उत्पादन का तीसरा कारक पूँजी है पूँजी उत्पाद के उत्पादन के लिए आवश्यक उपकरणों और मशीनों को संदर्भित करता है।

86. (3) खर्चे, नुकसान, आय या लाभ से जुड़े खातों को नामिक (nominal) खाता कहा जाता है। सभी नामिक खातों का अंतिम परिणाम या तो लाभ या हानि है जिसे बाद में पूँजी खाते में स्थानांतरित कर दिया जाता है। व्यक्तिगत खाते व्यक्तियों, फर्मों, कंपनियों आदि से संबंधित हैं।

87. (4) राजकोषीय नीति ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मेयनार्ड कीन्स के सिद्धान्तों पर आधारित है। यह सिद्धान्त बताता है कि राजस्व (करों) में वृद्धि या कमी और व्यय स्तर आर्थिक प्रणाली के द्वारा मुद्रास्फीति, रोजगार और मुद्रा के प्रवाह को प्रभावित करती है। वित्तीय नीति के चार प्रमुख घटक निम्नलिखित हैं: कराधान नीति, व्यय नीति, निवेश एवं विनिवेश नीति, ऋण/अधिशेष प्रबंधन।

88. (2) राष्ट्रीय आय का अर्थ देश में वार्षिक उत्पादित माल और सेवाओं का कुल मूल्य है। इसमें मजदूरी, ब्याज, किराया और मुनाफे के रूप में सभी संसाधनों के लिए भुगतान शामिल है। नॉन-मार्केटेड गुड्स जैसे गृहिणी की सेवा को राष्ट्रीय आय गणना में नहीं गिना जाता है।

89. (3) सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम 2006 में पारित किया गया था। 2018 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'संयंत्र और मशीनरी/उपकरण में निवेश' से 'वार्षिक टर्नओवर' को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के आधार पर संशोधित किया है। वर्तमान में एमएसएमईडी अधिनियम (धारा 7) विनिर्माण इकाइयों के लिए संयंत्र और मशीनरी में निवेश के आधार पर सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में निवेश के लिए वर्गीकृत करता है।

90. (1) प्रति व्यक्ति आय उस आय को कहा जाता है जिसके द्वारा यह पता चलता है कि किसी क्षेत्र में प्रति व्यक्ति की आमदनी कितनी है। इससे किसी शहर, क्षेत्र या देश में रहने वाले लोगों के रहन-सहन का स्तर और जीवन की गुणवत्ता का पता चलता है। देश की आमदनी में कुल आबादी को भाग देकर प्रति व्यक्ति आय निकाली जाती है। इसलिए, अगर जन्म दर अचानक घट जाती है तो प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी।

91. (1) भारत सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के (NFSM) अंतर्गत उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करने हेतु कपास, जूट और गन्नों पर आधारित फसल विकास कार्यक्रम का अनुमोदन कर दिया। एनएफएसएम को भारत सरकार और राज्यों के मध्य भागीदारी के आधार पर कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और सामान्य श्रेणी के राज्यों की भागीदारी 60:40 के अनुपात में होगी, जबकि भारत सरकार और उत्तर पूर्व एवं पहाड़ी राज्यों की भागीदारी 90:10 के अनुपात में होगी।

92. (2) शेयर, बॉन्ड और डिबेंचर (ऋण पत्र) की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय को राष्ट्रीय आय की गणना में शामिल नहीं किया जाता क्योंकि ऐसे लेन-देन वस्तुओं और सेवाओं के वर्तमान प्रवाह में योगदान नहीं देते। ये वित्तीय परिसम्पत्तियाँ केवल कागजी दावे हैं और इसमें केवल स्वामित्व परिवर्तन शामिल होता है। हालांकि, किसी भी वित्तीय परिसम्पत्तियों से संबंधित कमीशन या दलाली को शामिल किया जाता है क्योंकि यह एक उत्पादनकारी सेवा है।

93. (2) वर्तमान में, सार्वजनिक क्षेत्र के 15 उद्यमों को मिनिरत्न कंपनी की द्वितीय श्रेणी में शामिल किया गया है। उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं: भारत पम्प्स एंड कम्प्रेसर्स, ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया, सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट, इत्यादि। मिनीरत्न की द्वितीय श्रेणी में केवल उन्हीं कंपनियों को शामिल किया जाता है जिन्होंने लगातार अंतिम तीन वर्षों से लाभ अर्जित किया है और सकल मूल्य सकारात्मक है (लाभ अधिकतम 300 करोड़ या उनके शुद्ध सकल मूल्य का 50%, जो कम हो)।

94. (4) केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (CSO) सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत समष्टि अर्थशास्त्र के आँकड़े एकत्रित करने और सांख्यिकीय रिकॉर्ड रखने के लिए उत्तरदायी है। इसके कार्यों में उद्योगों के लिए वार्षिक सर्वे का आयोजन करना और विभिन्न सूचकांकों जैसे औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) इत्यादि का संकलन करना शामिल है।

95. (3) 'गरीबी के अनुमान की विधि पर रिपोर्ट' तैयार करने हेतु सुरेश तेंदुलकर समिति का गठन 2009 में किया गया था। रिपोर्ट में गरीबी की गणना करने हेतु नई विधि के विषय में बताया गया था। रिपोर्ट में कैलोरी आधारित मॉडल की अनुशंसा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत और यातायात पर होने वाले मासिक व्यय के आधार पर गरीबी रेखा का निर्धारण करने की सिफारिश की गई थी।

96. (3) वर्तमान में 8 महारत्न हैं: भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम, तेल और प्राकृतिक गैस निगम, स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड।

97. (3) 1991 में, सरकार ने देश के तत्कालीन कर ढांचे की जांच के लिए प्रसिद्ध अर्थशास्त्री राजा जे. चेलैया की अध्यक्षता में टैक्स रिफॉर्म्स कमेटी की स्थापना की थी। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट जनवरी 1993 में सरकार को प्रस्तुत की, समिति ने टैक्स दरों के सरलीकरण की सिफारिश के साथ अन्य सिफारिशें की जिसे सरकार द्वारा मान लिया गया था। राजा जे. चेलैया को भारत में " कर सुधारों का पिता"- ('The Father of Tax Reformss') भी कहा जाता है।

98. (2) 1931 में डॉ. वी. के. आर. वी. राव राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने में वैज्ञानिक प्रक्रिया को अपनाने वाले पहले व्यक्ति थे। भारत सरकार ने 1949 में राष्ट्रीय आय समिति नियुक्त की। समिति की अध्यक्षता प्रो. पी.सी. महालनोबिस ने की थी। महालनोबिस और प्रो. डी.आर. गाडगिल और डॉ. वी.के.आर.वी. राव की सदस्यता वाली समिति की पहली रिपोर्ट 1951 में प्रस्तुत की गई थी। 1955 में केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान तैयार किया गया।

99. (3) कुल राजस्व प्राप्तियों पर सरकार के कुल राजस्व व्यय के बीच का अंतर राजस्व घाटे के रूप में जाना जाता है। राजस्व घाटा यह दर्शाता है कि सरकार की अपनी कमाई सरकारी विभागों के सामान्य कामकाज और सेवाओं के प्रावधानों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। उधारी राजस्व घाटे का परिणाम है। राजस्व घाटा = कुल राजस्व व्यय - कुल राजस्व प्राप्तियाँ

100. (2) सीआरआर का अर्थ है- नकद आरक्षित अनुपात। यह ऐसी धनराशि है जो बैंक अपने रिजर्व बैंक को अपनी शुद्ध माँग और समय देयताओं (एनडीटीएल) के हिस्से के रूप में रखने के लिए बाध्य हैं। सीआरआर का उद्देश्य बैंकों की तरलता और शोधन क्षमता सुनिश्चित करना है।

101. (1) न्यूनतम समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा किया जाने वाला बाजार हस्तक्षेप का एक रूप है जो कृषि उत्पादकों को उनके खेती के फसलों के मूल्य में किसी भी तीव्र गिरावट के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है।
कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर कुछ फसलों के लिए बुवाई के मौसम की शुरुआत में भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा की जाती है।

102. (3) राष्ट्रीय आय से तात्पर्य किसी वित्तीय वर्ष के दौरान किसी देश में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के धन मूल्य से है। इसमें मजदूरी, ब्याज, किराया और मुनाफे के रूप में सभी संसाधनों के लिए किए गए भुगतान शामिल हैं।

103. (1) गैर कर राजस्व (Non-tax revenue) सरकार की उस आय को कहा जाता है जो करों के अलावा अन्य स्रोतों से मिलती हैं। गैर कर राजस्व में वह आय शामिल होती है जो सरकार को ब्याज, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, रेलवे, डाक तार, शिक्षा, सिंचाई एवं वन आदि क्षेत्रों से लाभांश एवं लाभ के रूप में मिलती है। सिंचाई योजनाओं में तेजी से बढ़ते निवेश के बावजूद, वर्षों से सिंचाई से राजस्व में मामूली वृद्धि हुई है।

104. (1) ब्रेंट सूचकांक कच्चे तेल की कीमतों के साथ जुड़ा हुआ है। ब्रेंट क्रूड, स्वीट लाइट क्रूड ऑयल का प्रमुख व्यापारिक वर्गीकरण है जो तेल (ऑयल) की विश्वव्यापी खरीद में एक प्रमुख बेंचमार्क प्राइस के रूप में कार्य करता है। ब्रेंट, अटलांटिक बेसिन क्रूड ऑयल के लिए प्रमुख प्राइस बेंचमार्क है। इसका प्रयोग विश्व के दो-तिहाई अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में क्रूड ऑयल के आपूर्ति के मूल्य के लिए किया जाता है ?

105. (4) कृषि के क्षेत्र में पानी की सबसे अधिक खपत होती है। हालांकि ऊर्जा उत्पादन में उच्च वृद्धि के साथ-साथ तापीय ऊर्जा संयंत्रों को ठंडा करने के लिए पानी की मांग इतनी अधिक बढ़ी है कि यह क्षेत्र भारत में पानी का सर्वाधिक खपत वाला क्षेत्र बन गया है। तापीय ऊर्जा से अभिप्राय उस ऊर्जा से है जिसमें ईंधन के रूप में कोयला, प्राकृतिक गैस और नाभिकीय ऊर्जा शामिल है, भारत के कुल विद्युत उत्पादन में 83 प्रतिशत का योगदान देती है।

106. (2) सरकार द्वारा बाजार मूल्य में हस्तक्षेप, मूल्य तल (price floor) और कीमत की अधिकतम सीमा के रूप में सामने आती है। कृषि मूल्य समर्थन कार्यक्रम, मूल्य तल का एक उदाहरण है। कृषि मूल्य तल के अंतर्गत, एक न्यूनतम अनुमत मूल्य जो सन्तुलन मूल्य से ऊपर निर्धारित किया जाता है, मूल्य तल कहलाता है। मूल्य तल द्वारा सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम के मूल्य को रोकती है।

107. (1) ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत में विकसित होने वाला पहला आधुनिक उद्योग लोहा और इस्पात उद्योग था। भारत में स्टील निर्माण का कार्य 1870 में कुल्टी में पहली धमन भट्टी की स्थापना के साथ शुरू हुआ। बेंगाल आयरन वर्क्स द्वारा स्थापित इस कारखाने में 1874 से उत्पादन शुरू हो गया। टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (टीआईएसीओ) की स्थापना 1907 में दोराबजी टाटा ने की थी। 1939 तक यह ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे बड़े इस्पात संयंत्र के रूप में संचालित था।

108. (1) देश में बागवानी, मत्स्य पालन, और पशु विज्ञान सहित कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन और प्रबंध के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) का समन्वय जिम्मेदार है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् एक स्वायत्तशासी संस्था है, जो 'कृषि अनुसंधान एव शिक्षा विभाग', कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के तहत कार्य करती है। रॉयल कमीशन की कृषि पर रिपोर्ट के अनुसरण में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत और 16 जुलाई, 1929 को स्थापित इस सोसाइटी का नाम पहले 'इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च' था।

109. (2) कृष्ण क्रांति, (Black Revolution) पेट्रोलियम (कच्चे तेल) से संबंधित है। भारत में, यह देश में कच्चे पेट्रोलियम के उत्पादन में वृद्धि करके तेल आयात पर भारत की निर्भरता को नियंत्रित करने के लिए 1970 के दशक में किए गए सरकारी कदमों को संदर्भित करता है।

110. (2) राजकोषीय नीति ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स के सिद्धान्तों पर आधारित है। इसे कीन्सियन अर्थशास्त्र के रूप में भी जाना जाता है। यह सिद्धान्त मूल रूप से कहता है कि सरकार कर स्तर और सार्वजनिक खर्च को बढ़ाकर या घटाकर व्यापक आर्थिक उत्पादकता स्तरों को प्रभावित कर सकती है। राजकोषीय नीति वह साधन है जिसके द्वारा सरकार देश की अर्थव्यवस्था की निगरानी और उसे प्रभावित करने के लिए अपने खर्च के स्तर और कर की दरों को समायोजित करती है।

111. (3) उत्पादन का कारक एक आर्थिक शब्द है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए वस्तुओं या सेवाओं के उत्पादन में उपयोग किए गए इनपुट का वर्णन करता है। इनमें एक वस्तु या सेवा के निर्माण के लिए आवश्यक कोई भी संसाधन शामिल हैं। उत्पादन के कारकों में भूमि, श्रम, पूँजी और उद्यमशीलता शामिल हैं।

112. (3) टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी की स्थापना जमशेदजी टाटा ने की थी और 26 अगस्त, 1907 को जमशेदपुर में दोराबजी टाटा द्वारा इसकी स्थापना की गई थी। इसने 1912 में जमशेदजी के टाटा समूह की एक शाखा के रूप में स्टील का उत्पादन शुरू किया। कंपनी ने अपना नाम TISCO से बदलकर 2005 में टाटा स्टील लिमिटेड कर दिया गया।

113. (2) रंगराजन समिति का गठन चीनी के नियंत्रण से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए किया गया था। इस समिति ने सार्वजनिक वितरण व्यवस्था के अंतर्गत बाजार से कम कीमत पर वसूली जाने वाली लेवी की चीनी की व्यवस्था खत्म करने की सिफारिश की है।

114. (2) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (NBMSME) के लिए राष्ट्रीय बोर्ड 15 मई, 2007 को पहली बार स्थापित / अधिसूचित किया गया था, जिसमें MSMED की धारा 3 की उपधारा 1 के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य सचिव सहित 47 सदस्य शामिल थे। अधिनियम, 2006 और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम नियम, 2006 के लिए राष्ट्रीय बोर्ड। MSME मंत्रालय के प्रभारी मंत्री राष्ट्रीय बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसकी बैठक छह महीने में एक बार होता है।

115. (1) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (MSMED) अधिनियम को 2006 में MSMED के साथ-साथ क्षेत्र के कवरेज और निवेश को प्रभावित करने वाले नीतिगत मुद्दों के समाधान के लिए अधिसूचित किया गया था। अधिनियम इन उद्यमों के विकास को सुविधाजनक बनाने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने का प्रयास करता है

116. (2) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) माल और सेवाओं की कीमतों के समय के साथ परिवर्तन को मापते हैं जो घरेलू लोग खपत के उद्देश्य के लिए अधिग्रहण करते हैं। सीपीआई संख्या को सरकारों द्वारा व्यापक रूप से मुद्रास्फीति के एक संकेतक के रूप में प्रयोग किया जाता है। जैसे मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण और निगरानी मूल्य स्थिरता के लिए और राष्ट्रीय खातों के लिए अपस्फीतिकारक के रूप में। डीपीआई का उपयोग कर्मचारियों को महंगाई में वृद्धि के फलस्वरूप डिथरनैस भत्ता निर्धारित करने के लिए कीमतों में भी किया जाता है। सीपीआई को इसलिए सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक में से एक माना जाता है।

117. (3) ● सामान्य वस्तुओं के मामले में, आय और मांग का सीधा संबंध है, जिसका अर्थ है कि आय में वृद्धि से मांग में वृद्धि होगी और आय में कमी के कारण मांग में गिरावट आ सकती है।
- पूर्ण गेहूँ, जैविक पास्ता नूडल्स सामान्य वस्तुओं के उदाहरण हैं।
- हीन (निम्न कोटि) वस्तुओं के मामले में आय और मांग विपरीत रूप से संबंधित हैं, जिसका अर्थ है कि आय में वृद्धि से मांग में कमी आती है और आय में कमी से मांग में वृद्धि होती है।

118. (1) राष्ट्रीय आय या सकल राष्ट्रीय आय एक निश्चित अवधि में किसी देश के सभी निवासियों और उद्यमों द्वारा अर्जित कुल आय है।
- तीन सबसे सामान्य तरीके मूल्य-वर्धित विधि, आय विधि और व्यय विधि हैं।

- मूल्य वर्धित विधि उत्पादन के प्रत्येक चरण में एक उत्पाद में जोड़े गए मूल्य पर केंद्रित है।
- अगला, आय विधि उत्पादन के कारकों जैसे भूमि और श्रम पर प्राप्त आय पर केंद्रित है।
- और अंत में, व्यय विधि उपभोग और निवेश के आधार पर विभिन्न प्रकार के व्यय पर केंद्रित है।

119. (4) जब किसी सरकार की आय उसके द्वारा किये जाने वाले व्ययों से कम हो जाती है तो बजट में इस प्रकार के घाटे को पूरा करने के लिए जो व्यवस्था अपनाई जाती है उसे घाटे की वित्त व्यवस्था या हीनार्थ प्रबंधन कहते हैं। घाटे की वित्त व्यवस्था को तीन प्रकार से पूरा किया जाता है- नए नोट छापकर, विदेशी ऋण लेकर और आंतरिक ऋण लेकर।

120. (1) आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) 1955 का उद्देश्य कुछ वस्तुओं या उत्पादों की डिलीवरी सुनिश्चित करना है, जिसकी आपूर्ति, यदि जमाखोरी या कालाबाजारी के कारण बाधित होती है, तो यह लोगों के सामान्य जीवन को प्रभावित करेगा। अधिनियम के तहत वस्तुओं की सूची में ड्रग्स, उर्वरक, दालें और खाद्य तेल, साथ ही पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं।

121. (2) कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर, कृषि और सहकारिता विभाग, भारत सरकार अपने बुवाई के मौसम से पहले 22 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है। कृषि कीमतों में किसी भी तीव्र गिरावट के खिलाफ कृषि उत्पादकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा एमएसपी बाजार हस्तक्षेप का एक कारगर उपाय है।

122. (4) बैंक कृषि में ऋण का समर्थन करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जारी करता है।

- किसान क्रेडिट कार्ड योजना भारत सरकार की एक योजना है जो किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराती है।
- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना 1998 में शुरू की गई थी।
- इसका उद्देश्य किसानों को अल्पकालिक औपचारिक ऋण प्रदान करना है और इसे नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) द्वारा बनाया गया था।

TYPE -V

1. (3) 1 अप्रैल, 1957 से भारत सरकार ने छोटी मुद्राओं के संदर्भ में चौका प्रणाली के स्थान पर दाशमिक प्रणाली को अपनाया। चौका प्रणाली में रुपया-आना-पाई का प्रयोग होता था। दाशमिक मुद्रा प्रणाली वह प्रणाली है जिसमें सभी प्रामाणिक सिक्के 10 के गुणांक में होते हैं। दाशमिक प्रणाली में 1 रुपया = 100 पैसा, 1 अठन्नी = 50 पैसा एवं 1 चवन्नी = 25 पैसा का मूल्य निर्धारित किया गया। अठन्नी एवं चवन्नी अब चलन में नहीं है।

2. (3) खुले बाजार की क्रिया के अंतर्गत रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति को नियंत्रित करने के लिए जनता तथा बैकों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय करता है। रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिभूतियों का विक्रय का अर्थ हुआ अर्थव्यवस्था से मुद्रा का निकलना। इस प्रकार प्रसार की स्थिति में रिजर्व बैंक अधिक से अधिक मुद्रा विक्रय के द्वारा चलन से निकाल सकता है। इसके विपरित अर्थव्यवस्था में मंदी या अवसाद की स्थिति में RBI प्रतिभूतियों का क्रय करता है ताकि अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाहित हो सके। खुले बाजार की क्रिया के दौरान स्विच अपरेशन (switch operation) का प्रयोग किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि खुले बाजार की क्रिया का प्रयोग साख नियंत्रण या मौद्रिक नीति के अस्त्र के रूप में ही नहीं बल्कि इसे सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय के माध्यम या राजकोषीय यंत्र के रूप में भी किया जाता हैं।

3. (2) भारत सरकार द्वारा (वित्त मंत्री द्वारा)

4. (4) SEBI (Securities and exchange Board of India) का गैर संवैधानिक संस्था के रूप में 12 अप्रैल, 1988 को गठित हुई। 30 जनवरी, 1992 को नरसिंहम समिति के सिफारिश पर इसे वैधानिक दर्जा दिया गया। भारतीय पूँजी बाजार को विनियमित करने की वैधानिक शक्तियाँ सेबी में अन्तर्निहित कर दिया गया है। सेबी का सबसे प्रमुख उद्देश्य निवेशकों के हितों को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करना है।

5. (3) भारत में बीमा क्षेत्र को IRDA द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
भारत में बीमा नियामक विकास प्राधिकरण की स्थापना संसद के आइ आर डी ए अधिनियम-1999 के द्वारा स्थापित किया गया था जिसका उद्देश्य बीमा की पॉलिसी धारकों के हितों की रक्षा करना है। इसका मुख्यालय हैदराबाद मे है।

6. (2) भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा वर्ष 1 जुलाई से 30 जून है।

7. (4) नैतिक दबाव सेंट्रल बैंक का एक चयनात्कम साख नियंत्रण विधि है परिमाणात्मक नहीं। रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर व्यापारिक बैंकों को मार्गदर्शन पत्र लिखे जाते है, ताकि बैंक इन दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य कर सके। इसे ही नैतिक दबाव की संज्ञा दी जाती है।

8. (2) भारतीय रिजर्व बैंक भारत में मौद्रिक नीति बनाता है।
जिस नीति के अनुसार किसी देश का मुद्रा प्राधिकारी मुद्रा आपूर्ति का नियमन करता है उसे मौद्रिक नीति कहते हैं। इसका उद्देश्य राज्य का आर्थिक विकास एवं आर्थिक स्थायितव सुनिश्चित करना होता है।

9. (4) बैंक दर नीति, खुला बाजार परिचालन और आदि नकद आरक्षित अनुपात की भिन्नता, मौद्रिक नीति के साधन होते हैं। इन साधनों का इस्तेमाल कर भारतीय रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति को नियंत्रित करता है।

10. (3) खुला बाजार कार्रवाई

11. (4) एल आई सी
संसद के एक अधिनियम के तहत सितंबनर 1956 में 5 करोड़ रुपये की भारत सरकार की पूंजी से भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की गई थीं इसका मुख्य कार्य लोगों को बीमा प्रदान करना है।

12. (4) विदेशी मुद्रा का आरक्षित भंडार (जिसे फोरेक्स रिज़र्व्स या एफएक्स (FX) आरक्षित निधियों का भंडार भी कहा जाता है) दरअसल सही मायने में केवल विदेशी मुद्रा जमा राशि और केंद्रीय बैंक तथा मौद्रिक अधिकारियों के पास सुरक्षित बांड हैं। हालांकि, आमतौर पर इस शब्द में साधारणतया विदेशी मुद्रा और सोना, एसडीआर (SDR) एवं आईएमएफ (IMF) की आरक्षित भण्डार की अवस्थितियां भी शामिल होती हैं।

13. (4) भारतीय इम्पीरियल बैंक 27 जनवरी, 1921 को अस्तित्व में आया। वर्ष 1955 में इसे भारतीय स्टेट बैंक में तबदील कर दिया गया।

14. (*) 25 अक्टूबर, 2011 को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आर.बी.आई.) ने बैंकों को बचत बैंक खातों पर दिए जाने वाले ब्याज दर से अपना विनियमन हटा लिया है, यह बैंकों की इच्छा पर छोड़ दिया गया है कि वे बचत बैंक खातों पर किस दर से ब्याज देना चाहते हैं।
हालांकि प्रत्येक बैंक को कहा गया है कि वे एक लाख रुपये तक के बचत खातों पर एकसमान दर से ब्याज प्रदान करें। इसके अलावा यदि बैंक चाहें तो 1 लाख रुपये से अधिक के बचत खातों पर विभिन्न दरों पर ब्याज प्रदान कर सकते हैं।

15. (1) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के पास रखे गए सांविधिक न्यूनतम से अधिक नकदी रिजर्व कहलाते है।

16. (3) FCI-खाद्यान्नों के व्यापारियों को वित्तीय सहायता।
FCI (भारतीय खाद्य निगम) का मुख्य कार्य अनाजों का भंडारण एवं वितरण करना है साथ ही आक्स्मिकाता के लिए 'बफर स्टॉक' को बनाये रखना है।

17. (1) किसी भी देश का केन्द्रीय बैंक (भारत के संदर्भ में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने के लिए खुला बाजार संचालन, सुरक्षित आवश्यकताओं (CRR) में परिवर्तन और डिस्काउंट रेट (बैंक दर) में परिवर्तन जैसी युक्तियों का सहारा लेता है। इसके अतिरिक्त बैंक को स्वर्ण नकदी और अनुमोदित प्रतिभूतियों (मार्जिन आवश्यकता) के रूप में तरल संपत्ति को भी बनाए रखना पड़ता है जिसे वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) भी कहा जाता है। भारत में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में खुले बाजार संचालन के लिए अधिक उपायों का सहारा लिया है।

18. (2) NEER से तात्पर्य नामांकित प्रभावकारी विनिमय दर (Nomial Effective Exchange Rate) से है। यह अन्य देशों की व्यापारिक मुद्राओं की तुलना में एक देश की सापेक्षिक मुद्रा के मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। जैसे–अमेरिकी डॉलर, जापानी येन, यूरो इत्यादि। यह आयातित वस्तु के सापेक्षिक मूल्य का भी प्रतिनिधित्व करता है जिसका भुगतान उपभोक्ता को करना होता है।

19. (3) आरबीआई द्वारा चयनित उद्देश्यों के लिए गुणात्मक साख (Qualitative Credit) का प्रयोग किया जाता है। गुणात्मक साख में सीमांत आवश्यकताएँ, उपभोक्ता साख विनियमन, आरबीआई गाइडलाइंस, साख का सीमांकन (राशनिंग ऑफ क्रेडिट), नैतिक प्रत्यायन (Moral Suasion) और प्रत्यक्ष कार्यवाही शामिल है। मात्रात्मक साख (Quantitative Credit) मापकों द्वारा साख की कुल मात्रा नियंत्रित की जाती है। मात्रात्मक साख मापकों में बैंक दर नीति, खुला बाजार परिचालन, नकद आरक्षी अनुपात और सांविधिक तरलता अनुपात शामिल है।

20. (*) भारतीय उद्योग को क्रेडिट रेटिंग (Indian Credit rating industry) प्रदान करने वाले संस्थानों में क्रिसिल, (CRISIL), सिबिल (CIBIL), इकरा (ICRA), केयर (CARE), ओनिक्रा (ONICRA), फिच (FITCH) और स्मेरा (SMERA) शामिल हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड–सेबी (SEBI) भारत में प्रतिभूति बाजार का नियामक है। आरबीआई भारत का केन्द्रीय बैंक है। भारत में लघु छोटे और मध्यम उद्यमों के विकास में सहायता करने के उद्देश्य से वित्तीय संस्थान के रूप में सिडबी (स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया – SIDBI) की स्थापना की गई थी।

21. (4) संयुक्त रूप से केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और प्रायोजक बैंकों द्वारा क्रमशः 50 : 15 : 35 के अनुपात से शेयरों की भागीदारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों का संचालन किया जाता है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) अधिनियम 1976 के अनुसार, ऐसे बैंकों की स्थापना के लिए न्यूनतम पूंजी 5 करोड़ रुपये और जारी की गई न्यूनतम पूंजी 1 करोड़ रुपये होनी चाहिए।

22. (2) मौद्रिक नीति वह नीति है जो किसी देश के केन्द्रीय बैंक के कार्यों को पारिभाषित करती है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) अर्धवार्षिक स्तर पर साख नीति और मौद्रिक नीति से संबंधित लघु–अवधि और संरचनात्मक प्रकृति के मापदण्डों की घोषणा करता है। सामान्यतः इन घोषणाओं से संबंधित दस्तावेज प्रत्येक वर्ष अप्रैल और अक्टूबर में जारी किए जाते हैं।

23. (2) भारत में मुद्रा आपूर्ति में निम्नलिखित शामिल हैं: (i) लोगों के पास नकदी (ii) बैंकों में माँग जमा और मीयादी जमा (iii) भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा धनराशि (iv) डाकघर में जमा धनराशि। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी कुल मुद्रा की तुलना में लोगों के पास कम धन होता है। इसका कारण यह है कि जारी मुद्रा का एक भाग बैंकों में नकदी रूप में जमा रहता है। जमा धनराशि (डिपॉजिट्स) के संदर्भ में, अंतिम चार दशकों के दौरान, लोगों के पास उपलब्ध मुद्रा की मात्रा में परस्पर कमी दर्ज की गई है। इसके विपरीत माँग जमाओं, मियादी जमाओं और बैंकों में जमा अन्य जमाओं के संबंध में कुल मुद्रा अनुपात में वृद्धि हुई है। देश में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार ही इसका मुख्य कारण है। अर्थव्यवस्था में लगभग सारा धन बैंक जमाओं के रूप में स्वीकार किया जाता है और बैंक इन जमाओं का प्रयोग लोन देने के लिए करते हैं।

24. (3) अनुभवहीन भारतीय उद्योगों के विकास के लिए ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए संसद अधिनियम द्वारा 1 जुलाई, 1964 को आईडीबीआई बैंक की स्थापना की गई थी। पूर्व में इस बैंक को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के नाम से जाना जाता था। इसका मुख्यालय मुंबई (महाराष्ट्र) में स्थित है। यह भारत सरकार के स्वामित्व वाले 27 वाणिज्यिक बैंकों में से एक है।

25. (4) भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) को ऋण के लिए अंतिम आश्रय प्रदाता के रूप में जाना जाता है क्योंकि जब वाणिज्यिक बैंक वित्तीय संकट का सामना करता है और अन्य स्रोतों से ऋण प्राप्त करने में असफल रहता है, तब केन्द्रीय बैंक उन बैंकों को ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। केन्द्रीय बैंक की यह भूमिका वाणिज्यिक बैंक को दिवालियापन से बचाती है। इस प्रकार, आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों के लिए गारंटर की भूमिका निभाता है और अर्थव्यवस्था में मजबूत बैंकिंग प्रणाली को प्रोत्साहन देता है।

26. (1) रेपो दर वह दर है जिस पर देश का केन्द्रीय बैंक निधियों की कमी होने की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को ऋण प्रदान करता है। भारत में, रेपो दर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की जाती है। मौद्रिक प्राधिकरणों द्वारा इसका प्रयोग मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

27. (1) खुला बाजार संचालन (ओएमओ) बैंकिंग प्रणाली में धनराशि में विस्तार या संकुचन के क्रम में सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने की प्रक्रिया से संबंधित है। केन्द्रीय बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) मौद्रिक नीति के कार्यान्वयन हेतु ओएमओ का प्रयोग प्राथमिक साधनों के रूप में करता है।

28. (4) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कंपनियों द्वारा धन के अवैध संग्रहण को नियंत्रित करने के लिए अगस्त 2016 में सचेत पोर्टल लॉन्च किया। यह वेबसाइट लोगों को जमा स्वीकार करने वाले उद्यमों के संबंध में सूचना प्रदान करने, शिकायतें दर्ज करने और अवैध जमा स्वीकृति के संदर्भ में सूचना साझा करने की भी सुविधा प्रदान करेगी।

29. (4) गैर–बैंकिंग वित्तीय संस्थान एक ऐसा वित्तीय संस्थान है जिसके पास पूर्ण बैंकिंग लाइसेंस नहीं होता या जिसका निरीक्षण राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग नियामक एजेंसी द्वारा नहीं किया जाता। नाबार्ड, एक्जिम, सिडबी गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (NBFIs) के उदाहरण हैं। 1969 में राष्ट्रीयकरण होने के बाद से बैंक ऑफ इण्डिया (BoI) सरकार के स्वामित्व वाला एक वाणिज्यिक बैंक है जिसका मुख्यालय मुंबई में है।

30. (2) विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2013 में 2.07 प्रतिशत थी जो वर्ष 2014 में बढ़कर 2.8 प्रतिशत हो गई। भारत सरकार ने 2020 तक विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाकर 3.5% करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले कुछ वर्षों में, विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी इस प्रकार रही:

वर्ष	कुल व्यापार मूल्य US $ बिलियन में		विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी % में
	विश्व	भारत	
2011	36830	767.4	2.08
2012	37012	785.4	2.12
2013	37658	778.3	2.07

स्रोत: विश्व व्यापार संगठन (कैलेंडर वर्ष)

वर्ष 2015 में भारत का विश्व–व्यापार में हिस्सा 2% का था।

31. (2) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अंतर्गत 1 अप्रैल, 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की स्थापना की गई थी। 15 अगस्त, 1947 को भारत की स्वतंत्रता के बाद 1 जनवरी, 1949 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को राष्ट्रीयकृत किया गया था।

32. (4) मुंबई शेयर बाजार की स्थापना 1875 में की गई थी, इसे बम्बई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के रूप में भी जाना जाता है। इसे एशिया का पहला शेयर बाजार और 6 माइक्रो सेकंड्स की मीडियन ट्रेड स्पीड के साथ विश्व का सबसे तेज शेयर बाजार माना जाता है।

33. (1) वित्तीय नीति वह नीति है जिसके द्वारा सरकार देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालने और निगरानी करने के लिए अपने व्यय स्तरों और कर दरों को समायोजित करती है। इसका प्रयोग व्यावसायिक चक्र द्वारा अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए किया जाता है। वित्तीय नीति मौद्रिक नीति की सिस्टर स्ट्रैटजी है जिसके द्वारा केन्द्रीय बैंक देश की मुद्रा आपूर्ति को प्रभावित करता है।

34. (1) नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) उपभोक्ताओं की कुल जमाओं का वह विनिर्दिष्ट न्यूनतम भाग है जिसका वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अपनी आरक्षित जमा राशि का कुछ भाग नकद रूप में या डिपॉजिट्स रूप में केन्द्रीय बैंक (आरबीआई) के पास रखना होता है। सीआरआर में वृद्धि करने से बैंकों के पास उपलब्ध नकद कोष और धन के प्रचलन में कमी आ जाती है, इसके विपरीत, सीआरआर में कमी के परिणामस्वरूप ऋण सृजन में वृद्धि होती है। सीआरआर का प्रयोग आरबीआई द्वारा बैंकिंग प्रणाली में तरलता को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

35. (4) भारत में अनुसूचित बैंक से तात्पर्य भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में सूचीबद्ध बैंकों से है। जिन बैंकों को इस अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है, वे गैर-अनुसूचित बैंक कहलाते हैं। भारत में परिचालित अनुसूचित बैंक सामान्यत : निजी, विदेशी और राष्ट्रीयकृत बैंक हैं।

36. (1) वह दर जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वाणिज्यिक बैंकों को प्रतिभूतियों के विरुद्ध अल्पकालीन ऋण प्रदान करता है, रेपो दर कहलाती है। रेपो दर में कमी से बैंकों को सस्ते दर पर धन प्राप्त करने में सहायता मिलती है। रेपो दर में वृद्धि से केन्द्रीय बैंक से उधार लेना अधिक महँगा हो जाता है। तुलनात्मक रूप से रिवर्स रेपो दर वह दर है जिस पर बैंक अतिरिक्त निधियों को केन्द्रीय बैंक के पास रख सकते हैं।

37. (3) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है। आरंभ में, आरबीआई का मुख्यालय कलकत्ता (जिसे वर्तमान में कोलकाता कहते हैं) में था, लेकिन 1937 में इसे स्थायी रूप से बंबई (जिसे वर्तमान में मुंबई कहते हैं) में स्थानान्तरित कर दिया गया। आरबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार, ब्रिटिश शासन के दौरान 1 अप्रैल, 1935 को अपना परिचालन आरंभ किया।

38. (3) भारतीय रुपये के प्रतीक चिह्न का डिजाइन आईआईटी गुवाहाटी में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रोफेसर उदय कुमार द्वारा डिजाइन किया गया है। इस डिजाइन को शीर्ष पर दो क्षैतिजाकार रेखा के साथ देवनागरी लिपि के वर्ण ''र'' और लैटिन के बड़े वर्ण ''R'' दोनों रूप में निर्मित किया गया है। इस डिजाइन का चयन भारतीय निवासियों के मध्य आयोजित एक ''खुली'' प्रतियोगिता के द्वारा किया गया था।

39. (1) मुद्रा (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी) सार्वजनिक क्षेत्र का एक वित्तीय संस्थान है जो सूक्ष्म - वित्त संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों को कम दरों पर लोन प्रदान करता है जो बाद में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को ऋण प्रदान करते हैं। इसकी शुरुआत 8 अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई थी।

40. (1) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) की स्थापना क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 के अंतर्गत सरकार द्वारा प्रवर्तित एवं क्षेत्र पर आधारित ग्रामीण ऋण संस्थानों के रूप में की गई थी। प्रत्येक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) का संचालन अपने शेयरों के आधार पर तीन उद्यमों : केन्द्र सरकार (50%), राज्य सरकार (15%) और प्रवर्तित बैंक (35%) द्वारा किया जाता है। प्रत्येक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा प्रवर्तित किया जाता है।

41. (1) सी.डी. देशमुख 1943 में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय थे। बाद में, वह केन्द्रीय मंत्रिमण्डल (1950-1956) में वित्त मंत्री के रूप में कार्यरत थे। वह पेशे से एक लोक सेवक थे।

42. (4) आईसीआईसीआई (इंडस्ट्रियल क्रेडिट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) बैंक एक भारतीय बहुराष्ट्रीय बैंकिंग और वित्तीय सेवा प्रदान करने वाली कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है। यह निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक है तथा भारत में भारतीय स्टेट बैंक के बाद दूसरा सबसे बड़ा बैंक है।

43. (2) पूँजी बाजार वित्तीय बाजार होता है जहाँ पर लम्बी अवधि के लिए प्रतिभूतियों (Securities) को खरीदा और बेचा जाता है। ये बाजार चैनल लम्बे अवधि से उत्पादित प्रयोग के लिए रखे हुए सम्पत्ति के रक्षक होते हैं जैसे-कंपनियाँ तथा सरकारें लम्बी अवधि के लिए निवेश करती हैं।

44. (4) M_3 (इसे बॉड मनी के रूप में भी जाना जाता है) का प्रयोग प्राय: कुल मौद्रिक संसाधनों के रूप में किया जाता है। इसे आरबीआई द्वारा परिभाषित किया गया है, लोगों द्वारा नियंत्रित मुद्रा + आरबीआई की अन्य जमाएँ + शुद्ध माँग जमाएँ + बैंक की शुद्ध जमाएँ। संक्षेप में, $M_3 = M_1 +$ बैंकों की सावधि जमा।

45. (2) गिल्ट-एज्ड प्रतिभूतियों से तात्पर्य ऐसे बॉन्ड से है जिन्हें सरकार द्वारा जारी किया जाता है। ये सरकारी प्रतिभूतियाँ हैं अर्थात् ये ऐसे उपकरण हैं जिन्हें सरकार द्वारा बाजार से उधार लेने के लिए जारी किया जाता है। गिल्ट-एज्ड प्रतिभूतियाँ बहुत कम जोखिम के साथ उच्च-श्रेणी वाले निवेश के अंतर्गत आती हैं।

46. (1) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 1975 में गाँधी जयंती के अवसर पर गठित किए गए। पूरे देश में सिक्किम 4 जिले और गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (2 जिले), दमन एवं दीव (2 जिले), लक्षद्वीप, दिल्ली और चंडीगढ़ प्रत्येक में एक तथा पुडुचेरी, (4 जिले) 2 जिले को छोड़कर हर राज्य में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं। मार्च 2017 के अंत तक देश के 28 राज्यों और 676 जिलों में 21,398 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत थे।

47. (1) एफ. सी. सी. बी. का पूरा नाम फॉरिन करेंसी कन्वर्टिवल बॉन्ड्स

48. (3) निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के संदर्भ में गैर परिचालन अधिशेष/ घाटे के लिए समायोजित बरकरार रखा मुनाफा ही बचत कहलाता है। विभिन्न अचल संपत्ति, कर्ज, सरकार और शेयर धारकों के प्रति अवमूल्यन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के बाद कारोबार में लगाए जाने वाले मुनाफे को ही बरकरार रखा मुनाफा कहते हैं।

49. (3) मनी मार्केट लघु-अवधि ऋण के रूप में कमर्शियल पेपर्स, फाइनेंस बिल सिस्टम इत्यादि के द्वारा कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता प्रदान करता है। यह आन्तरिक और अंतर्राष्ट्रीय दोनों व्यापार के लिए वित्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

50. (1) मार्च 1972 में प्रतिपादित विशिष्ट ब्याज दर योजना का मुख्य उद्देश्य निम्न आय वर्ग की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों को उत्पादनकारी गतिविधियों की शुरुआत करने हेतु 4% की रियायती ब्याज दर पर वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना में निम्नलिखित को शामिल किया गया है:

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों, कृषि क्षेत्र और/या सम्बद्ध गतिविधियों में संलग्न आदिवासी,
- वन उत्पाद, चारा इत्यादि एकत्र करने और इन्हें बाजार में बेचने से संबंधित गतिविधियों में संलग्न व्यक्ति,
- अत्यन्त लघु स्तर पर ग्रामीण और कुटीर उद्योगों में संलग्न व्यक्ति, इत्यादि।

51. (2) ग्रेशम के अनुसार यदि किसी समय अर्थव्यवस्था में एक ही धातु के सिक्के या मुद्रा एक ही अंकित मूल्य के किन्तु विभिन्न तौल एवं धात्विक गुण धर्म के एक साथ ही प्रचलन में रहते है तो बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को प्रचलन से बाहर कर देती है परन्तु अच्छी मुद्रा कभी भी बुरे को प्रचलन से बाहर नहीं कर सकती।

52. (1) चूँकि केन्द्रीय बैंक अपने सदस्य व्यापारिक बैंकों को उधार देता है, एवं उनके बिलों की पुनर्कटौती करता है, तथा उन्हें समाशोधन गृह की सुविधा उपलब्ध कराता है, अत: व्यापारिक बैंकों की अपनी शुद्ध माँग एवं समय जमाओं का कुछ निश्चित प्रतिशत नकद रूप में केन्द्रीय बैंक के पास रखना पड़ता है जिसे नकद कोष अनुपात (CRR : Cash Reserve Ratio) कहते हैं। यह जितना कम होगा बैंकों द्वारा उधार देने की गुंजाइश उतनी ही बड़ी होगी।

53. (3) मुद्रा आपूर्ति भारतीय रिजर्व बैंक नियंत्रित करता है।

54. (3) खुले बाजार की क्रियाओं का व्यापक अर्थ है- केन्द्रीय बैंक द्वारा विभिन्न प्रकार की परिसम्पत्तियाँ क्रय-विक्रय करना, जैसे- विदेशी मुद्रा, सोना, सरकारी प्रतिभूतियाँ और यहाँ तक की कम्पनी के शेयर भी। संकुचित अर्थ में इसका आशय केवल सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय से है।

55. (2) धन चलायमान पूँजी का उदाहरण है। मुद्रा वह चीज है जिसे वस्तुओं या सेवाओं के बदले दिया जाता है।

56. (2) मुद्रास्फीति की अवधि में सबसे अधिक लाभ लेनदार को होता है क्योंकि क्रयशक्ति में कमी के कारण देनदार वर्ग को हानि होती है। जबकि लेनदार वर्ग अवस्था में मुद्रा के वास्तविक मूल्य में कमी आने के कारण लाभ की स्थिति में होता है।

57. (3) स्टॉक मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव के संदर्भ में प्राय: 'बुल' और 'बीयर' शब्द का प्रयोग किया जाता है। बीयर मार्केट से तात्पर्य प्राय: कुछ महीनों की अवधि के लिए कीमतों में आई गिरावट से है, यह गिरावट किसी एक प्रतिभूति या आस्ति, प्रतिभूतियों के समूह या समूचे प्रतिभूति मार्केट में प्रतिभूतियों की कीमत में आई कमी के कारण हो सकती है। बुल मार्केट से तात्पर्य कीमतों में आई वृद्धि से है।

58. (2) प्रबंधित मुद्रा मैनेज्ड करेंसी से तात्पर्य ऐसी करेंसी से है जिसका विनिमय दर स्वतंत्र बाजार शक्ति पर आधारित मांग और पूर्ति द्वारा निर्धारित नहीं किया जाता बल्कि सरकार के हस्तक्षेप करने पर देश के केन्द्रीय बैंक द्वारा इसकी विनिमय दर निर्धारित की जाती है। विश्व की अधिकांश बड़ी करेंसियों का प्रबन्ध कम से कम इसी डिग्री पर किया जाता है।

59. (2) NEER से तात्पर्य नार्मोकित प्रभावकारी विनिमय दर (Nomial Effective Exchange Rate) से है। यह अन्य देशों की व्यापारिक मुद्राओं की तुलना में एक देश की सापेक्षिक मुद्रा के मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। जैसे-अमेरिकी डॉलर, जापानी येन, यूरो इत्यादि। यह आयातित वस्तु के सापेक्षिक मूल्य का भी प्रतिनिधित्व करता है जिसका भुगतान उपभोक्ता को करना होता है।

60. (3) 'ई-बैंकिंग' से तात्पर्य इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग से है इसमें कम्प्यूटरों के प्रयोग द्वारा बैंकिंग ट्रांजेक्शंस जैसे नकद धन निकासी और खरीदारी के लिए बिक्री स्थल पर फंड ट्रांसफर करना शामिल है। इसे ऑनलाइन बैंकिंग या इंटरनेट बैंकिंग के नाम से भी जाना जाता है।

61. (1) सस्ती मुद्रा नीति में कम ब्याज दरों पर लोन या क्रेडिट को शामिल किया जाता है या देश के केन्द्रीय बैंक द्वारा निर्धारित कम ब्याज दरों को इसमें शामिल किया जाता है। सस्ती मुद्रा नीति ऋणधारकों के लिए अच्छी नीति है, लेकिन निवेशकों के लिए सही नहीं है। सस्ती मुद्रा नीति 2008 की मन्दी के मुख्य उत्प्रेरकों में से एक थी।

62. (2) सिडबी (SIDBI) से तात्पर्य भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक से है। यह एक स्वतंत्र वित्तीय संस्थान है जिसका उद्देश्य भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के उद्यमियों (MSME) के विकास और वृद्धि में सहायता प्रदान करना है। संसद अधिनियम द्वारा 2 अप्रैल, 1990 को इसकी स्थापना की गई थी।

63. (3) हवाला से तात्पर्य परंपरागत बैंकिंग प्रणाली के अलावा विद्यमान वैकल्पिक धन-प्रेषण प्रणाली से है। हवाला बिना किसी वास्तविक प्रक्रिया के धन हस्तांतरित करने की विधि है। हवाला आढ़तिया (दलाल) कमीशन प्राप्त करने के लिए प्राय: आधिकारिक विनिमय दरों के द्वारा लाभ प्राप्त करते हैं। प्राय: बिना किसी विदेशी विनिमय लेन-देन के निपटान प्रक्रिया निष्पादित की जाती है, आधिकारिक विनिमय दरों के अलावा अन्य दरों की सहायता से लेन-देन प्रक्रिया निष्पादित की जा सकती है।

64. (3) मौद्रिक नीति के अप्रत्यक्ष या बाजार आधारित विलेखों में खुला बाजार परिचालनों और 'रेपो दर' का प्रयोग शामिल है। खुला बाजार परिचालन के अंतर्गत सरकारी प्रतिभूतियों को लोगों या बैंकों को बेचा जाता है या उनसे खरीदा जाता है। आरबीआई धन के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों को बेचता है और धन प्रवाह में वृद्धि करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदता है।

65. (3) मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करना है। प्राय: कीमत में स्थिरता और आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए मुद्रास्फीति दर या ब्याज दर को नियंत्रित करने के लिए मौद्रिक नीति का प्रयोग किया जाता है। मौद्रिक नीति का लक्ष्य बेरोजगारी कम करने में योगदान देने के अलावा अन्य मुद्राओं के साथ पूर्वानुमेय विनिमय दरों को बनाए रखना है।

66. (1) गैर-निगमित छोटे व्यावसायिक क्षेत्रों को कोष प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित सूक्ष्म इकाई विकास और पुनर्वित्त एजेंसी बैंक (या मुद्रा बैंक) एक नया संस्थान है। यह संस्थान नियमित बैंकों की सेवा लाभ से वंचित लघु उद्यमियों को अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा।

67. (1) क्रेडिट कार्ड को कभी-कभी स्मार्ट मनी के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि यह भौतिक रूप से नकद की आवश्यकता के बिना, सुविधाजनक तरीके से लेन-देन की प्रक्रिया सरल बनाता है। यह एक प्लास्टिक मनी है जिसका प्रयोग पूरे विश्व में उत्पादों और सेवाओं के भुगतान के लिए 20 मिलियन से अधिक स्थानों पर किया जाता है। शुद्ध आर्थिक शब्दावली में, स्मार्ट मनी वित्त के मामले में लोगों द्वारा किए गए निवेश से संबंधित है।

68. (3) शेयर बाजार या सराफा एक विनिमय बाजार है जहाँ शेयर ब्रोकर्स और व्यापारी स्टॉक्स (जिसे शेयर भी कहते हैं), बॉन्ड्स और अन्य प्रतिभूतियों को खरीद/बेच सकते हैं। शेयर बाजार प्रतिभूतियों, अन्य वित्तीय विलेखों और पूंजीगत विषयों, जिसमें आय और लाभांश का भुगतान शामिल है, को जारी करने के साथ-साथ पुनर्लाभ की सुविधा भी प्रदान कर सकता है।

69. (1) बैंकिंग लोकपाल (Ombudsman) बैंक उपभोक्ताओं को दी गई निश्चित सेवाओं के संदर्भ में उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र और सस्ते समाधान हेतु एक मंच प्रदान करता है। बैंकिंग लोकपाल योजना की शुरुआत आरबीआई द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के अंतर्गत की गई थी। यह योजना 1995 से लागू है।

70. (3) ग्रेशम का नियम बताता है कि "अनर्जक आस्ति अर्जक आस्ति को प्रणाली से बाहर कर देती है"। यह नियम बताता है कि यदि प्रचलन में विद्यमान दो प्रकार की मुद्राओं का मूल्य समान है, लेकिन उनका मूलभूत मूल्य भिन्न है तो अधिक मूलभूत मूल्य वाली मुद्रा को संचित कर लिए जाएगा और अंतत: वह कम मूलभूत मूल्य वाली मुद्रा के साथ प्रचलन से बाहर हो जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि समान अंकित मूल्य के साथ दो प्रकार की वस्तु मुद्रा प्रचलन में है तो अधिक मूल्य वाली वस्तु मुद्रा प्रचलन से बाहर हो जाएगी।

71. (3) बैंकिंग तृतीयक क्षेत्र या सेवा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यह तीन क्षेत्रों के सिद्धांत पर आधारित तीन आर्थिक क्षेत्रों का तीसरा क्षेत्र है। बीमा और निवेश प्रबंधन अन्य वित्तीय सेवाएँ हैं जो तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं। व्यावसायिक सेवाएँ जैसे लेखा शास्त्र, कानूनी सेवाएँ और परामर्श प्रबंधन भी तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

72. (3) आधार दर (बेस रेट) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित वह न्यूनतम दर है जिससे कम दर पर बैंकों को अपने उपभोक्ताओं को ऋण देने की अनुमति नहीं दी जाती। बैंकों की न्यूनतम ऋण दर या आधार दर 9.3 प्रतिशत है। आरबीआई के नियम के अनुसार सरकार के आदेश के बिना कोई भी बैंक अपने उपभोक्ताओं को आधार दर (BR) से कम दर पर लोन नहीं दे सकते।

73. (3) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) को पाँच व्यापारिक बैंकों : पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सिंडिकेट बैंक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक द्वारा प्रवर्तित किया जाता है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और प्रवर्तक बैंक के स्वामित्व में कार्य करते हैं, जिनके शेयरों का अनुपात क्रमश: 50%, 15% और 35% है।

74. (4) मौद्रिक नीति देश के केन्द्रीय बैंक (भारत में आरबीआई) द्वारा स्वीकृत ऋण नियन्त्रण मानकों से संबंधित है। मौद्रिक नीति के उपकरण दो प्रकार के होते हैं : परिमाणात्मक और गुणात्मक। ये उपकरण मुद्रा की आपूर्ति, धन की लागत और ऋण की उपलब्धता के द्वारा कुल मांग स्तर को प्रभावित करते हैं। दो प्रकार के उपकरणों में से उपकरण की पहली श्रेणी में बैंक दर परिवर्तनों,

खुला बाजार परिचालनों और परिवर्तनशील आरक्षी आवश्यकताओं को शामिल किया जाता है। सार्वजनिक ऋण और सार्वजनिक राजस्व मौद्रिक नीति के अंतर्गत नहीं बल्कि वित्तीय नीति के अंतर्गत आते हैं।

75. (2) भारतीय रिजर्व बैंक अवलोकन करता है कि बैंक स्वीकार की गई जमा राशि में से न्यूनतम नकदी संतुलन को बनाए रखते हैं या नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने निरीक्षण में पाया कि बैंक वास्तव में नकदी संतुलन को बनाए रखते हैं। इसी प्रकार, रिजर्व बैंक ने जाँच में पाया कि बैंक लाभ प्राप्त करने के लिए न केवल व्यवसायियों और व्यापारियों को ऋण देते हैं, बल्कि छोटे किसानों, छोटे उद्योगों और छोटे ऋणियों, इत्यादि को भी ऋण देते हैं।

76. (1) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक कंपनी और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 आई (ए) के तहत परिभाषित गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था के व्यवसाय शुरू करने हेतु निम्न शर्त है:

- यह कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत पंजीकृत कंपनी होना चाहिए।
- इसमें 200 लाख रुपये का न्यूनतम शुद्ध स्वाधिकृत निधि होना चाहिए।

77. (1) सकल घरेलू उत्पाद एक विशिष्ट अवधि के दौरान आमतौर पर एक वर्ष के भीतर एक देश की भौगोलिक सीमाओं के अन्तर्गत उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का अंतिम मौद्रिक मूल्य है। जीडीपी विकास दर एक देश के आर्थिक प्रदर्शन का एक महत्त्वपूर्ण सूचक है।

78. (3) मुद्रा स्फीति गणितीय आकलन पर आधारित एक अर्थशास्त्रीय अवधारणा है जिससे बाजार में मुद्रा का प्रसार एवं वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि या कमी की गणना की जाती है। उदाहरण के लिए: 1990 में एक सौ रुपये में जितना सामान आता था, अगर 2000 में उसे खरीदने के लिए दो सौ रुपये व्यय करने पड़े हैं तो माना जाएगा कि मुद्रा स्फीति शत-प्रतिशत बढ़ गई। चीजों की कीमतों में बढ़ोत्तरी और मुद्रा की कीमत में कमी को वैज्ञानिक ढंग से सूचीबद्ध करना मुद्रा स्फीति का काम होता है। मुद्रास्फीति ऋणी (उधारकर्ता) के लिए फायदेमंद है जबकि ऋणदाता उधार देने वाले के लिए यह नुकसानदेह होता हैं।

79. (2) बैंकर चेक बैंक द्वारा जारी किए गए चेक होते हैं जिसमें एक निश्चित व्यक्ति को एक ही शहर में एक निश्चित राशि का भुगतान करने के लिए जारी एक आदेश होता है। बैंकर चेक के भुगतान की वैधता अवधि 3 महीने है। इसे उस शहर की किसी भी शाखा में भुनाया जा सकता है। डिमांड ड्राफ्ट को बैंकर चेक भी कहा जाता है, क्योंकि यह बैंक द्वारा जारी किए गए गैर-पराक्राम्य लिखत है, जो उस स्थान पर किसी विशेष व्यक्ति को निश्चित राशि का भुगतान करने के लिए आदेश होता है।

80. (1) भारत में क्लीयरिंग सिस्टम स्थानीय और एक निश्चित क्षेत्र के तहत क्षेत्र में स्थित सभी बैंकों और शाखाओं को कवर करने के लिए एक परिभाषित क्षेत्राधिकार है। क्लीयरिंग हाऊस बैंकों का एक स्वैच्छिक संघ है जहाँ निपटान खातों का रखरखाव किया जाता है।

81. (4) वित्त मंत्रालय राजकोषीय प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। इसमें तीन विभाग, आर्थिक मामलों के विभाग, व्यय विभाग और राजस्व विभाग शामिल हैं। राजकोषीय नीति में सरकार के खर्च और टैक्स दरों के स्तर को बदलना शामिल है। जिसका लक्ष्य अर्थव्यवस्था में गतिविधि के स्तर को प्रभावित करना है।

82. (3) शून्य आधारित बजट ''शून्य आधार'' से शुरू होता है और इसमें सरकार के हर कार्य की जरूरतों और लागतों का विश्लेषण किया जाता है। बजट अनुमान आगामी अवधि के लिए ही आवश्यक होता है चाहे बजट पिछले वर्ष के समान या उससे कम का हो। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग 1983 में भारत में शून्य-आधारित बजट पेश करने वाला मंत्रालय था और वर्ष 1986-87 के वित्तीय वर्ष में अन्य मंत्रालयों में इसका पालन किया गया।

83. (3) घाटे की वित्त व्यवस्था वह बजटीय स्थिति है जब व्यय राजस्व से अधिक हो जाता है। घाटे की वित्त व्यवस्था को संभालने के लिए अतिरिक्त पैसे की आपूर्ति की जरूरत होती है। व्यय राजस्व अंतर को मुद्रा की छपाई या भारतीय रिजर्व बैंक से संचित नगद का उपयोग कर वित्त पोषित किया जाता है।

84. (3) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के उपबंधों के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को की गई थी। इसकी स्थापना हिल्टन यंग की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। भारत की स्वतंत्रता के बाद 1 जनवरी, 1949 को आरबीआई का राष्ट्रीयकरण किया गया था।

85. (4) 12 जुलाई, 1982 को नाबार्ड अस्तित्व में आया। कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम (ARDC) को अब इस बैंक ने ले लिया है। रिजर्व बैंक के राष्ट्रीय कृषि-साख (दीर्घकालीन) कोष तथा राष्ट्रीय कृषि- साख (स्थिरीकरण) कोष भी इसी बैंक को हस्तांतरित कर दिए गए हैं।

86. (2) 19 सितम्बर, 2013 को पारित पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम (PFRDA) 1 फरवरी, 2014 को अधिसूचित किया गया था। पीएफआरडीए भारत सरकार द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय पेंशन योजना के लिए नियामक है। पीएफआरडीए प्रणाली में विभिन्न मध्यस्थों जैसे केन्द्रीय रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (सीआरए), पेंशन निधि, कस्टोडियन, एनपीएस ट्रस्टी बैंक के लिए जिम्मेदार है।

87. (4) बैंकों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) द्वारा तीन श्रेणियों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत अनुज्ञेय ऋण सीमा है:

(a) शिशु (50,000 रुपये तक के ऋण)
(b) किशोर (50002 रुपये से 5 लाख तक के ऋण)
(c) तरुण (5 लाख से 10 लाख तक के ऋण)

88. (2) वर्ल्ड डेवलपमेंट इंडिकेटर के अपने वार्षिक संस्करण में, विश्व बैंक ने विकसित और विकासशील देशों के बीच कोई ज्यादा भेदभाव नहीं किया है। अब तक, कम-और मध्यम-आय वाले देशों के लिए विकासशील देशों में जबकि उच्च- आय वाले देशों को 'विकसित' कहा जाता था। भारत जो अब अन्य विकासशील देशों की छतरी के नीचे आता है, अब इसे 'निम्न-मध्यम आय वाले देश/दक्षिण एशिया' कहते हैं। वर्गीकरण के अनुसार, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल कम आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं, पाकिस्तान और श्रीलंका निम्न मध्यम आय, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और चीन के उच्च मध्यम आय के तहत आते हैं।

89. (3) योजना आयोग के पूर्व सदस्य एन.के. सिंह को 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें अन्य बातों के साथ-साथ केन्द्र और राज्यों दोनों के वित्त पर वस्तु और सेवा कर (GST) के प्रभाव की समीक्षा करने को कहा गया है। संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुसार, केन्द्र और राज्यों के मध्य करों के शुद्ध आगम के वितरण पर सिफारिश करने हेतु वित्त आयोग की आवश्यकता होती है। आयोग भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान के बँटवारे से सम्बन्धित सिद्धान्तों के विषय में भी सुझाव देगा।

90. (3) सरकार के कुल राजस्व और कुल व्यय के मध्य के अन्तर को वित्तीय घाटा कहा जाता है। यह सरकार के लिए आवश्यक कुल उधार का संकेत है। सरकार ने अगले तीन वर्षों में वित्त घाटे के लक्ष्य को जीडीपी के 3 प्रतिशत तक सीमित करने की सिफारिश की है, 2017-18 के लिए वित्तीय घाटा का लक्ष्य 3.2% निर्धारित किया गया है। 2016-17 के बजट अनुमानों (BE) में राजस्व घाटा जीडीपी का 2.3 प्रतिशत था जो संशोधित अनुमानों (RE) में घटकर 2.1% हो गया। अगले वर्ष के लिए राजस्व घाटे का लक्ष्य 1.9% निर्धारित किया गया है।

91. (3) भारत में बैंक दर का निर्धारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किया जाता है। यह वह दर है जिस पर आरबीआई किसी कॉलैटेरल के बिना व्यापारिक बैंकों को ऋण प्रदान करता है (आरबीआई अधिनियम 1934 धारा 49)। आरबीआई अपने उपभोक्ताओं को (कॉलैटेरल के साथ) अल्पकालीन ऋण भी प्रदान करता है जिसे रेपो दर कहते हैं।

92. (3) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत एक रुपया के नोटों को छोड़कर विभिन्न मूल्य वर्ग के नोटों को जारी करने का एकमात्र अधिकार आरबीआई को है। एक रुपया का नोट वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया

जाता है और इस पर वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं, जबकि अन्य मुद्रा नोटों पर आरबीआई के गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं।

93. (1) फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) भारत में व्यापारिक संगठनों का एक संघ है। जीडी बिडला और पुरुषोत्तम दास ठाकुरदास द्वारा महात्मा गाँधी की सलाह पर 1927 में स्थापित यह भारत में सबसे बड़ा, सबसे पुराना और सर्वोच्च व्यापारिक संगठन है।

94. (4) मुद्रा पैसे या धन के उस रूप को कहते हैं जिससे दैनिक जीवन में खरीद और बिक्री होती है। इसमें सिक्के और कागज के नोट दोनों आते हैं। आमतौर से किसी देश में प्रयोग की जाने वाली मुद्रा उस देश की सरकारी व्यवस्था द्वारा बनाई जाती है। मसलन भारत में रुपया एवं पैसा मुद्रा है जिसके सिक्के एवं नोट भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं।

95. (3) राज्य वित्तीय निगम (एसएफसी) राज्य स्तर के वित्तीय संस्थान हैं जो संबंधित राज्य में छोटे और मध्यम उद्यमों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, एसएफसी संतुलित क्षेत्रीय विकास, उच्च निवेश, अधिक रोजगार उत्पादन और उद्योगों के व्यापक स्वामित्व को सुनिश्चित करने में सहायक हैं।

96. (3) एक ऋण उपकरण (A debt instrument) एक पेपर या इलेक्ट्रॉनिक दायित्व है जो जारी करने वाली पार्टी को अनुबंध की शर्तों के अनुसार ऋणदाता को चुकाने का वादा करके धन जुटाने में सक्षम बनाता है। ऋण उपकरणों के प्रकार में वाणिज्यिक कागजात, बॉण्ड, डिबेंचर, जमा प्रमाणपत्र, बंधक, पट्टे या ऋणदाता और उधारकर्ता के बीच अन्य समझौते शामिल हैं।

97. (3) जीएसटी के अंतर्गत 'रचना योजना' में, करदाताओं को अपने त्रैमासिक कुल कारोबार पर कर चुकाना होगा। कर की दर, निर्माताओं के लिए 2% मानव उपभोग (शराब के बिना) और व्यापारियों (अन्य) के लिए 1% के लिए भोजन और पेय के प्रदायक के लिए 5% है। एक करोड़ रुपये तक के कारोबार वाले व्यवसायी जीएसटी के अंतर्गत संरचना योजना का चयन कर सकते हैं।

98. (4) एब्बा पी. लर्नर रूस में पैदा हुए एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री थे जिन्होंने पूर्ण रोजगार समेत सुनिश्चित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्यात्मक वित्त, उद्देश्यपूर्ण वित्तीयन (और वित्त पोषण) के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। लर्नर ने वितरक दक्षता की अवधारणा को भी विकसित किया।

99. (3) एम 2 में एम 1 और इसके अलावा, बैंकों और कुछ मनी मार्केट फंडों में अल्पकालिक जमा शामिल हैं। भारत में, एम 2 = एम 2 = एम 1 + पोस्ट ऑफिस सेविंग्स शामिल हैं। इस प्रकार एम 2 में कम समय के लिए की गई जमा राशि, मनी मार्केट म्यूचुअल फंड और चेक द्वारा की गई जमा राशि शामिल हैं।

100. (3) रेपो दर वह दर है जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक (भारत के संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) किसी भी तरह की धनराशि की कमी होने पर वाणिज्यिक बैंकों को धनराशि देता है। रेपो दर का उपयोग मौद्रिक अधिकारियों द्वारा मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

101. (4) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) भारत में बाजारों का नियामक है। इसे पहली बार 1988 में प्रतिभूति बाजार को विनियमित करने के लिए एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था। यह 12 मई, 1992 को भारत सरकार द्वारा एक स्वायत्त निकाय बन गया और 1992 में सेबी अधिनियम 1992 के तहत इसे वैधानिक शक्तियाँ प्रदान गईं।

102. (4) उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद 12 दिसम्बर, 2018 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के 25वें गवर्नर के रूप में शक्तिकान्त दास ने पदभार सम्भाला। वह 1980 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी हैं। वर्ष 2017 में, जी-20 के विकास ट्रैक के लिए 31 दिसम्बर, 2018 तक उन्हें भारत का शेरपा नियुक्त किया गया था।

103. (1) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 भारत में एक कानून है जो भारत में सभी बैंकिंग फर्मों को नियंत्रित करता है। बैंकिंग कंपनी अधिनियम 1949 में पारित, यह 16 मार्च, 1949 से लागू हुआ और 1 जनवरी, 1966 से बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 में बदल गया।

104. (4) एक राजकोषीय घाटा तब होता है जब सरकार का कुल व्यय राजस्व से अधिक होता है, जो ऋण के पैसे को छोड़कर होता है। राजकोषीय घाटा एक खाई है जिसके द्वारा सरकार का कुल व्यय सरकार के कुल उत्पन्न राजस्व से अधिक होता है। हालांकि, इसमें सरकारी उधारी शामिल नहीं है।

राजकोषीय घाटा = कुल व्यय-उधार को छोड़कर कुल प्राप्तियां

105. (3) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) एक मिश्रित संकेतक है जो एक चुने हुए आधार अवधि में उत्पादन की मात्रा के संबंध में एक निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों की एक टोकरी के उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन को मापता है। डेटा सामान्य सूचकांक के साथ-साथ प्रत्येक उद्योग समूह के लिए संदर्भित करता है। IIP की वर्तमान शृंखला के लिए आधार वर्ष 2011-12 है।

106. (1) बैंकों द्वारा उनकी सबसे बड़ी, सबसे सुरक्षित और अल्पकालिक ऋण पर सबसे अधिक ऋण लेने वाले ग्राहकों द्वारा दिए जाने वाले ब्याज दर को प्राइम लेंडिंग रेट कहा जाता है। इस दर का उपयोग अन्य उधारकर्ताओं के लिए ब्याज दरों की गणना के लिए एक गाइड के रूप में किया जाता है।

107. (2) नकद आरक्षी अनुपात (केश रिजर्व रेशो, सीआरआर) एक निश्चित अनुपात होता है जिस अनुपात में बैंकों को अपने पास उपलब्ध नकदी का कुछ हिस्सा केन्द्रीय बैंक के पास जमा रखना पड़ता है । सीआरआर बढ़ाने का मतलब यह भी है कि बैंकों के पास उधार देने के लिए कम पैसा है। वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त तरलता की अनुपस्थिति में, बैंकों को पैसे की मांग को कम करने के लिए अपनी उधार दरों में वृद्धि करनी होती है। दूसरी ओर, सीआरआर में कटौती से बाजार में अधिक तरलता फैल जाती है और बैंकों पर इन फंडों को उधार देने के लिए दबाव डाला जाता है।

108. (4) स्वचालित डेटा प्रवाह (ADF) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक एक केंद्रीकृत डेटा रिपॉजिटरी (CDR) की मदद से RBI को अपने रिटर्न जमा करते समय मैन्युअल हस्तक्षेप को समाप्त करने और सूचना की एकरूपता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करके पूर्ण स्वचालन प्राप्त करता है।

109. (4) तत्काल भुगतान सेवा [Immediate Payment Service, (IMPS)] भारत में एक त्वरित भुगतान हेतु अंतर-बैंक इलेक्ट्रॉनिक धन हस्तांतरण प्रणाली है। IMPS मोबाइल फोन के माध्यम से अंतर-बैंक इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सेवा प्रदान करता है। NEFT और RTGS के विपरीत, यह सेवा बैंक की छुट्टियों सहित पूरे वर्ष में 24/7 उपलब्ध रहती है।

110. (2) जीएसटीआईएन माल और सेवा कर पहचान संख्या के लिए है। यह एक अनूठी 15-अंकीय अल्फ़ान्यूमेरिक कोड है जो प्रत्येक इकाई को सौंपा गया है जो सफलतापूर्वक जीएसटी के तहत पंजीकृत है। यह संख्या जीएसटी शासन के तहत किए गए सभी लेनदेन का पता लगाने के लिए एकमात्र संदर्भ संख्या है।

111. (4) परिशोधन को योजनाबद्ध, मूल और ब्याज के वृद्धिशील भुगतान द्वारा समय के साथ बकाया राशि का भुगतान करने के रूप में जाना जाता है। समय के साथ नियमित मूलधन और ब्याज भुगतान के माध्यम से ऋण चुकाने की प्रक्रिया में परिशोधन का उपयोग किया जाता है। यह एक विशिष्ट अवधि में अमूर्त संपत्ति से संबंधित पूंजीगत व्यय से फैलने का भी उल्लेख कर सकता है - आमतौर पर संपत्ति के उपयोग पूर्ण जीवन पर।

112. (1) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत के सबसे बड़े सरकारी स्वामित्व वाली बैंकों में से एक है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। यह 11 नवंबर, 1919 को मुंबई में एक लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत किया गया था और इसका शुभारंभ महात्मा गांधी द्वारा किया गया था। यूबीआई की लगभग 4,300 शाखाएँ हैं।

113. (1) भारत के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अप्रैल और मई 2019 में अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बंधनों को जारी करने और मुनाफे के लिए अधिकृत किया गया था। बांड को तीन पंक्ति में बेचा गया था। 29 निर्दिष्ट एसबीआई शाखाएँ विभिन्न शहरों में थीं, जिनमें नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गांधीनगर, चंडीगढ़, रांची और बेंगलुरु शामिल हैं।

114. (4) भीम (भारत इंटरफेस फॉर मनी) इंटरनेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा विकसित एक मोबाइल भुगतान ऐप है। यह दिसंबर 17 नवम्बर, 2016 को नई दिल्ली में स्थित तालकटोरा स्टेडियम में डिजी-धन मेले में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। इसे बी. आर. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया है।

115. (2) Swift का अर्थ है :

Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunication. ला हल्पे, बेल्जियम में आधारित, यह एक ऐसा नेटवर्क प्रदान करता है जो दुनिया भर में वित्तीय संस्थानों को सुरक्षित, मानकीकृत और विश्वसनीय वातावरण में वित्तीय लेनदेन के बारे में जानकारी भेजने और प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। स्विफ्ट वित्तीय संस्थानों को सॉफ्टवेयर और सेवाएं भी बेचता है।

116. (2) चालू खाताधारकों को बैंक खाते की शेष राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलता है। एक चालू खाता बिना ब्याज का जमा खाता है। चालू खाता धारक को ओवरड्राफ्ट सुविधा का एक महत्वपूर्ण लाभ मिलता है।

117. (2) 1937 में, थिरु एम सीटी एम चिदंबरम चेट्टियार ने विदेशी बैंकिंग और विदेशी मुद्रा परिचालन को प्रोत्साहित करने के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) की स्थापना की। IOB ने करैकुडी, मद्रास और रंगून (यांगून) में एक साथ तीन शाखाओं की शुरुआत की।

118. (2) केंद्रीय राजस्व अधिनियम को 1963 में प्रख्यापित किया गया था। इसने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) और केंद्रीय राजस्व बोर्ड के स्थान पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड और सीमा शुल्क की स्थापना के लिए प्रावधान किया था।

119. (3) पनीर सेल्वम समिति की स्थापना 1997 में भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के मुद्दे का अध्ययन करने के लिए की गई थी। 1998 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में, इसने एक प्रभावी उपकरण के रूप में मध्यस्थता अधिनियम 1996 के तहत मध्यस्थता/सुलह का सुझाव दिया। समिति ने बताया कि एनपीए के बढ़ने का मुख्य कारण पुरातन विधिक प्रणाली और देश में प्रचलित कानून थे।

120. (3) राज्य वित्तीय निगम अधिनियम 1951 में पारित किया गया था। इसने राज्य सरकारों द्वारा भारत में 17 राज्य वित्त निगमों (SFC) की स्थापना की। वर्तमान में 18 राज्य वित्त निगम हैं। कंपनी अधिनियम, 1949 के तहत स्थापित तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड, राज्य वित्त निगम के रूप में भी काम कर रहा है।

121. (4) अर्थशास्त्र में, ग्रेशम का नियम एक मौद्रिक सिद्धांत है जिसमें कहा गया है कि ''बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को प्रचलन से बाहर कर देती है।'' उदाहरण के लिए, यदि प्रचलन में कमोडिटी मनी के दो रूप हैं, जो कानून द्वारा समान अंकित मूल्य के रूप में स्वीकार किए जाते हैं, तो अधिक मूल्यवान वस्तु धीरे-धीरे प्रचलन से गायब हो जाएगी।

122. (2) भारतीय रिजर्व बैंक के शहरी बैंक विभाग को प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के विनियमन और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी जाती है, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के रूप में जाना जाता है।

123. (3) पेमेंट ऑफ ग्रैच्युटी एक्ट, 1972 के अनुसार एक कर्मचारी ग्रेच्युटी पाने के लिए तभी योग्य है, जब उसने किसी संगठन के साथ कम से कम पाँच वर्ष तक काम किया हो तब कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति पर या इस्तीफे के समय ग्रेच्युटी राशि प्राप्त करने के लायक हो जाता है।

124. (3) एक ब्लू-चिप स्टॉक कंपनी एक उत्कृष्ट प्रतिष्ठा वाली एक बड़ी कंपनी होती है। ये आम तौर पर बड़ी, और अच्छी तरह से स्थापित और आर्थिक रूप से मजबूत कंपनियां होती हैं जो कई वर्षों से संचालित होती हैं और जो अक्सर निवेशकों को लाभांश का भुगतान करते हैं। एक ब्लू-चिप स्टॉक में आमतौर पर अरबों रुपये में बाजार का पूंजीकरण होता है। यह आमतौर पर अपने क्षेत्र की शीर्ष तीन कंपनियों में से एक होता है।

125. (3) सितंबर 2015 में बंधन बैंक ने एक नए अभियान-'आपका भाला-सबकी भलाई' के साथ-साथ अपनी ब्रांड छवि को रिफर्बिश करने के उद्देश्य से, ओगिली इंडिया द्वारा बनाया गया, नया अभियान शुरू किया जिसका अर्थ है कि बैंक न केवल अपने ग्राहकों की मदद करेगा, बल्कि उन्हें जरूरत में अन्य लोगों की मदद करने का मौका भी देगा।

126. (3) प्रॉविडेंट फंड कर्मचारियों के लाभ के लिए एक कल्याणकारी योजना है। नियोक्ता और कर्मचारी दोनों ही अपने हिस्से की राशि का योगदान करते हैं लेकिन पूरी राशि नियोक्ता द्वारा जमा की जाती है। नियोक्ता कर्मचारी के वेतन से कर्मचारी के हिस्से में कटौती करता है।

127. (4) बैंक दर वह ब्याज दर है जिस पर एक देश का केन्द्रीय बैंक घरेलू बैंकों को पैसा देता है जो अकसर बहुत ही अल्पकालिक ऋण के रूप में होता है। केन्द्रीय बैंक, बैंक दर के द्वारा ही आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं।

128. (1) एक्सिस बैंक देश का पहला ऐसा बैंक है जिसने आधार आधारित लेन-देन के लिए आइरिस स्कैन ऑथेंटिकेशन फीचर शुरू किया। यह सेवा जिसके लिए एक ग्राहक को एक टैबलेट पर अपने आईरिस को स्कैन करने की आवश्यकता होती है। इससे बैंक को ग्रामीण व अन्य क्षेत्रों में अपने उपभोक्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

129. (2) प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन असंगठित श्रमिकों के लिए एक पेंशन योजना है जिसकी मासिक आय 15000/- रुपये या उससे कम है और जिनके पास आधार संख्या और बचत बैंक खाता है। यह एक स्वैच्छिक और योगदान आधारित योजना है जिसके तहत लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु से 3000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित की जाती है।

130. (2) एक्सिस बैंक, भारत का तीसरा सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है, जो 24 फरवरी, 2012 को एक नए ब्रांड अभियान - 'बढ़ती का नाम जिंदगी' की शुरुआत करने की घोषणा की। ग्राहक केंद्रित बैंक के रूप में अपनी साख स्थापित करने के लिए, नए अभियान का लक्ष्य है : प्रगति में बैंक को पसंदीदा भागीदार के रूप में उजागर करें।

131. (3) इंडियन फिनांसियल सिस्टेमैटिक कोड का ही संक्षिप्त प्रारूप 'आईएफएससी' (IFSC) है। यह 11 अंकों का एक कोड है जिसे बैंक आमतौर पर बैंकों द्वारा चेक, पते व बैंकों द्वारा प्रायोजित अन्य सामग्रियों पर देखा जा सकता है। यह 11 अंकों का कोड व्यक्तिगत बैंक शाखाओं की पहचान करने में मदद करता है, साथ ही NEFT और RTGS जैसे विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन मनी ट्रांसफर में भी मददगार है।

132. (4) एनईएफटी का मतलब नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर है। यह RBI द्वारा अनुरक्षित एक इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सिस्टम है जो भारत में बैंक ग्राहकों को किसी भी एक आधार पर दो एनईएफटी-सक्षम बैंक खातों के बीच फंड ट्रांसफर करने में सक्षम बनाता है। एनईएफटी कैलेंडर माह के 24 × 7 के बीच होने वाली 23 भुगतानों का आधे घंटे के बैच में फंड ट्रांसफर करता है।

133. (1) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तत्वावधान में, MUDRA ने लाभार्थी सूक्ष्म इकाई की वृद्धि और वित्त पोषण की आवश्यकताओं के चरण के अनुसार तीन उत्पाद यानी 'शिशु', 'किशोर' और 'तरुण' बनाए हैं। ये योजनाएं ऋण राशि को निम्नानुसार कवर करती हैं:

- शिशु : 50,000 रुपये तक के ऋण को कवर करना।
- किशोर : 50,000 रुपये से 5,00,000 रुपये के ऊपर तक के ऋण को कवर करना।
- तरुण : 5,00,000 और 10,00,000 रुपये से ऊपर के ऋण को कवर करना।

134. (1) रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) एक केंद्रीय बैंक की पुस्तकों के क्रेडिट के साथ डेबिट के बिना व्यक्तिगत ऑर्डर के आधार पर भुगतानों को निपटाने की निरंतर प्रक्रिया है (जैसे, लेनदेन को बंडल करना)। एक बार पूरा होने के बाद, वास्तविक समय सकल निपटान भुगतान अंतिम और अपरिवर्तनीय हैं।

135. (1) भारत में कर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा लगाया जाता है। कुछ छोटे कर भी स्थानीय अधिकारियों जैसे नगर पालिका और स्थानीय सरकारों द्वारा लगाए जाते हैं। स्टैंप ड्यूटी और पंजीकरण भारत में प्रमुख राज्य कर हैं।

136. (4) मनोहर सिंह गिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं, उन्होंने युवा मामलों और खेल मंत्री के रूप में कार्य किया है। वह भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं।

137. (4) 30 जुलाई, 2007 से यूटीआई बैंक ने अपना नाम बदलकर एक्सिस बैंक कर लिया। यूटीआई बैंक के रूप में बैंक की स्थापना दिसम्बर 1993 में हुई थी, यूटीआई बैंक ने अहमदाबाद में अपना पंजीकृत कार्यालय और मुंबई में कॉर्पोरेट कार्यालय खोला। 1993 में भारत सरकार द्वारा नए निजी बैंकों को स्थापित करने की अनुमति देने के बाद, बैंक ने अपना परिचालन शुरू किया।

138. (2) सुनील अरोड़ा भारत के वर्तमान और 23 वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। वे एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (A-WEB) के अध्यक्ष भी हैं। वे राजस्थान कैडर के 1980 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएसए) अधिकारी हैं। उन्होंने दो मंत्रालयों में भारत सरकार के सचिव के रूप में भी कार्य किया।

139. (2) डेबिट कार्ड में 16 अंक होते हैं और प्रत्येक संख्या का एक विशिष्ट अर्थ होता है। इन अंकों को एक स्थायी खाता संख्या या पैन के रूप में भी जाना जाता है। पहले 6 अंक बैंक पहचान संख्या हैं और शेष 10 अंक कार्ड धारक का एक विशिष्ट खाता संख्या है। इसकी समाप्ति की तारीख और वर्ष डेबिट कार्ड पर भी लिखा जाता है ताकि कार्ड धारक को यह ज्ञात हो की उसके कार्ड की अवधि कब तक है।

140. (3) मोरारजी देसाई द्वारा अधिकतम 10 बार केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया है। पी. चिदंबरम आठ केंद्रीय बजट पेश कर दूसरे स्थान पर हैं। प्रणब मुखर्जी, यशवंत सिन्हा, वाईबी चव्हाण और सीडी देशमुख प्रत्येक ने सात बार केंद्रीय बजट पेश किए हैं।

141. (1) 2000 रुपये के भारतीय बैंकनोट के पार्श्व भाग में मंगलयान का चित्र है, जो भारत के पहले इंटरप्लेनेटरी स्पेस मिशन और स्वच्छ भारत अभियान के लिए लोगो और टैग लाइन का प्रतिनिधित्व करता है। इसके अग्र भाग में महात्मा गांधी का चित्र, अशोक स्तंभ प्रतीक और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के हस्ताक्षर हैं।

142. (4) इलाहाबाद बैंक एक राष्ट्रीयकृत बैंक है जिसका मुख्यालय कोलकाता में है। बैंक की स्थापना 1865 में इलाहाबाद में हुई थी। यह भारत का सबसे पुराना संयुक्त स्टॉक बैंक है। 30 अगस्त, 2019 को, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडियन बैंक के साथ इलाहाबाद बैंक के विलय की घोषणा की।

143. (3) करेंसी नोट में पैनल पर 15 भाषाएँ होती हैं जो नोट के पीछे की तरफ दिखाई देती हैं।

- भारतीय मुद्रा नोटों में छः अनुसूचित भाषाएँ गायब हैं।
- पीएमओ ने आरबीआई के सिक्कों और मुद्रा प्रभाग को शेष छः भाषाओं को शामिल करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया है।
- वर्तमान में, भारत में कुल 22 अनुसूचित भाषाएँ हैं।

144. (2) बंधन बैंक एक राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है।

- बंधन बैंक लिमिटेड एक भारतीय बैंकिंग और वित्तीय सेवा कंपनी है जिसका मुख्यालय कोलकाता में है।
- 1969 में इलाहाबाद बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और देना बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- 1 अप्रैल, 2019 को, दो बैंकों (देना बैंक और विजया बैंक) को बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय कर दिया गया, इसलिए प्रभावी रूप से कुल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 19 से घटकर 17 हो गई है।

145. (3) जब शेयर बाजार में सूचीबद्ध कोई कंपनी फंड जुटाने के लिए सार्वजनिक तौर पर अपने शेयर बेचने की पेशकश करती है तो इसे फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (FPO) कहा जाता है।

- पहली पेशकश आईपीओ कहलाती है, जिसके बाद कंपनी लिस्टेड होती है।
- आईपीओ वह प्रक्रिया है, जब कोई गैर सूचीबद्ध कंपनी फंड जुटाने के लिए पहली बार आम निवेशकों को अपना शेयर बेचने की पेशकश करती है।
- कंपनियाँ आमतौर पर एफपीओ की घोषणा इक्विटी बढ़ाने या कर्ज कम करने के लिए करती हैं।
- एफपीओ के दो मुख्य प्रकार डिलूटिव हैं (मतलब नए शेयर जोड़े जाते हैं) और गैर-डिलूटिव (वर्तमान निजी शेयरों को सार्वजनिक रूप से बेचा जाता है)।

146. (1) भारतीय रिजर्व बैंक ने केरल में जिला सहकारी बैंकों के विलय के लिए अंतिम मंजूरी दे दी है।

- राज्य में जिला सहकारी बैंकों (डीसीबी) को केरल बैंक बनाने के लिए केरल राज्य सहकारी बैंक के साथ समामेलित किया जाएगा।
- इस व्यवस्था के तहत, 13 डीसीबी को केरल राज्य सहकारी बैंक में विलय कर दिया जाएगा।

147. (4) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) एक स्वायत्त, वैधानिक निकाय है।

- यह भारत में बीमा और पुनर्बीमा उद्योगों को विनियमित और बढ़ावा देता है।
- यह भारत सरकार द्वारा पारित संसद के एक अधिनियम, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 द्वारा गठित किया गया था।
- एजेंसी का मुख्यालय हैदराबाद, तेलंगाना में है, जहाँ यह 2001 में दिल्ली से स्थानांतरित हुआ था।

148. (4) रेपो दर वह दर है जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक किसी भी तरह की धनराशि की कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को धन उधार देता है।

- रिवर्स रेपो दर वह अल्पकालिक उधार दर है जिस पर आरबीआई बैंकों से धन उधार लेता है।
- भारत में रेपो दर और रिवर्स रेपो दर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तय की जाती है।

149. (2) 19 जुलाई, 1969 को सरकार द्वारा 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किए जाने के बाद से बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस अस्तित्व में आया।

- बैंकिंग में राष्ट्रीयकरण का दूसरा चरण अप्रैल 1980 में लागू हुई।
- भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वर्तमान में भारत में 19 राष्ट्रीयकृत बैंक हैं।
- भारतीय स्टेट बैंक एक राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है।
- यह एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।
- भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 से एसबीआई को शक्ति प्राप्त है।
- आईडीबीआई, बीएमबी और एसबीआई के सहयोगी बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंकों के अंतर्गत नहीं आते हैं क्योंकि 1969 और 1980 में बैंकिंग कंपनियों के अधिनियम के तहत उनका राष्ट्रीयकरण नहीं किया गया था।

150. (1) वर्ष के अंत में एकमुश्त भुगतान के बदले अग्रिम भुगतान किए गए आयकर को अग्रिम कर कहा जाता है।

- सभी करदाता जो अग्रिम कर का भुगतान करने के पात्र हैं, उन्हें 15 जून तक 15% अग्रिम कर का भुगतान करना होगा।
- उन्हें 15 सितम्बर तक 45% अग्रिम कर, 15 दिसम्बर, तक 75% और 31 मार्च तक 100% अग्रिम कर का भुगतान करना होगा।

151. (3) 1875 में स्थापित बीएसई (औपचारिक रूप से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है।
- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना 19वीं शताब्दी के बॉम्बे के एक प्रभावशाली व्यवसायी प्रेमचंद रॉयचंद ने की थी।
- 31 अगस्त, 1957 को बीएसई भारतीय प्रतिभूति अनुबंध विनियमन अधिनियम के तहत भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टॉक एक्सचेंज बन गया।

152. (2) मर्चेंट डिस्काउंट रेट (वैकल्पिक रूप से जिसे ट्रांजेक्शन डिस्काउंट रेट या टीडीआर के रूप में संदर्भित किया जाता है), उन सभी शुल्कों और करों का कुल योग होता है, जो एक डिजिटल भुगतान पर निर्भर करता है।
- उदाहरण के लिए, मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) में बैंक शुल्क शामिल होते हैं, जो बैंक ग्राहकों और व्यापारियों को डिजिटल रूप से भुगतान करने की अनुमति देता है।
- इसी तरह, एमडीआर में प्रसंस्करण शुल्क भी शामिल होता है जो एक भुगतान समूहक को अपनी सेवा के लिए ऑनलाइन या मोबाइल वॉलेट या वास्तव में बैंकों को भुगतान करना पड़ता है।
- 1 जनवरी, 2020 से 50 करोड़ से अधिक के वार्षिक कारोबार वाले व्यवसायों को ग्राहकों को कम लागत वाले डिजिटल भुगतान विकल्प देने होंगे और मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को ग्राहकों या व्यापारियों पर नहीं लगाया जाएगा।

153. (3) रेपो दर से तात्पर्य उस दर से है जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी प्रतिभूतियों को देश के केंद्रीय बैंक यानी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बेचकर धन की कमी के कारण या कुछ वैधानिक उपायों के कारण तरलता बनाए रखने के लिए पैसा उधार लेते हैं।
- यह मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए आरबीआई के मुख्य उपकरणों में से एक है।
- मुद्रास्फीति के उच्च स्तर के दौरान, आरबीआई अर्थव्यवस्था में धन के प्रवाह को नीचे लाने के लिए मजबूत प्रयास करता है।
- ऐसा करने का एक तरीका रेपो दर में वृद्धि करना है।
- यह व्यवसायों और उद्योगों के लिए एक महँगा मामला है, जो बदले में बाजार में निवेश और पैसे की आपूर्ति को धीमा कर देता है।
- परिणामस्वरूप, यह अर्थव्यवस्था की वृद्धि को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जो मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद करता है।

154. (4) जुलाई 1982 में नाबार्ड अस्तित्व में आया।
- नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड), राष्ट्र निर्माण के लिए ग्रामीण समृद्धि के लिए काम करता है।
- यह स्थायी और न्यायसंगत कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देता है।

155. (3) सांख्यिकी मंत्रालय ने पूर्व मुख्य सांख्यिकीविद् प्रणब सेन की अध्यक्षता में सांख्यिकी (एससीईएस) पर एक 28 सदस्यीय स्थायी समिति का गठन किया है।
- इसका उद्देश्य राजनीतिक हस्तक्षेप पर सरकार की आलोचना के बीच डेटा की गुणवत्ता में सुधार करना है।
- इससे पहले जीओआई ने डेटा गुणवत्ता के मुद्दों की शिकायत करते हुए 2017-18 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण परिणामों को जारी नहीं करने का फैसला किया था।
- MoSPI ने तब घोषणा की थी कि डेटा गुणवत्ता शोधन शामिल करने के बाद 2020-21 में सर्वेक्षण किया जाएगा।

156. (1) मई 2016 में, आरबीआई अधिनियम, 1934 में लचीली मुद्रास्फीति-लक्ष्यीकरण ढांचे के कार्यान्वयन हेतु एक वैधानिक आधार प्रदान करने के लिए संशोधन किया गया था।
- संशोधन से पहले, लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्यांकन (FIT) ढांचे के कार्यान्वयन हेतु एक संविधिक आधार प्रदान करने हेतु सरकार और आरबीआई के बीच 20 फरवरी, 2015 को मौद्रिक नीति ढांचे पर एक समझौता किया गया था।

157. (4) पहले तीन-तरफा समामेलन में, विजया बैंक और देना बैंक का देश के तीसरे सबसे बड़े ऋणदाता को बनाने के लिए 1 अप्रैल, 2019 से बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) के साथ विलय हो गया।
- नई इकाई के पास अब लगभग 9,500 शाखाओं और पूरे भारत में लगभग 13,000 एटीएम का नेटवर्क है।
- विलय के बाद, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या घटकर 18 हो गई।

158. (3)भारत में क्रिसिल, इक्रा, केयर, स्मेरा, फिच इंडिया और ब्रिकवर्क रेटिंग जैसी कई प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ हैं, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के साथ पंजीकृत हैं। भारतीय रिजर्व बैंक भारत का केंद्रीय बैंक है, जो भारतीय रुपये की आपूर्ति और जारी करने और भारतीय बैंकिंग प्रणाली के विनियमन के लिए जिम्मेदार है।

159. (1) भारतीय रिजर्व बैंक का 1 जनवरी, 1949 से भारतीय रिज़र्व बैंक (सार्वजनिक स्वामित्व में स्थानांतरण) अधिनियम, 1948 के आधार पर राष्ट्रीयकरण किया गया था। उपयुक्त मुआवजे के भुगतान पर बैंक की पूंजी के सभी शेयरों को केंद्र सरकार को हस्तांतरित कर दिया गया।

160. (4) आरबीआई अधिनियम की धारा 7 मूल रूप से सरकार को आरबीआई बोर्ड को अधिक्रमण करना और केंद्रीय बैंक को निर्देश जारी करने का अधिकार देती है यदि उन्हें 'सार्वजनिक हित में आवश्यक' लगता है। इस शक्ति के उपयोग में दो सुरक्षा उपाय हैं। सबसे पहले, केंद्र सरकार को आरबीआई के साथ पूर्व परामर्श करना होगा और दूसरा, सार्वजनिक हित के नाम पर लक्ष्य आवश्यक होने चाहिए।

161. (2) गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) 1 जुलाई, 2017 से भारत के संविधान के 101 वें संशोधन के कार्यान्वयन से लागू हुआ। इस कर को केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए वर्तमान कई कैस्केडिंग करों से बदल दिया गया। यह वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाता है।

162. (1) जीएसटी परिषद ने जीएसटी के तहत 5%, 12%, 18% और 28% के चार टैक्स स्तर के तहत 1300 से अधिक वस्तुओं और 500 सेवाओं को युक्त किया है। इस प्रकार, जीएसटी शासन के तहत 28% उच्चतम स्तर है। इस स्तर के तहत, 200 से अधिक उत्पादों - कारों, सिगरेट, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों, हाई-एंड मोटरसाइकिल, पान मसाला, वजन मशीन, सीमेंट को शामिल किया जाता है।

163. (2) बीज फसल बीमा योजना रबी मौसम 1999-2000 से शुरू की गई थी। इसे एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा लागू किया गया है। यह बीज उत्पादकों की विफलता की स्थिति में विलेख उत्पादकों को वित्तीय सुरक्षा और आय की स्थिरता प्रदान करने के लिए पेश किया गया था।

164. (3) भारतीय रिजर्व बैंक का 1 जनवरी, 1949 को रिजर्व बैंक (सार्वजनिक स्वामित्व का अंतरण) अधिनियम, 1948 के तहत राष्ट्रीयकरण किया गया था। तब से, आरबीआई ने भारत के सरकारी केंद्रीय बैंक के रूप में काम करना शुरू किया। इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी।

165. (3) इसके प्रस्तावना के अनुसार, रिजर्व बैंक के मामलों का संचालन केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है। इसमें एक गवर्नर होता है और चार से अधिक उप गवर्नर नहीं होते हैं। निदेशकों को चार साल की अवधि के लिए नियुक्त/नामित किया जाता है।

166. (2) जब किसी देश द्वारा मुद्रा की विनिमय दर अन्य देशों की मुद्राओं से कम कर दिया जाए (ताकि निवेश को बढ़ावा मिल सके) तो उसे अवमूल्यन कहते हैं।
- मुद्रा अवमूल्यन किसी देश की निर्यात गतिविधि को प्रोत्साहित करता है क्योंकि विदेशों से वस्तुएँ खरीदना महँगा हो जाता है, जबकि विदेशी व्यापारियों द्वारा संबंधित देश की वस्तुएँ खरीदना सस्ता हो जाता हैं।

167. (3) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का कॉर्पोरेट सेंटर नरीमन पॉइंट, मुंबई में स्थित है।

- एसबीआई (SBI) भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है साथ हीं यह विश्व का 43वां सबसे बड़ा बैंक भी है।

168. (3) यूटीआर का पूरा नाम "यूनिक ट्रांजेक्शन रेफरेंस" नंबर होता है।
- यह 22 कैरेक्टर कोड की एक "अद्वितीय लेनदेन संदर्भ संख्या" होती है जो किसी भी विनिमय (अदला बदली) की विशिष्ट पहचान करने के लिए आरटीजीएस प्रणाली में उत्पन्न होती है।
- यूटीआर की व्यवस्था पूर्वनिर्धारित होती है और एक्सचेंज शुरू करने वाले बैंक द्वारा इसे निर्मित की जाती है।

169. (1) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफ़सी बैंक को घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (D-SIB) के रूप में नामित किया है।
- आरबीआई ने 22 जुलाई, 2014 को घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) से निपटने के लिए रूपरेखा जारी की थी।

170. (2) बीएसई 1 अक्टूबर, 2018 को सोने और चांदी में कमोडिटी डेरिवेटिव अनुबंध शुरू करने वाला देश का पहला स्टॉक एक्सचेंज बन गया।
- उस समय तक, कमोडिटी अनुबंध केवल एमसीएक्स और एनसीडीईएक्स पर उपलब्ध थे, जो देश में दो विशेष कमोडिटी डेरिवेटिव एक्सचेंज हैं।

171. (1) भारतीय वित्तीय प्रणाली कोड (आईएफएस कोड) एक अक्षरांकीय कोड है जो भारत में इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध कराता है।
- यह कोड भारत की दो मुख्य भुगतान और निपटान प्रणालियों, तत्काल सकल निपटान (आरटीजीएस) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) में भाग लेने वाली बैंक शाखाओं को विशिष्ट रूप से चिन्हित करता है।
- आईएफएससी कोड एक 11 कैरेक्टर का कोड है जिसमें पहले चार ऐल्फाबेट बैंक का नाम दर्शाते हैं, और अंतिम छः कैरेक्टर (आम तौर पर अंक, परन्तु ऐल्फाबेट भी हो सकते हैं) शाखा दर्शाते हैं।
- पाँचवा कैरेक्टर 0 (शून्य) है व भविष्य के उपयोग के लिए सुरक्षित है।

172. (2) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) का मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।
- यह भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 के अन्तर्गत विकासशील उद्योगों और विकास संस्थानों की सहायता के लिए ऋण और अन्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।

173. (1) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक अप्रत्यक्ष कर (या उपभोग कर) है जिसका उपयोग भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर किया जाता है।
- इसने भारत में कई अप्रत्यक्ष करों की जगह ले ली है जैसे उत्पाद शुल्क, वैट, सेवा कर, आदि।
- माल और सेवा कर अधिनियम 29 मार्च, 2017 को संसद में पारित किया गया था और 1 जुलाई, 2017 को लागू हुआ था।

174. (1) भारतीय सिविल सेवा के सदस्य चिंतामन द्वारकानाथ देशमुख 1943 में ब्रिटिश राजअधिकारियों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय थे।
- इससे पहले, उन्होंने सचिव के रूप में और उस के बाद 1941 में बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया।
- बाद में उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल (1950–1956) में वित्तमंत्री के रूप में कार्य किया।

175. (1) तरलता से तात्पर्य उस दक्षता या सहजता से है जिसके साथ किसी परिसंपत्ति या सुरक्षा को उसके बाजार मूल्य को प्रभावित किए बिना तैयार नकदी में परिवर्तित किया जा सकता है। सभी संपत्तियों में सबसे अधिक तरल संपत्ति नकद ही है।
- कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष साधन हैं जिनका उपयोग किसी अर्थव्यवस्था में तरलता को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- उदाहरण के लिए, किसी देश का केंद्रीय बैंक तरलता का प्रबंधन करता है और बैंकों को पुनर्खरीद समझौतों या रेपो के माध्यम से धन उधार लेने या रिवर्स रेपो समझौतों के माध्यम से ऋण लेने का अवसर प्रदान करके आर्थिक स्थिरता प्रदान करता है।

176. (3) साख मुद्रा वह मुद्रा है जिसका मूल्य (अंकित मूल्य) मुद्रा के वस्तु मूल्य (आंतरिक मूल्य) से अधिक होता है।
- दूसरे शब्दों में, वह मुद्रा जिसका आंतरिक मूल्य (वस्तु के रूप में) उसके अंकित मूल्य से बहुत कम है, साख मुद्रा के रूप में जाना जाता है।
- साख मुद्रा में क्रेडिट कार्ड, डिमांड डिपॉजिट आदि शामिल हैं।

TYPE -VI

1. (3) सरकार निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करती है। जब एक देश अपनी मुद्रा की कीमत अन्य मुद्राओं के संदर्भ में कम कर देता है तो उसे मुद्रा का अवमूल्यन कहते हैं।

2. (4) उपर्युक्त सभी
'मुद्रा अवमूल्यन' करने से निर्यात सस्ता होता है एवं आयात मंहगा होता है, अतः अवमूल्यन के कारण भुगतान संतुलन के लिए एक उचित स्थिति प्रदान करता है। इसके साथ निर्यात संवर्धन और 'आयात प्रतिस्थापन' के उपायों को लागू किया जाय तो भुगतान संतुलन प्राप्त करने में वांछित सफलता ला सकता है।

3. (3) भारत अपनी यूरिया आवश्यकता का 80% पूर्ति घरेलू उत्पादन से करता है पर पोटाश (K) तथा फॉस्फेटिक (P) की आवश्यकता पूर्ति अधिकांशतः तथा आयात से करता है। भारत में यूरिया सर्वाधिक उपयोग में आने वाला उर्वरक है, जिसके बाद नाइट्रोजन उर्वरक तथा डी॰ए॰पी॰ आते है।

4. (3) डम्पिंग या पाटना, सामान्यतः अंतर्राष्ट्रीय कीमत भेदभाव की एक स्थिति है जिसमें आयात करने वाले देश में किसी वस्तु की कीमत निर्यात करने वाले देश की अपेक्षा कम होती है। इसे "अनुचित" व्यापार व्यवहार के रूप में माना जाता है क्योंकि यह आयात करने वाले बाजारों को क्षति पहुँचाता है।

5. (2) FDI : Foreign Direct Investment.
किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (forign direct investment FDI) कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंध में कुछ हासिल हो जाता है जिसमें उसका पैसा लगता है।

6. (3) भारत में ऐसी व्यापार नीति अपनायी जा रही है, जिसके तहत हम आयात प्रतिबन्धों को समाप्त करते हुए निर्यात सबर्द्धन संस्थाओं एवं योजनाओं के माध्यम से निर्यात बढ़ाने पर विशेष जोर दे रहे है। दिए गए विकल्प में व्यापार विकास प्राधिकरण, खनिज तथा धातु व्यापार निगम, भारतीय व्यापार निगम आदि निर्यात संवर्धन से संबंधित है। एम॰ एम॰ टी॰ सी॰ (मिनरल एंड मेटल कॉर्पोरेशन) भारत की सबसे बड़ी खनिज निर्यातक, कृषि उत्पादों की अग्रणी निर्यातक/आयातक, धातुओं की अकेली सबसे बड़ी निर्यातक/आपूर्तिकर्ता है, और कोयला तथा हाइड्रोकार्बन के आयात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

7. (1) नेट फैक्टर इन्कम फ्रॉम एब्रॉड (NFIA) से तात्पर्य देश के बाहर विदेशों में – मजदूरी, वेतन, लगान, ब्याज, लाभांश और लाभ के रूप में आय अर्जित करने वाले स्रोतों से है। इसके तीन घटक हैं : (a) कर्मचारियों का शुद्ध मुआवजा, (b) संपत्ति से शुद्ध आय जैसे उद्यमिता से आय, ब्याज, और लगान (जो कि लाभ और लाभांश है) और (c) विदेशों में स्थापित कार्यशील कंपनियों की शुद्ध अर्जित संपत्ति। विदेशों में कार्यरत भारतीय बैंकों द्वारा अर्जित लाभ 'उद्यमिता से आय' के अंतर्गत शामिल किया जाता है।

8. (2) आरबीआई के स्वामित्व वाली विदेशी मुद्रा/ परिसंपत्तियों, आरबीआई की स्वर्ण सम्पत्ति, स्पेशल ड्राइंग राइट्स (SDRs) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में जमा भारतीय मुद्रा को भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल किया जाता है। 29 जनवरी, 2016 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ₹23,528 बिलियन था।

3 अक्टूबर, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक के पास विदेशी विनिमय भंडार 400 बिलियन डॉलर को पार कर गया इस प्रकार भारत विदेशी विनिमय भंडार के मामले में आठवें स्थान पर पहुँच गया है।

9. (3) भारतीय रिजर्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अन्य सभी सदस्य देशों के साथ स्थायी विनिमय दरों को सम्पोषित करने के लिए उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की विनिमय दर को सम्पोषित करने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार के संरक्षक के रूप में कार्य करता है। यह विनिमय नियंत्रण प्रणाली को संचालित करता है।

10. (2) संविभाग (पोर्टफोलियो) निवेश को असुरक्षित माना जाता है। इसमें परिसंपत्तियों के समूह (पोर्टफोलियो) के रूप में निवेश किया जाता है, जिसमें इक्विटी सिक्युरिटीज, जैसे सामान्य शेयर और ऋण प्रतिभूतियों, जैसे बैंक नोट, बॉन्ड और डिबेंचर में ट्रांजेक्शंस (लेन-देन) को शामिल किया जाता है। संविभाग (पोर्टफोलियो) निवेश निष्क्रिय (passive) निवेश है, क्योंकि इसमें सक्रिय प्रबंधन या बॉन्ड जारी करने वाली कंपनी का नियंत्रण अपरिहार्य नहीं है। इसके बजाय, निवेश का एकमात्र उद्देश्य वित्तीय लाभ प्राप्त करना है। इसके विपरीत, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) निवेशक को एक निश्चित सीमा तक कंपनी को प्रबंधकीय रूप से नियंत्रित करने की अनुमति प्रदान करता है।

11. (2) वैश्वीकरण से तात्पर्य सीमा पार व्यक्तियों की गतिविधि, पूंजी और व्यापार के मुक्त प्रवाह की शर्तों के अंतर्गत वैश्विक अर्थव्यवस्था या अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था के एकीकरण से है। भारतीय संदर्भ में, यह भारत में आर्थिक गतिविधि के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश हेतु विदेशी कंपनियों को सुविधा प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए अर्थव्यवस्था को खोलने, भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध और बाधाओं को दूर करने तथा भारतीय कंपनियों को भारत में विदेशी परियोजनाओं में प्रवेश करने की अनुमति देने और उन्हें विदेशों में संयुक्त परियोजना की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने, प्रथमत: मात्रात्मक सीमा शुल्कों में भारी परिवर्तन द्वारा व्यापक आयात उदारीकरण कार्यक्रमों को निष्पादित करने और तत्पश्चात् विचारणीय रूप से आयात शुल्कों के स्तर में कमी करने, और निर्यातों को प्रोत्साहन देने के लिए निर्यातों की अधिकता के बजाय विनिमय दर समायोजनों को प्रेरक के रूप में चुनने पर लागू होता है।

12. (1) बैंक दर आधिकारिक रूप से ब्याज दर से संबंधित है जिस पर आरबीआई बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत व्यापारिक बैंकों/सहकारी बैंकों, विकास बैंकों इत्यादि को ऋण प्रदान करता है। ऐसे ऋण प्रत्यक्ष ऋण द्वारा या व्यापारिक बैंकों की हुंडियों और सरकारी हुंडियों की पुनर्कटौती (पुन: खरीद) द्वारा प्रदान किए जाते हैं। इस प्रकार बैंक रेट को डिस्काउन्ट रेट के नाम से भी जाना जाता है।

13. (1) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अधिनियम 1992 के अनुसार, सेबी प्रतिभूति निवेशकों के हितों की रक्षा एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए और प्रतिभूति बाजार को विनियमित करने के लिए जिम्मेदार है। व्यवसाय शेयर बाजारों एवं अन्य प्रतिभूति बाजारों को विनियमित करना सेबी का कर्तव्य है।

14. (2) फल, शहद के उत्पादन में वृद्धि तथा बागवानी के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सुनहरी क्रांति के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। तिलहन उत्पादन पीली क्रांति से संबंधित है।

15. (2) जब किसी देश का भुगतान शेष साम्यावस्था में हो तब अधिशेष या घाटे को भुगतान संतुलन से समाप्त कर दिया जाता है। जब किसी देश का भुगतान शेष साम्यावस्था में हो तब घरेलू मुद्रा की मांग और आपूर्ति बराबर होती है। मांग और आपूर्ति की यह स्थिति इस प्रकार न तो अनुकूल होती है और न ही प्रतिकूल।

16. (3) जब घरेलू मुद्रा की विनिमय दर में कोई आधिकारिक परिवर्तन हो, तो उसे पुनर्मूल्यांकन कहते हैं।

17. (1) अर्थशास्त्र में बहिर्मुखता उस लाभ या लागत को कहते है जो किसी गतिविधि या लेनदेन से उत्पन्न होते हैं और जिसका प्रभाव एक वैसी पार्टी पर पड़ता है जिसने उस लाभ या लागत को वहन करने की स्वीकृति नहीं दी हो। पर्यावरण प्रदूषण इसका एक उदाहरण है। इस सिद्धांत को पर्यावरण अर्थशास्त्र (इन्वाइरोनॉमिक्स) का बुनियादी सिद्धांत मानते हैं।

18. (3) सभी कीमती धातुओं में सोना मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाजार से संबंधित है क्योंकि इसका प्रयोग निवेश के रूप में किया जाता है। मानव इतिहास में सोना हमेशा पैसे के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। सोना आर्थिक क्षेत्रों या देशों के विशिष्ट मुद्रा समकक्ष के लिए एक सापेक्ष मानक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

19. (4) उस अर्थव्यवस्था को बंद या परिबद्ध अर्थव्यवस्था कहते है जिसमें बाहरी अर्थव्यवस्थाओं के साथ कोई संपर्क या गतिविधि नहीं किया जाता हो। एक बंद अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होती है और इसमें कोई आयात या निर्यात नहीं होता है। इसका मुख्य लक्ष्य अर्थव्यवस्था की सीमाओं के भीतर ही उपभोक्ताओं को हर कुछ प्रदान करना होता है।

20. (2) बंद अर्थव्यवस्था (Closed economy) से तात्पर्य ऐसी अर्थव्यस्था से है, जिसमें देश की सीमा के बाहर कोई आर्थिक गतिविधि आयोजित नहीं की जाती। बंद अर्थव्यवस्था पूर्णत: आत्मनिर्भर होती है जिसमें किसी भी प्रकार से वस्तुओं का आयात-निर्यात नहीं किया जाता है। ऐसी अर्थव्यवस्था का एकमात्र उद्देश्य-नागरिकों (उपभोक्ताओं) की प्रत्येक आवश्यकता की पूर्ति देश में ही निर्मित वस्तुओं से करना होता है।

21. (2) अनरिक्विटेड रिसीप्ट (Unrequited receipts) और पेमेंट को यूनिलैटरल ट्रांसफर (Unilateral transfers) के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इस प्रक्रिया में धन का प्रवाह (फ्लो) स्वत: (ऑटोमैटिक) विपरीत (रिवर्स) दिशा में न होकर केवल एक ही दिशा में होता है। इस ट्रांसफर प्रोसेस में रिपेमेंट (पुन: भुगतान) दायित्व शामिल नहीं है क्योंकि ये किसी प्रकार का उधार या कर्ज नहीं है, लेकिन विश्व में सरकारों और लोगों के बीच गिफ्ट्स (gifts) और ग्रांटस (grants) अर्थात् अनुदानों का आदान-प्रदान (exchanged) किया जाता है।

22. (2) आन्तरिक व्यापार (इनसाइडर ट्रेडिंग) कुछ व्यक्तियों द्वारा कंपनी की गैर-सार्वजनिक सूचना प्राप्त करते हुए सार्वजनिक कंपनी के शेयर या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने की प्रक्रिया से संबंधित है। यह मुख्यत: शेयर बाजार से संबंधित है। आन्तरिक व्यापार एक अनुचित प्रथा है, जिसमें दूसरा शेयर धारक महत्त्वपूर्ण आंतरिक गैर-सार्वजनिक सूचना के अभाव में अत्यधिक हानि की स्थिति में होता है।

23. (2) बन्दरगाह का पश्च प्रदेश वह क्षेत्र है जो आयातों और निर्यातों दोनों के लिए कार्य करता है। यह वह क्षेत्र है जहाँ से उत्पादों को पोत-परिवहन के माध्यम से कहीं भी भेजने के लिए बन्दरगाह को सौंप दिया जाता है। विशेष रूप से पश्च क्षेत्र के सिद्धान्त के अनुसार, पश्च प्रदेश बंदरगाह के पीछे अध: शायी एक आन्तरिक क्षेत्र है और इस पर समुद्र-तट के स्वामित्व वाले राज्य का अधिकार होता है।

24. (1) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) देश की सीमा में इसके निवासियों और विदेशियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का अनुमानित मूल्य है, जिसकी गणना एक वर्ष की अवधि के पूरा होने पर की जाती है। जीडीपी = उपभोग + निवेश + (सरकारी व्यय) + (निर्यात – आयात)। सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) देश के नागरिकों द्वारा अपनी भूमि पर या विदेशी भूमि पर उत्पादित वस्तुओं के उत्पादन और सेवाओं के कुल मूल्य का अनुमानित मूल्य है, जिसकी गणना एक वर्ष की अवधि के पूरा होने पर की जाती है। जीएनपी = जीडीपी + एनआर (विदेशी आस्तियों से प्राप्त शुद्ध आय (शुद्ध आय प्राप्तियाँ)। अत: यदि एनआर शून्य के बराबर है तो जीडीपी = जीएनपी। अन्य शब्दों में, जब निर्यात आयात के बराबर होता है, तब जीडीपी = जीएनपी।

25. (1) चालू खाता घाटा देश के व्यापार का मापक है जहाँ आयात की गई वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य निर्यात की गई वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य से अधिक होता है। वह देश जो चालू खाता घाटे की समस्या से पीड़ित है (अर्थात् शेष विश्व से प्राप्त बिक्री राशि की तुलना में विदेशी राष्ट्रों पर अधिक व्यय करता है) उसे आस्तियों को बेचकर या विदेशों से ऋण लेकर घाटे को पूरा करना चाहिए। इस प्रकार, किसी चालू खाते घाटे का अर्थप्रबन्ध शुद्ध पूंजी अन्तर्वाह द्वारा किया जाता है।

26. (2) व्यापार अवरोध सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर लगाए गए प्रतिबंध हैं। सीमा शुल्क-आयातों पर लगाया गया शुल्क - सबसे सामान्य अवरोध है। सीमा शुल्कों के कारण घरेलू वस्तुओं (घर में उत्पादित वस्तुओं) की अपेक्षा आयातित वस्तुओं की कीमत बढ़ जाती है।

27. (1) व्यापार का संतुलन देश के निर्यात और इसके आयात के बीच का अंतर है। जब निर्यात आयात से अधिक होता है, तो यह व्यापार अधिशेष है। अधिकांश राष्ट्र अनुकूल व्यापार संतुलन के रूप में मानते हैं। इसके विपरीत जब आयात का मूल्य निर्यात के मूल्य से अधिक होता है तो इसे व्यापार घाटा कहा जाता है। राष्ट्र इसे प्राय: अवांछनीय भुगतान संतुलन मानते हैं।

28. (3) भारत में विदेशी निवेश को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में जाना जाता है। यह एक निवेश है जो दूसरे देश में स्थित किसी उद्यम द्वारा एक देश के व्यवसाय में स्वामित्व को नियंत्रित करने हेतु किया जाता है। जून 2017 में जारी विश्व निवेश रिपोर्ट 2017 के अनुसार, भारत 2016 में पूरे विश्व में सर्वाधिक एफडीआई पाने वाले देशों की सूची में 9वें स्थान पर था।

29. (4) पिछले दशक के दौरान भारत की सेवाएँ और दूरसंचार क्षेत्र एफडीआई के उच्चतम प्राप्तकर्ता रहे हैं। कुल एफडीआई का दूरसंचार क्षेत्र में जहाँ 2005-2006 में 3.05% निवेश था, वहीं 2014-15 में यह बढ़कर 9.45% हो गया। दूरसंचार के उप-क्षेत्रों में लगातार एफडीआई प्राप्त हुई हैं: इसके अंतर्गत बेसिक और सेलुलर, एकीकृत अभिगम सेवाएँ, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी की सेवाएँ, वी-सैट, सार्वजनिक मोबाइल रेडियो ट्रंक सेवाओं (पीएमआरटीएस), वैश्विक मोबाइल व्यक्तिगत संचार सेवाएँ (जीएमपीसीएस) और अन्य।

30. (1) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) विश्व बैंक का हिस्सा है जो दुनिया के सबसे गरीब देशों की सहायता करता है। यह विकासशील देशों को 'सॉफ्ट-लोन' प्रदान करने वाली एजेंसी है। इसका उद्देश्य उन लोगों के लिए ऋण और अनुदान प्रदान करके गरीबी को कम करना है जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं, असमानताओं को कम करते हैं, और लोगों के जीवन स्तर की स्थिति में सुधार करते हैं।

31. (2) मुक्त व्यापार एक मुक्त बाजार नीति है जिसका कुछ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों द्वारा पालन किया जाता है, जिनमें देशों की सरकारें अन्य देशों से आयात या निर्यात को प्रतिबंधित नहीं करती है। विभिन्न देशों के खरीदारों और विक्रेता स्वैच्छिक रूप से वस्तु और सेवाओं पर टैरिफ, कोटा, सब्सिडी या प्रतिबंध लागू करने के बिना सरकार के साथ व्यापार कर सकते हैं। मुक्त व्यापार संरक्षणवाद या आर्थिक अलगाववाद के विपरीत है।

32. (1) जापान में स्थित निक्की, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज (टी.एस.ई.) के लिए एक स्टॉक मार्केट सूचकांक है। निक्की जापानी शेयर के लिए औसतन सबसे अधिक संदर्भित किया जाता है। वर्ष 1950 से ही इसकी निहोन केइजई शिम्बुन (Nikkei) समाचार पत्र द्वारा प्रतिदिन गणना की जाती है। इसे प्राय: निक्की, निक्की सूचकांक या निक्की स्टॉक एवेरेज के नाम से जाना जाता है, अपनी सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूँजीकरण के आधार पर यह एशिया का सबसे बड़ा व दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एवं दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है।

33. (2) भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट) को आसान शब्दों में किसी खास अवधि में एक देश में रहने वाले निवासियों और शेष दुनिया के बीच हुए वित्तीय लेन-देन का हिसाब कहा जा सकता है। दरअसल एक देश और शेष दुनिया के बीच में आयात- निर्यात के लिए होने वाला वित्तीय लेन-देन शामिल रहता है। इस आयात-निर्यात में वस्तुएँ, सेवाएँ, वित्तीय पूँजी और वित्तीय हस्तांतरण शामिल हैं। यह एक विशेष अवधि के आधार पर तैयार होता है। सामान्य रूप से इसे वार्षिक आधार पर तैयार किया जाता है। यह अकाउंट सरप्लस या डेफिसिट दोनों तरह का हो सकता है।

34. (4) आयात-निर्यात (एक्सपोर्ट-इंपोर्ट) बैंक ऑफ इंडिया भारत में एक वित्त संस्थान है, जिसे 1982 में एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया एक्ट 1981 के तहत स्थापित किया गया था। इसकी स्थापना के बाद से, एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया एक उत्प्रेरक और प्रमुख सूत्र के रूप में कार्य कर देश के पार व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया। यह मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है।

35. (1) यूनिकॉर्न कंपनियाँ वैसी स्टार्टअप कंपनियाँ हैं, जो वर्ष 2003 में शुरू हुई जिनका मूल्यांकन $1 बिलियन से अधिक है। डेकाकॉर्न का मूल्यांकन $10 बिलियन से अधिक व हेक्टाकॉर्न कंपनियों का मूल्यांकन $100 से अधिक होता है। जनवरी 2019 तक यूनिकॉर्न स्टार्टअप कंपनियों की संख्या 300 से अधिक है।

36. (4) इंटरनेशनल ब्यूरो ऑफ वेट्स एंड मेजर्स एक संगठन है जो फ्रांस में पेरिस के पास सेवरेस में स्थित है। फ्रेंच में इसका नाम "ब्यूरो इंटरनेशनल डेस पाइड्स एट मेसर्स" है।

37. (3) येन जापान की आधिकारिक मुद्रा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की डॉलर व यूरो के बाद तीसरी सबसे अधिक कारोबार करने वाली मुद्रा है।

38. (4) डेविड रिकार्डो ने 1857 में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सिद्धांत को तुलनात्मक लाभ और विशेषज्ञता के आधार पर विकसित किया। रिकार्डो के अनुसार लागतों में निरपेक्ष अंतर नहीं बल्कि तुलनात्मक अंतर दो देशों के बीच सम्बन्ध निर्धारित करता है।

- रिकार्डो का तुलनात्मक लागत सिद्धांत श्रम के मूल्य सिद्धान्त पर आधारित है।
- उन्होंने 1817 में अपनी पुस्तक "ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एंड टैक्सेशन" में पहली बार इस सिद्धांत को पेश किया।

39. (3) फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसकी स्थापना 1989 में उसके सदस्य क्षेत्राधिकार के मंत्रियों द्वारा की गई थी।

- एफटीएफ का उद्देश्य मानकों को निर्धारित करना और मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय अखंडता हेतु अन्य संबंधित खतरों से निपटने के लिए कानूनी, विनियामक और परिचालन उपयों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।

TYPE–VII

1. (3) निम्न मदों को राष्ट्रीय आय की गणना में शामिल नहीं किया जाता :

- मध्यवर्ती वस्तुएँ एवं सेवाएँ
- अनार्थिक क्रियाएँ
- पूँजीगत लाभ
- हस्तांतरण भुगतान
- गैर कानूनी गतिविधियों से प्राप्त आय
- आकस्मिक रूप से प्राप्त लाभ जैसे लॉटरी में प्राप्त धन
- निजी हस्तांतरण भुगतान आदि।

2. (2) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO : Central Statistical Organisation) दिल्ली में स्थित है। इसकी शाखा कोलकाता में है। इसकी स्थापना 2 मई, 1951 को मंत्रिपरिषद सचिवालय के अधीन की गई। यह संगठन सांख्यिकीय मानकों के प्रतिपादन और अनुरक्षण, राष्ट्रीय लेखा से संबद्ध कार्यों, औद्योगिक आँकड़ों, शारीरिक श्रम न करने वाले शहरी कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, आर्थिक संगणना और सर्वेक्षण, शासकीय सांख्यिकी के प्रशिक्षण और देश में चल रही सांख्यिकी गतिविधियों से संबद्ध मामलों में अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से तालमेल करने का कार्य संभालता है। 1954 में वित्त मंत्रालय से राष्ट्रीय आय के अनुमान का कार्य भी इसे सौंपे गए।

3. (4) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-78 ई॰) का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता की प्राप्ति थी। योजना में आर्थिक स्थायित्व लाने को उच्च प्राथमिकता दी गई।

4. (4) एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का

5. (3) भारत के राष्ट्रीय आय का सबसे बड़ा अंश तृतीयक क्षेत्र से प्राप्त होता है। 9 वर्ष 2008–09 में प्राथमिक क्षेत्र 17.0 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र 25.7% तथा तृतीयक क्षेत्र से 57.3% का योगदान राष्ट्रीय आय में था।

6. (1) अप्रत्यक्ष कर को
NNP– अप्रत्यक्ष कर = राष्ट्रीय

7. (*) सभी विकल्प गलत है। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की समय अवधि है–1 अप्रैल, 2007 से 31 मार्च 2012 तक।

8. (2) तृतीय योजना – (1966 - 1971) तृतीय पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल (1961–66 ई०) था। इस योजना का उद्देश्य अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वत: स्फूत अवस्था में पहुँचाना था। यह योजना अपने लक्ष्य 5.6% की वृद्धि–दर को प्राप्त करने में असफल रही तथा 2.5% प्रतिवर्ष की वृद्धि–दर प्राप्त कर सकी। इस योजना में कृषि तथा उद्योग दोनों को प्राथमिकता दी गई। इस योजना की असफलता का मुख्य कारण भारत–चीन युद्ध, भारत पाक–युद्ध तथा अभूतपूर्व सूखा था।

9. (4) चौथी पंचवर्षीय योजना की समय अवधि 1969-1974 थी। इस योजना से पूर्व सरकार द्वारा तीन वार्षिक योजनाओं को लागू किया गया था।

10. (1) आर्थिक प्रगति के तत्वों का निश्चित रूप से उल्लेख करना एक समस्या है क्योंकि विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने अपने–अपने ढंग से इन्हें बताया है। इन तत्वों के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं :
(i) प्राकृतिक संसाधन (ii) मानव संसाधन (iii) पूँजी निर्माण (iv) संगठन (v) प्रौद्योगिकीय उन्नति (vi) श्रम विभाजन एवं उत्पादन का पैमाना (vii) सामाजिक तत्व (viii) राजनीतिक एवं प्रशासनिक तत्व।
अर्थव्यवस्थाएँ जैसे–जैसे विकसित एवं समृद्ध हुईं वैसे–वैसे प्रति व्यक्ति आय बढ़ती गयी।

11. (4) वर्ष 2011-2012 के दौरान भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान 56.3 प्रतिशत रहा। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सेवाओं की हिस्सेदारी 1950-51 में 33.5%; 2010-11 में 55.1% और 2011-2013 में 56.3% रहा।
वर्ष 2016–17 में भारतीय एकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 67% तक था।

12. (2) एक वर्ष के दौरान देश की घरेलू क्षेत्र में उत्पादित सभी अंतिम माल और सेवाओं के सकल पैसे मूल्य को घरेलू उत्पाद कहते है जबकि एक वर्ष के दौरान देश के सामान्य निवासियों द्वारा उत्पादित सभी अंतिम माल और सेवाओं के सकल पैसे मूल्य को राष्ट्रीय उत्पाद कहते है। विदेशों में काम कर रहे भ्ाारतीयों की आय विदेशों से अर्जित आय का अंश होती है जो शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के अंतर्गत आती हैं।

13. (4) माल की कीमत और उसके उत्पादन में इस्तेमाल किए गए सामग्री या आपूर्ति की लागत के बीच अंतर को व्यक्त करने के लिए अर्थशास्त्र में मूल्य वर्धित का इस्तेमाल किया जाता है। यह उस आर्थिक गतिविधि का द्योतक है जो कुछ प्रतिष्ठानों के उत्पादों का दूसरे प्रतिष्ठानों द्वारा माल या सेवाओं के रूप में इस्तेमाल किए जाने से उत्पन्न बिक्री मूल्य आंकड़े में निहित दोहराव को समाप्त करता है। इस प्रकार यह मूलत: वस्तुओं और सेवाओं और मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं के अंतर को दर्शाता है।

14. (3) पांचवीं पंचवर्षीय योजना का सामान्य कार्यकाल 1974 से 1979 तक था। फिर भी नवनिर्वाचित मोरारजी देसाई सरकार ने इस पंचवर्षीय योजना को 1978 में अस्वीकार कर दिया और छठी पंचवर्षीय योजना (1978–1993) की शुरुआत की। इस पंचवर्षीय योजना को पुन: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार ने 1980 में अस्वीकार कर दिया और फिर से (नई) छठी पंचवर्षीय योजना की शुरुआत की गई।

15. (3) प्लान होलीडे से तात्पर्य उस त्रिवर्षीय योजना (1966-69) से है, जो तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-66) के बाद लागू की गई थी। इस योजना के दौरान नई कृषि नीति के अन्तर्गत उच्च उत्पादन क्षमता वाले बीजों के वितरण, विस्तृत पैमाने पर उर्वरकों के प्रयोग, सिंचाई क्षमता का विस्तार और मृदा संरक्षण पर विशेष रूप से बल देने की रणनीति अपनायी गई ताकि कृषि में होने वाले कम उत्पादन के संकट को टाला जा सके।

16. (2) प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-1956) हैरॉड–डॉमर मॉडल (Harrod-Domar modal) पर आधारित थी, इस योजना का मुख्य उद्देश्य सिंचाई तथा विद्युत निर्माण के क्षेत्र में निवेश के स्तर को ऊंचा उठाना तथा आधारभूत संरचना के विकास दर में वृद्धि करना था। 1956 में नेहरू–महालेनोबिस मॉडल (Nehru-Mahalanobis model) के लागू हो जाने से पुरानी विकास नीति को बदल दिया गया। नई विकास नीति के अन्तर्गत उद्योगों के विकास तथा सार्वजनिक क्षेत्र के अधीन भारी उद्योगों के विकास पर अत्यधिक बल दिया गया।

17. (3) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956–1961) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत भारी उद्योगों की स्थापना करते हुए भारत के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत कुल 48 बिलियन रुपये आंबटित किए गए। इस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत आर्थिक विकास के महलनोबिस (Mahalanobis) मॉडल पर कार्य किया गया।

18. (2) भारत में 'छोटे किसानों' से तात्पर्य ऐसे किसानों (स्वामी, पट्टेदार या साझेदार के रूप में) से है जो 1 से 2 हेक्टेयर (5 एकड़) भूमि पर खेती करते हैं। 'सीमांत किसान' से तात्पर्य ऐसे किसानों से है जो अधिकतम 1 हेक्टेयर (2.5 एकड़) भूमि पर खेती करते हैं।

19. (2) तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961–1966) के दौरान भारत को दोबारा युद्ध का सामना करना पड़ा: चीन के साथ 1962 में और पाकिस्तान के साथ 1965–66 में। इसके अलावा, इस योजना के दौरान दो वर्षों में देश को सूखे और बाढ़ का भी सामना करना पड़ा। इस योजना की दयनीय विफलता के कारण सरकार को 1966–67, 1967–68 और 1968–69 के लिए योजना विराम (plan holiday) की घोषणा करनी पड़ी।

20. (4) 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2017 तक है। 11वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 1 अप्रैल, 2007 से 31 मार्च, 2012 तक थी।
इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था में योजना काल का अंत हो गया, अत: बारहवी पंचवर्षीय योजना जो 31 मार्च, 2017 को समाप्त हो गया हमारे देश का अंतिम पंचवर्षीय योजना था।

21. (4) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) को ''देश के निवासियों द्वारा आपूर्ति की गई सम्पत्ति और श्रम द्वारा एक वर्ष में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के बाजार मूल्य'' के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसकी तुलना में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को ''एक वर्ष में देश में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य'' के रूप में परिभाषित किया जाता है।

22. (2) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सूचकांक का क्षेत्रीय वितरण कई आर्थिक गतिविधियों के द्वारा देश के विकास का मापक है। यह एक निश्चित अवधि (तिमाही या वार्षिक अवधि) में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य है। यह प्राथमिक संकेतकों में से एक है जिसका प्रयोग देश की अर्थव्यवस्था की विकास गति को मापने के लिए किया जाता है।

23. (2) अवमूल्यन बाजार मूल्य में आई स्थायी गिरावट या समय के बहिर्वाह, अप्रचलन, टूट–फूट के परिणामस्वरूप परिसंपत्ति के मूल्य में आने वाली कमी या हानि का प्रतिनिधित्व करता है। गति, क्षति, घर्षण, कटाव इत्यादि के कारण परिसंपत्ति का भौतिक ह्रास होता है। उदाहरण के लिए, भवन, मशीनरी, फर्नीचर, वाहन, संयंत्र इत्यादि। टूट–फूट वस्तु के मूल्य में आने वाली कमी का सामान्य कारण है, लेकिन अवमूल्यन प्रमुख कारण है।

24. (4) सरल राष्ट्रीय उत्पाद और निवल राष्ट्रीय उत्पाद का अन्तर पूंजी मूल ह्रास के बराबर होता है।
एकता राष्ट्रीय उत्पाद में उपभोग वस्तुओं और निवेश वस्तुओं के कुल उत्पादन का मूल्य शामिल होता है। परन्तु उत्पादन की प्रक्रिया में स्थिर पूंजी की राशि प्रयोग की जाती है। कुछ स्थिर संयत्र घिस जाते हैं। कुछ मशीनें टूट जाती है या खराब हो जाती है और प्रौद्योगिकी परिवर्तन कारणों से अप्रचलित हो जाते

हैं। इसकी मरम्मत के लिए जो राशि रखी जाती है उसे मूल्य ह्रास कहा जाता है। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद प्राप्त करने के लिए GNP में से मूल ह्रास घटा दिया जाता है।

25. (4) शुद्ध या निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP- Net National Product) की गणना सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) में से अचल पूँजी का उपभोग मूल्य (Depreciation Cost) को घटाकर की जाती है।
NNP = GNP – पूँजी उपभोग भत्ता
या NNP + ह्रास = GNP

26. (4) प्रयोज्य निजी आय से अभिप्राय उस वास्तविक आय से है व्यक्तियों एवं परिवारों द्वारा उपभोग पर व्यय की जा सकती है। वैयक्तिक आय पूरे तौर पर उपभोग पर खर्च नहीं की जा सकती, क्योंकि वह आयकर देने से पहले की आय होती है, इसलिए प्रयोज्य आय को जानने के लिए वैयक्तिक आय में से प्रत्यक्ष कर घटा दिए जाते हैं।
वैयक्तिक प्रयोज्य आय = वैयक्तिक आय – प्रत्यक्ष कर

27. (3) गरीबों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण

28. (4) किसी उत्पादक गतिविधि द्वारा

29. (4) प्रतिव्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$

30. (3) अर्थव्यवस्था में प्रत्येक उत्पादित वस्तु या सेवा के मुल्य के समतुल्य का आय भी सृजित हो जाती है। अत: यदि हम सभी आयों का योग कर ले तो वे आकड़े भी सारे उत्पादन के मूल्य के समान ही होंगे। उत्पादन के पाँच साधन होते हैं: भूमि, श्रम, पूँजी, संगठन एवं साहस। इन पाँचों साधनों में उत्पाद का सम्पूर्ण मूल्य क्रमश: लगान, मजदूरी, ब्याज, वेतन एवं लाभ के रूप में बँट जाता है। अत: इस विधि के अनुसार, एक वर्ष में उत्पत्ति के विभिन्न साधनों को जो शुद्ध आय प्राप्त होती है, उसका योग ही राष्ट्रीय आय होती है। इस विधि से GNP निम्न मदों का जोड़ होता है: मजदूरी तथा वेतन, किराए, ब्याज, लाभांश, अवितरित निगम लाभ, मिश्रित आय, प्रत्यक्ष कर, परोक्ष कर, मूल्य ह्रास, विदेशों से अर्जित शुद्ध आय।

31. (2) एक वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुएँ और सेवाओं का

32. (3) देश की राष्ट्रीय आय की गणना
(i) उत्पादन या उत्पादन विधि (ii) आय विधि और (iii) व्यय विधि द्वारा की जा सकती है। उत्पादन विधि के अंतर्गत प्रत्यक्ष रूप से देश में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य द्वारा देश की राष्ट्रीय आय की गणना की जाती है। व्यय विधि मूलत: उत्पादन की गणना पर आधारित है। आय विधि के अंतर्गत राष्ट्रीय आय को आय घटक के प्रवाह चक्र के रूप में मापा जाता है।

33. (3) सबसे पहले कंपनी को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया जाता है ओर वह कंपनी अगर पिछले तीन वर्षो में औसत वार्षिक टर्न ओवर 25000 करोड़, रुपये, निवल लाभ 5000 करोड़ रुपये एवं वार्षिक औसत निवल संपत्ति 15580 करोड़ रुपये करती है तो उसे कंपनी को महारत्न का दर्जा प्रदान किया जाता है: भारत की 'महरत्न' कंपनियाँ :
(1) भारतीय इस्पात प्राधिकरण (SAIL)
(2) तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)
(3) भारतीय तेल निगम (IOCL)
(4) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC)
(5) कोल इंडिया लिमिटेड (CIL)
(6) भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड (BHEL)
(7) गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (GAIC)

34. (1) मारुति उद्योग लिमिटेड भारत में संयुक्त उद्यम का उदाहरण है। भारतीय कंपनी 'मारुति' और जापानी कंपनी 'सुजुकी' को संयुक्त उद्यम मारुति उद्योग कि नामक कंपनी की शुरुआत सन् 1922 मे गुड़गांव में गई

35. (3) भारत का आर्थिक सर्वेक्षण प्रति वर्ष वित्त मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

36. (2) भारी उद्योग तथा मजदूरी के माल में संतुलन, भारतीय अर्थव्यवस्था का अभिलक्षण नहीं है।
भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख लक्षण है,
- कृषि प्रधान
- अत्यधिक जनसंख्या
- प्रति व्यक्ति आय में कमी
- असंतुलित मजदूरी
- तकनीकी अल्पविकास
- अकुशल श्रम इत्यादि

37. (1) सामाजिक लेखांकन एक वैसी प्रणाली होती है जिसके द्वारा एक फर्म समाज पर उसे परिचालन के प्रभाव पर एक मान तय करती है। एक प्रकार की सामाजिक लेखा प्रणाली मुख्य रूप से राष्ट्रीय आय, अंतिम उत्पाद, पूंजी की खपत और संचय को मापने का प्रयास करती है।

38. (1) वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत केंद्र एवं राज्यों के बीच आर्थिक संबंध को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। चुनाव आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत किया गया है। चुनाव आयोग में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अलावा दो निर्वाचन अधिकारी होते हैं।

39. (1) 1987 में ब्रंट्लैंड कमीशन (Brundtland commission) की रिपोर्ट में दी गई परिभाषा के अनुसार, सतत विकास (Sustainable development) ही हमारा सामान्य भविष्य है ''विकास का अर्थ यह है कि पर्यावरण को हानि पहुँचाए बिना प्राकृतिक पदार्थों और ऊर्जा का उपयोग करना ताकि आने वाली पीढ़ी भी अपनी आवश्यकता की पूर्ति कर सके''।

40. (3) भारत में जुलाई से दिसम्बर का समय कृषिगत फसलों का समय अपेक्षाकृत (कृषि सीजन) माना जाता है, जबकि जनवरी से जून का समय 'शिथिल काल' (स्लैक सीजन) माना जाता है। भारत में 50% से अधिक जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर निर्भर है, कृषि क्षेत्र के शिथिल हो जाने पर लगभग सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था की गति धीमी हो जाती है।

41. (4) गोल्डेन हैंडशेक योजना के अंतर्गत मौजूदा कर्मियों की संख्या को कम किया जाता है जिससे संस्था का परफॉरमेन्स बढ़ सके। इसमें कर्मचारियों को स्वेच्छा से निवृत्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है और इसके लिए क्षतिपूर्ति भी की जाती है जो टैक्स फ्री होता है। इसे गोल्डेन रूट टू रिटायरमेंट या (Golden Handshake) कहा जाता है।

42. (2) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 मुख्यत: असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे, उन श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया था, जो शिक्षा और सौदेबाजी में कमजोर होने की वजह से जल्दी और आसानी से शोषण के शिकार हो जाते है। इस अधिनियम में नियोक्ता (मालिक) कानून के मुताबिक तय की गई मजदूरी दर के अनुरूप मजदूर को न्यूनतम मजदूरी देने के लिए बाध्य है, ताकि नियोक्ता मजदूर का शोषण न कर सके। अधिनियम की सारी सुविधाएँ स्त्री-पुरुष मजदूरों पर एक समान लागू होती है।

43. (4) समाचार-पत्र है।
भारत के सामाचार-पत्र पंजीयक के अनुसार 31 मार्च 2016 तक हमारे देश में कुल 1,10,851 निर्बंधित प्रकाशक थे।

44. (2) आचार्य श्रीमान नारायण ने 1944 में गाँधीजी के सिद्धान्तों पर आधारित एक योजना प्रस्तुत की और 1948 में उसकी पुष्टि की। इसे ही 'गाँधीवादी विकास मॉडल' कहा गया। यह समाजवादी एवं आर्थिक मूल्य पर बल देती है। इस योजना में एक आत्मावलम्बी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थापना का परामर्श दिया गया था। इस योजना में दो मुख्य लक्ष्य थे -
- लघु तथा कुटीर उद्योगों का वर्चस्व हो।
- अधिकत्तम तथा न्यूनतम सम्पत्ति रखने की सीमा हो।

गाँधी जी ने भारत के पुनर्निमाण का जो नक्सा तैयार किया था, उसमें गाँव एवं शहर परस्पर पूरक है।

45. (3) ऐसे व्यक्ति जो अपनी श्रमशक्ति का कुछ-ना-कुछ उपयोग करते रहते हैं किन्तु उनकी सीमांत उत्पादकता शून्य होती है, प्रच्छन्न बेरोजगारी कहलाती है। इसमें किसी विशेष कार्य में आवश्यकता से अधिक श्रमिक कार्यरत होते हैं। यदि इस अतिरिक्त श्रम को हटा लिया जाए तो उत्पादकता पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

46. (1) भारत में गरीबी रेखा 'न्यूनतम आय' को परिभाषित करती है, इस न्यूनतम आय से कम आय अर्जित करने वाले परिवारों को गरीब माना जाता है। सुरेश तेंदुलकर समिति ने 2011 में भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत और यातायात पर मासिक व्यय के आधार पर गरीबी रेखा को परिभाषित किया। इस अनुमान के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में ₹27.2 और शहरी क्षेत्रों में ₹33.3 प्रतिदिन से कम व्यय करने वाले व्यक्ति को गरीबी रेखा से नीचे के रूप में परिभाषित किया गया है।

वर्ष 2015 में गरीबी के मुद्दे पर नीति के तत्कालीन उपाध्यक्ष 'अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में गठित आयोग ने तेंदुलकर समिति द्वारा तय मानको को ही आधार माना है। इस प्रकार वर्त्तमान में भारत में गरीबी मापने के लिए तेंदुलकर विधि का ही प्रयोग किया जाता है।

47. (4) किसी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की गणना आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक द्वारा की जाती है। यह सूचकांक उन चार प्रमुख पहलुओं पर बल देता है जिनके लिए सरकार विशिष्ट रूप से नीतियाँ बनाती हैं:

- कानून का शासन (संपत्ति अधिकार, भ्रष्टाचार से मुक्ति),
- सरकार का आकार (राजकोषीय स्वतंत्रता, सरकारी व्यय),
- नियामकीय कार्यकुशलता (व्यावसायिक स्वतंत्रता, श्रम स्वतंत्रता, मौद्रिक स्वतंत्रता), और
- बाजार का खुलापन (व्यापारिक स्वतंत्रता, निवेश स्वतंत्रता, वित्तीय स्वतंत्रता)।

48. (1) अदृश्य बेरोजगारी वह बेरोजगारी है जिसमें श्रमिक बल के एक भाग के पास या तो कोई काम नहीं होता या उत्पादन कार्य में आवश्यकता से अधिक श्रमिक संलग्न होते हैं और उनकी सीमान्त उत्पादकता शून्य होती है। यह वह बेरोजगारी है जो कुल उत्पादन को प्रभावित नहीं करती। जब किसी कार्य में आवश्यकता से अधिक लोग संलग्न होते हैं, तो यह स्थिति अदृश्य बेरोजगारी की स्थिति का निर्माण करती है। अदृश्य या छिपी बेरोजगारी मुख्यत: ग्रामीण भारत में कृषि और असंगठित क्षेत्रों में पाई जाती है।

49. (1) मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) तीन आयामों-स्वास्थ्य, शिक्षा और आय में हुई प्रगति को मापने वाला सूचकांक है जिसका प्रयोग मानव विकास के चार सोपानों में देशों को रैंक प्रदान करने के लिए किया जाता है। एचडीआई का विकास पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक द्वारा भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के सहयोग से किया गया था।

50. (2) देश में अपनी तरह के पहले कदम के तहत केरल सरकार ने जुलाई 2016 में, ब्रांडेड रेस्तराओं द्वारा बेचे जाने वाले जंक फूड पदार्थों जैसे पिज्जा और बर्गर के उपभोग पर "फैट टैक्स" लगाने का निर्णय लिया। राज्य सरकार ने जंक फूड जैसे टेको, पिज्जा, बर्गर, सैंडविच इत्यादि सामान बेचने वाले ब्रांडेड रेस्तराओं पर 14.5% टैक्स लगाया है।

51. (2) बचत आय है, व्यय या आस्थगित (defer) उपभोग नहीं है। अर्थशास्त्र में, यह अवधारणा आय से संबंधित है जिसका प्रयोग तात्कालिक उपभोग के लिए नहीं किया जाता-भविष्य में अधिक उपभोग करने के क्रम में वर्तमान में दिए गए संसाधनों की मात्रा में से कम उपभोग करने के लिए किया जाता है। इस प्रकार बचत, उपभोग को आस्थगित करने और इस आस्थगित उपभोग को परिसम्पत्ति के रूप में संचित करने का निर्णय है।

52. (1) आय का पुनर्वितरण और धन का पुनर्वितरण क्रमश: आय और धन (जिसमें भौतिक संपत्ति भी शामिल है) का हस्तांतरण है जिसे कराधान, मौद्रिक नीति इत्यादि साधनों के द्वारा कुछ व्यक्तियों से अन्य व्यक्तियों को हस्तांतरित किया जाता है। प्रगतिशील कराधान और प्रगतिशील व्यय के सम्मिश्रण द्वारा ऐसा किया जा सकता है। प्रगतिशील कर ऐसा ही एक कर है, अर्थात् यह कर मुख्यत: कर का भुगतान करने में पूर्ण रूप से सक्षम न होने की स्थिति में लोगों के कर भार में कमी करने के प्रयास में लगाया जाता है, कर भार में वृद्धि करते हुए ऐसे करों को भुगतान करने में अधिक समर्थ व्यक्तियों को हस्तांतरित कर दिया जाता है।

सार्वजनिक व्यय के वितरणशील प्रभाव के संदर्भ में अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धांत सार्वजनिक व्यय की कसौटी में अंतर्निहित होना चाहिए। इस प्रकार, प्रगतिशील सार्वजनिक व्यय समाज में विद्यमान आय की असमानता को कम करने का सबसे अच्छा उपाय है। सामाजिक सुरक्षा जैसे नि:शुल्क चिकित्सीय सहायता, नि:शुल्क शिक्षा, सब्सिडी वाले घर इत्यादि प्रकृति में प्रगतिशील व्यय है। उदाहरण के लिए, यदि केवल निम्न वेतन वाले कर्मचारियों को नि:शुल्क आवासीय क्वार्टर दिए जाते हैं, तो यह प्रगतिशील व्यय की श्रेणी के अंतर्गत आता है। ऐसे व्यय आय के वितरण में विद्यमान क्षोभजनक (glaring) असमानता को कम करने में सहायता करते हैं। प्रगतिशील पुनर्वितरण व्यय सस्ते या नि:शुल्क सेवाओं और वस्तुओं की व्यवस्था का रूप ग्रहण कर सकता है। नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा, नि:शुल्क चिकित्सीय सहायता, भोजन और आवास पर सब्सिडी तथा स्कूली बच्चों को दोपहर का भोजन नि:शुल्क देना इत्यादि प्रगतिशील अनुदान के प्रकार के उदाहरण हैं। ऐसे व्यय से गरीब से गरीब व्यक्ति को लाभ होता है और कमजोर वर्ग के लोगों को अपना जीवन स्तर ऊँचा उठाने में सहायता मिलती है।


53. (3) समाजवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन के सभी कारक राज्य के नियंत्रण में रहते हैं।

54. (3) पूँजीवाद एक आर्थिक प्रणाली है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार उपभोक्ता, उत्पादक और संसाधन के स्वामी के रूप में आर्थिक स्वतंत्रता के एक बड़े मानदण्ड के साथ आर्थिक गतिविधि में संलग्न होता है। इस प्रणाली में अपना स्वार्थ और अधिकतम लाभ प्रेरक बल के रूप में कार्य करता है। व्यवसायी, किसानों, उत्पादकों और मजदूरी अर्जित करने वाले मजदूरों का निर्णय मुख्यत: लाभ से प्रेरित होता है।

55. (4) उपभोक्ता संप्रभुता मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की सुविधाओं का एक प्रमुख गुण है। यह माल एवं सेवाओं के उत्पादन को निर्धारित करने के लिए उपभोक्ता वरीयताओं के दावे को संदर्भित करता है। एक मुक्त बाजार व्यवस्था में, वास्तव में बाजार प्रदर्शन व्यवस्था के भीतर उपभोक्ताओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए उत्तरदायी है।

56. (1) साइमन कुजनेट, मीयर और बाल्डविन, हिक्स डी. सैमुल्सन, पिगन और अन्य अर्थशास्त्रियों का एक बड़ा वर्ग राष्ट्रीय आय को आर्थिक विकास का सबसे उपयुक्त सूचकांक मानता है। हालांकि, यूएनओ विशेषज्ञों ने 'मेजर्स ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट ऑफ अंडर-डेवलप्ड कंट्रीज' नामक अपनी रिपोर्ट में प्रति व्यक्ति वास्तविक आय को आर्थिक विकास के श्रेष्ठ मापक के रूप में वर्णित किया है। उनका तर्क है कि यदि सामान्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार नहीं होता तो आर्थिक विकास व्यर्थ है। उन्होंने आर्थिक विकास को दीर्घकालीन अवधि में प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि करने वाली प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया है।

57. (4) फिलिप्स वक्र मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मध्य विपरीत संबंध दर्शाता है: अर्थात् बेरोजगारी में कमी होने पर मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है। हालांकि, यह संबंध रेखीय नहीं है। स्पष्टता और विस्तार के साथ, बेरोजगारी दर के X अक्ष और मुद्रास्फीति दर के Y अक्ष पर होने पर L-आकार पर प्रस्तुत फिलिप्स वक्र छोटा पड़ जाता है।



58. (1) संयुक्त क्षेत्र उद्यम वह उद्यम है जिसमें संयुक्त रूप से सरकारी और निजी दोनों उद्यमियों का स्वामित्व होता है जो कि उद्यम की पूँजी में योगदान देते हैं। संयुक्त क्षेत्र में, सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र एक नये उद्यम की स्थापना करने हेतु सहयोग करते हैं। संयुक्त क्षेत्र मिश्रित अर्थव्यवस्था की अवधारणा का विस्तार है।

59. (4) तीन क्षेत्र के सिद्धांत के आधार पर तृतीयक क्षेत्र या सेवा क्षेत्र तीन आर्थिक क्षेत्रों का तीसरा क्षेत्र है। द्वितीयक क्षेत्र (विनिर्माण), और प्राथमिक क्षेत्र

(कृषि) दो अन्य क्षेत्र हैं। तृतीयक क्षेत्र की गतिविधियाँ सेवा क्षेत्र पर आधारित हैं जो उपभोक्ताओं को अमूर्त रूप से महत्त्वपूर्ण सेवाओं जैसे सेवाओं की अभिपूर्ति, व्यापार इत्यादि की सुविधा प्रदान करता है।

60. (1) 1798 की अपनी कृति 'ऐन एसे ऑन द प्रिंसीपल ऑफ पॉपुलेशन' में माल्थस ने जनसंख्या वृद्धि और संसाधनों के मध्य संबंधों की जाँच की और जनसंख्या वृद्धि से संबंधित माल्थसियन सिद्धांत का प्रतिपादन किया। उन्होंने बताया कि मानव जनसंख्या में घातांकीय रूप में वृद्धि होती है (अर्थात् प्रत्येक चक्र के साथ दोगुनी वृद्धि होती है) जबकि खाद्य उत्पादन में गणितीय दर से वृद्धि होती है (अर्थात् समय के प्रत्येक समान अंतराल में समान वृद्धि की पुनरावृत्ति होती है)।

61. (3) वह अर्थव्यवस्था जो किसी अन्य देश की अर्थव्यवस्था के साथ पारस्परिक क्रिया नहीं करती अर्थात् ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें अन्य देशों से और अन्य देशों को श्रम, माल या धन का प्रवाह न हो, बंद अर्थव्यवस्था कहलाती है। बंद अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होती है, अर्थात् आयात और निर्यात नहीं किया जाता। यह खुली अर्थव्यवस्था की विपरीत अवस्था है, खुली अर्थव्यवस्था में, एक देश दूसरे बाहरी देश के साथ व्यापार करता है।

62. (3) अध्यापक द्वारा घर में अपनी पुत्री को पढ़ाया जाना

63. (2) अवसरों का अभाव
अवसर के अभाव के कारण बेरोजगारी सृजन होता है जिस कारण ये लोग आय का सृजन नहीं कर पाते है नतीजतन असमानता बढ़ता है।

64. (3) 'निवेश' का उपयोब भविष्य के उत्पाद हेतु होता है अत: अधिक संवृद्धि निवेश स्तर पर बहुत हद तक निर्भर रहता है।

65. (3) पाकिस्तान के अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक ने मानव विकास सूचकांक की अभिकल्पना की थी और 1990 में इसकी शुरुआत की।

66. (1) रोस्तोव (Rostow) ने 1960 में 'स्टेज ऑफ इकोनोमिक ग्रोथ' सिद्धांत का प्रतिपादन किया था, जिसके अनुसार सभी देशों को विकसित बनने के लिए निम्न पाँच चरणों से गुजरना पड़ता है: (1) परंपरागत समाज, (2) पूर्व शर्तें हटाना, (3) टेक-ऑफ, (4) परिपक्वता की ओर अग्रसर होना, (5) अत्यधिक उपभोग वर्ग का निर्माण। टेक-ऑफ से तात्पर्य तीव्र वृद्धि की लघु अवधि से है जिसमें औद्योगीकरण आरंभ हो जाता है। श्रमिक और संस्थान नए उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

67. (1) भारत में गरीबी का अनुमान लगाने और परिभाषित करने के लिए पौष्टिक आहार मानदण्ड की उपलब्धता का प्रयोग किया जाता है। भारत में गरीबी का मानदण्ड मुख्यत: 1979 में गठित अलघ समिति की सिफारिशों पर आधारित है। इस समिति की सिफारिशों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 कैलोरी और शहरी क्षेत्रों में 2100 कैलोरी प्रतिदिन से कम ग्रहण करने वाले व्यक्ति को गरीब माना जाता है। अभी हाल ही में रंगराजन समिति द्वारा व्यक्त किए गए अनुमान के अनुसार, ऊर्जा आवश्य- कताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए 2155 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन और शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए 2090 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन का निर्धारण किया गया है। हालाँकि, अनुमान में प्रोटीन और वसा की आवश्यकताओं को भी शामिल किया गया है। खाद्य टोकरी जो तीन पौष्टिक तत्त्वों की सभी मानकीय आवश्यकताओं को एक साथ पूरा करती है, यह पैनल द्वारा प्रस्तावित गरीबी रेखा टोकरी के खाद्य घटक को परिभाषित करती है।

68. (4) आर्थिक नियोजन की अवधारणा प्राय: समाजवाद और समाजवादी नियोजन से संबद्ध है, यद्यपि ऐसी आर्थिक प्रणाली अब तक पूरे विश्व में कहीं भी स्थापित नहीं की गई है। समाजवाद की परंपरागत अवधारणा बाजार घटकों को प्रतिस्थापित करते हुए प्रत्यक्ष गणना के साथ, नियोजन के कुछ रूपों के द्वारा सामाजिक रूप से आर्थिक उद्यमों के स्वामित्व के एकीकरण को शामिल करती है। नियोजित अर्थव्यवस्था बाजार अर्थव्यवस्था विशेष रूप से अनियोजित अर्थव्यवस्था के विपरीत है।

69. (1) प्रच्छन्न बेरोजगारी वहाँ पाई जाती है जहाँ श्रम बल को या तो कार्य नहीं मिलता, या श्रम बल व्यर्थ रीति से कार्य करता है जहाँ श्रम उत्पादकता अन्तत: शून्य होती है। यह वह बेरोजगारी है जो कुल उत्पादन को प्रभावित नहीं करती। अर्थव्यवस्था में प्रच्छन्न बेरोजगारी तब होती है जब उत्पादकता निम्न होती है और कम कार्य के लिए अधिसंख्य श्रमिक कार्य करते हैं।

70. (3) बेरोजगारी वह स्थिति है जिसमें कार्य में कुशल और कार्य करने के इच्छुक लोगों के एक वर्ग को उपयोगी कार्य नहीं मिल पाता। मौसमी बेरोजगारी एक प्रकार की बेरोजगारी है जिसमें लोगों को वर्ष के कुछ महीनों के दौरान कार्य नहीं मिलता। मौसमी बेरोजगारी से प्रभावित होने वाले लोगों में रिसोर्ट श्रमिक, स्की प्रशिक्षक और आइसक्रीम विक्रेता शामिल हैं। इसमें उन लोगों को भी शामिल किया जा सकता है जो फसलों की कटाई करते हैं।

71. (1) शिक्षित बेरोजगारी शहरी क्षेत्रों में देखी जाती है। मैट्रिक परीक्षा, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री होने के बावजूद शहरी युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाती। एक ओर तकनीकी रूप से योग्य व्यक्ति बेरोजगार हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल का अभाव है। शिक्षित बेरोजगारी मानव पूंजी की बर्बादी का अनुक्रम-बन्धन है।

72. (2) प्रतिरोधात्मक (घर्षण) बेरोजगारी तब होती है जब श्रमिक अपनी नौकरी दूसरी या बेहतर नौकरी के लिए छोड़ देते हैं। यह आमतौर पर एक स्वैच्छिक बेरोजगारी है। क्योंकि श्रमिक दूसरी नौकरी खोजते हुए बेरोजगार रहता है वनिस्पत पहला ऑफर किया हुआ नौकरी चुनने के।

73. (1) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974- 1978) का मुख्य उद्देश्य रोजगार स्तर में वृद्धि करना, गरीबी कम करना और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था। गरीबी उन्मूलन (गरीबी हटाओ) और आत्मनिर्भरता इस पंचवर्षीय योजना की दो मुख्य विशेषताएँ थीं। इसमें अनिवार्य शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य देखभाल, इत्यादि सहित न्यूनतम आवश्यकताओं के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शामिल था।

74. (1) रोजगार के स्तर में वृद्धि करने, गरीबी कम करने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लक्ष्यों के साथ पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974 से 1979) को निर्धारित किया गया था। 1978 में नव निर्वाचित मोरारजी देसाई सरकार ने इस योजना को अस्वीकार कर दिया था।

75. (3) आवर्ती योजना (रॉलिंग प्लान) एक योजना है जिसे एक लंबी अवधि तक जारी रखने के लिए निर्दिष्ट किया गया है और नियमित रूप से इसकी समीक्षा करने और अद्यतन करने की आवश्यकता होती है। विकासशील देशों के लिए यह सिफारिश स्वीडिश अर्थशास्त्री द्वारा "इंडियन इकोनॉमिक प्लानिंग इन इट्स ब्रॉडर सेटिंग" नामक अपनी पुस्तक में की गई थी।

76. (2) श्रीमान नारायण अग्रवाल ने 1944 में एक योजना प्रस्तुत की जिसका मूल तत्त्व गाँधीवादी सिद्धांत पर आधारित था और यह अपने प्रकार की एक संतुलित योजना थी। इसे गाँधीवादी योजना के रूप में जाना जाता है, जो कि गाँधीवादी दार्शनिकता पर आधारित थी। इस योजना की अनुमानित लागत ₹ 3,500 करोड़ थी और इसका उद्देश्य आत्मनिर्भर गाँवों और औद्योगिक उत्पादन के साथ विकेन्द्रीकृत अर्थव्यवस्था की स्थापना करना था। इसने छोटे स्तर के उद्योगों और कृषि पर जोर दिया।

77. (2) 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) का मुख्य उद्देश्य 'समावेशी विकास' की आवश्यकता पर बल देते हुए विकास रणनीति में व्यापक बदलाव करना था। 11वीं पंचवर्षीय योजना में समावेशी विकास को इस प्रकार परिभाषित किया गया था "एक विकास प्रक्रिया जो व्यापक आधार पर लाभ और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करे"। 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) में भी विकास के साथ समावेशी वृद्धि पर बल दिया गया है।

78. (1) दुर्गापुर, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों को द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956- 1961) के अंतर्गत स्थापित किया गया था। इन्हें क्रमश: रूस, जर्मनी और ब्रिटेन के सहयोग से स्थापित किया गया था। बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना तीसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान की गई थी जबकि सलेम, विजयनगर और विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्रों की स्थापना चौथी पंचवर्षीय योजना में की गई थी।

79. (3) दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956 से 1961) महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी। इस मॉडल को 1953 में प्रशांतचन्द्र महालनोबिस द्वारा प्रतिपादित किया गया था। इस पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों की भूमिका पर बल दिया गया था। भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना कुछ परिवर्तनों के साथ हैरॉड-डोमर मॉडल पर आधारित थी।

80. (4) प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-1956) ने समाजवादी उद्देश्य के साथ भारत में नियोजित अर्थव्यवस्था को भी स्थापित किया। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था, इसलिए कृषि को सर्वाच्च प्राथमिकता दी गई थी। यह योजना मुख्य रूप से प्राथमिक क्षेत्र के विकास पर केंद्रित थी।

81. (1) आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) ने मानव संसाधनों के विकास को प्राथमिकता दी, अर्थात् रोजगार, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य। इस योजना के दौरान नरसिम्हा राव सरकार ने भारत की नई आर्थिक नीति की शुरुआत की।

82. (3) भारत सरकार ने अब बजट में योजना और गैर-योजना व्यय को खत्म कर दिया है और उनकी जगह अब पूंजी और राजस्व व्यय वर्गीकरण को लिया गया है। गैर-योजना व्यय मुख्यत: सरकार का राजस्व व्यय है, हालांकि इसमें पूंजी व्यय भी शामिल है। इसमें योजना व्यय में शामिल सभी व्यय शामिल होते हैं। गैर-योजना व्यय का एक प्रमुख हिस्सा अनिवार्य है, जैसे ब्याज भुगतान, पेंशन, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सरकारों को वैधानिक स्थानान्तरण। बिजली उत्पादन पर व्यय योजना व्यय का हिस्सा है।

83. (2) वर्ष 1991 में आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) स्थिरीकरण और संरचनात्मक समायोजन उपायों की शुरुआत के तुरंत बाद शुरू हुई जो कि भुगतान के संतुलन (बीओपी) और सरकार की संसाधन स्थिति में तत्कालीन वर्तमान संकट से निपटने के लिए तैयार किए गए थे। यह वह समय था जब सरकार ने नई आर्थिक नीति (उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण) की घोषणा की जिसके तहत अधिकांश उद्योगों को मंजूरी दी, आयात शुल्क कम किया गया, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए दरवाजा खोला गया तथा बाजार निर्धारित विनिमय दर प्रणाली को पेश किया गया।

84. (2) जब कोई उत्पाद प्राकृतिक संसाधनों से व्युत्पन्न होता है, तो यह प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि है। इसे प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है क्योंकि यह बाद में बनाए गए सभी अन्य उत्पादों का आधार बनता है। डेयरी प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है क्योंकि यह जानवरों की जैविक प्रक्रिया पर निर्भर करता है। उत्पाद दूध एक प्राकृतिक उत्पाद है।

85. (4) केअर (CARE) रेटिंग्स को पूर्व में क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लिमिटेड के रूप में जाना जाता था। इसने अप्रैल 1993 में अपना परिचालन शुरू किया। केअर रेटिंग वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढाँचा क्षेत्र, कॉर्पोरेट, सार्वजनिक वित्त और एमएसएमई को रेटिंग प्रदान करता है।

86. (2) 'तीव्र, अधिक समावेशी तथा धारणीय विकास' 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) का मुख्य लक्ष्य था। यह योजना भारत में एक दृष्टिकोण द्वारा लागू की गई थी जिसके अंतर्गत विकास की प्रक्रिया के द्वारा सभी वर्गों के लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार सुनिश्चित किए जाने का प्रावधान था।

87. (2) नवरत्न का दर्जा मूल रूप से 1997 में भारत सरकार द्वारा 9 सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) को दिया गया था। नवरत्न का दर्जा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को तुलनात्मक लाभ प्रदान करते हैं तथा उन्हें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अधिक स्वायत्तता प्रदान करते हैं। वर्तमान में 17 नवरत्न हैं :

- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
- इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
- हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
- राष्ट्रीय एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड
- राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड
- एनएमडीसी लिमिटेड
- नेयवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- ऑयल इंडिया लिमिटेड
- पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
- राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड
- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड
- शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

88. (4) उच्च उत्पादन वाली फसलों की किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीक के अनुप्रयोग के द्वारा भारत में हरित क्रांति की शुरुआत तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-66) के दौरान हुई थी। इसकी शुरुआत मुख्यत: अमेरिकी कृषि शास्त्री डॉ. नॉरमेन बोरलॉग द्वारा 1963 में भारत में पहली बार उच्च उत्पादकता वाले गेहूँ की किस्म का प्रयोग करने के बाद हुई थी। इस योजना के परिणामस्वरूप कृषि पर जोर दिया गया जिससे गेहूँ के उत्पादन में सुधार हुआ।

89. (2) भारत का प्रधानमंत्री नीति (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) आयोग के पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है। यह आयोग नीतियों का निर्माण करने वाला एक विचारक मण्डल है जो भारत सरकार के लिए सामरिक, दीर्घकालीन नीतियों और कार्यक्रमों को डिजाइन करते हुए निर्देशात्मक और नीतिगत दोनों सुझाव देता है। नीति आयोग ने 1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग का स्थान ग्रहण किया था।

90. (3) अक्टूबर 1997 में भारत सरकार ने निश्चित पात्रता शर्तों और निर्देशों के अधीन लाभ कमाने वाली कुछ अन्य कंपनियों (नवरत्न के अलावा दूसरी कंपनियों) को अधिक कुशल और प्रतियोगी बनाने हेतु उन्हें वित्तीय सुविधा देने और स्वायत्तता में वृद्धि करने का निर्णय किया। ये श्रेणियाँ थीं- श्रेणी I और श्रेणी II। श्रेणी-I में 59 मिनिरत्न कंपनियाँ शामिल हैं।

91. (2) कार्य के लिए खाद्य कार्यक्रम 2004 में देश के 150 सबसे पिछड़े जिलों में शुरू किया गया था। यह 10वीं पंचवर्षीय योजना (2002-2007) के दौरान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य पूरक वेतन वाले रोजगार पैदा करना था। यह सभी भारतीय गरीबों के लिए खुला था जो मैन्युअल अकुशल श्रम करने के लिए तैयार हों और पारिश्रमिक के लिए रोजगार की तलाश में हों।

92. (1) अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र में उन आर्थिक क्षेत्रों को शामिल किया जाता है जो अंतिम प्रयोज्य उत्पाद का निर्माण करते हैं और इस प्रकार द्वितीयक क्षेत्र कच्ची सामग्रियों के लिए प्राथमिक क्षेत्र के उद्योगों पर निर्भर रहता है। इस क्षेत्र में खनन, विनिर्माण और निर्माण शामिल हैं। चीनी उद्योग द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

93. (2) तृतीयक क्षेत्र या सेवा क्षेत्र तीन क्षेत्रों के सिद्धान्त पर आधारित तीन आर्थिक क्षेत्रों का तीसरा क्षेत्र है। इस प्रकार, वस्तुओं का परिवहन इस क्षेत्र के अंतर्गत आता है। द्वितीयक क्षेत्र (उद्योग और विनिर्माण) और प्राथमिक क्षेत्र (कृषि और कच्ची सामग्री) दो अन्य क्षेत्र हैं।

94. (3) आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992- 1997) को सभी विकासात्मक प्रयासों के केन्द्र के रूप में 'मानव विकास' के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जिन क्षेत्रों ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया उनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल तथा आवास सहित मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित क्षेत्र और कमजोर वर्गों के लिए चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम शामिल हैं।

95. (4) विदेशी व्यापार का उदारीकरण सरकार द्वारा निर्धारित बाधाओं या प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए किया गया है। सरकार विदेशी व्यापार को बढ़ाने/घटाने और इसे तय करने के लिए व्यापार बाधाओं का उपयोग कर सकती है कि किस प्रकार के सामान देश में निर्यात होना चाहिए। व्यापार बाधाओं का उद्देश्य घरेलू उत्पादकों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए किया जाता है।

96. (3) भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत समवर्ती सूची में आर्थिक योजना शामिल है। समवर्ती सूची 52 वस्तुओं की एक सूची है (हालांकि अंतिम वस्तु का क्रमांक 47 है) जिस पर केन्द्रीय और राज्य सरकारें दोनों कानून बना सकती हैं। समवर्ती सूची की वस्तुओं पर राज्य और केन्द्रीय कानूनों के बीच असंगतता होने पर राज्य कानून निरस्त हो जाता है।

97. (1) तृतीयक क्षेत्र में ऐसे उद्योग आते हैं जो व्यापार, परिवहन, बैंकिंग, व्यापार सेवाओं और वित्त से सम्बन्धित सेवा प्रदान करते हैं। विद्युत द्वितीयक

(विनिर्माण) क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। द्वितीयक क्षेत्र में प्राकृतिक उत्पादों के विनिर्माण प्रणाली के द्वारा अन्य रूपों में परिवर्तित किया जाता है।

98. (1) तीसरी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य अनाज में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना और उद्योग और निर्यात की जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। योजना कुल उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि करने के लिए लक्षित था, लेकिन उपलब्धियाँ निराशाजनक थीं। अनाज का वास्तविक उत्पादन 1964-65 में 88.4 मिलियन टन और 1965-66 में 72.3 मिलियन टन था, जो 1965-66 की सूखे की स्थिति के कारण हुआ था। 30 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले खाद्य उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

99. (1) नोबेल पुरस्कार विजेता नॉर्मन अर्नेस्ट बोरलॉग एक अमेरिकी कृषि विज्ञानी एवं मानवतावादी थे, जिन्हें विश्व में हरित क्रांति के पिता के रूप में जाना जाता है। कृषि के क्षेत्र में उनके नवीन प्रयोगों ने अनाज की समस्या से जूझ रहे भारत सहित अनेक विकासशील देशों में हरित क्रांति का प्रवर्तन करने में महत्त्वपूर्ण योगदान किया। इन्होंने 1970 के दशक में मेक्सिको में बीमारियों से लड़ सकने वाली गेहूँ की नई किस्म विकसित की थी।

100. (2) तीसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि 1961-66 थी। 1962 के चीन भारत युद्ध और 1965 में गंभीर सूखे ने इस योजना को बुरी तरह विफल कर दिया। सरकार को इसे ''योजना अवकाश'' घोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ा (योजना अवकाश 1966-67, 1967-68 और 1968-69 से)।

101. (4) प्रधानमंत्री एनडीसी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। योजना आयोग का सचिव एनडीसी का सचिव भी है। योजना आयोग द्वारा प्रशासनिक सहायता भी प्रदान की जाती है। एनडीसी योजना आयोग के लिए एक सलाहकार निकाय है।

102. (4) निर्देशी नियोजन या संकेतक योजना (indicative planning) एक प्रकार की आर्थिक योजना है जो किसी सरकार द्वारा आर्थिक निष्पादन को बढ़ाने के क्रम में बाजार की अपूर्ण जानकारी और मिश्रित अर्थव्यवस्था की समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रयास के रूप में किसी सरकार द्वारा लागू किया जाता है। यह केन्द्रीकृत आयोजन (Centralized planning) से भिन्न है जिसमें राज्य, का सूक्ष्मतम ब्योरेवार लक्ष्य निर्धारित नहीं करता अपितु मोटे तौर पर प्राप्त करने वाले लक्ष्यों को निर्देशित करता है। भारत में निर्देशी नियोजन आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) के दौरान अपनाया गया था।

103. (4) चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि 1969-1974 थी। सूखा, अवमूल्यन और मुद्रास्फीति मंदी के दबाव के बीच इंदिरा गाँधी सरकार द्वारा शुरू की गई यह पहली योजना थी। यह योजना 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध, 14 प्रमुख भारतीय बैंकों के राष्ट्रीयकरण के दृष्टिकोण से काफी उल्लेखनीय है।

104. (3) दसवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 2002 से 2007 तक रहा। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय असमानता को कम करने के लिए क्षेत्रीय दृष्टिकोण को अनुसरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। दसवीं पंचवर्षीय योजना में पहली बार राज्यों के साथ विचार-विमर्श कर राज्यवार विकास दर निर्धारित की गई। इसके साथ ही पहली बार आर्थिक लक्ष्यों के साथ-साथ सामाजिक लक्ष्यों पर भी बल गया।

105. (1) 11वीं योजना में मार्केटिंग सपोर्ट एंड सर्विसेज स्कीम (एमएसएस) को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार दोनों में बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं और जनता के बीच हस्तशिल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ विभिन्न बाजारों और विपणन माध्यमों को कारीगरों तक पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया। यह विपणन की आधारभूत संरचना के निर्माण के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विपणन के लिए सहायता उपलब्ध कराने हेतु तैयार किया गया था।

106. (2) तेजी से औद्योगीकरण तथा बुनियादी और भारी उद्योगों के विकास पर विशेष जोर द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-1961) के उद्देश्यों में से एक था। इसके अन्य उद्देश्य थे :

- राष्ट्रीय आय के आकार में वृद्धि ताकि देश में रहने पर स्तर को बढ़ाया जा सके।
- रोजगार के अवसरों का बड़ा विस्तार, तथा
- आय और धन की असमानताओं को कम करना और आर्थिक शक्ति का वितरण भी।

107. (1) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवी- आईसी) संसद अधिनियम '1956 का खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम' के तहत भारत सरकार द्वारा गठित एक सांविधिक निकाय है। यह दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-1961) के दौरान गठित किया गया था। अप्रैल 1957 में, इसमें अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का विलय कर दिया गया।

108. (1) 5 फरवरी, 2013 को सरकार ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) और गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (GAIL) को महारत्न का दर्जा दिया। महारत्न की स्थिति के अनुसार, दो सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को गतिविधियों को करने के लिए देश में और साथ ही विदेशों में अधिक परिचालन की स्वतंत्रता होगी।

109. (4) भारत में दस लाख बच्चों को नवजात शिशुओं के रूप में विकसित करने की दृष्टि से, अटल इनोवेशन मिशन, नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (NITI Aayog) द्वारा आरम्भ किया गया, भारत सरकार की एक पहल है जो, स्कूलों में अटल टिंकर लैबोरेट्रीज (ATL) स्थापित कर रही है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना- शीलता को बढ़ावा देना और डिजाइन माइंड - सेट, कम्प्यूटेशनल सोच, शारीरिक कंप्यूटिंग, तेजी से गणना, माप आदि जैसे कौशल विकसित करना है।

110. (4) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह पेट्रोलियम रिफाइनरियों और अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग और संबंधित तकनीकी सेवाएं प्रदान करने के लिए 1965 में स्थापित किया गया था।

111. (2) भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रकार के क्षेत्रक हैं।

- **प्राथमिक क्षेत्र:** प्राकृतिक संसाधन पर सीधे निर्भर। उदाहरण खनन, मछली पकड़ना, कृषि आदि।
- **द्वितीयक/विनिर्माण क्षेत्र:** प्राकृतिक संसाधन में मूल्य जोड़ना। उदाहरण कार फैक्टरी, शराब की भट्ठी, आटा चक्की आदि।
- **सेवा क्षेत्र:** उत्पादन और विनिमय दोनों शामिल हैं। उदाहरण बैंकिंग, रिटेलिंग, रेस्तरां आदि।

112. (2) रिलायंस इंडस्ट्रीज 28 नवम्बर, 2019 को 10 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के निशान तक पहुँचने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई।

113. (2) जनवरी 2020 तक भारत में 10 महारत्न कंपनियाँ, 14 नवरत्न कंपनियाँ और 73 मिनीरत्न कंपनियाँ श्रेणी 1 और श्रेणी 2 में विभाजित थीं। महारत्न कंपनियों की सूची में शामिल हैं:

- राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC);
- तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC);
- भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (SAIL);
- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL);
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL);
- हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL)
- कोल इंडिया लिमिटेड (CIL);
- गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (GAIL);
- भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL);
- पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (POWERGRID)

114. (4) भारत के शीर्ष तेल और गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी और देश के सबसे बड़े बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने 21 मई, 2020 को अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी स्थापित करने के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किया।

- यह समझौता ज्ञापन दोनों कंपनियों को अक्षय ऊर्जा व्यवसाय में अपने संबंधित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करेगा।

115. (2) योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च, 1950 को की गयी थी।
- भारत का योजना आयोग, भारत सरकार की एक संस्था थी जिसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनायें बनाना था।
- योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे।
- योजना आयोग को 17 अगस्त, 2014 को भंग कर दिया गया और 1 जनवरी, 2015 को इसे नीति आयोग द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।

116. (3) प्रधानमंत्री योजना आयोग और भारतीय राष्ट्रीय एकता परिषद का अध्यक्ष होता है।
- योजना आयोग को 17 अगस्त, 2014 को भंग कर दिया गया तथा उसके स्थान पर 1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग का गठन किया गया।

117. (2) किसी देश में एक वर्ष में उत्पादित या प्रदान की गई वस्तुओं और सेवाओं के अंतिम मूल्य को जीडीपी की गणना के लिए ध्यान में रखा जाता है।
- केवल वही सेवाएँ जो जीडीपी की गणना में शामिल नहीं हैं, वे कार्य हैं जो बिना किसी मौद्रिक लेन देन को शामिल किए जाते हैं।

118. (4) प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) भारतीय रुपये में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मूल्य को प्रकाशित करता है।
- पीआईबी सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, पहलों और उपलब्धियों पर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सूचना प्रसारित करने के लिए भारत सरकार की केंद्रक अभिकरण है।

TYPE–VIII

1. (2) NSDL से अभिप्राय नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरि लिमिटेड से है। यह मुंबई में स्थित एक भारतीय केन्द्रीय प्रतिभूति न्यास है। इसकी स्थापना भारत के आर्थिक विकास के लिए उत्तरदायी राष्ट्रीय संस्थान की सलाह के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहली इलेक्ट्रॉनिक सिक्युरिटीज डिपॉजिटरि के रूप में 8 नवम्बर, 1996 को की गई थी।

2. (1) अमेरिकी अर्थशास्त्री और राजनीतिक सिद्धान्तवादी वाल्ट रॉस्टोव ने सुझाव दिया था कि किसी अर्थव्यवस्था के विकसित अर्थव्यवस्था बनने से पूर्व अर्थव्यवस्था निम्नलिखित पाँच चरणों से होकर गुजरती है। इस टेक–ऑफ को उस अन्तराल के रूप में परिभाषित किया जाता है जिस दौरान निवेश में उस दर से वृद्धि होती है कि प्रति व्यक्ति वास्तविक उत्पादन में वृद्धि होती है और यह आरंभिक वृद्धि उत्पादन की तकनीक में आमूल परिवर्तनों के साथ बढ़ती है और आय प्रवाह की प्रवृत्ति जो निवेश के नए स्तर को जारी रखती है और इस प्रकार प्रति व्यक्ति उत्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति जारी रहती है।

3. (3) केन्द्रीय दूरसंचार नीति 2012 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 31 मई, 2012 को मंजूरी दे दी थी। इस नीति का दृष्टिकोण एक त्वरित समावेशी, सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए कहीं भी सुरक्षित, विश्वसनीय, वहनीय और उच्च गुणवत्ता वाले दूरसंचार सेवा उपलब्ध कराना है। ट्राई ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एनटीपी) 2018 के लिए सिफारिशें जारी की हैं। एनटीपी 2018 का उद्देश्य वर्ष 2022 तक देश की 90 प्रतिशत आबादी को वहनीय कीमत पर सैटेलाइट की सहायता से वायरलेस ब्रॉडबैण्ड सेवा उपलब्ध कराना है।

4. (3) तिरुपुर वस्त्रों के उत्पादन का एक शहर है जो नोय्याल नदी के किनारे स्थित है। यह तिरुपुर जिले का प्रशासनिक मुख्यालय है। यह दक्षिण भारत के प्राचीन कोंगु नाडू क्षेत्र के एक हिस्से का निर्माण करता है जहाँ की प्रजा ने सबसे पहले क्षेत्रीय राज्य की स्थापना की थी। तिरुपुर वस्त्रों का एक बड़ा केन्द्र है और अकुशल अस्थायी श्रमिकों के लिए भारी मात्रा में रोजगार के अवसर पैदा करता है। यह भारत का एक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र है। तिरुपुर ने होजरी, बुने वस्त्रों, आरामदायक कपड़ों और खेल वस्त्रों के प्रमुख स्रोत के रूप में वैश्विक पहचान प्राप्त की है। तीन दशकों के दौरान तिरुपुर देश में बुने हुए वस्त्रों की राजधानी के रूप में उभरा है। पाँच लाख से भी अधिक लोगों को रोजगार देने वाले तिरुपुर ने पिछले वर्ष 12,000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात किया।

5. (1) चतुर्थ क्षेत्रक अर्थव्यवस्था का ज्ञान आधारित क्षेत्र है, जिसमें आम तौर पर सूचना–प्रौद्योगिकी, मीडिया, अनुसंधान और विकास जैसे ज्ञान–उन्मुख आर्थिक क्षेत्र शामिल होते हैं; सूचना–आधारित सेवाएँ जैसे सूचना–उत्पादन और सूचना–साझाकरण; और ज्ञान आधारित सेवाएँ जैसे परामर्श, शिक्षा, वित्तीय नियोजन, ब्लॉगिंग, और डिजाइनिंग आदि शामिल हैं।

6. (1) भारतीय सांख्यिकी संस्थान 1931 में प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता में प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का एक शैक्षणिक संस्थान था। इसके मूल का निर्धारण प्रेसिडेंट कॉलेज, कोलकाता द्वारा स्थापित सांख्यिकीय प्रयोगशाला में किया जा सकता है। महालनोबिस,ने 1920 के दशक में कॉलेज के भौतिकी विभाग में काम किया था।

7. (3) निजी स्टील की प्रमुख टाटा स्टील फरवरी 2019 में एथिस्फेयर इंस्टीट्यूट द्वारा दुनिया की सबसे अधिक नैतिक कंपनियों में से एक के रूप में मान्यता दी गई एथिस्फेयर इंस्टीट्यूट 2019 के लिए नैतिक व्यापार प्रथाओं के मानकों को परिभाषित करने और आगे बढ़ाने में एक वैश्विक मुखिया है। इसके साथ, टाटा स्टील को धातु, खनिज और खनन श्रेणी में आठ बार मान्यता मिली है।

8. (2) यूनिलीवर एक ब्रिटिश–डच ट्रांसनेशनल कंज्यूमर गुड्स कंपनी है जिसका मुख्यालय लंदन, यूनाइटेड किंगडम और रॉटरडैम, नीदरलैंड में स्थित है। इसके उत्पादों में खाद्य और पेय पदार्थ (इसके राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत), सफाई एजेंट, सौंदर्य उत्पाद और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद शामिल हैं। यह यूरोप की सातवीं सबसे मूल्यवान कंपनी है।

9. (1) विजय केलकर पैनल ने पीपीपी मॉडल के पुनरुद्धार के लिए विभिन्न उपायों की सिफारिश की है।
- पैनल को केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा केंद्रीय बजट 2015–16 में नियुक्त किया गया था।
- यह इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के पीपीपी मॉडल को फिर से तैयार करने और पुनर्जीवित करने पर एक समिति थी।
- वर्तमान में, देश भर में 12007 से अधिक पीपीपी परियोजनाएँ चल रही हैं, जिसमें लगभग 7.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

10. (4) डिज्नी द्वारा 21 वीं सदी के फॉक्स का अधिग्रहण 20 मार्च, 2019 को किया गया।
- इस अधिग्रहण में फॉक्स नेटवर्क्स ग्रुप की 20 वीं शताब्दी की फॉक्स फिल्म और टेलीविजन स्टूडियो भी शामिल थे।

11. (4) कीन्सियन अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था में कुल खर्च और उत्पादन तथा मुद्रास्फीति पर इसके प्रभाव का एक आर्थिक सिद्धांत है।
- महान मंदी (ग्रेट डिप्रेशन) को समझने की कोशिश में 1930 के दशक के दौरान ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने इसे विकसित किया था।
- कीन्स ने मांग को प्रोत्साहित करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को मन्दी से बाहर निकालने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि और कम करों की वकालत की।

12. (3) ईबिक्स इंक ने सभी शेयरों के सौदे के लिए 337.8 मिलियन डॉलर के उद्यम मूल्य चुकाकर ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल "यात्रा ऑनलाइन इंक" का अधिग्रहण किया था।
- ईबिक्स इंक, ऑन–डिमांड सॉफ्टवेयर और ई–कॉमर्स सेवाओं का आपूर्तिकर्ता है।
- यह बी 2 बी (व्यापार–से–व्यवसाय) खंड में विशेषज्ञता है, जहाँ यह कॉर्पोरेट यात्रा बुकिंग में भी अग्रणी है।
- यह बीमा, वित्तीय और स्वास्थ्य सेवा उद्योगों के लिए सॉफ्टवेयर बनाता है।

13. (2) एफपीओ मार्क भारत में बेचे जाने वाले सभी प्रसंस्कृत फलों के उत्पादों जैसे कि पैक किए गए फलों के पेय पदार्थ, फल–जैम, स्क्वैश, अचार, निर्जलित फलों के उत्पाद और फलों के अर्क पर एक प्रमाणीकरण चिह्न अनिवार्य है, जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का अनुसरण करता है। एफपीओ मार्क गारंटी देता है कि उत्पाद एक स्वच्छ 'खाद्य–सुरक्षित' वातावरण में निर्मित किया गया था, इस प्रकार यह सुनिश्चित करना कि उत्पाद खपत के लिए उपयुक्त है।

14. (4) डेविड रिकार्डो ने पहले तर्क दिया कि उच्च घाटे की स्थिति में लोग अधिक बचत करते हैं।
- इसे 'समतुल्यता' कहा जाता है क्योंकि यह तर्क देता है कि कराधान और उधार, व्यय के वित्तपोषण के समान साधन हैं।

9 भौतिक विज्ञान

1997–2010 के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है

TYPE–I

1. जब एक कार की गति दोगुनी कर दी जाती है तब उसको उतनी ही दूरी में रोकने के लिए ब्रेक बल (Braking force) कितना होगा ?

(1) चौगुना (2) दोगुना

(3) आधा (4) एक-चौथाई

(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–1997)

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-07.09.2016, Shift-III)

2. पानी की सतह पर हल्के रखी गई एक लोहे की सूई उस पर क्यों तैरती रहती है ?

(1) जब वह पानी के भीतर रहेगी तब वह अपने वजन से अधिक पानी का विस्थापन करेगी

(2) सूई की सघनता पानी की सघनता से कम होती है

(3) उसके पृष्ठीय-तनाव के कारण

(4) उसके आकार के कारण

(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–1997)एवं (SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

3. **रॉकेट** को अन्तरिक्ष में छोड़ने के लिए कितने न्यूतम पलायन वेग की आवश्यकता होती है ?

(1) 5 किमी/से. (2) 6 किमी/से.

(3) 11 किमी/से. (4) 15 किमी/से.

(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–1997) (FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–05.02.2012 द्वितीय पाली) (SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली) (SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378) (SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–13.01.2017, तृतीय पाली)

4. **सीसे** के एक टुकड़े सहित बर्फ का एक ब्लॉक (खंड) पानी में तैरता है । यदि बर्फ पिघलती है तो पानी का स्तर

(1) ऊपर उठता है

(2) नीचे गिरता है

(3) उतना ही रहता है

(4) पहले गिरता है और फिर उठता है

(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–09.09.2001) (SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा-16.01.2017, Shift-II) (SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली) (SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा–02.07.2017, प्रथम पाली)

5. पानी के किसी द्रव्यमान को 0° से. से 10° से. तक गरम करने से उसके आयतन में-

(1) आनुक्रमिक वृद्धि होगी

(2) आनुक्रमिक कमी आएगी

(3) बढ़ने के बाद कमी होने लगेगी

(4) घटने के बाद वृद्धि होने लगेगी

(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 प्रथम पाली) तथा (SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नार्थ जोन द्वितीय पाली)

6. **जब बर्फ के दो घनों (क्यूब)को एक दूसरे के ऊपर दबाया जाता है, तो उनके मिलकर एक हो जाने का कारण क्या है?**

(1) वॉन्डर वाल के बल

(2) द्वि-ध्रुव आघूर्ण (मोमेन्ट)

(3) हाइड्रोजन आबंध (बांड) रचना

(4) सहसंयोजक आकर्षण

(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 मध्य क्षेत्र) (SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–05.12.2004) (SSC FCI सहायक ग्रेड-III परीक्षा, 11.11.2012, प्रथम पाली)

7. **ऑटोमोबाइलों (मोटर कारों) में हाइड्रोलिक ब्रेकों के कार्यकरण (वर्किंग) पर निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त/नियम लागू होता है ?**

(1) बर्नोली नियम

(2) पोसियल्स सिद्धान्त

(3) पास्कल नियम

(4) आर्किमिडीज का नियम

(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–11.05.2003 प्रथम पाली) (SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–12.05.2002, द्वितीय पाली) (SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 Delhi Second setting) (SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, प्रथम पाली) (SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली) (SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा-30.04.2016, प्रथम पाली)

8. **यदि वायुदाबमापी यन्त्र (बैरोमीटर) की रीडिंग अचानक तेजी से गिरने लग जाए, तो इससे यह संकेत मिलता है कि मौसम:**

(1) बहुत गर्म होगा

(2) अत्यधिक तूफानी होगा

(3) शीतलहर वाला होगा

(4) कम-से-कम 48 घण्टे तक लगातार वर्षा वाला होगा

(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–14.12. 2003) (SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–05.09.2004) (SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–03.09.2006) (SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–27.07.2008 द्वितीय पाली) (बिहार SSC द्वितीय स्नातक स्तर प्रारंभिक परीक्षा 23.02.2015)

9. जब बस सहसा मुड़ती है तब बस में खड़ा यात्री बाहर की ओर गिरता है । इसका कारण है :

(1) उस पर बाहर की ओर कर्षण

(2) गति का जड़त्व

(3) संवेग में परिवर्तन

(4) त्वरण में परिवर्तन

(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–05.12.2004) (SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–25.11.2007) (SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–29.03.2009) (SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–1112.2011 Delhi Zone) (SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन प्रथम पाली) (SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 21.10.2012, द्वितीय पाली) (SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा–02.07.2017, प्रथम पाली)

10. लैम्प की बत्ती में तेल ऊपर चढ़ता है क्योंकि
(1) तेल बहुत हल्का होता है
(2) बत्ती में से तेल का विसरण होता है
(3) पृष्ठीय तनाव परिघटना के कारण
(4) केशिकीय क्रिया परिघटना के कारण
(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–05.06.2005)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–12.05.2002, प्रथम पाली)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, प्रथम पाली)

11. तेल की बूँद पानी पर फैल जाती है क्योंकि
(1) तेल पानी से हल्का होता है
(2) तेल अधिक श्यान होता है
(3) तेल पानी में नहीं घुलता है
(4) तेल का पृष्ठ तनाव पानी से बहुत कम होता है
(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–11.12.2005)
(SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–30.11.2008)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–27.05.2001 प्रथम पाली)
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–16.06.2002, पुर्नपरीक्षा)
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014)

12. कक्षा में अन्तरिक्ष-यान में भारहीनता की अनुभूति का कारण है:
(1) बाहरी गुरुत्वाकर्षण का अभाव
(2) कक्षा में त्वरण बाहरी गुरुत्वाकर्षण के कारण त्वरण के बराबर होता है।
(3) बाहरी गुरुत्वाकर्षण, किन्तु अन्तरिक्ष-यान के भीतर नहीं
(4) कक्षा में अन्तरिक्ष-यान में ऊर्जा का न होना
(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–25.11.2007)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-08.09.2016, Shift-III)

13. जब किसी वस्तु को पृथ्वी से चाँद पर ले जाया जाए, तो–
(1) द्रव्यमान बदल जाता है, परन्तु भार उतना ही रहता है
(2) भार बदल जाता है, परन्तु द्रव्यमान उतना ही रहता है
(3) भार और द्रव्यमान दोनों बदल जाते हैं
(4) भार और द्रव्यमान दोनों एकसमान रहते हैं
(SSC टैक्स असिस्टेन्ट (Income Tax & Central Excise) परीक्षा–14.12.2008)
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 14.09.2017, प्रथम पाली)

14. जब कोई जहाज नदी से समुद्र में प्रवेश करता है:
(1) वह थोड़ा-सा ऊपर उठ जाता है
(2) वह थोड़ा-सा नीचे चला जाता है
(3) वह उसी स्तर पर रहता है
(4) वह जिस द्रव्य से बना है, उसके आधार पर ऊपर उठता है या नीचे जाता है
(SSC CISF ASI परीक्षा–29.08.2010)
(SSC दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा–19.08.2012)
(SSC Delhi Police सब इंस्पेक्टर परीक्षा, 19.08.2012, Paper-I)
(SSC CPO SI & ASI दिल्ली पुलिस परीक्षा–05.06.2016 प्रथम पाली)

15. वायुमंडलीय हवा पृथ्वी पर रखी जाती है।
(1) गुरुत्व द्वारा
(2) पवनों द्वारा
(3) बादलों द्वारा
(4) पृथ्वी के घूर्णन द्वारा
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–26.06.2011 प्रथम पाली)

16. पहिए में बॉल बेयरिंग का काम है
(1) घर्षण को बढ़ाना
(2) गतिज घर्षण को बेल्लन घर्षण में बदलना
(3) स्थैतिक घर्षण को गतिज घर्षण में बदलना
(4) मात्र सुविधा के लिए
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा–26.06.2011 प्रथम पाली)

17. वायुमण्डल में जल वाष्प की मात्रा मापी जाती है
(1) आर्द्रता के रूप में
(2) बिन्दुकों के रूप में
(3) धूम-कोहरा के रूप में
(4) उपर्युक्त सभी
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-II परीक्षा–22.01.2012)

18. स्टील से बनी गोलाकार गेंद को मर्करी के पात्र में डालने पर वह
(1) मर्करी में डूब जाएगी
(2) मर्करी के पृष्ठ (सतह) के ऊपर रहेगी
(3) अंशत: मर्करी में निमज्जित हो जाएगी
(4) मर्करी में घुल जाएगी
(FCI असिस्टेंट ग्रेड-III परीक्षा–05.02.2012 प्रथम पाली)

19. पानी का पृष्ठ तनाव अपमार्जक मिलाने पर :
(1) बढ़ जाता है (2) घट जाता है
(3) कोई परिवर्तन नहीं होता
(4) शून्य हो जाता है
(SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–05.05.2002 उत्तर क्षेत्र, प्रथम पाली)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011 East Zone)

20. जब वाष्प-दाब, वायुमण्डलीय दाब के बराबर हो जाता है, तो द्रव पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
(1) द्रव ठण्डा हो जाता है
(2) द्रव उबलने लगता है
(3) द्रव में कोई परिवर्तन नहीं होता है
(4) द्रव वाष्पीकृत होने लगता है
(SSC डाटा एंट्री ऑपरेटर परीक्षा–31.08.2008)
(SSC COPs एस. आई. एवं इंटेलिजेंस ऑफिसर परीक्षा–27.05.2012)

21. दूध को मथने से क्रीम के अलग हो जाने का कारण है :
(1) घर्षण बल **(2) अपकेंद्री बल**
(3) गुरुत्व बल **(4) श्यान बल**
(SSC डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं एलडीसी परीक्षा–27.11.2010)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 20.10.2013)

22. निम्न कण एक ही गतिज ऊर्जा के साथ चल रहे हैं। उनमें से सबसे अधिक संवेग किसका है?
(1) इलेक्ट्रॉन (2) प्रोटॉन
(3) ड्यूट्रॉन (4) अल्फा-कण
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–09.01.2011)

23. सोडालाइम की एक बोतल को गर्दन से पकड़ा गया है और ऊर्ध्वाधर वृत्त में तेज़ी से घुमाया गया है। बोतल के किस भाग के निकट बुलबुले एकत्र होंगे?
(1) तली के निकट
(2) तली के मध्य में
(3) गर्दन के निकट
(4) बुलबुले बोतल में एकसमान वितरित रहते हैं।
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–09.01.2011)

24. जब हम भूमध्य रेखा से उत्तर ध्रुव की ओर जाते हैं, 'g' (गुरुत्वाकर्षण का त्वरण) कैसा हो जाता है?
(1) यथावत रहता है।
(2) घटता है।
(3) बढ़ता है।
(4) उपर्युक्त कोई भी नहीं
(SSC सी.आई.एस.एफ. कांस्टेबल (जीडी) स्टॉफ परीक्षा–05.06.2011)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011)
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 08.08.2017, द्वितीय पाली)

25. रेल की पटरियाँ अपने वक्रों पर किस कारण से बैंक की गई होती हैं?
(1) रेलगाड़ी के भार के क्षैतिज घटक से आवश्यक अपकेंद्री बल प्राप्त किया जा सकता है
(2) रेलगाड़ी के पहियों और पटरियों के बीच किसी भी प्रकार का घर्षण-बल उत्पन्न नहीं हो सकता
(3) रेलगाड़ी के भार के क्षैतिज घटक से आवश्यक अभिकेंद्री बल प्राप्त किया जा सकता है
(4) रेलगाड़ी अंदर की ओर नहीं गिर सकती
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–16.10.2011)

26. यदि हम किसी पात्र के तल पर द्रव के दाब की गणना करना चाहें तो उसे निर्धारित करने के लिए कौन सी मात्रा आपेक्षित नहीं है?
(1) द्रव स्तंभ की ऊँचाई
(2) पात्र के तल के पृष्ठ का क्षेत्रफल
(3) द्रव का घनत्व
(4) पात्र के तल पर गुरुत्व के कारण त्वरण
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 Delhi Zone)

27. एक मकान की छत से भूमि की ओर एक पत्थर गिराया जाता है। उस पत्थर की गतिज (कायनेटिक) ऊर्जा अधिकतम कब होगी?
(1) उसे गिराने के तुरंत बाद
(2) उसके आधी दूरी तक पहुँचने के बाद
(3) भूमि पर पहुँचने के ठीक पहले
(4) भूमि पर पहुँचने के बाद
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 Delhi Second setting)

28. पानी की बूँदों का तैलीय पृष्ठ पर न चिपकने का कारण है
(1) आसंजक बल का अभाव
(2) पृष्ठ तनाव
(3) आपस में मिल नहीं सकते
(4) तेल की अपेक्षा जल हलका होता है
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 East Zone)

29. एक माइक्रोन इसके बराबर है
(1) 0.1 मि.मी. (2) 0.01 मि.मी.
(3) 0.001 मि.मी. (4) 0.0001 मि.मी.
(SSC कांस्टेबल (GD) एवं राइफलमैन (GD) परीक्षा–22.04.2012 प्रथम पाली)

30. निम्नलिखित में से कौन सा बल 'क्षयकारी बल' है?
(1) स्थिर वैद्युत बल (2) चुंबकीय बल
(3) गुरुत्व बल (4) घर्षण बल
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नॉर्थ जोन प्रथम पाली)

31. एक सी स्थूलता के दो पिंडों को एक ही समय पर समान गति से एक मीनार की चोटी से फेंका जाता है। एक पिंड (एक्स) ऊर्ध्व रूप से नीचे फेंका गया है। दूसरा पिंड (वाई) समतल फेंका गया है तो :
(1) दोनों जमीन पर एक सी गतिज ऊर्जा सहित पहुँचते हैं।
(2) एक्स अधिक गतिज ऊर्जा सहित भूमि पर पहुँचता है।
(3) वाई अधिक गतिज ऊर्जा सहित भूमि पर पहुँचता है।
(4) एक्स और वाई दोनों जमीन पर एक साथ पहुँचते हैं।
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–01.07.2012) नार्थ जोन द्वितीय पाली)

32. निम्नलिखित में से कौन, भार की इकाई नहीं है?
(1) पौंड (2) किलोग्राम
(3) ग्राम (4) डाइन
(SSC स्नातक स्तर Tier-1 परीक्षा–08.07.2012) नार्थ जोन द्वितीय पाली)

33. स्वचालित वाहनों के रेडियेटर में प्रतिहिम के रूप में किस पदार्थ का प्रयोग किया जाता है?
(1) मेथिल अल्कोहल और H_2O
(2) मेथिल अल्कोहल
(3) एथिल अल्कोहल
(4) एथिल अल्कोहल और H_2O
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 21.10.2012, द्वितीय पाली)

34. विमा MLT^{-2} किसके अनुरूप है ?
(1) बल (2) किए गए कार्य
(3) त्वरण (4) वेग
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 21.04.2013)

35. एक बाँध की दीवार सबसे ऊपरी भाग की अपेक्षा सबसे निचले भाग पर अधिक मोटी बनाई जाती है क्योंकि दीवार पर पानी द्वारा डाला गया दाब
(1) दीवार की मोटाई पर निर्भर करता है
(2) दीवार की ऊँचाई के साथ बढ़ता है
(3) दीवार की गहराई के साथ बढ़ता है
(4) दीवार के क्षेत्र पर निर्भर करता है
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 28.10.2012, प्रथम पाली)

36. वर्षासह कोटों और तंबुओं के लिए सामग्री में जलसह गुण का स्रोत होता है
(1) पृष्ठ तनाव (2) श्यानता
(3) विशिष्ट घनत्व (4) प्रत्यास्थता
(SSC (10+2) स्तर डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 04.11.2012, द्वितीय पाली)

37. सापेक्ष गुरुत्व, निम्न में किसका अनुपात है?
(1) पदार्थ का घनत्व और जल का घनत्व
(2) पदार्थ का घनत्व और 0° से. पर जल का घनत्व
(3) 4° से. पर जल का घनत्व और पदार्थ का घनत्व
(4) पदार्थ का घनत्व और 4° से. पर जल का घनत्व
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, कोलकाता क्षेत्र)
(SSC मैट्रिक स्तरीय मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, द्वितीय पाली)

38. एक दाबमापी को एक बेलजार में रखा गया है। उस बेलजार से वायु को धीरे-धीरे निकालने पर क्या होता?
(1) पारे का स्तर बढ़ने लगता है
(2) पारे का स्तर घटने लगता है
(3) पारे का स्तर अपरिवर्तित रहता है
(4) बेलजार फट जाता है
(SSC मैट्रिक स्तरीय मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, द्वितीय पाली)

39. विलोडन द्वारा हिलाया गया द्रव किसके कारण स्थिर हो जाता है?
(1) घनत्व (2) सतही तनाव
(3) श्यानता (4) अभिकेंद्री बल
(SSC स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा, 19.05.2013)

40. जब किसी पिंड को द्रव में डुबाया जाता है, तो उस पर कौन-सा बल कार्यरत हो जाता है?
(1) उत्क्षेप (2) भार
(3) द्रव्यमान (4) (1) तथा (2) दोनों
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, प्रथम पाली)

41. एक वस्तु का द्रव्यमान, भौतिक तुला से मापने पर एक स्थिर लिफ्ट में m पाया गया है। यदि वही लिफ्ट a के त्वरण (एक्सलेरेशन) से ऊपर जाने लगे, तो उस वस्तु के द्रव्यमान का माप कितना होगा?
(1) $m\left(1-\frac{a}{g}\right)$ (2) $m\left(1+\frac{a}{g}\right)$
(3) m (4) शून्य
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, प्रथम पाली)

42. सार्वत्रिक गुरुत्वीय स्थिरांक का विमीय सूत्र कौन-सा है?
(1) $M^{-1} L^3 T^2$
(2) $M L^2 T^{-2}$
(3) M^{-2}
(4) $M^{-1} L^3 T^{-2}$
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 10.11.2013, द्वितीय पाली)

43. पदार्थ की तरंगें किस प्रकार की होती हैं?
(1) दी ब्रॉगली तरंगें
(2) विद्युत-चुंबकीय तरंगें
(3) अनुग्रस्थ तरंगें
(4) अनुदैर्ध्य तरंगें
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 20.10.2013)

44. ग्रह गति का केपलर नियम बताता है कि कालावधि का वर्ग _____ के बराबर है।
(1) अर्ध दीर्घ अक्ष
(2) अर्ध दीर्घ अक्ष के वर्ग
(3) अर्ध दीर्घ अक्ष के घन
(4) अर्ध दीर्घ अक्ष की चौथी शक्ति
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 24.03.2013, प्रथम पाली)

45. वृत्ताकार पथ के चारों ओर पिंड की गति किसका उदाहरण है?
(1) समान वेग, परिवर्ती त्वरण
(2) समान चाल, समान वेग
(3) समान चाल, परिवर्ती वेग
(4) समान चाल, परिवर्ती त्वरण
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–16.02.2014 द्वितीय पाली)
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014)
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 333 LO 2, प्रथम पाली)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-30.08.2016, Shift-III)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.10.2016, Shift-I)
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 08.08.2017, प्रथम पाली)

46. किसी पिंड का वजन किसके केन्द्र से प्रतिक्रिया करता है?
(1) गुरुत्वाकर्षण (2) द्रव्यमान
(3) (1) और (2) दोनों (4) उत्प्लावकता
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–23.02.2014 द्वितीय पाली)

47. एकपहिया ठेला किसके उदाहरण है?
(1) श्रेणी III लीवर (2) घिरनी प्रणाली
(3) श्रेणी I लीवर (4) श्रेणी II लीवर
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–23.02.2014 द्वितीय पाली)

48. बादल किस कारण वायुमंडल में तैरते हैं?
(1) निम्न दाब (2) निम्न घनत्व
(3) निम्न श्यानता (4) निम्न तापमान
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा–23.02.2014 द्वितीय पाली)

49. आपेक्षिक आर्द्रता को किस रूप में व्यक्त किया जाता है?
(1) ग्राम (2) किलोग्राम
(3) प्रतिशत (4) अनुपात
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

50. एक वास्तविक गैस किसमें एक आदर्श गैस के रूप में क्रिया कर सकती है?
(1) उच्च दाब और निम्न ताप
(2) निम्न दाब और उच्च ताप
(3) उच्च दाब और उच्च ताप
(4) निम्न दाब और निम्न ताप
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)
(SSC JE (Civil) Exam, 27.01.2018 (IInd Sitting)

51. आपेक्षिकता के विशेष सिद्धांत के अनुसार किसी कण का द्रव्यमान
(1) एक प्रेक्षक के संबंध में वेग में बढ़ोतरी के साथ बढ़ता है।
(2) वेग में बढ़ोतरी के साथ घटता है।
(3) वेग में कमी के साथ घटता है।
(4) अपने वेग से मुक्त रहता है।
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

52. सड़क पर चलते समय किसी बैलगाड़ी के पहियों की गति किसका उदाहरण है?
(1) दोलनी और घूर्णनी गति
(2) दोलनी और स्थानांतरीय गति
(3) स्थानांतरीय और घूर्णनी गति
(4) केवल स्थानांतरीय गति
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 27.04.2014)

53. धातु की शुद्धता का निर्धारण किसकी सहायता से किया जा सकता है?
(1) पास्कल नियम
(2) बॉयल नियम
(3) आर्किमिडिज का सिद्धांत
(4) द्रव्यमान संरक्षण का सिद्धांत
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

54. यदि पदार्थ के द्रव्यमान और वेग दोनों को उनके परिमाण से दुगुना कर दिया जाए तो गतिज ऊर्जा कितनी हो जाएगी?
(1) दुगुनी (2) चौगुनी
(3) आठगुनी (4) सोलहगुनी
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

55. दो पदार्थ कुछ दूरी पर रखे जाने पर एक-दूसरे के प्रति गुरुत्वाकर्षण बल F महसूस करते हैं। यदि उनके बीच दूरी को पहली दूरी से दुगुना कर दिया जाए, तो बल कितना हो जाएगा?
(1) 2F (2) $\frac{1}{2}$ F
(3) 4F (4) $\frac{1}{4}$ F
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

56. किसी कण को साम्यावस्था में रखने के लिए बलों की न्यूनतम संख्या है
(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)

57. एस.एच.एम. (SHM) दर्शाने वाली प्रणाली में यह अवश्य होना चाहिए
(1) प्रत्यास्थता एवं जड़त्व, दोनों ही
(2) प्रत्यास्थता, जड़त्व और एक बाह्य बल
(3) केवल प्रत्यास्थता
(4) केवल जड़त्व
(SSC CAPFs S.I. CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस S.I. परीक्षा, 22.06.2014)
(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

58. किसी दरवाजे को आसानी से खोलने के लिए उसका हैन्डल कहाँ लगाया जाना चाहिए ?
(1) कब्जों के पास
(2) मध्य-बिन्दु से दूर कब्जों के सामने
(3) बीच में
(4) उपर्युक्त में से कहीं भी नहीं
(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

59. एक गोली टकराती है और एक अनुप्रस्थ घर्षणहीन मेज पर पड़े एक ठोस ब्लॉक में धँस जाती है। इस प्रक्रिया में कौन सी भौतिक राशि सुरक्षित है?
(1) संवेग और गतिज ऊर्जा
(2) केवल संवेग
(3) केवल गतिज ऊर्जा
(4) न संवेग और न ही गतिज ऊर्जा
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

60. एक पहाड़ी पर चढ़ते हुए वाहन का ड्राइवर गियर का अनुपात रखता है
(1) 1 के बराबर
(2) 1 से कम
(3) 1 से अधिक
(4) 1 के बराबर या उससे अधिक
[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

61. एक वस्तु इतनी दूरी तय करती है, जो सीधे समय के वर्ग के समानुपातिक हो। इसका त्वरण है
(1) वर्धमान (2) ह्रासमान
(3) शून्य (4) अपरिवर्ती
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 09.11.2014)

62. एक विशेष प्रणाली में, लम्बाई, द्रव्यमान और समय की इकाइयाँ (यूनिटें) क्रमशः 10 सेमी, 10 ग्राम और 0.1 सेकंड चुनी गई हैं। इस प्रणाली में बल की इकाई (यूनिट) किसके बराबर होगी ?

(1) 0.1 N (2) 1 N
(3) 10 N (4) 100 N

[SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 16.11.2014, (पटना क्षेत्र : प्रथम पाली)]

63. एक मीनार के शीर्ष पर खड़े एक व्यक्ति के पास दो गोलक हैं, A और B। वह A गोलक को नीचे की ओर गिराता है और उसी समय गोलक B को क्षैतिज रूप से (समस्त पर) फेंकता है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) दोनों ही गोलक एक साथ पृथ्वी पर पहुँचेंगे।
(2) गोलक A भूमि पर पहले पहुँचेगा।
(3) गोलक B भूमि पर पहले पहुँचेगा।
(4) प्रश्न अपूर्ण है क्योंकि गोलकों की संहतियाँ नहीं दी गई हैं।

(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

64. विमीय सूत्र $ML^{-1}T^{-2}$ किसके तदनुरूप है ?

(1) प्रत्यास्थता गुणांक (2) श्यानता
(3) बल का आघूर्ण (4) प्रणोद

(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

65. 1 माइक्रोन इसके बराबर है :

(1) 10^{-9} मीटर (2) 10^{-12} मीटर
(3) 10^{-6} मीटर (4) 10^{-15} मीटर

(SSC CHSL (10+2) DEO & LDC परीक्षा–16.11.2014, द्वितीय पाली)

66. एक नैनोमीटर बराबर है :

(1) 10^{9} mm (2) 10^{-9}mm
(3) 10^{-9} cm (4) 10^{-7} cm

(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

67. किसी कण को साम्यावस्था में रखने के लिए बलों की न्यूनतम संख्या है

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4

(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

68. एक समान संहति वाली एक धातु की गेंद और एक रबड़ की गेंद दोनों एक ही वेग से सामान्य रूप से एक भित्ति पर प्रहार करती हैं। रबड़ की गेंद तो प्रतिक्षिप्त होती है और धातु की गेंद प्रतिक्षिप्त नहीं होती। इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(1) रबड़ की गेंद संवेग में अधिक परिवर्तन सहती है
(2) धातु की गेंद संवेग में अधिक परिवर्तन सहती है
(3) दोनों ही संवेग में अधिक परिवर्तन सहती हैं
(4) रबड़ की गेंद का प्रारंभिक संवेग धातु की गेंद की अपेक्षा अधिक होता है

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 333 LO 2, प्रथम पाली)

69. निम्नलिखित में से क्या सोपानी परिमाण है ?

(1) वेग (2) बल
(3) कोणीय संवेग (4) स्थिर वैद्युत विभव

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

70. निम्नलिखित में से क्या वेक्टर परिमाण है ?

(1) गति (2) वेग
(3) बल आघूर्ण (4) विस्थापन

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

71. एक समान गति वाला पिंड :

(1) त्वरित नहीं होता (2) त्वरित हो सकता है
(3) हमेशा त्वरित होता है
(4) एक समान वेग होता है

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

72. एक समान वेग से चल रही गाड़ी में से एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म पर एक गेंद गिराता है। प्लेटफॉर्म पर खड़े एक प्रेक्षक द्वारा देखा जाने वाला गेंद का पथ कैसा होगा ?

(1) ऋजु रेखा (2) वृत्त
(3) परवलय (4) इनमें से कोई नहीं

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

73. एक उत्क्रम्य और एक अनुत्क्रम्य इंजन तापमान के समान सीमाओं के बीच कार्य कर रहे हैं, तो:

(1) उत्क्रम्य इंजन की दक्षता अनुत्क्रम्य इंजन से अधिक होगी
(2) प्रत्येक इंजन की दक्षता 100% होगी
(3) अनुत्क्रम्य इंजन की दक्षता उत्क्रम्य इंजन से अधिक होगी
(4) दोनों इंजनों की दक्षता समान होगी

(SSC CAPFs SI, CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 21.06.2015, TF No. 8037731 प्रथम पाली)

74. गैस भरे गुब्बारे का नाखून की तुलना में सूई से फटना आसान क्यों होता है ?

(1) नाखून सूई की तुलना में अधिक लंबा होता है।
(2) नाखून गुब्बारे पर सूई की तुलना में अधिक दाब डालता है।
(3) सूई गुब्बारे पर नाखून की तुलना में अधिक दाब डालती है।
(4) गैस सूई के साथ अधिक प्रतिक्रियाशील होती है।

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

75. न्यूनतम पारगम्य शक्ति किरण कौन सी है ?

(1) X - किरण (2) α - किरण
(3) β - किरण (4) γ - किरण

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

76. आर्द्र वायु में ध्वनि का वेग शुष्क वायु की तुलना में अधिक होता है क्योंकि आर्द्र वायु में:

(1) शुष्क वायु की तुलना में घनत्व कम होता है।
(2) शुष्क वायु की तुलना में दाब कम होता है।
(3) शुष्क वायु की तुलना में दाब अधिक होता है।
(4) शुष्क वायु की तुलना में घनत्व अधिक होता है।

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

77. बर्फ को बुरादे में पैक क्यों किया जाता है ?

(1) बुरादा आसानी से पिघलने नहीं देता।
(2) बुरादा ऊष्मा का कुचालक होता है।
(3) बुरादा ऊष्मा का सुचालक होता है।
(4) बुरादा बर्फ से चिपकता नहीं है।

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–28.08.2016 द्वितीय पाली)

78. गैसों के दो विशिष्ट ताप इसके द्वारा सम्बंधित है:

(1) Cp + Cv = RJ
(2) Cp – Cv = R/J
(3) Cp – Cv = RJ
(4) Cp/Cv = R

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279 एवं द्वितीय पाली TF No. 2176783)

79. बारिश के दिनों में ध्वनि अधिक दूरी से भी क्यों सुनाई देती है?

(1) ध्वनि आर्द्र वायु में अधिक धीमी गति से यात्रा करती है।
(2) ध्वनि आर्द्र वायु में अधिक तेज गति से यात्रा करती है।
(3) आर्द्र वायु ध्वनि का अवशोषण नहीं करती।
(4) आर्द्र वायु ध्वनि का अवशोषण कर लेती है।

(SSC CGL TIER-I पुनर्परीक्षा 30.08.2015)

80. वक्रों पर रेलवे ट्रैक के किनारे बंधे हुए क्यों होते है?
(1) जिससे रेलगाड़ी अंदर की ओर न गिरे।
(2) जिससे रेलगाड़ी का वजन कम हो।
(3) जिससे ट्रैक के कारण सामान्य प्रतिक्रिया के क्षैतिज घटक से आवश्यक केन्द्राभिसारी बल प्राप्त किया जा सके।
(4) जिससे पहियों और ट्रैक के बीच कोई घर्षण बल उत्पन्न न हो।
(SSC CGL TIER-I पुनर्परीक्षा 30.08.2015)

81. जब हम पंखे के नजदीक बैठते हैं, तो ठंडक महसूस क्यों करते हैं?
(1) पंखा ठंडी हवा देता है।
(2) पंखा आस-पास की हवा को ठंडा कर देता है।
(3) हवा हमारे शरीर के पसीने को वाष्पित कर देती है।
(4) जब हवा शरीर को स्पर्श करती है तो हम ठंडा महसूस करते हैं।
(SSC CGL TIER-I पुनर्परीक्षा 30.08.2015)

82. निम्नलिखित में से क्या अविम राशि है ?
(1) गैस रचना (2) प्रभेद
(3) श्यानता गुणांक (4) फलक रचना
(SSC कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा 04.10.2015, प्रथम पाली)

83. निम्नलिखित में से क्या रैखिक बल के संरक्षण के आधार पर कार्य करता है?
(1) जेट (2) हेलीकॉप्टर
(3) रॉकेट (4) विमान
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

84. प्लैंक के अचर में किसका आयाम होता है?
(1) ऊर्जा (2) रैखिक गति
(3) कोणीय गति (4) बल
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

85. तनाव को ..... की मात्रा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
(1) स्केलर (2) वेक्टर
(3) फसर (4) टेन्सर
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

86. किसी ग्रह की त्रिज्या R की कक्षा में परिक्रमा अवधि T है। त्रिज्या 4R की कक्षा में परिक्रमा अवधि क्या होगी ?
(1) 8 T (2) 4 T
(3) $2\sqrt{2}$ T (4) 2 T
(SSC CAPFs (CPO) SI & ASI एवं दिल्ली पुलिस परीक्षा-20.03.2016 द्वितीय पाली)

87. किसी पिंड का वजन पृथ्वी के केंद्र में कितना होता है ?
(1) सतह पर वजन से आधा
(2) शून्य
(3) सतह पर वजन से दुगुना
(4) असीमित
(SSC CAPFs (CPO) SI & ASI एवं दिल्ली पुलिस परीक्षा-20.03.2016 द्वितीय पाली)

88. काँच की एक प्लेट पर पानी की बूँद फैलकर एक पतली परत बन जाती है जबकि पारे की बूँद गोलाकार बनी रहती है क्योंकि
(1) पारा एक धातु है
(2) पारे का घनत्व, पानी के घनत्व से ज्यादा होता है
(3) काँच के साथ पारे की संबद्धता, इसकी अनुशक्ति से अधिक होती है
(4) काँच के साथ पानी की संबद्धता, इसकी अनुशक्ति से अधिक होती है
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.08.2016 प्रथम पाली)

89. उस प्रक्रिया का नाम बताइए जिसके द्वारा तरल से बुलबलों का निर्माण होता है?
(1) उबाल (2) पृष्ठ तनाव
(3) पृष्ठ ऊर्जा (4) गैस निष्कासन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.08.2016 द्वितीय पाली)
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 10.08.2017, द्वितीय पाली)

90. कपड़े धोने की मशीन किस सिद्धान्त पर कार्य करती है ?
(1) अपोहन (2) विसरण
(3) उत्क्रम परासरण (4) अपकेन्द्रीकरण
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-29.08.2016 द्वितीय पाली)

91. ऑटोमोबाइल की निम्नलिखित में से किस परिचालन स्थिति में एक्सहॉस्ट गैस में कार्बन मोनो ऑक्साइड का अंश अधिकतम होता है?
(1) त्वरण (2) सामान्य चाल
(3) निष्क्रिय चालन (4) वित्वरण
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 प्रथम पाली)

92. रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर खड़ा व्यक्ति तेजी से आती हुई ट्रेन की ओर खींचाव सा क्यों महसूस करता हैं ?
(1) ट्रेन और व्यक्ति के बीच गुरुत्वाकर्षण बल
(2) व्यक्ति का भ्रम
(3) अभिकेन्द्र बल
(4) उनके बीच तेजी से गतिमान वायु के कारण दाब में अंतर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

93. गर्म जल-बैग में जल का उपयोग किया जाता है क्योंकि _____
(1) वह आसानी से मिलता है
(2) उसका विशिष्ट गुरुत्वाकर्षण ज्यादा है
(3) उसका विशिष्ट ऊष्मा ज्यादा है
(4) वह एक तरल पदार्थ है
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-28.08.2016, Shift-I)
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–11.12.2011 East Zone)

94. शरीर का वह भाग जिस पर शरीर का समस्त भार केंद्रित होता है, वह किस नाम से जाना जाता है?
(1) डेड सेंटर (2) सेंटर ऑफ मास
(3) सेंटर ऑफ ग्रेविटी (4) सेंटर ऑफ मोशन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-28.08.2016, Shift-I)

95. कमानी तुला किस सिद्धांत पर काम करती है?
(1) बॉयल नियम (2) हुक नियम
(3) बर्नोली सिद्धांत (4) पास्कल नियम
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

96. अगर आकर्षण शक्ति ना हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा तरल पदार्थ के लिए लागू नहीं होगा?
(1) चिपचिपापन (2) पृष्ठ तनाव
(3) दबाव (4) ऊपरी दबाव
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

97. दो सदिश (वेक्टर) बराबर होते हैं यदि
(1) केवल उनके आकार एक समान है
(2) केवल उनकी दिशाएँ एक हो
(3) उनके आकार और दिशा दोनों एक हो
(4) आकार एक हो किन्तु दिशाएँ विपरीत हो
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-11.09.2016, Shift-III)

98. एक ताजे अंडे को नमक के पानी में डालने पर क्या होता है?
(1) डूबकर तली में चला जाता है
(2) डूब जाता है लेकिन तली में नहीं जाता है
(3) तैरता है (4) फट जाता है
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-06.09.2016, Shift-II)

99. जब किसी कण को ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंका जाता है और जब वह सबसे ऊँचे बिन्दु तक पहुँच जाता है तो उसका
(1) त्वरण नीचे की ओर होता है
(2) त्वरण ऊपर की ओर होता है
(3) वेग नीचे की ओर होता है
(4) वेग क्षैतिज होता है
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-09.09.2016, Shift-II)

100. पृथ्वी की सतह से फायर किये गय प्रक्षेप्य की गति के दौरान, _____

(1) उसकी गतिज ऊर्जा स्थिर रहती है

(2) उसका संवेग स्थिर रहता है

(3) उसके वेग का ऊर्ध्व घटक स्थिर रहता है

(4) उसके वेग का क्षैतिज घटक स्थिर रहता है।

(SSC CGL Tier-I (CBE)
परीक्षा-11.09.2016, Shift-II)

101. आपेक्षिक घनत्व की इकाई क्या है?

(1) किग्रा/मीटर (2) किग्रा/वर्ग मीटर

(3) किग्रा/घन मीटर

(4) इसकी कोई इकाई नहीं होती

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE)
परीक्षा-15.01.2017, Shift-II)

102. त्वरण होता है :

(1) बल का व्युत्क्रमानुपाती

(2) मात्रा का व्युत्क्रमानुपाती

(3) मात्रा का समानुपाती

(4) बल का समानुपाती

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE)
परीक्षा-16.01.2017, Shift-II)

103. खाना पकाते समय एक चुटकी नमक डाल देने से सब्जियाँ कम समय में पक जाती हैं क्योंकि:

(1) जल का क्वथनांक बढ़ जाता है

(2) जल के वाष्पन की गुप्त ऊष्मा घट जाती है

(3) जल के वाष्पन की गुप्त ऊष्मा बढ़ जाती है

(4) जल का क्वथनांक कम हो जाता है

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ
परीक्षा-30.04.2016, प्रथम पाली)

104. एक वस्तु उस समय स्थिर संतुलन में होती है, जब वह

(1) विश्राम की स्थिति में होती है।

(2) एक वृत्तीय मार्ग पर चलती रहती है।

(3) एक समान वेग से चलती रहती है।

(4) उच्च गति पर त्वरित होती है।

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE)
परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली)

105. एक ग्रह पर गुरुत्वाकर्षण के कारण _____ के साथ त्वरण कम हो जाता है।

(1) ग्रह की त्रिज्या में घटने

(2) ग्रह की द्रव्यमान में वृद्धि

(3) ग्रह की मात्रा में कमी

(4) ग्रह की सतह से ऊँचाई में वृद्धि

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE)
परीक्षा–22.01.2017, तृतीय पाली))

106. भौतिक मात्रा, संवेग की इकाई क्या है ?

(1) न्यूटन सेकंड (2) जूल सेकंड

(3) अर्ग सेकंड (4) पास्कल सेकंड

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ
परीक्षा–14.05.2017, प्रथम पाली)

107. $\frac{\text{वोल्ट} \times \text{सेकंड}}{\text{कूलॉम्ब}}$ किसकी यूनिट है ?

(1) प्रेरकत्व (2) ऊर्जा

(3) प्रतिरोधिता (4) संधारिता

(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ
परीक्षा–14.05.2017, प्रथम पाली)

77. (4) ऑप्टिकल फिल्टर ऐसा डिवाइस है जो चयनात्मक रूप से अवशेष को अवरुद्ध करते हुए, प्रकाश को तरंगदैर्ध्य अर्थात् रंगों की विशेष श्रेणी में स्थानान्तरित करता है। इसका प्रयोग सामान्यत: फोटोग्राफी (जहाँ समय-समय पर अवशोषी निस्यंदकों/फिल्टरों के अलावा कुछ विशेष प्रभावी निस्यंदकों/फिल्टरों का प्रयोग किया जाता है), फ्लुओरेसेन्स माइक्रोस्कॉपी, स्पेक्ट्रो- स्कॉपी, रोग-विषयक रसायन, वर्ण अवस्था पर आधारित विद्युत इत्यादि में किया जाता है।

78. (4) आसमान नीला दिखाई देता है क्योंकि पृथ्वी के वायुमण्डल के छोटे कण अन्य तरंगदैर्ध्यों की तुलना में सूर्य के प्रकाश के नीले रंग (लघु तरंगदैर्ध्य) को अधिक प्रकीर्णित करते हैं। नीला आसमान प्रकाश के प्रकीर्णन का प्रकटीकरण है। पृथ्वी के वायुमण्डल की अनुपस्थिति में आकाश काला दिखाई देगा क्योंकि वहाँ प्रकाश को प्रकीर्णित करने वाला कोई कण नहीं होगा।

79. (3) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन मुख्यत: चमकने के लिए उत्तरदायी है। यह चमक तब होती है जब प्रकाश अधिक सघन माध्यम (तरल) से कम सघन माध्यम (वायु के बुलबुले) में प्रवेश करने का प्रयास करता है। जब यह परावर्तित प्रकाश हमारी आँखों के सम्पर्क में आता है तो चमक के रूप में दिखाई देता है।

80. (1) एक्स किरणें और गामा किरणें फोटॉन हैं अर्थात् अधिक ऊर्जा वाली प्रकाश तरंगें हैं। उदाहरण के लिए, जब ये किरणें स्रोत के रूप में किसी वस्तु के अंदर स्थित रेडियम या कोबाल्ट द्वारा उत्सर्जित होती हैं तो वे वस्तु में से आसानी से गुजर जाती हैं, इसलिए प्राय: इन्हें वेधी विकिरण कहते हैं। एक्स किरणें वेधी किरणें हैं इसलिए इसका प्रयोग नैदानिक चिकित्सा में वर्ण द्वारा निर्मित मानव अस्थियों या मानव अंगों का अपारदर्शी प्रतिबिम्ब प्राप्त करने में किया जा सकता है।




81. (1) सतह से दूर होने वाला ध्वनि तरंग का परावर्तन मुख्यत: दो घटना गूँज या प्रतिध्वनि में से एक का कारण बनता है। ध्वनि तरंग के बाधाओं से टकराने के कारण गूँज उत्पन्न होती है जो ध्वनि को पुन: परावर्तित करती है। गूँज तब उत्पन्न होती है जब मूल ध्वनि तरंग के सुने जाने के बाद परावर्तित ध्वनि तरंग 0.1 सेकण्ड में कान तक पहुँचती है।

82. (1) रेटिना हल्के प्रकाश के प्रति संवेदनशील झिल्ली है जो आँख के पीछे की ओर विद्यमान आन्तरिक नेत्रगोलक को लाइनिंग प्रदान करती है। चूँकि हमारी आँखों का लेंस उत्तल प्रकृति का है जिससे रेटिना पर अधिकांशत: वास्तविक और उल्टा प्रतिबिम्ब बनता है। जब निर्मित प्रतिबिम्ब वास्तविक और उल्टा होता है तो दृक्-तंत्रिका द्वारा भेजा गया संदेश रासायनिक आवेग होता है जो निर्मित प्रतिबिम्बों को सीधे प्रतिबिम्बों में परिवर्तित करता है जिसे हम देख सकते हैं।

83. (3) प्लांक के नियम के अनुसार, सभी वस्तुएँ अपने तापमान के अनुसार विद्युत चुम्बकीय विकिरण उत्सर्जित करती हैं। ठंडी वस्तुएँ कम आवृत्ति की तरंगें (जैसे रेडियो या सूक्ष्म तरंगें) उत्सर्जित करती हैं, जबकि गर्म वस्तुएँ अधिक आवृत्ति वाली अवरक्त किरणें या पराबैंगनी विकिरणें उत्सर्जित करती हैं। कमरे के तापमान पर अधिकांश विकिरण अवरक्त क्षेत्र में होता है।

84. (1) विद्युत चुम्बकीय वर्णक्रम को सामान्यत: घटती तरंगदैर्ध्य, बढ़ती ऊर्जा और आवृत्ति के क्रम में सात क्षेत्रों : रेडियो तरंगों, सूक्ष्म तरंगों, अवरक्त, दृश्य प्रकाश, अल्ट्रावायलेट, X-किरणों और गामा किरणों में विभाजित किया जाता है। इस प्रकार दिए गए विकल्पों में, दृश्य प्रकाश की आवृत्ति सबसे कम, जबकि गामा किरणों की आवृत्ति सबसे अधिक है।




85. (4) ध्वनि का स्वरूप या ध्वनि की गुणवत्ता इसके तरंग रूप पर निर्भर करती है, जो अपनी आवृत्तियों और अपनी सापेक्षिक तीव्रताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा संनादी (हार्मोनिक) या अधिस्वरों (ओवरटोन्स) की संख्या के साथ परिवर्तित होते हैं। सरल शब्दों में, ध्वनि का स्वरूप वह विशिष्ट स्वरूप हैं जिसमें स्वर और प्रबलता के समान होने पर भी एक विशेष संगीत ध्वनि दूसरी ध्वनि से पृथक् होती है।

86. (4) केवल अनुप्रस्थ तरंगों (जैसे रेडियो, पराबैंगनी और अवरक्त तरंगों) को ध्रुवित किया जा सकता है क्योंकि उनके कम्पन को संभवत: गति करने की दिशा के लंबवत सभी दिशाओं में उत्पन्न किया जा सकता है। इस प्रकार, कम्पन को एकल तल पर परिसीमित करना संभव है। तथापि अनुप्रस्थ ध्वनि तरंगें गति की दिशा माध्यम के कणों की कम्पन करने की दिशा में अनुदिश या समान्तर (along) होती है। अनुदैर्ध्य तरंग का कम्पन एक एकल रेखा की लम्बाई में घटित होता है, इसलिए एक तल को परिसीमित करना संभव नहीं है। अत: इसे ध्रुवित नहीं किया जा सकता।

87. (3) ध्वनि की **"गुणता"** या "ध्वनि का रूप" ध्वनि की उन विशेषताओं का वर्णन करते हैं जिनकी स्वर और उच्चता समान होती है, जो कान को ध्वनियों में भेद करने की क्षमता प्रदान करते हैं। ध्वनि की गुणता मुख्यत: संनादी (harmonic) स्वरों की संख्या क्रम तथा आपेक्षिक तीव्रता पर निर्भर करती है। ध्वनि की संनादी धारिता और गतिशील अभिलक्षण जैसे ध्वनि के गुँजन और आक्षेप-अपकर्ष अवगुंठन द्वारा निर्धारित किया जाता है। संनादी धारिता (हार्मोनिक कन्टेन्ट) इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है।

88. (4) जब तेजी से गति करने वाला इलेक्ट्रॉन अधिक परमाणु वाले भारी पदार्थ पर प्रहार करता है तो X-किरण उत्पन्न होती है। इसके विपरीत, प्रकाश-वैद्युत प्रभाव तब उत्पन्न होता है जब पर्याप्त आवृत्ति वाली विकिरण धातु की सतह पर आपतित होती है और इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होते हैं। अत: X-किरण प्रकाश-वैद्युत प्रभाव की अद्‌भुत घटना का प्रतिलोम है।

89. (1)



लेंस पारदर्शी और सुनम्य ऊतक का बना होता है और यह प्रत्यक्ष रूप से परितारिका और पुतली के पीछे स्थित होता है। यह कॉर्निया के बाद हमारी आँख का दूसरा भाग है। लेंस आँखों पर पड़ने वाले प्रकाश को रेटिना पर फोकस करने में सहायता करने हेतु प्रकाश को मोड़ता है।

90. (2) कैलीडोस्कोप एक कोण में एक दूसरे पर झुके दो या उससे अधिक परावर्ती सतहों के साथ एक प्रकाशीय उपकरण है, आवृत्तिमूलक परावर्तन के कारण, दर्पण के एक सिरे पर विद्यमान एक या अधिक वस्तुओं को दर्पण के दूसरे सिरे से देखने पर ये वस्तुएँ व्यवस्थित सममित प्रतिमान के रूप में दिखाई देती हैं। यह बहुल (multiple) परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करता है, जहाँ दो या अधिक परावर्तक एक दूसरे कोण पर स्थित होते हैं।

91. (1) आवर्धक काँच (प्रयोगशाला के संदर्भ में इसे हैंड लेन्स कहते हैं) एक उत्तल लेन्स है जिसका प्रयोग किसी वस्तु का आवर्धित चित्र उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। इन लेन्सों को प्राय: हैंडल की सहायता से फ्रेम में आरोपित किया जाता है। आवर्धक लेन्स का प्रयोग लाइट पर फोकस करने जैसे सूर्य की विकिरण को सान्द्रित कर, अग्नि प्रज्जवलन के लिए केन्द्रस्थल पर हॉट-स्पॉट का निर्माण करने हेतु किया जा सकता है।

92. (4) जब श्वेत प्रकाश अपारदर्शी वस्तु पर पड़ता है, तो यह एक रंग जो इसे परावर्तित करता है को छोड़कर सभी रंगों को अवशोषित कर लेता है, यह परावर्तित रंग वस्तु का रंग है। ब्लैकबोर्ड काला दिखाई देता है क्योंकि यह सभी रंगों को अवशोषित कर लेता है। सफेद पेपर सफेद दिखाई देता है क्योंकि यह सभी रंगों को परावर्तित करता है और किसी रंग को अवशोषित नहीं करता।

93. (4) कारों का पश्चदर्शी (रियर-व्यू) मिरर उत्तल दर्पण होता है जो ड्राइवर को कार के पीछे सड़क के एक विस्तृत क्षेत्र को देखने में सहायता करता है। उत्तल दर्पण समान्तर अपसारी दण्ड की किरणों का निर्माण तब करता है, जब वे इसके केन्द्र बिन्दु पर आ रही होती हैं, इस प्रकार एक ह्रासमान वास्तविक चित्र का निर्माण होता है, जिसे ड्राइवर देख सकता है।

94. (1) अवतल दर्पण छोटे चित्र के अतिरिक्त बड़े चित्र का निर्माण कर सकता है, जो कि दर्पण से वस्तु की दूरी पर निर्भर करता है। चित्र वास्तविक और उल्टा या आभासी और सीधा हो सकता है, जबकि उत्तल दर्पण वस्तु से दूरी के बावजूद सदैव आभासी, सीधा और ह्रासमान चित्र का निर्माण करता है।

95. (2) प्रकाश के अपवर्तन के कारण तरणताल या पानी की टंकी का पानी इसकी गहराई की तुलना में उथला दिखाई देता है। प्रकाश जब तक पानी में रहता है, सीधी दिशा में गति करता है, लेकिन यदि प्रकाश परोक्ष रूप से पानी से वायु में ऊपर की ओर गति करता है तो यह नीचे की ओर सतह की दिशा में झुक जाता है। इस झुकाव को अपवर्तन के रूप में जाना जाता है, और यह स्थिति तब घटित होती है जब प्रकाश एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे असमान घनत्व वाले माध्यम से होकर गुजरता है। आँखें अपवर्तन का ध्यान नहीं रखती, लेकिन यदि प्रकाश एक सीधी रेखा में गति करता है तो आँखें वस्तु की स्थिति का मूल्यांकन करती हैं।

96. (2) लाल, हरा और नीला प्राथमिक रंग हैं और अन्य सभी रंगों को इनसे निर्मित किया जा सकता है। जब लाल और हरे रंग को मिश्रित किया जाता है तो पीले रंग का निर्माण होता है। लाल और नीले को मिलाने पर मैजेंटा रंग का निर्माण होता है। नीले और हरे रंग को मिलाने से स्यान (हरे-नीले) रंग का निर्माण होता है।

97. (2) वस्तु को स्पष्ट देखने के लिए आँखों से वस्तु की न्यूनतम दूरी "विशिष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी" कहलाती है। आँखों से यह दूरी लगभग 25 सेमी. होनी चाहिए। यदि किसी वस्तु को इससे भी कम दूरी से देखा जाता है तो वस्तु धुँधली और अस्पष्ट दिखाई देगी। हालांकि, निकट दृष्टि की दूरी आयु के साथ परिवर्तित होती रहती है।

98. (2) प्रतिदीप्त लैम्प ट्यूब में गैस भरी जाती है जिसमें कम दबाव का पारा वाष्प, आर्गन, जिनॉन, निऑन या क्रिप्टन होती है। गैस में विद्युत धारा पारा वाष्प को उद्दीप्त करती है, जो लघु तरंग की पराबैंगनी प्रकाश उत्पन्न करती है जो बाद में लैम्प के अन्दर फास्फोर परत के चमकने का कारण बनता है।

99. (4) लाइट इमिटिंग डायोड (LED) पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों की तुलना में बहुत उन्नत है जिसमें ऊर्जा की खपत बहुत कम मात्रा में होती है। लाइट इमिटिंग डायोड (एलईडी) सबसे ऊर्जा-कुशल और तेजी से विकसित प्रकाशीय प्रौद्योगिकी है। एलईडी बल्ब कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट के रूप में 10 गुना तक और विशिष्ट उद्दीप्त बल्बों की तुलना में अधिक क्षमतावान है। एलईडी लाइट बल्ब केवल 2-17 वाट बिजली (1/3 से 1/30 उद्दीप्त या सीएफएल) का उपयोग करते हैं।

100. (1) दो अलग-अलग निकटस्थ बिंदुओं को अलग-अलग बिंदुओं के रूप में अलग करने की क्षमता को विभेदन क्षमता या समाधान सीमा कहा जाता है। रिसॉल्विंग पॉवर दो बारीकी से रखे वस्तुओं के विवरण को अलग करने के लिए एक आवर्धक यंत्र या लेंस की क्षमता को दर्शाता है। किसी यंत्र या लेंस की रिसॉल्विंग को दो वस्तुओं के बीच की सबसे छोटी दूरी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिन्हें सहायक आँख के साथ अलग-अलग चित्रों के रूप में पहचाना जा सकता है।

101. (3) वस्तुएँ जो स्वयं प्रकाश का उत्सर्जन करती हैं उन्हें चमकीली वस्तुएँ कहा जाता है। चमकीली वस्तुओं का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण सूर्य, तारे, प्रकाश बल्ब आदि हैं। वस्तुएँ जो प्रकाश को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं उन्हें गैर-चमकीले वस्तुओं के रूप में जाना जाता है। गैर-चमकीले वस्तुओं के उदाहरण हैं। लकड़ी, प्लास्टिक, धातु आदि।

102. (2) उत्तल दर्पण को अपसारित दर्पण के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि यह दर्पण जब अपनी सतह को प्रतिबिंबित करते हैं तो यह उन्हें अपसारित करता है। उत्तल दर्पण प्रतिबिंब को आभासी, सीधा और बिंदु के आकार में प्रस्तुत करता है। अन्य अनुप्रयोगों के अलावा, उत्तल दर्पण को ज्यादातर वाहनों में रियर व्यू मिरर के रूप में उपयोग किया जाता है।

103. (2) प्रकाश पुतली के माध्यम से आँख में प्रवेश करती है, और परितारिका पुतली के आकार को नियंत्रित करके प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करती है। परितारिका (आईरिस) में चिकनी माँसपेशियों के दो समूह होते हैं, एक सर्कुलर ग्रुप जिसे स्फिन्क्टर पुपिलाई और एक रेडियल ग्रुप जिसे डाइलेटर पुपिलाई कहा जाता है।

104. (4) अवतल दर्पण से ऑब्जेक्ट की स्थिति को बदलकर अवतल दर्पण द्वारा विभिन्न प्रकार की छवियाँ बनाई जा सकती हैं। जब ऑब्जेक्ट को अनन्त और वक्रता केन्द्र के बीच रखा जाता है तो छवि (प्रतिबिम्ब) वक्रता केंद्र (सी) और फोकस (एफ) के बीच बनती है।

105. (3) जब श्वेत प्रकाश एक ग्लास प्रिज्म से गुजरता है तो यह सात रंगों के वर्णक्रम या स्पेक्ट्रम (क्रम में बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा, पीला, नारंगी और लाल) में विभाजित होती है इस घटना को श्वेत प्रकाश का वर्ण-विक्षेपण कहा जाता है। प्रकाश के स्पेक्ट्रम के विभिन्न रंगों में अलग-अलग तरंगदैर्ध्य हैं। इसलिए, जिस गति के साथ उनकी सबसे लंबी तरंगदैर्ध्य होती है, जहाँ बैंगनी सबसे अधिक झुकता है, सबसे छोटी तरंगदैर्ध्य होती है और लाल कम से कम झुकता है, जो सबसे लंबा तरंगदैर्ध्य होता है।

106. (2) प्रकाश की गति भिन्न-भिन्न माध्यमों में भिन्न-भिन्न होती है। प्रकाश की चाल सघन माध्यम में कम तथा विरल माध्यम में अधिक होती है। इसलिए जब प्रकाश सघन माध्यम में प्रवेश करता है तब प्रकाश की गति घट जाती है तथा वह अभिलम्ब की ओर झुक जाती है। जब प्रकाश विरल माध्यम में प्रवेश करता तब प्रकाश की गति बढ़ती है तथा वह अभिलम्ब से दूरहट जाती है। अपवर्तन के इस कारण से जल में आंशिक रूप से डूबी पेंसिल मुड़ी हुई दिखती है तथा आकाश नीला दिखता है।

107. (2) आपतन बिन्दु पर आपतित किरण और सामान्य किरण के मध्य निर्मित कोण आपतन कोण कहलाता है। इसी तरह, आपतन बिन्दु पर सामान्य और परावर्तित किरण के मध्य निर्मित कोण परावर्तन कोण कहलाता है। आपतन कोण और परावर्तन कोण सदैव समान होते हैं और वे दोनों सामान्य कोण के साथ समान सतह पर होते हैं।

108. (2) नेत्र लेंस रेटिना पर वस्तु की वास्तविक और उल्टी छवि बनाती है। ऑप्टिक तंत्रिका इसे संकेतों के रूप में मस्तिष्क को पहुँचाता है। हालांकि रेटिना पर बनाई गई छवि उलटा है, लेकिन मस्तिष्क इसको सही ढंग से दिखाता हैं।

109. (2) जब वस्तु एक उत्तल दर्पण के अनन्तता और ध्रुव के बीच होता है तो आभासी और खड़ी छवि का चित्र बनाता है। जब वस्तु अनंत पर होती है, तो एक बिंदु पर आकार छवि उत्तल दर्पण के पीछे मुख्य फोकस पर बनती है। इसलिए उत्तल दर्पण द्वारा बनाई गई छवि बहुत छोटी आभासी और खड़ी होती है।


110. (1) किसी व्यक्ति का कोई अंग जब काम करना बंद कर देता है तो उसे दूसरे जीवत अंग के प्रत्यारोपण की आवश्यकता पड़ती है, जो उसे किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा प्राप्त हो सकता है, इसे अंगदान कहा जाता है। एक मृत व्यक्ति की आँखों

का उपयोग केवल तभी किया जा सकता है, जब उन्हें मौत के 6 घंटे के भीतर निकाल लिया जाए। इस प्रक्रिया के माध्यम से केवल कोरोनल (corneal) अंध व्यक्ति को लाभ हो सकता है अन्य को नहीं।

111. (1) डाइऑप्टर लेंस की क्षमता की इकाई है। लेंस की क्षमता को उसकी फोकस दूरी के व्युत्क्रम या विलोम द्वारा व्यक्त किया जाता है। यदि किसी लेंस की फोकस दूरी f मीटर में हो तो उसकी क्षमता $P = \frac{1}{f}$ डाइऑप्टर होती है। उत्तल लेंस की क्षमता धनात्मक एवं अवतल लेंस की क्षमता ऋणात्मक होती है।

112. (1) लेंस की फोकल लंबाई लेंस की वक्रता और घुमावदार सतहों के बीच अंतर पर निर्भर करती है। आँख लेंस की फोकल लंबाई को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियाँ उस समय पूरी तरह से शिथिल हो जाती हैं जब आँख बहुत दूर की वस्तु पर केन्द्रित होती है। माँसपेशियों के संकुचन और आँख-लेंस की फोकल लम्बाई को कम करने के लिए फोकस में चीजों को अधिक लाने के लिए फोकल लंबाई बढ़ जाती है।

113. (3) परावर्तन का नियम बताता है कि आपतित किरण, परावर्तित किरण और आपतन बिन्दु पर डाला गया अभिलंब तीनों एक ही तल में होते हैं। इसके अतिरिक्त, परावर्तन कोण आपतन कोण के बराबर होता है। दोनों कोणों को दर्पण की सामान्य अवस्था के संदर्भ में मापा जाता है।



114. (2) अवतल दर्पण एक दर्पण है जिसका परावर्तक सतह अंदर की ओर मध्य में उभरा रहता है। अवतल दर्पण प्रकाश को अंदर की ओर प्रतिबिम्बित करता है, यही कारण है कि इसका उपयोग दाढ़ी बनाने, टार्च में, सोलरकुकर में, हेडलाइट में, दांत के डॉक्टर द्वारा उपयोग में लाया जाता है।

115. (1) तापदीप्त प्रकाश बल्बों में बल्ब के अंदर टंगस्टन तार के फिलामेंट के साथ एक एयर-टाइट ग्लास संलग्नक होता है, जिसके माध्यम से एक विद्युत प्रवाह प्रवाहित किया जाता है। टंगस्टन का उपयोग इसमें इसलिए किया जाता है क्योंकि इसमें किसी भी धातु से अधिक उच्चतम गलनांक (> 3400 डिग्री C) होता है।

116. (3) आकाश का नीला रंग वायुमंडल के छोटे कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण होता है। जैसे नीले रंग की तरंग दैर्घ्य सबसे छोटी होती है और लाल रंग की सबसे लंबी होती है, नीले रंग की रोशनी सबसे ज्यादा बिखरी होती है और लाल रंग की रोशनी कम से कम बिखरी होती है। आँख तक पहुँचने वाली बिखरी नीली रोशनी नीले आकाश का आभास कराती है।

117. (2) 17वीं शताब्दी में, आइजक न्यूटन ने देखा कि प्रिज्म श्वेत प्रकाश को अलग और पुनः एकत्र कर सकते हैं, और अपनी पुस्तक ऑप्टिक्स में इस घटना का वर्णन किया है। वह प्रकाशिकी में अपने प्रयोगों का वर्णन करने के लिए 1671 में 'स्पेक्ट्रम' शब्द का उपयोग करने वाले पहले व्यक्ति थे।

118. (3) आँख में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को एक प्रतिवर्ती क्रिया द्वारा नियंत्रित किया जाता है। चमकदार या मंद प्रकाश की प्रतिक्रिया में पुतली का आकार बदल जाता है। यह परितारिका की मांसपेशियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है।


119. (4) हाइपरमेट्रोपिया या दूरदर्शिता, एक दृष्टि दोष को संदर्भित करता है जिसके कारण आँख पास की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हो जाती है। हाइपरोपिया को उत्तल लेंस से ठीक किया जा सकता है। एक उत्तल लेंस प्राकृतिक लेंस के अलावा प्रकाश को केंद्रित करता है और प्रतिबिम्ब को रेटिना पर सटीक रूप से केंद्रित करता है।

120. (3) कॉर्निया आंख का पारदर्शी अग्र भाग है जो आइरिस, पुतली और पूर्वकाल कक्ष को कवर करता है। कॉर्निया, एंटीरियर चैम्बर और लेंस के साथ, प्रकाश को अपवर्तित करता है, यह आँख की प्रकाशीय शक्ति का दो तिहाई भाग है।

121. (3) 'नियॉन लैंप' एक लघु गैस डिस्चार्ज लैंप है। जिसमें आमतौर पर यह एक छोटा ग्लास कैप्सूल होता है, जिसमें नियॉन गैस और कम दबाव वाली गैसों का मिश्रण तथा दो इलेक्ट्रोड (एनोड तथा कैथोड) होता है। जब इसमें पर्याप्त मात्रा में विद्युत की आपूर्ति की जाती है, तब यह लैंप नारंगी रंग में प्रज्वलित होता है।

122. (1) प्रेस्बायोपिया (जरा दृष्टि-दोष) आँख की उम्र बढ़ने से जुड़ी एक स्थिति है जिसके परिणामस्वरूप स्पष्ट रूप से नजदीकी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बिगड़ जाती है। प्रेस्बायोपिया के लिए सबसे आम उपचार बाइफोकल या प्रगतिशील लेंस चश्मा है जो दो वर्गों में विभाजित है। दूरी दृष्टि के लिए बड़ा, प्राथमिक खंड सही होता है, जबकि छोटा, द्वितीयक खंड करीब देखने की अनुमति देता है।

123. (2) अवतल दर्पण द्वारा बनाई गई छवि दो मापदंडों पर निर्भर करती है: वस्तु की दूरी और दर्पण की फोकल लंबाई। यदि ऑब्जेक्ट को ध्रुव और अवतल दर्पण के फोकस के बीच रखा जाता है, तो दर्पण के पीछे एक आवर्धित, आभासी और सीधी छवि बनती है।



124. (3) हिम विभा (अल्पेनग्लो) एक वायुमंडलीय प्रकाशीय घटना है जिसमें पहाड़ हल्के गुलाबी या लाल रंग में चमकते दिखाई देते हैं।
- यह तब होता है जब सूरज के प्रकाश की तरंगें पर्वत चोटियों से परावर्तित होकर पर्यवेक्षक की आँखों से टकराती हैं और उन्हें लाल या नारंगी रंगों में दर्शाती हैं।
- यह एक ऑप्टिकल घटना है जो सूर्योदय से ठीक पहले या सूर्यास्त के तुरन्त बाद होती है।
- यह वीनस बेल्ट के समान है।

125. (1) सूर्य द्वारा उत्सर्जित प्रकाश वास्तव में सफेद होता है।
- यह प्रकाश के सभी दृश्य आवृत्तियों का एक सम्मिश्रण है।
- यह अपने रंगों लाल, नारंगी, पीले, हरे, नीले, इंडिगो और वायलेट के पूर्ण स्पेक्ट्रम में एक प्रिज्म का उपयोग करके तोड़ा जा सकता है।

126. (4) कनाडा गुलमेंहदी (बालसम) का अपवर्तनांक क्राउन ग्लास (n =1. 55) के समान है।
- इसकी उच्च ऑप्टिकल गुणवत्ता और इसके अपवर्तक सूचकांक की समानता के कारण, शुद्ध और फिल्टर किए गए कनाडा बालसम को पारंपरिक रूप से ग्लास जैसे लेंस तत्वों के लिए एक अदृश्य-सूखी गोंद के रूप में प्रकाशिकी में इस्तेमाल किया गया था।
- कनाडा बालसम उत्तरी अमेरिका के बालसम देवदार के पेड़ की राल से बनी एक तारपीन है।

127. (3) प्रकाश कुल आंतरिक परावर्तन ऑप्टिकल फाइबर के पीछे मूल सिद्धांत है। ऑप्टिकल फाइबर प्लास्टिक या पतले कांच से बनी एक ऐसी पतली तार होती है जिससे प्रकाश का उपयोग करके डाटा ट्रांसफर बहुत ही तीव्र गति से किया जा सकता है। इसमें एक खास कोण से प्रकाश दिखाने पर यह प्रकाश के कुल आंतरिक परावर्तन के सिद्धांत पर चलता है। इसमें डाटा तीन लाख किलोमीटर प्रति सेकण्ड की गति से चलता है जो प्रकाश की गति है और इसी का उपयोग कर डाटा को इतनी तेजी के साथ भेजा जाता है।

128. (3) किसी भी वस्तु से आने वाली प्रकाश की किरणें पुतली के माध्यम से आँखों में प्रवेश करती है और आँख के लेंस पर पड़ती है। नेत्र लेंस प्रकाश की

किरणों का अभिसरण करते हैं और वस्तु की छवि को बनाते हैं जो कि वास्तविक और उल्टा होती है। रेटिना में उपस्थित प्रकाश के प्रति संवेदनशील कोशिकाएँ रेटिना पर छवि बनने के बाद मस्तिष्क को विद्युत संकेत भेजती है जिसके बाद हमें छवि की अनुभूति होती है।

129. (3) समतल दर्पण एक समतल परावर्तक सतह वाला दर्पण होता है। समतल दर्पण द्वारा बनाई गई छवि हमेशा आभासी होती है (जिसका अर्थ है कि प्रकाश किरणें वास्तव में छवि से नहीं आती हैं), सीधी और वस्तु के समान आकार और आकार के रूप में यह प्रतिबिंबित होती है। हालाँकि, छवि वस्तु का पार्श्व व्युत्क्रमण "दर्पण छवि" है।

TYPE–IV

1. (3) दिष्टकारी (परिशोधक) एक विद्युत युक्ति है, जो प्रत्यावर्ती धारा या Alternating current (AC) को दिष्ट धारा या Direct current (DC) में परिवर्तित करती है। डायोड वाल्ब का प्रयोग दिष्टकारी (rectifier) के रूप में किया जाता है जो AC को DC में बदलता है।

2. (4) स्थिर वैद्युत अवक्षेपित (इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर) का प्रयोग तापीय प्रदूषण के नियंत्रण के लिए किया जाता है।

3. (2) डायनेमो मूलरूप से विद्युत जनरेटर का दूसरा नाम है। आमतौर पर इसका तात्पर्य एक जनरेटर से होता है, जो दिष्टधारा उत्पन्न करता है। डायनेमो में घूर्णन करती हुई तारों की कुंडली और चुम्बकीय क्षेत्र का उपयोग करके यांत्रिक घूर्णन की ऊर्जा को फैराडे के नियम के अनुसार दिष्ट धारा में रूपांतरित किया जाता है। डायनेमो विद्युत चुम्बकीय प्रेरण द्वारा यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिणत करने वाला उपकरण है।

4. (4) बिजली के बल्ब के फिलामेंट के निर्माण के लिए टंगस्टन का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि इसका गलनांक बहुत ऊँचा है। लंबी अवधि के उपयोग के बाद बल्ब के अन्दर की ओर एक धुंधला धब्बा बन जाता है। इसका कारण टंगस्टन तन्तु वाष्प बनकर वहाँ एकत्रित हो जाती है।

5. (2) विद्युत परिपथों की सुरक्षा के लिए सबसे आवश्यक युक्ति फ्यूज है। फ्यूज ऐसे तार का टुकड़ा होता है, जिसके पदार्थ का गलनांक बहुत कम होता है। जब परिपथ में प्रति भारण (Over loading) या लघु पथन (Short circuiting) के कारण बहुत अधिक धारा प्रवाहित हो जाती है, तब फ्यूज का तार गरम होकर पिघल जाता है। इसके फलस्वरूप परिपथ टूट जाता है और उसमें धारा प्रवाहित होनी बन्द हो जाती है। जिसके कारण परिपथ से जुड़े उपकरण खराब होने से बच जाते हैं। अच्छे फ्यूज टिन का बना होता है। परन्तु सस्ता फ्यूज तार सीसा (Lead) एवं टिन के मिश्रधातु का बना होता है। फ्यूज तार की प्रकृति उच्च प्रतिरोध और निम्न द्रवणांक है।

6. (4)

उपकरण	रूपान्तरण
डायनेमो	यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में
प्रकाश विद्युत सेल	प्रकाश ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

Note : सोलर सेल को फोटो वोल्टिक सेल या प्रकाश विद्युत सेल के नाम से जाना जाता है।

7. (2) ट्रान्सफॉर्मर 'अन्योन्य प्रेरण' के सिद्धांत पर काम करता है। ट्रांसफॉर्मर शक्ति उत्पन्न नहीं करता न ही शक्ति का परावर्धन करता है। इसका मुख्य उपयोग आवश्यकतानुसार विद्युत शक्ति को अधिक वोल्टता या कम वोल्टता में बदलना है। ट्रांसफॉर्मर केवल प्रत्यावर्ती धारा (A.C.) या विभवान्तर के साथ कार्य कर सकता है।

8. (1) शुद्ध जल विद्युत का कुचालक है क्योंकि यह स्वल्प आयनित होता है।

9. (3) दिए गए विकल्प में अधिक विद्युत–चालकता वाली धातु चाँदी है। चाँदी तन्य तथा अघातवर्धनीय होता है।

10. (3) लवण जल विद्युत का चालक है।

11. (3) ज्योति फ्लक्स का SI मात्रक ल्यूमेन एकक है।

12. (4) वे पदार्थ, जो चुंबक से कम प्रतिकर्षित होते हैं, प्रतिचुंबकीय पदार्थ कहलाते हैं।

13. (1) अभ्रक ऊष्मा का अच्छा चालक लेकिन विद्युत का खराब चालक है।

14. (3) विद्युत प्रेस और विद्युत हीटर में नाइक्रोम का उपयोग किया जाता है। क्योंकि नाइक्रोम उच्च तापमान पर भी वह पिघलता नही है। ताप वृद्धि होने पर उससे प्रतिरोध कम हो जाता है।

15. (1) माइक्रोफोन की सहायता से ध्वनि सिग्नल से विद्युत धारा सिग्नल में परिवर्तित किया जाता है। माइक्रोफोन का सिद्धांत विद्युत–चुम्बकीय प्रेरण पर आधारित है।

16. (4) कम होती ऊर्जा और तरंग दैर्ध्य में वृद्धि के क्रम में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम को इस प्रकार देखा जा सकता है: गामा किरणों का तरंगदैर्ध्य: 0.01 nm; एक्स–रे: 1 nm; अल्ट्रा वायलेट किरणों: 0.1 माइक्रोमीटर; दृश्य प्रकाश (लाल): 0.7 माइक्रोमीटर और बैंगनी प्रकाश: 0.4 माइक्रोमीटर; इन्फ्रारेड रेडिएशन: 0.01 मिमी; माइक्रोवेव, कम से कम 10 सेमी, आमतौर पर 1 सेमी; रेडियो वेव की लंबी, मध्यम और लघु तरंग: 2 किलोमीटर–10 मीटर; और बहुत उच्च आवृत्ति (वीएचएफ) और अल्ट्रा उच्च आवृत्ति (यूएचएफ): 10 मीटर–10 सेंटीमीटर।

17. (1) किसी संधारित्र की दोनों प्लेटों को एक कूलॉम का आवेश प्रदान करने पर उनके बीच 1 वॉल्ट का विभवांतर उत्पन्न हो तो संधारित्र की धारिता एक फैरड कहलाती है। इस प्रकार धारिता की एसआई व्युत्पन्न इकाई फैरड है। इसका नामकरण अंग्रेजी भौतिकी विज्ञानी माइकल फैराडे के नाम पर किया गया है।

18. (1) किसी विद्युत–अपघट्य की असंगलग्नता का स्तर चार कारकों पर निर्भर करता है। वे कारक हैं: इलेक्ट्रोलाइट की प्रकृति, तापमान, विलयन, सॉल्वैंट (Solvent) की प्रकृति और अन्य आयनों की उपस्थिति।

19. (2) तंतु प्रकार के प्रकाश बल्ब में प्रयोग की गई अधिकांश विद्युत शक्ति अवरक्त किरणों के रूप में प्रकट होती है।

20. (2) ओम के नियम के अनुसार किसी दो बिन्दुओं के मध्य चालक से गुजरनेवाली विद्युत उन बिन्दुओं की विभवांतर से सीधे आनुपातिक होती है। यह तीन मूलभूत विद्युत मात्राओं के बीच संबंधों को परिभाषित करता है: विद्युत, वोल्टेज, और प्रतिरोध।

21. (1) चुम्बक पर प्रहार करना चुम्बकन की एक विधि है। चुम्बक को क्वाइल में लपेटकर विद्युत धारा प्रवाहित करने पर भी चुम्बकीय क्षेत्र का निर्माण किया जा सकता है।


22. (4) चुंबक रक्षक नर्म लोहा के टुकड़े होते हैं जिन्हें बार चुम्बक के ध्रुवों के आरपार रखा जाता है। यह चुम्बकत्व के ह्रास को रोकता है।

23. (3) एक विद्युत वाहक चालक (जैसे–एक धातु का तार) अपने चारों तरफ चुम्बकीय क्षेत्र प्रदर्शित करता है, ऐसा तार में आवेश की गति के कारण होता है।

24. (4) Tesla, जिसे प्रतीक चिन्ह 'T' से प्रदर्शित किया जाता है, का प्रयोग चुंबकीय क्षेत्र मापन में SI व्युत्पन्न मात्रक इकाई के रूप में किया जाता है। टेस्ला (Tesla) को कई प्रकार से मापा जा सकता है, जैसे एक टेस्ला (Tesla), एक वेवर (Weber) प्रति वर्ग मीटर के समान होता है।

टेस्ला को सर्वप्रथम 1960 में माप और भार की आम सभा (सीजीपीएम) में परिभाषित किया गया था। प्रमुख भौतिक शास्त्री, विद्युत अभियंता और आविष्कारक निकोला टेस्ला के नाम पर ही इसका नाम टेस्ला रखा गया।

25. (4) चालक की स्थिति में ऊर्जा निषिद्ध रिक्ति नहीं होती है। चालन तथा संयोजकता का ऊर्जा बंध एक दूसरे को ढँक लेता है। स्पष्टत: संयोजन बंध से ऊर्जा, चालन ऊर्जा बंध में स्वतंत्र रूप से प्रवेश कर सकता है।



26. (4) R प्रत्यक्ष: आनुपातिक रूप से तार की लंबाई है, जब तार को दो समान भागों में काटा जाता है तो प्रत्येक भाग की प्रतिरोधक = R/n
जब तारों को समानांतर रूप से जोड़ा जाता है तो संयुक्त तारों की समकक्ष प्रतिरोधकता
$1/R_2 = n/R + n/R + n/R - - - - - - n$ बार
या, $1/R_2 = n^2R$
या, $R_2 = R/n^2$

27. (1) प्लांक नियतांक (Planck constant) भौतिक कार्यों के निर्दिष्ट आयामों से युक्त है, यह उसी प्रकार कोणीय संवेगता (momentum) के समान है, जैसे ऊर्जा को समय (time) से गुणा किया जाता है, या संवेगता को दूरी से गुणा किया जाता है। एस आई (SI) मात्रक के अन्तर्गत प्लांक नियतांक को जूल सेकण्ड (J.s) या N.m.s में व्यक्त किया जाता है।

28. (1) माना मूल लंबाई L है, अनुप्रस्थ काट का क्षेत्र A है, और प्रतिरोधकता ρ है।
अत: $R = \rho L/A$
जब तार पिघलाकर लंबाई आधी की जाती है, $L = L/2$, अनुप्रस्थ काट का क्षेत्र A है ऐसी स्थिति में,
$AL = A/L$ (तार की मात्रा नियत रहती है)
$\Rightarrow AL = A/(L/2)$
$\Rightarrow A = 2A$
अब नई प्रतिरोध शक्ति है,
$R = \rho L/A = \rho(L/2)/(2A)$
$\Rightarrow R = R/4$
इस प्रकार, नई प्रतिरोधकता, मूल प्रतिरोधकता का एक-चौथाई (1/4) है।

29. (4) लक्स (lux) बत्तियों और प्रकाशमान (प्रदीप्ति) वस्तुओं से उत्सर्जित प्रकाश की मात्रा मापने का एस. आई मात्रक है। वन लक्स (one lux) से तात्पर्य प्रदान की गई प्रकाश की मात्रा से है जबकि एक ल्यूमेन से तात्पर्य प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में समान रूप से वितरित प्रकाश से है।

30. (3) फ्लेमिंग के दायें हाथ का नियम चालक (Conductor) के चुम्बकीय क्षेत्र में प्रवेश करने पर उत्प्रेरित धारा की दिशा दर्शाता है। जिस तार से होकर धारा बहती है उस तार के ऊपर यदि दाहिने हाथ को रखकर अँगूठे तथा पहली दो ऊँगलियों को इस तरह फैलाया जाय कि वे एक-दूसरे के समकोणिक दिशा में हों और यदि तर्जनी (fore finger) धारा की दिशा तथा बीच वाली ऊँगली सूई की विक्षेपित दिशा बताए, तो अँगूठे की दिशा चुम्बकीय बल की दिशा बताती है। ब्रिटिश इंजीनियर जॉन एम्ब्रोज फ्लेमिंग के नाम पर इस सिद्धांत का नाम फ्लेमिंग का नियम रखा गया।

31. (*) मानव शरीर में से प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा का स्तर प्रत्यक्ष रूप से मानव शरीर से गुजरने वाले प्रतिरोधी पथ से संबंधित है। शुष्क परिस्थितियों के अंतर्गत मानव शरीर की प्रतिरोधी क्षमता अधिक से अधिक 100,000 ओम (ohm) हो सकती है। गीले या खंडित त्वचा होने पर शरीर की प्रतिरोधकता 1,000 ओम तक कम हो सकती है।

त्वचा की स्थिति	**प्रतिरोधकता**
सूखी त्वचा	100,000 से 500,000 ओम
पसीना आने पर (हाथों में पसीना आने पर)	1,000 ओम
पानी में (पूर्णत: भीगने पर)	150 ओम

32. (1) सुपरकंडक्टर्स (Superconductors) से तात्पर्य ऐसे पदार्थों से है जिन्हें जब एक निश्चित तापमान तक ठंडा किया जाता है तो उनकी प्रतिरोधकता या तो बिल्कुल समाप्त हो जाती है या बहुत कम मात्रा में बचती है। परंपरागत या कृत्रिम सुपरकंडक्टर्स को निरपेक्ष शून्य (–273.15°C) तक शीतल करने की आवश्यकता होती थी तभी वे कार्य कर सकते थे।

33. (3) सोनोग्राफी (Sonography) अल्ट्रासाउंड पर आधारित रोगों के निदान से संबंधित एक चित्रात्मक तकनीक है, जिसका प्रयोग शरीर के आंतरिक अवयवों नसों, मासपेशियों, जोड़ों, नलिकाओं से संबंधित रोग विज्ञान या आंतरिक घावों की स्थिति देखने के लिए किया जाता है। भौतिक शास्त्र में 'अल्ट्रासाउंड' से तात्पर्य ध्वनि तरंगों से है जिसकी आवृति मनुष्यों की सुनने की क्षमता से काफी अधिक होती है।

34. (2) अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रणाली (SI) में तरंगों की आवृत्ति की इकाई हर्ट्ज (प्रतीक Hz) है। इसे साईकिल प्रति सेकंड के रूप में परिभाषित किया जाता है। हेनरिच रुडोल्फ हर्ट्ज के नाम पर इसका नामकरण किया गया। वे विद्युत-चुम्बकीय तरंगों के अस्तित्व को प्रमाणित करने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

35. (1) वोल्टमीटर दो बिन्दुओं के मध्य वोल्टेज मापता है। वोल्टमीटर दो बिन्दुओं के मध्य जुड़ा होना चाहिए और उन दोनों के मध्य प्रत्येक वस्तु समानान्तर परिपथ में होनी चाहिए। वोल्टमीटर द्वारा परिपथ में होने वाले किसी भी परिवर्तन से बचने के लिए इसकी प्रतिरोधकता की पहचान की जानी चाहिए। एक आदर्श वोल्टमीटर की प्रतिरोधता असीमित होती है। इसके विपरीत एक आदर्श धारामापी (ऐमीटर) की प्रतिरोधकता शून्य होनी चाहिए।

36. (1) स्व-प्रेरकत्व घूर्णन की प्रति इकाई लंबाई की संख्या का समानुपाती होता है।

मूल स्व-प्रेरकत्व (L) दिया गया है $L = \dfrac{\mu_o \pi (N)_r^2}{2}$

संख्या को तीन गुना करने पर, नया स्व-प्रेरकत्व

$= L = \dfrac{\mu_o \pi (3N) r^2}{2} = 9 \times \dfrac{\mu_o \pi (N) r^2}{2} = 9\,L$

37. (2) चुम्बकयुक्त पृथक्करण विधि का प्रयोग तभी किया जाता है जब विभिन्न घटकों में से एक घटक चुम्बकीय हो। इस प्रकार, लौह चूर्ण के विजातीय और कुछ अन्य पदार्थों (जैसे सल्फर पाउडर) के मिश्रण को चुम्बकों का प्रयोग करते हुए पृथक् किया जा सकता है। इसी प्रकार, रेत और लौह चूर्णों के मिश्रण को भी चुम्बक द्वारा पृथक् किया जा सकता है।

38. (2) साधारण शब्दों में, किसी वस्तु में द्रव्यमान पदार्थ की वह मात्रा है जिसे ग्राम में मापा जाता है। साधारण परिस्थितियों के अंतर्गत, और जितने लम्बे समय तक यह अक्षुण्ण रहती है, किसी वस्तु का द्रव्यमान सदैव समान होता है, अर्थात् इसमें पदार्थ की मात्रा सदैव एक समान रहेगी। इस्पात (स्टील) की गेंद में इस्पात की मात्रा एक समान होगी, गेंद चाहे पृथ्वी की सतह पर हो या चन्द्रमा की सतह पर इसका द्रव्यमान एक समान रहेगा।

39. (2) SI मात्रक ओम (Ω) की व्युत्पत्ति विद्युत प्रतिरोधकता से हुई है। परिभाषा के अनुसार, चालक का विद्युत प्रतिरोध एक ओम के समान है, जब एक वोल्ट से अधिक संभावना वाले स्थिरांक को चालक के दोनों सिरों के मध्य लगाया जाता है तो एक एम्पीयर धारा उत्पन्न होती है। प्रति एम्पीयर वोल्ट (V/A) मात्रक इकाई है, जो कि परिभाषा के अनुसार, ओम के समान $\Omega = V/A$ है।

40. (2) गैल्वेनिक सेल को बैटरी के रूप में भी जाना जाता है। यह एक विद्युत-रसायन सेल है जिसकी व्युत्पत्ति स्वत: रेडॉक्स अभिक्रिया वाले विद्युत ऊर्जा से हुई है, जो एक सेल के अन्दर उत्पन्न होती है। इसे विशिष्टत: विद्युत शक्ति के स्रोत के रूप में प्रयोग किया जाता है। अपनी प्रकृति के अनुसार, वे प्रत्यक्ष धारा उत्पन्न करती हैं। बैटरी गैल्वेनिक सेलों का एक समूह है जो एक दूसरे से समानान्तर क्रम में जुड़े रहते हैं।

41. (4) तीक्ष्ण नुकीली धातु (प्राय: ताँबा धातु, क्योंकि यह एक अच्छा सुचालक है) से बने तड़ित संवाहक को प्रत्यक्षत: भूमि से कनेक्ट किया जाता है। इसे छत की तुलना में अधिक ऊँचा रखा जाता है जिससे यदि बिजली गिरती भी है तो यह घर तक पहुँचने से पूर्व संवाहक (कंडक्टर) से टकराती है। यह नुकीला होना चाहिए क्योंकि बादल द्वारा ऋणात्मक आवेश उत्सर्जित करने पर यह सर्वप्रथम तड़ित् संवाहक के नुकीले सिरे पर टकराएगी और शीघ्र ही पृथ्वी की ओर गति करेगी। उत्सर्जित बिजली शीघ्र ही समाप्त हो जाएगी और घर तथा इसके आसपास का क्षेत्र किसी भी प्रकार की हानि से बच जाएगा। तड़ित् संवाहक की नुकीली प्रकृति इसे अपने सिरे पर धनात्मक आवेशों की अधिक मात्रा को ग्रहण करने में सहायता करती है।

42. (1) हाइड्रोस्कोप, एक प्रकाशीय उपकरण है जो इस्पात नली (स्टील ट्यूब) में संलग्न दर्पणों की एकश्रृंखला द्वारा व्यक्ति को जल की सतह के नीचे एक उचित

दूरी पर स्थित वस्तु को देखने की सुविधा प्रदान करता है। हाइड्रोफोन, एक यंत्र है जिसका प्रयोग जल के अंदर ध्वनि को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है। यह यंत्र जल के नीचे विद्यमान माइक्रोफोन के समतुल्य है जो दबाव के उतार-चढ़ावों को मापता है।

43. (3) ओम के नियम के अनुसार, विद्युत प्रवाहित करने वाले चालक के दो सिरों के मध्य लगने वाला विभवान्तर (V) उसमें प्रवाहित धारा (I) के अनुक्रमानुपाती होता है। यहाँ R समानुपातिक नियतांक है, इसे चालक का प्रतिरोध कहते हैं। इस प्रकार,

$V \propto I$

या, $V = I \times R$


या, $I = \frac{V}{R}$ या $R = \frac{V}{I}$

44. (3) पारे के सिवाय सभी धातु कमरे के तापमान पर ठोस होते हैं। पारा एकमात्र धात्विक तत्त्व है जो तापमान और दबाव की मानक स्थितियों में तरल अवस्था में रहता है। ब्रोमीन दूसरा एक ऐसा तत्त्व है जो इन स्थितियों में तरल अवस्था में रहता है।

45. (3) प्रकृति में जल का वाष्पीकरण शीतलन का सर्वाधिक दक्ष माध्यम है। मरुभूमि शीतलकों द्वारा वाष्पणिक शीतलन का प्रयोग किया जाता है, जो आर्द्रता के वाष्पीकरण द्वारा अवशोषित भाप के सिद्धांत पर कार्य करता है। जैसे ही जल वाष्पित होता है, वायु की ऊर्जा समाप्त हो जाती है और तापमान कम हो जाता है। इस प्रकार, शीतलन प्रभाव उत्पन्न किया जाता है।

46. (4) विद्युतरोधी वह पदार्थ है जो ऊष्मा या विद्युत के स्थानांतरण या धीमा स्थानांतरण की अनुमति नहीं देता। विद्युतरोधी के कुछ उदाहरणों में काँच, प्लास्टिक, रबड़, पोर्सिलेन, लकड़ी, मृत्तिका, शुष्क वायु इत्यादि शामिल हैं।

47. (1) इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में, चॉक (Choke) एक इनडक्टर (प्रेरक) है जिसका प्रयोग विद्युत परिपथ में अधिक आवृत्ति वाली प्रत्यावर्ती धारा (AC) को अवरुद्ध करने, जबकि दिष्ट धारा (DC) या कम आवृत्ति वाली धारा को गुजरने देने के लिए किया जाता है। ट्यूब लाइट में, चॉक (जो ट्यूबलाइट के साथ सीरीज में कनेक्ट होता है) में धारा को अचानक बाधित करते हुए अधिक वोल्टेज का निर्माण किया जाता है।



48. (1) क्यूरी (प्रतीक चिन्ह Ci) रेडियोधर्मिता का गैर-एसआई मात्रक है, इसका नामकरण पियरे क्यूरी के नाम पर किया गया था। इसे मूलत: ''एक ग्राम संतुलित रेडियम (तत्त्व) में निर्गम रेडियम का द्रव्यमान या मात्रा'' के रूप में परिभाषित किया जाता था, लेकिन वर्तमान में इसे ''226 Ra की सक्रियता के अधिक विशुद्ध माप के बाद $1\ Ci = 3.7 \times 10^{10}$ अपक्षय प्रति सेकण्ड'' = 3.7×10^{10} Bq के रूप में परिभाषित किया जाता है।

49. (4) ऐम्पलीफायर एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है जो सिग्नल के वोल्टेज, करेंट या पॉवर में वृद्धि करता है। सामान्यत: ट्रांजिस्टर एक एक्टिव डिवाइस है जिसका प्रयोग पृथक् घटकों के साथ विन्यास पर आधारित वोल्टेज, पॉवर या दोनों में वृद्धि करने के लिए किया जा सकता है।

50. (3) गैल्वनोमीटर को वोल्टमीटर में परिवर्तित करने के लिए, एक अधिक उच्च प्रतिरोधी "सीरीज रेसिस्टेन्स" को गैल्वनोमीटर के साथ सीरीज में कनेक्ट किया जाता है। परिपथ में किसी घटक के आरपार विद्यमान विभवांतर को मापने हेतु गैल्वनोमीटर को समर्थ बनाने के लिए यह परिवर्तन किया जाता है।

51. (2) सीसा (लेड) 7.2 केल्विन के निम्न तापमान पर पारगमन की अतिचालक अवस्था दर्शाता है। इस तापमान पर (जिसे क्रांतिक तापमान के रूप में जाना जाता है) सीसे की विद्युत प्रतिरोधकता जीरो (शून्य) होती है। पारगमन इतनी जल्दी और पूर्ण होता है कि यह पदार्थ की विभिन्न अवस्थाओं का पारगमन प्रतीत होता है, इस अतिचालक अवस्था का वर्णन बीसीएस सिद्धांत द्वारा किया गया है।

52. (2) जब प्रत्येक प्रतिरोधक को नगण्य प्रतिरोध वाले तारों के साथ कनेक्ट करते हुए प्रत्यक्षत: वोल्टेज स्रोत के साथ कनेक्ट किया जाता है तो प्रतिरोधक समानान्तर होते हैं। इस प्रकार प्रत्येक प्रतिरोधक कनेक्ट किए गए अनुप्रयुक्त स्रोत के पूर्ण वोल्टेज से युक्त होता है। जब प्रतिरोधकों को समानान्तर कनेक्ट किया जाता है तो अधिकांश विद्युत धारा व्यक्तिगत रूप से, उनमें से किसी एक से प्रवाहित होने के बजाय स्रोत से प्रवाहित होती है, इस प्रकार कुल प्रतिरोध न्यून होता है। समानान्तर कनेक्ट किए जाने पर प्रत्येक प्रतिरोधक समान रूप से इसके साथ कनेक्ट किए गए अनुप्रयुक्त स्रोत के पूर्ण वोल्टेज से युक्त होता है, लेकिन उनके मध्य की कुल धारा विभाजित हो जाती है।

53. (4) सभी संवाहकों में आवेश सतह पर विद्यमान होता है। इसका कारण यह है कि चालकों के इलेक्ट्रॉन मुक्त होते हैं, अर्थात् चालकों में इलेक्ट्रॉनों को परमाणु के नाभिक के साथ शिथिलता से सम्बद्ध किया जाता है। जब एक ठोस संवाहक साम्यावस्था में शुद्ध आवेश को वहन करता है तो आवेश संवाहक के बाह्य सतह पर विद्यमान होता है। इसके अतिरिक्त, संवाहक के बाह्य सतह पर विद्यमान विद्युत क्षेत्र सतह के लम्बवत् होता है और अन्दर वाला क्षेत्र शून्य होता है।

54. (4) ओमीय (ohmic) चालक ऐसे चालक हैं जो ओम के नियम का पालन करते हैं, अर्थात् वोल्टेज/धारा अनुपात स्थिर रहता है, अन्य शब्दों में, समीकरण प्रतिरोध = वोल्टेज/धारा का पालन किया जाता है। ओमीय चालक का प्रतिरोध परिवर्तनशील धारा के साथ परिवर्तित नहीं होता। धात्विक चालक जैसे चाँदी ओमी चालक है।

55. (3) प्रकाश-वैद्युत प्रभाव से तात्पर्य दी गई सामग्री से इलेक्ट्रॉन को निष्कासित करने के लिए अधिक ऊर्जा वाली विद्युत चुम्बकीय विकिरण की प्रवृति से है। प्रकाश वैद्युत का उपयोग बन्द निर्वात नली में विद्यमान दो इलेक्ट्रॉड से बने, फोटोसेल नामक उपकरण में किया जाता है। कम क्रियाशील क्षारीय धातु के साथ एक इलेक्ट्रॉड (फोटोकैथोड) की परत द्वारा प्रकाश धारा को दृश्य प्रकाश से भी उत्पन्न किया जा सकता है।

56. (4) हीरा विशाल आण्विक संरचना वाला एक पदार्थ है। कार्बन का प्रत्येक परमाणु कार्बन के चार अन्य परमाणुओं के साथ सहसंयोजक आबंध बनाता है। हीरे में मुक्त इलेक्ट्रॉन या आयन नहीं होते अत: यह विद्युत का चालक नहीं है। अधिकांश नीले हीरे, जो अर्धचालक होते हैं, के सिवाय हीरे अच्छे विद्युत-रोधी होते हैं।

57. (3) ट्रांजिस्टर एक अर्धचालक उपकरण है जिसका प्रयोग विद्युत संकेतों और विद्युत शक्ति में वृद्धि या परिवर्तन करने के लिए किया जाता है। 1948 में आविष्कृत ट्रांजिस्टर कम शक्ति और छोटे आकार के कारण श्रव्य उपकरण अनुप्रयोग के लिए उपयुक्त था। आरंभ में श्रव्य उपकरणों में ट्रांजिस्टर्स का प्रयोग किया गया था। ट्रांजिस्टर ने श्रव्य उपकरणों के लिए आवश्यक बैटरियों का स्थान ग्रहण किया।

58. (1) जल टरबाइन एक घूर्णन मशीन है जो जल की गतिज ऊर्जा और स्थितिज ऊर्जा को यांत्रिक कार्य में परिवर्तित करती है। जलविद्युत शक्ति कार्य के दौरान गतिशील जल से प्राप्त होती है। विद्युत उत्पन्न करने के लिए जल को गति में होना चाहिए। यह ऊर्जा गतिज (गतिमान) ऊर्जा कहलाती है। जब प्रवाहित जल ब्लेड को टरबाइन में घुमाता है तो ऊर्जा का यह रूप यांत्रिक (मशीनी) ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है। टरबाइन जनरेटर रोटर को घुमाता है जिससे यह यांत्रिक ऊर्जा, ऊर्जा के दूसरे रूप विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है।

59. (3) भौतिक विज्ञान में, विद्युत चुम्बकीय विकिरण (EMR) विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र की तरंगों (या उनके क्वाण्टा, फोटॉन) से संबंधित है। ये तरंगें दिक्स्थान को वहन करने वाली विद्युत विकिरणी ऊर्जा द्वारा प्रसारित होती हैं। इसमें रेडियो तरंगें, सूक्ष्म तरंगें, अवरक्त, दृश्य प्रकाश, पराबैंगनी, X और गामा विकिरण शामिल हैं।

60. (1) ग्रेफाइट विद्युत का एक अच्छा सुचालक है क्योंकि इसके इलेक्ट्रॉन असीमित या चारों ओर गति करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। ग्रेफाइट का प्रत्येक कार्बन परमाणु

सहसंयोजक आबंध द्वारा प्रत्यक्षत: कार्बन के केवल तीन परमाणुओं के साथ सम्बद्ध होता है। इस प्रकार, कार्बन परमाणु में चार इलेक्ट्रॉनों की संयोजकता में से केवल तीन का प्रयोग आबन्धन के लिए किया जाता है और चौथा इलेक्ट्रॉन सापेक्षिक रूप से स्वतंत्र होता है और एक कार्बन परमाणु से दूसरे कार्बन परमाणु में गति कर सकता है।

61. (3) कुछ विशिष्ट हाई फ्रीक्वेंसी के एप्लिकेशनों के अलावा अन्य घटकों जैसे ट्रांसफॉर्मर्स और इंडक्टर्स को आईसी के साथ एकीकृत नहीं किया जा सकता। उन्हें बाहर से सेमीकंडक्टर पिन के साथ कनेक्ट किया जाता है। सामान्य शब्दों में, ट्रांसफॉर्मर पृथक् घटकों के रूप में सर्किट बोर्ड में स्थित होते हैं और उन्हें एकीकृत सर्किट के आधार पर सेमीकंडक्टर के साथ एकीकृत नहीं किया जा सकता ।

62. (2) विद्युत चुम्बक, चुम्बक का एक प्रकार है जिसमें विद्युत धारा के द्वारा चुम्बकीय क्षेत्र का निर्माण किया जाता है। विद्युत धारा के बंद हो जाने पर चुम्बकीय क्षेत्र अदृश्य हो जाता है। यह नरम लोहे से बनता है और अपने चुम्बकत्व के गुण को आसानी से खो देने की विशेषता से युक्त होता है। विद्युत चुम्बक का नरम लौह कोर चुम्बकीय क्षेत्र को मजबूत बनाता है।

63. (3) सामान्यत: विद्युत शक्ति संचारण के लिए लोहे के बजाय ताँबे को अधिक वरीयता दी जाती है क्योंकि इसकी विद्युत चालकता उच्च और प्रतिरोधकता निम्न होती है। धातुओं में, चांदी की विद्युत चालकता सबसे अधिक 6.30×10^7 होती है, लेकिन इसकी लागत अधिक होने के कारण सामान्यत: इसका प्रयोग नहीं किया जाता।

64. (4) एकल सौर सेल विद्युत की अल्प मात्रा उत्पन्न कर सकता है। अधिक विद्युत शक्ति की आवश्यकता पड़ने की स्थिति में कई सौर सेलों को सीरीज में जोड़ दिया जाता है। सौर सेलों का यह समूह "सौर सेल पैनल" कहलाता है। इस प्रकार, एक सौर सेल पैनल एक निश्चित प्रतिमान (पैटर्न) में कई सौर सेलों के एकसाथ जुड़ने से बनता है।


65. (4) आपेक्षिक घनत्व दी गई सन्दर्भ सामग्री के लिए किसी तत्व के घनत्व (इकाई आयतन की मात्रा) का अनुपात है। अत: यह एक अविम (विमाहीन) राशि है और इसकी कोई इकाई नहीं होती।

66. (4) फ्यूज तार गरम तार के साथ सीरीज में सम्बद्ध एक सुरक्षित तार है जिसकी प्रतिरोधकता उच्च और गलनांक निम्न होता है। फ्यूज अतिविद्युत प्रवाह से बचने हेतु सदैव घटकों के साथ सीरीज में सम्बद्ध होते हैं। विद्युत की आपूर्ति अधिक होने या विद्युत कनेक्शन में खराबी होने के कारण फ्यूज तार पिघल जाता है और विद्युत परिपथ टूट जाता है।

67. (3) धातुओं में विद्युत चालकता विद्युतीय रूप से आवेशित कणों की गति का परिणाम है। धातु तत्त्वों के परमाणुओं की पहचान परमाणु के बाह्य कोष में विद्यमान इलेक्ट्रॉनों की इलेक्ट्रॉन संयोजकता की उपस्थिति द्वारा की जाती है जो कि गति करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। ये 'मुक्त इलेक्ट्रॉन' ही हैं जो धातुओं को विद्युत धारा चालन की अनुमति देते हैं। विद्युत क्षेत्र में, मुक्त इलेक्ट्रॉन एक दूसरे से टकराते हुए धातु के द्वारा गति करते हैं, गति करते हुए विद्युत आवेश से गुजरते हैं।

68. (3) एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र में एक समतल सतह के द्वारा गुजरने वाले चुम्बकीय प्रवाह को क्षेत्र के लिए सामान्य घटक क्षेत्र और प्रवाह घनत्व के उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है। वेबर इसका एसआई मात्रक है, जबकि मैक्सवेल इसका सीजीएस मात्रक है।

69. (4) किरचौफ का विद्युत धारा नियम बताता है कि किसी इलेक्ट्रिकल नेटवर्क में किसी बिन्दु (या जंक्शन) पर मिलने वाली विद्युत धारा का बीजगणितीय योग शून्य होता है। अन्य शब्दों में, जंक्शन को छोड़ने वाली कुल विद्युत धारा जंक्शन में प्रवेश करने वाली धारा के समान होती है। किरचौफ का विद्युत धारा का नियम परिपथ विश्लेषण के लिए प्रयुक्त होने वाले आधारभूत नियमों में से एक है।



70. (1) मैक्सवेल (Mx) चुम्बकीय प्रवाह की इकाई सेंटीमीटर - ग्राम - सेकण्ड (CGS) से व्युत्पन्न एक यौगिक है। इकाई का नामकरण जेम्स क्लार्क मैक्सवेल के सम्मान में किया गया था। उन्होंने विद्युत चुम्बक का एकीकृत सिद्धांत प्रस्तुत किया था, जिसे इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्नीकल कमीशन द्वारा 1930 में स्थापित किया गया था।

71. (1) व्यतिकरण (इंटरफेरेन्स) प्राय: तरंगों की पारस्परिक क्रिया से संबंधित होता है जो एक दूसरे के साथ सहसंबंधित या संसक्त होते हैं, क्योंकि या तो वे समान स्रोत से उत्पन्न होते हैं या वे समान या लगभग एकसमान आवृत्ति के होते हैं। व्यतिकरण प्रभाव सभी प्रकार के तरंगों के साथ देखा जा सकता है, उदाहरण के लिए, ध्वनि तरंगें, सतही तरंगें, और विद्युत चुम्बकीय तरंगें (जैसे प्रकाश तरंगें, इत्यादि)। इसी प्रकार, विवर्तन सभी तरंगों में पाया जाता है, जिसमें ध्वनि तरंगें, जल तरंगें, और विद्युत चुम्बकीय तरंगें जैसे दृश्य प्रकाश, एक्स रे और रेडियो तरंगें शामिल हैं।

72. (2) इलेक्ट्रिक रूम हीटर या इलेक्ट्रिक कुकिंग हीटर में तार की कुण्डली को एक एलीमेंट कहा जाता है। विद्युत सप्लाई से जोड़ने के बाद जब इन उपकरणों को चालू किया जाता है तो उनके एलीमेंट गर्म होकर लाल हो जाते हैं और ऊष्मा देते हैं। तार में उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा इसकी सामग्री, लंबाई और सघनता पर निर्भर करती है।

73. (4) तार में उत्पादित ऊष्मा की मात्रा तार की लंबाई, सघनता, सामग्री की प्रकृति, प्रवाहित होने वाली धारा की मात्रा और प्रवाहित धारा की अवधि पर निर्भर करती है। इस प्रकार विभिन्न आवश्यकताओं के लिए विभिन्न सामग्रियों से बने तारों का प्रयोग किया जाता है।

74. (4) रेक्टीफायर्स का प्रयोग प्रत्यावर्ती धारा (AC) का दिष्ट धारा (DC) में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है। यह आवधिक रूप से दिष्ट धारा को प्रतिवर्तित करता है, जो केवल एक ही दिशा में प्रवाहित होता है। प्रक्रिया को रेटिफिकेशन कहा जाता है, क्योंकि यह धारा की दिशा को "सीधा" करता है। भौतिक रूप से, रेक्टीफायर वैक्यूम ट्यूब डायोड, मर्करी-आर्क वाल्व आदि सहित कई रूप लेते हैं।

75. (2) एक सूखा सेल आमतौर पर धातु सिलेंडर से बना होता है। इसका एक सपाट आधार होता है और शीर्ष पर मेटल कैप होता है। शीर्ष पर मेटल कैप धनात्मक (+) सेल होता है। नीचे ऋणात्मक (-) सेल होता है। एक सेल आमतौर पर वर्तमान के 1.5 वोल्ट का विद्युत पैदा करता है।

76. (3) शृंखला में जुड़े दो या अधिक कक्षों का संग्रह बैटरी कहा जाता है बैटरी एक ऊर्जा स्रोत है जो रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती है। एक बैटरी में दो टर्मिनल होते है- सकारात्मक और नकारात्मक टर्मिनल सकारात्मक टर्मिनल को कैथोड कहा जाता है और नकारात्मक टर्मिनल को एनोड कहा जाता है।

77. (2) इलेक्ट्रिक पॉवर की गणना की जा सकती है:

$P = V.I$ या $P = I^2.R$ या $P = V^2/R$

P वाट (W) में विद्युत शक्ति है।

V वोल्ट (V) में वोल्टेज है।

I एम्पीयर (A) में विद्युत धारा है।

R ओम्स (Ω) में प्रतिरोध है।

78. (4) एक धनावेशित कण जो कि पश्चिम की ओर प्रक्षेपित होता है, एक चुंबकीय क्षेत्र द्वारा उत्तर की ओर विक्षेपित हो जाता है तो धनावेशित अल्फा कण की दिशा पश्चिम की ओर है, इसका मतलब है कि धारा (करेण्ट) की दिशा पश्चिम की तरफ है और चुंबकीय बल की दिशा उत्तर या ऊपर की ओर है।

79. (4) विद्युत प्रतिरोध किसी पदार्थ का वह गुण है, जिसके कारण पदार्थ अपने अंदर होने वाले धारा के प्रवाह का विरोध करता है अर्थात् धारा के प्रवाह में रुकावट डालता है। प्रतिरोध लम्बाई के समानुपाती तथा क्रॉस-सेक्शनल एरिया के व्युत्क्रमानुपाती होता है। प्रतिरोध तार में प्रयुक्त पदार्थ पर निर्भर करना है। तार के तापमान के साथ प्रतिरोध में वृद्धि होती है।

80. (1) विद्युत चालन वाले कंडक्टर पर चुंबकीय बल का उपयोग विद्युत ऊर्जा को कार्य में बदलने के लिए किया जाता है। विद्युत धारा से युक्त तार पर चुंबकीय बल

तार और चुंबकीय क्षेत्र दोनों के लंबवत दाहिने हाथ के नियम अनुसार कार्य करता है। चालक पर लागू बल विद्युत धारा की मात्रा और चुंबकीय क्षेत्र की शक्ति पर निर्भर करता है।

81. (3) जब एक चुंबकीय क्षेत्र में ताँबे के तार की एक आयताकार कुंडली घुमायी जाती है, तो प्रत्येक आधे घूर्णन में इस कुंडली में प्ररित विद्युत धारा की दिशा में बदलाव होता है।

82. (4) चुंबकीय क्षेत्र एक बल क्षेत्र है जो विद्युत प्रवाह और चुंबकीय डाईपोल के कारण होता है, और अन्य गतिशील आवेशों और चुंबकीय डाईपोल्स पर बल आरोपित करता है। आधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चुंबकीय क्षेत्र का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रोमेकानिक्स में।

83. (2) जब प्रतिरोधक एक साथ शृंखला में जोड़े गए हों और समान धारा प्रत्येक प्रतिरोधक सेशृंखला में प्रवाहित हो रही है, तो कुल प्रतिरोध, परिपथ का R_T, सभी एक साथ जोड़े गए पृथक प्रतिरोधकों के योग के बराबर अवश्य होना चाहिए।
इसलिए, $R_T = R_1 + R_2$.

84. (3) जब किसी कुण्डली तथा चुम्बक के बीच सापेक्ष गति होती है तो कुण्डली में एक वैद्युत वाहक बल उत्पन्न हो जाता है जिसे प्रेरित वैद्युत वाहक बल कहते हैं तथा इस घटना का वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण कहते हैं। 1831 में माइकल फैराडे ने विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की परिघटना की खोज की थी। उन्होंने पाया कि चुंबकीय क्षेत्र में चलने से तार में विद्युत प्रवाह उत्पन्न होता है।
विद्युत चुंबकीय प्रेरण वह क्षेत्र है जहाँ चुंबकीय क्षेत्र की गति समय के साथ बदलती है।

85. (3) परिनालिका (solenoid) एक त्रिविमीय (three-dimensional) क्वाइल (coil) को कहते हैं। भौतिकी में परिनालिका स्प्रिंग की भाँति बनाए गए तार की संरचना को कहते हैं। जिसमें से धारा प्रवाहित करने पर चुम्बकीय क्षेत्र निर्मित होता है। प्राय: ये तार किसी अचुम्बकीय पदार्थ (जैसे प्लास्टिक) के बेलनाकार आधार पर लिपटे रहते हैं जिसके अन्दर कोई अचुम्बकीय क्रोड, (जैसे हवा) या चुम्बकीय क्रोड (जैसे लोहा) हो सकता है। परिनालिकाएँ इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उनकी सहायता से नियंत्रित चुम्बकीय क्षेत्र का निर्माण किया जा सकता है तथा वे विद्युत चुम्बकों की तरह प्रयोग की जा सकती है। किसी परिनालिका के भीतर सभी बिंदुओं पर चुम्बकीय क्षेत्र समान होता है। परिनालिका की बाहरी सतह के स्थानों पर चुम्बकीय क्षेत्र शून्य होता है।

86. (3) वे काल्पनिक रेखाएँ हैं, जो चुम्बकीय क्षेत्र में एक चुम्बक के चारों ओर प्रदर्शित हो जाती हैं चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ या चुम्बकीय बल रेखाएँ कहलाती हैं। चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं के किसी भी बिन्दु पर खीची गई स्पर्श रेखा उस बिन्दु पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा को प्रदर्शित करती है। चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ चुम्बक के उत्तरी ध्रुव से निकलकर दक्षिणी ध्रुव से मिलती हैं। चुम्बकीय क्षेत्र का की दिशा, चुम्बकीय सूई से निर्धारित की जाती है। चुम्बकीय क्षेत्र का मात्रक गौस (Gauss) होता है।

87. (2) यदि तार को बदलते चुंबकीय क्षेत्र में रखा जाता है तो एक तार चुंबकीय क्षेत्र में प्रेरित हो जाएगा। प्रेरित धारा कुंडली क्षेत्र और चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन दोनों पर निर्भर करता है। जब तार की गति की दिशा विद्युत चुंबकीय क्षेत्र के लम्ब रूप में होती है, तो प्रेरित धारा का मान अधिकतम होता है।

88. (4) लाल तार विद्युत सर्किट में फेज (Phase) का प्रतीक है। यह लाइव तार है जो किसी अन्य लाल तार या काले तार से जोड़ा नहीं जा सकता है। एक काला तार विद्युत सर्किट में उदासीन तार का प्रतीक है। ग्रीन वायर इलेक्ट्रिक सर्किट में ग्राउंडिंग/मिट्टी के लिए है।

89. (1) कुंडली के मोड़ की संख्या में वृद्धि के साथ चुंबकीय क्षेत्र के परिमाण को अभिव्यक्त किया जाता है। कुंडली के एक मोड़ के मामले में अगर 'एन' कुंडली हो जाता है, तो चुंबकीय क्षेत्र का परिमाण चुंबकीय क्षेत्र के 'एन' बार होगी।

90. (2) एक कूलॉम्ब धनात्मक आवेश को विद्युत क्षेत्र में एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक ले जाने में किए गए कार्य को उन बिन्दुओं के मध्य विभवान्तर कहते हैं। जब दो प्रतिरोधकों को पार्श्वक्रम (parallel) में संयोजित किया जाता है, तो उनमें विभवांतर समान होता है।

91. (4) इलेक्ट्रिक सर्किट के शॉर्ट सर्किटिंग या ओवरलोडिंग के कारण इलेक्ट्रिक सर्किट और उपकरणों की सुरक्षा के लिए एक इलेक्ट्रिक फ्यूज का इस्तेमाल सुरक्षा उपकरण के रूप में किया जाता है। विद्युत सर्किट के ओवरलोडिंग तब होती है, जब एक ही समय में एकल सर्किट पर चलने वाले उपकरणों की संख्या सीमा से अधिक हो जाती है। खराब उपकरणों को सर्किट में जोड़ना भी ओवरलोडिंग का एक प्रमुख कारण है।

92. (2) चाँदी में 20 डिग्री सेल्सियस पर उच्चतम विद्युत चालकता σ (एस/एम) 6.30×10^7 होती है। इसमें सभी धातुओं की अपेक्षा उच्चतम विद्युत चालकता होती है। वास्तव में, चाँदी चालकता को परिभाषित करती है। कॉपर, जिंक और लेड की विद्युत चालकता क्रमश: 5.98×10^7, 1.682×10^7 और 4.87×10^6 है।

93. (1) प्रतिरोधकों की संख्या की कुल प्रतिरोधकता सीरीज में सभी व्यक्तिगत प्रतिरोध के योग के समान होती है। अन्य शब्दों में, यदि सीरीज में हमारे पास दो प्रतिरोध क R_1 और R_2 हैं तो नेटवर्क की कुल प्रतिरोधकता $R = R_1 + R_2$, अत: इस संदर्भ में शुद्ध प्रतिरोधकता में वृद्धि होती है। इसके विपरीत, जब प्रतिरोधकों को पैरालेल में कनेक्ट किया जाता है तो शुद्ध प्रतिरोधकता में कमी आती है।

94. (2) एक एकीकृत सर्किट (आईसी, माइक्रोचिप या चिप) एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट है जो छोटे अर्धचालक उपकरणों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक घटकों से बना होता है जो अर्धचालक सामग्री पर निर्मित होते हैं। यह आमतौर पर सिलिकॉन से बना होता है।

95. (4) पॉवर रेटिंग एक मात्रा है जो विद्युत उपकरण के सामान्य संचालन के लिए आवश्यक कुल विद्युत शक्ति का वर्णन करती है। यह उपकरण (वोल्टेज में) की वोल्टेज रेटिंग के साथ उपकरण (एम्पेरेस में) के वर्तमान उपयोग को गुणा करके निर्धारित किया जाता है।
तो प्रश्न के अनुसार, पॉवर रेटिंग
$= 0.3 \times 240 = 72$ वाट।

96. (2) घरेलू उपकरणों जैसे वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, रेफ्रीजरेटर, एयर कंडीशनर में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस हैं। उनमें डिजिटल और एनालॉग पहलुओं, विशेषकर सेंसर, मैकेनिकल पार्ट्स, एक्ट्यूटर, सॉफ्टवेयर इत्यादि शामिल हैं।

97. (1) एक सर्किट कम्पोनेन्ट या डिवाइस के विद्युत प्रतिरोध को विद्युत प्रवाह पर लागू वोल्टेज के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है जो इसके माध्यम से बहती है।
ओम के नियम के अनुसार, $I = V/R$
तो, $R = V/1$
प्रश्न के अनुसार, $V = 8$ V; $I = 0.2$A
तो, $R = 8/0.2 = 40$ ओम

98. (3) विभवान्तर, किया गया कार्य और वस्तु पर आवेश के बीच के सम्बन्ध को निम्नलिखित प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है:
विभवान्तर (v) = किया गया कार्य (w)/ आवेश (Q)
या, किया गया कार्य (w) = विभवान्तर × आवेश
∴ प्रश्नानुसार, किया गया कार्य
$= 20 \times 4 = 80$ जूल

99. (2) रेडियो तरंगें, अवरक्त किरणें, दृश्यमान प्रकाश, पराबैंगनी किरणें और गामा किरणें सभी विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रकार हैं। रेडियो तरंगों में सबसे लंबा तरंगदैर्ध्य होता है, और गामा किरणों में सबसे कम तरंगदैर्ध्य होता है। अति लघु तरंगदैर्ध्य वाली गामा किरणों की भेदन क्षमता सर्वाधिक होती है।

100. (4) एक विद्युत संवाहक के विद्युत प्रतिरोध के रूप में व्यक्त किया जा सकता है:
$R = \rho\, l/A$
जहाँ, R = संवाहक का प्रतिरोध (ओम, Ω)
ρ = संवाहक सामग्री की प्रतिरोधकता (ओम मीटर, Ω मीटर)
l = संवाहक की लंबाई (m)

A = संवाहक का पार-अनुभागीय क्षेत्र (m^2)

हम जानते हैं, 1 सेमी.^{2} = 0.0001 m^2

तो, प्रश्न के अनुसार, R = (100×10)/ 0.0001 = 1000 × 10000 = 10 × 10^6 ओम = 10 मेगा ओम


101. (4) एक्स-किरण या एक्स रे (X-Ray) एक प्रकार का विद्युत चुम्बकीय तरंगें हैं। इनका तरंगदैर्ध्य 10^{-11} मीटर से 10^{-9} मीटर तक और आवृत्ति लगभग 10^{16} से 10^{20} हर्ट्ज तक होती है। ये किरणें तीव्रगामी इलेक्ट्रॉनों के किसी भारी लक्ष्य वस्तु पर टकराने से उत्पन्न होती हैं। इन किरणों को उनके अन्वेषक के नाम पर रॉन्टजन किरण भी कहा जाता है। X-किरणों की खोज सन् 1895 में विल्हम रॉन्टजन ने की थी। यह चिकित्सा में निदान (diagnostics) के लिए सर्वाधिक प्रयोग की जाती है। यह एक प्रकार का आयनकारी विकिरण है, इसलिए खतरनाक भी है।

87. (1) नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) और मीथेन (CH_4) कृषि गतिविधियों द्वारा उत्सर्जित होने वाली दो प्रमुख ग्रीनहाउस गैसें (GHG) हैं। वर्तमान में मानव द्वारा उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) का योगदान लगभग 8% है। कृषिगत गतिविधियाँ जो प्रत्यक्षत: N_2O उत्सर्जन में वृद्धि करती हैं, निम्नलिखित हैं: उर्वरक (खाद या अन्य जैविक पदार्थ डालने की प्रक्रिया), फसलों के अवशेष, नाइट्रोजन - स्थिरीकरण वाले फसलों और चारा का उत्पादन, अधिक जैविक पदार्थों से युक्त मृदाओं का संवर्धन। सिंचाई, अपवहन-तंत्र, जुताई प्रथा और परती भूमि भी N_2O के उत्सर्जन में वृद्धि करती है।

88. (2) सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2) और नाइट्रोजन ऑक्साइड (NO_2) के उत्सर्जन द्वारा अम्लीय वर्षा होती है। ये अम्ल उत्पन्न करने के लिए वायुमण्डल में जल के अणुओं के साथ अभिक्रिया करते हैं। जीवाश्म ईंधन के दहन से SO_2 और NO_2 का उत्सर्जन होता है। अम्लीय वर्षा में समाहित रसायन इस्पात के ढाँचों (जैसे पुल) का संक्षारण, पत्थर की मूर्तियों का अपरदन और पेंट के रंगों को क्षीण कर सकते हैं। यह रासायनिक अभिक्रिया के द्वारा होता है। यह मानव गतिविधियों के कारण होता है। इसका pH - 5.5 – 6.5 है

89. (4) सोडियम बाइकार्बोनेट और कार्बनिक अम्ल (फॉर्मिक एसिड, एसेटिक एसिड, कार्बोनिक एसिड इत्यादि) कार्बन डाईऑक्साइड को विमुक्त करने के लिए अभिक्रिया करते हैं। उदाहरण के लिए, सोडियम बाइकार्बोनेट ($NaHCO_3$) कार्बन डाईऑक्साइड को विमुक्त करने के लिए एसेटिक एसिड के साथ तीव्र अभिक्रिया करता है तो निम्नलिखित समीकरण का निर्माण होता है:

$NaHCO_3 + CH_3COOH \longrightarrow CH_3COONa + H_2O + CO_2$

90. (1) सामान्य साल्टपीटर एवं पोटैशियम नाइट्रेट में भेद करने के लिए सोडियम नाइट्रेट ($NaNO_3$) को चिली साल्टपीटर या पेरू साल्टपीटर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इन देशों में विशेष रूप से अटाकामा मरुस्थल में यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसे सोडा नाइटर के नाम से भी जाना जाता है, उर्वरकों, आतिशबाजियों, धुआँ बमों, काँच, मीनाकारी बर्तन, खाद्य परिरक्षकों और ठोस रॉकेट प्रणोदक में इसका प्रयोग किया जाता है।

91. (1) अमोनिया गैस पानी में घुलकर अमो- नियम हाइड्रोक्साइड (NH_4OH) के विलयन का निर्माण करती है। यह विलयन (जिसमें गैस शामिल है) एक प्रबल क्षार है जो क्षारीय विलयन का निर्माण करेगा।

$$H_2O + NH_3 \rightleftharpoons OH^- + NH_4^+$$

92. (2) कैल्सियम ऑक्साइड (CaO) को सामान्यत: अनबुझे चूना के रूप में जाना जाता है। इसे प्राय: चूना भट्ठी में पदार्थों के तापीय वियोजन, जैसे चूना पत्थर, या समुद्री सीपियाँ जिसमें कैल्सियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) होता है, के द्वारा बनाया जाता है। यह सीमेंट बनाने की प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण संघटक है।

93. (2) किसी अम्ल की क्षारकता हाइड्रोजन आयन (H^+) की वह संख्या है जिसे जलीय विलयन में अम्ल के एक अणु के आयनीकरण द्वारा उत्पन्न किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की क्षारकता 1 है क्योंकि HCI का एक अणु विलयन में एक H^+ आयन उत्पन्न करता है। इसी प्रकार, डाईसोडियम हाइड्रोजन फास्फेट (Na_2HPO_4) की क्षारकता एक है क्योंकि इसमें H^+ के विस्थापित योग्य आयन की संख्या एक है।

94. (1) मतदान में प्रयुक्त होने वाली स्याही में सिल्वर नाइट्रेट नामक रसायन का प्रयोग किया जाता है। सिल्वर नाइट्रेट को अधिक वरीयता दी जाती है क्योंकि यह जल में विलेय है और काली स्याही वाले विलयन का निर्माण करता है। सिल्वर नाइट्रेड सिल्वर क्लोराइड का निर्माण करने के लिए लवण के साथ अभिक्रिया करता है जो कि जल में अविलेय है, जब इसे त्वचा पर लगाया जाता है तो यह त्वचा के साथ चिपक जाता है जिसे साबुन, पानी या ऐल्कोहल से भी साफ करना कठिन होता है।

95. (1) लैक्राइमल ग्लैन्ड, जो आँख के बाह्य कॉर्निया पर ऊपरी पलक के नीचे स्थित है, यह ग्रन्थि रासायनिक पदार्थ या बाह्य वस्तु द्वारा कॉर्निया प्रदाह या भावनात्मक उद्दीपन के दौरान आँसू आने के लिए उत्तरदायी है। अश्रुगैस, जिसे लैक्रीमेटर भी कहते हैं, से तात्पर्य पदार्थ के किसी एक समूह से है जो आँखों की श्लेष्मल झिल्लियों को उत्तेजित करता है जिसके कारण जलन की अनुभूति होती है और आँसू आते हैं। यह ग्रन्थि तीव्र लैक्रीमेशन उत्पन्न करते हुए नेत्र-श्लेष्मा को उत्तेजित करती है।

96. (4) बैकेलाइट-पॉलीमर के लिए प्रयुक्त होने वाला एक वाणिज्यिक नाम है, जिसे फिनॉल और फॉर्मलडिहाइड के बहुलकीकरण द्वारा प्राप्त किया जाता है। यह एक प्रार्रभिक प्लास्टिक है। संश्लेषित या मानव निर्मित, बहुलकों की किस्म के लिए प्लास्टिक (जिसे ग्रीक शब्द ''प्लास्टिकोज'' से लिया गया है, जिसका अर्थ है-मॉल्डैबल अर्थात् जिसे किसी आकार में ढाला जा सके) एक लोकप्रिय शब्द है।

97. (1) इस्प्यूमा एक स्पेनिश शब्द है जिसका प्रयोग फ्रॉथ या फॉम (झाग/फेन) के लिए किया जाता है। इस शब्द का निर्माण विशेष रूप से साइफन बॉटल के प्रयोग से किया गया है। इस्प्यूमा का निर्माण मुख्यत: तरल पदार्थ की सहायता से किया जाता है। जिसमें झाग उत्पन्न करने के लिए वायु समाविष्ट होती है। यह एक विशेष शब्द है, क्योंकि अन्य माध्यमों के द्वारा क्यूलिनरी झागों को प्राप्त किया जा सकता है।

98. (3) अनबूझे चूने (कैल्सियम ऑक्साइड), बूझे चूने (कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड) सीमेंट और गारे के निर्माण के लिए कच्चे पदार्थ के रूप में चूना पत्थर का प्रयोग किया जाता है। सीमेंट के उत्पादन के लिए कच्चे पदार्थ के रूप में मिट्टी और स्लेटी-पत्थर का भी प्रयोग किया जाता है।

99. (2) ताँबे को वायु में खुला छोड़ देने पर, यह वायु में विद्यमान नमीयुक्त कार्बन डाईऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है, धीरे-धीरे इसकी चमकदार भूरी सतह समाप्त हो जाती है और यह हरे रंग के आवरण में परिवर्तित हो जाता है। यह हरा पदार्थ मूलत: कॉपर कार्बोनेट ($CuCO_3Cu(OH)_2$) है। ताँबे की सतह पर निर्मित हरी परत इसे संक्षारण से बचाती है।

100. (1) जियोलाइट, एलुमिना (AlO_4) और सिलिका (SiO_4) के टेट्राहेड्रा (चतुष्फलक) के जुड़ने से निर्मित जलयोजित एल्युमिनोसिलिकेट खनिज है। सामान्य शब्दों में, ये ऐल्युमीनियम के तत्त्वों-ऑक्सीजन, सिलिकन, क्षार या क्षारीय पदार्थ के साथ, भूमिगत धातुओं (जैसे सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम) के मध्य अन्तरालों में जल के अणुओं से निर्मित तीन आयामों वाली खुली क्रिस्टलीय संरचना तथा अपेक्षाकृत ठोस हैं।

101. (1) लेड सल्फेट ($PbSO_4$) एक सफेद क्रिस्टलीय ठोस है। यह जल में अविलेय है और इसमें डूब जाता है। इसे प्राय: कार की बैटरी के प्लेट्स/इलेक्ट्रोड्स में देखा जाता है। बैटरी के निरावेशित होने पर इसका निर्माण किया जाता है। इसे फास्ट व्हाइट, मिल्क व्हाइट, सल्फ्यूरिक एसिड लेड साल्ट या एन्गल साइट के रूप में भी जाना जाता है।

102. (3) अग्निशामक आग को बुझाने तथा आग जलने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन को विस्थापित करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का प्रयोग करते हैं। आग को प्रज्वलित होने के लिए ऑक्सीजन, ईंधन और ऊष्मा की आवश्यकता होती है, इन तीनों में से किसी एक घटक को निष्कासित कर देने पर आग को बुझाया जा सकता है। यह वैद्युत अग्नि और ज्वलनशील द्रवित अग्नि के लिए उपयोगी है, लेकिन परिक्षेपी धातुओं के जलने से गैसोलीन और कुछ कागजी पदार्थों में आग लग सकती है।

103. (4) क्वार्ट्ज, सिलिकॉन के एक भाग और ऑक्सीजन के दो भागों: सिलिकॉन डाइऑक्साइड, SiO_2 का एक यौगिक है। क्वार्ट्ज सिलिका की अधिक प्रचुरता वाला खनिज पदार्थ है। इसका प्रयोग कई उद्योगों, महत्त्वपूर्ण काँच, संशोधनशाला, सोडियम सिलिकेट, सिलिकॉन मिश्रधातुओं इत्यादि में किया जाता है। सोडियम सिलिकेट की विभिन्न श्रेणियों की विशेषताओं को उनके भार अनुपात SiO_2: Na_2O द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

104. (3) समुद्री जल खारा होता है क्योंकि वर्षा का जल नदियों और धाराओं से प्रवाहित होकर समुद्र में जाते समय मृदा और चट्टानों में पाये जाने वाले खनिज लवण को विघटित कर देता है। भूमि पर आने वाले वर्षा के जल में आस-पास की वायु से कुछ विघटित कार्बन डाइऑक्साइड अंतर्विष्ट होती है। कार्बोनिक अम्ल के कारण वर्षा का जल थोड़ा अम्लीय होता है। वर्षा का जल भौतिक रूप से चट्टान को अपरदित करता है और अम्ल रासायनिक रूप से चट्टानों को विखंडित करता है तथा विघटित अवस्था में आयनों के रूप में खनिज और लवणों का वहन करता है। वर्षा का जल आयनों को बहाकर धाराओं और नदियों में ले जाता है, ये आयन महासागर में पहुँचकर महासागर के जल को खारा बना देते हैं।

105. (3) नाइट्राइट से नाइट्रेट का ऑक्सीकरण होने के पश्चात् अमोनिया या अमोनियम के जैविक ऑक्सीकरण का नाइट्राइट में परिवर्तन नाइट्रीकरण कहलाता है। अमोनिया- ऑक्सिडाइजिंग बैक्टीरिया (AOB) और अमोनिया-ऑक्सिडाइजिंग आर्किआ (AOA) नामक दो सूक्ष्मजीव समूहों द्वारा अमोनिया के ऑक्सीकरण को नाइट्राइट में परिवर्तित किया जाता है। नाइट्रीकरण, मृदा में नाइट्रोजन चक्र के लिए एक महत्त्वपूर्ण चरण है।

106. (3) थर्मल पॉवर स्टेशन एक विद्युत संयंत्र है जिसमें ऊष्मीय ऊर्जा को विद्युत शक्ति में परिवर्तित किया जाता है। जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, प्राकृतिक गैस या पेट्रोलियम के प्रयोग द्वारा ताप विद्युत का उत्पादन किया जाता है। भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता में ताप विद्युत संयंत्रों का योगदान 65% से अधिक है, जबकि देश के लगभग 85% ताप विद्युत उत्पादन संयंत्र कोयले पर आधारित हैं।

107. (3) सिलिका जेल एक शुष्क कारक है, जो संलग्न क्षेत्र से नमी को निष्कासित करता है। यह संश्लेषित रूप से सोडियम सिलिकेट से निर्मित सिलिकॉन डाइऑक्साइड का दानेदार, काचाभ और सरंध्र रूप है। सिलिका जेल पैक इलेक्ट्रॉनिक्स या नये जूतों के डिब्बों और पर्स या औषधि की बोतल के डिब्बों में पाया जाता है। इन पैकेटों में दानेदार सिलिसिक एसिड होता है जो रेत या छोटे जेल के मनकों/दानों के समान प्रतीत होता है।

108. (1) शुद्ध कार्बन के तीन रूप हैं : ग्रेफाइट, कोयला और हीरा। कोयले की विभिन्न श्रेणियों में से एन्थ्रासाइट कोयले में कार्बन की मात्रा सबसे अधिक होती है, न्यूनतम अशुद्धियाँ होती हैं। ग्रेफाइट को छोड़कर इसमें सर्वाधिक ऊष्मा की मात्रा होती है। एन्थ्रासाइट कायान्तरित कोयले का एक प्रकार है जिसमें कार्बन की मात्रा लगभग 92.1% से 98% तक होती है।

109. (1) जब अमोनियम क्लोराइड को गर्म किया जाता है तो यह अमोनिया और हाइड्रोजन क्लोराइड में अपघटित हो जाता है। अमोनियम क्लोराइड का तापीय अपघटन एक प्रतिवर्ती रासायनिक परिवर्तन है। 340° सेल्सियस से अधिक ताप पर गर्म करने पर, यह अमोनिया और हाइड्रोजन क्लोराइड के रूप में दो गैसों का निर्माण करने हेतु अपघटित होता है। शीतल होने पर, विपरीत अभिक्रिया होती है और ठोस अमोनियम क्लोराइड का निर्माण होता है। यह अभिक्रिया एक खुले तन्त्र का उदाहरण है जिसमें आसपास की ऊर्जा और द्रव्यमान का आदान-प्रदान होता है।

110. (2) सफेद फास्फोरस, फास्फोरस का सर्वाधिक अभिक्रियाशील रूप है। यह पृथक् P_4 टेट्राहेड्रा से निर्मित होता है जो 60 डिग्री के कोण के रूप में अधिक कोणीय दबाव के अधीन होता है। अधिक कोणीय दबाव, सफेद फास्फोरस को अस्थायी और अधिक अभिक्रियाशील बनाता है। उत्कृष्ट रूप से विभाजित किए जाने पर यह लगभग 50°C पर और अत्यंत कम तापमान पर स्वत: ही आग पकड़ लेता है।

111. (2) नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) एक रंगहीन, गन्धहीन गैस है जिसका प्रयोग संवेदनाहारी और पीड़ानाशक के रूप में किया जाता है। संवेदनाहारी और पीड़ानाशक प्रभावों से युक्त होने के कारण इसका प्रयोग शल्य चिकित्सा (सर्जरी) और दन्त चिकित्सा में किया जाता है। श्वास में लेने के परिणामस्वरूप इसके उल्लासोन्मादपूर्ण प्रभावों के कारण इसे हँसाने वाली गैस के रूप में जाना जाता है, इसके मनोरंजनात्मक गुण के कारण इसका प्रयोग विघटनशील संवेदनाहारी के रूप में किया जाता है।

112. (2) पोटैशियम परमैंगनेट एक प्रमुख जल उपचार विधि है जिसके द्वारा विघटित आयरन, मैंगनीज, हाइड्रोजन सल्फाइड तथा ठोस कण, जिन्हें निस्यन्दक द्वारा जल से बाहर निकाला जाता है, को ऑक्सीकृत किया जाता है। कुओं में आयरन बैक्टीरिया की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए भी इसका प्रयोग किया जा सकता है। यह एक उपचायक है, लेकिन एक दुर्बल रोगाणुनाशी है।

113. (2) लोहे को एक बड़े पात्र, जिसे धमन भट्टी कहते हैं, में विद्यमान लौह अयस्क से प्राप्त किया जाता है। लौह अयस्क जैसे हेमेटाइट में आयरन ऑक्साइड अन्तर्विष्ट होता है। लोहे को छोड़कर ऑक्सीजन को आयरन ऑक्साइड से अवश्य निष्कासित किया जाना चाहिए। वह अभिक्रिया जिसमें ऑक्सीजन निष्कासित की जाती है, अपचयन अभिक्रिया कहलाती है। लोहा प्राप्त करने के लिए आयरन ऑक्साइड (Fe_2O_3) के अपचयन के लिए कार्बन और कार्बन मोनोऑक्साइड दोनों का प्रयोग किया जाता है।

$$2Fe_2O_3 + 3C \longrightarrow 4\ Fe + 3CO_2$$

$$Fe_2O_3 + 3CO \longrightarrow 2Fe + 3CO_2$$

114. (1) नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) को सामान्यत: हँसाने वाली गैस के रूप में जाना जाता है। संवेदनहीनता और पीड़ानाशक प्रभावों से युक्त होने के कारण इसका प्रयोग शल्य चिकित्सा (सर्जरी) और दन्त चिकित्सा में किया जाता है।

श्वास में लेने के परिणाम- स्वरूप इसके उल्लासोन्मादपूर्ण प्रभावों के कारण इसे हँसाने वाली गैस के रूप में जाना जाता है। इसकी खोज प्रीस्टले (pristeley) ने की थी।

115. (3) ठोस अपशिष्ट (सॉलिड वेस्ट) पदार्थ को अवजल (स्लज) के रूप में भी जाना जाता है। यह अवशिष्ट, अर्ध-ठोस सामग्री से संबंधित है जिसे औद्योगिक या नगर-निगम के अपशिष्ट जल के मलजल उपचार के दौरान गौण- उत्पाद के रूप में उत्पन्न किया जाता है। यह मुख्यत: विनिर्माण प्रक्रियाओं जैसे फैक्टरियों, उद्योगों, कारखानों और खनन परिचालनों का परिणाम है।

116. (4) सिन्दूर (सिनेबार) सामान्यत: मरकरी सल्फाइड (HgS) के चमकीले लाल से इष्टिका लाल रूप से संबंधित है जो कि परिष्कृत तात्विक पारे के लिए सबसे सामान्य स्रोत अयस्क है। यह चमकीले लाल या लाल रंजक के लिए ऐतिहासिक स्रोत है जिसे सिन्दूर और सम्बद्ध लाल पारे रंजक के रूप में वर्णित किया जाता है।

117. (3) जल में चूर्णित उत्प्रेरित कार्बन मिलाने से या जल में दानेदार उत्प्रेरित कार्बन (GAC) का प्रयोग करने से निस्यंदक (फिल्टर) खराब स्वाद या दुर्गन्ध दूर कर सकता है। चूर्णित उत्प्रेरित कार्बन (PAC) अधिमान्य विधि है, जिसका प्रयोग तब किया जाता है जब स्वाद और दुर्गन्ध संतुलित और विरल होती है। उत्प्रेरित कार्बन एक तथ्यात्मक घटना द्वारा कार्य करता है जिसे "अधिशोषण" कहते हैं। यह वह स्थिति है जब गंधित यौगिक को उत्प्रेरित कार्बन के नीचे रखा जाता है और इस स्थिति को बनाए रखा जाता है, लेकिन अधिशोषण की प्रक्रिया को निष्पादित करने वाली सामग्री का आकार परिवर्तित नहीं होता।

118. (3) कार्बन डाइऑक्साइड को चूने के पानी में से प्रवाहित कराने पर विलयन दुधिया हो जाता है। ऐसा मुख्यत: कैल्शियम कार्बोनेट का निर्माण होने के कारण होता है जो कि पानी में अविलेय है।

$Ca(OH)_2\ (aq) + CO_2(g) \rightarrow CaCO_3\ (s) + H_2O\ (l)$

हालांकि, जब कार्बन डाइऑक्साइड की अधिक मात्रा विलयन में से गुजरती है तो धुँधलापन अदृश्य हो जाता है और कैल्शियम कार्बोनेट का निर्माण होने के कारण एक स्वच्छ विलयन प्राप्त होता है, जो कि पानी में विलेय है।

119. (4) विशुद्ध नाइट्रिक एसिड तीक्ष्ण गंध के साथ एक रंगहीन धुएँदार तरल है। प्रयोगशाला में मिलने वाली नाइट्रिक एसिड नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के विघटन के कारण थोड़ी पीली होती है। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड HNO_3 के एक भाग के ऊष्मीय अपघटन के कारण उत्पन्न होती है।

120. (1) क्लोरिन की ब्लीचिंग अभिक्रिया ऑक्सीकरण की प्रक्रिया द्वारा होती है। ब्लीचिंग कार्य के लिए इसे नमी की आवश्यकता होती है। क्लोरिन हाइड्रोक्लोरिक और हाइपोक्लोरस एसिड का निर्माण करने हेतु जल के साथ अभिक्रिया करती है। हाइपोक्लोरस एसिड अस्थायी है, और यह नवजात (नैसेंट) ऑक्सीजन का निर्माण करने हेतु आसानी से विघटित हो जाता है।

121. (3) कैल्सियम हाइपोक्लोराइट रासायनिक सूत्र Ca(OCl)Cl के साथ एक अकार्बनिक यौगिक है, जिसे सामान्यत: ब्लीचिंग पाउडर के रूप में जाना जाता है। यह जल में अत्यंत घुलनशील नहीं है और इसका प्रयोग मंद से मध्यम कठोर जल में किया जाता है। इसका प्रयोग सार्वजनिक तरणतालों को स्वच्छ रखने और पेयजल को रोगाणुओं से मुक्त करने के लिए भी किया जाता है।

122. (2) स्थायी चित्र बनाने के क्रम में, विकसित फिल्म की सतह से अपरिवर्तित सिल्वर ब्रोमाइड को हटाने की आवश्यकता होती है। यह प्रक्रिया चित्र का स्थिरीकरण कहलाती है। विकसित फिल्म या प्लेट को सोडियम थायोसल्फेट (हाइपो) विलयन में डुबोकर स्थिरीकरण को निष्पादित किया जाता है। हाइपो विलयन जटिलता का निर्माण करते हुए अपरिवर्तित सिल्वर ब्रोमाइड को विघटित करता है। इस प्रकार, सोडियम थायोसल्फेट जटिल कारक के रूप में कार्य करता है।

123. (2) जिंक फॉस्फाइड (ZNS) का उपयोग व्यापक रूप से कृन्तकनाशी के रूप में किया जाता है। अंतर्ग्रहण के बाद यह शरीर में फॉस्फिन गैस में परिवर्तित हो जाता है, जो बाद में पेट और आंतों के माध्यम से रक्त प्रवाह में अवशोषित हो जाता है और यकृत और फेफड़ों तक पहुँच जाता है। फॉस्फिन गैस विभिन्न चयापचय और गैर-चयापचय विषाक्त प्रभाव पैदा करती है।

124. (1) शुष्क कारक एक रसायन है जिसका प्रयोग विलयन में विद्यमान कार्बनिक यौगिक में से जल को निष्कासित करने के लिए किया जाता है। रासायनिक यौगिकों को पृथक् करने या निर्माण करने के लिए वे प्राय: जल के साथ संदूषित हो जाते हैं। कैल्सियम क्लोराइड, जिप्सम और कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड शुष्क कारक के उदाहरण हैं।

125. (1) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड, परंपरागत रूप से बुझा चूना, हाइड्रेटेड चूना, मन्द चूना या नमकीन चूना बनाने को कहा जाता है, रासायनिक सूत्र $Ca(OH)_2$ के साथ एक रासायनिक अवयव है। यह एक रंगहीन क्रिस्टल या सफेद पाउडर है। जब कैल्शियम ऑक्साइड (जिसे चूना या क्विकलाइम कहा जाता है) मिलाया जाता है, तो यह प्राप्त होता है।

126. (1) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड, $Ca(OH)_2$ का सामान्य नाम चूने का पानी है। कैल्शियम कार्बोनेट कैल्शियम का कार्बेनिक ($CaCO_3$) लवण है। कैल्साइट, एरागोनाइट और वेटेराइट शुद्ध कैल्शियम कार्बोनेट खनिज हैं। औद्योगिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्रोत चट्टानें जिनमें मुख्य रूप से कैल्शियम कार्बोनेट शामिल हैं चूना पत्थर, चाक, संगमरमर और ट्रेवर्टिन आदि हैं।

127. (3) सोडियम बाइकार्बोनेट, जिसे सामान्य रूप से रासायनिक सूत्र $NaHCO_3$ के साथ बेकिंग सोडा के रूप में जाना जाता है। यह एक सफेद क्रिस्टलीय पाउडर है जिसे सामान्यत: पीएच बफरिंग एजेंट, इलेक्ट्रोलाइट रिप्लेनिशर सिस्टेमिक अल्केलाइजर और सफाई में उपयोग किया जाता है।

128. (1) म्यूरिएटिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड (HCl) के नामों में से एक है, यह एक संक्षारक तीव्र अम्ल है। इसे ऐतिहासिक रूप से एसिडम सैलिस, म्यूरिएटिक एसिड और स्पिरिट्स साल्ट के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसे रॉक साल्ट और ग्रीन विट्रिऑल से (15वीं शताब्दी में बैसिलियस वैलेनटिनस द्वारा) उत्पन्न किया जाता था और बाद में इसे रासायनिक रूप से समान कॉमन साल्ट और सल्फ्यूरिक एसिड से तैयार किया जाता था।

129. (2) कैल्सियम हाइपोक्लोराइट, फॉर्मूला $Ca(ClO)_2$ के साथ एक अकार्बनिक यौगिक है। चूना और कैल्सियम क्लोराइड के मिश्रण के रूप में, इसे क्लोरीन पाऊडर या ब्लीच पाऊडर के रूप में जल को साफ करने के लिए और विरंजन एजेंट के रूप में विपणन किया जाता है।

130. (3) कैल्सियम ऑक्साइड को सामान्यत: अनबूझे चूने के रूप में जाना जाता है। अनबूझे चूने के निर्माण के लिए कच्ची सामग्री के रूप में कैल्सियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) का प्रयोग किया जाता है। चूने का निर्माण चूना भट्टी में कैल्सियम कार्बोनेट को 1273 K तापमान पर गर्म करके किया जाता है।

$$\underset{\text{चूना पत्थर}}{CaCO_3} \rightarrow \underset{\text{चूना}}{CaO} + \underset{\text{कार्बन डाइऑक्साइड}}{CO_2}$$

131. (2) एंटासिड औषधियों का एक वर्ग है जो अम्ल को पेट में उदासीन करता है। इसमें संघटक जैसे एल्युमिनियम, कैल्सियम, या मैग्नीशियम अंतर्विष्ट होते हैं जो पेट के अम्ल को प्रभावहीन करने और pH को कम करने हेतु क्षार के रूप में कार्य करते हैं। ये तुरंत कार्य करते हैं और एसिड रीफ्लक्स, हृदय की जलन (अम्लशूल) या अपच के लक्षणों से छुटकारा दिलाने में प्रयुक्त होते हैं।

132. (3) हाइड्रोजन पेरोक्साइड (H_2O_2) क्लोरीन (Cl_2) के लिए एक हरित विकल्प है।

- हाइड्रोजन पेरोक्साइड हरित एक अतिरिक्त ऑक्सीजन अणु (H_2O_2) के साथ सामान्य पानी है और ऑक्सीजन और पानी में टूट जाता है।
- क्लोरीन डाइऑक्साइड (ClO_2) और सोडियम हाइपोक्लोराइट (NaOCl) जो पारंपरिक रूप से पदार्थों से रंग विरंजन के लिए उपयोग किए जाते हैं।

133. (4) सिन्थेज एंजाइम प्याज के अमीनो एसिड सल्फॉक्साइड को सल्फेनिक एसिड में परिवर्तित करता है।

- अस्थिर सल्फेनिक एसिड अपने आप को सिन-प्रोपेनैथियल-एस-ऑक्साइड में बदल देता है।
- साइट्रिक एसिड एक कमजोर कार्बनिक अम्ल है जो खट्टे फलों में स्वाभाविक रूप से पाया जाता है।
- नाइट्रिक एसिड एक अत्यधिक संक्षारक खनिज एसिड है।
- सल्फ्यूरिक एसिड सल्फर, ऑक्सीजन और हाइड्रोजन तत्वों से बना एक खनिज एसिड है।

134. (1) कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट को आमतौर पर जिप्सम के रूप में जाना जाता है।
- यह एक नरम सल्फेट खनिज है जिसका रासायनिक सूत्र $CaSO_4.2H_2O$ है।
- इसका व्यापक रूप से खनन किया जाता है। यह एक उर्वरक के रूप में और प्लास्टर के कई रूपों में मुख्य घटक के रूप में उपयोग किया जाता है।
- अभ्रक सूक्ष्म तंतुओं से बने खनिजों के समूह के लिए प्रयुक्त एक शब्द है।
- चूना पत्थर एक तलछटी चट्टान है जो मुख्य रूप से कैल्शियम कार्बोनेट $CaCO_3$ से बना है, जो खनिज कैल्साइट के रूप में पाया जाता है।

135. (4) जल की स्थायी कठोरता उसमें उपस्थित कैल्शियम और मैग्नीशियम के सल्फेट, क्लोराइड, नाइट्रेट आदि लवणों के घुले रहने के कारण होती है। जल की कठोरता को सोडियम कार्बोनेट (वाशिंग सोडा) मिलाकर या आयन-एक्सचेंज कॉलम द्वारा जल को प्रवाहित करके दूर किया जा सकता है।

136. (2) ओजोन (O_3) एक अणु है जिसमें तीन ऑक्सीजन (O) परमाणु होते हैं।
- ओजोन पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर परा बैंगनी (UV) प्रकाश और विद्युत निर्वहन की क्रिया द्वारा डाइ ऑक्सीजन से बनता है।
- वायु मंडल में एक परत समताप मंडल में कुल वायुमंडलीय ओजोन राशि का लगभग 90% शामिल है।

137. (3) म्यूरिएटिक एसिड हाइड्रोक्लोरिक एसिड, एक संक्षारक मजबूत एसिड के नामों में से एक है।
- यह अम्ल मुख्य रूप से कई उद्योगों जैसे रबर, कपड़ा और यहाँ तक कि फोटोग्राफी में भी पाया जाता है।
- औद्योगिक रूप से, इसका उपयोग स्टील को संसाधित करने, बैटरी, आतिशबाजी और बहुत कुछ अन्य सामानों के उत्पादन में किया जाता है।

TYPE–IV

1. (2) पायस (Imulson) एक द्रव में द्रव का कोलॉइडी निकाय है : जैसे–दूध। पायसीकारक एक एजेंट है जो पायस को स्थायी कर देता है।

2. (2) विद्युत लेपन के लिए सामान्यत: प्रयोग की जाने वाली धातुएँ क्रोमियम, कॉपर और निकेल है।

3. (1) कॉपर इलेक्ट्रोडों का प्रयोग करके कॉपर सल्फेट के जलीय घोल के विद्युत-अपघटन कैथोड पर कॉपर और ऐनोड पर ऑक्सीजन मिलता है।

4. (3) सह संयोजक यौगिकों के विशेषताएँ :
(i) यौगिक सामान्यत: गैस या द्रव या वाष्पशील ठोस होते है।
(ii) इसका क्वथनांक और गलनांक अल्प या निम्न होते हैं।
(iii) जल में अविलय परन्तु कार्बनिक विलयकों में विलेय होते हैं।
(iv) यह अणुओं के रूप में रहता है।

5. (4) एक मिश्रण के गुणधर्म उसके घटकों के समान ही होते हैं। एक मिश्रण वह अशुद्ध पदार्थ है जो दो या दो अधिक शुद्ध पदार्थों के किसी भी अनुपात में बिना रासायनिक संयोग के मिलने से बनता है।

6. (1) दाहक सोडा एक प्रस्वेदी (Deliques cent) है। दाहक सोडा को सोडियम हाइड्राक्साइड (NaOH) या कॉस्टिक सोडा भी कहा जाता है। इसका उपयोग पेट्रोलियम को शुद्ध करने में, साबुन बनाने में, कागज, सूती कपड़े में चमक पैदा करने में, कृत्रिम रेशम के निर्माण में, रंग तथा रेयॉन बनाने में, सोडियम धातु बनाने आदि में किया जाता है।

7. (1) प्रति मोल प्रति केल्विन गैस पर या गैस द्वारा किए गए कार्य को गैस स्थिरांक R कहा जाता है।
R की यूनिट SI में J मोल$^{-1}$ K^{-1} तथा इसका मान 8.314 J मोल$^{-1}$ K^{-1} होता है।
CGS में R का मान 1.98 कैलोरीमोल$^{-1}$ °C^{-1} होता है।

8. (4) जीव के लिए बॉडी के कुल भार का या रसायन के उत्तक सांद्रण का 50 प्रतिशत कम करने के लिए अपेक्षित समय को अर्धायु अवधि कहते हैं।

9. (3) जब दो या दो से अधिक रसायनों द्वारा उत्पन्न प्रभाव या प्रतिक्रिया रसायन द्वारा अलग-अलग उत्पन्न होने वाले प्रभावों या प्रतिक्रियाओं के योग से कम हो तो उसे प्रतिरोध कहते है। प्रतिरोध का विपरीत सहक्रिया होती है जिसमें दो या दो से अधिक रसायनों द्वारा उत्पन्न प्रभाव या प्रतिक्रिया रसायन द्वारा अलग-अलग उत्पन्न होने वाले प्रभावों या प्रतिक्रियाओं के योग से अधिक होती है।

10. (1) अमोनियम क्लोराइड (NH_4Cl) को आम तौर पर एक आयनिक यौगिक माना जाता है लेकिन इस यौगिक में तीन अलग प्रकार के बांड पाए जाते हैं। इसमें NH_4+ आयन और Cl^- आयन के बीच आयनिक बंधन होता है। इसमें N-H सहसंयोजक बांड होते हैं। NH_3 से NH_4+ के गठन को कभी-कभी NH_3 और H के मध्य एक समन्वय बॉन्ड के रूप में देखा जाता है, हालांकि बॉन्ड के निर्माण के पश्चात् चार N-H बॉन्ड के बीच कोई अंतर नहीं रह जाता है।

11. (3) नाइट्रोजन की आयनीकरण ऊर्जा ऑक्सीजन की आयनीकरण उर्जा से अधिक है क्योंकि नाइट्रोजन में स्थिर आधा भरा हुआ भाग 2p उपस्तर है। इलेक्ट्रॉनिक विन्यास → $1s^2\ 2s^2\ 2p^3$ है।

12. (3) धातुओं का परिष्करण उनका शुद्धिकरण है। वैद्युत परिष्करण में अशुद्ध धातु को ऐनोड के रूप में उपयोग किया जाता है। शुद्ध धातु की पट्टी का कैथोड के रूप में तथा धातु के किसी लवण के घोल का वैद्युत अपघट्य के रूप में उपयोग होता है। जब वैद्युत अपघट्य में से धारा प्रवाहित की जाती है, तब धातु कैथोड पर जमा हो जाती है।

13. (1) सुपोषण इससे जलाशयों में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है फलस्वरूप जीव जन्तुओं की मृत्यु हो जाती है।

14. (3) पानी का भाप के रूप में परिवर्तित होना एक भौतिक परिवर्तन है, इस प्रक्रिया में पदार्थ (जल) की अवस्था अपनी संरचना में बदलाव के बिना बदलती है। भौतिक परिवर्तन, भौतिक गुणों में बदलाव को शामिल करता है। जल के भौतिक गुणों के उदाहरण :- पिघलना, गैसीय रूप में बदलना, स्थायित्व में बदलाव, शक्ति में बदलाव, क्रिस्टलीय रूप में बदलना, संगठनात्मक बदलाव, आकार, आकृति, रंग, मात्रा और घनत्व में बदलाव।

15. (1) pH मीटर एक इलेक्ट्रॉनिक युक्ति है जिसका उपयोग pH किसी द्रव के एसिडिटी या एल्केलिनिटी को मापना है। एक विशिष्ट pH मीटर में एक खास मेजरिंग प्रोब (एक ग्लास इलेक्ट्रोड) लगा होता है जो एक इलेक्ट्रॉनिक मीटर से सम्बद्ध होता है। यह pH रीडिंग को प्रदर्शित करता है।

16. (1) दो या दो से अधिक पदार्थों का सजातीय मिश्रण, जो अपरिवर्तित रहता है, विलयन कहलाता है। ऐसा मिश्रण जिसमें विलेय दूसरे पदार्थ में विघटित हो जाता है, विलायक कहलाता है। विलयन में विलायक के अधिक या कम लक्षण शामिल होते हैं और विलायक में सामान्यत: मिश्रण का एक बड़ा भाग शामिल होता है।
घोल (emulsion) दो या अधिक तरलों का एक मिश्रण है जो सामान्यत: अमिश्रणीय होता है। घोल कोलाइडी नामक पदार्थ की द्विकलीय प्रणाली का एक सामान्य वर्ग है। इत्र की शीशी, सजातीय (होमोजिनाइज्ड) दूध, मसाला और धातु कार्य के लिए कुछ कम तरल पदार्थ इत्यादि को घोल के उदाहरण में शामिल किया जाता है।

17. (4) रक्त में अम्ल-क्षार की मात्रा में संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से कार्बोनिक- एसिड-बाइकार्बोनेट बफर, सबसे महत्वपूर्ण बफर है। रक्त में तीन प्रकार की बफर प्रणाली विद्यमान है, 'साधारण' रसायनों से मिलकर बाइकार्बोनेट बफर और फॉस्फेट बफर का निर्माण होता है। इसके अलावा कार्बोनाइल समूह (-COOH) और एमाइड समूह ($-NH_2$) प्रोटीनों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इनमें से कुछ प्रोटीन बफर के रूप में कार्य करते हैं।

$H_2CO_3 + H_2O \leftrightarrow HCO_3^- + H_3O^+$

$H_2PO_4^- + H_2O \leftrightarrow HPO_4^{2-} + H_3O^+$

18. (4) शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों का परीक्षण करने के लिए पुलिस प्राय: ब्रीथ ऐनालाइजर नामक उपकरण का प्रयोग करती है। यह उपकरण रिडक्शन/ऑक्सिडेशन (रेडॉक्स) रिएक्शन रसायनों पर आधारित है। ड्राइवर की साँस का नमूना ब्रीथ ऐनालाइजर में रखा जाता है, जहाँ यह पोटैशियम डाईक्रोमेट ($K_2Cr_2O_7$)-ऐसा रसायन जो पीला-संतरी रंग का होता है- के अम्लीय विलयन के साथ अभिक्रिया करता है। पोटैशियम डाईक्रोमेट के डाईक्रोमेट आयन द्वारा साँस में विद्यमान ऐल्कोहल (इथेनॉल) को ऐसिटिक अम्ल में परिवर्तित (ऑक्सीडाइज्ड) किया जाता है। इसके साथ ही, डाईक्रोमेट आयन का पीला-संतरी रंग हरे क्रोमिक आयन (Cr^{3+}) में परिवर्तित हो जाता है। रंग में परिवर्तन की मात्रा के आधार पर ड्राइवर की साँस में विद्यमान ऐल्कोहल के स्तर का पता लगाया जाता है।

19. (3) प्रथम श्रेणी अभिक्रिया वह अभिक्रिया है जो रेखीय रूप से केवल एक अभिकारक की सान्द्रता पर निर्भर करता है और उसी दर से गति करता है। अन्य शब्दों में, जब अभिक्रिया की दर किसी एक अभिकारक की सान्द्रता की पहली क्षमता (पॉवर) पर निर्भर करती है, तो इसे प्रथम श्रेणी माना जाता है। अभिक्रिया दर प्रत्यक्षत: अभिक्रिया करने वाले पदार्थ की सान्द्रता के समानुपाती होती है। निम्नलिखित आलेख (ग्राफ) प्रथम श्रेणी की अभिक्रिया के लिए समय बनाम अभिकारकों की सान्द्रता का प्रतिनिधित्व करता है।




20. (1) किसी गुफा की छत पर विभंजन से जल टपकने या प्रवाहित होने पर आरोही निक्षेपों और निलम्बी निक्षेपों का निर्माण होता है। कैल्साइट (कैल्सियम कार्बोनेट) या $CaCO_3$ उनमें पाया जाने वाला प्रमुख खनिज है। उनका सबसे बड़ा डिस्प्ले गुफाओं में चूना-पत्थर और डोलोमाइट से निर्मित होता है।

21. (2) कैल्सियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) के अवक्षेपण के कारण स्टैलैक्टाइट और स्टैलैग्माइट बनते हैं। संक्षारण को रासायनिक प्रक्रियाओं द्वारा धातुओं के अपकर्ष के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इनमें, धातुओं का विद्युत रसायन संक्षारण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है, जिसमें उपयुक्त इलेक्ट्रॉन ग्राही की उपस्थिति द्वारा ऑक्सीकरण की प्रक्रिया $M \rightarrow M^+ + e$ सरल बनाता है, संक्षारण विज्ञान में इसे निष्ठुवण के रूप में जाना जाता है।

22. (4) रसायन विज्ञान में, रासायनिक प्रक्रियाओं और कारक, जिस पर वे निर्भर रहते हैं, की दरों और क्रियाविधियों का अध्ययन काइनेटिक्स कहलाता है, यह इस तथ्य का अध्ययन करता है कि रासायनिक अभिक्रियाएँ कितनी तेजी से घटित होती हैं। यह रासायनिक अभिक्रियाओं की क्रियाविधियों के लिए प्रमाण प्रस्तुत करता है और अभिक्रिया के घटित होने के प्रभावी कारणों का अध्ययन करता है। यह अभिक्रिया की गतिविधियों का अध्ययन करता है, इस तथ्य की जाँच करता है कि अभिकारक उत्पाद बनने के क्रम में किस पाथ का प्रयोग करता है और अभिक्रिया के दौरान किस आबन्ध का निर्माण हुआ है और कौन-सा आबन्ध भंग हो गया है, इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

23. (1) रसायन विज्ञान में pH किसी जलीय विलयन की अम्लता या क्षारीयता को निर्दिष्ट करने के लिए प्रयुक्त होने वाला एक संख्यावाची पैमाना है। 7 से कम pH वाला विलयन अम्लीय और 7 से अधिक pH वाला विलयन क्षारीय होता है। शुद्ध जल उदासीन होता है, यह न तो अम्लीय न ही क्षारीय होता है, अत: इसका pH मान 7 होता है। $pH = -\log [H^+]$



24. (2) जब पानी बर्फ के रूप में जम जाता है तो तापमान 0° सेल्सियस से कम होता है। चूँकि ठोस का उत्क्रम-माप (एन्ट्रौपी) द्रव की तुलना में कम होता है, इसलिए जम जाने पर पानी के उत्क्रम-माप में वृद्धि होगी। प्रतिवर्ती पथ के लिए बर्फ की गलन ऊष्मा को तापमान द्वारा विभाजित करके मात्रा में कमी का पता लगाया जाता है।

25. (3) वायु में विद्यमान कार्बन कण प्रकृति में कोलायडीय होते हैं और ऋणात्मक आवेश वहन करते हैं। कार्बन कणों को वायु से निष्कासित करने की प्रक्रिया वैद्युत- कण संचालन (इलेक्ट्रोफोरेसिस) के सिद्धांत पर आधारित है। अपना आवेश खोने के कारण कार्बन कण अवक्षेपित हो जाते हैं और इस प्रकार, आने वाली वायु कार्बन कणों से स्वतंत्र होती है।

26. (4) शुष्क सेल एक प्रकार की बैटरी है जो इलेक्ट्रोलाइट पेस्ट का प्रयोग करती है, और केवल पर्याप्त नमी के साथ धारा को प्रवाहित होने की अनुमति देती है। यह फैराडे के विद्युत-अपघटन (इलेक्ट्रोलाइसिस) नियम के अनुसार कार्य करती है। यह जिंक के बाहरी आवरण (ऋणात्मक इलेक्ट्रोड), सेल के केन्द्र में कार्बन रॉड (धनात्मक इलेक्ट्रोड) से बनती है और उनके मध्य के रिक्त स्थान को इलेक्ट्रोलाइट पेस्ट से भरा जाता है। प्रचलन में इलेक्ट्रोलाइट इलेक्ट्रॉनों के प्रवाहित होने का कारण बनती है और विद्युत उत्पन्न करती है।

27. (4) संघात सिद्धांत के अनुसार, रासायनिक अभिक्रिया केवल तभी हो सकती है जब अभिकारक अणु, परमाणु या आयन गतिज ऊर्जा की एक निश्चित से अधिक मात्रा के साथ टकराते हैं और उचित दिग्विन्यास में होते हैं। एक प्रभावशाली अभिक्रिया आरंभ करने के क्रम में अभिकारकों को पर्याप्त तेजी के साथ (पर्याप्त गतिज ऊर्जा के साथ) गति करनी चाहिए जिससे वे आबन्धों को तोड़ने के लिए पर्याप्त बल के साथ टकराते हैं। इसे उत्प्रेरण ऊर्जा के रूप में जाना जाता है। हालांकि, यदि दो अणु पर्याप्त उत्प्रेरण ऊर्जा के साथ टकराते हैं, तो इसकी कोई गारंटी नहीं है कि संघात सफल होगा।

वास्तव में, यदि अणु पर्याप्त ऊर्जा के साथ गति करते हैं तो भी प्रत्येक संघात सफल नहीं होता। इसका कारण यह है कि अणुओं को भी सही दिग्विन्यास के साथ टकराने की आवश्यकता होती है, ताकि उचित परमाणु एक दूसरे के साथ पंक्तिबद्ध हो सके, इससे आबन्धों को तोड़ा जा सकता है और आवश्यकता होने पर पुनर्निर्माण किया जा सकता है। इस प्रभावी संघात को इस प्रकार परिभाषित किया गया है जिसमें अणु पर्याप्त ऊर्जा और उचित दिग्विन्यास के साथ टकराते हैं, जिससे अभिक्रिया होती है। उदाहरण के लिए, नाइट्रिक ऑक्साइड के साथ डिनाइट्रोजन ऑक्साइड की गैसीय अवस्था अभिक्रिया में N_2O के ऑक्सीजन एन्ड को NO के नाइट्रोजन एन्ड को आघात करना चाहिए, यदि अणु उचित रूप से पंक्तिबद्ध नहीं है तो अधिक ऊर्जा होने के बावजूद भी उनके संघात से अभिक्रिया उत्पन्न नहीं होगी।

28. (4) जब विद्युत धारा चालक तरल (उदाहरण के लिए, अम्लीकृत जल) में से होकर गुजरती है तो विद्युत अपघट्य (इलेक्ट्रोलाइट) कहलाती है। यह

रासायनिक क्रिया के कारण अपने संघटकों में अपघटित हो जाती है। इस प्रभाव के व्यावहारिक विनियोग का प्रयोग विद्युत लेपन, अवरोधन, बैट्री चार्जिंग, धातु परिष्करण आदि में किया जाता है।

29. (1) श्वसन के दौरान, कई प्रकार के चरणों में ग्लूकोज अणु को अन्य अणुओं में परिवर्तित किया जाता है। वे अंतत: कार्बन डाइऑक्साइड और पानी के रूप में समाप्त होता है। यह उष्माक्षेपी प्रतिक्रिया है क्योंकि C = O और O – H बॉन्ड उत्पाद में अभिकारक (रिएक्टेंट्स) में बांड की तुलना में अत्यधिक स्थिर होते हैं।

30. (4) कई रासायनिक अभिक्रियाएँ ऊष्मा, प्रकाश या ध्वनि के रूप में ऊर्जा उत्सर्जित करती हैं। ये ऊष्माक्षेपी या ताप उत्पादक प्रक्रिया से संबंधित अभिक्रियाएँ हैं। प्राय: ऊर्जा ऊष्मीय ऊर्जा के रूप में स्थानांतरित होती है, जिसके कारण अभिक्रिया मिश्रण और इसका परिवेश गर्म हो जाता है। ताप उत्पादक प्रक्रिया से संबंधित अभिक्रियाओं के कुछ उदाहरण हैं: प्राकृतिक गैस का जलना, श्वसन, नाभिकीय विखण्डन और वनस्पति पदार्थ के अपघटन का कम्पोस्ट में परिवर्तन।

31. (1) संयोजन प्रतिक्रिया एक प्रतिक्रिया है जिसमें दो रिएक्टेंट एक उत्पाद बनाने के लिए गठबंधन करते हैं। ऑक्सीजन और हैलोजन बहुत प्रतिक्रियाशील तत्त्व हैं जो अन्य तत्त्वों के साथ संयोजन प्रतिक्रिया करता है।

32. (3) उत्प्रेरक एक अभिकर्ता (एजेंट) या यौगिक है जो बिना व्ययित (उपभोग) हुए प्रतिक्रिया की दर को बढ़ाता है। एंजाइम प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाले उत्प्रेरक हैं जो कई आवश्यक जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। अधिकांश ठोस उत्प्रेरक धातुओं या धात्विक तत्वों के ऑक्साइड, सल्फाइड और हेलाइड्स तत्त्वों के अर्धपदार्थ और सेमीमेटलिक तत्त्वों बोरॉन, एल्युमीनियम और सिलिकॉन होते हैं।

33. (2) ब्यूटेन एक रंगहीन कार्बनिक यौगिक है जिसका रासायनिक सूत्र C_4H_{10} है। यह एक संतृप्त हाइड्रोकार्बन है जिसमें 4 कार्बन होते हैं, जो बिना संरचना के होते हैं। यह कमरे के तापमान और वायुमंडलीय दबाव पर एक गैस है। ब्यूटेन एक अत्यधिक ज्वलनशील, रंगहीन, आसानी से तरलीकृत गैस है जो शीघ्रता से कमरे के तापमान पर वाष्पित हो जाती है।

TYPE–V

1. (3) किसी रेडियोसक्रिय समस्थानिक की मात्रा का किसी पत्थर के नमूने, काष्ठ या जैव अवशेष में मापन करके उनके आयु का निर्धारण करना रेडियो आइसोटोप डेटिंग कहलाता है। कार्बन डेटिंग (कार्बन काल-निर्धारण) इसका उदाहरण है। कार्बन डेटिंग द्वारा जीवाश्मों, मृत पेड़-पौधों आदि की आयु का अंकन किया जाता है। मृत पेड़-पौधों और जानवरों का आयु निर्धारण उनमें $_6C^{14}$ और $_6C^{12}$ का अनुपात ज्ञात करके किया जाता है।

2. (4) परमाणु संख्या 83 के आगे के सभी तत्व रेडियोएक्टिव तत्व होते हैं। रेडियोएक्टिव तत्व वे तत्व कहलाते हैं जिनसे α, β, γ किरणें निकलती हैं। जर्कोनियम का परमाणु संख्या 40 है यह रेडियोएक्टिव तत्व नहीं है।

3. (3) परमाणु रिएक्टर एक ऐसी युक्ति है, जिसमें यूरेनियम-235 का नियन्त्रित विखण्डन कराया जाता है। नाभिकीय रिएक्टर में ईंधन के रूप में पहले संवर्द्धित यूरेनियम (Enriched Uranium) का प्रयोग किया जाता था। इन दिनों भारत में थोरियम एवं प्लूटोनियम का भी प्रयोग ईंधन के रूप में किया जा रहा है। विखंडन अभिक्रिया में उत्पन्न न्यूट्रॉनों की गति तीव्र होती है। इन न्यूट्रानों की गति को मंदित करने के लिए भारी जल (D_2O) या ग्रेफाइट का प्रयोग मंदक (Moderator) के रूप में किया जाता है। विखंडन की श्रृंखला अभिक्रिया को नियंत्रित रखने के लिए कैडमियम या बोरॉन की लम्बी छड़ों का उपयोग किया जाता है।

4. (1) यूरेनियम के तीन समस्थानिक होते हैं–
(i) $_{92}U^{234}$ (ii) $_{92}U^{235}$ (iii) $_{92}U^{238}$
प्रकृति में सर्वाधिक मात्रा में $_{92}U^{238}$ पाया जाता है। $_{92}U^{235}$ का उपयोग परमाणु रिएक्टरों में ईंधन के रूप में होता है। यूरेनियम का समस्थानिक $_{92}U^{238}$ रेडियो सक्रियता प्रदर्शित नहीं करता है।

5. (4) हाइड्रोजन बम नाभिकीय अनियंत्रित संलयन क्रिया पर आधारित है। प्रथम बम एडवर्ड टेलर एवं अन्य अमेरिकी वैज्ञानिकों ने सन् 1952 में बनाया। संलयन अभिक्रिया बहुत तीव्र चाल से होती है जिसके परिणामस्वरूप सबसे अधिक हानिकारक विकिरण पैदा होता है। हाइड्रोजन बम में ड्यूटीरियम और ट्राइट्रियम के नाभिकों का संलयन होता है और बहुत अधिक ऊर्जा मुक्त होती है।

6. (1) ओजोन (O_3) ऑक्सीजन का एक अपरूप है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों (Ultravoilet ray) के दुष्प्रभाव से बचाती है।
पराध्वनिक जेट (Suprsonic Jet) से नाइट्रोजन आक्साइड निकलता है जो ओजोन का क्षरण करता है।

7. (4) नोदक या रॉकेटों में ईंधन के रूप में द्रव हाइड्रोजन और द्रव ऑक्सीजन का उपयोग किया जाता है।

8. (3) नाभिकीय विखंडन में यूरेनियम पर न्यूट्रॉन का प्रहार किया जाता है जिसमें तीन न्यूट्रॉन का उत्सर्जन होता है।

$$^{235}_{92}U + ^{1}_{0}n \longrightarrow ^{141}_{56}Ba + ^{92}_{36}Kr + ^{1}_{3}n +$$

ऊर्जा (200 meter)

9. (2) भारी जल हाइड्रोजन के समस्थानिक ड्यूटीरियम का ऑक्साइड है। भारी जल का रासायनिक सूत्र D_2O है, तथा भारी हाइड्रोजन का रासायनिक सूत्र D_2 है। D_2O रंगहीन, गंधहीन तथा स्वादहीन होता है। इसका सापेक्षिक घनत्व 1.1 तथा हिमांक साधारण जल से थोड़ा अधिक होगा। भारी जल (Heavy water) का प्रयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में मंदक व शीतलक दोनों ही रूप में किया जाता है।

10. (1) पहले चार महीनों में रेडियोसक्रिय पदार्थ का आधा भाग नष्ट हो जाएगा। अगले चार महीनों में आधे का आधा (अर्थात् एक-चौथाई भाग) भाग नष्ट हो जाएगा।

11. (3) सबसे हल्का रेडियोएक्टिव तत्व ट्राइटियम है। हाइड्रोजन के तीन समस्थानिक है– (i) प्रोटियम ($_1H^1$) (ii) ड्यूटेरियम ($_1H^2$) (iii) ट्राइटियम ($_1H^3$) है। तीनों में न्यूट्रॉनों की संख्या क्रमश: 0, 1, 2 है।

12. (3) थोरियम, रेडियम, यूरेनियम प्रकृति में स्वतंत्र अवस्था में मिलते हैं जबकि प्लूटोनियम को कृत्रिम रूप से बनाया जाता है।

13. (4) वैसे पदार्थ जिनकी परमाण्विक नाभिक स्थिर नहीं होती और थोड़ी पर निश्चित मात्रा में आवेशित कणों का छोड़ते हैं, उन्हें रेडियोधर्मी और इस प्रक्रिया को रेडियोधर्मिता कहते हैं। इस प्रक्रिया में उत्सर्जित की गईं विकिरणों में अल्फा किरणें (α), बीटा किरणें (β), और गामा किरणें (γ) शामिल होती हैं।
गामा किरणें सर्वाधिक विकिरण भेदी किरण है। ये उच्च ऊर्जायुक्त तरंगें हैं जबकि अणु या परमाणु के आयनीकरण (ionising) में कमजोर तरंगें हैं।

14. (3) एक यूरेनियम (Uranium) का परमाणु द्रव्यमान (atomic mass) = $_{92}U^{238}$ = 238, प्रोटोन (P) और इलेक्ट्रॉन (e) की संख्या = 92 | चूँकी परमाणु द्रव्यमान (A) = P + n (न्यूट्रॉन की संख्या), A = 238 = 92 + n इस प्रकार n = 238 – 92 = 146

15. (3) जब कैथोड किरणें उच्च आण्विक भार तथा उच्च गलनांक वाले ठोस पदार्थो जैसे- टंगस्टन, मॉलीबडेनम, आदि से टकराती है, तो उससे उच्च भेदन क्षमता वाली विकिरणें निकलती हैं जिसे X– किरण कहा जाता है।

16. (4) रेडियोधर्मी सामग्री को सर्वप्रथम राल (resin) या कंक्रीट के डिब्बों में बंद कर उसे स्टील ड्रम में सील किया जाता है। इस ड्रम को कंक्रीट के पीपों में पैक कर 18 मीटर नीची कंक्रीट खाइयों में रखा जाता है।

17. (4) गुरुजल (हेवी वाटर) को औपचारिक रूप से ड्यूटेरियम ऑक्साइड (D_2O) कहते हैं, यह जल का वह रूप है जिसमें हाइड्रोजन आइसोटोप ड्यूटेरियम (जिसे भारी हाइड्रोजन भी कहते हैं) की मात्रा सामान्य से अधिक होती है। गुरु जल परमाणु रिएक्टरों में न्यूट्रॉनों की गति कम करने के लिए न्यूट्रॉन संचालक के रूप में कार्य करता है।

18. (4) एक अनियंत्रित नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया, जैसे परमाणु विस्फोट के दौरान, रेडियोधर्मी पदार्थ ऊर्जा उत्पन्न करता है जिसमें समय के साथ तीव्र वृद्धि होती रहती है, इससे विकिरण की मात्रा में अत्यधिक वृद्धि होती है और संभवत: विस्फोट हो सकता है। एक परमाणु का रेडियोधर्मी क्षय इसके निकटवर्ती परमाणुओं के क्षय को प्रेरित करता है, जो अन्य परमाणुओं को क्षय हेतु प्रेरित करते हैं, इससे ऊर्जा की अत्यधिक मात्रा उत्पन्न होती है।

19. (2) जब सूर्य डूब जाता है तो सूर्यास्त के बाद भी सूर्य के ठहराव से विकिरण आती है, लेकिन यहाँ अधिक विकिरण मौजूद रहती है जिसे पृथ्वी द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है, जो कि स्थलीय विकिरण के रूप में पुनर्विकिरित होती है। ऊर्जा पृथ्वी की सतह छोड़ देती है अर्थात् स्थलीय विकिरण आवक और विकिरण की तुलना में वायुमंडल को अधिक तापित करती है अर्थात् आतपन होता है।

20. (2) परमाणु रिएक्टर ऊर्जा उत्पन्न करता है और यूरेनियम के परमाणुओं के विखंडित होने के परिणामस्वरूप ऊर्जा के उत्सर्जन को नियंत्रित करता है, इसे परमाणु विखंड्न के रूप में जाना जाता है। जब एक विखण्ड्य परमाणु नाभिक जैसे यूरेनियम- 235 या प्लूटोनियम 239 न्यूट्रॉन को अवशोषित करता है तो यह परमाणु विखंडन की प्रक्रिया से गुजरता है जिसमें भारी नाभिक दो या उससे अधिक हल्के नाभिकों में विखंडित हो जाते हैं। विखंडन प्रक्रिया के दौरान मुक्त न्यूट्रॉन और गामा फोटोन उत्पन्न होते हैं और ऊर्जा की बहुत अधिक मात्रा उत्सर्जित होती है।

21. (1) तारों की ऊर्जा के अक्षय स्रोत का कारण हाइड्रोजन का हीलियन में परिवर्तन है। यह परिवर्तन संगलन की प्रक्रिया के अंतर्गत घटित होता है, यह वह अभिक्रिया है जिसमें हाइड्रोजन के दो परमाणु हीलियम के एक परमाणु का निर्माण करने हेतु एकसाथ संघटित होते हैं या फ्यूज होते हैं। इस प्रक्रिया में हाइड्रोजन के द्रव्यमान का कुछ भाग ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है।

22. (3) नाइट्रोग्लिसिरीन (NG) को ट्रिनाइट्रो- ग्लिसिरीन (TNG) के नाम से भी जाना जाता है। यह एक शक्तिशाली विस्फोटक और डाइनामाइट का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटक है। नाइट्रोसेलूलोज के साथ इसका प्रयोग कुछ नोदकों विशेष रूप से रॉकेट और मिसाइलों में भी किया जाता है। स्वीडिश रासायनिक वैज्ञानिक अल्फ्रेड बी. नोबेल ने 1860 में तरल नाइट्रो ग्लिसिरीन के साथ निष्क्रिय छिद्रिल वस्तु जैसे चारकोल या डाइएटोमेसियस अर्थ के मिश्रण द्वारा डाइनामाइट का आविष्कार किया था।

23. (1) वर्तमान में लगभग सभी परमाणु भट्टी हल्के वाटर रिएक्टर्स हैं जिनमें साधारण जल को उच्च दबाव के अंतर्गत शीतलक और न्यूट्रॉन मॉडेरेटर के रूप में प्रयोग किया जाता है। शीतलक परमाणु भट्टी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और दोहरा उद्देश्य पूरा करता है- पहला रिएक्टर से ताप को हटाना और साथ-साथ इसे विद्युत उत्पादन पथ (सर्किट) में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्थानान्तरित करना। यह परमाणु भट्टी के प्रकार तथा किस उद्देश्य हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है इस बात पर निर्भर करता है।

24. (2) अधिकांश रॉकेटों में दो अलग प्रणोदको का उपयोग करते हैं: एक ईंधन और एक ऑक्सीकारक। विशिष्ट ईंधन में केरोसिन, एल्कोहल, हाइड्रेजीन और उसके डेरिवेटिव और तरल हाइड्रोजन शामिल है। ऑक्सिडाइजर में नाइट्रिक एसिड, नाइट्रोजन टेट्रोक्साइड, तरल ऑक्सीजन और तरल फ्लोरीन शामिल हैं।

25. (1) वर्तमान में लगभग सभी परमाणु भट्टी हल्के वाटर रिएक्टर्स हैं जिनमें साधारण जल को उच्च दबाव के अंतर्गत शीतलक और न्यूट्रॉन मॉडेरेटर के रूप में प्रयोग किया जाता है। शीतलक परमाणु भट्टी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और दोहरा उद्देश्य पूरा करता है- पहला रिएक्टर से ताप को हटाना और साथ-साथ इसे विद्युत उत्पादन पथ (सर्किट) में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्थानान्तरित करना। यह परमाणु भट्टी के प्रकार तथा किस उद्देश्य हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है इस बात पर निर्भर करता है।

26. (3) परमाणु रिएक्टर के द्वारा नाभिकीय ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों के प्रयोग में लाया जाता है। यह एक ऐसी युक्ति है, जिसमें यूरेनियम-235 का नियंत्रित विखंडन कराया जाता है। विखंडन अभिक्रिया में उत्पन्न न्यूट्रॉनों की गति तीव्र होती है। इस न्यूट्रॉनों की गति को मंदित करने के लिए भारी जल (D_2O) या ग्रेफाइट का प्रयोग मंदक (moderator) के रूप में किया जाता है। सामान्यत: प्रयुक्त होने वाले मन्दकों में सामान्य (हल्का) जल (विश्व के रिएक्टरों का 74.8%), ठोस ग्रेफाइट (रिएक्टरों का 20%) और भारी जल (रिएक्टरों का 5%) शामिल है।

27. (3) परमाणु भट्टी या 'न्यूक्लियर रिएक्टर' (nuclear reactor) वह युक्ति है जिसके अन्दर नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रियाएँ आरम्भ की जाती हैं तथा उन्हें नियंत्रित करते हुए जारी रखा जाता है। नाभिकीय रिएक्टर से प्राप्त ऊष्मा पानी को गर्म करके भाप बनाने के काम आती है, जिसे फिर बिजली उत्पन्न करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नाभिकीय संयंत्रों में नियमित (हल्का) जल (विश्व के 74.8 प्रतिशत संयंत्रों में), ठोस ग्रेफाइट (20 प्रतिशत संयंत्रों में) तथा भारी जल (5 प्रतिशत नाभिकीय संयंत्रों में) सामान्यत: नियामक के रूप में प्रयुक्त होता है।

28. (2) भारी पानी (ड्यूटेरियम ऑक्साइड, $2H_2O$) पानी का एक रूप है जिसका उपयोग परमाणु रिएक्टरों में किया जाता है। परमाणु रिएक्टरों में, यह न्यूट्रॉन को धीमा करने के लिए न्यूट्रॉन मॉडरेटर के रूप में कार्य करता है ताकि वे यूरेनियम- 238 की तुलना में विखण्ड्य यूरेनियम-235 के साथ प्रतिक्रिया करने की अधिक संभावना हो, जो बिना विखण्डन के न्यूट्रॉन को अवशोषित करता है।

29. (2) जॉन डाल्टन एक अंग्रेजी रसायनज्ञ और भौतिक विज्ञानी थे जिन्हें ''आधुनिक परमाणु सिद्धांत के जनक'' के रूप में जाना जाता है।

- उन्होंने 1803 में यह अनुमान लगाया था कि किसी दिए गए तत्व के सभी परमाणु आकार और द्रव्यमान में समान होते हैं।

TYPE–VI

1. (4) द्रव्य अवस्था में L.P.G. ईंधन के रूप में उपयोग होने वाला पदार्थ का नाम ब्यूटेन (C_4H_{10}) है। रसोई की गैस ब्यूटेन और प्रोपेन का मिश्रण होता है। इन्हीं द्रवित हाइड्रोकार्बनों के मिश्रण का द्रवित पेट्रोलियम गैस (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस -L.P.G.) कहते हैं। यह अत्यंत ज्वलनशील होती है। अत: इससे होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए इसमें सल्फर के यौगिक **'मिथाइल मरकाप्टेन'** को मिला देते हैं ताकि गैस के रिसाव को इसके गंध से पहचान लिया जाए।

2. (2) पॉली विनाइल क्लोराइड (PVC) विनाइल क्लोराइड के बहुलीकरण के फलस्वरूप प्राप्त होता है। इसका उपयोग सीट कवर चादरें, बरसाती बनाने में होता है।

3. (1) रबड़ भूमध्यरेखीय सदाबहार वनों में पाये जाने वाले एक प्रकार के वृक्ष के दूध से प्राप्त होता है। इस दूध को लेटेक्स कहा जाता है। रबड़ दो प्रकार के होते हैं।

(i) प्राकृतिक रबड़– यह आइसोप्रीन का बहुलक है। इसका आण्विक सूत्र C_5H_8 और अणुभार 68 होता है।

(ii) संश्लिष्ट रबड़–कृत्रिम रबड़ के विकास का श्रेय मैथ्यूस एवं हैरिस को जाता है। उन्होंने आइसोप्रीन को सोडियम के साथ 60°C तापक्रम पर प्रतिक्रिया कराकर प्राकृतिक रबड़ के सदृश बहुलक प्राप्त किया जो संश्लिष्ट रबड़ (Synthetic rubber) कहलाता है। रबड़ के वल्कनीकरण के लिए उसमें सल्फर मिलाया जाता है। एक वल्कित लचीला रबर वाला टायर में 3 से 5 प्रतिशत सल्फर मिला होता है जबकि कठोर रबर (इबोनाइट) में 32 प्रतिशत तक।

4. (2) बायोगैस गैर-पारस्परिक ऊर्जा है। जानवरों और पेड़ पौधों से प्राप्त व्यर्थ सूक्ष्म जीवों द्वारा जल की उपस्थिति में आसानी से सड़ते हैं और इस प्रक्रिया में मीथेन, CO_2 हाइड्रोजन, H_2S आदि गैसें निकलती है। इस गैसीय मिश्रण को बायोगैस कहते हैं। इसमें 65% मीथेन होता है। यह एक उत्तम गैसीय ईंधन हैं। गीले गोबर के सड़ने से ज्वलनशील मीथेन गैस बनती है, जो वायु की उपस्थिति में सुगमता से जलती है। गोबर गैस संयंत्र में गोबर से गैस बनने के पश्चात् शेष रहे पदार्थ का उपयोग कार्बनिक खाद के रूप में किया जाता है।

5. (3) वनस्पति तेल से 'डालडा या **'वनस्पति घी'** बनाने में हाइड्रोजनीकरण प्रक्रिया इस्तेमाल की जाती है। तेल और वसा उच्च वसीय अम्लों एवं असंतृप्त अम्लों के ग्लिसरॉल के साथ बनने वाले एस्टर हैं। जिन ग्लिसराइडों का गलनांक से 20°C कम होता है, वे तेल कहलाते हैं तथा गलनांक इससे अधिक होता है, वसा कहलाते हैं। कुछ वनस्पति तेलों जैसे खजूर का तेल आदि में असंतृप्त ग्लिसराइडों की मात्रा अधिक पायी जाती है। जब इन तेलों में हाइड्रोजन गैस की उचित उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रवाहित करते हैं, तो ये ग्लिसराइड ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाते हैं। वनस्पति घी इसी प्रक्रिया द्वारा बनाया जाता है। खाद्य वसा का गलनांक (37°C) मानव शरीर के ताप से कम होना चाहिए।

6. (1) हीरा और ग्रेफाइट अपरूप होते हैं। ये दोनों कार्बन के अपरूप है।

7. (4) पीने के आयोग्य बने हुए इथाइल ऐल्कोहॉल को विकृतिकृत ऐल्कोहल कहते हैं, इस प्रकार के ऐल्कोहॉल बनाने में प्राय: परिशोधित स्पिरिट में मिथाइल ऐल्कोहॉल, पाइरिडीन, एसीटोन आदि विषैले पदार्थ मिलाये जाते हैं।

8. (3) विमानन गैसोलीन में ग्लाइकोल कोल मिलाया जाता है क्योंकि यह पेट्रोल के हिमीभवन अर्थात् जमने से रोकता है

9. (2) कार्बनिक एवं अकार्बनिक अपशिष्ट (wasts) जल निकायों में 'घुलनशील ऑक्सीजन' (Dissolve Oxygen-DO) की मात्रा को घटा देते हैं, जिस जल में डी ओ 8.0 मिग्रा./लीटर से कम होता है उसे प्रदूषित माना जाता है। जो जल अत्यधिक प्रदूषित होते हैं उनमें 4.0 मिग्रा. प्रति लीटर से भी कम होता है। जल में रहने वाले प्राणियों के लिए डी ओ महत्वपूर्ण होता है। लेकिन जब जल में कार्बन अपशिष्ट की मात्रा बढ़ने लगती है, तो इससे विघटन की दर तथा ऑक्सीजन का उपयोग भी बढ़ने लगता है। इससे जल में डी ओ (DO) की कमी हो जाती है। अत: ऑक्सीजन के लिए मांग जल में मिलने वाले कार्बनिक अपशिष्ट से सीधे जुड़ी है तथा इस जल का बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बी ओडी) कहते हैं।

10. (4) ग्रीन हाउस प्रभाव के लिए मुख्यत: जिम्मेदार वायुमंडलीय गैसे कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2), मीथेन (CH_4), नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O), क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC) और हाइड्रो फ्लूरो कार्बन (HFC) आदि हैं।

11. (1) रेशम एक प्राकृतिक प्रोटीन रेशा है, जिसमें से इसके कुछ प्रकार का उपयोग वस्त्रों को बुनने में किया जाता है। रेशम के प्रोटीन रेशे मुख्य रूप से फाइब्रॉइन के बने होते हैं और कुछ खास कीट लार्वा द्वारा कोकून के रूप में उत्पादित किए जाते हैं। सबसे प्रसिद्ध रेशम शहतूत रेशम कीट के लार्वा द्वारा निर्मित कोकून से प्राप्त किया जाता है।

12. (1) प्राकृतिक गैस में मुख्यत: मीथेन होता है, इसका रासायनिक सूत्र CH_4 है। इसमें अन्य गैसें जैसे ईथेन, प्रोपेन, ब्यूटेन इत्यादि पाये जाते हैं।

13. (2) लेक्टिक अम्ल एक मोनोहाइड्रोक्सी अम्ल है, जो जल में हाइड्रोजन बंधों के कारण अधिक विलेय परन्तु कार्बनिक अम्लों में अविलेय होता है। यह खट्टे दूध में उपस्थित रहता है। मांसपेशियों में इसी अम्ल के एकत्रित होने के कारण थकावट का अनुभव होता है।

14. (2) पेट्रोल की स्फोटक रोधी गुणवता बढ़ाने के लिए लेड टेट्राइथाइल (TEL) का प्रयोग किया जाता है। इसका रासायनिक सूत्र $(C_2H_5)_4$ pb है। गैसोलीन में इसकी मात्रा 01.% है।

15. (1) हैबर विधि द्वारा नाइट्रोजन से अमोनिया बनाया जाता है जिसके ऑक्सीकरण के उपरान्त नाइट्रेट तथा नाइट्राइट बनता है जो नाइट्रोजन युक्त उर्वरक के उत्पादन में आवश्यक है।

16. (3) चेहरे की क्रीम जेल का उदाहरण है। जेली, जेलीटिन अन्य जेल का उदाहरण है।

17. (1) फीनॉल में यदि फार्मेल्डिहाइड मिला दिया जाए तो यह फेनोलिक रेजिन बन जाता है। जिसे बेकेलाइट के नाम से जाना जाता है। 1907 में लियो बेकलैण्ड ने यह पहला सिंथेटिक पॉलीमर बनाया था।

18. (3) क्लोराफार्म का रासायनिक सूत्र $CHCl_3$ है। यह संवेदनाकारक (निश्चेतक) है। यह फॉस्जीन गैस उत्पन्न करता है। (आक्सीजन की उपस्थिति में)

19. (4) जल का विद्युत-अपघटन, द्रव वायु का प्रभाजी आसवन और पोटैशियम परमैंगनेट का वियोजन आदि प्रक्रिया से ऑक्सीजन की प्राप्ति की जा सकती है। जबकि मैंगनीज डाइ-ऑक्साइड का वियोजन प्रक्रिया से ऑक्सीजन तैयार नहीं की जा सकती है।

20. (3) बायो डीजल के उत्पादन में ट्रांस ऐस्टरीफिकेशन तथा रेस्टरीफिकेशन नामक प्रक्रिया अपनाई जाती है।

21. (1) पेट्रोलियम अग्नि के लिए फोम प्रकार का अग्निशामक प्रयोग किया जाता है।

22. (1) मलजल उपचार के मंथन टैंक का कार्य तेल और वसीय पदार्थ निकालना है।

23. (1) मॉथ और अन्य कीटों को भगाने हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली नैफ्थलीन की गोलियाँ भी कोलतार से प्राप्त की जाती है।

24. (1) पायस (Imulsion) द्रव में द्रव का एक कोलॉइडी निकाय है। जैसे–दूध, पायसीकृत तेल इत्यादि।

25. (3) हीरे का एक कैरट 200 mg के बराबर है।

26. (3) सल्फर डाइऑक्साइड प्रमुख वायु प्रदूषक है। कार्बन मोनोऑक्साइड रुधिर की ऑक्सीजन परिवहन क्षमता को कम कर देता है। सबसे खराब वायु प्रदूषण उत्पन्न करने वाला पदार्थ यह कोयले के जलने से निकलता है। अम्ल वर्षा में इसका महत्त्वपूर्ण सहयोग होता है।

27. (3) खमीरीकरण (खमीर उठाना) कहलाती है।

28. (2) कैरोटिन की उपस्थिति के कारण गाय के दूध का रंग थोड़ा पीलापन युक्त होता है।

29. (1) अपशिष्टों में नियंत्रित स्थितियों के अंतर्गत जैविक पदार्थों के जैव अपघटक को कम्पोस्टिंग कहते हैं।

30. (4) गंदे पानी के उपचार में अवसाद हौज का कार्य है निलंबित ठोस पदार्थों को हटाना।

31. (4) आसवन विधि के द्वारा जल और ऐल्कोहल के एक मिश्रण को अलग किया जा सकता है।
आसवन विधि द्वारा मुख्यत: दो द्रवों के मिश्रण का पृथक किया जाता है।

32. (4) पानी में मिले हुए कोलाइडी कणों को स्कंदन द्वारा हटाया जा सकता है। स्कंदन में कोलाइडी कण एक साथ मिलकर बड़े कण का निर्माण करते हैं जो अंतत: परत के रूप में जमा होता है या द्रव के सतह पर तैरने लगता है।
इमल्शन (पायसन) दो या इससे अधिक अमिश्रणीय तरल पदार्थों से बना एक मिश्रण है। एक तरल (परिक्षेपण प्रावस्था) अन्य तरल (सतत प्रावस्था) में परिक्षेपित (फैलता) होता है। पायसन के उदाहरण में शामिल हैं, मक्खन और मार्जरीन, दूध और क्रीम, फोटो फिल्म का प्रकाश संवेदी पक्ष, मैग्मा और धातु काटने में काम आने वाले तरल।

33. (4) सिल्वर नाइट्रेट के साथ अपनी अभिक्रिया में C_2H_2 अम्लीय गुणधर्म दर्शाता है।

34. (2) सॅश्लिष्ट अपमार्जक को बेन्जीन सल्फोनिक एसिड का सोडियम साल्ट से बनाए जाते हैं।

35. (4) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) मुख्यत: मीथेन (CH_4) होता है। हाइड्रोजन और कार्बन का अनुपात मीथेन में न्यूनतम होता है जिसके कारण यह स्वच्छतम इंधनों में से एक है। इसका इस्तेमाल खाना पकाने के प्रयोजन और पानी गर्म करने के लिए किया जाता है।

36. (4) ड्यूमा विधि द्वारा कार्बनिक यौगिक में विद्यमान नाइट्रोजन की जांच की जाती है।

37. (2) काष्ठ के आसवन द्वारा बनाया गया ऐल्कोहल मेथिल ऐल्कोहल है।

38. (3) बेन्जीन (C_6H_6) का प्रतिस्थापन, परिवर्धन तथा ऑक्सीकरण हो सकता है जबकि निराकरण नहीं हो सकता।

39. (1) हेक्सामिथाइलीन डायामाइन और एडिपिक एसिड के संघनन से 'नायलोन 66' पॉलीमर प्राप्त होता है। नायलोन 66 में इन दोनों मोनोमर का संघनन होता है।

40. (3) वे सहज ज्वलनशील नहीं हैं।

41. (2) डेटॉल में मौजूद क्लोरोजाइलेनोल वह सक्रिय संघटक टैजो उसे रोगाणुरोधक क्षमता प्रदान करता है। क्लोरोजाइलेनोल एक एरोमेटिक रासायनिक यौगिक होता है।

42. (4) एक प्रोटीन की वजह से सामान्य मसल एक चिपचिपे गोंद का उत्पादन करता है जिसमें डीओपीए नामक एमिनो एसिड की प्रचुरता होती है जो अद्‌भुत शक्ति से गीले सतह पर कायम रह सकता है। हृदय प्रत्यारोपण के अलावा, इस चिपचिपे पदार्थ का इस्तेमाल दांत कोटिंग के रूप में किया जा सकता है।

43. (3) सिलिकॉन के उत्पादन के लिए, एल्काइल- प्रतिस्थापित क्लोरोसिलेन का इस्तेमाल एक प्रारम्भिक सामग्री के रूप में किया जाता है। चूंकि डाइमिथाइलासिलेन के अंत में एक – OH ग्रुप होता है, इसी कारण बहुलकता (polymerization) और चेन लंबाई बढ़ जाती है। हालांकि, एल्काइल ट्राइक्लारोसिलेन का जलीय विश्लेषण एक बहुत जटिल बहुलक को उत्पन्न करता है।

44. (2) विषमचक्रीय यौगिक के रिंग के सदस्यों के रूप में कम से कम दो अलग तत्व के परमाणु शामिल होते हैं। फ्यूरान एक विषमचक्रीय यौगिक है। इसमें एक पाँच सदस्यीय ऐरोमेटिक रिंग होता है। जिसमें चार कार्बन और एक ऑक्सीजन परमाणु शामिल होते हैं।

45. (1) जैव निम्नीकरण उसे कहते जो जल्दी से विघटित हो जाए जैसे कागज। अजैव निम्नीकरण में चीजें जल्दी नहीं विघटित होते है इसे सालों-साल लग जाते हैं। जैसे- डीडीटी (DDT), ऐल्युमिनियम, प्लास्टिक।

46. (3) आयोडीन घोल का प्रयोग स्टार्च की उपस्थिति के जाँच के लिए किया जाता है।

47. (3) आयोडीन मान का प्रयोग तेल में असंतृप्ति का प्राक्कलन करने के लिए होता है।

- हम रसायनों को मिलाकर ताप का उपयोग करके, पराबैंगनी (यूवी) विकिरण का उपयोग करके, निष्यंदन या इन विधियों के संयोजन का उपयोग करके पानी को कीटाणु रहित कर सकते हैं।
- पानी को कीटाणु रहित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से कुछ उबलते पानी और क्लोरीनीकरण हैं।

343. (1) चयापचय का उपयोग कोशिकाओं और जीवों की जीवित अवस्था को बनाए रखने में शामिल रासायनिक प्रतिक्रियाओं और चयापचय मार्गों का वर्णन करने के लिए किया जाता है।

- शरीर में विशिष्ट प्रोटीन चयापचय की रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं।

344. (1) गैर-संचारी रोग (एनसीडी), जिसे पुरानी बीमारियों के रूप में भी जाना जाता है, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।

- वे आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरणीय और व्यवहारिक कारकों के संयोजन का परिणाम हैं।
- रक्ताधान किसी गैर संचारी रोग को किसी में होने से नहीं रोकता है।

TYPE–VI

1. (2) पारिस्थितिक तंत्र में जीवों द्वारा पोषण रीति बनाने के लिए ऊर्जा एक, सार्वजनिक स्रोत से ली जाती है। एक पोषण रीति के कारण ऊर्जा का स्थानांतरण, दूसरी पोषण रीति के भोजन के रूप में उपयोग होना आहार शृंखला कहलाता है। पारिस्थितिकी तंत्र में दो प्रकार के आहार शृंखलाएँ हो सकती हैं।

(i) चारण आहार शृंखला

(ii) अपरद आहार शृंखला

चारण आहार शृंखला उत्पादक से प्रारंभ होकर शाक भक्षी होते हुए मांसाहारी तक जाती हे।

जैसे- पादप $\rightarrow$ खरगोश $\rightarrow$ बाघ।

2. (4) औद्योगिक बहि:स्राव द्वारा किए जाने वाले जल प्रदूषण को रोकने के लिए पार्थेनियम तथा हाथी घास अपतृण (खरपतवार) को उपयोगी पाया गया है।

3. (2) कचरे को सर्वोत्तम निपटान इनसिनेरेशन है। यह प्रदूर्षित नहीं होता है।

4. (1) जिन जीवों पर विलुप्ति का खतरा मँडरा रहा है उनके लिए आईयूसीएन द्वारा अधिक प्रचलित शब्द है-संकटपूर्ण प्रजाति। इसके साथ ही कम संवेदनशील वर्ग के प्रजातियों तथा अति संकटापन्न प्रजातियों को भी आईयूसीएन ने संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में रखा है। इस सूची में निम्नलिखित प्रकार की प्रजातियों को स्थान दिया गया है-

(1) विलुप्त प्रजाति, (2) विलुप्त वन्य प्रजाति, (3) अति संकटग्रस्त प्रजाति, (4) संकटापन्न प्रजाति, (5) अति संवेदनशील प्रजाति, (6) संकटग्रस्त प्रजाति, (7) कम संकटग्रस्त प्रजाति

5. (1) कला और शिल्प में प्रयोग किए जाने वाले बेंजीन रसायन से एनीमिया और ल्यूकीमिया हो सकता है।

6. (3) प्रदुषक गैसे में कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) मिथेन, CFC, CO_2 आदि। वनस्पति प्रदुषक गैसें के अवशोषण में प्रभावी होता है।

7. (4) जब पादप विविधता को प्राकृतिक आवास में संधारित किया जाता है, तो उस संरक्षण को स्व-स्थाने को कहते हैं।

8. (4) ओजोन 9.0 पीपीएम सांद्रता (संकेन्द्रण) पर गंभीर फुफ्फुसी शोफ उत्पन्न करके मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

9. (4) विलोपन की कगार पर सर्वाधिक संकटापन्न एशिया का शीर्ष परभक्षी ढोल है।

10. (2) निमोनिया वायु-प्रदूषण के कारण नहीं होती है। यह फेफड़े का आंतरिक रोग है।

11. (4) जैव-डीजल अधिकतर जट्रोफा पौधा से निकाला जाता है। यह यूफॉर्बिएसी फेमिली का पादप है।

12. (1) शमन उस प्रक्रिया को कहते हैं जिससे अवशोषित प्रकाश ऊर्जा का अपव्यय होता है और जो फोटोकैमिस्ट्रि में हिस्सा नहीं लेता है। इस प्रक्रिया में क्लोरोफिल का शमन होता है।

13. (1) पतझड़ी या पर्णपाती (deciduous) ऐसे पौधों और वृक्षों को कहा जाता है जो हर वर्ष में किसी मौसम में अपने पत्ते खो देते हैं। शहतूत, अनार, आँवला, भूर्ज, शीशम, अंजीर, कुंबी, सेब और अमलतास पतझड़ी पेड़ों के

कुछ उदाहरण हैं। ऐसे गैर-पतझड़ी वृक्ष जिनपर सालभर पत्ते रहें सदाबहार वृक्ष कहे जाते हैं।

14. (3) हाइड्रोजन ईंधन के कारण पर्यावरण में न्यूनतम प्रदूषण होता है। डीजल, मिट्टी का तेल, कोयला वायु प्रदुषण करने वाले ईंधन है। हाइड्रोजन का ऊष्मीय मान सबसे अधिक 1,50000 Kcl होता है।

15. (4) पर्यावरणीय प्रदूषण को परमाणु विस्फोटों की रोक कर, विद्युत वाहन निर्माण करके तथा गंदे पानी का उपचार करके नियंत्रित किया जा सकता है।

16. (1) निम्नीकरण का क्षेत्र

17. (3) कुछ सूक्ष्मजीवों की सहायता से वायुमंडल में पोषकतत्वों का पुन: चक्रण होता है। इन सूक्ष्मजीवों को अपघटक कहते है। कम्पोस्टिंग प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

18. (1) एरोसॉल वायु में निलंबित ठोस कण है।

19. (1) शौच घरों और मूत्रालयों में प्राप्त वाहित मल को स्वच्छता अपशिष्ट माना जाता है। जबकि औद्योगिक अपशिष्ट, कूड़ा कचड़ा, मलजल स्वच्छता नहीं माने जाते है।

20. (3) पेय जल में कुल कठोरता की अधिकतम अनुमत सांद्रता <200 है।

21. (1) कार्बन मोनोक्साइड की विषाक्तता का इलाज प्रभावित व्यक्ति को स्वच्छ ऑक्सीजन से उद्भासित करके किया जा सकता है।

22. (4) एलनीनो मोडिकी वैश्विक तापन से संबंद्ध है।

23. (2) पर्यावरण एवं विकास पर 1992 में रियो द जनेरियो में संयुक्त राष्ट्र का सम्मेलन हुआ था जिसे 'पृथ्वी शिखर सम्मेलन' का नाम दिया गया था। इसमें 150 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस सम्मेलन में 'सतत् विकास' की अवधारणा का सूत्रपात हुआ था।

24. (3) भूजल में आर्सेनिक की मात्रा कम होती है।

25. (4) वायुमंडल में सल्फर डाइ-ऑक्साइड का मुख्य स्रोत जैविक ईंधन का जलना है। सल्फर डाइऑक्साइड पौधे एवं फसल उत्पादन को प्रभावित करता है।

26. (2) मच्छरों के जैविक नियंत्रण का अभिप्राय है मच्छरों के लार्वा खाने वाले जीव का प्रयोग। गमबुसिया एफिनिस तथा कुछ साइप्रिनिड्स का प्रयोग मच्छरों के जैविक नियंत्रण के लिए किया जाता है।

27. (2) जैवमंडल के अंतर्गत जल मंडल, स्थल मंडल तथा क्षोभ मंडल को शामिल किया जाता है।

28. (4) औद्योगिक क्षेत्र में लैड के लिए परिवेशी वायु गुणता मानक 24 घंटे का औसत 1.5 $\mu g/m^3$ है।

29. (4) नाइट्रोजन के ऑक्सीकृत स्वरूपों में नाइट्राइट (NO_2) और नाइट्रेट (NO_3) शामिल हैं। मलजल में नाइट्रोजन मुख्यत: इन्हीं रूपों में पाया जाता है। चूँकि नाइट्राइट का शीघ्र ही नाइट्रेट में ऑक्सीकरण हो जाता है, भूजल और सतह के पानी में नाइट्रेट ही मुख्य रूप से पाया जाने वाला नाइट्रोजन यौगिक है।

ट्रिकलिंग फिल्टर, जिसे पर्कोलेटिंग फिल्टर के भी नाम से जाना जाता है, पत्थर या टूटी ईंट सामग्री से निर्मित एक कृत्रिम बेड होता है, जिस पर अपशिष्ट जल या मलजल को बहाया जाता है। साफ पानी को जल निकासी व्यवस्था के द्वारा इकट्ठा कर लिया जाता है।

30. (2) भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण की स्वीकार्य सीमा दिन में 55 डेसीबल और रात में 50 डेसीबल होती है। जबकि साइलेंट जोन में दिन में 45 डेसीबल तथा रात में 40 डेसीबल स्वीकार्यता रहती है।

सामान्य शोर सहिष्णुता 60 dB होती है। 80 dB से अधिक शोर गंभीर बहरापन पैदा कर सकता है। 70 dB या उससे कम की ध्वनि सीमा में स्वस्थ कानों को नुकसान होने की संभावना न के बराबर होती है।

31. (1) केरल में एंडोसल्फान के इस्तेमाल से कासरगोड़ में कई सौ लोगों के दिमाग में खराबी आने के सबूत मिले हैं और इसी आधार पर राज्य ने इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। इस कीटनाशक को 1950 में पेश किया गया था। इसका सब्जियों, फलों, धान, कपास, काजू, चाय, कॉफी, और तंबाकू जैसी 70 फसलों में इस्तेमाल होता है।

32. (4) अम्लीय वर्षा (Acid Rain) प्राकृतिक रूप से ही अम्लीय होती है। इसका कारण यह है कि पृथ्वी के वायुमंडल में सल्फर डाइआक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जल के साथ क्रिया करके नाइट्रिक अम्ल और गंधक का तेजाब बन जाता है। सल्फर डाइआक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड प्रदूषक प्रारंभिक रूप से कारखानों की चिमनियों, बसों व स्वचालित वाहनों के जलाने से उत्सर्जित होकर वायुमंडल में मिल जाते हैं।

33. (1) वैसे प्रदूषकों को निक्षालक कहते हैं जो भूमिगत जल के प्रवाह के साथ नीचे की ओर बह जाते हैं। यह स्वतंत्र रूप से भूजल में सीधे कचरे का निकास करते हैं। झरनों और बहावों में निक्षालकों की उच्च सांद्रता पाई जाती है।

34. (2) पीएम 20 प्रदूषित वातावरण से छोड़े गए विविध पदार्थ होते हैं जिनका व्यास 10 माइक्रोन से कम होता है। 10 माइक्रोन से बड़े कण सामान्यत: नाक/श्वास प्रणाली द्वारा फिल्टर किए जाते हैं और इस प्रकार श्वसन तंत्र में प्रवेश नहीं कर पाते हैं।

35. (3) जब परिवेश ह्रास दर –5.5 के/किलोमीटर से अधिक हो, तब ऊर्ध्वाधर विक्षोम की स्थिति होती है और वातावरण को स्थिर कहा जाता है। इस स्थिति को सब- ऐडियाबैटिक भी कहते हैं।

36. (4) अपशिष्ट जल उपचार में संलग्न रिएक्टर्स औद्योगिक प्रसंस्करण टैंक होते हैं। इन टैंक में एक छोर पर कच्चे अपशिष्ट जल का प्रवाह होता है और अन्य छोर पर पानी का निष्कासन होता है। इस प्रकार ये टैंक मुख्यत: वातन टैंक की तरह काम करते हैं जिसमें एक टैंक छानने का काम करता है वहीं दूसरी ओर अन्य टैंक वायु-संचारण करता है।

37. (4) वह जीवाणु प्रभेद नाइट्रोसोमोनास है। यह दुर्लभ बैक्टीरिया एक चयापचय प्रक्रिया के रूप में अमोनिया को नाइट्राइट में ऑक्सीकृत करता है। नाइट्रोसोमोनास औद्योगिक और सीवेज कचरे के उपचार में और जैविक उपचार की प्रक्रिया में उपयोगी होते हैं।

38. (2) पायरोलाईसिस की प्रक्रिया में ऑक्सीजन के अभाव में ऊंचे तापमान में कार्बनिक पदार्थ का रासायनिक अपघटन होता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर 430 डिग्री सेल्सियस के ऊपर अधिक तापमान पर वायुमंडलीय दबाव से काफी अधिक स्तर पर की जाती है।

जमीन में भरना, भस्मीकरण तथा ताप-अपघटन और गैसीकरण ठोस अपशिष्ट के निपटाने की विधियाँ हैं।

39. (1) यूट्रोफिकेशन पारिस्थितिक तंत्र में रासायनिक पोषक तत्वों का बढ़ना है, खासकर से यौगिक पदार्थ जिनमें नाइट्रोजन और फोस्फोरस होता है। ये पारिस्थितिक तंत्र की मूलभूत उर्वरता को बढ़ा सकता है (पौधों का अत्यंत बढ़ना और क्षय होना), और साथ ही ये ऑक्सीजन की कमी समेत पानी की गुणवत्ता कम करता है और इससे मछलियों और दूसरे जलचर जीवों की संख्या प्रभावित होती है।

40. (4) पर्यावरणीय जागरूकता के क्षेत्र में 3P का अभिप्राय पोप्यूलेशन, पोवर्टी और पोल्युशन (population, poverty, pollution) से है। ये तीनों अंतर-संबंधित होते हैं।

41. (3) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखंड राज्य में है।

42. (1) क्योटो प्रोटोकॉल (1997) स्वच्छ पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित है।

43. (1) जैव आवर्धन का अर्थ है परितंत्र में विषाक्त पदार्थों का खाद्य शृंखला में उच्च पोषण स्तर तक पहुँचना।

44. (3) IPCC का पूर्ण रूप है इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज अर्थात् जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल। इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज के चेयरमैन भारत के राजेंद पचौरी हैं।

45. (1) मालाबार ग्रे हॉर्नबिल पक्षी दक्षिण भारत के पश्चिमी घाट और संबंद्ध पहाड़ियों की स्थानिक जाति है। यह पक्षी मुख्यत: घने जंगलों और रबर या कॉफी के बागानों में पाए जाते हैं।

46. (1) साही लुप्तप्राय प्रजातियों में से एक है। इसे भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया गया है। जिन साही को इस अधिनियम के द्वारा संरक्षण प्रदान किया गया हैं वे हैं: बंगाल साही और हिमालय कलगी रहित साही।

47. (4) मानव शरीर में प्राकृतिक कोलाइड रक्त (खून) के रूप में देखा जा सकता है। रक्त कोलाइडयन आकार के लाल रक्तकण (आरबीसी) से बना होता है जो शरीर के सभी ऊतकों के लिए महत्वपूर्ण ऑक्सीजन प्रदान करता है।

48. (1) औद्योगिक ठोस कचरे में विषाक्त या खतरनाक घटक की रोकथाम वर्तमान में निम्नलिखित पद्धतियों से की जाती है: (i) एक निष्क्रिय, गैर प्रतिक्रियाशील अभेद्य सामग्री के साथ अपशिष्ट पदार्थ के कणों की कोटिंग (माइक्रो संपुटन) और (ii) एक निष्क्रिय, गैर प्रतिक्रियाशील अभेद्य सामग्री के साथ अपशिष्ट पदार्थ के खंडों की कोटिंग (मैक्रो संपुटन)।

49. (4) जल उपचार में पराबैंगनी किरणों का प्रयोग रोगाणुनाशक के रूप में किया जाता है। पानी को अल्ट्रावायलेट किरणों के सामने रखा जाता है ताकि जल में मौजूद अवशिष्ट जीवाणुओं को समाप्त किया जा सके। पराबैंगनी (अल्ट्रावायलेट) शक्ति से माईक्रोन आर्गनिज निष्क्रिय हो जाते हैं जो डीएनए (प्रजननकारी तत्व) का नाश होने से होता है। इससे पानी की सभी अशुद्धियाँ समाप्त हो जाती हैं।

50. (2) महासागर को जल सूर्यताप से वाष्पित होकर वातावरण में जाता है जिससे वायु जल द्वारा संतृप्त होती रहती है। जब जल की संतृप्तता शतप्रतिशत बढ़ जाती है तो वर्षा द्वारा यह पुन: महासागरों में चली आती है इस प्रकार एक चक्र चलता रहता है, जिसे जल चक्र कहते है।

51. (2) जीन बैंक में प्लांट आनुवांशिक सामग्री को परिपक्व बीज (शुष्क) के रूप में $-196°C$ पर द्रव नाइट्रोजन में सुरक्षित रखी जाती है। बीज (seed) पौधों का जनक होता है।

52. (1) फिड कॉस्ट (Feed cost) एक महत्वपूर्ण परिवर्तनीय लागत है जो पोल्ट्री लागत ज्ञात करने में एक सहज भूमिका अदा करता है। ऑपरेशन के स्तर तथा उत्पाद के आकार पर परिवर्तनीय लागत उठता तथा गिरता है। स्थाई लागत जैसे-कर, इंश्योरेंस, ब्याज, इमारतों तथा सम्पत्ति पर मूल्यह्रास, लाभ नहीं होने पर भी लागू होता है।

53. (1) पर्यावरण विज्ञान के अन्तर्गत अति सूक्ष्म जीवों तथा उनके वातावरण का और एक दूसरे से सम्बन्धित जैव-अजैव जीवों का अध्ययन किया जाता है। पर्यावरण विशेषज्ञ अपने विषयों में मुख्य रूप से जीवों की विविधता, वितरण, एक विशिष्ट क्षेत्र में पौधों और प्राणियों का कुल भार या परिमाण (जैवपिंड) जनसंख्या तथा पारिस्थितिक तंत्र में पाए जाने वाले जीवों के बीच होने वाली प्रतियोगिता को शामिल करते हैं।

54. (3) क्रोमोसोम क्रॉसओवर, होमोलोगस क्रोमोसोम के बीच जेनेटिक पदार्थों का विनिमय है, जिससे रिकम्बीनेट क्रोमोजोम तैयार होता है। यह जेनेटिक रिकम्बीनेशन की अंतिम अवस्था है जो मीओसीस के प्रोफेज-1 के दौरान होती है। इस प्रक्रिया को सीनेपसीस कहा जाता है।

55. (2) वानस्पतिक खाद पौधों के अवशेषों तथा दूसरे जीवित पदार्थ जो पदार्थों को मिट्टीयुक्त काला तथा भुरभुरा बनाते हैं तथा मिट्टी के उपजाऊपन के लिए उत्तम हैं के अपघटन से प्राप्त होता है। यह अपशिष्ट उत्पादों के चक्रण के लिए एक मुख्य तरीका है।

56. (2) जन्तु जगत प्राय: एक दिन में खाने की प्रक्रिया कई बार अपनाते हैं। बड़ी चिड़ियाँ तथा हिरण एक दिन में कई बार भोजन ग्रहण करते हैं।

57. (1) 2, 4-डाइक्लोरोफीनॉक्सीएसेटिक एसिड (Dichlorophenoxyacetic acid) का प्रयोग बड़े पैमाने पर खरपतवारनाशी (weedicide) के रूप में बड़े पत्तों वाली फसलों (DICOT) जैसे धान की फसलें, चाय के पौधों, गन्ने के खेतों, फल के बगीचों इत्यादि में किया जाता है। पूरे विश्व में इसका प्रयोग मुख्य रूप से खरपतवारनाशी के रूप में किया जाता है।

58. (3) सुपोषण (Eutrophication) ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पारिस्थितिकी तंत्र (Ecosystem) में कृत्रिम या प्राकृतिक पदार्थों जैसे नाइट्रेट और फॉस्फेट्स की वृद्धि उर्वरकों (Fertilizers) या मलजल (Sewage) के माध्यम से की जाती है। यह न केवल पोषक (Nutrients) तत्वों की वृद्धि को बढ़ावा देता है बल्कि मांग के अनुरूप जैविक ऑक्सीजन मांग (Biological Oxygen Demand) में भी वृद्धि करता है।

59. (1) जब किसी कृषि क्षेत्र पर फसल उत्पादन के साथ-साथ कुछ अन्य कृषिगत गतिविधियाँ जैसे मुर्गीपालन, पशुपालन या मधुमक्खी पालन आदि भी अपनायी जाती हैं तो कृषि की यह प्रणाली मिश्रित खेती के नाम से जानी जाती है। भारत में कृषि की यह प्रक्रिया मान्य रूप से वहाँ देखने को मिलती है जहाँ अधिकांश कृषि वाली भूमि खेत और चरागाहों का मिश्रण है।

60. (3) वर्मी कम्पोस्टिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कृमि और सूक्ष्म-जीवों का उपयोग रसोईघर के अवशिष्ट को काला, स्वाभाविक गंध, पोषकता से भरपूर खाद में बदलने के लिए किया जाता है। वर्मीकम्पोस्ट पोषक तत्वों से भरपूर एक उत्तम खाद है जो मृदा के लिए सर्वथा अनुकूलित है।

61. (1) वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रवाल भित्तियों को संरक्षित रखने के लिए भारत सरकार ने कच्छ की खाड़ी को समुद्री राष्ट्रीय पार्क घोषित किया है। यह भारत का पहला समुद्री पार्क है।

62. (1) पारा (मरक्यूरी) और डीडीटी दोनों विषैले पदार्थ हैं जो खाद्य श्रंखला में जमा होकर उसमें रह रहे जीवों को नुकसान पहुँचाते हैं। डीडीटी एक कीटनाशक पदार्थ है जो खाद्य श्रृंखला के अंतर्गत पहले कीटों फिर उनसे छोटे पक्षियों और बाद में उनका शिकार करने वाले पक्षियों के शरीर में प्रवेश कर उन्हें भारी नुकसान पहुँचाते हैं। इसी कारण इस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।

63. (2) जैव संसाधन समुदाय के सजीव संसाधनों का वर्णन करते हैं, उदाहरण के लिए जीव, जैसे पौधे या जंतु। इन्हें जैवमंडल से प्राप्त किया जाता है और इनमें जीवन होता है। वे संसाधन जिनका निर्माण निर्जीव वस्तुओं से हुआ है, अजैव संसाधन कहलाते हैं। उदाहरण के लिए जल, खनिज, धातु वायु, सौर ऊर्जा इत्यादि।

64. (4) जीवाश्म ईंधनों जैसे कोयला, तेल, प्राकृतिक गैस और विद्युत शक्ति का उत्पादन करने के लिए गैसोलीन इत्यादि के जलने के परिणामस्वरूप अधिकांशत: पर्यावरणीय वायु प्रदूषित होती है। ये सभी तत्व कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) या इसके परिवर्ती गैसों का उत्सर्जन करते हैं। इसके विपरीत वायु में हाइड्रोजन के जलने से केवल जलवाष्प की प्राप्ति होती है। इस प्रकार यह संभवत: सबसे स्वच्छ ईंधन है जो कार्बन डाईऑक्साइड उत्पन्न नहीं करता।

65. (4) जैसे ही जल आसमान से पृथ्वी की ओर गति करता है और जल चक्र रूप में पुन: आकाश की ओर अग्रसर होता है, इस प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण में ऑक्सीजन चक्र भी निर्मित होता है। पौधे जल चक्र के आरंभ होने का संकेत देते हैं। वे प्रकाश- संश्लेषण की प्रक्रिया के अंतर्गत कार्बन डाईऑक्साइड और जल को कार्बोहाइड्रेट और ऑक्सीजन में परिवर्तित करने के लिए सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का प्रयोग करते हैं।

O_2 + कार्बोहाइड्रेट $\rightarrow$ CO_2 + H_2O + ऊर्जा

इसका अर्थ यह है कि पौधे कार्बन डाईऑक्साइड ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं।

66. (1) कार्बन फुटप्रिंट को ऐतिहासिक रूप से व्यक्ति, संगठन, उत्पाद या किसी घटना द्वारा उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैस के कुल समूहों के रूप में परिभाषित किया जाता है। रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल और रिफ्यूज मानवों द्वारा उत्सर्जित कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की सामान्य एवं सर्वश्रेष्ठ विधि है। अपशिष्ट पदार्थों के पुनर्चक्रण, कार्यकुशल ऊर्जा उत्पादों के प्रयोग और सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम किया जा सकता है और इस प्रकार कार्बन फुटप्रिंट भी कम किया जा सकता है।

67. (3) हाल के शोधों में दिखाया गया है कि भारत के भूजल पेय में यूरेनियम, आर्सेनिक और भारी धातुओं की उपस्थिति की समस्या है। कृत्रिम स्वीट्नर के रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला सोर्बिटोल एवं कोटिंग आदि के लिए प्रयुक्त फॉर्मेल्डीहाईड जल प्रदूषक के रूप में प्रसिद्ध नहीं है।

68. (4) वातावरण में जैव निम्नीकरण का प्रतिरोध करने वाले यौगिकों को दुर्दम्य कहा जाता है। दुर्दम्य जेनोबायोटिक यौगिकों को छः प्रकारों में बाँटा जा सकता है- (1) हैलोकार्बन, (2) पॉलिक्लोरिनेटेड बाइफिनाइल (3) सिंथेटिक पॉलिमर; (4) एल्काइल बेंजिल सल्फोनेट; (5) तेल का मिश्रण एवं (6) अन्य

69. (2) माइक्रोबियल प्रकार के संवर्द्धन संग्रहण एवं जीन बैंक (MTCC), माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी संस्थान (IMTECH), चंडीगढ़ में स्थित है। भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) द्वारा संयुक्त रूप से 1986 में स्थापित किया गया।

70. (1) जी.ई.एफ. का अभिप्राय ग्लोबल ऐन्वायरमेंट फण्ड (वैश्विक पर्यावरण कोष) होता है। यह लगभग 1 बिलियन (अरब) डॉलर परिसंपत्ति सहित एक वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक है। 1990 में स्थापित जी.ई.एफ. ऊर्जा, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन क्षेत्रों के लिए समर्पित दुनिया का सफल निवेश फर्मों में से एक है।

71. (4) उत्पादकता कार्बनिक पदार्थ या बायो- मास उत्पादन की दर है। औसत महासागर उत्पादकता प्रतिवर्ष प्रति वर्ग मीटर लगभग 50 ग्राम कार्बन है जबकि भूमि की उत्पादकता प्रतिवर्ष प्रति वर्ग मीटर 160 ग्राम कार्बन है। लवणीय पादपों एवं ज्वारीय वनों में सर्वाधिक कार्बन उत्पादकता (3300-6000 ग्राम कार्बन प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष) होती है। इस प्रकार उत्पादकता को कम करने के क्रम में पारिस्थितिकी प्रणाली का सही क्रम है :
मैंग्रोव > घास स्थल > झील > महासागर।

72. (3) लॉरेंज हिल्टनर को 1904 में 'राइ- जोस्फेयर' शब्द का विकास करने वाले प्रथम वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है। इस शब्द की व्युत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द 'राइजा' से हुई है, जिसका अर्थ है 'जड़' और 'स्फेअर' शब्द का अर्थ है 'प्रभावी क्षेत्र'। हिल्टनर ने राइजोस्फेयर को शिम्बी जड़ों से संलग्न मृदा क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया है जो व्यापक स्तर पर जीवाणु गतिविधियों को प्रोत्साहन देता है।

73. (3) नाइट्रेट का नाइट्रोजन गैस, नाइट्रिक ऑक्साइड या नाइट्रस ऑक्साइड में जैविक परिवर्तन विनाइट्रीकरण कहलाता है। इससे तात्पर्य स्यूडोमोनास और क्लोस्ट्रिडियम जैसी जीवाणु प्रजातियों से है जो सामान्यतः अवायुजीवी परिस्थितियों में आण्विक नाइट्रोजन (N_2) उत्पन्न करते हैं। ये बैक्टीरिया श्वसन के दौरान इलेक्ट्रॉन एसेप्टर के रूप में ऑक्सीजन के बदले नाइट्रेट का उपयोग करते हैं।

74. (4) 1970 में आरंभ किया गया ऑपरेशन फ्लड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की एक परियोजना है, जो कि विश्व का सबसे बड़ा डेयरी विकास कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम द्वारा भारत 1998 में अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए पर्याप्त दूध वाला राष्ट्र तथा पूरे विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया। ऑपरेशन फ्लड को भारत की श्वेत क्रांति भी कहा जाता है।

75. (4) संक्षिप्त शब्द 'पीपीएम' से तात्पर्य पार्ट्स पर मिलियन से है। सामान्यतः वायु, जल, धाराप्रवाहों इत्यादि में प्रदूषण के छोटे स्तरों को मापने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। पार्ट्स पर मिलियन प्रदूषक घटक और विलयन के मध्य वृहत् अनुपात है।

76. (4) प्रोफेसर किंडलबर्गर टोडारो, लेविस और नुर्कस इत्यादि के अनुसार कृषि ने कई तरीकों से आर्थिक विकास में अपना योगदान दिया है।

- अर्थव्यवस्था के गैर-कृषि क्षेत्रों को खाद्य और कच्चा माल प्रदान करके,
- ग्रामीण क्षेत्र में कृषि उत्पादन में हुई वृद्धि से बाजार में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हुआ जिससे उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि हुई और इससे गैर-कृषि क्षेत्रों में उत्पादित वस्तुओं की माँग में बढ़ोतरी हुई,
- बचतों के रूप में निवेश योग्य अधिशेष प्रदान किया गया जिससे गैर-कृषि क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि हुई,
- कृषि उत्पादों के निर्यात से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा अर्जित हुई।

77. (3) फफूँदी और शैवाल के पारस्परिक साहचर्यों के द्वारा शैवाक (लाइकेन) की व्युत्पत्ति होती है। शैवाल (लाइकेन) वायु में प्रदूषण के कारण सल्फर डाईऑक्साइड के प्रति संवेदनशील होता है। यदि सल्फर डाईऑक्साइड के कारण वायु अत्यधिक प्रदूषित हो गई है तो शैवाकों (लाइकेन) का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और केवल हरे शैवाल ही शेष रह जाएँगे। यदि वायु स्वच्छ है तो झाड़ीदार, रोयेंदार और पत्तेदार शैवाक (लाइकेन) पर्याप्त मात्रा में होते हैं।

78. (1) पारिस्थितिक विज्ञान केन्द्र (सेंटर फॉर इको-लॉजिकल साइंसेज), भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर में स्थित है। पर्यावरण और वन मंत्रालय के सहयोग से पारिस्थितिकी के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अनुसंधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1983 में इसकी स्थापना की गई थी।

79. (3) 'रेड डेटा बुक' दुर्लभ और संकटग्रस्त जंतुओं, पौधों, फफूँदी और कुछ स्थानीय उप-प्रजातियों (जो केवल किसी विशेष राज्य या देश की सीमा में पाई जाती हैं) इत्यादि के प्रलेखन के लिए एक दस्तावेज है। यह पुस्तक दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों और उनकी आदतों का निरीक्षण करने संबंधी कार्यक्रमों और अध्ययन करने के लिए मुख्य सूचना प्रदान करती है।

80. (2) सूखी बर्फ को कभी-कभी ''कार्डिस'' भी कहते हैं। यह कार्बन डाइऑक्साइड का ठोस रूप है। प्राथमिक रूप से इसका प्रयोग शीतलन अभिकर्ता (कूलिंग एजेंट) के रूप में किया जाता है। जल बर्फ की तुलना में तापमान कम होना और कोई अवशेष न बचना इत्यादि इसकी विशेषताओं में शामिल है। यह जमे हुए भोजन और आइसक्रीम इत्यादि के संरक्षण के लिए लाभदायक है, जहाँ यांत्रिक शीतलन उपलब्ध नहीं है।

81. (2) सोडियम बाइकार्बोनेट ($NaHCO_3$) को बेकिंग सोडा, ब्रेड सोडा, कूकिंग सोडा और बाइकार्बोनेट ऑफ सोडा के रूप में भी जाना जाता है। प्राथमिक रूप से इसका प्रयोग किण्वनीकरण अभिकर्ता के रूप में भोजन पकाने में किया जाता है। यह लपसी (बैटर्स) में उपस्थित अम्लीय घटकों के साथ अभिक्रिया करता है और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करता है, जिसके कारण लपसी (बैटर) का विस्तार होता है और इसी कारण अनाजों से निर्मित मालपुआ, केक और रोटी इत्यादि को आकार मिलता है।

82. (1) वे अवस्थाएँ जिससे वाष्पीकरण की दर में वृद्धि होती हैं उनसे वाष्पोत्सर्जन की दर में भी वृद्धि होती है। वाष्पोत्सर्जन आर्द्र या शांत अवस्थाओं की तुलना में गर्म, शुष्क और हवादार अवस्थाओं में अधिक तेजी से होता है। प्रकाश की अधिक मात्रा भी वाष्पोत्सर्जन की गति में वृद्धि कर देती है।

वे कारक जो वाष्पोत्सर्जन की दर प्रभावित करते हैं:

कारक	वर्णन	स्पष्टीकरण
प्रकाश	तीव्र प्रकाश में वाष्पोत्सर्जन की दर में वृद्धि होती है	स्टोमेटा (पत्तों में विद्यमान छिद्र) अधिक विस्तृत हो जाती हैं तथा प्रकाश संश्लेषण के लिए अधिक कार्बन डाइऑक्साइड प्राप्त करने की अनुमति देता है
तापमान	अधिक तापमान में वाष्पोत्सर्जन अधिक तेजी से होता है	तापमान अधिक होने पर वाष्पीकरण और विसरण की दर अधिक होती है
वायु	हवादार अवस्था में वाष्पोत्सर्जन अधिक तेजी से होता है	वायु प्रवाह द्वारा जलवाष्प की मात्रा कम हो जाती है, जबकि विसरण की गति में वृद्धि से पत्तों में विद्यमान जलवाष्प की मात्रा कम हो जाती है
आर्द्रता	आर्द्र अवस्था में वाष्पोत्सर्जन की दर कम होती है	यदि पत्तियाँ पहले से ही आर्द्र वायु से घिरी हुई हैं तो पत्तियों से जलवाष्प के विसरण की दर कम हो जाती है।

83. (2) ओजोन परत से तात्पर्य पृथ्वी के समतापमंडल वाले क्षेत्र से है जो सूर्य की अधिकांश पराबैंगनी (UV) विकिरणों को अवशोषित करता है। यह सूर्य की मध्यम- आवृत्ति वाले पराबैंगनी प्रकाश (जिसकी तरंगदैर्ध्य लगभग 200nm से 315nm होती है) का लगभग 97-99% भाग अवशोषित करता है। समतापमंडल द्वारा पराबैंगनी विकिरणों का अवशोषण न होने पर ये किरणें पृथ्वी सतह पर जीवन के विभिन्न रूपों को हानि पहुँचा सकती हैं।

84. (3) ''पारिस्थितिक तंत्र'' नामक शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम रॉय क्लैफम द्वारा 1930 में किया गया था, लेकिन पारिस्थितिक विज्ञानी आर्थर टांस्ले ने

पारिस्थितिक तंत्र की अवधारणा को पूर्णत: पारिभाषित किया। 1935 के अपने क्लासिकल लेख में टांस्ले ने पारिस्थितिक तंत्र को ''समूची प्रणाली, ... जिसमें न केवल जटिल जीव शामिल हैं, बल्कि पर्यावरण का निर्माण करने वाले भौतिक कारकों की सारी जटिलता भी शामिल है'' के रूप में पारिभाषित किया है।

पारिस्थितिक तंत्र-एक प्रणाली के रूप में अपने पर्यावरण (आस पास की वस्तुएँ जैसे वायु, जल और खनिज मृदा) के घटकों-सजीव (जैव) और निर्जीव (अजैव) जीवों के साथ संयोजन एवं पारस्परिक क्रिया करने वाले जीवों का समुदाय है। ये जैव और अजैव घटक पोषण चक्रों और ऊर्जा प्रवाहों द्वारा एक - दूसरे से जुड़े रहते हैं।

पारिस्थितिकी में जीवित पौधों की उन्हीं जातियों की अपने निर्जीव परिवेश के साथ अंत क्रिया से संबंधित है।

85. (1) काली मृदा कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है। दक्कन और मालवा के पठारों की गहरे और मध्यम रंग की काली लावा मृदा कपास की खेती के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है, यद्यपि इसे जलोढ़ मृदा और लाल मृदा में भी उगाया जा सकता है। कपास के लिए उपयुक्त काली मृदा को रेगुर मृदा के रूप में भी जाना जाता है।

86. (4) चिपको आंदोलन से तात्पर्य 1970 के दशक के दौरान भारत में वनों को काटने के विरोध में हुए संगठित आंदोलन से है। इस आंदोलन के नाम की व्युत्पति 'इम्ब्रेस' नामक शब्द से हुई है, जैसा कि आंदोलन के नाम से स्पष्ट है ग्रामवासी पेड़ों से चिपक जाते थे और अनुबंधकों को पेड़ों को काटने से रोकते थे। 1987 में चिपको आंदोलन को 'राइट लिवलीहुड अवॉर्ड' प्रदान किया गया।

87. (3) लेगहॉर्न नस्ल भूमध्यसागर में पाई जाने वाली चूजों की नस्लों से संबंधित है। इस प्रजाति के सभी सदस्यों की ललरियाँ (इअरलॉब्स) सफेद होती हैं और वे सफेद अंडे देते हैं। इस प्रजाति की सभी नस्लें भूमध्यसागर के मध्यवर्ती क्षेत्रों इटली और स्पेन में पाई जाती हैं।

88. (2) चालीस से अधिक देशों में अपने कार्यालयों को संचालित करने वाला ग्रीनपीस एक गैर-सरकारी पर्यावरण- संबंधी संगठन है। कनाडा के पर्यावरणविद् द्वारा 1971 में स्थापित ग्रीनपीस का मुख्य उद्देश्य ''विविध रूपों में विद्यमान अपने सभी जीवों का पोषण करने की पृथ्वी की सामर्थ्यता सुनिश्चित करना है''। इसका मुख्यालय एम्सटर्डम, नीदरलैंड में है।

89. (1) फ्लुओरोसिस जल के द्वारा होने वाला एक रोग है जिसमें फ्लुओराइड की मात्रा अधिक होती है। यह विशेष रूप से भूमिगत जल में पाया जाता है। इससे एनैमल निर्माण के दौरान फ्लुओराइड की अत्यधिक मात्रा अन्तर्ग्रहण करने के कारण दन्तवल्क के अल्पखनिजीकरण की समस्या उत्पन्न होती है। फ्लुओरोसिस का एक प्रमुख कारण फ्लुओराइड का दन्त उत्पादों जैसे टूथपेस्ट और मुँह प्रक्षालनों में असंगत रूप से प्रयोग करना है।

90. (1) आकार में स्लिमी होने के कारण पोन्ड सिल्क स्पाइरो-गायरा (शैवाल) का सामान्य नाम है। अपनी चमकीली हरी रेशमी आकृति के कारण इसे पोन्ड सिल्क, वाटर सिल्क, पोन्ड स्कम या जलपरी वृक्ष के नाम से भी जाना जाता है। श्लेष्मा की उपस्थिति के कारण इसके तन्तु रेशम के समान चमकते हैं।

91. (3) कई वृक्षों जैसे नीम, बाँस, गन्धसफेदा (यूकेलिप्टस) इत्यादि को 'हरा सोना' के रूप में जाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय वन उत्पादों और लुगदी उद्योग में गन्धसफेदा (यूकेलिप्टस) के व्यापक प्रयोग के कारण इसे हरा सोना कहा जाता है। हालांकि, मृदा अपरदन की प्रवृत्ति और अधिक जल ग्रहण करने के कारण इस वृक्ष पर वातावरणिक आपदा का आरोप लगता रहा है। इसके अतिरिक्त, यह क्रिप्टोकोकस नामक फफूँदी का पोषण करता है जो मनुष्य के तंत्रिका-तंत्र पर आक्रमण करता है।

92. (3) गहन कृषि से तात्पर्य कृषि तीव्रीकरण और यन्त्रीकरण तंत्र से है जिसका मुख्य उद्देश्य कई साधनों जैसे पीड़कनाशियों और रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग द्वारा उपलब्ध भूमि की उत्पादकता में वृद्धि करना है। इसकी पहचान कम परती भूमि अनुपात, निवेशों जैसे पूँजी और श्रम का अधिक प्रयोग कर प्रति इकाई भूमि क्षेत्र से अधिक फसल उत्पादन द्वारा की जाती है।

93. (3) क्लोरेमाइन्स रासायनिक यौगिकों का एक समूह है जिसमें क्लोरीन और अमोनिया अंतर्विष्ट होता है। जल को रोगाणुओं से मुक्त करने के लिए इसका प्रयोग रोगाणुनाशी के रूप में किया जाता है। पेयजल के लिए रोगाणुनाशक के रूप में प्रयुक्त होने वाला विशिष्ट प्रकार का क्लोरेमाइन मोनोक्लोरेमाइन कहलाता है। क्लोरेमाइन मुख्यत: एक गौण रोगाणुनाशक है जिसे पहले से ही प्राथमिक रोगाणुनाशक प्राय: क्लोरीन मिले जल में मिलाया जाता है।

94. (4) आवास को सामान्यत: किसी सूक्ष्म जीव के प्राकृतिक परिवेश के रूप में परिभाषित किया जाता है, आवास वह स्थान है जिसमें कोई जीव जीवित रहने और विकास करने के लिए निवास करता है। यह प्राकृतिक पर्यावरण है जिसमें कोई सूक्ष्म जीव निवास करता है, या यह भौतिक पर्यावरण है जो विभिन्न प्रजातियों से घिरा हुआ है। यह अर्थ में 'बायोटोप' शब्द के समान है, बायोटोप से तात्पर्य विशिष्ट समुदाय के पौधों और जीवों से संबंधित समान पर्यावरणीय अवस्था वाले क्षेत्र से है।

95. (4) मिशन इन्द्रधनुष भारत में सभी बच्चों की पूर्ण प्रतिरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई एक पहल है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दो वर्ष की आयु के सभी बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को टीके द्वारा रोकथाम किए जा सकने योग्य सात रोगों: डिफ्थेरिया, कुकुरखाँसी, टेटनस, पोलियो, क्षयरोग, खसरा और हेपैटाइटिस बी के विरुद्ध प्रतिरक्षण प्रदान करना है।

96. (1) 301-500 के स्तर वाले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इस स्तर को वायु की सर्वाधिक प्रदूषित अवस्था के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। एक्यूआई का 300 से अधिक का स्तर मानव स्वास्थ्य के लिए आपातकालीन स्थितियों का संकेत देता है। इससे सम्पूर्ण आबादी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर	स्वास्थ्य से संबंधित स्तर	रंग
जब एक्यूआई इस रेंज में हो	वायु गुणवत्ता की स्थिति	... जैसा कि रंग द्वारा संकेत किया गया है
0 से 50	अच्छा	हरा
51 से 100	संतुलित	पीला
101 से 150	संवेदनशील वर्गों के लिए हानिकारक	संतरी
151 से 200	हानिकारक	लाल
201 से 300	अत्यधिक हानिकारक	बैंगनी
301 से 500	खतरनाक	मैरून

97. (1) पर्यावरणीय सुरक्षा एजेन्सी (EPA), के अनुसार मोटरवाहनों से निकलने वाला धुआँ जिसमें मुख्य रूप से कार्बन मोनो- ऑक्साइड, सीसा, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अस्थिर कार्बनिक यौगिक प्रदूषकों में सर्वाधिक उत्तरदायी वायु प्रदूषण का स्रोत है। इसके बाद दूसरे स्थान पर औद्योगिक गतिविधियाँ वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं।

98. (1) पाकिस्तान के सिंध प्रान्त और भारत में गुजरात के कच्छ जिले के थार के मरुस्थल में स्थित कच्छ का रण एक मौसमी लवण कच्छ है। यह अपनी कच्छ भूमि, कीचड़ कच्छ भूमि के लिए प्रसिद्ध है तथा ज्वारीय कच्छ के रूप में भी जाना जाता है, जो कि तटवर्ती नमभूमियाँ हैं जिसका निर्माण ज्वार या नदियों द्वारा निक्षेपित कीचड़ के द्वारा होता है।

99. (3) जैव पुस्टीकरण (बायोफोर्टिफिकेशन) तकनीक से तात्पर्य पोषक तत्त्वों से परिपूर्ण फसलों के उत्पादन से है। बायोफोर्टिफिकेशन विधि द्वारा उत्पादित फसलें सदैव पोषक तत्त्वों जैसे आयरन, जिंक और विटामिन ए से परिपूर्ण होती हैं। उदाहरण के लिए, सुनहरे चावल का उत्पादन बायोफोर्टिफिकेशन विधि द्वारा किया जाता था। इस चावल में बीटा-कैरोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है तथा यह चावल बच्चों को विटामिन ए प्रदान करता है।

100. (4) ब्लीचिंग पाउडर/विरंजक चूर्ण ($CaOCl_2$) का निर्माण क्लोरीन गैस को शुष्क बुझे हुए चूने के ऊपर से गुजारते हुए किया जाता है। ब्लीचिंग पाउडर को कैल्शियम क्लोरोहाइ- पोक्लोराइट भी कहते हैं क्योंकि इसे हाइड्रोक्लोरिक एसिड और हाइपोक्लोरोस एसिड का मिश्रित लवण जाना जाता है।

$$\underset{\text{बुझा चूना}}{Ca(OH)_2} + \underset{\text{क्लोरीन}}{Cl_2} \longrightarrow \underset{\text{विरंजक चूर्ण}}{CaOCl_2} + \underset{\text{जल}}{H_2O}$$

101. (1) जून 1992 में, ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में आयोजित पर्यावरण और विकास पर गठित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीईडी) को पृथ्वी सम्मेलन या रियो सम्मेलन के रूप में भी जाना जाता है। जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में सम्पन्न समझौता इस शिखर सम्मेलन की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी। इसके अतिरिक्त, 5 जून, 1992 को रियो शिखर सम्मेलन में जैव विविधता पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता 29 दिसम्बर, 1993 से तत्काल प्रभाव से लागू है।

102. (3) जैव उपचारीकरण (बायोरिमिडिएशन) एक अपशिष्ट (कचरा) प्रबंधन तकनीक है जिसमें संक्रमित स्थल से प्रदूषकों को उदासीन या निष्कासित करने के लिए सूक्ष्म जीवों का प्रयोग करने की प्रक्रिया शामिल है। यह तकनीक हानिकारक पदार्थों को कम विषाक्त या गैर-विषाक्त पदार्थों में खण्डित करने के लिए प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले सूक्ष्मजीवों का प्रयोग करती है। इन सीटू और एक्स सीटू कचरा प्रबन्धन के दो प्रकार हैं।

103. (3) शर्करा के अधिक परासरणीय और निर्जलीकरणीय प्रभावों के कारण जीवाणु शर्करा के अधिक संकेन्द्रण में वृद्धि नहीं करते। शर्करा, चाहे ठोस रूप में हो या जलीय रूप में, यह अपने संपर्क में आने वाले खाद्य उत्पाद की शर्करा की मात्रा को संतुलित करने का प्रयास करती है। इसमें खाद्य पदार्थ में उपलब्ध जल की मात्रा को बाहर निकालने और पदार्थ के आन्तरिक भाग में शर्करा के अणुओं को सम्मिलित करने की क्षमता होती है। परिणामस्वरूप जल की कमी वाला उत्पाद जल सक्रियता (aw) की कमी वाला उत्पाद कहलाता है, जो अनबाउंड का मापक है, अत: सूक्ष्मजीवों के अस्तित्व और विकास के लिए खाद्य पदार्थ में मुक्त जल अणुओं की उपलब्धता अनिवार्य है। शर्करा के अन्य जीवाणु-रोधी प्रक्रमों में जीवाणुओं की एन्जाइम गतिविधि में बाधा डालना और इसके डीएनए की आण्विक सरंचना को कमजोर करना शामिल है (स्रोत- अमेरिकी वैज्ञानिक पत्रिका)।

104. (3) जल कुंभी (एकॉर्निया क्रेसिपेस) का प्रयोग न केवल घरेलू अपशिष्ट जल बल्कि औद्योगिक अपशिष्ट जल को भी शुद्ध करने के लिए किया जाता है। यह भारी धातुओं जैसे लेड, कैडमियम, मरकरी और निकेल को शीघ्रता से अवशोषित, संचित और सान्द्रित कर सकता है। अन्य अध्ययनों के द्वारा यह स्पष्ट हो गया है कि जलकुंभी (वाटर हायसिन्थ) में विभिन्न कार्बनिक रसायनों जैसे फिनॉल और टॉक्सेफिन को अवशोषित करने की क्षमता होती है। जलकुंभी औद्योगिक बहि:स्राव से रेडियोधर्मी धातुओं को भी निष्कासित कर सकता है, जो कि बहुत कठिन कार्य है।

105. (3) सामान्यत: गन्धसफेदा (यूकेलिप्टस), बबूल, ध्रुव इत्यादि सामाजिक वानिकी में सर्वाधिक प्रयुक्त होने वाले वृक्षों की कुछ प्रजातियाँ हैं। इसका कारण यह है कि यूकेलिप्टस स्थानीय समुदायों और उद्योगों को समान रूप से लकड़ी की आपूर्ति करते हुए क्षीयमान (dwindling) प्राकृतिक वनों से प्राप्त होने वाली लकड़ी की अधिक माँग को पूरा करने में सहायता करता है। यूकेलिप्टस सर्वप्रथम 1970 में भारत के सामाजिक वानिकी कार्यक्रम का घटक बना। विश्व बैंक से प्राप्त वित्तीय सहायता से भारतीय राज्य कर्नाटक, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में वन भूमि के विशाल क्षेत्रों, फार्मों और निम्नीकृत भूमि में यूकेलिप्टस के पौधे लगाए गए।

106. (3) डीडीटी एक स्थायी कार्बनिक प्रदूषक है जो मृदा और अवसादों को आसानी से अधिशोषित करता है, यह प्रभावित सूक्ष्मजीवों की अनाश्रयता के दीर्घकालीन स्रोत और सिन्क दोनों के रूप में कार्य कर सकता है। इसके अतिरिक्त, डीडीटी जैसे पीड़कनाशियों का पौधों पर छिड़काव करने से भूमिगत जल दूषित हो जाता है, जिससे समूची आहार श्रृंखला संदूषित हो जाती है, परिणा- मस्वरूप इस पर निर्भर रहने वाले मनुष्य सर्वाधिक प्रभावित होते हैं।

107. (1) वायुमण्डल में क्लोरोफ्लोरोकार्बन के उत्सर्जन पर प्रतिबंध लगाने के लिए 1987 में कनाडा के मॉन्ट्रियल में प्रथम प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस प्रोटोकॉल को ओजोन परत को क्षीण करने वाले पदार्थों पर रोक लगाने वाले मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के रूप में जाना जाता है। यह ओजोन परत को क्षीण करने के लिए उत्तरदायी कई पदार्थों के उत्पादन पर चरणबद्ध ढ़ंग से रोक लगाने और ओजोन परत की सुरक्षा के लिए विनिर्दिष्ट एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है।

108. (1) जैवप्रबलीकरण (बायोफोर्टिफिकेशन) से तात्पर्य पोषक तत्त्वों से परिपूर्ण फसलों के उत्पादन से है। परंपरागत चयनात्मक उत्पादन या आनुवंशिक अभियांत्रिकी (जेनेटिक इन्जीनियरिंग) द्वारा ऐसा किया जाता है। जैवप्रबलीकरण (बायोफोर्टिफिकेशन) साधारण प्रबलीकरण (फोर्टिफिकेशन) से भिन्न है क्योंकि इस विधि में पौधों को संसाधित करते समय पोषक तत्त्वों को मिलाने के बजाय, इसमें पौधों के वृद्धि करने पर पौधे के भोजन को पौष्टिक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

109. (2) टाइफॉइड, सैलमोनेला टाइफी के कारण होने वाला एक दैहिक संक्रमण है जो प्राय: संदूषित भोजन या जल के अन्तर्ग्रहण के कारण होता है। टाइफॉइड संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आने वाले संदूषित भोजन या पेयजल को ग्रहण करने के कारण यह रोग फैलता है। स्वास्थ्य-विज्ञान की अपर्याप्त जानकारी और स्वच्छता के अभाव में टाइफॉइड का जोखिम बढ़ जाता है।

110. (1) किण्वनीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा जटिल कार्बनिक यौगिकों जैसे ग्लूकोज को ऑक्सीजन (अवायुजीवी) की अनुपस्थिति में साधारण यौगिकों में एन्जाइम की क्रिया द्वारा खण्डित किया जाता है। खमीर किण्वनीकरण द्वारा शर्करा को ऐल्कोहॉल और कार्बन डाइऑक्साइड में परिवर्तित कर सकता है। किण्वनीकरण का प्रयोग वाइन, बियर, दही और अन्य उत्पादों के निर्माण में किया जाता है।

111. (1) नाइट्रोजन (N), फास्फोरस (P) और पोटैशियम (K) को पौधों के लिए आवश्यक तीन महत्त्वपूर्ण या मुख्य पोषक तत्त्व माना जाता है। ये एकसाथ मिलकर एक त्रिक् का निर्माण करते हैं जिसे एनपीके के रूप में जाना जाता है। कैल्शियम, मैग्नीशियम और सल्फर अन्य महत्त्वपूर्ण पोषक तत्त्व हैं। पौधों को आयरन, मैंगनीज, जिंक, कॉपर, बोरोन और मॉलिब्डेनम की अल्प मात्रा की भी आवश्यकता होती है जिसे सूक्ष्ममात्रिक तत्त्व के रूप में जाना जाता है।

112. (3) तोंग्या प्रणाली के अंतर्गत वृक्षों (जैसे साल, सागौन इत्यादि) की पंक्तियों के मध्य कृषि फसलों को उगाया जाता है। झूम कृषि के साथ, यह देश में प्रचलित कृषि वन कार्यक्रम की प्रसिद्ध प्रणालियों में से एक है।

113. (4) जीवाश्म विज्ञान (Palaentology) विलुप्त जीवों और पादपों की संरचना और विकास तथा शैल संस्तर की निक्षेपण स्थिति (जिसमें वे पाए जाते हैं) एवं आयु का निर्धारण करने हेतु जीवाश्मों के अध्ययन से संबंधित है। शरीर जीवाश्म और संकेत (trace) जीवाश्म प्राचीन जीवन के विषय में प्रमाणित साक्ष्य के मुख्य प्रकार हैं।

114. (1) जैव निम्नीकरण अपशिष्ट में कार्बनिक रद्दी पदार्थ/अपशिष्ट द्रव्य शामिल हैं, जिसे सूक्ष्मजीवों जैसे जीवाणुओं द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड, जल, मीथेन या साधारण कार्बनिक अणुओं में खंडित किया जा सकता है। अवायुजीवी पाचन या भस्मीकरण के द्वारा जैव निम्नीकरण अपशिष्ट का प्रयोग वानस्पतिक खाद या ऊष्मा, विद्युत और ईंधन के साधन के लिए किया जा सकता है।

अजैव-निम्नीकरण अपशिष्ट (non-biodegradable) पदार्थों जैसे प्लास्टिक, धातुओं और इलेक्ट्रोनिक्स इत्यादि का प्रबंध करने का सबसे अच्छा उपाय इन वस्तुओं का प्रयोग कम करना (रिड्यूस), पुनः प्रयोग (रियूज) और पुनर्चक्रण (रिसाइकिल) है। अपशिष्ट उत्पादों के पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनने से पूर्व इसे पुनः प्रयोग योग्य बनाते हुए इनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है। पुनर्चक्रण पूर्णतः पर्यावरणीय हितैषी विकल्प है, जिसका चयन किया जा सकता है।

115. (*) दिए गए विकल्पों में सिर्फ O_3 (ओजोन) एक ग्रीनहाउस गैस है। ओजोन स्वयं को दो रूपों– समताप मंडल और क्षोभमंडल के रूप में प्रस्तुत करती है। समताप मंडल में ओजोन प्राकृतिक रूप से पायी जाती है। क्षोभ मंडलीय ओजोन, हालांकि एक ग्रीनहाउस गैस है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान देती है। मनुष्य इस गैस को औद्योगिक संयंत्रों, रासायनिक विलायकों और जीवाश्म ईंधन के दहन के माध्यम से उत्पन्न करता है। ओजोन ग्रीनहाउस गैस प्रभाव में 3-7% का योगदान देती है, ग्रीनहाउस गैसों में क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) ओजोन परत को क्षीण करने के लिए उत्तरदायी है क्योंकि यह ओजोन अणुओं पर आक्रमण करता है और उसे नष्ट करती है।

116. (1) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन परत की सुरक्षा हेतु निर्दिष्ट एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका मुख्य उद्देश्य ओजोन परत की क्षीणता के लिए उत्तरदायी कई पदार्थों के उत्पादन को चरणबद्ध प्रक्रिया द्वारा बंद करना है। यह ओजोन परत की सुरक्षा के लिए वियेना सम्मेलन में पारित एक प्रोटोकॉल है। यह प्रोटोकॉल 1 जनवरी, 1989 से प्रभावी है।

117. (2) वायु प्रदूषक वायु का एक पदार्थ है जो मनुष्यों और पारिस्थितिक तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। ग्रीनहाउस गैस के रूप में इसकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) को "प्रमुख प्रदूषक" और "सबसे खराब जलवायु प्रदूषक" के रूप में वर्णित किया जाता है। मोटरगाड़ी से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस और फैक्टरियों से उत्सर्जित होने वाली सल्फर डाइऑक्साइड वायु प्रदूषक के अन्य प्रमुख उदाहरण हैं।

118. (*) एक से अधिक विकल्प सही हैं।

जैवसंहति तथा पिरामिड कुल सजीव पदार्थ का कुल शुष्क भार और अन्य उपयुक्त माप दर्शाता है। भूमि पर अधिकांश पारिस्थितिक तंत्रों के लिए, जैवसंहति का पिरामिड शीर्ष पर दुःस्थित एक छोटे पोषणज स्तर के साथ प्राथमिक उत्पादकों के एक विशाल आधार से युक्त होता है। उत्पादकों (ऑटोट्रोफ) की जैवसंहति अधिकतम होती है। अगले पोषणज स्तर अर्थात् प्राथमिक उपभोक्ताओं की जैवसंहति उत्पादकों की तुलना में कम होती है। अगले उच्च पोषणज स्तर अर्थात् द्वितीयक उपभोक्ताओं की जैवसंहति प्राथमिक उपभोक्ताओं की तुलना में कम होती है। शीर्ष, उच्च पोषणज स्तर की जैवसंहति बहुत कम होती है। चारागाह या वन पारिस्थितिक तंत्र में, सामान्यतः उत्पादकों से लेकर शीर्ष मांसाहारियों तक के आनुक्रमिक स्तर में जीवों की जैवसंहति में क्रमिक रूप से कमी आती है। इस प्रकार, जैवसंहति का पिरामिड ऊर्ध्वाधर होता है। इसके विपरीत, तालाब या ताजे जल के पारिस्थितिक तंत्र में उत्पादक छोटे जीव होते हैं, उनकी जैवसंहति न्यूनतम होती है और यह मान्यता क्रमिक रूप से पिरामिड के शीर्ष की ओर वृद्धि दर्शाती है, जो कि उलटे आकार वाले पिरामिड का निर्माण करती है।

सर्वश्रेष्ठ विकल्पः (2) चारागाह पारि- स्थितिक तंत्र।

119. (2) बेन्थिक जोन जल के स्रोत जैसे महासागर या झील के निचले स्तर पर विद्यमान एक पारिस्थितिक क्षेत्र है, जिसमें अवसादी सतह और कुछ उप-सतह परतें शामिल हैं। यह जोन लवणीय जल पारितंत्र में पाया जाता है। महासागर का बेनथिक क्षेत्र तट रेखा से आरंभ होता है और समुद्र के बाहर महाद्वीपीय शेल्फ की सतह के साथ नीचे की ओर विस्तृत रहता है।

120. (2) बासेल सम्मेलन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसे राष्ट्रों के मध्य, विशेष रूप से विकसित से कम विकसित देशों (LDCs) के मध्य हानिकारक अपशिष्ट पदार्थों के हस्तांतरण को रोकने हेतु डिजाइन किया गया है। इसका प्रमुख लक्ष्य जैव विविधता को संरक्षण प्रदान करना है।

121. (2) बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड या बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड विघटित ऑक्सीजन (DO) की मात्रा का मापक है। यदि जल में कार्बनिक पदार्थ अधिक होगा, तो सूक्ष्म जीवी अत्यधिक वृद्धि कर अधिक O_2 की माँग करेंगे परन्तु O_2 न मिलने पर अनॉक्सी जीवाणु इस कार्बनिक पदार्थ को अपघटित करके हानिकारक एवं गन्ध वाले पदार्थों का निर्माण करेंगे जो मानव हेतु हानिकारक है। DO की उचित मात्रा 5-6 ppm है। इस प्रकार, कम बीओडी जल की अच्छी गुणवत्ता का संकेतक है, जबकि अधिक बीओडी प्रदूषित जल का संकेतक है।

122. (3) पारिस्थितिक विज्ञान में, अनुवर्ती स्तर वह अवस्था है जिसमें एक जीव खाद्य शृंखला में अपना स्थान ग्रहण करता है - वह जो खाता है, और जो उसे खाता है। पारितंत्र अनुवर्ती स्तर की अधिक जटिलता को प्रस्तुत करता है। पारितंत्र में प्रत्येक प्रजाति पारितंत्र की दूसरी प्रजाति द्वारा प्रभावित होती है। यहाँ एक शिकार-एक परभक्षी संबंध बहुत कम देखने को मिलता है। एक परभक्षी द्वारा कई शिकारों का उपभोग किया जाता है और अधिकांश परभक्षियों के पास एक से अधिक शिकार होता है। इसे विविध अनुवर्ती पारस्परिक क्रियाओं द्वारा भी चिह्नित किया जाता है जिसमें एक खाद्य शृंखला में दो से अधिक अनुवर्ती स्तर होते हैं।

123. (4) बायोमास अक्सर पौधों या पौधे- आधारित सामग्रियों को संदर्भित करता है जिनका उपयोग भोजन या भोजन के लिए नहीं किया जाता है, बल्कि ऊर्जा स्रोत के रूप में किया जाता है। बायोमास ईंधन ऐसी चीजों से प्राप्त होती हैं जो कभी जीवित थे। लकड़ी के उत्पादों, सूखे वनस्पति, फसल के अवशेष, जलीय पौधे और यहाँ तक की कचरा से भी। इसे 'प्राकृतिक सामग्री' के रूप में जाना जाता है। ऊर्जा स्रोत के रूप में, बायोमास ताप का उत्पादन करने के लिए या तो सीधे दहन के माध्यम से या अप्रत्यक्ष रूप से जैव ईंधन के विभिन्न रूपों में इसे परिवर्तित करने के बाद इस्तेमाल किया जा सकता है।

124. (1) पुरानी कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप (सीएफएल) बल्ब से पारा प्रदूषण होता है। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के अनुसार, सामान्य सीएफएल बल्बों में 3-5 मिलिग्राम (मिलिग्राम) पारा होता है। सीएफएल, जैसे सभी फ्लोरोसेंट लैंप, ग्लास के अंदर वाष्प के रूप में पारा होते हैं। पारा (एचजी) एक भारी धातु है जो कई रूपों में पाया जाता है। पारा के साथ मानव संपर्क, किसी भी रूप में, जहरीला प्रभाव पैदा कर सकता है यदि मात्रा उच्च या पर्याप्त हो।

125. (3) पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाना (बीजीआरईआई) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) की उपयोजना है। यह चावल आधारित फसल प्रणालियों की उत्पादकता को सीमित करने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सात पूर्वी राज्यों- असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 2010-2011 से लागू की गई।

126. (1) धुंध वायुमंडल में एक मोटी कोहरे की तरह परत है, खासकर सर्दियों के दौरान, जो धुआँ और कोहरे से बना होता है। यह वायु प्रदूषण का एक परिणाम है। मानव निर्मित धुंध कोयला उत्सर्जन, वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक उत्सर्जन, वन और कृषि में लगने वाली आग और इन उत्सर्जनों की फोटोकेमिकल प्रतिक्रियाओं से प्राप्त होता है।

127. (1) कार्बफिक्स प्रोजेक्ट के तहत दुनिया का पहला नकारात्मक उत्सर्जन संयंत्र, पत्थर से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2) को उत्सर्जित करने के लिए हैलीशेहिदी, आइसलैंड में परिचालन शुरु कर दिया है। इसका उद्देश्य बेसाल्टिक चट्टानों के साथ प्रतिक्रिया करके कार्बन डाइऑक्साइड को दूर करना है।

128. (3) वनों की कटाई के कारण मानव के निवास के लिए उपयोगी जंगल और पानी के झरने के क्षेत्र लगातार नष्ट किए जा रहे हैं। इस समस्या का कारण तेजी से बढ़ती जनसंख्या है।

129. (3) वातावरण में मुख्य रूप से नाइट्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड जैसे अन्य गैसों के छोटे अनुपात होते हैं। मात्रा के अनुसार, शुष्क हवा में लगभग 78.09% नाइट्रोजन, लगभग 20.95% ऑक्सीजन, लगभग 0.

93% आर्गन, लगभग 0.04% कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की अल्प मात्रा होती है। हवा में जल वाष्प की भी मात्रा होती है, जो समुद्र के सतह पर औसतन 1% और पूरे वातावरण में 0.4% होती है।

130. (1) खाद्य शृंखला में एक अवस्था से दूसरी अवस्था में जाते हुए किसी रासायनिक स्थायी पदार्थ या तत्व (जैसे पीडकनाशक, रेडियोसक्रिय वस्तुएँ या भारी धातुएँ) की सान्द्रता में वृद्धि को जैविक वृद्धिकरण (Biological magnification) कहा जाता है। उदाहरण : हम लोगों द्वारा खाद्य सामग्री के रूप में प्रयुक्त अधिकांश पादप उत्पाद खेतों में उपजाए जाते हैं जहाँ कीटनाशकों एवं उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है। ये पेड़-पौधों द्वारा ग्रहित कर लिए जाते हैं जिन्हें धोकर या किसी अन्य विधि से बाहर नहीं निकाला जा सकता। चूँकि मानव खाद्य शृंखला के उच्च स्तर पर है अत: ये रसायन उसके शरीर के अंदर संग्रहित होते रहते हैं जो शरीर में विभिन्न प्रकार के रोग उत्पन्न करने का कारण बन सकते हैं।

131. (1) ताजमहल, वायु प्रदूषण की वजह से धीरे-धीरे भूरा-पीला बन रहा है, जिसे "संगमरमर कैंसर" भी कहा जाता है। आगरा के आस-पास स्थित उद्योग विशेषकर मथुरा तेल रिफाइनरी प्रदूषण पैदा करने के लिए जिम्मेदार है। ताजमहल के आस-पास सल्फर डाइ-ऑक्साइड का उत्सर्जन अनुमेय स्तर का दो गुणा है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि 3% काला कार्बन का जमाव करीब 30% कार्बनिक कार्बन (या भूरा कार्बन) और शेष धूल आगरा के पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं। काला कार्बन वाहनों और अन्य मशीनों द्वारा उत्सर्जित होते हैं जो जीवश्म ईंधन को जलाने से उत्पन्न होते हैं।

132. (3) एथिलीन डाइक्लोराइड एक क्लोरीन युक्त हाइड्रोकार्बन है। इथिलीन क्लोराइड इथिलीन और क्लोरीन की प्रतिक्रिया से निर्मित होता है। इसे आमतौर पर अन्य जैविक रासायनिक यौगिकों के लिए मध्यवर्ती के रूप में और एक विलायक के रूप में उपयोग किया जाता है।

133. (3) पर्यावरण को बचाने हेतु 'रिड्यूस', 'रियूज' और 'रिसाइकिल' तीन घटक हैं, इन घटकों को 3R के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। ये घटक प्राकृतिक संसाधनों, भराई स्थलों और ऊर्जा का संरक्षण करते हैं। यह निष्कर्षण (खनन, उत्खनन और लॉगिन्ग) परिष्करण और कच्ची सामग्रियों का संसाधन, जो वास्तव में जल और वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं, को कम करने की आवश्यकता पर बल देता है।

134. (1) वायुविलय वायु या दूसरी गैस में तरल बिन्दुकों या उत्कृष्ट ठोस कणों का प्रलंबन है। वायुविलय प्राकृतिक या मानवीय हो सकता है। कोहरा, धूल, वन स्राव, इत्यादि प्राकृतिक वायुविलय के उदाहरण हैं। धुन्ध, विविक्त वायु प्रदूषक और धुआँ मानवीय वायुविलय के उदाहरण हैं।

135. (2) पर्यावरण में पौधे और जन्तु एक-दूसरे को प्रभावित करते है। खाद्यशृंखला में कुछ जन्तु दूसरे जन्तुओं को अपने भोजन के रूप में प्रयोग में लाते हैं। कुछ अन्य जन्तु दूसरे जन्तुओं पर सहजीविता के सम्बन्धों पर आश्रित हैं। पौधे वैश्विक स्तर पर जन्तुओं के लिए वातावरण में ऑक्सीजन मुक्त करते हैं।

136. (3) जलजनित रोग जल में उपस्थित जल रोगजनक सूक्ष्म जीवों की वजह से होते हैं जो जल को संक्रमित कर देते हैं और हैजा और टाइफाइड के रूप में संचरित होते हैं। विब्रियो कोलेरी नामक जीवाणु छोटी आंत में संक्रमण पैदा करते हैं जिसमें चलते है हैजा होता है। टाइफाइड बुखार जीवाणु सालमोनेला टाइफी के कारण होता है।

137. (2) पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) बेहद छोटे कणों और तरल बूंदों का एक जटिल मिश्रण है जो हवा में विद्यमान होते हैं। इस जटिल मिश्रण में कार्बनिक और अकार्बनिक कण शामिल हैं, जैसे धूल, पराग, सूट, (soot) और तरल बूँदें। ओजोन वातावरण में तब पैदा होता है जब सूर्य की किरणों ऑक्सीजन अणुओं को एक से अधिक परमाणुओं में विभाजित करती है। ओजोन नामक तीन ऑक्सीजन अणु बनाने के लिए ये परमाणु आस-पास के ऑक्सीजन के साथ संयुक्त होते हैं।

138. (3) वन महोत्सव 1950 में तत्कालीन कृषि और खाद्य मंत्री के.एम. मुंशी द्वारा वन संरक्षण और पेड़ लगाने के लिए लोगों के बीच उत्साह पैदा करने के लिए शुरू किया गया था। यह एक सप्ताह का त्योहार जुलाई में भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दिनों में मनाया जाता है। इसका लक्ष्य भारत के वन आवरण को बढ़ाना है।

139. (2) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) गैर- विषाक्त रसायन है जो कार्बन, क्लोरीन और फ्लोरीन के परमाणु से युक्त होता है। ये एयरोसोल स्प्रे के निर्माण, फोम और पैकिंग सामग्री के घटकों को उड़ाने, सोल्वेंट्स के रूप में और रेफ्रिजरेंट के रूप में उपयोग होते हैं। चूँकि सीएफसी ऊपरी वायुमंडल में ओजोन क्षीणता में योगदान देते हैं। इसलिए ऐसे यौगिकों का निर्माण मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत समाप्त घोषित हो गया है।

140. (1) इथानॉल (ईथाइल एल्कोहल) (C_2H_5OH) का उपयोग पेट्रोल में मिलाने के लिए किया जाता है अत: यह एक ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है। अल्कोहल पर आधारित एक ईंधन है जिसका निर्माण अधिकांशत: गन्ने के रस और चाश्नी के किण्वनीकरण द्वारा किया जाता है। यह एक स्वच्छ, वहन करने योग्य और कार्बन की न्यून मात्रा वाला जैव ईंधन है। गन्ना इथानॉल यातायात क्षेत्र के लिए एक प्रमुख नवीकरणीय ईंधन के रूप में उभरा है। इथानॉल का प्रयोग मुख्यत: इंजन के ईंधन और ईंधन संयोजी के रूप में किया जाता है।

141. (2) सीसा एक सामान्य पर्यावरण संबंधी प्रदूषक है। वातावरणिक संदूषण के कारणों में सीसे का औद्योगिक प्रयोग मुख्य कारण है, क्योंकि इसका प्रयोग लेड-एसिड बैटरी प्रक्रिया या तार या पाइपों के निर्माण में और धातु के पुनर्चक्रण तथा ढलाई घरों में किया जाता है। सीसा (लेड) प्रदूषण स्वत: ही वायु और मृदा को प्रभावित करता है ऐसा तब होता है जब कारों में प्रयोग हेतु सीसे को निर्मित या पुनर्चक्रित किया जाता है, और बैटरियों एवं ऑटो के निस्तारण या सड़क मार्गों पर व्हील वेट्स के नष्ट होने से जल प्रदूषित हो सकता है।

142. (1) एक मछलीघर एक कृत्रिम पारिस्थितिकी तंत्र या मानव निर्मित पारिस्थितिकी तंत्र का एक सामान्य उदाहरण है जो प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की नकल करने के लिए मनुष्य द्वारा निर्मित एवं नियंत्रित किया जाता है। यह जकसे एक शीशे का टैंक या बड़ा कटोरा जैसा होता है और मछली जैसे जीवों, कुछ छोटे पौधों को सहारा देता है। कुल मिलाकर, यह एक छोटे पैमाने पर जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व करता है।

143. (1) पुरानी कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप (सीएफएल) बल्ब से पारा प्रदूषण होता है। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के अनुसार, सामान्य सीएफएल बल्बों में 3-5 मिलिग्राम (मिलिग्राम) पारा होता है। सीएफएल, जैसे सभी फ्लोरोसेंट लैंप, ग्लास के अंदर वाष्प के रूप में पारा होते हैं। पारा (एचजी) एक भारी धातु है जो कई रूपों में पाया जाता है। पारा के साथ मानव संपर्क, किसी भी रूप में, जहरीला प्रभाव पैदा कर सकता है यदि मात्रा उच्च या पर्याप्त हो।

144. (1) जैव निम्ननीय (बायोडिग्रेडिबल) में जीवित जीवों द्वारा किसी पदार्थ को विखण्डित करने की प्रक्रिया शामिल होती है। प्लास्टिक, कांच की बोतलें और धातु जैसी सामग्री गैर-बायोडिग्रेडेबल होती हैं क्योंकि वे प्राकृतिक प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन से अपघटित नहीं होते हैं और लंबे समय तक बरकरार रहते हैं। भौतिक शक्ति के प्रभाव से ग्लास टूट जाता है। इस प्रकार यह निम्नीकृत है, लेकिन गैर-जैव निम्ननीय है।

145. (3) झुम कृषि, भारत के उत्तर-पूर्व में सामान्य रूप से स्थानांतरण की एक पारंपरिक खेती से संबंधित है। यह काटो और जलाओ कृषि के रूप में भी जाना जाता है। यह अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और असम के पहाड़ी इलाकों में आदिवासी समूहों द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। इस प्रकार की कृषि में भूमि के किसी टुकड़े पर फसल उगाने के लिए उस भूमि पर उगे पेड़-पौधों को काटा या जलाया जाता है।

146. (4) वन पारिस्थितिक तंत्र, जो वैश्विक भूमि क्षेत्र का लगभग एक तिहाई हिस्सा है और पृथ्वी पर जैविक रूप से सबसे समृद्ध और आनुवंशिक रूप से विविध पारिस्थितिक तंत्रों में से एक है, में सबसे अधिक जैव संहति (biomass) है। माप दर्शाते हैं कि उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में आम तौर पर

400 से 700 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर के क्रम पर बायोमास मान होते हैं, जो अधिकतर समशीतोष्ण वनों या अन्य वानस्पतिक क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक होता है।

147. (1) आर्द्रभूमि के संरक्षण पर सम्मेलन, जिसे रामसर सम्मेलन कहा जाता है, एक अंतरसरकारी संधि है जो राष्ट्रीय स्तर पर कार्ययोजना के लिए ढाँचे तैयार करता है और झीलों और उनके संसाधनों के उपयोग तथा संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रदान करता है। इसका नामकरण ईरान के रामसर शहर के नाम पर रखा गया है, जहाँ 1971 में आयोजित सम्मेलन में हस्ताक्षर किए गए थे।

148. (4) पारितंत्र को जैव और अजैव वस्तुओं के किसी समुदाय के रूप में परिभाषित किया जाता है जो एक साथ कार्य करते हैं। जैव घटक सजीव वस्तुएँ हैं जो पारितंत्र का निर्माण करते हैं। पारितंत्र के सभी अजैव घटक निर्जीव घटक कहलाते हैं जैसे तापमान, प्रकाश, नमी, वायु, धारा, गुरुत्व इत्यादि।

149. (3) पारिस्थितिक विज्ञान में, अजैव घटक पर्यावरण के अजैव रासायनिक और भौतिक भाग हैं जो सजीव सूक्ष्मजीव और पारितंत्र की कार्यप्रणाली को प्रभावित करते हैं। अजैव घटकों में जल, प्रकाश, विकिरण, तापमान, आर्द्रता, वायुमण्डल और मृदा शामिल हैं।

149. (3) पेजिंग की मूल विधि में कार्यान्वयन के अंतर्गत फिजिकल मेमोरी को निश्चित आकार के ब्लॉकों में ब्रेक करने (जिसे फ्रेम्स कहते हैं) और लॉजिकल मेमोरी को समान आकार के ब्लॉकों में ब्रेक करने (जिसे पेज कहते हैं) की प्रक्रिया शामिल है। जब एक प्रक्रिया निष्पादित होती है तो इसके पेज बैकिंग स्टोर से निकलकर किसी भी उपलब्ध मेमोरी फ्रेम्स में लोड हो जाते हैं। बैकिंग स्टोर को निश्चित आकार के ब्लॉकों में विभाजित किया जाता है जो कि मेमोरी फ्रेमों के समान आकार के होते हैं।

150. (1) राउंड रोबिन एक शेड्यूलिंग एल्गोरिदम है जिसका प्रयोग प्रोसेस एग्जिक्यूशन के दौरान सीपीयू द्वारा किया जाता है। राउंड रोबिन को विशेष रूप से टाइम शेयर करने वाले सिस्टमों के लिए विनिर्दिष्ट किया गया है। यह पहले आओ पहले पाओ वाले शेड्यूलिंग एल्गोरिदम के समान है, लेकिन प्रक्रियाओं के मध्य परिवर्तन करने के लिए अभिलाक्षणिक रूप से प्रीएम्पशन को जोड़ा गया है।

151. (4) कम्प्यूटर के क्षेत्र में, डाटा को तार्किक क्रम में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया सॉर्टिंग कहलाती है। यह वह कार्यप्रणाली है जो संख्याओं का रैंडम अनुक्रम स्वीकार करती है या अन्य कोई डाटा जिसे इनपुट के रूप में निश्चित तार्किक क्रम में व्यवस्थित किया जा सकता है। यह रिकॉर्ड की द्वारा डाटा आइटम्स को तार्किक क्रम, वर्णक्रम और संख्यात्मक रूप में व्यवस्थित करती है।

152. (4) सूचना प्रौद्योगिकी के संदर्भ में, गारबेज इन, गारबेज आउट (GIGO) एक विशेष भाषा है जिसका अर्थ यह है कि यदि इनपुट इनवैलिड है तो प्रोग्राम के लॉजिक के सही होने के बावजूद रिजल्ट इनकरेक्ट होगा। अपूर्ण डाटा उपलब्ध होने के कारण प्रोग्राम गलत रिजल्ट देता है क्योंकि कम्प्यूटर सदैव इसे दिए गए डाटा को प्रोसेस करने का प्रयास करता है। इस प्रकार, GIGO आउटपुट की शुद्धता से संबंधित है, इसके साथ ही यह इनपुट की शुद्धता पर निर्भर रहता है।

153. (1) डीएचसीपी (डाइनैमिक हॉस्ट कन्फि- ग्युरेशन प्रोटोकॉल) एक कम्युनिकेशंस प्रोटोकॉल है जिसका प्रयोग नेटवर्क प्रशासक मुख्य रूप से इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) नेटवर्क से जुड़े डिवाइसों को नेटवर्क के समनुरूप बनाने और उसका प्रबंध करने के लिए करते हैं। कम्प्यूटर्स रिक्वेस्ट, आईपी अड्रेस और नेटवर्किंग पैरामीटर्स डीएचसीपी के साथ मिलकर स्वत: ही डीएचसीपी सर्वर का निर्माण करते हैं।

154. (3) रीड ओनली मेमोरी (ROM) कम्प्यूटरों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों में डाटा स्टोरेज का एक रूप है जो कि अवास्प्यशील (नॉन-वॉलैटाइल) है। इसमें स्टोर किए गए कन्टेन्ट्स को डिवाइस के पॉवर्ड-ऑफ हो जाने के बाद भी प्राप्त कर लिया जाता है। नॉन-वॉलैटाइल मेमोरी के अन्य उदाहरणों में फ्लैश मेमोरी, फेरोइलेक्ट्रिक रैम (F-RAM), हार्ड डिस्क, ड्राइव्ज, फ्लॉपी डिस्क्स इत्यादि शामिल हैं।

155. (1) अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेज (ASCII) वर्तमान के कम्प्यूटरों के लिए सर्वश्रेष्ठ कैरेक्टर सेट इन्कोडिंग है। एएससीआईआई कोड्स कम्प्यूटरों में टेक्स्ट, दूरसंचार उपकरण और अन्य यंत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कई मॉडर्न कैरेक्टर- इन्कोडिंग स्कीम्स एएससीआईआई पर आधारित हैं, यद्यपि वे कई एडिशनल कैरेक्टरों को सपोर्ट करते हैं।

156. (4) ओपेरा विंडोज, मैक ऑपरेटिंग सिस्टम और लाइनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए एक वेब ब्राउजर है। इसे ओपेरा सॉफ्टवेयर द्वारा विकसित किया गया है।

157. (3) अधिक पूर्ण सुरक्षा योजनाओं के अभाव में, कम्प्यूटर सिस्टम में मदों (ऑब्जेक्ट्स) को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्राय: पासवर्ड्स का प्रयोग किया जाता है। पासवर्ड्स को कुंजियों या क्षमताओं की विशिष्ट अवस्था माना जा सकता है। यूजर की पहचान की प्रामाणिकता का पता लगाने के लिए सामान्यत: पासवर्ड्स का प्रयोग किया जाता है।

158. (2) संचार उपग्रह रिले केन्द्र के रूप में कार्य करता है, भूमिगत केन्द्रों द्वारा प्रेषित सिग्नलों को उपग्रह के रिसीवर ऐन्टिना द्वारा प्राप्त किया जाता है, सिग्नलों को फिल्टर किया जाता है, उनकी आवृत्ति में परिवर्तन और विस्तार किया जाता है और इसके बाद ट्रांसमिट ऐन्टिना के माध्यम से सिग्नलों को वापस पृथ्वी पर भेज दिया जाता है। भूमिगत केन्द्र, जिसे भू-केन्द्र भी कहते हैं, द्वारा अनुप्रेषित सिग्नलों को रिसीव किया जाता है, तत्पश्चात् बेस बैंड सिग्नलों को प्राप्त करने की प्रक्रिया आरंभ हो जाती है।

159. (2) MS-DOS से तात्पर्य माइक्रोसॉफ्ट डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम से है। यह माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित अधिकांशत: X-86 आधारित पर्सनल कम्प्यूटरों के लिए एक डिस्कंटिन्यूड ऑपरेटिंग सिस्टम है।

160. (2) कन्टेन्ट-अड्रेसैबल मेमोरी (CAM) एक विशेष प्रकार की कम्प्यूटर मेमोरी है जिसका प्रयोग निश्चित रूप से हाई स्पीड सर्चिंग एप्लिकेशनों में किया जाता है। इसे असोशिएटिव मेमोरी के रूप में भी जाना जाता है। यह स्टोर्ड डाटा टेबल के विरुद्ध इनपुट सर्च डाटा (टैग) को कम्पेयर (तुलना) करता है और मैचिंग डाटा (या असोशिएटिव मेमोरी के संदर्भ में, मैचिंग डाटा) का अड्रेस रिटर्न करता है।

161. (1) थ्री-फिंगर सैलुट से तात्पर्य एक साथ तीन कीज: कंट्रोल, ऑल्ट और डिलीट को प्रेस करते हुए कम्प्यूटर को रिबूट या रिस्टार्ट करने वाली ओरिजिनल पीसी- कम्पैटिबल सिस्टम कमांड से है। कंट्रोल-ऑल्ट-डिलीट इन तीनों के संयोजन को विशिष्ट रूप से संभावित आकस्मिक रिबूट्स से बचने के क्रम में असंभव प्रक्रिया को एक हाथ से एग्जिक्यूट करने के लिए निर्दिष्ट किया गया है। इसे डेविड ब्रैडली द्वारा विकसित किया गया था।

162. (2) डाटाबेस का निर्माण या समस्त डिजाइन डाटाबेस स्कीम या डाटाबेस एक्सटेन्शन के रूप में जाना जाता है। इसे डाटाबेस को डिजाइन करते हुए निर्दिष्ट किया जाता है। एक विशिष्ट समय पर डाटाबेस में विद्यमान डाटा, डाटाबेस इंस्टेन्स ऑफ डाटाबेस स्टेट या स्नैपशॉट के रूप में जाना जाता है। डाटाबेस स्टेट को स्कीम (Schema) एक्सटेन्शन भी कहते हैं।

163. (1) पाइपलाइनिंग का मुख्य उद्देश्य अपने एग्जिक्यूशन की ओवरलैपिंग द्वारा निर्देशों के सापेक्षिक समय में परिवर्तन करना है। यह डाटा प्रस्तुत करता है और जोखिम को नियंत्रित करता है। डाटा जोखिम की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब पाइपलाइन ऑपरेन्डस (संकार्यों) को एक्सेस करने के लिए रीड/राइट क्रम में परिवर्तन करता है, इस प्रकार यह क्रम अनपाइपलाइन्ड मशीन पर सिक्वेंशियल एग्जिक्यूटिंग इंस्ट्रक्शंस द्वारा देखे गए क्रम से भिन्न होता है।

164. (3) फायरवॉल एक कम्प्यूटर अरलायंस या रूटर है जो विश्वस्त और अविश्वस्त सिस्टम के मध्य कार्य करता है। यह कम्प्यूटर को कुशलतापूर्वक अविश्वस्त नेटवर्क से कनेक्ट होने की अनुमति प्रदान करता है। यह नेटवर्क सिक्युरिटी सिस्टम है जो पूर्व निर्धारित सुरक्षा नियमों पर आधारित इनकमिंग और आउटगोइंग नेटवर्क ट्रैफिक को नियंत्रित करता है और उसका निरीक्षण करता है।

165. (1) सीपीयू (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट) को सामान्यत: कम्प्यूटर के मस्तिष्क (ब्रेन) के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है क्योंकि यह निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट बेसिक अरिथमेटिक, लॉजिकल, कंट्रोल और इनपुट/आउटपुट (I/O) ऑपरेशंस को पूरा करते हुए कम्प्यूटर प्रोग्राम के निर्देशों को निष्पादित करता है। सीपीयू को प्रोसेसर या माइक्रोप्रोसेसर के रूप में भी जाना जाता है।

166. (3) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट (एएलयू) प्रोसेसर (सीपीयू) का एक मुख्य घटक है जो गणितीय और तार्किक कार्यों को निष्पादित करता है। सीपीयू के घटक के रूप में प्रोसेसर रजिस्टर्स एएलयू को संकार्यों (ओपेरैंड्स) की आपूर्ति करता है और एएलयू द्वारा निष्पादित कार्यों के परिणाम को संग्रहित (स्टोर) करता है, कंट्रोल यूनिट मेमोरी से इंस्ट्रक्शंस प्राप्त करता है तथा एएलयू, रजिस्टर्स और अन्य घटकों के समन्वित निर्देशों का पालन करते हुए उन्हें 'एग्जिक्यूट' करता है।

167. (1) प्रथम पीढ़ी (1946-1959) के कम्प्यूटरों में मेमोरी के मैग्नेटिक ड्रम्स, सीपीयू सर्किटरी और मेमोरी के लिए मूल घटकों के रूप में वैक्यूम ट्यूब का प्रयोग किया जाता था। ये कम्प्यूटर कार्यों को निष्पादित करने के लिए कम्प्यूटर द्वारा समझी जाने वाली लोवेस्ट-लेवल प्रोग्रामिंग लैन्गुएज, मशीनी लैन्गुएज पर निर्भर थे।

168. (4) लोगो (LOGO) एक कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग लैन्गुएज है, जिसका प्रयोग फंक्शनल प्रोग्रामिंग के लिए किया जाता है। इसका प्रयोग टर्टल कर्सर को यूज करते हुए बेसिक शेप को जनरेट करने के लिए किया जाता है। टर्टल कर्सर एक ऑनस्क्रीन कर्सर है जिसे मूवमेंट और ड्राइंग इंस्ट्रक्शंस दी जा सकती है, और इसका प्रयोग प्रोग्राम के क्रमानुसार लाइन ग्राफिक्स को प्रोड्यूस करने के लिए किया जाता है।

169. (3) वायरस की प्रामाणिक अवस्थाएँ हैं: निष्क्रिय अवस्था, प्रसारण अवस्था, प्रवर्तित अवस्था, और निष्पादन अवस्था।

- **निष्क्रिय अवस्था:** इस अवस्था में वायरस निष्क्रिय रहता है। इस अवस्था में वायरस अन्तत: किसी घटना द्वारा सक्रिय हो सकता है।
- **प्रसारण अवस्था:** इस अवस्था में वायरस डिस्क पर अन्य प्रोग्रामों या निश्चित सिस्टम एरिया में स्वयं ही एकसमान कई कॉपियों का निर्माण करता है। इसके बाद प्रत्येक इन्फेक्टेड प्रोग्राम में वायरस का क्लोन अंतर्विष्ट हो जाएगा, जो प्रसारण अवस्था में प्रवेश करेगा।
- **प्रवर्तित अवस्था:** इस अवस्था में वायरस को इच्छित कार्य को निष्पादित करने के लिए एक्टिवेट किया जाता है।
- **निष्पादन अवस्था:** इस अवस्था में वायरस सॉफ्टवेयर का उद्देश्य निष्पादित हो जाता है।

170. (4) डाटा इंटिग्रिटी अपने सम्पूर्ण जीवन चक्र के दौरान डाटा के अनुरक्षण, डाटा की परिशुद्धता और सामंजस्यता सुनिश्चित करने से संबंधित है। यह स्टोर, प्रोसेस और डाटा को रिट्रिव करने वाले किसी भी सिस्टम को डिजाइन करने, क्रियान्वयन करने और यूजेज के लिए एक विवेचनात्मक पहलू है। डाटा क्रप्शन डाटा इंटिग्रिटी का विलोम है, यह डाटा लॉस का एक रूप है।

171. (3) UNIVAC I (यूनिवर्सल ऑटोमेटिक कम्प्यूटर 1) पहला व्यवसायिक कम्प्यूटर संयुक्त राज्य अमेरिका में बनाया गया। इसे सैद्धान्तिक रूप से इनिएक (ENIAC) के आविष्कारक जे. प्रीसपर इकर्ट और जॉन मॉचली द्वारा विकसित किया गया था। यह वैज्ञानिकों के लिए आवश्यक जटिल संख्यात्मक गणनाओं वाले कम्प्यूटरों के विरुद्ध अपेक्षाकृत रूप से साधारण गणितीय और डाटा परिचालन में तीव्र निष्पादन क्षमता के साथ व्यवसाय और प्रशासन के लिए निर्दिष्ट प्रथम कम्प्यूटर था।

172. (1) गति भेद (स्पीड डिफरेंशियल) को समायोजित करने के लिए मेमोरी बफर का प्रयोग किया जाता है जिसे कैच (cache) कहते हैं। यह एक हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर कम्पोनेन्ट है जो डाटा स्टोर करता है ताकि उस डाटा के लिए भविष्य में की जाने वाली किसी भी रिक्वेस्ट को शीघ्रता से पूरा किया जा सके। कैच मेमोरी सीपीयू और मेन मेमोरी के मध्य फास्ट मेमोरी को एड करने का कार्य करती है।

173. (4) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) इंटरनल स्टोरेज का एक उदाहरण है। सामान्यत: इसे ''मेमोरी'' कहते हैं, प्रत्यक्षत: कम्प्यूटर के सीपीयू द्वारा एक्सेस होने वाले डाटा को स्टोर करने के कारण इसे प्राइमरी स्टोरेज माना जाता है। रैम एक हाई-स्पीड स्टोरेज मीडियम है जिसे न्यूनतम विलम्ब के साथ एक्सेस किया जा सकता है।

174. (3) डब्ल्यूईपी से तात्पर्य वायर्ड इक्विवैलेंट प्राइवेसी से है।

175. (1) कर्नल (इसे न्यूक्लीयस भी कहते हैं) एक कम्प्यूटर प्रोग्राम है जो कम्प्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम के केन्द्रीय भाग को संघटित करता है। यह स्टार्टअप पर लोड होने वाला पहला प्रोग्राम है, तत्पश्चात् यह सॉफ्टवेयर से प्राप्त इनपुट/आउटपुट रिक्वेस्ट्स के साथ-साथ स्टार्टअप के रिमेन्डर को मैनेज करता है, सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट के लिए उन्हें डाटा प्रोसेसिंग इंस्ट्रक्शंस में ट्रांसलेट करता है। इसकी असफलता क्रैश कहलाती है।

176. (4) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, प्रोटोकॉल संसूचित (कम्यूनिकेटिंग) पार्टियों के मध्य एक समझौता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सम्प्रेषण को कैसे आगे बढ़ाया जाए। प्रोटोकॉल के अतिक्रमण से सम्प्रेषण कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं होता। प्रोटोकॉल नियमों का विशेष समूह है जो दूरसंचार संयोजन में प्वॉइंट्स को समाप्त करता है।

177. (3) आईसी से तात्पर्य इंटिग्रेटेड सर्किट से है। यह सेमीकंडक्टर मैटेरियल, सामान्यत: सिलिकॉन की एक छोटी प्लेट (''चिप'') पर इलेक्ट्रॉनिक सर्किट्स का एक समूह है। इसे चिप या माइक्रोचिप के रूप में भी जाना जाता है, इंटिग्रेटेड सर्किट (आईसी) अधिकांश सर्किट्स का हार्ट और ब्रेन है तथा आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का कीस्टोन (सन्धानप्रस्तर) है।

178. (1) जॉब शेड्यूलर को लॉन्ग टर्म शेड्यूलर के रूप में भी जाना जाता है। यह निर्धारित करता है कि सिस्टम की प्रोसेसिंग के लिए किस प्रोग्राम को प्रविष्ट किया गया है। यह प्रोसेसेज को क्यू से सेलेक्ट करता है और एग्जिक्यूशन के लिए मेमोरी में लोड करता है। सीपीयू शेड्यूलिंग के लिए प्रोसेस को मेमोरी में लोड किया जाता है।

179. (1) यूनिक्स मल्टीटास्किंग, मल्टीयूजर कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम की एक फैमिली है, जिसकी उत्पत्ति 1970 में बेल लैब्स में विकसित ओरिजिनल AT&T यूनिक्स से हुई। यह प्रत्येक यूजर के लिए सेपरेट लॉगइन्स और सेपरेट स्टोरेज स्पेस प्रोवाइड करता है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि यह उपयोगकर्ताओं और समूहों के लिए सेपरेट सिक्युरिटी को सपोर्ट करता है।

180. (1) कम्प्यूटर नेटवर्किंग के सेवन लेयर ओएसआई मॉडल में फिजिकल लेयर या लेयर 1 से तात्पर्य प्रथम और सबसे निचले लेयर से है। फिजिकल लेयर पर ऑपरेट करने वाले डिवाइसों में रिपीटर्स, हब्स, नेटवर्क इंटरफेस कार्ड्स (NICs), केबिल्स और कनेक्टर्स शामिल हैं। इलेक्ट्रिकल सिग्नल को रिजनरेट करने के लिए रिपीटर्स का प्रयोग किया जाता है जो दूरी के परिणामस्वरूप क्षीण (अर्थात् कमजोर) होता है।

181. (3) कम्प्यूटर ऑर्गेनाइजेशन में एसोसिएटिव मेमोरी का प्रयोग तब किया जाता है जब मेमोरी को स्पेसिफिक एड्रेस द्वारा एक्सेस करने के बजाय इसे कन्टेन्ट द्वारा एक्सेस किया जाता है। एसोसिएटिव मेमोरी को एसोसिएटिव स्टोरेज, एसोसिएटिव ऐरे या कन्टेन्ट-एड्रेसेबल मेमोरी या कैम के रूप में भी जाना जाता है। एसोसिएटिव मेमोरी कम्प्यूटर हार्ड ड्राइव पर पाई जाती है और इसका प्रयोग केवल स्पेसिफिक हाई-स्पीड सर्चिंग एप्लिकेशंस में किया जाता है।

182. (1) टोकन बारंबार मेसैज पास करने की तकनीक का दक्ष रूप है जिसका प्रयोग रिंग नेटवर्क में किया जाता है। इसमें एक संक्षिप्त मेसैज होता है जो डिवाइस के निष्क्रिय हो जाने पर लॉजिकल डायरेक्शन में रिंग के चारों ओर घूमता है। मेसैज भेजने के लिए, डिवाइस में टोकन को पकड़ लेने की क्षमता होनी चाहिए। टोकन सभी स्टेशंस के लिए फेयर एक्सेस प्रोवाइड करता है और एक्सेस मेथड पर आधारित कन्टेन्शन कॉलिजन को निष्कासित करता है।

183. (2) नेटवर्क लेयर ओएसआई रेफरेन्स मॉडल का तीसरा न्यूनतम लेयर है। यह इंटरमीडिएट रूटर्स द्वारा रूटिंग सहित पैकेट फॉरवर्ड करने के लिए उत्तरदायी है। रूटर कम्प्यूटर नेटवर्क के मध्य डाटा पैकेट्स फॉरवर्ड करता है। डाटा पैकेट को नेटवर्क्स के द्वारा एक रूटर से दूसरे रूटर तक फॉरवर्ड किया जाता है जो इसके अपने डेस्टिनेशन नॉड तक पहुँचने तक इंटर-नेटवर्क का निर्माण करता है।

184. (3) वेटवेयर शब्द की व्युत्पत्ति कम्प्यूटर से संबंधित शब्द हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर की विचारधारा के आधार पर हुई है, लेकिन इसका प्रयोग जीवविज्ञान से संबंधित जीवन के विभिन्न रूपों का अध्ययन करने हेतु किया जाता है। यहाँ उपसर्ग ''वेट'' सजीव प्राणियों में पाए जाने वाले जल से संबंधित है। वेटवेयर शब्द का प्रयोग हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तत्त्वों के समतुल्य व्यक्ति में पाए जाने वाले केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) और मानव मस्तिष्क का वर्णन करने के लिए किया जाता है।

185. (2) राइट-बैक मेथड में केवल कैच लोकेशन की अपडेटिंग शामिल है, इसे एसोसिएटेड फ्लैग बिट, जिसे प्राय: डर्टी या मॉडिफाइड बिट कहते हैं, के साथ अपडेटेड रूप में चिह्नित किया जाता है। वर्ड की मेन मेमोरी लोकेशन को बाद में अपडेट किया जाता है, जब ब्लॉक में चिह्नित वर्ड अंतर्विष्ट होता है तो नये ब्लॉक को स्थान प्रदान करने के लिए इसे कैच (cache) से रिमूव कर दिया जाता है। राइट बैक मेथड का कारण यह है कि वर्ड के कैच में विद्यमान होने की अवधि के दौरान इसे कई बार अपडेट किया जा सकता है।

186. (2) डाटा नेटवर्किंग और क्यूइंग थ्यॉरी में नेटवर्क कन्जेशन मुख्यत: सर्विस की गुणवत्ता में कमी का परिचायक है, ऐसा तब होता है जब नेटवर्क नोड नियंत्रित कर सकने योग्य डाटा की तुलना में अधिक डाटा कैरी करता है। इसके परिणामस्वरूप क्यूइंग डिले एवं पैकेट लॉस हो सकता है या नये कनेक्शंस ब्लॉक हो सकते हैं। कनजेशन तब होता है जब बैंडविड्थ अपर्याप्त और नेटवर्क डाटा ट्रैफिक क्षमता से अधिक होता है।

187. (1) नेट निरपेक्षता सिद्धांत इस बात पर बल देता है कि इंटरनेट सेवा प्रदाता और सरकार को इंटरनेट पर उपलब्ध सभी डाटा के साथ एक समान व्यवहार करना चाहिए। कन्टेन्ट, वेबसाइट, प्लेटफॉर्म, एप्लिकेशन, सम्बद्ध उपकरण के प्रकार या संचार के माध्यम के आधार पर यूजर के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए या भिन्न-भिन्न शुल्क वसूल नहीं किया जाना चाहिए।

188. (1) एड-हॉक मोड एक फ्रेमवर्क है जिसमें डिवाइस या स्टेशन एक्सेस प्वॉइंट (AP) का प्रयोग किए बिना प्रत्यक्षत: एक दूसरे के साथ कम्यूनिकेट करते हैं। एड-हॉक मोड को पीयर-टू-पीयर मोड या इंडिपेंडेंट बेसिक सर्विस (IBSS) के रूप में भी निर्दिष्ट किया जाता है। जहाँ वायरलेस इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है या जहाँ सर्विस की आवश्यकता नहीं होती, वहाँ नेटवर्क की स्थापना करने में एड-हॉक मोड महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

189. (1) पॉलिमॉर्फिक वायरस प्रत्येक समय परिवर्तित होता है, एंटीवायरस सॉफ्टवेयर द्वारा खोजे जाने से बचने के लिए इसे इंस्टॉल किया जाता है। यह परिवर्तन वायरस की कार्यक्षमता को प्रभावित नहीं करता बल्कि वायरस सिग्नेचर को परिवर्तित करता है। वायरस सिग्नेचर एक पैटर्न है जिसका प्रयोग वायरस, विशिष्टत: बाइट्स की सीरीज जिससे वायरस कोड का निर्माण होता है, की पहचान के लिए किया जा सकता है।

190. (4) डाटा लिंक लेयर कम्प्यूटर नेटवर्किंग के ओपन सिस्टम इंटरकनेक्शन (ओएसआई) मॉडल की सात लेयर में से दूसरी लेयर है जिसका अर्थ यह है कि इसे बिट्स के साथ निर्दिष्ट किया गया है जिसे नेटवर्क के अतिरिक्त संप्रेषित किया जाता है। सामान्यत: नेटवर्क पर प्रयुक्त होने वाले डाटा लिंक लेयर डिवाइस दो प्रकार के होते हैं: ब्रिज्स और स्विचेज। ब्रिज एक इंटेलीजेंट रिपीटर है जो ब्रिज के दोनों ओर नोड्स के एमएसी अड्रेस की जानकारी रखता है और उसके अनुसार पैकेट्स को फॉरवर्ड कर सकता है। स्विच एक इंटेलीजेंट हब है जो फॉरवर्ड किए गए पैकेट के पोर्ट का निर्धारण करने के क्रम में आने वाले पैकेट के एमएसी अड्रेस की जाँच करता है।

191. (1) स्रोत स्थल से गंतव्य तक पैकेटों को स्थानान्तरित करने के लिए नेटवर्क लेयर को पाथ (मार्ग) का निर्धारण करना चाहिए जिसका अनुसरण पैकेट को करना होता है। मार्ग निर्देश (रूटिंग) वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा सिस्टम यह निर्णय लेता है कि पैकेट को कहाँ भेजा जाना है। यह विशिष्ट पैकेट को आगे भेजने वाले प्रक्रम (स्पेसिफिक पैकेट फॉरवार्डिंग मेकेनिज्म) और इंटर-मीडियट नेटवर्क नोड्स द्वारा नेटवर्क पैकेटों को उनके स्रोत से उनके गन्तव्य की ओर नियंत्रित करता है।

192. (2) कम्प्यूटर नेटवर्किंग और दूसरे पैकेट- स्विच्ड टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क के क्षेत्र में, क्वालिटी ऑफ सर्विस (QoS) ट्रैफिक शेड्यूलिंग मुख्यत: ट्रैफिक प्राइऑरिटिजेशन और रिसोर्स रिजर्वेशन कंट्रोल मैकेनिज्म को निर्दिष्ट करता है जो विभिन्न एप्लिकेशंस, यूजर्स या डाटा प्रवाह को प्राथमिकता देता है और डाटा प्रवाह के एक निश्चित स्तर के निष्पादन की गारंटी देता है। यह विशेष रूप से विशिष्ट आवश्यकताओं के साथ ट्रैफिक ट्रांसपोर्ट के लिए महत्त्वपूर्ण है।

193. (2) अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2016 तक प्राप्त सूचना के आधार पर विश्व में इंटरनेट यूजर्स की सर्वाधिक (721,434,547) संख्या चीन में है।

462,124,989 इंटरनेट यूजर्स के साथ भारत दूसरे स्थान पर है।

194. (2) कचरा एकत्रिकरण (गार्बेज कलेक्शन) के अंतर्गत पूरे फाइल सिस्टम को ट्रैवर्स करने की प्रक्रिया शामिल है, जिससे सभी को एक्सेस किया जा सकता है। उसके बाद, सेकण्ड पास उन फाइलों को कलेक्ट करता है जिन्हें फ्री स्पेस की लिस्ट पर चिह्नित नहीं किया गया है। गार्बेज कलेक्शन डिस्क आधारित फाइल सिस्टम है, हालांकि, इस प्रक्रिया में समय अधिक लगता है, इसलिए इसका प्रयोग कम किया जाता है।

195. (1) कम्प्यूटर के क्षेत्र में, एम्यूलेटर एक हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर है जो एक कम्प्यूटर सिस्टम (जिसे हॉस्ट कहते हैं) को दूसरे कम्प्यूटर सिस्टम (जिसे गेस्ट कहते हैं) के समान व्यवहार करने के योग्य बनाता है। एम्यूलेटर विशिष्ट रूप से हॉस्ट सिस्टम को गेस्ट सिस्टम के लिए निर्दिष्ट सॉफ्टवेयर को रन करने या पेरिफेरल डिवाइसों का प्रयोग करने के योग्य बनाता है।

196. (3) तात्कालिक भुगतान सेवा (आईएम- पीएस) मोबाइल फोन द्वारा निष्पादित की जाने वाली तात्कालिक अन्तर-बैंकीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण सेवा है। इस सेवा के द्वारा निधि अंतरण के लिए उपभोक्ता के अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस होना चाहिए। एनईएफटी और आरटीजीएस के विपरीत, यह सेवा बैंक अवकाश सहित पूरे वर्ष के दौरान 24 घंटे (24/7) उपलब्ध रहती है।

197. (2) कैच मेमोरी, लॉकेलिटी ऑफ रेफरेंस सिद्धान्त पर कार्य करती है। इस शब्द का प्रयोग एक ऐसी घटना के लिए किया जाता है जिसमें समान वैल्यू या संबंधित स्टोरेज लोकेशंस को प्राय: एक्सेस किया जाता है। यह विधि मेमोरी एक्सेस पैटर्न पर निर्भर करती है। कैचिंग एक्सेस टाइम में सुधार करती है और डाटा सोर्सेज के डाटा ट्रैफिक को कम करती है जिसकी कार्य क्षमता सीमित होती है।

198. (2) इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में, फ्लिप-फ्लॉप या लैच (latch) दो स्थायी स्टेट वाला एक सर्किट है जिसका प्रयोग स्टेट इन्फॉर्मेशन को स्टोर करने के लिए किया जा सकता है। फ्लिप-फ्लॉप डाटा के सिंगल बिट् (बाइनरी डिजिट) को स्टोर करता है, इसकी दो स्टेट्स में से एक स्टेट ''एक'' और दूसरी स्टेट ''शून्य'' का प्रतिनिधित्व करती है। ऐसे डाटा स्टोरेज का प्रयोग स्टेट स्टोरेज के लिए किया जा सकता है और ऐसे सर्किट को सिक्वेंशियल लॉजिक के रूप में वर्णित किया जाता है। जब फाइनाइट-स्टेट मशीन का प्रयोग किया जाता है तो आउटपुट और अगला स्टेट न केवल इसके करेंट इनपुट पर निर्भर करता है, बल्कि इसके करेंट स्टेट पर भी निर्भर करता है।

199. (2) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट (एएलयू) सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) का एक मुख्य घटक है जो गणितीय और तार्किक कार्यों को निष्पादित करता है, सीपीयू के घटक के रूप में प्रोसेसर रजिस्टर्स एएलयू को संकार्यों (ओपेरैंड्स) की आपूर्ति करता है, और एएलयू द्वारा निष्पादित कार्यों के परिणाम को स्टोर करता है, कंट्रोल यूनिट मेमोरी से इंस्ट्रक्शंस प्राप्त करता है तथा एएलयू, रजिस्टर्स और अन्य घटकों के समन्वित निर्देशों का पालन करते हुए निर्देशों को निष्पादित करता है।

200. (1) मल्टीटास्किंग कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम में डेमन एक कम्प्यूटर प्रोग्राम है जो इंटरएक्टिव यूजर के डायरेक्ट कंट्रोल में रन करने के बजाय बैकग्राउंड प्रोसेस के रूप में रन करता है। सिस्टम प्राय: बूट टाइम पर डेमंस स्टार्ट कर देते हैं और कुछ कार्यों को निष्पादित करते हुए नेटवर्क रिक्वेस्ट्स, हार्डवेयर एक्टिविटी या अन्य प्रोग्रामों की प्रतिक्रिया में फंक्शन सर्व करते हैं।

201. (3) आउटगोइंग एक्नॉलेजमेंट को अस्थायी रूप से डिले करने की तकनीक, जिससे नेक्स्ट आउटगोइंग डाटा फ्रेम को हुक किया जा सकता है, को पिगीबैंकिंग के रूप में जाना जाता है। भिन्न एक्नॉलेजमेंट फ्रेमों के समाप्त होने पर पिगीबैंकिंग का प्रयोग करने का प्रमुख उद्देश्य उपलब्ध चैनल बैंडविड्थ का बेहतर प्रयोग करना है।

202. (2) यूजर डाटाग्राम प्रोटोकॉल (UDP) न्यूनतम प्रोटोकॉल मेकेनिज्म के साथ सिम्पल कनेक्शनलेस ट्रांसमिशन मॉडल का प्रयोग करता है। यह डाटा इंटेग्रिटी के लिए चेकसम्स और डाटाग्राम के सोर्स और डेस्टिनेशन पर विभिन्न फंक्शंस के संचालन हेतु पोर्ट नम्बर्स प्रोवाइड करता है। यह ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल (TCP) के लिए एक वैकल्पिक कम्यूनिकेशंस प्रोटोकॉल है जिसका प्रयोग मुख्यत: इंटरनेट पर एप्लिकेशनों के मध्य लो-लैटेन्सी और लॉस टॉलरेटिंग कनेक्शन स्थापित करने के लिए किया जाता है।

203. (3) सिंगल अड्रेस को निर्दिष्ट फ्रेम ट्रांसमिट करने के अतिरिक्त, लोकल एरिया नेटवर्क निर्दिष्ट अड्रेस ग्रुप, जिसे मल्टीकास्ट अड्रेस कहते हैं, फ्रेम सेंड करने में समर्थ होता है, जिसे स्टेशंस ग्रुप द्वारा रिसीव किया जा सकता है। वे ब्रॉडकास्ट अड्रेस का प्रयोग करते हुए सभी निर्दिष्ट स्टेशनों को भी फ्रेम सेंड कर सकते हैं। मल्टीकास्ट अड्रेस पर ध्यान देने के समनुरूप मल्टीकास्ट डेस्टिनेशन अड्रेस को सेंड किए गए फ्रेम को सभी स्टेशनों द्वारा रिसीव किया जा सकता है।

204. (3) रजिस्टर्स में संचित (स्टोर्ड) डाटा के आधार पर निष्पादित कार्य माइक्रोऑपरेशन कहलाता है। माइक्रोऑपरेशन एक या अधिक रजिस्टर में संचित (स्टोर्ड) इन्फॉर्मेशन के आधार पर निष्पादित (एक दिन की अवधि के दौरान निष्पादित) होने वाली एक प्रारंभिक प्रक्रिया है। माइक्रोऑपरेशन के उदाहरणों में: शिफ्ट, लोड, क्लीयर, इनक्रिमेंट, काउंट, इत्यादि को शामिल किया जाता है।

205. (3) अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) शिड्यूलर को सीपीयू शिड्यूलर के रूप में भी जाना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य चयनित मानक समूह के अनुसार सिस्टम की निष्पादन क्षमता में वृद्धि करना है। यह निर्धारित करता है कि बाधित समय के बाद इनपुट/आउटपुट इंटेरप्ट, ऑपरेटिंग सिस्टम कॉल या सिग्नल के दूसरे रूप में से किस रेडी - इन मेमोरी प्रोसेस को एग्जिक्यूट किया जाना है। इस प्रकार, अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) शिड्यूलर दीर्घकालिक या अल्पकालिक शिड्यूलर की तुलना में प्राय: कई बार शिड्यूलिंग से संबंधित निर्णय लेता है।

206. (1) 'प्राइमरी' की एक कॉलम या कॉलम्स का एक समुच्चय है जो विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड की पहचान करता है। केवल एक कैंडिडेट की प्राइमरी की हो सकती है। कैंडिडेट की को प्राइमरी की के रूप में क्वालीफाई होने के लिए, इसे विशिष्ट और अरिक्ति संप्रतीक (नॉन-नुल) होना चाहिए। इस प्रकार, मौलिक रूप से प्राइमरी की कैंडिडेट कीज में से एकमात्र ऐसी की है जो कि एक मिनिमल सुपर की है।

207. (2) इंटरलीविंग का प्रयोग सामान्यत: पाइपलाइन्ड प्रोसेसर्स में सिंगल मेमोरी मॉड्युल (या बैंक) के बैंडविड्थ से बाहर मेमोरी की बैंडविड्थ बढ़ाने हेतु किया जाता है। इंटरलीव्ड मेमोरी सिस्टम की निष्पादन क्षमता बैंकों की संख्या, बैंक चक्र समय, प्रक्रियाओं की संख्या और सृजित अनुरोधों के प्रतिमान पर निर्भर रहती है। ऐसे सिस्टम के डिजाइन में ट्रेड-ऑफ की अधिक संख्या सम्मिलित होती है जो इन कारकों के मध्य परस्पर संबंधों की प्रकृति द्वारा प्रबल होती है।

208. (2) जब प्रोग्राम द्वारा रिक्वेस्ट किया गया पेज (डाटा) मेमोरी में उपलब्ध नहीं होता तो इसे पेज फॉल्ट कहते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब प्रोग्राम किसी ऐसे पेज को एक्सेस करता है जिसे अड्रेस स्पेस में दिखाया गया है, लेकिन मेन मेमोरी (रैम) में लोड नहीं किया गया है। ऐसा प्राय: एप्लिकेशन में शट डाउन के कारण होता है।

209. (1) कैच मेमोरी एक अत्यंत हाई स्पीड सेमीकंडक्टर मेमोरी है जो प्रोसेसर या सीपीयू की स्पीड में वृद्धि कर सकती है। यह सीपीयू और मेन मेमोरी (RAM) के बीच में बफर के रूप में कार्य करती है। डाटा और प्रोग्राम का वह भाग, जिसका प्रयोग सीपीयू द्वारा बारंबार किया जाता है, को सुरक्षित रखने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा डाटा और प्रोग्राम के पार्ट्स को डिस्क से कैच मेमोरी को स्थानान्तरित कर दिया जाता है, जहाँ से सीपीयू उन्हें आसानी से एक्सेस कर सकता है।

210. (1) क्लाउड कम्प्यूटिंग इंटरनेट-आधारित कम्प्यूटिंग का एक प्रकार है जो कम्प्यूटरों और अन्य डिवाइसों को डिमांड पर शेयर्ड कम्प्यूटर प्रोसेसिंग रिसोर्स प्रोवाइड करता है। यह ऑन डिमांड नेटवर्क के अंतर्गत नेटवर्क्स, सर्वर्स, स्टोरेज, एप्लिकेशंस और सर्विस के शेयर्ड पूल को एक्सेस करने की सुविधा प्रदान करता है जिसे सर्विस प्रोवाइडर इंटरएक्शन या न्यूनतम प्रयास के साथ शीघ्रता से उपलब्ध कराया जा सकता है।



क्लाउड कम्प्यूटिंग

211. (3) WIMAX से तात्पर्य वर्ल्ड वाइड इंटरऑपेरेबिलिटी फॉर माइक्रोवेव एक्सेस से है। WiMAX को कभी-कभी "वाई- फाई ऑन स्टीरॉयड्स" के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है और इसका प्रयोग ब्रॉडबैंड कनेक्शंस, हॉटस्पॉट्स इत्यादि के लिए किया जा सकता है।

212. (1) कम्प्यूटर वर्गीकरण और दृश्यमान साधनों के द्वारा विषयक मानचित्र (Thematic maps) रिमोट सेसिंग डाटा को इन्फॉर्मेशन के रूप में प्रस्तुत करने की सामान्य विधियों में से एक है। हालांकि, थिमैटिक मैप स्वयं में एक समापन नहीं है, यह विभिन्न एप्लिकेशनों के लिए एक स्टार्टिंग प्वॉइंट है जिससे संभावित रूप से रिमोट सेंसिंग डाटा का प्रयोग किया जा सकता है।

213. (3) बिट्स की वह संख्या जिसे कम्प्यूटर समानांतर समय में प्रोसेस कर सकता है, उसे इसकी वर्ड लेंथ कहते हैं। 8, 16, 32 या 64 बिट्स सामान्यत: प्रयुक्त होने वाले वर्ड लेंथ्स हैं। यह कम्प्यूटर की कम्प्यूटर शक्ति का मापक है। उदाहरण के लिए, जब हम 32-बिट कम्प्यूटर की बात करते हैं तो इसका अर्थ यह है कि इसकी वर्ड लेंथ 32 बिट्स है।

214. (4) भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक और उद्यमी वी.ए. शिव अय्यादुरै ने 1978 में एक कम्प्यूटर प्रोग्राम विकसित किया था, जो इंटरऑफिस, इंटर-ऑर्गेनाइजेशनल पेपर मेल सिस्टम की विशेषताओं को प्रतिवलित करता था। उन्होंने अपने प्रोग्राम का नाम "EMAIL" रखा। यह विश्व में इनबॉक्स, आउटबॉक्स, फोल्डर्स, मेमो, अटैचमेंट्स इत्यादि से बने मेल सिस्टम की पहली सुविस्तृत इलेक्ट्रॉनिक प्रतिस्पर्धा थी। अमेरिका के कॉपीराइट ऑफिस ने उन्हें 1982 में इस प्रोग्राम का पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया था।

215. (3) सिन्टैक्स एरर्स या डायग्नॉस्टिक एरर्स को कम्पाइलर द्वारा चिह्नित किया जाता है। ये एरर्स तब उत्पन्न होते हैं जब प्रोग्राम प्रोग्रामिंग लैन्गुएज के ग्रामर की पुष्टि नहीं कर पाता और कम्पाइलर सोर्स फाइल को कम्पाइल करने में सक्षम नहीं होता। सिन्टैक्स एरर टोकन्स या कैरेक्टर्स के सिक्वेन्स के सिन्टैक्स में आने वाला एक एरर है जिसे विशेष प्रोग्रामिंग लैन्गुएज में लिखने के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। सामान्य सिन्टैक्स एरर्स में मिसिंग या मिसप्लेस्ड, या प्रोसीजर के लिए मिसिंग रिटर्न टाइप, मिसिंग या डुप्लीकेट वेरिएबल डीक्लेरेशन, असाइनमेंट के विषय में टाइप मिसमैच, वास्तविक और औपचारिक पैरामीटर्स के मध्य टाइप मिसमैच इत्यादि को शामिल किया जाता है।

लॉजिक एरर्स तब उत्पन्न होते हैं जब प्रोग्राम प्रोग्रामर की आशा के अनुरूप काम नहीं करता। चूंकि ये एरर्स प्रोग्राम के गलत लॉजिक के कारण उत्पन्न होते हैं, अत: लॉजिक एरर्स को कम्पाइलर के द्वारा चिह्नित नहीं किया जा सकता। इन एरर्स का पता केवल तभी लगाया जा सकता है जब प्रोग्राम को एग्जिक्यूट किया जाता है।

सर्वश्रेष्ठ विकल्प : (3) लैन्गुएज एरर्स

216. (1) कम्प्यूटर स्टोरोज में, डायरेक्ट एक्सेस से तात्पर्य स्टोरेज डिवाइस से डाटा प्राप्त करने की योग्यता से है। यह एक के बाद दूसरे फिजिकल लोकेशन पर डाटा को क्रमिक रूप से ढूँढने के बजाय प्रत्यक्ष रूप से डाटा को वहाँ से प्राप्त करता है जहाँ यह डिवाइस पर भौतिक रूप से विद्यमान होता है। डायरेक्ट एक्सेस को रैंडम एक्सेस भी कहते हैं, क्योंकि यह यादृच्छिक (randomly) रूप से सिलेक्टेड किसी डेस्टिनेशन के लिए समान रूप से फास्ट एक्सेस की अनुमति देता है।

217. (2) बूटिंग एक स्टार्टअप सीक्वेंस है जो कम्प्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम को तब स्टार्ट करती है जब इसे चालू (टर्न ऑन) किया जाता है। कम्प्यूटर को बूट करने के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम को कम्प्यूटर की मेन मेमोरी या रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) में लोड किया जाता है। ऑपरेटिंग सिस्टम के लोड हो जाने पर यह यूजर्स के लिए एप्लिकेशन को रन करने के लिए तैयार रहता है।

218. (2) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) को प्रोसेसर के रूप में भी जाना जाता है, इसमें दो महत्त्वपूर्ण कम्पोनेन्ट अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट (एएलयू) और कंट्रोल यूनिट (सीयू) अंतर्विष्ट होते हैं। एएलयू गणितीय और तार्किक प्रक्रिया को निष्पादित करता है, जबकि कंट्रोल यूनिट मेमोरी से इंस्ट्रक्शन प्राप्त करता है, उन्हें डिकोड और एग्जिक्यूट करता है, आवश्यकता होने पर एएलयू की सहायता लेता है। एएलयू सीपीयू का फंडामेंटल बिल्डिंग ब्लॉक है।

219. (2) ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) प्रोग्रामों का एक समूह है जो कम्प्यूटर के रिसोर्सेज विशेष रूप से अन्य प्रोग्रामों के मध्य रिसोर्सेज के आबंटन को नियंत्रित करता है। यह कम्प्यूटर के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के साथ पारस्परिक क्रिया करते हुए ऐसा करता है। विशिष्ट रिसोर्सेज में सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू), कम्प्यूटर मेमोरी, फाइल स्टोरेज, इनपुट/आउटपुट (I/O) डिवाइस और नेटवर्क कनेक्शन को शामिल किया जाता है। यह यूजर इंटरफेस की स्थापना करता है, एग्जिक्यूट करता है और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के लिए सर्विस प्रोवाइड करता है।

220. (3) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) एक वॉलैटाइल प्रकार की मेमोरी है, पॉवर ऑफ हो जाने पर इसमें स्टोर्ड इन्फॉर्मेशन समाप्त हो जाती है। वैकल्पिक रूप से इसे मेन मेमोरी, प्राइमरी मेमोरी या सिस्टम मेमोरी के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। रैम, कम्प्यूटरों और अन्य डिवाइसों में पाई जाने वाली सामान्य प्रकार की मेमोरी है।

221. (2) विंडोज विस्टा एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जिसे पर्सनल कम्प्यूटर पर प्रयोग करने हेतु माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित किया गया था। इसे मई 2001 में लॉन्गहॉर्न कूट नाम से नामित किया गया था। इसे मूलत: विंडोज XP और ब्लैक कॉम्ब के मध्य एक छोटे प्रयास के रूप में 2003 के अंत तक आरंभ करने की योजना थी, जो कि कंपनी का अगला प्रमुख सुव्यवस्थित ऑपरेटिंग सिस्टम था। विंडोज विस्टा को जनवरी 2007 में पूरे विश्व में प्रदर्शित किया गया था।

222. (3) गीगाबाइट (gb) शब्द का प्रयोग सामान्यत: 1024^3 बाइट्स या 1024^2 किलोबाइट्स के अर्थ में किया जाता है। अन्य शब्दों में, यह 1024 मेगाबाइट के समान है। यह डिजिटल इन्फॉर्मेशन के लिए बाइट यूनिट का गुणक है।

223. (4) मॉडेलिंग लैंग्वेज एक कृत्रिम भाषा है जिसका प्रयोग सूचना या जानकारी या पद्धतियों को संरचनाबद्ध रूप में व्यक्त करने के लिए किया जा सकता है जिसे नियमों के एक संगत समूह द्वारा परिभाषित किया जाता है। नियमों का प्रयोग संरचना में घटकों के अर्थ की व्याख्या करने के लिए किया जाता है।

224. (2) एएसपी से तात्पर्य एप्लिकेशन सर्विस प्रोवाइडर से है। यह स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल (जैसे एचटीटीपी) का प्रयोग करते हुए एक नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ताओं को कम्प्यूटर आधारित सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यवसाय, जैसे विशिष्ट सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन (जैसे कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट) को एक्सेस करने से संबंधित है।

225. (3) क्वेरी लैंग्वेज जानकारी के लिए खोज और कम्प्यूटर से व्युत्पन्न जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देती है, क्वेरी लैंग्वेज को डेटाबेस क्वेरी लैंग्वेज या इन्फॉर्मेशन रिट्रीवल क्वेरी लैंग्वेज के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है। अंतर यह है कि डेटाबेस क्वेरी लैंग्वेज तथ्यात्मक प्रश्नों के तथ्यात्मक उत्तर देने का प्रयास करती है, जबकि इन्फॉर्मेशन रिट्रीवल क्वेरी लैंग्वेज उन दस्तावेजों का पता लगाने का प्रयास करती है जिसमें ऐसी सूचना है जो पूछताछ के लिए प्रासंगिक है।

226. (2) कम्प्यूटर मेमोरी, जिसमें निश्चित सूचना अंतर्विष्ट होती है और जो पॉवर ऑन रहने तक अपनी प्रोग्रामित स्थिति को बनाए रखती है, को स्टैटिक मेमोरी के रूप में जाना जाता है। रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) को वॉलैटाइल मेमोरी के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है, पॉवर ऑफ हो जाने पर इसमें विद्यमान डाटा समाप्त हो जाता है। हालांकि रीड ओनली मेमोरी (ROM) एक नॉन-वॉलैटाइल मेमोरी है और पॉवर ऑफ हो जाने के बावजूद भी इसका कन्टेन्ट समाप्त नहीं होता। रोम मेमोरी में बिट वैल्यू को बनाए रखने के लिए पॉवर सोर्स की आवश्यकता नहीं होती।

227. (4) माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित माइक्रोसॉफ्ट एक्सल विंडोज, मैक ओएस, एंड्रॉयड, और iOS के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट है। यह कैलक्यूलेशन, ग्राफिंग टूल्स, पाइवॉट टेबल्स और मैक्रो प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की विशेषताओं से युक्त है जिसे विजुअल बेसिक फॉर एप्लिकेशन कहते हैं। एक्सल, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के भाग का निर्माण करता है।

228. (2) प्रोगामर्स एरर्स को ''बग्स'' कहना पसंद करते हैं। डिबगर एक विशेष प्रोगाम है जिसका प्रयोग अन्य प्रोग्रामों में एरर्स (बगस) का पता लगाने के लिए किया जाता है। डिबगर, प्रोग्रामर को प्रोग्राम को किसी भी प्वॉइंट पर रोकने, जाँच करने और वेरिअबल्स की वैल्यू में परिवर्तन करने की अनुमति देता है। C++ IDE टूल्स, जैसे विजुअल C++ और C++ बिल्डर में इंटिग्रेटेड डिबगर्स शामिल हैं।

229. (1) ऑपरेटिंग सिस्टम में एक छोटी टेबल होती है, जिसे ओपन फाइल टेबल कहते हैं, जिसमें लगभग सभी ओपन फाइलों की इन्फॉर्मेशन होती है। जब फाइल ऑपरेशन के लिए अनुरोध किया जाता है, तो इस टेबल में इंडेक्स के द्वारा फाइल को विनिर्दिष्ट किया जाता है, अत: सर्चिंग की आवश्यकता नहीं होती । जब सक्रिय रूप से अधिक समय तक फाइल का प्रयोग नहीं किया जाता तो प्रोसेस द्वारा इसे बंद कर दिया जाता है, और ऑपरेटिंग सिस्टम इसकी एंट्री को ओपन-फाइल टेबल से हटा देता है।

230. (4) एनालिटिकल इंजन एक प्रस्तावित मेकैनिकल जनरल-परपस कम्प्यूटर था जिसे 1833 और 1844 के मध्य अंग्रेज गणितज्ञ और कम्प्यूटर निर्माण के पथप्रदर्शक चार्ल्स बैबेज द्वारा डिजाइन किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य सीमित भिन्नताओं के मूल्यांकन द्वारा सन्निकट बहुपदों का निर्माण करने हेतु लघुगणकों और त्रिकोणमितीय फलनों को सारणीबद्ध करना था। इसमें चार गणितीय फलनों का एक आन्तरिक रंगपटल था और यह प्रत्यक्ष रूप से गुणा और भाग को निष्पादित कर सकता था। इसे इसलिए डिजाइन किया गया था ताकि पंच्ड कार्ड पर इंस्ट्रक्शंस के द्वारा किसी भी गणितीय गणना के लिए इसे क्रमादेशन (प्रोग्रामिंग) किया जा सके।

231. (3) वेब ब्राउजर को ब्राउजर भी कहते हैं, यह एक प्रोग्राम है जो वेब पेजों को डिस्प्ले करता है और उनकी व्याख्या करता है तथा हमें वेब पेजों को देखने और उनके साथ पारस्परिक क्रिया (इंटरएक्ट) करने की अनुमति देता है। यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) इंटरनेट पर डॉक्यूमेंट या अन्य एक्सेसिबल फाइल का अड्रेस है। गूगल क्रोम, माइक्रोसॉफ्ट एज (पूर्व में इंटरनेट एक्सप्लोरर), सफारी, ओपेरा और फायर- फॉक्स सर्वाधिक लोकप्रिय ब्राउजर्स हैं।

232. (3) डॉट मैट्रिक्स एक 2 विमीय आदर्श क्रम-विन्यास है जिसका प्रयोग अंकों, प्रतीकों और चित्रों को निरूपित करने हेतु किया जाता है। हर प्रकार की आधुनिक सूचना तकनीक, जिसमें सेल फोन, टेलीविजन और प्रिंटर शामिल है, को प्रदर्शित करने के लिए डॉट मैट्रिक्स का प्रयोग करती है। प्रिंटर में डॉट्स प्राय: पेपर के काले भाग के रूप में विद्यमान होते हैं।

233. (2) डिजिटल इन्फॉर्मेशन में गीगाबाइट बाइट यूनिट का एक गुणक है जो 1024 मेगाबाइट के समान होता है। इसे सामान्यत: 1000^3 बाइट्स या 1024^3 बाइट्स के रूप में प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, यह इन्फॉर्मेशन की एक इकाई है जिसका प्रयोग स्टोरेज कैपेसिटी या कम्प्यूटर मेमोरी का निर्धारण करने के लिए किया जाता है।

234. (1) वीडीयू से तात्पर्य विजुअल डिस्प्ले यूनिट से है। यह कम्प्यूटर या अन्य इलेक्ट्रोनिक डिवाइस से निर्मित इमेजों को डिस्प्ले करता है। वीडीयू शब्द का प्रयोग प्राय: समानार्थी रूप से "मॉनीटर" के साथ किया जाता है, लेकिन इसे दूसरे प्रकार के डिस्प्ले, जैसे डिजिटल प्रोजेक्टर के लिए भी निर्दिष्ट किया जा सकता है। पूर्वकालिक वीडीयू मुख्यत: कैथोड रे ट्यूब (CRT) डिस्प्ले थे।

235. (3) वर्ड प्रोसेसर एक इलेक्ट्रोनिक डिवाइस या कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन है, जो डॉक्यूमेंट की कम्पोजिंग, एडिटिंग, फॉर्मेटिंग और प्रिंटिंग से संबंधित कार्यों को निष्पादित करता है। एमएस वर्ड, वर्ड परफेक्ट और वर्ड स्टार इसके कुछ उदाहरण हैं। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित माइक्रोसॉफ्ट एक्सल एक स्प्रेडशीट है जो कैल्क्युलेशन, ग्राफिंग टूल्स, पिवॉट टेबल्स की विशेषताओं से युक्त है।

236. (1) कम्प्यूटर की मेन मेमोरी को रैम (रैंडम एक्सेस मेमोरी) के नाम से भी जाना जाता है। इसे इंटिग्रेटेड सर्किट से निर्मित किया जाता है और इसकी इन्फॉर्मेशन को मेनटेन करने के क्रम में इलेक्ट्रिकल पॉवर (विद्युत शक्ति) की आवश्यकता होती है। यह वॉलैटाइल प्रकार की एक मेमोरी है अर्थात् विद्युत आपूर्ति न होने पर, इसकी इन्फॉर्मेशन भी समाप्त हो जाती है। इसे प्रत्यक्षत: सीपीयू द्वारा एक्सेस किया जा सकता है।

237. (2) बिट बाइनरी डिजिट का मिश्रित रूप है। यह इन्फॉर्मेशन की मूलभूत इकाई है जिसका प्रयोग कम्प्यूटर और डिजिटल कम्यूनिकेशन में किया जाता है। बिट की सिंगल बाइनरी वैल्यू 0 या 1 होती है। यद्यपि कम्प्यूटर प्राय: इंस्ट्रक्शंस प्रोवाइड करते हैं जिससे बिट्स को मैनिपुलेट और टेस्ट किया जा सकता है, बिट मल्टीपल्स में इन्हें सामान्यत: डाटा स्टोर करने और इंस्ट्रक्शंस को एग्जिक्यूट करने हेतु निर्दिष्ट किया जाता है जिसे बाइट्स कहते हैं।

238. (4) विंडो के टॉप पर विद्यमान हॉरिजोन्टल बार एक टाइटल बार है, जिसमें प्रोग्राम और विशिष्ट रूप से वर्तमान में एक्टिव डॉक्यूमेंट का नाम सम्मिलित होता है। उदाहरण के लिए, नीचे दी गई तस्वीर में टाइटल बार वर्तमान में एडिट किए गए प्रोग्राम (टेक्स्टपैड) और डॉक्यूमेंट (डॉक्यूमेंट 1) का नाम डिस्प्ले करता है।

239. (4) बुलियन अल्जेब्रा, बाइनरी लॉजिक का एक भाग है जो लॉजिक ऑपरेशंस के द्वारा बाइनरी वेरिअबल्स की प्रोसेसिंग का वर्णन करने हेतु बीजगणितीय (अल्जेब्रेइक) अभिव्यंजनाओं का प्रयोग करता है। इसे निम्नलिखित ऑपरेटर्स : AND, OR, NOT के समूह के साथ, शून्य और एक (गलत और सही) की वैल्यू पर बन्द डिडक्टिव मैथेमेटिकल सिस्टम के रूप में परिभाषित किया जाता है।

ऑपरेटर	प्रिसीडेन्स	असोसिएटिविटी	ऑपरेटर का प्रकार
NOT	1	दायें से बायें	बाइनरी
AND	2	बायें से दायें	बाइनरी
OR3		बायें से दायें	यूनरी

240. (2) इनपुट वह डाटा और इंस्ट्रक्शन है जिसे कम्प्यूटर की मेमोरी में एंटर किया जाता है। डाटा (अनप्रोसेस्ड टेक्स्ट, नम्बर्स, इमेज, ऑडियो और वीडियो के संग्रह) को एक बार मेमोरी में एंटर करने के बाद कम्प्यूटर डाटा को इन्फॉर्मेशन में परिवर्तित करने की प्रक्रिया से संबंधित निर्देशों को निष्पादित करता है और उसकी व्याख्या करता है।

241. (2) लाइनक्स यूनिक्स के समान एक कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम है जिसे मॉडल ऑफ फ्री एंड ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर के अंतर्गत विकसित और वितरित किया गया है। लाइनक्स सभी जनरल-पर्पस ऑपरेटिंग सिस्टम का सबसे बड़ा इंस्टॉल्ड बेस है। यह सर्वरों और अन्य बड़े आयरन सिस्टम जैसे मेनफ्रेम कम्प्यूटर पर भी प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम है।

242. (4) मदरबोर्ड (इसे कभी-कभी वैकल्पिक रूप से मेनबोर्ड, सिस्टम बोर्ड, बेसबोर्ड, प्लानर बोर्ड या लॉजिक बोर्ड के रूप में जाना जाता है) मेन प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (PCB) है जो सामान्य उद्देश्य के लिए प्रयुक्त होने वाले माइक्रोकम्प्यूटर और अन्य एक्सपैन्डेबल सिस्टम में पाया जाता है। यह

सिस्टम के कई महत्त्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक घटकों, जैसे सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) और मेमोरी के मध्य संचार की अनुमति देता है और उन्हें नियंत्रित करता है, तथा अन्य पेरिफेरल्स के लिए कनेक्टर प्रोवाइड करता है।

243. (2) C++ एक जनरल-पर्पज प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है। यह लैंग्वेज इम्पेरेटिव ऑब्जेक्ट- ऑरिएंटेड और जेनेरिक प्रोग्रामिंग फीचर्स से युक्त है, यह लो-लेवल मेमोरी परिचालन के लिए सुविधा भी प्रदान करती है। इसकी परफॉर्मेन्स, इफिशिएन्सी और फ्लेक्सिबिलिटी यूज के रूप में इसके डिजाइन पर विशेष बल देते हुए, इसे सिस्टम प्रोग्रामिंग, इम्बेडेड रिसोर्स कन्स्ट्रेनड और बड़े सिस्टम के प्रति झुकाव के साथ डिजाइन किया गया था।

244. (1) शब्द बिटमैप का अर्थ है बिट्स का मानचित्र या विशिष्टत: 'बिट्स के ऐरे का स्थानिक मानचित्र'। बिटमैप इमेज विभिन्न रंगीन पिक्सल का प्रयोग करता है, जो इमेज को डिस्प्ले करने के क्रम में व्यवस्थित होते हैं। .png, .psd, .jpg, .gif, .tif, या .bmp इत्यादि बिटमैप इमेज के उदाहरणों में शामिल हैं।

245. (4) कम्प्यूटर के क्षेत्र में, मोडिफायर की कम्प्यूटर कीबोर्ड पर एक स्पेशल की (या कॉम्बिनेशन) है जो एक साथ प्रेस किए जाने पर दूसरी की के सामान्य कार्यों को अस्थायी रूप से संशोधित करती है। Ctrl, Shift और Alt मोडिफायर कीज हैं। प्राय: मोडिफायर की अकेले कुछ नहीं करती।

246. (2) CAD से तात्पर्य कम्प्यूटर-ऐडेड डिजाइन से है। यह डिजाइन क्रिएट करने, परिवर्तित करने, विश्लेषण करने या इष्टतमीकरण (Optimization) में सहायता करने हेतु कम्प्यूटर सिस्टम का प्रयोग है। डिजाइनर की उत्पादकता में वृद्धि, डिजाइन की क्वालिटी में सुधार करने, प्रलेखन के द्वारा सम्प्रेषण में सुधार करने और निर्माण के लिए डाटाबेस क्रिएट करने हेतु सीएडी सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है।

247. (1) JPEG से अभिप्राय जॉइन्ट फोटोग्राफिक एक्सपर्ट्स ग्रुप से है। यह विशेषज्ञों का एक ISO/IEC समूह है जो कम्प्यूटर इमेज फाइलों के लिए कम्प्रेशन ऐल्गॉरिदम सेट के मानकों को सम्पोषित और विकसित करता है। यह किसी ग्राफिक इमेज फाइल के लिए एक विशिष्ट शब्द भी है जिसे जेपीईजी मानक के प्रयोग से निर्मित किया गया है। ग्राफिक इंटरचेंज फॉर्मेट (GIF) और पोर्टेबल नेटवर्क ग्राफिक्स (PNG) फाइल फॉर्मेट्स के साथ जेपीईजी वर्ल्ड वाइड वेब पर इमेज फाइल फॉर्मेट को सपोर्ट करने वाले ग्रुप में से एक है।

248. (3) आईएसडीएन से तात्पर्य इंटिग्रेटेड सर्विसेज डिजिटल नेटवर्क से है। यह पब्लिक स्विचड टेलीफोन नेटवर्क के परंपरागत सर्किट्स के ऊपर वॉइस, वीडियो, डाटा और अन्य नेटवर्क सेवाओं का एक साथ डिजिटल ट्रांसमिशन के लिए संचार मानकों का एक समूह है। आईएसडीएन की मुख्य विशेषता है कि यह समान लाइनों पर स्पीच और डाटा को एकीकृत करता है, यह विशेषता क्लासिक टेलीफोन सिस्टम में उपलब्ध नहीं है।

249. (1) इनपुट डिवाइस एक हार्डवेयर डिवाइस है जो कम्प्यूटर को डाटा सेंड करता है और यूजर को कम्प्यूटर के साथ इंटरएक्ट करने और कम्प्यूटर को कंट्रोल करने की अनुमति देता है। MICR, OMR और बारकोड रीडर इनपुट डिवाइस के उदाहरण हैं। प्लॉटर प्रिंटर के समान एक कम्प्यूटर हार्डवेयर डिवाइस है जिसका प्रयोग प्रिंटिंग वेक्टर ग्राफिक्स के लिए किया जाता है। यह एक आउटपुट डिवाइस है।

250. (4) स्टैटिस्टिकल फंक्शन MAX (maxi-mum) वैल्यू की श्रेणी में सबसे बड़ा मान (वैल्यू) प्रदर्शित करता है। इसके विपरीत स्टैटिस्टिकल फंक्शन MIN (minimum) वैल्यू की श्रेणी में छोटी वैल्यू प्रदर्शित करता है। ये फंक्शन इस रूप में दिखाई देते हैं:

- MIN function = MIN (A3:A6)
- MAX function = MAX (A3:A6)

251. (3) एक्सल में, डाटा के एक समूह (सेट) से छोटी वैल्यू को रिटर्न करने के लिए MIN फंक्शन का प्रयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दौड़ में तीव्रतम समय, न्यूनतम तापमान या सबसे छोटी ब्रिकी संख्या। आग्युमेन्ट को कॉन्सटैन्ट के रूप में, सेल रेफरेन्स के रूप में या रेंज के रूप में प्रोवाइड किया जा सकता है, उदाहरण के लिए :

= MIN (5, 10)
= MIN (A1, A2, A3)
= MIN (A1:A10)

252. (2) ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर एक सॉफ्टवेयर है जो नि:शुल्क रूप से उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने, कॉपी करने, स्टडी करने और सॉफ्टवेयर में चेन्ज करने के लिए स्वतंत्र है। यह सॉफ्टवेयर प्रॉप्राइटरी सॉफ्टवेयर के विपरीत है, जहाँ सॉफ्टवेयर रिस्ट्रिक्टिव कॉपीराइट के अधीन होता है और सोर्स कोड प्राय: यूजर्स से छिपा रहता है।

253. (3) एक सामान्य उद्देश्य के अंतर्गत डाटा की एक विशाल संख्या के लिए वेरिएबल्स की एक बड़ी संख्या को प्रकट करने के बदले में हम एक विशिष्ट प्रकार के स्टोरेज मेकानिज्म का प्रयोग करते हैं जिसे ऐरे (Array) कहा जाता है। ऐरे एक डाटा संरचना है जिसे समान प्रकार वाले डाटा के रूप में संग्रह किया जा सकता हैं एक कॉमन नेम के अन्तर्गत लॉजिक्ली रिलेटेड डाटा वैल्यू के संग्रह हेतु ऐरे का प्रयोग किया जाता है।

254. (2) माइक्रोसाफ्ट एक्सेल में COUNT फंक्शन उन सेल्स कि गणना करता है जिसमें नंबर्स होते हैं और सूची के अंतर्गत नंबर्स की गिनती करता है। इसका उपयोग श्रेणी या सरणी में प्रविष्टि नम्बरों को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए हम श्रेणी क्षेत्र A1 से A20 तक के संख्याओं की गणना करने के लिए निम्न सूत्र दर्ज कर सकते हैं। COUNT (A1 : A1 20)

255. (*) यद्यपि कीबोर्ड पर कीज की संख्या को निर्देशित करने वाला कोई नियम नहीं है, फिर भी अधिकांश कंपनियाँ वास्तविक मानक के रूप में पीसी कीबोर्ड के साथ 104 कीज का प्रयोग करती हैं। अमेरिकी परंपरागत कीबोर्ड में 101 कीज, जबकि विंडोज कीबोर्ड में 104 कीज होती हैं। सामान्य शब्दों में, कीज की संख्या 80 से 110 के बीच हो सकती है, यह कम्प्यूटर हार्डवेयर और उसके लिए डिजाइन किए गए कीबोर्ड के प्रकार पर निर्भर करता है। लैपटॉप और नेटबुक कम्प्यूटर में सामान्यत: कम कीज होती हैं। मुख्यत: कोरिया, जापान और ब्राजील के कीबोर्ड विन्यास में कीज की संख्या 104 से अधिक हो सकती है।

आईबीएम/पीसी कीबोर्ड

⇒ ऑरिजिनल आईबीएम पीसी कीबोर्ड (1981) - 83 कीज
⇒ अपडेटेड आईबीएम पीसी कीबोर्ड (1984) - 84 कीज
⇒ एटी कीबोर्ड - 84 कीज
⇒ एटी इन्हान्स्ड कीबोर्ड - 101 कीज
⇒ यूएस ट्रेडिशनल कीबोर्ड - 101 कीज
⇒ इन्हान्स्ड यूरोपियन कीबोर्ड - 102 कीज
⇒ विंडोज कीबोर्ड - 104 कीज
⇒ विंडोज-बेस्ड लैपटॉप कीबोर्ड - 86 कीज

एप्पल कीबोर्ड

⇒ एप्पल कीबोर्ड विद न्यूमेरिक कीपैड - 109 कीज
⇒ एप्पल वायरलेस कीबोर्ड - 78 कीज
⇒ एप्पल मैकबुक एयर लैपटॉप - 78 कीज

256. (4) कम्प्यूटर के संदर्भ में एक बिट (जो बाइनरी डिजिट का संक्षिप्त रूप है) डाटा की सबसे छोटी इकाई है। एक बाइट में 8 बिट होते हैं। एक किलोबाइट (KB) में 1024 बाइट, एक मेगाबाइट (MB) में 1024

किलोबाइट, एक गीगाबाइट में 1024 मेगाबाइट, जबकि एक टेराबाइट में 1024 गीगाबाइट होते हैं।

1024 बाइट = 1 KB

1024 KB = 1 MB

1024 MB = 1 GB

1024 GB = 1 TB

1024 TB = 1 PB

KB = किलोबाइट

MB = मेगाबाइट

GB = गीगाबाइट

TB = टेराबाइट

PB = पेटाबाइट

257. (1) डाटा वेयरहाउस प्रबंधन के निर्णय लेने की प्रक्रिया के समर्थन में एक सब्जेक्ट- ओरिएंटेड, एकीकृत, समय-परिवर्ती और डाटा का स्थिर संग्रह है। इसका प्रयोग एक विशिष्ट सब्जेक्ट एरिया (विषय क्षेत्र) का विश्लेषण करने हेतु किया जा सकता है। उदाहरण के लिए "बिक्री" एक विशिष्ट विषय हो सकता है।

258. (3) कम्प्यूटर के क्षेत्र में, हैकर एक कुशल कम्प्यूटर विशेषज्ञ होता है जो जटिल समस्या के समाधान के लिए अपने तकनीकी ज्ञान का प्रयोग करता है। "हैकर" का प्रयोग किसी कुशल कम्प्यूटर प्रोग्रामर के लिए किया जा सकता है, हालांकि यह शब्द मुख्यत: "सिक्युरिटी हैकर" से सम्बद्ध है, कुछ हैकर अपने तकनीकी ज्ञान से बग्स का प्रयोग करते हैं या कम्प्यूटर सिस्टम में सेंध लगाने का प्रयास करते हैं।

259. (3) कंप्यूटर भंडारण और स्मृति (RAM) को अक्सर मेगाबाइट्स (एमबी) और गीगाबाइट्स (जीबी) में मापा जाता है। 1 जीबी 1024 किलोबाइट या 1,048,576 (1024 × 1024) बाइट्स है। इसी तरह, 1 जीबी 1,024 एमबी या 1,073,714,824 (1024 × 1024 × 1024) बाइट्स हैं।

260. (3) बाइनरी सिस्टम का उपयोग लगभग सभी आधुनिक कंप्यूटरों और कंप्यूटर आधारित उपकरणों द्वारा किया जाता है। इसमें केवल दो अंक '0' और '1' प्रयुक्त होते हैं, जिसका आधार (base) 2 होता है। सभी कंप्यूटर भाषा और प्रोग्रामिंग डिजिटल एन्कोडिंग में प्रयुक्त 2-अंकीय संख्या प्रणाली पर आ रित है।

261. (*) 1991 में जारी PARAM8000 को भारत का पहला सुपर कम्प्यूटर माना जाता है। इसे स्वदेशी तकनीक के द्वारा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (CDAC) द्वारा निर्मित किया गया था और 1991 में आईसीएडी मास्को में प्रतिवलित और इंस्टॉल किया गया था। उस समय समानांतर प्रोसेसिंग के लिए इसमें नये और प्रवर्तित माइक्रोप्रोसेसर आर्किटेक्चर, इनमॉस T800 ट्रांसप्यूटर्स का प्रयोग किया गया था।

262. (3) C, C++ और जावा प्रोग्रामिंग लैंग्विज के उदाहरण हैं। फ्रंटलाइन अंग्रेजी भाषा की एक पाक्षिक पत्रिका है जिसे द हिन्दू ग्रुप ऑफ पब्लिकेशन्स द्वारा चेन्नई से प्रकाशित किया जाता है। सामयिक विषयों की पत्रिका के रूप में यह पत्रिका राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचारों को कवर करती है।

263. (3) वेब ब्राउजर (सामान्यत: इसे ब्राउजर के रूप में जाना जाता है) वर्ल्ड वाइड वेब पर इन्फॉर्मेशन रिर्सोसेज को प्राप्त करने, प्रस्तुत करने और बाधा डालने के लिए प्रयुक्त होने वाला एक सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन है। क्रोम, एज (इंटरनेट एक्सप्लोरर द्वारा शुरू किया गया), सफारी, ओपेरा और फायरफॉक्स लोकप्रिय वेब ब्राउजर्स हैं।

264. (1) कंप्यूटर नेटवर्किंग में, मल्टीकास्ट एक समूह संचार होता है जहाँ डेटा ट्रांसमिशन गंतव्य कंप्यूटर के समूह को एक साथ संबोधित करता है। मल्टीकास्ट एक-से-कई या कई-से-कई वितरण हो सकते हैं। मल्टीकास्टिंग यूनिकास्टिंग के विपरीत है, जो एक प्रेषक और एक रिसीवर के बीच संचार है।

265. (3) एक टच पैड कंप्यूटर डिस्प्ले स्क्रीन पर पॉइंटिंग (इनपुट पोजीशनिंग को नियंत्रित करने) के लिए एक लोकेटर डिवाइस है। यह माउस का एक विकल्प है। मॉनिटर्स, जिन्हें आमतौर पर विजुअल डिस्प्ले यूनिट (वीडीयू) कहा जाता है, कंप्यूटर का मुख्य आउटपुट डिवाइस हैं। माइक्रोफोन ध्वनि इनपुट डिवाइस हैं, जिसे डिजिटल रूप में संग्रहीत किया जाता है।

266. (2) एक मल्टीप्रोसेसर दो या अधिक सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट्स (सीपीयू) के साथ एक कंप्यूटर सिस्टम है। यह प्रत्येक आम मेमोरी के साथ-साथ बाह्य उपकरणों के साथ भी जुड़ा होता है। यह कार्यक्रमों के प्रसंस्करण में एक साथ मदद करता है। एक मल्टीप्रोसेसर का उपयोग करने का प्रमुख उद्देश्य सिस्टम की निष्पादन गति, दोष सहिष्णुता और अनुप्रयोग मिलान को बढ़ावा देना है।

267. (1) एसएमपीएस स्विच्ड-मोड पॉवर सप्लाई के लिए है। यह एक इलेक्ट्रॉनिक पॉवर की आपूर्ति है जो विद्युत शक्ति को कुशलतापूर्वक रूपांतरित करने के लिए स्विचिंग नियामक को शामिल करता है। अन्य बिजली की आपूर्ति की तरह, एसएमपीएस एक डीसी या एसी स्रोत से डीसी भार को, जैसे कि एक व्यक्तिगत कंप्यूटर, वोल्टेज और वर्तमान विशेषताओं को परिवर्तित करते हुए पॉवर स्थानांतरित करता है।

268. (3) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर का एक प्रकार है जो प्रत्येक चरित्र को डॉट्स से सरणी बनाता है। यह आमतौर पर यांत्रिक प्रभाव से स्याही को स्थानांतरित करते हैं। यह एक सीरियल प्रिंटर हो सकता है, इससे एक समय में एक अक्षर छपाई, या एक लाइन प्रिंटर हो सकता है। इन प्रिंटरों को आमतौर पर पुराना माना जाता है, क्योंकि ये उच्च गुणवत्ता के प्रिंट नहीं बना सकते हैं और साथ ही साथ महँगे भी हैं।

269. (4) माध्यमिक भंडारण उपकरणों को मुख्य रूप से भंडारण उपकरणों के लिए जाना जाता है जो कम्प्यूटर के प्राथमिक भंडारण, रैम और कैश मेमोरी के अतिरिक्त कार्य करते हैं। इन उदाहरणों में हार्ड ड्राइव, सीडी और डीवीडी, और फ्लैश ड्राइव है। ये अंकगणितीय, तार्किक और फेंच निष्पादन कार्यों को नहीं कर सकते हैं।

270. (4) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सुइट में शामिल एक स्प्रेडशीट प्रोग्राम है। स्प्रेडशीट्स पंक्तियों और स्तंभों में मूल और जटिल दोनों अंकगणितीय ऑपरेशनों का उपयोग करके व्यवस्थित मानों के साथ गणितीय रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) एक ऐसा सॉफ्टवेयर होता है जो उपयोगकर्ता को कम्प्यूटिंग उपकरण पर अन्य अनुप्रयोग चलाने की अनुमति देता है। ओएस के उदाहरणों में एंडॉयड, आईओएस, मैक ओएस एक्स, माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और लिनक्स शामिल हैं।

271. (3) बेसिक इनपुट आउटपुट सिस्टम के लिए प्रयुक्त संक्षिप्त शब्द BIOS एक गैर-परिवर्तनीय फर्मवेयर है जो मदरबोर्ड पर एक छोटी सी मेमोरी चिप पर सॉफ्टवेयर का संग्रहण है। बीआईओएस (BIOS) फर्मवेयर नॉन वोलैटाइल है जिसका अर्थ है कि इसकी सेटिंग सुरक्षित है और यहाँ तक की अगर डिवाइस से पॉवर को हटा लिया जाए तब भी इसे पुन: प्राप्त किया जा सकता है।

272. (3) रीड-ओनली मेमोरी (रोम) पर्सनल कम्प्यूटर (पीसी) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर भंडारण माध्यम का एक प्रकार है। क्योंकि रोम (ROM) केवल-पढ़ने के लिए है, इसे बदला नहीं जा सकता, यह स्थायी और नॉन-वेलैटाइल है, जिसका अर्थ है इसमें अपनी स्मृति होती है। इसके विपरीत, यादृच्छिक अभिगम स्मृति (RAM) अस्थिर है, जब बिजली हटा दी जाती है तो यह खो जाता है।

273. (2) पूर्ण ड्यूप्लेक्स डेटा ट्रांसमिशन का अर्थ है कि एक ही समय में सिग्नल कैरियर पर दोनों दिशाओं में डेटा संचारित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, पूर्ण ड्यूप्लेक्स संचरण वाली तकनीक वाले स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क पर, एक वर्कस्टेशन लाइन पर डेटा भेज सकता है, जबकि एक अन्य वर्कस्टेशन डेटा प्राप्त कर रहा होता है।

274. (3) ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) एक प्रोग्राम है जो कम्प्यूटर में अन्य सभी कार्यक्रमों का प्रबंधन करता है। ओएस के उदाहरणों में एंड्रोइड, आईओएस, मैक ओएस एक्स, माइक्रोसॉफ्ट विंडोज, लिनक्स, यूनिक्स और उबंटू शामिल हैं।

275. (4) एक लॉजिक गेट डिजिटल सर्किट का एक प्राथमिक बिल्डिंग ब्लॉक है। अधिकांश लॉजिक गेट में दो इनपुट और एक आउटपुट होते हैं। सात बुनियादी लॉजिक गेट हैं : AND, OR, XOR, NAND, NOR, AND, XNOR.

276. (2) इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) सिलिकॉन का बना एक अत्यंत विश्वसनीय सर्किट होता है। सामान्यत: आईसी, अर्द्धचालक युक्तियों की एक ऐसी व्यवस्था होती है जो विशेष प्रकार का कार्य कर सकती है, जैसे स्विच का कार्य, टाइमर का कार्य आदि। इनमें प्राय: एक ही क्रिस्टल चिप होती है जिसका आकार 1.5 मिमी^{2} के लगभग होता है। इसमें विभिन्न प्रकार के ऐक्टिव तथा पैसिव परिपथ तथा उनके विभिन्न संयोग (combination) बने होते हैं।

277. (3) कम्प्यूटर का केन्द्रीय प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) कम्प्यूटर प्रोग्राम के निर्देशों को पूरा करने वाला हार्डवेयर का एक भाग है। यह एक कम्प्यूटर सिस्टम के बुनियादी अंकगणितीय, तार्किक यूनिट और इनपुट/ आउटपुट संचालन करता है। एक विशिष्ट सीपीयू में कई घटक होते हैं, अंकगणितीय तर्क इकाई (एएलयू) है, जो सरल अंकगणित और तार्किक संचालन करता है।

278. (3) डाटा स्ट्रक्चर डाटा को संगठित करने और संगृहीत करने के लिए एक विशिष्ट फॉर्मेट है। सामान्यत: डाटा स्ट्रक्चर में ऐरे, फाइल, रिकॉर्ड, टेबल, ट्री और अन्य को शामिल किया जाता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में, विभिन्न ऐलगोरिदम के साथ इस पर कार्य करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए डाटा को स्टोर करने हेतु डाटा स्ट्रक्चर को चयनित या निर्दिष्ट किया जा सकता है।

(3) जीव पारिस्थितिकी (4) शरीररचना-विज्ञान
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014 प्रथम पाली)

32. आई वी एफ (पात्रे निषेचन) तकनीक का सबसे पहले इनके द्वारा आविष्कार किया गया :
(1) पैट्रिक स्टेप्टो और रॉबर्ट एडवर्ड्स
(2) डॉ. हेनरी डिक्सन
(3) रॉबर्टसन
(4) डॉ. मार्टिन कूपर
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014)

33. कांटेक्ट लेंस का आविष्कार किसने किया?
(1) एर्निको फेर्मी
(2) एडॉल्फ गैस्टन यूजेन फिक
(3) सैंडफोर्ड फ्लेमिंग
(4) बेनोईट फोर्नीरोन
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–21.01.2017, द्वितीय पाली)

34. यूनिवर्सल मानक समय का आविष्कार किसने किया?
(1) एनरिको फर्मी
(2) एडॉल्फ गैस्टन यूजेन फिक
(3) सैंडफोर्ड फ्लेमिंग
(4) बेनोइट फोर्नीरोन
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–22.01.2017, तृतीय पाली)

35. एयरबैग का आविष्कार किसने किया ?
(1) राइट बंधु (2) रेनोल्ड बी. जॉनसन
(3) ऐसन जोर्डनॉफ (4) केन कुटारागी
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–30.01.2017, तृतीय पाली)

36. गति का अध्ययन कहलाता है :
(1) काइनैटिक्स् (2) काइनेमैटिक्स्
(3) मैकेनिक्स् (4) नॉटिक्स्
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

37. वह यंत्र जो अत्यधिक तापक्रम मापता है कहलाता है:
(1) पायरोमीटर (2) पायरोस्कोप
(3) पायरैनोमीटर (4) पायक्नोमीटर
(बिहार SSC CGL मुख्य परीक्षा 27.01.2013)

38. जीवाणुभोजी किसके द्वारा खोजा गया था?
(1) फेलिक्स डी हेरेल और फ्रेडेरिक ट्वोर्ट
(2) क्लूयवेर और निएल
(3) पॉल ऐहर्लिच
(4) बुरिल और स्मिथ
(SSC CAPFs SI, CISF ASI तथा दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 22.06.2014)

39. मर्मिकोलॉजी किसका अध्ययन है?
(1) कीट (2) चींटियों
(3) क्रस्टेशियाई (4) आर्थ्रोपॉड्स
(SSC (CGL) Tier-I परीक्षा 19.10.2014, TF No.-022 MH3, प्रथम पाली)
(SSC CPO SI & ASI ऑनलाइन परीक्षा-06.06.2016 द्वितीय पाली)

40. बिजली के बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
(1) थॉमस मोर
(2) थॉमस अल्वा एडीसन
(3) जेम्स वॉट
(4) इनमें से कोई नहीं
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 333 LO 2, प्रथम पाली)

41. ..... यंत्र कंपन करती हुई तार के नियमों का अध्ययन करने के लिए इस्तेमाल होता है।
(1) द्रवघनत्वमापी (2) सोनोमीटर
(3) रक्तदाबमापी (4) विद्युतमापी
(SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा–02.07.2017, प्रथम पाली)

42. 'सहलग्नता' की खोज किसने की थी ?
(1) ब्लैकस्ली (2) मार्गन
(3) म्यूलर (4) बैटेसन
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

43. वायुमंडलीय घटना के अध्ययन को क्या कहा जाता है ?
(1) फलित-ज्योतिष (2) मौसम विज्ञान
(3) भूकम्प विज्ञान (4) खगोल विज्ञान
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 16.11.2014, TF No. 545 QP 6, पटना क्षेत्र : द्वितीय पाली)

44. प्रतिरक्षण तकनीक का विकास किसने किया था ?
(1) जोसेफ लिस्टर (2) लुई पास्चर
(3) एडवर्ड जेंनर (4) रॉबर्ट कोच
(SSC CAPFs SI, CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 21.06.2015, TF No. 8037731 प्रथम पाली)

45. विद्युत धारा का मापन निम्नलिखित में से किस उपकरण का प्रयोग करके किया जाता है ?
(1) एमीटर (2) वोल्टमीटर
(3) एनीमोमीटर (4) वॉटमीटर
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

46. प्रथम ऐंन्टीबायोटिक की खोज किसने की थी ?
(1) डब्लू फ्लेमिंग (2) सी वाक्समैन
(3) लुईस पास्चर (4) ऐ फ्लेमिंग
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)

47. इसकी खोज के कारण वाक्समैन को नोबेल पुरस्कार दिया गया :
(1) स्ट्रेप्टोमाइसिन (2) क्लोरोमाइसिटिन
(3) निओमाइसिन (4) पेनिसिलीन
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 4239378)

48. निम्नलिखित में से किसने 'कालमापी' का आविष्कार किया?
(1) जॉन हैरिसन (2) विलियम हार्वे
(3) फ्राइज़ ग्रीन (4) रॉबर्ट कोच
(SSC CAPFs दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा-02.07.2017, प्रथम पाली)

49. प्रतिवर्ती प्रतिलिपि की खोज किसके द्वारा हुई:
(1) बीडल तथा टैटम
(2) वाटसन तथा क्रिक
(3) टेमिन तथा बाल्टीमोर
(4) हर गोविन्द खुराना
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279)
(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 2176783)

50. निम्नलिखित में से किसे 'औषधि विज्ञान का जनक' माना जाता है ?
(1) डार्विन (2) हिप्पोक्रेटस
(3) हेकेल (4) एडवर्ड जेनर
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा-05.07.2017, प्रथम पाली)

51. निम्नलिखित में से किसने 'प्राकृतिक चयन का सिद्धांत' दिया था ?
(1) रिक्टर (2) लेमार्क
(3) डार्विन (4) रेडी
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा-05.07.2017, प्रथम पाली)

52. पारद थर्मामीटर का आविष्कार किसने किया था?
(1) फॉरेनहाइट (2) न्यूटन
(3) गैलीलियो (4) प्रीस्टले
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

53. होम्योपैथी के संस्थापक कौन हैं?
(1) वॉक्समैन (2) लैनेक
(3) हैनीमैन (4) डोमैक
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

54. निम्नतम तापमान किसके द्वारा मापा जाता है?
(1) अधिकतम पठन थर्मामीटर
(2) निम्नतम पठन थर्मामीटर
(3) पारद-थर्मामीटर
(4) एल्कोहल थर्मामीटर
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

55. टेलीविजन का आविष्कार किसने किया था?
(1) आर.ए. मिल्लीकन
(2) लुई ब्रेल
(3) लॉरेंस
(4) जे.एल. बेयर्ड
(SSC (10+2) LDC/DEO/PA/SA परीक्षा 01.11.2015, TF No. 1098066)

56. शैवाल विज्ञान किसका अध्ययन है?
(1) जीवाणु (2) शैवाल
(3) कवक (4) लाइकेन
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

57. सेफ्टी रेजर का आविष्कार किसने किया?
(1) जिलेट (2) स्टीव चेर
(3) स्टीव जोब (4) लार स्ट्रॉस
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

58. 'जीन' शब्द को गढ़ने से संबद्ध व्यक्ति का नाम बताइए?
(1) वालडेयर (2) मेंडेल
(3) जोहानसेन (4) मॉर्गन
(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

59. विद्युत और चुम्बकत्व के बीच लिंक की खोज किसने की थी?
(1) वोल्टा (2) मैक्सवेल
(3) डीजल (4) माइकल फैराडे
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 15.11.2015 TF NO. 7203752, द्वितीय पाली)

60. ऐरेनियोलॉजी किसका अध्ययन है?
(1) मक्खी पालन
(2) माहूँ (aphids)का अध्ययन
(3) बरुथी (mites) का अध्ययन
(4) मकड़ो (spiders) का अध्ययन
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 1375232, प्रथम पाली)

61. क्षेत्रमापी (planimeter)का प्रयोग किसके मापन के लिए किया जाता है?
(1) क्षेत्र की ऊँचाई (2) दिशा
(3) सड़क की दूरी (4) क्षेत्रफल
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 1375232, प्रथम पाली)

62. गैस इंजन का आविष्कार किसने किया था?
(1) चार्ल्स (2) डेवी
(3) डैम्लर (4) डीजल
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 1375232, प्रथम पाली)

63. वृक्ष संवर्धन किसका अध्ययन है?
(1) वृक्षों एवं वनस्पति की खेती
(2) बागवानी कला
(3) पादप जीवन का विज्ञान
(4) फसल उगाने की कला
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 1375232, प्रथम पाली)

64. वेंटुरीमीटर का प्रयोग किसके मापन के लिए किया जाता है?
(1) तरल के प्रवाह की दर
(2) तरल दाब (3) पृष्ठीय तनाव
(4) तरल घनत्व
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 06.12.2015 TF NO. 1375232, प्रथम पाली)

65. मोबाइल फोन का आविष्कार किसने किया था?
(1) टिम बर्नर्स - ली
(2) रेमंड सैमुअल टॉमलिन्सन
(3) चक हुल
(4) मार्टिन कूपर
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली)

66. सिस्मोग्राफी किसका विज्ञान है?
(1) नदियाँ (2) भूकंप
(3) ज्वालामुखी (4) पर्वत
(SSC CHSL (10+2) LDC, DEO एवं PA/SA परीक्षा 20.12.2015, TF No. 9692918, प्रथम पाली)
(SSC CPO SI & ASI ऑनलाइन परीक्षा-06.06.2016 द्वितीय पाली)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-08.09.2016, Shift-II)

67. लाइसीमीटर निम्नलिखित में से किसका अनुमान लगाने में सहायक होता है?
(1) वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन (2) सापेक्ष आर्द्रता
(3) वाष्प दाब (4) वायु की दिशा
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

68. अवरक्त विकिरणों का पता किससे लगाया जाता है?
(1) उत्तापमापी (पाइरोमीटर)
(2) नैनोमीटर (3) फोटोमीटर
(4) स्पेक्ट्रोमीटर
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

69. 'क्रायोजेनिक्स' किसका अध्ययन है?
(1) उच्च तापमान (2) अतिचालक
(3) ईंधन उत्पादन (4) न्यून तापमान
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

70. 'एन्टोमोलॉजी' एक विज्ञान है जिसमें निम्नलिखित में से किसका अध्ययन किया जाता है?
(1) मानव व्यवहारों का
(2) चट्टानों के बनने का
(3) कीटों का
(4) इनमें से कोई नहीं
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

71. 'वर्ल्ड वाइड वेब' का आविष्कार किसने किया?
(1) टिम बर्नर्स-ली (2) मार्टिन कूपर
(3) आर. सैम्यूल टॉमलिन्सन
(4) चार्ल्स बैबेज
(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

72. निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) 1839 में एडवर्ड साइमन ने पॉलिस्टाइरीन की खोज की थी
(2) इसका प्रयोग प्लास्टिक और सीडी बक्सों के लिए किया जाता है।
(3) ये प्राकृतिक तरीके से सड़नशील नहीं है
(4) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं।
(SSC CPO, SI, ASI ऑनलाइन परीक्षा-05.06.2016 द्वितीय पाली)

73. निम्न में से किस वैज्ञानिक ने 'mesotron' का नाम 'meson' दिया ?
(1) हंस एडॉल्फ क्रेब्स
(2) कार्ल डेविड एंडरसन
(3) डॉ होमी जहांगीर भाभा
(4) विलियम बुएह्लेर
(SSC CPO परीक्षा-06.06.2016 प्रथम पाली)

74. ऐनीमोमीटर किसका माप करता है?
(1) प्रकाश की गति
(2) वायु की गति
(3) जल धारा की गति
(4) उपग्रह की गति
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा-08.09.2016 प्रथम पाली)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

75. निम्न में से कौन सा मिट्टी का अध्ययन है ?
(1) मॅमिकोलॉजी (2) पेडोलॉजी
(3) ग्लेशियोलॉजी (4) कॉस्मोलॉजी
(SSC CPO SI & ASI ऑनलाइन परीक्षा-06.06.2016 द्वितीय पाली)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-10.09.2016, Shift-III)

76. कौन-सा उपकरण प्रकाश की तीव्रता को मापने के लिए प्रयोग किया जाता है?
(1) लक्स मीटर (2) कैलोरीमीटर
(3) एनिमोमीटर (4) अल्टीमीटर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-27.08.2016 द्वितीय पाली)

77. दूर से चमकते पिंड के तापमान को किस यंत्र से निर्धारित करते हैं?
(1) पारद थर्मामीटर
(2) गैस थर्मामीटर
(3) पायरोमीटर
(4) रंगीन थर्मामीटर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016 प्रथम पाली)

78. यूडियो मीटर किसका मापन करता है?
(1) वायुमंडलीय दाब (2) समय
(3) गैस का आयतन (4) वाष्प दाब
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 प्रथम पाली)

79. बैक्टीरिया की वृद्धि_____ के द्वारा मापी जाती है।
(1) हीमैसिटोमीटर (2) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
(3) कैलोरीमीटर (4) ऑक्सेनोमीटर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

80. जीवविज्ञान की वह शाखा जो विलुप्त सूक्ष्मजीवों का अध्ययन करती है, _____ कहलाती है।
(1) पैलीनोलॉजी (2) फिलोगेनी
(3) पुरावनस्पति विज्ञान (Palaeobotany)
(4) जीवाश्म विज्ञान (Palaentology)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-02.09.2016 द्वितीय पाली)

81. ब्यूफर्ट स्केल (पैमाना) से क्या मापा जाता है ?
(1) वायुमण्डलीय दाब (2) पर्वतों की ऊँचाई
(3) हवा की गति (4) भूकम्प की तीव्रता
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-03.09.2016 द्वितीय पाली)

82. निम्नलिखित में से कौन विद्युत तारलेखी का आविष्कारक हैं ?
(1) सैम्युयल एफ. बी. मोर्स
(2) विलियम ऑस्टिन बर्ट
(3) हैन्स लिप्पेर्शे
(4) विलियम स्टैनले
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI, CISF ASI परीक्षा-05.07.2017, प्रथम पाली)

83. 'कृषिशास्त्र' में किसको उन्नत किया जाता है?
(1) पौधों और पशुओं को
(2) फसल वाले पौधों को
(3) कृषि को
(4) केवल फलों के पौधों को
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-03.09.2016, Shift-III)

84. ऐतिहासिक लेखों का संरक्षण विज्ञान की किस शाखा के अंतर्गत आता हैं?
(1) प्रतिमा विज्ञान (2) मुद्रा शास्त्र
(3) म्यूजियोलॉजी (4) इपिग्राफी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-III)

85. सूर्य की फोटोग्राफी के लिए किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है?
(1) गैल्वेनोमीटर (2) पोटेंशियो मीटर
(3) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (4) स्पेक्ट्रो हीलियोग्राफ
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-III)

86. सेक्सटैन्ट उपकरण का प्रयोग किसमें होता है?
(1) स्त्रीरोग विज्ञान (2) नौ चालन
(3) जन्म नियन्त्रण (4) चिकित्सा उपचार
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-08.09.2016, Shift-III)

87. पर्वतों के अध्ययन को क्या कहते हैं?
(1) ओकोलॉजी
(2) अश्ममुद्रण (लिथोलॉजी)
(3) ओरोलॉजी
(4) ओरनिथोलॉजी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-11.09.2016, Shift-III)

88. आस-पास के वातावरण में पशुओं और पौधों के संबंध के अध्ययन को क्या कहते हैं?
(1) पारिस्थितिक विज्ञान (2) नृजाति विज्ञान
(3) वंशावली विज्ञान (4) प्रतिभाशास्त्र
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-03.09.2016, Shift-II)

89. स्फीग्मोमैनोमीटर दिए गए विकल्पों में से किसमें रक्त दाब को मापता है?
(1) शिराओं (2) धमनियों
(3) आँखों (4) श्लेषक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-04.09.2016, Shift-II)

90. मलेरिया फैलाने वाले रोगाणुओं की खोज किसने की थी?
(1) क्रिस्टियन बर्नार्ड
(2) चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन
(3) दिमित्री इवानोवस्की
(4) मार्टिनस विलियम बेइजरिंक
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 08.08.2017, प्रथम पाली)

91. डायनामाइट का अविष्कार किसने किया?
(1) जे.बी. डनलप (2) अल्फ्रेड नोबेल
(3) जेम्स सिमोन्स (4) पीटर हरग्रीव्ज
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 08.08.2017, द्वितीय पाली)

92. जकारियास जानसेन ने किसका आविष्कार किया था?
(1) जेट इंजन (2) रेडियम
(3) सूक्ष्मदर्शी (4) विद्युत लैम्प
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 09.08.2017, द्वितीय पाली)

93. जमे हुए भोजन की खोज किसने की थी?
(1) अल्फ्रेड नोबेल (2) क्लारेंस बर्ड्सआॅय
(3) फ्रैंक व्हिटल (4) इवेस मैकगेफी
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 09.08.2017, तृतीय पाली)

94. निम्नलिखित में सें किसका आविष्कार 'सर हम्फ्री डेवी' ने किया था?
(1) सेफ्टी पिन (2) भाप का इंजन
(3) सेफ्टी लैंप (4) एक्स-रे
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 10.08.2017, द्वितीय पाली)

95. नैदानिक (डाइग्नोस्टिक) अल्ट्रासाउंड की खोज किसने की?
(1) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (2) इयान डोनाल्ड
(3) ए. लैवेरन (4) रॉबर्ट कोच
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 11.08.2017)

96. सेंटीग्रेड माप (स्केल) का आविष्कारक कौन है?
(1) एन्डर्स सेल्सियस
(2) डैनियल गैब्रियल फारेनहाइट
(3) विलियम थॉमसन
(4) राइट ब्रदर्स
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 12.08.2017, तृतीय पाली)

97. पोटैशियम की खोज किसने की?
(1) हम्फ्री डेवी (2) एलन ट्यूरिंग
(3) बिल गेट्स (4) टिम बर्नर्स ली
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 18.08.2017, तृतीय पाली)

98. फोटोन की खोज किसने की?
(1) जॉर्ज क्रम (2) अल्बर्ट आइंस्टीन
(3) हेनरी कैवेन्डिश (4) हम्फ्री डेवी
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 19.08.2017, तृतीय पाली)

99. किसने पहला यांत्रिक कंप्यूटर बनाया जो भविष्य के कंप्यूटर के लिए प्रतिकृति सिद्ध हुआ?
(1) आर्किमिडीज (2) जॉन हैरिसन
(3) की लुन (4) चार्ल्स बैबेज
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 20.08.2017, तृतीय पाली)

100. जलरोधक रेनकोट का आविष्कार किसने किया?
(1) रॉबर्ट हुक (2) की लुन
(3) चार्ल्स मैकिन्टोश (4) विलियम हार्वे
(SSC CGL Tier–I CBE (परीक्षा) 21.08.2017)

101. मानव त्वचा का अध्ययन करने वाली विज्ञान की शाखा को क्या कहते हैं?
(1) टेरिडोलॉजी (2) स्किनोलॉजी
(3) डर्मेटोलॉजी (4) बायोफिजिक्स
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

102. "योग्यतम की उत्तरजीविता" का सिद्धांत निम्नलिखित में से किसने दिया?
(1) चार्ल्स डार्विन (2) अल्बर्ट आइंस्टीन
(3) ग्रेगर मेंडल (4) लैमार्क
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

103. "विद्युत प्रतिरोध का नियम" की खोज निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने की थी?
(1) चार्ल्स कूलम्ब
(2) जी. एस. ओम
(3) माइकल फैराडे
(4) कोई भी विकल्प सही नहीं है।
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

104. वर्ष 1942 में एनरीको फर्मी ने निम्नलिखित में से किसकी खोज की थी?
(1) परमाणु रिएक्टर
(2) एटम बम
(3) डायोड बल्ब
(4) कोई भी विकल्प सही नहीं है।
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

105. बेंजीन की खोज निम्नलिखित में से किसने की थी?
(1) जॉन डाल्टन (2) न्यूटन
(3) प्रिस्टले (4) माइकल फैराडे
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, द्वितीय पाली)

106. थॉमस अल्वा एडिसन ने बिजली के बल्ब की खोज की। एडिसन एक _____ थे
(1) ब्रिटिश वैज्ञानिक (2) अमेरिकी वैज्ञानिक
(3) फ्रांसीसी वैज्ञानिक (4) जर्मन वैज्ञानिक
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, द्वितीय पाली)

107. रेस्पिरोमीटर से क्या मापा जाता है?
(1) खाने का स्वाद और गुणवत्ता
(2) श्वसन की दर
(3) वाष्पीकरण प्रक्रिया
(4) कोई भी विकल्प सही नहीं है।
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 12.09.2017, प्रथम पाली)

108. सर सी.वी. रमण ने सन 1928 में ''रमण प्रभाव'' की खोज की, जिसका संबंध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से है?
(1) प्रकाशिकी (2) चुम्बकत्व
(3) ध्वनि (4) ऊष्मा
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 12.09.2017, प्रथम पाली)

109. निम्नलिखित में से किसने भाप का इंजन का आविष्कार किया था?
(1) एन्रीको फर्मी (2) जेम्स बॉयल
(3) मैसक बॉर्न (4) जेम्स वॉट
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा 16.09.2017, तृतीय पाली)

110. पहले सुरक्षा एलीवेटर का आविष्कार किसने किया?
(1) बिल गेट्स (2) इलिशा ओटिस
(3) पॉल एलन (4) डेव हयात
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा 17.09.2017, तृतीय पाली)

111. निम्नलिखित में से किसने डीजल इंजन का आविष्कार किया था?
(1) ओटिस (2) रुडोल्फ डीजल
(3) लैरी पेज (4) रेल लेइन्नेक
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा 18.09.2017, तृतीय पाली)

112. विद्युत मोटर का आविष्कार किसने किया?
(1) माइकल फैराडे (2) गुल्येल्मो मार्कोनी
(3) जेम्स वाट (4) आइजक न्यूटन
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI Paper-I परीक्षा–02.07.2017, द्वितीय पाली)

113. निम्नलिखित में से किसने 'इलेक्ट्रॉन' का आविष्कार किया था?
(1) आर्किमिडीज (2) रुआल आमुन्स
(3) जे. जे. थॉमसन (4) रूडॉल्फ डीजल
(SSC CAPFs ASI एवं दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (द्वितीय पाली) 03.07.2017)

114. विद्युत आवेश के संरक्षण का नियम का खोज किसने किया?
(1) माइकल फैराडे
(2) गुल्येल्मो मार्कोनी
(3) बेंजामिन फ्रैंकलिन
(4) आइजक न्यूटन
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (द्वितीय पाली) 05.07.2017)

115. ऐमीटर से क्या मापा जाता है?
(1) वोल्टेज (2) विद्युत धारा
(3) प्रतिरोधकता (4) चालकता
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (द्वितीय पाली) 06.07.2017)

116. सुरक्षित लिफ्ट का आविष्कार किसने किया था?
(1) रे टॉमलिंसन
(2) इलिशा ओटिस
(3) डॉ. रॉबर्ट जार्विक
(4) जोसेफ हेनरी
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI परीक्षा, (द्वितीय पाली) 06.07.2017)

117. लेजर का आविष्कार ..... ने किया था।
(1) ए. एच. टेलर (2) टी. एच. मैमन
(3) ली दे फॉरेस्ट (4) थॉमस एडिसन
(SSC CAPFs ASI व दिल्ली पुलिस SI ऑनलाइन परीक्षा, (प्रथम पाली) 07.07.2017)

118. अरुण ग्रह की खोज किसने की थी?
(1) विलियम हरसेल
(2) कार्ल रिट्टर
(3) अरनाल्डो फॉस्टीनी
(4) स्ट्रैबो
(SSC CPO परीक्षा, (तृतीय पाली) 07.07.2017)

119. निम्नलिखित में से किसने विद्युत (बिजली) का आविष्कार किया था?
(1) जे. एल. बेयर्ड
(2) बेंजामिन फ्रैंकलिन
(3) इ. रदरफोर्ड
(4) जे. सी. मैक्सवेल
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 03.10.2017)

120. एक कोशिका के नाभिक की खोज किसने की?
(1) रॉबर्ट हुक (2) रॉबर्ट ब्राउन
(3) लुई पास्चर (4) फेलिक्स वैंकल
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 04.10.2017)

121. जे. केपलर _____ के नियमों की खोज के लिए प्रसिद्ध हैं।
(1) गैसों (2) विद्युत
(3) ग्रह गति (4) चुंबकत्व
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 21.10.2017)

122. सेफ्टी लैंप का आविष्कार निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने किया था?
(1) हम्फ्री डेवी (2) थॉमस एडिसन
(3) आर्किमिडीज (4) जॉन डाल्टन
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 22.10.2017)

123. रिवॉल्वर का आविष्कार किसने किया?
(1) एडवर्ड जेनर
(2) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(3) अल्बर्ट आइंस्टीन
(4) सैमुअल कोल्ट
(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 23.10.2017)

124. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने किस समुदाय के सम्मान में नामित परजीवी फूलदार पौधे गलीडोविया कोंयाकियानोरम के एक नई प्रजाति की खोज की है?
(1) तोडा (2) कैड्डो
(3) नगा (4) तोबु
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 21.03.2018)

125. नेफोमीटर (Nephometer) से किसका मापन किया जाता है?
(1) वर्षा की मात्रा
(2) बादलों का मात्रा एवं गति
(3) सागरीय लवणता
(4) सभी विकल्प सही हैं।
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-1 CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 22.03.2018)

126. टेलीफोन का आविष्कार किसने किया था?
(1) एलेक्जेंडर ग्राहम बेल
(2) थॉमस एडिसन
(3) बेंजामिन फ्रेंकलिन
(4) जेम्स वॉट
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 23.03.2018)

127. कौन-सा यंत्र ए. एफ. के सिग्नल के स्तर और शोर का मापन करता है?
(1) वेक्टरस्कोप (2) वियू मीटर
(3) क्यू मीटर (4) सोफोमीटर
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 23.03.2018)

128. जी. एम. काउंटर उपकरण का उपयोग निम्नलिखित में से किसको मापने में किया जाता है?
(1) वायु की गति
(2) द्रव्यमान संख्या
(3) रेडियो सक्रियता
(4) संयोजकता
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 27.03.2018)

129. डार्लस्टोथेरीम न्यूमनी नामक मानवजाति के सबसे प्राचीन स्तनपायी पूर्वज को _____ में खोजा गया है।
(1) वेस्ट इंडीज (2) भारत
(3) यूनाइटेड किंगडम (4) चीन
(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (तृतीय पाली) 27.03.2018)

130. विद्युत चुंबकत्व विज्ञान की खोज और उसका नामकरण किसने किया ?
(1) माइकल फैराडे
(2) जेम्स क्लार्क
(3) हैंस क्रिश्चियन ओर्सट्ड
(4) आंद्रे मैरी एम्पियर
SSC CGL TIER-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2019(प्रथम पाली)

131. विलियम क्रुक्स एक भौतिक रसायनज्ञ (Physical chemist) थे जिन्होंने ..... तत्व की खोज की और उसका नामकरण किया।
(1) प्लूटोनियम (2) जर्मेनियम
(3) थैलियम (4) बेरिलियम
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (द्वितीय पाली))

132. वर्ष 1897 में इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी?
(1) टी. ए. एडिसन
(2) निकोला टेस्ला
(3) जे जे थॉमसन
(4) आइजक न्यूटन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (द्वितीय पाली))

133. 1912 में परमाणु बैटरी का आविष्कार किसने किया?
(1) एलेसन्ड्रो वोल्टा
(2) हेनरी मुसेली
(3) बेंजामिन फ्रैंकलिन
(4) लुईस पाश्चर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (तृतीय पाली))

134. मानक स्रोत के संदर्भ में अज्ञात स्रोत द्वारा उत्पादित प्रकाश की तीव्रता को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
(1) फोटोमीटर (2) कैलीपर्स
(3) एम्मिटर (4) डायनोमोमीटर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.06.2019 (द्वितीय पाली))

135. रक्तचाप को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
(1) लैक्टोमीटर (2) थर्मोमीटर
(3) स्फिग्मोमैनोमीटर (4) ग्लूकोमीटर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

136. कीड़ों के अध्ययन को क्या कहा जाता है?
(1) ओर्निथोलोजी (2) एन्थ्रोपोलोजी
(3) एन्टोमोलोजी (4) जिओलोजी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (द्वितीय पाली))

137. संयोजी संधारित्रों का वर्णन करने के लिए बैटरी शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख किसने किया?
(1) बेंजामिन फ्रैंकलीन
(2) लुइगी गैल्बानी
(3) जॉन फ्रेडरिक डेनियल
(4) लुइस उरी
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 01.07.2019 (तृतीय पाली)

138. निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण कान के पर्दे की जांच के लिए उपयोग किया जाता है?
(1) फोनोग्राफ (2) पॉलीग्राफ
(3) ऑटोस्काप (4) ओप्टो मीटर
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 04.07.2019 (द्वितीय पाली)

139. निम्न में से किसने 1989 में World Wide Web (WWW) का आविष्कार किया?
(1) बिल गेट्स (2) स्टीव वोजनिएक
(3) टिम बर्नरस - ली
(4) चार्ल्स बैबेज
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (द्वितीय पाली)

140. निम्नलिखित में से किसने रक्त प्रवाह (Blood Circulation) की खोज की?
(1) विलियम हार्वे
(2) फ्लोरेंस रेन साबिन
(3) अर्नेस्ट हेनरिक वेबर
(4) वॉन ल्यूवेन्हॉक
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 11.07.2019 (द्वितीय पाली)

141. ____ काई की तरह के प्राचीन पौधों का अध्ययन है, जो नम, आद्र वातावरण में बढ़ता है।
(1) एथनोबॉटनी (2) ब्रायोलॉजी
(3) पैलियोलॉजी (4) डेंड्रोलॉजी
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 02.08.2019 (प्रथम पाली)

142. किस खोजकर्ता ने 1498 में भारत के लिए एक समुद्री मार्ग की खोज की थी?
(1) थॉमस कोरियट
(2) मेगस्थनीज
(3) मार्को पोलो
(4) वास्को डी गामा
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 09.12.2019(प्रथम पाली))

143. विज्ञान की एक शाखा चिरोपोडी शरीर के किस भाग से संबंधित है?
(1) फेफड़ों (2) वृक्क
(3) पैरों (4) यकृत
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 05.03.2020 (प्रथम पाली))

144. कॉटन जिन का आविष्कार निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने किया था?
(1) सोनी पेडर्यु (2) नॉरमन बोरलॉग
(3) एली व्हाइटनी (4) जॉर्ज वाशिंगटन कार्वर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 05.03.2020 (तृतीय पाली))

145. निम्नलिखित में किस वैज्ञानिक ने केवलर का आविष्कार किया था?
(1) मैरी एंडरसन
(2) जॉर्ज ईस्टमैन
(3) स्टेफनी लुइस क्वोलेक
(4) स्टीव वोज्निएक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.03.2020 (तृतीय पाली))

146. कोशिका के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है_____.
(1) टैक्सोनॉमी (2) फिजियोलॉजी
(3) हिस्टोलॉजी (4) साइटोलॉजी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.03.2020 (प्रथम पाली))

147. मानव शरीर में कोशिकाओं की खोज किसने की थी?
(1) चार्ल्स डार्विन 2) रॉबर्ट हुक
(3) हरबर्ट स्पेंसर
(4) अल्बर्ट आइंस्टाइन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.03.2020 (द्वितीय पाली))

148. क्रिस्टियन बर्नार्ड किस लिए प्रसिद्ध हैं?
(1) विश्व का पहला मानव हृदय प्रत्यारोपण करने के लिए
(2) सबसे पहले स्तनधारी का प्रतिरूपण (क्लोनिंग) करने के लिए
(3) लघुगणक की तालिकाओं का पहला प्रकाशन करने के लिए
(4) विश्व की प्रथम परख-नली शिशु (टेस्ट-ट्यूब बेबी) को जन्म देने के लिए
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (तृतीय पाली))

149. विशेष रूप से निर्मित टैंकों और तालाबों में मछली प्रजनन को_____के नाम से जाना जाता है।
(1) पिसीकल्चर (2) एग्रीकल्चर
(3) विटीकल्चर (4) होर्टीकल्चर
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.03.2020 (प्रथम पाली))

150. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक को सैद्धान्तिक भौतिकी में अपने कामों के लिए और विशेष रूप से प्रकाश-विद्युत प्रभाव के नियम (the Law of the Photoelectric Effect) की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था?
(1) अल्बर्ट आइन्सटीन
(2) निकोला टेस्ला
(3) थॉमस एडीसन (4) अर्नेस्ट रदरफोर्ड
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.03.2020 (प्रथम पाली))

151. भूकम्प तरंगों को जिस उपकरण (यंत्र) द्वारा रिकॉर्ड किया जाता हे, उसे क्या कहते है?
(1) भूकम्प-सूचक यंत्र (सीस्मोग्राफ)
(2) रिक्टर पैमाना
(3) स्पीडोमीटर
(4) ओडीमीटर
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.03.2020 (द्वितीय पाली))

152. विटीकल्चर___को संदर्भित करता है।
(1) मछली प्रजनन
(2) रेशमकीट के वाणिज्यक पालन
(3) सब्जी उत्पादन
(4) अंगुर की खेती
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

153. निम्न में से किसे मनोविश्लेषण (psychoanalysis) के संस्थापक के रूप में जाना जाता है।
(1) कार्ल जंग
(2) कार्ड टी. एरिकसन
(3) जीन पिअगेट
(4) सिगमंड फ्रॉयड
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.08.2021 (प्रथम पाली))

154. पक्षियों के वैज्ञानिक अध्ययन को.....कहा जाता है।
(1) ऑर्निथोलॉजी (2) पोमालॉजी
(3) इक्थीयोलॉजी (4) जेरन्टोलॉजी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.08.2021 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (2)	**2.** (3)	**3.** (3)	**4.** (3)
5. (3)	**6.** (3)	**7.** (2)	**8.** (1)
9. (1)	**10.** (3)	**11.** (2)	**12.** (2)
13. (2)	**14.** (1)	**15.** (4)	**16.** (2)
17. (1)	**18.** (3)	**19.** (3)	**20.** (1)
21. (2)	**22.** (2)	**23.** (2)	**24.** (2)
25. (3)	**26.** (4)	**27.** (1)	**28.** (2)
29. (1)	**30.** (3)	**31.** (3)	**32.** (1)
33. (2)	**34.** (3)	**35.** (3)	**36.** (2)
37. (1)	**38.** (1)	**39.** (2)	**40.** (2)
41. (2)	**42.** (4)	**43.** (2)	**44.** (2)
45. (1)	**46.** (4)	**47.** (1)	**48.** (1)
49. (3)	**50.** (2)	**51.** (3)	**52.** (1)
53. (3)	**54.** (4)	**55.** (4)	**56.** (2)
57. (1)	**58.** (3)	**59.** (2)	**60.** (4)
61. (4)	**62.** (3)	**63.** (1)	**64.** (1)
65. (4)	**66.** (2)	**67.** (1)	**68.** (3)
69. (4)	**70.** (3)	**71.** (1)	**72.** (4)
73. (3)	**74.** (2)	**75.** (2)	**76.** (1)
77. (3)	**78.** (3)	**79.** (2)	**80.** (4)
81. (3)	**82.** (1)	**83.** (2)	**84.** (3)
85. (4)	**86.** (2)	**87.** (3)	**88.** (1)
89. (2)	**90.** (2)	**91.** (2)	**92.** (3)
93. (2)	**94.** (3)	**95.** (2)	**96.** (1)
97. (1)	**98.** (2)	**99.** (4)	**100.** (3)
101. (3)	**102.** (1)	**103.** (2)	**104.** (1)
105. (4)	**106.** (2)	**107.** (2)	**108.** (1)
109. (4)	**110.** (2)	**111.** (2)	**112.** (1)
113. (3)	**114.** (3)	**115.** (2)	**116.** (2)
117. (2)	**118.** (1)	**119.** (2)	**120.** (2)
121. (3)	**122.** (1)	**123.** (4)	**124.** (3)
125. (2)	**126.** (1)	**127.** (4)	**128.** (3)
129. (3)	**130.** (4)	**131.** (3)	**132.** (3)
133. (2)	**134.** (1)	**135.** (3)	**136.** (3)
137. (1)	**138.** (3)	**139.** (3)	**140.** (1)
141. (2)	**142.** (4)	**143.** (3)	**144.** (3)
145. (3)	**146.** (4)	**147.** (2)	**148.** (1)
149. (1)	**150.** (1)	**151.** (1)	**152.** (4)
153. (4)	**154.** (1)		

उत्तर व्याख्यासहित

1. (2) दमित्रि मेंडेलीव एक रूसी रसायनविद् थे जिन्होंने 1869 ई. में तत्त्वों के आवर्ती वर्गीकरण को विकसित किया था। उन्होंने उस समय ज्ञात तत्त्वों के गुणधर्मों की आवर्तक प्रवृत्तियों को स्पष्ट करने हेतु अपनी तालिका को विकसित किया था। मेंडेलीव ने अज्ञात तत्त्वों के कुछ गुणों की भविष्यवाणी भी की थी और संभावना व्यक्त की थी कि ये तत्त्व उसकी तालिका के रिक्त स्थानों को भरेंगे।

2. (3) आधुनिक स्टीरियोफोनिक टेक्नोलॉजी का आविष्कार 1930 में ब्रिटिश इंजीनियर एलन ब्लुम्लेन द्वारा लंदन के इलेक्ट्रिक एंड म्यूजिकल इंडस्ट्रीज (ईएमआई म्यूजिक) में किया गया था। ब्लुम्लेन ने अपनी इस खोज को 'बिनॉरल साउंड' अर्थात् द्विकर्णी ध्वनि की संज्ञा दी, जिसे वर्तमान में स्टीरियोफोनिक साउंड या साधारणतया "स्टीरियो के रूप में जाना जाता है। उन्होंने स्टीरियो रिकॉर्ड्स, स्टीरियो फिल्म और सराउन्ड सांउड को पेटेन्ट कराया।

3. (3) जगदीशचन्द्र बोस ने 10 मई, 1901 को सिद्ध किया कि पौधे जीवन के अन्य रूपों के समान हैं। उन्होंने सिद्ध किया कि पौधों में एक निश्चित जीवन चक्र और पुनरुत्पादक तंत्र होता है तथा वे अपने प्रतिवेश का ज्ञान रखते हैं। प्रयोगों के आधार पर, उन्होंने प्रदर्शित किया कि पौधों में जन्तुओं के समान एक संवेदी स्नायुतंत्र होता है और आंतरिक उद्दीपक के प्रति उनकी प्रतिक्रिया को मापा जा सकता है तथा रिकॉर्ड किया जा सकता है।

4. (3) ड्यूरोमीटर विभिन्न तत्त्वों की कठोरता की जाँच के लिए प्रयुक्त होने वाला एक उपकरण है। इस शब्द का प्रयोग प्राय: माप के अतिरिक्त स्वयं उपकरण को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है। अधिक संख्या कठोर वस्तु का संकेत करती है, जबकि कम संख्या मुलायम वस्तु का संकेत करती है। ड्यूरोमीटर का प्रयोग विशिष्टत: बहुलकों, इलास्टोमर्स और अपमार्जकों में किया जाता है।

5. (3) एक्स-विकिरण विद्युत चुंबकीय विकिरण का एक रूप है। एक्स रे का तरंग दैर्ध्य 0.01 से 10 नैनोमीटर तक होता है, एक्स-किरण का उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में किया जा रहा है जर्मनी के डब्ल्यू सी. रोटंजन ने 1895 ई. में एक्स-रे की खोज की थी।

6. (3) सन् 1824 ई॰ में एक ब्रिटिश इंजीनियर जोसेफ आस्पदिन ने चूना पत्थर तथा चिकनी मिट्टी से एक जोड़ने वाला ऐसा नया पदार्थ बनाया जो अधिक शक्तिशाली और जलरोधी था। उसने उसे पोर्टलैन्ड सीमेन्ट कहा, क्योंकि यह रंग में पोर्टलैंड के चूना पत्थर से मिलता जुलता था।

7. (2) राबर्ट एडविन पियरी उत्तरी ध्रुव की खोज करने वाले अमेरीकी अन्वेषक थे। ध्रुवों की खोज के लिए उन्होंने 1886 ई. में ग्रीनलैंड के पश्चिमी तट का अध्ययन किया। 1910 ई. में उन्होंने 'दी नार्थ पोल' तथा 1917 ई. में 'सीक्रेट ऑफ पोलर ट्रैवल' नामक पुस्तकें लिखी।

8. (1) जीवाणु एक कोशीय सूक्ष्मजीव हैं। बैक्टीरीया के खोज कर्ता ल्यूवेनहॉक को जीवाणु विज्ञान का जनक माना जाता है। जीवाणु मृतोपजीवी और परजीवी होते हैं। इनकी आकृति गोल या मुक्त-चक्राकार से लेकर छड़ आदि प्रकार की हो सकती है।

9. (1) ''पेनिसिलिन'' शब्द उन पदार्थों के मिश्रण को कहतें हैं, जो स्वाभाविक एवं जैविक पद्धति से उत्पादित किये जाते हैं। पेनिसिलीन की खोज का श्रेय 1928 ई. में स्कॉटिश वैज्ञानिक एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्जेंडर फ्लेमिंग को जाता है।

10. (3) चेचक (शीलता माता, बड़ी माता, स्मॉल पोक्स) अत्यंत प्राचीन रोग है। यह एक संक्रामक रोग है। इसका प्रसार केवल मुनष्यों में होता है। इसके लिए दो विषाणु उत्तरदायी माने जाते हैं। वायरोला मेजर और वायरोला माइनर। चेचक के लिए टीके का आविष्कार एडवर्ड जेनर द्वारा किया गया था।

11. (2) जेट इंजन के सिद्धांत पर कार्य करने वाला एक प्रकार का इंजन है। आधुनिक विमान मुख्यत: जेट ईंजन का ही प्रयोग करते हैं। जेट ईंजन का आविष्कार सर फ्रैंक व्हिट्टल ने 1937 ई. में ब्रिटेन में किया था।

12. (2) टीका (वैक्सिनेशन) का आविष्कार एडवर्ड जेनर ने किया था। एडवर्ड जेनर अंग्रेज का कायचिकित्सक तथा चेचक टीके के आविष्कारक थे। जेनर को 'इम्यूनोलॉजी' का पिता कहा जाता है, और इसके काम को किसी अन्य मानव के काम से ज्यादा जिंदगी बचाने वाला कहा जाता है।

13. (2) दूरभाष या टेलीफोन दूरसंचार का एक उपकरण है। यह दो या कभी-कभी अधिक व्यक्तियों के बीच बातचीत करने के काम आता है। टेलीफोन के अस्तित्व की संभावना सर्वप्रथम संयुक्त राज्य अमेरिका के एलेक्जेंडर ग्राहम बेल द्वारा हुआ।

14. (1) वायुयान ऐसे यान को कहते हैं, जो धरती के वातावरण या किसी अन्य वातावरण में उड़ सकता है। वायुयान का आविष्कार सबसे पहले राइट बंधुओं ने किया था। इसका आविष्कार ओर्विल और राइट बंधु ने किया था।

15. (4) हाईग्रोमीटर से आर्द्रता (मी) मापी जाती है।

16. (2) हेलिकॉप्टर का निर्माण करने का प्रयास करने का श्रेय लियोनार्डो डि विन्सी को दिया जा सकता है, लेकिन पहले कार्यशील प्रोटोटाइप हेलिकॉप्टर VS-300 का आविष्कार आइगॉर सिकोरस्की द्वारा 1939 में किया गया था। बाद में, उन्होंने 1942 में R-4 का मॉडल तैयार किया था, जो व्यापक पैमाने पर उत्पादित होने वाला विश्व का पहला हेलिकॉप्टर था।

17. (1) इंसुलिन शरीर में बनने वाला एक प्राकृतिक हार्मोन है, जिसे अग्नाशय बनाता है। इसका मुख्य कार्य हमारी कोशिकाओं में ग्लूकोज पहुँचाना एवं इसकी मात्रा को संतुलित रखना होता है। यह ग्लूकोज हमारी कोशिकाओं में पहुँचकर वसा बन जाता है और वहाँ सुरक्षित रहता है। इंसुलिन का आविष्कार एफ वांटिंग ने किया था।

18. (3) पोलैंड में जन्में निकोलस कॉपरनिकस यूरोपीय खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ थे। निकोलस पहले यूरोपीय खगोलशास्त्री थे जिन्होंने पृथ्वी को ब्राह्माण्ड के केन्द्र से बाहर माना। 1530 में कॉपरनिकस की किताब डी रिवोलूशन्स प्रकाशित हुई जिसमें उसने बताया कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती हुई एक दिन में चक्कर पूरा करती है और एक वर्ष में सूर्य का चक्कर पूरा करती है।

19. (3) लेटनोप्रोस्ट एक औषधि है जिसे जैलटैन (Xalatan) के ब्रांड नेम से बेचा जाता है और इसका प्रयोग आँख के अन्दर दबाव में वृद्धि के उपचार हेतु किया जाता है। इसमें नेत्र उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन) और ओपन ऐंगल ग्लुकोमा शामिल है। इसे आँखों में आई ड्रॉप के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की आवश्यक औषधियों की सूची में शामिल है।

20. (1) विद्युत छड़ का सिद्धांत सर्वप्रथम 1749 में बेंजामिन फ्रैंकलिन द्वारा पेनसिलवेनिया में निर्दिष्ट किया गया था। बाद के वर्षों में, उन्होंने घरेलू अनुप्रयोग के लिए अपने आविष्कार को विकसित किया (इसे 1753 में प्रकाशित किया गया था) और 1760 में एक विश्वसनीय प्रणाली के लिए अधिक सुधार किए। उनके विद्युत छड़ को 'विद्युत आकर्षी' या 'फ्रैंकलिन रॉड' के रूप में भी जाना जाता था।

21. (2) ऑस्ट्रिया के कार्ल लैंडस्टेनर ने मानव रक्त समूहों की खोज की, जिससे कि रक्ताधान सुरक्षित हो गया। कार्ल लैंडस्टेनर ने देखा कि रक्त का एकत्रीकरण एक रोगक्षमता संबंधी प्रक्रिया है जो उस समय उत्पन होता है जब रक्ताधान के प्राप्तकर्ता में दाता रक्त कोशिकाओं के विरुद्ध रोग-प्रतिकारक (ए, बी, ए एवं बी दोनों, या कोई भी नहीं) होते हैं। कार्ल लैंडस्टेनर के कार्य ने रक्त समूहों (ए, बी, एबी, ओ) के निर्धारण को संभव बना दिया एवं इस प्रकार सुरक्षित रूप से रक्ताधान क्रियान्वित करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

22. (2) ऋतुविज्ञान या मौसम विज्ञान (Meteoro-logy) कई विधाओं को समेटे हुए विज्ञान है जो वायुमण्डल का अध्ययन करता है। मौसम विज्ञान में मौसम की प्रक्रिया एवं मौसम का पूर्वानुमान अध्ययन के केन्द्रबिन्दु होते हैं। मौसम विज्ञान के अध्ययन में पृथ्वी के वायुमण्डल के कुछ चरों (variables) का प्रेक्षण बहुत महत्व रखता है; ये चार हैं–ताप, हवा का दाब, जल वाष्प या आर्द्रता आदि।

23. (2) लैक्टोमीटर का प्रयोग दूध की शुद्धता को मापने के लिए किया जाता है। दूध का विशिष्ट गुरुत्व इसकी रचना का निर्णायक संकेत नहीं देता, क्योंकि दूध में विभिन्न प्रकार के पदार्थ मिले होते हैं जो या तो पानी से भारी या हल्का होते हैं। यह यंत्र आर्कमिडिज के सिद्धांत पर कार्य करता है जो यह बताता है कि एक तरल

पदार्थ में निर्लंबित एक ठोस विस्थापित तरल पदार्थ के वजन के बराबर बल द्वारा उत्प्लावित किया जाता है।

24. (2) फ्रांसीसी भौतिक वैज्ञानिक एंतोईन हेनरी बेक्वेरेल ने अपने साथियों, मेरी स्कलोडोवस्का क्यूरी और पियरे क्यूरी के साथ मिलकर रेडियो ऐक्टिविटी (रेडियो विकिरण) की खोज की थी, इस खोज के लिए तीनों वैज्ञानिकों को 1903 में भौतिकी का नॉबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। Radioactivity (रेडियो विकिरण) से तात्पर्य उन कणों से है, जो अणु विखंडन से उत्पन्न होते हैं।

25. (3) औषधीशास्त्र (Pharmacology) में औषधियों अर्थात् दवाईयों का अध्ययन किया जाता है। इसके तहत जीवित प्राणी के साथ रासायनिक पदार्थों का पारस्परिक क्रिया कराया जाता है जिससे कि औषधी के गुण, क्रिया आदि के बारे में पता लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त इसमें औषधीय अणु तथा औषधी प्राप्तकर्ता के बीच भी पारस्परिक क्रिया करायी जाती है जिससे इस क्रिया का निष्कर्ष प्रभाव में आ सके।

26. (4) जड़ दाब (Root pressure) को जिस यंत्र की सहायता से मापा जाता है उसे वृद्धिमापी (auxanmeter) कहते हैं। जड़ों की जाइलेम् (xylem) कोशिकाओं (cells) में होने वाले विकास तथा पौधों की वृद्धि को मापने के लिए वृद्धिमापी (auxanometer) का प्रयोग किया जाता है।

27. (1) स्कॉटलैंड में जन्में जॉन बॉयड डनलप एक पशु चिकित्सक थे, उन्होंने अपने बच्चे की तिपहिया साइकिल के लिए वायवीय टायरों का पुन: आविष्कार किया था और 1888 में रेसिंग साइकिल में प्रयोग के लिए वायवीय टायरों को विकसित किया था। एक टायर के रूप में अपनी प्रतिस्कन्दन क्षमता को बरकरार रखते हुए कटने-फटने को सह सकने की रबड़ की क्षमता का श्रेय उन्हीं को दिया जाता है। वायवीय टायरों को डनलप रबड़ और डनलप टायर के नाम से जाना जाता है।

28. (2) टेकोमीटर या वेगमापी एक उपकरण है जिसका प्रयोग मोटर या दूसरे मशीनों के सैफ्ट या डिस्क के घूर्णन गति को मापने में किया जाता है। यह युक्ति सामान्यत: प्रतिमिनट घुर्णन (RPM) को दर्शाती है।

29. (1) रेडियम (Radium) जिसे रेडियम क्लोराइड (Radium chloride) के रूप में जाना जाता है, की खोज मैरी क्यूरी (Marie curie) और पियरे क्यूरी (Pierre Curie) ने 1898 में की थी। उन्होंने यूरेनिनाइट (Uraninite) से रेडियम यौगिक (Radium Compound) प्राप्त किया। प्रकृति में रेडियम यूरेनियम अयस्कों (Uranium ores) में पाया जाता है। एक टन यूरेनिनाइट (Uraninite) में रेडियम की मात्रा बहुत कम लगभग एक ग्राम के सातवें (Seventh) भाग के बराबर होती है।

30. (3) क्रिस्कोग्राफ एक ऐसी युक्ति है जिससे पौधों के विकास का मापन किया जाता है। इसका आविष्कार 20वीं शताब्दी के शुरू में सर जगदीश चंद्र बोस ने किया था। जगदीश चंद्र बोस एक भारतीय बहुश्रुत (Polymath), भौतिक विज्ञानी, जीव विज्ञानी, वनस्पति शास्त्री और पुरातत्ववेत्ता थे।

31. (3) जीव पारिस्थितिकी (Ethology) पशु व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन है। यह अध्ययन प्राय: इस बात पर जोर देता है कि पशु व्यवहार का अध्ययन प्राकृतिक वातावरण में किया जाए। इस शब्द को प्रसिद्धि दिलाने का कार्य अमेरिकी माइर्मेकोलॉजिस्ट (चींटी का अध्ययन) विलियम मॉर्टन व्हीलर ने 1902 ई. में किया था।

32. (1) सर्जन पैट्रिक स्टेप्टो ने रॉबर्ट एडवर्ड के साथ मिलकर पहली बार आईवीएफ (पात्रे निषेचन) तकनीक में सफलता प्राप्त की। इस तकनीक के द्वारा वर्ष 1978 में लुइस ब्राउन का जन्म हुआ। उन्होंने आईवीएफ का प्रयोग उन दम्पत्तियों पर किया जो गर्भधारण में असमर्थ थे। बाद में उन्होंने दूसरे वैज्ञानिकों एवं चिकित्सकों को भी इसके लिए प्रशिक्षित किया।

33. (2) 1888 में, जर्मन नेत्र रोग विशेषज्ञ एडॉल्फ गैस्टन यूजीन फिक ने प्रथम कंटेक्ट लेंस का निर्माण किया। यह भूरे रंग के भारी गिलास से बना एक अफोक्कल स्क्लीरल कंटेक्ट शेल था। उन्होंने इसका पहला परीक्षण खरगोश पर, फिर स्वयं पर और फिर कुछ अन्य स्वयंसेवकों पर किया था। इसका व्यास 18-21 मिमी. था।

34. (3) स्कॉटिश-कैनेडियन इंजीनियर सैंडफोर्ड फ्लेमिंग को विश्वव्यापी मानक समय (वर्ल्ड वाइड स्टैंडर्ड टाइम) के आविष्कारक के रूप में जाना जाता है। 1876 में, आयरलैंड की यात्रा के दौरान मुद्रित सूची में 3 a.m. के बजाय p.m. के मुद्रित होने के कारण अपनी ट्रेन छूट जाने के बाद, उन्होंने पूरे विश्व के लिए 24 घंटे की एक घड़ी बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जो किसी सतही याम्योत्तर रेखा से सम्बद्ध न हो, बल्कि पृथ्वी के केन्द्र पर स्थित हो। सार्वभौमिक रूप से, उनके समय क्षेत्र (टाइम जोन) को 1929 तक स्वीकार किया गया था।

35. (3) विश्व का प्रथम एयर बैग 1957 में ऐसन जॉर्डेनॉफ द्वारा डिजाइन किया गया था। इसे पायलटों और ऑटोमोबाइल ड्राइवरों के समान सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्मित किया गया था। एक बुल्गेरियाई इंजीनियर और वायुयान चालक जॉर्डेनॉफ को बुल्गारिया में वैमानिकी इंजीनियरिंग का संस्थापक माना जाता है, साथ ही उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में विमानन के विकास में सहयोगकर्ता के रूप में भी जाना जाता है।

36. (2) काइनेमैटिक्स (Kinematics) परंपरागत यांत्रिक प्रक्रियाओं की एक शाखा है जो गति के कारणों पर विचार किए बिना गति बिन्दुओं, वस्तुओं और वस्तुओं के समूहों का वर्णन करता है। काइनेमैटिक्स अध्ययन को प्राय: ज्यामिति गति के रूप में भी जाना जाता है।

37. (1) पाइरोमीटर, थर्मामीटर का एक प्रकार है जिसका प्रयोग उच्च तापमान मापने में किया जाता है। यह एक अस्पर्शीय यंत्र है जो अवरोध उत्पन्न करता है (intercepts) और तापीय विकिरण को मापता है यह सम्पूर्ण प्रक्रिया उत्तापमिति (Pyrometry) कहलाती है। किसी वस्तु की सतह के तापमान का निर्धारण करने के लिए तापीय विकिरण का प्रयोग किया जा सकता है।

38. (1) जीवाणुभोजी (Bacteriophage) से तात्पर्य विषाणुओं के ऐसे समूह से है जो जीवाणु को संदूषित करते है। Bacteri-ophages (जीवाणुभोजी) की खोज फ्रेडेरिक डब्ल्यू.टीवॉर्ट ने ग्रेट ब्रिटेन में सन् 1915 में की थी। फेलिक्स डी हेरेली ने यह खोज फ्रांस में 1917 में की थी। डी हेरेली ने अपने अविष्कार का नामकरण Bacteri-ophage (जीवाणुभोजी) के रूप में किया। जिसका अर्थ है "जीवाणु को संदूषित या ग्रहण करने वाला"।

39. (2) मर्मिकोलोजी कीटविज्ञान (entomo-logy) की एक शाखा है जिसके अंतर्गत चींटियों का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। चींटी-विज्ञान (Myrmecology) का प्रतिपादन विलियम मॉरटन व्हीलर (1865-1937) द्वारा किया गया था। यद्यपि चींटियों के जीवन के प्रति मानव की उत्सुकता बहुत पहले से है और इनसे संबंधित कई लोक-कथाएँ प्रचलित हैं।

40. (2) विद्युत प्रकाश का निर्माण सर्वप्रथम अंग्रेज वैज्ञानिक हम्फ्री डेवी (Humphry Davy) द्वारा 1800 में किया गया था। विद्युत बल्ब के निर्माण का श्रेय थॉमस एडिसन को जाता है। उन्होंने सर्वप्रथम 1879 में वाणिज्यिक तापदीप्त (उद्दिप्त) प्रकाश का आविष्कार किया था।

41. (2) स्वरमापी (सोनोमीटर) तार की प्रति इकाई लंबाई की मात्रा, दूरी, तनन और कम्पायमान तार द्वारा उत्पन्न ध्वनि की आवृत्ति के मध्य संबंध को प्रदर्शित करने हेतु प्रयुक्त होने वाला एक उपकरण है। इन संबंधों को प्राय: मर्सिनी का नियम कहते हैं, इसका नामकरण मारिन मर्सिनी के नाम पर किया गया है जिन्होंने इन संबंधों की जाँच की थी और उन्हें संहिताबद्ध किया था।

42. (4) ब्रिटिश आनुवंशिकी वैज्ञानिक विलियम बैटेसन ने रेगिनाल्ड पुनेट के साथ मिलकर 1909 में आनुवंशिकीय संयोजन (जेनेटिक लिंकेज) की खोज की थी। उन्होंने आनुवंशिकता और जैविक उत्तराधिकार का वर्णन करने के लिए सर्वप्रथम जीन विज्ञान (जेनेटिक्स) शब्द का प्रयोग किया था। वे ग्रेगोर मेन्डेल के विचारों के मुख्य प्रचारक भी थे।

43. (2) मौसम विज्ञान के अंतर्गत वायुमण्डल, वायुमण्डलीय घटना और वायुमण्डलीय प्रभावों का अध्ययन किया जाता है, जिनका प्रत्यक्ष रूप से हमारे मौसम पर प्रभाव पड़ता है। यह वायुमण्डलीय विज्ञान की एक उप-अनुशासनात्मक शाखा है जिसमें वायुमण्डल का संपूर्ण अध्ययन समाहित है। वायुमण्डल भौतिक वातावरण में मिश्रित गैसों की एक परत है जो एक ग्रह के चारों ओर स्थित रहती है।

44. (2) लुईस पाश्चर को 19वीं शताब्दी के अंत में अपने अध्ययनों और खोजों के कारण आधुनिक प्रतिरक्षा विज्ञान का जनक माना जाता है, उन्हीं की खोजों के कारण रोगों का जीवाणु सिद्धांत लोकप्रिय हुआ और उससे आशा बँधी कि टीकाकरण द्वारा सभी संक्रमित रोगों का उपचार किया जा सकेगा और बचाव संभव हो जाएगा। उन्होंने मनुष्यों को होने वाले रैबीज, पशुओं को होने वाले गिल्टी रोग (एंथ्रेक्स) और चिकन कॉलेरा के प्रतिरक्षण की विधियाँ विकसित की।

45. (1) विद्युत धारा को मापने के लिए इस्तेमाल में लाया जाने वाला यंत्र वास्तव में एम्प मीटर का एक छोटा रूप एमीटर होता है। विद्युत धारा एम्पीयर में मापा जाता है। वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में बहुत छोटी विद्युत धाराओं को मापने के लिए बेहद संवेदनशील यंत्र ''गैल्वेनोमीटर'' का प्रयोग होता है।

46. (4) सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने 1928 में मोल्ड पेनिसिलियम नोटेटम से दुनिया की पहली एंटीबायोटिक बेंजिलपेनिसिलिन (पेनिसिलिन जी) की खोज की। इस खोज के लिए उन्होंने हावर्ड फ्लोरे और अर्नस्ट बॉरिस चेन के साथ 1945 में चिकित्सा शास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया।

47. (1) सेलमैन वॉक्समैन तपेदिक के खिलाफ पहले प्रभावी एंटीबायोटिक स्ट्रेप्टोमाइसीन की खोज के लिए 1952 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किये गये थे। उन्हें स्ट्रेप्टोमाइसिन की खोज के परिणाम के रूप में मानव जाति के लिए सबसे बड़े संरक्षक के नाम से पुकारा गया था। वॉक्समैन रूस में जन्मे एक अमेरिकी यहुदी आविष्कारक, बायोकेमिस्ट एवं जीवाणु तत्त्ववेत्ता थे।

48. (1) स्वर्यशिक्षित इंग्लिश काष्ठकार और घड़ीसाज जॉन हैरिसन ने समुद्र की यात्रा करते समय देशान्तर रेखांश की गणना में आने वाली समस्या का समाधान करने के लिए एक लंबे अनुसंधान के बाद समुद्री क्रोनोमीटर (कालमापी) का आविष्कार किया। उनके आविष्कार से समुद्री यात्रा के क्षेत्र में क्रांति आई और लंबी दूरी की समुद्री यात्रा अत्यधिक सुरक्षित हो गई।

49. (3) 1970 में, अमेरिकी विषाणु वैज्ञानिकों हॉवर्ड मार्टिन टेमिन और डेविड बाल्टीमोर ने जापानी विषाणु वैज्ञानिक सतोषी मिजुतानी के साथ स्वतंत्र रूप से कार्य करते हुए एन्जाइम की खोज की जो RSV के RNA जीनोम से प्रोवाइरल DNA संश्लेषित कर सकता है। इस एन्जाइम को RNA- डायरेक्टेड DNA पॉलीमीरेज नाम दिया गया, इस एन्जाइम को सामान्यत: प्रतिवर्ती प्रतिलिपि (रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेज) के नाम से जाना जाता है।

50. (2) पेरिक्लेज (प्रतिष्ठित यूनानी) युग के यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेटस को चिकित्सा के इतिहास में सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक माना जाता है। चिकित्सा के हिप्पोक्रेटिक स्कूल के संस्थापक के रूप में चिकित्सा के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान देने के लिए उन्हें "आधुनिक चिकित्सा का जनक" के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। हिप्पोक्रेटिक स्कूल ने चिकित्सा को एक व्यवसाय के रूप में स्थापित किया।

51. (3) चार्ल्स डार्विन ने प्राकृतिक चयन के द्वारा विकास के वैज्ञानिक सिद्धांत को प्रतिपादित किया था। चार्ल्स डार्विन ने इस सिद्धांत को सर्वप्रथम 1859 में अपनी पुस्तक "ऑन द ऑरिजिन ऑफ स्पीशीज" में सूत्रबद्ध किया था। प्राकृतिक चयन द्वारा विकास प्रेक्षण द्वारा प्रदर्शित एक प्रक्रिया है जो जनसंख्या के तीन तथ्यों के साथ बताती है कि संभवत: जीवित रहने वाले बच्चों की तुलना में अधिक बच्चे जन्म लेते हैं।

52. (1) 1714 में भौतिकशास्त्री डेनियल गैबरियेल फारेनहाइट ने एम्सटर्डम में पारद (मरकरी) थर्मामीटर का आविष्कार किया था। यह थर्मामीटर एक बल्ब से निर्मित होता है जिसमें पारा भरा होता है। यह एक सँकरे व्यास वाली काँच की नली से जुड़ा होता है। ट्यूब में विद्यमान पारे का आयतन बल्ब में विद्यमान पारे के आयतन से बहुत कम होता है।

53. (3) जर्मनी के भौतिकशास्त्री सैमुअल हैनिमैन (Samuel Hahnemann) (1755- 1843) को 'होम्योपैथी का जनक' के रूप में जाना जाता है। होम्योपैथी का इतिहास, हैनिमैन की खोजों के साथ आरंभ हुआ जिन्होंने सर्वप्रथम ''होम्योपैथी'' (ग्रीक भाषा में ''होमोईयोस'' से तात्पर्य एक समान से है, ''पैथोज'' से तात्पर्य पीड़ित से है) नामक शब्द की खोज की, इस शब्द से तात्पर्य मुख्य औषध विज्ञान अर्थात् इस पर आधारित एक समान नियम से है।

54. (4) न्यूनतम दैनिक तापमान दर्ज करने के लिए एल्कोहल से भरे छोटे थर्मामीटर का प्रयोग किया जाता है। अपने कम हिमांक (-112°C) के कारण न्यूनतम दैनिक तापमान मापने के लिए एल्कोहल उचित मापक है। एल्कोहल को चमकीले रंग (उसमें रंग या सामान्यत: लाल रंग मिलाकर) में परिवर्तित किया जा सकता है और उसके बाद काँच की सहायता से इसे स्पष्ट देखा जा सकता है।

55. (4) स्कॉटलैंड के इंजीनियर जॉन लॉगी बेयर्ड ने यांत्रिक टेलीविजन का आविष्कार किया था। वह सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कलर टेलीविजन सिस्टम और विशुद्ध इलेक्ट्रॉनिक कलर टेलीविजन पिक्चर ट्यूब दोनों के प्रथम आविष्कारक थे। 26 जनवरी, 1926 को उन्होंने लंदन में, विश्व में पहली बार टेलीविजन का सही अर्थों में प्रथम प्रदर्शन किया।

56. (2) शैवाल-विज्ञान (Phycology) शैवालों का वैज्ञानिक अध्ययन है। शैवाल-विज्ञान जीव विज्ञान की एक शाखा है। इसे प्राय: वनस्पति विज्ञान की एक उप-शाखा माना जाता है। इसके अंतर्गत प्रोकैरियोटिक जीवों का अध्ययन किया जाता है जिसे नीले-हरे शैवाल या नीले जीवाणु (Cyanobacteria) के रूप में जाना जाता है।

57. (1) अमेरिकी व्यवसायी किंग कैम्प जिलेट ने 1901 में सर्वाधिक बिकने वाले सेफ्टी रेजर के प्रारूप का आविष्कार किया था। जिलेट के वास्तविक डिजाइन से पूर्व कई मॉडल अस्तित्व में आए। जिलेट का नया रेजर पतला, कम खर्चीला, सस्ता एवं स्टैम्प्ड स्टील युक्त ब्लेड का बना था, जिसका निस्तारण किया जा सकता था। रेजर और ब्लेड के व्यावसायिक मॉडल के आविष्कार का पूरा श्रेय जिलेट को दिया जाता है।

58. (3) यद्यपि ग्रेगॉर मेंडेल (1822-1884) ने सर्वप्रथम पृथक् दाय-योग्य इकाईयों के अस्तित्व का सुझाव दिया था, लेकिन उन्होंने जीन शब्द का प्रयोग नहीं किया था। मूलत: शारीरिक और आनुवंशिकीय इकाई के प्रकार्यों का वर्णन करने के लिए डेनमार्क के वनस्पति वैज्ञानिक विलहेल्म जॉनसन ने 1909 में जीन शब्द का प्रयोग किया था। संबंधित शब्द 'जेनेटिक्स' का प्रयोग सर्वप्रथम 1905 में विलियम बैटेसन ने किया था।

59. (2) डेनमार्क के प्रसिद्ध रसायनविद् और भौतिक शास्त्री हैन्स क्रिश्चियन ऑरस्टेड ने 1819 में विद्युत और चुम्बकत्व के संबंध की खोज की थी। ऑरस्टेड की खोज के लगभग एक दशक बाद, माइकल फैराडे ने ऑरस्टेड की खोज के बिल्कुल विपरीत प्रदर्शित कर सिद्ध कर दिया कि- परिवर्तित चुम्बकीय क्षेत्र किसी विद्युत धारा को प्रेरित करता है। फैराडे ने परिवर्तित चुम्बकीय क्षेत्र से विद्युत धारा प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की, यह अद्‌भुत घटना विद्युत चुम्बकीय प्रेरक के रूप में जानी जाती है। फैराडे की खोज के बाद, जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने समीकरण विकसित करते हुए औपचारिक रूप से विद्युत और चुम्बकत्व के समेकक पर जोर दिया। इस प्रकार, मैक्सवेल ने सर्वप्रथम विद्युत और चुम्बकत्व के संबंधों को सूत्रबद्ध किया।


60. (4) एरेनियोलॉजी प्राणी विज्ञान की एक शाखा है जो मकड़ियों के अध्ययन से संबंधित है। यह मकड़ी-विज्ञान (अरैक- नोलॉजी) की एक शाखा है जो मकड़ियों और उससे संबंधित जीवों जैसे बिच्छू, कूट (pseudo)-बिच्छू और हार्वेस्टमेन के वैज्ञानिक अध्ययन से संबंधित है। इसे सामूहिक रूप से मकड़ी-वंशी अध्ययन कहते हैं।

61. (4) क्षेत्रमापी (प्लेनिमीटर) को प्लेटोमीटर के रूप में भी जाना जाता है। दो विमाओं वाली आकृति का क्षेत्रफल मापने के लिए इस मापक उपकरण का प्रयोग किया जाता है। पूर्व काल में सामान्यत: इस उपकरण का प्रयोग किया जाता था, लेकिन वर्तमान में डिजिटल उपकरणों ने इसका स्थान ग्रहण कर लिया है। स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध गणितज्ञ जैकॉब अम्सलर-लैफॉन ने सर्वप्रथम 1854 में आधुनिक क्षेत्रमापी (प्लेनिमीटर) का निर्माण किया था।

62. (3) गॉटलिएब डैम्लर ने 1885 में आधुनिक गैसोलीन इंजन के प्रोटोटाइप का आविष्कार किया था। वर्टिकल (उर्ध्वाधर) सिलिंडर की सहायता से इस गैस इंजन का निर्माण किया गया था, कार्बूरेटर (जिसे 1887 में पेटेन्ट किया गया था) के द्वारा इंजन में गैसोलीन भरी जाती थी। डैम्लर ने इस इंजन की सहायता से सर्वप्रथम दो पहियों वाले व्हीकल ''रीटवैगेन'' (सवारी गाड़ी) का निर्माण किया और एक वर्ष के पश्चात् उन्होंने विश्व की पहली चार पहियों वाली गाड़ी का निर्माण किया।

63. (1) वृक्ष संवर्धन (Arboriculture) विशिष्ट पेड़ों, झाड़ियों, बेलों, सब्जियों और अन्य बारहमासी काष्ठीय पौधों का प्रवर्धन, प्रबंधन और अध्ययन है। विशिष्ट काष्ठीय पौधों और वृक्षों को स्थायी परिदृश्यों और सुख-सुविधा के उद्देश्य से सुरक्षित बनाए रखने का प्रयास है। यह प्राय: बगीचों, पार्कों या अन्य घनी आबादी वाले क्षेत्रों के निवासियों द्वारा आनंद प्राप्ति, सुरक्षा या मानव लाभ के लिए लगाए गए विशिष्ट पौधों और वृक्षों के प्रवर्धन पर केंद्रित है। यह सार्वजनिक हित में बागवानी के अंतर्गत आता है।

64. (1) किसी पाइप में द्रव की प्रवाह गति मापने के लिए वेंचुरी मीटर (venturi meter) का प्रयोग किया जाता है। यह तत्त्वत: एक छोटा पाइप है जो मध्य में अनुप्रस्थ काट (क्रॉस-सेक्शन) का निर्माण करने वाले छोटे हिस्से के साथ दो शंक्वाकार भागों से मिलकर बना है। इसका सदैव इस प्रकार प्रयोग किया जाता है जिससे प्रवाह का ऊपरी भाग छोटे शंक्वाकार भाग से बाहर निकलता है जबकि प्रवाह का निचला भाग लम्बे मार्ग द्वारा बाहर निकलता है।



65. (4) अमेरिकी इंजीनियर मार्टिन कूपर ने 1973 में, मोटोरोला में प्रथम हैंडहेल्ड मोबाइल फोन की कल्पना की थी। उन्होंने इस फोन का विकास करने वाली टीम का नेतृत्व किया और इसे 1983 में बाजार में लाया गया। उन्हें इतिहास में 'सेल फोन का जनक' और आम जनता को बातचीत के लिए हाथ में रखने वाले सेलुलर फोन का निर्माण करने वाले प्रथम व्यक्ति के रूप में जाना जाता है।

66. (2) भूकम्प के झटकों और कम्पनों को रिकॉर्ड करने के लिए वैज्ञानिक रूप से भूकम्पमापी का प्रयोग किया जाता है। इन रिकॉर्डों का अध्ययन भूकम्प-विज्ञान कहलाता है। भूकम्प के दौरान भूमि के कम्पन की अवधि, दिशा और तीव्रता रिकॉर्ड करने और भूकम्प के केन्द्र का पता लगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण सिस्मोग्राफ कहलाता है।

67. (1) लाइसीमीटर का प्रयोग वाष्पित-वाष्पोत्सर्जन की वास्तविक मात्रा मापने के लिए किया जाता है, जिसे पौधों द्वारा उत्सर्जित किया जाता है। अवक्षेपण, जिसे एक क्षेत्र प्राप्त करता है और जिसकी कुछ मात्रा मृदा द्वारा नष्ट कर दी जाती है, की मात्रा को दर्ज करके वाष्पित-वाष्पोत्सर्जन द्वारा नष्ट की गई जल की मात्रा ज्ञात की जा सकती है।

68. (3) प्रकाशमापी (फोटोमीटर) एक उपकरण है जिसका प्रयोग पराबैंगनी, दृश्य या अवरक्त विकिरण के साथ अवशोषण, उत्सर्जन या प्रतिदीप्ति मापने के लिए किया जाता है। इस उपकरण में तरंगदैर्ध्य चयन के लिए फिल्टर और विकिरण मापने के लिए प्रकाश-वैद्युत यंत्र का प्रयोग किया जाता है (ई.एन रैम्सडेन द्वारा कृत डिटेक्शन एंड एनालाइसिस)।

69. (4) भौतिक विज्ञान में, क्रायोजेनिक्स निम्न तापमान पर पदार्थों के व्यवहार और उत्पादन का अध्ययन करने वाला विज्ञान है। यह परिभाषित नहीं किया गया है कि कितने तापमान पर प्रशीतन समाप्त हो जाता है और क्रायोजेनिक्स आरंभ होता है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यह – 150° C (123K, – 238° F) या इससे कम तापमान पर आरंभ होता है।

70. (3) एन्टोमोलॉजी जीव विज्ञान की एक शाखा है जो कीट-पतंगों का वैज्ञानिक अध्ययन करती है। जीव विज्ञान की श्रेणी के अंतर्गत आने वाले अन्य अनेक क्षेत्रों के समान एन्टोमोलॉजी टैक्सोन श्रेणी पर आधारित है। लगभग 1.3 मिलियन वर्णित प्रजातियों में से कीट-पतंगों की दो-तिहाई से अधिक प्रजातियों को सूक्ष्म जीव के रूप में जाना जाता है।

21. (2) अंतरिक्ष यात्रा के अभियान में सबसे पहले 4 अक्टूबर, 1957 को रूस (सोवियत संघ) द्वारा प्रथम स्पुतनिक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया। हर 16 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा लगाने वाले इस स्पुतनिक ने दुनिया को आश्चर्य में डाल दिया। इसे इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक माना गया था और इसके ही बाद अमरीका से इस क्षेत्र में होड़ शुरू हुई और तब अमरीका ने चंद्रमा पर मानव को भेजा था।

22. (2) विकल्पी प्रश्नों की जांच के लिए सामान्यत: ऑप्टिकल मार्क रीडर (Optical Mark Reader) का इस्तेमाल किया जाता है। दृश्य चिह्न पहचान (ऑप्टिकल मार्क रिकॉगनेशन) के आधार पर उत्तरों की जांच की जाती है। सामान्यत: ऑप्टिक आंसर शीट में काले रंग के गोले या चौकोर संदूक बने रहते हैं, जिन पर पेंसिल या डॉट-पेन से ही उत्तर दिया जाता है। ऑप्टिकल आंसर शीट में ही बार कोड होता है जो स्वचालित कार्य (ऑटोमेटिकल प्रोसेसिंग) के आधार पर उत्तर की जांच करता है।

23. (4) डेक्टाइलॉग्राम से तात्पर्य हाथों के चिन्ह (Fingerprint) से है। Dactylogram शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द डेक्टाइलॉस (daktylos) से हुई है, जिसका अर्थ है कुछ लिखा हुआ। किसी की पहचान करने के उद्देश्य से Fingerprints का अध्ययन डेक्टाइलॉग्राफी (dactylography) कहलाता है।

24. (3) रडार (Radar : Radio Detection And Ranging) एक ऐसा तंत्र है जिसका उपयोग किसी वस्तु की जाँच के लिए किया जाता है। यह किसी वस्तु का रेंज, ऊँचाई, दिशा या गति की जानकारी देता है। इसका उपयोग वायुयान, जहाज, अंतरिक्ष यान, दिशा निर्देशित प्रक्षेपास्त्र, मोटर गाड़ी, मौसम और भू-भाग की जानकारी के लिए किया जाता है।

25. (4) इसरो की मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी (MCF) कर्नाटक के हसन (Hassan) शहर में स्थित है। भूस्थिरीकरण (geostationary) और भू-समक्रमिक (geosynchronous) उपग्रह के परीक्षण और नियंत्रण के लिए इसरो (ISRO) द्वारा इस फैसिलिटी की स्थापना 1982 में की गई थी।

26. (3) गरुड़ (Global Access to Resource Using Distributed Architecture - GARUDA) इंडियन नेशनल ग्रिड कम्प्यूटिंग इनिशिअटिव का दूसरा नाम है। यह राष्ट्रव्यापी स्तर पर ग्रिड में शामिल संगणनात्मक समूह, व्यापक स्टोरेज समूह, वैज्ञानिक उपकरणों से संबंधित विज्ञान और तकनीकी अनुसंधानकर्ताओं का एक सहयोगात्मक कार्यक्रम है।

27. (1) जैविक संसाधन एक नवीनीकरणीय संसाधन है। जैविक पुनरुत्पादन या अन्य प्राकृतिक विधियों द्वारा उपयोग-अवधि की तुलना में एक निश्चित समय में जैविक संसाधनों का पुनर्निर्माण किया जा सकता है। इसके उदाहरणों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, ताप ऊर्जा इत्यादि शामिल हैं।

28. (3) वन रोपण के समान इमारती लकड़ी एक नवीकरणीय संसाधन है, जिसे रोपा जाता है और बाद में कागज बनाने के लिए काट लिया जाता है। लम्बे समय से हम इमारती लकड़ी की खेती करते रहे हैं, इसलिए इसे धारणीय संसाधन भी कहते हैं। जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस इत्यादि अनवीनीकरणीय संसाधन हैं।

29. (4) सारस हल्के यातायात की श्रेणी का पहला भारतीय बहु-उद्देशीय असैनिक वायुयान है जिसे भारत में विकसित किया गया है। इसे नेशनल

एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (NAL) द्वारा निर्दिष्ट और विकसित किया गया है। सारस ने 29 मई, 2004 को बेंगलुरु के एचएएल हवाई अड्डे पर अपनी पहली उड़ान भरी।

30. (1) बिना इंजन वाला हवाई जहाज, जिसे ग्लाइडर कहते हैं, अपनी उड़ान के लिए मुख्यत: वायु ऊर्जा पर निर्भर रहता है। पायलट जहाज की ऊँचाई और उत्थान को नियंत्रित करने तथा पंखों के चारों ओर प्रवाहित होने वाली वायु का मार्ग परिवर्तित करने के लिए हवाई जहाज के पंखों की विशेष बाहरी सतह को संचालित कर सकता है।

31. (3) भौतिक विज्ञान में, क्रायोजेनिक्स (Cryogenics) निम्न तापमान पर पदार्थों के व्यवहार और उत्पादन का अध्ययन करने वाला विज्ञान है। यह परिभाषित नहीं किया गया है कि प्रशीतन (रेफ्रिजरेशन) किस तापमान पर समाप्त होता है और क्रायोजेनिक्स आरंभ होता है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यह -150 °C (123K,-238 °F) या इससे कम तापमान पर आरंभ होता है।

32. (2) मार्स ऑर्बिटर मिशन को मंगलयान भी कहते हैं। यह भारत का प्रथम अन्तराग्रहिक अभियान है। इस यान को 5 नवम्बर, 2013 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। यह यान 24 सितम्बर, 2014 से मंगल ग्रह की कक्षा में स्थापित है। मंगलयान की सफलता के साथ ही भारत मंगल ग्रह की कक्षा में पहुँचने वाला एशिया का प्रथम देश तथा अपने पहले प्रयास में मंगल पर पहुँचने वाला विश्व का पहला देश भी बन गया।

33. (2) गैर-परंपरागत ऊर्जा को नवीकरणीय ऊर्जा के रूप में भी जाना जाता है। यह ऊर्जा नवीकरणीय संसाधनों से प्राप्त की जाती है, जिसकी पुन: पूर्ति प्राकृतिक रूप से मानवीय समय-मापक्रम पर जैसे सूर्य का प्रकाश, वायु, वर्षा, ज्वार, लहरों और भू-तापीय ऊष्मा के रूप में की जाती है। गैर-परंपरागत ऊर्जा के स्रोत असीम, प्राकृतिक और पुनरुद्धारणीय हैं। प्राकृतिक गैस ऊर्जा का परंपरागत स्रोत है।

34. (3) आईएनएस सिंधुरक्षक डीजल-विद्युत श्रेणी के अंतर्गत भारतीय नौसेना की एक पनडुब्बी है जिसे रूस द्वारा सिंधुघोष नाम से निर्मित किया गया था। 24 दिसम्बर, 1997 से संचालित, यह पनडुब्बी भारतीय नौ-सेना में शामिल किलो-वर्ग की दस में से नौवीं पनडुब्बी थी। 14 अगस्त, 2013 को इस पनडुब्बी में आग लग गई थी, जिसके परिणामस्वरूप यह पनडुब्बी मुंबई के नौ-सेना गोदी क्षेत्र (डॉकयार्ड) में डूब गई थी।

35. (4) दक्षिण गंगोत्री भारतीय अंटार्कटिका कार्यक्रम के एक भाग के रूप में अंटार्कटिका में स्थापित भारत का पहला वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन था। यह 1989 में बनाया गया था और कुछ ही समय बाद बर्फ में दफन हो जाने के कारण 1990/91 में बन्द कर दिया गया था। अंटार्कटिका में मैत्री भारत का दूसरा स्थायी अनुसंधान केंद्र है। मैत्री चट्टानी पर्वतीय क्षेत्र पर स्थित है।

36. (4) जनवरी 2018 में नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने पृथ्वी के सतह से 96 किमी. ऊपर स्थित आयनमंडल के समन्वेषण के लिए 2018 में दो मिशन-गोल्ड (GOLD) और आइकॉन (ICON) लॉन्च करने की घोषणा की। आइकॉन (ICON) पृथ्वी से ऊपर 560 किमी. पर स्थित लो-अर्थ कक्षा (एलईओ) में लॉन्च किया जाएगा। गोल्ड भूस्थैतिक कक्षा में पश्चिमी गोलार्द्ध पर पृथ्वी के ऊपर लगभग 35,398 किमी. पर प्रक्षेपित किया गया।

37. (2) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नवम्बर 2017 में वर्ष 2020 तक सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला भारतीय मिशन 'आदित्य-एल 1 लॉन्च करने की योजना की घोषणा की। सूर्य का अध्ययन करने के लिए यह भारत का पहला वैज्ञानिक मिशन है। मिशन का उद्देश्य सूर्य और पृथ्वी के बीच एक बिंदु लग्रांगियन बिंदु एल 1 के आसपास 1,500 किलोग्राम भारी वर्ग वाले आदित्य-एल 1 उपग्रह को हेलो कक्षा में रखना है।

38. (3) एवीआईसी एजी 600 कूट नाम कुनलांग, जिसे टीए-600 भी कहा जाता है, वर्तमान में उड़ने वाला सबसे बड़ा उभयचर विमान है। इसे विमानन उद्योग निगम (एवीआईसी) द्वारा डिजाइन किया गया है। एयरक्राफ्ट ने 24 दिसम्बर, 2017 को झुहाई, गुआंग्डोंग में अपनी पहली उड़ान भरी।

39. (2) दिसम्बर 2017 में अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), के वैज्ञानिकों ने पौधों के पत्तियों के विशेष नैनोकणों को अंत: स्थापित करके मंद प्रकाश को उत्पन्न करने हेतु प्रेरित करने के लिए एक सामान्य तकनीक की खोज की है। इस चमकते पौधे को बनाने के लिए, वैज्ञानिकों ने लूसिफेरेज (luciferase) नामक एक एंजाइम का उपयोग किया जो अग्निरोधी को अपनी चमक देता है। लूसिफेरेज ल्यूसिफेरिन नामक अणु पर कार्य करता है, जिससे इससे प्रकाश उत्सर्जित होता है।

40. (2) नवम्बर 2017 में एमआईटी मीडिया लैब ने 'शैली' विकसित करने की घोषणा की, जो कृत्रिम बुद्धि (एआई) की मदद से अपनी डरावनी कहानियाँ, स्वयं लिखती है। फ्रेंकस्टीन लेखक मैरी शैली के नाम पर इसको नामित किया गया है।

41. (3) दिसम्बर 2017 में इलिनोइस विश्व-विद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक्साइटोनियम नामक एक तत्त्व की खोज की घोषणा की। 1960 के दशक में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञानी बर्ट हैल्पर द्वारा सैद्धांतिक रूप से इसे तैयार किया गया था।

42. (2) पुणे स्थित ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) के एक शोध के अनुसार, जैव ईंधन देश के कच्चे तेल के आयात को 7 लाख करोड़ रुपये तक कम करने का एक विकल्प है। बढ़ते प्रदूषण से लड़ने के लिए वे एक संभावित हथियार भी हो सकते हैं। इसके अलावा, मेथनॉल सम्मिश्रण के अपनाने से कार्बन-डाईऑक्साइड के उत्सर्जन में भी कमी हो सकती है।

43. (3) जूनो नासा का एक अन्तरिक्ष यान है जो बृहस्पति ग्रह की परिक्रमा कर रहा है। इसे 5 अगस्त, 2011 को प्रक्षेपित किया गया, इसने ग्रह की वैज्ञानिक जाँच शुरू करने के लिए 5 जुलाई, 2016 को बृहस्पति की एक ध्रुवीय कक्षा में प्रवेश किया। जूनो मिशन का कार्य बृहस्पति की संरचना, गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र, चुम्बकीय क्षेत्र और ध्रुवीय मैग्नेटोस्फीयर को मापना है।

44. (3) पुणे की ट्रैफिक पुलिस द्वारा 'रोडियो' नामक एक रोबोट द्वारा ट्रैफिक संचालित करने की योजना बनाई जा रही है, जो शहर की सड़कों पर घूमेगा, एक अर्ध-ट्रैफिक पुलिसकर्मी के रूप में काम करेगा और यात्रियों और यातायात नियमों तथा अपराधों पर नजर रखेगा, रोडियो में 16 इंच के एलईडी होगें। यह यातायात नियमों और अन्य महत्वपूर्ण सन्देशों को प्रदर्शित करता है जैसे कि 'हेलमेट पहनें', 'सिग्नल क्रॉस नहीं करे' और अन्य।

45. (2) चंद्रयान कार्यक्रम के तहत चंद्रयान-1 भारत की पहली यान थी जिसे चन्द्रमा पर आरंभिक जाँच के लिए भेजा गया था। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा अक्टूबर 2008 में शुरू किया गया था, और अगस्त 2009 तक संचालित किया गया। चंद्रयान-2 चंद्रयान-1 के बाद 2019 में लॉन्च होने वाला भारत का दूसरा चंद्र अन्वेषण मिशन है।

46. (4) मार्च 27, 201 9 को भारत ने डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम आइलैंड लॉन्च कॉम्प्लेक्स से एक एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, मिशन शक्ति का परीक्षण किया। यह डीआरडीओ द्वारा किए गए एक तकनीकी मिशन था। परीक्षण का महत्व यह था कि भारत ने परीक्षण किया और सफलतापूर्वक अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया और पूर्ण स्वदेशी प्रौद्योगिकी के आधार पर बाहरी अंतरिक्ष में एक उपग्रह किया।

47. (3) सतीश धवन स्पेस सेंटर (SDSC) SHAR] श्रीहरिकोटा, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए लॉन्च बेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है।

48. (2) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की नई वाणिज्यिक शाखा जिसे न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) कहा जाता है, का आधिकारिक उद्घाटन मई 2019 में बेंगलुरु में डॉ के कस्तूरीरंगन द्वारा किया गया था। NSIL का मुख्य उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों में उद्योग की भागीदारी को बढ़ाना है।

49. (1) बिहार की राजधानी पटना में पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के तट पर राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र (NDRC) स्थापित किया जाएगा। यह भारत और एशिया का पहला डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र होगा।

50. (3) 18 मई, 1974 को भारत के पहले सफल परमाणु बम परीक्षण का कोड स्माइलिंग बुद्धा नाम था। भारतीय सेना द्वारा राजस्थान के पोखरण टेस्ट रेंज में आर्मी बेस पर यह परीक्षण किया गया था। पोखरण-I संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों के बाहर के राष्ट्र द्वारा पहला परमाणु परीक्षण भी था।

51. (3) निर्भय एक लंबी दूरी की, ऑल-वेदर, सबसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे भारत में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। मिसाइल को कई प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है और यह पारंपरिक और परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। यह वर्तमान में विकास और उड़ान परीक्षण के दौर से गुजर रहा है।

52. (1) रामागुंडम, तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में एक नगर निगम और शहर है जो राष्ट्रीय थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन (NTPC) के एक पॉवर स्टेशन के लिए प्रसिद्ध है। यह दक्षिण भारत का वर्तमान में सबसे बड़ा पॉवर स्टेशन है। यह भारत में पहला आईएसओ 14001 प्रमाणित (सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन) है।

53. (3) क्यूरियोसिटी कार के आकार का एक रोवर है जिसे नासा के मार्स साइंस लेबोरेटरी मिशन (MSL) के हिस्से के रूप में मंगल पर क्रेटर गेल का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। 26 नवम्बर, 2011 को केप कैनवेरल से और 6 अगस्त, 2012 को यह मंगल पर गेल के अंदर ऐओलिस पलस पर उतरा। रोवर के लक्ष्यों में मंगल की जलवायु और भूविज्ञा की जाँच शामिल है।

54. (2) मार्च 2018 तक, भारत में 7 परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के संचालन में 22 परमाणु रिएक्टर हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 6,780 मेगावाट है।

- 7 और रिएक्टर 4,300 मेगावाट की संयुक्त उत्पादन क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं।
- परमाणु ऊर्जा ने कुल 35 TWH का उत्पादन किया और 2017 में 3.22% बिजली की आपूर्ति की।

55. (2) उद्योग 4.0, उद्योग का चिंतन करने वाली चौथी औद्योगिक क्रांति का उप-समुच्चय है।

- रेल मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और आईआईटी-कानपुर ने 'उद्योग 4.0' पर एक परियोजना के लिए सहयोग किया है।
- उन्होंने मॉडर्न कोच फैक्ट्री में कार्यान्वयन के लिए प्रायोगिक परियोजना का शुभारंभ किया है।

56. (1) केवल तीन देशों सोवियत संघ/रूस, अमेरिका और चीन ने अपने स्वयं के चालक दल सहित अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया है।

- सोवियत संघ द्वारा पहला मानव अंतरिक्ष यान 12 अप्रैल, 1961 को प्रक्षेपित किया गया था।
- चीन 15 अक्टूबर, 2003 को अपने ही लॉन्ग मार्च 2 एफ रॉकेट के साथ स्वतंत्र रूप से पृथ्वी की कक्षा में एक अंतरिक्ष यात्री को भेजने वाला तीसरा राष्ट्र बन गया।

57. (2) अंटार्कटिका में मैत्री भारत का दूसरा स्थायी अनुसंधान केंद्र है।

- इसे 1989 में बनाया गया था। इसके बाद भारत के पहले अनुसंधान केन्द्र दक्षिण गंगोत्री को त्याग दिया गया और वह बर्फ में दफन हो गया।
- मैत्री पूर्वी अंटार्कटिका के रानी मौड क्षेत्र में शिरमाकर ओएसिस नामक एक पथरीले पठारी क्षेत्र में स्थित है।

58. (1) आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने 'इलेक्ट्रोकाइनेटिक स्ट्रीमिंग क्षमता' नामक नैनोस्केल परिघटना को नियोजित किया।

- इलेक्ट्रोकाइनेटिक स्ट्रीमिंग क्षमता का उपयोग छोटे स्तर पर बहते हुए पानी, जैसे घरेलू पानी की टोंटियों से बहने वाले जल से ऊर्जा के निर्माण में किया जा सकता है।
- पानी के भीतर आयनों की उपस्थिति के कारण विद्युत प्रवाह और विद्युत प्रवाह के बीच युग्मन से इलेक्ट्रोकाइनेटिक क्षमता उत्पन्न होती है।

59. (3) नवम्बर 2019 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास ने देश की पहली स्टैंडिंग व्हीलचेयर बनाई है। इसके व्हीलचेयर को स्वदेशी तौर पर डिजाइन किया गया है।

- इसकी मदद से अब दिव्यांग या अन्य असहाय लोग न सिर्फ खड़े हो सकेंगे, बल्कि वह चल फिर भी पाएँगे।

60. (4) नासा के अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच ने 28 दिसम्बर 2019 को अंतरिक्ष में 288 दिनों तक रहने के पहले के रिकॉर्ड को पार करते हुए एक महिला द्वारा सबसे लंबे समय तक एकल अंतरिक्ष यान में रहने का रिकॉर्ड बनाया। अंतरिक्ष में 288 दिनों तक रहने के साथ सेवानिवृत्त अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन ने पहले यह रिकॉर्ड रचा था। कोच इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अभियान का सदस्य है।

61. (1) जुलाई 2019 में इजराइल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं की एक टीम ने रामानुजन मशीन के रूप में वर्णित एक उपकरण का निर्माण किया - एक ऐसा उपकरण जो स्वचालित रूप से मौलिक नियतांक के लिए अनुमान (गणितीय कथन जो सत्य कथन के रूप में प्रस्तावित हैं) को उत्पन्न करता है। मशीन का नाम भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के नाम पर रखा गया है।

62. (2) भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान PSLV-C51 ने 28 फरवरी, 2021 को सतीश ध वन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा, से 18 सह-यात्री उपग्रहों के साथ ब्राजील के Amazonia-1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

- Amazonia-1 का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को अमेजन क्षेत्र में वनों की कटाई की निगरानी और ब्राजीलियाई क्षेत्र में विविध कृषि के विश्लेषण के लिए रिमोट सेंसिंग डेटा प्रदान करना है।

□□□

15

पुरस्कार एवं सम्मान

1997–2010 के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है

1. प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता कौन था?
(1) सुमित्रानन्दन पन्त
(2) जी. शंकर कुरूप
(3) के. शिवराम कारंथ
(4) उमाशंकर जोशी
(SSC संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारम्भिक परीक्षा–24.02.2002 मध्य क्षेत्र)
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 19.05.2013)

2. किस राज्य की सरकार ने 'तानसेन सम्मान' शुरू किया है ?
(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश
(3) गुजरात (4) महाराष्ट्र

3. नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले पहले अमेरिकी कौन थे?
(1) अब्राहम लिंकन (2) जॉर्ज बुश सीनियर
(3) थियोडोर रूजवेल्ट (4) फ्रेंकलिन रूजवेल्ट
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–16.01.2017, द्वितीय पाली)

4. ग्रैमी पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(1) साहित्य (2) संगीत
(3) विज्ञान (4) आविष्कार और खोज
(SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–12.12.2010)
(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 09.11.2014)

5. भारत की प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता महिला का नाम बताइए ?
(1) इंदिरा गाँधी (2) मदर टेरेसा
(3) कविता कृष्णन (4) सरोजिनी नायडू
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा–22.01.2017, तृतीय पाली)

6. निम्नलिखित में से किसे 'भारत रत्न' नहीं मिला है?
(1) मोरारजी देसाई
(2) गुलजारी लाल नंदा
(3) राजीव गांधी
(4) अटल बिहारी वाजपेयी
(SSC सी.आई.एस.एफ. कांस्टेबल (जीडी) स्टॉफ परीक्षा–05.06.2011)

7. अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार किसने स्थापित किया था?
(1) अल्फ्रेड नोबेल
(2) स्वीडन का सेंट्रल बैंक
(3) नोबेल समिति
(4) विश्व बैंक
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–16.10.2011)

8. निम्न में से 'भारत रत्न' पाने वाला पहला संगीतकार कौन था ?
(1) लता मंगेशकर (2) एम.एस. सुब्बालक्ष्मी
(3) पं. रवि शंकर (4) पं. भीमसेन जोशी
(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' एवं 'D' परीक्षा–16.10.2011)

9. भारत रत्न का डिजाइन किस वृक्ष के पत्ते की तरह बनाया गया है?
(1) बरगद का वृक्ष (2) पीपल का वृक्ष
(3) नारियल का वृक्ष (4) चंदन का वृक्ष
(SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–04.12.2011)

10. वह कौन से भारतीय हैं जिन्होंने एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का प्रतिनिधित्व करते हुए संयुक्त राज्य (यू.एस) के अल गोर के साथ नोबेल शांति पुरस्कार की भागीदारी की?
(1) राजेन्द्र पचौरी
(2) विश्वनाथन सुब्रमण्यन
(3) आर.एन. टैगोर
(4) मदर टेरेसा
(SSC कांस्टेबल (GD) एवं राइफलमैन (GD) परीक्षा–22.04.2012 प्रथम पाली)

11. समाज सेवा के लिए मैग्सेसे पुरस्कार इनके द्वारा प्रारंभ किया गया।
(1) भारत सरकार
(2) यू.एन.ओ.
(3) आई.एल.ओ.
(4) फिलीपीन्स की सरकार
(SSC कांस्टेबल (GD) एवं राइफलमैन (GD) परीक्षा–22.04.2012 प्रथम पाली)

12. प्रथम भारत रत्न किसे मिला ?
(1) जवाहर लाल नेहरू
(2) गोविंद वल्लभ पंत
(3) बी.सी. रॉय (4) सी.वी. रमन
(SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 10.03.2013, प्रथम पाली)

13. अमर्त्य कुमार सेन को किस वर्ष में अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार मिला?
(1) 1998 (2) 1995
(3) 2000 (4) 1990
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, प्रथम पाली)

14. दादा साहब फाल्के पुरस्कार सर्वप्रथम किसे मिला?
(1) श्रीमती देविका रानी
(2) श्रीमती काणन देवी
(3) बी.एन. सरकार (4) पृथ्वी राज कपूर
(SSC मल्टी टास्किंग स्टॉफ परीक्षा, 17.03.2013, द्वितीय पाली)

15. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाला प्रथम हिन्दी लेखक कौन था?
(1) महादेवी वर्मा
(2) सुमित्रानंदन पंत
(3) डॉ. रामधारी सिंह दिनकर
(4) एस.एच. वात्स्यायन
(SSC स्नातक स्तरीय Tier-I परीक्षा, 19.05.2013)

16. ब्रह्मांड सुंदरी (मिस वर्ल्ड) पुरस्कार की प्रथम भारतीय महिला विजेता कौन थी?
(1) रीता फारिया (2) ऐश्वर्या राय
(3) लारा दत्ता (4) सुष्मिता सेन
(SSC स्नातक स्तरीय Tire-I परीक्षा, 19.05.2013)

17. मरणोपरांत भारत रत्न की उपाधि लाने वाला पहला व्यक्ति कौन था?
(1) बी.आर. अम्बेडकर(2) के. कामराज
(3) लाल बहादुर शास्त्री(4) एम.जी. रामाचंद्रन
(SSC (10+2) डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा, 20.10.2013)

18. नोबल पुरस्कार कौन सा देश देता है ?

(1) फ्रांस

(2) स्वीडन

(3) स्विट्जरलैंड

(4) संयुक्त राज्य अमेरिका

(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 प्रथम पाली), (SSC (10+2) स्तर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं LDC परीक्षा–1112.2011 Delhi Zone) (SSC CGL Tier-I परीक्षा 19.10.2014) (SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, द्वितीय पाली)

19. निम्नलिखित में से साहित्य के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान कौन-सा है ?

(1) सरस्वती सम्मान (2) व्यास सम्मान

(3) कालिदास सम्मान (4) ज्ञानपीठ पुरस्कार

(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

20. गोल्डन ग्लोब पुरस्कार किससे सम्बन्धित है ?

(1) सामाजिक कार्य (2) पत्रकारिता

(3) शांति प्रयास (पहल)

(4) फिल्में

(SSC CGL Tier-I पुनर्परीक्षा–2013, 20.07.2014 द्वितीय पाली)

21. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के लिए प्रतिवर्ष मूर्तिदेवी पुरस्कार दिया जाता है?

(1) साहित्य (2) फिल्म

(3) पत्रकारिता (4) संगीत

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा 02.11.2014, द्वितीय पाली)

22. भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला है

(1) मदर टेरेसा (2) इंदिरा गाँधी

(3) लता मंगेशकर (4) सरोजिनी नायडू

(SSC CHSL (10+2) DEO एवं LDC परीक्षा, 09.11.2014)

23. मैगसेसे पुरस्कार रामोन मैगसेसे के नाम पर दिया जाता है। वे किस देश के राष्ट्रपति थे?

(1) म्यांमार (2) मलेशिया

(3) फिलीपींस (4) स्वीडन

(बिहार SSC द्वितीय स्नातक प्रारंभिक परीक्षा 16.02.2015)

24. कालिदास सम्मान पुरस्कार प्रारम्भ किया गया

(1) पंजाब सरकार द्वारा

(2) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा

(3) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा

(4) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा

(बिहार SSC द्वितीय स्नातक स्तर प्रारंभिक परीक्षा 23.02.2015)

25. भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित प्रथम विदेशी कौन थे ?

(1) खान अब्दुल गफ्फार खान

(2) नेल्सन मंडेला

(3) दलाई लामा

(4) एनी बेसेंट

(SSC CAPFs SI, CISF ASI एवं दिल्ली पुलिस SI परीक्षा 21.06.2015 TF No. 310524, द्वितीय पाली)

26. खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार दिया जाता है ?

(1) द्रोणाचार्य पुरस्कार (2) भारत रत्न

(3) पद्मश्री पुरस्कार (4) अर्जुन पुरस्कार

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 09.08.2015, प्रथम पाली TF No. 1443088)

27. भारत को प्रथम नोबल पुरस्कार इस विषय के लिए दिया गया था:

(1) साहित्य (2) रसायन विज्ञान

(3) औषधि विज्ञान (4) भौतिकी

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, प्रथम पाली TF No. 3196279)

(SSC CGL Tier-I परीक्षा 16.08.2015, द्वितीय पाली TF No. 2176783)

28. प्रतिवर्ष कितने नोबल प्राइज पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं?

(1) 10 (2) 6

(3) 5 (4) 8

(SSC CHSL (10+2) LDC/DEO एवं PA/SA परीक्षा 01.11.2015, द्वितीय पाली)

(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा-31.07.2016)

29. ऑस्कर जीतने वाला पहला "ब्लैक (अश्वेत)" कलाकार कौन था?

(1) एडी मर्फी (2) वेस्ले स्नाइप्स

(3) सिडनी पोटियर (4) मॉर्गन फ्रीमैन

(SSC (10+2) स्टेनोग्राफर ग्रेड-'C' एवं 'D' परीक्षा 31.01.2016, TF No. 3513283)

30. 1918 में किस भौतिक वैज्ञानिक को क्वांटम थ्योरी के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(1) मैक्स पुलुँक (2) निएल्स बीहर

(3) मैक्स प्लान्क (4) बर्री

(SSC CPO, SI, ASI ऑनलाइन परीक्षा-05.06.2016 द्वितीय पाली)

31. बी. सी. रॉय पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?

(1) संगीत (2) पत्रकारिता

(3) चिकित्सा (4) पर्यावरण

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-28.08.2016 द्वितीय पाली)

32. भारत में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है ?

(1) वीर चक्र

(2) परम विशिष्ट सेवा पदक

(3) कीर्ति चक्र

(4) परम वीर चक्र

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-28.08.2016 द्वितीय पाली)

33. पुलित्जर पुरस्कार किस क्षेत्र में असाधारण कार्य करने के लिए दिया जाता है ?

(1) पर्यावरण अध्ययन

(2) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

(3) साहित्य एवं पत्रकारिता

(4) अंतर्राष्ट्रीय समझ

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-28.08.2016 द्वितीय पाली)

34. कितनी भारतीय भाषाओं में सर्वोत्तम लेखन के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिए जाते हैं ?

(1) 12 (2) 15

(3) 20 (4) 24

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-29.08.2016 द्वितीय पाली)

35. शांतिकाल में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?

(1) वीर चक्र (2) परम वीर चक्र

(3) अशोक चक्र (4) महावीर चक्र

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016 प्रथम पाली)

36. अंतर्राष्ट्रीय समझदारी (इंटरनेशनल अंडरस्टैंडिंग) के लिए दिया जाने वाला जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार किसके द्वारा दिया जाता है ?

(1) राष्ट्रीय कला व सांस्कृतिक केन्द्र

(2) युवा और खेलकूद विभाग

(3) नेहरू स्मारक संग्रहालय

(4) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-01.09.2016 प्रथम पाली)

37. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान के लिए दिया जाता है?

(1) ऑस्कर पुरस्कार (2) बुकर पुरस्कार

(3) पुलित्जर पुरस्कार (4) सुल्लिवन पुरस्कार

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा-31.08.2016, Shift-III)

38. जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार किस लिए दिया जाता है?

(1) सरकारी सेवा

(2) साहित्यिक सेवा

(3) अर्न्तराष्ट्रीय समझदारी

(4) सामाजिक कार्य

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–31.08.2016, Shift-III)

39. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का सर्वोच्च 'पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार' है?

(1) गोल्डन बियर पुरस्कार

(2) गोल्डन पांडा पुरस्कार

(3) गोल्डन ग्लोब पुरस्कार

(4) गोल्डन पाम्स पुरस्कार

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–03.09.2016, Shift-III)

40. **अमर्त्य सेन ने किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता है?**

(1) सूक्ष्म अर्थशास्त्र

(2) कल्याण अर्थशास्त्र

(3) आर्थिक विकास मॉडल

(4) निवेश-उत्पाद मॉडल

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–08.09.2016, Shift-II), (SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–06.09.2009), (SSC सी.पी.ओ.सब-इंस्पेक्टर परीक्षा–03.09.2006), (SSC सेक्शन ऑफिसर (ऑडिट) परीक्षा–06.01.2008), (SSC संयुक्त मैट्रिक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा–27.05.2001 प्रथम पाली), (SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा–08.09.2016, Shift-II)

41. "नॉर्मन बोरलॉग पुरस्कार" किस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है?

(1) समाज कल्याण (2) वैज्ञानिक शोध

(3) फील्ड अनुसंधान और अनुप्रयोग

(4) वीरता

(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, प्रथम पाली)

42. सिनेमा के क्षेत्र में आजीवन उपलब्धियों के लिए ऑस्कर पाने वाले पहले भारतीय कौन थे?

(1) अनिल कपूर (2) भानु अथैया

(3) सत्यजीत रे (4) बिमल रॉय

(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 11.09.2017, द्वितीय पाली)

43. 'द्रोणाचार्य सम्मान' ..... को दिया जाता है?

(1) खिलाडियों (2) प्रशिक्षकों

(3) अम्पायरों (4) खेल संपादकों

(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 12.09.2017, प्रथम पाली)

44. निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार उपन्यास के लिए दिया जाता है?

(1) भारत रत्न

(2) बुकर पुरस्कार

(3) पुलित्जर पुरस्कर

(4) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

(SSC स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' & 'D' परीक्षा 14.09.2017, प्रथम पाली)

45. बी.सी.सी.आई लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जीतने वाली प्रथम महिला कौन हैं?

(1) मिताली राज (2) शांता रंगास्वामी

(3) झूलन गोस्वामी (4) नीतू डैविड

(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 03.10.2017)

46. निम्नलिखित में से किस हॉलीवुड अभिनेता/अभिनेत्री ने सबसे पहला 'जेंडरलेस पुरस्कार' प्राप्त किया है?

(1) ह्यूग जैकमैन (2) एम्मा वॉटसन

(3) टौम क्रूज (4) ब्रैड पिट

(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 21.10.2017)

47. नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले एशियाई कौन थे?

(1) सी. वी. रमण

(2) एच. जी. खुराना

(3) रवीन्द्रनाथ टैगोर(4) मदर टेरेसा

(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 22.10.2017)

48. भारत के राष्ट्रपति बनने से पहले, निम्नलिखित में से किसे 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(1) एस. राधाकृष्णन

(2) एपीजे अब्दुल कलाम

(3) डॉ. जाकिर हुसैन

(4) सभी विकल्प सही हैं

(SSC मल्टी-टास्किंग स्टाफ परीक्षा, (तृतीय पाली) 23.10.2017)

49. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को नागरिकों को दिए जाने वाले दूसरे सर्वोच्च पुरस्कार 'उत्तम जीवन रक्षा पदक' से सम्मानित किया गया है?

(1) सलीम गफूर शेख (2) सौरभ सिन्हा

(3) निहाल चंद सोढ़ी (4) महेंद्र गिरि

(SSC CHSL (10 + 2) Tier-I CBE परीक्षा, (प्रथम पाली) 06.03.2018)

50. भारत और पाकिस्तान द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान (भारत रत्न और निशान-ए-पाकिस्तान) पाने वाले एकमात्र भारतीय नेता कौन हैं?

(1) महात्मा गाँधी (2) जवाहर लाल नेहरू

(3) सरदार वल्लभभाई पटेल

(4) मोरारजी देसाई

(SSC कांस्टेबल (GD) परीक्षा, 02.03.2019(प्रथम पाली)

51. भारत रत्न प्राप्त करने वाले किस व्यक्ति का जन्मदिन राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है?

(1) बिधान चन्द्र रॉय (2) सी एन आर राव

(3) पुरुषोत्तम दास टंडन (4) अब्दुल कलाम आजाद

(SSC CAPFs, NIA, SSF कांस्टेबल (GD) एवं असम राइफल्स राइफलमैन (GD) परीक्षा, 05.03.2019(प्रथम पाली)

52. प्रतिवर्ष 6 श्रेणियों में नोबल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। निम्नलिखित में से किसके लिए यह नहीं दिया जाता है ?

(1) गणित (2) साहित्य

(3) भौतिकी (4) अर्थशास्त्र

(SSC CAPFs, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.03.2019(प्रथम पाली)

53. प्रथम शेख साउद अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भारतीय वैज्ञानिक _____ को उनके पदार्थों पर अनुसंधान के लिए दिया गया।

(1) विक्रम साराभाई (2) एम. विश्वेश्वरैया

(3) चिंतामणि नागेसा रामचंद्र राव

(4) मेघनाथ साहा

(SSC CAPFs, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.03.2019(प्रथम पाली)

54. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष और पद्मभूषण पुरस्कार विजेता का नाम बताएँ जिन्होंने उस ऐतिहासिक क्षण को वास्तविकता बनाया जब मार्स ऑर्बिटर किसी प्रथम प्रयास में मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला भारतीय अंतरिक्ष यान बना था।

(1) सुंदर पिचाई (2) के राधाकृष्णन

(3) फाली नरीमन (4) नंदन नीलेकणि

(SSC CGL TIER-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2019(प्रथम पाली)

55. मदर टेरेसा के बाद किस भारतीय ने नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त किया ?

(1) के राधाकृष्णन (2) फाली नरीमन

(3) पी सदाशिवम (4) कैलाश सत्यार्थी

(SSC CGL TIER-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2019(प्रथम पाली)

56. सतत् ऊर्जा समाधान के क्षेत्र में योगदान के लिए किसने चौथा कार्नोट पुरस्कार 2018 प्राप्त किया।

(1) अरुण जेटली (2) हर्ष वर्धन

(3) हरदीप पुरी (4) पीयूष गोयल

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.06.2019 (तृतीय पाली))

57. पियरे क्यूरी ने हेनरी बैक्वेरल और अपनी पत्नी मैरी क्यूरी के साथ ..... से संबंधित खोजों के लिए वर्ष 1903 में भौतिकी में प्राप्त नोबेले पुरस्कार साझा किया था।

(1) ऊष्मागतिकी (2) दर्पण छवियां

(3) रेडियोधर्मिता (4) एक्स-रे

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (द्वितीय पाली))

58. न्यूरॉन सिद्धांत के लिए 1906 में नोबेल पुरस्कार किसने जीता था?

(1) पियरे क्यूरी

(2) सैंटियागो रेमन वाई कैजल

(3) हेनरी मोसली

(4) लुइस अल्वारेज़

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (द्वितीय पाली))

59. _____ को उनकी एक्स-रे खोज के लिए 1901 में भौतिकी में पहला नोबेल पुरस्कार मिला था।

(1) विल्हेम रॉन्टजेन (2) विलियम थॉमसन

(3) लुईस पाश्चर (4) विलियम क्रुक्स

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (द्वितीय पाली))

60. ब्राजील के भौतिकविज्ञानी और खगोल शास्त्री _____ को विज्ञान और आध्यात्मिका के सम्मिश्रण के कार्य के लिए 1.4 मिलियन डॉलर की राशि वाले टेम्पलटन पुरस्कार, 2019 से सम्मानित किया गया।

(1) निकोलस कोपर्निकस

(2) मार्सेलो ग्लीसर

(3) चार्ल्स मेस्सियर

(4) एडविन हबल

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (तृतीय पाली))

61. मार्च 2019 में, केन्या के ग्रामीण क्षेत्र के _____ नामक एक विज्ञान शिक्षक ने 1 मिलियन डॉलर का प्रतिष्ठित 'वैश्विक शिक्षक पुरस्कार 2019' जीता, जो कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को दिया जाता है।

(1) हानन अल हरूब (2) पीटर ताबीची

(3) नैन्सी एटवैल (4) ऑद्रिया ज़फीराकू

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.06.2019 (तृतीय पाली))

62. निम्नलिखित में से कौन एबेल पुरस्कार 2019 जीतने वाली पहली महिला बनी?

(1) सोफी जर्मेन

(2) मरयम मिर्जाखानी

(3) करेन उहलेनबेक

(4) जूलिया रॉबिन्सन

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (द्वितीय पाली))

63. सामुदायिक नेतृत्व में योगदान के लिए रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय कौन थे?

(1) बाबा आमटे

(2) आचार्य विनोबा भावे

(3) वर्गीज कुरियन

(4) अरविंद केजरीवाल

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2019 (तृतीय पाली))

64. श्रीलंका रत्न पुरस्कार जीतने वाला पहला भारतीय नागरिक कौन है?

(1) दिलीप पडगांवकर

(2) विनोद मेहता

(3) खुशवंत सिंह

(4) नरसिम्हन राम

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

65. साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले चीनी व्यक्ति कौन थे?

(1) लियु सिशिन (2) गाओ शिंगजियान

(3) मो यान (4) लु शन

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (तृतीय पाली))

66. भारतीय समाज पर आधारित किस वृत्तचित्र ने 2019 में अकादमी पुरस्कार जीता था?

(1) एंड गेम

(2) लाइफबोट

(3) पीरियड एंड ऑफ सन्टेंस

(4) ब्लैक शीप

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (प्रथम पाली))

67. मिस यूनिवर्स खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन थी?

(1) मधु सप्रे (2) पार्सिस खंबाता

(3) रीता फारिया (4) सुष्मिता सेन

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (तृतीय पाली))

68. _____पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले खिलाड़ी थे।

(1) सचिन तेंदुलकर

(2) मिशेल फरेरा

(3) विश्वनाथन आनंद

(4) पंकज आडवाणी

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.06.2019 (तृतीय पाली))

69. किस भारतीय ने परिधान डिजाइन (costume desgin) के लिए वर्ष 1982 में एकेडमी पुरस्कार जीता था?

(1) रितु बेरी (2) नीता लुला

(3) भानु अथिया (4) रितु कुमार

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.06.2019 (तृतीय पाली))

70. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध सूफी संत इब्राहिम सुतार का संबंध किस राज्य से है?

(1) कर्नाटक

(2) तेलंगाना

(3) केरल

(4) आंध्र प्रदेश

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 04.07.2019 (प्रथम पाली)

71. अल्बर्ट आइंस्टीन को वर्ष ____ में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया था?

(1) 1934 (2) 1921

(3) 1924 (4) 1920

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 04.07.2019 (द्वितीय पाली)

72. स्काई ट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवार्ड्स 2019 में निम्नलिखित में से किस हवाई अड्डे को लगातार सातवीं बार 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे' के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था?

(1) छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(2) चांगी हवाई अड्डा

(3) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(4) हनेडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 05.07.2019 (प्रथम पाली)

73. 1903 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला कौन थी?

(1) अल्वा मिरडल

(2) जेन एडम्स

(3) मैरी क्यूरी

(4) जोडी विलियम्स

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (प्रथम पाली)

74. 1989 में रिचर्ड और रहोडा गोल्डमैन द्वारा शुरू किया गया गोल्डमैन पुरस्कार _____ क्षेत्र में दिया जाता है।

(1) शिक्षा (2) चित्रकारी

(3) वातावरण (4) संगीत

SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 11.07.2019 (तृतीय पाली)

75. किस क्षेत्र में 'सरस्वती सम्मान' पुरस्कार दिया जाता है?

(1) संगीत

(2) साहित्य

(3) पत्रकारिता

(4) नृत्य

SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 02.08.2019 (प्रथम पाली)

76. अरुंधति राय को निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला?

(1) रमन मैग्सेस पुरस्कार

(2) नोबेल पुरस्कार

(3) पुलित्जर पुरस्कार

(4) मैन बुकर पुरस्कार

SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली)

77. निम्नलिखित में से कौन भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है?

(1) पद्म भूषण

(2) भारत रत्न

(3) पद्म श्री

(4) ज्ञानपीठ पुरस्कार

SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 08.08.2019 (प्रथम पाली)

78. भारत के सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कारों में से एक 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' की शुरुआत किस वर्ष की गई थी?

(1) 1972 (2) 1961

(3) 1957 (4) 1969

(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 09.12.2019(प्रथम पाली))

79. निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत के पहले सैन्य अधिकारी थे जिन्हें फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया गया था ?

(1) सैम मानेकशॉ

(2) गोपाल गुरुनाथ बेवूर

(3) ओम प्रकाश मल्होत्रा

(4) तपीश्वर नारायण रैना

(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.12.2019(प्रथम पाली))

80. जी.एस.टी. (GST) परिषद् द्वारा लॉटरी पुरस्कारों के लिए निर्धारित की गई समान जी.एस.टी. (GST) दर क्या है?

(1) 18% (2) 32%

(3) 28% (4) 10%

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (प्रथम पाली))

81. पुरातत्त्ववेत्ता आर. नागास्वामी को किस देश द्वारा रजत जयंती अंतर्राष्ट्रीय कला सम्मेलन में सम्मानित किया गया?

(1) नेपाल (2) बांग्लादेश

(3) भूटान (4) चीन

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (द्वितीय पाली))

82. निम्नलिखित किस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रिंज्कर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है?

(1) चिकित्सा (2) साहित्य

(3) गणित (4) वास्तुकला

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.03.2020 (प्रथम पाली))

83. ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले पहले अभिनेता का नाम बताएँ।

(1) लियोनेल बैरीमोर (2) एमिल जेनिंग्स

(3) वॉर्नर बैक्टर (4) चार्ली चैप्लिन

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (प्रथम पाली))

84. निम्नलिखित में से किसे 2019 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया ?

(1) सुनील छेत्री (2) भूपेन हजारिका

(3) मोहनलाल विश्वनाथन

(4) विराट कोहली

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 17.03.2020 (प्रथम पाली))

85. द्रोणाचार्य पुरस्कार किस वर्ष आरम्भ किया गया था?

(1) 1978 में (2) 1985 में

(3) 1991 में (4) 1997 में

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.10.2020 (द्वितीय पाली))

86. पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय कौन थे?

(1) गोविंद बिहारी लाल

(2) संघमित्रा कलिता

(3) झुम्पा लाहिड़ी

(4) गीता आनंद

(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 23.11.2020(प्रथम पाली))

87. राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष___ द्वारा दिया जाता है।

(1) राजीव गांधी मेमोरियल ट्रस्ट

(2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(3) युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार

(4) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार

(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

88. 'ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर' नामक सामाजिक कार्यकर्त्ता संगठन के संस्थापक निम्न में से कौन है?

(1) कैलाश सत्पार्थी

(2) बाबा आमटे

(3) किरण बेदी

(4) अन्ना हजारे

(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

89. किस भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ने 2020 का 'आईबीएम बीकन अवार्ड' जीता है?

(1) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज

(2) विप्रो

(3) टेक महिंद्रा

(4) इंफोसिस

(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.08.2021 (प्रथम पाली))

90. 2020 में, बाघों की आबादी बढ़ाने के प्रयासों के लिए, निम्न में से किस बाघ अभयारण्य (टाईगर रिजर्व) ने 'टी. एक्स.-2 (TX-2) अॅवार्ड' जीता ?

(1) पेरियार बाघ अभयारण्य

(2) पीलीभीत बाघ अभयारण्य

(3) रणथंभौर बाघ अभयारण्य

(4) सरिस्का बाघ अभयारण्य

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.08.2021 (प्रथम पाली))

91. 2020 का साहित्य नोबेल पुरस्कार_____ को प्रदान किया गया था।

(1) ओल्गा टोकार्जुक

(2) काजुओ इशिगुरो

(3) लुईस ग्लूक

(4) पीटर हैंडके

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2022 (प्रथम पाली))

92. निम्नलिखित में से कौन पहले डॉ शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता थे?

(1) एम एन साहा

(2) के एस कृष्णन

(3) सी वी रमन

(4) एस चंद्रशेखर

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

93. निम्नलिखित में से किसे अप्रैल 2021 में इंजीनियरिंग विज्ञान में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए 30वें जीडी बिड़ला पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था?

(1) चंद्रिमा साहा

(2) सुमन चक्रवर्ती

(3) संजय मित्तल

(4) राजीव कुमार वार्ष्णेय

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

94. निम्नलिखित भारतीय कलाकारों में से किसने वर्ष 2019 का 'जोआन मीरो पुरस्कार' जीता था?

(1) जोगेन चौधरी

(2) नलिनी मालानी

(3) अंजलि इला मेनन

(4) जितेन ठुकराल

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

95. वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर 2021 प्रतियोगिता जीतने वाली तस्वीर का शीर्षक '_____' है।

(1) द फर्स्ट एम्ब्रेस (The First Embrace)

(2) क्राइंग गर्ल ऑन द बॉर्डर (Crying Girl on the Border)

(3) इमैन्सिपेशन मेमोरियल डिबेट (Emancipation Memorial Debate)

(4) स्ट्रेट वॉइस (Straight Voice)

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

96. निम्नलिखित में से किस संगठन ने मई 2021 में एटियेन ग्लिचिच पुरस्कार जीता?

(1) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड

(2) अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ

(3) बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया

(4) हॉकी इंडिया

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

97. निम्नलिखित में से किसे भारतनाट्यम के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(1) विजय शंकर

(2) अनीता रत्नम

(3) गीता चंद्रन

(4) ए.बी. बाला कोंडाला राव

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

98. फरवरी 2022 तक, संगीत नाटक अकादमी रत्नसदस्य (फेलो) के लिए पुरस्कार राशि (पर्स मनी)_____है।

(1) 3 लाख रुपये (2) 2 लाख रुपये

(3) 1 लाख रुपये (4) 4 लाख रुपये

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

99. ए आर रहमान को निम्नलिखित में से किस फिल्म के लिए 2009 में अकादमी पुरस्कार मिला था?

(1) लगान

(2) स्लमडॉग मिलेनियर

(3) रोजा

(4) बॉम्बे ड्रीम्स

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

100. पंडित भीमसेन जोशी को 1985 में निम्नलिखित में से किसी हिंदी फिल्म में उनके गायन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(1) अनकही (2) तानसेन

(3) संध्या राग (4) बसंत बहार

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

101. निम्नलिखित में से किस पुस्तक को 2021 में बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(1) द प्रॉमिस (The Promise)

(2) नो वन इज़ टॉकिंग अबाउट दिस (No one Is Taking About This)

(3) द फॉर्च्यून मेन (The Fortune Men)

(4) ए पैसेज नॉर्थ (A Passage North)

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

102. किस एमी पुरस्कार-नामांकित भारतीय कोरियोग्राफर ने 10वाँ वार्षिक 'वर्ल्ड कोरियोग्राफी अवॉर्ड 2020' जीता है?

(1) सुरेश मुकुंद (2) श्यामक डावर

(3) प्रभु देवा (4) गणेश आचार्य

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

103. निम्नलिखित में से किस वर्ष में एक प्रसिद्ध पार्श्व भारतीय गायिका लता मंगेशकर को दूसरे सर्वोच्च भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था?

(1) 1990

(2) 1995

(3) 1999

(4) 2003

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

104. निम्नलिखित में से किसने प्रतिष्ठित अभिनंदन सरोजा राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 जीता?

(1) सरोजा वैद्यनाथन

(2) अपर्णा सतीसन

(3) मृणालिनी साराभाई

(4) अलार्मेल वल्ली

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (2)	**2.** (2)	**3.** (3)	**4.** (2)
5. (2)	**6.** (4)	**7.** (2)	**8.** (2)
9. (2)	**10.** (1)	**11-** (4)	**12.** (4)
13. (1)	**14.** (1)	**15.** (2)	**16.** (4)
17. (3)	**18.** (2)	**19.** (4)	**20.** (4)
21. (1)	**22.** (2)	**23.** (3)	**24.** (3)
25. (1)	**26.** (4)	**27.** (1)	**28.** (2)
29. (3)	**30.** (3)	**31.** (3)	**32.** (4)
33. (3)	**34.** (4)	**35.** (3)	**36.** (4)
37. (3)	**38.** (3)	**39.** (2)	**40.** (2)
41. (3)	**42.** (3)	**43.** (2)	**44.** (2)
45. (2)	**46.** (2)	**47.** (3)	**48.** (4)
49. (1)	**50-** (4)	**51.** (1)	**52.** (1)
53. (3)	**54.** (2)	**55.** (4)	**56.** (4)
57. (3)	**58.** (2)	**59.** (1)	**60.** (2)
61. (2)	**62.** (3)	**63.** (2)	**64.** (4)
65. (3)	**66.** (3)	**67.** (4)	**68.** (3)
69. (3)	**70.** (1)	**71.** (2)	**72.** (2)
73. (3)	**74.** (3)	**75.** (2)	**76.** (4)
77. (2)	**78.** (2)	**79.** (1)	**80.** (3)
81. (2)	**82.** (4)	**83.** (1)	**84.** (3)
85. (2)	**86.** (1)	**87.** (3)	**88.** (1)
89. (4)	**90.** (2)	**91.** (3)	**92.** (2)
93. (2)	**94.** (2)	**95.** (1)	**96.** (4)
97. (3)	**98.** (1)	**99.** (2)	**100.** (1)
101. (1)	**102.** (1)	**103.** (3)	**104.** (2)

उत्तर व्याख्यासहित

1. (2) 1965 में जी. शंकर कुरूप को उनकी कृति 'ऑडा कुजाई' (मलयालम) को 1920-50 की अवधि के लिए दिया गया था।

2. (2) तानसेन सम्मान मध्य प्रदेश सरकार शास्त्रीय संगीत (गायन एवं वाद्य) के क्षेत्र में उत्कृष्टता एवं निष्ठा हेतु 1981 से शुरू किया गया। इसमें पुरस्कार स्वरूप 1.5 लाख रुपये की राशि दी जाती है।

3. (3) थिओडोर रूजवेल्ट 1901 से 1909 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के 26वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत थे, किसी श्रेणी में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले वह पहले अमेरिकी थे। 1904-05 में रूस-जापान युद्ध के दौरान दोनों देशों के मध्य शांति वार्ता का आयोजन करने हेतु उन्हें 1906 के शांति के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने शांति आंदोलन की सिफारिश पर मध्यस्थता करते हुए मेक्सिको के साथ एक विवाद का समाधान भी किया था।

4. (2) गैमी अवॉर्ड (मूल रूप से ग्रामोफोन) या ग्रैमी, द रेकॉर्डिंग अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान मुख्य रूप से अंग्रेजी-भाषा संगीत उद्योग में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचानने के लिए दिया जाता है।

5. (2) मदर टेरेसा 1979 में शांति का नोबेल पुरस्कार जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला थी। वह एक अल्बेनियन-भारतीय रोमन कैथोलिक नन और ईसाई धर्म प्रचारक थी। उन्होंने कलकत्ता में एक रोमन कैथोलिक धार्मिक सभा 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की स्थापना की थी और अपना पूरा जीवन सामाजिक कल्याण हेतु समर्पित कर दिया था।

6. (4) प्रश्नानुसार उस समय अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न नहीं मिला था। लेकिन वर्ष 2014 में अटल बिहारी वाजपेयी को भी भारत रत्न मिल चुका है। इसके अलावा मोरारजी देसाई को 1991 में, गुलजारी लाल नंदा को 1997 में तथा राजीव गाँधी को 1991 ई. में भारत रत्न मिला है।

7. (2) स्वीडन के केंद्रीय बैंक सेवरिजेज रिक्सबैंक ने नोबेल पुरस्कारों के अंतर्गत अर्थशास्त्र पर पुरस्कार देने की शुरुआत की थी।

8. (2) लता मंगेश्कर - 2001, एम. एस. सुब्बालक्ष्मी - 1998, पं. रविशंकर - 1999, पं. भीमसेन जोशी - 2009

9. (2) भारत रत्न का डिजाइन पीपल का वृक्ष के पत्ते की तरह बनाया गया था।

10. (1) भारतीय पर्यावरणविद् राजेन्द्र कुमार पचौरी की अध्यक्षता वाले आईपीसीसी (इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज) को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आईपीसीसी को अमेरीका के पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर के साथ संयुक्त रूप से दिया गया था।

11. (4) मैग्सेसे पुरस्कार की स्थापना 1957 में की गयी थी जब फिलीपीन के राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे की मृत्यु एक विमान दुर्घटना में हुई थी।

12. (4) सी राजागोपालाचारी, एस राधाकृष्णन तथा सीवी रमण को वर्ष 1954 में भारत रत्न दिया गया था।
जवाहरलाल नेहरू को वर्ष 1955 में, गोविंद बल्लभ पंत को 1958 में तथा डॉ. बी सी राय को वर्ष 1961 में भारत रत्न दिया गया था।

13. (1) अर्थशास्त्र के लिए वर्ष 1998 का नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रो. अमर्त्य सेन यह सम्मान पाने वाले पहले एशियाई हैं। शांतिनिकेतन में जन्मे इस विद्वान अर्थशास्त्री ने लोक कल्याणकारी अर्थशास्त्र की अवधारणा का प्रतिपादन किया है।

14. (1) श्रीमती देविका रानी रोरिक को वर्ष 1969 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया था।
वर्ष 2012 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्राण को देने की घोषणा 12 अप्रैल, 2013 को की गयी।

15. (2) वर्ष 1968 में सुमित्रानंदन पंत को उनकी कृति 'चिदम्बरा' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले वे प्रथम हिन्दी लेखक थे। पंत को हिन्दी साहित्य के छायावादी कवियों में श्रेष्ठ माना जाता रहा है।

16. (4) सुष्मिता सेन ने वर्ष 1994 में मिस इंडिया का खिताब जीता। इस खिताब के बाद सुष्मिता ने 'मिस यूनिवर्स' का विश्व खिताब जीतकर अपना नाम पूरे देश में रोशन कर दिया। उसी साल ऐश्वर्या राय ने 'मिस वर्ल्ड' का खिताब जीता।

17. (3) लाल बहादुर वैसे पहले व्यक्ति थे जिन्हें 1966 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उसके उपरांत मरणोपरांत भारत रत्न की उपाधि प्राप्त करने वाले अन्य व्यक्ति हैं : के कामराज : 1976, एमजी रामचंद्रन : 1988, और बी. आर. अम्बेदकर : 1990।

18. (2) नोबेल पुरस्कार एक अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक सम्मान है। यह पुरस्कार संस्कृति और वैज्ञानिक खोजों को मान्यता प्रदान करने के लिए स्वीडिश (Swedish) तथा नॉर्वेजियन (Narwegion) समितियों द्वारा विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। स्वीडेन के वैज्ञानिक एवं खोजकर्ता अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर इस पुरस्कार की स्थापना 1895 में की गई थी।

19. (4) साहित्य के क्षेत्र में प्रदान किया जाने वाला ज्ञानपीठ पुरस्कार (Jnanpith Award) भारत का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है। साहित्य अकेदमी (Sahitya Akademi) पुरस्कार सहित इन दोनों पुरस्कारों को देश का सबसे सम्मानित साहित्यिक पुरस्कार माना जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना 1961 में की गई थी।

20. (4) गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड (Golden Globe Award) एक अमेरिकन अवॉर्ड है जो हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन (Hollywood Foreign Press Association-HFPA) के 93 सदस्यों द्वारा फिल्म और टी.वी. के देश और विदेशों के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार सर्वप्रथम 1944 में प्रदान किए गए थे।

21. (1) भारतीय दर्शन-शास्त्र और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय ज्ञानपीठ संगठन द्वारा भारत में प्रत्येक वर्ष मूर्तिदेवी पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं। इस पुरस्कार के अंतर्गत ₹ 4 लाख नकद, एक स्मृति-पट्टिका (फलक), सरस्वती की एक मूर्ति और एक शॉल प्रदान किया जाता है।

22. (2) इन्दिरा गाँधी 1971 में भारत रत्न से सम्मानित होने वाली प्रथम महिला थीं। वह 1966 से 1977 तक और 1980 से 1984 तक (अपनी हत्या होने तक) भारत की प्रधानमंत्री रहीं। 1954 में स्थापित भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

23. (3) रेमन मैगसेसे फिलीपींस के सातवें राष्ट्रपति थे जो 30 दिसम्बर, 1953 से 1957 में विमान दुर्घटना में देहांत हो जाने तक सेवारत रहे। 20वीं शताब्दी में पैदा होने वाले वह फिलीपींस के प्रथम राष्ट्रपति थे। उनकी स्मृति में 1957 में रमन मैगसेसे पुरस्कार की स्थापना की गई जिसे एशिया का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।

24. (3) कालिदास सम्मान प्रत्येक वर्ष मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय काव्य, नाट्यशाला एवं रूपकलाओं के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का नामकरण प्राचीन भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय संस्कृत लेखक कालिदास के नाम पर किया गया है। यह सम्मान 1980 में पहली बार प्रदान किया गया था।

25. (1) यद्यपि भारत रत्न सामान्यत: भारतीय नागरिकों को प्रदान किया जाता है, लेकिन यह सम्मान भारतीय नागरिकता प्रदान की गई मदर टेरेसा को 1980 में और दो गैर-भारतीयों पाकिस्तान के अब्दुल गफ्फार खान को 1987 में तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला को 1990 में प्रदान किया गया था।

26. (4) अर्जुन पुरस्कार युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए दिया जाता है। 1961 में स्थापित इस सम्मान के अंतर्गत ₹ 5 लाख नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र एवं अर्जुन की एक कांस्य प्रतिमा प्रदान की जाती है।

27. (1) रविन्द्रनाथ टैगोर 1913 में, नोबेल पुरस्कार पाने वाले प्रथम भारतीय थे। उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। गंभीर, अतिसंवेदनशील,

नवीन और सुंदर छन्दों से युक्त गीतांजलि की रचना करने के कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया गया था। वे साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रथम गैर-यूरोपीय थे।

28. (2) नोबेल पुरस्कार प्रतिवर्ष साहित्य, चिकित्सा, भौतिक, रसायन, शांति और अर्थशास्त्र सहित छः क्षेत्रों में प्रदान किया जाता है। स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की इच्छानुसार 1895 में इस पुरस्कार की स्थापना की गई थी। अर्थशास्त्र को छोड़कर शेष पाँच क्षेत्रों में सर्वप्रथम 1901 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किए गए थे। अल्फ्रेड नोबेल की याद में प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों की शृंखला में अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की शुरुआत स्वीडन के केन्द्रीय बैंक द्वारा 1968 में की गई थी।

29. (3) सिडनी पोटियर ने 'लिलिज ऑफ द फील्ड' में अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए 1963 में बेस्ट एक्टर का ऑस्कर अवॉर्ड जीता, इसके साथ ही वह यह अवॉर्ड जीतने वाले प्रथम अश्वेत अभिनेता बन गए। इसके अलावा, वह ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाले प्रथम बहामियन अभिनेता भी बने। विलियम एडमंड बेरेट द्वारा 1962 में इसी नाम से लिखे गए उपन्यास को जेम्स पोए द्वारा फिल्मी रूप में रूपान्तरित किया गया था। इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन राल्फ नेल्सन द्वारा किया गया था।

30. (3) कवाण्टम सिद्धान्त में अपने युगान्तरकारी अनुसंधानों के लिए बर्लिन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैक्स प्लांक को 1918 में भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। जिस प्रकार अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत ने आकाश और काल (स्पेस एंड टाइम) को समझने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई उसी प्रकार इस सिद्धांत ने परमाणविक और उप-परमाणविक प्रक्रियाओं को समझने में मनुष्यों की सहायता की।

31. (3) बी.सी. रॉय पुरस्कार चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। बी.सी. रॉय की स्मृति में इस पुरस्कार की स्थापना भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा 1976 में की गई थी। यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 1 जुलाई को नई दिल्ली में प्रदान किया जाता है।

32. (4) परमवीर चक्र (पीवीसी) भारत का सर्वोच्च वीरता सम्मान है। यह पुरस्कार जल, थल या वायु में शत्रु के सम्मुख सुस्पष्ट वीरता या साहस दिखाने या आत्म बलिदान के लिए प्रदान किया जाता है। 26 जनवरी, 1950 को स्थापित यह पुरस्कार अमेरिका के मेडल ऑफ ऑनर तथा ग्रेट ब्रिटेन के विक्टोरिया क्रॉस के समान है।

33. (3) पुलित्जर पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका में समाचार पत्र, पत्रिका, ऑनलाइन पत्रकारिता, साहित्य और संगीत की विभिन्न विधाओं में विशिष्ट योगदान देने के लिए प्रदान किया जाता है। अमेरिकी निवासी (हंगरी मूल के) जोसफ पुलित्जर की वसीयत में किए गए प्रावधान के अनुसार इस पुरस्कार की स्थापना 1917 में की गई थी। यह पुरस्कार कोलंबिया यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क द्वारा प्रदान किया जाता है।

34. (4) साहित्य अकादमी पुरस्कार भारत का एक साहित्यिक सम्मान है। यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रीय अकादमी पत्र, साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष 24 प्रमुख मान्यता प्राप्त भारतीय भाषाओं में से प्रकाशित किसी विशिष्ट साहित्यिक पुस्तक के लेखक को प्रदान किया जाता है। 1954 में स्थापित, इस पुरस्कार के अंतर्गत एक फलक और पुरस्कारस्वरूप ₹100,000 की नकद राशि प्रदान की जाती है।

35. (3) अशोक चक्र शांति काल में बहादुरी के लिए प्रदान किया जाने वाला भारत का सबसे बड़ा सैन्य सम्मान है। यह युद्ध के मैदान से दूर वीरता, साहसिक कार्य या आत्म बलिदान के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च वीरता सम्मान है। यह सम्मान शांति कालीन परमवीर चक्र के समकक्ष है, जो शत्रुओं के समक्ष ''उत्कृष्ट वीरता या साहसिकता या श्रेष्ठ बहादुरी प्रदर्शित करने या आत्म-बलिदान'' के लिए प्रदान किया जाता है।

36. (4) जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव/समझदारी पुरस्कार की स्थापना 1965 में की गई थी। यह पुरस्कार भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (आईसीसीआर) द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार पूरे विश्व में लोगों के मध्य मैत्री, समझदारी और अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना के लिए किए गए विशिष्ट योगदान हेतु प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना जवाहरलाल नेहरू के सम्मान में की गई थी।

37. (3) पुलित्जर पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका में समाचारपत्र, पत्रिका, ऑनलाइन पत्रकारिता, साहित्य और संगीत-रचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रदान किया जाने वाला एक पुरस्कार है। इस पुरस्कार की स्थापना 1917 में जोसफ पुलित्जर की वसीयत के प्रावधानों द्वारा की गई थी, जिन्होंने समाचारपत्र के प्रकाशक के रूप में विशाल संपत्ति अर्जित की थी। इसका संचालन न्यूयॉर्क सिटी की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाता है।

38. (3) जवाहरलाल नेहरू सम्मान अंतर्राष्ट्रीय समझ के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना 1965 में की गई थी। इसका संचालन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (ICCR) द्वारा किया जाता है तथा यह पुरस्कार विश्व में लोगों के मध्य अंतर्राष्ट्रीय समझ, सद्भावना एवं मैत्री को प्रोत्साहन देने हेतु अपना उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रदान किया जाता है।

39. (2) 'गोल्डन पान्डा' प्रमुख वैश्विक वातावरणिक संगठन वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यू- डब्ल्यूएफ) द्वारा प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च संरक्षण सम्मान है। 1961 में स्थापित, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है, जो बंजर भूमि को संरक्षण देने और पर्यावरण पर मानव के प्रभावों को कम करने के प्रति प्रयासरत है।

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (द्वितीय पाली))

142. किस भारतीय लेखक ने 'टू लाइव्स' पुस्तक लिखी है?
(1) अमिताभ घोष (2) चेतन भगत
(3) विक्रम सेठ (4) अमीष त्रिपाठी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.06.2019 (तृतीय पाली))

143. पुस्तक 'द बर्ड ऑफ टाइम: सांग्स ऑफ लाइफ, डेथ एंड द स्प्रिंग' के लेखक कौन हैं?
(1) सरोजिनी नायडु
(2) विक्रम सेठ
(3) रबिंद्रनाथ टैगोर
(4) कमला सुरैय्या
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (प्रथम पाली))

144. 'द बुद्धा एंड हिज धम्म' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) बी. आर. अंबेडकर
(3) राजमोहन गांधी
(4) सरोजिनी नायडू
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.06.2019 (द्वितीय पाली))

145. 'द ब्लू अम्ब्रेला' पुस्तक किसने लिखी है?
(1) रस्किन बांड (2) झुम्पा लाहिरी
(3) अरविंद अडिगा (4) आर. के. नारायण
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.06.2019 (तृतीय पाली))

146. अनुभवी पत्रकार तथा टी.वी. एंकर करण थापर निम्न में से किस पुस्तक के लेखक हैं?
(1) हैप्पीनेस
(2) रेबेल सुल्तान्स
(3) डेविल्स एडवोकेट : द अनटोल्ड स्टोरी
(4) व्हाय आई एम ए हिन्दू
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 01.07.2019 (तृतीय पाली)

147. निम्नलिखित में से कौन पुस्तक 'Principles of Political Economy' के लेखक हैं?
(1) मिल्टन फ्रीडमैन (2) जॉन स्टूअर्ट मिल
(3) जोसेफ शुमपीटर (4) डेविड रिकार्डो
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 01.07.2019 (तृतीय पाली)

148. पुस्तक 'गुलामगिरी' किसके द्वारा लिखी गई?
(1) ज्योतिराव फुले (2) हरिदास ठाकुर
(3) नारायण गुरु (4) रमाबाई शिंडे
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 01.07.2019 (तृतीय पाली)

149. हिन्दी की महानतम साहित्यिक कृतियों में से एक महाकाव्य 'कामायनी' का लेखक कौन हैं ?
(1) मोहन राकेश (2) जयशंकर प्रसाद
(3) प्रेमचंद
(4) रामधारी सिंह दिनकर
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 02.07.2019 (प्रथम पाली)

150. 20वीं सदी के किस प्रख्यात उपन्यासकार और कवि ने 'पिंजर' का लेखन किया है?
(1) अमृता प्रीतम
(2) हरिवंशराय बच्चन
(3) भवानी प्रसाद मिश्र
(4) प्रभा किरण जैन
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 02.07.2019 (तृतीय पाली)

151. 'क्रिकेट वर्ल्ड कप : द इंडियन चैलेंज' पुस्तक के लेखक कौन है?
(1) हर्षा भोगले (2) संजय मांजरेकर
(3) आशीष रे (4) नरोत्तम पुरी
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 03.07.2019 (द्वितीय पाली)

152. महान भारतीय कवि और नाटककार महाकवि कालिदास के निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक नहीं लिखी थीं?
(1) शकुंतला (2) ऋतुसंहार
(3) मालतिमाधवा (4) मालविकाग्निमित्रम्
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 04.07.2019 (प्रथम पाली)

153. प्रसिद्ध पुस्तक 'कामायनी' के लेखक कौन हैं?
(1) सुमित्रानंदन पंत (2) महादेवी वर्मा
(3) जयशंकर प्रसाद (4) मैथिली शरण गुप्त
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 04.07.2019 (तृतीय पाली)

154. निम्नलिखित में से किसने 'पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' नामक पुस्तक लिखी है?
(1) राजगोपालाचारी
(2) दादाभाई नौरोजी
(3) बाल गंगाधर तिलक
(4) राजा राम मोहन राय
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 04.07.2019 (तृतीय पाली)

155. प्रसिद्ध पुस्तक 'मेघदूत' के लेखक कौन हैं?
(1) कालिदास (2) शूद्रक
(3) भास (4) वात्स्यायन
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 05.07.2019 (द्वितीय पाली)

156. 'चेंजिंग इंडिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) नरेन्द्र मोदी
(2) शशि थरूर
(3) ए. पी. जे अब्दुल कलाम
(4) मनमोहन सिंह
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 05.07.2019 (तृतीय पाली)

157. निम्नलिखित में से किसने 'द नेमसेक' पुस्तक लिखी है?
(1) अरुंधति रॉय (2) झुम्पा लाहिड़ी
(3) अमिताव घोष (4) सिद्धार्थ मुखर्जी
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (प्रथम पाली)

158. 'एन एरा ऑफ डार्कनेस : द ब्रिटिश एम्पायर इन इंडिया' पुस्तक किसने लिखी है?
(1) सुधा मूर्ति
(2) शशि थरूर
(3) रामचंद्र गुहा
(4) ए पी जे अब्दुल कलाम
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (द्वितीय पाली)

159. वाइज़ एंड अदरवाइज़' पुस्तक का लेखन निम्नलिखित में से किसने किया है?
(1) गीता पिरामल (2) झुम्पा लाहिड़ी
(3) अरुंधति रॉय (4) सुधा मूर्ति
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 08.07.2019 (तृतीय पाली)

160. 'दिल्ली इज़ नॉट फॉर' (Delhi is not far) निम्नलिखित में से किस लेखक ने लिखी है?
(1) खुशवंत सिंह (2) अनीता देसाई
(3) अरुंधति रॉय (4) रस्किन बांड
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (प्रथम पाली)

161. 'सोशल हार्मनी' (Social Harmony) नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) लालकृष्ण आडवाणी
(2) नरेंद्र मोदी
(3) श्यामा प्रसाद मुखर्जी
(4) अटल बिहारी वाजपेयी
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (द्वितीय पाली)

162. 'द एंड ऑफ इमेजिनेशन' नामक पुस्तक का लेखन किसने किया है?
(1) शोभा डे (2) अरुंधति रॉय
(3) अमिताव घोष (4) चेतन भगत
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 09.07.2019 (तृतीय पाली)

163. पुस्तक 'टारगेट 3 बिलियन' के लेखक कौन है?
(1) प्रणव मुखर्जी
(2) शंकर दयाल शर्मा
(3) ए.पी.जे अब्दुल कलाम
(4) राम नाथ कोविंद
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (द्वितीय पाली)

164. एवरी वोट काउंट्स-द स्टोरी ऑफ इंडियाज इलेक्शन्स' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई थी?
(1) जेएम लिंगदोह (2) हामिद अंसारी
(3) एसवाई कुरैशी (4) नवीन चावला
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 10.07.2019 (द्वितीय पाली)

165. 'द आइडिया ऑफ इंडिया' पुस्तक का लेखक कौन है?
(1) सुनील खिलनानी (2) अमर्त्य सेन
(3) गिरीश कुबेर (4) अमिताव घोष
SSC CHSL (10+2) Tier-I परीक्षा, 11.07.2019 (द्वितीय पाली)

166. ''बीकमिंग'' का लेखक कौन है?
(1) झुम्पा लाहिड़ी (2) सुधा मूर्ति
(3) मिशेल ओबामा (4) हिलेरी क्लिंटन
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 02.08.2019 (प्रथम पाली)

167. इनमें से कौन बाणभट्ट द्वारा लिखित प्राचीन पुस्तक है ?
(1) कादम्बरी (2) मृच्छकटिका
(3) मेघदूतम (4) गीतगोविन्द
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 05.08.2019 (प्रथम पाली)

168. 'वार एण्ड पीस' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है ?
(1) लियो टॉलस्टॉय (2) दलाई लामा
(3) मरूफ रजा (4) एच. जी. वेल्स
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 05.08.2019 (प्रथम पाली)

169. फ्रीडम इन एक्जाइल' के लेखक कौन हैं?
(1) दलाई लामा
(2) अब्दुल कलाम आजाद
(3) नेल्सन मंडेला
(4) शशि थरुर
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 06.08.2019 (प्रथम पाली)

170. 'द रूम ऑन द रूफ' उपन्यास के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?
(1) रस्किन बॉन्ड
(2) खुशंवत सिंह
(3) मनोहर मालगांवकर
(4) आर.के. नारायण
SSC मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा, 07.08.2019 (प्रथम पाली)

171. 'द व्हाइट टाइगर' उपन्यास के लेखक कौन हैं?
(1) आर.के.नारायण (2) अरविंद अडिगा
(3) विक्रम सेठ (4) शशि थरूर
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 08.08.2019 (प्रथम पाली)

172. वराह मिहिर ने निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक लिखी है?
(1) कुमारसम्भव (2) शकुन्तला
(3) बृहत्संहिता (4) ऋतुसम्हरा
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 08.08.2019 (प्रथम पाली)

173. 'आनंदमठ' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) दादाभाई नौरोजी
(2) अटल बिहारी वाजपेयी
(3) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
(4) एनी बेसेंट
SSC मल्टी टास्किंग (नन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 09.08.2019 (प्रथम पाली)

174. 'द फ्री वॉयस: ऑन डेमोक्रेसी, कल्चर एंड द नेशन (The Free voice : on Democracy, Culture and the Nation)' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) रवीश कुमार
(2) अर्नब गोस्वामी
(3) बरखा दत्त
(4) राहुल कंवल
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 09.12.2019(प्रथम पाली))

175. 'किशॉट' (Quichotte) नामक उपन्यास ____ द्वारा लिखित हैं।
(1) अमित चौधरी
(2) सलमान रुश्दी
(3) सुकुमार सेन
(4) वी.एस.नायपॉल
(SSC CAPFs SI, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 11.12.2019(प्रथम पाली))

176. निम्नलिखित में से किसने 'गुड इकॉनॉमिक्स फॉर हार्ड टाइम्स: बेटर आंसर्स टू अवर बिगेस्ट प्रॉब्लम्स' नामक पुस्तक का सह-लेखन किया है?
(1) रघुराम राजन ने
(2) कौशिक बसु ने
(3) अभिजीत बनर्जी ने
(4) अमर्त्य सेन ने
(SSC CAPFs SI, दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 11.12.2019(प्रथम पाली))

177. निम्नलिखित में से पुस्तक 'व्हाट हैप्पंड' के लेखक कौन हैं ?
(1) शिमोन पेरेज (2) शशि थरूर
(3) ज्यां द्रेज (4) हिलेरी क्लिंटन
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 12.12.2019(प्रथम पाली))

178. उस लेखक का नाम बताएँ जिसने अपनी पुस्तक 'ऐन एरा ऑफ डार्कनेस: द ब्रिटिश एम्पायर इन इंडिया' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2019 जीता?
(1) विक्रम सेठ (2) रोमिला थापर
(3) रामचंद्र गुहा (4) शशि थरूर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (प्रथम पाली))

179. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक सलमान रुश्दी द्वारा नहीं लिखी गई है?
(1) द सैटेनिक वर्सेज
(2) ऐन एरिया ऑफ डार्कनेस
(3) मिडनाइट्स चिल्ड्रेन
(4) शेम
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 03.03.2020 (प्रथम पाली))

180. किस केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में कर्मयोद्धा ग्रंथ नामक पुस्तक का विमोचन किया?
(1) राजनाथ सिंह (2) पी. चिदंबरम
(3) अमित शाह (4) सुशीलकुमार शिंदे
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (द्वितीय पाली))

181. 2019 में प्रकाशित पुस्तक-'द सेंट ऑफ गॉड' के लेखक कौन हैं?
(1) नयनतारा सहगल (2) गीता हरिहरन
(3) सैकत मजूमदार (4) हिमांजलि संकर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (तृतीय पाली))

182. 'अ कॉर्नर ऑफ अ फॉरेन फील्ड: द इंडियन हिस्ट्री ऑफ अ ब्रिटिश स्पोर्ट' नामक भारतीय क्रिकेट के रमणीय और उपख्यानात्मक इतिहास के लेखक कौन हैं?
(1) संजय सिंह (2) रामचंद्र गुहा
(3) बिपिन चंद्र (4) रोमिला थापर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 04.03.2020 (तृतीय पाली))

183. 'ड्रीम्स फ्रॉम माई फादर' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) ओलीविया लैंग (2) चार्ल्स डार्विन
(3) बराक ओबामा (4) नवीन चावला
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.03.2020 (तृतीय पाली))

184. 'द एनार्की: द ईस्ट इंडिया कंपनी, कॉरपोरेट वॉयलेंस, एंड द पिलेज ऑफ़ ऐन एम्पायर' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) पंकज मिश्रा
(2) शशि थरूर
(3) विलियम डेलरिम्पल
(4) वी.पी.मेनन
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 07.03.2020 (द्वितीय पाली))

185. आइन-ए-अकबरी पुस्तक के लेखक का नाम बताएँ ?
(1) दारा शिकोह
(2) अब्दुल रहीम ख़ान-ए-ख़ाना
(3) अबुल फ़जल
(4) टोडरमल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (प्रथम पाली))

186. निम्नलिखित में से किसने रिवॉल्यूशन 2020 पुस्तक लिखी है ?
(1) रूपा पई
(2) चेतन भगत
(3) अरविंद केजरीवाल
(4) देवदत्त पटनायक
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (द्वितीय पाली))

187. निम्नलिखित में से कौन-सी किताब आर. के. नारायण द्वारा लिखी गई है ?
(1) द गाइड
(2) जंगल बुक
(3) स्वामी एंड फ्रेंड्स
(4) मालगुड़ी डेज
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.03.2020 (तृतीय पाली))

188. 'केरला: गॉड्स ओन कंट्री' पुस्तक के लेखक/लेखिका कौन हैं ?
(1) तकशि शिवशंकर पिल्लै
(2) शशि थरूर
(3) सुधा मूर्ति
(4) जीत थाइल
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 17.03.2020 (प्रथम पाली))

189. 'सबका साथ, सबका विकास' के लेखक कौन हैं?
(1) प्रेम चंद (2) सुषमा स्वराज
(3) रविशंकर प्रसाद (4) नरेंद्र मोदी
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 19.10.2020 (प्रथम पाली))

190. निम्न में से किस लेखक ने जून 2020 में अपनी नई पुस्तक 'लीजेंड ऑफ सुहेलदेव : द किंग हू सेव्ड इंडिया' (Legend of Suheldev: The King Who Saved India) के विमोचन की घोषणा की?
(1) रॉबिन शर्मा (2) अमीश त्रिपाठी
(3) अरविंद अडिगा (4) चेतन भगत
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 23.11.2020(प्रथम पाली))

191. 'कथासारितसागर' की रचना किसने की थी।
(1) भास (2) सोमदेव
(3) कालिदास (4) जयदेव
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

192. 'वी आर डिसप्लेस्ड' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) मलाला यूसुफजई
(2) अर्नब गोस्वामी
(3) अमृत सिंह
(4) अमृता प्रीतम
(SSC CAPFs SI दिल्ली पुलिस SI व CISF ASI परीक्षा, 24.11.2020(प्रथम पाली))

193. 'द आर्ट ऑफ लिविंग - ए गाइड टू कंटेंटमेंट, जॉय एंड फुलफिलमेंट' पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं ?
(1) दलाई लामा
(2) किरण बेदी
(3) एन. आर. नारायण मूर्ति
(4) तेनजिन गीशे टेथॉन्ग
(दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा, 02.12.2020 (तृतीय पाली))

194. "सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तां हमारा" गीत के लेखक कौन हैं ?
(1) मोहम्मद इकबाल
(2) रवींद्रनाथ टैगोर
(3) चंद्रशेखर आजाद
(4) भगत सिंह
(दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा, 03.12.2020 प्रथम पाली)

195. 'पाथवे टू गॉड' नाम पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) सरदार बल्लभभाई पटेल
(2) महात्मा गाँधी
(3) श्री अरबिंदो
(4) जवाहरलाल नेहरू
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2021 (प्रथम पाली))

196. 'इंडियाज 71-इयर टेस्ट : द जर्नी टु ट्रायम्फ इन ऑस्ट्रेलिया (India's 71-Year Test : The Journey to Triumph in Australia)' नामक पुस्तक किसने लिखी है?
(1) आर. कौशिक
(2) राहुल भट्टाचार्य
(3) पीटर हेटर
(4) सचिन तेंदुलकर
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2021 (प्रथम पाली))

197. 'जिन्ना: हिज़ सक्सेस, फेल्योर एंड रोल इन हिस्ट्री' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?
(1) खुशवंत सिंह
(2) ईतिजार हुसैन
(3) इश्तियाक अहमद
(4) इशरत हुसैन
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 09.08.2021 (प्रथम पाली))

198. निम्न में से किसने 1878 में 'बुद्ध गया: द हरमिटेज ऑफ शाक्य मुनि (Buddha Gaya: The Hermitage of Sakya Muni)' लिखा था?
(1) अलेक्जेंडर कनिंघम
(2) राजेन्द्रलाल मित्र
(3) एच.एच. कोल
(4) जॉन मार्शल
(SSC CHSL (10+2) Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.08.2021 (प्रथम पाली))

199. निम्न में से कौन 'डेमोक्रेट और डिसेंटर्स' (Democrats and Dissenters) नामक पुस्तक के लेखक/लेखिका हैं?
(1) अरुण शौरी (2) रामचंद्र गुहा
(3) नलिनी सिंह (4) गुरुचरण दास
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 16.08.2021 (प्रथम पाली))

200. निम्नलिखित में से कौन 'द सीक्रेट ऑफ द वेदा (The Secret of the Veda)' पुस्तक के लेखक हैं?
(1) श्री अरबिंदो
(2) एनी बेसेंट
(3) स्वामी विवेकानंद
(4) जे. कृष्णमूर्ति
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.04.2022 (प्रथम पाली))

201. विवादास्पद उपन्यास 'लज्जा' की लेखिका कौन हैं?
(1) अरुंधति रॉय (2) तस्लीमा नसरीन
(3) शोभा डे (4) किरण बेदी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

202. 'ट्रेन टु पाकिस्तान'_____ द्वारा लिखित पुस्तक है, जिन्होंने राज्यसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है।
(1) मुल्क राज आनंद
(2) अनीता देसाई
(3) खुशवंत सिंह
(4) विक्रम सेठ
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

203. 'सेंस एंड सेंसिबिलिटी', 'मैन्सफील्ड पार्क' और 'एम्मा' शीर्षक पुस्तकों के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?
(1) जेन ऑस्टेन (2) थॉमस हार्डी
(3) जॉर्ज इलियट (4) डी एच लॉरेंस
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

204. किस पत्रकार की आत्मकथा का शीर्षक 'डेविल्स एडवोकेट : द अनटोल्ड स्टोरी' है?
(1) वीर सांघवी (2) प्रणय रॉय
(3) विनोद दुआ (4) करण थापर
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

205. भारतीय स्वतंत्रता के दौरान हुए दंगों पर आधारित प्रसिद्ध उपन्यास 'पिंजर' _____ द्वारा लिखा गया था।
(1) दिव्य प्रकाश दुबे
(2) मोहन राकेश
(3) अमृता प्रीतम
(4) मानव कौल
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

206. जिसकी आत्मकथा को ''अर्धकथानक'' कहा जाता है?
(1) दयानन्द सरस्वती
(2) बनारसी दास जैन
(3) भाई परमानन्द
(4) सत्यानंद अग्निहोत्री
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

207. 'व्हाट आई टॉक अबाउट व्हेन आई टॉक अबाउट रनिंग ('What I Talk About When I Talk About Running') नामक पुस्तक_____द्वारा लिखी गई है।
(1) सुएमात्सु केंचो (2) युकिओ मिशिमा
(3) हिरोआकी सातो (4) हारुकी मुराकामी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

208. निम्नलिखित किस वर्ष में सोनू सूद की आत्मकथा ''आई ऐम नो मसीहा'' प्रकाशित हुई?
(1) 2014 (2) 2020
(3) 2018 (4) 2007
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

209. प्रसिद्ध उपन्यास 'द एडवेंचर्स ऑफ हकलबेरी फिन' के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?
(1) एमिली ब्रोंटे (2) अर्नेस्ट हेमिंग्वे
(3) मार्क ट्वेन (4) हरमन मेलविले
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

210. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास अनीता देसाई द्वारा लिखा गया है?
(1) क्लियर लाइट ऑफ डे
(2) जय
(3) द व्हाइट टाइगर
(4) नीला छाता (द ब्लू अम्ब्रेला)
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

211. ऐतिहासिक पुस्तक 'डेल्ही : ए नॉवेल' के लेखक/की लेखिका कौन हैं?
(1) नयनतारा सहगल
(2) खुशवंत सिंह
(3) अनीता देसाई
(4) अहमद अली
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

212. निम्नलिखित में से 'फाइव पॉइंट समवन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) दुर्जोय दत्ता (2) चेतन भगत
(3) रविंदर सिंह (4) अमीश त्रिपाठी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

213. निम्नलिखित में से किसकी आत्मकथा 'माई कन्फेशन' है?
(1) एडॉल्फ हिटलर
(2) लियो टॉलस्टॉय
(3) नेल्सन मंडेला
(4) महात्मा गाँधी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

214. 'ड्राइंग फ्रॉम द सिटी' निम्नलिखित में से किस भारतीय लोक कलाकार की दृश्य आत्मकथा है?
(1) तेजू बहन (2) जामिनी रॉय
(3) भज्जू श्याम (4) बौआ देवी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (3)	**2.** (2)	**3.** (2)	**4.** (4)
5. (1)	**6.** (4)	**7.** (3)	**8.** (2)
9. (2)	**10.** (4)	**11.** (1)	**12.** (4)
13. (4)	**14.** (3)	**15.** (3)	**16.** (1)
17. (2)	**18.** (3)	**19.** (4)	**20.** (2)
21. (1)	**22.** (1)	**23.** (2)	**24.** (3)
25. (2)	**26.** (3)	**27.** (2)	**28.** (3)
29. (1)	**30.** (1)	**31.** (4)	**32.** (4)
33. (1)	**34.** (1)	**35.** (2)	**36.** (4)
37. (4)	**38.** (3)	**39.** (4)	**40.** (2)
41. (3)	**42.** (4)	**43.** (3)	**44.** (1)
45. (3)	**46.** (3)	**47.** (2)	**48.** (4)
49. (1)	**50.** (2)	**51.** (2)	**52.** (2)
53. (1)	**54.** (4)	**55.** (3)	**56.** (3)
57. (2)	**58.** (4)	**59.** (1)	**60.** (1)
61. (1)	**62.** (1)	**63.** (1)	**64.** (2)
65. (3)	**66.** (2)	**67.** (4)	**68.** (2)
69. (4)	**70.** (2)	**71.** (3)	**72.** (2)
73. (2)	**74.** (2)	**75.** (1)	**76.** (2)
77. (2)	**78.** (2)	**79.** (1)	**80.** (4)
81. (3)	**82.** (2)	**83.** (2)	**84.** (2)
85. (3)	**86.** (2)	**87.** (1)	**88.** (4)
89. (4)	**90.** (2)	**91.** (2)	**92.** (4)
93. (4)	**94.** (3)	**95.** (2)	**96.** (2)
97. (1)	**98.** (3)	**99.** (3)	**100.** (1)
101. (1)	**102.** (4)	**103.** (4)	**104.** (3)
105. (2)	**106.** (3)	**107.** (1)	**108.** (4)
109. (1)	**110.** (1)	**111.** (1)	**112.** (3)
113. (3)	**114.** (1)	**115.** (4)	**116.** (4)
117. (1)	**118.** (2)	**119.** (3)	**120.** (2)
121. (4)	**122.** (3)	**123.** (2)	**124.** (1)
125. (1)	**126.** (4)	**127.** (3)	**128.** (3)
129. (1)	**130.** (2)	**131.** (4)	**132.** (3)
133. (4)	**134.** (3)	**135.** (1)	**136.** (1)
137. (2)	**138.** (3)	**139.** (3)	**140.** (2)
141. (1)	**142.** (3)	**143.** (1)	**144.** (2)
145. (1)	**146.** (3)	**147.** (2)	**148.** (1)
149. (2)	**150.** (1)	**151.** (3)	**152.** (3)
153. (3)	**154.** (2)	**155.** (1)	**156.** (4)
157. (2)	**158.** (2)	**159.** (4)	**160.** (4)
161. (2)	**162.** (2)	**163.** (3)	**164.** (4)
165. (1)	**166.** (3)	**167.** (1)	**168.** (1)
169. (1)	**170.** (1)	**171.** (2)	**172.** (3)
173. (3)	**174.** (1)	**175.** (2)	**176.** (3)
177. (4)	**178.** (4)	**179.** (2)	**180.** (3)
181. (3)	**182.** (2)	**183.** (3)	**184.** (3)
185. (3)	**186.** (2)	**187.** (2)	**188.** (2)
189. (4)	**190.** (2)	**191.** (2)	**192.** (1)
193. (1)	**194.** (1)	**195.** (2)	**196.** (1)
197. (3)	**198.** (2)	**199.** (2)	**200.** (1)
201. (2)	**202.** (3)	**203.** (1)	**204.** (4)
205. (3)	**206.** (2)	**207.** (4)	**208.** (2)
209. (3)	**210.** (1)	**211.** (2)	**212.** (2)
213. (2)	**214.** (1)		

उत्तर व्याख्यासहित

1. (3) ट्वेल्व ईयर्स ए स्लेव (1853) अमेरिकी सोलोमन नॉर्थअप द्वारा लिखित और डेविड विल्सन द्वारा सम्पादित एक जीवनवृत्त और दास वृत्तान्त है। नॉर्थअप एक अश्वेत थे, उनका जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। उनका अपहरण कर लिया गया था और दास प्रथा के अंतर्गत बेच दिया गया था। दासत्व से मुक्त होने से पूर्व उन्होंने लूइसियाना में 12 वर्ष गुलामी का जीवन व्यतीत किया। ऑस्कर जीतने वाली फिल्म 12 ईयर्स ए स्लेव (2013) इसी जीवनवृत्त के रूपान्तरण पर आधारित थी।

2. (2) 'आइ ऐम एनेदर यू' भारतीय मोटिवेशनल स्पीकर, कॉर्पोरेट ट्रेनर, रेडियो जॉकी, स्तंभकार और लेखक प्रिया कुमार द्वारा लिखित एक पुस्तक है। यह एक प्रभावशाली और महत्त्वपूर्ण खोज की कहानी तथा सशक्त, व्यक्तित्व परिवर्तन की यात्रा है। इस पुस्तक को 2009 में एम्बैसी बुक्स द्वारा प्रकाशित किया गया था।

3. (2) मेगास्थनीज यूनान का एक राजदूत था जो चन्द्रगुप्त के दरबार में आया था। उसने जो कुछ भारत में देखा उसका वर्णन उसने ''इंडिका'' नामक पुस्तक में किया है। मेगास्थनीज ने पाटलिपुत्र का बहुत ही सुंदर और विस्तृत वर्णन किया है।

4. (4) अरविन्द घोष (1872-1950) राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, कवि एवं योगी थे। 1890 में आई. सी. एस. पास किया। वंदेमातरम् के प्रथम संपादक बने तथा अरविन्द आश्रम की स्थापना की। वे द लाइफ डिवाइन, सिंथेसिस नामक पुस्तकों के लेखक थे।

5. (1) भारतीय अमेरिकी लेखिका झुम्पा लाहिरी द्वारा लिखित और 1999 में प्रकाशित 'इंटरप्रेटर ऑफ मालदीव' नामक पुस्तक नौ लघु कहानियों का एक संग्रह है। इस पुस्तक ने वर्ष 2000 में कल्पनात्मकता के लिए पुलित्जर पुरस्कार और हेमिंग्वे फाउंडेशन/PEN अवॉर्ड जीता था। पूरे विश्व में इस पुस्तक की 15 लाख से अधिक प्रतियाँ बिक चुकी हैं और यह पुस्तक अभी भी ओपरा विनफ्रे की शीर्ष दस पुस्तकों की सूची में शामिल है।

6. (4) 'मालगुडी डेज' आर. के. नारायण द्वारा लिखित लघु कहानियों का एक संग्रह है। इस पुस्तक में 32 कहानियाँ शामिल हैं। ये सभी कहानियाँ दक्षिण भारत के एक काल्पनिक शहर मालगुडी पर आधारित हैं। प्रत्येक कहानी मालगुडी में जीवन के पहलू का चित्रण करती है।

7. (3) कार्ल हेनरिख मार्क्स जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री और वैज्ञानिक समाजवाद का प्रणेता था। दास कैपिटल (अर्थ-पूँजी) एक पुस्तक है जिसकी रचना कार्ल मार्क्स ने 1867 में की थी। इसमें पूँजी एवं पूँजीवाद का विश्लेषण है तथा मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्त करने के उपाय बताए गये हैं। इस पुस्तक के प्रकाशित होने के कुछ ही वर्षों के बाद रूस में साम्यवादी क्रांति हुई।

8. (2) वी एस नाइपॉल इनका सबसे महान उपन्यास ''ए हाउस फॉर मिस्टर विस्वास'' है।

इनके अन्य उपन्यास है-

- द मिस्टीक मैसूर
- द सफरेज ऑफ एल्विरा
- मिग्युएल स्ट्रीट
- हॉफ ए लाइफ
- मैजिक सीड्स

9. (2) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय बंगाली के प्रख्यात् उपन्यासकार, कवि गद्यकार और पत्रकार थे। भारत के राष्ट्रीय गति ''बन्दे मातरम्'' उनकी ही रचना है जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के काल में क्रांतिकारियों का प्रेरणास्रोत बन गया था। ''आनन्द मठ'' के लेखक बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय है, जो बंग्ला भाषा का एक उपन्यास है।

10. (4) डॉ॰ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

11. (1) 'द टेस्ट ऑफ माइ लाइफ: फ्रॉम क्रिकेट टू कैंसर एंड बैक" भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की आत्मकथा है। इसमें उन्होंने अपने कॅरियर के उतार-चढ़ाव का वर्णन किया है। यह उनके जीवन के कठिन दिनों से मुकाबला करने और उससे बाहर निकलने की कहानी है। इस पुस्तक को 19 मार्च, 2013 को जारी किया गया था।

12. (4) 'फाइव प्वाइंट समवन : व्हाट नॉट टू डू ऐट आईआईटी!' चेतन भगत द्वारा लिखित उपन्यास है। इसे 2004 में लिखा गया था। लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'थ्री इडियट्स' इसी पुस्तक पर आधारित है। इस पुस्तक की दुनियाभर में एक लाख से अधिक प्रतियाँ बेची जा चुकी हैं।

13. (4) "माइ ट्रूथ" नामक पुस्तक भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के द्वारा लिखी गई है। यह एक दुर्लभ और अत्यधिक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है। इसमें उन्होंने अपने जीवन की अधिकांश घटनाओं का वर्णन अपने शब्दों में किया है। इस पुस्तक को भारत और फ्रांस में सर्वप्रथम 1980 में प्रकाशित किया गया था, उस समय वह सत्ता में नहीं थी।

14. (3) "स्वामी एंड फ्रेंड्स" आर. के. नारायण द्वारा लिखित उपन्यासों के नाटकत्रय का पहला उपन्यास है। 1935 में पहली बार प्रकाशित यह उपन्यास ब्रिटिश भारत के एक काल्पनिक शहर मालगुडी की कहानी पर आधारित है। "बैचलर ऑफ आर्ट्स" और "द इंग्लिश टीचर" नाटकत्रय की क्रमशः दूसरी और तीसरी पुस्तक है।

15. (3) 'एक्जाइल : ए मेमोअर' नामक पुस्तक बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नासरिन द्वारा लिखी गई है। यह उनकी आत्मकथा का 7वाँ भाग है जो उन्हें आजीवन प्रतिबंधित करने और उन्हें भारत से निर्वासित करने का वर्णन करती है। तस्लीमा अपने मूल देश बांग्लादेश से भागकर 1994 से भारत में निर्वासित जीवन व्यतीत कर रही थी, उन्हें 2008 में पुनः भारत से निर्वासित कर दिया गया।

16. (1) अनीता देसाई का पहला उपन्यास ''क्राई द पीकॉक'' 1963 में प्रकाशित हुआ। वे पारिवारिक संबंध तथा मध्यम वर्गीय स्त्री के बारे में लिखती है। 1977 में उपन्यास ''फायर ऑन द मांउटेन'' के लिए उन्हें "विनिफ्रेड होल्ट बाय मेमोरियल" पुरस्कार मिला। 'द जिगजैग' इनकी लिखी हुई महत्वपूर्ण पुस्तक है।

17. (2) सलमान रशदी

18. (3) (1) और (2) दोनों

19. (4) कुलदीप सिंह

20. (2) एन. आर. नारायणमूर्ति भारत की प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस टेक्नोलॉजी के संस्थापक और जानेमाने उद्योगपति है। A Better India A Better World एन. आर. नारायणमूर्ति द्वारा लिखी गई पुस्तक है।

21. (1) महारानी एलिजाबेथ II

22. (1) 'स्ट्रेट फ्रॉम द हार्ट' कपिल देव ने लिखी है।

23. (2) नीरद सी चौधरी ने 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ एन अननोन इंडियन' तथा 'ए पैसेज टू इंग्लैंड' पुस्तकें लिखी हैं।

24. (3) 'एन इंक्वायरी इंटू द नेचर एंड कॉजेज ऑफ वेल्थ ऑफ नेशंस' के लेखक एडम स्मिथ (1723-90) हैं।

डेविड रिकार्डो (1772-1823) : द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एंड टैक्सेशन

जॉन रॉबिंसन : द एक्युमुलेशन ऑफ कैपिटल

25. (2) महात्मा गाँधी : 'माई एक्सपेरीमेंट्स विथ ट्रूथ' तथा 'इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स'। जवाहरलाल नेहरू : 'द डिस्कवरी ऑफ इंडिया' तथा 'ग्लिम्पसेस ऑफ वर्ल्ड हिस्टरी'।

26. (3) चाणक्य को विष्णुगुप्त या कौटिल्य के नाम से भी जाना जाता है। वह मौर्य वंश के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री थे। 'अर्थशास्त्र' उनकी महत्वपूर्ण कृति है।

27. (2) 'कैप्टन अमरिंदर सिंह : द पीपल्स महाराजा' नामक पुस्तक चंडीगढ़ के मूल निवासी और लेखक खुशवंत सिंह द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक में लेखक ने अपने 74 वर्ष के जीवन का वर्णन किया है जिसमें पटियाला की शाही जीवन की यात्रा, बचपन के दिनों में गणित की पढ़ाई के लिए संघर्ष करने से लेकर वर्तमान में उनके राजनीतिक संघर्ष तक का वर्णन शामिल है। अमरिंदर सिंह वर्तमान में पंजाब के मुख्यमंत्री हैं।

28. (3) कुलदीप नैयर भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार है। इनके द्वारा लिखी गई पुस्तक है :

बियॉन्ड द लाइन्स : ऐ ऑटोबायोग्राफी, विदाउट फीयर : द लाइफ एण्ड ट्रायल ऑफ भगत सिंह, टेलर्स ऑफ टू सिटीज इन जेल, इण्डिया आफ्टर नेहरू रिपोस्ट ऑन अफगानिस्तान, वाल ऐट वाघ, ट्रेजेडी ऑफ पंजाब, द मार्टीयर।

29. (1) 'द पीपल्स प्रेसिडेन्ट: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम' नामक पुस्तक वरिष्ठ भारतीय सूचना सेवा (IIS) अधिकारी एस. एम. खान द्वारा लिखी गई है। उन्होंने दिवंगत एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव के रूप में कार्य किया था। इस पुस्तक का अनावरण 4 जनवरी, 2017 को पूर्व उप-राष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा किया गया था।

30. (1) "द जनरल थ्योरी ऑफ एम्प्लॉयमेंट इंटरेस्ट एंड मनी" ब्रिटिश। अर्थशास्त्री जॉन केन्स द्वारा लिखी गई एक प्रसिद्ध पुस्तक है। इस किताब को काफी हद तक आधुनिक मैक्रोइकोनॉमिक्स की शब्दावली और आकार विकसित करने की श्रेय दिया जाता है।

31. (4) 'वन स्ट्रॉ रेवोलुशन' मसनोबू फुकुओका द्वारा लिखित एक मौलिक पुस्तक है जो प्रकृतिक खेती पर केन्द्रित है। यह पुस्तक विभिन्न जैविक खेती और प्राकृतिक भोजन और जीवन शैली के आंदोलनों में अन्यंत प्रभावशाली रहा है।

32. (4) 'वाइ सोशलिज्म' नामक पुस्तक की रचना जयप्रकाश नारायण द्वारा 1932 में की गई। इस पुस्तक में उन्होनें यह दर्शाया कि क्यो समाजवाद भारत के लिए उपयुक्त है। वर्ष 1934 में जयप्रकाश और उनके साथियों ने मिल कर कॉंग्रेस समाजवादी पार्टी नामक दल का गठन किया जिसके अध्यक्ष श्री आचार्य नरेंन्द्र देव थे।

33. (1) नाटकों के संबंध में शास्त्रीय जानकारी को नाट्य शास्त्र कहते हैं। इस जानकारी का सबसे पुराना ग्रंथ भी नाट्य-शास्त्र के नाम से जाना जाता है। इसके रचयिता भरत मुनि थे जिनका काल 400 इसवी पूर्व के निकट माना जाता है।

34. (1) 'ए क्रिकेटिंग लाइफ' क्रिस्टोफर मार्टिन जेंकिंस की आत्मकथा है। इस पुस्तक में जेंकिंस ने स्व लिखित पत्रकार के रूप में अपने काम का वर्णन किया है।

35. (2) सलमान रुश्दी के कार्यों का सही कालानुक्रम है: मिडनाइट्स चिल्ड्रन (1981), शेम (1983), द सैटेनिज वर्सेज (1988), और मुर्स लास्ट साइ (1995)।

36. (4) इस पुस्तक के लेखक मार्क टली हैं। इसका प्रकाशन 1988 में हुआ था।

37. (4) रवीन्द्रनाथ टैगोर 'गार्डनर' के लेखक हैं। यह गद्य की एक पुस्तक है। इस पुस्तक में समाहित छंद गीतांजली से भी बेहतर और अधिक वास्तविक हैं।

38. (3) विजयनगर साम्राज्य के प्रसिद्ध शासक कृष्णदेव राय ने तेलुगू भाषा में 'अमुक्तमलयदा' नामक पुस्तक की रचना की। इस पुस्तक में अंदल (देवी महालक्ष्मी की अवतार) द्वारा अनुभव की गई विरह की पीड़ा का वर्णन किया गया है।

39. (4) 'द स्टेट ऑफ़ द नेशन' फली एस नरीमन द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध पुस्तक है जिसमें राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का संवैधानिक दृष्टिकोण से एक निश्चित और विश्लेषणात्मक विवरण दिया गया है। नरीमन भारत के सुप्रीम कोर्ट में एक प्रतिष्ठित भारतीय संवैधानिक विधिवेत्ता और वरिष्ठ वकील है।

40. (2) 'द स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रूथ' मोहनदास करमचन्द गांधी द्वारा लिखित आत्मकथा है। इसमें उन्होंने अपने बचपन से लेकर 1921 तक के जीवन का वर्णन किया है। इसका प्रकाशन नवजीवन समाचार पत्र द्वारा 1925 से 1929 तक साप्ताहिक किस्तों में किया गया।

41. (3) हिन्द स्वराज या इंडियन होमरूल नामक पुस्तक 1909 में गांधी जी द्वारा लिखी गई थी। इस पुस्तक में गांधी जी ने स्वराज, आधुनिक सभ्यता तथा मशीनीकरण इत्यादि पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। इसे निर्णायक रूप से गांधी जी का प्रथम लेखन माना जाता है।

42. (4) रोजगार, ब्याज और मुद्रा के सामान्य सिद्धांतों का प्रतिपादन अंग्रेज अर्थशास्त्री जॉन मैनार्ड कीन्स ने किया था। इसका प्रकाशन फरवरी 1936 में किया गया था इसमें बड़े पैमाने पर पारिभाषिक शब्दावली और आधुनिक समष्टि अर्थशास्त्र के स्वरूप का वर्णन किया गया है।

43. (3) 'द हिन्दूज' : 'ऐन ऑल्टरनेटिव हिस्ट्री' एक अमेरिकन भारतीयविद् (Indologist) वेन्डी डॉनीगर (Wendy Doniger) द्वारा लिखी गई पुस्तक है। इस पुस्तक में हिन्दू इतिहास का विवरण जैसा सुना गया है, उसी रूप में दिया गया है। यह मार्च 2009 में प्रकाशित हुई थी।

44. (1) 'मोदीज मिडास टच इन् फॉरिन पॉलिसी' नामक पुस्तक राजदूत सुरेन्द्र कुमार द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक को केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री एम. वेंकैया नायडू द्वारा 4 अक्टूबर, 2016 को नई दिल्ली में जारी किया गया था। इस पुस्तक में 2014 से भारत की विदेश नीति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमिट छाप और उसकी प्रगति का वर्णन किया गया है।

45. (3) आंग सान सु की ((Aung San Su Kyi) द्वारा लिखित 'फ्रीडम फ्रोम फीयर' नामक कृति एक निबंध और पुस्तक दोनों है, वास्तव में यह उनके द्वारा एक ही नाम से लिखे गए निबंधों का संग्रह है। इस उल्लेखनीय संग्रह में म्यांमार की महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई गई है, 15 वर्षों तक विरोधियों के कब्जे में रहने के बाद 2010 में लेखिका को हाउस अरेस्ट से मुक्ति मिली थी।

46. (3) जॉर्ज ऑरवेल द्वारा लिखित उन्नीस सौ- चौरासी, कभी 1984 के नाम से प्रकाशित एक दु:स्थानता (dystopian) उपन्यास है। इस उपन्यास का प्रकाशन 1949 में सेकर (Secker) और वार्बर्ग (Warburg) द्वारा किया गया था। 2005 में टाइम मैगजीन द्वारा 1923 से 2005 तक प्रकाशित अंग्रेजी भाषा के 100 सर्वश्रेष्ठ उपन्यासों के अन्तर्गत इस उपन्यास का चयन किया गया था।

47. (2) 'गाँधी इन चंपारण' नामक पुस्तक डी.जी. तेंदुलकर द्वारा लिखी गई है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री वेंकैया नायडू ने अप्रैल 2017 में गाँधी की चंपारण यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस पुस्तक का अनावरण किया था।

48. (4) मेघदूत (जिसका साहित्यिक अर्थ है ''संदेशवाहक बादल'') कालिदास द्वारा रचित एक गीतिकाव्य है। कालिदास को संस्कृत के महान कवियों में से एक माना जाता है। मेघदूत नामक गीतिकाव्य में 111 छंद हैं। इसका अंग्रेजी अनुवाद सर्वप्रथम हॉरैस हैयमैन विल्सन (Horace Hayman Wilson) ने किया था।

49. (1) 'आजाद बचपन की ओर' नामक पुस्तक नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक का अनावरण जनवरी 2016 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक मिश्रा द्वारा किया गया था। यह पुस्तक बाल अधिकारों के लिए अपने संघर्ष में प्रमुख नीति हस्तक्षेप, निर्णयों महत्त्वपूर्ण आंदोलनों पर सत्यार्थी द्वारा लिखे गए लेखों का वर्णन करती है।

50. (2) ''द एडवेंचर्स ऑफ रस्टि : कलेक्टेड स्टोरीज'' इस प्रसिद्ध पुस्तक के लेखक रस्किन बॉन्ड हैं, जो बच्चों के लिए कहानियाँ, पुस्तकें लिखने के लिए प्रसिद्ध हैं तथा भारत में बच्चों के सर्वाधिक लोकप्रिय लेखक हैं। यह पुस्तक रस्टि नामक पात्र की कहानी पर आधारित है, रस्टि एक एंग्लो इंडियन बॉय है जिसके अधिकांश गुण लेखक से मेल खाते हैं, रस्टि को लेखक के समान बताया गया है जब वह (लेखक) स्वयं एक बच्चा था। इस पुस्तक का प्रकाशन 2012 में पेंग्यून (Penguin) इंडिया द्वारा किया गया था।

51. (2) हरक्यूल पॉइरॉट एक काल्पनिक बेल्जियम जासूस है, अगाथा क्रिस्टी द्वारा पात्र का सृजन किया गया है। पॉइरॉट, क्रिस्टी के सर्वाधिक पसंदीदा पात्रों में से एक है। 1920 और 1957 के मध्य क्रिस्टी द्वारा रचित 50 से अधिक लघु कहानियों, नाटक (ब्लैक कॉफी) और 33 उपन्यासों में पॉइरॉट ने मुख्य पात्र की भूमिका निभाई थी।

52. (2) रेगिनाल्ड जीव्स एक काल्पनिक पात्र है, जिसने पी.जी. वुडहाउस द्वारा रचित उपन्यासों और हास्य लघु कहानियों कीशृंखला में महत्वपूर्ण पात्र की भूमिका निभाई। ''जीव्स'' (Jeeves) शब्द पर्सी जीवेस से लिया गया है। वार्विकशायर की ओर से खेलने वाले इस किक्रेटर की प्रथम विश्व युद्ध में हत्या कर दी गई थी। 1915 में निर्मित इस पात्र ने लगातार 59 वर्षों तक वुडहाउस के अधिकांश उपन्यासों में मुख्य भूमिका निभाई। वुडहाउस के अंतिम उपन्यास ''आंट्स आरनॉट जेंटलमेन'' (1974) में भी जीव्स ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

53. (1) तमस (शाब्दिक अर्थ: अंधकार) भीष्म साहनी का सबसे प्रसिद्ध उपन्यास है। इस उपन्यास में विभाजन के परिणामस्वरूप भारत में सिख और हिंदू परिवारों की दुर्दशा को उजागर किया गया है। भीष्म साहनी को तमस के लिए 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपन्यास पर 1988 में गोविंद निहलानी ने दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फ़िल्म भी बनाई।

54. (4) ट्रेन टू पाकिस्तान प्रसिद्ध लेखक खुशवंत सिंह द्वारा रचित एक उपन्यास है। 1956 में प्रकाशित इस उपन्यास में 1947 के भारत विभाजन की त्रासदी को दिखाया गया है। इस उपन्यास पर और इसी नाम से 1988 में एक फिल्म भी बनीं।

55. (3) रविन्द्र नाथ टैगोर द्वारा रचित 'गोरा' 20वीं शताब्दी का एक महाकाव्यात्मक उपन्यास है। यह कठिन परिस्थितियों से पूर्ण एक प्रेम कहानी है। इस पुस्तक में टैगोर ने 1800 के अंतिम वर्षों एवं 1900 के शुरुआती वर्षों में (भारत में) प्रचलित सामाजिक मुद्दों को उजागर किया है।

56. (3) 'गाइड' भारतीय लेखक आर. के नारायण द्वारा 1958 में अंग्रेजी में लिखित एक उपन्यास है। अन्य लेखों कि भाँति यह भी दक्षिण भारत के काल्पनिक शहर मालगुड़ी पर आधारित है। इस उपन्यास को 1960 का अंग्रेजी भाषा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

57. (2) पंचतंत्र विष्णु शर्मा के द्वारा लिखा गया है। यह पूर्णत: संस्कृत भाषा में है। कुछ विद्वानों के अनुसार यह तीसरी शताब्दि पूर्व में लिखा गया था। इसमें प्राचीन भारतीय पौराणिक और वन्य जीवों की कहानियों को छंद एवं गद्य रूप में संकलित किया गया है जिससे पूरी कहानी बनती है।

58. (4) ''सिस्टेमा नैचरे'' (systema Naturae)- स्वीडन के महान प्राणी विज्ञान शास्त्री, वनस्पति शास्त्री और चिकित्सक कैरोलस लीनियस (Carolus Linnaeus) की महान कृतियों में से एक थी। उन्होंने द्विपद नामकरण प्रणाली लागू की थी। इसका प्रथम संस्करण 1735 में प्रकाशित हुआ था। इस पुस्तक में लगभग 1,000 सूक्ष्म अवयवों की प्रजातियों की सूची दी गई थी जिसमें लगभग 6,000 पौधों और 4,236 जीवों की प्रजातियाँ थीं।

59. (1) ब्रिटिश लेखक एंडी मैरिनो द्वारा लिखित 'नरेन्द्र मोदी: ए पॉलिटिकल बायोग्राफी', नामक पुस्तक नरेन्द्र मोदी के राजनीतिक जीवन पर आधारित है। यह पुस्तक वर्ष 2014 में प्रकाशित हुई थी। राजनीतिक जीवन पर आधारित यह पुस्तक न केवल मोदी और उनकी राजनीतिक पार्टी के उद्देश्यों का विश्लेषण करती है बल्कि देश की उन्नति के लिए मोदी द्वारा प्रस्तावित भविष्य की राजनीतिक योजनाओं पर भी चर्चा करती है।

60. (1) 'ए सुटेबल बॉय' नामक उपन्यास के लेखक का नाम विक्रम सेठ है, यह पुस्तक 1993 में प्रकाशित हुई थी। 1349 पृष्ठों और 591,552 शब्दों वाली अंग्रेजी भाषा में सिंगल वॉल्यूम में प्रकाशित, यह अब तक के सबसे बड़े उपन्यासों में से एक है। इसी उपन्यास के दूसरे भाग के रूप में 2016 में 'ए सुटेबल गर्ल' नामक उपन्यास प्रकाशित की जानी है।

61. (1) स्वीडन के प्रकृतिवादी लेखक कार्ल लिनीयस ने 'जेनेरा प्लांटेरम' (Genera Plantarum) नामक पुस्तक की रचना की थी, यह पुस्तक सर्वप्रथम 1737 में प्रकाशित की गई थी। इस पुस्तक में 935 पौधों का संक्षेप में वर्णन किया गया है। जिन्हें लिनीयस नाम से जाना जाता था। बाद में 'स्पीशीज प्लांटेरम' (Species Planta-rum) के रूप में इस पुस्तक का संशोधित संस्करण प्रकाशित किया गया था जिसमें लिनीयस ने द्विपदीय नामकरण पद्धति की स्थापना की थी।

62. (1) प्लेइंग इट माइ वे, भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा है। 5 नवम्बर, 2014 को मुंबई में इस पुस्तक का विमोचन किया गया था। यह पुस्तक तेंदुलकर के आरंभिक क्रिकेट जीवन, 24 वर्षों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जीवन और उनके जीवन के उन पहलुओं का वर्णन करती है जिन्हें सार्वजनिक स्तर पर साझा नहीं किया गया।

63. (1) गीत गोविन्द: कवि जयदेव द्वारा 12वीं शताब्दी में लिखा गया एक महाकाव्य है, योगशास्त्र: हेमचन्द्र द्वारा योग विषय पर लिखा गया एक शोध-प्रबन्ध है, श्रीभाष्य: रामानुजम (1017-1137) की एक सर्वाधिक प्रसिद्ध कृति है, सिद्धांत शिरोमणि: भारतीय गणितज्ञ भास्कराचार्य द्वारा 1150 में लिखा गया एक महत्त्वपूर्ण शोध-प्रबन्ध है।

64. (2) ''सौंदर्य की एक वस्तु सदैव आनन्द प्रदान करती है'' (ए थिंग ऑफ ब्यूटी इज़ ए जॉय फॉर एवर) जॉन कीट्स द्वारा लिखी गई एक कविता इन्डीमियन की प्रथम पंक्ति है, जो सर्वप्रथम 1818 में प्रकाशित की गई थी। इन्डीमियन की रचना पंचपदी (यह वीर रस के रूप में भी जाना जाता है) में लघु-गुरु चरणों में तुकबन्दी द्विपदी के रूप में हुई है। कीट्स की इन्डीमियन कविता का आधार ग्रीक मिथक इन्डीमियन है जो एक चरवाहा है और चन्द्र देवी सेलिन को अत्यंत प्रिय है।

65. (3) 'डॉन्ट लाफ, वी आर पुलिस' मणिपुर- त्रिपुरा कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के 1967 बैच के एक आई.पी.एस. अधिकारी बिशन लाल वोहरा द्वारा लिखा गया है। यह 1995 में कोणार्क प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हुआ था। उनके अन्य प्रसिद्ध कृतियों में रिबेल्स ऑफ द वैली: द थॉर्न्स (1983), ए नॉर्वे (1987), द स्पायडर्स वेब (1991) इत्यादि शामिल हैं।

66. (2) 'वन लाइफ इज नॉट इनफ' पूर्व केन्द्रीय विदेश मंत्री और भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ के. नटवर सिंह की आत्मकथा है। यह पुस्तक जुलाई 2014 में रूपा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई थी। यह पुस्तक एक राजनीतिज्ञ और नौकरशाह के रूप में उनके कॅरियर पर प्रकाश डालती है।

67. (4) द अल्जेब्रा ऑफ इनफाइनाइट जस्टिस (2001) बुकर पुरस्कार विजेता अरुंधती रॉय द्वारा लिखित एक निबंधात्मक संग्रह है। यह पुस्तक परमाणु बम के प्रदर्शन से उनका दुरुपयोग होने के संबंध में वैश्विक और स्थानीय हितों को ध्यान में रखते हुए कई परिप्रेक्ष्यों पर चर्चा करती है। पेन्विन बुक्स इंडिया द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक भारत के सफल परमाणु परीक्षणों के बाद भारत में राजनीतिक सुखाभास की चर्चा करती है।

68. (2) ''ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम: फ्रॉम द बिग बैंग टू ब्लैक होल्स'' नामक पुस्तक ब्रिटिश भौतिकशास्त्री स्टीफन हॉकिंग द्वारा लिखित एक लोकप्रिय विज्ञान पुस्तक है। इस पुस्तक को सर्वप्रथम बैन्टम डेल पब्लिशिंग ग्रुप द्वारा 1988 में प्रकाशित किया गया था। शीघ्र ही यह सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक बन गई, 20 वर्षों में इस पुस्तक की 10 लाख से अधिक प्रतियाँ बिकीं।

69. (4) ''द गीता फॉर' चिल्ड्रन'' नामक पुस्तक रुपा पाई द्वारा लिखी गई है। भागवद् गीता हिन्दुओं की पवित्र पुस्तक है। हैचेट इंडिया द्वारा प्रकाशित, यह पुस्तक बच्चों के सम्मुख आने वाली उन सभी बड़ी/छोटी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है जिनका जवाब देने के लिए माता-पिता के पास समय नहीं होता या जवाब देते समय प्राय: गुस्सा हो जाते हैं या मूर्खतापूर्ण व्यवहार करते हैं।

70. (2) 'रोमांसिंग विद लाइफ' नामक पुस्तक देव आनंद की आत्मकथा है। यह पुस्तक सर्वप्रथम सितम्बर 2007 में जारी की गई थी। इस पुस्तक में पहली बार बॉलीवुड के सदाबहार अभिनेता देव आनंद के असाधारण जीवन की पूरी कहानी का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें युवा अभिनेता देव आनंद की 1930 की गुरदासपुर और लाहौर की कहानी, 1940 में बम्बई में उनके संघर्ष की कहानी, सुरैया के साथ उनके रोमांस की चर्चा, सह-अभिनेत्री कल्पना कार्तिक से उनका विवाह और कई प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों के साथ उनके संबंधों का वर्णन शामिल है।

71. (3) 24 नवम्बर, 1859 को प्रकाशित 'ऑन द ऑरिजिन ऑफ स्पीशीज' चार्ल्स डार्विन द्वारा कृत एक महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक साहित्य है। उन्हें विकासवादी जीव विज्ञान का संस्थापक माना जाता है। इस महत्त्वपूर्ण कृति का पूरा नाम 'ऑन द ऑरिजिन ऑफ स्पीशीज बाई मीन्स ऑफ नेचुरल सेलेक्शन' था। डार्विन के प्राकृतिक चयन के सिद्धांत के अनुसार प्रकृति ऐसे व्यक्तियों का चयन करती है, जिनमें उपयोगी रूपान्तरण होता है और वह जीवन संघर्ष में लाभ देता है। ऐसे जीन प्रजनन के माध्यम से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचते हैं, जो धीरे-धीरे नई जाति को जन्म देते हैं।

72. (2) 'ऐस अगेन्स्ट ऑड्स' (2016) भारतीय पेशेवर टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा की आत्मकथा है जो भारत और विश्व की शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी बनने की उनकी यात्रा का कालानुक्रमिक वर्णन करती है। इस पुस्तक को जुलाई 2016 में हैदराबाद में शाहरुख खान के द्वारा जारी किया गया था।

73. (2) 'भारत की खोज' नामक पुस्तक भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने महाराष्ट्र के अहमदनगर किले में अपने कारावास में 1942-46 के दौरान लिखी थी। इस पुस्तक को भारतीय इतिहास पर प्रकाश डालने वाली उत्कृष्ट आधुनिक कृतियों में से एक माना जाता है।

74. (2) 'द 3 मिस्टेक्स ऑफ माइ लाइफ' चेतन भगत द्वारा लिखित तीसरा उपन्यास है। यह पुस्तक मई 2008 में प्रकाशित की गई थी। यह उपन्यास गुजरात के अहमदाबाद शहर में रहने वाले तीन मित्रों की कहानी पर आधारित है। 'काइ पो चे' नामक फिल्म इसी उपन्यास पर आधारित है।

75. (1) 'द किंगडम ऑफ गॉड इज विदिन यू' लिओ टॉलस्टॉय द्वारा लिखित एक गैर-काल्पनिक पुस्तक है। दार्शनिक शोध-प्रबंध से संबंधित यह पुस्तक उनके अपने देश रूस में प्रतिबंधित होने के बाद सर्वप्रथम 1894 में जर्मनी में प्रकाशित की गई थी। गाँधीजी ने इस पुस्तक को उनके जीवन पर सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आधुनिक प्रभाव ड़ालने वाली पुस्तक में से एक के रूप में वर्णित किया था।

76. (2) राचेल कार्सन द्वारा लिखित और 1962 में प्रकाशित 'साइलेन्ट स्प्रिंग' पर्यावरण विज्ञान संबंधी एक पुस्तक है। यह पुस्तक कीटनाशकों के प्रयोग से पर्यावरण-विशेष रूप से पक्षियों-पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों का वर्णन करती है। हानिकारक प्रभावों के परिणामस्वरूप अमेरिका में कृषि कार्यों में डीडीटी के प्रयोग पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगा हुआ है।

77. (2) 'नेमसेक' (2004) झुम्पा लाहिरी द्वारा लिखित प्रथम उपन्यास है। आरंभ में यह द न्यूयॉर्कर में प्रकाशित एक छोटा उपन्यास था जिसे बाद में पूर्ण रूप में एक उपन्यास के रूप में विस्तार दिया गया। यह उपन्यास जीवन की प्रत्येक अभ्यस्त वस्तुओं को छोड़कर अमेरिका में बसने वाले बंगाली दंपत्ति की कठिनाईयों और उनके संघर्षों का वर्णन करता है।

78. (2) 'गोखले-माइ पॉलिटिकल गुरु' नामक पुस्तक मोहनदास कर्मचंद गाँधी द्वारा लिखी गई है। यह 60 पृष्ठों की एक छोटी पुस्तक है जिसे 1955 में प्रकाशित किया गया था। अधिकांशत: गुजराती भाषा में लिखी गई यह पुस्तक गाँधी जी के लेखों और गोखले के विषय में उनके व्याख्यानों का एक संकलन है।

79. (1) ''प्रॉब्लम ऑफ ह्यूमेन ज्योग्राफी'' नामक पुस्तक विडाल डि लेबलेसे के श्रेष्ठ शिष्यों में से एक अल्बर्ट डिमैनगीयोन द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक मानव भूगोल पर उनके निबन्धों का एक संकलन है। यह पुस्तक 'प्रॉब्लम्स डि ज्योग्राफी ह्यूमेनी' के रूप में 1942 में प्रकाशित हुई थी।

80. (4) 'व्हेन दि रिवर स्लीप्स' ईस्टेरीन किरे द्वारा लिखित एक उपन्यास है। इस उपन्यास ने सर्वश्रेष्ठ कल्पना के लिए वर्ष 2015 का हिन्दू प्राइज जीता। इसे सर्वप्रथम 2014 में 'जुबान' द्वारा प्रकाशित किया गया था। यह उपन्यास नगालैंड के लोगों के जीवन और साहस, उनके रीति-रिवाजों और मान्यताओं, भूमि के प्रति उनकी श्रद्धा, अपने प्राकृतिक वातावरणों के प्रति उनके समुदायों की घनिष्ठता पर आधारित है।

81. (3) न्याय की अवधारणा प्लूटो की 'दि रिपब्लिक' नामक पुस्तक में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सैबिन के अनुसार, ''न्याय की अवधारणा में राज्य का सिद्धांत गणतांत्रिक पराकाष्ठा पर है''। प्लूटो ने न्याय को समाज को एक सूत्र में बाँधने वाले बन्धन के रूप में प्रस्तुत किया है। गणतंत्र का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना है। इसलिए इसे ''न्याय से संबंधित शोध-प्रबन्ध'' कहा जाता है।

82. (2) फ्रांसीसी भूगोलविद् विडेल डि लेबलेची ने संभावनावाद की नींव रखी। उन्होंने कहा कि मनुष्य, प्रकृति की शक्तियों द्वारा शासित एक निष्क्रिय कर्त्ता नहीं है जो अपनी भूमिका निभाती है और मनुष्य के भाग्य एवं मानव समाज के आकार का निर्धारण करती है। उन्होंने पर्यावरण संबंधी नियतिवाद की प्रतिक्रिया में भौगोलिक पद्धति विकसित की, पर्यावरण संबंधी नियतिवाद का मानना है कि मानव गतिविधियों के सभी पक्षों का निर्धारण अंतिम रूप से प्राकृतिक-वातावरणिक संरचना द्वारा किया जाता है।

83. (2) 'नम्बर्स डू लाइ' नामक पुस्तक पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा द्वारा प्रभावशाली सांख्यिकीय सूचकांक तंत्र के साथ लिखी गई है जिसकी सभी घटनाएँ वास्तविक तथ्यों पर आधारित हैं और सांख्यिकीय आँकड़ों द्वारा पोषित हैं। प्रभावी सूचकांक एक सांख्यिकीय तंत्र है जो क्रिकेट मैच और पूरी सीरीज के संदर्भ में प्रत्येक प्रदर्शन की जाँच करता है।

84. (2) शब्द 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' को भारतीय अर्थशास्त्री राज कृष्ण द्वारा प्रतिपादित किया गया था। यह शब्द 1991 के उदारीकरण से पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था की न्यूनतम वार्षिक विकास दर से संबंधित है, जो 1950 से 1980 के दौरान लगभग 3.5% रही, जबकि प्रति व्यक्ति आय में औसतन 1.3% वृद्धि दर्ज की गई। यह शब्द दक्षिण कोरिया के ताईवान चमत्कार (मिरेकल) और हान नदी के चमत्कार से वैषम्य दिखलाता है।

85. (3) 10वें सिक्ख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने हिन्दुओं के पौराणिक महाकाव्य रामायण के नये रूपान्तर का पुनर्लेखन संबंधी कार्य निष्पादित किया, जिसने सिक्खों के धार्मिक ग्रन्थ दसम् ग्रन्थ के एक भाग का निर्माण किया। यह रूपान्तर 'गोबिंद रामायण' के रूप में जाना जाता था। रामायण के इस नये रूपान्तर में, गुरु गोबिंद सिंह ने भगवान राम को भगवान के रूप में प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने रामचन्द्र को कीट कहते हुए उन्हें एक सामान्य पुरुष माना, यद्यपि उन्होंने स्वयं को भी कीट कहा।

86. (2) 'ए ग्रामर ऑफ पॉलिटिक्स' ब्रिटिश राजनीतिज्ञ, सिद्धान्तवादी, अर्थशास्त्री और लेखक हैरॉल्ड लास्की की सर्वश्रेष्ठ कृति है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा 1925 में प्रकाशित यह पुस्तक सरकार के लिए कई महत्त्वपूर्ण विषयों जैसे: राज्य और समाज, अधिकार और शक्ति, स्वतंत्रता और समानता, औद्योगिक संगठन के सिद्धान्त के रूप में संपत्ति, राष्ट्रवाद की प्रकृति इत्यादि पर चर्चा करती है।

87. (1) अमार सोनार बांग्ला गीत बंगाली बहुश्रुत रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा 1905 में लिखा गया था। दादरा ताल पर निर्धारित इस गीत की व्युत्पत्ति बाउल गायक गगन हरकारा के गीत ''अमि कोथाय पाबो तारे'' से हुई थी। यह बंगाल मातृभूमि को संबोधित कविता है। इस गीत को बंगाल के प्रथम विभाजन के दौरान 1905 में लिखा गया था।

88. (4) ''नॉलेज इनोवेशन स्ट्रेटेजी'' नामक पुस्तक भारत के सबसे वरिष्ठ प्रबंधन परामर्शदाताओं में से एक पराग कुलकर्णी द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक को फरवरी 2015 में ब्लूमस्बरी इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया था। यह पुस्तक पेशेवर व्यावसायियों के लिए सुव्यवस्थित नवाचार और ज्ञान की नई अवधारणा पर प्रकाश डालती है।

89. (4) 'टुवर्ड फ्रीडम' (1936) को एक आत्मकथा के रूप में भी जाना जाता है। यह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, जब वह जेल में थे, द्वारा लिखित एक आत्मकथात्मक पुस्तक है। यह पुस्तक सर्वप्रथम 1936 में बॉडली हेड द्वारा प्रकाशित की गई थी। यह पुस्तक इस बात पर प्रकाश डालती है कि उन्होंने सविनय अवज्ञा का मार्ग क्यों चुना, जिससे लिए उन्हें जेल जाना पड़ा।

90. (2) ''द वर्ल्ड आउटसाइड माइ विंडो'' नामक पुस्तक रस्किन बॉन्ड द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक के द्वारा लेखक कीटों, पक्षियों, वृक्षों और फूलों के विषय में कई दिलचस्प तथ्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हैं, जिन्हें उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में निरीक्षण किया है।

91. (2) 'वन्दे मातरम्' बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1882 में लिखित उपन्यास आनन्दमठ से ली गई एक कविता है। यह बंगाल माता को देवी के रूप में प्रस्तुत करते हुए लिखी गई एक सम्बोधन कविता है। इस कविता को बंगाली और संस्कृत में लिखा गया था। यह मातृभूमि को समर्पित एक भजन है जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

92. (4) अष्टाध्यायी भारतीय व्याकरणविद् पाणिनी द्वारा ईसा पूर्व छठवीं से पाँचवीं शताब्दी में व्याकरण पर लिखित एक संस्कृत शोध प्रबन्ध है। इस कृति ने संस्कृत के लिए भाषा-विज्ञान से संबंधित मानदण्ड निर्धारित किए। स्वरविज्ञान और व्याकरण में 4,000 सूत्रों को जोड़ा गया जिन्हें वैदिक काल में विकसित किया गया था।

93. (4) ब्रह्मबांधव उपाध्याय संध्या के संस्थापक संपादक थे। वह एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, ब्रह्मविज्ञानी और रहस्यवादी थे।

94. (3) ऐन एरा ऑफ डार्कनेस : द ब्रिटिश एम्पायर इन् इंडिया नामक पुस्तक कांग्रे. सी नेता शशि थरूर द्वारा लिखी गई है। उनकी अन्य पुस्तकों में द ग्रेट इंडियन नोबेल (1989), द क्लासिकल इंडिया : फ्रॉम मिडनाइट टू द मिलेनियम (1997) और हाल ही में लिखी पुस्तक इंडिया शास्त्र : रिफ्लेक्शन्स ऑन द नेशन इन् अवर टाइम (2015) शामिल है।

95. (2) 'अखाड़ा : द ॲथोराइज्ड बायोग्राफी ऑफ महावीर सिंह फोगट' नामक शीर्षक वाली पुस्तक सौरभ दुग्गल द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक बताती है कि फोगट ने अपनी बेटियों-गीता फोगट और बबीता कुमारी को भारत के लिए कुश्ती में पदक जीतते हुए देखने के लिए किस प्रकार सभी विषम परिस्थितियों का मुकाबला किया। बॉलीवुड की अत्यधिक लोकप्रिय फिल्म "दंगल" के प्रदर्शित होने से पूर्व इस पुस्तक की रिकॉर्ड तोड़ प्रतियाँ बिकीं। फिल्म दंगल में आमिर खान ने स्क्रीन पर शौकिया पहलवान और प्रमुख कोच की भूमिका निभाई थी।

96. (2) काबुलीवाला रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित एक लघु कहानी है। यह बंगाल की एक छोटी लड़की मिनी और काबुल (अफगानिस्तान) से सूखे मेवे बेचने भारत आए अब्दुर रहमान खान नाम के अधेड़ व्यक्ति की मित्रता की कहानी है, जो अपने सामान की फेरी लगाकर बेचने के लिए कलकत्ता आता है।

97. (1) "जिन्ना ऑफन केम टू ऑवर हाउस" नामक पुस्तक पूर्व भारतीय विदेश सेवा अधिकारी किरण दोशी द्वारा लिखी गई है। यह पुस्तक पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना के निजी जीवन पर प्रकाश डालती है। यह पुस्तक 20वीं शताब्दी के आरंभिक भाग से इस उपमहाद्वीप के राजनीतिक अशांति का वर्णन करती है, जो कि विभाजन और स्वतंत्रता के साथ समाप्त होती है।

98. (3) गाइड (1958) आर. के. नारायण द्वारा लिखित एक उपन्यास है। उनकी अधिकांश कृतियों के समान यह उपन्यास दक्षिण भारत के एक काल्पनिक शहर मालगुड़ी पर आधारित है। यह उपन्यास मुख्यपात्र राजू के टूर गाइड से आध्यात्मिक गुरु बनने और तत्पश्चात् भारत के महानतम पवित्र व्यक्तियों में से एक बनने का वर्णन करता है। इस उपन्यास के लिए आर.के. नारायण को 1960 में अंग्रेजी भाषा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

99. (3) "आई टू हैड ए लव स्टोरी" उपन्यास- कार रविन्द्र सिंह द्वारा लिखित एक अंग्रेजी आत्मकथात्मक उपन्यास है। यह लेखक का पहला उपन्यास था। इस उपन्यास को सर्वप्रथम 2008 में सृष्टि पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया था और 2012 में इसे पेंग्विन इंडिया द्वारा पुन: प्रकाशित किया गया। यह पुस्तक अपने पहले प्रकाशन के 6 वर्ष के बाद भी भारत में सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक की सूची में बनी हुई है।

100. (1) भारतीय अमेरिकी लेखिका झुम्पा लाहिरी द्वारा लिखित और 1999 में प्रकाशित 'इंटरप्रेटर ऑफ मालदीव' नामक पुस्तक नौ लघु कहानियों का एक संग्रह है। इस पुस्तक ने वर्ष 2000 में कल्पनात्मकता के लिए पुलित्जर पुरस्कार और हेमिंग्वे फाउंडेशन/PEN अवॉर्ड जीता था। पूरे विश्व में इस पुस्तक की 15 लाख से अधिक प्रतियाँ बिक चुकी हैं और यह पुस्तक अभी भी ओपरा विनफ्रे की शीर्ष दस पुस्तकों की सूची में शामिल है।

101. (1) "डार्कनेस ऐट नून" हंगरी मूल के ब्रिटिश उपन्यासकार आर्थर कोइस्टलर द्वारा लिखित एक उपन्यास है। इसे सर्वप्रथम 1940 में प्रकाशित किया गया था। इस उपन्यास को स्टालिन के महान शुद्धीकरण (ग्रेट पर्ज) और मास्को शो ट्रायल के दौरान 1938 में लिखा गया था। यह एक बूढ़े बोल्शेविक रूबशोव की कहानी है, जिसे सरकार के विरुद्ध राजद्रोह करने और विद्रोहियों की सहायता का प्रयास करने के कारण गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाता है।

102. (4) 2014 में प्रकाशित 'बर्ड बॉक्स' उत्तर- भविष्यसूचक उपन्यास है जो द हाई स्ट्रंग के प्रमुख गायक जोश मालेर्मन की पहली कृति है। 'द डेविल इन सिल्वर' विक्टर लावल्ले द्वारा लिखित एक उपन्यास है जिसे सर्वप्रथम 2012 में प्रकाशित किया गया था। 'फेलसाइड' एम.आर. केयरे द्वारा लिखित एक उपन्यास है जिसे अप्रैल 2016 में प्रकाशित किया गया था।

103. (4) भारत 2020: न्यू मिलेनियम (1998) के लिए नया विजन भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए जे. पी. अब्दुल कलाम ने अपने राष्ट्रपति के कार्यकाल से पहले लिखा था।

- द ग्रेट इंडियन नोवेल (1989) शशि थरूर द्वारा रचित एक व्यंग्य उपन्यास है।
- माई कंट्री माय लाइफ, एल. के. आडवाणी की आत्मकथा है जिसे पहली बार 2008 में प्रकाशित किया गया था।

104. (3) द साउंड एंड द फ्यूरी अमेरिकी लेखक विलियम फाल्कनर द्वारा लिखा गया एक उपन्यास है। 1929 में प्रकाशित यह उपन्यास 20 वीं शताब्दी के 100 सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी भाषा के उपन्यासों की आधुनिक पुस्तकालय की सूची में छठे स्थान पर है। यह उपन्यास चेतना की धारा सहित अनेक वर्णनात्मक शैलियों को नियोजित करने के लिए जाना जाता है।

105. (2) राजतरंगिणी (राजाओं की नदी) 12वीं शताब्दी ई. में कल्हण द्वारा संस्कृत में लिखी गई है। यह उत्तर-पश्चिमी भारतीय उपमहाद्वीप विशेष रूप से कश्मीर के राजाओं का छन्दोबद्ध ऐतिहासिक घटनाक्रम है। यह कश्मीर के इतिहास संदर्भ में आरंभिक स्रोत प्रदान करता है।

106. (3) ए पैसेज टू इंडिया (1924) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और ब्रिटिश शासन के पृष्ठपट (backdrop) के विरुद्ध अंग्रेजी लेखक ई.एम. फॉर्सटर द्वारा लिखित एक अंग्रेजी उपन्यास है। मॉडर्न लाइब्रेरी द्वारा इसे 20वीं शताब्दी के अंग्रेजी साहित्य की 100 महान कृतियों में से एक के रूप में चयनित किया गया था। इस उपन्यास ने 1924 में कल्पना के लिए जेम्स ट्रैट ब्लैक मेमोरियल प्राइज जीता था।

107. (1) पुस्तक, 'माई जर्नी : ट्रांसफॉर्मिंग ड्रीम्स इन एक्शन', भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी है। यह 2013 में रूपा पब्लिकेशंस इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया था। पुस्तक से यह पता चलता है कि रामेश्वरम् का एक साधारण बच्चा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का राष्ट्रपति कैसे बन गया।

108. (4) बोर्न अगेन ऑन द माउंटेन : ए स्टोरी ऑफ लूजिंग एवरिथिंग एंड फाईंडिंग इट बैक नामक पुस्तक राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खिलाड़ी अरुणिमा सिन्हा द्वारा लिखी गई है। चोरों ने उन्हें 2011 में लूटने का प्रयास करने के कारण चलती हुई ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। वह बाद में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम दिव्यांग बनीं।

109. (1) 'प्लेइंग इट माइ वे' पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा है। बोरिया मजुमदार इस पुस्तक के सह-लेखक हैं। नवम्बर 2014 में जारी की गई, यह पुस्तक तेंदुलकर के आरंभिक दिनों, 24 वर्ष के उनके अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर और उनके जीवन के पहलुओं का वर्णन करती है जिसे पहले सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया गया है।

110. (1) प्राचीन भारतीय कवि कालिदास द्वारा संस्कृत नाटक अभिज्ञानशाकुंतलम शकुंतला की कहानी महाभारत में था। यह कालिदास के उपन्यासों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इसकी तिथि अनिश्चित है।1789 में सर विलियम जोन्स द्वारा यह पश्चिमी भाषा में अनुदित होने वाला पहला भारतीय नाटक था।

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 18.08.2021 (प्रथम पाली))

249. निम्न में से कौन इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के संस्थापक और पहले अध्यक्ष और कमिश्नर थे?
(1) जगमोहन डालमिया
(2) राज सिंह डूंगरपुर
(3) संदीप पाटिल
(4) ललित मोदी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.08.2021 (प्रथम पाली))

250. निम्न में से किसने जनवरी 2021 में 10,000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय 'अंडर-20' रिकॉर्ड को तोड़ दिया?
(1) अमित खत्री (2) राहुल बिंद
(3) नरेश कुमार (4) परमदीप मोर
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.08.2021 (प्रथम पाली))

251. निम्नलिखित में से किस टीम ने इंडियन सुपर लीग 2020-21 जीती थी?
(1) केरला ब्लास्टर्स एफसी
(2) नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी
(3) एटीके मोहन बागान
(4) मुंबई सिटी एफसी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.04.2022 (प्रथम पाली))

252. पूर्व स्पेनिश फुटबॉलर, एंटोनियो लोपेज हबास, हीरो आईएसएल 2020-21 में निम्नलिखित में से किस फुटबॉल टीम के कोच थे?
(1) एटीके मोहन बागान
(2) केरल ब्लास्टर्स
(3) एफसी गोवा
(4) एससी पूर्वी बंगाल
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 11.04.2022 (प्रथम पाली))

253. निम्नलिखित में से किसे जनवरी 2021 में एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) का अध्यक्ष चुना गया था?
(1) सचिन तेंदुलकर
(2) सौरव गांगुली
(3) अनुराग ठाकुर
(4) जय शाह
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2022 (प्रथम पाली))

254. निम्नलिखित में से किस शहर ने दिसंबर 2020 में 2030 में होने वाले एशियाई खेलों की मेजबानी के अधिकार जीते हैं?
(1) जकार्ता (2) दोहा
(3) सियोल (4) शंघाई
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 12.04.2022 (प्रथम पाली))

255. निम्नलिखित में से किसने मार्च 2021 में अल ऐन 2021 पैरा शूटिंग विश्व कप (Al Ain 2021 Para Shooting World Cup) में P4 स्वर्ण जीता?
(1) मनीष नरवाल (2) सिंहराज अधाना
(3) राहुल जाखड (4) दीपेन्द्र सिंह
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

256. _____ को 24 सितम्बर, 2019 को स्वच्छ भारत अभियान के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन से 'ग्लोबल गोलकीपर' पुरस्कार प्राप्त हुआ।
(1) रामनाथ कोविंद
(2) नरेन्द्र मोदी
(3) प्रणब मुखर्जी
(4) मनमोहन सिंह
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

257. बैडमिंटन खिलाड़ी _____ ने मार्च 2021 में ऑल इंग्लैंड ओपन पुरुष एकल खिताब जीता।
(1) ली चोंग वेई (Lee Chong Wei)
(2) मोमोटा केंटो (Momota Kento)
(3) विक्टर एक्सेलसेन (Viktor Axelsen)
(4) ली जी जिया (Lee Zii Jia)
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

258. मार्च 2020 में ओलंपिक की _____ स्पर्द्धा में अर्हता प्राप्त करने वाली भवानी देवी, भारत की प्रथम खिलाड़ी बनी।
(1) तलवारबाजी (2) गोल्फ
(3) मुक्केबाजी (4) तैराकी
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

259. अप्रैल 2021 तक की स्थिति के अनुसार, _____ ने किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा महिला वनडे क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने का रिकार्ड बनाया। वह महिलाओं के एकदिवसीय क्रिकेट में छः विकेट लेने वाली एकमात्र भारतीय स्पिनर भी थीं।
(1) तानिया भाटिया (2) दीप्ति शर्मा
(3) राधा यादव (4) पूनम राउत
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

260. 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल चैम्पियन कौन थी?
(1) सेरेना विलियम्स
(2) वीनस विलियम्स
(3) जेनिफर ब्रैडी
(4) नाओमी ओसाका
(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

261. 'प्लेइंग टू विन' नामक आत्मकथा निम्नलिखित में से किस भारतीय खिलाड़ी ने लिखी है?
(1) सानिया मिर्जा
(2) पी.वी. सिन्धु
(3) साइना नेहवाल
(4) कर्णम मल्लेश्वरी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

262. फुटबॉल में खिलाड़ी को चेतावनी देने के लिए किस रंग का कार्ड इस्तेमाल किया जाता है?
(1) लाल (2) नीला
(3) हरा (4) पीला
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

263. हॉकी के मैदान का आयाम (लम्बाई-चौड़ाई) कितना होता है?
(1) 91.4 × 55 मीटर
(2) 100 × 55 मीटर
(3) 90 × 50 मीटर
(4) 100.3 × 50 मीटर
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

264. पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आयोजन निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा किया जाएगा?
(1) उत्तर प्रदेश (2) ओडिशा
(3) पंजाब (4) महाराष्ट्र
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

265. 8वें टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप का आयोजन निम्नलिखित में से किस देश द्वारा किया जाएगा?
(1) भारत (2) इंग्लैंड
(3) दक्षिण अफ्रीका (4) ऑस्ट्रेलिया
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

266. निम्नलिखित में से किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी (महिला) ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2021 प्राप्त किया?
(1) दीप्ति शर्मा (2) शेफाली वर्मा
(3) पूनम यादव (4) मिताली राज
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

267. दौड़ने वाले आयोजनों में लैप (laps) की गिनती कौन करता है?
(1) लैप काउंटर (2) लैप स्कोरर
(3) टाइम कीपर (4) लैप रिकॉर्डर
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

268. ट्रैप शूटिंग का दूसरा नाम क्या है?
(1) क्ले पिजन शूटिंग
(2) क्रॉल शूटिंग
(3) वुड पिजन शूटिंग
(4) पिजन शूटिंग
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

269. मनीष नरवाल निम्नलिखित में से किस खेल से जुड़े हैं?
(1) कुश्ती (2) बैडमिंटन
(3) साइक्लिंग (4) निशानेबाजी
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

270. निम्नलिखित में से किसने यूएस ओपन 2021 पुरुष टेनिस एकल फाइनल जीता?
(1) नोवाक जोकोविच
(2) डेनियल मेदवेदेव
(3) ल्यू होआद
(4) जैक क्रॉफर्ड
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

271. फरवरी 2022 में, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने अपनी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र योजना के तहत निम्नलिखित में से किस साई (SAI) क्षेत्रीय केन्द्र में पैरा सेंटर (para centre) की स्थापना की है?
(1) गाँधीनगर (2) लखनऊ
(3) सोनीपत (4) कोलकाता
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

272. वॉलीबॉल खेल का परिवर्तित रूप कौन सा है?
(1) टर्फ वॉलीबॉल
(2) सॉफ्ट वॉलीबाल
(3) बीच वॉलीबॉल
(4) रोड वॉलीबॉल
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

273. फरवरी 2021 में, _____ ने शीर्ष – 100 WTA युगल रैंकिंग में प्रवेश किया, ऐसा करने वाली सानिया मिर्जा के बाद दूसरी महिला बन गई।
(1) शिखा देवी उबेरॉय
(2) अंकिता रैना
(3) तारा अय्यर
(4) रश्मी चक्रवर्ती
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

274. भारतीय फुटबॉल संघ की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?
(1) 1853 (2) 1873
(3) 1883 (4) 1893
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

275. निम्नलिखित में से कौन 19 दिसम्बर, 2021 को BWF विश्व चैम्पियनशिप में पुरुष एकल स्पर्धा में रजत जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बने?
(1) एच.एस.प्रणय
(2) बी.साई.प्रणीत
(3) लक्ष्य सेन
(4) किदांबी श्रीकांत
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

276. पंकज आडवाणी निम्नलिखित में से किस खेल से जुड़े हैं?
(1) स्क्वैश (2) बिलियर्ड्स
(3) टेनिस (4) शतरंज
(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (4)	**2.** (3)	**3.** (1)	**4.** (2)
5. (4)	**6.** (2)	**7.** (2)	**8.** (3)
9. (3)	**10.** (4)	**11.** (3)	**12.** (3)
13. (4)	**14.** (4)	**15.** (2)	**16.** (2)
17. (2)	**18.** (4)	**19.** (3)	**20.** (2)
21. (3)	**22.** (3)	**23.** (2)	**24.** (1)
25. (2)	**26.** (3)	**27.** (4)	**28.** (4)
29. (4)	**30.** (2)	**31.** (3)	**32.** (3)
33. (3)	**34.** (3)	**35.** (2)	**36.** (3)
37. (1)	**38.** (2)	**39.** (1)	**40.** (4)
41. (4)	**42.** (1)	**43.** (1)	**44.** (3)
45. (1)	**46.** (3)	**47.** (3)	**48.** (4)
49. (4)	**50.** (4)	**51.** (2)	**52.** (2)
53. (2)	**54.** (2)	**55.** (1)	**56.** (2)
57. (1)	**58.** (2)	**59.** (1)	**60.** (4)
61. (4)	**62.** (2)	**63.** (3)	**64.** (2)
65. (3)	**66.** (3)	**67.** (3)	**68.** (4)
69. (2)	**70.** (*)	**71.** (2)	**72.** (2)
73. (2)	**74.** (4)	**75.** (3)	**76.** (4)
77. (1)	**78.** (*)	**79.** (2)	**80.** (3)
81. (1)	**82.** (3)	**83.** (2)	**84.** (2)
85. (4)	**86.** (2)	**87.** (3)	**88.** (3)
89. (2)	**90.** (1)	**91.** (1)	**92.** (3)
93. (3)	**94.** (2)	**95.** (3)	**96.** (4)
97. (2)	**98.** (2)	**99.** (3)	**100.** (4)
101. (3)	**102.** (2)	**103.** (3)	**104.** (1)
105. (4)	**106.** (3)	**107.** (2)	**108.** (3)
109. (1)	**110.** (2)	**111.** (1)	**112.** (1)
113. (3)	**114.** (2)	**115.** (1)	**116.** (4)
117. (2)	**118.** (4)	**119.** (2)	**120.** (2)
121. (1)	**122.** (4)	**123.** (3)	**124.** (3)
125. (3)	**126.** (2)	**127.** (4)	**128.** (3)
129. (1)	**130.** (1)	**131.** (3)	**132.** (2)
133. (1)	**134.** (4)	**135.** (1)	**136.** (4)
137. (4)	**138.** (4)	**139.** (4)	**140.** (4)
141. (1)	**142.** (3)	**143.** (3)	**144.** (4)
145. (1)	**146.** (1)	**147.** (1)	**148.** (2)
149. (2)	**150.** (4)	**151.** (4)	**152.** (3)
153. (4)	**154.** (3)	**155.** (1)	**156.** (2)
157. (4)	**158.** (2)	**159.** (3)	**160.** (2)
161. (1)	**162.** (1)	**163.** (1)	**164.** (4)
165. (1)	**166.** (4)	**167.** (3)	**168.** (1)
169. (3)	**170.** (3)	**171.** (3)	**172.** (1)
173. (1)	**174.** (1)	**175.** (1)	**176.** (4)
177. (1)	**178.** (1)	**179.** (1)	**180.** (1)
181. (1)	**182.** (1)	**183.** (4)	**184.** (3)
185. (1)	**186.** (2)	**187.** (3)	**188.** (1)
189. (4)	**190.** (2)	**191.** (1)	**192.** (3)
193. (1)	**194.** (4)	**195.** (3)	**196.** (4)
197. (3)	**198.** (2)	**199.** (2)	**200.** (4)
201. (2)	**202.** (4)	**203.** (3)	**204.** (1)
205. (2)	**206.** (3)	**207.** (2)	**208.** (1)
209. (3)	**210.** (2)	**211.** (3)	**212.** (4)
213. (1)	**214.** (1)	**215.** (3)	**216.** (3)
217. (4)	**218.** (2)	**219.** (4)	**220.** (4)
221. (2)	**222.** (4)	**223.** (4)	**224.** (3)
225. (1)	**226.** (1)	**227.** (4)	**228.** (1)
229. (4)	**230.** (3)	**231.** (3)	**232.** (1)
233. (1)	**234.** (1)	**235.** (4)	**236.** (1)
237. (3)	**238.** (2)	**239.** (2)	**240.** (1)
241. (3)	**242.** (3)	**243.** (1)	**244.** (2)
245. (3)	**246.** (2)	**247.** (3)	**248.** (3)
249. (4)	**250.** (1)	**251.** (4)	**252.** (1)
253. (4)	**254.** (2)	**255.** (1)	**256.** (2)
257. (4)	**258.** (1)	**259.** (2)	**260.** (4)
261. (3)	**262.** (4)	**263.** (1)	**264.** (2)
265. (3)	**266.** (4)	**267.** (2)	**268.** (1)
269. (4)	**270.** (2)	**271.** (1)	**272.** (3)
273. (2)	**274.** (4)	**275.** (4)	**276.** (2)

उत्तर व्याख्यासहित

1. (4) अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस प्रतिवर्ष 23 जून को मनाया जाता है। आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरुआत 23 जून, 1894 को पेरिस के सोरबोने में की गई थी, इस दिन को स्मरण करने के लिए इस दिवस की शुरुआत की गई थी। यह दिवस एथलेटिक, लिंग, आयु आदि का भेद किए बिना, पूरे विश्व में खेलों में लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है।

2. (3) लेब्रोन जेम्स एक अमेरिकी प्रोफेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं जो नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के क्लीवलैंड केवैलियर्स के लिए खेलते हैं। उन्होंने तीन बार NBA चैम्पियनशिप, चार बार NBA का मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर अवॉर्ड, तीन बार NBA फाइनल्स MVP अवॉर्ड, दो ओलम्पिक स्वर्ण पदक, एक NBA स्कोरिंग टाइटल और NBA रूकी ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता है।

3. (1) उबर कप जिसे कभी-कभी महिलाओं की विश्व टीम प्रतियोगिता भी कहा जाता है। एक बड़ी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता है। इसका कार्यक्रम और आयोजन स्थल थॉमस कम के साथ मिला दिया गया जो पुरुष टीमों की वैश्विक प्रतियोगिता थी।

4. (2) वीरेन्द्र सहवाग तिहरा शतक लगाने वाले प्रथम भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2004 में मुल्तान में पाकिस्तान के विरुद्ध 309 रन बनाए थे। उन्होंने अपना दूसरा तिहरा शतक (319) वर्ष 2008 में चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध लगाया था। यह टेस्ट क्रिकेट का सबसे तेज तिहरा शतक है, इसके लिए उन्होंने मात्र 278 गेंद खेली थी। सहवाग दो तिहरे शतक लगाने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं।

5. (4) बॉस्केट बॉल से संबंधित शब्द - कोर्ट, बोर्ड, बोस्ट, पिचर, कट, डबल फाल्ट, गेम बाल, हैंड इन, हैंड आउट, रैकेट, मार्कर, रबर, सर्विस, निक, कट लाइन, फाल्ट टिन, नो सैट, डिफ्लैक्शन इत्यादि।

6. (2) संतोष ट्राफी फुटबॉल से संबंधित प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1941 ई. में हुई थी। मौजूदा चैम्पियन पश्चिम बंगाल फुटबॉल टीम है।

7. (2) नेहरू कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता अखिल भारतयी फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता है। इसका आयोजन 1982 में शुरू किया गया था।

8. (3) शेन वार्न

9. (3) ध्यान चंद के नाम पर जर्मनी में एक सड़क का नाम रखा गया है।

10. (4) सानिया मिर्जा-बैडमिंटन (सानिया मिर्जा टेनिस खेल से संबंधित है)

11. (3) अमेरिका के माइकेल फेल्प्स ने बीजिंग ओलंपिक 2008 के तैराकी प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण पदक जीता था।

12. (3) ऑस्ट्रेलियन ओपन – फ्रेंच ओपन – विंबलडन – यू एस ओपन

13. (4) बास्केटबॉल के खेल में दोनों ओर पाँच-पाँच खिलाड़ी होते हैं।

14. (4) उत्तर प्रदेश का इकलौता अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम ग्रीन पार्क कानपुर में स्थित है। इस स्टेडियम में अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच 24 से 27 नवम्बर, 2009 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ था।

15. (2) अंजू बॉबी जॉर्ज एक भारतीय एथलीट हैं। उन्होंने वर्ष 2003 में पेरिस में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में लंबी कूद में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट थीं।

16. (2) जयपाल सिंह मुंडा एम्स्टर्डम में आयोजित 1928 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे। वह एक जनजातीय समाज के थे।

17. (2) रोलां गैरोस प्रथम विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के विमान - चालक और लड़ाकू पायलट थे जिनके नाम पर फ्रेंच ओपेन टेनिस प्रतियोगिता को रोलां गैरोस कहा जाने लगा।

18. (4) राइडर कप यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका की पुरुष टीमों के बीच प्रत्येक दो वर्ष में खेला जाने वाला गोल्फ प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता का प्रबन्ध संयुक्त रूप से पी जी ए अमेरिका और पी जी ए यूरोपीयन टूर द्वारा किया जाता है, इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार बारी-बारी से अमेरिका या यूरोप के किसी स्थान पर किया जाता है।

19. (3) रणजी ट्रॉफी घरेलू स्तर पर खेले जाने वाली प्रथम श्रेणी की क्रिकेट प्रतियोगिता है जो भारत में क्षेत्रीय क्रिकेट संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के बीच खेला जाता है। प्रतियोगिता का यह नाम इंग्लैण्ड और ससेक्स क्रिकेटर कुमार श्री रणजीत सिंहजी (नवानगर के जाम साहिब) के नाम पर रखा गया है। प्रथम रणजी टूर्नामेंट 1934 में आयोजित किया गया था। वर्तमान में कर्नाटक रणजी चैम्पियन है।

20. (2) अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमिटी का मुख्यालय लुसाने (स्विट्जरलैण्ड) में स्थित है। इसकी स्थापना पियरे बैरोन डी कुबर्टिन द्वारा लुसाने के मॉन्ट-रीपोज ग्राम में 21 जून, 1894 को की गई थी।

21. (3) 'वन डे वंडर्स' नामक पुस्तक सुप्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर सुनील मनोहर गावस्कर द्वारा 1985 में लिखी गई थी। इस पुस्तक में उन्होंने 1985 में आस्ट्रेलिया में 'बेनसन एंड हेज् वर्ल्ड चैम्पियन ऑफ क्रिकेट' नामक एकदिवसीय टूर्नामेंट जीतने के अलावा भारतीय टीम की शानदार जीत की यात्रा का विस्तार से वर्णन किया है।

22. (3) राइडर कप (Ryder Cup) पुरूषों की एक गोल्फ प्रतियोगिता है जो यूरोप और अमेरिका की टीमों के मध्य प्रत्येक दो वर्ष के अंतराल पर आयोजित की जाती है। प्रत्येक दो वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के स्थान (वेनू) का चयन अमेरिका और यूरोप के किन्हीं शहरों में से किया जाता है। इस कप का नामकरण इंग्लिश बिजनेसमैन सैमुअल राइडर के नाम पर किया गया है जिन्होंने ट्रॉफी दान में दी थी।

23. (2) 2014 का एशियाई खेल दक्षिण कोरिया के इंचियोन में हो चुका है तथा 2018 का एशियाई खेल जकार्ता पालमबंग (इंडोनेशिया) में होगा।

24. (1) पुलेला गोपीचंद एक पूर्व भारतीय बैडमिण्टन खिलाड़ी है। उन्होंने 2001 में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिण्टन चैम्पियन्स का खिताब जीता था। वे प्रकाश पादुकोण के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। उन्हें 1999 में अर्जुन अवॉर्ड और 2009 में द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वे खिलाड़ी और कोच के रूप में पुरस्कार पाने वाले एकमात्र भारतीय हैं।

25. (2) डूरंड कप भारत की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इसे सर्वप्रथम 1888 में आयोजित किया गया। यह विश्व के तीन सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल है। इस टूर्नामेंट का नामकरण इसके संस्थापक और ब्रिटिश भारत में 1884-1894 के दौरान विदेश सचिव रहे सर मोर्टिमर डूरंड के नाम पर किया गया।

26. (3) सायना नेहवाल एक भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। वह विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशीप एवं सुपर शृंखला खेल-प्रतियोगिता जीतने वाली प्रथम भारतीय हैं। इसके अलावा वह ओलम्पिक (लंदन ओलम्पिक 2012 में कांस्य पदक) में बैडमिंटन की स्पर्द्धा में पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय भी हैं।

27. (4) कीनन स्टेडियम झारखण्ड के जमशेदपुर में स्थित एक बहु-उद्देशीय स्टेडियम है। इसका नाम टाटा इस्पात के पूर्व जनरल प्रबंधक जॉन लॉरिन्स कीनन के नाम पर रखा गया था। वर्तमान में स्टेडियम का प्रयोग क्रिकेट खेलों के लिए अधिक हो रहा है।

28. (4) इंग्लैंड के लंदन में स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड को क्रिकेट के मक्का के रूप में भी निर्दिष्ट किया जाता है। इसकी स्थापना 1814 में की गई थी। यह क्रिकेट का आधिकारिक स्थान माना जाता है। इस ग्राउंड का नामकरण इसके संस्थापक थॉमस लॉर्ड के नाम पर किया गया था। यह ग्राउंड मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के स्वामित्व में है और यह अगस्त 2005 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) का घर था।

29. (4) बुल्स-आई (bull's-eye) से तात्पर्य किसी लक्ष्य के केन्द्र बिन्दु से है जहाँ निशाना लगाया जाता है और विस्तृत रूप में इसका अर्थ लक्ष्य पर लगने वाले किसी भी निशाने से है। बुल्स आई को परंपरागत पिस्तौल-निशानेबाजी प्रतियोगिता के नाम से भी जाना जाता है, इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी निश्चित समय में निर्धारित दूरी पर स्थित कागज पर निशाना लगाते हैं। यह खेल कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका में अत्यंत लोकप्रिय है।

30. (2) 'रावलपिंडी' नामक शहर में जन्म होने के कारण पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को ''रावलपिंडी एक्सप्रेस'' के उपनाम से जाना जाता था। उन्हें आधुनिक क्रिकेट में तेज गेंदबजों में एक माना जाता है।

31. (3) विलो (Willow) पर्णपाती पेड़ों और झाड़ियों की एक प्रजाति है, जो मुख्य रूप से उत्तरी गोलार्द्ध के शीतोष्ण क्षेत्रों और शीत ऋतु में नमीयुक्त मृदा में पाई जाती है। विलो की लकड़ी का प्रयोग संदूक, झाड़ू , क्रिकेट बैट्स (विशेष रूप से सफेद विलो की लकड़ी से), पालना इत्यादि बनाने में किया जाता है।

32. (3) भारतीय क्रिकेट टीम के भूतपूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज कपिल देव को 'द हरियाणा हरिकेन' अर्थात् हरियाणा का तूफान के उपनाम से जाना जाता था। प्राकृतिक रूप से एक आक्रामक खिलाड़ी के रूप में विरोधी टीम से संघर्ष करते हुए उन्होंने कई बार भारत को विपरीत परिस्थितियों से निकालकर जीत दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे दायें हाथ के तेज गेंदबाज थे जो अपने कॅरियर के दौरान भारत के मुख्य गेंदबाज रहे।

33. (3) मालावत पूर्णा ने 25 मई, 2014 को मात्र 13 वर्ष और 11 माह की आयु में माउंट एवरेस्ट पर आरोहण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। मालावत 2010 में पिछला रिकॉर्ड बनाने वाले अमेरिकी युवक से मात्र 1 महीने छोटी है। कृषि श्रमिक की पुत्री मालावत पूर्णा सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल स्कूल, तडवई, आंध्र प्रदेश की 11वीं कक्षा की छात्रा है।

34. (3) आगा खाँ कप एक हॉकी टूर्नामेंट है। यह मुम्बई में आयोजित किया जाता है। 1896ई. में शुरू किया गया यह भारत के सबसे पुराने टूर्नामेंटों में से एक है।

35. (2) महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित ब्राबोर्ने स्टेडियम एक क्रिकेट ग्राउंड है। यह ग्राउंड क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (CCI) के स्वामित्व में है। ब्राबोर्ने स्टेडियम भारत का प्रथम स्थायी खेल स्थल है।

36. (3) विभिन्न प्रकार के श्वेत बल्लों से क्रिकेट बैट का निर्माण होता है, श्वेत बल्लों को क्रिकेट बैट बल्ला भी कहते हैं। क्रिकेट बैट बल्ला (सैलिक्स अल्बा, कैरूली या), कच्चे (बिना उबाले) अलसी के तेल के साथ संसाधि त किया जाता है, जो इसे सुरक्षा प्रदान करने का कार्य करता है। सैलिक्स अल्बा का कैरूली प्रकार कठोर, टिकाऊ, हल्का, लचीला और सीधे दानेवाला होता है। विकेट और गिल्लियाँ मॉर्स (शहतूत) की बनी होती हैं। सैलिक्स परप्युरिया (जो प्रश्न में विकल्प के रूप में दिया गया है) बैंगनी रंग का बल्ले वाला बेंत है, इसकी टहनियों का प्रयोग टोकरी, समुद्री, झींगा और केकड़ा रखने के लिए जटिल बरतन तथा फर्नीचर बनाने में किया जाता है (लुइस फ्रॉस्ट, अलिस्टेयर ग्रिफिथ की पुस्तक प्लांट्स ऑफ ईडेन)।

37. (1) रग्बी फुटबॉल दो टीमों के 15 खिलाड़ियों द्वारा मैदान पर खेली जाती है। खेल का मुख्य उद्देश्य 80 मिनट के खेल में विपक्षी टीम की तुलना में अधिक अंक प्राप्त करना होता है। गोल करके या स्कोर करने का प्रयास करके अंक प्राप्त किया जाता है।

38. (2) जूडो में, इस खेल को समझने और सुधार करने की कला को रैंक प्रणाली के द्वारा ''क्यु'' और ''डैन'' ग्रेडों में बाँटा गया है। 12वाँ डैन अंतिम डैन है। यह जूडो की पहली बेल्ट के साथ सामान्यत: सफेद रंग का होता है, हालांकि जूडो में 10वें डैन को ही सर्वोच्च डैन माना जाता है। चूंकि जूडो में 10वें डैन से ऊपर किसी अन्य रैंक का निर्धारण नहीं किया गया है, कोडोकन जूडो प्रोमोशन सिस्टम में केवल 10 डैन रैंक सर्वाधिक प्रभावशाली होते हैं। जूडो के इतिहास में कोडोकन द्वारा 10 डैन वाले केवल 15 व्यक्तियों को ही सम्मानित किया गया है।

39. (1) भारतीय क्रिकेट में भ्रष्टाचार, मैच- फिक्सिंग और सट्टेबाजी के आरोपों के बाद जनवरी 2015 में उच्चतम न्यायालय ने लोढ़ा समिति की स्थापना की। इस समिति की स्थापना बीसीसीआई और क्रिकेट के खेल में कानून और व्यवस्था को वापस लाने के लिए की गई थी। समिति की अध्यक्षता भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर.एम. लोढ़ा ने की है।

40. (4) सितम्बर 2015 में न्यूजीलैंड में आयोजित फेडरेशन की सामान्य बैठक में 2022 में होने वाले राष्ट्रमण्डल खेलों की मेजबानी के लिए दक्षिण अफ्रीका के डरबन शहर का चयन किया गया। एडमन्टन के नाम वापस लेने के बाद डरबन एकमात्र दावेदार था। 2010 में भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमण्डल खेलों के बाद यह दूसरा अवसर होगा जब राष्ट्रमण्डल खेलों की मेजबानी एक गणतंत्र देश द्वारा की जाएगी।

41. (4) 1894 में आयोजित पेरिस-रॉयूएन, ली पेटिट जर्नल हॉर्सलेस कैरिज प्रतियोगिता शहर से शहर तक दौड़ वाली पहली मोटर-दौड़ प्रतियोगिता थी जिसे कभी-कभी विश्व की पहली प्रतियोगी मोटर रेस के रूप में वर्णित किया जाता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन समाचार पत्र ली पेटिट जर्नल द्वारा किया गया था। यह मोटर रेस 22 जुलाई, 1894 को फ्रांस में पेरिस से रॉयूएन के बीच आयोजित की गई थी।

42. (1) वेलिंगटन ट्रॉफी नौकायन से संबंधित है। नौकायन या नौका दौड़ पानी में चप्पू के द्वारा नाव को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया (रेसिंग शेल) पर आधारित है। पानी के बहाव के विरुद्ध चप्पू से पानी को धकेलने के परिणामस्वरूप एक बल उत्पन्न होता है जिससे नाव आगे बढ़ती है।

43. (1) भारतीय पेशेवर निशानेबाज अभिनव बिन्द्रा 2008 के बीजिंग ओलम्पिक खेलों में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय बने। उन्होंने 10 मी. एयर राइफल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। यह 1980 में पुरुष फील्ड हॉकी टीम द्वारा जीते गए स्वर्ण पदक के बाद भारत का पहला स्वर्ण पदक भी था।

44. (3) गुवाहाटी (असम) के रहने वाले शिव थापा एक भारतीय मुक्केबाज हैं। वह 2016 के रियो ओलम्पिक के लिए पुरुषों के 56 किग्रा. भार वर्ग में क्वालीफाइ करने वाले युवा मुक्केबाज थे। वह एआईबीए पुरुषों की विश्व रैंकिंग में बैंटमवेट कैटेगरी में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी हैं।

45. (1) नॉर्मन प्रिचार्ड 1900 में पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में भारत की ओर से भाग लेने वाले एकमात्र एथलीट थे। उन्होंने 1900 में पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों की 200 मी. और 200 मी. बाधा दौड़ दोनों वर्गों में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए दो रजत पदक जीते। वह भारत की ओर से ओलम्पिक में भाग लेने वाले प्रथम एथलीट और किसी एशियाई देश का प्रतिनिधित्व करने और ओलम्पिक मेडल जीतने वाले प्रथम एथलीट थे।

46. (3) पाकिस्तानी टेस्ट क्रिकेटर आमिर इलाही, गुल मुहम्मद और अब्दुल हफीज कारदार ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने भारत के लिए भी क्रिकेट खेली। आमिर इलाही ने 1947 में भारत के लिए एक टेस्ट मैच खेला, जबकि गुल मुहम्मद ने 1946-52 के दौरान भारत के लिए मैच खेले। पाकिस्तानी टीम के प्रथम कप्तान अब्दुल हफीज कारदार 1946 में भारत के लिए और 1952-58 के दौरान पाकिस्तान के लिए खेले।

47. (3) भाला फेंक स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले नीरज चोपड़ा एक ट्रैक एंड फील्ड एथलीट हैं। वह अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद विश्व चैम्पियनशिप स्तर पर एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। उन्होंने वर्ष 2016 में बाइडगोस्ज, पोलैंड में आयोजित आईएएएफ वर्ल्ड अंडर 20 चैम्पियनशिप में यह उपलब्धि प्राप्त की। उन्होंने 2016 के दक्षिण एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था।

48. (4) महिला पहलवान साक्षी मलिक ने 18 अगस्त, 2016 को महिलाओं की कुश्ती के 58 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर 2016 के रियो ओर्लपिक खेलों में भारत को पहला पदक दिलाया था। कांस्य पदक के लिए

हुए मुकाबले में उन्होंने किर्गिस्तान की पहलवान ऐसुलू टाइनीबिकोवा को पराजित किया। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान हैं।

49. (4) फेडरेशन इंटरनेशनल डि फुटबॉल एसोसिएशन (FIFA) का मुख्यालय ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में है। 1904 में स्थापित, फीफा फुटबॉल की सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विशेष रूप से 1930 से आरंभ हुए विश्व कप के आयोजन के लिए उत्तरदायी है।

50. (4) वेस्ट इंडीज के ब्रायन लारा और क्रिस ग्रेल, ऑस्ट्रेलिया के डोनाल्ड ब्रेडमैन और भारत के वीरेन्द्र सहवाग ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक से अधिक बार 300 रन बनाए हैं। लारा ने अपना पहला तिहरा शतक (375) 1994 में इंग्लैंड के विरुद्ध और अपना दूसरा तिहरा शतक (400) भी 2004 में इंग्लैड के विरुद्ध बनाया था। इंग्लैंड के विरुद्ध खेली गई उनकी अविजित 400 रन की पारी टेस्ट मैच में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

51. (2) दक्षिण अफ्रीका के तेज दौड़ धावक ऑस्कर पिस्टॉरियस को 'ब्लेड रनर' के नाम से जाना जाता है क्योंकि वह पैर नहीं होने के बावजूद कृत्रिम पैरों की सहायता से दौड़ता है। मात्र 11 महीने की अवस्था में पिस्टॉरियस के घुटने से नीचे के दोनों पैर कट गए थे। वह 2012 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में, दोनों पैरों से दिव्यांग धावक के रूप में ओलम्पिक में भाग लेने वाला पहला प्रतिभागी बना। उसे ''बिना पैरों के सबसे तेज दौड़ने वाला व्यक्ति'' के नाम से जाना जाता है।

52. (2) सी. के. नायडू कप क्रिकेट से संबंधित है। इसका नामकरण सी. के. नायडू के नाम पर किया गया है जो टेस्ट मैचों में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रथम कप्तान थे। उन्होंने 1958 तक नियमित रूप से प्रथम-श्रेणी की क्रिकेट खेली और 1963 में 68 वर्ष की आयु में अंतिम बार क्रिकेट में वापसी की।

53. (2) मुंबई के युवा खिलाड़ी प्रणव धनावड़े ने जनवरी 2016 में अंतर-स्कूल प्रतियोगिता में आर्य गुरुकुल स्कूल के विरुद्ध कल्याण में खेले गए मैच में एक पारी में अविजित 1,009 रन बनाकर इतिहास रच दिया, इसके साथ ही वह चार अंकों की रन संख्या तक पहुँचने वाले प्रथम खिलाड़ी बन गए। उनकी इस ऐतिहासिक पारी की बदौलत उनकी टीम, केसी गाँधी स्कूल ने 1465/3 की रन संख्या पर पारी घोषित कर दी, जो कि किसी टीम की कुल सर्वाधिक रन संख्या का भी एक रिकॉर्ड है।

54. (2) बेटन (Beighton) कप वर्तमान में प्रचलित सबसे पुराने फील्ड हॉकी टूर्नामेंटों में से एक है। इस ट्रॉफी की स्थापना 1895 में की गई थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन बंगाल हॉकी एसोसिएशन द्वारा एस्ट्रो टर्फ (कृत्रिम घास) पर स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया (एसएआई ईस्ट), कोलकाता में किया जाता है। इस प्रतियोगिता का नामकरण ब्रिटिश भारत में बंगाल सरकार के विधि अनुस्मारक (Legal Remembrancer) टी.डी. बेटन (Beighton) के नाम पर किया गया था।

55. (1) फुटसल पाँच खिलाड़ियों की दो टीमों के मध्य खेला जाता है, जिसमें एक खिलाड़ी गोलकीपर होता है। यह एसो- सिएशन फुटबॉल का रूपान्तर है जो हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है, जो कि फुटबॉल पिच की तुलना में छोटा होता है और मुख्यत: यह एक इनडोर गेम है। इसे पाँच खिलाड़ियों वाली फुटबॉल टीम का छोटा प्रारूप माना जा सकता है।

56. (2) 'ब्रिज' एक ग्रैपलिंग मूव' है जिसका प्रयोग कुश्ती, ग्रैपलिंग और जमीन पर लड़ाई से संबंधित अन्य खेलों में किया जाता है। इस शब्द का प्रयोग प्राय: संयुक्त रूप से ट्विस्टिंग मोशन के साथ शीर्ष पर स्थापित प्रतिद्वंद्वी को झटकने या हटाने के लिए किया जाता है। इसे नीचे लेटकर उत्तान अवस्था से निष्पादित किया जाता है।

57. (1) दीपिका कुमारी एक भारतीय एथलीट हैं जो तीरंदाजी की स्पर्धा में भाग लेती हैं। वह वर्तमान में विश्व में पाँचवें नम्बर की खिलाड़ी हैं तथा पूर्व में विश्व की नम्बर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमण्डल खेलों में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2016 में उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

58. (2) लेडी रतन टाटा ट्रॉफी भारत में महिलाओं के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता है। इसका नामकरण एक भारतीय व्यवसायी रतन टाटा के नाम पर किया गया है। वह 1991 से 2012 तक मुंबई स्थित टाटा ग्रुप के वैश्विक व्यवसाय समूह के अध्यक्ष रहे और उन्हें 24 अक्टूबर, 2016 को अन्तरिम-काल के लिए पुन: अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

59. (1) पंकज आडवाणी एक भारतीय प्रोफेशनल इंग्लिश बिलियर्ड्स खिलाड़ी और भूतपूर्व स्नूकर खिलाड़ी हैं। उन्होंने तीन विभिन्न वर्ष 2005, 2008 और 2012 में एक साथ इंग्लिश बिलियर्ड्स का हैट-ट्रिक ऑफ हैट- ट्रिक्स खिताब, विश्व चैम्पियनशिप, एशियन चैम्पियनशिप और इंडियन नेशनल चैम्पियनशिप का खिताब जीता। वह स्नूकर के लॉन्ग और शॉर्ट दोनों फॉर्मेट्स में विश्व खिताब जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।


60. (4) 2016 में रियो में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में पहली बार गोल्फ की स्पर्धाओं को शामिल किया गया था। इससे पूर्व 1904 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। रियो ओलम्पिक में जस्टिन रोस (ग्रेट ब्रिटेन) और इनबी पार्क (दक्षिण कोरिया) ने क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में गोल्फ का स्वर्ण पदक जीता।

61. (4) प्रथम राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन 1930 में हैमिल्टन, ओन्टेरियो (कनाडा) में किया गया था। इन खेलों में 11 देशों के 400 एथलीटों ने छ: खेलों की 59 स्पर्धाओं में भाग लिया था। तब से, ये खेल प्रत्येक चार वर्ष बाद आयोजित किए जाते हैं (द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1942 और 1946 में इन खेलों का आयोजन नहीं किया गया था)।

62. (2) 'बुली' नामक शब्द फील्ड हॉकी से संबंधित है। इस शब्द का प्रयोग खेल को पुन: आरंभ करने के लिए किया जाता है, यह फुटबॉल के ड्रॉप-बॉल के समान है जहाँ नियम का उल्लंघन होने पर खेल को पुन: आरंभ किया जाता है। प्रतिस्पर्द्धी टीम के दो खिलाड़ी एक दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं और एक दूसरे की हॉकी स्टिक और जमीन को तीन बार थपथपाते हैं। गेंद के मैदान में पहुँचने तक सभी खिलाड़ियों को न्यूनतम 16 फुट की दूरी पर रहना चाहिए।

63. (3) भारत के टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने अगस्त 2016 में जब रियो ओलम्पिक खेलों में भाग लिया तो वह ओलम्पिक खेलों में सातवीं बार भाग लेने वाले विश्व के एकमात्र और भारत के प्रथम खिलाड़ी बन गए। पेस ने 1996 के अटलांटा ओलम्पिक में टेनिस के एकल वर्ग में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था।

64. (2) ओलम्पिक ध्वज के मध्य में ओलम्पिक प्रतीक के रूप में एक दूसरे से मिले हुए पाँच रंगीन चक्रों: नीला, पीला, काला, हरा और लाल को दर्शाया गया है। यह डिजाइन प्रतीकात्मक है, यह ओलम्पिकवाद द्वारा संगठित विश्व के पाँच महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि छ: रंग ऐसे रंग हैं जो वर्तमान में विश्व के सभी राष्ट्रीय ध्वजों पर दिखाई देते हैं।



65. (3) स्मैश मुख्य आक्रामक शॉट है जिसका प्रयोग वालीबॉल में किया जाता है, यह संभवत: खिलाड़ी द्वारा मारे जाने वाले कठिन शॉट्स में से एक है। स्मैश का प्रयोग करने वाला खिलाड़ी स्मैशर कहलाता है। स्मैशर क्रॉस कोर्ट, डाउन द लाइन, ब्लॉक और निर्यात्रित स्पीड ब्लॉक से स्मैश करते समय स्मैश में परिवर्तन कर सकता है।

66. (3) 'रॉल इन' शब्द मुख्यत: फील्ड हॉकी और आइस हॉकी से संबंधित है। यह शब्द टचलाइन को क्रॉस करने के बाद गेंद के पुन: मैदान में वापस आने की प्रक्रिया को निर्दिष्ट करता है।

67. (3) उबेर कप महिलाओं की राष्ट्रीय बैडमिंटन टीमों द्वारा खेली जाने वाली एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता है, जिसे महिलाओं की वर्ल्ड टीम चैम्पियनशिप भी कहते हैं। पूर्व ब्रिटिश महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बेट्टी उबेर के नाम पर इसका नामकरण किया गया था। उबेर कप प्रतियोगिता का आयोजन थॉमस कप (पुरुषों की वर्ल्ड टीम चैम्पियनशिप) के साथ किया जाता है।

68. (4) पी.वी. सिन्धु एक भारतीय प्रोफेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी। ओलम्पिक पदक जीतने वाले दो बैडमिंटन खिलाड़ियों में से वह एक है- दूसरी खिलाड़ी साइना नेहवाल है।

69. (2) डेविस कप पुरुषों की लॉन टेनिस प्रतियोगिता तथा एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय टीम स्पर्धा है। इसका संचालन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ (ITF) द्वारा किया जाता है और यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष नॉक-आउट फॉर्मेट के आधार पर भाग लेने वाले देशों की टीमों के मध्य खेली जाती है। आयोजकों द्वारा इस प्रतियोगिता को "विश्व कप टेनिस" तथा इसके विजेता को विश्व चैम्पियन टीम के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है।

70. (*) प्रिंस ऑफ वेल्स कप इंग्लैंड में प्रचलित एक गोल्फ टूर्नामेंट है। हालांकि, प्रिंस ऑफ वेल्स कप दक्षिण अफ्रीका में एक पोलो टूर्नामेंट है।
सर्वश्रेष्ठ विकल्प : गोल्फ।

71. (2) कबड्डी के खेल में जब कोई टीम विपक्षी टीम के सभी खिलाड़ियों को आउट कर देती है और विपक्षी टीम का कोई भी खिलाड़ी खेलने के लिए अधिकृत नहीं होता तो विपक्षी टीम को आउट करने वाली टीम एक 'लोना' अर्जित कर लेती है। इस प्रकार, 'लोना' अर्जित करने वाली टीम के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित किए गए कुल अंक में दो अतिरिक्त अंक जोड़ दिए जाते हैं।

72. (2) योगेश्वर दत्त एक भारतीय फ्री स्टाईल पहलवान हैं। 2012 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में उन्होंने 60 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा उन्हें पदम् श्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था।

73. (2) गेंद को नियंत्रित करने की अपनी शानदार कला के कारण भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी ध्यानचन्द को "हॉकी का जादूगर" के नाम से जाना जाता था। उन्हें अब तक के महान फील्ड हॉकी खिलाड़ियों में सबसे महान खिलाड़ी माना जाता है। फील्ड हॉकी में तीन ओलम्पिक स्वर्ण पदक (1928, 1932 और 1936) जीतने के अलावा, उन्हें गोल करने के असाधारण कौशल के लिए जाना जाता है।

74. (4) दीपा करमाकर एक कलात्मक जिमनास्ट हैं जिन्होंने 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह ओलम्पिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट तथा 52 वर्षों में ऐसा करने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट हैं। उन्होंने 2016 के रियो ओलम्पिक खेलों में महिलाओं की वॉल्ट जिमनास्टिक्स इवेंट में चौथा स्थान प्राप्त किया।

75. (3) 1964 में टोक्यो में ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया गया था। यह एशिया में आयोजित होने वाला पहला ओलम्पिक था। इसका आयोजन 10 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 1964 तक किया गया था। 26 मई, 1959 को पश्चिमी जर्मनी में आयोजित आईओसी के 55वें अधिवेशन के दौरान मेजबान शहर के रूप में टोक्यो का चयन किया गया था। 2020 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन टोक्यो में किया जाएगा।

76. (4) नितिन थिमैया एक भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं जो फॉरवर्ड खिलाड़ी के रूप में खेलते हैं। वह कर्नाटक सरकार का एकलव्य पुरस्कार पाने वाले 16 प्राप्तकर्ताओं में से एक थे।

77. (1) "कैलिबर" शब्द शूटिंग (निशानेबाजी) से संबंधित है। सामान्यत: यह बन्दूक के आन्तरिक व्यास से संबंधित है। छोट शस्त्रों में, कैलिबर आग्नेयास्त्र की नली या कारतूस की गोली के आन्तरिक व्यास से संबंधित होता है, इसे प्राय: इंच के सौवें भाग या मिलिमीटर में व्यक्त किया जाता है, राइफल की नाल नापने के लिए इसे स्थल या खाँचे, या विशिष्ट कारतूस जिसके लिए आग्नेयास्त्र का कक्ष .44 मैग्नम होता है, के पार मापा जा सकता है।

78. (*) सेपाक टकरा मलेशिया का राष्ट्रीय खेल है। यह एक खेल है जिसमें खिलाड़ियों को टकरा (रैटन या खजूर के बुने तनों से बनी एक खोखली गेंद) को पैर से मारकर नेट के ऊपर से निकालना होता है। यह खेल वॉलीबॉल या बैडमिंटन के समान है, लेकिन इस खेल में खिलाड़ी अपने हाथों का प्रयोग नहीं कर सकते।
सर्वश्रेष्ठ विकल्प: (1) बैडमिंटन।

79. (2) डायमंड : वह फील्ड है जिस पर बेसबॉल खेला जाता है, पिच : विकेट के मध्य क्रिकेट फील्ड की केन्द्रीय पट्टी है जिस पर क्रिकेट खेली जाती है, कोर्ट : सेंटर के पार फैले हुए लो नेट के साथ खींचा हुआ एक आयताकार सतह है, जहाँ टेनिस खेली जाती है।

80. (3) वाटर पोलो दो टीमों के मध्य पानी में खेला जाने वाला एक प्रतियोगी टीम खेल है। प्रत्येक टीम में छ: फील्ड प्लेयर और एक गोलकीपर होता है। गोलकीपर को छोड़कर, खिलाड़ी आक्रामक और सुरक्षात्मक दोनों भूमिकाओं को निभाते हैं।

81. (1) रोवर्स कप एक फुटबॉल प्रतियोगिता है जिसका आयोजन भारत में किया जाता है। इसकी शुरुआत एक ब्रिटिश फुटबॉल प्रेमी द्वारा 1891 में बम्बई में की गई थी। अंतिम बार यह प्रतियोगिता 2000-01 में आयोजित की गई थी। वेस्टर्न इंडिया फुटबॉल एसोसिएशन (WIFA) प्रतियोगिता को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है।

82. (3) बैडमिंटन एक रैकेट खेल है जिसमें शटलकॉक (चिड़िया) को नेट के पार मारने के लिए रैकेट का प्रयोग किया जाता है। शटलकॉक एक परदार या (अनौपचारिक मैचों में) प्लास्टिक का प्रक्षेपक है जो कई अन्य कई खेलों में प्रयुक्त होने वाली गेंदों से भिन्न रूप में उड़ता है। शटलकॉक की द्रुत गति खेल को इसकी विशिष्ट प्रकृति प्रदान करती है।

83. (2) बर्डी : होल की बराबरी की तुलना में उससे कम एक स्ट्रोक का गोल्फ स्कोर है, वॉली : टेनिस में प्रयुक्त होने वाला एक शॉट है जिसमें गेंद के भूमि पर गिरने से पहले गेंद को हिट किया जाता है, हिट विकेट: क्रिकेट में आउट होने की एक विधि है।

84. (2) गैम्बिट (इसकी उत्पत्ति इटली के प्राचीन खेल गैम्बेट्टो से हुई है, जिसका अर्थ है "गिराना") एक खुली शतरंज है जिसमें एक खिलाड़ी प्राय: सफेद मोहरों के साथ, लाभदायक स्थिति प्राप्त करने की आशा में प्राय: प्यादे को कुर्बान कर देता है। किंग्स गैम्बिट, क्वीन्स गैम्बिट और ईवान्स गैम्बिट इसके कुछ अन्य प्रसिद्ध उदाहरण हैं।

85. (4) पास्कल का नियम तरल यांत्रिकी का सिद्धान्त है जो वर्णन करता है कि परिसीमित असम्पीड्य द्रव में दाब परिवर्तन सर्वत्र घटित होता है जिसे पूर्णतया द्रव द्वारा संचारित किया जाता है, जिससे कि समान परिवर्तन सर्वत्र घटित होता है। स्कूबा गोताखोरों को यह सिद्धान्त अवश्य समझना चाहिए। पानी में 10 मीटर की गहराई पर, दाब समुद्री स्तर पर वायुमण्डलीय दाब का दुगुना होता है और प्रत्येक 10 मी. गहराई में वृद्धि होने पर दाब में लगभग 100kpa की वृद्धि होती है।

86. (2) ईरानी कप : रणजी ट्रॉफी के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 1959-60 के सत्र के दौरान आरंभ हुआ एक क्रिकेट टूर्नामेंट है, संतोष ट्रॉफी : भारत के सरकारी संस्थानों और राज्य के क्षेत्रीय संघों के मध्य खेली जाने वाली एक नॉक-आउट फुटबॉल प्रतियोगिता है, अजलानशाह कप : प्रतिवर्ष मलेशिया में आयोजित होने वाली पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय फील्ड हॉकी प्रतियोगिता है।

87. (3) डेविड वार्नर एक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के वर्तमान उप-कप्तान हैं। वह बायें हाथ के एक विस्फोटक सलामी बल्लेबाज हैं, वार्नर 132 साल के क्रिकेट इतिहास में प्रथम श्रेणी क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में बिना किसी अनुभव के राष्ट्रीय टीम में शामिल होने वाले प्रथम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं।

88. (3) वर्तमान में अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स ने 28 पदक (23 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य) के साथ सबसे अधिक ओलंपिक पदक प्राप्त करने वाले एथलीट बन गए हैं। वह व्यक्तिगत आयोजनों में सबसे अधिक पदक जितने वाले ओलंपियन भी हैं, जिसमें 16 पदक (13 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य) शामिल है।

89. (2) टाइगर वुड्स एक अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं जो अब तक के सर्वाधिक सफल और महान गोल्फरों में से एक हैं। वह विश्व में कई वर्षों से सर्वाधिक पारिश्रमिक पाने वाले एथलीटों में से एक हैं। वह अगस्त 1999 से सितम्बर 2004 (264 सप्ताह) तक और पुन: जून 2005 से अक्टूबर 2010 (281 सप्ताह) तक विश्व में शीर्ष रैंकिंग वाले गोल्फर रहे थे।

90. (1) वेलिंगटन ट्रॉफी नौकायन से संबंधित है। नौकायन या नौका दौड़ चप्पू के प्रयोग से पानी पर नाव को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पर आधारित है। चप्पू की सहायता से पानी के विरुद्ध धकेलने पर नाव को गति करने हेतु बल प्राप्त होता है।

91. (1) लोढ़ा समिति की स्थापना 22 जनवरी, 2015 को उच्चतम न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति मुद्गल समिति की रिपोर्ट आने के बाद की गई थी, इस रिपोर्ट में बीसीसीआई में सुधार करने की बात कही गई थी। इस समिति का मुख्य कार्य आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग में शामिल खिलाड़ियों और अन्य लोगों के लिए सजा निर्धारित करना था। समिति ने बीसीसीआई में किसी राजनीतिज्ञ को कोई पद न देने की बात कहते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड की संरचना में परिवर्तन करने की भी सिफारिश की।

92. (3) सुदिरमन कप विश्व स्तर पर आयोजित होने वाली मिक्स्ड टीम बैडमिंटन चैम्पियनशिप है जो प्रत्येक दो वर्ष के अंतराल पर आयोजित की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन संघ द्वारा 2003 से दो टूर्नामेंटों को शुरू करने तक आईबीएफ वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए इसका आयोजन समान वर्ष में समान स्थल पर किया जाता था। पहला सुदिरमन कप टूर्नामेंट 1989 में इंडानेशिया में आयोजित किया गया था।

93. (3) ओलम्पिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला, कर्णम मल्लेश्वरी हैं जो कि भारोत्तोलन में महिलाओं की 69 किलोग्राम श्रेणी में सिडनी ओलम्पिक में कांस्य पदक जीती थीं। उन्होंने स्नैच (snatch) में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क (clean and jerk) मे 130 किलोग्राम का कुल 240 किलोग्राम वजन कांस्य पदक के लिए उठाया।

94. (2) बॉम्बायला देवी लैशराम एक भारतीय तीरंदाज हैं, उन्होंने 2007 से अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में टीम स्पर्धा के अतिरिक्त महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

95. (3) नौका दौड़ को वल्लम कल्ली के रूप में जाना जाता है। यह केरल के वार्षिक हिन्दू उत्सव ओणम की विशिष्ट विशेषता है। यह उत्सव विष्णु के अवतार वामन की स्मृति में अगस्त-सितम्बर में मनाया जाता है। इसकी अन्य विशेषताओं में पुलिकली (टाइगर डांस), पुक्कलम (फूलों का प्रबंध), ओनाथप्पन (उपासना), ओणम कली, रस्सा-कशी इत्यादि शामिल हैं।

96. (4) फुटबॉल टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं। इसमें एक गोलकीपर और दस आउटफील्ड खिलाड़ी होते हैं। दोनों टीमों के खिलाड़ी अपने हाथों और भुजाओं को छोड़कर अपने शरीर के किसी भी अंग का प्रयोग करते हुए गेंद को विपक्षी टीम के गोल पोस्ट में डालने का प्रयास करते हैं। केवल गोलकीपर को गेंद को निर्योत्रित करने की अनुमति होती है और वह ऐसा केवल पेनाल्टी एरिया में ही कर सकता हैं।

97. (2) 1997 में महेश भूपति ने मिश्रित-युगल वर्ग में रिका हिराकी के साथ फ्रेंच ओपन जीता जो किसी भारतीय टेनिस खिलाड़ी द्वारा जीता गया देश का पहला ग्रैंड स्लैम था। महेश भूपति ने 4 ग्रैंड स्लैम डबल्स खिताब और 8 मिश्रित युगल खिताब जीता है। किसी भी भारतीय पुरुष या महिला टेनिस खिलाड़ी ने अब तक एकल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीता है।

98. (2) कविता देवी, जो पहले एक पॉवरलिफ्टर थीं, विश्व कुश्ती मनोरंजन (डब्ल्यूडब्ल्यूई) के लिए साइन अप करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। वह डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव हासिल करती है, क्योंकि वह मै यंग क्लासिक महिला टूर्नामेंट में एक खास प्रतिभागी थीं।

99. (3) 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका में 21 जुलाई से 6 अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा। यह तीसरा अवसर होगा जब लॉस एंजिल्स को ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी सौंपी गई है। 2028 में होने वाले ओलंम्पिक खेल समग्र रूप से यू.एस.ए. में आयोजित होने वाले नौवें ओलम्पिक खेल होंगे।

100. (4) फीफा विश्वकप 2022 में कतर में होगा। यह दक्षिण कोरिया और जापान में 2002 के टूर्नामेंट के बाद एशिया में दूसरा विश्वकप आयोजन होगा।

101. (3) साक्षी मलिक एक भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान हैं। 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में, उसने 58 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक जीता। वह ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान और देश की चौथी महिला ओलंपिक पदक विजेता बन गई हैं।

102. (2) 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस, फ्रांस में किया जाएगा। पूर्व में 1900 और 1924 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के आयोजन के बाद 3 बार ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने वाला पेरिस लंदन के बाद दूसरा शहर बन जाएगा।

103. (3) 2022 के राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन बर्मिंघम (इंग्लैंड) में किया जाएगा। इंग्लैंड तीसरी बार इन खेलों की मेजबानी करेगा। 2018 के राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन 4 से 15 अप्रैल, 2018 के मध्य गोल्ड कोस्ट, क्वीनस्लैंड, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुआ।

104. (1) 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन 21 जुलाई से 6 अगस्त के बीच लॉस एंजिल्स, (संयुक्त राज्य अमेरिका) में होगा। सेंट लुईस 1904, लॉस एंजिल्स 1932, लॉस एंजिल्स 1984 और अटलांटा 1996 के बाद ये खेल संयुक्त राज्य में आयोजित होने वाले पाँचवें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक होंगे।

105. (4) 1952 में हेलसिंकी ओलंपिक्स में केडी जाधव व्यक्तिगत खेल में ओलंपिक पदक (कांस्य) जीतने वाले पहले भारतीय थे। बलबीर सिंह की अगुवाई वाली हॉकी टीम ने 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत को स्वतंत्रता के बाद पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। केडी जाधव के परिवार ने उनके नाम से बनने वाले कुश्ती अकादमी के निर्माण के लिए धन जुटाने हेतु 2017 में पदक की नीलामी की थी।

106. (3) भारत ने पहली बार दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप जीती। 6 दिसम्बर, 2017 को गुवाहाटी में खेले जाने वाले टूर्नामेंट में भारत ने नेपाल को 3-0 से हराया था।

107. (2) विदर्भ ने 1957 में क्रिकेट टीम के रूप में स्थापित होने के बाद, 2017 में अपनी पहली रणजी ट्रॉफी जीत फैज फजल की कप्तानी में दर्ज की। विदर्भ ने फाइनल में दिल्ली को हराया।

108. (3) हिम गोल्ड कप भारत में राष्ट्रीय महिला हॉकी टूर्नामेंट का नाम है। यह हर साल खेला जाता है और विभिन्न राज्यों की टीम इसमें भाग लेती हैं। यह हिम गोल्ड कप सोसाइटी द्वारा आयोजित किया जाता है जो सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित है।

109. (1) क्यू स्नूकर और बिलियर्ड्स के खेल के लिए आवश्यक एक खेल उपकरण है। प्राय: इसका प्रयोग क्यू बॉल पर प्रहार करने के लिए किया जाता है। क्यू के लिए प्रयुक्त होने वाला बिलियर्ड स्टिक एक अप्रचलित शब्द है जिसका प्रयोग 16वीं शताब्दी से 19वीं शताब्दी के आरंभ तक किया जाता था।

110. (2) शिव थापा असम, गुवाहाटी के एक भारतीय मुक्केबाज हैं। थापा ने 2012 के लंदन ओलंपिक में हिस्सा लिया था। वे ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय मुक्केबाज थे। जुलाई 2013 में, वह अम्मान, जॉर्डन में एशियाई कन्फेडरेशन मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बने थे।

111. (1) नेटबॉल में गोल पोस्ट भूमि के चक्र के शीर्ष से 3.05 मीटर (10.0 फुट) की ऊँचाई पर होता है। गोल पोस्ट को प्रत्येक गोल लाइन के मध्य बिन्दु पर स्थापित किया जाता है। गोल पोस्ट का व्यास 65 मिमी.- 100 मिमी. होता है जिसे भूमि में या फर्श के नीचे आस्तीन में गाड़ा जाता है। गोल पोस्ट इसलिए लगाया जाता है क्योंकि गोल पोस्ट का पार्श्व भाग गोल लाइन के बाहर होता है।

112. (1) 'ट्विडल' शब्द टेबल टेनिस से संबंधित है। टेबल टेनिस में 'ट्विडलिंग' पैडल उछालने की क्रिया है जिसके द्वारा प्रतियोगी लाभ प्राप्त करने के लिए बॉल को रबड़ के साथ दूसरी तरफ खेलता है। इसका प्रयोग सामान्यत: सुरक्षात्मक खेल खेलने वाले खिलाड़ियों द्वारा किया जाता है जिनके पैडल के दोनों ओर विभिन्न प्रकार की रबड़ होती है।

113. (3) बेसबॉल या सॉफ्टबॉल में, स्ट्राइक आउट तब होता है जब बैटर बैट के समय के दौरान तीन प्रहार करने में सफल होता है। इसका अर्थ है कि बैटर आउट है। स्ट्राइक आउट को सांख्यिकीय रूप से पिचर्स और बैटर्स दोनों के लिए रिकॉर्ड किया जाता है और इसे K द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है।

114. (2) विजेंदर सिंह एक भारतीय पेशेवर मुक्केबाज हैं। वह वर्तमान डब्ल्यूबीओ एशिया प्रशांत सुपर मिडलवेट चैम्पियन और डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल सुपर मिडलवेट चैम्पियन हैं। उन्होंने 2008 बीजिंग ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में मिडलवेट श्रेणी में कांस्य पदक जीता- यह किसी भी भारतीय बॉक्सर के लिए पहला ओलंपिक पदक था।

115. (1) 2022 शीतकालीन ओलम्पिक फरवरी 2022 में चीन के हेबेई प्रान्त तथा बीजिंग में आयोजित किए जाएँगे। ये खेल चीन में होने वाला पहला शीतकालीन ओलम्पिक होगा। 2008 ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक की अपनी पिछली मेजबानी के साथ, बीजिंग पहला शहर होगा जिसने ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलम्पिक दोनों की मेजबानी की।

116. (4) टेस्ट मैचों में, जैक्स कैलिस ने सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, उन्होंने 166 मैचों में 23 बार यह पुरस्कार प्राप्त किया, जिसके बाद मुथैया मुरलीधरन का स्थान है जिन्होंने 19 बार यह पुरस्कार प्राप्त किया है। एकदिवसीय मैचों में, सचिन तेंदुलकर ने 463 मैचों में 62 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाया है।

117. (2) भारत के प्रमुख और एशियाई खेलों की स्वर्ण-पदक विजेता धावक हिमा दास नवम्बर 2018 में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) भारत के पहले युवा राजदूत के रूप में नियुक्त किए गए थे। यूनिसेफ इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार के साथ काम करती है कि देश में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे को जीवन में अगर अच्छी शुरुआत मिलती है, तो वह उन्नति और अपनी पूरी क्षमता से विकसित होता/होती है।

118. (4) थोडा (Thoda) हिमाचल प्रदेश का एक प्रभावशाली मार्शल आर्ट सह नृत्य है। यह तीरंदाजी के खेल के समान है जिसमें लक्ष्य नृत्य करता हुआ मानव होता है, पाशा और साथा नामक दो टीमों के बीच यह खेला जाता है जो खुद को पांडवों और कौरवों के वंशज के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

119. (2) एशियाई खेल, जिसे एशियाड के नाम से भी जाना जाता है, पूरे एशिया के एथलीटों के बीच हर चार साल में आयोजित एक महाद्वीपीय बहु-खेल कार्यक्रम है। सबसे हाल ही में खेल 2018 में जकार्ता और पल्मबांग, इंडोनेशिया में आयोजित किए गए थे। इस खेल अगला आयोजन 10 से 25 सितंबर 2022 के बीच हांग्जो, चीन में निर्धारित हैं।

120. (2) विशेष ओलिंपिक खेलों का उद्देश्य समावेशन को बढ़ावा देना है, इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना है। स्पेशल ओलंपिक हर दो साल और गर्मियों और सर्दियों के बीच बारी-बारी से आयोजित किए जाते हैं। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड गेम्स 2019 अबू धाबी में आयोजित किया गया था। पिछली बार 2017 में इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रिया में किया गया था। अगली बार 2021 में इन खेलों का आयोजन स्वीडन में किया जायेगा।

121. (1) सुपरस्टैट सांख्यिकी मैट्रिक्स का एक संयोजन है - लक इंडेक्स, फॉरेस्टर और स्मार्ट आँकड़े के डेटा साइंस का उपयोग का पहली बार खेल में हर घटना को एक संदर्भ देने के लिए किया गया हैं। इसे पहली बार 2018 में एक स्टैंडअलोन टूल (standalone tool) के रूप में लॉन्च किया गया था।

122. (4) रामनाथन कृष्णन विंबलडन में खेलने वाले भारत के पहले टेनिस खिलाड़ी थे। वह भारत के सबसे महान टेनिस खिलाड़ियों में से एक थे और उन्हें 'उस्ताद' के रूप में जाना जाता था। वह 1954 में जूनियर विंबलडन चैम्पियन थे और 1960 और 1961 में विंबलडन चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल तक पहुंचे।

123. (3) भारतीय क्षेत्र की हॉकी टीम ने ब्रिटिश टीम को हराकर 1948 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता जो कि वेम्बली पार्क, लंदन, इंग्लैंड में आयोजित किया गया था। भारत के स्वतंत्र होने के बाद से यह देश का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक था।

124. (3) पुट एक गोल्फ स्ट्रोक होता है, जिसे डालकर हरे रंग की गेंद को छेद में या उसके पास घुमाया जाता है।

125. (3) बास्केटबॉल में चेरी पिकिंग, खेलने के लिए संदर्भित करता है जिसमें एक खिलाड़ी (चेरी पिकर) विरोधी टीम के बास्केट के पास रहता है और बॉल को तेजी से बास्केट में डाल कर अपने टीम के लिए पॉइंट अर्जित करता है, जबकि उसके बाकि टीम के सदस्य विरोधी से अपनी ओर गेंद बास्केट में ना जाये और उनका पॉइंट ना बने इसकी रक्षा करने में लगे रहते हैं।

126. (2) विजय हजारे एक भारतीय क्रिकेटर थे। उन्होंने 1951 और 1953 के बीच 14 मैचों में भारत की कप्तानी की। भारत के 25वें टेस्ट मैच में, भारत द्वारा टेस्ट दर्जा प्राप्त करने के लगभग 20 साल बाद, उन्होंने 1951-52 में मद्रास में इंग्लैंड के विरुद्ध भारत को अपनी पहली टेस्ट क्रिकेट में जीत (और उनकी कप्तानी के तहत एकमात्र जीत) प्राप्त की जिसका नेतृत्व उन्होंने किया। ।

127. (4) पंकज अर्जन आडवाणी एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने स्नूकर और बिलियर्ड्स दोनों में विश्व खिताब जीता है। वह 21 बार के विश्व चैंपियन हैं और उन्होंने तीन अलग-अलग वर्षों: 2005, 2008 और 2012 और हाल ही में 2017 में एक साथ, विश्व बिलियर्ड्स, एशियाई और भारतीय राष्ट्रीय चैंम्पियनशिप खिताब जीतने के साथ हैट्रिक हासिल की है। उन्हें 2004 में अर्जुन पुरस्कार, 2006 में राजीव गाँधी खेल रत्न, 2009 में पद्म श्री और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

128. (3) तैराकी के तितली (बटरफ्लाई) स्ट्रोक में, तैराक अपने पैरों के साथ एक तकनीक को निष्पादित करते हैं जिसे डॉल्फिन किक कहा जाता है। डॉल्फिन किक में, दोनों पैर एक साथ चाबुक की गति की तरह कार्य करते हैं। तैराक की यह क्रिया डॉल्फिन की पूँछ के ऊपर-नीचे होने की तरह दिखाई देती है अत: इस तैराकी तकनीक का नाम रखा गया हैं।

129. (1) रवि शास्त्री बॉम्बे और बड़ौदा के बीच रणजी ट्रॉफी मैच में बाएँ हाथ के स्पिनर तिलक राज के खिलाफ एक ओवर में छ: छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में 1984 में उन्होंने सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का कारनामा भी किया।

130. (1) इंडियन सुपर लीग भारत में पुरुषों की शीर्ष श्रेणी की फुटबॉल लीग है, जिसे 21 अक्टूबर, 2013 को IMG, Reliance Industries और Star Sports की साझेदारी में शुरू किया गया था। इसे भारत में फुटबॉल के खेल को बढ़ाने और देश में इसके प्रदर्शन को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ लॉन्च किया गया था।

131. (3) इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) भारत में एक पेशेवर 20-20 क्रिकेट लीग है जिसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा 2008 में स्थापित किया गया था। यह हर साल मार्च या अप्रैल और मई के दौरान आयोजित किया जाता है। इसमें भारत के आठ अलग-अलग शहरों का प्रतिनिधित्व करने वाली आठ टीमें हिस्सा लेते हैं।

132. (2) श्रीलंका का राष्ट्रीय खेल वॉलीबॉल है। वॉलीबॉल एक लोकप्रिय खेल है जिसमें छह खिलाड़ियों की दो टीम होती है। प्रत्येक टीम संगठित नियमों के तहत दूसरी टीम के कोर्ट पर एक गेंद को ग्राउंड करके स्कोर बनाने की कोशिश करती है। यह टोक्यो में 1964 से ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आधिकारिक कार्यक्रम का एक हिस्सा रहा है।

133. (1) सचिन तेंदुलकर के नाम विश्व कप के एक ही संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। विश्व कप 2003 के संस्करण में उनके द्वारा बनाए 673 रन अभी भी अविजित हैं। विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा अध शतक लगाने का रिकॉर्ड भी उनके पास ही है। सचिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

134. (4) क्रिकेट में, 'बेंड योर बैक' शब्द का प्रयोग एक तेज गेंदबाज द्वारा एक सपाट पिच से कुछ सहायता प्राप्त करने के लिए किए गए अतिरिक्त प्रयास को दर्शाने के लिए किया जाता है। इसमें अतिरिक्त गति या उछाल लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना शामिल है।

135. (1) कबड्डी बांग्लादेश का राष्ट्रीय खेल है। हालाँकि, क्रिकेट और फुटबॉल को बांग्लादेश में सबसे लोकप्रिय खेल माना जाता है। पाकिस्तान से बांग्लादेश की आजादी के तुरंत बाद कबड्डी को राष्ट्रीय खेल घोषित किया गया था।

136. (4) ब्लीडर शब्द का इस्तेमाल बॉक्सिंग के खेल में किया जाता है। यह एक बॉक्सर को संदर्भित करता है, जो कट्स के प्रति संवेदनशील है। ब्लीडर एक बॉक्सर है।

137. (4) 2012 में, गोवा के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल को आधिकारिक राज्य खेल घोषित किया गया। सरकार ने गोवा राज्य फुटबॉल विकास परिषद की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा है, जिसकी अध्यक्षता हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रुफिनो मोंटेइरो करेंगे।

138. (4) करुण चंडोक एक भारतीय रेसिंग ड्राइवर और टेलीविजन प्रस्तोता हैं, जिन्होंने आखिरी बार महिंद्रा रेसिंग के लिए फॉर्मूला ई में प्रतिस्पर्धा की थी। इससे पहले, चंडोक ने 2010 में फॉर्मूला वन में हिस्पेनिया रेसिंग के लिए प्रतिस्पर्धा की थी। इससे पहले, उन्होंने GP2 सीरीज में तीन साल हिस्सा लिया और दो वर्षों के विजेता भी रहे।

416. अप्रैल 2021 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन लंदन में नेहरू सेंटर के निदेशक हैं?

(1) अमीश त्रिपाठी

(2) चेतन–भगत

(3) विक्रम सेठ

(4) अमिताभ घोष

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

417. निम्न में से किस रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में पिछले वर्ष की तुलना में 2021-22 के विपणन सत्र में 50 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई थी?

(1) जौ (2) चना

(3) कुसुम (4) गेहूँ

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

418. 7,904 करोड़ रुपये के दान के साथ, _____ को 'एडेलगिव हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2020' द्वारा भारत में सबसे उदार परोपकारी घोषित किया गया।

(1) अजीम प्रेमजी

(2) कुमार मंगलम बिरला

(3) मुकेश अंबानी

(4) शिव नडार

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

419. आर्थिक सर्वेक्षण 2020-2021 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत की वास्तविक जीडीपी (GDP) _____ तक बढ़ने का अनुमान है।

(1) 3% (2) 11%

(3) 7% (4) 9%

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

420. _____ का लक्ष्य 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करना है।

(1) जल क्रांति अभियान

(2) जल शक्ति अभियान

(3) अटल भूजल योजना

(4) जल जीवन मिशन

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

421. केन्द्रीय बजट 2021-22 के अनुसार, 2021-22 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का _____ प्रतिशत होने का अनुमान है।

(1) 5.1 (2) 6.8

(3) 7.6 (4) 7.2

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 13.04.2022 (प्रथम पाली))

422. आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति (CCEA) ने सितंबर 2020 में विपणन सीजन 2021-22 के लिए _____ रबी फसलों का एमएसपी (MSP) को बढ़ाने की मंजूरी दी।

(1) दो (2) आठ

(3) छः (4) चार

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

423. निम्नलिखित में से किसे मार्च 2021 में ईट. फिट (Eat. fit) का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है?

(1) देवदत्त पडिक्कल

(2) विराट कोहली

(3) दीपिका पादुकोण

(4) सोनू सूद

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

424. प्रशांत भूषण, जो इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन के संस्थापक सदस्य थे, एक प्रमुख भारतीय _____ हैं।

(1) फिल्म निर्देशक

(2) खेल कमेंटेटर

(3) वकील (4) उद्योगपति

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

425. मार्च 2021 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी 'खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021' के अनुमान के अनुसार, भारत प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग _____ किलोग्राम भोजन बर्बाद करता है।

(1) 25 (2) 100

(3) 50 (4) 20

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

426. 2021-22 के केन्द्रीय बजट में घोषित राष्ट्रीय रेल योजना का उद्देश्य निम्नलिखित में से किस वर्ष तक भविष्य के लिए तैयार रेलवे प्रणाली बनाता है?

(1) 2024 (2) 2030

(3) 2025 (4) 2029

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

427. केन्द्रीय बजट 2021-22 ने व्यक्तिगत वाहनों के लिए _____ वर्षों की अवधि के बाद फिटनेस परीक्षणों के आधार पर वाहनों के लिए स्वैच्छिक स्क्रैपिंग नीति की सिफारिश की है।

(1) 10 (2) 20

(3) 15 (4) 25

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 20.04.2022 (प्रथम पाली))

428. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम 2003 ने 2021 तक भारत के राजकोषीय घाटे को सकल घरेलु उत्पाद के _____ तक सीमित करने का लक्ष्य रखा है।

(1) 2% (2) 3%

(3) 6% (4) 5%

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

429. भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट 2021-22 के माध्यम से पेट्रोल पर _____ प्रति लीटर का कृषि और बुनियादी ढांचा विकास उपकर लगाया।

(1) 3.5 रुपये (2) 3 रुपये

(3) 2.5 रुपये (4) 4 रुपये

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

430. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को अक्टूबर 2020 में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के डीन के रूप में नामित किया गया था?

(1) संजीत रॉय

(2) अच्युत सामंत

(3) श्रीकांत दातार

(4) नितिन नोहरिया

(SSC CGL Tier-I (CBE) परीक्षा, 21.04.2022 (प्रथम पाली))

431. मई 2021 में, एम.आर. विजयभास्कर बनाम किस मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि न्यायाधीशों द्वारा की गयी मौखिक टिप्पणियों सहित न्यायालयों में चलने वाली कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग भी वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आती है?

(1) नियंत्रक और महालेखापरीक्षक

(2) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

(3) मुख्य चुनाव आयुक्त

(4) लोकसभा अध्यक्ष

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

432. फरवरी 2022 में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) का निदेशक किसे नियुक्त किया गया?

(1) प्रोफेसर हृषिकेश सेनापति

(2) प्रोफेसर दिनेश प्रसाद सकलानी

(3) प्रोफेसर एम. सी. शर्मा

(4) प्रोफेसर जे. एस. राजपूत

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

433. नवम्बर 2021 में सर्वोच्च न्यायालय को सीबीआई द्वारा दिए गए हलफनामे के अनुसार, भारत के आठ राज्यों ने अपने क्षेत्र में जांच करने के लिए सीबीआई को दी गयी अपनी 'आम सहमति' वापस ले ली है। निम्नलिखित में से कौन-सा उनमें शामिल नहीं है?

(1) केरल (2) मिजोरम

(3) झारखंड (4) कर्नाटक

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 24.05.2022 (प्रथम पाली))

434. जनवरी 2022 में, किस भारतीय राज्य को सामाजिक सेवाओं की सुरक्षा के लिए विश्व बैंक से रु. 1,000 करोड़ का ऋण मिला?

(1) महाराष्ट्र

(2) ओडिशा

(3) पश्चिम बंगाल

(4) असम

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 31.05.2022 (प्रथम पाली))

435. अगस्त 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा बनाम _____मामले में फिर से पुष्टि की कि 'क्रिमी लेयर' सामाजिक अग्रता पर आधारित है न कि केवल आर्थिक मानदंड पर।

(1) राजस्थान राज्य (2) गुजरात राज्य

(3) मध्य प्रदेश राज्य (4) हरियाणा राज्य

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

436. वर्ष 2020 के लिए राष्ट्रीय अपराध घटनाओं की कुल संख्या रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के अनुसार, अनुसूचित जाति(ओं) के विरूद्ध अपराध में कौन-सा महानगर शीर्ष पर है?

(1) लखनऊ (2) कानपुर

(3) पटना (4) जयपुर

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

437. राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक (NBFID) विधेयक 25 मार्च, 2021 को राज्यसभा में पारित किया गया था, जिसके द्वारा NBFID को_____लाख करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ एक कॉर्पोरेट निकाय के रूप में स्थापित किया जाएगा।

(1) 2 (2) 4

(3) 3 (4) 1

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 01.06.2022 (प्रथम पाली))

438. युवा लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिए 'यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स' (YUVA) योजना नामक एक मेंटरशिप कार्यक्रम जून 2021 में शुरू किया गया था। मेंटरशिप योजना के तहत, प्रत्येक लेखक को _____ प्रति माह की समेकित छात्रवृत्ति का भुगतान छः महीने की अवधि के लिए किया जाना प्रस्तावित था।

(1) 45,000 रुपये

(2) 30,000 रुपये

(3) 25,000 रुपये

(4) 50,000 रुपये

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 06.06.2022 (प्रथम पाली))

439. 2021 वैश्विक भूख सूचकांक में भारत कौन-से स्थान पर है?

(1) 95 (2) 90

(3) 101 (4) 99

(SSC CHSL 10+2 Tier-I (CBE) परीक्षा, 10.06.2022 (प्रथम पाली))

संक्षिप्त उत्तर

1. (1)	**2.** (3)	**3.** (1)	**4.** (2)
5. (3)	**6.** (3)	**7.** (4)	**8.** (1)
9. (2)	**10.** (1)	**11.** (3)	**12.** (4)
13. (1)	**14.** (1)	**15.** (3)	**16.** (1)
17. (1)	**18.** (2)	**19.** (3)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (3)	**23.** (3)	**24.** (1)
25. (3)	**26.** (1)	**27.** (2)	**28.** (3)
29. (3)	**30.** (1)	**31.** (3)	**32.** (3)
33. (3)	**34.** (4)	**35.** (2)	**36.** (2)
37. (1)	**38.** (1)	**39.** (3)	**40.** (3)
41. (4)	**42.** (4)	**43.** (3)	**44.** (2)
45. (4)	**46.** (3)	**47.** (1)	**48.** (3)
49. (3)	**50.** (3)	**51.** (3)	**52.** (4)
53. (3)	**54.** (2)	**55.** (3)	**56.** (3)
57. (4)	**58.** (2)	**59.** (1)	**60.** (4)
61. (4)	**62.** (4)	**63.** (1)	**64.** (4)
65. (4)	**66.** (3)	**67.** (2)	**68.** (4)
69. (4)	**70.** (2)	**71.** (3)	**72.** (3)
73. (2)	**74.** (2)	**75.** (3)	**76.** (1)
77. (2)	**78.** (2)	**79.** (2)	**80.** (1)
81. (4)	**82.** (2)	**83.** (2)	**84.** (1)
85. (2)	**86.** (4)	**87.** (3)	**88.** (2)
89. (4)	**90.** (4)	**91.** (4)	**92.** (2)
93. (3)	**94.** (3)	**95.** (3)	**96.** (1)
97. (3)	**98.** (4)	**99.** (1)	**100.** (4)
101. (3)	**102.** (2)	**103.** (1)	**104.** (2)
105. (1)	**106.** (2)	**107.** (2)	**108.** (1)
109. (1)	**110.** (3)	**111.** (2)	**112.** (2)
113. (3)	**114.** (3)	**115.** (1)	**116.** (2)
117. (3)	**118.** (2)	**119.** (1)	**120.** (2)
121. (1)	**122.** (1)	**123.** (3)	**124.** (3)
125. (3)	**126.** (1)	**127.** (2)	**128.** (1)
129. (2)	**130.** (1)	**131.** (2)	**132.** (2)
133. (3)	**134.** (2)	**135.** (4)	**136.** (2)
137. (1)	**138.** (1)	**139.** (3)	**140.** (1)
141. (1)	**142.** (2)	**143.** (4)	**144.** (1)
145. (3)	**146.** (4)	**147.** (4)	**148.** (4)
149. (3)	**150.** (1)	**151.** (2)	**152.** (3)
153. (4)	**154.** (3)	**155.** (2)	**156.** (1)
157. (3)	**158.** (3)	**159.** (1)	**160.** (3)
161. (2)	**162.** (3)	**163.** (2)	**164.** (2)
165. (2)	**166.** (2)	**167.** (3)	**168.** (3)
169. (1)	**170.** (3)	**171.** (4)	**172.** (2)
173. (2)	**174.** (2)	**175.** (1)	**176.** (3)
177. (2)	**178.** (3)	**179.** (2)	**180.** (2)
181. (2)	**182.** (2)	**183.** (2)	**184.** (4)
185. (1)	**186.** (4)	**187.** (2)	**188.** (1)
189. (1)	**190.** (3)	**191.** (2)	**192.** (1)
193. (1)	**194.** (4)	**195.** (4)	**196.** (3)
197. (4)	**198.** (3)	**199.** (3)	**200.** (3)
201. (1)	**202.** (2)	**203.** (3)	**204.** (2)
205. (3)	**206.** (2)	**207.** (1)	**208.** (1)
209. (4)	**210.** (4)	**211.** (3)	**212.** (3)
213. (2)	**214.** (1)	**215.** (2)	**216.** (4)
217. (2)	**218.** (3)	**219.** (4)	**220.** (1)
221. (4)	**222.** (3)	**223.** (3)	**224.** (2)
225. (1)	**226.** (2)	**227.** (3)	**228.** (1)
229. (2)	**230.** (3)	**231.** (2)	**232.** (3)
233. (2)	**234.** (1)	**235.** (2)	**236.** (1)
237. (4)	**238.** (1)	**239.** (2)	**240.** (4)
241. (3)	**242.** (4)	**243.** (1)	**244.** (4)
245. (3)	**246.** (2)	**247.** (4)	**248.** (4)
249. (3)	**250.** (2)	**251.** (3)	**252.** (3)
253. (2)	**254.** (4)	**255.** (3)	**256.** (3)
257. (3)	**258.** (4)	**259.** (2)	**260.** (1)
261. (4)	**262.** (3)	**263.** (4)	**264.** (2)
265. (2)	**266.** (3)	**267.** (1)	**268.** (2)
269. (3)	**270.** (1)	**271.** (1)	**272.** (1)
273. (4)	**274.** (4)	**275.** (2)	**276.** (3)
277. (1)	**278.** (2)	**279.** (4)	**280.** (2)
281. (3)	**282.** (1)	**283.** (3)	**284.** (1)
285. (4)	**286.** (4)	**287.** (1)	**288.** (3)
289. (2)	**290.** (3)	**291.** (2)	**292.** (2)
293. (2)	**294.** (3)	**295.** (2)	**296.** (3)
297. (4)	**298.** (1)	**299.** (3)	**300.** (3)
301. (4)	**302.** (1)	**303.** (2)	**304.** (2)
305. (2)	**306.** (4)	**307.** (3)	**308.** (3)
309. (2)	**310.** (1)	**311.** (3)	**312.** (4)
313. (4)	**314.** (2)	**315.** (2)	**316.** (1)
317. (3)	**318.** (4)	**319.** (1)	**320.** (2)
321. (1)	**322.** (4)	**323.** (3)	**324.** (1)
325. (2)	**326.** (4)	**327.** (4)	**328.** (1)
329. (3)	**330.** (4)	**331.** (3)	**332.** (4)
333. (2)	**334.** (1)	**335.** (1)	**336.** (4)
337. (3)	**338.** (4)	**339.** (1)	**340.** (1)
341. (2)	**342.** (3)	**343.** (3)	**344.** (3)
345. (2)	**346.** (4)	**347.** (1)	**348.** (4)
349. (4)	**350.** (3)	**351.** (2)	**352.** (2)
353. (1)	**354.** (1)	**355.** (4)	**356.** (3)
357. (4)	**358.** (3)	**359.** (2)	**360.** (2)
361. (1)	**362.** (4)	**363.** (3)	**364.** (2)
365. (2)	**366.** (1)	**367.** (1)	**368.** (2)
369. (4)	**370.** (4)	**371.** (1)	**372.** (4)
373. (1)	**374.** (3)	**375.** (1)	**376.** (3)
377. (1)	**378.** (3)	**379.** (3)	**380.** (3)
381. (4)	**382.** (3)	**383.** (3)	**384.** (4)
385. (4)	**386.** (2)	**387.** (4)	**388.** (2)
389. (3)	**390.** (4)	**391.** (3)	**392.** (4)
393. (1)	**394.** (3)	**395.** (1)	**396.** (3)
397. (4)	**398.** (2)	**399.** (4)	**400.** (4)
401. (1)	**402.** (3)	**403.** (2)	**404.** (2)
405. (2)	**406.** (4)	**407.** (2)	**408.** (1)
409. (1)	**410.** (2)	**411.** (4)	**412.** (3)
413. (1)	**414.** (4)	**415.** (4)	**416.** (1)
417. (4)	**418.** (1)	**419.** (2)	**420.** (4)
421. (2)	**422.** (3)	**423.** (1)	**424.** (3)
425. (3)	**426.** (2)	**427.** (2)	**428.** (2)
429. (3)	**430.** (3)	**431.** (3)	**432.** (2)
433. (4)	**434.** (3)	**435.** (4)	**436.** (1)
437. (4)	**438.** (4)	**439.** (3)	

डेली करंट अफेयर्स के लिए
लॉग इन करें
www. currenthunt.com

उत्तर व्याख्यासहित

1. (1) अक्टूबर 2014 में भारत के पश्चिमी तट (विशेषकर गुजरात) पर 'नीलोफर' चक्रवात आया था। हुदहुद व लहर भारत के पूर्वी तट पर आने वाले चक्रवातों के नाम हैं।

2. (3) 3 दिसम्बर, 1984 में भोपाल गैस त्रासदी मिथाइल आइसो साइनेट के रिसाव के कारण हुआ था।

3. (1) भारत में टेलीग्राम की शुरुआत 1850 में कोलकाता और डायमंड हार्बर के बीच प्रारम्भ की गयी थी। 14 जुलाई, 2013 को कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गाँधी को अंतिम टेलीग्राम भेजने के साथ ही, इसको आधिकारिक रूप से बन्द कर दिया गया।

4. (2) सामाजिक कार्यकर्त्ता मेधा पाटेकर 'नर्मदा बचाओ' आन्दोलन की प्रणेता थीं। इन्होने नर्मदा नदी पर बनाए जाने वाले सरदार सरोवर परियोजना का विरोध किया था क्योंकि इस परियोजना से पर्यावरण तथा किसानों के बेघर होने का खतरा था।

5. (3) पशुओं के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पहली बार गुजरात में प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। अगस्त 2015 से यह प्रतिबन्ध प्रभावी हो गया है।

6. (3) यह प्रतिबन्ध हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लगाया गया हैं।

7. (4) प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार के रूप में सैम पित्रोदा ने अभूतपूर्व योगदान दिया। सैम पित्रोदा ने दूर संचार की पहुँच आम आदमी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इसी लिए इन्हे 'भारतीय सूचना क्रांत्ति का जनक' कहा जाता है।

8. (1) फरवरी 2016 में भारत सरकार ने एड्स की रोकथाम के लिए 'प्रोजेक्ट सनराइज' लॉय किया। इस परियोजना का उद्देश्य एच आई वी पीडित व्यक्ति के साथ-साथ ड्रग का सेवन करने वाले या इसके अभ्यस्त लगभग 90% लोगों की पहचान करना और 2020 तक उन्हे उपचार प्रक्रिया के अधीन लाना है।

9. (2) भारत का पहला वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट केरल के कोच्चि शहर में चलाया गया। केरल सरकार ने 2016 में यह प्रोजेक्ट लांच किया है।

10. (1) 2014 में भारत का पहला पोस्ट ऑफिस बैंक (डाक घर ATM) चेन्नई में खोला गया।

11. (3) भारत में आर्सेनिक जल विषाक्तता का कारण जल का अवैज्ञानिक तरीके से अन्धाधुन्ध विदोहन तथा हमारी जीवन शैली है।

12. (4) भारत में पहला ग्रीन रेल कोरिडोर की शुभारंभ 2016 में तमिलनाडु के 'मनाम दुरै से रामेश्वरम्' के बीच (114 किमी.) शुरू किया गया। स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धतता को इंगित करते हुए इस कोरिडोर पर चलने वाली सभी ट्रेनों के कोच बायो ट्वायलेट से युक्त हैं।

13. (1) भारत सरकार ने वर्ष 2020 तक देश के सभी बच्चों को प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए 'मिशन इन्द्रधनुष' की शुरुआत की है। इसके तहत-डिफ्थेरिया, कुकुर खाँसी, टिट्नस, पोलियो, हैपिटाइटिस-B और खसरे के टीके लगाये जाएँगे।

14. (1) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अप्रैल, 2016 को महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के माध्यम से उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने के लिए 'स्टैंड अप इण्डिया' स्कीम का शुभारंभ किया। इसके तहत 10 लाख से 1 करोड़ तक का लोन दिया जाएगा।

15. (3) अरविन्द पनगढ़िया एक भारतीय- अमेरिकी अर्थशास्त्री और कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं, और वर्तमान में भारत के नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति) आयोग के उपाध्यक्ष हैं। वह इससे पूर्व एशियाई विकास बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री थे। उन्होंने विश्व बैंक, आईएमएफ, डब्ल्यूटीओ और यूएनसीटीएडी के लिए भी कार्य किया है।

16. (1) नागरिकों के साथ विद्युत आपूर्ति की वास्तविक सूचना साझा करने के लिए केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने अप्रैल 2017 में 'ऊर्जा मित्र' नामक एक एप लॉन्च किया। यह एप पूरे देश के विद्युत उपभोक्ताओं को एसएमएस/पुश/ईमेल नोटिफिकेशन के द्वारा विद्युत कटौती की सूचना देने हेतु राज्य विद्युत वितरण उद्यमों के लिए वेब पोर्टल के अतिरिक्त मोबाइल एप की सुविधा प्रदान करता है।

17. (1) हवाई यात्रा के लिए कागजी कार्यवाही को कम करने के प्रयास में सरकार ने वायुयानचालक के आधार नम्बर और मोबाइल फोन के प्रयोग से हवाई अड्डे में प्रवेश करने और वायुयान में सवार होने हेतु डिजी यात्रा डिजिटल सिस्टम का प्रस्ताव पेश किया है। इस पहल के तहत नागरिक विमानन मंत्रालय "बोर्डिंग पास और सिक्योरिटी चेक-इन" को डिजिटल बनाने के विकल्प पर विचार कर रहा है।

18. (2) हाल ही में की गई घोषणा के अनुसार, भारत नई 'मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति' योजना के अंतर्गत बांग्लादेश के स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को अगले पाँच वर्षों में ₹ 35 करोड़ की राशि प्रदान करेगा। भारत ने 1971 के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए 2006 में मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक Tk 150 मिलियन की 10,000 से अधिक छात्रवृत्तियाँ वितरित की जा चुकी हैं।

19. (3) मेगा सांस्कृतिक उत्सव "इंडिया बाइ द नील" के पाँचवें संस्करण का आयोजन मार्च 2017 में काहिरा (मिस्र) में किया गया था। इस उत्सव का उद्देश्य भारत की संस्कृति, कला और पाक-प्रणाली की विविधता को प्रदर्शित करना और मिस्र के साथ भारत की भागीदारी को मजबूती प्रदान करना है। काहिरा में भारत के राजदूत ने टीमवर्क आर्ट्स के सहयोग से उत्सव के एक भाग के रूप में 'क्राफ्ट मेले' का आयोजन किया था।

20. (3) सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग ने 3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर को बरकरार रखा है। सातवें वेतन आयोग ने अपनी सेवा के प्रथम 20 वर्षों में नियमित पदोन्नति या एमएसीपी के लिए निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति करने में असफल रहने वाले कर्मचारियों को वार्षिक वृद्धि न देने की भी सिफारिश की है।

21. (2) भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 12 अप्रैल, 2017 को खेलों में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुंबई में स्पोर्ट्स पार्टनरशिप की शुरुआत की। इस नई पार्टनरशिप के अंतर्गत विक्टोरिया यूनिवर्सिटी और कैनबरा यूनिवर्सिटी 'ऑस्ट्रेलियाई इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट' के समान भारत में नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना करने में भारत की सहायता करेंगी।

22. (3) भारत ने जनवरी 2017 में संयुक्त अरब अमीरात के साथ 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें खाड़ी देश को दक्षिण भारत में देश की स्ट्रेटेजिक स्टोरेज फैसिलिटी की पूर्ति करने की अनुमति देना शामिल है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने व्यापक सामरिक साझेदारी हेतु द्विपक्षीय संबंध को बढ़ाने का भी निर्णय लिया है।

23. (3) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 दिसम्बर, 2016 को गर्भवती महिलाओं को ₹ 6000 की सहायता राशि प्रदान करने के साथ-साथ गरीबों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए नई योजनाओं की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है। इस योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती होने वाली गर्भवती महिलाओं को ₹ 6000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

24. (1) ऑस्ट्रेलिया के रेलवे रिसर्च सेंटर, मोनाश यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ रेलवे टेक्नोलॉजी (IRT) ने रेलवे मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत भारत में नये अनुप्रयुक्त शोध और विकास संस्थान की स्थापना करने के लिए भारत के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (DFCCIL) के साथ एक समझौता किया, जिसे SRESTHA (स्पेशल रेलवे इस्टैब्लिशमेंट फॉर स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी एंड हॉलिस्टिक एडवांसमेंट) के रूप में जाना जाता है।

25. (3) हरियाणा 2016 में केन्द्र सरकार की महिला पुलिस स्वयंसेवी योजना अपनाने और 950 महिलाओं की भर्ती करने वाला देश का पहला राज्य बन

गया। भर्ती की गई महिलाएँ लोगों और पुलिस के मध्य कड़ी का कार्य करेंगी। यह स्कीम विपत्ति में महिलाओं और पुलिस के मध्य एक कड़ी उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक गाँव में विशेष 'महिला' सुरक्षा अधिकारी को नियुक्त करने की पहल है।

26. (1) भारत और नेपाल मार्च 2017 में, अगले पाँच वर्षों के लिए भारतीय ईंधन बिक्री सौदे का नवीकरण करने, भारत में उज्ज्वला योजना के समान गरीबों के लिए खाना पकाने की गैस योजना के कार्यान्वयन में सहायता करने और अपनी ऊर्जा संधियों को मजबूत करने पर सहमत हुए। समझौते के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन अगले पाँच वर्ष के लिए नेपाल को प्रतिवर्ष लगभग 1.3 मिलियन टन ईंधन की आपूर्ति करेगा।

27. (2) म्यांमार स्थलरुद्ध देश नहीं है। यह पश्चिम में भारत और बांग्लादेश की सीमा से, पूर्व में थाईलैंड और लाओस की सीमा से, और उत्तर एवं उत्तर पूर्व में चीन की सीमा से घिरा हुआ है। इसके दक्षिण में, म्यांमार के कुल 5,876 किमी. परिमाप का लगभग एक-तिहाई भाग बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के साथ 1,930 किमी. लम्बी अविच्छिन्न तटरेखा का निर्माण करता है।

28. (3) नई 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना के अंतर्गत टायर 2 और टायर 3 शहरों के लोग केवल ₹2500 प्रति घंटे की दर से हवाई यात्रा कर सकते हैं। कुछ निर्धारित हवाई मार्गों द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर घरेलू उड़ानों के लिए किराया ₹2500 प्रति घंटा होगा। हेलीकॉप्टर से यात्रा करने के लिए प्रत्येक 30 मिनट के लिए ₹2500 अर्थात् ₹5000 प्रति घंटे की दर से भुगतान करना होगा।

29. (3) भारत ने अप्रैल 2017 में, नई 'मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति' योजना के अंतर्गत अगले पाँच वर्षों में बांग्लादेश के स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को ₹ 35 करोड़ देने की घोषणा की। इस योजना के अंतर्गत, उच्च माध्यमिक स्तर के छात्रों को एक बार 20,000 टका (₹ 15,370) और स्नातक पूर्व स्तर के छात्रों को एक बार 50,000 टका (₹ 38,430) की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

30. (1) केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जून 2017 में भारत में जल संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अभियान के मुद्दे पर भारत और इजराइल के मध्य हुए एक समझौता ज्ञापन को स्वीकृति प्रदान की। दोनों देश भारत में व्यावसायिक रूप से निर्दिष्ट राष्ट्रीय जल संरक्षण अभियान को राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डिजाइन करने, कार्यान्वित करने और निरीक्षण करने के लिए सहयोग में वृद्धि करने हेतु कार्य करेंगे।

31. (3) भारत को विश्व स्तरीय विनिर्माण केन्द्र बनाने के मूल उद्देश्य के साथ मेक इन इंडिया इनिशिएटिव की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 सितम्बर, 2014 को की गई थी। औद्योगिक नीति और प्रोत्साहन विभाग के नेतृत्व में इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 तक जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को बढ़ाकर 25% करना है जो कि वर्तमान में 16% है।

32. (3) भारत-अफ्रीका मंच सम्मेलन (IAFS) अफ्रीकी-भारतीय संबंधों के लिए एक आधिकारिक मंच है। इसका आयोजन तीन वर्ष में एक बार किया जाता है। इसका आयोजन पहली बार नई दिल्ली में 4 अप्रैल से 8 अप्रैल, 2008 तक किया गया था। दूसरे सम्मेलन का आयोजन 2011 में अदिस अबाबा में और तीसरे सम्मेलन का आयोजन 2015 में नई दिल्ली में किया गया था।

33. (3) इंडिया-भूटान फाउंडेशन की स्थापना वर्तमान भूटान नरेश (तत्कालीन युवराज) की भारत यात्रा के दौरान अगस्त 2003 में की गई थी। इस फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरण सुरक्षा जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों की जनता के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत और भूटान के राजदूत फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष हैं।

34. (4) प्रधानमंत्री वाया वंदना योजना (पीएमवीवीवाई) भारत सरकार द्वारा 60 वर्ष या इससे ऊपर की आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से घोषित पेंशन योजना है। अनिश्चित बाजार की स्थितियों के कारण उनकी ब्याज की आय में भविष्य में आने वाली गिरावट से सुरक्षा के लिए इस योजना को शुरू किया गया है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की सरकार की गारंटी के आधार पर सदस्यता राशि से जुड़ी आशान्वित पेंशन/रिटर्न के प्रावधान के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करती है।

35. (2) आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत, जो दीनदयाल अंत्योदय योजना का हिस्सा है- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), डीएई- एनआरएलएम के तहत स्व-सहायता समूह पिछड़े क्षेत्रों में सड़क परिवहन सेवा का संचालन करेंगे। इससे सुरक्षित, किफायती और सामुदायिक निगरानी वाले ग्रामीण परिवहन सेवाएँ प्रदान करने में मदद मिलेगी ताकि पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र आर्थिक विकास के लिए प्रमुख सेवाओं और सुविधाओं के साथ दूरस्थ गाँवों से जुड़ सकें।

36. (2) नव गठित आर्थिक सलाहकार परिषद् (ईएसी) में पाँच सदस्य हैं। नीति आयोग के अध्यक्ष विवेक देबरॉय हैं। इसमें नीति आयोग के प्रमुख सलाहकार और अर्थशास्त्री रतन वाटल भी शामिल हैं। सुरजीत भल्ला, राथिन रॉय और आशिमा गोयल को अंशकालिक सदस्य के रूप में शामिल हैं।

37. (1) उपग्रह डेटा के आधार पर एक नए अध्ययन के अनुसार, भारत ने मानव-कारण वाले सल्फर डाइऑक्साइड SO_2 के विश्व के सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में चीन को पीछे छोड़ दिया है यह एक जहरीला वायु प्रदूषक है जो धुंध और अम्ल वर्षा का कारण बनता है। 2007 से चीन में उत्सर्जन में 75% की कमी आई है, जबकि भारत में 50% की वृद्धि हुई है।

38. (1) 1 सितम्बर, 2017 को गुजरात स्थित अहमदाबाद को औपचारिक रूप से भारत का पहला विश्व धरोहर शहर का दर्जा दिया गया। इस सम्मान ने चारदीवारी से घिरे अहमदाबाद को देश का पहला और एशिया का तीसरा शहर बनने का गौरव प्रदान कर दिया है, भारत में अब कुल 36 विश्व विरासत स्थल हैं- 28 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल।

39. (3) बैंकर उदय कोटक की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट प्रशासन की 21 सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट भारतीय प्रतिभूमि एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को सौंप दी है। इसमें स्वतंत्र निदेशकों के लिए और अधिक शक्तियाँ प्रस्तावित की गई हैं, गैर-कार्यकारी निदेशकों को अध्यक्षता सीमित करने और कॉर्पोरेट प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए पारदर्शिता और खुलासे पर अधिक ध्यान देने के लिए कहा गया है।

40. (3) भारत ने 2017-2031 के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया जिसमें वन्यजीव संरक्षण के लिए भविष्य के रोड मैप का विवरण दिया गया। तीसरे कार्य योजना 2016 तक 1983 में पहली योजना और 2002 से दूसरी के बाद आती है। यह पहली बार भारत में वन्य जीवन पर जलवायु परिवर्तन प्रभाव से संबंधित चिंताओं को मान्यता प्रदान करती है और इसमें एकीकृत कार्रवाई अपने उपशमन एवं अनुकूलन के लिए लिया जाना चाहिए पर जोर दिया गया है

41. (4) विदेश मंत्रालय ने म्यांमार से उस देश में रोहिंग्या शरणार्थियों की भारी आबादी के कारण मानवतावादी संकट के जवाब में बांग्लादेश को सहायता प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन इंसानियत' का शुभारंभ किया। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, अगस्त 25, 2017 तक 379,000 से अधिक रोहिंगिया मुस्लिम बांग्लादेश में म्यांमार के रखाइन राज्य से पलायन कर चुके हैं।

42 (4) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय: "अभ्यास करने के लिए सिद्धांत सतत वन परिदृश्य और पारिस्थितिकी प्रणालियों" पर सम्मेलन के दौरान "लकड़ी अच्छा है" अभियान शुरू किया। लकड़ी एक जलवायु अनुकूल सामग्री है, क्योंकि यह एक अक्षय संसाधन है, जिसमें शून्य कार्बन पदचिन्ह है। सरकार प्रतिबद्धता के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर दृढ़ संकल्प अंशदान में परिलक्षित भौगोलिक क्षेत्र का 33% तक 24% से देश भर के वनों बढ़ाने के लिए और जंगलों में CO_2 के समतुल्य 2.53 अरब टन का अतिरिक्त प्रतिबंद्ध है।

43. (3) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), भारत की दूसरी सबसे बड़ी ईंधन रिटेलर को सरकार द्वारा महारत्न इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) 2010 में महारत्न का दर्जा दिया गया था।

44. (2) हिमाचल प्रदेश के रोहतांग पास के इलाके में भारत की पहली इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की गई। गोल्डस्टोन इंफ्राटेक द्वारा पूरी तरह से निर्मित इलेक्ट्रिक बस को 4 घंटे से कम समय में रिचार्ज किया जा सकता है और तेजी से चार्जिंग तकनीक का समर्थन किया जा सकता है। ये बसें लिथियम आयरन फास्फेट बैटरी-जो बेहतर ऊर्जा घनत्व और रासायनिक और थर्मल स्थिरता की वजह से सुरक्षित है का उपयोग करेंगी।

45. (4) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एन- एसडीसी) ने 'निर्वाण निधि' की स्थापना की है जिससे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित चयनित उम्मीदवारों जोकि नौकरी पाने में असफल रहे हैं उन्हें ऋण प्रदान किया जाएगा। ऋण की राशि पहले वर्ष में ब्याज-मुक्त है और दूसरे वर्ष से लगभग 5 प्रतिशत का न्यूनतम ब्याज लगाया जा सकता है।

46. (3) टाटा स्टील के नोआमुंडी खदान झारखंड में कार्बन फुटप्रिन्ट को कम करने के लिए देश का पहला लोहा-अयस्क खदान बन गया है। टाटा पॉवर सोलर द्वारा निष्पादित परियोजना प्रति वर्ष लगभग 3,000 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी।

47. (1) "गर्ल राइजिंग" शिक्षा हेतु लड़कियों के अधिकारों के सशक्तिकरण के लिए एक वैश्विक अभियान है। इस अभियान द्वारा दुनिया में लड़कियों को समाज में भागीदारी हर जगह सुनिश्चित करना और उचित स्थान दिलाना है।

48. (3) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज सुधारक वासव की जयंती पर वचनों के अनुवादित संस्करणों का अनावरण किया। 12वीं सदी के समाज सुधारक वासव और अन्य संतों द्वारा रचित 23 भारतीय भाषाओं में इसके संस्करण जारी किए गए। 12वीं शताब्दी में सामाजिक जागरूकता फैलाने और समानता लाने के लिए वासव द्वारा रचित इस शैली का उपयोग किया। इन 23 संस्करणों का संपादन प्रसिद्ध विद्वान स्वर्गीय एमएम कालबुर्गी द्वारा किया गया था और इसका अनुवाद 200 से अधिक लोगों ने किया था।

49. (3) भारत और मॉरीशस ने मई 2017 में समुद्री सुरक्षा के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और भारत ने मॉरीशस को 500 मिलियन डॉलर का क्रेडिट लाइन प्रदान किया। समुद्री सुरक्षा और एलओसी पर हुए समझौतों से अलग दोनों देशों के बीच समुद्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा पर दो ज्ञापनों सहित मॉरीशस में एक सिविल सेवा कॉलेज स्थापित करने हेतु हस्ताक्षर लिए गए।

50. (3) भारत-अमेरिका ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को मजबूत बनाए रखने के लिए एक नए द्विपक्षीय मंत्री स्तरीय वार्ता की स्थापना की है। इस प्रारूप में अमेरिका, अपने महत्त्वपूर्ण सहयोगियों – ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपींस के साथ सामरिक परामर्श कर सकेगा।

51. (3) बाघ को संकटापन्न जानवर माना जाता है और अंतर्राष्ट्रीय संकटापन्न प्रजातियों में सूचीबद्ध किया गया है। नवम्बर 2017 में पहली बार, नेपाल और भारत अपने राष्ट्रीय उद्यानों, जंगलों और संरक्षित क्षेत्रों में एक संयुक्त जनगणना कराना चाहते हैं। इसमें वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त विधि का इस्तेमाल किया जाएगा जिसे कैमरा टैपिंग प्रक्रिया कहा जाता है। इस पद्धति का उपयोग करके गणना अधिकारी एक ही बाघ की बार-बार गिनती की संभावना से बच सकते हैं। एशिया में बाघ क्षेत्र वाले 13 देश हैं : में बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, चीन, भारत, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, रूस, थाईलैंड और वियतनाम।

52. (4) निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को घरेलू-प्रणालीगत महत्त्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) घोषित किया गया है। इसके साथ ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को डी.एसआईबी के रूप में टैग किया गया है।

53. (3) 5 सितम्बर को लखनऊ में भारत की नौवीं मेट्रो रेल प्रणाली का उद्घाटन किया गया है। एलएमआरसीएल शुरू में ट्रांसपोर्ट नगर, कृष्णा नगर, सिंगार नगर, आलमबाग, आलमबाग बस स्टैंड, मावैया, दुर्गापुरी और चारबाग के 8 स्टेशनों के माध्यम से मेट्रो सेवा संचालित करने की योजना बना रहा है।

54. (2) पूर्व नौकरशाह सुनील अरोड़ा को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नसीम जैदी के सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी नियुक्ति की गई। उनकी नियुक्ति ने आयोग के लिए आवश्यक संख्या को पूरा कर दिया, ए.के. ज्योति सीईसी के रूप में और अन्य चुनाव आयुक्त के रूप में ओ.पी. रावत भी कार्यरत हैं।

55. (3) आईसीटी, प्रशिक्षण और संस्कृति के क्षेत्र में भारत और तुर्की ने तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वर्ष 2017-2020 के लिए एक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम पर एक समझौता किया गया था एक ज्ञापन समझौता (एमओयू) पर भारत के विदेशी सेवा संस्थान (एफएसआई) और तुर्की के कूटनीति अकादमी के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के क्षेत्र में सहयोग पर एक अन्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

56. (3) नई मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति योजना के तहत भारत अगले 5 वर्षों में बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 35 करोड़ रुपये देगा। भारत ने 1971 में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए 2006 में मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति योजना शुरू की। अब तक, 150 मिलियन टका से अधिक की 10,000 छात्रवृत्तियाँ वितरित की जा चुकी हैं।

57. (4) भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV – C40) ने अपने चालीस सेकण्ड की उड़ान में लिफ्ट ऑफ पर लगभग 613 किग्रा. के भार वाले 30 सह-यात्री उपग्रहों और पृथ्वी के प्रेक्षण के लिए 710 किग्रा. के कार्टोसैट-2F उपग्रह को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। पीएसएलवी- C40 को सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (SDSC) शार, श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था। सह-यात्री उपग्रहों में भारत के एक माइक्रोसैटेलाइट और एक नैनोसैटेलाइट के अतिरिक्त 6 देशों : कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, कोरिया गणराज्य, ग्रेट ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के 3 माइक्रोसैटेलाइट और 25 नैनोसैटेलाइट समाविष्ट थे।

58. (2) भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौ-सेनाओं के मध्य मालाबार अभ्यास की शुरुआत 1992 में हिन्द महासागर में हुई थी। इस दशक के आरंभ में जापान मालाबार अभ्यास का एकमात्र स्थायी साझेदार बना, लेकिन जापान ने 2007 के बाद से कई अभ्यासों में भाग लिया। भारतीय नौ-सेना श्रीलंका के साथ (SLINEX), सिंगापुर के साथ (SIM-BEX), फ्रांस के साथ (VARUNA), ऑस्ट्रेलिया के साथ (AUSINDEX), ग्रेट ब्रिटेन के साथ (KONKAN), और दक्षिण अफ्रीका एवं ब्राजील के साथ (ISAMBAR) इत्यादि युद्ध अभ्यासों में भाग लेती है।

59. (1) लोसर उत्सव को जनजातीय और तिब्बती समुदाय के साथ-साथ विभिन्न राज्यों जैसे जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में शानदार ढंग से मनाया जाता है, इसे तिब्बती नववर्ष के रूप में भी जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में इसे किनौर, लाहोल, स्फीति और कांगड़ा जिले में मनाया जाता है।

60. (4) भारत और रूस ने नारकोटिक्स द्वारा दी गई प्रत्यारोपित धमकी और आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने हेतु द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए व्यापक आतंकवाद- रोधी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह समझौता इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी क्राइम, जाली मुद्रा, नशीले पदार्थों का अवैध व्यापार, मानव तस्करी, आर्थिक अपराध, बौद्धिक संपदा, सांस्कृतिक संपत्ति से संबंधित अपराधों सहित सुरक्षा से सम्बद्ध सभी मुद्दों में सहयोग करने हेतु एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

61. (4) बिहार सरकार ने महिलाओं के विरुद्ध अपराध को नियंत्रित करने के लिए 'सुरक्षित शहर निगरानी योजना' की शुरुआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की क्लोज-सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे के द्वारा निगरानी करना है और राज्य में समग्र अपराध नियंत्रण में सुधार लाना है।

62. (4) प्रथम एशिया–पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन अर्थात् एशिया–प्रशांत प्रसारण संघ (ABU) अंतर्राष्ट्रीय नृत्य उत्सव का आयोजन तेलंगाना राज्य सरकार के सहयोग से 15 जनवरी, 2017 को हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका टेराकोटा ऑडिटोरियम और सभा केन्द्र में किया गया था।

63. (1) सऊदी अरब ने हज तीर्थयात्रियों को समुद्र मार्ग के द्वारा जेद्दाह पार उतारने के भारत की योजना को लागू करने के विकल्प को अपनी सहमति दे दी। हज तीर्थयात्रियों को जलमार्ग के द्वारा मुंबई और जेद्दाह के मध्य पार उतारने की प्रथा इससे पहले भी लागू थी, लेकिन 1995 में इसे बंद कर दिया गया था। भारत की मुस्लिम महिलाएँ पहली बार 'मेहराम' (पुरुष साथी) के बिना हज यात्रा पर जा सकेंगी।

64. (4) भारत और श्रीलंका ने जाफना जिले में ₹ 300 मिलियन की लागत से 3,000 वर्षा जल संग्रहण तंत्र का निर्माण करने हेतु एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना का लक्ष्य जाफना जिले के चयनित प्रखण्डों में 3,000 परिवारों के लिए 3,000 वर्षा जल संग्रहण तंत्र का निर्माण करना है। इस परियोजना का उद्देश्य, तंत्रों के परिचालन और रख–रखाव के विषय में परिवारों को प्रशिक्षण देना भी है। लाभार्थियों की पहचान श्रीलंका सरकार द्वारा भारतीय सरकार के परामर्श से की जाएगी।

65. (4) दीक्षा (DIKSHA) डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग 5 सितम्बर, 2017 को भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा शुरू किया गया था। इस पोर्टल के अंतर्गत शिक्षकों को राष्ट्रीय डिजिटल अवसंरचनात्मक ढाँचा उपलब्ध कराया जाएगा। इस पोर्टल का उद्देश्य देश के सभी शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी को उनके शिक्षण कौशल को विकसित करने में सहायता करेगा।

66. (3) भारत का पहला हाइपर–लूप मार्ग विकसित करने के लिए आंध्र प्रदेश ने अमेरिका स्थित हाइपरलूप ट्रांसपोर्टेशन टेक्नोलॉजीज (एचटीटी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया है। हाइपरलूप को विजयवाड़ा और अमरावती शहर के बीच प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। यह माना जाता है कि यह केवल पाँच मिनट में 35 किमी. से अधिक की दूरी को कवर करेगा। हाइपरलूप में एक ट्यूब मोड्यूलर परिवहन प्रणाली की परिकल्पना है जो घर्षण से मुक्त हो। यह अभी भी विभिन्न देशों में परीक्षण चरणों में है।

67. (2) पूर्व गृह सचिव राजीव महर्षि ने नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) के रूप में शशि कांत शर्मा के स्थान पर पदभार संभाला। सीएजी को छः साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है या जब तक कि पदाधिकारी 65 वर्ष की उम्र जो भी पहले हो, पूरा करे।

68. (4) एक भौगलिक संकेतक (जीआई) मुख्य रूप से एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र से उत्पन्न एक कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उत्पाद (हस्तशिल्प और औद्योगिक सामान) है। भौगोलिक संकेतक (जीआई) रजिस्ट्री और बौद्धिक संपदा (भारत) ने पश्चिम बंगाल के बंग्लार रोसोगोल्ला, आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध बंगनापल्ली आमों और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के पत्थर की मूर्तियों को भौगोलिक संकेतक टैग का दर्जा दिया है।

69. (4) बांग्लादेशी टाका बांग्लादेश की मुद्रा है। भारत के साथ पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका रुपया (rupee) को मुद्रा रूप में उपयोग करते हैं।

70. (2) मध्य प्रदेश विधान सभा ने सर्वसम्मति से 12 वर्ष से कम उम्र के लड़कियों के साथ बलात्कार करने के दोषी पाए गए लोगों को मौत की सजा देने का विधेयक पारित कर दिया। 'दण्ड विधि (मध्य प्रदेश संसोधन) विधेयक, 2017' के रूप में नामित, इस विधेयक हेतु धारा 376 (बी) (ए) में संशोधन किया गया है, जिसमें 12 या उससे कम आयु वाली लड़की के साथ बलात्कार के लिए मौत की सजा की सिफारिश की गई या कम से कम 14 वर्ष की आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। धारा 376 (बी) (ए) के तहत नाबालिग के सामूहिक बलात्कार के मामलों में सरकार ने जेल में आजीवन कारावास की सजा या न्यूनतम 20 वर्ष की सजा का प्रावधान किया है। विधेयक के पारित होने के साथ, मध्य प्रदेश इस तरह के विधेयक को पारित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

71. (3) सर्वोच्च न्यायालय ने दागी संसद सदस्यों और विधायकों के खिलाफ विशेष मामलों की विशेष अदालतों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार की योजना को मंजूरी दी। सुप्रीम कोर्ट के एक हलफनामे में, देश भर में विधायकों के खिलाफ लंबित ''1,581 आपराधिक मामलों'' के निपटान करने के लिए 12 विशेष अदालतों की स्थापना का प्रस्ताव किया। इसमें सांसदों के खिलाफ मामलों की जाँच करने और आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में चल रहे मामले (केस) के खिलाफ दो विशेष अदालतें शामिल हैं।

72. (3) सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने और ब्राजील के लोगों के समक्ष विविध भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने ब्राजील के तीन शहरों– ब्रासीलिया, साओ पाउलो और रियो डी जनेरियो में भारत का त्योहार का आयोजन किया। महोत्सव ने विविध भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन किया अर्थात् शास्त्रीय नृत्य, साहित्य, व्यंजन और महात्मा गाँधी पर प्रदर्शिनी।

73. (2) भारत ने बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए मानवीय सहायता प्रदान की जोकि बांग्लादेश को म्यांमार से भागे रोहिंग्या की भारी आबादी को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी से निपटने में मदद करता है। राहत सामग्री को 'ऑपरेशन इंसानियत' के तहत विविध आवश्यकताओं की पूर्ति कई व्यय मदों में वितरित किया गया था।

74. (2) कृषि मंत्रालय ने उपभोक्ताओं, नीति निर्माताओं, उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए 2018 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष' घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र को एक प्रस्ताव भेजा है। बाजरा पोषकता से भरपूर एक अनाज है जिसे प्रायः शुष्क अनाज कहा जाता है। यह ज्वार, मोती बाजरा, रागी, छोटे बाजरा, फॉक्सलेट बाजरा, प्रोसा बाजरा, बार्नहेड बाजरा, कोदो बाजरा और अन्य बाजरा जैसे अनाजों में शामिल हैं।

75. (3) डिजिटल लॉकर सेवाओं को विकसित और स्थापित करने के लिए भारत सरकार मॉरीशस की सहायता करेगी। डिजिटल लॉकर भारत सरकार के अपने प्रमुख डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक महत्त्वपूर्ण पहल है। मुफ्त सेवा नागरिकों को एक साझा निजी स्थान प्रदान करती है जिसमें वे अपने दस्तावेजों को संग्रहीत कर सकते हैं। सेवा का उद्देश्य कागज रहित शासन है।

76. (1) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में भारत की पहली रोल ऑन–रोल ऑफ (Ro-Ro) नौका सेवाएँ शुरू की। यह राज्य के दक्षिणी हिस्सों के साथ गुजरात में सौराष्ट्र क्षेत्र के बीच यात्रा का समय कम कर देता है। भावनगर जिले के घोगा और भरुच जिले में दाहेज के बीच की (रो–रो) सेवाओं में खंभात की खाड़ी में वाहनों और यात्री नौका सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएगी। इससे 360 किलोमीटर की यात्रा की दूरी दाहेज और घोगा के बीच लगभग 30 किलोमीटर तक आ गई, और लगभग 8 घंटे का यात्रा समय घट कर लगभग 1 घंटे तक हो गया है।

77. (2) भारत ने प्रसिद्ध भारतीय कवि रविन्द्रनाथ टैगोर की 156वीं जयंती के लिए मिस्र में एक सांस्कृतिक त्योहार का आयोजन किया। टैगोर समारोह जो भारतीय संस्कृति के लिए मौलाना आजाद केन्द्र (एमएसी– आईसी) द्वारा आयोजित किया गया। काहिरा में भारतीय दूतावास की सांस्कृतिक शाखा में डांस शो, फिल्म स्क्रीनिंग, एक नाटक और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

78. (2) भारत और बांग्लादेश ने परस्पर व्यापार की सुविधा और संचार के क्षेत्र में आदान– प्रदान हेतु मिजोरम की खवथलांगतुईपुई नदी के ऊपर एक पुल बनाने का निर्णय लिया है।

79. (2) 10–11 अगस्त, 2017 को काठमांडू, (नेपाल) में बिम्सटेक की पाँचवीं मंत्रिस्तरीय बैठक बुलाई गई। बहु–क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी (बिम्सटेक) दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के समूह से जुड़ा एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसके सदस्य बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, भूटान और नेपाल हैं।

80. (1) सरकार ने जून 2017 में इनोवेट इन इण्डिया (i3) नामक एक कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें विश्व बैंक ऋण के रूप में 125-250 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। i3 का लक्ष्य बायोफार्मास्यूटिकल सेक्टर में उद्यमिता और स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।

81. (4) जनवरी 2018 में अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में स्थित ड्यूक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार प्रयोगशाला में स्टेम कोशिकाओं से मानव कंकाल मांसपेशी को विकसित करने की घोषणा की। वैज्ञानिकों ने इस सफल परीक्षण के बाद अपक्षयी (Degenerative) मांसपेशियों की बीमारियों के पीड़ितों के इलाज खोजने का दावा किया है। यह तकनीक वैज्ञानिकों को डीजेनरेटिव बीमारियों के लिए दवाओं और जीन उपचारों का परीक्षण करने में मदद करेगा।

82. (2) भारत और कजाखस्तान के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास "प्रबल दोस्तिक - 2017" नवम्बर 2017 में हिमाचल प्रदेश के बकलोह में आयोजित किया गया था। 'प्रबल दोस्तिक' का अर्थ है 'मजबूत मित्रता' दोनों देशों के बीच यह संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास का दूसरा संस्करण था।

83. (2) धोखाधड़ी के कारण ग्राहकों को बड़ी वित्तीय हानियों से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, जुलाई 2017 में भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहक की देयता 25,000 रुपए रखी है, अगर वे सात कार्य दिवसों के भीतर अनधिकृत लेनदेन की रिपोर्ट करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि लेन-देन के तीन कार्य दिवसों के भीतर बैंक को सूचित करने पर ग्राहकों को उत्तरदायी नहीं बनाया जा सकता है।

84. (1) लोक सभा ने 10 अप्रैल, 2017 को मोटर वाहन अधिनियम (संशोधन) विधेयक पारित किया, जिसके तहत मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में संशोधन किया गया है। इसमें तीसरे पक्ष के बीमा, टैक्सी एग्रीगेटर्स के विनियमन, और सड़क सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को शामिल किया गया है। इसमें ऑटो कंपनियों पर भारी दंड लगाने का प्रावधान किया गया है जो दोषपूर्ण वाहनों का निर्माण करते हैं।

85. (2) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अप्रैल,, 2017 को एयर इंडिया के शिमला से दिल्ली की उड़ान को झंडी दिखाकर उड़ान क्षेत्रीय संपर्क योजना का उद्घाटन किया। उड़ान (UDAN), उड़े देश का आम आदमी का संक्षिप्त रूप है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना का उद्देश्य छोटे शहरों को वायु मार्ग से जोड़ने की योजना है।

86. (4) वर्ष 2018 के शीतकालीन ओलंपिक 9 से 25 फरवरी, 2018 को दक्षिण कोरिया के पीयोंगचांग काउंटी में आयोजित होना प्रस्तावित है। यह दक्षिण कोरिया का दूसरा ओलंपिक खेल और पहला शीतकालीन खेल होंगे। सियोल ने 1988 में ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी की थी। सिपोरो (1972) और नागानो (1998) के बाद शीतकालीन खेलों की मेजबानी करने वाले पीयोंगचांग तीसरा एशियाई शहर होगा।

87. (3) किसानों को अपने उत्पाद बेचने में अधिक स्वतंत्रता देने के लिए, कृषि मंत्रालय ने "राज्य/यूटी कृषि उत्पाद और पशुधन विपणन (संवर्धन और सरलीकरण) अधिनियम, 2017" लागू किया है, जिसने प्रत्येक राज्य/संघ राज्य को एकल एकीकृत बाजार क्षेत्र को परिभाषित किया है। इसका उद्देश्य एक राज्य में बाजार शुल्क की एकल-बिंदु की लेवी और लेन-देन की लागत-प्रभावशीलता के लिए संयुक्त एकल व्यापार लाइसेंस बनाना है।

88. (2) भारत और तुर्की ने 1 मई, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगान की उपस्थिति में नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते आईसीटी, प्रशिक्षण और संस्कृति के क्षेत्रों से संबंधित हैं।

89. (4) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने अप्रैल 2017 में, नेपाल में अमलेकगंज तक योजनाबद्ध पाइप लाइन के माध्यम से पड़ोसी देश नेपाल को ईंधन आपूर्ति करने के लिए बिहार के मोतिहारी में एक नया तेल टर्मिनल बनाने की योजना की घोषणा की। इसके संचालन के बाद रक्सौल का पुराना टर्मिनल बंद हो जाएगा। नेपाल सरकार ने पाइपलाइन परियोजना को राष्ट्रीय प्राथमिकता का दर्जा दिया है।

90. (4) भारत और पुर्तगाल, के बीच 7 जनवरी, 2017 को, रक्षा सहयोग में छः समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रतिनिधिमण्डल स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके पुर्तगाल के समकक्ष एंटोनियो कोस्टा के वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे जो वर्ष 2017 के प्रवासी भारतीय दिवस के मुख्य अतिथि थे।

91. (4) यूरोपीय संघ और फ्रांस ने जून 2017 में तीन भारतीय शहरों नागपुर, कोच्चि और अहमदाबाद को 3.5 मिलियन यूरो का अनुदान देने की घोषणा की। यह घोषणा पेरिस जलवायु समझौते के अंतर्गत इन शहरों में कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने और धारणीयता को प्रोत्साहन देने हेतु यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में की गई थी। 'मोबिलाइज योर सिटी' इनिशिएटिव के अंतर्गत इस अनुदान से भारत के स्मार्ट सिटी कार्यक्रम को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।

92. (2) भारत सरकार ने विदेश जाने वाले व्यक्तियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया को डिजिटाइज (अंकरूपण) करने हेतु मई 2017 में ई-सनद सर्विस की शुरुआत की, जिससे उन्हें इस उद्देश्य के लिए सरकारी कार्यालयों पर जाने की समस्या से बचाया जा सके। यह आरंभ में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की सहायता से स्कूल छोड़ने वाले लड़कों के प्रमाण-पत्रों की जाँच करेगा।

93. (3) 1 जून, 2017 को आयोजित 18वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के मंच पर 7 प्रमुख एमओयू/समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों में रेलवे के लिए विशेष उद्देश्य वाले वाहन की स्थापना करने के लिए हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जॉइंट स्टॉक कंपनी "कैसकेड टेक्नोलॉजिज" के मध्य एक समझौता, और SREI इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड और स्टेट कॉर्पोरेशन 'बैंक फॉर डेवलपमेंट एंड फॉरेन इकोनॉमिक अफेयर्स' के मध्य हुआ एक एमओयू शामिल है।

94. (3) बांग्लादेश पूर्व में पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान से स्वतंत्रता प्राप्त करने और स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद 1971 में आधुनिक बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में सामने आया।

95. (3) 'युद्ध अभ्यास' भारतीय और अमेरिकी सेनाओं का एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास है। यह भारतीय और अमेरिकी सेनाओं के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करता है।

96. (1) 'अमन की आशा' एक अभियान है जो संयुक्त रूप से दो प्रमुख मीडिया हाउस, द जंग ग्रुप ऑफ पाकिस्तान और द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है। अभियान का उद्देश्य दक्षिण एशिया में दोनों देशों के बीच राजनयिक और सांस्कृतिक संबंधों की आपसी शांति और विकास है। इसकी स्थापना 1 जनवरी, 2010 को हुई थी।

97. (3) बांग्लादेश और भारत ने उत्तर-पूर्व और पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश के साथ नए जलमार्गों के माध्यम से जोड़ने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं भारत और बांग्लादेश में 4,095 किलोमीटर की सीमा है जिसमें 1, 116 किलोमीटर जल से जुड़ी हुई है। बांग्लादेश भारत की 54 नदियों से जल प्राप्त करता है।

98. (4) भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास, सितम्बर 2017 में संयुक्त राज्य अमेरिका के वाशिंगटन स्थित, संयुक्त बेस लुईस मैककॉर्ड में आयोजित किया गया था। युद्ध अभ्यास 2017 में अमेरिकी सेना का प्रतिनिधित्व 20 इन्फैंट्री रेजिमेंट के 5वें इन्फैंट्री बटालियन ने किया, जबकि सूर्य कमान के गोरखा राइफल्स के सैनिकों द्वारा भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व किया गया था।

99. (1) भारतीय पूँजी बाजारों में विदेशी निधि के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए, 20 दिसम्बर, 2017 को सेबी ने केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों में

एफपीआई के लिए जनवरी 2018 से 1.91 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश सीमा बढ़ा दी। इसके अलावा, केन्द्र सरकार के बॉन्ड में दीर्घकालिक एफपीआई की सीमा वर्तमान 60,300 करोड़ रुपये से बढ़कर 65,100 करोड़ रुपये हो गया।

100. (4) 8 जून, 2017 को केन्द्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने पशु क्रूरता रोकथाम (कर्नाटक संशोधन) विधेयक 2017 को मंजूरी दे दी और इस प्रकार कंबाला को वैध बना दिया। कंबाला परंपरागत कीचड़ पथ भैंस दौड़ है जो हर वर्ष कर्नाटक के तटीय जिलों में क्षेत्र के ग्रामीण लोगों का मनोरंजन करने के लिए आयोजित की जाती है।

101. (3) दिसम्बर 2017 में जारी विदेश व्यापार नीति की मध्य-अवधि की समीक्षा में भारत योजना और सेवाओं के निर्यात से मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स की प्रोत्साहन दरों में 2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। इसने सूक्ष्म और लघु उद्यमों, श्रम गहन क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ 8,000 करोड़ रुपये के नए प्रोत्साहनों की भी घोषणा की गई।

102. (2) ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (Human immunodeficiency virus) (एचआईवी) एक लेंटिवायरस (रेट्रोवायरस परिवार का एक सदस्य) है, जो अक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (Acquired immunodeficiency syndrome) (एड्स) (AIDS) का कारण बनता है, जो कि मनुष्यों में एक अवस्था है। इस स्थिति में प्रतिरक्षा तंत्र विफल होने लगता है और इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति संक्रमण का शिकार हो जाते हैं, जिनसे मृत्यु का खतरा भी हो सकता है। एचआईवी (HIV) का संक्रमण रक्त के अंतरण, वीर्य, योनिक-द्रव, स्खलन- पूर्व द्रव या माँ के दूध से हो सकता है। 10 अप्रैल, 2017 को लोकसभा में पारित विधेयक के नए प्रावधानों के अंतर्गत किसी व्यक्ति को अपनी एचआईवी स्थिति की जानकारी देने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा, यदि वह अपनी सहमति नहीं देता है।

103. (1) 16 दिसम्बर, 2017 को भारतीय नौसेना और ओमान की शाही नौसेना (Royal Navy of Oman) के बीच द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'नसीम अल-बहर' (Naseem Al-Bahr) का 11वाँ संस्करण सैद बिन सुल्तान नेवल बेस वुडम, (Said Bin Sultan Naval Base, Wudam) ओमान में प्रारंभ हुआ। इसमें भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस 'त्रिकंद और 'तेग' ने भाग लिया। यह अभ्यास 'सी ब्रीज' (Sea Breeze) के नाम से जाना जाता है। 16 दिसम्बर, 2017 को इस अभ्यास का पोत चरण (Harbour phase) शुरू हुआ।

104. (2) पेंसिल (PENCIL : Platform for Effective Enforcement for No Child Labour) बाल श्रम को समाप्त करने हेतु एक प्रभावकारी पहल है। पेंसिल पोर्टल एक इलेक्ट्रॉनिक मंच है जिसका उद्देश्य बाल श्रम मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने में केन्द्र, राज्य, जिला, सरकारों, नागरिक समाज और आम जनता को शामिल करना है। इसे श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा सितम्बर 2017 में लॉन्च किया गया था।

105. (1) दिसम्बर 2017 में आई-टी विभाग द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, कुल 2 करोड़ भारतीयों या कुल आबादी का 1.7 प्रतिशत, निर्धारण वर्ष (एवाई) 2015-16 में आयकर चुकाया गया। आयकर रिटर्न फाइलर्स की संख्या पिछले वर्ष 3.65 करोड़ से निर्धारण वर्ष 2015-16 (वित्त वर्ष 2014-2015) में 4. 07 करोड़ हो गई, लेकिन वास्तव में केवल 2.06 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, क्योंकि अन्य लोगों द्वारा कर योग्य सीमाओं के नीचे आय का दावा किया गया था।

106. (2) पीपीपी सार्वजनिक निजी भागीदारी के लिए प्रयुक्त संक्षिप्त शब्द है। सार्वजनिक निजी भागीदारी (IIIT-PPP) विधेयक, 2017 में 15 आईआईटी संस्थानों की स्थापना पीपीपी मॉडल पर करने से सम्बन्धित है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कार्यक्रम द्वारा इन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्त्व का घोषित किया जाएगा तथा यह डिग्री देने में भी सक्षम होंगे। यह विधेयक संस्थानों को बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक), मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एमटेक) एवं पीएचडी कार्यक्रमों के नामकरण का उपयोग करने का अधिकार देगा। सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग या पीएचडी में औपचारिक डिग्री से स्नातक छात्रों की रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

107. (2) 2017 में जी-77 का शिखर सम्मेलन इक्वाडोर में आयोजित किया गया था। यह इस समूह की 41वीं वार्षिक मंत्रिस्तरीय बैठक थी। 2016 में थाईलैंड में जी-77 का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। जी-77 समूह की स्थापना जून 1964 में अंकटाड (यूएनसीटीएडी) के 77 देशों की संयुक्त घोषणा द्वारा की गई थी।

108. (1) 1 फरवरी, 2017 को सरकार ने 2017-18 में विनिवेश के माध्यम से 72,500 करोड़ रुपये जुटाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया, यह 2016-17 के लक्ष्य के मुकाबले 60 प्रतिशत बढ़कर 56,500 करोड़ रुपये हो गया है। यह भारत में किसी भी सरकार द्वारा निर्धारित अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है।

109. (1) सांख्यिकी का संग्रह (संशोधन) विधेयक, 2017 का लक्ष्य सांख्यिकी विधेयक, 2008 के संग्रह में संशोधन करना है, जो केन्द्रीय, राज्य और सामाजिक, आर्थिक, जन- सांख्यिकीय, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय पहलुओं से संबंधित आँकड़ों के संग्रहण की सुविधा प्रदान करता है। यह आँकड़ों को इकट्ठा करने के लिए सांख्यिकी अधिकारियों की नियुक्ति करता है और इसमें सूचना की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान भी शामिल हैं।

110. (3) एजी (AGEY) आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के लिए प्रयुक्त होता है। यह दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत एक उप-योजना है- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएई- एनआरएलएम), एजी का उद्देश्य पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को संचालित करने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को आजीविका का वैकल्पिक स्रोत प्रदान करना है।

111. (2) 2016-17 में, केन्द्र सरकार के लिए भारत का ऋण-से-जीडीपी अनुपात 49.40% था और राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 3.5% था। श्री सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) समीक्षा समिति ने सिफारिश की है कि केन्द्र को 2023 तक सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्षित करना चाहिए। केन्द्र सरकार ने 2016/17 में अपने ऋण-से- जीडीपी अनुपात को 49.4 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है।

ई आर-आरेख (ER - Diagram) दृश्य रूप से डाटा का प्रतिनिधित्व करता है तथा वर्णन करता है कि डाटा किस प्रकार एक दूसरे से संबंधित है। यह डाटा के मध्य स्थापित संबंध दर्शाता है। इसके 3 घटक हैं– एन्टिटी (Entity), अट्रिब्यूट, (Attribute) और की (Key) । एन्टिटि प्रयुक्त आयत का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि अट्रिब्यूट (एन्टिटी के विशेष गुण या विशेषता का वर्णन करता है) प्रयुक्त अंडाकार आकृति (ellipse) का प्रतिनिधित्व करता है। की (Key) अंडाकार आकृतियों के साथ प्रयुक्त लाइनों का प्रतिनिधित्व करता है।



86. (4) 1980 में एक हवाई दुर्घटना में संजय गाँधी की मृत्यु हो गई।

87. (1) दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का पदभार ग्रहण करने वाले व्यक्ति निम्नलिखित हैं : प्रमोद महाजन (सितम्बर 2001- जनवरी 2003), ए.राजा (मई 2007-नवम्बर 2010), कपिल सिब्बल (जनवरी 2011-मई 2014)। ए. राजा पर 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में शामिल होने का आरोप था।

88. (3) भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (ताशकंद-1966) के पश्चात् उनके समाधि स्थल को 'विजयघाट' के नाम से जाना जाता है।

89. (*) स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की पुत्री प्रीतम मुंडे ने भारतीय चुनावों के इतिहास में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने अक्टूबर 2014 में लोकसभा चुनाव के इतिहास में लगभग 7,00,000 मतों के अन्तर से महाराष्ट्र में स्थित बीड सीट पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह अब तक के लोकसभा चुनावों में जीत का सबसे बड़ा अन्तर है। इससे पहले सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड वाम दल के नेता अनील बसु के नाम था जिन्होंने 2004 में अरामबाग से 5, 92, 502 मतों के अतंर से जीत दर्ज की थी। तीसरी सबसे बड़ी जीत के अंतर का रिकॉर्ड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम है, उन्होंने मई 2014 में 5.7 लाख मतों के अंतर से वाराणसी सीट जीती थी। उनके बाद रामविलास पासवान चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 1989 में बिहार में हाजीपुर से 5,04,448 मतों के अन्तर से जीत दर्ज की थी।

90. (3) एनएसएआईडीएस (NSAIDS) से तात्पर्य नॉन स्टीरॉइडल एन्टी-इन्फ्लेमेट्री ड्रग्स से है जो एनालजेसिक (पीड़ानाशक), एन्टीपाइरेटिक (ज्वरनाशी) और एन्टी-इन्फ्लेमेट्री (उत्तेजनानाशी) है।

91. (2) EMI का अर्थ इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट से है, जिसका भुगतान ऋणी द्वारा ऋणदाता को प्रत्येक माह की एक निश्चित तारीख को किया जाता है।

92. (2) महाभारत में एक लाख श्लोक हैं जिन्हें 18 पर्वों (भागों) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक भाग में कई अध्याय हैं। ये 18 पर्व हैं: आदि, सभा, वन, वीरता, उद्योग, भीष्म, द्रोण, कर्ण, शल्य, सौप्तिका, स्त्री, शांति, अनुशासन, अश्वमेध, आश्रमवासी, मौसल, महाप्रस्थानिक और स्वर्गारोहण पर्व।

93. (1) 15वीं शताब्दी के महान् चित्रकार, संगीतज्ञ, गणितज्ञ या यूँ कहें बहुमुखी प्रतिभा के धनी लियोनार्डो द विन्ची द्वारा 'द लास्ट सफर' नामक भित्ति बनाया था। 'द लास्ट सपर' में लियोनार्डो ने भोजनालय में भोजन करते हुए लोगों का चित्र दर्शाया है।

94. (2) अशोक स्तम्भ बिहार के वैशाली में स्थित है। जबकि कामाख्या मंदिर असम में स्थित है। सलीम अली पक्षी विहार जम्मू और कश्मीर में स्थित एक राष्ट्रीय पार्क है तथा उदन्ति राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है।

95. (3) नॉर्मन अर्नेस्ट बोरलॉग एक अमेरिकी कृषिविज्ञानी थे, जिन्हें हरित क्रांति का पिता माना जाता है। उन्होंने 1970 के दशक में मेक्सिको में बीमारियों से लड़ सकने वाली गेहूँ की एक नई किस्म विकसित की। हरित क्रांति का प्रवर्तन करने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें 1970 में नोबल पुरस्कार और 2006 में भारत के पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

96. (3) दिए गए विकल्प में दीनार इराक की मुद्रा है। जबकि चीन की मुद्रा का नाम यूआन तथा ईरान की मुद्रा रिआल है। इण्डोनेशिया में रुपया (Rupiah) मुद्रा के रूप में प्रयुक्त होती है।

97. (1) फिजी की राजधानी का नाम सूवा है। यहाँ की अधिकारिक भाषा अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी है। यहाँ की कुल जनसंख्या में लगभग 40% भारतीय हैं।

98. (4) दक्षिण अफ्रीका का प्रशासनिक एवं राजनीतिक राजधानी केपटाउन है। जबकि जोहान्सबर्ग दक्षिण अफ्रीका का सर्वाधिक आबादी वाला शहर है। इसके अलावा जोहान्सबर्ग में स्वर्ण खाने भी पायी जाती है।

99. (1) स्विट्जरलैंड में कानून बनाने की प्रक्रिया प्रत्यक्षत: प्राकृतिक रूप से वृद्धि करती है। यहाँ पर संस्थान पौधों की भांति हैं, जो केवल अपने पहाड़ी ढालों पर अपने सूर्य की छत्रछाया में विकास करते हैं। स्विट्जरलैण्ड में प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक पद्धति अपनायी गयी है।

100. (1) ब्रिटिश प्रोफेसर म्यूर ने 'डिक्टेटरशिप ऑफ कैबिनेट' नामक प्रसंग का प्रयोग ब्रिटिश मंत्रिमण्डल के लिए किया है। उन्होंने कहा है कि ब्रिटिश कैबिनेट सर्वशक्तिशाली होते हुए भी शक्ति का प्रयोग न के बराबर करती है।

101. (4) संघीय अदालत के न्यायाधीशों और सरकारी सदस्यों का चुनाव कराने के उद्देश्य से जर्मनी और स्विट्जरलैण्ड संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक आयोजित किया जाता है।

102. (1) अमेरिकी संविधान के भाग-1 में यह वर्णन किया गया है कि न्यायाधीशों को नियुक्त करने की शक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति में निहित होती है, अमेरिकी सीनेट द्वारा ऐसी नियुक्ति का अनुमोदन होना अनिवार्य है। राष्ट्रपति किसी को भी न्यायाधीश नामांकित कर सकता है।

103. (1) राष्ट्रीय पोषण संस्थान (NIN) हैदराबाद में स्थित है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और जैवप्राविधि अनुसंधान में व्यापक स्तर पर कार्य करती है।

104. (2) प्रसिद्ध अमेरिकी बिजनेस मैगनेट और कार्टूनिस्ट वाल्ट डिज्नी ने मिकी माउस, डोनाल्ड डक और गूफी जैसे कई काल्पनिक पात्रों का निर्माण किया था। डिज्नी ने मिकी नामक पात्र के लिए स्वयं अपनी मूल आवाज का प्रयोग किया था। अपने जीवनकाल के दौरान उन्होंने चार ऑनरी अवॉर्ड और 22 अकेडमी अवॉर्ड जीते थे।

105. (4) मैकिवर ने रिश्तेदारी, सामाजिक संगठन, पैतृक अधिकार और राज्य के मध्य स्थापित संबंध के विषय में अपने विचार रखा है।

106. (4) गाय नेपाल का राष्ट्रीय पशु है। नेपाल में हिन्दू बहुसंख्यक हैं तथा हिन्दू धर्म की मान्यताएँ एवं संस्कृति का व्यापक चलन है।

107. (4) उदारवाद राजनीतिक दर्शन के एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में निहित है। इसके अंतर्गत धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक स्वतंत्रता का होना अत्यावश्यक है।

108. (2) मदर टेरेसा की जयंती के अवसर पर अमेरिका में 2010 को डाक टिकट जारी किया गया था।

109. (2) भारतीय सर्वेक्षण विभाग का मुख्यालय देहरादून में स्थित है।

110. (2) भारत की पहली महिला आई. पी. एस किरण बेदी बनीं। किरण बेदी का जन्म पंजाब में हुआ था। 22 मई 2016 को भारत सरकार की ओर से वे पुडुचेरी की राज्यपाल नियुक्त की गयी है।

111. (1) दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति अमंडसेन (1912) था। यह नार्वे का रहने वाला व्यक्ति अपनी यात्रा 1910 में शुरू की थी।

112. (4) अगस्त 1947 को मद्रास में निगमित 'प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया' स्वतंत्र भारत की पहली समाचार एजेंसी थी।

113. (2) मध्यवर्ती अवसर मॉडल का सिद्धांत 1940 में एस. ए. स्टूफर द्वारा प्रतिपादित किया गया था।

114. (1) बिर्र इथियोपिया की मुद्रा की इकाई है। 1976 से पूर्व, डॉलर बिर्र का आधिकारिक अंग्रेजी अनुवाद था।

115. (1) इस प्रश्न का विकल्प के अनुरूप उत्तर TCS ही होगा। क्योंकि भारत की कंपनियों में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक मानक कर्मचारी TCS में ही है।

116. (1) विद्वानों का मानना है कि स्वात नदी के नाम पर भारत में श्रीवास्तव उपनाम की उत्पत्ति हुई है। यह उपनाम भारत के कायस्थ जाति के लोग प्रयुक्त करते हैं।

117. (4) बचपन बचाओ आंदोलन के संस्थापक कैलाश सत्यार्थी हैं। इस कार्य के लिए इन्हें 2014 का शांति का नोबेल पुरस्कार भी मिला।

118. (1) 'डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी' का संक्षिप्त रूप Ph-D होता है। यह विश्व विद्यालयी अध्ययन के दौरान विशेष विषय पर किये शोध के लिए प्रदान किया जाता है।

119. (2) वर्गीज कुरियन को उनके विश्व के सबसे बड़े कृषि विकास कार्यक्रम, ''ऑपरेशन फ्लड'' के लिए भारत में श्वेत क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है। इस कार्यक्रम के द्वारा भारत दूध की कमी वाले राष्ट्र की श्रेणी से बाहर निकलकर, 1998 में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बन गया। कुरियन को 'मिल्कमैन ऑफ इंडिया'' के रूप में भी जाना जाता है।

120. (1) उल्लेखित देशों में भोजपुरी आम बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त होती है।

121. (4) गुमशुदा या अपहृत बच्चों की तलाश तथा उन्हें उनके परिजनों से मिलाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने 'आपरेशन मिलन' चलाया है।

122. (2) एलिस इन द वंडरलैंड के निर्देशक टिम बुर्टेनि हैं।

123. (1) भारतीय उद्योगपति सुमन्त मूलगावरकर को टाटा मोटर्स के निर्माता के रूप में जाना जाता है। उन्हीं के नाम के प्रथम दो शब्द सु-मू पर टाटा सुमो रखा गया।

124. (4) भारत का प्रथम फील्ड मार्शल एस.एच.एफ.जे. मानेकशॉ थे। उनके नेतृत्व में भारत ने 1971 में भारत-पाक युद्ध में विजय हासिल किया था।

125. (2) नौकरशाही सिद्धान्त का जनक मैक्स वेबर को माना जाता है। यह सिद्धान्त प्राधिकारी संरचना और सम्बन्धों से संबंधित है।

126. (2) Foreign Contribution Regulation Act को संक्षिप्त रूप में FCRA कहा जाता है।

127. (1) भारत का सबसे बड़ा वनस्पति-संग्रहालय 'भारतीय वानस्पतिक उद्यान' कोलकाता में है। यह उद्यान हुगली नदी के किनारे स्थित है। विश्व में, आकार की दृष्टि से सबसे बड़े वृक्षों में से एक महान बरगद का वृक्ष इस उद्यान में आने वाले लोगों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। यह उद्यान स्वयं में एक लघु वन के रूप में प्रतीत होता है।

128. (1) सभी सरकारी विभागों को पर्यावरण लेखा-परीक्षण आरंभ करने का आदेश देने के बाद हिमाचल प्रदेश भारत का पहला कार्बन मुक्त राज्य बन गया है। हिमाचल प्रदेश स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) परियोजना का कार्यान्वयन करने के मामले में भी भारत का पहला राज्य है जिसके अंतर्गत विश्व बैंक निम्नीकृत भूमि पर विकसित किए जाने वाले नये वनों से कार्बन क्रेडिट्स खरीदेगा।

129. (4) लॉरिन एंड क्लेमेंट के रूप में 1895 में स्थापित स्कोडा चेक गणराज्य की ऑटो- मोबाइल निर्माता कंपनी है। इसका मुख्यालय म्लाडा बोलेस्लाव, चेक गणराज्य में है। वर्ष 2000 में स्कोडा वॉल्कस्वैगन समूह के पूर्ण स्वामित्व वाली समनुषंगी बनी।

130. (2) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता को ''महलों का शहर'' कहा जाता है। इसे ''सिटी ऑफ जॉय'' और ''भारत की सांस्कृतिक राजधानी'' के रूप में भी जाना जाता है। कोलकाता (पूर्व में कलकत्ता) 1911 तक ब्रिटिश साम्राज्य की राजधानी और देश का औद्योगिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक केन्द्र था।

131. (3) भारतीय रेलवे ने ₹ 1 के न्यूनतम प्रीमियम पर ₹ 10 लाख का बीमा कवर प्रदान करने की घोषणा की है। यह योजना 1 सितम्बर, 2016 से लागू है। यह बीमा कवर रेलवे द्वारा वैध टिकट धारकों को दुर्घटना की स्थिति में दी जाने वाली क्षतिपूर्ति/हरजाने से अलग है। यह बीमा कवर दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु, चोट (घाव) और अशक्तता के विरुद्ध प्रदान किया जाता है।

132. (1) थाइलैंड को सफेद हाथियों की देश कहा जाता है। सफेद हाथी 'ऐरावत' हिन्दू देवता इन्द्र का वाहक है। इसी कारण, थाइलैंड में सफेद हाथी को दिव्य शाही शक्ति का प्रमुख प्रतीक माना जाता है। सफेद हाथियों की अधिक संख्या वाले राजा को अधिक शक्तिशाली राजा माना जाता है।

133. (3) यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस संयुक्त राज्य अमेरिका की संसद है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार का द्विसदनात्मक विधानमण्डल है, जो सीनेट और प्रतिनिधि सभा से मिलकर बनता है। कांग्रेस की बैठक कैपिटल, वाशिंगटन, डी.सी. में आयोजित की जाती है।

134. (3) चार्ल्स कोरिया एक भारतीय वास्तुकार, शहरी योजना कार और कार्यकर्ता थे। भारत में स्वतंत्रता के बाद आधुनिक वास्तुकला के निर्माण का श्रेय उन्हीं को दिया जाता है, उन्हें भारत के महान वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। वह मुख्यत: 1970 के दशक में नवी मुंबई के नगर-क्षेत्र की योजना के लिए उत्तरदायी थे।

135. (2) कल्पना चावला प्रथम भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री थीं जिन्होंने नवम्बर 1997 में छ: अंतरिक्ष यात्रियों के साथ कोर्लंबिया अंतरिक्ष यान एसटीएस-87 से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। कल्पना चावला भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री और 1984 में सोयुज टी-11 से अंतरिक्ष में उडान भरने वाले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाली दूसरी भारतीय अंतरिक्ष यात्री थी। वर्ष 2003 में अपने दूसरे अंतरिक्ष अभियान के दौरान कोर्लंबिया अंतरिक्ष यान से यात्रा करते हुए उनकी मृत्यु हो गई।

136. (3) मई-जुलाई 1999 में कारगिल क्षेत्र को मुक्त कराने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाया गया विशेष अभियान ऑपरेशन विजय के नाम से जाना जाता है। कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के मध्य लड़ा गया एक सशस्त्र युद्ध था, जो मई और जुलाई 1999 के मध्य नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ-साथ कश्मीर के कारगिल जिले में लड़ा गया था।

इस युद्ध का मुख्य कारण यह था कि पाकिस्तानी सिपाहियों और कश्मीरी आतंकियों ने घुसपैठ के द्वारा दोनों देशों के मध्य की वास्तविक सीमा रेखा, विशेष रूप से भारतीय क्षेत्र में आने वाली नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कब्जा कर लिया था।

137. (4) स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरुआत तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 2001 में की गई थी। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना भारत के कई प्रमुख औद्योगिक, कृषि और सांस्कृतिक केन्द्रों को जोड़ने वाला एक राजमार्ग नेटवर्क है। यह भारत की सबसे बड़ी और विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी राजमार्ग परियोजना है।

138. (2) प्रसिद्ध गढ़वाली पर्यावरणविद् सुन्दरलाल बहुगुणा ने चिपको नारा "पारिस्थितिकी स्थायी अर्थव्यवस्था है" का प्रतिपादन किया था। उन्होंने 1970 के दशक में चिपको आंदोलन के एक सदस्य के रूप में सर्वप्रथम हिमालयी वनों को संरक्षण प्रदान करने के लिए संघर्ष किया और बाद में 1980 के दशक में टिहरी बाँध के विरोध में आंदोलन का नेतृत्व किया।

139. (2) जे. आर. डी. टाटा ने 10 फरवरी, 1929 को भारत में जारी पहला पायलट लाइसेंस प्राप्त किया था। बाद में, वह भारतीय नागरिक विमानन के जनक के रूप में प्रसिद्ध हुए। उन्होंने 1932 में भारत की पहली वाणिज्यिक एयरलाइन, टाटा एयरलाइंस की स्थापना की, जो 1946 में एयर इंडिया बन गई और वर्तमान में भारत की राष्ट्रीय हवाई कंपनी (नेशनल एयरलाइन) बन गई है।

140. (*) गैट (GATT) से तात्पर्य जेनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स एंड ट्रेड से है। इसकी स्थापना 23 देशों द्वारा 1947 में जेनेवा में की गई थी, इसमें बहुपक्षीय व्यापार समझौतों का समूह समाविष्ट है जिसका मुख्य उद्देश्य अनुबंध करने वाले राष्ट्रों के मध्य सीमा शुल्क में कटौती और कोटा का उन्मूलन करना है। 1995 में गैट (GATT) के स्थान पर विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना की गई थी।

सर्वश्रेष्ठ विकल्प : (2) जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एंड टैरिफ्स

141. (4) नक्सलवादी शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के एक छोटे गाँव नक्सलवाड़ी से हुई है, जहाँ चारु मजूमदार, कानू सान्याल और जंगल संथाल के नेतृत्व में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीआई- एम) के एक वर्ग ने 1967 में सत्ता के विरुद्ध एक सशस्त्र आंदोलन की शुरूआत किया था। नक्सलवादियों को वामपंथी अतिवादी (उग्र) समुदाय तथा माओवादी राजनीतिक मत और विचारधारा का समर्थक माना जाता है।

142. (4) सहकारी कृषि केवल एकदलीय शासन-पद्धति वाले देशों में ही सफल हो सकती है। यह कृषि पूर्व सोवियत संघ (जिसे वर्तमान में रूस के नाम से जाना जाता है) में अपने चरम पर थी। सहकारी कृषि सामूहिक कृषि के रूप में की जाती थी जिसमें सदस्य और स्वामी संयुक्त रूप से कृषि की गतिविधियों में संलग्न रहते थे। इसमें कोलखोजी (सहकारी कृषि का प्रकार) और सोवखोजी (राज्य द्वारा संचालित कृषि का प्रकार) दोनों प्रकार की कृषि सम्मिलित थी। सामूहिक खेत पूर्णत: यन्त्रचालित थे और मशीन ट्रैक्टर केन्द्रों को राज्य द्वारा सम्पोषित किया जाता था, जो इस प्रकार की कृषि की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते थे (टी. एन. हाजेला द्वारा कृत "कॉऑपरेशन प्रिंसिपल्स, प्रॉब्लम्स एंड प्रैक्टिस", पेज 489-502)।

143. (4) यूरी गगारिन बाह्य अंतरिक्ष में यात्रा करने वाला प्रथम मानव था, उनके अंतरिक्ष यान वोस्तोक ने 12 अप्रैल, 1961 को पृथ्वी की परिक्रमा पूरी की थी। वह पृथ्वी के कक्ष और अंतरिक्ष दोनों की यात्रा करने वाला प्रथम मानव था। वह एक रूसी सोवियत पायलट और अंतरिक्ष यात्री था।

144. (3) स्क्वाड्रन लीडर वायु सेना में एक कमीशन रैंक है। वायु सेना में स्क्वाड्रन लीडर फ्लाइट लेफ्टिनेंट से ऊपर होता है और विंग कमांडर से ठीक नीचे होता है और वरिष्ठ अधिकारी रैंक से बहुत नीचे होता है। स्क्वाड्रन लीडर रैंक का प्रयोग उन देशों की वायु सेना में किया जाता है जिसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ब्रिटेन से प्रभावित है।

145. (3) थॉमस जैफरसन ने अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा के दो वर्ष पूर्व 1774 में कहा था कि "परमेश्वर जिन्होंने हमें जीवन दिया, उसी समय पर हमें स्वतंत्रता भी दी है, सेना के हाथों को नष्ट किया जा सकता है, लेकिन अलग नहीं किया जा सकता"। उनके शब्दों को "ए समरी व्यू ऑफ द राइट्स ऑफ ब्रिटिश अमेरिका" में देखा जा सकता है।

146. (2) पितृ प्रधान (Patriarchy) एक विशिष्ट शब्द है जिसका प्रयोग समाज-विज्ञान और नारीवाद में सामाजिक प्रणाली को चिह्नित करने हेतु किया जाता है जिसमें राजनीतिक नेतृत्व, नैतिक अधिकार, सामाजिक विशेषाधिकार और संपत्ति के स्वामित्व में पुरुष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। इसे पुरुषों और महिलाओं के मध्य असमान अधिकार संबंध द्वारा चिह्नित किया जाता है जिसमें महिलाएँ नियमित रूप से अधिकारों से वंचित और शोषित होती हैं।

147. (3) तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकि- स्तान-भारत (TAPI) पाइपलाइन के द्वारा कैस्पियन सागर प्राकृतिक गैस को तुर्कमेनिस्तान से अफगानिस्तान, वहाँ से पाकिस्तान और बाद में भारत में लाया जाएगा। संक्षिप्त शब्द TAPI की व्युत्पत्ति चार देशों के प्रथम अक्षरों से हुई है। इस परियोजना को एशियाई विकास बैंक द्वारा विकसित किया जा रहा है।

148. (3) M-SIPS से अभिप्राय मोडिफाइड स्पेशल इन्सेंटिव पैकेज स्कीम से है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और मैनुफैक्चरिंग (ESDM) क्षेत्र में घरेलू और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने, असमर्थता दूर करने और व्यापक स्तर पर विनिर्माण को प्रोत्साहन देने हेतु इसे लॉन्च किया गया था। यह स्कीम नई परियोजनाओं और विस्तारात्मक परियोजनाओं दोनों के लिए उपलब्ध है।

149. (2) मेधा पाटकर तीन राज्यों: मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में चलाए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन (NBA) की संस्थापक सदस्य हैं। एनबीए सरदार सरोवर बाँध परियोजना से संबंधित बाँध परियोजनाओं द्वारा प्रभावित लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करने में संलग्न है।

150. (2) गीजा का महान पिरामिड: मिस्र में गिजा पिरामिड परिसर में तीन पिरामिडों में सबसे पुराना, चीन की महान दीवार: पत्थर, ईंट, छिद्रित पृथ्वी, लकड़ी और अन्य सामग्रियों से निर्मित किलेबंदी की एक शृंखला, आमतौर पर चीन की ऐतिहासिक उत्तरी सीमाओं से पूर्वी-से- पश्चिम लाइन के साथ निर्मित होती है, कोलोजियम: रोम, इटली के शहर के केन्द्र में एक अंडाकार एम्फीथिएटर, चिचेन इट्जा, मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप पर माया सभ्यता के अवशेषों का एक परिसर।

151. (1) बाघ परियोजना भारत सरकार द्वारा 1973 में शुरू किया गया एक बाघ संरक्षण कार्यक्रम है। इस परियोजना का उद्देश्य बंगाल के बाघों के अपने प्राकृतिक निवास स्थान में एक व्यवहार्य आबादी सुनिश्चित करने, उन्हें विलुप्त होने से बचाने और जैविक महत्व के क्षेत्रों को हमेशा के लिए एक प्राकृतिक विरासत के रूप में संरक्षित करना है।

152. (4) उड़ान योजना के तहत सरकार ने एयरलाइनों, एलायंस एयर, स्पाइसजेट, टर्बो मेघा, एयर ओडिशा और एयर डेक्कन को 128 क्षेत्रीय मार्ग प्रदान किए हैं। ये एयरलाइंस क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत 30 से अधिक सुरक्षित हवाई अड्डों से जुड़ जाएँगी, जिसमें एक घंटे की उड़ान के लिए किराया 2,500 रुपये निर्धारित किया गया है।

153. (3) 2000 जेद्दा 2000 की संधि ने 1934 से चली आ रही सऊदी अरब और यमन के बीच सीमा विवाद को हल किया।

154. (2) भारत-म्यांमार-थाइलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग भारत की लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत निर्माणाधीन एक राजमार्ग है जो म्यांमार के माध्यम से माए सॉट, थाईलैंड के साथ मोरेह, भारत को जोड़ देगा। केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, इसके दिसम्बर, 2019 तक परिचालित होने की संभावना है।

155. (4) चिनलोन को बेंतुरु (बेंतबॉल) के रूप में भी जाना जाता है, यह म्यांमार का पारंपरिक, राष्ट्रीय खेल है। यह गैर-प्रतिस्पर्धी खेल है। आमतौर पर छ: लोग एक टीम के रूप में एक साथ खेलते हैं। आमतौर पर इसमें इस्तेमाल की जाने वाली गेंद को हाथ से छुए बिना एक वृत्त (घेरे) में बॉल को व्यक्तिगत रूप से पास देते हुए खेला जाता है।

156. (3) वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले 'आर्टिफिशल इंटेलिजेंस' (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) से लैस रोबोट नेता 'सैम' का विकास कर लिया है। यह स्थानीय मुद्दों-शिक्षा,

आवास, आव्रजन जैसे मुद्दों पर बात कर सकता है। 'सैम' का निर्माण न्यूजीलैंड के 49 वर्षीय उद्यमी निक गेरिसन ने किया है। फिलहाल आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) वाला यह राजनीतिज्ञ फेसबुक मैसेंजर के द्वारा लगातार लोगों को प्रतिक्रिया देना सीख रहा है। इसके अलावा यह विभिन्न सर्वेक्षणों को भी महत्व दे रहा है।

157. (4) वायु प्रदुषण से निपटने के प्रयास में, चीन ने एक प्रयोगात्मक वायु शुद्धिकरण टावर का निर्माण किया है, जो 100 मीटर (328 फीट) की ऊँचाई के साथ दुनिया का सर्वाधिक ऊँचाई वाला टॉवर है। टॉवर का निर्माण उत्तरी चीन के शानक्सी प्रांत में जियान में किया गया है। फुटबॉल मैदान के आधा आकार को कवर करने वाला यह टॉवर ग्रीनहाउस के माध्यम से काम करता है।

158. (1) जोंग्खा या भूटानी, भूटान साम्राज्य का एकमात्र आधिकारिक और राष्ट्रीय भाषा है। यह भूटान में दस लाख लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक चीनी-तिब्बती भाषा है। तिब्बती वर्णमाला का उपयोग जोंग्खा लिखने के लिए किया जाता है।

159. (2) 29 मई, 1953 को, एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुँचने वाले पहले पर्वतारोही बन गए थे। वे जॉन हंट के नेतृत्व में एवरेस्ट के नौवें ब्रिटिश अभियान का हिस्सा थे।

160. (4) पानी फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी संगठन है जो महाराष्ट्र राज्य में सूखा रोकथाम और जल प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय है। यह 2017 में आमिर खान और किरण राव द्वारा स्थापित किया गया था।

161. (1) इंडिगो की स्थापना 2006 में इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज के राहुल भाटिया और संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित एनआरआई राकेश गंगवाल द्वारा एक निजी कंपनी के रूप में की गई थी। इंटरग्लोब की इंडिगो में 51.12% हिस्सेदारी थी और 47.88% की हिस्सेदारी गंगवाल की वर्जीनिया स्थित कंपनी सेलम इनवेस्टमेंट्स के पास थी। एयरलाइन 2012 में यात्री बाजार में हिस्सेदारी का सबसे बड़ा भारतीय वाहक बन गया।

162. (3) देश में कन्या भ्रूण हत्या रोकने और गिरते लिंगानुपात को नियंत्रित के लिए प्री-कंसेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स (पीसीपीएनडीटी) अधि नियम 1994 में पारित किया गया था। इस अधिनियम ने गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, इसने लिंग चयन की तकनीकों को निर्दिष्ट नहीं किया और ना ही इसके दायरे में सभी तकनीक शामिल नहीं हो सके ।

163. (2) डम्बे, एक पश्चिम अफ्रीकी मार्शल आर्ट है जो मुख्य रूप से मुक्केबाजी कौशल पर केंद्रित है लेकिन प्रतियोगियों को किकिंग तकनीकों का उपयोग करने की भी अनुमति है। यह मार्शल आर्ट प्राचीन अफ्रीकी योद्धाओं (अर्थात् नाइजीरिया, नाइजर और चाड के जनजातियों में) को दिए गए पारंपरिक प्रशिक्षण से लिया गया है। इसके अंतर्गत आगे वाले हाथ में भाला और पीछे वाले हाथ में ढाल होता है।

164. (2) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जो भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 3 के तहत कार्यरत है। यह भारत में दूरसंचार क्षेत्र का नियामक है।

165. (1) जनवरी 2019 में IIT हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक में एक पूर्ण स्नातक कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा कर AI तकनीक में पूर्ण स्नातक कार्यक्रम शुरू करने वाला देश का पहला संस्थान बन गया। यह AI में B.Tech पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला विश्व का तीसरा संस्थान बन गया है।

166 (1) वस्तु और सेवा कर या जीएसटी को पहली बार फ्रांस में वर्ष 1954 में पेश किया गया था। इसके परिणामस्वरूप फ्रांस के बाद जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों द्वारा जीएसटी कानून लागू किया गया। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर है, जिसे 1 जुलाई, 2017 को भारत में पेश किया गया था। अब तक 160 देशों ने अलग-अलग कर दरों को एकल कर में लाने के लिए इस विधा को चुना है।

167. (4) जुलाई 2018 में आईपीएस अधिकारी सुंदरी नंदा ने पुडुचेरी के पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला, जो किसी भी केंद्र शासित प्रदेश में नियुक्ति पाने वाली पहली महिला अधिकारी थीं। वह 1988 बैच की अधिकारी हैं। उन्हें दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से पुडुचेरी स्थानांतरित किया गया था।

168. (1) मार्क जुकरबर्ग सोशल-नेटवर्किंग वेबसाइट फेसबुक के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। जुकरबर्ग हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र थे, जहाँ उन्होंने 4 फरवरी, 2004 को कॉलेज के रूममेट एडुआरे सैवरिन, एंड्रयू मैककोलम, डस्टिन, मॉस्कोवित्ज़, और क्रिस ह्यूजेसके साथ अपने डॉरमेटरी रूम से फेसबुक को आरम्भ किया।

169. (2) मार्च 2019 को स्पाइसजेट एक सदस्य के रूप में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) में शामिल हो गया, जो सदस्यता पाने वाला पहला भारतीय कम लागत वाला विमान वाहक कंपनी बन गया। यह स्पाइसजेट की एक महत्वाकांक्षी विस्तार योजना है, को कोडशेयर करने में मदद करेगी।

170. (4) अवनी चतुर्वेदी फाइटर जेट सोलो उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उसने मिग-21 बाइसन को 30 मिनट तक उड़ाया। सन् 2018 में अवनी को फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद पर पदोन्नत किया गया था। वह भारतीय वायु सेना में शामिल होने वाली पहली तीन महिला फाइटर पायलटों में से एक थीं।

171. (4) श्रीलंका की संसद में 225 सदस्य होते हैं जिन्हें संसद सदस्य (सांसद) के रूप में जाना जाता है। सार्वभौमिक मताधिकार के साथ, सदस्यों को पाँच वर्ष के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व द्वारा चुना जाता है। ब्रिटिश संसद के बाद बनाया गया, यह श्रीलंका का सर्वोच्च विधायी निकाय है।

172. (3) चीन की अप्रत्यक्ष रूप से चुनी गई नेशनल पीपुल्स कांग्रेस दुनिया में सबसे बड़ी विधायिका है, जिसके सदस्यों की संख्या 1,443 है। यूनाइटेड किंगडम की संसद सदस्यों से बड़ी द्विसदनीय विधायिका है। 793 सदस्यों के साथ इसका सबसे बड़ा ऊपरी सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स है।

173. (2) नेपाल में नेवारी संस्कृति में, जांकू (जिसे बुड जांकू या पसनी के नाम से भी जाना जाता है) एक उत्सव है जब कोई व्यक्ति एक निश्चित आयु में पहुँच जाता है। इसमें यदि कोई युगल है, तो तिथि पति की आयु द्वारा निर्धारित की जाती है और वह जोड़ी उस समय पत्नी की उम्र को नजरअंदाज कर एक साथ जंकू मनाता। यदि यह अकेला व्यक्ति है, तो यह उनकी जन्मतिथि के अनुसार मनाया जाता है।

174. (1) जातीय संसद, जिसे राष्ट्र सभा के रूप में भी जाना जाता है, बांग्लादेश का सर्वोच्च विधायी निकाय है। बांग्लादेश की वर्तमान संसद में 350 सीटें शामिल हैं, जिनमें 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जिन्हें संसद में निर्वाचित पार्टी की स्थिति के बारे में बताया गया है।

175. (2) मैरी टेरेसा बोजाक्सीहु को आमतौर पर मदर टेरेसा के रूप में जाना जाता है और रोमन केथोलिक चर्च में सम्मानित किया जाता है क्योंकि कलकत्ता के सेंट टेरेसा एक अल्बानियाई-भारतीय रोमन केथोलिक नन थीं। उनका जन्म 26 अगस्त, 1910 को हुआ था। 6 सितंबर, 2017 को टेरेसा और सेंट फ्रांसिस जेवियर का नाम कलकत्ता के रोमन केथोलिक आर्कडीओसीज के सह-संरक्षक रखा गया था।

176. (4) काला कौआ (रेवेन) भूटान का राष्ट्रीय पक्षी है। इसे उत्तरी रेवेन के रूप में भी जाना जाता है, यह एक बड़ा ऑल-ब्लैक पैसरिन पक्षी है। यह भूटानी शाही शासन का सबसे प्रमुख घटक है। भूटान में, रैवेन देवता गोनपो जारोडोंगचेन का प्रतिनिधित्व करता है, जो रैवेन के सिर वाले महाकाला, देश के प्रमुख संरक्षक देवताओं में से एक हैं।

177. (1) काजी नजरूल इस्लाम एक बंगाली कवि हैं, जिन्हें बांग्लादेश का राष्ट्रीय कवि माना जाता है। विशेष रूप से नजरुल के रूप में जाने जाने वाले, उन्होंने कविताओं और संगीत की एक बड़ी संस्था का निर्माण किया, जिसमें धार्मिक भक्ति और उत्पीड़न के खिलाफ विद्रोह शामिल थे। राजनीतिक और सामाजिक न्याय के लिए उनकी सक्रियता ने उन्हें ''विद्रोही कवि'' की उपाधि दी।

178. (1) इंद्रा नूई एक भारतीय अमेरिकी व्यवसायिक कार्यकारी अधिकारी हैं, जो 1994 में पेप्सिको में शामिल हुई थीं और 2006 में उन्हें सीईओ बनाया गया था। उन्हें 2006 में राष्ट्रपति और सीईओ नामित किया गया था, जिन्होंने स्टीवन

रेनीमंड की जगह ली, जो पेप्सिको के 44 साल के इतिहास में पांचवें सीईओ बन गए। वे एक दशक से अधिक तक इस पद पर रहीं और और पेप्सिको के लिए वैश्विक रणनीति का निर्धारण किया।

179. (1) सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य सिंधु नदी, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलज शामिल हैं।
1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे, तीन नदियों, रावी, सतलज और ब्यास (पूर्वी नदियों) को भारत में अन्य उपयोग के लिए आवंटित किया गया था। पश्चिमी नदियों का पानी - सिंधु, झेलम, और चिनाब पाकिस्तान को आवंटित किए गए थे, केवल निर्दिष्ट घरेलू, गैर-उपभोग्य और कृषि उपयोग को छोड़कर, जो भारत को संधि में प्रदान किए गए थे।

180. (2) जामदानी एक बढ़िया मलमल है जिसे करघे पर सजावटी रूपांकनों के रूप में बुना जाता है, यह आमतौर पर भूरे और सफेद रंग में होता है । यह पारंपरिक रूप से बांग्लादेश के ढाका से जुड़ा हुआ है और सदियों से बांग्लादेश में नारायणगंज जिले के दक्षिण रूपसी में उत्पादित किया जाता है। 2013 में, जामदानी बुनाई की पारंपरिक कला को मानवता का एक यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया गया था।

181. (4) 1971 के युद्ध के दौरान भारत के रक्षा मंत्री रहे बाबू जगजीवन राम ने भारत तथा बांग्लादेश के 'संयुक्त कमान' के लिए और अंतिम हमले के लिए हौसला को बढ़ाने निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

182. (4) राम विलास पासवान बिहार में एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल, लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष हैं। पासवान उपभोक्ता मामलों के तथा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभागों के कैबिनेट मंत्री हैं। वह आठ बार लोकसभा सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद रह चुके हैं।
नोट : हाल ही में श्री रामविलास पासवान के पुत्र श्री चिराग पासवान ने नवम्बर 2019 में LJP अध्यक्ष पद संभाला है।

183. (3) रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (RInra) ने मई 2019 में गुजरात के राजकोट जिले में हीरासर में एक नया हवाई अड्डा बनाने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से 648 करोड़ रुपये का अनुबंध करने की घोषणा की। नए हवाई अड्डे का निर्माण अहमदाबाद और राजकोट को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-8 बी के निकट किया जा रहा है।

184. (3) पिंगली वैंकैय्या एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और ध्वज के डिजाइनर थे जिस पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज आधारित है। वैंकैय्या ने पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए ध्वज का डिजाइन किया था और बाद में 1947 में इसे संशोधित किया गया था। वर्ष 2009 और 2011 में उनकी स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया गया था।

185. (4) जून 2014 में भारत के केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने दोहा, कतर में विश्व धरोहर समिति के 38वें शिखर सम्मेलन में ''परियोजना मौसम'' को लॉन्च किया। इस परियोजना का उद्देश्य विविधता पूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में सांस्कृतिक, वाणिज्यिक और धार्मिक विविधता को देखने के लिए पुरातात्विक और ऐतिहासिक अनुसंधान में सहयोग करना है।

186. (4) LGBTQ समुदायों के लिए भारत के पहले मानव इम्यूनों डिफिसिएंसी वायरस (एचआइवी) उपचार केन्द्र और क्लिनिक का उद्घाटन मुंबई (महाराष्ट्र) में किया गया। यह क्लिनिक इंफेक्शन के उपचार या उसके बढ़ने की गति को कम करने हेतु संक्रमित लोगों को निःशुल्क परामर्श और एंडी-रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) प्रदान करेगा।

187. (4) असम में चुनावी साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए मार्च 2019 में डिजिटल पहल 'आई-हेल्प' की शुरुआत की गई है। 'आई-हेल्प' लोकसभा चुनाव में जन भागीदारी बढ़ाने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) तथा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के कार्यालय की एक संयुक्त पहल है।

188. (2) भारतीय वायुसेना अधिकारी फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंठ पहली भारतीय महिला फाइटर पायलट बन गई हैं। इन्होंने अपनी ट्रेनिंग मिग-21 बाइसन एयरक्राफ्ट पर की। वह राजस्थान के नाल में एक फ्रंटलाइन एयरबेस में तैनात थी।

189. (3) नई दिल्ली ने फरवरी 2019 में चौथे ग्लोबल डिजिटल हेल्थ पार्टनरशिप समिट की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन के भाग के रूप में, प्रतिभागियों ने सतत विकास के लिए डिजिटल स्वास्थ्य पर दिल्ली घोषणा को अपनाया, जिसने डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व के लिए बुलाया तथा अपने सदस्य राज्यों की सहायता के लिए डिजिटल स्वास्थ्य को केन्द्रित करने के लिए एक विशिष्ट तंत्र स्थापित करना था।

190. (2) झाडियाला गुरु पंजाब के ठठेरा समुदाय की पीतल और तांबे के बर्तन बनाने के पारंपरिक शिल्प कला को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची, 2014 में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

191. (1) मार्च 2005 में भारत में मुस्लिम समुदाय की स्थिति का अध्ययन करने और उनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने के लिए न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई।

192. (1) इरोम चानू शर्मिला, जिन्हें "आयरन लेडी" या "मेंगौबी" के नाम से भी जाना जाता है, मणिपुर की नागरिक अधिकार कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता और कवि हैं। 5 नवंबर 2000 से शुरू करके उन्होंने 16 साल के उपवास के बाद 9 अगस्त 2016 को भूख हड़ताल समाप्त की। 500 हफ्तों से अधिक समय तक भोजन और पानी से इनकार करने के बाद, उन्हें "दुनिया का सबसे लंबा भूख हड़ताल करने वाला" कहा गया।

193. (1) 'हेलेनिस्टिक' हेलाजिन शब्द से आया है, जिसका अर्थ है 'ग्रीक बोलना या यूनानियों के साथ पहचान करना।' यह 323 ईसा पूर्व में सिकंदर की मृत्यु के समय से 31 ई. पू. तक प्रचलित हुई। जब रोमन सेनाओं ने उन प्रदेशों पर अंतिम विजय प्राप्त की, जिन पर मेसीडोनियन राजा ने एक बार शासन किया था।

194. (4) रामसर कन्वेंशन 'आर्द्रभूमि के संरक्षण और टिकाऊ उपयोग' के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है।
- इसे वेटलैंड्स पर कन्वेंशन के रूप में भी जाना जाता है।
- इसका नाम ईरान के रामसर शहर के नाम पर रखा गया है।
- 2 फरवरी, 1971 को कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- हर साल 2 फरवरी को वर्ल्ड वेटलैंड्स डे होता है।
- अधिवेशन में पार्टियों की संख्या (COP) 170 है।

195. (2) समझौता ज्ञापन (MOU या MoU) दो या दो से अधिक दलों के बीच एक औपचारिक समझौता है।
- आधिकारिक भागीदारी स्थापित करने के लिए कंपनियाँ और संगठन एमओयू का उपयोग कर सकते हैं।
- एमओयू कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं, लेकिन वे सज्जनों के समझौते से अधिक गंभीरता और आपसी सम्मान के साथ निभाये जाते हैं।

196. (1) ● CITES (वन्य जीवों और वनस्पतियों के लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जीवों और पौधों के नमूनों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार उनके अस्तित्व को खतरा नहीं है।
- इसे वाशिंगटन सम्मेलन के रूप में भी जाना जाता है। यह लुप्तप्राय पौधों और जीवों की रक्षा के लिए एक बहुपक्षीय संधि है।
- इसे 1963 में इंटरनेशनल यूनियन ऑफ कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCK) के सदस्यों की बैठक में अपनाए गए एक प्रस्ताव के परिणामस्वरूप तैयार किया गया था।

197. (2) नामग्याल मठ वर्तमान में मैकलॉड गंज, धर्मशाला, भारत में स्थित है।
- इसे अक्सर 'दलाई लामा का मंदिर' भी कहा जाता है।
- यह 14 वें दलाई लामा का व्यक्तिगत मठ है।
- तेनजिन ग्यात्सो 14 वें दलाई लामा हैं।
- 13 वें दलाई लामा थुब्टेन ग्यात्सो थे।

198. (1) जॉर्ज साइमन ओम एक जर्मन भौतिक विज्ञानी थे, जो 16 मार्च, 1789 को बावरिया के एर्लांगन में पैदा हुए थे।
- ओम ने अपना शोध हाल ही में आविष्कृत इलेक्ट्रोकेमिकल सेल के साथ शुरू किया, जिसका आविष्कार इटैलियन प्रांत के एलेसेंड्रो वोल्टा ने किया था।
- उन्होंने 1841 में रॉयल सोसाइटी का कोपले पदक प्राप्त किया।

- 1842 में जॉर्ज ओम को रॉयल सोसाइटी का एक विदेशी सदस्य बनाया गया था और 1845 में वे बवेरियन एकेडमी ऑफ साइंसेज और मानविकी के पूर्ण सदस्य बन गए।

199. (2) भारतीय रेलवे ने अपने हेल्पलाइन नंबरों को एक सिंगल नंबर यानी 139 पर एकीकृत कर दिया है।
- 139 को 12 भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है और यह इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (IVRS) पर आधारित है।

200. (4) 'नालंदा में उत्खनन में प्राप्त महाविहार के अवशेष' को 09 जनवरी, 2009 को विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया गया।
- नालंदा महाविहार की स्थापना 5वीं शताब्दी ईस्वी में गुप्त वंश के शासक कुमारगुप्त प्रथम ने की थी।
- यह कन्नौज के राजा हर्षवर्धन (7वीं शताब्दी ईस्वी) और पाल शासकों (8वीं - 12वीं शताब्दी ईस्वी) के साथ-साथ विभिन्न विद्वानों सहित विभिन्न शासकों द्वारा संरक्षित था।

201. (4) गिरीश चंद्र मुर्मू जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के पहले उपराज्यपाल हैं।
- वह गुजरात कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे और गुजरात के अपने कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव थे।
- वह जम्मू-कश्मीर के अंतिम राज्यपाल (पद समाप्त) सत्य पाल मलिक का स्थान ग्रहण करेंगे।

202. (4) 'जैसलमेर' का अर्थ है 'जैसल का पहाड़ी किला'।
- जैसलमेर को कभी-कभी 'भारत का स्वर्ण नगर' कहा जाता है।
- यह इसलिए कहा जाता है क्योंकि शहर की हर वास्तुकला में पीली रेत और पीले बलुआ पत्थर का उपयोग शहर और इसके आसपास के क्षेत्र को पीले-सुनहरे रंग में रंग देता है।

203. (1) सिंधु प्रणाली में मुख्य रूप से सिंधु नदी, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलज शामिल हैं। सिन्धु बेसिन मुख्य रूप से भारत और पाकिस्तान का हिस्सा है जबकि इसका छोटा सा हिस्सा चीन और अफगानिस्तान के अंतर्गत पड़ता है।
- 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित संधि के तहत, तीन नदियों अर्थात् रावी, सतलज और ब्यास (पूर्वी नदियों) के संपूर्ण जल को विशेष उपयोग के लिए भारत को आवंटित किया गया था।
- जबकि, पश्चिमी नदियों - सिंधु, झेलम और चिनाब का पानी पाकिस्तान को घरेलू और कृषि उपयोग के लिए आवंटित किए गए थे और इनके जल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा भारत के लिए है।

204. (2) 1947-48 में हैदराबाद एक रियासत थी और 1948 में स्वतन्त्र भारत द्वारा एक सैन्य अभियान में उसे देश में मिला लिया गया था।
- निजाम ने इसे भारत में विलय से कुछ समय पहले लंदन में पैसे स्थानांतरित किए थे।
- यह पैसा ब्रिटेन में पाकिस्तान के तत्कालीन उच्चायुक्त, हबीब इब्राहिम रहीमटोला के नाम से एक खाते में स्थानांतरित किया गया था।

205. (4) भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के पंजीकरण की प्रणाली और प्रक्रिया की समीक्षा की है। नए दिशानिर्देश 1 जनवरी, 2020 से प्रभावी होंगे।
- राजनीतिक दलों के पंजीकरण पर नजर रखने के लिए प्रबंधन प्रणाली (पीपीआरटीएमएस) में मुख्य विशेषता यह है कि आवेदक (जो 1 जनवरी, 2020 से पार्टी पंजीकरण के लिए आवेदन कर रहा है) अपने आवेदन की प्रगति पर निगाह रखने में सक्षम होगा तथा एसएमएस और ईमेल के माध्यम से अद्यतन स्थिति प्राप्त करेगा।
- आवेदक यदि आवेदन की प्रगति पर निगाह रखना चाहता है। को अपने आवेदन में पार्टी/आवेदक का मोबाइल नंबर और ईमेल का पता प्रदान करना आवश्यक है।
- राजनीतिक दलों का पंजीकरण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 ए के प्रावधानों द्वारा शासित होता है।
- आयोग के साथ उक्त धारा के तहत पंजीकरण की मांग करने वाली पार्टी को अपने गठन की तारीख के 30 दिनों के भीतर आयोग को एक आवेदन प्रस्तुत करना होता है।

206. (4) 2017 से, सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी को हर साल मनाया जाता है।
- भारतीय सेना के प्रथम फील्ड मार्शल एवं ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर के. एस. करियप्पा की स्मृति में इसे मनाया जाता है।
- यह उन भूतपूर्व सैनिकों के लिए समर्पित है जिन्होंने अपनी सेवा के दौरान शैर्य एवं पराक्रम का सराहनीय परिचय दिया था।
- सशस्त्र सेना के दिग्गजों का स्मरणोत्सव राष्ट्र की सेवा में उनकी निस्वार्थ भक्ति और बलिदान को स्वीकार करता है और सम्मानित करता है।

207. (3) आईएसओ 14001 अंतर्राष्ट्रीय मानक है जो एक प्रभावी पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) के लिए आवश्यकताओं को निर्दिष्ट करता है।
- यह एक संगठन को ढांचा प्रदान करता है जो पर्यावरण प्रदर्शन आवश्यकताओं को स्थापित करने के बजाय उसका पालन कर सकता है।

208. (1) मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएस-एसएआई) द्वारा प्रमाणित देश का पहला "ईट राइट स्टेशन" है।
- 29 नवम्बर, 2019 को एफएसएसएआई द्वारा 04 सितारा श्रेणी के साथ इस रेलवे स्टेशन को 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।
- "ईट राइट इंडिया" गतिविधि (मुवमेंट) 'ईट हेल्दी' और 'ईट सेफ' के दो व्यापक स्तंभों पर बनाया गया है।
- इसका उद्देश्य नागरिकों को अपने स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करने के लिए संलग्न करना, उत्साहित करना और सक्षम बनाना है।

209. (2) भारतीय नौसेना ने भारतीय तटरक्षक बल, कोचीन पोर्ट ट्रस्ट और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर 18 दिसम्बर, 2019 को कोच्चि बंदरगाह पर 'अपहरण' रोधी अभ्यास का आयोजन किया। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के 12 से अधिक जहाजों और हेलीकॉप्टरों, भारतीय तटरक्षक और कोचीन पोर्ट ट्रस्ट सहित कई एजेंसियों की भागीदारी देखी गई।

210. (2) भारत का राष्ट्रीय प्रतीक सारनाथ स्थित अशोक के स्तम्भ शिखर पर उत्कीर्ण सिंह से लिया गया है।
- यह चार एशियाई शेरों की एक मूर्ति है जो एक विस्तृत आधार पर पीठ से पीठ सटाए खड़े हैं, जिसके नीचे अन्य जानवर भी उत्कीर्ण हैं।
- शीर्ष फलक पर एक बैल, एक घोड़ा, एक सांड और एक हाथी की मूर्तियाँ हैं।

211. (2) UDAN का मतलब है उडे देश का आम नागरिका।
- यह भारत सरकार का एक क्षेत्रीय हवाई अड्डा विकास और 'रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम' (RCS) है, जिसका उद्देश्य 'देश के आम नागरिक को उड़ान भरने देना' है।
- इसका उद्देश्य भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों के समावेशी राष्ट्रीय आर्थिक विकास, नौकरी में वृद्धि और हवाई परिवहन अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने के लिए हवाई यात्रा को सस्ती और व्यापक बनाना है।
- इसे 27 अप्रैल, 2017 को लॉन्च किया गया था।

212. (3) 11 जनवरी, 2020 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में राष्ट्र की चार पुनर्निर्मित इमारतों को राष्ट्र को समर्पित किया।
- ये ओल्ड करंसी बिल्डिंग, बेल्वेडियर हाउस, मेटकाफ हाउस और विक्टोरिया मेमोरियल हॉल हैं।
- केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने इन 4 प्रतिष्ठित दीर्घाओं का जीर्णोद्धार किया है और पुरानी दीर्घाओं को क्यूरेट करते हुए नई प्रदर्शनियों के साथ इनका नवीनीकरण किया है।

213. (3) GNP सकल राष्ट्रीय उत्पाद के लिए प्रयुक्त संक्षिप्त शब्द है।
- GNP एक विशेष वर्ष में एक राष्ट्र के भीतर उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य साथ ही अपने नागरिकों द्वारा अर्जित आय (विदेशों में स्थित लोगों की आय सहित), उस देश में स्थित गैर-निवासियों की ऋण आय है।

- मूल रूप से, GNP उन वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को मापता है जो देश के नागरिकों ने स्थान की परवाह किए बिना उत्पादित किए थे।

214. (2) ITCZ का मतलब इंटर ट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन है।
- यह कम दबाव की एक बेल्ट होती है जो भूमध्य रेखा के पास पृथ्वी को घेरती है जहाँ उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध की व्यापारिक हवाएँ एक साथ आती हैं।
- इसे डोलड्रम्स के रूप में भी जाना जाता है, यह भूमध्य रेखा के पास पृथ्वी को घेरने वाला क्षेत्र है जहाँ उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व व्यापारिक हवाएँ एक साथ आती हैं।

215. (1) इंडियन रेलवे की रेल कोच फैक्ट्री पंजाब के कपूरथला में स्थित है। यह भारतीय रेलवे की एक कोच निर्माण इकाई है जो जालंधर-फिरोजपुर रेलवे लाइन पर स्थित है। इसे 1986 में स्थापित किया गया था। यह भारतीय रेलवे के कोचों की कुल संख्या का 50% से अधिक उत्पादन करता है।

216. (1) मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक, 2019 हिट और रन मामलों के लिए न्यूनतम मुआवजे को निम्नानुसार बढ़ाता है:

(i) मृत्यु के मामले में, 25,000 रुपये से 2 लाख रुपये तक, और

(ii) गंभीर चोट के मामले में, 12,500 रुपये से 50,000 रुपये तक।

- इसे 15 जुलाई, 2019 को लोकसभा में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी द्वारा पेश किया गया था। सड़क सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह विधेयक मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में संशोधन करना चाहता है।

217. (4) एन के सिंह को 27 नवम्बर, 2017 को भारत के वित्त आयोग के पंद्रहवें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। ए.एन. झा, अशोक लाहिड़ी और अनूप सिंह 15वें वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं। 15वें वित्त आयोग का गठन योजना आयोग के उन्मूलन और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की शुरूआत के विरुद्ध किया गया था।

218. (4) मई 2014 में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, अफ्रीका का कांटेदार पूंछ वाला ड्रोंगो पक्षी अन्य जानवरों को डराने और उनका भोजन चुराने के लिए कई प्रजातियों की चेतावनी वाले आवाजों की नकल करता है। पक्षी अक्सर अपने साथी पक्षी और जानवर को भोजन छोड़ने के लिए छल करते हैं और अपने स्वयं के खतरे की चेतावनी का उपयोग करते हैं। इस पक्षी को 'चालबाज' के रूप में जाना जाता है।

219. (4) लिट्टे का पूरा नाम लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम है। यह एक अलगाववादी संप्रदायवादी समूह है जो पूर्वोत्तर श्रीलंका में हिंदू तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था लिट्टे की स्थापना 1970 के दशक की शुरुआत में वेलुपिल्लई प्रभाकरन ने की थी, जिसने मई 2009 में श्रीलंकाई सशस्त्र बलों द्वारा अपनी मृत्यु तक इस समूह का नेतृत्व किया था।

220. (1) अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इंफॉर्मेशन इंटरचेंज
- अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इंफॉर्मेशन इंटरचेंज (ASCII) एक वर्ण एन्कोडिंग है जो वर्णों का प्रतिनिधित्व करने के लिए संख्यात्मक कोड का उपयोग करता है।
- इनमें अपरकेस और लोअरकेस अंग्रेजी अक्षर, संख्याएं और विराम चिह्न शामिल हैं।
- कंप्यूटर और इंटरनेट पर टेक्स्ट फाइलों के लिए ASCII सबसे आम प्रारूप है।

221. (3) म्यांमार की मुद्रा को क्यात कहते है।
- क्यात शब्द की उत्पत्ति प्राचीन बर्मी इकाई कयथा से हुई है, जो 16.3 ग्राम चांदी के बराबर है।
- क्यात को 1 जुलाई, 1952 से शुरू किया गया है।

222. (1) रीता फारिया 1966 में लंदन में आयोजित मिस वर्ल्ड 1966 प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड का ताज पहनने वाली पहली भारतीय और एशियाई बनीं।
- उन्होंने अन्य देशों के 51 प्रतिस्पर्धी प्रतिनिधियों को हराया।
- मिस वर्ल्ड 1966 प्रतियोगिता के दौरान, उन्होंने 'बेस्ट इन स्विमसूट' और 'बेस्ट इन इवनिंगवियर' का भी खिताब जीता।

223. (4) ओडिया मूर्तिकार सुदर्शन साहू को 2021 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है।
- कला के क्षेत्र में उनकी असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें पद्म विभूषण दिया गया है।
- पद्म विभूषण सम्मान भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला देश का दूसरा उच्च नागरिक सम्मान है।

224. (3) नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (एनईएफए) 20 जनवरी, 1972 तक भारत में राजनीतिक विभाजनों में से एक थी, जब यह अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ हिस्सों को मिला कर केंद्र शासित प्रदेश बन गया था।
- 1974 तक इसका प्रशासनिक मुख्यालय शिलांग था लेकिन उसके बाद बदलकर ईटानगर हो गया।
- इसे पूर्ण राज्य का दर्जा 20 फरवरी, 1987 को दिया गया।

225. (3) 19 फरवरी, 1999 को अटल बिहारी वाजपेयी बस से लाहौर गए थे।
- उन्होंने 21 फरवरी, 1999 को भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय समझौते और शासन संधि लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया।

226. (4) प्रेमचंद धनपत राय श्रीवास्तव का उपनाम था।
- उन्होंने ''नवाब राय'' के नाम से लिखना शुरू किया था, लेकिन कालांतर में ''प्रेमचंद'' नाम लेखन कार्य में होने लगा।
- प्रेमचंद को बीसवीं शताब्दी के प्रमुख हिंदी साहित्यकारों में से एक माना जाता है।

227. (1) पन्ना पीले-हरे से लेकर नीले-हरे तक के रंगों में होता है, जिसमें प्राथमिक रंग अनिवार्य रूप से हरा होता है।
- पन्ना में पीले और नीले रंग मुख्यत: द्वितीयक रंग (secondary colour) होते हैं।
- पन्ना में पाया जाने वाला हरा रंग इनके मूल्य और गुणवत्ता दोनों को स्थापित करने में मुख्य भूमिका निभाता है।

228. (4) मोटर विकास का अर्थ है शारीरिक विकास और हड्डियों, मांसपेशियों की मजबूती और आसपास के वातावरण में किसी वस्तु को हिलाने और छूने की क्षमता आदि।
- मोटर कौशल गतिविधियों में मैनुअल निपुणता शामिल होती है और अक्सर आँखों के साथ हाथों और उंगुलियों के समन्वय गतिविधियों की आवश्यकता होती है
- नृत्य, एरोबिक्स या योग जैसे शारीरिक कार्य करने से मोटर विकास होता है।

229. (4) अदार पूनावाला ने जनवरी 2015 में अपने आधार गृह पुणे शहर में पर्यावरण और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के एकमात्र उद्देश्य के साथ स्वच्छ शहर पहल की स्थापना की।
- इस पहल का उद्देश्य उन्नत मशीनों की मदद से शहर की सड़कों को साफ रखना और यह सुनिश्चित करना है कि शहरी भारत को स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए अधिक से अधिक शहर इसे अपनाएँ।

230. (2) राष्ट्रीय स्वच्छता नीति के तहत, शहरों को खुले में शौच का पूर्ण उन्मूलन, खुले में मैला ढोने की प्रथा का उन्मूलन, और कुल मानव मल के सुरक्षित संग्रह और निपटान जैसे मापदंडों पर मूल्यांकन किया जाता है।
- क्षमता क्रम के आधार पर, शहरों को अच्छे पर्यावरण और स्वास्थ्य परिणामों की बढ़ती उपलब्धि को दर्शाने के लिए लाल, काले, नीले या हरे रंग के रूप में वर्गीकृत किया जाता है (लाल सबसे कम और हरा उच्चतम है)।
- <34 <66 के अंक सूची उन शहरों के लिए हैं जिनमें काफी सुधार की आवश्यकता है और वे काले रंग के हैं।

शहर के रंग कोड : श्रेणियाँ

क. सं.	श्रेणी	वर्णन अंक
1	लालतत्काल उपचारात्म ककार्रवाई की आवश्यकता	< 33
2	कालाकाफी सुधार की जरूरत	< 34 < 66
3	नीलाठीक हो रहा है लेकिन फिर भी रोग ग्रस्त	< 67 < 90
4	हरास्वस्थ और स्वच्छ शहर	< 91 < 100

□□□